**Acetylene**-ऍ - सॅट्'-इ-लीन्- *n.* a gas burning with bright light. एक गैस जिसके जलने से सफ़ेद प्रकाश निकलता है ।

**Acharnement**-ऍ-शॉर्'-नॅ-मॉङ्'-*n.* thirst for blood. हत्या करने की लालसा ।

**Ache**-ऍक् -*v. i.* to suffer continuous pain. निरन्तर पीड़ा होना ; -*n.* prolonged pain. निरन्तर पीड़ा; **Aching** -ए'-किङ्ग्-*n.* pain, कष्ट, पीड़ा ।

**Achievable**-*adj.* see **Achieve.**

**Achieve**-ऍ-चीव्'-*v. t.* to execute, to finish, to carry out, to reach, to win. कार्य करना, पूर्ण करना, अन्त करना, पहुंचना, जीतना ; **Achievable** ( -ऑ-बल् ) *adj.* पूर्ण करने योग्य ; **Achievement** ( -मॅन्ट् ) *n.* accomplishment, heroic deed. भारी करतूत, वीरता का कार्य ; **Achiever** (-अर् ) *n.* one who achieves. प्राप्त करनेवाला ।

**Achilous**-ऍ-काइ'-लस्- *adj.* without lips. बिना ओठ का, ओठ रहित ।

**Acholia**-ऍ-कोल्'-इ-ऑ-*n.* want of bile

in the body. पित्त का अभाव।

**Achromatic**-ऑक्-रो-मैट्' - इक्- *adj.* free from colour. बिना रङ्ग का; **Achromatize** (-टाइज़) -*v.t.* to free from colour. बिना रङ्ग का करना।

**Acid**-ऑस्'-इड् - *adj.* sour, sharp, biting to the taste, not sweet. खट्टा, तीखा, चरपरा, मीठा नहीं; -*n.* a sour substance. खट्टा या अम्ल पदार्थ।

**Acidification**-ऑ-सिड्'-इ-फ़ि-के'- शॉन्- *n.* process of turning acid. क्षारीकरण।

**Acidify**-ऑ-सिड्'-इ-फ़ाइ- *v. t.* & *i.* (*p. t.* Acidified.) to make or become sour. अम्ल (खट्टा) करना या होना।

**Acidimeter**-ऑ-सिड्'-इ-मी-टर्-*n.* an instrument for ascertaining the strength of acids. अम्ल की शक्ति नापने का यन्त्र; **Acidity** (-इ-टी) **Acidness** (-नेस)-*ns.* the quality of being sour. खट्टापन, तीक्ष्णता, अम्लता।

**Acidulated**-ऑ - सिड्-यु-लेट्'-एड्- **Acidulous** (-यु-लस्) -*adjs.* somewhat acid. कुछ खट्टा या अम्ल।

**Acidulate**-ऑ-सिड्'-यु-लेट्- *v. t.* to make slightly sour. थोड़ा खट्टा करना; **Acidulent** (-लेन्ट), **Acidulous** (-यु-लस्)*adjs.* slightly sour. कुछ खट्टा, थोड़ा अम्ल।

**Aciform**-ऑस्'-इ-फ़ॉर्म्- *adj.* like a needle. सूई की आकृति के समान. सूच्याकार।

**Acknowledge**-ऑक्-नॉल्'-एज्- *v. t.* to dmit the truth of, to confess, to express appreciation of, to announce aeceipt of. सत्यता स्वीकार करना, मान लेना, अधिकार या प्रार्थना स्वीकार करना, रसीद लिखकर स्वीकार करना; **Acknowledgeable** (-ऑ-बल्) -*adj.* that may be admitted. स्वीकृति योग्य; **Acknowledgment** (-मेन्ट) *n.* recognition, confession, thanks, a receipt. स्वीकृति, स्वीकार, धन्यवाद, रसीद; **Acknowledger** (-अर्) -*n.* स्वीकार करने वाला।

**Aclinic** - ऑ-क्लिन्'-इक्-*adj.* having no inclination. बिना झुकाव या डुबाव का।

**Acme** - ऑक्'-मे - *n.* the highest point, perfection, the prime. शिखर, परिपूर्णता।

**Acne**-ऑक्'-नी-*n.* a disease which is marked by pimples. मुहासा, डोइसा।

**Acock**-ऑ-कॉक्'-*adv.* in a cocked manner, ऐंचेपन से; *adj.* alert. ऐंचा, तिरछा, सावधान।

**Aconite**-ऑक्'-ऑन्-आइट्-*n.* a poisonous plant. कुचला; **Aconitic** (-इक्) -*adj.* pertaining to aconite. कुचला सम्बन्धी।

**Acopic** - ऑ-काप्'-इक् - *adj.* removing weariness. थकावट हटाने वाला।

**Acorn**-ए'-कॉर्न्- *n.* the fruit of the oak tree. शाहबलूत, (जैतून के वृक्ष) का फल; **Acorned** (-ड्) -*adj.* loaded with acorns. जैतून के फल से परिपूर्ण।

**Acosmism**-ऑ-कॉज़्'-मिज़्म्-*n* the principle of denying the existence of the external world. संसार का अस्तित्व अस्वीकार करने का सिद्धान्त।

**Acoustic**-ऑ-काउस्ट्'-इक्-*adj.* pertaining to the sense of hearing. कर्णेन्द्रिय सम्बन्धी; **Acoustics** (-इक्स)-*n.* science of sound and hearing. ध्वनिशास्त्र।

**Acquaint** - ऑक्-क्वेन्ट्' - *v. t.* to make familiar with, to know, to inform. जान पहिचान कराना, जानना, सूचना देना; **Acquaintance** (-ऑन्स्) *n.* familiarity, knowledge. परिचय (जानपहिचान), ज्ञान; **Acquainted** (-एड्) -*adj.* familiar, known. परिचित, जाना हुआ।

**Acquest**-ऑक्-क्वेस्ट्' - *n.* self acquired property. अपनी कमाई हुई सम्पत्ति।

**Acquiesce** - ऑक्-क्वे-एस्' - *v. i.* to rest satisfied, to agree, to assent. सन्तुष्ट होना, स्वीकार करना, सहमत होना; **Acquiescence** (-एन्स्) -*n.* giving a quiet assent. प्रसन्नता पूर्वक स्वीकृति; **Acquiescent** (-एन्ट्) -*adj.* satisfied, easy, submissive. सन्तुष्ट, सरल, सहिष्णु।

**Acquirable**-*adj.* see **Acquire.**

**Acquire**-ऑक्-क्वायर्'- *v. t.* to obtain, to come in possession of. प्राप्त करना, उपार्जन करना (कमाना); **Acquirable** (-ऑ-बल्) -*adj.* प्राप्त करने योग्य; **Acquired** (-ड्) -*adj.* not originally bestowed by nature. प्रकृति से न प्राप्त; **Acquirement** (-मेन्ट्) -*n.* acquired mental faculty, skill or learning. शिल्प, विद्या अथवा अभ्यास से प्राप्त की हुई शक्ति।

**Acquisition** - ऑ-क्विज़्-इश्'-ऑन् - *n.* the act of acquiring, gain. प्राप्ति, लाभ; **Acquisitive** (-इ-टिव्) -*adj.* desirous to acquire. प्राप्त करने की लालसा वाला।

**Acquit**-ऑक्-क्विट्'- *v. t.* (*p. t.* Acquitted.) to declare innocent, to set

free. निर्दोषी ठहराना छुटकारा देना ; Acquittal ( -ऑल् ) -*n.* discharge from debt, setting free from the charge of offence. ऋणमुक्ति, अपराध से छुटकारा। Acquittance (-ऑन्स् ) -*n.* release from debt, receipt in full. ऋणमुक्ति, उऋण होना, चिट्ठी या भरपाई की रसीद।

**Acre** – ए'-कर् – *n.* a piece of land measuring 4840 sq. yds. ४८४० वर्ग गज भूमि (प्राय: डेढ़ बिगहा ज़मीन); **Acreage** (-एज्) *n.* amount of acres in a piece of land. किसी भूमि की एकड़ में नाप।

**Acreophagy**–ऑक्-रिॅ-ऑफ्-एॅ-जी – *n.* one who abstains from eating flesh. माँस भक्षण न करने वाला मनुष्य।

**Acrid**-ऑक्'-रिड्- *adj.* sharp to the taste, irritating, pungent, bitter. तीखा, उत्तेजक, चरपरा, कडुआ ; **Acridity** (-इ-टी) **Acridness** (-नेस्)-*ns.* pungent quality. तीखापन, चरपराहट।

**Acrimonious**–*adj.* see Acrimony.

**Acrimony**–ऑक्'-रि-मो-नी – *n.* bitterness of temper or manner. चालचलन की रुखाई, झुंझलाहट ; **Acrimonious** ( -अस् ) *adj.* severe, bitter, caustic. तीखा, कड़आ, खट्टा ; **Acrimoniousness** ( -अस्-नेस् ) -*n.* bitterness of temper. प्रकृति की रूक्षता या रुखाई।

**Acrita**–ऑक्'-रि-टॉ– *n., pl.* plant-like animals. वनस्पति के आकार के प्राणि।

**Acrobat**-ऑक्'-रो-बॅट्- *n.* a rope-dancer. रस्से पर नाचने वाला, नट ; **Acrobatic** ( -इक् ) –*adj.* नट सम्बन्धी।

**Acrography**–ऑक्-रॉग्'-रॅफ्-ई–*n.* the art of engraving designs in relief on metal. धातु पर उभड़े चित्र खोदने की कला।

**Acromania**-ऑक्-रो-मेन्'-इ-ऑ-*n.* incurable madness. असाध्य पागलपन।

**Acronychal** – ऑ-क्रॉन्' - इक् - ऑल् – *adj.* happening at nightfall ( or midnight ) रात्रि ( या आधी रात ) में होने वाला।

**Acropolis**-ऑ-क्रॉप्'-ओ-लिस्- *n.* a citadel ( of Athens. ) एथेन्स् की राजधानी।

**Across** – ऑ-क्रॉस् – *prep.* & *adv.* along, from side to side, athwart. आगे को, एक ओर से दूसरी ओर, आरपार; **To come across** ( to come in contact with. ) संसर्ग होना ; **With arms across** ( *i. e.* forming a cross.) हाथ पर हाथ धरे हुए।

**Act**–ऑक्ट्– *v. i.* to be in action, to exert power, to produce effect, to feign, to behave. कार्य करना, शक्तिप्रदान करना, परिणाम होना, बहाना करना, व्यवहार करना; *v. t.* to perform, to imitate. कोई कार्य संपादन करना ( साधना ), अनुकरण करना ; *n.* something done, an exploit, a law, part of a drama. किया हुआ काम, साहसिक क्रिया, क़ानून, नाटक का अङ्क; **To act up to** ( to fulfil. ) पूर्ण करना।

**Acting** – ऑक्ट्'-इङ्ग्– *n.* performance, feigning. नाटक का अभिनय, सवाँग।

**Actinic**–ऑक्-टिन्'-इक्–*adj.* pertaining to the rays of the sun. सूर्य के किरण सम्बन्धी ; **Actinism** ( -इज़्म् ) –*n.* chemical action of sun's rays. सूर्य की किरणों का रसायनिक प्रभाव ; **Actinometer** ( -ऑम्'-एॅ-टर् ) –*n.* an instrument for measuring the intensity of sun's actinic rays. सूर्य के किरण की रसायनिक शक्ति नापने का यन्त्र।

**Action**-ऑक्'-शॉन्-*n.* performance, deed, exploit, battle, engagement, law-suit. कार्य, कृति, साहसिक क्रिया, युद्ध, व्यापार, मुकदमा ; **Actionable** ( -ऑ-बल् ) -*adj.* liable to an action of law. अभियोग ( नालिश ) करने योग्य।

**Active** – ऑक्ट्'-इव् – *adj.* agile, nimble, busy, practical, ( *gram.* ) implying action ( *med.* ) easily operating. चपल, चंचल, उद्योगी, व्यवहारी ( व्या० ) कर्तरि प्रयोग ( ओ० शा० ) जल्दी काम करने वाली (औषधि) ; **Actively** ( –ली ) -*adv.* in an active sense. कर्तरि अर्थ में ; **Activeness** ( –नेस् ) -*n.* agility. चंचलता ; **Activity** ( -टिव्'-इ-टी ) -*n.* agility, nimbleness. चंचलता, तीव्रता, ( तेज़ी )।

**Actor**-ऑक्'-ऑर् – *n.* a stage player. नाटक का पात्र ; **Actress**-ऑक्'-ट्रेस्-*n. fem.* female actor. अभिनेत्री।

**Actual**–ऑक्ट्'-यू-ऑल्–*adj.* real, effectual, current. यथार्थ, निश्चित, वर्तमान ; **Actualist** (-इस्ट् ) -*n.* one who deals only with the real. केवल वास्तविक ( यथार्थ ) पदार्थ का व्यवहार करने वाला ; **Actuality** ( -इ-टी )- *n.* reality. सत्यता, यथार्थता ; **Actualization**(-आइज़्-ए'-शन्)*n.*-making actual. यथार्थकरण ; **Actualize** (ज़्-आइ ) *v. t.* to make actual. यथार्थ करना ; **Actually** ( –लि )–*adv.* in fact, really,

वस्तुतः, सचमुच, यथार्थ में।

**Actuary** - ऐक्ट्‌'-यु-ऑ-री - *n.* a clerk, a registrar. मुन्शी, रजिस्ट्री करनेवाला मनुष्य।

**Actuate**-ऐक्ट्‌'-यु-एट्- *v.t.* to put into action, to communicate motion to, to incite, to influence. कार्य में परिणत करना, गति देना, उसकाना, उत्तेजित करना; **Actuation** ( -ए'-शॉन् )-*n.* the state of being actuated. गतिमान होने की अवस्था; **Actuator** ( -ए'-टॉर् )-*n.* one who gives motion to. गति देने वाला।

**Acuition**-ऐकु-यु-इश्'-ऑन्- *n.* strengthening the action of a medicine. औषधि की शक्ति बढ़ाने का कार्य।

**Acuity**-ऐकु-यु'-इट्-ई- *n.* sharpness, acuteness of wit. तीक्ष्णता, बुद्धि की तीव्रता।

**Aculeated**-ऐ-क्यू'-लै'-एट्-एड्-*adj.* pointed, having a sting, pungent. नोकीला, डङ्कदार, तीक्ष्ण, तीखे स्वाद का।

**Acumen** - ऐ-क्यू'-मैन् - *n.* sharpness, mental acuteness, keenness. तीक्ष्णता, तेजी, बुद्धि की सूक्ष्मता।

**Acuminate**-ऐ-क्यू'-मिन्-एट् - *adj.* tapering to a point. नोकीला;-*v. t.* to sharpen. नोकीला करना; **Acumination** ( -मिन्-ए'-शॉन् )-*n.* ending in a sharp point. नोकीला छोर ( किनारा )।

**Acuminous**-ऐ-क्यू-मिन्'-अस्- *adj.* possessing sharp wit. तीक्ष्ण बुद्धि वाला।

**Acute**-ऐ-क्यूट्'-*adj.* sharp, pointed, keen, shrill, critical. तीक्ष्ण, नोकीला,तीव्र,कर्कश, छिद्रान्वेषी; **Acutely** (-ली)-*adv.* keenly, तीव्रता से; **Acuteness** (-नैस् )-*n.* sharpness. तीक्ष्णता; **Acute angle** ( an angle which is less than a right angle. ) न्यून कोण; **Acute disease** ( chronic disease. ) दीर्घस्थायी ( पुराना ) रोग।

**Adactyl** - ऐ-डैक्'-टिल्- *adj.* having no toes or fingers. बिना हाथ या पैर की अंगुली वाला।

**Adage**-ऐड्'-एज्- *n.* a maxim, an old proverb, a saying. सूत्र, कहावत, दृष्टान्त।

**Adam**-ऐड्'-ऑम्- *n.* the first man. आदि पुरुष, मनु; **Adamic** (-इक्) *adj.* मानवी; **Adam's apple** (ऐ-डें-ऑम्ज़-ऐप्'-पल्) *n.* the projection in front of the throat. कण्ठ का बाहरी उभाड़ ( टेंटुआ )।

**Adamant**-ऐड्'-ऑ-मैन्ट्- *n.* a very hard stone, diamond. वज्र, हीरा; **Adamantine** ( -आइन् )-*adj.* impenetrable, very hard. वज्रमय, अभेद्य, बहुत कड़ा।

**Adapt**-ऐ-डैप्ट्'- *v. t.* to make suitable, to modify, to proportion, to remodel. ठीक करना, व्यवहार करना, यथाकाल व्यवस्था करना, एक समान करना; **Adaptability** (-ऑ-बिल्'-इ-टी), **Adaptableness** ( नैस् )-*ns.* the quality of adaptation. यथाकाल व्यवस्था; **Adaptable** (-ऑ-बुल् ) *adj.* व्यवस्था योग्य; **Adaptation** ( -ए'-शॉन् )-*n.* the act of adapting, fitness. अनुकूलता, सुविधा; **Adaptedness** ( -एड्-नैस् )-*n.* सुविधा; **Adapter** ( -अर् ) -*n.* an imitator. अनुकरण करने वाला; **Adaptive** ( -इव् )-*adj.* suitable. योग्य।

**Adays** - ऐ-डेज़' - *adv.* now-a-days, at present. आजकल, इन दिनों।

**Add**-ऐड्- *v. t.* to join, to sum up, to increase, to unite. जोड़ना, अधिक करना, बढ़ाना, जुटाना; **Addition** ( -डिश्'-ऑन् ) *n.* process of adding, anything added. जोड़ (अङ्कगणित में); **Additional** (-डिश्'-ऑन्-ऑल् )-*adj.* what is added, increased. अधिक, अधिकतर; **Additionally** (-ऑल्-लि)-*adv.* in addition to अधिकतर; **To add fuel to fire** (to make matters worse.) आग में इन्धन फेंकना,उभाड़ना।

**Addendum**-ऐड्-डैन्'-डम्-*n.* ( *pl.* Addenda) addition, a thing to be added, appendix. जोड़, उपक्रमणिका।

**Adder**-ऐड्'-अर्- *n.* a venomous serpent. विषैला साँप, गेहुअन, काला साँप।

**Addict**-ऐड्-डिक्ट्'- *v. t.* to devote, to apply habitually ( in bad sense. ) निरत होना, व्यसन, ( लत ) पड़ना; **Addicted** (-एड्)-*adj.* given up, devoted. वशीभूत, लीन; **Addiction** ( -ऐ-डिक्'-शॉन् )-*n.* bad habit. बुरी आदत।

**Addition, Additional**-see **Add.**

**Addle**-ऐड्'-इल्-*adj.*rotten, barren. सड़ा ( गन्दा )-बाँझ;-*v. t.* to make rotten, to confuse. सड़ाना, घबड़ाना; **Addled** ( -ड् )-*adj.* made putrid. सड़ाया हुआ; **Addlement** ( -मैन्ट् )-*n.* the state of being rotten. सड़ाहट।

**Addleplot**-ऐड्'-इल्-प्लॉट्- *n.* one who makes a secret design fail. किसी षड्यन्त्र को असफल करने वाला।

**Address**-ऐड्'-ड्रैस्-*v. t.* to communicate

with, to speak, to direct, to make a suit to. निवेदन करना, उच्चारण करना ( व्याख्यान देना ), मार्ग दिखलाना, प्रार्थना करना ;-*n*. skill, a speech, manner of speaking, title, direction of a letter. चतुराई, व्याख्यान, बोलने की शैली, उपाधि, पत्र का सिरनामा; **Of agreeable address** ( sweet words, adroitness. ) प्रिय वचन, दक्षता ; **Addressee** ( -ई )-*n*. he who is addressed in a letter. जिसको पत्र लिखा जावे ; **Addresser** ( -अर् )- *n*. one who addresses or makes petitions. पत्र भेजने वाला, निवेदन करने वाला।

**Adduce**-ऑड्-ड्यूस्- *v.t.* to cite, to bring to notice, to quote. प्रमाण देना, सूचित करना, उपस्थित करना ; **Adducent**(-ड्यूस्-ऍन्ट् ) *adj*. drawing together. मिलानेवाला ; **Adducible** (-ड्यूस्-इ-बल्) -*adj*. प्रमाण योग्य; **Adductive** (-डक्-टिव् )-*adj*. that which brings forward. आगे बढ़ानेवाला।

**Adenitis**-ऑड्-ऍन्-आइट्-टिस्- *n*. inflammation of a gland. गिल्टी की सूजन।

**Adept**-ऑड्-ऍप्ट्- *adj*. proficient, well-skilled. प्रवीण ( चतुर ), गुणी ; -*n*. one skilled in an art. कारीगर, ।

**Adequacy**-*n*. see **Adequate**.

**Adequate** - ऑड्'- इ - क्वेट् - *adj*. proportionate, fully sufficient, equal to. योग्य, पर्याप्त, तुल्य ( बराबर ) ; **Adequately** ( -ली ) -*adv*. in a sufficient manner. पर्याप्त रूप से; **Adequacy** (-क्वीसी) **Adequateness** (-नेस् )-*ns*. the state of being sufficient. सामर्थ्य ।

**Adfected**-ऑड्-फेक्ट्-'ऍड्-*adj*. consisting of different powers of unknown quantity in Algebra. बीजगणितमें मिश्रवर्ग समीकरण।

**Adhere**-ऑड्-हिअर्-*v. i.* to stick, to cleave. चपकना, दृढ़ होना ; **Adherence** (-ऑन्स् )-*n*. attachment, fidelity. अवलम्बन ( लगाव ), भक्ति, ( स्थिरता ) ; **Adherent** ( -ऍन्ट् )-*n*. a follower. सहायक, अनुचर, साथी; **Adherer** ( -अर् )-*n*. a follower. अनुचर, सेवक ।

**Adhesion**-ऑड्-हीश-ऑन्-*n*. close connection, steady attachment. अवलम्ब, लगाव (चिपकाव); **Adhesive** (-सिव् )-*adj*. apt to stick. चिपचिपी ; **Adhesiveness** ( -सिव्-नेस् ) -*n*. tenacity, stickiness. चिपचिपाहट ( लसलसाहट )।

**Adhibit**-ऑड्-हिब्'-इट्- *v. t.* to put on, to use, to administer, to apply, to attach. रखना, धरना, प्रयोग करना ।

**Adieu**-ऑ-ड्यू-*adv. n.* & *interj*. good bye, farewell. नमस्कार, जाते समय का अभिनन्दन; **To bid adieu** ( to bid good bye. ) नमस्कार करना ।

**Adipose**-ऑड्'-इ-पोज़्- *adj*. fatty, containing fat. चरबीदार, चरबी से भरा हुआ ।

**Adipsia**-ऑ-डिप्'-सि-ऑ- *n*. total absence of thirst. प्यास का अभाव ।

**Adit** -ऑड्'-इट्- *n*. a pass into a mine. खान में आने जाने का मार्ग ।

**Adjacence** (-y) *n*. see **Adjacent**.

**Adjacent** - ऑड्- जे'-सेन्ट् - *adj*. lying near, bordering, neighbouring. पास का, समीपवर्ती, निकटवर्ती, **Adjacency** (-सेन्-सी) *n*. state of bordering. समीपता; **Adjacently** (-ली)-*adv*. समीप होते हुए।

**Adjectival**-*adj*. see **Adjective**.

**Adjective** - ऑड्'-जेक्- टिव्- *adj*. & *n*. a word used to qualify a noun, additional, dependent. विशेषण ( गुणवाचक शब्द ) अधिक, आश्रयभूत ; **Adjectival** (-टाइव्-ऑल्) -*adj*. like an adjective. विशेषण की तरह का ; **Adjectively** (-टिव्-ली )-*adv*. विशेषण की तरह से ।

**Adjoin**-ऑड्-जॉयन्'-*v.t.* to join, to unite, to append, *v.i.* to lie in contact with. जोड़ना, लगाना, मिलाना, संयुक्त होना ; **Adjoining** (-इङ्ग्)-*adj*. near, adjacent. पार्श्ववर्ती, समीप वाला, पास का ।

**Adjourn**-ऑड्-जर्न्'- *v. t.*, to put off, to postpone, to suspend. विलम्ब करना, टालना, स्थगित करना ; **Adjournment** ( -मेन्ट् ) -*n*. a suspension of proceedings. कुछ काल के लिये सभा इत्यादि का कार्यक्रम स्थगित करने का कार्य ।

**Adjudge** - ऑड्-जज्- *v. t.* to settle, to decide, to condemn, to sentence, to assign. निर्णय करना, आज्ञा देना, विचार करना, निपटारा करना, स्थिर करना ।

**Adjudicate** - ऑड्-ज्यू -डि-केट् - *v. t.* to pronounce judgment, to sit in judgment. निर्णय करना, न्यायाधीश की तरह बैठना ; **Adjudicator** (-के'-टर) *n*. one who pronounces judgment or acts as a judge. न्यायाधीश ।

**Adjunct**- ऑड्' -जङ्क्ट् - *adj*. joined or

added. मिला हुआ, जुटा हुआ ; *n.* something subordinate. विशेषण ; **Adjunctive** ( -इव् )-*adj.* joining. जोड़ने वाला ; **Adjunctively** (-इव्-ली )-*adv.* विशेषण की तरह प्रयोग किया हुआ ।

**Adjure**-ऍड्-ज्यूर्'- *v. t.* to charge under oath or penalty, to request earnestly. शपथ पूर्वक आज्ञा देना अथवा कहना, आग्रह-पूर्वक प्रार्थना करना ।

**Adjust**-ऍड्-जस्ट्'-*v. t.* to fit, to settle, to regulate, to harmonise (discrepancies. ) ठीक करना, व्यवस्था करना, तराजू में धड़ा बांधना ! **Adjustable** ( -ऍ-ब्ल् ) *adj.* ठीक करने योग्य ; **Adjuster** ( -अर् ) *n.* one who adjusts. ठीक करने वाला ; **Adjustment** (-मैन्ट् )-*n.* arrangement, settlement. एकीकरण, सुधार, ठीक हिसाब ।

**Adjutant**-ऍड्'-ज्यू-टॅन्ट्-*n.* an assistant officer in the army, gigantic Indian stork. सेना में का एक अफसर जो मेजर का सहायक होता है, गरुड़ पक्षी ।



Adjutant

**Adjutor**- ऍड्'-ज्यू-टॉर्- *n.* ( *fem.* **Adjutrix**-ट्रिक्स् ) a helper. सहकारी, सहायक ।

**Adjuvant** - ऍड्'-ज्यू-वॅन्ट्- *n.* an assistant. सहायक पुरुष ;-*adj.* helping, assisting. सहकारी, सहायक ।

**Admeasure**-ऍड्-मैं'-अर्- *v. t.* to measure, to apportion, to assign shares. नापना, भाग स्थिर करना, हिस्सा तय करना ; **Admeasurement** ( -मैंन्ट् )-*n.* measurement, weight. नाप, तौल ।

**Administer** - ऍड्-मिन्-इस्'-टर्- *v. t.* to manage, to afford, to furnish;-*v. i.* to prescribe, to contribute assistance. प्रबन्ध करना, देना, औषधि प्रयोग करना, सहायता देना ; **Administration** (-ट्रे'-शन् ) -*n.* management of public affairs, government. राज्यशासन, सरकारी कामकाज ; **Administrative** ( -ट्री-टिव्)-*adj.* of government. शासन संबन्धी ।

**Administrator**-ऍड्-मिन्-इस-ट्रे'-टॉर्-*n.mas.* one who directs or manages. प्रबन्धकर्ता, शासक; **Administratrix** (-ट्रे'-ट्रिक्स्) *n. fem.* प्रबन्धकर्त्री, शासिका ।

**Admirable**- *adj.* see **Admire.**

**Admiral**-ऍड्'-मि-रॅल् - *n* the chief officer of a fleet. समुद्रीय सेनानायक, जहाजों का अफसर ; **Admiralty** ( -टी ) *n.* the office of an admiral. समुद्र सेना ( जलसेना ) का विभाग ।

**Admiration**- *n.* see **Admire.**

**Admire**-ऍड्-मायर्'- *v i.* to contemplate, to wonder at, to have high esteem, to love. विचार करना, प्रशंसा करना, स्तुति करना, प्रेम करना ; **Admirable** (-मि-रॅ-ब्ल्)-*adj.* worthy of admiration, excellent. प्रशंसनीय ( सराहने योग्य ), श्रेष्ठ ( अपूर्व ) ; **Admirably** ( -मि-रॅब्-ली )-*adv.* excellently. सराहते हुए ; **Admiration** (-मि-रे'-शॅन् )-*n.* wonder, esteem, love, veneration. श्लाघा, प्रेम, श्रद्धा, आश्चर्य; **Admired** ( -मायर्ड् )-*adj.* highly esteemed. अति प्रशंसित ; **Admirer** (-मायर्'-अर् )-*n.* a lover. प्रशंसा करने वाला, प्रेमी ; **Admiringly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* with admiration. प्रशंसा पूर्वक ।

**Admissibility**-see **Admissible.**

**Admissible** - ऍड् - मिस्'-सि-ब्ल् - *adj.* capable of being allowed, worthy of being admitted. ग्राह्य, अङ्गीकार योग्य; **Admissibility** (-बिल्'-इ-टी )-*n.* quaility of being admissible. ग्राह्यता ।

**Admission**-ऍड्-मिश्'-ऑन्- *n.* access, introduction. प्रवेश, पहुंच ।

**Admissive**-ऍड्-मिस्'-इव् - *adj.* of the nature of admission. प्रमाण योग्य ; **Admissory** ( -ऑर् - ई )-*adj.* granting admission. प्रवेश की आज्ञा देने वाला ।

**Admit**-ऍड्-मिट्'- *v. t.* & *i.* ( *p. t.* **Admitted.** ) to grant entrance to, to grant in argument, to permit, to confess, to accept as true, to acknowledge. प्रवेश करना, शास्त्रार्थ में स्वीकार करना, आज्ञा देना, सत्य मान लेना, अङ्गीकार करना ; **Admittable** ( -ऍ-ब्ल् ) -*adj.* स्वीकार करने योग्य ; **Admittance** (-टॅन्स्) *n.* permission to enter. प्रवेश की आज्ञा ; **Admittedly** ( -ऍड्-ली )-*adv.* by permission. आज्ञा से, आज्ञा पाकर ।

**Admix**-ऍड्-मिक्स्' - *v. t.* to mix with something else. मिश्रण करना, मिलाना ; **Admixture** (-ट्यूर्)-*n.* मिश्रण, मिलावट ।

**Admonish**-ऍड्-मॉन्'-इश्- *v.t.* to reprove mildly, to warn of a fault. धीरे से

झिड़कना, दोष सूचित करना, (खोलना); Admonisher (-अर्) -n. उपदेशक; Admonishment (-मैन्ट्)-n. warning. चेतावनी; Admonition (-मॉ-निश्-ऑन्) n. counsel or advice, caution, direction. उपदेश या चेतावनी, आदेश; Admonitive (-इ-टिव्)-adj. containing admonition. चेतावनी युक्त; Admonitor (-इ-टर्) n. admonisher. चेतावनी देनेवाला

**Adnascent**–ऍड्-नैस्-ऍन्ट्- *adj.* growing to or upon. बढ़ता हुआ।

**Adnominal**–ऍड्-नॉम्-इन्-ऑल्- *adj.* attached to a noun, adjectival. संज्ञा में जुड़ा हुआ, विशेषण सम्बन्धी।

**Ado** – ऑ-डू – *n.* bustle, trouble, fuss, difficulty. कष्ट, उपद्रव, तरद्दुद, झमेला; Much ado about nothing (useless botheration.) व्यर्थ का उपद्रव ।

**Adobe**–ऑ-डो-बी- *n.* & *adj.* sun-dried brick. धाम में सुखाई हुई ईंट।

**Adolescence**–ऍड्-ओ-लैस्-ऍन्स्- *n.* the period of youth. यौवन, युवा अवस्था।

**Adolescent** – ऍड्-ओ - लैस् - ऍन्ट् – *adj.* advancing to manhood. यौवन प्राप्त।

**Adopt**–ऑ-डॉप्ट् – *v. t.* to take as one's own child, to embrace, to take up. पुत्रवत् अङ्गीकार करना (गोद लेना), आलिङ्गन करना, ग्रहण करना; Adoptable (-ऑ-बल्) *adj.* fit to be adopted. ग्रहण करने योग्य; Adoption (-डाप्-शान्)-*n.* the act of adopting, acceptance. गोद लेने का संस्कार; Adoptive (-इव्)-*adj.* fit for being adopted. गोद लेने योग्य।

**Adorable**–ऑ-डोर्-ऑ-ब्ल् – *adj.* worthy of the highest honours. पूजनीय, (पूजा करने योग्य); Adorably (-ऑ-ब्ली) Adoringly (-इङ्ग्-ली) -*advs.* with profound regard. पूजाविधि से, भक्ति से ।

**Adoration**–ऍड्-ओर्-ए-शान्-*n* worship, profound regard. पूजा, भक्ति।

**Adore**–ऑ-डोर् – *v. t.* to pay divine honours, to worship, to love intensely. आराधना करना, पूजन करना, अति प्रेम करना; Adorer (-अर्)-*n.* a worshipper, an admirer, a lover. पूजा करने वाला, पुजारी, उपासक, भक्त, प्रेमी।

**Adorn** – ऑ - डॉन् – *v. t.* to deck, to furnish with ornaments, to beautify सुशोभित करना, शृङ्गार करना, सजाना; Adorning (-इङ्ग्)-*n.* ornament, decoration. आभूषण (सजावट), शृङ्गार; Adornment (-मैन्ट्)-*n.* embellishment, ornament. शृङ्गार (सजावट)

**Adown**–ऑ-डाउन्- *adv.* & *prep.* down, downwards. नीचे, नीचे की ओर।

**Adrad**–ऑ-ड्रैड्–**Adread** (ऑ-ड्रैड्)-*adj.* of fearful state. भयानक अवस्था का।

**Adrift**–ऑ-ड्रिफ़्ट्-*adv.* floating at random, moving without direction. इधर उधर भटकते हुए, डावाँडोल।

**Adroit**–ऑ-ड्रॉयट्- *adj.* skilful, expert, active. निपुण, दक्ष, चतुर; Adroitly (-ली)-*adv.* skilfully. दक्षता से, चतुराई से; Adroitness (-नैस्)-*n.* expertness, skill. चतुराई, प्रवीणता।

**Adry**–ऑ-ड्राइ- *adj.* & *adv.* dry, thirsty. शुष्क, सूखा, प्यासा।

**Adscititious**–ऍड्-सि-टिश्-अस्- *adj.* assumed, added, additional. स्वीकृत, माना हुआ, जोड़ा हुआ, परिशिष्ट।

**Adscript**–ऍड्-स्क्रिप्ट्- *adj.* & *n.* written after, a serf. बाद में लिखा हुआ, दास।

**Adstriction**–ऍड्-स्ट्रिक्-शान्- *n.* costiveness, act of binding together. कोष्ठबद्धता, मिलाने का कार्य।

**Adulate**–ऍड्-यू-लेट्- *v.t.* to show devotion, to fawn, to flatter. भक्ति दिखलाना, झूठी प्रशंसा करना, अति स्तुति करना; Adulation (-ले-शान्)-*n.* servile flattery, fawning. चाटूक्ति, चापलूसी; Adulator (-आर्) -*n.* a flatterer. मिथ्या प्रशंसा करने वाला; Adulatory (-आर्-इ) *adj.* flattering, falsely praising. चापलूसी का, झूठी प्रशंसा करता हुआ।

**Adult**–ऑ-डल्ट्- *n.* & *adj.* a grown up person, a man of mature age. यौवन प्राप्त पुरुष, युवा (बालिग)।

**Adulterant**–ऑ-डल्-टर्-ऑन्ट्- *n.* the person or thing that adulterates. मिलावट करने वाला या मिलाने वाली वस्तु।

**Adulterate**–ऑ-डल्-टर्-एट्- *v. t.* to debase by admixture, to corrupt. मिलावट से अशुद्ध करना, मिलौनी करना, भ्रष्ट करना; Adulteration (-ए-शान्)-*n.* admixture. (मिश्रण), मिलावट।

**Adulterer, Adulterine, Adulterous**-see-Adultery.

**Adultery**–ऑ-डल्-टर्-ई- *n.* violation of

the marriage bed. व्यभिचार, परस्त्री या परपुरुष गमन, (छिनारा), **Adulterer** (-अर्) *n.* a man guilty of adultery. व्यभिचारी ; **Adulteress** (-ऍस् )-*n. fem.* व्यभिचारिणी ( छिनार ) ; **Adulterine** (-आइन्)-*n.* a child of adultery. व्यभिचार से उत्पन्न सन्तति ; **Adulterous** ( -अस् )-*adj.* परपुरुषगामा या परस्त्रीगामी ।

**Adumbrate**-ऍड्-अम्-ब्रेट्'- *v. t.* to represent in outline, to exhibit imperfectly. ढाँचे में ( छाया रूप में ) दिखलाना, अपूर्ण दिखलाना ; **Adumbration** ( -ब्रे'-शॉन् )-*n.* faint representation. छाया रूप की दिखावट ; **Adumbrative** (-ब्रे-टिव् ) *adj.* छाया रूपमें दिखलाने वाला ।

**Adust**-ऑ-डस्ट्'-*adj.* burnt, parched. जला हुआ, झुलसा हुआ ( भुना हुआ ) ।

**Advance**-ऍड्-वान्स्'-*v. t.* & *i.* to move or put forward, to promote, to supply beforehand, to proceed, to rise in rank. आगे बढ़ना, बढ़ाना (मूल्य बढ़ाना) पेशगी देना, बढ़ना, पद में उन्नति करना ; *n.* improvement, progress, a loan. उन्नति, बढ़ती, ऋण, कर्ज़; **In advance** ( beforehand. ) पेशगी, पहिले से ।

**Advanced** - ऍड्-वान्स्ड्'-*adj.* progressing. उन्नति करता हुआ; **Advanced in age** ( well up in years. ) वयोवृद्ध, वय मे अधिक, बुड्ढा ; **Advanced in knowledge** ( well up in knowledge. ) ज्ञानवृद्ध, ज्ञान मे अधिक ; **Advancement** (-मॅन्ट् ) *n.* state of being advanced, preferment, promotion. वृद्धि, उन्नति ।

**Advancer**-ऍड्-वान्स्'-अर्-*n.* a promoter. उन्नति करने वाला मनुष्य ।

**Advantage**-ऍड्-वान्'-टेज्- *n.* favourable condition, precedence, superiority, benefit. सुविधा, महत्त्व, बड़ाई, लाभ ;-*v. t.* & *i.* to promote, to be beneficial to. बढ़ाना, लाभदायक होना ; **Advantageous** (-अस् )-*adj.* useful, beneficial. उपकारी, लाभदायक ; **Advantageously** (-अस्-ली ) *adv.* with advantage or with benefit. लाभ सहित ; **To take a person at advantage** ( to visit by surprise ) एकाएक भेंट होना ; **To take advantage** ( to avail of. ) लाभ उठाना ; **To have an advantage of** ( to gain over. ) बढ़कर सुविधा होना ।

**Advene**-ऍड्-वीन्'-*v. t.* & *i.* to accede, to be superadded, to become part. सहमत होना, अधिक जोड़ना, भाग (हिस्सा) होना ।

**Advent** - ऍड्' - वेंन्ट् - *n.* a coming or arrival, the coming of Christ, incarnation, the four weeks before Christmas. आगमन, इसूमसीह का जन्म, अवतार, बड़े दिन के पूर्व के चार सप्ताह ; **Adventitious** ( -टिश्'-अस )-*adj.* accidental, casual. आकस्मिक, अनिश्चित, अनित्य ।

**Adventure** - ऍड् - वेंन्ट्' - यूर् - *n.* risk, enterprise of hazard. साहसिक कार्य, संशय युक्त कार्य;-*v. i.* to risk or hazard. साहसिक कार्य करना ; **Adventurer** (-अर् ) *n.* a soldier, a speculator. साहसी योद्धा, धुन बाँधने वाला ; **Adventuress** ( -ऍस् ) *n. fem.* वीराङ्गना ; **Adventurous** (-अस् ) **Adventuresome** ( -सम् )-*adjs.* enterprising. साहसी ; **Adventurously** (-लि) *adv.* enterprisingly. साहसिक रीति से ।

**Adverb** - ऍड्' - वर्ब् - *n.* a word that modifies an adjective, a verb or another adverb. क्रियाविशेषण ; **Adverbial** ( -इ-ऑल् )-*adj.* क्रियाविशेषण सम्बन्धी; **Adverbially** ( -इ-ऑल्-लि )-*adv.* like an adverb. क्रियाविशेषण की तरह ।

**Adversary**-ऍड्'-वर्-सॉ-री- *n.* an antagonist, an enemy, an opponent. प्रतिवादी, वैरी या शत्रु, विरोधी ।

**Adversative** - ऍड्'-वर्स्-ऑ-टिव़ - *adj.* expressing contrast. विरोध सूचक ।

**Adverse** - ऍड्'-वर्स्- *adj.* unfortunate, going against, unprosperous. विपरीत, भाग्यहीन ( विरुद्ध ), दरिद्र ; **Adversely** ( -ली )-*adv.* विरुद्धता से ; **Adverseness** ( -नैस् )-*n.* opposition. विरुद्ध भाव ; **Adversity** ( -इ-टी )-*n.* misfortune, affliction. अभाग्य, कष्ट, आपत्ति ।

**Advert**-ऍड्-वर्ट्' - *v. t.* to draw the attention to, to refer to. ध्यान दिलाना, उद्देश्य करना ; **Advertence** ( ऍन्स् ), **Advertency** (-ऍन्-सी) *ns.* heedfulness. सावधानी ; **Advertent** ( -ऍन्ट् )-*adj.* attentive, heedful. सावधान, सचेत ; **Advertently** (-ऍन्ट्-लि) *adv.* heedfully. सावधानी से, सचेत होकर ।

**Advertis(z)e** - ऍड्'-वर्-टाइज़ - *v. t.* to inform, to publish, to announce. सूचना देना, विज्ञापन देना, घोषित करना ।

**Advertisement** ( -टिज़्' - मैन्ट् ) -*n.* a public announcement in a newspaper, legal notice, समाचारपत्र में विज्ञापन, कानूनी इश्तेहार ; **Advertiser** ( -अर् )-*n.* प्रकाशित करने वाला पत्र या मनुष्य ।

**Advice**-ऑड्-वाइस्' - *n.* counsel, news, ( *in. pl.* ) formal notice, communication from a distance. उपदेश, समाचार, (ब०व०) व्यवहारिक सूचना, दूर का समाचार; **Advice Boat** ( a swift vessel which is used for conveying dispatches. ) समाचार ले जाने वाला तेज़ जहाज ।

**Advisability** – ऑड्-वाइज़-ऑ-बिल्'-इ-टी-*n.* expediency. शीघ्र होने की योग्यता ।

**Advisable**-ऑड्-वाइज़्'-ऑ-ब्ल् - *adj* able to be recommended, expedient, prudent. अनुमति योग्य, रोचक, चतुर ; **Advisably** (-ऑब्-ली)-*adv.* with advice. विचार कर, अनुमति से ।

**Advise**-ऑड्-वाइज़्' -*v t.* & *i.* to announce, to take counsel ( *with* ), to consult. सूचित करना, समझाना, विचारना; **Advised** ( -ड् )-*adj.* deliberate, considered. स्थिर, विचारपूर्ण ; **Advisedly** ( -ऍड्-ली ) *adv.* heedfully, purposely सावधानी से, जानबूझकर ; **Adviser** (-अर् )-*n* सलाह देने वाला ; **Advisory** ( -ऑर्-ई )-*adj.* containing advice. उपदेशक, समझाने वाला ।

**Advocacy**-ऑड्'-वो-की-सी-*n.* pleading in support of some one. किसी के लिये तर्क ( करना ), पक्ष का समर्थन, वकालत ।

**Advocate** – ऑड्'-वो-कैट् – *n.* one who pleads for another दूसरे के लिये बहस करनेवाला (वकील, मुख्तार), -*v. t.* ( -केट्' ) plead to for another, to defend, to recommend. वकालत करना, किसी के पक्ष का समर्थन करना ।

**Adynamia**-ऑ-डै-नें'-मि-ऑ- *n.* weakness caused by disease. किसी रोग के कारण उत्पन्न होती हुई दुर्बलता ।

**Adynamic**-आ-डै-नॅम्-इक्- *adj.* without strength. शक्तिहीन, निर्बल ।

**Adze** – आड्ज़् – *n.* a tool like axe. बसूला, कुल्हाडी ।



Adze.

**Aegis** – ई'-जिस् – *n.* protection, defence. रक्षा, बचाव ।

**Aeolipile** - ( **Eolipile** ) इ-ऑल्'-इ-पाइल्- *n.* an instrument for showing force of steam. बाष्प ( भाफ ) की शक्ति दिखलाने का एक प्रकार का यन्त्र ।

**Aeon (Eon)**-ई'-ऑन् – *n.* the age of the universe, eternity. युग, कल्प ।

**Aerate**-ऍ-अर्-एट्' - *v. t.* to combine with carbonic acid or other gas. किसी वस्तु मे आलातीय वायु भरना ; **Aerated waters** ( water charged with carbonic acid gas. ) ऐसी गैस भरा हुआ पानी, यथा सोडा-वाटर, लेमनेड इत्यादि ।

**Aeration**-ए-अर्-ए'-शन्- *n.* exposure to the action of air वायु मिलना ।

**Aerial**-ऍअर्'-इ-ऑल् - *adj.* belonging to air, imaginary, atmospheric, lofty, elevated. वायु सम्बन्धी, काल्पनिक, हवाई, ऊंचा, उन्नत ;-*n.* a conductor used in wireless telegraphy बिना तार की तारबर्की ( रेडियो ) का धारा प्रवाहक तार ।

**Aerie-Aery-Eyrie-Eyry**-ऍअर्-ई, ( ई -री ) *n.* the nest of a bird of prey as an eagle or hawk. शिकारी चिड़िया का घोंसला ( यथा बाज या उकाब का ) ।

**Aeriferous**-ऍअर्-इफ'-ऍर्-अस् – *adj.* conveying air वायु ले जाने वाला ।

**Aerification**-ऍअर्-इ-फि-के'-शन् – *n.* the act of becoming air, gas or vapour. वायुरूप तत्व बनने का कार्य ।

**Aeriform**-ऍअर्'-इ-फॉर्म्-*adj.* of the form of air, gaseous, unreal. वायु के समान, गैस के सदृश, असत्य ।

**Aerify** – ऍअर्'-इ-फाइ – *v t* to fill with air. वायु से पूर्ण करना या भरना ।

**Aero**-ऍअर्-ऑ- *pref* in sense of "air." वायु अर्थ का उपसर्ग, **Aerobatics** ( बॅ-टिक्स् ) feats of aviation. हवाई जहाज का सर्कस ; **Aerobus** (-बस्) aeroplane. हवाई जहाज, वायुयान ; **Aerodrome** (-ड्रोम् ) *n.* an aeroplane station हवाई जहाज के उतरने चढ़ने का स्थान, हवाई अड्डा ; **Aerodynamics** ( -डि-नॅम'-इक्स् ) the science of the motion of air. वायु गति शास्त्र, **Aerofoil** (-फॉ-ऍल् ) *n.* propeller of an aeroplane. वायुयान का पंखा ; **Aerogram** ( -ग्रॅम् ) wireless message. बिना तार का समाचार ; **Aerolite** (-लाइट् ), **Aerolith** ( -लिथ् )-*ns.* a meteoric stone. टूटता तारा ; **Aerology** (-ऑल्'-ऑ-जी)-*n.* the science which treats of air. वायु

( पवन ) विद्या ; **Aeromancy** (-मॅन्-सी ) forecasting the weather. जलवायु के विषय में भविष्य बतलाना ; **Aerometer** ( -ऑम्-ऍ-टर् )-*n* an instrument which measures the weight and density of air and gases. वायु का घनत्व सूचित करने का यंत्र ; **Aerometry** ( -ऑम्'-ऍ-ट्री )-*n*. the science of weighing air. वायुमापन विद्या ; **Aeronaut** ( -नॉट् )-*n*. one who drives an aeroplane. हवाई जहाज हाँकने वाला ; **Aeronautics** (-नॉट्'-इक्स् ) वायुयान विद्या; **Aerophobia** (-फो'-बि-ऑ )-*n*. dread of fresh air. ताजी हवा से डरना ; **Aeroplane** (-प्लेन् ) *n*. a flying machine. वायुयान, हवाई जहाज ; **Aerostat** ( -स्टैट् ) *a* balloon, an airship. गुब्बारा, हवाई जहाज ;



Aeroplane

**Aerostatics** ( -स्टैट्'-इक्स्)-*n*. the science of atmospheric pressure. वायु का भार या समतोलन जानने की विद्या ।

**Aesthetics**–ऍस्'-थेट्' - इक्स्– *n*. the science of the beautiful in art and nature. सौंदर्य ( ललित कला ) शास्त्र ।

**Aestival**–ऍस्'-टै - वल् – *adj*. pertaining to summer. ग्रीष्म ऋतु सम्बंधी ।

**Aether**–ई'-थर्–*n*. see **Ether**.

**Actiology** – ऍ-टि - ऑल्'-ऑ-जी– *n*. the science or philosophy of causation. ( *esp*. of disease) कार्यकारण का तत्वज्ञान, विशेष कर रोग का कारण या निदान ।

**Afar**–ऑ - फार् - *adv*. from a distance, at a distance. दूर से, दूर पर ।

**Afeard** – ऑ-फियर्ड्' – *adj*. frightened, afraid. भयत्रस्त, डरा हुआ ।

**Affability**–*n*. see **Affable**.

**Affable** – ऑफ्'-फी-बल्– *adj*. courteous, condescending. सुशील, मिलनसार ; **Affability** ( -बिल्'- इ-टी ) **Affableness** ( -बल्-नैस् ) -*ns*. condescension. सुशीलता, ( सौजन्य ), मिलनसारी, **Affably** ( -बली )-*adv*. courteously. सुशीलता से ।

**Affair**- ऑफ्-फैअर्'– *n*. business, event, concern, matter, minor battle, (*pl*.) pursuits of life. उद्यम, (घटना) ; व्यापार कारबार),छोटा युद्ध,(ब०व०),जीवन का कार्य; **Affair of honour** ( duel. ) धर्मयुद्ध ।

**Affect**–ऑफ्-फैक्ट्' – *v. t*. to act upon, to practise, to pretend, to love. प्रभाव डालना, व्यवहार करना, बहाना करना, ( छल करना या रूप बदलना ), प्रेम करना ।

**Affectation** –ऑ-फैक्-टे'-शॉन्– *n*. false pretence. अहंकार, आडम्बर ।

**Affected** – ऑ - फैक्ट्'- ऍड् – *adj*. indisposed, not natural. रोगी, कृत्रिम ; **Affected by a devil** ( attacked by an evil spirit. ) प्रेतबाधित ; **Affectedly** ( -ऍड्-ली )-*adv*. in an affected manner. बहाने से ; **Affecting** ( -इङ् ) -*adj*. having power to excite affection. प्रेम उत्पन्न करने की शक्ति वाला ।

**Affection**–ऑफ्-फैक्' - शॉन्– *n*. love, inclination, attachment, emotion or disease. प्रेम, अनुराग, स्नेह, शारीरिक अथवा मानसिक रोग ; **Affectional** ( -ऑल् ). **Affectionate** ( -ऍट् )-*adjs*. loving, fond. प्रेमी, स्नेही ; **Affectionately** ( -ऍट्-ली )-*adv*. with affection. प्रेम से, स्नेह से ; **Affectionateness** (-ऍट्-नैस् ) *n*. fondness. स्नेह ।

**Affective**–ऑ-फैक्ट्'-इव् – *adj*. exciting emotion. उत्तेजित करने वाला ।

**Afferent** – ऑफ्'-फ़ैर्-ऍन्ट् – *adj*. leading to the centre. केन्द्र पर पहुंचाने वाला ।

**Affiance**–ऑफ्-फाइ' - ऑन्स्– *n*. a pledge of faith, marriage contract. वाक्-दान, विवाह के लिये वचन देना (सगाई) ; *v. t*. to promise solemnly in marriage. विवाह के लिये वचनबद्ध होना ; **Affianced** ( –ड् )–*n*. & *adj*. betrothed. विवाह करनेवाला, सगाई किया हुआ ।

**Affidavit**–ऑफ्-फि-डे'-विट् – *n*. a written declaration upon oath before a magistrate. शपथपत्र, हलफनामा ।

**Affiliate**-ऑफ्-फिल्'-इ-एट्–*v.t*. to receive into a family, to adopt, to connect, to receive into a society as member. पालट बनाना, गोद लेना, मिलाना, किसी सभा का सभासद बनाना ; **Affiliation** (-ए'-शॉन्) *n*. adoption, act of affiliating. दत्तक विधान, गोद लेने का कार्य, किसी सभा या विश्वविद्यालय के अधीन करना ।

**Affine** – ऑ - फाइन्'– *v. t*. to refine an element &c. परिशोधन करना ।

**Affined**–ऑफ्-फाइन्ड्'–*adj*. connected or

united, related. संयुक्त, संबद्ध ।

**Affinity**-ॲफ़्-फ़िन्'-इ-टी- *n.* resemblance, relationship, relation by marriage. सादृश, सम्बन्ध, दाम्पत्य-सम्बन्ध ।

**Affirm**-ॲफ़-फ़र्म्' - *v. t.* & *i.* to assert positively, to declare, to allege. प्रतिज्ञा करना, निश्चय के साथ कहना, प्रमाणित करना; **Affirmable** ( -ॲ-बल् ) -*adj.* able to be affirmed. प्रतिज्ञा करने योग्य ; **Affirmance** ( -ॲन्स् )-*n.* assertion. स्वीकृति ; **Affirmation** ( -ए-शॉन् )-*n.* a solemn declaration. दृढ़ वचन, निश्चय सहित वचन ।

**Affirmative** - ॲ - फ़र्म् - ॲ-टिव् - *adj.* affirming, confirmable. स्वीकार अथवा अङ्गीकार सूचक ; **Affirmatively** (-ॲ-टिव्-ली )-*adv.* positively, in an assertive manner. स्वीकार करते हुए, हामी भरते हुए ; **Affirmatory** (-ॲ-टार्-ई) -*adj.* confirmatory. स्वीकार सूचक ।

**Affix**-ॲफ़्-फ़िक्स् - *v. t.* to attach, to fix, to fasten. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; *n.* that which contains affirmation, addition to a root, stem or word, a letter or syllable added to a word. स्वीकृति वाक्य, ( व्या० ) आगम अर्थात् प्रत्यय जो शब्दों में जोड़े जाते हैं ; **Affixing** ( -इङ्ग् )-*n.* जोड़, मिलाव ।

**Afflatus** - ॲफ़्-फ़्ले'-टस्- *n.* inspiration from above, supernatural knowledge. ईश्वर प्रेरणा, देवज्ञान ।

**Afflict**-ॲफ़्-फ़्लिक्ट्' - *v. t.* to give pain, to harass, to trouble, पीड़ा देना, कष्ट देना ; **Afflicted** ( -ऍड् ) *adj.* harassed. दुःखित, ( पीड़ित ) ; **Afflicting** ( -इङ्ग् ) *adj.* distressing. पीड़ा देने वाला ; **Affliction** ( -फ़्लिक्'-शॉन् ), **Afflictedness** ( -ऍड्-नेस् )-*ns.* pain, distress, misery. दुःख, क्लेश, आपत्ति ; **Afflictive** ( -इव् )-*adj.* painful, distressing. व्यथाकर, क्लेश या पीड़ा देने वाला ।

**Affluence**-ॲफ़्'-फ़्लु-ऍन्स्- *n.* a flowing to abundance ( of wealth ), a great plenty. धन की समृद्धि, अधिकता ।

**Affluent**-ॲफ़्'-फ़्लु-ऍन्ट - *adj.* copious, wealthy. परिपूर्ण, धनाढ्य, समृद्ध ; -*n.* a tributary stream. सहायक नदी; **Affluently** (-ऍन्ट-ली)-*adv.* in a copious manner. परिपूर्णता ( समृद्धि ) से ।

**Afflux**-ॲफ़्'-फ़्लक्स्- *n.* a flow towards a point. एक केन्द्र की ओर प्रवाह ।

**Afforce**-ॲफ़्-फ़ोअर्स्' - *v. i.* to bring force upon a person, to ravish. किसी पर दबाव डालना, नष्टभ्रष्ट करना ।

**Afford**-ॲफ़्-फ़ोर्ड्' - *v. t.* to give forth, to expend, to be able to sell. देना, व्यय करना, बेंच सकना ।

**Afforest**-ॲ-फ़ॉर्'-रेंस्ट- *v. t.* to convert into forest. जंगल लगाना ; **Afforestation** ( -ए'-शॉन् )-*n.* जंगल लगाने का कार्य ।

**Affranchise**-ॲफ़्-फ़्रॅन्'-शाइज़् - *v. t.* to free from servitude or obligation. बन्धन से अथवा उपकार से मुक्त करना ; **Affranchisement** (-मेंन्ट्)-*n.* ऐसी मुक्ति ।

**Affray**-ॲफ़्-फ़्रे'-*n.* fray, noisy quarrel, disturbance, a brawl. कलह ( झगड़ा ), बलवा ( दङ्गा ) ।

**Affright**-ॲफ़्-फ़्राइट्' - *v. t.* to frighten. डराना ; *n.* a sudden terror, fright. भय (त्रास), ऊधम (दङ्गा) ; **Affrighted** ( -ऍड् ) *adj.* terrified. डराया हुआ ; **Affrightedly** ( -ऍड्-ली )-*adv.* डरते हुए ।

**Affront**-ॲफ़्-फ़्रन्ट्' - *v. t.* to offend, to insult. अपमान करना, तिरस्कार करना; -*n.* an outrage, an insult. मानभङ्ग, अनादर; **Affronted** (-ऍड् )-*adj.* feeling insulted. तिरस्कार किया हुआ ; **Affronter** ( -अर् ) *n.* one who offends or insults. अपमान करने वाला ; **To offer an affront to** ( to insult a person openly. ) किसी मनुष्य का सन्मुख ( प्रत्यक्ष ) अपमान करना ।

**Affuse**-ॲफ़्-फ़्यूज़्' - *v. t.* to pour upon, to sprinkle. उंड़ेलना, छिड़कना ; **Affusion** ( -फ़्यू'-ज़ान् )-*n.* pouring of water in baptism. नामकरण संस्कार ( बप्तिस्मा ) में जल छिड़कने का कार्य ।

**Affy**-ॲफ़्'-फ़ाइ- *v. t.* to betroth, to bind. सगाई करना, संयुक्त करना, मिलाना ।

**Afield**-ॲ-फ़ील्ड्' -*adv.* in or on the field. खेत में अथवा खेत पर ।

**Afire**-ॲ-फ़ायर्' -*adv.* on fire, in a state of inflammation. जलती अवस्था में ।

**Aflame** - ॲ - फ़्लेम्' - *adv.* on flame, glowing. जलते हुए, चमकते हुए ।

**Afloat**-ॲ-फ़्लोट्' - *adj.* or *adv.* floating, at sea, on board a ship. बहता हुआ, समुद्र तल पर, जहाज पर ; **A rumour is afloat** ( general talk is current. ) बात

फैल गई है, ऐसी अफवाह है ।

**Afoot**-अँ-फुट्' - *adv.* on the move, astir, on foot. हिलता हुआ, चलता हुआ, पैदल ; **Going afoot** ( going on foot. ) पैदल चलना ; **To set afoot** ( to begin ; to commence. ) प्रारम्भ करना ।

**Afore**–अँ-फोर्- *prep.* & *adv.* before, in front of, previously. आगे, सामने, प्राचीन काल में ; **Aforehand** ( beforehand.) समय से पहिले; **Afore mentioned** ( said before ) पूर्व कथित ; **Aforesaid** ( said before. ) पूर्वोक्त; **Afore thought** ( premeditated thought. ) पहिले से विचारा हुआ; **Afore-time** (in past time.) पूर्वकाल में, पहिले ।

**Afraid**-अँ-फ्रेड्' -*adj.* frightened, alarmed. डरा हुआ, भयत्रस्त, भयभीत ।

**Afresh**–अँ-फ्रे'श्'-*adv.* anew, again, with fresh beginning. नया, पुनः, नया आरंभ करते हुए, नये सिरे से ।

**Aft** – ऑफ्ट् – *adv.* near the stern of a ship. जहाज के पिछले भाग के पास ।

**After**–ऑफ्ट्'-अर्- *prep.* & *adv.* behind, in pursuit of, concerning, afterwards, next in importance, according to. पीछे, अनुसरण में, विषय में, बाद में, पद में नीचा, अनुसार ;-*adj.* later, hinder. बाद का, पिछला ; **After all** ( in spite of all that has happened. ) सब होते हुए; **Afterbirth** ( placenta. ) खेंड़ी ; **Aftercost** ( after expense ) बाद का खर्चा ; **Aftercrop** ( a second crop in the same year. ) वर्ष की दूसरी फ़सल ; **Afterglow** ( -ग्लो ) *n.* glow after sunset. सूर्यास्त के बाद का प्रकाश ; **Aftergrowth** ( -ग्रोथ् ) –*n.* subsequent growth. बाद की उपज ; **Afterhelp** ( -हे'ल्प् ) –*n.* secondary assistance. अप्रधान सहायता ; **Afterhours** (-अवर्स् )-*n.* time subsequent to business hours. नियत समय के बाद का काल ; **After-image** ( -इम्' -,एज् ) –*n.* likeness of an object appearing to the eye when the actual object is withdrawn; पदार्थ के हट जाने पर इसकी आकृति जो आँख पर अङ्कित रह जाती है ; **Afterlife** ( future life. ) भविष्य जीवन ; **Aftermath** ( -मैथ् )-*n.* second crop of grass in a season. एक ही मौसम में घास की दूसरी फ़सल ; **After mentioned** (-मे'न्-शन्ड्)–*adj.* mentioned afterwards अधोलिखित ; **Afternoon** ( time between noon and evening. ) मध्याह्न और सायकाल के बीच का समय, तीसरा पहर ; **Afterpains** ( pain after childbirth. ) बच्चा जनने के बाद की उदर पीड़ा ; **After-piece** ( short piece performed after a play ) नाटक के बाद का छोटा खेल ; **Afterthought** ( reflection after the act ) काम करने के बाद का विचार; **Afterwards.** ( in a later or subsequent time. ) बाद में तत्पश्चात् ; **Afterwise** ( too late. ) भविष्य बुद्धि ; **Called after his grandfather** (*i.e.* in allusion to grand father) दादा के नाम से पुकारा जाता है ।

**Again**–अँ-गेन्' – *adv.* another occasion, moreover, besides, in return. फिर,और भी, अतिरिक्त, विपरीत ( उलटा ) ; **Again and again** ( repeatedly. ) बारम्बार ; **As much again** ( twice as much.) द्विगुणित, दुगुना; **Now and again** ( occasionally, often.) प्रायः, कभी कभी ।

**Against**–अँ-गेन्स्ट्' – *prep.* in opposition to, in anticipation of, in contact with. प्रतिकूल, विरुद्ध, विपरीत ।

**Agamist**–ऑग्'-अँ-मिस्ट् – *n.* one who is against marriage. विवाह विरोधी ।

**Agamous** – ऑ'-गॅ'-मस् – *adj.* without sexual organs. बिना जननेन्द्रिय का ।

**Agape**–अँ-गेप्' – *adv.* with mouth open in wonder. आश्चर्य से मुंह खोले हुए ।

**Agastric** – अँ-गैस्'-ट्रिक् – *adj.* without stomach. बिना उदर ( या पेट ) का ।

**Agate**–ऑग्'-एट्- *n.* a kind of precious stone ( of different tints ) used in jewellery. सुलेमानी पत्थर ।

**Agaze**–अँ-गेज़्'–*adv.* gazing. टकटकी बाँधकर देखता हुआ ; **Agazed** (-ड् )-*adj.* amazed. astonished. चकित, घबड़ाया हुआ ।

**Age** – एज् – *n.* length of life, maturity of years, historical epoch, generation. जीवनकाल ( आयुष्य ), प्राप्तवय, ( बालिग ), ऐतिहासिक समय, पीढ़ी ; *v. t.*& *i.* to make old. पुराना होना या करना ; **Aged** ( -एँड् ) -*adj.* old. वृद्ध ; **Ageless** ( without appearing to grow old. ) वृद्ध न होने वाला ; **Of the same age** ( of equal life of period. ) एक ही वय या समय का, समकालीन ।

**Agency**-एं-जेंन्-सी-*n.* see Agent.

**Agenda**-ऑ-जेंन्'-डॉ - *n. pl.* (*sing.* **Agendum.** -डम्) things to be done, memoranda. कार्यक्रम, कार्यसूची।

**Agent** - एं - जेंन्ट् - *n.* one who does actual work, one who represents a person or firm, that which exerts power. कार्यकर्ता, प्रतिनिधि, (मुनीम, गुमाश्ता, कारिन्दा, मुख्तारआम), साधन; **Agency** (जेंन्'-सी) - *n.* operation, instrumentality, duty or office of an agent. कार्य, कारण, अड़तिया का कार्य स्थान।

**Agential**-ए'-जेंन्-शॅल् - *adj.* pertaining to an agent. आढ़त सम्बन्धी।

**Agglomerate**-ऑग्-ग्लॉम्'-अर्-एट्' - *v. t.* & *i.* to collect into a mass or ball. पिण्ड बनाना, गोला बाँधना या बँधना; **Agglomeration** (-ए'-शॉन्)-*n.* a mass, collection. समुदाय, ढेर; **Agglomerative** (ऑ-टिव्)-*adj.* apt to gather in a mass. ढेर करने (लगने) वाला।

**Agglutinant**- *n.* see Agglutinate.

**Agglutinate**-ऑग्-ग्लू'-टिन्-एट् - *v. t.* to unite with glue. सरेस लगाना या सरेस से जोड़ना;-*adj.* united as with glue. सरेस से जोड़ा हुआ; **Agglutinant** (-टि-नॅन्ट्) *adj.* united. जुटा हुआ; **Agglutination** (-टिन्-ए'-शान्) -*n.* adhesion of parts. भागों का एकत्रित होना या जुटना।

**Aggrandize** (se)-ऑग्'-ग्रॅन्ड्-आइज़्'-*v. t.* to increase power or rank, to exaggerate, to extend or enlarge. शक्ति अथवा पदवी बढ़ाना, उन्नति करना, फैलाना; **Aggrandizement** (-मॅन्ट्) -*n.* advancement. अभ्युदय, उन्नति (बढ़ती)।

**Aggravate**-ऑग्-ग्रॅ-वेट्'- *v. t.* to make more severe, to provoke, to exasperate. तीव्र करना, उत्तेजित करना, घबड़ाना; **Aggravating** (-वे'-टिङ्ग्) -*adj.* provoking. उत्तेजक; **Aggravatingly** (-ली)-*adv.* in an exaggerated manner. अतिशयोक्ति से; **Aggravation** (-वे'-शॉन्) *n.* irritation, provocation. उत्तेजना, (उद्दीपन) भड़काव; **Aggravator** (-वेट्'-ऑर्)-*n.* one who aggravates. उत्तेजित करने वाला, बढ़ाने वाला।

**Aggregate**-ऑग्-ग्रें-गेट्'- *v. t.* to collect together, to accumulate. एकत्रित करना, इकट्ठा करना; -*adj.* collected into a body. इकट्ठा किया हुआ; *n.* a whole or total. समूह, समुदाय या ढेर; **Aggregation** (-गे'-शॉन्)-*n.* the act of collecting together. वृद्धिकरण; **Aggregative** (-टिव्)-*adj.* taken together. एकत्रित (इकट्ठा) किये जाने योग्य।

**Aggress**-ऑग्-ग्रेस्'- *v. i.* & *t.* to begin a quarrel, to make a first attack. पहिले छेड़छाड़ करना, आक्रमण करना; **Aggression** (-ग्रे'-शॉन्)-*n.* the first act of hostility, a breach of peace. आक्रमण (चढ़ाई) शान्तिभङ्ग; **Aggressive** (-इव्) *adj.* making the first attack. पहिला आक्रमण करनेवाला; **Aggressively** (-इव्-ली)-*adv.* in an aggressive manner. उत्तेजना से; **Aggressiveness** (-इव्-नेंस्)-*n.* the first attack. पहिला आक्रमण; **Aggressor** (-ऑर्)-*n.* one who begins a quarrel. झगड़े में अगुआ।

**Aggrieve**-ऑग्-ग्रीव्'- *v. t.* to distress, to pain or injure, to oppress. दुःख देना, कष्ट या पीड़ा देना, व्यथा पहुंचाना; **Aggrieved** (-ड्)-*adj.* distressed. पीड़ित।

**Aghast**-ऑ-गॅस्ट्'- *adj.* terrified, stupified with horror. डरा हुआ, भय से चकित, (हक्का, बक्का, भौंचक्का)।

**Agile**-ऑज्-जाइल्- *adj.* active, nimble, quick-moving. चञ्चल, चपल, शीघ्र चलनेवाला; **Agileness** (-नेंस्), **Agility** (-जिल्'-इ-टी)-*ns.* briskness, nimbleness. चंचलता, फुरतीलापन।

**Agio**-ऑज्-जि-ओ- *n.* the percentage charged on the exchange of a currency. हुण्डी अथवा करेन्सी नोट को सिक्के में बदलने का बट्टा; **Agiotage** (-टेज्)-*n.* stock jobbing. बट्टे का व्यापार।

**Agist**-ऑज्-जिस्ट्'- *v. t.* to take other's cattle to feed for a sum. कुछ धन लेकर चराने के लिए दूसरे के पशु ले जाना।

**Agitate**-ऑज्-इ-टेट्- *v. t.* to move, to shake, to disturb, to discuss. हटाना, हिलाना, हलचल मचाना (घबड़ाना), वादाविवाद करना; **Agitated** (-एड्) -*adj.* excited. उत्तेजित; **Agitative** (-टेंयट्-इव्)-*adj.* prone to agitate. उत्तेजक; **Agitator** (-टे'-टॉर्) *n.* one who or that which agitates, an apparatus for mixing. उद्वेग उत्पन्न करने वाला मनुष्य, पदार्थों को मिलाने का यन्त्र।

**Agitation**-ऐज्-इ-टे'-शॉन्- *n.* commotion, disturbance, debate. व्याकुलता, घबड़ाहट, शास्त्रार्थ, ( वादाविवाद ) ।

**Aglet**-ऐग्'-लॅट्- *n.* the metal tag at the end of a lace. फ़ीते या लेस के किनारे पर लगाने की धातु की नोक ( पिन् )

**Aglimmer**-अॅ-ग्लिम्'-अर्-*adv.* in a glimmering manner. चमकते हुए ।

**Aglow**-अॅ-ग्लो'- *adv.* in a glow, glowing. गरम ( लाल ), चमकता हुआ ।

**Agnail**-ऐग्'-नेल्- *n.* torn skin at the root of finger-nail, whitlow, corn. सुतरा ( नख ) का उखड़ना, गलका, पैर की अंगुलियों में की बेवाय ।

**Agnate**- ऐग् - नेट्' - *n.* & *adj.* sprung from the same father. पूर्वज, एकही पिता से उत्पन्न, ( औरस ) ।

**Agnatic**-ऐग्-नै'-टिक् - *adj.* pertaining to descent by the main line. औरस सन्तति सम्बन्धी ; **Agnation** ( -शॉन् )-*n.* descent in a direct male line. औरस उत्पत्ति, एक ही पिता से उत्पन्न ।

**Agnostic**-ऐग्-नॉस्'-टिक् - *n.* one who holds that nothing is or can be known of the existence of God. जिसका सिद्धान्त यह है कि ईश्वर के विषय में न कुछ जाना जा सकता है न जाना गया है ; **Agnosticism** ( -टिस्-इज़्म् )-*n.* such a doctrine. ऐसा सिद्धान्त ।

**Agnus**-ऐग्'-नस्- *n.* a lamb. भेड़ी या बकरी का बचा, मेमना ।

**Ago**-अॅ-गो'- *adj.* & *adv.* past, gone by. व्यतीत, बीता हुआ ( पहिले ) ।

**Agog**-अॅ-गॉग्'- *adj.* & *adv.* on the move, expectant, in eager excitement. गतिमान् , आशायुक्त, आतुर ।

**Agoing**-अॅ-गो' इङ्ग् - *adv.* going on, current. चलता हुआ, प्रचलित ।

**Agone**-अॅ-गॉन्'- *adv.* ago, past. व्यतीत, बीता हुआ ।

**Agonic**-अॅ-गॉन्'-इक् - *adj.* having no angle. कोण रहित, बिना कोने का ।

**Agonist**-ऐग्'-ऑ-निस्ट्- *n.* a combatant, a champion. योद्धा, लड़ाका ; **Agonistic** ( -इक् )-*adj.* pertaining to athletics. मल्लयुद्ध सम्बन्धी ; **Agonistics** ( -इक्स् ) *n.* the scientific study of athletics. व्यायाम का शास्त्रीय अध्ययन ।

**Agonize** (se)-ऐग्'-ऑ-नाइज़्- *v. t.* & *i.* to torture, to suffer agony. पीड़ा देना कष्ट सहना; **Agonizing** (-नाइज़्-इङ्ग्)-*adj.* giving great pain. अति पीड़ा देने वाला ; **Agonizingly** ( -इङ्ग्-ली ) -*adv.* in an agonising way. अति दुःख से ।

**Agony**-ऐग्'-ऑ-नी- *n.* ( *pl.* Agonies ) struggle, extreme bodily pain, pangs of death. यातना, अति पीड़ा ( सन्ताप ), अन्तकाल ( मृत्यु समय ) की पीडा ।

**Agoraphobia**-ऐग्'-आर्-ओ-फो'- बि-अॅ- *n.* fear of crowds. भीड़ से डर लगना ।

**Agrarian**-अॅ-ग्रे'अर्'-इ-अॅन्- *adj.* pertaining to landed property, rural. जमींदारी के विषय का, ग्रामीण ।

**Agree**-अॅ-ग्री'- *v. i.* & *t.* to concur, to consent to, to be in harmony with, to resemble, to settle a price, to bring into harmony, to take the same number, person and case. (in grammar) अनुकूल होना, एक मत होना, एक लय में होना, समान होना, मूल्य निश्चित करना, एक सुर ताल में लाना, (व्या॰) लिङ्ग, वचन तथा पुरुष में समान होना ; **Agreeable** ( -अॅ-बल् )-*adj.* well disposed, pleasing, favourable. अनुकूल, आनन्दकर, अभिमत ; **Agreeableness** (-अॅ-बल्-नॅस् )- *n.* suitableness. अनुरूपता ; **Agreeably** (-अॅब्-ली )-*adv.* suitably, pleasingly. चाव से, प्रसन्नता से ; **Agreement** ( -मॅन्ट् ) -*n.* correspondence, mutual understanding, harmony, resemblance, ( *law* ) legal contract. समानता, एक लय, ( शासन पद्धति में ) स्वीकार पत्र ( एकरारनामा ) ।

**Agrestic**-अॅ-ग्रॅस्'-टिक्- *adj.* rural, uncouth, rustic. ग्रामीण, देहाती, भद्दा ।

**Agricultural**-ऐग्-रि-कल्'-ट्यूर्-अॅल्- *adj.* pertaining to agriculture or husbandry. कृषि सम्बन्धी, खेती का ।

**Agriculture**-ऐग्-रि-कल्' - ट्यूर् - *n.* the cultivation of soil, husbandry. कृषि कर्म, खेती (कादतकारी); **Agriculturist** (-इस्ट) *n.* one who is engaged in husbandry, a farmer. खेती के कार्य में नियुक्त ( लगा हुआ ), खेतिहर ( किसान ) ।

**Agronomy**-ऐग्-रॉन्'-ऑ-मी- *n.* scientific farming. शास्त्रीय कृषिकला ।

**Agrostography**-*n.*अॅ-ग्रॉस्'-टो-ग्रॅ-फ़ी - *n.* a scientific description of grass. शष्पविद्या, घासों का शास्त्रीय वर्णन ।

**Aground**-ॲ-ग्राउन्ड्'-*adv.* on the bottom of shallow water, stranded. छिछले जल के तल पर, धरती पर फँसा हुआ।

**Ague**-ए'-ग्यू-*n.* a kind of malarial fever accompanied with shivering. जूड़ी, कम्पज्वर,जड़ैया बोखार; **Agued** ( -ड् )-*adj.* shivering. कम्पज्वर से पीड़ित, काँपता हुआ; **Aguish** ( -इश् ) -*adj.* with shivering fever. ज्वर से काँपता हुआ ।

**Ah**-आ- *interj.* an exclamation expressing pain, joy, pity, contempt &c. पीड़ा, दया आदि सूचक अव्यय,अरे ! ओहो ! वाह ! छिः !

**Aha**-ॲ-हा'- *interj.* expressing surprise, triumph, mockery, contempt &c. वाह वाह ! अहा ! हा ! शुड़ी शुड़ी !

**Ahead**-ॲ-हेड्'-*adv.*in advance, headlong, further on. बढ़कर, आगे, आगे की ओर।

**Aheap**-ॲ-हीप्'-*adv.* in a heap, trembling with fear. ढेर में, डरसे काँपता हुआ।

**Ahem** - ॲ - हेंम्' - *interj.* exclamation indicating surprise or disbelief. आश्चर्य तथा अविश्वास सूचक अव्यय।

**Ahorseback** - ॲ - हॉर्स्' - बैक् - *adv.* on horseback. घोड़े की पीठ पर सवार।

**Ahoy**-ॲ-हॉय्'- *interj.* used by sailors in hailing. मल्लाहों के वाहवाही का शब्द।

**Aid**-एड्- *v. t.* to assist, to help. सहायता करना, सहारा देना ; -*n.* assistance, help. सहायता ; **Aidance** ( -एन्स् )-*n.* help. सहायता ; **Aider** ( -अर् )-*n.* a helper. सहायक ; **Aidful** ( -फुल् )-*adj.* full of aid. सहायतापूर्ण ; **Aidless** ( -लैस् ) -*adj.* helpless, without assistance. असहाय

**Aide-de-camp** - एड्'-डि-कॉम्प् - *n.* ( *pl.* **Aides-de-camp** ) an attendant on a king or general, an officer appointed to receive and communicate the orders of a king or general. सेनापति या राजा का शरीर रक्षक, सेनापति या राजा का संदेश लाने और पहुंचाने वाला अफ़सर ।

**Aiglet**-एग्'-लेट्- *n.* a young eagle. छोटा ( युवा ) बाज ( श्येन ) पक्षी ।

**Aigrette**-ए'-ग्रेट्- *n.* a white heron, tuft of feathers or hair. सफ़ेद सारस पक्षी, बाल या परों का गुच्छा ।

**Ail** - एल् - *v. i.* to feel pain, to be in trouble. पीड़ा या व्यथा का होना, कष्ट में होना ;-*v. t.* to afflict, to trouble. कष्ट देना, दुःख देना ; **Ailment** ( -मैन्ट् )-*n.* indisposition, disease, pain. अस्वस्थता, रोग ( व्याधि ), व्यथा, पीड़ा ।

**Aile**-आइल्- *n.* same as Aisle.

**Aileron**-ए'-लैर्-ऑन्- *n.* the control flap behind the wings of an aeroplane. हवाई जहाज के पीछे की ओर की पतवार ।

**Aim**-एम्- *v. t.* & *i.* to direct, to make an attempt, to level a weapon at. लक्ष्य करना, प्रयत्न करना, निशाना लगाना, ताक में रहना;-*n.* direction of a weapon, design, purpose. लक्ष्य (निशाना), उद्देश्य, मन्तव्य ; **Aimless** (-लैस् )-*adj.* purposeless. बिना लक्ष्य का ; **Aimlessly** (-लैस्-ली) *adv.* without aim. बिना उद्देश्य के ।

**Air**-ऍअर्-*n.* the atmosphere,a light breeze outward appearance, a song. (*pl.*) demeanour. वायुमण्डल,मन्द पवन, हावभाव, राग, तान सुर, (ब०व०) आकृति (चालढाल) ; *v. t.* to expose to air, to ventilate, to dry, to parade, to walk in fresh air, to publish. हवा में रखना, वायु का आवागमन कराना, आग पर सुखाना, सजधज दिखलाना, शुद्ध वायु में घूमना, प्रकाशित करना ; **Air balloon** ( a toy balloon ) लड़कों के खेलने का गुब्बारा ; **Air-bath**-ऍअर्'-बाथ्-*n.* ( an appliance to dry objects by passing air through it. ) वायु द्वारा पदार्थ सुखाने का यन्त्र; **Air bed** ( a bed inflated with air. ) हवा भरा हुआ ( रोगी का ) गद्दा ; **Air brake** ( a brake worked by compression of air. ) रेल गाड़ियों में हवा खींचकर पहियों को रोकने का साधन ; **Air built** ( chimerical. ) काल्पनिक ; **Air cells** ( cavities containing air. ) वायु कोष ; **Air chamber** ( chamber enclosing air. ) वायु भरने का पात्र ; **Air craft** ( aeroplane. ) हवाई जहाज; **Air cushion** ( a cushion filled with air ) हवा भरी हुई तकिया या गद्दा ; **Air drawn** ( imaginary) काल्पनिक ; **Air engine** (engine moved by the expansion and compression of air. ) गरम हवा से चलाया जाने वाला इंजन ; **Air funnel** ( contrivance for ventilating a ship's hold.) जहाज के भीतरी भाग में वायु का आवागमन कराने का साधन ; **Air gun** ( gun which propels bullets by compressed air. ) हवाई बंदूक ; **Airiness** ( lightness. ) -*n.* हलकापन ; **Airing** ( -इङ्ग् )-*n.* exposure

to air. हवाखोरी; **Air man** (an aviator.) वायुयान चलाने वाला; **Air pump** ( pump for compressing or exhausting air. ) हवा भरने या निकालने की पिचकारी ; **Air raid** ( attack by aircraft. ) वायुयान द्वारा आक्रमण ; **Airs** (-स्) *n. pl.* affected manners, false pride. शेखी, ( घमंड ), मिथ्या अभिमान ; **Air screw** ( propeller of an aeroplane. ) वायुयान का संचालक पंखा ; **Air shed** ( place for docking airships. ) हवाई अड्डा ; **Air tight** ( impenetrable to air. ) वायु न प्रवेश होने वाला ; **Airship** ( aeroplane. ) वायुयान, हवाई जहाज़ ; **Airway** (passage for admitting air. ) वायुमार्ग ; **Air-worthy** ( fit for flying. ) उड़ने योग्य ; **Airy** ( -ई )–*adj.* like air, ventilated, light of heart, unsubstantial. हवा के समान, हवादार, मसखरा ( प्रसन्नचित्त ), निरर्थक ; **To build castles in the air** ( to make visionary projects. ) हवा में पुल बाँधना, मन के लड्डू खाना ; **To take the air** ( to walk in the open air. ) वायु सेवन करना, साफ़ हवा में घूमना।

**Aisle**–आइल्– *n.* a lateral division of a church. गिरजाघर का एक ओर का रास्ता।

**Ajar**–ॲजार्'–*adv.* slightly open ( as a door. ) दर्वाज़े का आधा खुला होना।

**Akimbo**–ॲकिम्'-बो– *adv.* with elbows pointing outwards and the hand resting on the hip. केहुनियों को आगे बढ़ाये हुए और हाथ कमर पर रक्खे हुए।

**Akin** – ॲकिन्'– *adj.* related by blood, of a similar character. सगोत्र ( सजातीय, सगा ), समान प्रकृति का।

**Alabaster** – ॲल्'-ॲ-बॅस्'-टर्– *n.* a soft marble-like mineral, gypsum. सेतखली, एक प्रकार का मुलायम सफेद धातु।

**Alack** – ॲलॅक्'–**Alack-a-day** ( -ऍ-डे ) *interjs.*exclamation expressing sorrow. दुःख सूचक अव्यय, हाय ! ओह !

**Alacrious**–ॲलॅक्'-रे-अस्–*adj.* cheerful, happy. प्रसन्न, खुश।

**Alacrity**–ॲलॅक्'-रि-टी– *n.* cheerfulness, readiness, ardent promptitude. प्रसन्नता, खुशी, उत्साह, शीघ्रता, तीव्रता।

**Alalia** – ॲ-ले'-लि- ॲ– *n.* loss of the power of speaking. बोली बन्द हो जाना।

**Alamode**–ॲ-लॅ - मोड्'– *adj.* & *adv.* in the fashion, fashionable. आडंबरी, ठाट-बाट वाला, आडम्बर से, ठाट से।

**Alamort**–ॲल्'–ॲ-मोर्ट्–*adj.* semi-dead, dejected. अधमरा, उत्साह हीन।

**Alar** ( -y ) – ए'-लॅर् ( एल्'-ॲ-री )–*adjs.* pertaining to the wings. डैना संबंधी।

**Alarm**–ॲ-लार्म्'- *n.* a summons to arms, a warning sound of danger, a sudden surprise, a machine to arouse from sleep. युद्ध करने की पुकार, भय सूचित करने की पुकार, भय सूचित करने का घंटा, शंका, भयध्वनि, ( शोरगुल ), जगाने का यन्त्र-;-*v. t.* to give alarm. चौंका देना ; **Alarmed** (-ड्)–*adj.* frightened. भयभीत; **Alarming** ( -इङ्ग् )–*adj.* exciting fear. भयप्रद ; **Alarmist** ( -इस्ट् )–*n.* one who creates alarm. भय उत्पादन करने वाला।

**Alarum**–*n.* same as **Alarm.**

**Alas**–ॲ-लास्' – *interj.* expressing grief, pity, sorrow or concern.दुःख,दया आदि सूचक अव्यय हाय ! अरे ! आह ! ओफ़ ! ओफ़ !

**Albata**–ॲल्-बे'-टॅ– *n.* a white composition prepared from nickel, tin, zinc and copper resembling silver. गिलट,, राँगा, जस्ता और ताँबा मिलाकर बना हुआ चाँदी के रंग का मिश्र धातु।

**Albatross**–ॲल्'-बॅ-ट्रॉस्– *n.* a large sea-bird. एक बड़ी समुद्री चिड़िया।

**Albeit**–ॲल्-बी'-इट्–*conj.* although, notwithstanding. परन्तु, यद्यपि।

**Albert**–ॲल्'-बर्ट्– *n.* a kind of watch-chain. एक प्रकार की जेबी घड़ी की चेन।

**Albescent**–ॲल्-बॅस्'-ऍन्ट्–*adj.* becoming white. कुछ सफ़ेद, फीका।

**Albino**–ॲल्-बी'-नो–( *pl.* **Albinos** )–*n.* a person abnormally pale with light pink eyes. सूरजमुखी मनुष्य।

**Albion**–ॲल्'-बि-ऑन् – *n.* ancient name for England. इङ्गलैन्ड का प्राचीन नाम।

**Album** – ॲल्'-बम् – *n.* a blank bound book to store up photographs,stamps &c. चित्र, टिकट ( कविता इत्यादि ) रखने की जिल्द बँधी हुई पुस्तक।

**Albumen**–ॲल्-ब्यू-मॅन्– *n.* a thick substance, the white of eggs. अंडे की सफ़ेदी के समान पदार्थ ; **Albumenize** (-आइज़्')–*v. t.* to impregnate ( photographic plate) with albumen. ( फ़ोटो के प्लेट पर ) अण्डे की सफ़ेदी चढ़ाना।

**Albuminoid**-ऑल्-ब्यू'-मिन्-ऑ-ऍइड् -*n.* a substance resembling albumen. अंडे को सफ़ेदी के समान पदार्थ; **Albuminous** (-मिन्'-अस्)-*adj.* insipid. स्वादरहित, फीका

**Alchemic**-ऑल्'-कैंम्-इक्-*adj.* relating to alchemy. रसायनी; **Alchemist** (-इस्ट्) *n.* रसायन बनाने वाला ; **Alchemize** (-आइज़्) *v. t.* to transmute ( base metals ) as by alchemy. रसायन प्रयोग करना ।

**Alchemy**-ऑल्'-कैंम्-ई- *n.* the art which transmutes base metals into gold. रसायनविद्या, कीमियागिरी ।

**Alcohol**-ऑल्'-को-हॉल्-*n.* pure spirit of wine. मद्यसार ; **Alcoholic** ( -हॉल्'-इक् ) *adj.* मद्यसार सम्बन्धी ; **Alcoholometer** (-ऑम्' - ऍ - टर् )-*n.* an instrument for ascertaining the amount of pure alcohol in a liquid.मद्यसार की शक्ति नापने का यन्त्र ; **Alcoholise** (-ze) (-आइज़्) *v.t.* मद्यसार में परिणत करना; **Alcoholism** (-इज़्म्) a disease produced by excessive drinking. अधिक मदिरा पीने से उत्पन्न रोग।

**Alcove**-ऑल्'-कोव् - *n.* a vaulted recess in a room, an arbour. पिरौंची, मेहराबदार ताखा, पर्णशाला, लता मण्डप ।

**Alderman**-ऑल्'-डर्-मैन्-*n.* a magistrate in English and Irish cities. इङ्गलैण्ड अथवा आयर्लैण्ड देश का शासक (मॅजिस्टेट्) ।

**Ale**-एल्- *n.* liquor made from malt. जव की बनी शराब ; **Ale-house** ( where ale is retailed. ) कलवरिया, शराबख़ाना ; **Ale-wife** ( a woman who keeps an ale-house. ) स्त्री जो शराब बेंचती हो ।

**Aleatory**-ऑल्'-इ-ऑ-टॉ-री-*adj.* depending on ( a throw of ) dice or on chance. पासे के फेंकने पर निर्भर, भाग्य के आधीन, भाग्य के भरोसे रहने वाला ।

**Alee**-ऑ-ली'-*adv.* on the lee-side or the direction in which the wind blows. उस दिशा में जिस ओर हवा बहती हो ।

**Aleft**-ऑल्'-लैफ़्ट्'-*adv.* towards the left side or hand. बाईं ओर, बाईं तरफ़ ।

**Alegar**-ऑल्'-इ-गर्-*n.* a sour liquor or ale. खट्टा पदार्थ या खट्टी शराब ।

**Alembic**-ऑ-लैम्'-बिक्- *n.* an apparatus formerly used in distillation, usually made of glass or metal. अर्क उतारने का काँच या धातु का भभका, डेग ।

**Alert** - ऑ-लर्ट्' - *adj.* vigilant, lively, nimble. सावधान, प्रसन्नवदन, चंचल; **Alertly** ( -ली )-*adv.* nimbly, briskly. सावधानी से, चंचलता से ; **Alertness** (-नेस् )-*n.* watchfulness. चौकसी (दक्षता)

**Alexandrine**-ऑल्-ऍक्स्-ऑन्' - ड्रिन् - *n.* a rhyming verse of twelve syllables. बारह अक्षरों की अनुप्रास युक्त कविता ।

**Alexin**-ऑ-लैक्स्'-इन् - *n.* a substance in body which kills germs. शरीर का एक तत्व जो रोगाणु को नष्ट करता है ।

**Algebra** - ऑल्'-जें-ब्रॉ - *n.* the branch of mathematics in which signs are employed for arithmetical numbers. बीजगणित ; **Algebraic** ( -al ) (-ब्र'-इक्) ( -ऑल् )-*adj.* pertaining to algebra. बीजगणित सम्बन्धी ; **Algebraist** ( -इस्ट ) *n.* one who is versed in algebra. बीजगणित में निपुण मनुष्य ।

**Algid**-ऑल्'-जिड्- *adj.* of cold stage of ague. जड़ैया की अवस्था का; **Algidity** ( -इट्-ई )-*n.* chilliness. ठंड, जड़ैया ।

**Alias**-ए'-लि-ऑस् -*n.* an assumed name. उपनाम, कल्पित नाम ( उर्फ़ ) ।

**Alibi**-ऑल्'-इ - बी - *n.* a plea that the accused was in another place at the time of occurrence of the crime. अपराधी की ( घटना होने के समय ) दूसरे स्थान मे उपस्थित रहने का बहाना ।

**Alien**-एल्'-यन्-*adj.* & *n.* not one's own, of a different nature, a foreigner. विरुद्ध, विभिन्न, भिन्न स्वभाव का, परदेशी ; **Alienable** ( -ऑ-बल् )-*adj.* that may be transferred. बदलने योग्य ।

**Alienate**-एल्'-यन्-एट् - *v.t.* to transfer ownership of, to divert, to estrange. स्वत्व अलग करना, चित्त हटाना, पराधीन करना; **Alienation** ( -ए' - शन् ) *n.* estrangement, transfer of ownership. विराग ( मन फेरना ), अधिकार अलगाना ; **Alienee** (-ई)-*n.* one to whom transfer of property is made. जिसको सम्पत्ति दी गई हो; **Alienism** ( -इज़्म् ) -*n.* the state of being a foreigner. परदेशी होना ।

**Alienist**-ऑल्'-यन्-इस्ट् - *n.* a specialist in mental diseases. उन्माद रोग ( पागलपन ) का विशेष चिकित्सक ।

**Aliferous**-ऑ-लिफ़्' - ऍर्-अस्-*adj.* having wings. परवाला, परदार ।

**Aliform**-ऑल्'-इ-फ़ॉर्म्' - *adj.* having the

shape of a wing. पर के आकार का।

**Alight**-ऑ-लाइट् – *v. t.* to dismount, to descend, to settle, to land, to come to earth. घोड़े पर से उतरना, नीचे आना, टिकना, स्थिर होना, भूमि पर आना।

**Alight**-ऑ-लाइट् – *adj. or adv.* kindled on fire, lighted up. आग पर जलाया हुआ, प्रकाशित, जलता हुआ।

**Align**-ऑ-लाइन् – *v. t.* ( also **Aline** ) to lay in a line, to bring troops in a line. पंक्ति में रखना, सिपाहियों को पाँति में खड़ा करना; **Alignment** ( -मेन्ट् ) *n.* a row, adjusting to a line, a ground-plan of a road or railway. पंक्ति, एक पाँति में करने की विधि, सड़क या रेल की लाइन का ( मानचित्र ) नकशा।

**Alike** – ऑ - लाइक् – *adj.* & *adv.* like, similar, in like manner. equally. सदृश, तुल्य ( समान ), उसी प्रकार से।

**Aliment**-ऑल्-इ-मेन्ट् – *n.* that which nourishes, food, support. आहार, पुष्टिकर पदार्थ, आश्रय (सहारा); **Alimental** ( - ऑल् ); **Alimentary** ( -ऑ-रि ) *adjs.* nourishing, nutritive. पुष्टिप्रद, शक्तिवर्धक ( बल देने वाला ); **Alimentary canal** ( the passage through the body from mouth downwards through which food passes. ) शरीर में मुख से गुदा पर्यन्त भोजन ले जाने वाली पचाने की नली; **Alimentation** (-ए-शॉन्) *n.* maintenance, the act of nourishing. पालन पोषण, भरण।

**Alimony** – ऑल्-इ-मॉन्-ई– *n.* an allowance given to a woman when separated from her husband. पति के त्यागने पर स्त्री को रोटी कपड़ा देना।

**Aliquant** *adj.* see **Aliquot.**

**Aliquot** – ऑल् - इ-क्वॉट्– *n.* & *adj.* an internal factor of a number which divides another without a remainder. पूरा भाग देनेवाली संख्या, किसी पूर्ण विभाजक संख्या का; **Aliquant** ( -क्वॉन्ट् ) –*adj.* pertaining to a number which is not contained an exact number of times in another number. पूर्ण विभाग न करने वाली संख्या संबंधी।

**Alive**-ऑ-लाइव् – *adj.* & *adv.* in life, living, active, astir, susceptible of. सजीव, जीता जागता, चैतन्य, सचेत, परिपूर्ण; **To look alive** ( to be brisk. ) फुरतीला होना, चैतन्य होना।

**Alkali** – ऑल्-कॉ-ली – *n.* a substance which neutralizes acids, *e. g.* caustic soda, caustic potash &c. खट्टापन हटाने का पदार्थ, यथा सज्जीखार, सोडा, पोटास इ०; **Alkaline** ( -आइन् ) –*adj.* having the properties of an alkali. क्षार के गुण वाला; **Alkalize** (–लाइज़् ) –*v. t.* to make alkali. क्षार बनाना, क्षार युक्त करना।

**Alkaloid**–ऑल्-कॉ-लॉय्ड् – *n.* the active principle of medicinal plants. वनस्पतियों ( जड़ी बूटियों ) का मूल तत्व।

**Alkanet**–ऑल्-कॉ-नेट्– *n.* a plant whose roots yield a red dye. रतनजोत।

**Alkoran** ( **Alcoran** ) – ऑल्-को-रॉन्– *n.* the holy book of Mohammedans. मुसलमानों की धर्मपुस्तक, क़ुरान।

**All**–ऑल् – *adj.* entire, every one of, the whole number. सकल ( सम्पूर्ण, सब ), पूरा, कुल; –*adv.* altogether, wholly, entirely. बिलकुल, पूरी तरह से, निपट, भी ( ही ) ;–*n.* the total, everything, the universe. सब कुछ, पूरा, ब्रह्माण्ड; **All along** (throughout.) लगातार, निरन्तर; **All but** ( almost. ) प्राय:; **All in all** ( of exclusive importance. ) सर्वस्व; **All knowing** ( knowing every thing ) सर्वज्ञ; **All of a sudden** ( suddenly. ) अकस्मात्; **All one** ( just the same. ) ठीक वही; **For good and all** (finally.) अन्ततोगत्वा; **Once for all** ( for ever. ) सर्वदा के लिये; **All over** ( completely. ) पूरी तरह से; **All powerful** ( omnipotent.) सर्वशक्तिमान्; **At all** ( in any way. ) किसी तरह से; **All right** ( satisfactorily. ) बहुत ठीक, सन्तोष पूर्वक।

**Allah**–ऑल्-ला – *n.* the supreme God of Mohammedans. अल्लाह।

**Allay**–ऑल्-ले – *v. t.* to put down, to calm, to lighten, to repress. दबाना, शान्त करना, हलका करना, दमन करना।

**Allegation**–ऑल्-लें-गे-शॉन्–*n.* unproved assertion, declamation, excuse. मिथ्या अभियोग, झूठी प्रतिज्ञा, बहाना।

**Allege**–ऑल्-लेज् – *v. t.* to assert, to affirm, to produce as argument. प्रतिज्ञा करना, दृढ़ता पूर्वक कहना, तर्क

करना; Allegeable (-ऍजे़बुल)-*adj*. affirmable. तर्क करने योग्य; Alleged (-ड्)-*adj*. quoted. निर्दिष्ट, कहा हुआ।

**Allegiance**-ऑल्-ली'-जें-ऑन्स्- *n*. duty owed by a subject to his sovereign, fealty. राजभक्ति, भक्ति।

**Allegiant**-ऑ-ली'-जि-ऑन्ट्-*adj*.&*n*. loyal, a person owing allegiance. राजभक्त।

**Allegoric(-al)**-ऑल्-लें'-गॉर्-इक् (-ऑल) *adjs*. figurative. लाक्षणिक, रूपकमय; Allegorically (-ऑल-ली)-*adv*. figuratively. लाक्षणिक रूप से; Allegorist (-रिस्ट्)-*n*. one who uses allegory. रूपक का व्यवहार करने वाला मनुष्य; Allegorize (-राइज़्) -*v. t*. to use allegory. रूपक अलंकार का व्यवहार करना।

**Allegory**-ऑल्'-लें-गॉ-री- *n*. (*pl*. Allegories) description of something in the guise of another, figurative description,emblem.रूपक, दृष्टान्त, कथा।

**Allegro** - ऑल्-लें'-ग्रो -*adj*. & *adv*. gay. briskly, gaily.प्रसन्न,आनन्द से,प्रसन्नता से।

**Alleviate**-ऑल्-ली'-वें-एट्-*v. t*. to relieve, to mitigate, to comfort. छुटकारा देना, कम करना, सान्त्वन करना; Alleviation (-एँ'-शॉन्)-*n*. making tolerable, mitigation. शान्ति हीनता, घटाव; Alleviator (-ऍ'-टॉर्)-*n*. one who mitigates. न्यून या कम करने वाला मनुष्य।

**Alley**-ऑल्'-ली-*n*. (*pl*. Alleys) a walk or passage in a garden, a narrow street. उद्यानपथ, सकरी गली।

**All-fool's-day**-ऑल्'-फ़ूल्ज़्-डे-*n*. the first of April. एप्रिल मास का पहिला दिन।

**All-fours**-ऑल्'-फ़ोर्स्-*n*. a game at cards. ताश का एक खेल; On all fours (on legs and arms being on equality with.) हाथों और घुटनों के बल,किसीके समान या बराबर होकर।

**Alliance**-ऑल्' -लाइ-ऑन्स्-*n*. relationship, union by marriage or treaty, confederation. सम्बन्ध (नाता, मेल), विवाह सम्बन्ध, सन्धि।

**Allies**-ऑ-लाइज़्-*n*. *pl*. see Ally.

**Alligate**-ऑल्'-लें-गेट्- *v. t*. to tie together or bind. बाँधना या जोड़ना।

**Alligation**-ऑल्-लें-गे'-शॉन्- *n*. the act of tying together, the state of being tied. बन्धन की क्रिया, बाँधे जाने की अवस्था

**Alligator**-ऑल्'-लें-गे'-टॉर्-*n*. a reptile of crocodile family. नक्र, घड़ियाल।

**Alliterate**-ऑल्-लिट्'-अर्-एट्'-*v. i*. to use words beginning with the same letter. एक ही अक्षर से आरम्भ होने वाले शब्दों का प्रयोग करना; Alliteration (-एँ'-शॉन्)- *n*. commencement of words beginning with the same letter. अनुप्रास; (*e.g. apt alliteration' artful aid*.); Alliterative (-एट्'-इव्) *adj*. अनुप्रास से युक्त।

**Allocate**-ऑल्'-लो-केट्- *v. t*. to allot, to assign shares. भाग लगाना, (बाँटना), हिस्सा अलगाना; Allocation (-के'-शॉन्) *n*. allowance made on an account, allotment. बाँट, बटवारा।

**Allocution** - ऑल्-लो-क्यू' - शॉन् - *n*. an address, a formal address. व्याख्यान।

**Allograph**-ऑल्'-लो-ग्रॉफ़् - *n*. a writing made by one person for another. दूसरे के लिये लिखा हुआ लेख।

**Allonge**-ऑल्-लन्ज्'-*n*. an attachment to a bill of exchange &c. हुंडी आदि पर लगा हुआ अतिरिक्त कागज।

**Allopathic**-*adj*. see Allopathy.

**Allopathy**-ऑल्-लॉप्'-ऑ-थि- *n*. the curing of a disease by inducing a different action in the system. सामान्य डाक्टरी; Allopathic (-लो-पैथ्'-इक्)-*adj*. डाक्टरी सम्बन्धी; Allopathist (-इस्ट्)-*n*. सामान्य डाक्टर।

**Allot**-ऑल्-लॉट्'- *v. t*. to distribute by lot or proportion, to assign to. विभक्त करना, (बाँटना), भाग देना; Allottable (-ऑ-बुल्)-*adj*. बाँटने या विभाग करने योग्य।

**Allotheism**-ऑल्'-लो-थी'-इज़्म्-*n*. worship of strange or foreign gods. विचित्र या विदेशी देवताओं का पूजन।

**Allotment**-ऑल्-लॉट्'-मेंन्ट्-*n*. a share or part distributed, portion appropriated. अंश (विभाग), बखरा, बाँट।

**Allotropic**-*adj*. see Allotropy.

**Allotropy**-ऑ-लॉट्'-रॉ-पी-*n*. the property of existing in more than one form.(in *chem*.) किसी पदार्थ का (रसायन शास्त्र में) एक से अधिक अवस्था में रहना; Allotropic (-पिक्)-*adj*. ऐसी स्थिति का।

**Allottee**-ऑल्-लॉट्-टी'-*n*. the person to whom a share is assigned. जिसको या

जिसके प्रति भाग दिया गया हो ।

**Alloverishness**-औल्-ओ'-वर्-इश्-नैस् - *n.* a feeling of general discomfort. संपूर्ण शरीर में अस्वस्थता, शरीर का टला जाना।

**Allow**-औल्-लाउ' - *v. t.* to admit, to grant, to deduct, to approve. स्वीकार करना, आज्ञा देना, कम करना (घटाना), मानना ; **Allowable** ( -औं-बूल् ) -*adj.* lawful. अधिकार योग्य ; **Allowably** (-औंब्'-ली ) -*adv.* अनुमोदन की रीति से ; **Allowed** (-ड्)-*adj.* permitted. स्वीकृत ।

**Allowance**-औल्-लाउ'-औन्स्- *n.* permission, approbation, limited portion, discount, अनुमोदन, स्वीकृति, (वेतन) भत्ता, मुजरा, कमी;-*v. t.* to make allowance, to supply a thing in limited quantity. मोजरा देना, नियमित परिणाम में किसी को कोई वस्तु देना ।

**Alloy**-औल्-लॉय्' - *v. t.* to mix with baser metals. मिश्रित करना, मिलावट करना ; *n.* an inferior metal mixed with gold or silver. सोने चांदी की मिलावट; **Alloyage** ( -एज् ) -*n.* an alloy. मिश्रण ।

**All-souls'-day**-ऑल्'-सोल्स्-डे- *n.* a festival which takes place on the second of November. नवम्बर महीने की दूसरी तारीख़ को होने वाला एक त्योहार ।

**Allspice**-औल्'-स्पाइस्- *n.* a kind of spice. एक प्रकार का मसाला (जिसमें लवङ्ग दालचीनी और जायफल आदि की सुगन्ध आती है ) ।

**Allude**-औल्-ल्यूड्' - *v. t.* to refer indirectly, to mean, to hint at. उद्देश्य करना, अर्थ होना, संकेत करना ।

**Alluminate**- औल्-ल्यू'-मिन्-एट्' - *v. t.* to adorn with ornaments, to illuminate. आभूषणों से ( सुसज्जित करना ), सजाना ।

**Allure**-औल्-ल्यूर्' - *v. t.* to tempt by offers, to entice. प्रलोभित करना, ललचाना ( फुसलाना); **Allurement** (-मैन्ट्) *n.* that which allures. प्रलोभन (लालच); **Alluring** (-इङ्ग् )-*adj.* charming, enticing, seductive. चित्त को आकर्षित करने वाला, ललचाने वाला ; **Alluringly** ( -इङ्-ली )-*adv.* enticingly. ललचाते हुए ।

**Allusion**-औल्-ल्यू'-ज़ोन् - *n.* implied or indirect reference. उद्देश्य, सूचना या संकेत; **Allusive** ( -सिव् ) -*adj.* hinting at, indirectly referring. सूचित करने वाला, संकेत करने वाला ; **Allusiveness** ( -नैस् ) -*n.* संकेत ; **Allusively** (-सिव्-ली) *adv.* in allusion to. संकेत से; **Allusory** (-सॉ-री) -*adj.* allusive. संकेत सूचक ; **In allusion to** ( having reference to. ) संकेत से, उद्देश्य करके ।

**Alluvial**-औल्-ल्यू'-वि-औल्- *adj.* formed by deposit in water ( by flood ). नदी के बहाव या बाढ़ से बनी हुई ।

**Alluvion**-औल्-ल्यू'-वि- ऑन्- *n.* a wash of sea &c., matter deposited by flood. नदी अथवा समुद्र से लाई हुई मिट्टी ( कछार ), बाढ से जमी हुई मिट्टी ।

**Alluvium**-औल्-ल्यू'-वि-यम्-*n.*(*pl.*Alluvia) deposit of earth left by flood. बाढ से आया हुआ बालू , मिट्टी इत्यादि ।

**All-wise** - ऑल्-वाइज़' -*adj.* of infinite wisdom. अनन्त बुद्धि वाला ।

**Ally**-औल्-लाई' - *v. t.* to combine, to unite in marriage or friendship. जोड़ना ( मिलाना ), विवाह से संयुक्त करना, मैत्री करना; -*n.* ( *pl.* Allies) a confederate, a state united by treaty. मित्र राज्य का परस्पर सम्बन्ध ।

**Alma mater**-औल्'-मीं-मे'-टर्- *n.* an epithet used by students for the university where they are trained. ( मेरी माता ) विश्वविद्यालय के लिये विद्यार्थियों से प्रयोग किया हुआ शब्द ।

**Almanac**-औल्'-मीं-नैक्- *n.* an annual calendar of months, weeks and days &c. पञ्चाङ्ग, पत्रा, जन्त्री ।

**Almanographer**- औल्-मीन्-ऑग्'-रीं-फ़र्- *n.* a person who makes an almanac. पञ्चाङ्ग बनानेवाला ज्योतिषी ।

**Almightily**-*adv.* see Almighty.

**Almighty**-ऑल्-माइट्'-ई- *adj.* all-powerful, omnipotent. सर्वशक्तिमान, परमेश्वर; **Almightily** ( -ली )-*adv.* omnipotently. अनुपम तेजस्विता से ; **Almightiness** (-नैस् )-*n.* omnipotence. असीम शक्ति; **The Almighty** ( God. ) सर्वशक्तिमान परमेश्वर ( ईश्वर ) ।

**Almond**-आ'-मन्ड्- *n.* the fruit of almond-tree. बादाम फल, बादाम ।

**Almoner**-औल्'-मॉन्-अर्- *n.* an official distributor of alms. भिक्षा बाँटने का अध्यक्ष; **Almonry** ( ऑम्'-री )-*n.* a place where alms are distributed to the poor. गरीबों को भिक्षा बाँटने का स्थान ।

**Almost**-ऑल्ट्' - मोस्ट् - *adv.* & *adj.* nearly, all but. प्रायः, लगभग ।

**Alms**-आम्ज़्-*n.* a charitable relief given to the poor, donation. भिक्षा, भिक्षादान; **Alms deed** ( gift of charity. ) भिक्षा के निमित्त अर्पण ; **Alms giving** (-गिव्-इङ्ग् )-*n.* भिक्षादान ; **Alms house** ( a house in which poor men are lodged and fed. ) अनाथालय, धर्मशाला; **Almsman** (a person who is supported by alms. ) भिक्षा वृत्ति से जीविका निर्वाह करने वाला मनुष्य ।

**Aloe**-ऐल्-'ओ- *n.* a kind of medicinal plant with bitter juice. बोल, मुसब्बर ।

**Aloes**-ऐल्'-ओज़्- *n.* a purgative drug. एक दस्तावर ( रेचक ) औषधि; **Aloetic** ( -ऍट्'-इक् )-*adj.* & *n.* medicine containing aloes. औषधि जिसमें यह पदार्थ ( बोल या मुसब्बर ) अधिक मात्रा में हो ।

**Aloft**-अॅ-लॉफ़्ट्'-*adv.* upward, above, on high, at the head of a mast. ऊपर,ऊपर को ओर, मस्तूल के शिखर पर ।

**Alone**-अॅ-लोन्'- *adj.* single, solitary. एक, अकेला ;-*adv.* singly, by itself. अकेले, (मात्र) केवल ; **To let alone, To leave alone** ( to leave undisturbed. ) छोड़ना, जाने देना ।

**Along**-अॅ-लॉङ्ग्'-*adv.*& *prep.*lengthwise, from one end to the other, throughout, by the side of. एक ओर से दूसरी ओर तक, ( लम्बे बल ), बराबर, साथ साथ ; **Alongside** ( side by side. ) पास पास, सटे सटे ; **Along with** ( in company with. ) साहचर्य में, साथ साथ ।

**Aloof**-अॅ-लूफ़्'-*adv.* away, at a distance. दूर, पृथक्; **Aloofness** ( -नेस् ) -*n.* withdrawl from sympathy. सहानुभूति का अभाव, पृथकत्व ।

**Alopecia**-ऐल्'-ओ-पीस्-ई-*n.* the falling off of hair. बालों का गंजापन ।

**Aloud**-अॅ-लाउड्' - *adv.* with a great noise, loudly, ऊंचे स्वर से, चिल्लाकर ।

**Alow**-अॅ-लो'-*adv.* in a lower point or place. नीचे स्थान में ।

**Alp**-ऐल्प्-*n.* a high mountain, a mountain peak.ऊंचा पहाड़,पर्वत की चोटी ।

**Alpine**-ऐल्'-पाइन्- *adj.* pertaining to a high mountain, very high. ऊँचे पर्वत का, बहुत ऊँचा ।

**Alpaca**-ऐल्-पैक्'-ॲ - *n.* a mammal of camel tribe, a fabric made from the wool of this animal. एक प्रकार का चौपाया, इसके रोवें से बना हुआ वस्त्र ।



Alpaca

**Alpha**-ऐल्'-फ़ॅ-*n.* the first letter of the Greek alphabet [A,a], the first. ग्रीक वर्णमाला का पहिला अक्षर, आदि, आरम्भ **Alpha and omega** ( the beginning and the end. ) आदि और अन्त ।

**Alphabet**-ऐल्'-फ़ॅ-बेट्-*n.* the letters of a language, first rudiments. वर्णमाला, प्रथम सिद्धान्त ; **Alphabetarian** (-ऍअर्'-इ-ॲन्)-*n.* a beginner. नवसिखुआ, वर्णमाला पढ़नेवाला ; **Alphabetic** ( -बेट्'-इक् )-**al** (-ॲल् )-*adjs.* in order of an alphabet. वर्णमाला सम्बन्धी ; **Alphabetically** ( - ॲल् - ली ) -*adv.* in alphabetical order. वर्णमाला के क्रम से ।

**Alphonsin**-ऐल्-फ़ान्'-सिन् - *n.* an instrument for extracting bullets. शरीर में से बंदूक की गोली निकालने का यन्त्र ।

**Alpine**-ऐल्'-पाइन्-*adj.* see Alp.

**Alpinist**-ऐल्'-पिन्-इस्ट्-*n.* a climber on high mountains. ऊंचे पहाड़ पर चढ़नेवाला

**Already**-ऑल्'-रेड्-ई - *adv.* previously, by this time. पहिले से, अभी ।

**Also**-ऑल्'-सो-*adv.* & *conj.* in addition to, besides, likewise. और, सिवाय, इस प्रकार या तरह से ।

**Alt**-ऐल्ट्- *n.* a high tone in music. गायन में ऊँचा स्वर ( पञ्चम स्वर ) ।

**Altar**-ऑल्'-टर्-*n.* an elevated place for sacrifice of offerings. वेदी ( स्थंडिल ); **Altarage** (-एज् )-*n.* the offerings upon the altar. आहुति ; **Altar-cloth** ( covering of the altar. ) वेदी का आच्छादन; **Altarwise** ( placed like an altar. ) वेदी के समान रक्खा हुआ ।

**Alter**-ऑल्'-टर्- *v. t.* & *i.* to change, to vary. बदलना ( अदल बदल करना ); **Alterable** (-ॲ-बल्)-*adj.* that may be altered. परिवर्तन के योग्य ; **Alterableness** ( -ॲ-बल-नेस् )-*n.* change. अदल बदल ; **Alterably** ( -ॲब्-ली ) -*adv.* in a way that may be altered. बदलने की

रीति से; Alterant ( -ऑन्ट् )-*adj.* changing. बदलने योग्य; Alteration ( -ए' शॉन् ) -*n.* change. परिवर्तन; Alterative ( -ऍ-टिव् ) -*adj.* having the power to alter. बदलने की शक्ति वाला।

**Altercate**-ऑल्'-टर्'-केट्- *v. t.* to dispute hotly, to wrangle. विवाद करना, कलह करना; Altercation ( -के'-शॉन् ) -*n.* a heated argument. वाग्युद्ध ( वादाविवाद); Altercative ( -के'-टिव् ) -*adj.* quarrelling. झगड़ालू।

**Altered**-ऑल्-टर्ड्- *adj.* modified. परिवर्तित, बदला हुआ।

**Alter-ego**-ऑल्'-टर्-ऍग्'- ओ - *n.* one's second self, an intimate or bosom friend. द्वितीय आत्मा, घनिष्ठ मित्र।

**Alternate**-ऑल्-टर्-नेट्'- *v. t.* to perform by turns, to interchange. पारी पारी से करना, आपस में बदलना; -*adj.* one after the other in succession. क्रम से एक के बाद दूसरा; Alternately ( -ली ) -*adv.* reciprocally. पारी पारी से; Alternation ( -ने'-शान् ) -*n.* interchange. परिवर्तन; Alternative ( -टर्'-नी-टिव् )- *n.* & *adj.* a choice of two, offering a choice. विकल्प ( पक्षांतर, दो में एक ); Alternatively ( -नी-टिव्-ली )-*adv.* यथाक्रम; Alternativeness ( -नेस् )-*n.* यथाक्रमता; Alternator ( -ने'-टॉर् )-*n.* a dynamo which produces alternating electric currents. बिजली उत्पन्न करने का एक प्रकार का यंत्र।

**Although**-ऑल्-दो'-*conj.* though, supposing that, notwithstanding. यदि, यद्यपि ( यदि ऐसा हो )।

**Altimeter**-ऑल्-टिम्'-ऍ - टर्- *n.* an instrument for measuring heights. ऊँचाई नापने का एक प्रकार का यंत्र।

**Altitude**-ऑल्'-टि-ट्यूड्- *n.* height, elevation, eminence. ऊँचाई, लंबत्व, महत्व; ( *pl.* ) excitement. उत्तेजना; Altitudinal (-ट्यूड्'-इन्-ऑल् )-*adj.* relating to altitude. ऊँचाई सम्बन्धी।

**Altivalent**-ऑल्-टिव्'-ऑ-लेन्ट् - *adj.* flying high. ऊँचा उड़ने वाला।

**Alto**-ऑल्' - टो-*n.* highest male voice. मनुष्य का गायन में सबसे ऊँचा आलाप।

**Altogether** - ऑल्-टू-गेदे'-अर् - *adv.* entirely, quite. सर्वथा, सम्पूर्ण रूप से।

**Altruism**-ऑल्'-ट्रू-इज़्म्-*n.* the principle of having regard for others. दूसरों का उपकार करना ही सिद्धान्त होना; Altruistic (-इस्ट्'-इक् ) -*adj.* regardful. परोपकारी; Altruistically (-इस्-टिक्-ऑल्-ली)-*adv.* in an altruistic manner. परोपकार के सिद्धान्त से; Altruist (-इस्ट् )-*n.* इस सिद्धान्त का।

**Alum**-ऑल्'-अम्-*n.* a kind of mineral salt. ( स्फटी ), फिटकिरी; Aluminiferous ( ऑ-ल्यू - मिन्-इफ़्'-ऍर् अस् ) -*adj.* containing alum. फिटकिरी युक्त।

**Aluminium**- ऑल्'-यू-मिन्'-इ-अम् - *n.* a very light silvery metal. एक बहुत हलका सफेद रंग का धातु।

**Alumna**-ऑ-लम्'-नी-*n.* a woman graduate. उपाधि प्राप्त विदुषी।

**Alumnus**-ऑ-लम्'-नस्-*n.* ( *pl.* Alumni) a pupil of a school or university. किसी पाठशाला या विश्वविद्यालय का विद्यार्थी।

**Alveary**-ऑल्'-वें-ऑ-री- *n.* the hive of bees. मधुमक्खी का छत्ता।

**Alveate** - ऑल्' - वें-एट्- *v. t.* to make hollow or dome-like. पोला बनाना।

**Alveolate** - ऑल्'-वें-ओ-लेट् - *adj.* like honeycomb. मधुमक्खी के छत्ते के सदृश।

**Alveolus**-ऑल्-वी'-ओ-लस् - *n.* a small hollow socket in which a tooth is fixed. दाँत का खोड़रा।

**Alvine**-ऑल्'-विन्-*adj.* pertaining to the intestines. अन्त्र संबंधी, आँतों का।

**Always** - ऑल्'-वेज़ - *adv.* on all occasions, continually. सदा, सर्वदा।

**Am**-ऍम्-the first person singular of the verb to be. हूँ।

**Amain**-ऑ-मेन्'-*adv.* with force, violently, suddenly, at once. वेग या शक्ति सहित, निधड़क, एकाएक, तुरत।

**Amalgam**-ऑ-मॅल्'-गॅम्- *n.* mixture of a metal with mercury. पारे से मिलाया हुआ धातु (विशेषकर सुवर्ण) ; Amalgamate ( -एट्' )-*v. t.* to mix mercury with another metal, to unite. किसी धातु को पारे से मिश्रित करना, एकत्र करना; Amalgamation ( -ए'-शॉन् )-*n.* union. ऐसा मिश्रण, मिलाप; Amalgamator ( -ऑर् )-*n.* मिश्रण करने वाला।

**Amaranth** ( -us )-ऍम्' - ऑ-रॅन्थ् (-अस् ) -*n.* a plant which bears richly coloured

flowers. अम्लान पुष्प, मदासदा ; Amaranthine (-रीन्थ्'-इन्) -*adj.* not fading. न मुरझाने वाला ।

**Amass**–ॲमॅस्' – *v. t.* to accumulate, to heap together. संग्रह करना, ढेर करना ; **Amassable** ( -ॲ-ब्ल )-*adj.* संग्रह योग्य ; **Amassed** ( -ड् )-*adj.* accumulated. एकत्रित ; **Amassment** ( -मेंन्ट् )-*n.* accumulation. संग्रह ।

**Amateur** – ॲम्'-ॲ-ट्यूर् – *n.* one who cultivates an art, game &c. for pleasure's sake, one who is fond of a subject. किसी शिल्प या विद्या का अवैतनिक अनुयायी ; **Amateurish** (-इश् ) *adj.* unskilful. किसी विषय में अनिपुण ।

**Amative** – ॲम्' - ॲ'-टिव्- *adj.* full of love, amorous. प्रेमशील, शृङ्गार प्रिय ; **Amativeness** (-नैस् ) *n.* amorousness. शृङ्गारप्रियता, प्रेमशीलता ।

**Amatol**–ॲम्'-ॲ-टोल्–*n.* a kind of high explosive. एक प्रकार की तेज़ बारूद ।

**Amatorial** – ॲम्-ॲ-टार्'-इ-ॲल् – *adj.* pertaining to a lover. प्रेमी सम्बंधी ।

**Amatory**–ॲम्'-ॲ-टार्-ई-*adj.* expressive of love. प्रेम उत्पन्न करने वाला, प्रेम का भाव दिखलाने वाला ।

**Amaurosis**–ॲम्-ॲ-रो'-सिस् – *n.* partial or total loss of sight. थोड़ी या बिलकुल आँख की रोशनी का हट जाना ।

**Amaze**–ॲ-मेज़्'–*v. t.* to confound with wonder. विस्मित करना, चकित करना ; **Amazedly** ( -ऍड्'-ली ) -*adv.* आश्चर्य सहित ; **Amazedness** ( -ऍड्-नैस् )–*n.* विस्मय ; **Amazement** ( -मेंन्ट् )–*n.* astonishment, perplexity. आश्चर्य, घबराहट ; **Amazing** ( -इङ्ग् )-*adj.* exciting astonishment or surprise. अद्भुत, विस्मयकारी ; **Amazingly** ( -इङ्ग्-ली ) *adv.* with wonder. विस्मय से ।

**Amazon** – ॲम्'-ॲ-ज़ॉन् – *n.* a female warrior, a masculine woman. स्त्री योधा, वीराङ्गना ; **Amazonian** (-ज़ो'-नि-ॲन् )–*adj.* वीराङ्गना के सदृश ।

**Ambages**–ॲम्-बे' - जीज़्– *n. pl.* round about phrases, quibble. वक्रोक्ति ।

**Ambagious**–ॲम्-बेजस्'-अस्–*adj.* circumlocutory. फेरवट का ।

**Ambassador** – ॲम्-बॅस्'-सॅ-डॉर् – *n.* a minister sent by a king or state to another government. प्रणिधि, राजदूत ; **Ambassadorial** (-डॉर्'-इ-ॲल् )-*adj.* of an ambassador. राजदूत सम्बन्धी ।

**Ambassadress**–ॲम्-बॅस्'-ॲ-ड्रैस्- *n.fem.* wife of an ambassador. राजदूतिन ।

**Amber**–ॲम्'-बर्– *n.* a kind of yellow fossil resin. अम्बर, तृणमणि ।

**Ambergris**–ॲम्'- बर्-ग्रिस्–*n.* a fragrant substance found on the surface of the sea. एक सुगन्ध युक्त पदार्थ जो समुद्र तल पर पाया जाता है ।

**Amberite**–ॲम्'-बर्-आइट् – *n.* a smokeless explosive. बिना धुएँ की बारूद ।

**Ambidexter**–ॲम्-बि-डैक्स्'-टर्– *n.* & *adj.* one who uses both hands with equal facility. दोनों हाथों से सहज में कार्य करने वाला; **Ambidexterity** (-टर्'-इट्-ई )-*n.* double dealing. छल व्यवहार ; **Ambidextrous** ( -डैक्स्'-ट्रस् )-*adj.* cunning, double-dealing. छली, कपटी ।

**Ambient** – ॲम्'-बि-ऍन्ट्– *adj.* surrounding, encompassing, circumfused. चारो ओर रहने वाला, व्यापक ।

**Ambiguity**– ॲम्-बि ग्यू'- इ-टी– *n.* uncertainty, doubtfulness. अनिश्चित अवस्था ( वक्रोक्ति ), सन्देह; **Ambiguous** ( -बिग्'-यु-अस् )-*adj.* obscure, indistinct, equivocal. अनिश्चित, संदिग्ध, अस्पष्ट ; **Ambiguously** ( -ली )-*adv.* with doubtful meaning. सन्दिग्ध अर्थ में ।

**Ambit**– ॲम्'-बिट्–*n.* a circuit, bounds, extent. चक्र, मण्डल, विस्तार ।

**Ambition** – ॲम्- बिश्'- ऑन्– *n.* ardent desire, aspiration. उत्कट आकांक्षा या अभिलाषा, लालसा ; **Ambitious** (-शस् ) *adv.* strongly desirous. अति लालसा रखने वाला ; **Ambitiously** (-अस्-ली)-*adv.* in an ambitious manner. लालसा या उमङ्ग से ; **Ambitiousness** ( -अस्-नैस् ) *n.* strong desire. उमंग, तीव्र लालसा ।

**Amble**– ॲम्'- ब्ल्– *v. i.* & *t.* to move without jolts, to ride at an easy pace, to move affectedly. धीरे धीरे चलना, आनन्द से घोड़े पर चढ़ कर चलना, बनावटी चाल से ( अकड़ते हुए ) चलना ; **Ambling** ( -लिङ् )-*adj.* having an easy pace. आनन्द गति का; **Amblingly** ( -ली )-*adv.* आनन्द गति से, अकड़ती चाल से ।

**Ambo**–ॲम्'-बो–*n.* ( *pl.*-bos, bones ) a

pulpit in Christian churches. गिरजाघर का चबूतरा ।

**Ambrosia**-ऍम् - ब्रो'-ज़ि-ऑ- *n.* the food of gods, anything very delightful. अमृत ( सुधा ), अद्वितीय स्वाद का पदार्थ ; **Ambrosial** ( -ऑल् )-*adj.* heavenly, fragrant. ईश्वरी, अति सुगंधित ; **Ambrosially** ( -ऑल्-ली )-*adv.* with an ambrosial odour. अमृत समान, सुगन्धयुक्त ।

**Ambry**-ऍम्'-ब्रि-*n.* a place for storing alms. भिक्षा द्रव्य रखने का स्थान ।

**Ambs-ace** - ऍम्ज़्- एस्- *n.* bad luck, worthlessness. अभाग्य, गुणहीनता ।

**Ambulance**-ऍम्'-ब्यु-लॅन्स्- *n.* a moving hospital, a conveyance for the sick or wounded. फ़ौजी इस्पताल, चोटइल या बीमार को ले जाने की गाड़ी ( या टिकठी ) ।

**Ambulant**- ऍम्'-ब्यू-लॅन्ट्- *adj.* moving here and there. इधर उधर घूमने वाला ।

**Ambulate**-ऍम्-ब्यु-लेट्'- *v. i.* to move about. इधर उधर घूमना ; **Ambulation** ( -ले'-शॅन् )-*n.* आनन्द भ्रमण; **Ambulatory** ( -लॅ-टॉ-री )-*adj.* pertaining to walking, movable. चलनेवाला, गतिमान् ।

**Ambuscade**-ऍम्'-बस्-केड्'- *n.* an attack in surprise, a hiding place. छिपकर आक्रमण, छिपने का स्थान ( दाँव, घात ); *v.t.* & *i.* to conceal, to lie concealed. छिपना, छिपकर वार करना ।

**Ambush**- ऍम्'-बुश्- *n.* concealment of troops for an attack. सिपाहियों का ( आक्रमण करने के लिये ) छिपा रहना ।

**Ambustion**-ऍम्-बस्ट्'-यॅन्-*n.* a burn or a scald. फफोला ।

**Ameer** ( **Amir** )- ऑ-मीर्'-*n.* a title of various Mohammedan rulers. मुसलमानी बादशाहों की एक उपाधि ।

**Ameliorate** - ऑ-मील्'- यॉर्- एट् - *v. t.* & *i.* to make better, to improve, to grow better. सुधारना, उन्नति करना, उत्तम बनना ; **Amelioration** (-ए'-शॅन् ) *n.* improvement. उन्नति ; **Ameliorative** (-टिव् )-*adj.* improving, making better. उन्नति करने वाला ।

**Amen**-ए'-मॅन् ( आ-मॅन् ) *interj.* & *adv.* so be it, verily.-*v. i.* to say amen. ऐसा ही हो, एवमस्तु, तथास्तु, 'भवतु' कहना ।

**Amenable**-ऑ-मी'-नॅ-बल्-*adj.* responsible, liable to. उत्तरदाता, पराधिकारवश ; **Amenableness** ( -नॅस् )-*n.* उत्तरदायित्व; **Amenably** ( -नॅब्'-ली )-*adv.* दूसरे के अधिकार या आज्ञा से ।

**Amend**-ऑ-मॅन्ड्'- *v. t.* & *i.* to improve, to correct. उन्नति करना,शोधना; **Amendable** (-ऑ-बल्) **Amendatory** (-ऑ-टॉ-री) *adjs.* corrective. शोधने योग्य ; **Amendment** (-मन्ट्)-*n.* improvement, correction, proposed alteration. संशोधन, दोष शोधन, प्रस्ताव का परिवर्तन ; **Amends**-(-ऑ-मॅन्ड्ज़्) *n.pl.* compensation, reparation. पारितोषिक (शोधन), प्रतिफल ।

**Amenity**-ऑ-मॅन्'-इ-टी- *n.* pleasantness, pleasant ways. रम्यता, सुहावनापन ।

**Amenorrhoea**- ऑ- मॅन्'- ऑर्-री- ऑ- *n.* suppression of menstruation. स्त्रियों का मासिकधर्म बन्द होना

**Amerce**-ऑ-मर्स्'-*v. t.* to fine, to punish. जुर्माना करना, दण्ड देना ; **Amercement** (-मॅन्ट् )-*n.* a penalty. दण्ड ।

**American**-ऑ-मॅरि'- रि - कॅन्- *n.* & *adj.* अमेरिका देशवासी, अमेरिका देश का ; **Americanism** (-इज़्म् ),American idiom *ns.* अमेरिका का मुहावरा ; **Americanize** ( -आइज़् )-*v. t.* to naturalize in America. अमेरिका में जाकर बसाना ।

**Amethyst**- ऍम्'-ए-थिस्ट्- *n.* a precious stone, purple or violet. नीलमणि,फ़ीरोज़ा

**Amiability**- *n.* see Amiable.

**Amiable**- ऍ-मि'-ऑ-बल्- *adj.* inspiring friendship, lovable. सबका प्यारा, प्रिय दर्शन, ( रमणीय ) ; **Amiability** (-इट्-ई ) **Amiableness** (-नॅस् )-*ns.* friendliness. सौजन्य, सुशीलता ।

**Amicable**-ऍम्'-इ-कॅ-बल्- *adj.* friendly, done in a friendly way. मित्रवत्, मित्रभाव का ; **Amicableness** ( -नॅस् )-*n.* friendliness. मित्रत्व ( सौहार्द ) ; **Amicably** ( -ब्ली )-*adv.* in a friendly manner. मित्रभाव से, मित्रवत् ।

**Amid**- ऑ- मिड्', **Amidst**- ऑ- मिड्स्ट्'- *preps.* in the middle of, in the course of. मध्य में, बीच में, साथ में ।

**Amidships**- ऑ-मिड्'- शिप्स्- *adv.* in the middle of a ship. जहाज़ के बीच में ।

**Amiss**- ऑ-मिस्'- *adj.* & *adv.* wrong, in a faulty manner, in error, out of

order. दोषी ( अपराधी ), भ्रम से, व्युत्क्रम से, अनुचित ; To take amiss ( to take offence at. ) बुरा मानना ; Not amiss ( not appropriate. ) असङ्गत ।

**Amity**-ऍमि्'-इ-टी- *n.* friendship, friendly relation, goodwill. बन्धुत्व, मित्रता, ( स्नेहभाव ), शुभ चिन्ता ।

**Ammeter**-ऍम्'-मॅ-टर्- *n.* an instrument for measuring the force of electrical current. बिजली के धारा की शक्ति नापने का एक प्रकार का यन्त्र ।

**Ammonal**-ऍम्'-मान्-ऑल्- *n.* a kind of explosive. एक प्रकार की बारूद ।

**Ammonia**- ऍम्- मो'-नि-ऑ- *n.* a strong alkali of pungent smell. नौसादर और चूने से बनी हुई औषधि ; **Ammoniacal** (-नि'-ऑक्-अल् ), **Ammoniated** (-ऍट्'-ऍड् ) *-adjs.* अमोनिया संयुक्त पदार्थ का ।

**Ammunition**- ऍ-म्यू-निश्'-ऑन्-*n.* articles used in charging firearms, military stores. गोली, बारूद, कारतूस इत्यादि लड़ाई का सामान, युद्ध सामग्री ।

**Amnesia**- ऍम् - नी' - सॅ-ऑ-*n.* loss of memory. स्मृति शक्ति का नष्ट होना ।

**Amnesty**-ऍम्'-नॅस्-टी-*n.* act of oblivion, general pardon of political offenders. विस्मृति, राजनैतिक अपराधियों को क्षमा दान ।

**Amoeba**-ऍ-मी'-बॅ- *n.* ( *pl.* **Amoebae**) a microscopic one-celled animal. एक सैल् का जन्तु ; **Amoebiform** (बी-फॉर्म्') *adj.* of the form of an amoeba. अमीबा की आकृति वाला ।



Amoeba

**Amoebean**-अम्-ई-बी'-ऑन्-*adj.* alternately answering. पारी पारी से उत्तर देने वाला ।

**Among** - ऍ - मङ्ग्' - ( **Amongst**-ऍ-मङ्ग्स्ट्' )*-preps.* in the assemblage of, surrounded by, in comparison with. बीच में, मध्य में, तुलना में ।

**Amoral**-ऍ-मॉर्'-ऑल् - *adj.* out of the sphere of morals. अधर्मी, धर्म शून्य ।

**Amorist**-ऍम्'-ऑर्-इस्ट् - *n.* a lover, a gallant. प्रेम करनेवाला, कामुक ।

**Amorosa**-ऍम्-ओ-रो'-सा - *n.* a wanton woman. पुंश्चली, छिनार औरत ।

**Amorous**-ऍम्'-ऑर्'-अस्-*adj.* inclined to love, inspired by love. कामी ( रसिक ) शृङ्गारप्रिय; **Amorously** (-ली)*-adv.* रसिकवत्; कामी सदृश ; **Amorousness** ( -नॅस् )*-n.* विलासप्रियता ।

**Amorphous**-ऍ-मॉर्'-फ़स्-*adj.* shapeless. बिना किसी विशिष्ट आकृति का ।

**Amort**-ऍ-मॉर्ट्' - *adj.* in a half-dead condition. अधमरी अवस्था का ।

**Amortize**-ऍ-मॉर्'-टिज़्- *v. t.* to remove debt. ऋण चुकाना ।

**Amount**-ऍ-माउन्ट्'- *v. i.* to result in, to be equivalent to. परिणाम होना, बराबर होना; *-n.* full value, total significance. पूरा मूल्य, ( जोड़ ) कुल जोड़ ।

**Amour**-ऍ-मूर्'-*n.* a love affair, illicit love. प्रेम विषय, न्यायविरुद्ध प्रेम ।

**Amourette**-ऍम्-ऊर्'-ऍट्-*n.* a petty love affair. छोटा प्रेम विषय ।

**Amove**-ऍ-मूव्'-*v. t.* to remove. हटाना ।

**Ampere**-ऍम्'-पॅअर्- *n.* unit of electrical current. बिजली की धारा की नाप का एक विशेष परिमाण ।

**Ampersand**-ऍम्-पर्'-सॅन्ड्- *n.* the sign &. इस चिह्न का नाम जिसका अर्थ 'और' है ।

**Amphi**-ऍम्'-फ़ि- *pref.* in the sense of "of both kinds, around, on both sides" उपसर्ग जो 'दोनों प्रकारका, दोनों ओर, चारो ओर' के अर्थ में प्रयोग होता है ।

**Amphibia**-ऍम्-फ़िब्'-इ-ऑ-*n. pl.* animals living both in water and on earth. पृथ्वी तथा जल में रहने वाले जन्तु; **Amphibian** ( -इ-ऑन् ) *-n.* & *adj.* animal living both on land and in water. जल तथा स्थल में रहने वाला प्राणी ।

**Amphibology**-ऍम्-फ़िब्-ऑल्'-ऑ-जी - *n.* a quibble, ambiguous words. दो अर्थ वाले शब्द, ऐसे शब्दों का प्रयोग ।

**Amphibious**-ऍम्-फ़िब्'-इ-अस्- *adj.* able to live in air and water. द्विधा गतिवाला, स्थल जलचर प्राणि संबंधी ।

**Amphibolus** - ऍम्-फ़िब्' - ऑ-लस् - *adj.* quibbling. द्वयर्थक, सन्दिग्ध अर्थका ।

**Amphigory**-ऍम्-फ़िग्'-ऑर्-ई-*n.* nonsense. निरर्थक शब्द ।

**Amphistomous**-ऍम्-फ़िस्ट्'-ऑ-मस्- *adj.* having mouths at both ends. दोनो ओर मुँह वाला, दुमहा ।

**Amphitheatre**-ऍम्-फ़ि-थि'-ऍ-टर्- *n.* an edifice round an arena with seats one over the other, a part of a theatre. रङ्गभूमि, अखाड़ा; **Amphitheatrical** (-ऍट्'-रिक्-ऍल्)-*adj.* रङ्गभूमि सम्बन्धी।

**Amphitryon**-ऍम्-फिट्'-रि-ऑन्-*n.* a host or entertainer. यजमान, सत्कार करने वाला, आतिथेय।

**Amphora**-ऍम्'-फ़ो-रॉ - *n.* a two-handled vessel. दोहरी मुठिये का अखोरा; **Amphoric** (-फ़ॉर्-इक्)-*adj.* similar to the sound produced by blowing into a hollow vessel. अखोरे में बोलने के समान शब्द।



Amphora

**Ample**-ऍम्'-पल्- *adj.* abundant, spacious sufficient, quite enough. विशाल, विस्तृत, पर्याप्त, यथेष्ट; **Ampleness** (-नैस्) *n.* spaciousness. विपुलता।

**Amplification**-ऍम्-प्लि-फ़ि-के'- शॉन् - *n.* enlargement. विस्तार, वृद्धि; **Amplificative** (-केट्'-इव्)-*adj.* विस्तृत करने वाला; **Amplifier** (-फ़ाइ'-अर्)-*n.* anything that enlarges. विस्तार करने वाला; **Amplify** (ऍम्'-प्लि-फ़ाइ)-*v. t.* to enhance, to enlarge. बढ़ाना, विस्तार करना।

**Amplitude**-ऍम्'-प्लि-ट्यूड्-*n.* abundance, extent, dignity. अधिकता, विस्तार, (लम्बाई चौड़ाई), ऐश्वर्य।

**Amply**-ऍम्'-प्लि-*adv.* sufficiently. पर्याप्त रूपसे।

**Ampulla**-ऍम्-प्युल्'-लॉ- *n.* a two-handled flask for holding liquids दोहरी मुठिये की सुराही या झंझर।



Ampulla

**Amputate** - ऍम् - प्यु-टेट्-*v. t.* to cut off the limb of a creature. अङ्ग विच्छेद करना, किसी अङ्गको काटना; **Amputation** (-टे'-शॉन्)-*n.* अङ्ग विच्छेद; **Amputator** (-ऑर्)-*n.* अङ्ग विच्छेद करने वाला।

**Amuck** - ऍ-मक्' - *adv.* madly, in frenzied manner. पागल की तरह।

**Amulet**-ऍम्'-यू-लैट्- *n.* a thing worn as a charm against evil. रक्षा के लिये पहना हुआ यन्त्र (जन्त्र,) तावीज़।

**Amusable**-*adj.* see **Amuse.**

**Amuse**-ऍ-म्यूज़्'-*v.t.* to divert attention from serious business, to occupy pleasantly. विनोद करना, मन बहलाना; **Amusable** (-ऍ-बल्) -*adj.* विनोद के योग्य; **Amusement** (-मैन्ट्)-*n.* pastime. मनोविनोद, (दिलबहलाव); **Amusing** (-इङ्ग्)-*adj.* entertaining. रम्य (चित्त बहलाने वाली)।

**Amylaceous**-ऍम्-इल्-ए'-शस्-*adj.* pertaining to starch. माड़ी के सदृश।

**An**-ऍन्-*adj.* one, the indefinite article used before vowel sound. एक, कोई, [यह शब्द स्वर से आरम्भ होने वाले शब्दों के पहिले प्रयोग होता है]।

**Anabaptism**-ऍन्-ऍ-बॅप्'-टि-ज़म् - *n.* re-baptism. दुबारा नामकरण।

**Anabasis**-ऍ-नॅब्'-ऍ-सिस्- *n.* a military advance. फौज का आगे बढ़ना।

**Anacathartic**-ऍन्-ऍ-कॉ-थॉर्'-टिक्- *n.* a medicine for vomiting or expectoration. वान्ति लाने वाली अथवा कफ निकालने वाली औषधि।

**Anachronism** - ऍन्'-ऍक्-रॉन्-इज़्म् - *n.* error in regard to time. काल गणना का भ्रम; **Anachronous** (-अस्)-*adj.* काल गणना के भ्रम से पूर्ण।

**Anaclastic**-ऍन्-ऍ-क्लॅस्'-टिक्-*adj.* pertaining to refraction. किरण के तिरछेपन के संबंध का।

**Anaclisis**-ऍन्-ऍक्'-लाइ- सिस्- *n.* bed sore. चारपाई पर निरन्तर पड़े रहने से उत्पन्न व्रण।

**Anadem**-ऍन्'-ऍ-डैम्- *n.* a garland. माला

**Anaemia**-ऍ-नी'-मि-ऍ- *n.* poverty of blood, unhealthy paleness of body. रक्तहीनता, शरीर का पीलापन।

**Anaemic**-ऍ-नी'- मिक्- *adj.* pertaining to anæmia. रक्तहीनता सम्बन्धी।

**Anaesthesia**-ऍन्-ऍस्-थी'-ज़ि-ऍ-*n.* insensibility of a part of the body. शरीर के किसी अङ्ग का चेतनाशून्य हो जाना; **Anaesthetic** (-थैट्'-इक्) -*adj.* & *n.* producing insensibility, insensible. चेतना शून्य करने वाली औषधि; **Anaesthetize** (-आइज़्) -*v. t.* to make insensible. चेतनाशून्य करना।

**Anagram**-ऍन्'-ऍ-ग्रॅम् - *n.* the trans-.

position of the letters of a word or phrase to form a new word or sentence. किसी शब्द अथवा वाक्य के अक्षर या शब्दों को इस प्रकार बदलना कि नये शब्द या वाक्य बन जावें; **Anagrammatical** ( -मॅट्-इक्-अॅल् )-*adj.* making an anagram. इस प्रकार की रचना का; **Anagrammatically** ( -ली ) -*adv.* इस प्रकार की रचना से; **Anagrammatize** ( -मॅ-टाइज् )-*v. i.* to make an anagram. इस प्रकार के शब्द या वाक्य की रचना करना।

**Anal**-ऐं-नॅल्- *adj.* pertaining to or near anus, under the tail. गुदा सम्बन्धी या गुदा के समीप का, पोंछ के नीचे का।

**Analeptic**-ऑन्-ऑ- लॅप्-टिक्- *n.* & *adj.* a restorative medicine, pertaining to such a medicine. उत्तेजक औषधि, शक्तिवर्धक औषधि संबंधी।

**Analgesia**-ऑन्-ऑल्-जी'-ज़ि-यॉ - *n.* absence of pain. व्यथा का अभाव; **Analgesic** ( -जॅस्-इक् )-*adj.* removing pain. पीड़ा हटाने वाला, पीड़ाहर।

**Analogical**-ऑन्-ऑ-लॉज्'-इक्-ऑल् - *adj.* implying analogy. सदृश, तुल्यरूप, समान; **Analogist**-ऑ-नॅल्'-ऑ-जिस्ट्- *n.* one who employs analogy. समानता का व्यवहार करनेवाला; **Analogize** (ऑ-जाइज़ )-*v. t.* to explain in analogy, to be in harmony with. सादृश्य दिखलाना, लय होना; **Analogous** ( -ऑस )- *adj.* resembling, similar. अनुरूप, सदृश; **Analogously** ( -ली )-*adv.* समानता से; **Analogue** ( -ऑन्'-ऍ-लोग् )-*n.* similarity. सादृश्य।

**Analogy**-ऑ-नॅल्'-ऑ-जी- *n.* proportion, similarity, समानता, तुल्यता।

**Analysable** -*adj.* see **Analyse.**

**Analyse(ze)** - ऑन्'-ऑल्-आइज़्- *v., t.* to examine closely, to resolve into grammatical elements. सूक्ष्म परीक्षा करना, खण्ड करना; **Analysable** (-लाइज़्-ऑ-बल् )-*adj.* able to be analysed. परिच्छेद या विभाग करने योग्य।

**Analysis**-ऑ-नॅल्'-ऍ-सिस् - *n.* ( *pl.* **Analyses**) the resolution of a compound into its contistuent parts. परिच्छेद, विभाजन; **Analyst** (ऑन्'-ऑ-लिस्ट्)-*n.* one who is skilled in chemical analysis. रसायनिक विभाजन में निपुण।

**Analytical** - ऑन्-ऑ-लिट्'-इक्-ऑल् - *adj.* of analysis. विभाजन सम्बन्धी।

**Anamnesis**-ऑन्-ऑम्'-नी-सिस्- *n.* recollection of previous existence. पूर्व जन्म का स्मरण।

**Anamorphosis**-ऑन्-ऑ-मार्फ़'- ओ- सिस्- *n.* a distorted drawing which when viewed from a certain point appears regular. टेढ़ामेढ़ा चित्र जो किसी विशिष्ट स्थान से देखने पर सीधा देख पड़ता है।

**Anamorphous**-ऑन्-ऑ -मॉर्फ़्'- अस्- *adj.* abnormally developed. विकृत अंग वाला।

**Anaphora**-ऑ-नॅफ़्'-ओ-रॉ- *n.* repetition of the same word or words in a sentence. वाक्य में एक ही शब्द या शब्दों को बारम्बार दोहराना।

**Anarchic**-ऑन्-ऑर्क्'- इक् - **Anarchical** ( -इक्-ऑल् ) *adjs.* without civic rules, lawless. नियम प्रतिकूल ( अशासक ); **Anarchism** ( -इज़्म् ) -*n.* anarchy. राज विप्लव; **Anarchist** (-इस्ट्)-*n.* one who excites or promotes anarchy. अराजकता का प्रचार करने वाला।

**Anarchy**-ऑन्-आर्क्'-ई - *n.* absence of government, confusion, disorder. राजविप्लव, अशासन, बलवा।

**Anathema**-ऑ-नेथ्'-ऍ-मॉ- *n.* a curse of God. ईश्वर का शाप; **Anathematize**-( -टाइज़् )-*v. t.* to curse. शाप देना।

**Anatomical**-ऑन्-ऑ-टॉम्'-इक्'-ऑल् - *adj.* pertaining to anatomy. शरीर विच्छेद सम्बन्धी; **Anatomically** ( -ली ) - *adv.* शरीर विच्छेद रीति से; **Anatomize** (-आइज़्)- *v. i.* to dissect. जर्राही करना।

**Anatomist**-ऑ-नॅट्' - ऑ-मिस्ट् - *n.* a dissector of bodies. शरीर व्यवच्छेदक।

**Anatomy**-ऑ-नॅट्'-ऑ-मी- *n.* the science of bodily structure, dissection of an organised body. शरीर रचना शास्त्र, शरीर विच्छेद ( चीर फाड़ )।

**Anbury**-ऑन्'-ब्यू-री-*n.* a tumourous disease of horses and oxen. गाय और घोड़ों का गिल्टी का एक रोग।

**Ancestor**-ऑन् - सॅस्' - टॉर् - *n.* ( *fem.* **Ancestress**-ट्रॅस ) forefather. पुरखा, पूर्व पुरुष, पितर, ( *pl.* ) forefathers. पितर लोग; **Ancestral** (-सॅस्'-ट्रॅल् ) -*adj.*

relating to ancestors. पैतृक, बपौती ;

**Ancestry** (-ट्री )-*n.* a line of ancestors, lineage. पितृश्रेणी, वंशपरम्परा, पुरखे लोग ।

**Anchor**-ऐंड्'-कर्-*n.* a heavy iron plunged in water to which boats and ships are fastened, a source of confidence. लंगर, विश्वास का स्थान ( सहारा ); **To cast anchor** ( to drop it. ) लंगर डालना ; **To weigh anchor** ( to raise it. ) लंगर उठाना ; **Anchorage** (-एज्)-*n.* lying at anchor. लंगर पर रुकना या ठहरना ।



Anchor.

**Anchorese**-*n. fem.* see **Anchorite.**

**Anchoretic**-*adj.* see **Anchorite.**

**Anchorite**-ऐंड्क्'-कॉर्-राइट् - *n.* ( *fem.* **Anchoress** ) a hermit, a recluse. संन्यासी, ( वनवासी ), विरक्त ( त्यागी ); **Anchoretic** ( - रॅट्'-इक् )-*adj.* pertaining to a hermit or mode of his life. सन्यासी संबन्धी ।

**Anchylose**-ऐंङ्क्'-कि-लोज़्'- *v. t.* & *i.* to stiffen, to unite. कड़ा करना, जोड़ना; **Anchylosis** (-लो'-सिस्)- *n.* immovable stiffening of joints. जोड़ों का बिलकुल कड़ा पड़ जाना ।

**Ancient**-ऐन्'-शन्ट्- *adj.* belonging to past times, former. प्राचीन, पुराना ; **The ancients** ( civilized nations of old. ) प्राचीन सभ्य जाति ; **Anciently** (-ली)-*adv.* in ancient times. प्राचीन काल में, **Ancientry** ( -री ) -*n.* antiquity. प्राचीन विधि या रीति ।

**Ancillary**-ऐन्'-सिल्-ली-री - *adj.* subordinate, auxiliary. आधीन ।

**Ancon**-ऐन्'-कॉन् - *n.* elbow. केहुना ।

**And**-ऐन्ड् -*conj.* connecting words, clauses and sentences. और, तथा ; **And so forth** ( and so on. ) इत्यादि, **And then.** तब तो ; **And yet.** तथापि, तोभी ।

**Andiron**-ऐन्ड्'-इ-अर्न्'-*n.* an iron frame for supporting fire on hearth. अँगीठी में के लोहे के सीकचे ।



Andiron

**Androphagi** - ऐन्-ड्रॉफ़्'-ऑ-जी - *n.* cannibals. नरभक्षक लोग ।

**Anear**-ऑ-नियर'-*prep.* near. पास ।

**Anecdote** - ऐन्'-एक्-डोट् - *n.* narrative, story. कथा (छोटी कहनी), उपाख्यान; **Anecdotal** ( -ऑल्)-*adj.* pertaining to anecdote. कथा सम्बन्धी; **Anecdotist** (-इस्ट् )-*n.* one who tells an anecdote. कथा कहने वाला मनुष्य ।

**Anemograph** - ऑ-नॅम्'-ओ-ग्रॅफ् - *n.* an instrument for recording the force of wind. वायु का वेग चित्रित करने का यंत्र

**Anemometer**-ऐन्-ऍ-मॉम्'-ऍट् - अर् - *n.* an instrument for measuring the force of wind. वायु की शक्ति नापने का यन्त्र ।



Anemometer

**Aneroid** - ऐन्'-अर्-ऑएड् - *n.* a kind of box barometer. पृथ्वी पर वायु का भार जानने का एक प्रकार का यन्त्र ।

**Anethol** - ऐन्'-इ-थॉल् -*n.* oil of anise. सौंफ का तेल ।

**Anew**-ऑ-न्यू -*adv.* newly, again, once more, in a different way. पुनः, फिर से, नई तरह से, भिन्न प्रकार से ।

**Anfractuous** - ऐन्-फ्रॅक्'-ट्यु - अस्- *adj.* intricate, circuitous. चक्करदार, पेचीला ।

**Angel**-ऐन्'-जॅल्-*n.* a divine messenger, a lovely or innocent person. देवदूत, ( अप्सरा ), सुन्दर या दिव्य मनुष्य ; **To entertain an angel unawares.** ( serving one who proves to be an important person. ) अनजान में किसी बड़े आदमी की सेवा करना ; **Angel of death.** ( messenger of death. ) यमदूत; **Angelic** ( -इक् ), **Angelical** ( -ऑल् )

*adjs.* resembling, or of the nature of an angel. देवदूत सदृश, दिव्य ; **Angelically** ( -ऑल्-लि )-*adv.* like an angel. देवदूत की तरह से ; **Angelolatry** ( -ओ-लॉ-ट्री )-*n.* the worship of an angel. देवदूत पूजन ।

**Anger**-ऑङ्ग्'-गर्-*v. t.* to make angry. कुपित करना, क्रुद्ध करना ; -*n.* rage, wrath. कोप, क्रोध ; **To be flushed with anger.** क्रोध से लाल पीला होना ।

**Angina**-ऑन्-जि'-नॉ-*n.* quinsy. गला सूजने का रोग, गण्डमाला ।

**Angle**-ऑङ्ग्'-गल्-*n.* a point where two lines meet, a corner. कोण, कोना **Angled** ( -ड्)-*adj.* having angles. कोण बनाती हुई ;



Angles.

**Anglewise** ( angularly.) कोण की तरह

**Angle**-ऑङ्ग्'-गल् - *n.* & *v. t.* a fish-hook, to fish with a hook. मछली पकड़ने की बंसी, बंसी से मछली फंसाना ;

**Angler**-ऑङ्'-ग्लर्-*n.* one who fishes with an angle. मछली पकड़ने वाला ; **Angling** ( -ग्लिङ्ग् )-*n.* fishing with a rod and line. मछली पकड़ने की क्रिया ।

**Anglican** - ऑङ्ग-ग्लिक्'-अन्-*adj.* English. अंगरेजी; **Anglicism** ( -ग्लिस्-इज़्म् ) *n.* an English idiom. अंगरेजी भाषा का मुहावरा ; **Anglicize** (-ग्लिस्-आइज़्) *v. t.* to make English in form. आकृति में अंगरेजी ढंग का बनाना ।

**Angling**-आङ्ग्'-ग्लिङ्-*n.* see **Angler.**

**Anglo**-ऑङ्'-ग्लो - *pref.* meaning English. उपसर्ग जो "अंगरेजी" अर्थ में प्रयोग होता है ; *e. g.* **Anglo-Indian** ( an Englishman born or living in India. ) हिन्दुस्तान का उत्पन्न अङ्गरेज ।

**Anglomania** - ऑङ्'-ग्लो-मैंअन्' - या - *n.* great admiration of English manners and customs. अंग्रेजी आचरण तथा व्यवहार की अति प्रशंसा ।

**Anglo-Saxon** - ऑङ्'-ग्लो-सॅक्स्' - ऑन् - *n.* & *adj.* an Englishman, old English. अङ्गरेज, प्राचीन अंग्रेजी जाति का ।

**Angrily**-ऑङ्'-ग्रि-ली-*adv.* in an angry manner. क्रोध से ।

**Angriness**-ऑङ्'-ग्रि-नॅस्-*n.* the state of being annoyed. क्रोधावस्था ।

**Angry**-ऑङ्'-ग्री-*adj.* wrathful, enraged. क्रुद्ध, कुपित ।

**Anguine**-ऑङ्'-ग्विन्-*adj.* pertaining to or like a serpent. सर्प के सदृश ।

**Anguish** - ऑङ्'- ग्विश् - *n.* extreme mental or physical pain. शारीरिक अथवा मानसिक तीव्र वेदना (दुःख, सन्ताप ) ।

**Angular** - ऑङ्ग्'-ग्यू - लॅर्-*adj.* having angles or corners. कोणवाला; **Angularity** ( -लॅर्'-इ-टी )-*n.* कोण की स्थिति ।

**Angulate** - ऑङ्'-ग्यु-लेट् - *adj.* formed with angles. कोण से बना हुआ ; -*v. t.* to make angular. नोकदार बनाना । **Angulated** ( -ऍड् )-*adj.* नोकदार ।

**Anigh**-ॲ-नाइ'- *adv.* & *prep.* near to, at hand. समीप, पास में ।

**Anil**-ऑन्' - इल्'-*n.* indigo shrub and dye. नील का पौधा और इसका रंग ।

**Anile**-ऑन्'-आइल्-*adj.* doting from age like an old woman. बुढ़िया के समान ।

**Aniline**-ऑन्'-इल्-इन्- *n.* the source of chemical dyes. रङ्गों का रसायनिक आधार ।

**Anility**-ॲ - निल्'-इ - टी - *n.* imbecility, dotage. वृद्धावस्था, बुढ़ापा ।

**Animadversion**-ऑन्-इ-मॅड् - वर्'- शॉन्- *n.* criticism, censure or reproof. गुण-दोष निरूपण, निन्दा ।

**Animadvert**-ऑन्'-इ-मॅड्-वर्ट्' - *v. t.* to criticise, censure or reprove. दोष निकालना, तिरस्कार करना ।

**Animal** - ऑन्'-इ-मॅल् - *n.* & *adj.* an organised being endowed with life and voluntary movement, a quadruped, belonging to animals. जन्तु (प्राणी, पशु, जीवधारी ), पशु सम्बन्धी ; **Animal food.** मांसाहार ; **Animal kingdom.** प्राणिवर्ग ; **Animal passion.** इन्द्रियों का उद्वेग ; **Animal pleasures.** विषय सुख ।

**Animalcule** - ऑन्-इ-मॅल्'-क्यूल् - *n.* an animal seen only with a microscope. अति सूक्ष्म जन्तु या प्राणी जो सूक्ष्म दर्शक यन्त्र से ही देख पड़ता हो ।

**Animalism** - ऑन् - इ - मॅल्' - इज़्म्- *n.* brutishness, animal activity, sensu-

ality. पाशविकचरित्र, इन्द्रिय लोलुपता ।

**Animality** - ऍनि - इ-मॅलि'-इ-टी- *n.* the qualities distinctive of an animal, animal nature. पाशविक प्रकृति; **Animalize** ( -आइज़ )-*v. t.* to convert into animal substance. पशुवत् करना ।

**Animate**-ऍनि'-इ मेट्- *v. t.* to give life to, to inspirit. जीवित करना, ( उत्तेजित करना, सचेत करना ), ढाढ़स देना ; **Animating** ( -इङ्ग )-*adj.* life-giving. जीवन देनेवाला; **Animated** ( -एड् ) -*adj.* possessing life, vigorous, lively. जीवित ( चेतन ), प्रफुल्ल ।

**Animation**- ऍनि - इ-मे'-शॉन्-*n.* act of animating, enlivenment. जीव प्रदान, प्रोत्साहन ( हुलास ) ; **Animator** (-टॉर् ) *n.* something that animates, vivacity. प्रोत्साहक, उत्साह देने वाला ।

**Animism**-ऍनि'-इ-मिज़्म्-*n.* spiritualism as apposed to materialism. ब्रह्मवाद ।

**Animosity** - ऍनि-इ-मॉस्'-इ - टी- *n.* bitter hatred, enmity. अति घृणा, शत्रुता ।

**Animus**-ऍनि' - इ-मस्- *n.* hostile spirit or intention. द्वेष, विरोध, इच्छा ।

**Anise**-ऍनि'-इस्-*n.* a plant with aromatic seeds. सौंफ का पौधा ।

**Aniseed**- ऍनि' - इ - सीड्- *n.* the seeds of anise plant. सौंफ के दाने ।

**Ankle** ( **Ancle** )-ऍङ्'-कल्-*n.* the joint which connects the foot with the leg. टखना, घुट्ठी ।

**Anklet**-ऍङ्क्'-लेट्- *n.* an ornament for the ankle. नूपुर, पायजेब ।

**Anna**- ऍन्' - नॉ- *n.* a coin worth one sixteenth of a rupee. एक आना ।

**Annals**-ऍन्'-नॅल्स्- *n. pl.* yearly narrative, historical records generally. वार्षिक वृत्तान्त, पूर्वकथा (इतिहास) ।

**Annalist** ऍन्' - नॅल् - इस्ट्-*n.* a writer of annals. इतिहास लेखक ।

**Anneal**-ऍन्-नील'-*v. t.* to toughen by heat, to temper. अग्नि द्वारा पक्का करना ( कड़ा करना ), पानी रखना ( ताव देना ) । **Annealing** (-इङ्)-*n.* the art of tempering metals. धातु पर पानी चढ़ाने की कला ।

**Annectant**-ऍ-नॅक्'- ऍन्ट्-*adj.* connecting. जोड़ने वाला, संयोजक ।

**Annex**-ऍन्-नॅक्स्'- *v. t.* to connect, to append, to attach, to affix. जोड़ना, संयोग करना, मिलना ; **Annexable** (-ऍ-बल् )-*adj.* able to be annexed. संयुक्त करने या मिलाने योग्य ।

**Annex** (-e )-ऍन्-नॅक्स्'-*n.* an addition. किसी लेख का अनुबंध ; **Annexation** (-ए'-शॉन् )-*n.* union. संयोजन, लगाव ।

**Annihilate**- ऍन्-नाइ'-हिल्- एट्'-*v. t.* to put out of existence, to abrogate. लोप करना, उन्मूलन करना, मिटा देना ; **Annihilation** ( -ए' - शॉन् )-*n.* total destruction. क्षय, विनाश ।

**Anniversary**- ऍन्'- नि - वर्स्'-ऑ-री- *n.* an yearly celebration of an event. वार्षिकोत्सव; -*adj.* annual. वार्षिक; **Anniversary of birth** जन्म दिन; **Anniversary of death** मृत्यु की तिथि ।

**Anno Domini**-ऍन्-नो'- डॉम्-इ-नी-*n.* in the year of our Lord. ( *abbr.* **A.D.** ) ईसामसीह के जन्म के बाद का समय ।

**Annotate**-ऍन्'-नो - टेट्- *v. t.* & *i.* to furnish with explanations, to make notes on. व्याख्या करना ( भाष्य लिखना), टीका करना ; **Annotation** (-टे'-शॉन् )-*n.* a note in explanation, comment. टीका, टिप्पणी, व्याख्या, भाष्य ; **Annotator** ( -टे'-टॉर् )- *n.* one who writes a commentary. टीकाकार, भाष्यकार ।

**Announce**- ऍन्-नाउन्स्'- *v. t.* to proclaim, to make known. प्रकट करना, प्रकाशित करना ; **Announcement** (-मॅन्ट्) *n.* proclamation. निवेदन, विज्ञापन ; **Announcer** ( -अर् )-*n.* one who announces. प्रकाशक ।

**Annoy**- ऍन्-नॉय्'- *v. t.* to harass, to injure, to irritate. दुख देना, कष्ट देना उद्विग्न करना ; **Annoyance**(-ऍन्स् )-*n.* act of harassing or irritating. दुख, छेड़छाड़ ; **Annoyer** ( -अर् ) *n.* कष्ट देने वाला ; **Annoying** (-इङ्ग् )-*adj.* causing vexation. दुःखप्रद, कष्टकर ।

**Annual**-ऍन्'-न्यू-ऑल्- *adj.* & *n.* yearly, lasting for one year, a book published every year. वार्षिक, एक वर्ष रहने वाली, वर्ष में एक बार छपने वाली पुस्तक या पत्रिका ; **Annually** ( -ली )-*adv.* every year. वर्ष में एक बार, प्रति वर्ष ।

**Annuitant**- ऍन्-न्यु'-इटॅन्ट्- *n.* one who

receives an annuity. वार्षिक वेतन या वृत्ति पाने वाला मनुष्य।

**Annuity**- ऐन्‌ - न्यु' - इ-टी-*n.* an yearly grant. वार्षिक वेतन या भत्ता; **Perpetual annuity** ( annuity ceasing at the death of the investor. ) वार्षिक पुरस्कार जो देने वाली को मृत्यु होने पर रुक जाता है।

**Annul**- ऐन्‌-नल्'- *v. t.* to abolish, to cancel, to annihilate. अन्त करना, (मिटा देना), काट देना ; **Annulment** (-मेन्ट् ) *n.* annihilation. लोप।

**Annular**- ऐन्'-न्यु-लॅर्- *adj.* round like a ring. गोल; **Annularly** (-ली )-*adv.* in the manner of a ring. चक्र की तरह से ; **Annulated** ( -लेट्'-ऍड् )-*adj.* divided into rings. चक्रचिह्नित।

**Annulet**-ऐन्'-न्यु-लेट्- *n.* a small ring. छोटी अंगूठी या मुंदरी।

**Annunciate**-ऐन्‌-न्युन्'-सि-ऍट् - *v. t.* to proclaim. घोषणा करना, सूचित करना ; **Annunciation** ( -ए'-शान् )-*n.* घोषणा ; **Annunciator** ( -ए'-टॉर् )-*n.* announcer. घोषणा करनेवाला मनुष्य।

**Anode**-ऐन्'-ओड् - *n.* the positive pole in an electric cell. बिजली की बैटरी में का वह छोर जिसमें से निकल कर बिजली दूसरे छोर पर जाती है।

**Anodyne**- ऐन्'- ओ-डाइन्- *n.* & *adj.* a soothing medicine, allaying pain. शूल हटाने वाली औषधि, पीड़ाहर।

**Anoint**- ऑ - नॉयन्ट्'- *v. t.* to apply or rub oil to, to consecrate. तेल लगाना, राज्याभिषेक करना ; **Anointing** ( -इङ्ग् ) *n.* anointment. अभिषेक ; **Anointer** ( -अर् )-*n.* अभिषेक करने वाला।

**Anomalism**- ऑ -नॉम्'-ॲ-लिज़्म्- *n.* irregularity. अव्यवस्था, व्यतिक्रम।

**Anomalous**-*adj.* see **Anomaly.**

**Anomaly** - ऑ - नॉम्' - ॲ-ली - *n.* ( *pl.* **Anomalies** ) irregularity, unevenness. नियम विरोध, अव्यवस्था ; **Anomalous** ( -लस् )-*adj.* irregular. नीति विरुद्ध ; **Anomalously** (-लस्-ली )-*adv.* irregularly. नियम विरुद्धता से।

**Anon**- ऑ - नॉन्'- *adv.* quickly, soon, presently, then again. शीघ्र,अभी (तुरत), फिरसे ; **Ever and anon** ( every now and then. ) कभी कभी।

**Anonym**-ऐन्'-ओ -निम्- *n.* one whose name is unknown, a nameless person. जिस मनुष्य का नाम ज्ञात नहीं है।

**Anonymity** - ऑ-नॉन्-इम्'-इट्-ई- *n.* the condition of being anonymous. अज्ञात होने की अवस्था।

**Anonymous**-ऑ - नॉन्'- इ- मस्- *adj.* of name unknown. नामरहित, गुमनाम ; **Anonymously** (-मस्-ली )-*adv.* without a name. नाम न बतलाते हुए।

**Anosmia**- ऐन्‌ - ऑस्'-मि-ॲ- *n.* loss of the sense of smell. घ्राणेन्द्रिय का नाश, सूँघने की शक्ति का अभाव।

**Another**- ऐन्‌ - अद्'-अर्-( *pl.* **Others** ) *pron.* an additional one. दूसरा पदार्थ या व्यक्ति ;-*adj.* not the same, one more, any other. अन्य, दूसरा,दूसरा कोई।

**Anourous**-ऑ-नाउ'-रस् - *adj.* tailless. पुच्छहीन, बिना पोंछ का।

**Anserine**-ऐन्'-सॅरे-आइन्-*adj.* gooselike, foolish. बत्तक के सदृश, मूर्ख।

**Answer**-आन्'-सर्- *n.* anything done in return, reply, a solution. बदला, उत्तर, प्रतिवचन;-*v. t.* to make a reply, to respond to, to refute. उत्तर देना, प्रतिपादन करना, जवाब देना; **To answer for** ( to be responsible for. ) उत्तरदायी होना ; **To answer to** ( to accord. ) समान होना ; **Answerable** ( -ॲ-बल ) *adj.* what may be replied to, responsible, accountable. जवाब देने योग्य, उत्तर दाता।

**Ant**-ऐन्ट्-*n.* a small insect. चींटी, पिपीलका; **Ant hill** ( a little tumulus thrown up by ants. ) वल्मीक, बाँबी; **White ant** ( insect which eats up wood. ) दीमक।

**Ant**-ऐन्ट्-*pref.* same as **Anti.**

**Antacid**-ऐन्ट्-ऐस्'-इड्- *adj.* & *n.* removing acidity. खट्टापन हटानेवाला, अम्लत्व नाशक पदार्थ।

**Antagonism** - ऐन्‌ - टैग्'-ओ- निज़्म्- *n.* opposition. विरोध, बैर, शत्रुता ; **Antagonist** (-ओन्-इस्ट्)-*n.* an adversary, a foe. शत्रु, बैरी, प्रतिपक्षी ; **Antagonistic** ( -निस्ट्-इक् )-*adj.* contending against. विपक्षी, विरोधी; **Antagonistically** ( -ॲल्-लि )-*adv.* विरोधभाव से; **Antagonize** ( -आइज़् )-*v. t.* विरोध करना, शत्रुता करना।

**Antalkali**-ऐन्ट्-ऐल्'-की - लि-*n.* a substance that neutralizes the action of alkalies. क्षारत्व ( खारापन ) दूर करने वाला पदार्थ या औषधि ।

**Antaphrodisiac**-ऐन्ट्-ऐफ़्-रो- डिज़्' - इ-ऐक्-*n.* a medicine which is preventive of sexual desire. कामशक्ति का अवरोध करने वाली औषधि ।

**Antarctic**-आन्ट्-आर्क्'-टिक्-*adj.* southern, pertaining to the south pole. दक्षिणी, दक्षिण ध्रुव वाली ।

**Ante**-ऐन्'-टे- *pref.* in the sense of 'before'. "पूर्व" अर्थ का उपसर्ग ।

**Antecede**-ऐन्'-टि-सीड्' - *v. t.* to go before or happen before time. समय से पहिले घटित होना ।

**Antecedence**-ऐन् - टे - सीड्' - ऍन्स् -*n.* precedence, priority. अगलापन, पूर्वत्व ।

**Antecedent**-ऐन्-टे-सीड्'-ऍन्ट्- *adj.* previous, preceding. पूर्वगामी, पहिले का; *n.* that which goes before. पूर्वगामी शब्द ( *pl.* ) past history. पूर्व चरित्र या वृत्तान्त; **Antecedently** ( -ऍन्ट्-ली )-*adv.* previously. पूर्व स्थिति में ।

**Antechamber**-ऐन्'-टे-चेम्-बर्-*n.* an outer room, a room leading to the inner chamber. बाहरी दालान ( डेवढ़ी ), घर के भीतर जाने की कोठरी ।

**Antedate**-ऐन्'-टे-डेट्-*n.* a date before the exact time. स्थिर काल से पहिले का समय ; *v. t.* to assign an earlier date to an event or document, to anticipate,to precede in time. किसी घटना या लेख पर पहिले की मिति डालना, पूर्व विचार करना ।

**Antediluvian**-ऐन्-टे-डे-ल्यू'-वि-ऐन्- *adj.* happening before the great flood.-*n.* an old-fashioned person, a very old man. विश्वप्रलय के पहिले का, पुरानी चाल-ढाल का मनुष्य, बड़ा वृद्ध आदमी ।

**Antelope**-ऐन्'-टे-लोप्- *n.* a genus of deer-like ruminant. हरिन, मृग ।

**Antelucan**-ऐन्-टि-ल्यू'-कैन्- *adj.* before daylight. सूर्योदय के पूर्व का ।

**Ante meridian**-ऐन्'-टे-मे-रिड्'-इ-यन् -( *n. phr.* ) time between midnight and noon. आधी रात से दोपहर तक का समय

**Ante mundane**-ऐन्'-टे-मन्'-डेन्- *adj.* existing before the creation of the world. सृष्टि होने से पहिले का ।

**Ante natal**-ऐन्'-टे-ने-'टैल्-*adj.* previous to birth. उत्पत्ति के पहिले का ।

**Antenna**-ऐन्-टेन्'-नी- ( *pl.* Antennae -नी ) *n.* feelers of insects. कीड़े फतिङ्गों के स्पर्शज्ञान कराने वाले बाल ।

**Ante nuptial**-ऐन्'-टे-नप्'-शैल्-*adj.*before nuptials, occurring before marriage. विवाह से पूर्व होने वाला ।

**Ante prandial**-ऐन्'-टे-प्रैन्'-डि-ऐल्-*adj.* before dinner. प्रधान भोजन के पूर्व का ।

**Anterior**-ऐन्-टिअर्'-इ-ऑर्-*adj.* former, prior. पूर्वकाल का, पहिले का ; **Anteriority** (-इ-टी) *n.* पूर्वत्व; **Anteriorly** (-ली) *adv.* previously. पहिले से ।

**Anteroom**-ऐन्'-टे-रूम्-*n.* a room leading to a chief apartment. गलियारा, कोठरी में का मार्ग ।

**Anthelion**-ऐन्ट्-थी'-लै-ऑन्- *n.* a luminous ring on clouds. बादलों के चारो ओर प्रकाश का मण्डल ।

**Anthelmintic**-ऐन्-थैल्-मिन्'-टिक्- *n.* & *adj.* medicine used to extricate worms from intestines. आँत के कीड़े निकाले की औषधि, ऐसी औषधि संबंधी ।

**Anthem**-ऐन्'-थैम्- *n.* a hymn or song, sacred song sung in praise of God. ईश्वर स्तुति, स्तुतिरूप गायन, भजन ।

**Anther**-ऐन्'-थर् - *n.* part of a flower containing pollen. परागकेशर रखनेवाला फूल का भाग ।

**Ant hill**- *n.* see Ant.

**Anthoid**-ऐन्'- थॉइड् *adj.* flower-like. पुष्प सदृश, फूल के समान ।

**Anthologist**- *n.* see Anthology.

**Anthology**-ऐन्-थॉल्'-ओ-जी - *n.* a collection of literary extracts or choice poems. गद्यावली या पद्यावली; **Anthologist** ( -जिस्ट् )-*n.* संग्रह कर्ता ।

**Anthropoid**-ऐन्'-थ्रो-पॉयड्- *adj.* resembling man in form only . केवल आकार में मनुष्य के सदृश ; **Anthropology** (-पॉल्'-ओज्-ई )-*n.* science of mankind studied as an animal, मनुष्य शरीर रचना शास्त्र ; **Anthropomorphism** ( -पो-मॉर्फ़्'-इज़्म् )-*n.* ascribing human form to deity. ईश्वर को मनुष्य के आकार का मानने का सिद्धान्त ।

**Anti**-ऐन्'-टि - *pref.* in the sense of

"against, in place of". उपसर्ग जिसका अर्थ "विपरीत स्थान में" होता है।

**Anti-air-craft**- ऑन्-टि-एअर् - क्रॉफ्ट- *n.* contrivance to destroy the airships of the enemy. शत्रु के वायुयान को नष्ट करने का यन्त्र ; **Anti-air-craft gun.** इस उपयोग में आनेवाली तोप।

**Antic**-ऑन्'-टिक् - *adj.* odd, grotesque. विलक्षण, अद्भुत ; *n.* a clown, buffoon. भाँड़, हँसानेवाला, ठिठोलिया।

**Anticardium**-ऑन्'-टि-कॉर्'-डि-अम्-*n.* the pit of the stomach. नाभि, ढोढ़ी।

**Antichrist**-ऑन्'-टि-क्राइस्ट - *n.* the enemy of Jesus Christ. ईसूमसीह का शत्रु; **Antichristian** ( -क्रिस्ट्'-यन् ) -*adj.* opposing Christian faith. क्रिस्तानी (मत या) धर्म के विरुद्ध।

**Anticipate**-ऑन् - टिस्'-इ-पेट्- *v. t.* to see or know beforehand, to expect. पहिले देख लेना या जानना, आशा करना ; **Anticipation** (-सि-पे'-शन् )-*n.*expectation, knowing beforehand. पूर्वज्ञान ; **Anticipator** ( -टिस्'-इ-पे'-टॉर् ) -*n.* one who anticipates. पहिले से जानने वाला।

**Anticlimax** - ऑन्'-टि-क्लाइ' - मॅक्स् - *n.* addition of an adjunct which weakens the effect, bathos.( साहित्य में ) प्रभाव को न्यून करनेवाले विशेषण जोड़ना।

**Anticyclone** - ऑन्-टि - साइ' - क्लोन् - *n.* rotatory outward flow of wind. वायु का बाहरी ओर का झोंका।

**Antidotal**- *adj.* see **Antidote.**

**Antidote** - ऑन्'-टि-डोट् - *n.* a medicine that counteracts poison. विषघ्न, विषहर; **Antidotal** ( -डो'-टॅल् )-*adj.* विष नाशक, विषहर ; **Antifebrile** (-फ़ैब्'-रिल् )-*adj.* allaying fever. ज्वरनाशक।

**Antilogous**-ऑन्-टिल्'-ऑ-गस् - *adj.* contradictory. विपरीत, भिन्न।

**Antilogy** - ऑन्-टिल्'-आज्-ई- *n.* a contradiction in terms. विरुद्ध वचन।

**Antimonarchical**-ऑन्-टि-मॉन्-ऑर्क्''-इक्-अल्- *adj.* opposed to monarchy. राजा के शासन के प्रतिकूल या विरुद्ध।

**Antimony**-ऑन्'-टि-मॉन्-ई - *n.* a brittle metallic substance. स्रोतोंजन,सुरमा।

**Anti-national**-ऑन्'- टि- नॅश्-आन्- ऑल्- *adj.* hostile to one's nation. देश द्रोही।

**Antinomy**-ऑन्'-टि-नॉ-मी- *n.* a conflict of authority. अधिकार-विरोध।

**Antipathetic** - ऑन्-टि-पॅ- थॅट्'-इक्- *adj.* opposed in nature. प्रकृति विरुद्ध।

**Antipathic**-ऑन्-टि-पॅथ्'-इक्- *adj.* contrary in character, opposite. विभिन्न प्रभाव की, विपरीत, विरुद्ध।

**Antipathy**-ऑन्-टिप्'-ऑ-थी-*n.* aversion, natural dislike. घृणा, अनिच्छा।

**Antiphlogistic**-ऑन्'-टि-फ्लो-जिस्'-टिक्- *adj.* reducing or counteracting inflammation. सूजन घटानेवाली (दवा)।

**Antiphonal** - ऑन्-टिफ्'-ऑन्-ऑल् - *adj.* sung alternately. पारी पारीसे गाया हुआ।

**Antiphony** - ऑन्-टिफ्'-ओ-नी - *n.* echo, response. प्रतिध्वनि, प्रतिगान।

**Antipodal**- *adj.* see **Antipodes.**

**Antipodes**-ऑन्-टिप्'-ओ-डीज़्-*n. pl.* those who live on the other side of the globe opposite to each other. भूमण्डल के दूसरी ओर रहने वाले, प्रतिलोम; **Antipodal** (-डॅल् )-*adj.* प्रतिलोम सम्बन्धी।

**Antipyretic** - ऑन्-टि-पाइ-रॅट्'-इक् - *adj.* preventing fever.-*n.* a febrifuge; ज्वरघ्न, ज्वर हटाने वाली औषधि।

**Antiquarian** - ऑन्-टि-क्वे'अर्-इ-ऑन् - *n.* one who collects ancient things. प्राचीन पदार्थों का संग्रह करने वाला ; -*adj.* pertaining to antiquities. पौराणिक।

**Antiquate**-ऑन्'-टि-क्वेट्-*v. t.* to make obsolete or old. प्राचीन बनाना ; **Antiquated** ( -एॅड् )-*adj.* old fashioned, obsolete. प्राचीन, अप्रचलित।

**Antique**-ऑन्-टिक्' - *adj.* ancient, old-fashioned. पुराना, प्राचीन ढग का।

**Antiquities**- *n. pl.* see **Antiquity.**

**Antiquity**-ऑन्-टिक्'-वि-टी-*n.* old times, the ancients. प्राचीन समय, पुरातन पुरुष ; **Antiquities** ( -टीज़् )-*n. pl.* customs or relics of ancient times. पुरानी रीति, पुराने समय का पदार्थ।

**Antiseptic** - ऑन्-टि-सॅप्'-टिक् - *adj.* preventing decay. अपवित्रता नाशक, गदगी हटाने वाली तथा सड़ना रोकने वाली।

**Antisocial**-ऑन्-टि-सो'-शॅल् -*adj.* opposed to the principles of society. सामाजिक नियम के विरुद्ध।

**Antitheist**-ऑन्-टि-थी'-इस्ट्- *n.* one who

does not believe in God's existence. नास्तिक, अनीश्वरवादी ; **Antitheism** ( -इज़्म् )-*n.* नास्तिकता ।

**Antithesis** – ऍन्-टिथ्'-ऍस्-इस् – *n.* ( *pl.* **Antitheses** ) an opposition or contrast between two things. विरुद्ध अलंकार, अर्थ की विपरीतता ; **Antithetic** ( -टि-थॅट्'-इक् )-*adj.* contrasted. विपरीत भाव किया हुआ ; **Antithetically** ( -ऍल्-ली )-*adv.* विपरीत भाव से ।

**Antitoxin** – ऍन्-टि-टॉक्'-सिन् – *n.* serum which neutralizes the action of bacterial poisons. रोग के विष को हटाने वाला रुधिर का एक तत्व ।

**Antitype**–ऍन्'-टि-टाइप्- *n.* (*adj.* **Antitypical**-इक्-ऍल्) that which a symbol represents. मूल मूर्ति, आदर्श ।

**Antler**–ऍन्ट्'-लर्–*n.* branched horn of a stag. बारहसिंघे की शाखादार सींघ ।

**Antonym**-ऍन्'-टॉन्-इम्-*n.* a word having its meaning contrary to another ( *as high-low* ) विपरीत अर्थका शब्द ।

**Antrum**–ऍन्'-ट्रम्- *n.* a cave, a den, a large cavity. गुहा, कन्दरा ।

**Anus**–ए'-नस्-*n.* the lower opening of the bowels. गुदा, अपान ।

**Anvil**–ऍन्'-विल्- *n.* an iron block on which smith works. निहाई, स्थूणा; **To be on the anvil** (to be in a state of preparation or formation) तैयारी में होने की अवस्था में ।



Anvil

**Anxiety**–ऍङ्क्-ज़ाइ'-ऍ-टी- *n.* uneasiness of mind, solicitous desire for a thing. चिन्ता ( व्यग्रता ), आकुलता ।

**Anxious** – ऍङ्क्'-शस् – *adj.* troubled, disturbed, uneasy. व्याकुल, उद्विग्न, चिन्तित; **Anxiously** (-ली)-*adv.* उद्वेग से ।

**Any**–ऍन्'-नी- *pron.* & *adj.* one, some. कोई, किसी, कैसाही;-*adv.* at all. किंचित्, थोड़ा, कुछ ; **At any time** कदाचित् ; **Anybody** ( any person. ) कोई मनुष्य ; **Anyhow** ( in any way. ) किसी प्रकार से, जैसे, तैसे ; **Any one** ( any body. ) कोई व्यक्ति ; **Anything** ( a thing of any kind. ) कोई भी वस्तु ; **Anyway** ( anyhow. ) किसी न किसी तरह से ; **Anywhere** ( at any place. ) किसी न किसी स्थान में; **Anywise** ( in any manner. ) किसी तरह ; **At any rate** (at all events) किसी भी स्थिति में ।

**Aorist**-ए-ऑ'-रिस्ट्-*n.* an indefinite past tense ( with no limitation ). अनिश्चित काल सूचक भूतकाल की क्रिया ।

**Aorta**–ए - ऑर्ट'-ऑ-*n.* the great artery, of the heart. हृदय की सब से बड़ी धमनी; **Aortal** (-ऑल्)-*adj.* इस धमनी का ।

**Apace**-ऑ-पेस्'- *adv.* swiftly, hastily, quickly. शीघ्रता से, जल्दी से ।

**Apanage** ( **Appanage** )-ऍप्'-ऑन्-एज्- *n.* provision for younger sons of kings. राजा के युवराज से छोटे पुत्रों के पोषण की व्यवस्था ।

**Apart**-ऑ-पार्ट्' - *adv.* independently, separately. पृथक् ( अलग ), भिन्न ; **To set apart** ( to separate. ) अलगाना ।

**Apartment**-ऑ-पार्ट्'-मॅन्ट्- *n.* a room of a house. मकान का एक कमरा; **Inner apartments** ( harem. ) अन्तःपुर ।

**Apathetic** – ऍप्-ऍ-थॅट्'-इक् – *adj.* indifferent. उदासीन, निरुत्साह ।

**Apathy**–ऍप्'-ऑ - थी – *n.* insensibility, mental indolence, want of feeling. अनुभव शून्यता, उदासीनता ।

**Ape**–एप्- *n.* a tailless monkey, an imitator. बन्दर, अनुकरण करने वाला ; *v. i.* to imitate. अनुकरण करना; **Apish** (एप्'-इश् )-*adj.* servilely imitative. दास की तरह अनुकरण करने वाला ; **Apishly** ( -इश्'-ली )-*adv.* बन्दर की तरह से; **Apishness** ( इश्'-नॅस् ) -*n.* बन्दरपन, मूर्खता ; **Apery** ( -अर्-ई ) -*n.* mimicry, apish performance, apehouse. अनुकरण, बन्दर सा कार्य, बन्दर का पिंजड़ा ।

**Apeak**–ऑ - पीक्' – *adv.* vertically, on peak. सीधा ( खड़ा ), शिखर पर ।

**Apepsy**–ऑ-पॅप्'-सी, **Apepsia** ( -सि-ऑ ) *ns.* weakness of digestion. पाचन शक्ति की दुर्बलता या न्यूनता ।

**Aperient** – ऑ-पिअर्'- इ-ऍन्ट् – *n.* & *adj.* a laxative medicine. मल को मृदु करने-वाली ( रेचक ) औषधि ; **Aperitive** (-पर्-इट्'-इव् )-*adj.* laxative, मोलस्यन् ।

**Aperture**-ऍपॅ्'-अर्-ट्यूर् - *n.* an opening or gap, a hole. छेद, झोखा, झरी ।
**Apery**-एप्'-अर्-ई-*n.* see **Ape.**
**Apetalous**-ऑ-पैट्'-ऑ-लस्- *adj.* without petals. दलहीन, निष्पत्र ।
**Apex**-ए'-पैक्स्-*n.* [ *pl.* **Apices**-ऍप्'-ए'-सीज़् - *or* **Apexes** ( -ऍ'ज़्) ] a peak, vertex, summit. (पर्वत आदि की) चोटी, शिखर, नोक, ( मस्तक ) ।
**Aphasia**-ऑ-फ़े'-ज़ि-ऑ- *n.* loss of speech. बोली बन्द होना ।
**Aphelion**-ऑ-फ़ी'-लैं-ऑन्-*n.*(*pl.* **Aphelia**) the point farthest from the sun. सूर्य से सब से दूर का स्थान ।
**Aphonia**-ऑ-फ़ो'-नि-ऑ- *n.* see **Aphasia.**
**Aphorism** - ऑफ्'-ऑ-रिज़्म् - *n.* adage, maxim, definition. कहावत (सूत्र), वचन, परिभाषा ; **Aphoristic** ( -रिस्'-टिक् )-*adj.* सूत्र रूप का ; **Aphoristically** ( -ऑल्-ली) *adv.* like a maxim. सूत्रवत् ।
**Aphrodisiac** - ऑफ्र्-रो-डिज़्'-इ-ऑक्- *n.* & *adj.* a medicine producing sexual desire. कामोद्दीपक औषधि ।
**Apiary**-ए'-पै-ऑ-रि- *n.* a place for keeping bees. मधुमक्खियों के पालने का स्थान ।
**Apical** - ऍप्'-इक्-ऑल्- *adj.* belonging to apex. शिखर सम्बन्धी ।
**Apiculture** -ए' - पि-कल्ट्'- यूर् - *n.* bee-keeping. मधुमक्खियों का पोसना ।
**Apiece**-ऑ-पीस्'-*adv.* individually, each. पृथक् पृथक्, एक एक करके ।
**Apish, Apishly,** see. **Ape.**
**Apnoea** - ऍप्'-नी'-ऑ - *n.* stoppage of breathing. साँस की रुकावट, श्वासावरोध ।
**Apocryphal**-ऑ-पॉक्'-रैं-फ़ॉल्-*adj.* doubtful, sham, false. शङ्कायुक्त (सन्देहजनक), झूठा, असत्य ।
**Apogee**-ऍप्'-ओ-जी- *n.* the point in the orbit of a planet, farthest from earth. पृथ्वी से सबसे दूर का स्थान ।
**Apollo**-ऑ-पो'-लो- *n.* the Greek Sun-god. सूर्यनारायण, सूर्य देवता ।
**Apollyon**-ऑ - पॉल्' - यॉन् - *n.* Satan, the devil. दैत्य, राक्षस ।
**Apologetic** - ऑ-पॉल्-ऑ-जैट्'- इक् - *adj.* excusing. क्षमा योग्य, प्रार्थना योग्य ; **Apologetical** ( -ऑल् )-*adj.* said or written in defence. क्षमाशील ; **Apologetically**-( ऑल्-ली )-*adv.* क्षमापूर्वक ।
**Apologist** - ऑ-पॉल्'-ऑ-जिस्ट् - *n.* one who pleads in apology or defence. क्षमा की प्रार्थना करने वाला ।
**Apologize**-ऑ-पॉल्'-ऑ-जाइज़्-*v.t.* to beg to be excused, to make apology. अपना दोष मानकर क्षमा माँगना ।
**Apologue**-ऍप्'-ओ-लॉग्- *n.* fable, parable or a moral story, a tale. उपदेशपूर्ण कहानी, उपाख्यान ।
**Apology**-ऑ-पॉल्'-ऑ-जी - *n.* ( *pl.* **Apologies** ) regretful acknowledgment of offence. क्षमा प्रार्थना ।
**Apophthegm**-ऍप्'-ओ-थैम्- *n.* a terse pithy maxim. सूत्र, नीतिवचन ।
**Apoplectic**- *adj* see **Apoplexy.**
**Apoplexy**-ऍप्-ओ-प्लैक्स्'-ई - *n.* a disease in which powers of sense and motion are stopped. मूर्छा, मिरगी का रोग; **Apoplectic** (प्लैक्-टिक्)-*adj.*-pertaining to apoplexy. मूर्छा रोग सम्बन्धी ।
**Apostacy(sy)**-ऑ-पॉस्'-टी-सी-*n.* abandonment of one's faith. स्वधर्मत्याग ।
**Apostate** - ऑ-पॉस्'-टेट् - *n.* one who abandons his religious faith. स्वधर्मत्यागी ; *adj.* false. विधर्मी ।
**Apostatize** - ऑ-पॉस्' - टी-टाइज़्-*v. t.* to forsake one's faith or principles. अपना धर्म त्यागना, परधर्म ग्रहण करना ।
**Aposteriori**-ऑ-पॉस्'-टी-रि-ऑ '- रि - *adj.* reasoning from effect to cause. कार्य के कारण का अनुमान करना ।
**Apostle**-ऑ-पॉस्'-सल् - *n.* a messenger sent to teach the Gospel, a devoted person. धर्म की शिक्षा देने के लिये ईश्वर का भेजा हुआ दूत, भक्त ।
**Apostolic**-ऍप्-ऑस्-टॉल्'-इक् - *adj.* pertaining to apostles. देवदूत सम्बन्धी ।
**Apostrophe**-ऑ-पॉस्'-ट्रो-फ़ी - *n.* sign of omission of a letter or letters ( ' ), an exclamatory address in poems or speech. सम्बन्ध कारक का चिह्न, सम्बोधन का वाक्य ।
**Apostrophiz(s)e**-ऑ-पॉस्'-ट्रो-फ़ाइज़्-*v.t.* to deliver an exclamatory address. संबंध सूचक व्याख्यान देना ।
**Apothecary** - ऑ-पॉथ्'-ए-की-री - *n.* one

who sells medicines, a druggist. दवा बेचने वाला, औषधि विक्रेता, अत्तार।

**Apotheosis**–ऑप्-ओ-थी-ओ'-सिस्– *n.* making god-like. देवता तुल्य निर्माण।

**Appal**–ऑप्-पाल्' – *v. t.* to dismay, to terrify. व्याकुल करना, डराना; **Appalling** (-इङ्ग्)–*adj.* shocking. भय उत्पन्न करनेवाला; **Appallingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* with dismay. उद्विग्नता से।

**Apparatus**–ऑप्-पी-रें'-टस्–*n.* mechanical appliance, instruments or requisites. प्रयोग करने का यन्त्र या साधन।

**Apparel** –ऑप्-पीर्'-रेंल्– *n.* dress, clothing. वस्त्र (पोशाक), कपड़ा; –*v. t.* to dress, to attire, to adorn. वस्त्र धारण कराना, कपड़ा पहिराना, सजाना।

**Apparent**–ऑप्-पीर्'-रेंन्ट् – *adj.* obvious, visible, clear, seeming. प्रकट, प्रत्यक्ष, स्पष्ट, दिखावा; **Heir apparent** (one who is entitled to succeed to the throne by right.) राज्य का उत्तराधिकारी; **Apparently** (-ली) –*adv.* evidently, clearly. प्रत्यक्ष या स्पष्ट रूप से।

**Apparition** – ऑप्-पी-रिश्' - आन् – *n.* a phantom or ghost. पिशाच, प्रेत।

**Appeal** – ऑ - पील्'–*v. t.* to call for decision to a higher judge, to call attention, to make an earnest request. पुनर्विचार की प्रार्थना करना, (अपील करना), चित्त आकर्षित करना, प्रार्थना करना; –*n.* the act or right of appealing. पुनर्विचार की प्रार्थना; **Appealable** (-ऑ-बूल्)–*adj.* पुनर्विचार के योग्य; **Appealing** (-इङ्ग्) –*adj.* attractive, imploring. चित्ताकर्षक।

**Appear**–ऑप्-पियर्'– *v. i.* to be visible, to seem, to be manifest. प्रकाशित होना, जान पड़ना, देख पड़ना; **Appearance** (-ऑन्स्) –*n.* the thing seen, semblance, aspect. आकार (आकृति, रूप), सम्भावना, दिखावट।

**Appeasable**– *adj.* see Appease.

**Appease**–ऑप्-पीज़्'–*v. t.* to soothe, to satisfy, to quiet. सान्त्वना देना, मनाना, शान्त करना; **Appeasable** (-ऑ-बूल्) *adj.* मनाने के योग्य।

**Appellant**–ऑप्-पेंल्'-लीन्ट्– *n.* one who appeals. अपील करनेवाला; **Appellate** (-लेंट्) –*adj.* pertaining to appeals. अपील सम्बन्धी।

**Appellation**–ऑप्-पेंल्-ले'-शॉन्–*n.* name, title, a specific name. नाम, विशिष्ट नाम, पदवी, अभिधान; **Appellative** (-लीं-टिव्) *adj.* common, general. सामान्य।

**Append**– ऑप्-पेंन्ड्' – *v. t.* to add, to annex, to attach. जोड़ना, मिलाना, लगाना; **Appendage** (-एडे्)–*n.* anything attached, accompaniment. जोड़ा हुआ पदार्थ, उपकरण; **Appendant** (-ऑन्ट्) *adj.* annexed, attached, consequent. मिलाया हुआ, जोड़ा हुआ।

**Appendix**– ऑप् - पेंन्ड्'- इक्स् – *n.* (*pl.* **Appendices**–इ-सीज़्) anything added in the end. परिशिष्ट, शेष संग्रह।

**Appendicitis**–ऑ-पेंन्'-डि-साइ'-टिस्– *n.* a disease of the intestines. आँत में का एक प्रकार का फोड़ा।

**Apperception**–ऑप्-पर्-सेंप्'-शॉन्– *n.* the mind's perception of itself, mental perception. चित्त का आत्मज्ञान।

**Appertain**– ऑप् - पर्-टेंअन्'– *v. i.* to belong to, to relate, to be appropriate to. सम्बन्ध होना, समान होना, वर्णन करना।

**Appetence** – ऑप्'- पें - टेंन्स्– *n.* desire, longing. अभिलाषा, इच्छा; **Appetent** (-टेंन्ट्)–*adj.* desiring. अति उत्सुक।

**Appetite**–ऑप्'-पें-टाइट्– *n.* desire, inclination, hunger or craving. अभिलाषा, इच्छा (रुचि), भूख।

**Appetize**–ऑप्-पेंट्-आइज़्'– *v. t.* to create appetite. बुभुक्षित करना; **Appetizer** (-अर्)–*n.* something creating appetite. भूख लगाने वाला पदार्थ।

**Applaud**– ऑप् - प्लाड्'– *v. i.* & *t.* to express approbation or praise by clapping hands, to praise. प्रशंसा करना, ताली बजाना, स्तुति करना या सराहना।

**Applause**– ऑप् -प्लॉज़्' – *n.* approval, praise. प्रशंसा, स्तुति; **Applausive** (-प्लॉज़्'-इव्)–*adj.* स्तुतिमय।

**Apple**–ऑप्'-पूल्– *n.* a fleshy fruit. सेब; **Apple of the eye** (the pupil.) आँखों का तारा, कनीनिका; **Adam's apple** (outer protruding part of throat.) कण्ठ का उभाड़, टेंटुआ।

**Appliance**–ऑप्-प्लाइ'- ऑन्स् – *n.* act of

applying, thing applied. उपाय, तदबीर, सामग्री ( नियुक्त पदार्थ ) ।

**Applicability**– *n.* see Applicable.

**Applicable**-ऐप्'-लि-कॅ-बल्-*adj.* suitable appropriate. उचित ( अनुकूल ), सम्बद्ध ; **Applicability** (-बिल्-इट्-ई)-*n.* अनुकूलता

**Applicant**-ऐप्' – प्लि - कॅन्ट् – *n.* one who applies. अर्थी, प्रार्थना करने वाला ।

**Application**–ऐप्-लि-के'-शॅन् *n.* petition or request. प्रार्थना पत्र ।

**Apply**-ऍप्-प्लाइ'– *v. t.* to lay or put on, to employ, to address to, to devote. आरूढ़ होना, सूचित करना ।

**Appoint**–ऍप्-पॉयन्ट्'– *v. t.* to fix time or place, to declare, to nominate. निर्धारित करना, नियुक्त करना, स्थापित करना ; **Appointment** ( -मॅन्ट ) -*n.* settlement, engagement, ordinance, designation to office. नियम, आज्ञा नियुक्ति ( स्थापन ) ; **To break an appointment** ( to fail to appear at fixed place or time. ) नियत समय या स्थान पर उपस्थित न होना ।

**Apportion**–ऍप्-पोअर्'-शॅन्– *v. t.* to portion out, to distribute. भाग करना, बाँटना ; **Apportionment** ( -मॅन्ट ) –*n.* a division into just shares. बटवारा, बाँट ( फाँट ) ।

**Apposite**-ऐप्'-पो-ज़िट्,– *adj.* proper, well put, suitable, appropriate. योग्य, ( यथार्थ), सङ्गत ( ठीक ) ; **Appositely** (-ली)–*adv.* suitably. उचित रीति से ।

**Apposition**-ऐप्-पो-ज़िश्'-ऑन्-*n.* placing side by side. समानाधिकरण, एकान्वय ; **Appositional** ( -ऑल् )–*adj.* placed in apposition. समानाधिकरणी ।

**Appraise**-ऍप्-प्रेज़्'–*v. t.* to fix the price of. मूल्य ठहराना ; **Appraiser** ( -अर् )-*n.* one who fixes the value of goods. दाम आँकने वाला ।

**Appreciable**-ऍप् – प्री'-शि -ऑ-बल्– *adj.* noticeable, perceptible. जानने योग्य ।

**Appreciate**- ऍप्-प्री-शि-एट्'– *v. t.* & *i.* to estimate, to esteem highly, to rise in value. गुण जानना, मान करना, दाम बढ़ना ; **Appreciation** (-ए'-शॉन्) *n.* recognition, estimation, judgment. गुणागुणज्ञान , गुणग्रहण; **Appreciative** ( -टिव् ) *adj.* गुणग्राही ; **Appreciator** ( ए'-टॉर् )-*n.* गुणग्राहक ।

**Apprehend**-ऐप्- प्रि - हेन्ड्'-*v. t.* to perceive, to understand, to fear. विचारना, सोचना, शङ्का करना ।

**Apprehensible**-ऐप्'-प्रि-हेन्'-सि-बल्-*adj.* capable of being apprehended or grasped. परामर्श के योग्य ।

**Apprehension**- ऐप् - प्रि -हेन्'- शॉन्– *n.* arrest, understanding, dread. पकड़, बुद्धि, भय ; **Apprehensive** ( -सिव् ) *adj.* intelligent, perceptive, fearful. बुद्धिमान, विचारवान्, शङ्कित ; **Apprehensiveness** ( -सिव्- नॅस् )-*n.* doubt, fear. शङ्का, भय ।

**Apprentice**–ऍप्-प्रॅन्'-टिस्- *n.* a novice, a tiro. शिल्पविद्या का शिष्य ( चेला ), नवसिखुआ; *v.t.* to bind as an apprentice. नवसिखुआ नियुक्त करना ; **Apprenticeship** ( -शिप् )–*n.* the terms for which a person is bound to serve. सेवाकाल ।

**Apprise**–ऍप्-प्राइज़्'–*v. t.* to inform, to give notice of. सूचना देना, बतलाना ।

**Apprize**–ऍप्- प्राइज़्'-*v. t.* to appreciate, to value. दाम आँकना, गुण जानना ।

**Approach**– ऍप् - प्रोअच्'– *v. t.* & *i.* to come near to, to make proposals to, to resemble. समीप जाना, दाम लगाना, समान होना ; -*n.* act of approaching, access. उपस्थिति, प्रवेश ( रास्ता ) ; **Approachable** (-ऑ-बल् )–*adj.* accessible. उपगम्य, प्रवेश योग्य ।

**Approbate**–ऐ-प्रो-बेट्'–*v. t.* to approve, to sanction. अनुमोदन करना ।

**Approbation**–ऐ- प्रो - बे'-शॉन्–*n.* sanction, commendation. स्वीकृति (स्वीकार), सम्मान ( प्रशंसा ) ।

**Appropriate**–ऍप्-प्रो'-प्रि-एट् – *v. t.* to take possession of, to devote to special purpose. स्वाधीन करना ( अपनाना ), विशिष्ट कार्य में लगाना ; *adj.* suitable, proper. उचित ( सङ्गत ) , योग्य, ( ठीक ) ; **Appropriation** ( ए'-शॉन् )-*n.* स्वायत्तीकरण, अपनाना ।

**Approval**–ऍप्-प्रूव्'-ऑल्-*n.* approbation, sanction. अनुमोदन ।

**Approve**-ऍप्-प्रूव्'- *v. t.* to be pleased with, to sanction, to commend. प्रसन्न होना, अनुमोदन करना, भला समझना

**Approver** ( -अर् )-*n.* king's witness. सरकारी गवाह ; **Approved** ( -ड् )-*adj.* proved, tried. सिद्ध, परीक्षित ।

**Approximate**-ऑप्-प्रॉक्स्'-इ-मेट्-*adj.* very near, almost correct, closely resembling. समीप, प्रायः शुद्ध, अति समान; *v. t.* & *i.* ( -मेट्' ) to bring near, to come near to. समीप लाना, सन्निकट होना; **Approximately** ( -ली )-*adv.* almost correctly. प्रायः शुद्ध होते हुए ; **Approximation** (मे'-शॉन् )-*n.* a drawing near. समीपता, पहुँच ।

**Appurtenance**-ऑप्-पर्'-टेन्-ऑन्स्- *n.* belonging, an accessory. सम्पत्ति, ( सहायक ) लगाव ; **Appurtenant** ( -ऑन्ट् ) *adj.* appertaining. सम्बन्धी ।

**Apricot**-ए'-प्रि-कॉट्-*n.* a kind of orange coloured fruit allied to plum. खूबानी का ( वृक्ष या ) फल ।

**April**-ए'-प्रल्-*n.* the fourth month of the year. अंग्रेजी वर्ष का चौथा महीना ; **April-fool.** ( sportive. ) -*n.* ठिठोलेबाज़, मसखरा ; **April fool day** ( April 1. ) अप्रैल मास का पहिला दिन ।

**Apriori** – ऑ-प्राइ-ओ' – री- *adv.* & *adj.* reasoning ( deductive ) from cause to effect. कारण से कार्य का तर्क ।

**Apron**-ए'-प्रॉन्- *n.* a garment worn on the fore part of body to protect clothes. ऊपरी वस्त्र की रक्षा का पहिरावा ; *v. t.* ऐसा वस्त्र पहिराना ।

**Apropos**-ऑप्-रो-पो' – *adv.* to the purpose, appropriately. अनुरूप, अनुसार ।

**Apse** – ऑप्स् – *n.* semi-circular recess. अर्धवृत्त झरोखा ; **Apsidal** ( ऑप्-सिड्'-ऑल्) -*adj.* semi-circular. अर्धवृत्ताकार ।

**Apt**-ऑप्ट् - *adj.* appropriate, prompt, suitable, quick. उचित ( ठीक ), योग्य, उद्यत, तत्पर; **Aptitude** ( -इ-ट्यूड् )- *n.* promptness. योग्यता, पात्रता, कौशल ; **Aptly** ( -ली ) -*adv.* in a fit manner. योग्य रूप में ; **Aptness** ( -नेस् ) -*n.* promptness. योग्यता ।

**Aqua**-ऑक्'-वा-*n.* a liquid solution, water. तरल घोल, जल ।

**Aquarium**-ऑ-क्वेअर्'-इ-अम्- *n.* pond in which living aquatic plants or animals are kept. मछलीघर ।

**Aquarius**-ऑ-क्वेअर्'-इ-अस्- *n.* the 11th sign of zodiac. कुम्भ राशि ।

**Aquatic**-ऑ-क्वॉट्'- इक्-*adj.* growing or living in water. जल में उत्पन्न, जल में रहने वाला (जन्तु) ।

**Aqueduct**-ऑक्'-वे-डक्ट्- *n.* an artificial channel. जलमार्ग, नहर ।

**Aqueous**-ए'-क्वे-अस्- *adj.* consisting of or containing water. जलीय,जल संबंधी ।

**Aquiline**-ऑक्'-वि-लिन्- *adj.* eagle-like, hooked. गरुड़वत् , मुड़ा हुआ ।

**Arab**-ऑर्'-ऑब्-*n.* a native of Arabia. अरब देशवासी ।

**Arabian**-ऑ-रे'-बि-ऑन्- *adj.* pertaining to Arabia. अरब देश का ।

**Arabic**-ऑर्'-ऑ-बिक्- *n.* the language of the Arabians. अरब देश की भाषा ; *adj.* अरब देश संबंधी ।

**Arable**-ऑर्'-रॉ-ब्ल्-*adj.* & *n.* land fit for tillage. जोतने बोने योग्य भूमि ।

**Arbiter**-ऑर्'-बि-टर्-*n.* a judge, an umpire. मध्यस्थ ( निर्णय करने वाला ), पञ्च ( प्रमाण पुरुष ) ; **Arbitral** ( -ट्रॉल् ) -*adj.* belonging to arbitration. पञ्चायती ।

**Arbitrary**-ऑर्'-बि-ट्रे-रि- *adj.* not bound by rules, absolute, uncertain. स्वेच्छाचारी, स्वच्छन्द, अविहित ।

**Arbitrate**-ऑर्-बि-ट्रेट्'-*v. t.* to decide as an arbitrator. पञ्चायत् करना ; **Arbitration** ( -ट्रे'-शॉन् ) -*n.* settlement of a dispute by an arbiter. पञ्चायत ; **Arbitrator** ( -ट्रे'-टॉर् )-*n.* ( *fem.* **Arbitratrix**-ट्रिक्स् ) पञ्च ।

**Arbor**-ऑर्'-बॉर् – *n.* a bower of trees. लतागृह, कुञ्ज ; **Arboraceous** ( -बॉर्'-एस्-अस् ) -*adj.* tree-like. कुञ्जवत् ।

**Arboreous**-ऑर्'-बोर्-अस्-**Arboreal** ( -इ-ऑल् ) -*adjs.* pertaining to trees. वृक्ष सम्बन्धी; **Arboretum** (-ए'-टम्) -*n.* a botanical tree garden. वृक्षों का बगीचा ; **Arboriculture** (-इ-कल्ट्-यूर् )-*n.* cultivation of trees. (*esp.* timber trees) वृक्षोंके उपजाने तथा बढ़ाने की विद्या ।

**Arbour**-*n.* same as **Arbor.**

**Arc**-ऑर्क्'-*n.* part of the circumference of a circle or other curve. वृत्तखण्ड,

कमान ।

**Arcade**-ऑर्-केड्'-*n.* row of arches supported on columns. खम्भों पर बने हुए मेहराब ।



Arcade.

**Arcady**-ऑर्क्'-ऍ-डी, **Arcadia** (-ऑर्-केड्'-इ-ऑ) -*n.* rustic paradise. देहाती स्वर्ग ; **Arcadian** (-कें'-डि-ऑन्) -*adj.* ideally rural. आदर्श रूप से ग्रामीण ।

**Arch**-आर्च्'- *n.* a curved structure, a vault. वृत्तखण्ड, मेहराब ; *v. t.* to form into an arch. मण्डल करना, मेहराब बनाना ; -*adj.* pre-eminent, cunning, clever. मुख्य ( प्रधान ), धूर्त, चतुर ।

**Archaeological**, **Archaeologist** – see **Archaeology.**

**Archaeology**-ऑर्-कें-ऑल्'-ऑ-जी- *n.* the study of antiquities. पुराण वस्तु शास्त्र, प्राचीन वस्तुओं की विद्या ; **Archaeological** (-लॉ'-इक्-ऑल्) *adj.* pertaining to antiquities. पुराण वस्तुशास्त्र सम्बन्धी ; **Archaeologist** ( -ओ-जिस्ट् )-*n.* one versed in archaeology. प्राचीन वस्तुशास्त्र वेत्ता ।

**Archaic**-आर्-कें'-इक् - *adj.* primitive, old. प्राचीन, पुराना ; **Archaism** (-इज़्म्) *n.* obsolete expression. प्राचीनता का अनुसरण; **Archaist** (-इस्ट्) -*n.* one who follows archaism. प्राचीनता का अनुसरण करनेवाला ।

**Archangel**-ऑर्क्-एन्'-जेल्- *n.* an angel of the highest order. प्रधान देवदूत ।

**Archbishop**-ऑर्क्-बिश्'- ऑप् - *n.* chief bishop. प्रधान धर्माध्यक्ष ।

**Archenemy**-ऑर्क्-ऍन्'-ऍ-मी- *n.* chief enemy, Satan. प्रधान शत्रु, यम; **Archfiend** ( -फीन्ड् ) -*n.* प्रधान प्रेत ।

**Archer**-ऑर्च्'-अर्-*n.* ( *fem.*-ess ) one who shoots with a bow and arrows. धनुर्धारी, धनुषसे बाण चलानेवाला ; **Archery** ( -ई ) -*n.* the art of shooting with bow and arrows. धनुर्विद्या, धनुर्वेद, बाण विद्या ।

**Archetype**-आर्क्-ऍ - टाइप् - *n.* an original model. मूलरूप, आदर्श ।

**Archipelago** - आर्क्-इ-पॅल्'-ऑ-गो - *n.* a group of islands. टापुओं का समुदाय ।

**Architect** - ऑर्क्'-इ-टॅक्ट्-*n.* one skilled in planning and erecting buildings. शिल्पकार ; **Architectural** ( -यूर्-ऑल् ) *adj.* pertaining to architecture. शिल्पविद्यासम्बन्धी ; **Architecture** ( -टॅक्ट्'-यूर् ) -*n.* the science of the construction of buildings. गृह निर्माण विद्या, घर बनाने की विद्या ।

**Archives** -आर्'-काइव्ज़्- *n.* ( *usu. pl.* ) a place where public records are stored. जिस घर में प्राचीन ग्रन्थ, लेख इत्यादि रक्खे जाते हैं, ग्रन्थरक्षा गृह ।

**Archlike** -आर्च्'-लाइक् - *adj.* built like an arch. मेहराब के सदृश बना हुआ ।

**Archway**-आर्च्'-वे- *n.* passage under an arch. मेहराब के नीचे का मार्ग ।

**Arctic**-आर्क्'-टिक्-*adj.* northern, pertaining to region round the north pole. उत्तरी, उत्तरी ध्रुव सम्बन्धी ।

**Arcuate** (-d) - ऑर्क्'-यू-एट् ( -एँड् ) *adj.* bent as a bow. धनुष के आकार का ।

**Ardent**-ऑर्'-डेन्ट् - *adj.* red-hot, burning, intense, fierce, eager. उत्तप्त, प्रचण्ड, उत्कट, उत्साही; **Ardently** ( -ली ) -*adv.* eagerly. उत्साह सहित ।

**Ardour** - ऑर्'-डर्- *n.* heat, warmth of affection, zeal. उत्कण्ठा,उष्णता, उत्सुकता, व्यग्रता, ( ललक ) ।

**Arduous** - ऑर्ड्'-यू-अस्-*adj.* laborious, energetic, difficult. दुष्कर, दुःसाध्य, कठिन ; **Arduously** ( -ली )-*adv.* laboriously. उत्कण्ठा से, उत्सुकता से ।

**Are**-आर् - the plural of the present tense of the verb *to be.* हैं ।

**Area**-एँअर्'-इ-ऑ-*n.* superficial extent, a level surface, region. क्षेत्रफल, समतल ( चौरस ) भूमि, प्रदेश ।

**Areca** - ऑ-री'-का - *n.* betel-nut palm. सुपारी का वृक्ष ।

**Arefaction**-ऑर्-रि-फ़ॅक्'-शॉन्- *n.* act of drying. सुखाने का कार्य ।

**Arefy**-ऑर्'-रॅ-फाइ-*v. t.* to dry. सुखाना ।

**Arena**-ऑ-री'-ना-*n.* the central part of an amphitheatre, a place of conflict. रङ्गभूमि, मल्लभूमि ( अखाड़ा ) ।

**Arenaceous** - ऑर् - ऍ-ने' - शस् - *adj.* sandy. बालू के समान, बालुकामय ।

**Argent** - ऑर्'-जेन्ट्- *n.* & *adj.* silver,

silvery. चाँदी, चाँदी के रङ्ग का ; **Argentine** ( -जैन्-टाइन् ) *-adj.* silvery, like silver. चाँदी का, रुपैला ।

**Argil**-आर्'-जिल्-*n.* potter's clay, alumina. कुम्हार की मिट्टी, अलूमिना।

**Argle-bargle** - ऑर्'-गल्-बॉर्'- गल्- *n.* a furious debate. मुहाचाँहीं।

**Arguable**-*adj.* see **Argue.**

**Argue**-ऑर्'-ग्यू-*v. t.* & *i.* to prove, to discuss, to maintain by reasons. सिद्ध करना, विवाद करना, तर्क से सिद्ध करना ; **Arguable** ( -ऑ-बल् )-*adj.* विवाद योग्य ; **Arguer** ( -अर् ) -*n.* one who argues. ( वादी ) शास्त्रार्थ करनेवाला; **Argufy** (-फ़ाइ) -*v. t.* to argue without reason. प्रमाण न रहते हुए विवाद करना ।

**Arguing**-आर्'-ग्यु-इङ्- *n.*reasoning. तर्क ।

**Argument** - ऑर्'-ग्यू-मॅन्ट्- *n.* reasoning, debate. तर्क वितर्क, शास्त्रार्थ; **Argumentation** (-मॅन्-टे'-शॉन् )-*n.* act of reasoning. तर्क, विवाद ; **Argumentative** ( -मॅन्ट्' - ए-टिव् ) -*adj.* consisting of argument. विवाद पूर्ण ; **Argumentatively** ( -ऑ-टिव्'-ली )-*adv.* तर्क से ।

**Argute** - ऑर् - ग्यूट्'-*adj.* sharp, shrill. तीखा, कर्कश ( शब्द ) ।

**Arid**-ऑर्-रिड्- *adj.* parched with heat. गरमी से सूखा हुआ ; **Arid soil** ( barren ground. ) मरुस्थल, मरुभूमि ।

**Aries**-ऑर्'-इ-ईज़्-*n.* the Ram. वृष राशि ।

**Aright**-ऑ-राइट्'- *adv.* rightly, without mistake. उचित रीति से, ठीक ।

**Arise**-ऑ-राइज़्'-*v. t.* ( *p.t.* **Arose.** *p. p.* **Arisen.** ) to get up, to result, to come to notice. उठना ( उदय होना ), जागना, परिणाम होना, प्रत्यक्ष होना ।

**Arista**-ऑ-रिस्'-टॅ- *n.* the beard of certain grains. अन्न या घास की बाल ; **Aristate** (-टेट् )-*adj.* bearded. बालवाला ।

**Aristocracy**-ऑर्-इस-टॉक्'-रॅ-सी- *n.* government by nobles, nobles in a state. शिष्टजन सत्ता राज्य, शिष्टजन ।

**Aristocrat**-ऑ-रिस्'-टो-क्रॅट् - *n.* one of good birth. शिष्ट मनुष्य, रईस ; **Aristocratic** (-क्रॅट्' - इक् )-*adj.* grand, of eminent style. कुलीन, ठाटबाटी ।

**Aristophanic**-आर्'-इस्'-टो-फॅन्'-इक्- *adj.* witty, shrewd. हँसमुख, चतुर ।

**Arithmetic**-ऑ-रिथ्'-मॅ-टिक्-*n.* the science of numbers. अङ्कविद्या, अङ्क गणित ; **Arithmetical** ( -मॅट्'-इक्-ऑल् )-*adj.* अङ्क सम्बन्धी ; **Arithmetically** ( ऑल्- ली ) *adv.* अङ्कगणित की रीति से ; **Arithmetician** (-टिश्'-ऑन् ) -*n.* अङ्कगणित में निपुण, गणितज्ञ ; **Arithmometer** ( -मॉम्-ए-टर् ) *n.* a kind of computing machine. गणित करने का एक प्रकार का यन्त्र ।

**Ark**-ऑर्क्- *n.* a chest, a box, a large boat. तिजोरी, बक्स, बड़ी नाव ।

**Arm**-आर्म्- *n.* ( *pl.* **Arms** ) the upper limb of man from shoulder to hand, branch, power. बाहु ( भुजा ), शाखा, शक्ति; -*v. t.* & *i.* to furnish with arms, to take arms. शस्त्रों से सज्जित करना, शस्त्र उठाना ; **Arm-chair.** बाँहदार कुर्सी ; **Arm in arm** ( with arms interlinked. ) हाथ में हाथ दिये ; **Armpit** ( hollow under shoulder. ) बगल, कोख; **Fore arm** (front part of arm.) अग्रबाहु; **Infant in arms** ( baby unable to walk. ) गोदी का बच्चा ; **To keep at arm's length** ( to avoid familiarity. ) अति परिचय न करना, दूर दूर रहना; **With open arms** (cordially.) अनुराग पूर्वक ।

**Armament** - ऑर्म्'-ऑ-मॅन्ट् - *n.* force, military equipment. शक्ति, बल, युद्ध करने की सामग्री ।

**Armature**-आर्म्'-ऑ-ट्यूर्- *n.* a defensive covering, an important portion of a dynamo. रक्षा सामग्री, बिजली पैदा करनेवाले यन्त्र का एक प्रधान भाग ।

**Armistice** - ऑर्'-मिस्-टिस् - *n.* a short truce. युद्ध निवृत्ति,कुछ काल के लिये सधि ।

**Armless**- आर्म्'-लॅस्- *adj.* destitute of arms. शस्त्र ( युद्ध सामग्री से ) रहित ।

**Armlet**-ऑर्म्'-लॅट्-*n.* an ornament worn round the arm, a small inlet of sea. जोसन ( बाजूबन्द ), समुद्र की शाखा ।

**Armorial**-आर्-मो'-रि-ऑल्-*adj.* pertaining to armour. कवच सम्बन्धी ।

**Armour**-ऑर्म्'-अर्-*n.* a defensive covering worn in fighting. कवच, तनुत्राण ; *v. t.* to furnish with armour. कवच से सुसज्जित करना ; **Armour bearer** ( one who carries the armour of another. ) दूसरे का कवच ले जानेवाला ; **Armourer** ( -अर् ) *n.* maker of arms or armour.

शस्त्रकार, शस्त्र बनानेवाला ; Armoury (-ई) *n.* arsenal. शस्त्रशाला, हथियार घर ; Armour clad ( furnished with armour. ) कवच पहिरे हुए ; Armour for the head ( helmet. ) शिरस्त्राण ।

**Arms**-आर्म्ज़्- *n. pl.* weapons. शस्त्र, हथियार; Coat of arms ( heraldic devices. ) युद्ध चिह्न ; Fire arms ( those requiring explosives. ) बारूद वाले अस्त्र ; Under arms ( in battle array. ) युद्ध के सजधज में।

**Army**-आर्'-मी- *n.* ( *pl.* Armies. ) a large body of men armed for war, a host. सैन्य, सेना ( दलबल ) ।

**Aroma**-ओ-रो'-मॉ- *n.* sweet smell, fragrance, odour. मधुर गन्ध, सुगन्ध; Aromatic (-ऑर्-ओ-मॅट्'-इक्)-*adj.* fragrant. सुगन्धित; Aromatize (-टाइज़्) -*v. t.* to impregnate with aroma. सुवासित ( सुगन्ध युक्त ) करना ।

**Arose**-ऑ-रोज़'- *p. t.* of Arise.

**Around**-ऑ-राउन्ड्'-*prep.* & *adv.* in every direction, about, along, near. चारो ओर, प्रायः, आगे, समीप ।

**Arouse**-ऑ-राउज़्'-*v. t.* to awaken, to stir up, to excite. जागृत करना (जगाना), उत्तेजित करना ( भड़काना ) ।

**Arow**-ऑ-रो'- *adv.* in a row. पंक्ति में ।

**A.R.P.** ( Air Raid Precaution. ) हवाई हमले से हिफ़ाजत ( रक्षा )

**Arraign**-ऑर्-रेन्'- *v. t.* to accuse, to find fault with, to impeach. अपराधी ठहराना, दोष लगाना ( कलङ्क लगाना ) Arraignment ( -मेंन्ट् ) -*n.* अपराध ।

**Arrange**-ऑर्-रेंअन्ज्'- *v. t.* to put in order, to settle, to give instructions. क्रममें रखना ( प्रबन्ध करना, ठीक करना ), स्थिर करना, आज्ञा देना ।

**Arrangement**-ऑर्-रेंअन्ज्-मेन्ट् -*n.* settlement, adjustment, classification. ठीक-ठीक, प्रबन्ध, क्रम से स्थापन ( रचना ) ।

**Arrant**-ऑर्'-रॅन्ट् - *adj.* notorious, downright. अति दुष्ट, अत्यन्त ( निपट ); Arrantly ( -ली )-*adv.* notoriously, infamously. दुष्टता से, अप्रसिद्धि से ।

**Arras** - ऑर्' -रॅस - *n.* tapestry, a hanging screen. लटकता हुआ परदा ।

**Array**-ऑर्-रे'- *v. t.* & *i.* to adorn, to put in order, to dress oneself. अलंकृत करना, क्रम से रखना, सजाना, सजना -*n.* a military force, imposing range of persons. व्यूह रचना, सजधज ।

**Arrear**-ऑर्-रि'-अर्- *n.* outstanding or unpaid debts. ऋणशेष, बकाया ; Arrearage (-रिअर्'-एज्)-*n.* unpaid debts. बिना चुकाया हुआ ऋण, बकाया ।

**Arrect** - ऑर्-रेक्ट्' - *adj.* with ears erect, alert. कान खड़ा किया हुआ, सचेत ।

**Arrest**-ऑर्-रेस्ट्'- *v. t.* to stop, to seize by legal authority, to catch attention of. रोकना, गिरफ्तार करना, अनन्यचित्त होना; -*n.* check, hindrance, imprisonment. रोक, गिरफ्तारी;Arrester (-अर्) -*n.* गिरफ्तार करने वाला ।

**Arride**-ऑर्-आइड्'-*v. i.* to laugh scornfully at a person, to gratify. किसी की हँसी उड़ाना, संतुष्ट करना।

**Arris**-ऑर्'-इस्- *n.* a sharp edge formed by two planes. तीखा कोना ।

**Arrival**-ऑर्-राइव्'-ऑल् - *n.* act of coming to a destination, appearance. आगमन ( पहुँच ), उपस्थिति ।

**Arrive**-ऑर्-राइव्'- *v. i.* to come to destination, to reach a place, to come about. पहुंचना, आ जाना, पा लेना ।

**Arrogance**-ऑर्'-रो-गॅन्स् -*n.* presumption, haughtiness. गर्व, ( अभिमान ), उद्दण्डता ( मद ) ।

**Arrogant** - ऑर्-रो'-गॅन्ट्- *adj.* full of assumption. अहंकार युक्त, हठी ; Arrogantly (-ली)-*adv.* haughtily. उद्दण्डता से।

**Arrogate**-ऑर्'रो-गेट्- *v. i.* to claim a thing unduly. किसी की वस्तु अन्याय से ग्रहण करना ; Arrogation ( -गे'-शॉन् ) *n.* undue claim. अन्याय पूर्वक ग्रहण ।

**Arrow**-ऑर्'-रो-*n.* a pointed stick shot from a bow. बाण, तीर ; Arrowroot (a nutritious plant.) आरारूट; Arrowy (-ई ) -*adj.* formed or moving like an arrow. बाणवत्, बाणाकार ।

**Arse**-आर्स्'-*n.* buttocks or hind part of man. चूतर, कटिपश्चात् भाग ।

**Arsenal**-ऑर्'- सॅन्-ऑल्- *n.* a place where weapons of war are prepared or stored. शस्त्रगृह, हथियार घर ।

**Arsenic**-ऑर्-सॅन्' - इक्- *n.* a semi-metallic violent poison. संखिया, विष ; Arsenical (-ऑल् ), Arsenious ( -सी'-

नि-अस् )-*adjs.* विषमय, विषयुक्त ।

**Arson**-ऑर्-सॉन्- *n.* wilfully burning a house. जान बूझकर किसी के घर में आग लगाना ( घर जलाने का अपराध ) ।

**Art**-ऑइट्- the second person singular present tense, indicative mood of the verb *to be.* था ।

**Art**-ऑइट्- *n.* skill, practical knowledge of a subject. कौशल ( चातुरी ), शिल्प, कला; **Arts** - आर्टस्-*n. pl.* branches of learning. विद्या के भेद ; **Black art** ( magic, jugglery. ) जादूगरी ।

**Arterial**-ऑर्-टिअर्'-इ-ऑल्- *adj* pertaining to an artery. धमनी सम्बन्धी; **Arterialize** ( -ऑल्-आइज् )-*v. t.* to convert venous blood into arterial blood, शिरा के रक्त को धमनी के रक्त में बदलना ।

**Arteriotomy**-ऑर्-टिअर्-इ-ऑट्'-ऑ-मि- *n.* the opening or dissection of an artery. धमनी को काटने की क्रिया ।

**Artery** - ऑर्'-टर्-ई - *n.* the tube which carries pure blood from the heart to the various parts of the body. धमनी, रक्तवाहिनी नलिका ।

**Artful**-ऑइट्'-फुल्-*adj.* crafty. चतुर, धूर्त **Artfully** ( -ली )-*adv.* craftily. धूर्तता से ; **Artless** ( लेस् )-*adj.* simple, sincere. सरल, अकृत्रिम ; **Artlessness** (-लेस्-नेस् )-*n.* simplicity. सरलता ।

**Arthritis**- आर्-थ्राइ'-टिस्-*n.* gout, inflammation of joints. जोड़ो का सूजन ।

**Artichoke**-ऑर्'-टि-चोक् - *n.* a kind of edible plant. चोकन्दर, हाथी चक ।

**Article**-ऑर्'-टि-कुल्- *n.* a separate substance, separate clause, literary composition. वस्तु (सामग्री, विषय), भाग(धारा), साहित्यिक लेख ; -*v t.* to set forth in articles. विषय में निर्धारित करना ; **Definite article.** यथा-*the.* ; **Indefinite article.** यथा *a*, *an.* ; **Leading article** ( expressing editorial opinion in a newspaper. ) समाचार पत्र का अग्र लेख ।

**Articular**-ऑर्-टिक्'-यु-लॉर् - *adj.* belonging to joints. जोड़ ( ग्रन्थि ) सम्बन्धी ।

**Articulate**-ऑर्-टिक्'-यु-लेट्-*adj.* distinct, jointed, clear. स्पष्ट, जुड़ा हुआ, व्यक्त ; *v. t.* to mark with joints, to utter clearly. संयुक्त करना, स्पष्ट उच्चारण करना; **Articulateness** (-नेस् )-*n.* distinctness, clearness. व्यक्तता, स्पष्टता ।

**Articulation** -ऑर् - टिक्' - यु- ले'-शन्- *n.* clear utterance, joining of bones. स्पष्ट उच्चारण, हड्डियों का जोड़ ।

**Artifice**-ऑइट्'-इ-फिस्-*n.* crafty contrivance, skill, device, fraud. धूर्तता, चालाकी, साधन, छल ; **Artificer** (-टिफ्'-इ-सर् )-*n.* a skilled workman, a mechanic. कारीगर, शिल्पी, शिल्पकार ।

**Artificial**-ऑइट्-इ-फिश्'-ऑल्-*adj.* made by art, not natural, not real. शिल्प-निर्मित, कृत्रिम, बनावटी ( झूठा ); **Artificiality** ( -ऑल्'-इ-टी ), **Artificialness** ( -नेस् )-*ns.* कृत्रिमता, बनावट ; **Artificially** ( -ली ) -*adv.* कृत्रिम रूप से; **Artificialized** (-आइज़ड्)-*adj.* made artificial. कृत्रिम, बनावटी किया हुआ ।

**Artillery**-ऑइ-टिल्'-लॅ-री-*n* machines for discharging missiles, part of army which manages these. अस्त्रयन्त्र (युद्धास्त्र) तोप इत्यादि चलानेवाले लोग ।

**Artisan**-आइट्'-इ-ज़ेन् -*n* a handicraft man, one skilled in mechanics. शिल्पी, शिल्पकार, कारीगर ।

**Artist**-ऑइट्'इस्ट्-*n.* one who practises any fine art. ललित कला में निपुण ।

**Artistic**-ऑइ-टिस्ट्'-इक्- *adj.* pertaining to an artist or art. निपुणता का, (सुन्दर) कारीगरी का ; **Artistically** ( -ऑल्-लि ) *adv.* कला से, कारीगरी से ।

**Artless**-आइट्'-लेस्-*adj.* without stratagem, sincere. निष्कपट, सच्चा ।

**Arts**-आइट्स्-*n. pl* occupations requiring skill and ingenuity. कला, शिल्प ; **Fine Arts.** ललित कला ।

**Aryan**-आर्'-यॅन् -*adj.* & *n.* belonging to Indo European family or languages. आर्य वंश या भाषा सम्बन्धी, आर्य ।

**As**-ऑज़्- *adv.* like to, when, for example, in the manner in which. समान, जब, यथा, प्रकार से; *conj.* since. तब से ; *pron.* that, वह; **As for** ( with respect to. ) विषय में ; **As if** ( as it would be if. ) मानो; **As to, As though** ( as if. ) मानो; **As well as** (equally with. भी; **As yet** ( even now. ) अब भी, इस समय भी ।

**Asafoetida** - ऑस्-ऑ-फ़ॅ'ट्'-इड्-ॅॉ-*n.* a

kind of resinous gum. हींग।

**Asbestine** - *adj.* see **Asbestos.**

**Asbestos**-ऑस्-बेस्'-टॉस् - *n.* an incombustible fibrous mineral. न जलने वाला एक तन्तुमय धातु ; **Asbestine** ( -टिन् ) *adj.* pertaining to asbestos. ऑसबेस्-टॉस् सम्बन्धी।

**Ascend**-ऑस्-सेन्ड्'- *v. i.* & *t.* to rise, to mount, to go back, to go up, to climb. बढ़ना, चढ़ना, पीछे जाना, ऊपर जाना, चढना ; **To ascend a throne** ( to mount a throne. ) राज्यसिंहासन पर बैठना ; **Ascendancy** ( -ency-ऑन्-सी )-*n.* control, sway, superior influence. प्रभुत्व, प्रधानता ; **Ascendant** ( -ent -ऑन्ट् )-*adj.* rising, predominant. प्रधान, प्रबल।

**Ascension**-ऑस्-सेन्'-शॉन्- *n.* act of ascending. उद्गम, अधिरोहण; **Ascensive** (-सेन्'-सिव् ) -*adj.* rising, improving. उठनेवाला, उन्नति करने वाला।

**Ascent**-ऑस्-सेन्ट्'- *n.* movement upward, rise. चढ़ाव ( चढ़ाई ), उद्गम।

**Ascertain**-ऑस्-सर्-टेन्'- *v. t.* to determine, to find out accurately. निश्चय करना ( जाँचना ), पता लगाना ; **Ascertainable** ( -ऑ-बल् )-*adj.* जाँचने योग्य ; **Ascertainment** ( -मेन्ट् ) -*n.* finding out. अन्वेषण, जाँच पड़ताल।

**Ascetic**-ऑस्-सेट्'-इक्- *n.* one who leads a retired life, a recluse. तपस्वी (जोगी), सन्यासी ; **Asceticism** ( -इ-सिज़्म् )-*n.* the practice of an ascetic, austerity. सन्यास, वैराग्य।

**Ascribable** - ऑस्-क्राइब्'-ऑ - बल् - *adj.* attributable. कारण बतलाने योग्य।

**Ascribe**-ऑस्-क्राइब्'- *v. t.* to attribute, to assign or impute. कारण या सम्बन्ध बतलाना, आरोपण करना।

**Aseptic**-ऑ-सेप्'-टिक्- *adj.* free from putrefaction. जो सड़ने योग्य न हो

**Ash**-ऑश्- *n.* residue of combustion, a forest tree. राख, एक प्रकार का अखरोट की तरह का जंगली वृक्ष ; **Ash tray** (receptacle for tobacco-ash. ) सिगरेट की राख रखने का पात्र।

**Ashamed**-ऑ-शेम्ड्'-*adj.* affected with shame. लज्जित, संकुचित।

**Ashen**-ऑश्'-ऍन्-**Ashy** (-ई) -*adjs.* pale, ash coloured. धूसर, पीला।

**Ashes**-ऑश्'-ऍज़्- *n. pl.* the powder left after combustion. भस्म, राख।

**Ashore**-ऑ-शोर्' - *adv.* to or on shore. तट पर, तीर पर, किनारे पर।

**Ashy**-ऑश्'-ई-*adj.* see **Ashen.**

**Asiatic**- ऍ-शि-ऑट्'-इक्- *adj.* pertaining to Asia. एशिया संबंधी।

**Aside**-ऑ-साइड्'- *adv.* on one side, away. अलग एक ओर; -*n.* words spoken aside by an actor. नाटक में पात्र की स्वगत उक्ति ; **To speak aside** ( to speak privately. ) एकान्तमें कहना।

**Asinine**-ऑस्'-इन्-आइन्- *adj.* pertaining to asses, foolish. गदहे का, मूर्ख।

**Ask**-आस्क्- *v. t.* to enquire, to make a request, to invite, to demand. पूछना, प्रार्थना करना, निमन्त्रण करना, माँगना ; **Asking** (-इङ)-*n.* request, solicitation. प्रार्थना, याचना।

**Askance**-ऑस्'-कॉन्स् - *adv.* sideways, asquint, indirectly. तिरछी दृष्टि से, कन-खिया कर, कुटिल रीति से।

**Askew**-ऑ-स्क्यू' -*adv.* in an oblique way. तिरछी दृष्टि ( कटाक्ष से )।

**Aslant**-ऑ-स्लॉन्ट्' - *adv.* obliquely, on the slant. तिरछी दृष्टि ( नजर ) से।

**Asleep**-ऑ-स्लीप्'-*adv.* in a state of sleep. निद्रित, निद्रा में, सोते हुए।

**Aslope**-ऑ-स्लोप्'-*adv.* in a sloping attitude. ढालुआ की तरह से।

**Asp**-ऑस्प्-*n.* a kind of poplar tree, a small hooded poisonous serpent. एक वृक्ष जिसकी पत्तियाँ बराबर हिला करती हैं, फनवाला छोटा साँप ( नागिन )।

**Aspect**-ऑस्'-पेक्ट्- *n.* look, way of looking, view, appearance. रूप ( आकार ), छवि, भाव, आकृति।

**Aspen**-ऑस्'-पेन्- *n.* & *adj.* a kind of poplar tree whose leaves always tremble. एक प्रकार का वृक्ष जिसकी पत्तियाँ सर्वदा हिलती रहती हैं, ऐसे वृक्ष का।

**Asperate**-ऑस्'-पर्-ऍट् - *v. t.* to make rough. रूखा करना ; **Asperation** ( -ए'-शॉन् )-*n.* रूखा करना या होना।

**Asperity**-ऑस् - पेरि-इ - टी- *n.* roughness, harshness, sharpness, sourness. रूक्षता,

तीव्रता, तीक्ष्णता, तीखापन ।

**Asperse**–ऍस्-पर्स'– *v. t.* to defame, to calumniate. निन्दा करना, कलङ्क लगाना ।

**Aspersion** ऍस्-पर्'-शॉन् - *n.* a slander. कलङ्क ( अपवाद ), निन्दा

**Asphalt**–ऍस्'–फॉल्ट्– *n.* a mixture of coal-tar and sand. अलकतरा और बालू मिला हुआ मसाला ; -*v. t.* to pave with this. सड़क पर असफ़ाल्त् बिछाना ।

**Asphodel**–ऍस्'-फ़ो-डेल् – *n.* a kind of lily. एक प्रकार की कुमुदिनी ।

**Asphyxia** – ऍस्-फिक्स्'-इ-ऑ– *n.* suffo-cation, collapse. दम घुटना ।

**Aspirant**–ऑस्-पायर्'-ऑन्ट्– *n.* one who aspires, a candidate. आकांक्षी, उम्मेदवार; *adj.* उमङ्गी, इच्छा करनेवाला ।

**Aspirate**–ऍस्'-पि-रेट्– *v. t.* to pronounce with one breath, to exhale. एक श्वास से उच्चारण करना, सांस खींच कर हवा निकालना ;–*adj.* pronounced with one breathing. एक श्वास में उच्चारित ।

**Aspiration** – ऍस्-पि-रे'-शॉन्– *n.* desire, drawing of breath, aspirated sound. लालसा ( अभिलाषा ), श्वास खींचना ।

**Aspirator**–ऑस्-पि-रे'- टॉर् – *n.* an in-strument for sucking air &c. in the lungs. वायु इत्यादि चूसने का यन्त्र ।

**Aspire**–ऑस्-पायर्'– *v. t.* to desire ear-nestly. उत्कट इच्छा करना ; **Aspiring** (-इङ्ग् )–*adj.* ambitious. उत्सुक ।

**Aspirin**–ऍस्'-पिर्-इन्– *n.* a medicine for alleviating pain. एक पीड़ाहर औषधि ।

**Aspiring**–ऑस्-पायर्'-इङ्– *adj.* ambitious. उत्साही ।

**Asquint** – ऑस् - क्विन्ट्' – *adv.* looking obliquely. कटाक्षसे देखते हुए ।

**Ass**–ऍस्– *n.* a domestic quadruped, a stupid person. गर्दभ, गदहा ( रासभ ), मूर्ख मनुष्य ।

**Assail** – ऑस् - सेल्' – *v. t.* to make a violent attack. आक्रमण करना, चढ़ाई करना ; **Assailable** ( -ऑ-बल् )–*adj.* able to be attacked. आक्रमण करने योग्य ; **Assailant** ( -ऑन्ट ) –*n.* & *adj.* one who assails, attacking. आक्रमण करने वाला, आक्रमण सम्बंधी ।

**Assassin** – ऑस्-सॅस्'-सिन्– *n.* one who kills treacherously. घातक, हत्यारा ; **Assassinate** (-एट्')–*n. t.* to kill treach-erously. छिप कर हत्या करना,(मार डालना) **Assassination** ( -ए'-शॉन् )– *n.* treach-erously killing. हत्या, वध ; **Assassin-ator** (-एट्'-ऑर् )-*n.* an assassin. हत्यारा, घातक, हत्या करनेवाला ।

**Assault**–ऑस्'-सॉल्ट्– *n.* a hostile attack. a rush against.चढ़ाई,धावा ; *v.t.*to assail, to make a violent attack.आक्रमण करना **Assaulter** (-अर् )–*n.* आक्रमण करने वाला ।

**Assay**–ऑस्-से'–*v. t.* to try the purity of precious metals, to attempt. बहु मूल्य धातुओं की स्वच्छता की परीक्षा करना, प्रयत्न करना; *n.* examination. जाँच, परख; **Assayer** (-अर् ) परख करने वाला; **Assay-ing** ( -इङ्ग् )-*n.* परख करने की क्रिया ।

**Assemblage** – *n.* see–Assemble.

**Assemble** – ऑस्-सेम्'-बल् – *v. t.* & *i.* to gather together, to collect, to come together. इकट्ठा करना, एकत्रित करना, इकट्ठा होना ; **Assemblage** ( -ब्लेज् )–*n.* a concourse of persons, a collection. जनसमूह, सभा, जन समुदाय ।

**Assembly**– ऑस्-सेम्-ब्ली– *n.* (*pl.*-ies.) a gathering, a meeting, a council. समाज, मण्डली, सभा ; **Assembly room.** ( council chamber. ) सभा भवन ।

**Assent** – ऑस् - सेन्ट्' – *v. t.* to express agreement, to concur. स्वीकार करना, मान लेना ;–*n.* the act of agreeing, or admitting, sanction. सम्मति ( अनुमति अनुमोदन ), अंगीकार ।

**Assentation** – ऑस् - सेन्ट - ए'-शॉन् – *n.* compliance. स्वीकृति, अनुमति ।

**Assentient** – ऑस्-सेन्'-शॅ- ऍन्ट् – *n.* one who assents. स्वीकार करने वाला ।

**Assert**–ऑस्-सर्ट्' – *v. t.* to affirm, to declare. दृढ़ता पूर्वक स्वीकार करना, स्थापित करना ; **Assertable** ( -ऑ-बल् )–*adj.* able to be affirmed. स्वीकार करने योग्य

**Assertion** – ऑस-सर्'-शॉन् – *n.* positive declaration, affirmation. दृढ़ प्रतिज्ञा, निश्चित वाक्य ।

**Assertive**—ऑस्-सर्ट्'-इव्-*adj.* affirming स्वीकृति वाला ; **Assertively** ( -इव्-ली ) *adv.* positively.स्वीकृति से ।

**Assertor**-ऑस्-सर्ट्'-ऑर्– *n.* a champion,

one who asserts. योद्धा, स्वीकार करने वाला ; Assertory ( -री ) *-adj.* affirming. स्वीकार करनेवाला ।

**Assess**-ऑस्-सैस्'– *v. t.* to fix the amount of tax, to estimate value of property &c. कर निर्धारित करना (ऑकना, कूतना ), मूल्य स्थिर करना ; **Assessable** ( -ऑ-बल् )*-adj.* कर निर्धारित करन योग्य ; **Assessment** ( -मैन्ट् )*-n.* valuation. कर निर्धारण, कर लगाने का कार्य ; **Assessor** ( -ऑर् )*-n* one who sits as an adviser to a judge, one who estimates taxes. न्यायाधीश का सहायक, कर निर्धारित या निश्चित करनेवाला पच ।

**Assets** – ऑस्'-सैट्स्– *n. pl.* property of a person sufficient to pay off all legal claims, estate of a deceased person, the property of an insolvent debtor. पूंजी ( ऋण चुकाने योग्य सम्पत्ति ), मृतक अथवा दिवालिये की सम्पत्ति ।

**Asseverate** – ऑस्-सैव्'-अर्-एट्' – *v. t.* to declare solemnly or positively. शपथ पूर्वक (प्रतिज्ञा सहित) कहना ; **Asseveration** (-ए'-शॉन् )*-n.* solemn affirmation. दृढ वचन, शपथ पूर्वक वचन ।

**Assibilate** – ऑस् - सिब्'-इ-लेट्' – *v. t.* to utter a hissing sound, to make sibilant. सीत्कार ( सुसकार ) सहित बोलना ।

**Assiduity** – ऑस्-सि-ड्यू'-इ-टी – *n.* close attention. उद्योग, तत्परता ।

***Assiduous***-ऑस्-सिड्'-यु-अस् – *adj.* persevering, diligent. तत्पर, परिश्रमी ; **Assiduously** ( -ली ) *-adv.* diligently, attentively. परिश्रम से, तत्परता से ।

**Assign**-ऑस्-साइन्'– *v. t.* to ascribe, to fix, to specify, to refer, to allot, to apportion. निरूपण करना, स्थिर करना, निर्दिष्ट करना, हिस्सा करना, बाँटना ; *-n.* one to whom a property is transferred. वह जिसको सम्पत्ति दी गई हो ; ***Assignable*** ( -ऑ-बल्) *-adj.* निर्दिष्ट करने योग्य ; **Assignation** ( -सिग्-नें'-शॉन् ) *n.* समर्पण, नियुक्ति ; **Assignee** ( -ई ) *-n.* one who is appointed to act for another. प्रतिपुरुष, जिसको कोई कार्य सौंपा गया हो ; **Assignment** ( -मैन्ट् ) – *n.* allotment, attribution. समर्पण (जमोग) ; **Assignor** (-अर् )*-n.* निरूपण करने वाला ।

**Assimilate** – ऑ - सिम्'-इ-लेट्' – *v. t.* to make like to, to compare with, to absorb into the system. सदृश करना, तुलना करना, पचाना ( परिपाक करना ) ; *v. i.* to be absorbed. एकीभूत होना, पचना ; **Assimilation** ( -लें'-शॉन् )*-n.* समीकरण, परिपाक, परिणाम ; **Assimilative** ( -इव् ) *-adj.* परिपाक के योग्य , **Assimilator** (-टॉर् )*-n.* परिपाक करनेवाला ।

**Assist**-ऑ-सिस्ट्'- *v. t.* & *i.* to support, to help, to take part in. सहायक होना, सहायता करना, सहारा देना; *adj.* helping. उपकारी. सहायक ; **Assistance** (-ऑन्स् ) *n.* help, aid, support. सहायता, सहारा ; **Assistant** ( -ऑन्ट ) *-n* a helper. उपकारी, सहायक ; **Assistless** ( -लैस् )*-adj.* without help. असहाय ।

**Assize**-ऑस्'-साइज़- *n.* ( **Assizes**-ऐज़्-*p* .) a court of justice.न्यायालय,कचहरी; *v. t.* to fix price of commodities. मूल्य निरूपण करना ; **Assizer** (-अर् )*-n* one who assizes, or fixes price. मूल्य निरूपण या निर्धारित करने वाला ।

**Associable**-ऑस्-सो-शि'-ऑ-बल्- *adj.* sociable. मेल करने योग्य , **Associableness** (-नैस् )*-n.* मेलजोल ।

**Associate**-ऑस्-सो'-शि-एट्- *v. t.* & *i.* to join, to unite with, to have intercourse with. संयुक्त करना, मिलाना, सङ्ग करना (समागम होना) ; *-adj.* & *n.* clearly connected with, partner, companion. सङ्गी,मेली; **Associator** ( -ए'-टॉर् ) *n.* सत्सङ्ग करने वाला ।

**Association**-ऑस्-सो-सि-ए'-शॉन्- *n.* company, fellowship, union. सङ्गम ( समागम ), मण्डली ( सभा, परिषद् ) ।

**Assoil**-ऑस्-सॉयल्'– *v. t.* to free from guilt or sin, to forgive. पाप से मुक्त करना, क्षमा करना ।

**Assonance**-ऑस्'-सो-नॅन्स्-*n.* the resemblance of sounds. स्वरों की एकता ; **Assonant** ( -नॉन्ट )*-adj.* resembling in sound. स्वर की एकता का ।

**Assort**-ऑस्-सॉर्ट्'*-v. t.* & *i.* to arrange into groups, to agree. यथाक्रम करना (अलगाना), एकमत होना ।

**Assorted**-ऑस्-सॉर्ट्'-एड्*-adj.* separated. अलगाया हुआ ; **Assortment** ( -मैन्ट् )*-n.* arrangement. पृथक्करण, क्रम ।

**Assuage**-ऑस्-स्वेज्'– *v. t.* to calm, to

soothe, to appease. शमन करना, शान्त करना, ठण्ढा कर देना ; **Assuagement** ( -मैंन्ट ) -*n.* mitigation. शान्ति ।

**Assume**-ऑस्-स्यूम्'-*v. t.* to take for granted, to undertake, to simulate, to adopt, to take upon oneself. कल्पना करना, सच मान लेना, ग्रहण करना, अपने ऊपर भार लेना, **Assumed** (-ड्) *adj.* granted. स्वीकृत; **Assuming** ( -इङ् ) *adj.* arrogant. धृष्ट, ढीठ ।

**Assumption**-ऑस्-सम्प्'-शॉन् - *n.* a supposition. कल्पना, मानी हुई बात ; **Assumptive** (-टिव् )-*adj.* स्वीकृत, माना हुआ ।

**Assurance**-ऑ-शूर्'-ऑन्स्- *n.* surety, positive declaration, certainty, self-confidence, insurance. विश्वास, दृढ़ता, निश्चय, आत्मविश्वास, बीमा ; **Assurant** (-ऑन्ट्)-*n.* जान बीमा करने वाला ।

**Assure**-ऑ-शूर्'- *v. t.* to make safe or certain, to make confident, to insure. प्रतीति या विश्वास कराना, निश्चय करना, बीमा करना ; **Assurable** (-ऑ-बुल् ) -*adj.* विश्वास योग्य, **Assured** (-ड्)-*adj.* निश्चित; **Assurer** ( -अर् )-*n.* बीमा करने वाला ; **Assuredly** ( -ऍड्-ली ) -*adv.* certainly. दृढ़ निश्चय से; **Assuredness** ( -श्यूड्इ'-नॅस् ) -*n.* certainly. दृढ़ निश्चय ।

**Assurgent**-ऑस्-सर्'- जॅन्ट् - *adj.* rising obliquely. तिरछा उगने वाला ।

**Astatic**-ऑ-स्टॅट्'-इक्- *adj.* not keeping one fixed position. अस्थिर ।

**Aster**-ऑस्'-टर्- *n* a genus of composite plants with beautiful flowers. गेंदे के प्रकार का कई रङ्ग के फूल का पौधा ।

**Asterisk**-ऑस्'-टर्-इस्क्- *n.* the mark of a star used in printing. तारा का चिह्न ( * ) जो छापने मे प्रयोग होता है ।

**Asterism**-ऑस्'-टर्-इज़्म्- *n.* a cluster of three stars. तीन तारों का चिह्न ⁂

**Astern**-ऑ-स्टर्न्'- *adv.* towards the hinder part of a ship, behind. नौका के के पीछे के भाग में, पीछे की ओर ।

**Asteroid** - ऑस्'-टर्-ऑएड् - *adj.* & *n.* of the form of a star. तारे के आकार का ।

**Asthenia**-ऑस्-थॅन्'-इ-ऑ-*n.* lack of power or strength, debility. शक्तिहीनता ।

**Asthma**-ऑस्' (-थ् ) मॉ- *n.* a disease of lungs accompanied with cough and difficult breathing. श्वास, श्वास रोग, दमा ; **Asthmatic** ( -मॅट्'-इक् ) -*adj.* pertaining to asthma. श्वासरोग सम्बन्धी

**Astigmatic**- *adj.* see **Astigmatism.**

**Astigmatism**-ऑ- स्टिग्'-मॉ - टिज़म् - *n.* a defect in the lens of the eye. आँख के ताल का रोग जिसमें कोई पदार्थ ऊपर नीचे को अथवा अगल बगल एकसाँ स्पष्ट नहीं देख पड़ता ; **Astigmatic** ( -मॅट्'-इक् ) -*adj.* affected by astigmatism. आँख के इस प्रकार रोग के सम्बन्धी

**Astir**-ऑ-स्टर्'-*adv.* in motion, in excitement. गति में, उत्तेजना में ।

**Astonish**-ऑस्-टॉन्'-इश्- *v. t.* to amaze, to surprise. विस्मित करना, चकित करना ; **Astonished** (-ड्) -*adj.* amazed. विस्मित, चकित, **Astonishing** ( -इङ्ग् )-*adj.* very wonderful. अद्भुत, आश्चर्ययुक्त ; **Astonishment** ( -मॅन्ट् ) -*n.* surprise, amazement. आश्चर्य, अचम्भा ।

**Astound**-ऑस्-टाउन्ड्'- *v. t.* to surprise, to cause fear, to amaze. चकित करना, भयभीत करना, घबड़ा देना ; **Astounding** ( -इङ्ग् )-*adj.* चकित करने वाला ।

**Astral**-ऑस् -ट्रॅल्-*adj.* belonging to stars, starry. तारा सम्बन्धी ।

**Astray**-ऑ-स्ट्रे' - *adv.* out of the right path सीधे रास्ते से भटका हुआ ( पथभ्रष्ट ); **To lead astray** ( to lead out of the right path. ) बेरास्ते ले जाना ।

**Astride**-ऑ-स्ट्राइड्'- *adv.* with the legs ( apart ) on each side. पैरों को अलग किये हुए या फैलाये हुए ।

**Astringe** - ऑस्'-ट्रिन्ज्' - *v. t.* to bind together, to compress. साथ बाँधना, सिकोड़ना ; **Astringent** ( -ऍन्ट् ) -*adj.* & *n.* contracting, strengthening, ( opposed to laxative. ) सिकोड़ने वाली, पौष्टिक, स्तम्भक ( दस्त रोकनेवाली ) दवा ।

**Astrologer**- *n.* see-**Astrology.**

**Astrology**-ऑस्-ट्रॉल्'-ऑ-जी-*n.* the science of the influence of stars on human affairs. फलित ज्योतिष, नक्षत्र विद्या, दैवज्ञ विद्या ; **Astrologer** ( -जर् ) -*n.* मुहूर्तक, दैवज्ञ, ज्योतिषी ; **Astrologically** ( -ट्रॉ-लॉज्'-इक्-ऑल्-ली ) -*adv.* फलित ज्योतिष की रीति या विधि से ।

**Astrometer**-ऑस्-ट्रॉम्'-ऍ-टर्-*n.* an instrument for testing the comparative brightness of the stars. तारों की चमक

नापने का एक यन्त्र।

**Astronomer**–ऐस्-ट्रॉन्-ओ-मर्-*n.* one who is versed in astronomy. खगोल विद्या में निपुण, ज्योतिषी।

**Astronomical**–ऐस्-ट्रो-नॉम्'-इक्-ऑल्-*adj.* pertaining to astronomy. खगोल विद्या सम्बन्धी ; **Astronomically** ( -ऑल्-ली ) *adv.* खगोल विद्या के सिद्धान्त के अनुसार।

**Astronomy** – ऐस्-ट्रॉन्'-ऑ-मी – *n.* the science which treats of heavenly bodies. खगोल विद्या, ज्योतिष विद्या।

**Astute**–ऐस्-ट्यूट्'– *adj.* shrewd, crafty. चतुर ( दक्ष ), कार्यकुशल ; **Astutely** (-ली) *adv.* shrewdly. दक्षता या चातुरी से।

**Asunder**–ऑ-सन्'-डर्-*adv.* apart, separately. पृथक्, भिन्न ( अलग )।

**Asylum** – ऑ - साइ' -लम्- *n.* a place of refuge, support or shelter. आश्रय, शरणस्थान ; **Lunatic asylum** ( institution for the care of lunatics or insane people. ) पागलखाना।

**At**–ऐट्-*prep.* in, from, towards. में, से, ओर; **At all** ( in any degree. ) कुछ भी, थोड़ा भी, किसी तरह; **At best** (assuming best result. ) सबसे भला परिणाम मानते हुए ; **At home**–*adv.* at ease, familiar. आनन्द से, परिचित; -*n.* a reception. अतिथि का स्वागत; **At once** ( immediately. ) तुरन्त, एकाएक ; **At one** ( in agreement with. ) अनुकूल होते हुए ; **At last** ( finally. ) अन्त में।

**Atavism**–ऐट्'-ऑ - विज़्म्- *n.* similiarity in special features with remote ancestors. पुरखों से आकृति में समानता।

**Ate**– एट्- *p. t.* of Eat. 'ईट्' - धातु का भूतकाल का रूप ( खाया )।

**Ate**–ए'-टी- *n.* the Greek goddess of mischief. ग्रीक की एक दुष्ट देवी का नाम।

**Atelier**– ऐट्'-एल्-ये- *n.* studio, workshop. चित्रालय, कारखाना।

**Atheism**– ए' - थि-इज़्म्- *n.* disbelief in God. नास्तिकता, ईश्वर निन्दा ; **Atheist** (-इस्ट ) -*n.* one who has no faith in God's existence. नास्तिक, अनीश्वरवादी ; **Atheistic** (-al) ( -इस्ट्'-इक्-ऑल् ) –*adjs.* implying atheism, impious. नास्तिक वृत्ति का ; **Atheistically** ( -ऑल्-ली ) *adv.* impiously. नास्तिकता से।

**Athirst**–ऑ-थर्स्ट्'–*adj.* thirsty, wanting drink, eager. प्यासा, उत्सुक।

**Athlete**–ऐथ्'- लीट्- *n.* a champion, a robust person. कुश्ती लड़नेवाला, पहलवान; **Athletic** ( -लेट्' - इक् ) –*adj.* strong, robust. पुष्ट, बलवान, (कसरती); **Athletics** (-स) -*n.pl.* system of physical culture. कसरत, व्यायाम करने की विधि।

**Athwart**–ऑ-थ्वॉर्ट्'– *prep.* across, transversely, from side to side, in opposition to. पार ( आरपार ), एक ओर से दूसरी ओर, विपरीत अवस्था में।

**Atlantic**–ऐट्-लैन्'-टिक्- *adj.* pertaining to the Atlantic Ocean. ( ऐट्लान्टिक समुद्र ) प्रशान्त महासागर संबंधी।

**Atlas**–ऐट्'-लैस्- *n.* a bound book of maps. नक्शों की पुस्तक ; **Atlas vertebra** ( the uppermost vertebra of the neck which supports the skull. ) गरदन के सबसे ऊपर की हड्डी जिस पर खोपड़ी बैठी होती है।

**Atmosphere**– ऐट्-मॉस्'- फ़िअर्- *n.* the volume of air that surrounds the earth, mental or moral surroundings. आकाश या वायु मण्डल, मानसिक अथवा धार्मिक मण्डल ; **Atmospheric** ( -al ) (-फ़ेर्'-इक्-ऑल्)–*adjs.* dependent on the atmosphere. आकाश सम्बन्धी।

**Atoll**–ऐट्'-ऑल्- *n.* ring-shaped coral reefs. मूँगे का वृत्ताकार पहाड़।

**Atom**–ऐट्'-ओम्- *n.* an ultimate particle of matter. अणु, परमाणु, अति अल्प भाग ; **Atomic** (-टॉम्'-इक् ), **Atomical** (-इक्-ऑल् )-*adjs.* परमाणु सम्बन्धी; **Atomically** (-ऑल्-ली)–*adv.* परमाणु रूप से; **Atomism** (-इज़्म् ) -*n.* atomic philosophy. परमाणु दर्शन ; **Atomist** ( -इस्ट् ) –*n.* one who holds the atomic philosophy परमाणु दर्शन का मानने वाला।

**Atomize**–ऐट्'-ओम्-आइज़्- *v. t.* to reduce to atoms. परमाणु में परिणित करना।

**Atomizer**–ऐट्' - ओम्-आइज़्' - अर्- *n.* a hand spray. हाथ की पिचकारी।

**Atomy** – ऐट्' - ऑ - मी- *n.* an atom, a skeleton. ठठरी, अस्थिपंजर, परमाणु।

**Atone**–ऑ-टोन्' – *v. t.* to reconcile, to make amends for. शमन करना, प्रायश्चित्त करना, ( शुद्ध करना ); **Atonement** ( -मेन्ट ) -*n.* expiation, reconciliation. प्रायश्चित, शमन।

**Atop** – ऑ-टॉप्' – *adv.* on or at the top. शिखर पर, ऊँचाई पर।

**Atrocious**–ऑ-ट्रो'-शस्–*adj.* wicked, very bad. अति पापी, अति दुष्ट ; **Atrociousness** (-नेस्), **Atrocity** (-ऑ-ट्रॉस्-इ-टी) –*ns.* horrible cruelty, heniousness. अति पाप, ( घोर कर्म ), क्रूरता ।

**Atrophy** – ऐट्'-रो-फ़ी– *n.* wasting away from want of nutrition. योग्य आहार के बिना शरीर का क्षय होना।

**Attach** – ऐट्-टैच्' *v. t.* & *i.* to fasten, to bind in friendship, to adhere, to seize by legal authority. बाँधना, मित्रता का सम्बन्ध करना, लगाना, कुरुक करना ; **Attachable** (-ऐ-बुल्) –*adj.* able to be attached. बाँधने योग्य, कुरुक करने लायक ; **Attached** (-ड्) –*adj.* bound in friendship. अनुरक्त, असक्त ; **Attachment** (-मेन्ट्) –*n.* affection, seizure under legal process. अनुराग ( आसक्ति, प्रीति, भक्ति ), कुरकी ।

**Attache-(case)**–ऐट्-टैश्'-ए (-केस्) – *n.* a small case for carrying documents. कागजात ले जाने का छोटा बक्स ॥

**Attack**–ऐट्-टैक्'–*v. t.* to fall upon, to assail, to assault. आक्रमण करना, धावा करना, दोष लगाना; –*n.* offensive operation. अभियोग, आक्रमण ; **Attackable** ( -ऐ-बुल्) -*adj.* आक्रमण करने योग्य ।

**Attar**–ऐ'-टर् – *n.* perfume which is extracted from flowers. इत्र, अतर ।

**Attain**–ऐट्-टेन्'–*v. i.* & *t.* to reach, to arrive at, to gain, to accomplish. पहुँचना, प्राप्त करना, पूर्ण करना ; **Attainable** (-ऐ-बुल्) –*adj.* प्राप्त करने योग्य; **Attainment** ( -मेन्ट ) –*n.* accomplishment, acquisition, acquirement. योग्यता, प्राप्ति, ज्ञान ( विद्या, गुण ) ।

**Attainder**–ऐट्-टेन्'-डर्– *n.* forfeiture of property for outlawry. अपराध के कारण माल का जप्त होना ।

**Attainment**–*n.* see **Attain.**

**Attaint** – ऐट्-टेयन्ट्' – *v. t.* to stain, to infect. कलुषित करना, कलंकित करना ।

**Attemper**–ऐट्-टेम्'-पर् – *v. t.* to soften, to soothe, to modify. शान्त करना, मृदु करना, सान्त्वन करना ।

**Attempt** – ऐट्-टेम्पट्' – *v. t.* to try, to make an endeavour, to attack. उद्योग करना, प्रयत्न करना, आक्रमण करना ; –*n.* endeavour. प्रयत्न, उद्यम, उद्योग ।

**Attend**–ऐट् - टेन्ड्' –*v. i.* & *t.* to turn the mind to, to be present, to wait upon, to accompany. ध्यान लगाना, उपस्थित होना, सेवा करना, साथ देना ; **Attendance** ( -ऐन्स् ) –*n.* service, presence. शुश्रूषा (सेवा टहल ), उपस्थिति ;

**Attendant**–ऐट्-टेन्ड्'-ऐन्ट्– *n.* a servant. भृत्य, अनुचर, दास; -*adj.* accompanying, depending. साथी, सहायक ।

**Attender**–ऐट्-टेन्ड्'-अर् – *n.* one who attends. ध्यान लगाने वाला ।

**Attention** –ऐट्-टेन्'-शॉन् –*n.* the faculty of attending, politeness, act of courtesy. ध्यान, ( मनोयोग ), सत्कार ।

**Attentive** – ऐट्-टेन्ट्' - इव्- *adj.* heedful, polite. सावधान, चैतन्य, ( सचेत ), विनीत ; **Attentively** (-इव्-ली)–*adv.* ध्यान लगाये हुए ; **Attentiveness** (-इव्-नेस् ) *n.* heedfulness. सावधानी ।

**Attenuate**–ऐट्-टेन्'-यू-एट्- *v. t.* to make slender or thin, to reduce force. क्षीण करना, दुर्बल करना, शक्ति कम करना ; **Attenuated** (-एट्-इ) –*adj.* slender, thin, दुबला पतला, दुर्बल ; **Attenuation** (-ए'-शॉन् ) –*n.* दुर्बल करने का कार्य ।

**Attest** – ऐट्-टेस्ट् – *v. t.* & *i.* to bear witness to, to put on oath, to certify. साक्षी ( गवाही ) देना, शपथ देना, प्रमाणपत्र देना, ( सही करना ) ; **Attestation** ( -ए'-शॉन् ) –*n.* evidence, testimony. गवाही, प्रमाण ; **Attester, Attestor** (-ऑर् ) –*n.* one who bears testimony. प्रमाणपत्र देनेवाला मनुष्य ।

**Attic**–ऐट्'-टिक् – *n.* the highest storey of a house, a room in this storey. घर के सबसे ऊपर के खण्ड में बना हुआ कमरा, सबसे ऊपर का खंड ।

**Attire** – ऐट्-टायर्' – *n.* & *v. t.* clothes, decoration, to dress, to array. वेश, वस्त्र, आभरण(अलंकार),वस्त्र पहिराना,सजाना ।

**Attitude**–ऐट्'-टि-ट्यूड्–*n.* posture, position, gesture. आकार, अवस्था ( ढंग ), स्थिति ; **Attitudinarian** ( -इन्-ऐर्-इ-ऑन् ) *n.* बनावटी रूप धारण करने वाला ; **Attitudinize** (-ट्यू-डिन्-आइज़् )– *v. i.* to assume affected manners. बनावटी ढंग ( पाखण्ड ) धारण करना ।

**Attorney** - ऑर्-टर्न्'-ई- *n.* one who is apponted to act for another. प्रतिनिधि, मुख्तार ; **Attorneyship** ( -शिप् ) *n* agency for another. प्रतिनिधित्व।

**Attract** - ऍट्-ट्रैक्ट' - *v. t.* to draw to oneself, to excite emotion, to allure, to entice. आकर्षित करना ( खींचना ), प्रलोभित करना, मोहना; **Attractable** (-ऍ-बल् ) *-adj.* subject to attraction. आकर्षित करने योग्य ।

**Attraction**-ऍट्-ट्रैक्'-शॉन् - *n.* power of attracting, allurement. आकर्षण, प्रलोभन, ( खिंचाव ), लुभाव ।

**Attractive**-ऍट्-ट्रैक्ट'-इव्- *adj.* alluring, pleasing, charming. चित्त को आकर्षित करने वाला, मनोहर, प्रलोभक, मनमोहन ; **Attractively** (-इव्-ली) *-adv.* प्रलोभन की रीति से ; **Attractiveness** ( -इव्-नॅस् ) *-n.* *n.* allurement. आकर्षणता ।

**Attractor**-ऍट्-ट्रैक्ट' -ऑर् *n.* that which attracts. आकर्षण करने वाला ।

**Attribute**-ऍट्'-ट्रि-ब्यूट्- *n.* characteristic quality. धर्म, उपाधि, गुण, विशेषण ; ( ट्रिब्'यूट् ) *-v. t.* to ascribe, to refer to. सम्बन्ध लगाना या ठहराना, सूचित करना ; **Attribution** (-ब्यू'-शॉन् )*-n.* the authority granted to some one. अधिकार, आरोपण ; **Attributive** ( -टिव्' ) *-adj.* assigning an attribute or quality. विशेषण, गुण सूचक ; **Attributively** (-इव्-ली) as an adjective. विशेषण की तरह से ।

**Attrite, Attrited**-ऍट्-ट्राइट् (-ऍड् )*-adjs.* worn by rubbing. रगड़ से घिसा हुआ ।

**Attrition** - ऍट् - ट्रिश्'-ऑन् - *n.* friction, abrasion. रगड़, घिसावट ।

**Attune** - ऍट्-ट्यून्'- *v. t.* to bring into harmony. लय में करना, एक ताल में लाना ।

**Auburn** - ऑ' - बर्न्- *n.* golden brown colour. (*esp.* of hair) चमकता भूरा रंग ।

**Auction**- ऑक्'-शॉन् - *n.* a public sale in which articles are sold to the highest bidder. नीलाम ; *-v. t.* to sell by auction. नीलाम करना, नीलाम करके बेचना ; **Auctioneer** ( -इअर्' ) *-n.* one who is licensed to sell articles by public sale. नीलाम करने वाला मनुष्य ।

**Audacious** - ऑ-डे'-शस्- *adj.* bold, impudent. साहसी, ढीठ ; **Audaciousness** ( -नॅस् ) *-n.* impudence. धृष्टता, ढीठपन ;

**Audaciously** (-ली) *-adv.* in an impudent or daring manner. धृष्टता से ।

**Audacity** - ऑ - डॅस्'-इ-टी- *n.* boldness, impudence. धृष्टता, साहस, ढिठाई ।

**Audible**-ऑड्'-इ-बल्- *adj.* preceptible to the ear. कर्णगोचर ( सुनाई देवे योग्य ) ।

**Audibly**-ऑड्'-इब्-ली *adv.* in an audible manner. स्पष्ट रूप से, सुनने में ।

**Audience**-ऑड्'-इ-ऍन्स्-*n.* a hearing, an assembly of hearers. सुनाई, श्रोतागण ; **To give audience to** ( to listen to. ) सुनना, कान लगाना ।

**Audiometer** - ऑड्-इ-ऑम्'-ऍ - टर्- *n.* an instrument for testing hearing power. श्रवणशक्ति की परीक्षा करने का यन्त्र ।

**Audiophone** - ऑड्' - इ-ओ-फ़ोन् - *n.* an instrument invented to make deaf people hear. बहिरे मनुष्यों को सुनने में सहायता देने वाला यन्त्र ।

**Audit**-ऑड्'-इट्- *v. t.* to officially examine accounts. हिसाब की जाँच करना ; *-n.* periodical settlement or authorised examination of accounts. निर्धारित समय पर हिसाब की जाँच ।

**Audition** - ऑड्-इश्'-ऑन्- *n.* power of hearing. श्रवण शक्ति, सुनने की शक्ति ।

**Auditive** - ऑड्-इट्'-इव्- *adj.* pertaining to hearing. श्रवण सम्बन्धी ।

**Auditor**-ऑड्'-इट्-ऑर्- *n.* a person appointed to audit accounts. हिसाब की जाँच करनेवाला ; **Auditorial** (-ऑर्'-इ-ऑल्) *adj.* pertaining to an audit. हिसाब की जाँच के सम्बन्ध का ।

**Auditorium**-ऑड्-इट्-ऑ'-रि-यम्-*n.* a place where audience assemble. सभा मण्डप ।

**Auditory**-ऑड्'-इट्-ऑर्-ई - *adj.* pertaining to the sense or organ of hearing. श्रवण या कान सम्बन्धी ।

**Augean**-ऑ-जी'-ऑन्-*adj.* accumulated, filthy. गन्दा, मलिन ।

**Auger** - ऑग्' -अर्- *n.* a carpenter's tool for boring holes. बरमा ।

**Aught**-ऑट् - *n.* & *adv.* anything, in any respect. किंचित्, कुछ, किसी प्रकार से ।



Auger.

**Augment**-ऑग् - मेंन्ट्' - *v. t.* & *i.* to make greater, to enhance, to grow larger. वृद्धि करना, बढ़ना, बढ़ाना; (-ऑग्'-मेंन्ट् ) -*n.* increase. वृद्धि, आगम; **Augmentation** ( -मेंन्-टे' - शॉन् ) -*n.* addition, enlargement, growth. वृद्धि, बढ़ती ; **Augmentative** ( -ऍ'-टिव् ) -*adj.* having the power of increasing. वृद्धि करनेवाली; **Augmented** ( -ऍड् ) *adj.* वृद्धि किया हुआ।

**Augur**-ऑ'-गर्- *v. t.* & *i.* to forebode, to predict. शकुन विचारना, भविष्य बतलाना ;-*n.* a soothsayer, शकुनज्ञ, शकुन बतलाने वाला ; **Augural** ( -ग्यू-रॉल् ) -*adj.* pertaining to augury. शकुन सम्बन्धी; **Augury** ( -ग्यू'-री ) -*n.* presentiment, promise, omen. शकुन ज्ञान, भविष्य ज्ञान ( भविष्यवाणी )।

**August** - ऑ-गस्ट्' - *adj.* grand, venerable. प्रतापी, पूजनीय ( अति, महत् ); ऑ'-गस्ट्-*n.* the eighth month of the year. अंग्रेजी वर्ष का आठवाँ महीना।

**Aulic**-ऑ'-लिक् - *adj.* pertaining to a court. राजसभा सम्बन्धी, दरबारी।

**Aunt**-ऑन्ट्- *n.* ( *mas.* Uncle ) father's or mother's sister, the wife of an uncle. फुआ, मौसी, चाची या मामी।

**Aural**-ऑ'-रॉल्- *adj.* pertaining to ear. कर्ण सम्बन्धी; **Aurist** ( ऑ'-रिस्ट् )-*n.* an ear-specialist. कान का डाक्टर।

**Aurelian**-ऑ-री'-लि-ऑन्-*adj.* of golden colour. सोनहले रंग का।

**Aureola** - ऑ-री'-ओ-लॉ - *n.* a celestial crown, a halo or circle of rays. दैवी मुकुट ( प्रभा मण्डल ), किरणों का पुञ्ज।

**Aureole**-ऑ-रे'-ओल् - *n.* halo of light seen in eclipses. प्रकाश का मण्डल जो ग्रहण में देख पड़ता है।

**Auric**-ऑ'-रिक्- *adj.* pertaining to gold. सुवर्ण सम्बन्धी, सोने का।

**Auricle**-ऑ'-रि-कुल्- *n.* the external ear. कान का बाहरी भाग, कर्ण शुष्कली ; **Auricular** ( -रिक्'-यु-लर् ) -*adj.* told in the ear. कान में कहा हुआ; **Auriculate** (-लेट्) *adj.* ear-shaped, eared. कान की आकृति का, कानदार।

**Auriferous**-ऑ-रिफ्'-ऍर्-अस् - *adj.* gold bearing. सोना देने वाला, सुवर्णपूर्ण।

**Auriform**-ऑर्'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* ear-shaped. कान की आकृति का।

**Aurilave**-ऑ'-रि-लेव्'-*n.* instrument for cleaning the ears. कनखोदनी।

**Aurora**-ऑ-रोर्'-ऑ- *n.* dawn, colour of sky at sunrise. अरुणोदय, तड़का; **Aurora borealis** ( -बो-रि-ऑ'-लिस् )-*n* luminous stream of light radiating from earth's magnetic pole. ध्रुव पर की प्रकाश धारा।

**Aurum**-ऑ'-रम्-*n.* gold. सुवर्ण, सोना।

**Auscultate**-ऑस्'-कल्-टेट्-*v. i.* to listen to sounds inside the human body. शरीर के भीतर के शब्द सुनना।

**Auspicate**-ऑ'-स्पि-केट्- *v. t.* to initiate, to inaugurate, to foreshow. दीक्षा देना, अभिमन्त्रित करना, भविष्य बतलाना।

**Auspice** - ऑ'-स्पिस् - *n.* ( *usu. in pl.* ) observations for the sake of omen, protection, patronage. ( *pl.* ) under the patronage of. शकुन विचार, रक्षा, संरक्षण, शरण में।

**Auspicious**-ऑ-स्पिश्'-अस्-*adj.* favourable, prosperous. शुभ ( मङ्गल ) करने वाला, ( अच्छे शकुन का ) ; **Auspiciously** (-ली) *adv.* शुभ लक्षण (सौभाग्य) से; **Auspiciousness** (-नेस् )-*n.* propitiousness. कल्याण ( मङ्गल ), सौभाग्य

**Austere**-ऑ-स्टिअर्' - *adj.* harsh, strict, severe. तीव्र (उग्र, निष्ठुर ), कठोर (कर्कश), तीखा ; **Austerely** ( -ली )-*adv.* rigidly, harshly. कठोरता से, रूक्षता से।

**Austerity**-ऑ-स्टॆर्'-इ-टी- *n.* severity, self-discipline. उग्रता, आत्मसंयम।

**Austral**-ऑस्'-ट्रॉल्- *adj.* southern, lying in south. दक्खिनी, दक्षिण का।

**Autarchy** - ऑ'-टार्-की - *n.* absolutism. निरंकुश शासन।

**Authentic** - ऑ-थॆन्'-टिक् - *adj.* reliable, genuine, original, true, trustworthy. विश्वसनीय, सच्चा, ठीक, प्रामाणिक; **Authentically** ( -ऑल्-ली ) -*adv.* प्रमाण के अनुसार, प्रामाणिक रूप से।

**Authenticate**-ऑ-थॆन्'-टिक्-एट् - *v. t.* to establish the truth of, to make valid प्रमाणित करना, सच्चा ठहराना ; **Authentication** (-ए'-शॉन्)-*n.* trustworthiness. प्रमाण, सत्यता।

**Authentictiy** - ऑ- थॆन्' - टिस्-इ-टी - *n.* genuineness. सत्यता, प्रमाणता।

**Author**-ऑ'-थॉर्- *n.* ( *fem.* Aut' oress )

originator, compiler, writer of a book. प्रवर्तक ( उत्पादक ), लेखक ( ग्रन्थकार ); **Authorship** ( -शिप् )-*n.* literary work. साहित्यिक कार्य, ग्रन्थकारी ।

**Authoritative**- *adj.* see **Authority.**

**Authority**-ऑ-थॉर्'-इ-टी-*n.* power, right, person having influence, quotation, evidence, an expert. शक्ति ( प्रभुत्व ), अधिकार, प्रभाव, प्रमाण, प्रवीण मनुष्य; **Authoritative** ( -टेट्'-इव् )-*adj.* अधिकार सम्बन्धी; **Authoritatively** ( -ली ) -*adv.* with authority. अधिकार से ।

**Authorship**- *n.* see-**Author.**

**Authorize**-ऑ'-थॉर्-आइज़्- *v. t.* to sanction, to justify. अधिकार देना, प्रमाणित करना; **Authorizable** ( -ऑ-बुल् ) -*adj.* able to be authorized or sanctioned. अधिकार योग्य, प्रमाणित ।

**Auto**-ऑ'-टो-*pref.* in the sense of 'one's own', 'by itself', 'independently.' 'अपना', 'आपही', 'स्वतन्त्र' अर्थ में प्रयोग होनेवाला उपसर्ग *e. g.* Autocar.

**Autobiographer, Autobiographical**-see **Autobiography.**

**Autobiography**-ऑ'-टो-बाइ-ऑग्'-रॅफ्-ई-*n.* a history of one's life written by himself. आत्मचरित्र वर्णन, स्वयं लिखा हुआ अपना जीवन वृत्तान्त; **Autobiographer** (-अर् )-*n.* one who writes the account of his own life. आत्मचरित्र लिखने वाला; **Autobiographic** ( -al ) ( -फिक्-ऑल् ) *adjs.* आत्मचरित्र सम्बन्धी ।

**Autocar**-ऑ'-टो-कार्- *n.* a car or vehicle driven by mechanical power. यन्त्र से चलने वाली ( मोटर ) गाड़ी

**Autocracy**-ऑ-टॉक्'-रॅ-सी-*n.* an absolute government. स्वैराधिराज्य, वह राज्य जिसमे एक राजा शासन करता हो ।

**Autocrat**-ऑ'-टो-क्रॅट्-*n.* ( *fem.* **Autocratrix** - ऑ-टॉक्'-रॅ-ट्रिक्स ) an absolute sovereign or ruler. अनियन्त्रित शासक, अपनी इच्छानुकूल राज्य करने वाला राजा ।

**Autograph**-ऑ'-टो-ग्रॅफ् - *n.* a person's own handwriting. स्वहस्तलेख, अपने हाथ का लिखा हुआ हस्ताक्षर; -*v. t.* to write with one's own hand. अपने ही हाथ से लिखना; **Autographical** ( -ग्रॅफ्'-इक्-ऑल् )-*adj.* self-producing. स्वहस्तलिखित ।

**Autography**-ऑ टॉग्' - रॅ - फी - *n.* the original manuscript of an author. लेखक का स्वहस्तलिखित लेख ।

**Autogyro**-ऑ'-टो-जाइ'-रो- *n.* a kind of aeroplane that is able to descend vertically. एक प्रकार का हवाई जहाज जो पृथ्वी पर सीधा उतर सकता है ।

**Automatic**-ऑ-टो-मॅट्'-इक्-*adj.* moving of itself, mechanical, unconscious, unintelligent. आप से आप चलने वाला, यन्त्र से चलने वाला, अचेत, बुद्धिहीन; -*n.* a quick-firing revolver. जल्दी जल्दी छूटने वाली कड़ाबीन; **Automatically** ( -ऑ-लि ) -*adv.* mechanically. आप से आप, बिना दूसरे की सहायता के ।

**Automatism** - ऑ - टॉम्'-ॲट् - इज़्म् - *n.* automatic or involuntary action. इच्छा के बिना कार्य करने का क्रम ।

**Automaton** - ऑ-टॉम्'-ॲट् - ऑन् - *n.* a machine in which the moving power is concealed. आप से आप चलनेवाला यन्त्र, स्वयं चलने वाली कल ।

**Automobile**-ऑ-टो-मो-बील्'- *n.* a motor car. मोटर गाड़ी ।

**Autonomous**-ऑ-टॉन्'-ऑ-मस्-*adj.* under self-government. स्वराज्य आधीन।

**Autonomy**-ऑ-टॉन्'-ऑ-मी-*n.* the power or right of self-government. स्वराज्य, प्रजातन्त्र राज्य ।

**Autopsy**-ऑ-टॉप्'-सी-*n.* personal inspection, post-mortem examination, critical dissection. आत्म परीक्षा, मृत्यु के बाद की शरीर की परीक्षा ।

**Autotype**-ऑ'-टो-टाइप्- *n.* a process in colour photography. फोटो के चित्र को अनेक रंगों में छापने की विधि ।

**Autumn**-ऑ'-टम्- *n.* the third season of the year. शरद ऋतु; **Autumnal** (-टम्'-नॅल्)-*adj.* of autumn, blooming. शरद काल का, फूलने वाला ।

**Auxiliary**-ऑग्-ज़िल्'-यॅ-रि- *adj.* & *n.* ( *pl.* **Auxiliaries** ) assisting, helpful, a helper. सहायक, उपकारी, मददगार ।

**Avail**-ऑ-वेल्'- *v. t.* & *i.* to give help, to be of use, to benefit, to be of service. सहायता देना, उपकारी होना, काम में लाना ( सफल होना ), उपयोगी होना; *n.* advantage, use. प्रयोजन, उपयोग, हित, लाभ; **Of no avail** ( useless. ) निरर्थक, निष्फल; **Availability** ( -ऑ-

बिल्-इ-टी) -*n.* उपयोगिता, आवश्यकता; **Available** (-ऑं-बूल्) -*adj.* efficacious, useful. सफल, लाभदायक (फलदायक); **Availably** (-ऑं-ब्लो)-*adv.* efficaciously. लाभ से, सफलता से।

**Avalance**-ऑव्'-ऑं-लॅन्श्- *n.* blocks of ice sliding down a mountain. पहाड़ पर से सरकने वाले बरफ़ के चट्टान।

**Avalanche**-ऑव्'-ऑं-लान्श्- *n.* snow, mud &c. which slips from a mountain. बरफ़, मिट्टी इत्यादि का ढेर जो पहाड़ पर से घसक कर नीचे आता है।

**Avarice**-ऑव्'-ऑर्-इस्-*n.* greed, cupidity. लोभ, लालसा, लालच।

**Avaricious**-ऑव्'-अर्-इश्-अस्-*adj.* greedy, covetous. लोभी, लालची; **Avariciously** (-अस्-ली) -*adv.* greedily, covetously. लोभ से, लालच से।

**Avast**-ऑं-वास्ट्'- *interj.* stop! cease! रोको, ठहरो।

**Avaunt**-ऑं-वॉन्ट्'-*interj.* begone! depart! दूर हट, भाग जा।

**Avenge**-ऑं-वॅन्ज्'- *v. t.* to take vengeance, to punish. बदला लेना, दण्ड देना; **Avenger** (-अर्) -*n.* one who takes revenge. बदला लेने वाला।

**Avenue**-ऑव्'-ऍन्-यू- *n.* a walk bordered by trees, way of approaching, wide street. चौड़ी सड़क, वृक्षों से आच्छादित मार्ग, द्वार, मार्ग।

**Aver**-ऑं-वर्' *v. t.* (*p.t.* **Averred**) to affirm, to assert, to prove. दृढ़ता से कहना, निश्चित रूप से बोलना, सिद्ध करना।

**Average**-ऑव्'-ऍर्-एज्- *n.* an ordinary standard, prevailing rate or amount. मध्यम अवस्था, प्रचलित परिमाण या स्थिति (औसत); *adj.* of the ordinary standard, prevalent. सामान्य, मध्यम; -*v. t.* to estimate the general standard. औसत निकालना।

**Averment**-ऑं-वर्'-मॅन्ट- *n.* affirmation, positive assertion. स्वीकृति।

**Averse**-ऑं-वर्स्' - *adj.* unwilling, disinclined. पराङ्मुख, प्रतिकूल (विपरीत)।

**Aversion**-ऑं-वर्'-शॉन्- *n.* great dislike, hatred. अति घृणा, द्वेष।

**Avert**-ऑं-वर्ट्'- *v. t.* to ward off, to keep off. हटाना, टालना; **Averted** (-ऍड्) -*adj.* turned aside. हटाया हुआ; With averted face (offended.) पराङ्मुख; **Avertible** (-इ-बूल्) -*adj.* able to be avoided. टालने योग्य।

**Avian**-ए'-वि-ऑन् - *adj.* belonging to birds. पक्षी सम्बन्धी, चिड़ियों का।

**Aviary**-ए'-वि-ऑं - री - *n.* a place for keeping birds. चिड़ियाखाना, पक्षीशाला।

**Aviate**-ए'-वि-एट्'- *v. i.* to travel in a flying-machine, or balloon. हवाई जहाज़ या गुब्बारे में यात्रा करना।

**Aviation**-ए-वि-ए'-शॉन् - *n.* the act of navigating an airship or aeroplane. हवाई जहाज़ चलाना।

**Aviator**-ए-वि-ए'-टॉर्- *n.* the pilot of an aeroplane. हवाई जहाज़ उड़ाने वाला; **Aviatress** (-ट्रॅस्) -*n. fem.* उड़ाकी (स्त्री)।

**Aviatik**-ऑव्'-इ-ऑं-टिक् - *n.* a kind of German military aeroplane. एक प्रकार का जर्मनी का लड़ाका हवाई जहाज़।

**Avid**-ऑव्'-इड् - *adj.* greedy, eager. लालची, उत्सुक; **Avidity** (-इ-टी) -*n.* earnest desire. उत्कट इच्छा; **Avidly** (-ली) -*adv.* eagerly. उत्सुकता से।

**Aviette**-ए-वि-ऍट्'-*n.* an aeroplane flown by man power. बिना इञ्जन का हाथ या पैर से चलाने वाला हवाई जहाज़।

**Avocate**-ऑव्-ओ-केट्'- *v. t.* to transfer a case to a higher tribunal. बड़ी अदालत में मुकदमा ले जाना।

**Avocation**-ऑव-ओ-के'-शॉन्- *n.* vocation, calling, minor occupation. व्यापार, (वृत्ति), उद्यम; **Avocative** (-टिव्) -*adj.* calling off. पुकारने वाला।

**Avoid**-ऑं-वॉएड्'- *v. t.* to evade, to invalidate, to shun, to escape. त्यागना, परिहार करना, टालना; **Avoidable** (-ऑं-बूल्)-*adj.* परिहार करने योग्य; **Avoidance** (-ऑन्स्) -*n.* vacancy. त्याग।

**Avoirdupois**-ऑव्'-अर्-ड्यू - पॉएज्'-*n.* an English weight containing 7,000 grains. एक अंग्रेज़ी तौल।

**Avouch**-ऑं-वाउच्'- *v. t.* to guarantee, to confess. निश्चय करना, दृढ़ता पूर्वक कहना; **Avouchment** (-मॅन्ट) -*n.* declaration. दृढ़ता का कार्य।

**Avow** - ऑं-वाउ'- *v. t.* to confess, to admit. स्पष्ट बोलना, स्वीकार करना;

**Avowal** ( -औॅल् ) *-n.* frank acknowledgment. स्वीकृति ; **Avowedly** ( -ऍड्-ली) *-adv.* in an open manner, with frank acknowledgment. स्थिरता पूर्वक ।

**Avulsion**-औं-वल्'-शान्- *n.* dividing or tearing away. पृथक्करण, अलगाव ।

**Await**-औं-वेट्'- *v. t.* to wait for, to expect. प्रतीक्षा करना, आशा करना ।

**Awake**-औं-वेक्'- *v. t.* & *i.* ( *p. t.* **Awoke**, *p. p.* **Awaken** ) to rouse from sleep, to put into action or new life, to rise. जगाना, सचेत ( चौकन्ना ) करना, जागना ; *-adj.* not asleep, vigilant. जागृत, सचेत ।

**Awaken**-औं-वेक्'-ऍन्- *v. t.* to arouse. जगाना; **Awakening** ( -इङ्ग् )*-n.* जागृति।

**Award**-औं-वॉड्'- *v. t.* to grant, to assign. निर्णय करना, देना ; *-n.* a judicial decision, payment. निर्णय, पारितोषिक; **Awardable** (-औं-बल्) *-adj.* पारितोषिक योग्य ; **Awarder** ( -अर् ) *-n.* a judge. इनाम देने वाला, न्यायाधीश ।

**Aware** - औं - वेंअर्' - *adj.* conscious, attentive, vigilant. सचेत, सावधान ।

**Awash**-औं-वॉश्'*-adv.* swept by waves. लहरों से बहाया हुआ ।

**Away**-औं-वे'*-adv.* & *interj.* absent, at a distance, apart, begone. अनुपस्थित; ( दूरस्थ ) दूर, हटजा ! **To go away** ( to go to a distance. ) दूर चले जाना ; **To make away with** ( to destroy. ) नष्ट करना ; **To throw away** ( to throw to a distance. ) फेंक देना; **To waste away** ( to squander. ) उड़ा देना, क्षय करना ।

**Awe**-ऑ- *n.* dread, reverential fear or wonder. भय, आदर ; *-v. t.* to inspire with awe. भय उत्पन्न करना; **Awe-struck** ( impressed with dread. ) भयत्रस्त; **To stand in awe** ( to be in fear. ) भयत्रस्त या भयभीत होना ।

**Awful**-ऑ'-फुल्*-adj.* dreadful, awe inspiring, solemnly impressive, reverential. भयङ्कर, डरावना, प्रभावशाली; **Awfully** (-ली) *-adv.* fearfully. भय से ।

**Awhile** - औं-व्हाइल्' - *adv.* for a short time. क्षणभर के लिये, मुहूर्त मात्र के वास्ते ।

**Awkward** - ऑक्' - वर्ड् - *adj.* clumsy, difficult, embarrassing. भद्दा, कठिन, व्यग्र ; **Awkwardly** ( -ली ) *-adv.* भद्दी तरह से ; **Awkwardness** ( -नैस् ) clumsiness. भद्दापन ।



Awl.

**Awl** - ऑल् - *n.* a shoemaker's boring tool. मोची का टेकुआ ( सूजा ) ।

**Awn**-ऑन्-*n.* the beard of corn. अन्न की बाल ।

**Awning**-ऑन्-'इङ्ग्-*n.* a cover of canvas used for shelter. चँदवा ( पाल ) ।

**Awoke**-औं-वोक्'*-p. t.* of Awake.

**Awry** - औं-री' - *adv.* & *adj.* unevenly, crookedly, crooked, uneven. प्रतिकूलता से, विपरीत रूप में, टेढ़ामेढ़ा ।

**Axe**-ऑक्स्- *n.* a steel-edged chopping tool. ( कुठार ) कुल्हाड़ी ; **An axe to grind** (an ulterior object.) प्रधान आशय (अपना मतलब) साधना ।

**Axial**-ऑक्स्'-इ-औल्- *adj.* see Axis.

**Axile**-ऑक्स्'-इल्- *adj.* see Axis.

**Axilla** - ऑक्स्'-इल्'-लीं- *n.* the armpit. काँख, बगल ।

**Axillary**-आक्स्'-इल्-लीं-री*-adj.* pertaining to the armpit. काँख सम्बन्धी ।

**Axiom**-आक्स्'-इ-अम् - *n.* a self-evident truth, a maxim. स्वतः सिद्ध प्रमाण, सिद्धान्त ; **Axiomatic** ( -ओ-मैट्'-इक् ), **Axiomatical** (-औल्)*-adjs.* self-evident. प्रामाणिक, स्वतः सिद्ध ।

**Axis**-ऑक्स्'-इस्- *n.* ( *pl.* **Axes**-ईज़् ) the line on which something revolves, the central organ. अक्षरेखा, केन्द्र ( धुरा ); **Axial** (ऑक्स्'-इ-औल् ) *-adj.* ध्रुव सम्बन्धी; **Axile** ( ऑक्स्'-इल्) *-adj.* in the axis of anything. किसी पदार्थ के केन्द्र का ।

**Axle**-ऑक्स्'-ऍल्- *n.* the rod or spindle on which a wheel revolves. धुरा जिस पर कोई पहिया घूमती है ।

**Ay**-ए*-interj.* & *n.* ( *pl.* **Ays**-एज़् ) an affirmative answer. अरे, हाँ ।

**Aye**-ए*-adv.* always, ever. सर्वदा ।

**Ayes**-आइज़्*-n. pl.* those persons who vote for a motion. किसी प्रस्ताव के समर्थन करने वाले लोग ।

**Azure**-औज़्'-योर्- *adj.* sky blue. आकाशके समान नीला; *-n.* blue colour of sky. आकाश का नीलवर्ण ।

**B**-बी-the second letter of the English alphabet, (*mus.*) the seventh note. (*Alg.*) the second known quantity. अंग्रेजी वर्णमाला का दूसरा अक्षर, सातवाँ गर, (बीज गणित मे) दूसरा ज्ञात परिमाण।

**Baa**-बा-*v. i.* & *n.* to bleat, the bleating of a lamb or sheep. भेड़ का शब्द करना (मेमियाना), ऐसा शब्द।

**Babble** - बॅब्'-बूल् - *v. i.* to prattle, to murmur, to repeat foolishly, to expose secrets. टूँ टाँ करना, बरबराना, प्रलाप करना, रहस्य का भेद करना; **Babbler** (-लर्) -*n.* an idle talker. बकवादी, गप्पी; **Babblement** ( -मॅन्ट ) -*n.* murmur of water, idle talk. जल का शब्द, वृथा की बातचीत, बकबक, बकवाद; **Babbling** ( -ब्लिङ्ग् ) -*n.* foolish talk. बकवाद।

**Babe**-बेब्-*n.* (*pl.* **Babes.**) an infant, a young child of either sex, an inexperienced person. शिशु (बालक), बच्चा, अनुभवहीन मनुष्य।

**Babel**-बे'-बूल्-*n.* a high structure, a scene of confusion, tumult, meaningless noise. ऊँची इमारत, उपद्रव (कोलाहल), बलवा, विप्लव, निरर्थक शब्द।

**Babish**-बॅब्'-इश् - *adj.* childish, foolish. बालक सम्बन्धी, मूर्खवत्।

**Baboon**-बॅ-बून्'- *n.* a kind of large monkey. एक प्रकार का बड़ा बन्दर, लंगूर।



Baboon.

**Babouche** - बॅ - बूश्' - *n.* a kind of slipper. चट्टी, चप्पल।

**Baby**-बे'-बी-*n.* (*pl.* **Babies.**) a very young child, a babe. बालक (शिशु), बच्चा; **Babyhood** ( -हुड् ) -*n.* state of infancy. शैशव, बाल्यावस्था; **Babyish** ( -इश् ) -*adj.* childish. बालक के समान; **Babyishly** (-ली) -*adv.* शैशववत्। **Babyishness** ( -इश्-नॅस् ) -*n.* childishness. लड़कपन; **Babyism** (-इज़्म्) -*n.* characteristics of a baby. नन्हापन।

**Baccate** - बॅक्'-केट - *adj.* berry-shaped, berried. जामुन या बेर की आकृति का

**Bacchanal** - बॅक्'-कॅ-नॅल - *adj.* & *n.* riotous, one who indulges in drunken revelry. शराबी (मस्त), मद्यप्रिय।

**Bacciferous** - बॅक् - सिफ्'-ऍर्-अस् - *adj.* berry-bearing. बेर के समान फल उत्पन्न करनेवाला (पौधा)।

**Bacchus**-बॅक्'-अस्-*n.* the Greek god of wine. ग्रीस का मदिरा का देवता।

**Bachelor**-बॅच्'-ऍ-लॉर्-*n.* (*fem.* **Maid**) an unmarried man, one who has taken the first degree of a university. अविवाहित (कुँआरा), विश्वविद्यालय की प्रथम पदवी प्राप्त; **Bachelorhood** ( -हुड् ) *n.* celibacy. ब्रह्मचर्य; **Bachelorship** ( -शिप् ) -*n.* कुँआरापन।

**Bacillary**-बॅ-सिल्'-ऑ-रि- *adj.* pertaining to bacilli (small germs). सूक्ष्म जीवों से सम्बन्ध रखने वाला।

**Bacilliform**-बॅ-सिल्'-इ-फॉर्म्-*adj.* shaped like a rod. बेलन सरीखे सूक्ष्म जीवों के आकार का।

**Bacillus**-बॅ-सिल्'-अस्- *n.* (*pl.* **Bacilli** बॅ - सिल्' - ली) microscopic rod-like vegetable organisms which are found in certain diseases. बेलन सरीखे परमाणुरूप जीव जो यक्ष्मा आदि रोगों में पाये जाते है।

**Back** - बॅक् - *n.* the hinder surface of the body, part of a thing opposed to the front. पीठ (पृष्ठदेश), किसी पदार्थ का पिछला भाग; -*adj.* what lies beyond or distant. पिछला; -*adv.* behind, to a former state or condition, in return. पिछली ओर, पूर्व स्थिति या अवस्था में, बदले में; -*v. i.* to get upon the back, to support, to recede. पीठ पर चढ़ना, सहायता देना (अनुमोदन करना), पीछे हटना; -*v. t.* to go backward. पीछे जाना; **To back up** (to second or support.) किसी प्रस्ताव का अनुमोदन करना; **To see the back of** (to get rid of.) छुटकारा पाना।

**Backbite**-बॅक्'-बाइट्- *v. t.* to speak evil of a person in his absence. चुगली खाना; **Backbiter** (-अर्) -*n.* चुगलीखोर; **Backbiting** ( -इङ्ग् ) -*n.* चुगली।

**Backbone**-बॅक्'-बोन् - *n.* the spinal column, what serves as a support. पीठ की रीढ़ (पृष्ठवंश), प्रधान आश्रय।

**Backgammon**-बॅक्'-गॅम्-ऑन्-*n.* a game played with box and dice. चौपड़ के समान पासे का एक खेल।

**Background**-बैक्‌'-ग्राउन्ड्- *n.* the space behind the princi[pal] figure in a picture, unimportant situation. चित्र में पीछे का दृश्य, अप्रधान स्थान ।

**Backhand**-बैक्‌'-हैन्ड्- *n.* writing which is leaning to left. बाईं ओर झुका हुआ लेख ।

**Backing**-बैक्‌'-इङ्ग्-*n.* support. आधार, सहारा ; *-adj.*- supporting. सहारा देता हुआ; **Backing up** ( helping ) आश्रय ।

**Backside**-बैक्‌'-साइड्- *n.* rear part of a thing. किसी पदार्थ का पिछला भाग ।

**Backslide**-बैक्‌'-स्लाइड् - *v. i.* to fall into sin. पतित होना ; **Backslider** (-अर्) *n.* a sinner. धर्मभ्रष्ट, पतित ।

**Backward**-बैक्‌'-वड्र्ड - *adj.* unwilling, dilatory, dull, behind the time. अनिच्छु, मन्द, मतिहीन, पिछड़ा हुआ ।

**Backwards**-बैक्‌'-वड्र्ड्स्- *adv.* towards the back, on the back, in past time, in a contrary manner. पिछली ओर, पूर्वकाल में, विपरीत रीति से ।

**Bacon**-बे'-कॉन्-*n.* pig's flesh cured for eating. खाने योग्य सुअर का मांस ।

**Bacteria**-बैक्‌-टिअर्' - इ - औ- *n.* ( *sing.* **Bacterium** ) minute organisms found in the air, water &c. जल, वायु इत्यादि में के सूक्ष्म जीवाणु ; **Bacteriology**(-ऑल्-ऑ-जी) *-n.* जीवाणु विज्ञान ।

**Bad**-बैड् - ( *comp.* **Worse**, *super.* **Worst** ) *-adj.* ill, hurtful, wicked, unfortunate. बुरा, कष्टकारी, दुष्ट, हतभाग्य; **Bad air** ( impure air. ) अशुद्ध वायु; **Bad blood** ( angry feeling ) क्रोधावस्था; **Bad debts** वसूल न होनेवाला कर्ज; **Bad coin** ( counterfeit coin. ) खोटा सिक्का; **Bad food** ( unwholesome food. ) हानिकारक भोजन; **Bad shot** ( wrong guess ) असत्य अनुमान ; **Bad smell** ( ill smell. ) दुर्गन्ध; **Badness** (-नेस् ) *-n.* invalidity, wickedness. अयोग्यता; **To go bad** ( to rot. ) सड़ना; **To go to the bad** ( to be ruined. ) नष्ट होना, नाश होना ।

**Badge**-बैज्- *n.* a distinctive mark, a symbol. चिह्न, लक्षण ।

**Badger**-बैज्' - अर् - *n.* a quadruped resembling a bear. रीछ के सदृश्य एक चौपाया *v. t.* to tease. कष्ट देना, दिक करना ।



Badger.

**Badly**-बैड्'-ली-*adv.* wickedly, cruelly, defectively. निर्दयता से, क्रूरता से, बुरी तरह से ।

**Badminton** - बैड्'-मिन्-टॉन्- *n.* a game played with rackets and shuttlecocks. टेनिस् के समान एक खेल जो पर के बने हुए गेंद से खेला जाता है ।

**Badness**-बैड्'-नेस्- *n.* see-Bad.

**Baffle**-बैफ्'-फ्ल्- *v. t.* to perplex, to confound, to frustrate. घबड़ाना, व्यग्र करना, उन्नति रोकना; **Baffler** ( -अर् ) *-n.* confounder. घबड़ा देनेवाला; **Baffling** (-इङ्ग) *-adj.* perplexing. घबड़ाने वाला ।

**Baft**-बैफ्ट्- *n.* a cheap coarse cotton cloth. गञ्जी, मोटा सस्ता सूती कपड़ा ।

**Bag**-बैग्- *n.* a small sack, pouch. बोरा, थैला; *-v. t.* to swell or bulge, to hang loosely, to kill game. फूलना, लटकना, शिकार मारना; **Bag of bones** ( a lean person. ) अति दुर्बल मनुष्य; **To let out of bag** ( to disclose secrets. ) रहस्य को उद्घाटन करना या खोलना ।

**Bagasse**-बै-गैस्'- *n.* refuse in sugar-making. चीनी की सीठी ।

**Bag-a-telle**-बैग्'-औ- टैल्- *n.* a trifle, negligible amount, a kind of game. तुच्छ वस्तु, एक प्रकार का खेल ।

**Baggage**-बैग्'-गेज्- *n.* clothings &c. of a traveller. यात्री की सामग्री ।

**Bagman**-बैग्'-मैन्- *n.* a commercial traveller. व्यवसायी यात्री ।

**Bagpipe**-बैग्'-पाइप्- *n.* a kind of wind-instrument. मसक बाजा ।

**Bah**-बा-*interj.* of contempt. छिः छिः ।



Bagpipe.

**Bail**-बेल्-*n.* security for a prisoner's appearance, a barrier,

a bar placed on stumps of cricket. प्रतिभू ( जमानत ), कटघरा, क्रिकेट के खेल में डण्डों के ऊपर की गुल्ली; *-v. t.* to deliver in trust, to release on security. विश्वास पर छोड़ना, जमानत पर छोड़ना ; **Bailable** (-ॲ-बृल्) *-adj.* admitting of bail. जमानत होने लायक ।

**Bailee**–बेंअल्'-ई- *n.* the person to whom anything is entrusted. जिसके पास कोई धरोहर रक्खी गई हो ।

**Bailer**–बेंअल्'-अर्- *n.* a security for another. प्रतिभू , जमानतदार ।

**Bailey**–बेंऽल्'-ई- *n.* an outer wall of a castle. क़िले की बाहरी दीवार ।

**Bailiff**–बेंअल्'-इफ्- *n.* an officer under a sheriff. सहकारी अमीन ।

**Bairn**–बे'-अइर्न्- *n.* a child. बालक ।

**Bait**–बेट्- *v. t.* to worry by setting dogs, to worry, to put food for enticing. कुत्ते पीछे लगाना, कष्ट पहुँचाना, चारा देकर ललचाना; *n.* an allurement or temptation: लोभ, चारा ।

**Baize**–बेज़्-*n.* a kind of coarse woollen cloth. मोटा ऊनी वस्त्र ।

**Bake**–बेक्- *v. t.* to cook by heat, to harden. पकाना ( सुखाना ), कड़ा करना; **Baked** ( -ड् ) *-adj.* dried, hardened. परिपक्व, पका हुआ; **Baker** ( -अर् ) *-n.* one who bakes bread or biscuits, a small oven. पकाने वाला ( नानबाई ), रोटी बनाने का छोटा तन्दूर; **Bakery** (-ई) *n.* a baking house. नानबाई की दूकान ; **Baking** - ( -इङ्ग् ) *-n.* the act of cooking a thing. पकाने की क्रिया ।

**Balance**–बॅल्' - ॲन्स् - *n.* a weighing apparatus, equilibrium, harmony and proportion, steady position, extra money, the seventh sign of zodiac. तुला ( तराजू ), समतोलन, तुल्यता, स्थिरता,शेष (बचत),सातवीं(तुला)राशि ;*-v. t.* to weigh, to make equal, to waver, to settle. तौलना, बराबर करना, डमाडोल करना, स्थिर करना ; **To strike a balance** ( to determine accounts. ) आय व्यय का हिसाब निकालना ; **Balance sheet** ( statement of assets and liabilities. ) आय व्यय का चिट्ठा ।

**Balance-wheel** - बॅल्' - ॲन्स्- व्हील्- *n.* the contrivance in a watch which regulates its beat. घड़ी को स्थायी गति से चलाने वाली पहिया ।



Balance-wheel

**Balancing** - बॅल्'-ॲन्स्-इङ्ग्- *n.* equilibrium, poise. समतोलन ।

**Balcony**- बॅल्' - कॉ-नी - *n.* a structure oustide the walls of a house in front of a window. बरामदा ; **Balconied** (-निड् ) *adj.* having balconies. बरामदा लगा हुआ ।



Balcony.

**Bald**–बॉल्ड् - *adj.* hairless, featherless, meagre, monotonous. गंजा, बिना पर का, अशिष्ट ( अलंकार हीन ), एकसाँ ; **Baldness** (-नैस् )*-n.* गञ्जापन ।

**Baldachin** - बॅल्'-डॅ- किन् - *n.* canopy placed over thrones, altar or pulpit. वेदी या सिंहासन पर का चँदवा ।

**Balderdash** - बॅल्'-डर् - डॅश् - *n.* nonsense, senseless talk. निरर्थक शब्द ।

**Baldhead** - बॉल्ड्'-हॅड् - *n.* a man bald on the head. खल्वाट, चँदवर ।

**Baldric** –बॉल्'-ड्रिक्- *n.* a warrior's belt for sword. पेटी, परतला ।

**Bale**–बेल्- *n.* destruction, injury, woe, package of goods. नाश, दुःख, गठरी ; **Balefully** ( -फुल्-लि )*-adv.* in sorrow, woefully. उदासीनता से ।

**Baleen** - बॅ-लीन्' - *n.* whalebone of commerce. ह्वेल मछली की हड्डी ।

**Bale-fire**–बेल्'-फायर्- *n.* a funeral pyre, bonfire. चिता, उल्का ।

**Baleful**-बेल्'-,फुल्- *adj.* bringing sorrow, destructive. दुःखकर ।

**Baling-press**–बेल्'-इङ्ग्-प्रेस्- *n.* machine for pressing goods to be put in bales. दबाकर बंडल बनाने की मशीन ।

**Balk** ( **Baulk** )–बॉक्'- *v. t.* to pull up,

to hinder, to disappoint. खींचना, विघ्न डालना, निराश करना; *-n.* a ridge left unploughed, a hindrance. बिना जोती हुई ऊँची जमीन, विघ्न, रुकावट।

**Ball**-बॉल- *n.* a round body, a bullet for guns or cannons, a social assembly for dancing. गेंद (गोला) तोप या बन्दूक की गोली, अंग्रेजों का नाच; **Ball-bearings** (axle fitted with steel balls.) गोलियों पर की चूल; **Ball of eye.** आँख का ढेला, तारा; **Ball of foot** (rounded part at base of toe.) एँड़ी; **To keep the ball rolling** (to do one's part.) काम जारी रखना; **To open the ball** (to lead the first dance.) पहिला नाच आरम्भ करना।

**Ballad**-बैल्'-लैड्- *n.* a simple poem or song of adventure. बिरहा, अल्हा।

**Ballast**-बैल्'-लैस्ट् - *n.* heavy articles kept in a ship's hold to keep it steady, anything that gives steadiness. बोझ जो जहाज को सीधा रखने के लिये इसकी पेंदी में लादा जाता है, स्थिरता के लिये उपयुक्त पदार्थ; *- v. t.* to furnish with ballast. ऐसा बोझ लादना।

**Ballet** - बैल्'-ले- *n.* a performance of dancers on the stage with music. रंगमंच पर नाच गाना (लीला)।

**Ballista**-बैल्'-लिस्-टा - *n.* a contrivance to hurl big stones. बड़े बड़े पत्थर फेंकने का यन्त्र; **Ballistic** (-टिक्)-*adj.* pertaining to the throwing of missiles. शस्त्र फेंकने की शक्ति वाला।

**Ballium**-बैल्'लैं-अम्- *n.* courtyard within a fortified castle. क़िले के भीतर का आंगन या खुला स्थान।

**Ballonet**- बैल्-लान्'-नैट्-*n.* a gas bag of air-ship, a small balloon. हवाई जहाज का गैस का थैला, छोटा गुब्बारा।

**Balloon**-बैल्-लून्'- *n.* a round bag inflated with gas for floating in air. गुब्बारा; *-v. i.* to ascend in a balloon. गुब्बारे पर उड़ना; **Balloon-barrage** *n.* हवाई हमलों से बचने के लिये गुब्बारों का समूह जो आकाश में लटकाया जाता है, **Balloonist** (-इस्ट्)-*n.* one who ascends in a balloon. गुब्बारे पर का उड़ाका।



Balloon.

**Ballot** - बैल्' - लॅट् - *n.* small balls or tickets used in voting. चुनाव (वोट देने) के लिये प्रयुक्त टिकट या गोलें; *n.* a small bale. छोटी गाँठ; *-v. t.* to give secret vote. गुप्त रूप से किसी के लिये वोट देना; **Ballot box**- *n.* box used in voting. इस प्रकार के टिकट रखने का बक्स।

**Balm**-बाम्- *n.* fragrant exudation from certain trees used as a medicine, an ointment for healing, a soothing medicine. शान्तिदायक औषधि (लेप), सुगंधित औषधि; **Balmy** (-ई)-*adj.* soothing, fragrant. शान्तिदायक, सुगन्धित।

**Balmoral** - बैल्' - मॉ-रैल्-*n.* a kind of petticoat. एक प्रकार की छोटी कुर्ती।

**Balsam**-बैल्'-सैम्-*n.* a kind of aromatic healing substance, a flower of the rainy season. पीड़ा हरने वाली औषधि, गुलमेंहदी; **Balsamic** (-इक्)-*adj.* soft, soothing, unctuous. चिकना, स्निग्ध; **Balsamy** (-इ)-*adj.* fragrant. सुगन्धित।

**Baluster**- बॉल्'-अस्-टर्- *n.* a short thin pillar. एक छोटा पतला खम्भा।

**Balustrade** - बैल्' - अस्-ट्रेड् -*n.* a row of balusters with rails, used as an ornament for balcony or terrace. जँगला, कटघरा; **Balustrated** (-ऍड्)-*adj.* having balusters. जँगलेदार, कटघरेदार।



Balustrade

**Bam**-बैम्-*n.* falsehood, a hoax. झूठ, कपट; *-v. t.* to cheat. ठगना, धोखा देना।

**Bamboo**-बैम्'-बू- *n.* a kind of tropical giant grass. बाँस, (वेणु); **Bamboo sugar.** बंशलोचन।

**Bamboozle**-बैम्-बू'-ज़ल्- *v. t.* to deceive, to confound. छल करना, धोखा देना

**Ban**-बैन्-*v. t.* to prohibit, to curse. शाप देना, प्रतिरोध करना, (रोकना); *-n.* a curse, sentence of outlawry, prohibition. शाप, देशनिकाल की घोषणा, निषेध; **Banal** (-ऑल्) *-adj.* commonplace, trite, trivial. सामान्य, साधारण।

**Banality** - बै-नैल्'-इ- टी - *n.* triteness,

vulgarity. तुच्छता, भद्दापन।

**Banana**-बॅ-नॅ'-ना- *n.* a kind of tropical fruit tree. एक प्रकार का केला।

**Band**- बॅन्ड् - *n.* that which binds or connects, a flat strip or hoop, strap, belt, company of armed men or musicians. बन्धन, तस्मा, पट्टा, पेटी, सैन्य या गायकों का समुदाय;-*v. t.* to put a band, to form into a league. पट्टा लगाना, दलबन्दी करना; **Bandage** (-एज्), **Bandaging** ( -एज्-इङ्ग् )-*ns.* strip of cloth used in binding wounds. घाव पर बाँधने पट्टी ; **Bandmaster** ( -मास्'-टर् ) - *n.* गायक मण्डली का संचालक।

**Bandeau**-बॅन्'-डो- *n.* ( *pl.* **Bandeaux** ) a fillet for fastening women's hair. स्त्रियों के बालों का बन्धन, परान्दा।

**Bandit**-बॅन्'- डिट्- *n.* ( *pl.* **Banditti** or **Bandits**) a lawless robber, an outlaw. चोर, डाँकू, लुटेरा।

**Bandog**-बॅन्'- डॉग्- *n.* mastiff, bloodhound. सिक्कड़ में बँधा हुआ शिकारी कुत्ता।

**Bandoleer**-बॅन्'-डो-लि-अर्'- *n.* a leathern belt with cartridge holes. कारतूस रखने के लिये खानेदार पेटी।

**Bandoline**-बॅन्'- डो- लीन्- *n.* a gummy preparation for the hair. बालों को चपकाने के लिये एक प्रकार की गोंद।

**Bandy**-बॅन्'-डी- *v. t.* to throw to and fro. इधर उधर फेंकना;-*n.* hockey. हॉकी का खेल; **Bandy-legged**-( -लेग्ड् ) -*adj.* having legs curved at the knees. प्रजातजानु, ऐंठे हुए घुटनेवाला; **To bandy about** ( to discuss. ) वादाविवाद करना।

**Bane**-बेन्- *n.* poison, cause of ruin or distress. विष, नाश का मूल , (क्षयकारण) ; **Baneful** ( -फ़ुल् ) -*adj.* poisonous, deadly, ruinous. विषैला, घातक, विनाशी ; **Banefully** ( -फ़ुल्-लि ) -*adv.* destructively. नाशरूप से ; **Banefulness** (-फ़ुल्-नॅस् )-*n.* ruin. विनाश।

**Bang**-बॅङ्ग्- *v. t.* & *i.* to thrash, to make an explosion. पीटना ( मारना ), धड़ाके का शब्द करना;-*n.* the sound of a blow. धमाके या धड़ाके का शब्द ; -*adv.* completely, explosively. पूर्णरूप से, धड़ाके के साथ ; -*v. t.* to cut hairs straight. सीधा खड़ा बाल काटना।

**Bangle**-बॅङ्ग्'-ग्ल्- *n.* an ornament worn on the arms or ankles. ( in India or Africa ) कङ्कण, (कड़ा ), चूड़ी।

**Banian** ( **Banyan** )-बॅन्'-यॅन्- *n.* an Indian tree, a kind of jacket. (वटवृक्ष), बरगद का पेड़, बनियाइन ( गञ्जी )।

**Banish**-बॅन्'-इश्- *v. t.* to exile, to dismiss, to drive away. देश से बाहर निकाल देना, हटा देना, निकाल देना ; **Banishment** ( -मॅन्ट् ) -*n.* expulsion, exile. निर्वासन, अपने देश से निकाला जाना।

**Banjo**-बॅन्'-जो- *n.* a stringed musical instrument. बेला की तरह का एक बाजा ; **Banjoist** (-इस्ट्) -*n.* one who plays on a banjo. यह बाजा बजाने वाला।

**Bank**-बॅङ्क्- *n.* raised ground in sea or river bed, a flat cloud, sloping edge of a river, an establishment for the safe custody of money, the bench of rowers. तीर ( तट ), किनारा, चौरस बादल, बङ्क जहाँ रुपया जमा होता है, नाव खेनेवालों की बैठकी; *v.t.* to depoist money in bank, to raise a mound. किनारा उभाड़ना, बङ्क में रुपया जमा करना ; **Bankable** ( -ऑ-ब्ल् )-*adj.* receivable at a bank. बङ्क के स्वीकार करने योग्य।

**Banker**-बॅङ्क्'-अर्- *n.* a partner or director of a bank. बङ्क का सझिया, (सेठ, महाजन, कोठीवाल); -*n.* a mason's wooden bench for trimming bricks stones &c. लकड़ी का ठीहा।

**Banking**-बाङ्क्'-इङ्ग्- *n.* business of a banker, fishing on a sea bank, flying round a curve. बङ्क या कोठीवाल का व्यापार, समुद्र के किनारे मछली मारना, चक्कर खाते उड़ना।

**Bankrupt**-बॅङ्क्'-रप्ट्- *n.* & *adj.* an insolvent person, unable to pay one's debts. निर्धन, दिवालिया; **Bankruptcy** ( -सी )-*n.* दिवालियापन।

**Banner**-बॅन्'-नर्- *n.* the flag of a country, military standard, a symbol of any principle. ध्वजा, पताका, झण्डा, किसी सिद्धान्त का चिह्न।

**Banneret**-बॅन्'-नॅर्-एट्- *n.* one knighted on the field for valour. वीरता के लिए नाइट् की उपाधि प्राप्त।

**Bannerol**-बॅन्-नॅर्-ऑल्- *n.* a banner placed over a tomb, a small banner. कब्र के ऊपर गाड़ा हुआ झण्डा, झंडी।

**Banquet**-बैंङ्क्'-वेट्- *n.* a sumptuous feast. विशिष्ट भोजन, ( जेवनार );-*v. t.* to feast. ( मिष्टान्न से ) भोजन कराना; **Banqueter** ( -अर् )-*n.* one who gives rich feast, a feaster. विशिष्ट भोजन करानेवाला।

**Bantam**-बैन्'-टैम्-*n.* a dwarf fowl, a short man. नाटा मुरगा, नाटा पुरुष ।

**Banter**-बैन्'-टर्- *v. t.* to make a joke of. उपहास करना ( हंसी उड़ाना ) ;-*n.* jest, ridicule. हंसी, दिल्लगी, निन्दा।

**Banting**-बैन्ट्'-इङ्ग्- *n.* a treatment of obesity. मोटेपन की एक चिकित्सा।

**Bantling**-बैन्ट्'-लिङ्ग्- *n.* a young child, a brat. बच्चा, छोकरा ।

**Banyan** *n.* see **Banian.**

**Baptism**-बैप्'-टिज़्म्- *n.* a religious rite accompanied by name giving. नामकरण संस्कार, बपतिस्मा; **Baptismal** (-टिज़्मैल् )-*adj.* बपतिस्मा सम्बन्धी; **Baptist** (-टिस्ट्)-*n.* बपतिस्मा करनेवाला; **Baptistery** ( बैप्ट्-इस्'-टर्-ई )-*n.* a part of church used for baptism. गिरजाघर का वह स्थान जहाँ यह संस्कार होता है।

**Baptize**-बैप्-टाइज़्'- *v. t.* to Christen, to purify, to elevate, to name. ईसाई बनाना, पवित्र करना, बढ़ाना, नाम रखना।

**Bar**-बार्- *n.* a rod or pole, a barrier, bank of sand, a particular court, a pole for fastening a door, hindrance, a place where prisoners for trial are kept, those who plead at the bar, a plea for arresting action. डंडा या छड़, कटघरा, बालू का किनारा, न्याय सभा, रोक, अदालत में कैदियों के खड़े रहने की जगह, बैरिस्टरों तथा वकीलों का समुदाय, अदालती कार्रवाई रोकने की बहस;-*v. t.* to fasten with a bar. अर्गला से बन्द करना; **Barred** ( -ड् )-*adj.* डंडा लगा हुआ।

**Barb**-बार्ब्- *n.* & *v. t.* the shaft of an arrow, to furnish with hooks. तीर की नोक, शूल ( काँटा ) लगाना; **Barbed** (-ड्)-*adj.* having barbs. काँटेदार।

**Barbarian** - बार्-बेअर्'-इ-ऑन्- *adj.* & *n.* rude, uncultured, wild, a savage. असभ्य, अशिष्ट, गँवार, देहाती मनुष्य।

**Barbaric**-बार्-बैर्'-इक्- *adj.* rude, rough. रूक्ष, असभ्य; **Barbarism** ( -बार्'-बैरिज़्म् )-*n.* rudeness, ignorance. असभ्यता (गँवारपन), अज्ञानता; **Barbarity** (-रैं-टी)-*n.* savage cruelty. निष्ठुरता, क्रूरता; **Barbarize**(-राइज़्)-*v. t.* to corrupt, to make barbarous. अशिष्ट करना, असभ्य बनाना।

**Barbarous**-बार्'-बॅ-रस् - *adj.* illiterate, uncivilized, cruel. अशिष्ट, असभ्य, निर्दयी; **Barbarously** ( -ली ) -*adv.* असभ्यता से, निर्दयता से; **Barbarousness** (-नेस् )-*n.* असभ्यता, निर्दयता।

**Barbate**-बार्'-बेट्-*adj.* awned, bearded. दाढ़ी युक्त, अन्न की बाल का ।

**Barbed**-बार्ब्ड्-*adj.* see **Barb.**

**Barber**-बार्' - बर्- *n.* one who shaves his customer's beard and hair. नापित, नाऊ, हज्जाम; **Barber's itch** ( a skin disease communicated in shaving. ) एक प्रकार की खुजली।

**Barbette** - बार्-बेट्' - *n.* a platform from which guns are fired. चबूतरा या ऊँचा स्थान जहाँ से तोप छोड़ी जाती है।

**Barbican**-बार्'-बि-कॅन्- *n.* the outer defence of a castle. क़िले का बाहरी घेरा।

**Bard**-बार्ड्-*n.* a Celtic minstrel, a poet, an armour for warhorse. भाट (बन्दी), कवि, लड़ाई के घोड़े का कवच।

**Bare**-बेअर्- *v. t.* to uncover, to reveal. नङ्गा करना, प्रगट करना ;-*adj.* uncovered, unprotected, empty. नंगा, गंजा, अरक्षित, खाली; **Bare-backed** (-बैक्ड्)-*adj.* without saddle. बिना काठी का; **Barefaced** ( -फ़ेयरड् )-*adj.* with uncovered face, shameless. बिना मुख ढाँके, निर्लज्ज; **Barefoot** ( -फुट् ) *adj.* with bare feet. नंगे पाँव, बिना जूता पहिने; **Barely** ( -ली ) -*adv.* merely, openly, scarcely. केवल, मात्र, कठिनता से; **Bareness** (-नेस् )-*n.* lack of covering. आच्छादन का अभाव, नंगापन।

**Bargain** - बार्ग्' - ऍन् - *n.* agreement, things acquired, an advantageous purchase, सट्टा ( सौदा ), क्रय विक्रय का माल, मुनाफ़े का सौदा;-*v.t.* to haggle over terms, to sell. सौदा करना, बिक्री करना; **Bargainer** ( -अर् )-*n.* सौदा करने वाला; **To make the best of a bad bargain** ( to take misfortune cheerfully. ) आपत्ति को धैर्य से सहन करना; **To strike a bargain** ( to come to terms. ) सौदा पक्का करना।

**Barge**-बार्ज्- *n.* flat-bottomed boat for

carrying heavy burden. बोझ ले जाने की बड़ी नाव ; **Bargee** (-ई)- *n.* a man in charge of a barge. ऐसी नाव का अधिकारी; **Bargeman**–*n.* (the manager of a barge. ) नाविक, मल्लाह ।

**Baric**-बॅरि'-रिक्- *adj.* बेरियम् धातु का ।

**Barium**-बेअर्'-इ-अम्- *n.* a white metallic element. एक सफ़ेद धातु ।

**Bark** - बॉर्क् - *n.* the outer covering of a tree, a three-masted ship, a ship of small size. वल्कल, ( छिलका, छाल), एक प्रकार का छोटा जहाज़;-*n.* the cry of dog or wolf. कुत्ते या भेड़िये का भूकना ;-*v. t.* to strip bark from a tree, to utter a shril cry. पेड़ की छाल उतारना, कर्कश शब्द बोलना; **To bark at** ( to abuse. ) गाली देना; **To bark out** ( to speak peevishly. ) चिड़चिड़ा कर बोलना ।

**Barker**-बॉर्क्-अर्- *n.* one who strips trees of their bark, one who makes a noisy attack. छाल उतारने वाला, डपटते हुए आक्रमण करने वाला मनुष्य ।

**Barley**-बॉर्'-ली- *n.* a cereal used for food. जव ; **Barley broth** ( a kind of beer made of barley. ) जव की शराब ; **Barley water**-*n.* a decoction of pearl barley. रोगी का पथ्य, आशजव ।

**Barm**-बॉर्म्- *n.* froth upon malt liquor, yeast. शराब का फेन, ख़मीरा ; **Barmy** ( -ई )-*adj.* containing barm, crazy. फेन से भरा हुआ, झक्की ।

**Barman** - बार्'-मॅन् - *n.* a person who serves at the bar of an inn. सराय या भोजनालय का सेवक ।

**Barmecide**-बॉर्'-मॅ-साइड्- *n.* & *adj.* unreal, imaginary, disappointing. झूठा, काल्पनिक ( अमूलक ), आशाभञ्जक ।

**Barmy**-बॉर्'-मी- *adj.* see–**Barm.**

**Barn**-बॉर्न्- *n.* a place for storing grain. धान्यागार, खलिहान (खत्ती) ।

**Barnacles**-बॉर्न्'-ऑ-कल्स्- *n. pl.* iron placed on the nose of horses for shoeing,a pair of spectacles. नाल बाँधते समय घोड़े का नथुना पकड़ने की संड़सी, एक प्रकार का चश्मा (उपनेत्र) ।

**Barology**-बॅ-रॉल्' - ऑ - जी - *n.* the science of weight. भारशास्त्र ।

**Barometer**-बॅ-रॉम्'-ऍ-टर्- *n.* an instrument for measuring atmospheric pressure. or weight. वायु का भार नापने का यन्त्र; **Barometric** (-मॅट्-रिक्) -*adj.* pertaining to barometer. इस यन्त्र संबन्धी ; **Barometrically** (-ऑल्-लि)- *adv.* इस यन्त्र द्वारा ।



Barometer.

**Baron**-बॅ'-रॉन्- *n.* a peer, one of the lowest order of nobility. एक अंग्रेज़ी उपाधि, ( ताल्लुकेदार, नवाब ) ; **Baronage** ( -एज् )-*n.* dignity of a baron. नवाबी **Baroness** ( -ऍस् ) -*n. fem.* नवाबिन **Baronial** (-रोन्-यॅल्) -*adj.* नवाब के योग्य; **Barony** ( -रॉ'-नो) -*n.* lordship of a baron. ताल्लुकेदारी ।

**Baronet**-बॅ'-रॉन्-ऍट्- *n.* a member of the lowest hereditary title. छोटा नवाब ;-*v. i.* to raise to this rank. इस पदवी पर पहुँचाना ; **Baronetage** ( -एज् ) -*n.* collective body of barons, baronets. छोटे नवाबों का समुदाय ; **Baronetcy** ( -सी)–*n.* baronet's rank छोटे नवाबों का पद ।

**Baronial, Barony**–see–**Baron.**

**Baroque**– बॅ - रोक्'- *adj.* irregularly shaped. टेढ़ीमेढ़ी, आकृतिभ्रष्ट ।

**Baroscope**-बॅर्'-रॉ-स्कोप्- *n.* an instrument to show variation in the density of air. वायु का परिवर्तन सूचित करने का यंत्र ।

**Barouche**-बॅ-रूश्'- *n.* a kind of double seated four-wheeled carriage. लैंन्डो के तरह की चौपहिया गाड़ी ।

**Barque**-बॉर्क्-*n.* same as **Bark** ( a three-masted ship. ) तीन मस्तूल का एक प्रकार का छोटा जहाज़ ।

**Barrack** - बॅर्'-रॅक् - *n.* a building in which soldiers are lodged ( *usu.* in *pl.* ) सिपाहियों के रहने का स्थान ;-*v. t.* to place in barracks. बारिक में रखना ।

**Barracoon**-बॅर्-रॅ-कून्' - *n.* a place for keeping slaves or convicts. दास या बन्दियों के रखने का बाड़ा ( स्थान ) ।

**Barrage**-बॅर्'-रेज्- *n.* a dam. बाँध ।

**Barrator** ( -er ) बॅर्'-रॅ-टर् - *n.* a troublesome litigant. झगड़ालू अदलतिया ;

Barratry ( -ट्री ) n. the practice of encouraging lawsuits, vexatious litigation, मोकदमेबाजी का प्रोत्साहन ।

**Barrel** - बॅर्‌'-रॅल्‌ - n. a round wooden vessel, a cask, the revolving cylinder of a watch, belly of a horse, the tube of a gun, a measure of wine. पीपा, कठरा, घड़ी का निरन्तर नाचने वाला पुरजा, घोड़े का पेट, तोप या बन्दूक की नली, शराब की एक तौल ;-v. t. to put in barrels. पीपे में रखना ; **Barrel-bellied** - adj. ( having a large belly. ) बड़े पेट वाला ।

**Barren** - बॅर्‌'-रॅन्‌ - adj. unprofitable, unproductive, dull. व्यर्थ ( निष्फल ), बाँझ, शून्य ; **Barrenly** ( -ली ) -adv. uselessly. निष्फलता से ;- **Barrenness** ( नॅस्‌ )-n. sterility. बाँझपन, निष्फलता ।

**Barret**-बॅर्‌'-रॅट्‌ - n. a kind of (clerical) flat cap. एक प्रकार की चौरस टोपी ।

**Barricade** - बॅर्‌'-रि-केड्‌' - n. a barrier, obstruction. आड़, रोक ;-v.t. to block, to defend. अवरोध करना, रुकावट डालना ।

**Barrier** - बॅर्‌'-रि-अर्‌ - n. a fence, an enclosure, an obstacle, a limit or boundary. आड़, घेरा, विघ्न या सीमा ; v. t. to shut in a barrier. खावें के भीतर बन्द करना ।

**Barring** - बॅर्‌' - इङ्‌ - prep. excepting, obstructing. सिवाय, रोकते हुए ।

**Barrister** - बॅर्‌'-रिस्‌-टर्‌- n. an advocate having right to practise in superior courts. बैरिस्टर ।

**Barrow**-बॅर्‌'-रो- n. a two-wheeled truck for carrying loads, an infant's sleeveless coat. दुपहिया ठेला गाड़ी, बच्चों का बिना अस्तीन का कोट ।

**Barter** - बॉर्‌' - टर्‌ - v. t. to exchange goods. माल हेर फेर करना ( बदलना ); n. a trade by exchange, traffic by exchange. अदल बदल का व्यापार ।

**Barton** - बॉर्‌' - टन्‌ - n. a farmyard, outhouse. खलिहान, बाहरी मकान ।

**Basal**-बे'-सॅल्‌- adj. pertaining to base; fundamental. आधार सम्बन्धी, मौलिक ।

**Basalt**-बॅस्‌'-ऑल्ट्‌- n. a kind of brown rock. एक प्रकार की भूरी चट्टान ।

**Bascule**-बॅस्‌'-क्यूल्‌- n. a kind of lever or drawbridge. एक प्रकार का हटाने योग्य पुल या उत्तोलन दण्ड ।

**Base**-बेस्‌- n. bottom, support, foundation, groundwork, a line or plane on which a figure stands. पेंदी, मूल ( आश्रय ), नींव, अधोभाग, आधार, तल, भूमि ;-v. t. to establish, to set or place. स्थापित करना, निर्धारित करना ; adj. mean, worthless, counterfeit. नीच, (अधम), जाली (कृत्रिम); **Base born** ( of low birth, illegitimate. ) अकुलीन, नीच, वर्णसंकर ; **Base metal.** सोने चाँदी से भिन्न सस्ते धातु ; **Base coin** (counterfeit coin. ) बनावटी सिक्का ; **Basic** ( बेस्‌'-इक्‌ )-adj. pertaining to base. आधार सम्बन्धी ; **Baseless** (-लॅस्‌ )-adj. without foundation. निराधार ; **Base line** ( the line from which surveying &c. begins. ) जिस स्थान से पैमाइश आदि होती है ; **Basely** ( -ली )-adv. नीचता से; **Basement** (-मॅन्ट्‌ )-n. lowest part of of a building. घर का सबसे नीचे का भाग **Baseness** (-नॅस्‌ )-n. meanness. नीचता ।

**Basel** - बॅ'-ऍल्‌ - n. tanned skin of sheep. भेंड़ का कमाया हुआ चमड़ा ।

**Bash**-बॅश्‌-v. t. to strike a heavy blow. कस कर घूसा मारना ।

**Bashful** - बॅश्‌'-फुल्‌- adj. shy, modest. भीरु ( लजालु ), विनीत ; **Bashfully** (-ली )-adv. shyly. लज्जासहित **Bashfulness** ( -नॅस्‌ )-n. लज्जा, विनय, भीरुता

**Basial**-बेस्‌'-यॅल्‌- n. pertaining to kissing. चुम्बन सम्बन्धी ।

**Basic**-बेस्‌'-इक्‌- adj. see Base.

**Basil**- बॅज़्‌'-इल्‌- n. a kind of aromatic medicinal herb. तुलसी ।

**Basilica** - बॅ-ज़िल्‌'-इ-कॉ - n. an oblong public hall used for law courts or assemblies. अदालत या बड़ी सभा के लिये बड़ा कमरा ।

**Basilicon**- बॅ-सिल्‌'-इ-कॉन्‌- n. a kind of ointment. एक प्रकार का मलहम ।

**Basin**- बे'-सिन्‌ - n. a shallow hollow vessel, a tract of country drained by rivers. भाण्ड ( जलाशय, तड़ाग, ), खात ; **Basined** ( -इ )-adj. enclosed in a basin. पात्र में रक्खा हुआ ।

**Basis**-बे'-सिस्‌-( pl. Bases-बे'-सेज़्‌ ) n. beginning, foundation, common ground. आरम्भ, मूल, आधार ।

**Bask**-बॅस्क्‌ - v. i. & t. to enjoy the warmth of the sun, to warm. घाम

खाना, आतप का सेवन करना, गरम करना ।

**Basket**-बॉस्'-केट्- *n.* a vessel prepared from cane, twigs &c. टोकरी, डलिया; *v. t.* to put in a waste paper basket. टोकरी में धरना; **Basket chair** ( wicker-work chair. ) बाँस की बनी हुई कुरसी; **Basketry** ( -री )- *n.* wickerwork. बाँस के बने पात्र ।

**Baslard**-बॅस्'-लॅड्ड् - *n.* a small dagger worn on by gentlemen, a girdle. पेटी में लगाने की छोटी कटार ।

**Bason**-बे'-सॉन्- *n.* a bench for preparing hats. अंग्रेजी टोपी बनाने की चौकी ।

**Bass**-बॅस्- *n.* inner bark of lime tree, the lowest part in music. नीबू के पेड़ की भीतरी छाल, गायन में सबसे नीचा सुर; *adj.* low, deep. धीमा ।

**Basset**-बॅस्'-ऍट्- *n.* a kind of short-legged dog. एक प्रकार का नाटे पैर का कुत्ता; **Basset-horn** -*n.* (a kind of clarionet.) एक प्रकार का शहनाई बाजा ।

**Bassinet** - बॅस्'-इन्-ऍट् - *n.* a kind of cradle made of wickerwork. बेंत का बना हुआ एक प्रकार का बच्चों का पालना ।

**Bass-relief**-बॅस्-रॅ-लीफ्' - *n.* carving in low relief. कम उभड़ी हुई खोदाई ।

**Bastard**-बॅस्ट्'-ऑड्ड् - *n.* an illegitimate child. विजन्मा, ( विजात ) ;-*adj.* unauthorized. अधिकार हीन ; **Bastardize** (-आइज़् )-*v. t.* to declare illegitimate. जारज घोषित करना ; **Bastardly** ( -ली ) *adv.* spuriously. कुलटापन से ; **Bastardy** ( -ई ) *n.* -illegitimateness. विजन्मता ।

**Baste**-बेंअस्ट् - *v. t.* to stitch together, to moisten meat with fat, to thrash, to beat with a stick or cudgel. टाँका लगाना, मांस में पकाते समय चर्बी लगाना, पीटना, डंडे से मारना ।

**Bastille**-बॅस् - टील्' - *n.* a fortress prison. किले का क़ैदखाना ।

**Bastinado** - बॅस्-टि-नॅ' - डो - *v. i.* to beat with a stick on the soles of feet. पैर के तलवे पर बेंत से मारना ।

**Bastion**-बॅस्-टॅ'-ऑन्- *n.* the projecting part of a fortification. दुर्ग की रक्षा करने के लिये बना हुआ उभड़ा भाग; **Bastioned** (-ड्)-*adj.* provided with bastions. गरगज बनाया हुआ ।

**Bat**-बॅट्- *n.* a mouse-like animal with wings, flat club used in cricket. चमगादड़ पक्षी, क्रिकेट का गेंद खेलने का चौड़ा चिपटा डंडा ।

**Batch**-बॅच्- *n.* a set of things produced at a time. समुदाय, थोक, घानी ।

**Bate**-बेट्- *v. t.* to restrain, to deduct, to lessen. रोकना, घटाना, कम करना ।

**Bath**-बाथ्- *n.* washing, ablution, a place for bathing. स्नान, नहाना, स्नान-कुण्ड, ( स्नानागार ) ; **Bath-room** (-रूम्) *n.* स्नान गृह , गुसलखाना ।

**Bathe**-बेद्- *v. i.* & *i.* to immerse in a liquid, to moisten the body all over. जल में डुबाना ( स्नान कराना ), नहाना ( स्नान करना ); **Bather** ( -अर् ) *n.* one who takes a bath in a sea or river. नदी या समुद्र में नहाने वाला ।

**Bathometer**-बॅ-थॉम्'-ऍ-टर्- *n.* an instrument to ascertain the depth of water. जल की गहराई नापने का यन्त्र ।

**Bathos**-बॅथ्'-ऑस् - *n.* a ludicrous descent from the elevated to the mean in writing or speech. गम्भीर विचार से क्षुद्र विचार पर उतरना ।

**Bating**-बेट्'-इङ्-*prep.* abating. कम करते हुए

**Batiste**-बॅट्-ईस्ट्'- *n.* a kind of fine light fabric, cambric. एक प्रकारका महीन वस्त्र ।

**Batman**-बॅट्'-मॅन्-*n.* an officer's servant. अधिकारी ( अफ़सर ) का नौकर ।

**Baton**-बॅट्'-ऑन् - *n.* & *v. t.* a staff , a constable's truncheon, to strike with a baton. डंडा, पुलिस के सिपाही का छोटा डंडा, इस डंडे से मारना ।

**Batrachian**- बॅ-ट्रॅक्'-यॅन्- *n.* & *adj.* of frogs, froglike. मेढक की तरह का ।

**Batsman**-बॅट्स्'-मॅन्- *n.* one who wields the bat in cricket. बॅट पकड़ कर क्रिकेट खेलने वाला ।

**Batta**-बॅट्'-टॅ- *n.* an allowance. भत्ता ।

**Battalion**-बॅट्-टॅल्'-यॉन् - *n.* a body of infantry forming part of a regiment. सैन्यदल, पलटन, सेनादल ।

**Batten**-बॅट्'-टॅन्'-*n.* a board used for flooring. फर्श पर लगाने का तख्ता ;-*v. t.* to make strong with batten. तख्ता लगाकर फ़र्श को पुष्ट करना ।

**Batter**-बॅट्'-टर्- *n.* a mixture of beaten up ingredients. मिश्रण, चूर्ण ;-*v. t.* to break by striking, to attack with

artillery, to deface. पीट पीट कर तोड़ना, तोप का आक्रमण करना, रूप बिगाड़ देना; **Battering charge** (full charge of gunpowder for cannon.) तोप चलाने के लिये बारूद की पूरी मात्रा; **Battering gun.** रक्षार्थ लगी हुई भारी तोप; **Battering train** (a siege train.) तोपोंका सिलसिला।

**Battery** – बैट्'-टर्-ई- *n.* an infliction of blows, set of guns &c. for military action, set of cells instruments &c. मारपीट, तोपखाना, यन्त्र; पात्र इत्यादि की पंक्ति।


Battery of Cells.

**Batting**-बैट्'-इङ्- *n.* prepared cotton sheets for quilting, the management of a bat in playing games.गद्दे के लिये रूई का पहल, क्रिकेट के खेल में बैट से खेलना।

**Battle** – बैट्'-टल् – *n.* a combat between organised forces, a fight. युद्ध संग्राम, (लड़ाई);-*v. i.* to struggle. युद्ध करना; **Battle array** (array or order of battle.) व्यूह।

**Battle-axe**-बैट्'-टल्-ऑक्स्-*n.* an axe formerly used in war. प्राचीन समय में लड़ाई में चलाने का फरसा (परशु); **Battle-field** (site of a battle.) रणभूमि।


Battle-axe.

**Battlement**-बैट्'-टल्-मेंन्ट्- (*usu.* in *pl.*) *n.* a parapet on the top of a roof with apertures. मुंडेरा, सछिद्र भीत,शस्त्र चलाने के लिये फाँकदार दीवार।


Battlement

**Battle-plane**-बैट्'-टल्-प्लेन् – *n.* a kind of large fighting aeroplane. युद्ध करने का बड़ा हवाई जहाज।

**Battle-ship** – बैट्'-टल्-शिप् – *n.* a warship of the highest class. जङ्गी जहाज।

**Bauble**-बॉ'-बल्- *n.* a showy trinket, trifle, a toy, a stick with asses' head. अल्प मूल्य का आभूषण, तुच्छ वस्तु, खिलौना, गदहे के सिर की छड़ी।

**Baulk**-same as **Balk.**

**Bawd**-बॉड्- *n.* a procurer or procuress. दाल, कुटनी; **Bawdry** (-री)-*n.* work of a procuress. कुटनी का कार्य।

**Bawdy**-बॉड्'-ई- *n.* obscene, lewd. अविनीत, फूहर; **Bawdy-house** (house of prostitution.) वेश्यागृह, चकला।

**Bawl**-बॉल्- *v. t.* to speak noisily, to shout. चिल्लाकर बोलना, चिग्घाड़ मारना, चिल्लाना;-*n.* a loud cry. चिग्घाड़; **Bawling** (-इङ्)-*n.* चिग्घाड़।

**Bawn**-बॉन्- *n.* cattle-fold. पशुशाला।

**Bay**-बे- *n.* a kind of tree, a recess in sea or mountain, a division of wall, the barking of large dogs, a reddish brown horse. खाड़ी, दीवार में का छिद्र, कुत्ते का भूकना, कुम्मैद घोड़ा; -*v. i.* to bark. भूँकना; **To stand at bay** (to stand at close quarters.) शत्रु के सामने आ जाना, लड़ने के लिये तैयार होना।

**Bayard**-बे'-ऑड्- *n.* a brave or chivalrous person. वीर मनुष्य।

**Bayonet** – बे'-ऑन् - एट्- *n.* a stabbing blade fixed to the muzzle of a rifle. किरच, संगीन; *v. t.* to stab with a bayonet. संगीन भोंकना या धँसा देना।


Bayonet.

**Bays**-बेज़ *n. pl.* honorary garland of victory. विजय माला।

**Bay-salt** – बे'-सॉल्ट – *n.* salt in large crystals formed in pits. खारी नमक।

**Bay- window** -बे'-विन्-डो- *n.* window of a recess in a room. जालीदार उभड़ी हुई खिड़की।


Bay-window.

**Be**-बी-*v. i.* (*pres. indef.* am, art, is; *pl.* are. *past indef.* was, wast; *pl.* were. *p. p.* been.) to exist, to live, to remain. होना, रहना, जाना।

**Be**-बी - a *pref.* added to verbs and nouns &c. संज्ञा इत्यादि शब्दों में क्रिया बनाने के लिये जोड़ा हुआ उपसर्ग यथा- **Beset, Bescorch, Bedim, Befriend.** इत्यादि ।

**Beach**-बीच्- *n.* seashore, shore between ebb and flow of water. समुद्र तट (किनारा), ज्वार भाटा के मध्य का देख पड़ने वाला स्थान; *v. t.* to put a vessel on shore. किनारे पर जहाज लगाना ।

**Beacon**-बी'-कान्- *n.* signal fire (signal station), a light-house. आकाशदीप, मार्ग दिखलाने का प्रकाश;-*v. t.* to show light, to guide, to signal. प्रकाश दिखलाना, रास्ता बतलाना ।

**Bead**-बीड्'- *n.* a small perforated ball used in counting prayers. गुटका (माला का दाना);-*v. t.* to furnish with beads. दानों से गुथना; **Beaded** (-एड्) -*adj.* like beads. गुरिया के सदृश; **To be at one's beads** (to be at prayer.) जप पूजा करना ।

**Beadle** - बी'-ड्ल् - *n.* the servant of a company. किसी कम्पनी या व्यवसाय संघ का नौकर; **Beadledom** (-डॉम्) -*n.* servile attitude. जी हजूरी करना ।

**Beady**-बीड्'-ई-*adj.* bead-like. दानेदार ।

**Beagle**-बी'-ग्ल्- *n.* a small dog tracking by scent used in hare-hunting. खरहे का शिकार करने वाला छोटा कुत्ता ।

**Beak**-बाक्-*n.* the bill of a bird. चोंच; **Beaked** (-ड्) -*adj.* sharp-pointed, having a beak. नोकीला, चोंचदार ।

**Beaker** - बीक्'-अर् - *n.* a lipped glass vessel. कांच का चोंचदार पात्र ।

**Beam**-बीम्-*n.* a long piece of timber used in buildings, the bar of a balance, ray of light, bright look, smile. धरन (बल्ला, कड़ी, बड़ेर), तराजू का डंडा, प्रकाश की किरण, प्रसन्न आकृति, मुसकुराहट; -*v. t.* & *i.* to throw light, to shine, to smile. प्रकाश फेंकना, चमकना, मुसकुराना; **Beam compass** (an instrument for describing a large circle.) बड़ा वृत्त खींचने का परकाल; **Beamless** (-लेस्)-*adj.* emitting no rays of light. प्रकाश की किरण न फेंकता हुआ; **Beaming** (-इङ्ग्) *adj.* radiant, radiant with happiness. आनन्द से मग्न

**Beamy** (-ई)-*adj.* emitting rays of light, radiant. प्रकाश की किरण फेंकता हुआ, चमकदार ।

**Bean**-बीन्- *n.* a vegetable. सेम, बोड़ा ।

**Beanfeast** -बीन्'-फ़ीस्ट् -*n.* feast given by employers to their staff. भृत्यों को दिया हुआ भोज; **Beanfed** (in high spirits.) उत्तेजना में ।

**Bear**-बेंअर्- *n.* a thick-furred quadruped, an unmannerly person. रीछ (भालू), अशिष्ट या रूक्ष मनुष्य; **Bearleader** *n.* (a travelling instructor.) घूमघूमकर पढ़ाने वाला शिक्षक।

**Bear**-बेंअर्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Bore**, *p.p.* **Borne**) to carry, to sustain weight &c. to strive, to produce, to give birth to, to behave, to produce fall in price. ले जाना, भार सहना, प्रयत्न करना, उत्पन्न करना, जनना, व्यवहार करना, मन्दा करना; **To bear a hand** (to help.) सहायता देना; **To bear a portion** (to share.) भाग लेना; **To bear away** (to win.) जीतना; **To bear company** (to acompany.) साथ देना; **To bear down** (to overthrow.) पटकना; **To bear fruit** (to be successful.) सफल होना; **To bear in mind** (to keep in mind, to remember.) मन में रखना, याद करना; **To bear name.** नाम धारण करना; **To bear out** (to support, to justify, to confirm.) निश्चित करना; **To bear witness** (to testify.) गवाही देना ।

**Bearable**-बेंअर्'-अी-ब्ल् - *adj.* tolerable, that can be borne. सहने योग्य ।

**Beard**-बियर्ड् - *n.* hairs that grow on cheeks and chin, awn of grasses. दाढ़ी, अनाज की बाल;-*v. t.* to defy, to challenge. ललकारना, भिड़ना; **Bearded** (-एड्)-*adj.* having a beard. बालदार; **Beardless** (-लेस्)-*adj.* without beard. बिना बाल का (युवा) ।

**Bearer**-बेंअर्'-अर्- *n.* a person who carries a thing, a domestic servant, bringer of leters. बोझा ले जानेवाला (मोटिया), गृहस्थी का नौकर, पत्रवाहक

**Bear-garden** - बेंअर्-गार्-डेन्-*n.* a scene of uproar. शोरगुल, उपद्रव ।

**Bearing**-बेंअर्'इङ्ग्-*n.* respect, behaviour

relation, relative position. छवि, ढंग, व्यवहार (स्थिति), स[illegible]य, अभिप्राय; (*pl.*) the parts of a machine or shaft that bear friction. यन्त्र का वह भाग जहाँ पर गति होती है ।

**Bearish** – बेंअर्'-इश् – *adj.* like a bear, churlish, uncouth. रीछ के समान, अशिष्ट, फूहड़, भद्दा ।

**Bearskin**–बेंअर्'-स्किन् – *n.* the skin of a bear. भालू का चमड़ा ।

**Bear-leader**– *n.* see–**Bear.**

**Beast**–बीस्ट्– *n.* animal, a quadruped, a brutal person. पशु, चौपाया, पशु-प्रकृति का मनुष्य; **Beastliness** (-ली-नेस)–*n.* the quality of being beastly, gluttony. पशु प्रकृति; भुक्खड़पन; **Beastly** (-ली) *adj.* & *adv.* like a beast, dirty. पशु समान, पशुवत् गन्दा, ।

**Beat**–बीट्– *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Beat**-बेंट्) to strike repeatedly, to thrash, to bruise by pounding, to agitate by beating, to baffle, to harass, to vanquish, to throb. पीटना, मारना, कूटकर चूर करना, पटक कर हिलाना, व्यग्र करना, घबड़ाना, पराजित करना, फरकना; *n.* a stroke on drum, throbbing, pulsation. आघात, स्फुरण, टपक; **To beat about** (to make a search.) खोजना; **To beat about the bush** (to arrive at a subject slowly.) किसी विषय को धीरे धीरे ग्रहण करना; **To beat at door** (to knock at the door.) केवाड़ खटखटाना; **To beat black and blue** (to whip thoroughly.) पीट पीट कर नीला पीला करना; **To beat down** (to cheapen price of.) दाम गिराना; **To beat hollow** (to baffle, to perplex.) व्यग्र करना, घबड़ाना ।

**Beaten**–बीट्'-एँन्– *adj.* trite, defeated, worn out, thinned by hammer. सामान्य (प्रचलित), घिसा हुआ, हथौड़े से पीटकर बढ़ाया हुआ, हराया हुआ; **Beaten path** (trite subject.) पुराना ढंग, लकीर का फकीर ।

**Beater**–बीट्'-अर् – *n.* one who beats or strikes, one who beats up game for a sportsman. मारनेवाला, शिकार का पता लगानेवाला, हँकवा ।

**Beatific**–same as **Beatifical.**

**Beatifical**– बी-ऑ-टिफ्'-इक्-ऑल् - *adj.* rendering blessed. आनन्ददायक, सुख-कारक; **Beatification** (-टिफ्-इ-के'-शॉन्) *n.* the act of beatifying. आनन्द ।

**Beatify** – बि-ऑट्'-इ-फ़ाई– *v. t.* to make happy or blessed. प्रसन्न करना ।

**Beating** – बीट्'- इङ्ग् – *n.* chastisement by giving blows. मारपीट का दण्ड ।

**Beatitude** – बी-ऑट्'-इ-ट्यूड् – *n.* felicity, heavenly happiness. मोक्ष, मुक्ति, अप-वर्ग, निर्वाण, परम गति ।

**Beau**–बो–(*pl.* **Beaux**–बोज़्; *fem.* **Belle**-बेल्) a fop, a lover. छैला, बाँका ।

**Beau-ideal** – बो'-आइ-डी'-ऑल् –*n.* ideal excellence. अपूर्व सुन्दरता ।

**Beau-monde**–बो'-मॉन्ड् – *n.* fashionable society. सुवेशधारियों की मण्डली ।

**Beauteous** – ब्यू'-टि-अस् – *adj.* endowed with beauty. रमणीय, सुन्दर ।

**Beautifier**–ब्यू'-टि-फ़ाइ'-अर्–*n.* he who or that which beautifies. सुशोभित करने वाला पुरुष या पदार्थ ।

**Beautiful**–ब्यू'-टि-फ़ुल – *adj.* delighting the eye, gratifying the taste, charming. मनोहर, स्वादिष्ट; **Beautifully** (-ली) *adv.* charmingly. सुन्दरता से ।

**Beautify** – ब्यू'-टि - फ़ाइ – *v. t.* (*p. t.* **Beautified**) to make beautiful, to grace, to adorn. विभूषित करना, अलंकृत करना, सजाना ।

**Beauty**–ब्यू'-टी–*n.* (*pl.* **Beauties**) grace or excellence in the features of a person or thing. रूप, शोभा, मनोहरता, रमणीयता, सुन्दरता; –*n.* a beautiful person (*esp.* a woman) सुन्दर मनुष्य, विशेष कर सुन्दर स्त्री ।

**Beaver** – बी' - वर् – *n.* an amphibious rodent. ऊद बिलाव;–*n.* the face - guard of a helment. अंग्रेजी टोपी का छज्जा ।



Beaver.

**Becalm**–बि-काम्' – *v. t.* to make calm, still or quiet. शमन करना, शान्त करना ।

**Became**–बि-केम्'– *p. t.* of **Become.**

**Because**–बि-कॉज़्'– *adv.* & *conj.* by cause,

for this reason, on account of. क्योंकि, इस कारण से ।

**Bechance**-बि-चान्स्'- *v. t.* to befall, to happen. घटना होना, आ पड़ना ।

**Becharm** - बि-चार्म्'- *v. t.* to enchant, to charm. मुग्ध करना ।

**Beck**-बेक्-*n.* a brook, a mountain stream. पहाड़ी नाला या नदी ;-*n.* a gesture or nod. संकेत, इशारा ;-*v. t.* to make a mute signal, to call by a nod. सिर से या हाथों से संकेत करना ।

**Beckon**- बेक्'-ऑन् -*v. t.* & *i.* to summon, to call attention by gestures or nodding. पुकारना, संकेत करना ।

**Becloud**-बि-क्लाउड्'-*v. t.* to cover with clouds. बादलों से ढाँकना ।

**Become**- बि-कम्'- *v. t.* & *i.* ( *p. t.* **Became** ) to come to be, to come into existence,to happen, to suit,to adorn. होना, हो जाना, योग्य करना, सजाना ।

**Becoming** - बि-कम्'-इङ्ग् - *n.* suitable, befitting. उचित ( युक्त ), अनुरूप; **Becomingly** ( -इङ्ग्-ली ) -*adv.* in a becoming manner. युक्ति से ।

**Bed**-*n.* a thing to sleep on, a layer of earth, floor, mattress, bottom of a river, a plot of ground for plants. शय्या (चारपाई), बिछावन,भूमितल (छत,तह), चटाई,नदी का तल, कियारी,-*v. t.* to put to bed, to lay in bed. खाट पर सुलाना ; **Bed of sickness** ( state of illness. ) रोगी की अवस्था ; **Brought to bed** ( delivered of a child. ) बच्चा जनना; **Narrow bed** ( grave. ) कब्र ।

**Bedabble**-बि-डैब्'-ब्ल्- *v. t.* to stain or splash with dirty liquid, to wet. कीचड़ से गन्दा करना, गीला करना ।

**Bedaub** - बि-डॉब्' - *v. t.* to smear with paint. रंग लगाना, रंग पोतना ।

**Bedazzle**-बि - डैज़्' - ज़्ल् - *v. t.* to confound with splendour. चमक से चौंधियाना ।

**Bedchamber**-बेड्'-चेम्-बर्-*n.* a room to sleep in, a bed room. शयन गृह ।

**Bedding**-बेड्'-डिङ्ग्- *n.* materials used for making a bed. शयन सामग्री ।

**Bedeck**-बि-डेक्'- *v. t.* to adorn. सजाना ।

**Bedevil**-बि-डेव्'-इल् - *v. t.* to abuse, to throw into confusion, to bewitch. घबड़ाना, जादू करना ; **Bedevilment** (-मेंन्ट्)-*n.* possession by a devil. भूत ग्रस्त होना, प्रेत लगना ।

**Bedew**-बि-ड्यू'-*v. t.* to sprinkle, to moisten. भिगाना, गीला करना ।

**Bedfellow**-बेड्'-फेल्-लो- *n.* wife. भार्या ।

**Bedight**-बि-डाइट्'-*v.t.* to adorn. सजाना

**Bedim**-बि-डिम्'-*v. t* to make dim, to obscure. धुँधला करना, मलिन करना ।

**Bedizen** - बि-डाइज़्'-ऍन् - *v. t.* to dress gaudily. ठाट का वस्त्र पहिराना ।

**Bedlam** - बेड्'-लॅम् - *n* a hospital for lunatics, a madhouse. पागलखाना ; *adj.* fit for a madhouse. पागलखाने के योग्य

**Bedlamite**-बेड्'-लॅम्-आइट्- *n.* a lunatic, a mad man. सनकी, पागल ।

**Bedrabbled** - बि-ड्रै'- ब्ल्ड् - *adj.* soiled with mud and rain. वर्षा और कीचड़ से गन्दा किया हुआ ।

**Bedraggle**-बि-ड्रैग्'-ग्ल्-*v. t.* to wet by trailing. पानी में खींच कर भिगाना ।

**Bedrench** - बि-ड्रेन्च्'-*v. t.* to saturate, to drench. भिगाना, तर करना ।

**Bedridden** - बेड्'-रिड्-डॅन्-*adj.* confined to bed ( in sickness ). चारपाई पर पड़ा रहने वाला ( रोगी ) ।

**Bedroom**-बेड्'-रूम्-*n.* a room for sleeping. शयन गृह, शयनागार ।

**Bedside**-बेड्'-साइड्- *adj.* sympathetic with the patient. रोगी से सहानुभूति रखने वाला ।

**Bedsore**- बेड्'-सोर्- *n.* sore caused by lying too long in bed. अधिक काल तक चारपाई पर पड़े रहने से उत्पन्न घाव ।

**Bedstead** - बेड्' - स्टेड् - *n.* frame for supporting a bed. चारपाई, खटिया ।

**Bed-time**-बेड्'-टाइम्-*n.* time for going to sleep. निद्रा का समय ।

**Beduck**-बि-डक्'-*v.t.* to put head under water. जल में मस्तक डालना ।

**Bedust**-बि-डस्ट्'- *v. t.* to cover with dust. धूल से ढाँपना ।

**Bee**-बी- *n.* a four-winged stinging insect that produces honey and wax, a busy worker. भ्रमर (मधुमक्खी), परिश्रम से काम करने वाला; **Bee-master** (one who keeps bees.) मधुमक्खी पोषक; **Honey-bee** (insect

that gathers honey.) शहद की मक्खी

**Beech** - बीच् - *n.* kind of common forest tree. एक प्रकार का जंगली वृक्ष ।

**Beef**-बीफ़्- *n.* ( *pl.* **Beeves** बीव्ज़् ) the flesh of cow or ox. गोमांस ।

**Beefy** - बीफ़्' - ई - *adj.* fleshy, solid, muscular. मांसयुक्त, ठोस, पुष्ट ।

**Beehive**-बीं'-हाइव्-*n.* artificial dwelling for bees. मधुमक्खी का कृत्रिम घर ।

**Beeline**-बीं'-लाइन्-*n.* a straight course as that of bees going to their hives. मधुमक्खी के समान सीधा मार्ग ।

**Been**-बीन्- *p. p.* of the verb *to be.*

**Beer**-बिअर्- *n.* an alcoholic liquor prepared from malt. जव की शराब;-*n.* one of the ends of a thread into which a warp is divided. ताने का छोर; **Beer-money** ( allowance paid to servants.) नौकरों को भत्ता; **Beery** (-ई)-*adj.*pertaining to or like beer. जवकी मदिरा के सदृश ।

**Beestings**-बीस्ट्'-इङ्ग्ज़्- *n. pl.* first milk after child-birth. बच्चा जनने के बाद का माता का ( पहिला ) दूध, फेवँस ।

**Beeswax**-बीज़्' - वॅक्स् - *n.* a substance secreted by bees. मोम ।

**Beeswing**-बीज़्'- विङ्- *n.* tartar on old wine. पुरानी मदिरा का तलछट ।

**Beet**-बीट्- *n.* a kind of vegetable used for food. चोकन्दर ।

**Beetle**-बी'-ट्ल्- *n.* a kind of insect, a kind of heavy mallet, a short-sighted person. गोबरौला, एक प्रकार का भारी हथौड़ा, अल्प दृष्टि वाला मनुष्य; **Beetle-brain** ( a fool. )-*n* मूर्ख ;



**Beetle-eyed** (almost blind.) Beetle प्रायः अन्धा ।

**eeves**-बीव्ज़् - *n. pl.* animals of ox kind. गाय बैल आदि पशु ।

**Befall**-बि-फ़ॉल्' - *v. i.* ( *p. t.* **Befell,** *p. p.* **Befallen.** ) to happen, to come to pass. आ पड़ना, बीतना ।

**Befit**-बि-फ़िट्'- *v. i.* ( *p. t.* **Befitted** ) to be suitable to, to become. योग्य होना, ठीक होना ; **Befitting** ( -इङ्ग् ) *adj.* proper, suitable. योग्य, अनुरूप ;

**Befittingly** (-इङ्ग्-ली )-*adv.* in a suitable manner. योग्यता पूर्वक ।

**Befog**-बि-फ़ाग्'- *v. t.* ( *p. t.* **Befogged.**) to cover with fog. कोहिरे से ढाँपना ।

**Befool**-बि-फ़ूल्'- *v. t.* to make a fool of, to dupe. मूर्ख बनाना, ठगना ।

**Before**-बि-फ़ोअर्' - *adv.* ahead, previously, in the past. आगे, पहिले, पूर्वकाल में ; *prep.* in front of, in the presence of, in preference to. सामने, सन्मुख, अपेक्षा ; *conj.* previous to the time, when. जब, जब तक ; **Beforehand** ( previously. ) पूर्व में, पहिले ; **Before-mentioned** ( mentioned before. ) पूर्व कथित, पहिले कहा हुआ ।

**Befoul**-बि-फ़ाउल्'- *v. t.* to make filthy. मलिन करना, गन्दा करना ।

**Befriend**-बि-फ़्रॅन्ड्'- *v. t.* to favour, to help, to assist. अनुग्रह करना ( कृपा करना ), सहायता देना ।

**Befringe**-बि-फ़्रिन्ज्' - *v. t.* to decorate with fringe. झालर लगाकर सजाना ।

**Beg**-बॅग्'- *v. t.* & *i.* ( *p. t.* **Begged** ) to ask for food, money &c., to entreat, to ask earnestly. माँगना (भिक्षा माँगना ), प्रार्थना करना ।

**Began**-बि-गॅन्'- *p. t.* of **Begin.**

**Beget**-बि-गॅट्'- *v. t.* ( *p. t.* **Begot,** *p. p.* **Begotten, Begot** ) to produce, to give rise to. उत्पन्न करना, उपजाना; **Begetter** (-टर् )-*n.* father. पिता ।

**Beggar**-बॅग्'-गर्- *n.* one who begs, one who lives on alms, a poor man. भिक्षुक, भिखमङ्गा, दरिद्र;-*v. t.* to reduce to poverty, to reduce to silence. दरिद्र ( कंगाल ) करना, चुप करना ; **Beggarliness** ( -लि-नॅस् )-*n.* the state of being poor. निर्धनता ; **Beggarly** ( -ली )-*adj.* mean, sordid. निर्धन, नीच ; **Beggary** ( -ई ) -*n.* extreme poverty. दरिद्रता, अति निर्धनता ।

**Begging**-बॅग्'-गिङ्ग्- *n.* request, act of soliciting. प्रार्थना, याचना, भिक्षा ।

**Begin**-बि-गिन्'- *v.t.* & *i.* (*p. t.* **Began,** *p. p.* **Begun** ) to commence, to take the first steps, to make an attempt, to work at. आरम्भ करना, पहिले करना, प्रयत्न करना, प्रवृत्त करना;

To begin at ( to commence. ) आरम्भ करना ; To begin the world (to start life. ) जीवन आरम्भ करना ; To begin with ( firstly. ) पहिले पहल ।

**Beginner**- बि- गिन्'- नर्- *n.* one who begins, one who has little experience. आरम्भ करने वाला, नवसिखुआ ।

**Beginning**-बि-गिन्'-निङ्ग्- *n.* a source, an origin, rudiments. आरम्भ, उद्गम ।

**Begird**- बि-गर्ड्'- *v. t.* to encircle, to surround. लपेटना, घेरना ।

**Begone**-बि-गॉन्'- *interj.* go away ! दूर हट ! चला जा ! अलग हो !

**Begot**-बि-गॉट्'-*p. t.* of Beget.

**Begrime**-बि-ग्राइम्'- *v. t.* to soil deeply with dirt. भीतर तक मलिन करना ।

**Begrudge**-बि-ग्रज्'- *v. t.* to show dissatisfaction. असन्तोष दिखलाना ।

**Beguile**-बि-गाइल्'-*v. t.* to delude, to deceive, to charm, to amuse. ठगना, बहकाना, फुसलाना, प्रसन्न करना; **Beguilement** (-मेंन्ट) -*n.* deceit. ठगी; **Beguiler** (-अर् ) -*n.* a deceiver. ठगने वाला ।

**Begun**-बि-गन्'-*p. p.* of Begin.

**Behalf**-बि-हाफ्'- *n.* favour, advantage, support. कृपा,सुविधा, आश्रय; **On behalf of** ( on account of, on the part of ) वास्ते, निमित्त, लिये ।

**Behave**-बि-हेव्' - *v. i.* to conduct, to act, to show good manners. आचरण करना, व्यवहार करना, शिष्टाचार दिखलाना; **Well-behaved** ( of good manners. ) सदाचारी, अच्छे चरित्र का ।

**Behaviour**- बि - हेव्' - यर्- *n.* conduct, manners, deportment, demeanour. व्यवहार, आचरण, चालढाल ।

**Behead**-बि-हेड्'- *v. t.* to cut the head from, to kill in this way. सिर काट लेना, मार डालना ; **Beheading** ( -इङ्ग् ) *n.* act of cutting the head. सिर काटने का कार्य ।

**Beheld**-बि-हेल्ड्'- past tense and past participle of the verb **Behold.**

**Behest**-बि-हेस्ट्'-*n.* command. आज्ञा ।

**Behind**-बि-हाइन्ड्'-*adv. prep.* & *n.* in the rear, at one's back, further back, in support of, the posterior part. पीछे, पीठ की ओर, बहुत पीछे, अनुमोदन में, पिछला भाग; **Behindhand** (-हॅन्ड् )-*adv.* backward, in arrears. पीछे को, समय पर ऋण न चुकाता हुआ ; **Behind the scenes** (in private.) रहस्य में, नेपथ्य में; **Behind the times** (antiquated.) प्राचीन, पुरातन ; **To put behind** ( to refuse to consider. ) विचार न करना ।

**Behold**-बि-होल्ड्'- *v. t.* ( *p. t.* & *p. p.* **Beheld.** ) to see, to look at. देखना, निहारना;-*interj.* lo ! see ! अरे ! देखो !

**Beholden**- बि - होल्ड्'- एॅन्- *adj.* under obligation. उपकारक, कृतज्ञ ।

**Beholder**-बि-होल्ड्'-अर्- *n.* an observer, an onlooker. दर्शक, देखने वाला ।

**Behoof**-बि-हूफ्'- *n.* benefit, advantage, profit. लाभ, सुविधा ।

**Behove**-बि-होव्'-(**Behoove**-बि-हूव्') *v. t.* & *i.* to be necessary or proper for. योग्य होना, सहायता करना ।

**Being**-बी'- इङ् - *n.* existence, nature, anything that exists. अस्तित्व, प्रकृति, जीवित प्राणी ; **The Supreme Being** ( God. ) परमेश्वर ।

**Bejewelled**-बि-ज्यू'-एॅल्ड् - *adj.* wearing several jewels. अनेक रत्न पहिरे हुए ।

**Belabour** - बि-ले'-बर- *v. t.* to thrash, to beat soundly. खूब पीटना ।

**Belated**-बि-लेट्'-एॅड् - *adj.* coming too late. बहुत देर में आता हुआ ।

**Belaud**- बि-लॉड्' - *v. t.* to praise very much. अति प्रशंसा करना ।

**Belay** - बि-ले'- *v. t.* ( *p. t.* **Belayed** ) to fasten by coiling. लपेट कर बाँधना ।

**Belch**-बेॅल्च्- *v. i.* to emit wind from throat, to utter noisily. ओकाना, डेकारना, गरजना ;-*n.* burst of anything, eructation. किसी वस्तु का फूटना , डेकार ।

**Beldam**-(**Beldame**) बेॅल्'- डॅम् - ( -डेम् ) *n.* an old woman. बुढ़िया ।

**Beleaguer**-बि-लीग्'-अर्- *v. t.* to besiege, to blockade. घेर लेना, रोक रखना ; **Beleaguerment** ( -मेंन्ट )-*n.* रुकावट ।

**Belfry**-बेॅल्'-फ्री-*n.* bell-tower. घंटाघर ।

**Belial** - बी'-लॅ-ऑल् - *n.* the devil. प्रेत, दैत्य, राक्षस ;-*adj.* wicked. दुष्ट ।

**Belie**-बि-लाइ'-*v. t.* ( *p. t.* **Belied** ) to be false, to fail to fulfil a promise, to misrepresent. असत्य बनाना, झूठी

प्रतिज्ञा करना, झूठा अभियोग लगाना ।

**Belief** – बि-लीफ़्' –n. trust, assurance, faith, opinion, creed, religion. विश्वास, श्रद्धा, मत, विचार, धर्म ।

**Believable** – बि-लीव्'-ऍ-बुल्–*adj.* capable of belief. विश्वास के योग्य ।

**Believe**–बि-लीव्'– *v. t.* & *i.* to trust, to give credence to. विश्वास करना, श्रद्धा करना ; **Believer** ( -अर् ) - *n.* one who has faith. विश्वास करनेवाला, **Believing** ( -इङ्ग् )-*n.* having faith. विश्वास ।

**Belike**–बि-लाइक्'–*adv.* perhaps. कदाचित्

**Belittle** – बि-लिट्'-ट्ल् – *v. t.* to make small, to depreciate, to disparage. छोटा करना, न्यून करना, घृणा करना ।

**Bluster**- ब्लस्- टर्- *v. i.* to storm, to bully, to boast, to swagger. गर्जना, कोलाहल करना, आत्मश्लाघा करना ; -*n.* boasting, loud noise. शेखी, शोर गुल; **Blusterer** (-अर्) -*n.* a noisy swaggerer. शेखीबाज ; **Blusteringly** ( -इङ्ग्-ली ) *adv.* boastfully. आत्मश्लाघा से ; **Bluster-ous** ( -अस् ) *adj.* noisy, tumultuous. कोलाहली, गर्जने वाला।

**Bo**- बो- *interj.* used by children to startle. लड़कों को चौंका देने का शब्द।

**Boa**-बो-आ- *n.* a large non-poisonous snake. बड़ा भारी सर्प या अजगर।

**Boar**-बोर्- *n.* a male pig ( *fem.* Sow ). सुअर; **Boarish** ( -इश् ) -*adj.* brutal, cruel. असभ्य, निर्दयी।

**Board**-बोर्ड् - *n.* a narrow thin piece of timber, stuff paper, table, food served, committee, deck of a ship. तख़्ता (पटरा), दफ़्ती, मेज़, भोजन (आहार), सभा, जहाज़ की छत; -*v.t.* & *i.* to cover with board, to receive. तख्ते से ढाँकना, पाना ; **Above board** (honestly.) ईमान-दारी से ; **Board money** ( servant's wages. ) नौकर का वेतन ; **On board a ship** (on the deck of a ship.) जहाज़ पर।

**Boarder**-बोर्ड्-अर्- *n.* one who lives in another's house, one who boards with another. धर्मशाला में रहने वाला, दूसरे के साथ भोजन करने वाला।

**Boarding**-बोर्ड्-इङ् - *n.* food and lod-ging. भोजन और रहने का स्थान ; same as **Boarding house.**

**Boast**-बोस्ट्- *n.* self-exaltation. अहङ्कार, गर्व, आत्मश्लाघा, अपनी बड़ाई ; -*v. i.* to brag, to be proud of. गर्व करना, शेखी करना; **Boastful** (-फुल) *adj.* गर्वी ; **Boast-fulness** (-नेस् )*n.* शेखी ; **Boasting** (-इङ्ग्) *n.* शेखी; **Boastfully**(-फुल-लि) *adv.* शेखीसे।

**Boat**-बोट्- *n.* a small open-oared vessel. नाव, नौका; -*v. i.* to go in a boat. नाव में जाना ; **In the some boat** ( in the same category ) एक ही स्थिति में ; **To take boat** ( to embark on a boat. ) नाव पर सवार होना।

**Boat-fly**-बोट्-फ्लाइ- *n.* a kind of insect. पानी का खटमल।

**Boating**-बोट्-इङ्-*n.* rowing or sailing in boats.नाव खेना या नाव पर चढ़कर चलना

**Boatman** - बोट्-मैन् - *n.* one who manages a boat. नाविक, मल्लाह।

**Boatswain**-बो-सन्- *n.* an officer in a

ship. नाविक, माँझी, कर्णधार।

**Bob**-बॉब्- *n.* weight on pendulum, knot of hair, short jerking motion. लङ्गर में का बोझ, बालों की गाँठ, झटका; *v. i.* & *t.* to move up and down, to dance, to cheat. ऊपर नीचे हिलाना, नाचना, ठगना; **Bobbery** (-ऍर्-री) -*n.* disturbance. उपद्रव।

**Bobbery**-बॉब्-ऍर्-ई- *n.* a noisy row. कोलाहल, शोरगुल।

**Bobbin**-बॉब्-बिन्- *n.* a spool for holding thread. तागे की गड़ारी, अन्टा।

**Bobbish**-बॉब्-बिश्- *adj.* brisk, well, hearty. चञ्चल, अच्छा, आनन्दी।

**Bobby**-बॉब्'-ई- *n.* a policeman. (used in slang) पुलिस का सिपाही।

**Bobtail**-बॉब्-टेल्- *n.* tail cut short, the rabble. कतरी हुई पोंछ, उपद्रवी जन।

**Bode**-बोड्- *v. t.* to foresee, to prophesy, to portend. शकुन कहना, भविष्य बतलाना, (पहिले से सूचित करना); **Bodeful** (-फुल्) -*adj.* boding, ominous of evil. अशुभ सूचक; **Bodingly** (-इङ्ग्-ली) -*adv.* in a portentious manner. शकुन से; **Bodement** (-मेन्ट्) -*n.* a presentiment, prophecy. शकुन।

**Bodice**-बॉड्'-इस्- *n.* a woman's (outer) garment, corset. चोली, अँगिया।

**Bodied, Bodiless, Bodily** – see Body.

**Boding**-बोड्'-इङ्ग्- *n.* an omen. शकुन।

**Bodkin**-बॉड्-किन्- *n.* a long thick-eyed pin. लम्बा मोटा सूजा।

**Body**-बॉड्'-ई- *n.* (*pl.* Bodies) material, organism, main portion, majority, aggregate of persons. शरीर (देह), प्रधान अंश, समुदाय, झुंड; **Body guard** (a guardian, escort.) शरीर रक्षक, प्राण रक्षक; **Dead body** (corpse.) शव, मुर्दा; **To a body** (simultaneously.) एक साथ; **Heavenly body** (sun, stars &c.) सूर्य, नक्षत्र, तारा इत्यादि; **Body of troops** (military force.) सेना का दल; **Bodied** (-ईड्) -*adj.* शरीरधारी; **Bodiless** (-लेस्) -*adj.* शरीर रहित; **Bodily** (-ली) -*adv.* in a body, corporeally. शारीरिक रीति से, शरीर सहित।

**Bog**-बॉग्- *n.* a morass, quagmire. पङ्क, दलदल; -*v. t.* to plunge or sink in mire. दलदल में फँसाना।

**Boggle**-बॉग्-ग्ल्- *v. i.* to start with fear, to hesitate. भय से चौंकना, ठमकना, आगा पीछा करना।

**Boggle**-बॉग्-ग्ल्- *v. i.* to waver, to start with fear. हिलना, भय से चौंक उठना।

**Boggy**-बॉग्-गी-*adj.* full of bogs, marshy, swampy. दलदली।

**Bogie**-बोग्-ई- *n.* a long carriage of a railway train. रेलगाड़ी का लम्बा डब्बा।

**Bogle**-बो-ग्ल्- *n.* phantom, bugbear, a goblin. प्रेत, पिशाच।

**Bogus**-बो-गस्- *adj.* sham, counterfeit, fictitious. बनावटी, झूठा।

**Boil**-बॉयल्- *n.* a hard tumour, boiling point. व्रण (फोड़ा), उबाल; -*v. i.* & *t.* to bubble up, to cook by boiling, to be hot, to be agitated. उबालना, पकाना, खौलना, खौलाना; **To boil away** (to reduce to vapour.) भाफ कर डालना; **To boil over** (to flow over by boiling.) उबल कर बहना; **To keep the pot boiling** (to obtain livelihood.) जीविका प्राप्त करना; **Boiler** (-अर्) -*n.* a vessel in which anything is boiled. उबालने का बर्तन, डेगची, पतीली; **Boiling point** (temperature at which a liquid boils.) जिस गर्मी पर पानी खौलता है; **Boiling spring** (a geyser) खौलते पानी का सोता।

**Boisterous**-बॉयस्-टर्-अस्- *adj.* violent, rough, stormy. प्रचण्ड, उत्कट, प्रबल; **Boisterous noise** (uproar.) कोलाहल; **Boisterous laugh** (violent laugh.) ठहाके की हँसी; **Boisterously** (-ली) -*adv.* प्रचण्डता से; **Boisterousness** (-नेस्) -*n.* violence. प्रबलता।

**Bold**-बोल्ड् - *adj.* brave, courageous, daring, immodest, rude. शूर, साहसी, धृष्ट, निर्लज्ज; **Bold faced** -*adj.* धृष्ट; **Boldly** (-ली) -*adv.* साहस से; **Boldness** (-नेस्) -*n.* साहस, धृष्टता; **Bold-spirited** *adj.* साहसी, वीर; **He made bold to say** (fearlessly said.) निडर होकर वह कहने लगा।

**Bole**-बोल् - *n.* trunk of a tree. वृक्ष-स्कन्ध, पेड़ की धड़।

**Bolshevik**-बोल्-शे-विक् - *n.* a revolutionary. क्रान्तिकारी मनुष्य; **Bolshevism** (-विज़्म्) -*n.* क्रान्तिकारी सिद्धान्त।

**Bolster**-बोल्स्‌- स्टर्‌ – *n.* a round long stuffed pillow. तकिया, मसनद ;–*v. t.* to support with prop or soft pad. खम्भे के भरोसे ठहराना ( थोक लगाना ) ।

**Bolt**-बोल्ट्‌– *n.* a short arrow, quarrel, discharge of lightning, screwed metal pin with head and nut, a door fastener, sudden start. तीर, झगड़ा, बिजली की चमक, ढिबरी, अगंला, उछाल ;–*v. i.* & *t.* to dart off, to fasten, to investigate. एकाएक छलाँग मारना, बाँधना, पता लगाना; *adv.* quite. पूर्ण रूप से ।



Bolts.

**Bolter**-बोअल्ट्‌'-अर्‌– *n.* a sieve. चलनी ।

**Bolting**-बोअल्ट्‌'-इङ्‌– *n.* a sudden start, fastening with a bolt, sifting. चमक, ढिबरी से कसा करना, चलनी से चालना ।

**Bolus**-बो'-लस्‌– *n.* a large pill. बड़ी गोली ।

**Bomb**-बॉम्‌– *n.* a hollow sphere filled with explosives. बमगोला ; –*v. t.* to throw bomb. बम फेंकना ; **Bomb chest**– *n.* बारूद भरी हुई पेटी ; **Bomb-proof**– *adj.* बम जिसको न भेद सके ; **Bomb shell**– *n.* किसी प्रकार का बम ।

**Bombard**-बॉम्‌'-बाड्‌ड्‌– –*v. t.* to batter with bombs. बम से उड़ाना या आक्रमण करना ; **Bombardment** (-मॅन्ट्‌ ) –*n.* an artillery attack, an attack with bombs. बम द्वारा उड़ाने की क्रिया ।

**Bombast**-बॉम्‌'-बॅस्ट्‌– *n.* language inflated with high-sounding words. अतिशयोक्ति, निरर्थक बड़े बड़े शब्दों का प्रयोग ; **Bombastic** ( -इक्‌ ) -*adj.* inflated with diction, high sounding. असार, बड़े बड़े शब्दों से पूर्ण; **Bombastically** (-ऑल्‌-लि) *adv.* in a turgid language. अतिशयोक्तिसे ।

**Bomber**-बॉम्‌'-अर्‌– *n.* a kind of aeroplane used for throwing bombs. बम फेंकने वाला हवाई जहाज ।

**Bon (Bonne)**-बॉन्‌- *adj.* good. अच्छा ।

**Bonbon**-बॉन्‌'- बॉन्‌– *n.* sugar confectionery, sweetmeat. मिठाई ।

**Bona fide**-बो'- नी-फ़ाई-डे– *adj.* & *adv.* with good faith, genuine. विश्वसनीय, यथार्थ, वस्तुतः, सचमुच ।

**Bond**-बॉन्ड्‌– *n.* anything that binds, restraining force, agreement, link or connection, obligation in writing, method of brick-laying, a security, league, confinement, imprisonment. बन्धन, अवरोध, तमस्सुक, संबंध, सट्टा, ईंटों की टिपकारी, प्रतिभू, संघ, बन्धन, दासत्व ; *v. t.* to bind together. बाँधना; -*adj.* not free. अस्वतन्त्र, पराधीन ; **Bonded** (-ऍड्‌)-*adj.* under a bond. सट्टा किया हुआ

**Bondage**-बॉन्ड्‌'-एज्‌– *n.* slavery. दासत्व ।

**Bondman**-बॉन्ड्‌'-मॅन्‌ – *n.* a man slave. दास; **Bondwoman** *n. fem.* ( a woman slave. ) दासी ।

**Bondslave**-बॉन्ड्‌'-स्लेव्‌ – *n.* a person in a state of slavery. बँधुआ ।

**Bondsman**- बॉन्ड्‌ज़्‌'- मॅन्‌- *n.* serf or slave, a surety. दास, जमानतदार ।

**Bone**-बोन्‌– *n.* a white hard substance which constitutes the skeleton of a body. अस्थि, हड्डी; ( *pl.* **Bones** ) the body. शरीर ; -*v. t.* to take out the bones. हड्डी निकालना ; **Bone of contention** ( cause of dispute. ) झगड़े की जड़; **Bone dry** (quite dry.) बिलकुल, सूखा ; **Boneless** (-लॅस्‌ ) -*adj.* without bones. बिना हड्डी का ; **Bone setter**– *n.* हड्डी बैठाने वाला ; **Bony** ( बो'-नी) -*adj.* full of bones. हड्डी वाला, हड्डी से भरा हुआ ; **Flesh and bone** (thin person.) अति दुर्बल मनुष्य ।

**Bonfire**-बॉन्‌'-फ़ायर्‌– *n.* a large fire in the open air serving as a sign of rejoicing. जय सूचक अग्नि, होलिका ।

**Boniface**- बॉन्‌'- इ-फ़ेस्‌- *n.* a generic name for an innkeeper. भठियारा ।

**Bonne**-बॉन्‌– *n.* a nursemaid. दासी ।

**Bonne bouche**-बॉन्‌'-बूश्‌– *n.* a delicious morsel. स्वादिष्ट ग्रास या कवर ।

**Bonnet**-बॉन्‌'-नॅट्‌– *n.* woman's head-dress, a protective cap. स्त्रियों की टोपी, ढाँकने की टोपी ; -*v. t.* to put bonnet on a person. टोपी पहिराना ( टोपी से मुख ढाँकना ) ; **Bonneted** ( -ऍड्‌ ) -*adj.* covered with a bonnet. ढाँका हुआ ।

**Bonnilass**-बॉन्‌'-नी-लॅस्‌– *n.* a beautiful girl. सुन्दर कन्या ( लड़की ) ।

**Bonny**-बॉन्‌'-नी – *adj.* comely, healthy-looking, beautiful. हृष्ट पुष्ट, सुन्दर ।

**Bonten**-बॉन्‌-टेन्‌- *n.* a narrow woollen fabric. ऊनी कपड़े की पट्टी।

**Bonus**-बों-नस्‌- *n.* something given by way of bargain, extra dividend given to shareholders. पारितोषिक, बढ़ोत्तरी।

**Bony**-बॉन्‌-नी- *adj.* see Bone.

**Boo**- बू- *v. i.* to make sound of disapproval. असन्तोष जनक शब्द करना।

**Booby**-बूब्‌-ई- *n.* a silly fool, a stupid person. मन्दबुद्धि, मूढ़।

**Boodle**-बूड्‌-इल्‌- *n.* money acquired by fraud or bribery. छल या घूससे प्राप्त धन।

**Boohoo**-बू-हू- *n.* sound of noisy weeping. चिल्लाकर रोने का शब्द।

**Book**-बुक्‌- *n.* a literary composition, the Bible, division of a poem. पुस्तक (पोथी, ग्रन्थ), इन्जील, (कविता का) सर्ग; *v. t.* to enter in a book, to take railway ticket. पुस्तक में लिख लेना, रेल का टिकट खरीदना; **To bring to book** (to require to give an exact reckoning.) उत्तरदायी करना; **Without book** (by memory.) स्मरण से।

**Book binder**-बुक्‌-बाइन्ड्‌-अर्‌- *n.* one who binds books. जिल्दसाज़।

**Book case**- बुक्‌-केस्‌- *n.* a case for books. पुस्तक रखने की अलमारी।

**Booking**-बुक्‌-इङ्ग्‌-*n.* selling numbered tickets. टिकट बेंचना; **Booking clerk** (the clerk who issues tickets.) टिकट बेंचने वाला मुंशी; **Booking office** (where tickets are issued for a journey.) टिकट घर।

**Bookish**-बुक्‌-इश्‌- *adj.* not experienced in worldly affairs. अव्यवहारी, दुनियादारी न जानने वाला।

**Book-keeper**-बुक्‌-कीप्‌-अर्‌- *n.* a keeper of accounts. मुनीम, हिसाब रखने वाला;

**Book-keeping**-बुक्‌-कीप्‌-इङ्‌-*n.* art of keeping accounts. बहीखाते की विद्या, मुनीमी।

**Book-learning**-बुक्‌-लर्न्‌-इङ्‌- *n.* book knowledge. पुस्तकस्थ विद्या।

**Booklet**-बुक्‌-लेट्‌- *n.* a small book. छोटे आकार की पुस्तक।

**Book-maker**-बुक्‌-मेक्‌-अर्‌- *n.* one who compiles books. पुस्तक लिखने वाला।

**Book-mark**-बुक्‌-मार्क्‌- *n.* a card for marking a page in a book. पुस्तक में पृष्ठ संकेत के लिखे रखने का कार्ड।

**Book-mate**-बुक्‌-मेट्‌-*n.* a school fellow. सहाध्यायी।

**Book-post**-बुक्‌-पोस्ट्‌- *n.* printed matter which is sent by post at a lower charge. डाक द्वारा कम महसूल पर छपी पुस्तक इत्यादि भेजना।

**Book-seller**-बुक्‌-सेल्‌-अर्‌- *n.* one who sells books. पुस्तक बेंचने वाला।

**Book-stall**-बुक्‌-स्टॉल्‌- *n.* a stall for retailing books. पुस्तकों की दूकान।

**Bookworm**-बुक्‌-वर्म्‌- *n.* an indiscriminate reader of books. किताबों का कीड़ा (सदा पुस्तक पढ़ने वाला)।

**Boom**-बूम्‌- *n.* a long spar which extends to the bottom of a sail. पाल फैलाने का डंडा; *-v. t.* to hum, to buzz, to show sudden activity. भनभनाना, गड़गड़ाना, झपट कर कोई काम करना।

**Boomerang**-बूम्‌-अर्‌-ऐंङ्ग्‌- *n.* a carved wooden missile used by the aborigines of Australia. एक प्रकार की लकड़ी की तीर जो फेंकने पर फिर से वापस आ जाती है।

**Boon**-बून्‌- *n.* request, gift, present, favour, blessing. प्रार्थना, उपहार, वर, अनुग्रह, प्रसाद; *-adj.* genial, benign, jovial. उदार, दयालु, प्रसन्न।

**Boor**-बुअर्‌-*n.* a peasant, a rude fellow. किसान (देहाती), गँवार; **Boorish** (-इश्‌) *adj.* rude in manners, illiterate. असभ्य, अशिक्षित; **Boorishly** (बूर्‌-इश्‌-ली) *-adv.* rudely. असभ्यता से; **Boorishness** (-इश्‌-नेस्‌) *n.* rudeness of manners. असभ्यता।

**Boost**-बूस्ट्‌- *v. t.* to lift or raise by pushing. धक्का देकर उठाना; **Booster** (-अर्‌) *-n.* a machine for raising voltage. बिजली की शक्ति बढ़ाने का यन्त्र।

**Boosy**-बू-ज़ी- *adj.* a little intoxicated. थोड़ा नशा पिये हुए।

**Boot**-बूट्‌- *n.* a covering for the foot, profit, advantage. जूता, लाभ, सुविधा; **To boot** (in addition to.) अधिक।

**Booth**-बूथ्‌-*n.* temporary shelter, a tent in a fair. छानी, छप्पड़, मेलेकी दूकान।

**Boot-lace**-बूट्‌-लेस्‌- *n.* lace for tying shoes. जूते का फीता।

**Boot-maker**-बूट्‌-मेक्‌-अर्‌- *n.* maker of

boots. चर्मकार, मोची।

**Boot-last (Boot-tree)**-बूट्'-लॅास्ट (-ट्री)- *ns.* appliance for preparing boots (or keeping them in shape.) जूता बनाने का फ़रमा।

**Bootless**- बूट्'- लॅस्- *adj.* useless, unavailing. निरर्थक, अकारथ।

**Booty**-बूट्'-ई- *n.* spoil taken by force. लूट का माल।

**Booze**-बूज़्- *v. i.* to drink deeply. अधिक मदिरा पीना; **Boozy** (-ई)-*adj.* addicted to drink. पियक्कड़।

**Bo-peep**-बो'-पीप्- *n.* a game of hide and seek. आँख मुँदौवल का खेल।

**Boracic**-बो-रॅस्'-इक्- *adj.* pertaining to borax. सोहागे का।

**Borax**-बोर्'-रॅक्स्- *n.* a kind of mineral salt, borate of soda. सोहागा।

**Border**-बॉड्ड्'-अर्- *n.* the outer edge, boundary. किनारा, छोर, परिधि;-*v. t.* to put on border. किनारी लगाना; **Borderer** (-अर्)-*n.* one who dwells on the borders of a country. सीमा प्रान्त का रहने वाला; **Bordering** (-इङ्ग्)-*adj.* समीप का, किनारे पर का।

**Bore**-बोर्- *p. t.* of Bear.

**Bore**-बोर्- *n.* a great tide-wave, a nuisance, a tiresome person, hollow of a gun-barrel, deep hole in earth. ज्वार की लहर, कष्ट देने वाला पुरुष, बन्दूक की नली का छेद, पृथ्वी में का छिद्र;-*v. t.* to make hole, to weary out by tedious talk. छेद करना, यन्त्रसे किसी पदार्थ को छेदना, वृथा बकवाद से थकाना।

**Boreal**-बोर्-इ-ऑल्- *adj.* pertaining to North wind. उत्तरी वायु सम्बन्धी।

**Borer**-बार्-अर्- *n.* a boring instrument. छेदने का यन्त्र।

**Boric**-बॉर्-इक्-*adj.* pertaining to borax. सोहागे के क्षार सम्बन्धी।

**Boring**-बोर्-इङ्- *adj.* tedious. विनोदहीन

**Born**-बॉर्न्- (*p. p.* of Bear.) brought forth. जन्मा हुआ, पैदा हुआ; **Born rich** (rich from birth.) जन्म का धनी; **Born with silver spoon in his mouth** (born to a fortune.) शुभ मुहूर्त में उत्पन्न हुआ, भाग्य का पोढ़ा।

**Borne**-बॉर्न्- (*p. p.* of Bear.) *adj.* carried, supported, defrayed. लाया हुआ, आश्रय दिया हुआ, व्यय किया हुआ।

**Borough**-बर्' - रो- *n.* a town sending members to Parliament. वह नगर जहाँ से पार्लियामेन्ट के सभासद होते हैं।

**Borrow**-बॉर्'-रो- *v. t.* to get as loan, to imitate. ऋण लेना (उधार लेना), अनुकरण करना; **Borrowed light** (inner window of a room.) कमरे की भीतरी खिड़की; **Borrower** (-अर्)-*n.* उधार लेने वाला; **Borrowing** (-इङ्ग्)-*n.* taking on loan. उधार लेने की क्रिया।

**Bort** - बॉर्ट - *n.* fragments or dust of diamond. हीरे की कनी।

**Bosh**-बॉश्- *n.* foolish talk, nonsense. वृथा वार्ता, फ़जूल बात।

**Bosket**-बॉस्क्' -ऍट्- *n.* a grove, a small wood. कुञ्ज, छोटा जङ्गल।

**Bosky**-बॉस्क्'-ई- *adj.* wooded. झाड़ीदार।

**Bosom**-बूज़्'-अम्- *n.* the breast of dress, interior parts. वक्षःस्थल (छाती), हृदय, मन (चित्त), कपड़े का सीना, भीतरी भाग; **Bosom friend** (intimate friend.) प्रिय सुहृद, विश्वासी मित्र।

**Boss**-बॉस्- *n.* protuberance, projection, person in authority. उभाड़, गाँठ, मालिक; **Bossed** (-ड्)-*adj.* in relief. उभड़ा हुआ; **Bossy** (-बॉस्'-ई)-*adj.* ornamented with bosses. गाँठदार।

**Botanical**-बो-टॅन्'-इक्-ऑल्-*adj.* pertainin to botany. वनस्पति सम्बन्धी।

**Botanist**-बॉट्'-टॅन्-इस्ट्- *n.* one skilled in botany. वनस्पति शास्त्र का पण्डित; **Botanize** (-आइज़्)-*v. t.* to study plants. वनस्पति शास्त्र का अध्ययन करना।

**Botany**-बॉट्'-टॅ-नी- *n.* the science of plants. वनस्पति विज्ञान, औषधि शास्त्र।

**Botch**-बॉच्- *v. t.* & *n.* to repair badly, a clumsy patch, an eruptive swelling on skin. पेवन लगाना, पेवन, फोड़ा (फफोला); **Botcher** (-अर्)-*n.* one who makes patches. पेवन लगाने वाला; **Botchery** (-अर्-री) - *n.* patch-work. पेवन का काम।

**Botchy**-बॉच्'-ई- *adj.* full of botches. पेवन से भरा हुआ।

**Bote**-बोट्-*n.* compensation. प्रतिफल, बदला।

**Both**-बोथ्- *adj.*, *pron.* & *adv.* the two, the one and the other, equally. दोनों उभय, बराबर से।

**Bother**-बॉथ्' (-द्') -अर्- *v. t.* & *i.* to

worry, to trouble one's self. कष्ट देना ( दिक करना, खिजलाना ), कष्ट उठाना;-*n.* worry, fuss. कष्ट, दिक्कत, **Botheration** (ऍ-शान्)-*n.* trouble, worry. झंझट, तरद्दुद; **Bothersome** (-सम्)-*adj.* causing trouble. कष्ट देने वाला ।

**Bottle**-बॉट्'-ट्ल्- *n.* a narrow necked glass vessel for holding liquids, bundle of hay. बोतल, सूखी घास का गट्ठा ;-*v. t.* to store in bottle. बोतल में भरना; **Bottle-nosed** (having a large thick nose, with a short snout) फूली हुई नाक वाला ; **Brought up on a bottle** (fed up from a feeding bottle.) शीशी से दूध पिलाकर पोसा हुआ ( बच्चा ) ; **Over a bottle** ( while drinking.) शराब पीते समय ।

**Bottler**-बॉट्'-लर्- *n.* one who bottles liquors. बोतलों में शराब भरने वाला ।

**Bottom**-बॉट्'-टम्- *n.* the lowest part, ground under water, low land, inmost point, keel, basis, foundation. तल ( अधोभाग ), जल के नीचे का तल, नीची भूमि, सबसे भीतरी स्थान, जहाज की पेंदी, आधार, नींव;-*adj.* lowest. सबसे नीचा ; *v. t.* to put to bottom. पेंदी में रखना ; **Bottom up** ( inverted. ) उलटा, नीचे पेंदी ऊपर सिरा ; **From the bottom of the heart** ( earnestly. ) सहृदय ; **To be at the bottom of** (to be the root cause of. ) प्रवर्तक होना ; **To send to the bottom** (to sink.)डुबाना; **Bottomless** (-लैस् ) -*adj.* fathomless. अगाध, अथाह ।

**Boudoir**-बू'-डार्- *n.* a lady's small private room. स्त्रियों का गुप्त कमरा ।

**Bough**-बाउ-*n.* the branch of a tree, te bow of a ship. शाखा ( डाल ) , जहाज का दोनों ओर का भाग ।

**Bought**-बॉट्-*p. t.* & *p. p.* of **Buy.**

**Bougie**-बू'-जी-*n.* wax candle. मोमबत्ती ।

**Boulder** - बोल्'-डर् - *n.* a large water-worn rounded stone. पानी से घिसा हुआ बड़ा चिकना गोल पत्थर ।

**Bounce**-बाउन्स्- *v. i.* & *t.* to bound, to boast, to burst noisily. उछल पड़ना, श्लाघा करना, चिल्लाना ; -*n.* a boast. आत्मश्लाघा, शेखी ;-*adv.* suddenly. एकाएक ; **To bounce out** ( to boast. ) श्लाघा करना, शेखी करना ।

**Bouncer** - बाउन्'-सर् - *n.* a boaster, a bully, a liar. शेखीबाज, झूठा ।

**Bouncing** - बाउन्'-सिङ्ग् - *adj.* stout, strong, heavy. पुष्ट, दृढ़, भारी ।

**Bound**-बाउन्ड् - *n.* limit, boundary, a spring. सीमा, किनारा ( मर्यादा ), उछाल; *v. t.* & *i.* to limit, to bounce. सीमा बाँधना, उछलना ; -*adj.* ready to start. प्रस्थान करने को तैयार ; ( *p. p.* of **Bind**) confined. बँधा हुआ, परवश; **Boundless** ( -लैस् )-*adj.* without limit. ( अनन्त ), अवधि रहित ।

**Boundary**-बाउन्ड्'-ऑ-री- *n.* a limit or border. सीमा, मर्यादा, अवधि ।

**Bounden**-बाउन्ड्'-ऍन्-*adj.* morally binding, obligatory. कर्तव्याधीन ।

**Boundless**- *adj.* see **Bound.**

**Bounds**-बाउन्ड्ज़-*n.*boundary.सीमा,मर्यादा

**Bounteous**-बाउन्'-टि-अस् - *adj.* liberal. उदार ; **Bounteously** (-ली)-*adv.* liberally, largely. उदारता से ।

**Bountiful** - बाउन्'-टि-फुल्- *adj.* munificent, generous, liberal. दानशील, उदार, दयालु ; **Bountifully** (-टि-फुल्-ली )-*adv.* liberally. उदारता से ।

**Bounty** - बाउन्'-टी - *n.* liberality, gift. उदारता, पारितोषिक, ( अनुग्रह, कृपा ) ।

**Bouquet**-बू-के'- *n.* a bunch of flowers, nosegay. फूलों की गुच्छा, गुलदस्ता ।

**Bourn**-बूर्न्-*n.* a small stream or brook. छोटी नदी, नाला ।

**Bourse**-बूर्स्- *n.* rialto, money market. हाट, बाजार, फड़ ।

**Bout**-बाउट्- *n.* a turn at work, fit of illness, trial of strength. काम की पारी, बीमारी का दौरा, शक्ति परीक्षा ।

**Bovine**-बो'-वाइन्- *adj.* like an ox, dull. गाय बैल के सदृश, मन्द बुद्धि ।

**Bovril**-बॉव्'-रिल् - *n.* extract of beef. गोमांस का सत्व ।

**Bow** - बो - *n.* a curve, weapon for shooting arrows. घुमाव, कमान (धनुष); **Bower** ( -अर् ) -*n.* he who makes bows. धनुष बनाने वाला ।

**Bow**-बाउ- *n.* respect, consent, fore end of a ship, rainbow. प्रणाम (नमस्कार), स्वीकृति, जहाज का अगला भाग, इन्द्रधनुष ; *v. t.* to bend knee and incline head in saluting, to stoop. नमस्कार करना,प्रणाम

करना, चरण पर गिरना; Bowing acquaintance. साहब सलामत, परिचय मात्र; To draw the long bow (to exaggerate,) अतिशयोक्ति से कहना; Bow-man (-मॅन्) *n.* an archer, an ; oa rsman. धनुर्धारी, नाव खेने वाला ; Bow shot ( distnace to which an arrow can be sent.) जहाँतक तीर फेकी जा सकती है ; Bow-string ( the string used in a bow. ) प्रत्यञ्चा, चिल्ला।

**Bow-compasses**-बो-कम्-पॅस्-सॅज़्- *n.* a kind of compasses. एक प्रकार का छोटा परकाल।



Bow-compasses.

**Bowel**-बाउ-ॲल्- *n.* the lower part of the stomach. आँत, अँतड़ी ; ( *pl.* ) entrails, tender feeling. अन्तर्भाग, दया, ( मृदुता )।

**Bower**-बाउ-अर्- *n.* arbour, a shady recess in a garden. कुञ्ज ( कुटी ), पर्णशाला ; Bowery (-ई) *-adj.* containing bowers, shady. कुञ्जवत्, छायादार।

owl-बाउल्- *n.* a hollow round basin. याला, कटोरा; *-v. t.* to play at bowls, to roll. गेंद से खेलना, लुड़काना ; Bowlful ( -फुल् ) *-n.* as much as a bowl can hold. प्यालाभर।

**Bowler**-बोल्-अर्- *n.* one who throws a ball. गेंद फेंकने वाला ; Bowling ( -इङ्ग् ) *-n.* delivering ball at the wicket in cricket. क्रिकेट का गेंद फेंकना।

**Bow saw**-बो-सॉ- *n.* a saw for cutting curves. गोल काटने की आरी।

**Bowse**-बौज़्- *v. i.* to pull or haul. नाव को खींचना।

**Bow shot**-बो-शॉट्- *n.* see-Bow.

**Bow-string**-बो-स्ट्रिङ्- see-Bow.

**Bow-wow**-बाउ-वाउ- *n.* the barking of a dog. कुत्ते का भुकान।

**Box**-बॉक्स्- *n.* a chest, a driver's seat, compartment in a theatre, a slap on the head or ear with the hand, an iron ring at the centre of a wheel. सन्दूक, कोचबक्स, थियेटर की सीट, घूसा, पहिये का आँवन; *-v. t.* to put into a box, to slap on a person's ears. बक्स में रखना, कान पर घूसा मारना ; Box-office ( office for booking theatre seats. ) नाटक घर के टिकट मिलने का स्थान ; Witness box ( the place where witnesses stand in a court. ) अदालत में गवाहों के खड़े होने की जगह।

**Boxer**-बॉक्स्-अर्- *n.* one who fights with his fists. मुक्की लड़ने वाला।

**Boxing**-बाक्स्-इङ्ग्- *n.* the act of fighting with fists. मुक्की ; Boxing ( the first week after Christmas. ) क्रिसमस् के बाद का पहिला सप्ताह।

**Boy**-बॉय्- *n.* ( *fem.* Girl) a male child. बालक, शिशु, कुमार, लड़का।

**Boycott**-बॉय् - कॉट् - *v. t.* ( *p. t.* Boycotted) & *n.* to punish by systematic refusal of social or commercial relations. बहिष्कार करना, बहिष्कार।

**Boyhood**-बॉय्-हुड्- *n.* boyish age, state of being a boy. लड़कपन।

**Boyish**-बॉय्-इश्- *adj.* like a boy, puerile. बालकोपयोगी, बालक सदृश; Boyishly (-इश्-ली ) *-adv.* लड़कपन से।

**Brabble**- बॅब्-बल्- *n.* a broil, quarrel. हुज्जत, लड़ाई झगड़ा।

**Brace**-ब्रेस्- *n.* a couple, a thing that tightens. ( *pl.* ) trouser suspenders, connecting mark in printing; ( ) pair, couple, a boring instrument used by carpenters. युगल ( जोड़ा ), बन्धन, ( बo वo ) पतलून बाँधने का पट्टा, जोड़, छापने में घेर की लकीर (⏜), बढ़ई का बरमा ; *-v. t.* to fasten tightly, to support. कसकर बाँधना, सम्हालना।



Brace & bit

**Bracing** - ब्रेस् - इङ्ग् - *adj.* giving strength. शक्ति देने वाला।

**Bracer**-ब्रे-सर्- *n.* a tonic medicine. शक्ति दायक औषधि।

**Bracelet**-ब्रेस्-लेट्- *n.* an ornament for the wrist. पहुची, कंगन, बाजू।

**Brach**-ब्रॅच्- *n.* a hunting bitch, bitch-hound. शिकारी कुतिया।

**Brachial**-ब्रॅक्-इ-ॲल्- *adj.* belonging

to the arm. बाहु संबंधी।

**Bracing**-ब्रेस्-इङ्-*adj.* giving strength. पुष्टिकर, शक्तिवर्धक।

**Bracket**-ब्रैक्'-ऍट् -*n.* a wooden or metallic angular support, pairs of marks used in writing or printing. () [] {} दीवारगीर, कोष्टक के चिह्न; *v. t.* to enclose in brackets. ऐसे चिह्नों से घेरना।



Bracket.

**Brackish**-ब्रैक्-इश्- *adj.* saltish. खारा।

**Bradawl**-ब्रैड्'-ऑल्- *n.* a boring tool. छेदने का शस्त्र (बरमा)।

**Bradshaw**-ब्रैड्'-शॉ- *n.* a detailed railway guide. रेल की विवरण सहित समय इत्यादि सूचक बड़ी पुस्तक।

**Brag**-ब्रैग्- *v. i.* (*p. t.* **Bragged.**) to boast. आत्मश्लाघा करना, वृथा स्तुति करना; **Braggart** (-गॅर्ट) -*n.* a boaster, a vain fellow. दम्भी, आत्मश्लाघी; **Bragging** (-गिङ्ग्) -*n.* दम्भ, शेखीबाजी।

**Brahmin**-ब्रॉ'-मिन्- *n.* a member of the Hindu priestly caste. ब्राह्मण; **Brahminic** (-इक्) -*adj.* ब्राह्मण सम्बन्धी; **Brahminism** (-इज़्म्) -*n.* religion of Brahmans. ब्राह्मणों का धर्म।

**Braid**-ब्रेड् *n.* a plait of hair, a kind of lace. बालों का जूड़ा, गोटा, लैस; -*v. t.* to interweave, to entwine, to plait. गुथना, बटना।

**Brail**- ब्रेल्- *n.* piece of leather by which a hawk's wing is tied. बाज का पर बाँधने का चमड़े का पट्टा।

**Braille**-ब्रेल्- *n.* printing in relief (letters) for the blind. अन्धों के लिये उभड़े अक्षरों में छपी पुस्तक।

**Brain**-ब्रेन्- *n.* nervous substance in skull, seat of intellect and understanding. मस्तिष्क, भेजा, मति, बुद्धि; **Brainfag** (nervous exhaustion.) दिमागी थकावट; **Brainless** (-लेस्) -*adj.* silly, thoughtless. निर्बुद्धि, बुद्धिहीन; **Brain sauce** (intelligence.) बुद्धि; **Brain sick** (deranged) पागल; **Brainy** (-ई) -*adj.* clever, quick of thought. चतुर।



Brain.

**Brake**-ब्रेक्- *n.* thicket, apparatus for checking wheel's motion, a railway carriage, heavy harrow. झाड़ी, रेलगाड़ी में पहियों के रोकने का यन्त्र, वह गाड़ी जिसमें यह यन्त्र रहता है, हेंगी; -*v. t.* to crush by beating, to use a brake. कूँचना, रोक लगाना; **Brakesman** (one who is in charge of brakes.) पहिया रोकने पर नियुक्त पुरुष।

**Bramble**-ब्रैम्'-बूल् - *n.* a wild prickly shrub. कँटीला पौधा, गोखरू।

**Bran**-ब्रैन् - *n.* husks of ground corn. धान्यत्वचा, भूसी, चोकर।

**Branch**-ब्रान्च्- *n.* limb of a tree, part or division of a thing, section, line of descent, subject of knowledge. शाखा, (डाली, टहनी), भाग, अङ्ग, सन्तान, ज्ञान विषय; -*v. i.* & *t.* to spring out, to spread forth, to divide into branches. उगना, फैलाना, शाखाओं में विभक्त होना; **Branched** (-ड्) -*adj.* शाखादार; **Branchless** (-लैस्) -*adj.* destitute of branches. बिना शाखा की; **Branchlet** (-लैट्) -*n.* a small branch. छोटी शाखा; **Branchy** (-ई) -*adj.* full of branches. अनेक शाखा वाली।

**Brand**-ब्रैन्ड् - *n.* burning wood, mark made by hot iron, trade mark, a sword. उल्का (लुक, लुआठी), तपे लोहे का चिह्न, व्यापारी चिह्न, तलवार; -*v. t.* to burn with hot iron. तपे लोहे से दागना; **Brand new** (quite fresh.) बिलकुल नया

**Brandish**-ब्रैन्ड्' इश्- *v. t.* to wave about. घुमाना, भाँजना, चक्कर देना।

**Brandrith**-ब्रैन्ड्'-रिथ्- *n.* a wooden stand for cask. पीपे की बैठकी।

**Brandy**-ब्रैन्'-डी-*n.* a strong spirit distilled from wine. आसव, सुरा, शराब।

**Brangle**-ब्रैङ्ग्'-गल्- *v. t.* to quarrel.

कलह करना, झगड़ना।

Branny-ब्रॅन्-नी- *adj.* like bran. चोकर के समान।

Brasier-ब्रे'ज़्-यर्- *n.* a worker in brass. पीतल के पात्र आदि बनाने वाला।

Brass-ब्रास्- *n.* an alloy of copper and zinc. पित्तल, पीतल; **The brass** (brass instruments.) पीतल के यन्त्र; *adj.* made of brass. पीतल का बना हुआ।

Brassy-ब्रास्-सी -*adj.* made of brass, impudent. पीतल के रङ्ग का, धृष्ट।

Brat-ब्रॅट्- *n.* a contemptuous name for a child. कच्चा, बच्चा, छोकड़ा।

Bravado- ब्रॅ - वा' - डो- *n.* show of courage, boast. शेखी, भभकी, धमकी, डींग।

Brave-ब्रे'व्- *adj.* courageous, fearless, valiant, finely dressed, honest, showy. वीर (साहसी), सुघर, तेजस्वी, दिखौवा; *v. t.* to defy, to dare. ललकारना, साहस करना; **Bravely** (-ली) -*adv.* in a brave manner. वीरता से; **Bravery** (-अर्-ई) *n.* courage. पराक्रम, साहस।

Bravo-ब्रॅ-वो'- *n.* & *interj.* (*pl.* **Bravoes, Bravos** ब्रॅ'-वोज) a bandit, cry of approval. लुटेरा, वाह वाह! धन्य धन्य!

Brawl-ब्रॉल्- *v. t.* & *n.* to engage in a noisy quarrel, murmur. कलह करना, विवाद, (झगड़ा); **Brawling** (-इङ्ग्) *adj.* quarrelsome. झगड़ालू।

Brawn- ब्रॉन्- *n.* boar's flesh, a muscle. सुअर का मांस, पुट्ठा; **Brawny** (-ई) *adj.* strong. पुष्ट, मांसल।

Bray-ब्रे-*n.* & *v. i.* cry of an ass, to cry like an ass. गदहे का शब्द, रेंकना; *v. t.* to pound. खरल में कूटना।

Braze- ब्रे'ज़- *v. t.* to colour like brass. पीतल के समान रङ्ग करना; -*v. t.* to solder with brass. पीतल का पक्का जोड़ लगाना।

Brazen-ब्रे'-ज़न्- *adj.* made of brass, impudent. पीतल का बना हुआ, धृष्ट; **Brazen age** (third stage in human deterioration.) संसार के अवनति की तृतीय अवस्था; **Brazen-faced** (shameless.) निर्लज्ज, लज्जाहीन।

Brazier-ब्रे'ज़्-यर्- *n.* a worker in brass. पीतल का बर्तन बनाने वाला, ठठेरा।

Breach-ब्रीच्- *n.* a break, neglect of contract, violation of law, a quarrel, injury, gap. छिद्र, नियमभङ्ग, अतिक्रम, झगड़ा, आघात, दरार; -*v. t.* to break through. तोड़ना, दरार करना, सेंन लगाना; **Breach of the peace** (riot, affray.) बलवा; **Breach of promise** (infringement of promise.) प्रतिज्ञाभङ्ग।

Bread-ब्रे'ड्-*n.* baked food, livelihood. रोटी (अन्न, आहार,), जीवनवृत्ति; **Bread and butter** (means of living.) जीवन वृत्ति; **Bread and cheese** (simple food.) सामान्य भोजन; **To take bread from one's mouth** (to snatch away one's living.) जीवनवृत्ति छीन लेना; **To make one's bread** (to earn one's living.) जीविका के लिये उद्योग करना; **To eat the bread of idleness** (to be idle.) हराम की रोटी खाना; **Bread-winner** (person who supports one's family.) परिवार का पोषण करने वाला।

Breadth - ब्रे'ड्थ् - *n.* broadness, width. विस्तार, चौड़ाई; **To a hair's breadth** (exactly, definitely.) ठीक ठीक; **Of full breadth** (of full extent.) पूरे विस्तार का; **Breadthwise** (**Breadthways**) across the width. चौड़ाई बल में, चौड़ाई में।

Break-ब्रे'क्- *n.* a breach, an interruption, the dawn, a strongly built carriage. टूटन, अवरोध (विघ्न), अरुणोदय, मज़बूत गाड़ी; -*v. t.* & *i.* to divide into parts, to disperse, to decline in health. तोड़ना (खण्डन या चूर्ण करना), रास्ता करना, रवाना होना, दुर्बल होना; **To break a horse** (to train a horse for riding or carriage.) घोड़ा निकालना; **To break away** (to enter.) प्रवेश करना; **To break bread with** (to be entertained by.) नेवता पाना; **To break down** (to destroy.) नाश करना; **To break ground** (to till, to begin siege.) जोतना, घेर लेना; **To break in** (to enter.) प्रवेश करना; **To break the ice** (to overcome the first difficulties.) आरंभ की कठिनाइयों को सुलभ करना; **To break off** (to cease, to abandon.) समाप्त करना, त्यागना; **To break open** (to penetrate by breaking.) तोड़कर घुसना; **To break out** (to proclaim.) घोषणा करना; **To break small** (to become lean.) दुर्बल होना; **To break heart** (to be disappointed.)

निराश होना ; To break up ( to dissolve, to lay open. ) बर्खास्त करना, खोलना ; To break with ( to part in enmity. ) झगड़ा करना ।

**Breakable**- ब्रेक्'-ऑ-बल्- *adj.* able to be broken. तोड़ने योग्य ।

**Breakage**-ब्रेक्'-एज्- *n.* allowance for things broken accidentally. वस्तु के अनायास टूटने का हरजाना ।

**Breakdown**- ब्रेक्' - डाउन् - *n.* failure of health or power, collapse. स्वास्थ्य नष्ट होना, शीत आना ।

**Breaker**-ब्रेक्'-अर्-*n.* a large wave of the sea. समुद्र की बड़ी लहर ।

**Breakfast**-ब्रेक्'-फ़स्ट्- *n.* the first meal of the day. सवेरे का भोजन, क़लेवा ।

**Breakneck**-ब्रेक्'-नेक्-*n.* a steep place, a great fall. करारा, गिराव ; *adj.* hazardous. आपत्तिजनक ।

**Breakwater**-ब्रेक्'-वॉ-टर्- *n.* a mole to break the force of waves. बाँध ।

**Breast** - ब्रेस्ट्-*n.* milk-secreting organ, upper front of body or dress, heart. स्तन ( पयोधर ), वक्षःस्थल, पोशाक का अगला भाग, अन्तःकरण : -*v. t.* to face. सामना करना; **Breasted** (-एड्) -*adj.* with a fine voice. सुरीली आवाज़ का ; **Breast-plate** ( armour for breast. ) कवच, सीनाबन्द; **To make a clean breast of** ( to expose secrets. ) भेद ( रहस्य ) खोलना ।

**Breast-bone**-ब्रेस्ट्'-बोन्- *n.* the sternum. हृदय पर की बीच की हड्डी ।

**Breast-deep**-ब्रेस्ट्'-डीप्- *adj.* deep up to the breast. छाती तक गहरा ।

**Breath**-ब्रेथ्- *n.* slight movement of air, air inhaled and exhaled, breeze, life. वायु की मन्द गति, मन्द पवन, जीवन, श्वास, साँस (दम); **Below one's breath** ( muttering. ) धीरे धीरे बोलना ; **In the same breath** ( simultaneously. ) एकबारगी ; **To draw breath** ( to live. ) जीवित करना; **To keep breath to cool porridge** ( to abstain from conversation. ) बात करने से रुकना ; **To take breath** ( to pause, to rest. ) ठहरना, दम लेना; **To waste breath** ( to talk uselessly. ) वृथा बकवाद करना ।

**Breathe**-ब्रीद् - *v. i.* & *t.* to live, to take breath, to utter softly, to inhale. जीना, श्वास लेना, धीरे से बोलना, साँस खींचना ; **To breathe again** ( to recover from fear. ) भय से मुक्त होना ; **To breathe one's last** ( to die, to take the last breath. ) मृत्यु को प्राप्त होना, अन्तिम श्वास छोड़ना ।

**Breathing** - ब्रीद्'-इङ्ग् - *n.* & *adj.* respiration, life-like. श्वास, जीवित ; **Breathing space** ( a short interval of rest. ) श्वास लेने का अवकाश ।

**Breathless**-ब्रेथ्'-लेस्-*adj.* out of breath, panting. हाँफता हुआ ।

**Bred**-ब्रेड्-*p. t.* & *p. p.* of Breed.

**Breech** - ब्रीच् - *n.* lower part of the body, the hinder part of a gun. नितम्ब, चूतर, तोप या बन्दूक का पिछला भाग ; ( *pl.* **Breeches** ब्रीच्'-एज़् ) trousers. जघिया ( पायजामा ) ; **Breeched** (-ड्) -*adj.* जंघिया पहिने हुए; **Breechless** (-लेस्) -*adj.* बिना जंघिया का ।

**Breed**-ब्रीड्- *n.* race, family. वंश, कुल ; *v. t.* ( *p. t.* & *p. p.* Bred ) to bear, to generate, to bring forth young, to cherish, to propagate, to train up. पैदा करना, उत्पन्न करना, पोसना, बढ़ाना, सिखलाना ; **Ill-bred** (uncivil, impolite) अशिष्ट ; **Well-bred** ( noble, polite. ) सदाचारी, विनीत ; **What is bred in the bone** ( hereditary traits. ) पूर्वजों के चिह्न ।

**Breeder**-ब्रीड्'-अर् - *n.* one who breeds or brings up. पोसने वाला ।

**Breeding**-ब्रीड्'-इङ्ग् - *n.* act of generating, training, good manners, behaviour. पालन, शिक्षण, सभ्यता, अच्छा व्यवहार ; **Breeding season** ( season of production. ) उत्पत्ति समय ।

**Breeze**-ब्रीज़्- *n.* gentle wind. मन्द पवन, हलकी बहती हुई हवा; **Breezeless** (-लेस्) *adj.* destitute of breeze. वायु रहित ; **Breezy** (-ई)-*adj.* windy, lively. हवादार, प्रसन्न ; **Land breeze** ( breeze blowing from the land. ) भूमि की ओर से बहने वाली वायु ; **Sea breeze** (breeze blowing from the sea.) समुद्र की ओर से बहने वाली वायु ।

**Brethren**-ब्रेद्'-रेन्- *pl.* of Brother.

**Breve**-ब्रीव्- *n.* sign for a short vowel sound. ( ˘ ), लघु स्वर का ( ˘ ) चिह्न ।

**Breviary**-ब्रीव्'-यॅरी-री- *n.* a book containing prayers. स्तोत्र संग्रह ।

**Brevier**-ब्रॅ'-विअर्-*n.* a size of printing type. एक विशेष नाप का टाइप ।

**revity**-ब्रॅव्-इ-टी - *n.* shortness, conciseness. सक्षेप, कमी, छोटापन ।

**Brew**-ब्रू - *v. t.* to make beer, to bring about, to gather forces, to mingle. शराब बनाना, उत्पन्न करना, मिलाना, सेना इकट्ठा करना ; **Brewer** (-अर्) -*n.* one whose trade is brewing. शराब खींचने वाला ; **Brewery** (अर्-ई) -*n.* a building used for brewing. शराब बनाने का स्थान ; **Brewing** (-इङ्ग्)-*n.* the process of preparing liquors from malt. शराब बनाने की क्रिया ।

**Bribe**-ब्राइब्- *n.* an illegal reward given to some one. उत्कोच, घूस, रिश्वत ; *v. t.* to give bribe. घूस देना, मुट्ठी गरम करना ; **Briber** (-अर्) -*n.* one who gives bribe. घूस देने वाला ; **Bribery** (-अर्-ई) -*n.* crime of taking or giving bribes. घूस देने या लेने का कार्य ।

**Brick**-ब्रिक्- *n.* clay moulded, shaped and baked. ईंटा ; -*v. t.* to block up with brick. ईंट से चुन देना ; **Brickbat** ( fragment of a brick. ) ईंट का टुकड़ा ; **Brickfield** (-**kiln**) *n.* place where bricks are made. आवाँ, भट्ठा ; **Bricky** (-ई) *adj.* full of bricks or formed of bricks. ईंटो से पूर्ण, ईंट का बना हुआ ; **brickwork** ( building of bricks. ) ईंटों से बनी हुई इमारत ।

**Bridal**-ब्राइड्'-औल्- *adj.* & *n.* belonging to bride or marriage, a wedding feast. वैवाहिक, विवाह सम्बन्धी उत्सव ।

**Bride**-ब्राइड्-*n.* a woman recently married or going to be married. कुंमारी, नववधू, दुलहिन; **Bride's maid** ( female attendant of a bride. ) दुलहिन की सहेली; **Bride's man** ( bridegroom's attendant. ) दुलहा का सहचर ।

**Bridegroom** - ब्राइड्'- ग्रूम् - *n.* ( *fem.* Bride ) a man recently married or going to be married. दुलहा, वर ।

**Bridge**-ब्रिज्- *n.* a structure carrying road across a stream, a kind of card-game. सेतु, पुल, एक प्रकार का ताश का खेल ; -*v. t.* to Build a bridge over. नदी सड़क आदि पर पुल बाँधना ।

**Bridle**-ब्राइ'-ड्ल्- *n.* the head-gear of a horse's harness, restraint. लगाम, संयम; *v. t.* to put bridle on horse, to bring under control. लगाम लगाना, वशीभूत करना ।

**Brief**- ब्रीफ् - *n.* a summary of law points. कानूनी बहस के लिये सक्षेप; -*v.t.* to reduce to a brief. सक्षेप करना ; -*adj.* concise, short. अल्प ( क्षणिक ), संक्षिप्त; **Brief bag** ( a small leather handbag. ) चमड़े का छोटा हाथ का बेग ; **In brief** ( in a few words ) सक्षेप में ; **To be brief** ( in short. ) संक्षेप में ; **Briefless** (-लॅस्) -*adj.* without a brief. बिना सक्षेप का ; **Briefly** (-ली) -*adv.* in short. सक्षेप में ; **Briefness** (-नॅस्) -*n.* संक्षेप ।

**rier** ( **Briar** )-ब्राइ'-अर्- -*n.* a prickly bush. काँटेदार झाड़ी, गोखरू ; **Briery** (-ई ) -*adj.* full of briers. कँटिदार ।

**Brig**- ब्रिग् - *n.* a two-masted square-rigged vessel. दो मस्तूल का जहाज ।



Brig.

**Brigade**-ब्रि-गेड्'- *n.* a sub-division of an army. सैना का भाग, सैन्य दल, पलटन ; -*v. t.* to join a brigade. पलटन में भरती होना ।

**Brigadier**-ब्रिग्-ए-डिअर्- *n.* the officer of an army commanding a brigade. पलटन का अफ़सर ।

**Brigand**-ब्रिग्-ऑन्ड् - *n.* a robber or freebooter. लुटेरा, डाकू ।

**Bright**-ब्राइट्- *adj.* shining, vivid, clear, illustrious, quick-witted. उज्वल, निर्मल, ( चमकीला ), स्पष्ट, प्रसिद्ध, सूक्ष्ममति ।

**Brighten**-ब्राइट्'- ऍन् -. *v. t.* to make bright, to make gay or cheerful. प्रदीप्त करना (विमल करना), प्रसन्न करना; **Brightly** ( -ली ) -*adv.* in a bright manner. स्पष्टरूप से, उज्वलता से ; **Brightness** (-नॅस् ) -*n.* the state of being bright. चमकीलापन ।

**Brilliance, Brilliancy**-see **Brilliant**.

**Brilliant** ब्रिल्'-यॅन्ट्- *adj.* bright, splen-

did, showy, shining. दैदीप्यमान, भड़कीला, दिखौवा, चमकदार; *-n.* a diamond of the finest cut. चमकदार पहलदार हीरा; **Brilliantly** (-ली) *-adv.* in a brilliant manner. चमकीलेपन से ; **Brilliance** (-यॅन्स्) ; **Brilliancy** (-यॅन्-सी) *-ns.* brightness. चमक दमक ।

**Brilliantine**-ब्रिल्'-यॅन्- टीन्- *n.* a preparation (cosmetic) for the hair. बाल चमकाने का मसाला ।

**Brills**-ब्रिल्ज़्- *n.* the hair on the eyelids of a horse. घोड़े की बरौनी का बाल ।

**Brim** - ब्रिम् - *n.* the upper edge of anything. कंठ, मुख, किनारा ; *-v. t.* & *i.* (*p. t.* **Brimmed.**) to fill to the top, to be full to the-top. मुँह तक भरना, भरा होना; **Brimful** (-फुल्) *-adj.* completely full. ऊपर तक भरा हुआ ; **Brimless** (-लॅस्) *-adj.* having no brim. बिना किनारे का ; **Brimmed** (-ड्) *-adj.* with a brim. किनारेदार ।

**Brimmer**-ब्रिम्'-मर्- *n.* a bowl full to the top. मुख तक भरा हुआ प्याला ।

**Brimstone**-ब्रिम्'-स्टोन् *n.* sulphur. गन्धक; *adj.* pertaining to sulphur. गन्धक संबंधी।

**Brindle** (-d) - ब्रिन्'- डल् (-ड्) - *adjs.* tawny, brownish. भूरा, चितकबरा ।

**Brine**-ब्राइन्- *n.* salt water, the sea, tears. खारा पानी, समुद्र, आँसू ; *-v. t.* to wet with brine. समुद्र के जल से भिगोना ।

**Bring**-ब्रिङ्ग्- *v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Brought**-ब्रॉट) to cause to come, to fetch, to prefer, to adduce. लाना (ले जाना), प्रस्तुत करना, सन्मुख रखना ; **To bring about** (to effect.) होना ; **To bring forth** (to give birth to.) बच्चा जनना ; **To bring forward** (to continue from a preceding page) पहिले पृष्ठ से आगे लाना ; **To bring home** to (to convince.) प्रतीत कराना; **To bring in** (to import.) बाहर से माल लाना ; **To bring into play** (to cause to do.) कार्य में परिणत कराना ; **To bring into world** (to be born.) उत्पन्न करना; **To bring to** (to obstruct.) गति रोकना; **To bring to bear** (to influence.) प्रभाव डालना ; **To bring to mind** (to recollect.) याद करना, स्मरण करना ; **To bring out** (to introduce.) उपस्थित करना ; **To bring up** (to nurse, to educate.) पालना पोसना, शिक्षा देना ।

**Brinish**-ब्राइन्'-इश्- *adj.* saltish. नमकीन ।

**Brinjal**-ब्रिन्'-जॅल्- *n.* fruit of egg-plant, egg-apple. बैंगन, भन्टा ।

**Brink**- ब्रिङ्क् - *n.* edge, border. तट, किनारा ; **On the brink of grave.** (dying) मरणासन्न, शीघ्र मरने वाला ।

**Briny**-ब्राइन्'-ई- *adj.* salty. नमकीन ।

**Brisk**-ब्रिस्क्- *adj.* active, lively, full of spirit. तीव्र, चपल ; *-v. i.* to brisk up. तीव्र होना ; **Briskly** (-ली) *-adv.* in a brisk manner. तीव्रता से, शीघ्र ; **Briskness** (-नॅस्) *-n.* agility. तीव्रता, तेजी ।

**Brisket**-ब्रिस्क्'-ऍट् - *n.* breast of animals. पशुओं की छाती ।

**Bristle**-ब्रिस्'-सल्- *n.* the stiff hair of swine. सुअर के कड़े बाल; *-v. i.* to cause the hairs to stand. रोमांचित होना, पुलकित होना, रोवाँ खड़ा होना ; **To set up one's bristle** (to agitate, to rouse temper.) क्रोध भड़काना ।

**Bristling**-ब्रिस्ट्'-लिङ्ग् - *n.* a kind of small fish. एक प्रकार की छोटी मछली ।

**Britain**-ब्रि-टॅन्- *n.* England, Wales and Scotland. विलायत का राज्य ।

**British**-ब्रिट्'-इश् - *adj.* pertaining to England, of British empire. आङ्गल देशीय, अंग्रेजी ; **Britisher** (ब्रिट्'-इश्-अर्) *n.* one who is born in England. इङ्गलैन्ड में उत्पन्न पुरुष ।

**Briton**-ब्रिट्'-ओन्- *n.* an inhabitant of Great Britain. ग्रेट ब्रिटेन् का निवासी ।

**Brittle**-ब्रिट्'-टल् - *adj.* apt to break, not tough, fragile. कुड़कीला, कुरकुरा, सहज में टूटने योग्य ; **Brittleness** (-नॅस्) *n.* the quality of being fragile or brittle. कुड़कीलापन ।

**Broach**-ब्रोच्- *n.* a boring bit. बरमे की डांस; *-v. t.* to pierce, to open up, to begin discussing. छेदना, खोलना, शास्त्रार्थ करना; **Broacher** (-अर्)-*n.* the publisher of a new idea. किसी नवीन विचार का प्रकाशक ।

**Broad**-ब्रॉड्- *adj.* vast, wide, large, extensive, clear, outspoken, explicit. चौड़ा, बड़ा, स्पष्ट, विस्तृत (विस्तीर्ण) ; **Broad awake** (fully conscious or awake.) प्रबुद्ध, जागता हुआ ।

**Broadcast**-ब्रॉड्-कास्ट्'- *v. t.* to transmit

news, music &c. by wireless. बिना तार की तारबर्की से गाना, समाचार इत्यादि दूर देश में भेजना ; **Broadcasting Station.** -*n.* the place for transmitting radio programmes. रेडियो के द्वारा खबर गायन इ० भेजने का स्थान ।

**Broadcloth**-ब्रॉड्'-क्लॉथ्- *n.* fine double-width woollen cloth. बनात ।

**Broaden**-ब्रॉड्'-एँन्- *v. t.* & *i.* to make or grow broad. चौड़ा करना या होना ।

**Broadly**-ब्रॉड्'-ली- *adv.* in a broad manner. चौड़ाई से ; **Broadness** (-नेँस्) -*n.* the quality of being broad. चौड़ाई ।

**Broadside**-ब्रॉड्'-साइड्- *n.* the side of a ship which is above water. जहाज का पानी के ऊपर का भाग ।

**Broadways**- ब्रॉड्'- वेज़्- *adv.* along the breadth, broadwise. चौड़े बल ।

**Brob**- ब्रॉब् - *n.* a wooden wedge to tighten a tenon. चूल कसने की फन्नी ।

**Brocade** - ब्रो-केड्' - *n.* a fabric with raised pattern in gold-thread or silk. किमखाब, ज़रीदार या बूटेदार कपड़ा ; -*v. t.* to make brocade. किमखाब बीनना ।

**Broccoli**-ब्रॉक्'-ओ-ली- *n.* cabbage with edible flower. फूल गोभी ।

**Brochure**-ब्रो-शूर्'- *n.* a stitched booklet. सिली हुई छोटी पुस्तक ।

**Brocket**-ब्रॉक्'-एँट्- *n.* a stag which is two years old. दो साल का हिरन ।

**Broider**-ब्रॉएँड्'-अर्- *v. t.* to adorn with needlework. कसीदा काढ़ना, बेल बूटा बनाना ; **Broidery** ( -ई ) -*n.* brocade, embroidery. किमखाब ।

**Broil**-ब्रॉयल्- *n.* quarrel, tumult, discord. झगड़ा, लड़ाई ; -*v. t.* to cook on coal. सेंकना, आग पर भूनना ; **Broiler** (-अर्) -*n.* a gridiron. दमचूल्हा ।

**Broke**-ब्रोक्- *p. t.* of **Break.**

**Brokage**-ब्रोक्'- एज् - *n.* same as **Brokerage.**

**Broken**-ब्रोक्'-एँन्- *adj.* crushed, humbled, tame, rough, ruined, incomplete. टूटा हुआ, विनीत, पालतू, रूक्ष, नष्ट, अपूर्ण ; **Broken English** ( incorrect English. ) अशुद्ध अंग्रेजी ; **Broken ground** ( uneven ground.) ऊँची नीची जमीन ; **Broken - hearted** ( full of sorrow. ) विह्वल, दुःखी; **Broken numbers** ( fractional numbers.) अपूर्ण अङ्क ; **Broken sleep** ( intermittent sleep. ) उचटी नींद ; **Brokenly** (-ली) -*adv.* with breaks. झटके से ।

**Broker**-ब्रोक्'-अर्- *n.* a middleman in bargains. दलाल; **Brokerage** (-एज्) -*n.* commission. दलाली, दस्तूरी; **Brokering** (-इङ्ग्) -*n.* charge for a transaction. दलाली का व्यवसाय ।

**Bromide**-ब्रोम्'-आइड्- *n.* a compound of bromine with a base. एक अंग्रेज़ी दवा

**Bromine**-ब्रोम्'-इन्- *n.* a non-metallic element. एक रसायनिक तत्व ।

**Bronchi**- ब्रॉङ्क्'-ई - ( *pl.* **Bronchiae** -इ-ई ) -*n.* one of the two main divisions of windpipe. वायु प्रणाली के दो प्रधान कोष्ठों में से एक; **Bronchial** (-ऑल् *adj.* pertaining to bronchi. इस कोष्ठ सम्बन्धी ; **Bronchitis** ( ब्रॉन्-काइट्'-इस् ) *n.* inflammation of bronchiae. फेफड़े की सूजन ।

**Bronze**-ब्रॉन्ज़्- *n.* & *adj.* a brown alloy of copper and zinc. काँसा, कसकुट का, काँसे का; -*v. t.* to make like bronze in appearance. कसकुट के रङ्ग का बनाना; **Bronzy** (-ई) -*adj.* of bronze colour. कसकुट के रङ्ग का ।

**Brooch**-ब्रोअच्- *n.* an ornamental jewelled safety-pin. स्त्रियों के वस्त्र में लगाने की रत्नजटित सुरक्षित पिन् ।

**Brood**-ब्रूड्- *n.* hatch of birds or animals, offspring. पशु या पक्षियों के बच्चे ; *v. i.* to sit on eggs, to meditate. अंडा सेना, ध्यान में लीन होना ; **Brooding** ( -इङ्ग् ) -*adj.* pondering deeply. अधिक चिन्ता करते हुए ; **Broody** ( -ई ) *adj.* wishing to brood or incubate. अंडा सेने की इच्छा वाली ।

**Brook**-ब्रूक्- *n.* a small stream. स्रोत, छोटी नदी ; -*v. t.* to bear, to endure. सहना, क्षमा करना ; **Brooklet** ( -लेँट् ) *n.* a small brook. छोटा नाला ।

**Broom**-ब्रूम्- *n.* a sweeping implement. बढ़नी, झाड़ू, बोहारी; **New broom** (new sweeper. ) नया मेहतर ; **Broomstick** ( the staff or handle of a broom.) झाड़ू की डंडी ।

**Broth**-ब्रॉथ्- *n.* water in which meat

&c. has been boiled. रसा, शोरवा।

**Brothel**-ब्रॉथ्-ऍल्- *n.* house of (prostitution), ill-fame. वेश्यालय, रंडी का घर।

**Brother**-ब्रद्-अर्- *n.* (*pl.abbr.* Bros.) son of same parents. भ्राता, भाई; (*pl.* **Brothers.** sons of the same parents. सहोदर भाई; **Brethren** (ब्रेद्-रॅन्) *n.* brothers, companion, members of the same family. भाई बन्धु, भ्रातृगण, साथी; **Brotherhood** (-हुड्) -*n.* companionship, fraternity, an association. भ्रातृभाव, बन्धुता, समाज; **Brotherless** (-लॅस्) -*adj.* with out a brother. बिना भाई का; **Brotherlike** (-लाइक्) -*adj.* like a brother. भाई के समान; **Brotherliness** (-लि-नॅस्) -*n.* the state of being brotherly. भाईचारा; **Brotherly** (-ली) *adv.* as a brother. भाई सदृश, बिरादराना; **Uterine Brothers** (those who are born of the same mother.) एक ही माँ की सन्तति; **Brother-in-law** (brother of a husband or wife, sister's husband.) साला, बहनोई, देवर, जेठ।

**Brougham**-ब्रूम्- *n.* a carriage drawn by one horse. एक घोड़े की गाड़ी।

**Brought**-ब्रॉट्- *p. t.* & *p. p.* of Bring.

**Brustle**-ब्रस्-सल्- *v. t.* to crackle, to rattle. खड़खड़ाना।

**Brow**-ब्राउ- *n.* arch of hair over eye, forehead, edge, projection. भौंह, ललाट, किनारा; **To knit one's brow** (to frown.) भृकुटी चढ़ाना।

**Browbeat**-ब्राउ-बीट्- *v. t.* to overbear by word, to bully. कटाक्ष से देखना।

**Brown**-ब्राउन्- *adj.* of dusky colour. भूरा, खैर के रंग का; -*n.* brown colour. भूरा रङ्ग; -*v. t.* to make brown. भूरा करना; **Brown study** (absent mindedness.) शून्यचित्तता।

**Brownie**-ब्राउन्-ई- *n.* a domestic elf. एक प्रकार की परी।

**Brownish**-ब्राउन्-इश्- *adj.* somewhat brown. कुछ भूरा; **Brownness** (-ब्राउन्-नॅस्) -*n.* भूरापन।

**Browning**-ब्राउन्-इङ्ग्- *n.* a kind of automatic pistol. एक प्रकार की पिस्तौल।

**Browse**-ब्राउज़्- *n.* twigs of trees. नये पत्ते, पंखड़ी; -*v. t.* to feed on leaves, to read for enjoyment. पत्ती खाना, चरना, आनन्द लेने के लिये पढ़ना।

**Bruise**-ब्रूज़्- *n.* injury by blow. आघात, चोट; -*v. t.* to injure by blow. आघात करना, कुचलना; **Bruiser** (-अर्) -*n.* one who bruises, a boxer. कुचलने वाला, (इनाम के लिए) मुक्की लड़ने वाला।

**Bruit**-ब्रूट्- *n.* report, rumour. सूचना, (जनप्रवाद) झूठी खबर; -*v. t.* to spread a false report. झूठी खबर फैलाना।

**Brumal**-ब्रू'-मॅल् - *adj.* belonging to the winter. शरद ऋतु सम्बन्धी।

**Brumous**-ब्रू'-मस्- *adj.* foggy, wintry. कोहिरे से भरा हुआ, जाड़े का।

**Brunette**-ब्रू-नॅट्- *n.* a dark-skinned and brown-haired woman with dark eyes. श्यामा, श्यामवर्णा स्त्री।

**Brunt**-ब्रन्ट्- *n.* fierce shock or attack, blow. प्रहार, धक्का, चोट।

**Brush**-ब्रश् - *n.* an implement set with hairs or bristles for scrubbing or sweeping, a thicket. कूँची, बुरुस, बालों की बनी क़लम, झाड़ी, झाड़ू; -*v. t.* to sweep, to put in order. झाड़ देना, साफ़ करना, सँवारना, रगड़ना; **The brush** (painter's brush.) चित्र बनानेवाले की क़लम; **To brush aside** (to pass over, to injure.) ध्यान न देना, नष्ट करना; **To brush over** (to paint lightly.) हलका रङ्ग लगाना; **To brush up** (to renew, to revive.) ताज़ा करना।

**Brushwood**-ब्रश्-वुड्- *n.* close thicket, underwood, घनी झाड़ी।

**Brusque**-ब्रस्क्- *adj.* blunt, rude. फूहड़, असभ्य; **Brusqueness** (-नॅस्) -*n.* bluntness of manner. फूहड़पन।

**Brustle**-ब्रस्-सल्- *v. i.* to rustle, to crackle. खड़खड़ाना।

**Brutal**-ब्रू'-टॅल् - *adj.* rude, savage, cruel. असभ्य, जङ्गली, क्रूर; **Brutalism** (-इज़्म्) -*n.* rude behaviour. असभ्य व्यवहार; **Brutality** (-टॅल्-इट्-ई) -*n.* cruelty, rudeness. निर्दयता, असभ्यता; **Brutalize** (-आइज़्) -*v.t.* to make cruel. निर्दयी करना; **Brutally** (-ली) -*adv.* in a cruel manner. निर्दयता से।

**Brute** - ब्रूट् - *n.* a beast, a stupid, passionate or cruel person. पशु, मूर्ख, निर्दयी, कामी पुरुष, कठोर नर; -*adj.* irrational, unintelligent, rude. पाशविक,

असभ्य ; **Brute force** ( lower nature in man. ) पाशविक शक्ति, नीच प्रकृति ।

**Brutish** – ब्रू ट्-इश् – *adj.* like a brute. पशु के समान; **Brutishly**-(-ली)-*adv.* in a brutish manner. पशुवत्, पशु की तरह से।

**Bubble**-बब्'-बूल्-*n.* an air-filled cavity in water, an unsubstantial project or scheme. बुल्ला, बुलबुला, असार वस्तु या योजना; -*v.t.* & *i.* to rise in bubble, to cause to cheat. बुलबुला उठाना या उठना, ठगना, धोखा देना ।

**Captivate**-कॅप्-टिव्-एट्- *v. t.* to fascinate, to charm. मोहित करना, लुभाना; **Captivating** ( -इङ्ग् ) *-adj.* charming, fascinating. मनोहर, लुभानेवाला ; **Captivation** ( -ए्-शॉन् ) *-n.* act of taking captive. दास बनाना।

**Captive**-कॅप्-टिव् - *adj.* & *n.* under restraint, taken prisoner, one taken prisoner. क़ैदी, शत्रुवश किया हुआ, बन्दी, क़ैदी ; **Captivity** ( -टिव्-इट्-ई ) *-n.* confinement, subjection. बंधन, कारावास, क़ैद, आधीनता।

**Captor**-कॅप्-टॉर्-( *fem.* **Captress.** ) *n.* one who takes a captive or prize. बन्दी को पकड़ने वाला।

**Capture**-कॅप्-ट्यूर्-*n.* seizing, arrest s

prize. पकड़, गिरफ़्तारी; -*v. t.* to take a prisoner, to arrest, to take as prize. पकड़ना, गिरफ़्तार करना।

**Car**-कार्-*n.* a wheeled vehicle, chariot. गाड़ी, छकड़ा, रथ ; **Carman** ( driver of a car. ) गाड़ी हाँकने वाला ; **Motor-car.** मोटर गाड़ी ; **Tram-car.** ट्राम गाड़ी।

**Carack**-कैर्'-ऑक्-*n.* a large ship of burden. बोझ ढोनेवाला बड़ा जहाज।

**Caracole**-कैर्'-ऑ-कोल्-*n.* the half turn of a horse. घोड़े की तिरछी चाल।

**Carafe**-कैं-राफ़्'-*n.* a glass water-bottle for table. शीशे की सुराही।

**Carat**-कैर्'-ऑट्-*n.* a measure for precious stones which is about 3½ grains, measure of purity of gold ( pure gold standard = 24 carats. ) रत्नों के तौलने की माप जो ३॥ ग्रेन होती है, सोने की शुद्धता की माप ( बटर सोना २४ करट माना जाता है )।

**Caravan**-कैर्'-ऑ-वैन्-*n.* a company of merchants or pilgrims. व्यापारियों या यात्रियों का समुदाय, काफ़िला, कारवाँ ; **Caravansera** (-sary), -*n.* a resting-place for travelling merchants. सराय।

**Caraway**-कैर्'-ऑ-वे-*n.* a kind of spice, caraway-seed. अजमोदा।

**Carbide**-कार्'-बाइड्-*n.* a preparation of carbon. कार्बन् का एक योग।

**Carbine** ( *also* **Carabine.** )-कार्'-बाइन्-*n.* a short fire-arm. छोटी बन्दूक, कड़ाबीन।

**Carbolic**-कार्-बॉल्'-इक्-*n.* phenol, an antiseptic chemical. सड़ाहट या गन्दगी हटाने वाली एक दवा।

**Carbon**-कार्'-बॉन्-*n.* a non-metallic element. आलात द्रव्य, कोयला ; **Carbon paper** ( paper for taking copies. ) एक कागज के लेख को दूसरे पर उतारने वाला कागज; **Carbonaceous** (-ए'-शस् ) -*adj.* composed of coal. कार्बन् सम्बन्धी ; **Carbonize** ( -आइज़् )- *v. t.* to convert into carbon. कार्बन् में परिणत करना या बदलना।

**Carbonic**-कार्-बॉन्'-इक्-*adj.* pertaining to carbon. कार्बन् सम्बन्धी।

**Carboy**-कार्'-बाय्-*n.* a large globular glass bottle protected with wicker-work. कराबा।

**Carbuncle**-कार्'-बङ्क्ल्-*n.* ruby, a garnet, a malignant tumour. माणिक, विस्फोट, जहरबाद; **Carbuncular** (-बङ्क्यू-लॅर् ) -*adj.* pertaining to carbuncle. जहरबाद का।

**Carburet**-कार्'-ब्यूर्-ऍट्-*v. t.* to combine an element with carbon. कार्बन् से किसी तत्व को मिलाना।

**Carburetter**-(or) कार्'-ब्यू-रॅट्'-टॉर्-*n.* the chamber in an oil-engine in which vapour is mixed with air. मिट्टी के तेल से चलने वाले अञ्जन में का वह बक्स जिसमें बाष्प वायु से मिलती है।

**Carcase** ( **Carcass** )-कार्'-कॅस्-*n.* dead body or corpse, worthless remains, a perforated bombshell. शव ( लोथ, मुर्दा ), निरर्थक पदार्थ, एक प्रकार का बम का गोला।

**Card**-कार्ड्-*v. t.* to cleanse wool or hemp. ऊन या पटुआ साफ़ करना; **Carding machine** ( a machine for cleansing cotton, wool &c. ) रूई या ऊन धुनने का यन्त्र।

**Card**-कार्ड्-*n.* a thick piece of stout paper used in playing, a piece of pasteboard. ताश, दफ़्ती ; **House of cards** ( insecure scheme. ) अरक्षित विधि ; **To show one's cards** ( to expose one's plans. ) अपनी विधि को प्रत्यक्ष करना; **Admission card.** प्रवेशपत्र; **Card-sharper**-*n.* ताशके खेल में धूर्तता से जीतने वाला ; **Visiting card.** भेंट करने का कार्ड ; **Cardboard** ( pasteboard. ) मोटा कागज, दफ़्ती।

**Cardamom**-कार्ड्'-ऑ-मम्-*n.* an aromatic pungent spice. एला, इलायची।

**Cardiac**-कार्ड्'-डि-ऑक्-*adj.* pertaining to the heart. हृदय सम्बन्धी।

**Cardialgia**-कार्'-डॅ-ऑल्'-जि-ऑ-*n.* heartburn. कलेजे की दाह।

**Cardinal**-कार्ड्'-डिन्-ऑल्-*n.* the chief of Roman Catholic church. कैथोलिक धर्माध्यक्ष;-*adj.* fundamental, important. प्रधान ( तत्त्व सम्बन्धी ), मुख्य ; **Cardinal number** ( simple number. ) गणात्मक, संख्या ; **Cardinal points** ( the four original points of the compass. ) चार प्रधान दिशायें।

**Cardiograph**-कार्'-डॅ-ओ-ग्रॉफ़्-*n.* an

instrument for registering the beats of pulse. नाड़ी की धमक जानने का यन्त्र ।

**Care**-केंअर्-*n.* anxiety, heed or caution, protection, attention. चिन्ता, सावधानी, रक्षा, ध्यान; -*v. i.* to feel concern for, to provide food for, to feel regard for. चिन्तित होना, भोजन इत्यादि का प्रबन्ध करना, विचार करना ; **Care of** ( C/o. ) द्वारा, बरमकान ; **Careworn** ( full of anxiety, troubled with care. ) चिन्ताग्रस्त ; **To take care of** ( to take charge of. ) सँभालना ; **To care not a pin** ( not to take care in the least. ) लेश मात्र भी चिन्ता न करना ।

**Careen**-कॅरीन्-*v. t.* to lay a ship on her side for repairing. मरम्मत करने के लिये जहाज़ को एक ओर झुकाना ।

**Career**-कॅरि-अर् - *n.* course of life, way of making a livelihood, a race. चरित्र, जीनवृत्ति, घोड़दौड़ ; -*v. i.* to go swiftly. तेज़ी से जाना ।

**Careful**-केंअर्-.फुल्- *adj.* anxious, cautious. सचेत, सावधान ; **Carefulness** (-.फुल्-नेस् ) -*n.* cautiousness. सावधानी ; **Carefully** (.फुल्-लि) -*adv.* with caution. सावधानी से ।

**Careless** - केंअर्- लेंस् - *adj.* heedless, thoughtless. असावधान, लापरवाह ; **Carelessness** (-लेंस्-नेंस् ) -*n.* heedlessness. असावधानी ।

**Caress**-कॅ- रेंस् - *v. t.* to fondle, to embrace. लाड़ करना, आलिंगन करना ; *n.* a fondling touch. आलिंगन, दुलार ; **Caressing** (-इङ्ग) -*adj.* treating with affection. दुलार दिखलाने वाला ।.

**Caret**-कॅर्-ऍट्-*n.* mark (that something is omitted ) placed below line to show. यह ^ चिह्न, काकपद ।

**Cargo**-कार्-गो-*n.* freight of a ship, a ship's load. जहाज़ का भार ।

**Caricature** - कॅर्- इकु -अॅ - ट्यूर् - *n.* a grotesque representation of a person or thing. हास्यजनक चित्र ; -*v. t.* to ridicule. हँसी उड़ाना; **Caricaturist** ( -इस्ट ) -*n.* one who caricatures. ऐसा चित्र बनाने वाला ।

**Caries**-कैंअर्-इ-ईज़्- *n.* decay of bones or teeth. हड्डियों या दाँतों का सड़ना ।

**Carious** - कॅर् - इ - अस् - *adj.* rotten, ulcerated. सड़ा हुआ, गलित ।

**Cark**-कार्क्- *n.* care. चिन्ता; -*v. i.* to be careful. सचेत या सावधान होना ।

**Carking**- कार्कं - इङ्ग् - *adj.* distressing. कष्ट कारक ।

**Carle**-काह्र्ल्-*n.* a mean fellow, a rustic. नीच पुरुष, गँवार मनुष्य ।

**Carline** - काइ्- लिन् - *n. fem.* an old woman. बूढ़ी औरत ।

**Carman**-कार्-मॅन् *n.* a man who drives a cart. बैलगाड़ी हाँकने वाला ।

**Carminative**-कार्-मिन्-ऑट्-इव्- *n.* & *adj.* curing flatulence. शरीर की स्थूलता या मोटापन हटाने की दवा ।

**Carmine** - कार्-मीन्- *n.* red colouring matter. लाल रंग ।

**Carnage**-कार्-नॅज्- *n.* great slaughter of men. संहार, हत्याकाण्ड ।

**Carnal**-काह्र्-नॅल्- *adj.* sensual, fleshy, worldly, not spiritual. शारीरिक, विषयी, सांसारिक; **Carnal pleasures** ( sensual pleasures. ) विषय सुख ; **Carnal desires** (sensual appetites.) विषय वासना ।

**Carnality**-कॅर्-नॅल्-इट्-ई- *n.* carnal state of mind. विषयसेवा, कामुकता; **Carnally** ( -ली ) -*adv.* in a carnal manner. कामुक की तरह ।

**Carnation**-कार्-ने-शॉन्- *n.* flesh-colour, rosy-pink colour, a kind of 'pink. मांस का रंग, लोहित वर्ण ।

**Carnival**-काह्र्-नि - वॅल् - *n.* a riotous festival, revelry. आनन्द उत्सव ।

**Carnivora** - कार् - निव् - ऑर् - अॅ - *n. pl.* mammals that subsist on other's flesh. मांसभक्षी पशुओं की जाति ; **Carnivore** ( -वोर् ) -*n.* flesh-eating animals. मांसाहारी पशु ।

**Carnivorous** - कार् - निव् - ऑर्-अस् - *adj.* feeding on flesh. मांसाहारी ( पशु ) ।

**Carol**-कॅर्-ऑल्- *n.* joyous song. आनन्द की गीत, स्तोत्र; -*v. t.* to utter such songs. हर्ष की गीत गाना ; **Caroller** ( -अर् ) -*n.* one who sings a joyous song. ऐसी गीत गाने वाला ।

**Carousal** - कॅ - राउज़्- ऑल् - *n.* a noisy drinking-bout. मद्यपान का उत्सव ।

**Carouse**-कॅ-राउज़्-*v. t.* to drink deep. अधिक मदिरा पीना; -*n.* a drinking-bout.

मद्यपान की मण्डली ; Carouser (-अर्) -*n.* a reveller. मद्यपान करने वाला ।

**Carp**-कार्प्- *n.* a fresh-water fish. मीठे पानी की एक मछली ; -*v. i.* to find fault. छिद्र खोजना, दोष निकालना ।

**Carpal** - कॉर्' - पॅल्- *adj.* pertaining to wrist. कलाई का ।

**Carpenter**-कार्'-पॅन्-टर्- *n.* a worker in timber, a wood-worker. बढ़ई; **Carpentry** ( -ट्री ) -*n.* working in wood. बढ़ईपन, बढ़ई का काम ।

**Carpet**-कार्'-पॅट्- *n.* a thick fabric for covering the floor. क़ालीन, ग़लीचा, दरी; -*v. t.* to cover with a carpet. दरी बिछाना; **Carpet-bag** (a traveller's bag. ) यात्री का झोला ; **Carpet-knight** ( a soldier who stays at home. ) घरेलू शूर; **On the carpet** ( under discussion, under reproof. ) प्रस्तुत विषय ।

**Carping**-कार्प्'-इङ्ग्-*n.* cavilling, captious. निन्दा, दोष निकालना ।

**Carpus**-कार्'-पस्- *n.* the bones that make up the wrist, the wrist. कलाई की हड्डियाँ, कलाई ।

**Carriage**-कॅर्'-रिज्-*n.* transport, bearing, deportment, wheeled vehicle, cost of conveying. गाड़ीभाड़ा, चेष्टा, ( आकृति ), चौपहिया गाड़ी, पहुँचाने का केराया ; **Carriage - clock** ( clock that can go in any position. ) प्रत्येक स्थिति में चलने वाली घड़ी; **Carriage - stand** ( place where carriages stand. ) गाड़ी के ठहरने का स्थान; **Hackney - carriage** (carriage plied for hire.) भाड़े की गड़ी ।

**Carriageable**-कॅर्-रिज्'-ऑ-बल्-*adj.* able to be conveyed in carriages. गाड़ी में ले जाने योग्य ।

**Carrier**-कॅर्'-रि-अर् - *n.* a person who plies for hire, part of a bicycle. केराया लेकर पहुँचाने वाला मनुष्य, बोझा ले जाने वाला, बाइसिकिल में बोझा ले जाने के लिये लगाया हुआ पटरा ।

**Carriole**-कॅर्'-रि-ओल्- *n.* a kind of small open carriage. छोटी खुली गाड़ी ।

**Carrion**-कॅर्'-रि-ऑन्- *adj.* rotten, loathsome. सड़ा हुआ, गन्दा; -*n.* dead putrefying flesh. सड़ी हुई गन्दी मांस ।

**Carrot**-कॅर्'-रॉट्- *n.* a plant with tapering red-coloured or yellow edible root. गाजर ।

**Carry**-कॅर्'-री- *n.* range of gun, position of carrying. बन्दूक की गोली की पहुंच, ले जाने की स्थिति; -*v. t.* & *i.* ( *p. t.* Carried. ) to convey, to conduct, to extend, to transfer. ले जाना, मार्ग दिखलाना, बदलना ; **To carry away** ( to remove. ) हटा ले जाना ; **To carry fortress** ( to win fort, to capture. ) क़िला जीतना ; **To carry forward** ( to carry accounts on another page. ) हिसाब की रकम दूसरे पन्ने में ले जाना; **To carry off** ( to remove. ) हटाना; **To carry on** ( to manage. ) प्रबन्ध करना; **To carry one's point** ( to possess. ) लेना; **To carry oneself** ( to behave. ) आचरण करना; **To carry out** ( to accomplish. ) पूर्ण करना, आज्ञा पालन करना ; **To carry the day** ( to be victorious. ) विजयी होना; **To carry through** ( to complete. ) पूर्ण करना; **To carry weight** ( to be influential. ) प्रभावशाली होना; **To carry with one** ( to remember. ) स्मरण करना, याद करना ।

**Cart**-काट्- *n.* a two-wheeled vehicle for carrying goods. सग्गड़, छकड़ा; -*v.t.* to convey on a cart. छकड़े पर सामग्री ले जाना; **Cart-load** ( a large quantity of anything. ) किसी पदार्थ का अधिक परिमाण ; **Cart-road** ( a rough road. ) ऊँची नीची सड़क ; **Cartwright** ( one who makes carts. ) छकड़ा बनाने वाला; **To put cart before horse** ( to reverse the order.) क्रम पलट देना ; **Cartage** (-एज्)-*n.* act of carting. गाड़ीभाड़ा ।

**Carte-de-visite**-काट्'-डॅ-विज्'-ईट्- *n.* a small photograph. साढ़े तीन इञ्च लम्बा सवा दो इञ्च चौड़ा फ़ोटो का चित्र ।

**Cartel**-का'-टॅल्- *n.* a written challenge to duel, an agreement for exchange of prisoners of war. द्वन्द्व युद्ध करने के लिये लिखित पत्र, युद्ध के कैदियों को बदलने का पकरारनामा ।

**Carter**-काट्'-अर्- *n.* the man who drives a cart. गाड़ीवान ।

**Cartilage**-काट्-इल्'-एज्- *n.* firm elastic tissue, gristle. कोमलास्थि, कड़ी लचीली हड्डी ; **Cartilaginous** ( ऑज्'-इन्-अस् :

*adj.* like a cartilage. कोमलास्थि के प्रकार का, लचीला।

**Cartographer**-काइट्-ऑग्-रॅफ़्-अर्-*n.* one who draws or makes maps. नक़शा खींचने या बनाने वाला।

**Cartography**-काइट्-ऑग्-रॅफ़्-ई-*n.* map-drawing. नकशा खींचने की कला।

**Carton**-काइ-टॉन्-*n.* a cardboard (paste-board) box for holding goods. सामान रखने का दफ़्ती का बक्स।

**Cartoon**-काइ-टून्-*n.* a drawing on stout paper, comic illustration. मोटे पुष्ट कागज़ पर बना हुआ चित्र, हँसी उत्पन्न करनेवाला ( हास्यकर ) चित्र, व्यंगचित्र।

**Cartouche**-कार्-टूश्-*n.* a case for holding cartridges. कारतूस रखने का बक्स।

**Cartridge**-काइ-ट्रिज्-*n.* an explosive for firearms. कारतूस; **Blank cartridge** ( empty cartridge. ) बिना गोली की कारतूस; **Cartridge-paper** ( a kind of stout drawing paper. ) चित्र खींचने का पुष्ट कागज़।

**Caruncle**-कॅर्-रुङ्-कल्-*n.* a kind of soft fleshy tumour. मांसग्रन्थि।

**Carve**-काव्-*v. t.* to cut, to cover or adorn, to cut up meat, to sculpture. काटना, ढाँकना या आभूषित करना, मांस के टुकड़े करना, खोदकर मूर्ति बनना; **To carve out** ( to cut into parts. ) विभाग करना; **Carver** ( -अर् ) -*n.* खोदकर चित्र बनानेवाला; **Carvers** (-अस् ) -*n. pl.* carving knife and fork. भोजन के समय प्रयोग होनेवाली छुरी और काँटा।

**Carving**-काव्-इङ्-*n.* the act or art of cutting figures. नकाशी।

**Cascade**-कॅस्-केड्-*n.* a small waterfall. वारिप्रवाह, छोटा झरना।

**Case**-केस्-*n.* occurrence, position, condition, suit, *(gram.)* inflexion of nouns &c., box, outer covering, receptacle with compartments. घटना, स्थिति, मोकदमा, विभक्ति, बक्स, बाहरी ढकना, गिलाफ, खानेदार डिब्बा; **If such be the case** ( if this happens. ) यदि ऐसा हो; **In any case** (whatever may happen.) हर हालत में; **In case if** ( lest. ) ऐसा न हो कि, यदि; **In case of** ( in the event of. ) अवस्था में; **In the present case** ( in existing circumstances. ) प्रस्तुत विषय में; **This being the case** ( in that circumstance. ) ऐसा होते हुए; **Upper case** ( type-case for capital letters. ) टाइप के बड़े अक्षर रखने का खाना।

**Casein**-कें-सि-यन्-*n.* the cheesy substance of milk. दूध में का ठोस भाग।

**Casement**-केस्-मेन्ट्-*n.* a hinged frame to hold windows. खिड़की का कब्ज़ेदार पल्ला।

**Caseous**-के-सें-अस्-*adj.* having the qualities of cheese. पनीर के सदृश।

**Cash**-कॅश्-*n.* ( *no plural* ) ready-money, specie or bank notes. रोकड़, कोष या बंक के नोट; **Cash-book** (account-book.) रोकड़ बही; **Cash payment.** नगद चुकौता; **Cash price**(ready money.) नगद दाम; **Cash-register** -*n.* एक यंत्र जिसके द्वारा मुद्रा रक्खे जाने की संख्या का पता लगता है।

**Cashier**-कॅश्-इ-अर्-*n.* one who keeps accounts. रोकड़िया, खज़ांची; *v. t.* to dismiss. नौकरी से हटाना।

**Cashmere**-कॅश्-मिअर्-*n.* fine woollen shawl. पशमीने का दुशाला।

**Casing**-केस्-इङ्-*n.* a covering. ढप्पन।

**Casino**-कॅ-सी-नो-*n.* a public music or dancing room. नाचघर।

**Cask**-कास्क्-*n.* a wooden vessel for holding liquors. पीपा, कठवत।

**Casket**-कास्क्-एट्-*n.* a small box used for keeping jewels, letter or cremated ashes. जवाहिरात, पत्र या शव की राख रखने का बक्स।

**Casque**-कास्क्-*n.* a helmet. फ़ौजी टोपी।

**Cassia**-कॅश्-या-*n.* an inferior kind of cinnamon. दालचीनी, तेजपात।

**Cassock**-कॅस्-सॉक्-*n.* a long close tunic. गाउन के नीचे पहिरने का वस्त्र।

**Cast**-कास्ट्-*n.* direction, a throw of dice, motion of the eye, direction, chance, shape, mould, inclination. दिशा, पासे का फेंकना, आँख चलाना, अवसर, आकृति, साँचा, रुचि, रुझान; -*v.t.* to throw, to fling, to give, to deposit, to mould, to calculate. फेंकना, देना, रखना, ढालना, गणना करना; **To cast a horoscope** (to prepare a horoscope.) जन्मपत्री बनाना; **To cast an eye** ( to glance. ) नजर डालना; **To cast aside**

to abandon. ) त्याग देना; To cast a spell ( to mystify. ) जादू डालना ; To cast into prison (to put into prison.) क़ैद करना ; To cast in one's teeth ( to upbraid. ) गाली देना ; To cast lots ( to decide by lots. ) चिट्ठी डाल कर निर्णय करना ; With cast look ( with drooping eyes. ) मुँह नीचा किये हुए ; To cast sloughs. ( सर्प का ) केंचुली गिराना ।

**Castaway**–कास्ट्‌-अ-वे–*n.* a ship-wrecked person. जहाज़ डूब जाने पर बचा हुआ मनुष्य ; *-adj.* useless. निरर्थक ।

**Cast-iron**–कास्ट्‌–आयर्न्‌– *n.* iron melted and cast in moulds. कास्ती लोहा, ढला हुआ लोहा ।

**Caste**–कास्ट्‌–*n.* hereditary fixed class of society. वर्ण, जाति, कुल ; **High caste** (high social status.) उच्च कुल ; **Low caste** ( low social status. ) हीन जाति, **Mixed caste** (hybrid.) वर्णसङ्कर,दोगला ।

**Castellan**–कॅस्‌-टॅल्‌-लॅन्‌ – *n.* the governor of a castle. दुर्ग का अधिपति ।

**Castigate**–कॅस्‌-टिग्‌-एट्‌ -*v. t.* to chastise, to punish, to correct. ताड़ना देना, दण्ड देना ; **Castigation** (-एॅ-शॉन्‌)-*n.* chastisement. ताड़ना, दण्ड ; **Castigator** (-एट्‌-ऑर्‌)-*n.* a chastiser. दण्ड देने वाला ।

**Casting**–कास्ट्‌–इङ्ग्‌–*n.* a moulding. धातु को गला कर ढलाई; **Casting vote** ( the vote of a president in case the votes are equal. ) झगड़ा तय करने के लिये सभापति की निजी वोट।

**Castle**–कास्‌-ल्‌- *n.* a stronghold, a piece in chess. किला ( गढ़, कोट ), शतरञ्ज के खेल में का हाथी; *-v.t.* to cover the king with a castle in chess. (शतरञ्ज में) फ़ील को बादशाह के सामने लाकर शह देना; **To build castles in the air** (to form a visionary project.) हवा में पुल बाँधना, मन के लड्डू खाना ।

**Castor** – कास्ट्‌ – ऑर्‌ – *n.* a substance obtained from beaver, condiment bottle; small wheel on legs of chair or table, a seed. ऊद-बिलाव से प्राप्त एक पदार्थ, मसाले का बोतल, कुरसी या टेबुल के पाये में लगी हुई पहिया, रेंड़ी ।



Castor.

**Castor-oil**–कॅस्टर्‌ - ऑर्‌ - ऑयल्‌ – *n.* oil extracted from castor. रेंड़ी का तेल ।

**Castral**–कॅस्‌-ट्रॅल्‌ – *adj.* pertaining or belonging to a camp. खेमे का ।

**Castrate**–कॅस्‌-ट्रे्‌ट्‌- *v. t.* to geld, to remove testicles. अण्डकोष निकाल देना, बधिया करना; **Castrated** ( -एॅड्‌ ) *-adj.* gelded. बधिया किया हुआ ; **Castration** (-ट्रे-शॉन्‌) *-n.* the act of castrating. पुंसत्व हरण, बधिया करना ।

**Casual**–कॅज़्‌-यू-ऑल्‌ – *adj.* accidental, occasional, happening by chance, irregular, careless. आकस्मिक, नियम-विरुद्ध, लापरवाह ; **Casual labourer** ( one who works periodically. ) समय समय पर काम करनेवाला ; **Casually** (-ली ) *-adv.* accidentally. दैवयोग से ; **Casualty** (-टी ) *-n.* accident, mishap. दुर्घटना, आपत्ति ; **Casualties** (-टीज़्‌ ) *-pl.* list of men killed or wounded. युद्ध में मरे हुए या घायल मनुष्यों की संख्या ।

**Casuist**–कॅज़्‌ - यू - इस्ट्‌ – *n.* a sophist, a quibbler. धर्माधर्म विचारक, प्रलापी ।

**Cat**–कॅट्‌–*n.* a small carnivorous domestic animal, a spiteful woman. मार्जार, बिड़ाल, बिल्ली, ईर्ष्यालु स्त्री; **Cat-burglar** *n.* मकान पर चढ़कर चोरी करने वाला ; **Cat and dog life** (quarrelsome life.) कलहपूर्ण जीवन ; **Cat's-eye** ( a kind of gem. ) लहसुनिया ( रत्न ) ; **See which way the cat jumps** (see what comes next. ) देखो अब क्या परिवर्तन होता है ; **To bell the cat** ( trying something impossible. ) असम्भव को सम्भव करने का उद्योग ; **Tom-cat** ( male cat. ) नर बिल्ली ; **To rain cats and dogs** ( to rain in heavy showers. ) मूसलाधार वृष्टि होना ; **To turn cat in pan** ( to change sides. ) रुख बदलना ।

**Cata**–कॅट्‌-ऑ–a *pref.* signifying, 'back, against'. पीछे, विपरीत' अर्थ का उपसर्ग ।

**Cataclysm**–कॅट्‌-ऑ-क्लिज़्म्‌– *n.* a great flood, deluge. प्रलय ।

**Catacomb**–कॅट्‌-ऑ-कोम्‌– *n.* a subterranean place for burying the dead, a wine-cellar. मुर्दा रखने का तहख़ाना, शराब रखने का तहख़ाना ।

**Catalepsy**–कॅट्‌-ऑ-लॅप्‌-सी– *n.* a disease

in which trances occur. अपस्मार, मिरगी रोग ; **Cataleptic** ( -लैप्ट्'-इक् ) *adj.* pertaining to catalepsy. अपस्मार रोग ( मिरगी ) सम्बन्धी ।

**Catalogue**-कैट्'-ऑ-लॉग्- *n.* an alphabetical list. ( नामावली ) सूचीपत्र ; -*v. t.* to enumerate, to enter in a list. गणना करना, सूचीपत्र में लिखना ।

**Catamaran**-कैट्'-ऑ-मॅ-रैन्-*n.* a raft or float of logs. लट्ठों का बेड़ा ।

**Cataplasm**-कैट्'-ऑ-प्लैज़्म्-*n.* a poultice. फोड़े आदि पर बाँधने की पुलटिस ।

**Catapult**-कैट्'-ऑ-पल्ट्-*n.* a contrivance for discharging darts, stones &c. तीर ढेला आदि को फेंकने का एक यन्त्र ।

**Cataract**-कैट्'-ऑ-रैक्ट्-*n.* a great fall of water, an eye-complaint. जल का बड़ा प्रपात, मोतियाबिन्द नामक आँख का रोग ।

**Catarrh**-कै-टार् – *n.* inflammation of mucous membrane, cold. श्लेष्मा, सर्दी, जुकाम ; **Catarrhal** ( -ऑल् ) -*adj.* pertaining to catarrh. कफ सम्बन्धी ।

**Catastrophe**-कैट्-ऑस्ट्'-रॉ-फि – *n.* disastrous end, ruin. बड़ी आपत्ति, दुर्गति ; **Catastrophic** ( -रॉफ्'-इक् ) -*adj.* violently changing. आपत्तिजनक ।

**Catch**-कैच्-*v. t.* & *i.* to capture, to ensnare, to overtake, to take hold, to be entangled. पकड़ना, फँसाना, दौड़ाकर पकड़ लेना, फँसना ; -*n.* act of seizing, advantage, deception, a door latch. पकड़, सुविधा, छल, चटखनी, ( बिलैया ) ; **Catch me !** ( surprise.) आश्चर्य ! **Catchpenny** ( a worthless thing. ) भ्रष्ट पदार्थ ; **To catch ball** ( in a way that it may not touch earth. ) बिना पृथ्वी पर गिरे गेंद को पकड़ लेना ; **To catch cold** ( to be affected with cold. ) सर्दी लग जाना ; **To catch fire** ( to ignite. ) आग लगना ; **To catch a glimpse of** ( to be seen momentarily. ) झलक पाना ; **To catch one's breath** ( to interrupt. ) एकाएक रोकना ; **To catch red-handed** ( to catch hold of a person while stealing ) अपराध करते हुए पकड़ लेना ; **To catch train** (to be in time for train.) रेलगाड़ी के समय से स्टेशन पर पहुँचना ।

**Catchable**-कैच्'-ऑ-बल्- *adj.* able to be caught. पकड़ने योग्य ; **Catcher** ( -अर् ) *n.* one who catches. पकड़ने वाला ।

**Catching**-कैच्'- इङ्ग् – *adj.* infectious, charming. संक्रामक ( रोग ), सुन्दर ।

**Catch-word**-कैच्'-वर्ड्- *n.* a word to catch attention, a cue. ध्यान आकर्षित करने के लिये ( लिखे हुए ) शब्द ( जैसे इस कोश में पृष्ठ के ऊपर छपे हैं ), नाटक में किसी पात्र की उक्ति का अन्तिम शब्द ।

**Catchy**-कैच्'- ई-*adj.* attractive, deceptive. मनोहर, छलने वाला ।

**Catechism**-कैट्'-ए-किज़्म्-*n.* instruction by question and answer. प्रश्नोत्तर रूप में शिक्षा ; **Catechismal** ( -ऑल् ) -*adj.* pertaining to catechism. प्रश्नोत्तर सम्बन्धी, प्रश्नोत्तर रूप का ।

**Catechize**-कैट्'-ए-काइज़्-*v. t.* to instruct by question and answer. प्रश्नोत्तर विधि से शिक्षा देने की प्रणाली ।

**Catechu**-कैट्' - ए-चू – *n.* a substance extracted from a certain bark. खदिर-सार, कत्था, खैर ।

**Categorical**-कैट्'-ऑ-गॉर्-इक्-ऑल – *adj.* absolute, explicit, positive, direct. स्पष्टार्थ, नियत, स्पष्ट ; **Categorically** ( -ऑल-लि ) -*adv.* in a categorical manner. स्पष्ट रूप से ।

**Category**-कैट्'- ए-गॉर्-री –.*n.* class or rank, *a priori* conception. समान.वर्ग, ( श्रेणी, पद, ) स्वतःसिद्ध कल्पना ।

**Catenate**-कैट्'-एन्-एट्-*v. t.* to connect like links. श्रृंखला ( सिकड़ी ) के समान बाँधना ; **Catenation** ( - ए'-शन् ) -*n.* mutual connexion. परस्पर सम्बन्ध ।

**Cater**-के'-टर्- *v. i.* to provide food or amusement. भोजन, मनोरंजन की व्यवस्था करना ; **Caterer** ( -अर् ) -*n.* भण्डारी ; **Cater-cousin** ( -कज़न् ) -*n.* a remote relation. दूर का सम्बन्धी ।

**Caterpillar**-कैट्'-अर्-पिल - लर् – *n.* the larva of a moth or insect, a rapacious person. कीड़ा, झिनगा, खद्दुक आदमी ।



Caterpillar.

**Cates** – केट्स् – *n. pl.* delicious food, dainties. स्वादिष्ट भोजन ।

**Catgut**-कैट्'-गट्- *n.* twisted intestines

of certain animals used as a string for instruments &c. ताँत, स्नायु ।

**Cathartic**–की-थाँर्'-इक्- *adj.* purgative. रेचक, दस्तावर ( औषधि ) ।

**Cathedra**–की-थी'-ड्रॉ – *n.* throne of a bishop, a professor's chair. पादड़ी का सिंहासन, अध्यापक का आसन ।

**Cathedral**–की-थी'-ड्रॅल्- *n.* the principal church. बड़ा गिरजाघर ।

**Catherine-wheel**–कैथ्'- ऍर्-इन्-ह्वील – *n.* fire-work rotating like a wheel. आतशबाजी की चरखी ।

**Catheter**–कैथ्'-ऍट्-अर्- *n.* a tubular instrument for passing into bladder. पेशाब कराने की सलाई ।

**Cathode**–कैथ्' - ओड् – *n.* the negative pole of an electric battery. बिजली की धारा का जस्ते इ० के डंडे से निकला हुआ छोर।

**Catholic**–कैथ्'-ओ- लिक् – *adj.* universal, broad-minded, liberal, tolerant. साधारण ( सार्वलौकिक ), उदारचित्त, सहिष्णु । **Catholicity** ( लिस्'-इ-टी )– *n.* freedom from prejudice. निष्पक्षपात ।

**Catling**–कैट्' - लिङ्ग् – *n.* a small cat, a surgeon's dismembering knife. छोटी बिल्ली, जर्राही छुरी ।

**Catoptric**–कैट्-ऑप्'-ट्रिक्- *adj.* pertaining to mirror or reflected image. दर्पण या छाया सम्बन्धी ।

**Cat's-eye**–कैट्स्'-आइ- *n.* an opalescent quartz. लहसुनिया रत्न ।

**Cattle**–कैट्'ट्ल्- *n.* livestock, beasts of pasture. गाय बैल, चौपाया ।

**Cattle-keeper** -*n.* पशु पालक ।

**Caudal**–कॉड्'-ॲल्-*adj.* pertaining to or like tail. पौंछ के सदृश, पौंछ का ।

**Caught**–कॉट्-*p. t.* & *p. p.* of Catch.

**Caudle**–कॉड्'-ल्- *n.* warm gruel for invalids or women in childbed. अछवानी, हरीरा, गर्भिणी का पथ्य ।

**Caul**–कॉल्-*n.* the membrane enclosing foetus, a kind of cap. खेड़ी, टोपी ।

**Cauldron**– कॉल्'-ड्रॉन्- *n.* a large boiling vessel. कड़ाहा, देगची ।

**Cauliflower**–कॉल्' - ली - फ्लॉउ - अर् – *n.* cabbage with large fleshy flower-head. फूलगोभी ।

**Cauliform**–कॉल्' - इ - फ़ॉर्म्-*adj.* having the form of a stalk. डंठल के आकार का ।

**Caulk**–कॉक्- *v.* t. to stop up seams of a ship. जहाज की सन्द बन्द करना ।

**Causal**– कॉज़्' - ॲल् – *adj.* expressing cause. हेतुक, कारण बतलाने वाला ।

**Causality** – कॉज़् - ॲल्' - इट् - ई *n.* the agency of a cause, relation of cause and effect. कारणत्व, कारण और परिणाम का परस्पर सम्बन्ध ।

**Causation**– कॉज़्-ए'-शॉन् - *n.* producing or causing an effect. कारणत्व, हेतुत्व ।

**Causative**–कॉज़्'-ॲट्-इव्- *adj.* expressing cause, productive of cause, ( *gram.* ), acting as cause. कारण सूचित करनेवाला, उत्पादक, व्याकरण में णिच् प्रयोग ।

**Cause**–कॉज़्- *v. t.* to bring about, to produce. कोई कार्य कराना ; -*n.* what produces an effect, ground, reason, motive for an action, lawsuit, occasion. कारण, हेतु, निमित्त, मूल (प्रयोजन), मोक़दमा, अवसर ; **Cause list** ( list of cases under decision. ) मोक़दमे की सूची; **Efficient cause** ( cause which produces a thing. ) निमित्त कारण ; **Final cause** ( the aim or purpose. ) निमित्त ; **First Cause** ( the Creator. ) ब्रह्म ; **Formal cause** ( definition. ) परिभाषा ; **Material cause** ( cause in form of matter. ) समवायि कारण ।

**Causeless**–कॉज़्' - लॅस् – *adj.* without a cause. अकारण, निष्कारण ; **Causelessly** ( - लॅस्' - ली ) *adv.* without reason निष्प्रयोजन, बिना कारण के ।

**Causerie**–कॉज़्' - ऍ-री – *n.* a short informal essay in a newspaper. समाचार पत्रों में विनोद का कॉलम ।

**Causeway** – कॉज़्'-वे – *n.* a raised road over water or through a marsh. बाँध, पुल ।

**Caustic**– कॉस्ट्' - इक्-*adj.* what burns, biting, corroding, sarcastic. चलानेवाली, काटने वाली, ताना मारने वाली ।

**Cauterization**–कॉ-टर्'-आइज़् - ए'-शॉन्- *n.* act of searing. दागने की क्रिया ।

**Cauterize**–कॉ-टर्'-आइज़्- *v. t.* to sear with hot iron. तपे लोहे से दागना ।

**Caution**–कॉ'-शॉन्- *n.* prudence, warning, avoidance of rashness. दक्षता,

सावधानी, चौकसी; **Caution money** (money which is paid as security.) जमानत का रुपया।

**Cautionary**-कॉ'-शॉन्-ऑ-री- *adj.* given as a pledge. पण की तरह दिया हुआ।

**Cautious**-कॉ'-शस्- *adj.* careful. सचेत, सावधान; **Cautiously** (-शस्'-ली) *-adv.* carefully. सावधानी से; **Cautiousness** (शस्'-नैस्) *-n.* prudence. दक्षता।

**Cavalcade**-कॅव्' - ऑल् - केड्'- *n.* a company of persons on horseback. घोड़सवारों की पंक्ति या बारात।

**Cavalier**-कॅव्-ॲ-लीर्'-*n.* a horseman, a gallant. अश्वारोही, घोड़सवार;*-adj.* brave, haughty. वीर, अभिमानी।

**Cavalry**-कॅव्'-ऑल्-री- *n.* horse-soldiers. अश्वारोही सेना, घोड़सवार लोग।

**Cavation**-कॅ-वे' - शॉन्- *n.* digging of earth for the foundation of a building. इमारत बनाने के लिये नीव खोदना।

**Cave**-केव्- *n.* an underground place in earth, a den. गुफा, कन्दरा, खोह; *-v. t.* to hollow out, to withdraw opposition, to submit. पोला करना, वैर हटाना, आधीन करना।

**Cavern**-कॅव्'-अर्न्- *n.* an underground hollow. कन्दरा; **Caverned** (-ड्) *-adj.* inhabiting a cavern. गुहा निवासी; **Cavernous** (-अस्)*-adj.* full of caverns. गुहाओं से परिपूर्ण।

**Cavil**-कॅव्'-इल्- *v. t.* to raise captious objection. झूठी निन्दा करना, दोष निकालना, झूठा झगड़ा करना; *-n.* a frivolous objection. झूठा आक्षेप।

**Cavity**-कॅव्'-इट्-ई- *n.* (*pl.* **Cavities.**) a hollow or empty space within a solid body. छेद, बिल, खोह।

**Caw**-कॉ- *n.* & *v. i.* the cry of a crow or raven, to cry like a rook. कौवे का शब्द, काँव काँव करना।

**Cayenne**-के-येन्'- *n.* a very pungent red pepper. लाल मिरचा।

**Cease**-सीस्- *v. i.* & *t.* to stop, to desist from, to come or bring to an end. रुकना (बन्द होना), समाप्त होना; **To cease fire** (to stop firing.) बन्दूक चलाना रोकना, (बन्द करना)।

**Ceaseless**-सीस्'-लैस्- *adj.* continuous. निरन्तर, लगातार; **Ceaselessly** (-लैस्-ली) *-adv.* continuously. नित्य, निरन्तर; **Ceaselessness** (-लैस्-नैस्) *-n.* continuity. नित्यता।

**Ceasing**- सीस्-इङ्ग्- *n.* pause. रुकावट।

**Cecity**-सी'-सिट्-ई- *n.* loss of sight or blindness. अन्धता, अन्धापन।

**Cedar**-सी' - डॅर्- *n.* a kind of tree. देवदार का वृक्ष; **Cedarn** (सी'-डॅर्न्) *adj.* made of cedar. देवदार की लकड़ी का बना हुआ।

**Cede**-सीड्-*v. t.* to give up, to submit, to yield, to surrender. परित्याग करना, वश में लाना, सौंपना।

**Cession**-सैश्'-ऑन् - *n.* giving up of property. त्याग, विसर्जन।

**Ceil**-सील्'- *v. t.* to cover the roof of a room. कमरे की ऊपरी छत बनाना।

**Ceiling**-सील्' - इङ्ग्- *n.* the inner roof of a house. आच्छादन, छत।

**Celebrate**-सैल्'-इ-ब्रे ट्- *v. t.* to praise, to publish, to make famous, to perform religious ceremony. प्रशंसा करना, प्रचलित करना, प्रसिद्ध करना, उत्सव मनाना; **Celebrated** (-एड्)*-adj.* famous. प्रसिद्ध; **Celebration** (-ब्रे'शॉन्) *-n.* कीर्तन, अनुष्ठान, प्रशंसा।

**Celebrity**-सैं-लैब्'-रिट्-ई- *n.* fame, renown. कीर्ति, प्रसिद्धि, प्रशंसा, यश।

**Celerity**-सैं-लैर्'-इट्-ई- *n.* speed, swiftness. वेग (तीव्र गति), शीघ्रता।

**Celeste**-सैं-लैस्ट्'- *adj.* sky-blue. आकाश के समान नीले रंग का।

**Celestial**-सैं-लैस्ट्'-यॅल्- *adj.* heavenly, divine, beautiful. दिव्य, स्वर्गीय, सुन्दर; *n.* an inhabitant of heaven. स्वर्गवासी; **Celestial damsel** (a nymph.) अप्सरा, परी; **Celestial world** (heaven.) सुरलोक, स्वर्ग।

**Celibacy**-सैल्-इब्'-ऑस्-सी-*n.* unmarried life. अविवाहित जीवन, कुँआरापन।

**Celibate**-सैल्' - इब् - एट् - *n.* & *adj.* an unmarried person, unmarried. अविवाहित व्यक्ति, कुँवारा।

**Cell**-सैल्-*n.* a small room in a monastery or prison, compartment in a bee's comb, an electrical apparatus, enclosed cavity in an organism,

underground room. मठ या क़ैदखाने की कोठरी, मधुमक्खी के छत्ते में का खाना, बिजली उत्पन्न करने का यन्त्र, जीवित पदार्थ का सूक्ष्म भाग, तहखाना ।

**Cellar**-सॅल्'-लॅर्- *n.* an underground room. भूमि के भीतर का घर, तहखाना ।

**Cellular**-सॅल्'-ल्यू-लॅर्- *adj.* having small cavities. छोटे छिद्रवाला, जालीदार ।

**Celluloid**-सॅल्'-ल्यु-लॉइड्- *n.* an artificial substance like ivory. कचकड़ा ।

**Cellulose**-सॅल्'-ल्यु-लोस्- *adj.* containing cells. सेल् ( सूक्ष्म छिद्र ) पूर्ण ।

**Cement**-सॅ-मॅन्ट्'- *n.* strong mortar of calcinated lime and clay, anything used for sticking things. सिरमिट, चिपकाने का पदार्थ ; -*v. t.* to unite with cement. जुटाना, साटना; **Cementation** (-ए'-शॉन्) -*n.* the act of cementing. सयोग, जुटाव ।

**Cemetery**-सॅम्'-ऍट्-ऍर्-ई- *n.* a place for burials. श्मशान, प्रेतभूमि, क़ब्रिस्तान ।

**Cenotaph**-सॅन्'-ओ-टॅफ्- *n.* a monument erected in memory of a person who is buried elsewhere. चैत्य, किसी के स्मरणार्थ स्तम्भ इत्यादि निर्माण ।

**Cense**-सॅन्स्- *v. t.* to perfume with burning incense. धूप देना ।

**Censer**-सॅन्'-सर्- *n.* a vesssel in which incense is burnt. धूपदानी, धूपपात्र ।

**Censor**-सॅन्'-सॉर्-*n.* a licensing officer, a harsh critic. दोष निरीक्षक, गुणदोष विवेचक; -*v.t.* to exercise such control. ऐसा निरीक्षण करना ;

**Censorial**-सॅन्-सोर्'-इ-ऑल् *adj.* critical, full of censure. निरीक्षक सम्बन्धी, निन्दायुक्त ।

**Censorious**-सॅन्-सोर्'-इ-अस्- *adj.* fault-finding. दोष निकालने वाला ।

**Censorship**-सॅन्-सॉर्'-शिप्- *n.* the office of a censor. लाइसेन्स देने वाले का पद ।

**Censual**-सॅन्'-सु-ऑल्- *adj.* pertaining to census. मनुष्य गणना संबन्धी ।

**Censurable**-सॅन्'-शर्-ऑ-बल्- *adj.* deserving of censure. निन्दनीय ।

**Censure**-सॅन्'- शर्- *n.* expression of disapproval, reproof, reprimand. निन्दा ( दोष ), कलङ्क; -*v. t.* to blame, to reprove, to criticize. दोष लगाना, झिड़कना, निन्दा करना ।

**Census**-सॅन्'-सस्- *n.* an official numbering of population. मनुष्य गणना ।

**Cent**-सॅन्ट्-*n.* a hundred, a coin which is the hundredth part of a dollar. सौ, एक सिक्का ; Per cent (rate by the hundred.) प्रति सैकड़ा ।

**Centaur**-सॅन्'-टॉर्- *n.* a mythological figure half man and half horse. एक पौराणिक प्राणी जिसका कमर से नीचे का भाग घोड़े का तथा ऊपरी भाग मनुष्य के समान माना जाता था ।

**Centenarian**-सॅन्ट्-ऍन् - ऍअर्'- इ - ऑन्- *n.* a man who is hundred years old. सौ वर्ष का वृद्ध पुरुष ।

**Centenary** - सॅन् - टॅन्' - ऑ-री - *n.* commemoration after one hundred years. शतवर्षीय स्मारक ।

**Centennial**-सॅन्ट्-ऍन्'-नि-ऑल्-*adj.* having lasted or lived for a hundred years. सौ वर्ष तक जीता हुआ ।

**Center**-सॅन्-टर् -*n.* see Centre.

**Centesimal**-सॅन्ट्-ऍस्' - सिम् - ऑल् - *adj.* reckoned by hundredths. सौ सौ करके गिना हुआ ; -*n.* सौवां हिस्सा ।

**Centigrade**-सॅन्ट्'-इ-ग्रेड्- *adj.* divided into a hundred degrees. ( एक प्रकार का) थर्मामीटर जो १०० डिगरी (अंश) (१००°) में विभक्त होता है ।

**Centigramme**-सॅन्'-टॅ-ग्रॅम् - *n.* weight which is the hundredth part of a gramme. एक ग्रॅम् का सवाँ भाग ।

**Centillion**-सॅन्-टिल्'-यॉन्-*n.* the hundredth power of a million. किसी अङ्क के आगे ६०० शून्य लिखने पर जो संख्या बनती है ।

**Centipede** - सॅन्ट्' - इ - पीड् - *n.* a many-footed crawling insect. गोजर, कनखजूरा ।



Centipede.

**Central**-सॅन्ट्'-रॅल्- *adj.* leading, principal. मध्य, प्रधान ; **Centralization** ( -आइज़-ए'-शॉन् ) -*n.* act of bringing to the centre. केन्द्रीकरण ।

**Centralize**-सॅन्ट्-रॅल्-आइज़्-*v.t.* to draw to a centre. केन्द्र में करना ।

**Centre (Center)**-सॅन्'-टर्-*n.* the middle point, pivot, axis, source, organizer, leader. मध्य भाग (केन्द्र), धुरा, बीच,

उद्गम, प्रचारक, नेता; -*v. t.* to place on a centre. केन्द्र पर रखना ; **Centre-bit** (a boring tool.) बरमे की हांस; **Centre of attraction** ( the point to which bodies tend by force of gravity. ) आकर्षण केन्द्र; **Centre-piece** (ornament for the middle of a table. ) टेबुल के मध्य भाग की सजावट ।

**Centreless**-सैंन्ट्-टर्-लैस्-*adj.* without centre. बिना मध्य या केन्द्र का।

**Centrifugal**-सैंन्-ट्रिफ्'-यू-गॉल्-*adj.* tending to fly off from centre. केन्द्र से हट जाने वाली (शक्ति) संबधी ।

**Centripetal**-सैंन्-ट्रिप्'-ऍट्-ऑल्-*adj.* tending towards centre ( *opp.* of centrifugal ). केन्द्र की ओर जाने वाली ।

**Centuple**-सैंन्'-ट्यू-पूल्- *n.* & *adj.* hundred-fold. सौगुना ।

**Century**-सैंन्'-ट्यू-री- *n.* a hundred of something, any hundred successive years. सौ वर्ष, शताब्दि ।

**Cephalic**-सैं-फ़ॅल्'-इक्- *adj.* pertaining to the head. मस्तक सम्बन्धी ।

**Ceramics**-सैं-रॅम्'-इक्स्- *n.* the art of pottery, objects made of clay. कुम्हारी विद्या, मिट्टी के पात्र ।

**Cerated**-सीर्'-एट्-ऍड् *adj.* covered with wax. मोम से ढपा हुआ ।

**Cereal**-सिअर्'-इ-ऑल्-*adj.* of corn. अन्न सम्बन्धी; **Cereals** *n. pl.* grains used as food. मनुष्य के खाने योग्य अन्न ।

**Cerebellum**-सैंर्'-रैं-बैल्'-लम्-*n.* the little brain. छोटा मस्तिष्क (दिमाग) ।

**Cerebral**-सैंर्'-रि-ब्रॉल्-*adj.* pertaining to cerebrum. मस्तिष्क सम्बन्धी ।

**Cerebration**-सैंर्-रि-ब्रे'-शॉन्-*n.* the action of cerebrum, working of the brain. मस्तिष्क का कार्यक्रम ।

**Cerebrum**-सैंर्'-रैं-ब्रम्-*n.* the brain proper. मस्तिष्क का प्रधान भाग ।

**Ceremonial**-सैंर्'-रि-मोन्'-इ-ऑल्-*adj.* with ceremony or ritual, formal. विधिपूर्वक, शिष्टाचार सहित, दिखौवा; -*n.* formality. रीति, विधि, चाल ।

**Ceremonious**-सैंर्'-रि-मोन्'-इ-अस्- *adj.* according to prescribed form, punctilious. आदरयुक्त, अति सभ्य ; **Ceremoniously** (-ली) -*adv.* with formality. शिष्टाचार ( आदर ) से ; **Ceremoniousness** (-नि-अस्-नैस् )-*n.* formality. अति आदर, अति सौजन्य ।

**Ceremony**-सैंर्'-रैं-मोन्-ई-*n.* ( *pl.* Ceremonies ) a religious or solemn observance, formality. धार्मिक रीति, (विधि, संस्कार) नियम; **Without ceremony** ( without formality. ) बिना शिष्टाचार के; **Occasional ceremony.** सामान्य शिष्टाचार ।

**Ceres**-सीर्'-ईज्- *n.* the Roman goddess of growth. रोम की उपज देवी ।

**Cerography**-सैंरॉग्'-रॅ-फी- *n.* the art of engraving on wax. मोम पर खोदाई का काम करना ।

**Certain**-सर्'-टैन्-*adj.* settled, assured, reliable, sure, indisputable. निश्चित, अवश्य, नियत, स्थिर ; **A certain person** ( an unknown person. ) कोई मनुष्य ; **For certain** ( certainly. ) अवश्य ।

**Certainly**-सर्'-टैन्-ली-*adv.* confidently, admittedly. अवश्य, निःसन्देह ।

**Certainty**-सर्'-टैन्-टी-*n.* undoubted fact, assurance. निश्चय, असंशय ।

**Certificate**-सर्-टिफ्'-इक्-ऍट् - *n.* testimony in writing, voucher, acquirement. प्रमाणपत्र, प्रशंसापत्र।

**Certifier**-सर्'-टि-फ़ाइ'-अर्- *n.* one who certifies. प्रमाणित करनेवाला मनुष्य ।

**Certify**-सर्'-टिफ़्-आइ- *v. t.* ( *p. t.* Certified ) to attest formally, to assure. प्रमाण देना, प्रमाण सहित कहना ।

**Certitude**-सर्' - टि- ट्यूड्- *n.* assurance, certainty. दृढ़ निश्चय ।

**Cerumen**-सैं-रू'-मैंन्-*n.* wax secreted by the ear. कान का खूँट ।

**Ceruse**-सिअर्'-उज़्- *n.* white lead, carbonate of lead. सफ़ेदा ।

**Cervical**-सर्'-विक्-ऑल् - *adj.* pertaining to the neck. ग्रीवा ( गरदन ) सम्बन्धी ।

**Cervine**-सर्'-वाइन्- *adj.* relating to or like deer. हरिण के समान ।

**Cess**-सैस्- *n.* a local rate. महसूल, चुङ्गी; *v. t.* to lay tax on. कर लगाना ।

**Cessation**-सैस् - सें' - शॉन्- *n.* ceasing, rest, pause. रुकावट (अवरोध), ठहराव ।

**Cession**-सैश्'-ऑन्- see under **Cede**.

**Cesspool**-सैस्'-पूल्-*n.* a well sunk for

drainage. चहबच्चा, नाबदान ।

**Cestoid**- सैस्टॉ-ऑएड् *n.* a ribbon-like worm. चिपटा केंचुआ ।

**Chafe**-चैफ़्- *v. t.* & *i.* to rub, to irritate, to make angry, to fret. रगड़ना, रगड़ जाना, उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना, क्रुद्ध होना;-*n.* friction, state of irritation. रगड़, क्रोध ।

**Chaff**-चाफ़्- *n.* grain-husk, worthless stuff. भूसा, (चोकर, छिलका), निरर्थक पदार्थ ; **Caught with chaff** (one who is easily deceived.) सहज में धोखा खाने वाला ; **Chaff-cutter.** भूसा काटने की कल; **Chaffy** (-ई) *-adj.* full of chaff. भूसा भरा हुआ ।

**Chaffer**-चैफ़्'-फ़र्- *v. i.* & *t.* to haggle, to bargain. मोलचाल करना, सौदा करना; **Chafferer** (-अर्) *-n.* one who makes a bargain. सौदा करने वाला ।

**Chafing-dish**-चेफ़्'-फ़िङ्ग् - डिश् - *n.* a vessel for burning charcoal. अंगीठी, लकड़ी के कोयले की बोरसी ।

**Chagrin**-शॅ-ग्रिन् - *n.* vexation, acute disappointment. क्लेश, तीव्र नैराश्य ; *v, t.* to vex. खिजलाना, क्लेश देना ।

**Chain**-चेन्- *n.* a connected series of links, fetters, necklace, a length of 66 feet. जंजीर (शृङ्खला), सिकड़ी, बेड़ी या हथकड़ी, गले की सिकड़ी, ६६ फ़ीट की नाप ; *-v. t.* to connect, to enslave. बाँधना, जकड़ना, दास बनाना ; **Chain-armour** (armour made of iron chains.) लोहे की जंजीर का बना हुआ कवच ; **Chain-stitch** (a simple method of sewing.) सामान्य सिलाई ।

**Chain-bridge**- चेन्'-ब्रिज्- *n.* a hanging (or suspension) bridge. झूले का पुल ।

**Chainless**-चेन्'-लैस्- *adj.* without chain, free. जंजीर रहित, स्वतन्त्र ।

**Chainlet**-चेन्'-लैट्- *n.* a small chain. छोटी जंजीर या सिकड़ी ।

**Chain-wheel**-चेन्'-ह्वील्- *n.* a toothed wheel on which a chain runs. दाँतेदार पहिया जिस पर जंजीर चलती हो ।



Chain-wheel.

**Chair**-चैअर्- *n.* a portable seat for one, professorship, office, a chairman. कुर्सी, अध्यापक का पद, सभापति ; *-v. t.* to install in chair. पदाधिकारी बनाना, **Appeal to the chair** (protest against disorder.) व्यतिक्रम के लिये सभापति से प्रार्थना ; **Easy-chair** आराम कुरसी ; **Take a chair** (asking to sit down.) बैठ जाइये ; **To leave the chair** (to finish work.) कार्यक्रम समाप्त करना ।

**Chairman**- चैअर् - मॅन् - *n.* one who controls a committee. सभापति; **Chairmanship**-*n.* the office of a chairman. सभापति का पद ।

**Chaise**-शेज़् - *n.* a pleasure-carriage. आनन्द की सवारी, गाड़ी ।

**Chalice**- चैलि' - इस् - *n.* a goblet, a, cup or bowl. प्याला, पात्र ।

**Chalk**-चॉक् - *n.* a soft white earthy substance used for writing and drawing. खरिया मिट्टी, सेतखली ; *-v. t.* to mark, to draw, to write. चिह्न करना, तसवीर खींचना, लिखना ; **To chalk out** (to sketch.) खाका बनाना ।

**Chalky**-चॉक्' - ई - *adj.* similar to or like chalk. खड़िया के समान ।

**Challenge**-चैलॅ - लैन्ज् - *n.* summons to fight a duel, calling to account, demand for something. लड़ने के लिये ललकार, माँग, दावा ; *-v. t.* to call to account, to deny a claim. ललकारना, निषेध करना ; **Challengeable** (-ऑब्ल्) *adj.* that may be defied. ललकार (सामना) करने के योग्य ; **Challenger** (-अर्) *-n.* one who challenges to a combat. ललकारने वाला, भिड़नेवाला ।

**Chamber**- चेम् - बर् - *n.* a room, judge's private room, bedroom, one of the houses of Parliament, enclosed space. कमरा, जज का गुप्त कमरा, शयन गृह, पार्लियामेन्ट का घर, बन्द स्थान ;

**Chambered** ( - बड् ) *-adj.* having chambers. कोठरीदार; **Chamber-fellow** ( one who sleeps in the same apartment. ) एक ही कमरे में सोने वाला। **Chambers.** ( -बर्स् ) *-n. pl.* a row of rooms. घर में कमरों की पंक्ति; **Chamber of Commerce** ( an assembly of traders.) व्यापारियों की सभा; **Chamber-counsellor.** वह वकील जो घर पर ही क़ानूनी सलाह देता है कचहरी में जाकर वकालत नहीं करता; **Chambermaid** (an inn-keeper.) भठियारिन; **Chamber-music** ( music in a room of the house.) कमरे में गायन; **Chamber pot** ( urinal. ) पेशाब करने का बर्तन।

**Chamberlain**-चेम्'-बर्-लिन्-*n.* a high officer in a king's court. राजमहल का एक प्रधान कर्मचारी।

**Chameleon** - कॅ-मी'-लॅ-ऑन्- *n.* a kind of long lizard, an inconstant person. गिरगिट, अस्थिर प्रकृति का पुरुष।

**Chamfer**-चॅम्'-फ़र्- *v. t.* to bevel or slope in a symmetrical manner. क्रमसे तिरछा करना।

**Chamois**-शॅम्'-वॉ-*n.* a wild mountain antelope. जङ्गली पहाड़ी हरना, सावर; *-n.* ( शॅम्'-मी ) leather made from chamois-skin. सावर का चमड़ा।

**Champ**-चॅम्प्- *v. t.* to munch in a noisy manner. मुँह बोला कर चबाना।

**Champagne**-शॅम्-पेन्'- *n.* a kind of French wine, an open country. फ़ान्स देश की शराब, खुला मैदान।

**Champion**-चॅम्'-पि-ऑन्- *n.* one who fights for another or for a cause, a hero. वीर, योद्धा; **Championship** ( -शिप् ) *-n.* the rank of a champion. अभिनेता का पद।

**Chance**-चान्स्-*n.* fortune, opportunity, possibility, accident, risk, absence of design, course of events. दैवयोग, भाग्य, अवसर, सम्भावना, क्रमहीनता, घटनाक्रम; *-v. i. & t.* to happen. होना; **By chance** (accidentally.) संयोग से, अकस्मात्; **Chance-comer** ( one who comes by chance. ) संयोग से आया हुआ अतिथि; **On the chance** (on the possibility of. ) सम्भावना से; **To stand a chance** ( to hope. ) आशा रखना; **To take one's chance** ( to depend upon fate. ) प्रारब्ध जाँचना; **It chanced that** ( it so happened. ) ऐसा संयोग हुआ कि।

**Chancel**-चान्'-सॅल्-*n.* the eastern part of a church. गिरजाघर का पूर्वी भाग।

**Chancellor**-चॅन्'-सॅल्-लॉर्- *n.* state or law official, head of a university. प्रधान धर्माधिकारी, विश्वविद्यालय का प्रधान अध्यक्ष; **Vice-Chancellor.** विश्वविद्यालय का सहायक अध्यक्ष; **Chancellorship** ( -शिप् ) *-n.* the office of a chancellor. ऐसे अध्यक्ष का पद।

**Chancery**-चॅन्'-सॅर्-ई- *n.* the highest court of justice. प्रधान न्यायालय, दीवानी की बड़ी अदालत।

**Chancy** - चान्' -सी - *adj.* uncertain, dubious. सन्दिग्ध, सन्देहजनक।

**Chandelier** - शॅन् - डॅ - लिअर्' - *n.* a kind of branched support for holding several lights. दीपवृक्ष, झाड़फानूस।



Chandelier.

**Chandler**-शॅन्ड्'-लर्-*n.* a dealer in candles, soap, paint &c. साबुन, मोमबत्ती इत्यादि का बेचनेवाला।

**Change**-चैंअन्ज्-*n.* alteration, variation, variety, small coins given for a higher one. परिवर्तन, रूपान्तर, रेज़गी; *-v. t. & i.* to resign, to get rid of, to alter, to get smaller coins, to go from one place to another, to become new. त्यागना, पलटना, छुटकारा पाना, रेज़गी का बदलना, स्थान परिवर्तन करना, नया होना; **To change colour** ( to turn pale. ) पीला पड़ जाना; **To change hands** (to pass to a different owner.) मालिक बदलना; **To change places** ( to be different. ) भिन्न होना; **To change one's condition** ( to marry. ) विवाह करना; **To change one's mind** ( to adopt a new method. ) नई विधि ग्रहण करना; **To ring the changes** ( to finish in every way. ) कार्यक्रम का सब प्रकार से अन्त करना।

**Changeable**-चैंअन्ज्'-ॲ-बल्- *adj.* variable, fickle, unstable, inconstant. चपल, अधीर, अस्थिर; **Changeableness**

(-नैस्) -*n.* the quality of being changeable. अस्थिरता।

**Changeful**-चैंअन्ज्-फुल्- *adj.* fickle, inconstant. चञ्चल, चपल।

**Changeless**-चैंअन्ज्-लैस्- *adj* without change, constant. बिना परिवर्तन का, चपलता रहित, स्थिर।

**Changeling**-चैंअन्ज्-लिङ्ग्- *n.* a child substituted for another, one apt to change. कृत्रिम पुत्र, परिवर्तन शील वस्तु।

**Changing**-चैंयन्ज्-इङ् *adj.* altering. बदलने वाला।

**Channel**-चैन्-नैल्- *n.* a bed of running water, passage for liquids, a narrow sea between two continents, a groove or furrow, course, direction, agency. स्रोत, नाला, समुद्रवंक, परनाला, तरल पदार्थ का मार्ग, दिशा, द्वार ; -*v. t.* (*p. t.* Channelled) to form a groove in. नाली बनाना।

**Chant**-चान्ट्-*n.* song. गीत, स्तोत्र, भजन; *v. t. & i.* to sing musically. गाना, स्तोत्र पढ़ना; To chant horse (to sell by deception,) धोखा देकर बेंचना।

**Chanter**-चैन्ट्- -अर् - *n.* a male singer. गानेवाला; -*fem.* Chantress (-ट्रैस्) a female singer. गाने वाली स्त्री।

**Chanticleer**-शान्ट्-इ-क्लिअर्- *n.* a domestic cock. पाला हुआ मुर्गा।

**Chanty**-शान्-टी-*n.* a sailor's song while hauling. मल्लाहों का बोझ उठाने में शब्द।

**Chaos**-कै-ऑस्- *n.* formless void, utter confusion, disorder. विप्लव, उपद्रव, (गोलमाल); Chaotic (कै-ऑट्-इक्) *adj.* confused. सङ्कीर्ण, अस्तव्यस्त।

**Chap**-चैप्- *n.* a boy, a man, a crack, the jaw. छोकरा, मनुष्य, दरार (फटन), जबड़ा; -*p.l.* jaws of beasts. पशुओं का दाढ़; -*v. t. & i.* to crack. फटना, फाड़ना, तड़काना; Fat chaps (a man with plump cheeks.) फूले गालों का मनुष्य।

**Chape**-चेप्- *n.* metal cap of scabbard, sliding loop or catch of a belt. मियान की टोपी, पेटी में का बन्द।

**Chapel**-चैप्-एल्-*n.* a place of Christian worship. ईसाइयों का गिरजाघर।

**Chaperon**-शैप्-एर्-ओन्- *n.* an elderly woman in charge of a girl. कुँवारी कन्या की रक्षा करनेवाली स्त्री।

**Chaplain**-चैप्-लिन्- *n.* a clergyman in charge of a chapel. पादड़ी, पुरोहित; Chaplainship (-शिप्) -*n.* the office of a chaplain. पादड़ी का पद।

**Chaplet**-चैप्-लैट्- *n.* a garland or wreath of flowers, a string of beads for counting prayers. फूलों की माला, जप करने की सुमिरनी।

**Chapman**-चैप्-मैन्- *n.* a pedlar. घूम घूमकर बेंचनेवाला व्यापारी (फेरीवाला)।

**Chappy**-चैप्-पी-*adj.* full of chaps or clefts. दरारदार।

**Chapter**-चैप्-टर्- *n.* the main division of a book, body of clergymen. अध्याय (स्कन्ध, खण्ड), पादड़ियों का संघ।

**Char**-चार्- *v. t.* to burn until reduced to charcoal, to scorch. जलाकर कोयला बनाना, (झुलसाना) जलाना।

**Character**-कैर्-रैक्-टर्- *n.* a distinctive mark, characteristics, a person's handwriting, style, moral strength, reputation, an actor. प्रकृति (प्रभाव), लक्षण (स्वभाव), हस्ताक्षर, ढङ्ग, चरित्र, कीर्ति (यश), नाटक का पात्र।

**Characteristic**-कैर्- रैक्- टर् - इस्ट्- इक् *adj. & n.* typical, exhibiting peculiar qualities, that which distinguishes one person or thing from another. विलक्षण, विचित्र, अनोखा, विशिष्ट गुण; Characteristically (-ऑल्-लि)-*adv.* in a distinguishing manner. विलक्षण रूप से।

**Characterize** कैर्-रैक्-टर्-आइज़्- *v. t.* to describe character of. गुण दोष बतलाना; Characterization (-ए-शॉन्) *n.* act of characterizing. नाम निर्धारण।

**Characterless** - कैर्-रैक्-टर्-लैस् - *adj.* ordinary. सामान्य।

**Charade**-शैर्-राड्-*n.* a game of guessing word from written clue, a riddle. शब्द अनुमान करने की पहेली।

**Charcoal**-चार्-कोल्- *n.* black residue of burnt wood. लकड़ी का कोयला।

**Charge**-चार्ज्- *n.* load, right quantity put into a thing, expense, duty, care, custody, thing entrusted, injunction, duty, accusation, signal for attack. भार, उचित परिमाण, व्यय, कर्तव्य,

रक्षण ( अधिकार ), अभियोग, दोषारोपण; *v. t.* to load, to fill, to enjoin, to entrust, to command to do, to accuse, to attack. बारूद भरना, पूर्ण करना, सौंपना, आज्ञा देना, दोष लगाना, आक्रमण करना ; **Chargeable** ( -ऍ-ब्ल् ) *adj.* accusable, imputable. आरोपण करने योग्य, दोषी ठहराने योग्य ; **Charge-sheet.** (a list of offenders and their offences) अपराधियों की नामावली तथा इनके पृथक् अपराधों के नाप।

**Charger**–चार्ज्-अर् – *n.* the horse of a military officer, a large strong dish. फ़ौजी अफ़सर का घोड़ा, बड़ी रकाबी।

**Chariot**– चॅर्-रि- ऑट् – *n.* a triumphal or state car. रथ ; **Charioteer** (-इअर्) *n.* the driver of a chariot. सारथी।

**Charitable**–चॅर्-रिट्-ऍ-ब्ल् –*adj.* bountiful, liberal in giving to the poor. धर्मात्मा, दयालु ( कृपालु ); **Charitableness** ( -नॅस ) -*n.* disposition to be charitable. उदारता; **Charitably** (-ऍब्-ली) -*adv.* in a charitable manner. दयालुता या उदारता से।

**Charity**–चॅर्-रिट्-ई– *n.* kindness, natural affection, leniency, beneficence, alms. कृपा, करुणा, दयालुता ( दया, दान ), भिक्षा देना, उदारता ; **Charity-boy** ( a boy who is brought up in a poor house. ) यतीम, अनाथ बालक।

**Charivari**–शॅर्-इ-वॅर् -इ– *n.* a confused sound, an uproar. शोरगुल।

**Charlatan**–शार्-लॅ-टॅन्– *n.* an impostor in medicine, a quack. मिथ्या चिकित्सक ( नीम हकीम ), मायावी, छली; **Charlatanish** ( -इश् ) -*adj.* quackish. छली, कपटी; **Charlatanism** (-इज़्म्) -*n.* quackery. कपट व्यवहार ; **Charlatanry** ( -री ) *n.* imposture, quackery. छल, माया।

**Charles's wain**– चार्ल्स् - वेन्– *n.* Ursa Major. सप्तऋषि के तारे।

**Charlock**–चार्-लॉक्– *n.* the wild mustard. जंगली सरसों।

**Charm**–चार्म्– *n.* words or characters acting as a spell, amulet, attractiveness. मन्त्र, रक्षायन्त्र, आकर्षण; -*v.t.* to bewitch, to endow with magic power, to delight. मन्त्र से वश में करना, मोहित करना, प्रसन्न करना; **Charmer** ( -अर् ) -*n.* a magician, one who fascinates. जादूगर, ओझा, मोहित करनेवाला।

**Charming** - चार्म् -इङ्ग् – *adj.* delightful. रमणीय (मनोहर, सुहावना) ; **Charmingly** ( -ली ) -*adv.* with fascination. रमणीयता या मनोहरता से।

**Charnel-house**–चार् - नॅल् - हाउस् – *n.* a mortuary, a sepulchre. कब्रिस्तान।

**Chart**–चार्ट्– *n.* a navigator's map, a tabulated sheet. समुद्र के आस पास के स्थान का नकशा, कोष्टक ; -*v. t.* to make a chart. नक़शा बनाना।

**Charter**–चार्ट्-अर्– *n.* a written grant of privileges and rights by a sovereign. शासनपत्र, राजपत्र ; -*v. t.* to give privilege. अधिकार देना; **Chartered** (-ड् ) -*adj.* granted by charter. शासन पत्र प्राप्त ; **Charterhouse** (an alms-house in London.) लन्दन नगर का दानालय ; **Charter-party** ( contract made between ship-owner and merchant for hire of ship &c.) जहाज़ के मालिक और व्यापारी का प्रतिज्ञा पत्र।

**Chartography**–कार-टॉग्-रॅ-फ़्-ई – *n.* the art or business of map-making, cartography. नकशा बनाने की विद्या।

**Charwoman**– चार् - वुम् - ऍन् – *n.* a woman hired by the day for housework. गृहस्थी की दासी।

**Chary**–चेअर्-ई–*adj.* careful, cautious, frugal. सावधान, मितव्ययी।

**Chase**–चेस्– *n.* an open park, a hunted animal, an iron frame holding composed type, part of a gun. अनुसरण, खुला बगीचा, शिकार, टाइप कसने का फ्रेम, बन्दूक का कुन्दा ; -*v. t.* to pursue, to engrave. अनुसरण करना, नकाशी करना।

**Chasing**–चेस्-इङ्–*n.* the art of engraving. नकाशी करने की कला।

**Chasm**–कॅज़्म्–*n.* a gap, a cleft, a void, difference of feeling. दरार ( फाँक ), बिल, (विवर), मनोवृत्ति का भेद।

**Chassis**–शॅस्-सॅ– *n.* the base frame of gun-carriage or motor car. मोटर गाड़ी या तोप की गाड़ी के नीचे का ढाँचा।

**Chaste**–चेअस्ट्– *adj.* virgin, pure, simple, unadorned. सती, पवित्र, सादा, आडंम्बर रहित।

**Chasten** – चेस्'-एॅन् *v. t.* to correct, to purify. परिशोधित करना, पवित्र या स्वच्छ करना।

**Chastise**–चॅस्-टाइज़'- *v. t.* to punish, to beat. दण्ड देना, पीटना; **Chastiser** (-अर्)-*n.* one who punishes. दण्ड देने वाला; **Chastisement** (-मॅन्ट) -*n.* punishment, correction. दण्ड, ताड़न।

**Chastity**– चॅस्'-टिट्-ई – *n.* virginity, purity of conduct. सतीत्व, शुद्धता।

**Chat**–चॅट्- *v. i.* to indulge in easy talk. अलाप करना, बकवाद करना; -*n.* an idle talk. वृथा की बकवाद, गप; **Chatty** (-ई) -*adj.* talkative. बकवादी।

**Chateau**-शॅट्'-टू- *n.* (*pl.* **Chateaux**-ज़्) a foreign country-house, a country seat. विदेश का घर, देहात का मकान।

**Chattel**– चॅट्' - ट्ल् – *n.* (usu. *pl.*) movable possession, goods. सामग्री (माल असबाब), चल संपत्ति।

**Chatter**–चॅट्'-ट्र्- *n.* an idle talk. कड़ कड़ का शब्द, वृथा की बकवाद; -*v. i.* to utter short notes, to talk quickly. टें टें करना, बकबक करना; **Chatterbox** (-बाक्स्) -*n.* an incessant talker. बड़ा बकवादी; **Chatter of teeth** (rattling of teeth.) दाँतों का कटकटाना; **Chatterer** (-अर्)-*n.* one who chatters. बकवादी, बकबक करने वाला मनुष्य।

**Chatty**–चॅट्'-टी- *adj.* very talkative. बड़ा बकवादी।

**Chauffer**-शॉ'-फ़र्- *n.* a small portable furnace. छोटी अंगीठी।

**Chauffeur** – शॉ'-फ़र्- *n.* a motor-car driver. मोटर हाँकने वाला।

**Cheap**–चीप् – *adj.* inexpensive, low in price, worthless. अल्प मूल्य का, सस्ता; **To hold cheap** (to discard.) तिरस्कार करना।

**Cheapen**–चीप्'-पॅन्- *v. t.* to lessen the value of. सस्ता करना, भाव कम करना।

**Cheaply**–चीप्'-ली- *adv.* at a small price. सस्ते दाम में; **Cheapness** (चीप्'-नॅस्) *n.* inexpensiveness. सस्तापन।

**Cheat**–चीट्- *n.* trick, fraud, a deceiver. छल(कपट), धूर्त (कपटी, ठग, वंचक); -*v. t.* to deceive and defraud. धोखा देना, छल करना; **Cheatery** (-अर्-ई) -*n.* fraud. छल, कपट; **Cheating** (-इङ्ग्) *adj.* deceptive, fraudulent. धोखा देनेवाला, ठगने वाला।

**Check**–चॅक्- *n.* a sudden arrest, pause, rebuff, stoppage, cross-lined pattern. निग्रह, संयम, अवरोध, रुकावट, (शतरंज के खेल में) शह, चारखाना; -*v. t.* to stop, or restrain, to rebuke. रोकना, झिड़की देना; **To keep in check** (to keep under control.) अधिकार में रखना।

**Check-book**–चॅक्'-बुक्- *n.* a book containing blank cheques. सादे (बिना लिखे) चेकों की पुस्तक।

**Checker**–चॅक्'-अर्- *n.* a chess-board. शतरंज खेलने की बिसात।

**Checkmate**–चॅक्'-मेट्- *n.* final defeat in the game of chess. शतरंज के खेल की अन्तिम चाल जिससे हार होती।

**Check-nut** – चॅक्'- नट् – *n.* appliance which is used for securing a nut. ढिबरी न गिर जाने का रुकाव; **Check-string** -*n.* a string for signalling the driver to stop. गाड़ी हाँकनेवाले को रोकने का संकेत देने की रस्सी।

**Cheek**–चीक्- *n.* side of face below the eye. कपोल, गाल; -*v. i.* to be insolent. धृष्ट होना; **Cheek-bone** (bone of the cheek.) कपोलफलक; **Cheek-tooth** (a molar tooth.) चत्र।

**Cheekiness**- चीक्'- इ-नॅस् - *n.* cool confidence. शान्ति पूर्वक विश्वास।

**Cheep**–चीप्- *v. i.* to chirp or pipe like a young bird. चिड़िया के बच्चे की तरह चीं चीं करना या सीटी बजाना।

**Cheer**–चिअर्- *n.* entertainment, shout of joy or applause. भोजन, हर्ष दिखलाने का शब्द, जयध्वनि; -*v.t.* & *i.* to comfort, to gladden, to applaud, to encourage, to grow cheerful. ढाढ़स देना, प्रसन्न करना; प्रसन्न होना; **What cheer?** (how are you?) आपकी कैसी तबियत है; **To be of good cheer** (to be happy.) प्रसन्नवदन होना; **To cheer up** (to make cheerful.) प्रसन्न करना।

**Cheerful** – चिअर्'- फुल् - *adj.* pleasant, hopeful, gay, lively. प्रफुल्ल, प्रसन्न, आनन्दित; **Cheerfully** (-फुल्-लि) -*adv.* in good spirits. आनन्द से; **Cheerful-**

ness ( -नॅस् ) *-n.* pleasure. आनन्द ; Cheeriness (-इ-नॅस् )*-n.* state of being cheerful. आनन्दी की अवस्था ।

**Cheerless**–चिअर्'-लॅस् – *adj.* dull, sad, miserable. मन्द, दुखी, उदास ।

**Cheerly**–चिअर्'-ली– *adv.* heartily, in a cheery manner. सहृदय ।

**Cheery**–चिअर्-ई – *adj.* cheerful, promoting cheerfulness. प्रसन्न, मग्न ।

**Cheese**–चीज़– *n.* food made of pressed curds. दही से बनी हुई मिठाई, पनीर ; **Cheese-monger.**-*n.* a seller of cheese. पनीर बेचने वाला ; **Cheese-plate** ( the big button of a coat. ) कोट का बड़ा बटन; **Green cheese** (undried cheese.) बिना सुखाई हुई पनीर; **The cheese** (correct thing. ) सही बात ।

**Cheesy**–चीज़्'-ई– *adj.* having taste iike cheese. पनीर के स्वाद की ।

**Cheliform**– कॅल्'-इ-फ़ॉर्म् – *adj.* of the form of a claw. पंजे के आकार का ।

**Chemical**– कॅम्'-इकॅ-ऑल्– *adj.* relating to chemistry. रसायनिक ; **Chemically** (-ली) *-adv.* by chemical process. रसायनिक रीति से ; **Chemicals** (-स् ) *-n. pl.* chemical preparations. रसायन के पदार्थ ।

**Chemise**–शॅ-मीज़्' – *n.* a woman's shirt or undergarment. स्त्री की भीतरी पोशाक, जनानी कुर्ती ।

**Chemist**– कॅम्'-इस्ट् – *n.* a dealer in medical drugs, a person who is skilled in chemistry. दवा बेंचनेवाला, रसायन शास्त्र जानने वाला ।

**Chemistry**–कॅम्'-इस्ट्-री– *n.* the science which treats of the elements and their laws. रसायन शास्त्र ।

**Chenille**–शॅन्-ईल्'– *n.* a velvety cord used in dress. रेशमी डोरी ।

**Cheque**–चॅक्– *n.* a written order to banker for payment of money. हुन्डी ( रुक्का ), चेक् ; **Cheque-book** ( book containing stamped blank cheques. ) मोहर की हुई चेक् की पुस्तक ।

**Chequer**–चॅक्'-अर्– ( Checker ) *-n.* a pattern made of squares. चारखाना ; *v. t.* to mark with squares of different colours. रङ्ग बिरङ्गा चारखाना बनाना ।

**Cherish**–चॅर्'-रिश्– *v. t.* to foster, to nurse, to hold as dear. लालन पालन करना, पोषण करना, प्रिय मानना; **Cherisher** (-अर्) *-n.* one who fosters. पोषक; **Cherishing** (-इङ्ग् ) *-adj.* nourishing. पालन पोषण करने वाला ।

**Cheroot**-शॅरूट्'-*n.* a cigar not pointed at either end. चुरुट ।

**Cherry**–चॅर्'-री– *n.* a small fruit. एक प्रकार का पहाडी वृक्ष, उसके फल ; **To make two bites at a cherry** (to stop enterprise.) साहसिक काम करना रोक देना। **Cherry-ripe** (the cry of a fruit-seller.) मेवाफरोश की चिल्लाहट ।

**Cherub**– चॅर्'-रब्– *n.* ( *pl.* Cherubs, Cherubim. ) a celestial being, a beautiful child. देव दूत, सुन्दर बालक।

**Chess**–चॅस्– *n.* a game for two players played on board divided into sixty-four squares with pieces called 'chessmen.' चतुरंग, शतरंज का खेल जो ३२ मोहरों से खेला जाता है ; **Chessboard** *n.* board used in chess. शतरञ्ज का बिसात; **Chessmen** *-n. pl.* pieces used in playing chess. शतरञ्ज के मोहरे ।

**Chessel**– चॅस्'-सॅल्– *n.* a mould for making cheese. पनीर बनाने का साँचा ।

**Chest**–चॅस्ट्– *n.* a large box, the thorax., सन्दूक (पिटारा), वक्षस्थल (छाती); *-v. t.* to deposit in a chest. बक्स में बन्द करना। **Chest-protector** ( an inner garment of flannel. ) फ़लालीन का भीतरी पोशाक ।

**Chesterfield**–चॅस्ट्'-अर्-फ़ील्ड्– *n.* a kind of overcoat, a long sofa. एक प्रकार का लबादा, लंबी चारपाई ।

**Chestnut**–चॅस्'-नट्– *n.* a tree or its edible fruit. अखरोट का फल या वृक्ष ।

**Chevalier**–शॅव्-ऑ-लिअर्'– *n.* a knight, a gallant. अश्वारोही, महावीर ।

**Chevy**–चॅव्'-वी– *n.* a cry, shout. शोरगुल, कोलाहल, चिल्लाहट ।

**Chew**–चू– *v. t.* & *i.* to grind with teeth. दाँतों से चबाना; **Chewer** (-अर् ) *-n.* one who ponders. चबानेवाला, विचारनेवाला; **Chewing-gum** (-गम् ) *-n.* एक प्रकार की चूसने की मिठाई ; **To chew the cud** (to ruminate in thought, to think over a subject.) पागुर करना, किसी विषय में विचार या मनन करना ।

**Chiaroscuro**- काइ'-ऑ-रॉ-स्क्यू'-रो- *n.* light and shade in painting. चित्र में प्रकाश और अन्धकार का प्रदर्शन।

**Chic**-शीक् - *n.* skill, style. चातुरी, ढङ्ग।

**Chicane** - शि-केन्' - *v. t.* to cheat. छल कपट करना; **Chicanery** (-री) -*n.* trickery, pettifogging, artifice. वाक्छल, झूठ बोल कर ठगना, फेरवट की बातचीत।

**Chick** - चिक् - *n.* a young bird, the young of a hen. चिड़िया का बच्चा, मुर्गी का बच्चा; **To count one's chicks before they are hatched** (to build castles in the air.) मनके लड्डू खाना।

**Chicken**-चिक्'-एन्- *n.* (*pl.* **Chicken** or **Chickens.**) the young one of a fowl, child. मुर्गी का बच्चा, लड़का; **Chicken-hearted** (timid, cowardly.) कातर, डरपोक; **Chicken-pox** (a contagious pustulous disease.) मोतीझरा, छोटी चेचक।

**Chide**-चाइड्-*v. t.* (*p. t.* **Chid**, *p. p.* **Chidden** or **Chid.**) to make complaints, to rebuke, to scold. शिकायत करना, गाली देना, डाटना; -*n.* murmur. गुर्राहट; **Chiding** (-इङ्ग)-*adj.* scolding. गाली देता हुआ।

**Chief** - चीफ्- *n.* (*fem.* **Chiefess**-एस्) ruler, leader. प्रधान पुरुष, नायक, मुखिया; *adj.* first in importance, prominent, principal, most important. प्रधान, मुख्य; **Ch'efly** (-ली) -*adv.* principally, bove all. विशेष करके, सबसे ऊपर।

**Chieftain**-चीफ्'-टेन्- *n.* a captain, the head of a tribe. सेनापति, मुखिया।

**Chiffon** - शिफ्'-फॉङ्ग'- *n.* thin gauzy material used in dress. बारीक कपड़ा; **Chiffonier** (-इअर्) *n.* an ornamental sideboard. सजावटी अलमारी।

**Chilblain** - चिल्'-ब्लेन् - *n.* an itching inflammation of skin on hand or feet. हाथ या पैर की बेवाय।

**Child**-चाइल्ड्- *n.* (*pl.* **Children**-चिल्'-ड्रेन्) a new born human being, offspring, an infant. बालक (बच्चा), सन्तति; **Child-bed** (state of being with child.) प्रसव की अवस्था; **Child birth** (birth of a child.) प्रसव; **Childhood** (-हुड्) -*n.* infancy. शैशव, बाल्यावस्था, लड़कपन; **Childish** (-इश्) -*adj.* puerile. बालक के समान; **Childishness**-*n.* the state of being childish. लड़कपन; **Childless** (-लेस्) -*adj.* without progeny, निर्वंश, पुत्ररहित; **Childlike** (-लाइक्) -*adj.* like a child, artless, simple. शिशुतुल्य, सरल; **Child's play** (easy work.) सरल कार्य; **Child wife** (a very young wife.) छोटी दुलहिन; **Second childhood** (dotage.) बुढ़ौती का सिड़ीपन; **With child** (pregnant.) गर्भिणी; **Burnt child dreads fire.** दूध का जला मट्ठा फूँक कर पीता है।

**Children**-चिल्'-ड्रेन् - *n. pl.* of Child 'चाइल्ड' शब्द का बहुवचन।

**Chiliad** - किल्'-इ-ऑड् - *n.* a thousand years. एक हज़ार वर्ष का काल।

**Chill**-चिल्- *n.* cold sensation, coldness, depressing influence. ठंढक, शैत्य, उत्साहहीनता; -*adj.* feeling cold, unfeeling. शीतल (ठण्ढा), उदासीन; -*v. t.* to make cold, to depress, to discourage. शीतल करना, उत्साहहीन करना; **To cast a chill over** (to show indifference.) उदासीन भाव दिखलाना।

**Chilli**-चिल्'-ली- *n.* dried pod of capsicum. सूखा लाल मिरचा।

**Chilliness**-चिल्'-लि-नेस्-*n.* the state of being chilly. शैत्य, ठंढ।

**Chilly** - चिल्'-ली - *adj.* feeling rather cold. स्पर्श में प्रायः ठण्ढा।

**Chime**-चाइम्' - *v. t.* & *i.* to sound like a bell, to be in rhyme, to accord, to be in agreement, to agree. घण्टी के समान शब्द करना, सुर में होना, एक लय में होना; -*n.* harmonious sound of a musical instrument or bell, edge or rim of a cask. बाजे या घड़ी का सुरीला शब्द, पीपे का किनारा।

**Chimera** - काइ-मिअर्'-ऑ- *n.* a fanciful conception. असम्भव कल्पना, मनगढ़न्त।

**Chimerical**-काइ-मेरि'-इक्-ऑल्-*adj.* purely imaginary. काल्पनिक, अमूलक।

**Chimney**-चिम्'-नी- *n.* passage for carrying off smoke, a glass tube over lamp-flame. धुआँकश, चिमनी; **Chimney-pot** (a tall hat.) अंग्रेजी ऊँची टोपी; **Chimney-sweep** (-er) -*n.* a boy who sweeps chimneys. धुआँकश साफ़

करने वाला बालक।

**Chimpanzee** – चिम् - पैन्'-ज़ी- *n.* an African ape resembling man. अफ़्रीका देश का वनमानुष।

**Chin**–चिन्– *n.* the front part of lower jaw. चिबुक, ठुड्डी; **Chin-deep** *adj.* ( greatly involved. ) अति लीन।

**China**–चाइ'-नॉ- *n.* & *adj.* a country in the east of Asia, earthenware made of porcelain. चीन देश, चीनीमिट्टी के बने बरतन।

**Chine** – चाइन्– *n.* an animal's backbone, ridge. जानवर की हड्डी, किनारा।

**Chinese**–चाइ'-नीज़्' – *n.* & *adj.* an inhabitant of China. चीन देशवासी, चीनी

**Chink** – चिङ्क्–*n.* a crevice, a peephole, the sound of glasses or coins striking together. झरोखा, दरार, सिक्कों की झनकार ( खनकार )।

**Chintz**–चिन्ट्स्– *n.* glazed printed cotton cloth. छींट।

**Chip** – चिप्– *n.* a thin piece cut off from wood or stone, slice of fruits, a wrestling trick. खण्ड, टुकड़ा, कतला, कुश्ती का दाँव; -*v.t.* ( *p. t.* **Chipped.** ) to cut into small pieces, to break, or crack. काटना, कतरना, टुकड़ा करना; **Chip of the old block** (a son resembling his father. ) पिता के समान पुत्र; **Dry as a chip** (tasteless.) बेस्वाद; **To chip in** ( to interrupt. ) विघ्न डालना।

**Chippy**–चिप्'-पी – *adj.* full of chips, uninteresting. टुकड़ेदार, अरोचक।

**Chips**–चिप्स्– *n.* (*naut.*) a ship's carpenter. जहाज़ का बढ़ई।

**Chirography**–काइ-रॉग्'-रॅफ़्-ई- *n.* handwriting. हाथ की लिखावट।

**Chirology** – काइ-रॉल्'-ओज्-ई– *n.* the art or practice of talking with signs made by hands and fingers. हाथ और अंगुलियों के संकेत से बातचीत करने की कला या अभ्यास।

**Chiromancer** – काइ'-रो-मॅन्'-सर्– *n.* one who is skilled in chiromancy. हस्तरेखा को विद्या जानने वाला।

**Chiromancy** – काइ'-रो-मॅन्-सी– *n.* palmistry. हस्त सामुद्रिक, हस्तरेखा की विद्या।

**Chirp**–चर्प्–*v. i.* to make short notes like a bird, to talk merrily, to speak feebly. पक्षी की तरह चं चं करना, आनन्द से बात करना, धीरे से बोलना; -*n.* the shrill sound of birds or insects. चिड़ियों या फतिंगों का कर्कश शब्द।

**Chirpy**–चर्प्'-ई- *adj.* lively, cheerful, chatty. आनन्दी, प्रसन्न, बकवादी।

**Chirr**–चॅर्- *v.t.* to make trilling sound. चर चर का शब्द करना।

**Chisel**–चिज़्-ॲल्– *n.* an iron or steel tool for shaping wood, stone or metal. रुखानी, छेनी, टाँकी; -*v. t.*



Chisel.

(*p.t.* **Chiselled.**) रुखानी से काटना; **Chiselled features** ( clear-cut features. ) साफ़ सुथरी आकृति; **Cold chisel.** लोहा काटने की छेनी।

**Chit**–चिट्– *n.* a young child, a young woman, a small piece of paper. छोटा बच्चा, युवा स्त्री, कागज का टुकड़ा।

**Chitchat** – चिट्'-चॅट् – *n.* small talk, gossip, prattle. गपशप, बातचीत।

**Chitty** – चिट्'-टी – *adj.* like a babe, childish. बच्चे के समान।

**Chivalric**–शिव्'-ॲल्-रिक् – *adj.* worthy of a knight, courteous. शूर वीर के योग्य, शिष्ट, विनीत।

**Chivalrous**–शिव्'-ॲल्-रस् – *adj.* characterized by knightly qualities. शूरवीर के समान; **Chivalrously** (-रस्'-ली) *adv.* in a chivalrous spirit. वीरता से

**Chivalry**– शिव्'-ॲल्-री– *n.* gallantry, a knight's characteristics. वीरता, शूरवीर के गुण।

**Chloride**–क्लोर'-आइड्– *n.* a compound of chlorine. क्लोरीन् मिश्रित एक योग।

**Chlorine**–क्लोर्'-इन्– *n.* an ill-smelling gas. साँस घुटाने वाली एक गैस।

**Chlorodyne**–क्लोर्'-ओ-डाइन् – *n.* a narcotic and anodyne medicine. निद्राजनक तथा पीड़ाहर एक पेन्टेंट दवा।

**Chloroform**–क्लॉर्'-रो-फ़ॉर्म्– *n.* a liquid for producing insensibility. बेहोश करने की एक प्रसिद्ध तरल औषधि।

**Chock** – चॉक् – *n.* a block of wood. लकड़ी का टुकड़ा; -*v. t.* to make fast with chock. ओट लगाना; -*adv.* tightly, closely. ( फन्नी से ) कसकर।

Chocolate-चॉक्'-ओ-लॅट् - *n.* a kind of cake. एक प्रकार की रोटी।

Choice - चॉयस् - *n.* act or power of choosing, the thing chosen, selection, alternative. चुनाव, चुनी हुई वस्तु, छटाव; *adj.* exquisite, appropriate. उत्तम, पसन्द के लायक; Choicely ( -ली ) *-adv.* carefully. सावधानी से; To have no choice ( not to care. ) परवाह न करना; To take one's choice ( to decide, to settle. ) निर्णय करना, स्थिर करना।

Choir-क्वार्- *n.* a chorus or band of singers or dancers. गानेवालों या नाचनेवालों की मण्डली; *-v. i.* to sing in a choir. एक साथ मिलकर गाना।

Choke-चोक्- *v. t.* & *i.* to suffocate, to become speechless, to stifle; to block up. गला घोंटना, गूँगा बनना, अवरोध करना, रोकना; *-n.* the middle part of artichoke. चोकन्दर का मध्य भाग; To choke down ( to swallow food. ) भोजन निगलना; To choke off ( to give up attempt. ) प्रयत्न को छोड़ना।

Choker - चोक्'-अर् - *n.* a high collar. ( गला घोंटनेवाला ) ऊँचा कॉलर।

Choler-कॉल्'-अर्- *n.* biliousness, anger. पित्त, क्रोध, रोष।

Cholera-कॉल्-ऍर्-ऑ- *n.* an infectious disease with diarrhoea and vomiting. विसूचिका, हैज़ा; Choleraic ( -रॉ'-इक् ) *adj.* विसूचिका रोग सम्बन्धी।

Choleric-कॉल्-ऍर्-इक् - *adj.* obtained from bile, angry. पित्तज, क्रुद्ध, क्रोधी।

Choose-चूज़् - *v. t.* & *i.* ( *p. t.* Chose. चोज़् ; *p. p.* Chosen चोज़न् ) to select, to decide, to determine. चुन लेना, निर्णय करना, निश्चित करना; Choosing (-इङ्ग् ) *-n.* a choice. चुनाव, छँटाव To pick and choose ( to select carefully. ) सावधानी से चुन लेना; Chooser ( -अर् ) *-n.* one who selects. चुनने वाला मनुष्य।

Chop-चॉप्-*n.* a small slice of meat, a crack or cleft. मांस का टुकड़ा, दरार, दरी; *-v. t.* ( *p. t.* Chopped. ) to cut by a blow, to mince. काटना, टुकड़ा करना; To chop and change. ( to change one's mind frequently. बारंबार विचार बदलना; Chop logic ( talkative argument. ) कठहुज्जत; Chopsticks *-n. pl.* two small stricks used in China to eat with. चीन देश का भोजन करने में प्रयोग आने वाली सलाइयाँ; To chop back ( to change one's direction, ) मार्ग पलटना; To chop in ( to interrupt in talk. ) बात काटना; To chop up ( to cut into small pieces. ) छोटे छोटे टुकड़े करना।

Chopper - चॉप्-पर् - *n.* a butcher's cleaver, a short axe. कस्साई की मांस काटने की छुरी, छोटी कुल्हाड़ी।

Choppy-चॉप्'-पी- *adj.* full of crags or clefts. दरारों से भरा हुआ।

Choral-कॉर्'-ऑल्- *adj.* sung in a choir. एक साथ मिल कर गाने का।

Chord-कॉर्ड्- *n.* the string of a musical instrument, a straight line joining the ends of an arc. ताँत, ज्या, ( वृत्त खण्ड को जोड़नेवाली रेखा ); Chordal (-ऑल्) *-adj.* pertaining to a chord. वृत्त की ज्या के सदृश।

Chorion-कॉ-रि-ऑन्- *n.* the outer membraneous envelope of foetus. गर्भ को बाहरी झिल्ली।

Chorister- कार्'-रिस्ट्-अर् *-n.* the member of a band of singers. गानेवाली मण्डली का सदस्य।

Choroid-कॉ-रॉइड् - *n.* the membrane which lines the eye-ball. आँख की पुतली के भीतर की झिल्ली।

Chortle-कॉर्ट्-ट्ल्- *v. t.* to chuckle in a loud manner. जोर से शब्द करना।

Chorus-कोर्'-अस्- *n.* a band of dancers or singers, refrain of a song गायकगण, ( गानेवालों की मण्डली ), टेक ( गीत का वह भाग जिसको सब मिलकर गावें ); In chorus ( all speaking together. ) सब लोगों का एक साथ बोलना।

Chough-चफ्- *n.* a red-legged crow, a jackdaw. लाल पैर का कौवा, डोम कौवा।

Chrism-क्रिज़्म्- *n.* an unguent. मल्हम।

Christ-क्राइस्ट्- *n.* The Anointed One, Saviour. ईसुमसी; Christen ( क्रिस्'-सॅन् ) *-v. t.* to administer baptism. नामकरण करना, बपतिस्मा करना; Christendom (क्रिस्-ॅन्-डम्)*-n.* Christians, Christian countries. क्रिस्तानी लोग,

किरिस्तानी देश।

**Christian**-क्रिस्ट्'-यॅन्- *n.* & *adj.* a believer in the religion of Christ. किरिस्तान, क्रिस्तानी ; **Christian name** (name given at baptism.) बपतिस्मा के समय का धरा हुआ नाम ; **Christianize** (-आइज़्)-*v. t.* to convert to Christianity. किरिस्तान बनाना ; **Christianity** (-ऑन्'-इट्-ई)-*n.* the Christian religion. ईसुमसी का मत।

**Christmas**-क्रिस्'-मॅस्- *n.* the festival of Christ's birth which falls on the 25th of December. ईसुमसीह का जन्म-दिन, बड़ा दिन, २५ दिसम्बर।

**Chromatic**-क्रो-मॅट्'-इक्- *adj.* full of bright colour. चमकीले रङ्ग से पूर्ण ; **Chromatics** (-स्) -*n.* the science of colours. (विविध) रङ्ग की विद्या।

**Chrome**-क्रोम्- *n.* a yellow pigment and colour. पीला रङ्ग।

**Chromium**-क्रोम्'-इ-अम्- *n.* a metallic element. एक धातु विशेष।

**Chromograph**-क्रोम्'-ओ-ग्रॅफ्- *n.* & *v. t.* reproduction in colours. रङ्गीन चित्र छापना, ऐसा छापने की क्रिया।

**Chromo-lithograph**-क्रॉम्'-ओ-लिथ्'-ओ-ग्रॅफ्- *n.* the coloured pictures printed from stone. लीथो के पत्थर पर से छापा हुआ रङ्गीन चित्र।

**Chronic**-क्रॉन्'-इक्- *adj.* lingering, (of diseases) constitutional. दीर्घस्थायी, (रोग) पुराना, स्वाभाविक।

**Chronicle**-क्रॉन्'-इ-कल्- *n.* a narrative, an account. इतिहास (वृत्तान्त), वर्णन ; **Chronicler** (-इक्'-लर्) -*n.* the writer of a chronicle. कथा लेखक।

**Chronograph**-क्रॉन्'-ओ-ग्रॅफ्- *n.* an instrument to record time with great accuracy. सूक्ष्म रीति से समय नापने का एक प्रकार का यन्त्र।

**Chronologer**-क्रॉन्-अल्'-ओज्-अर्- *n.* one versed in the science of chronology. काल निर्णय विद्या में निपुण।

**Chronological**-क्रॉन्-अल्-ऑज्'-इक्-ऑल्- *adj.* according to the order of time. कालानुसार संबंधी ; **Chronologically** (-लि)-*adv.* in a chronological manner. कालानुसार, काल क्रम से।

**Chronologist**-क्रॉन्-अल्-ऑज्'-इस्ट्- *n.* one versed in chronology. घटनाओं को कालक्रम से लिखने वाला।

**Chronology**-क्रॉन्-ऑल्'-ओ-जी- *n.* the science or method of computing dates. काल निर्णय विद्या।

**Chronometer**-क्रॉन्-ऑम्'-ईट्-अर्- *n.* a time-piece or watch for recording exact time. ठीक ठीक समय बतलाने वाली एक प्रकार की छोटी घड़ी।

**Chronometry**-क्रॉन्-ऑम्'-ईट्-री- *n.* scientific measurement of time. वैज्ञानिक रीति से समय की नाप।

**Chronoscope**-क्रॉन्'-ओ-स्कोप्- *n.* an instrument for measuring velocities of time. समय गति मापक यन्त्र।

**Chrysalis**-क्रिस्'-ऑ-लिस्-*n.*(*pl.*Chrysalises Chrysalides.) form taken by insect between larva and butterfly. तितली, कीड़े इत्यादि की पर निकलने से पहिले की अवस्था।

**Chrysanthemum**-क्रिस्-ऑन्'-थॅ-मम्- *n.* a kind of flower. गुलदाउदी का फूल।

**Chrysolite**-क्रिस्'-ऑ-लाइट्- *n.* a kind of green or yellow gem. चन्द्रकान्त, एक प्रकार का हरा या पीला रत्न।

**Chrysology**-क्रिस्-ऑल्'-ऑज्-ई- *n.* the branch of political economy which treats of production of wealth. अर्थशास्त्र का वह विभाग जिसमें धनोपार्जन का वर्णन होता है।

**Chub**-चब्- *n.* a coarse-fleshed river fish. मोटे चमड़े की नदी की एक मछली।

**Chubby**-चब्'-बी-*adj.* short and thick, plump, round-faced. नाटा, मोटा, फूले चेहरे वाला, गलफुल्ला।

**Chuck**-चक्- *n.* the call of a fowl, term of endearment, jerk under the chin, a contrivance in lathe. मुरगे की बोली, प्यार का नाम, दाढ़ी पर झटका देना, खरादने के यन्त्र का एक भाग ; *v. i.* Chuck to call as a hen. मुरगी का शब्द करना ; **To chuck away** (to waste.) नाश करना ; **To chuck out** (to turn out.) निकाल देना ; **To chuck up** (to abandon.) त्यागना ; **To chuck up the sponge** (to finish up struggle.)



झगड़ाई झगड़ा छोड़ना। -

**Chucker-out** – चकृ' - अर् - आउट् – *n.* a burly attendant at a theatre. नाटक में कोलाहल शान्त करने वाला पहरेदार ।

**Chuckle**–चकृ'-कूल् – *v. i.* to laugh in a suppressed manner, to cackle, to show signs of glee. मुँह बन्द करके हँसना, प्रसन्नता के चिह्न दिखलाना ।

**Chucklehead**–चकृ'-कूल्-हेड्– *n.* a stupid fellow, a booby. मूर्ख मनुष्य ।

**Chuckling**–चकृ'-लिङ्-*adj.* amused. प्रसन्न।

**Chuffy** – चफ़्' - ई - *adj.* with swollen cheeks. फूले हुए गालों का।

**Chum** – चम् – *n.* a familiar friend, a chamber fellow. लँगोटिया यार, पुराना मित्र ; -*v. i.* (*p. t.* Chummed) to mess with another. एक साथ मिल कर अनेक मनुष्यों का भोजन करना ।

**Chump** – चम्प् – *n.* a heavy piece of wood, the thick end, a blockhead. लकड़ी का कुन्दा, मोटा किनारा, मूर्ख मनुष्य ।

**Church**–चर्च्– *n.* a building for public Christian worship, an organized Christian society, the clergy. गिरजाघर, धार्मिक संस्था, पादड़ी ; -*v.t.* to have thanks offered for delivery of a child. पुत्र उत्पन्न होने पर गिरजाघर में जाकर ईश्वर को धन्यवाद देना; Church-mouse ( a poor man. ) दरिद्र मनुष्य ; ·Churchyard ( ground adjoining a church in which the dead are buried.) गिरजाघर के मैदान में का क़ब्रिस्तान

**Churl**–चर्ल्– *n.* an ill-bred fellow, a rustic. देहाती, गँवार मनुष्य ; Churlish (-इश्) -*adj.* uncivil, ill-natured. अशिष्ट, दुष्ट ; Churlishly ( - इश्-ली ) -*adv.* in an uncivil manner. असभ्यता से। Churlishness (-नेस्)-*n.* the quality of being churlish. गँवारपन ।

**Churn**–चर्न्– *n.* butter-making machine. मक्खन बनाने का यन्त्र ; -*v. t.* to agitate in a churn. दूध या दही को मथना।

**Churning**–चर्न्'-इङ्ग्– *n.* मथने का कार्य ; Churn-staff ( staff which is used in churning. ) मथानी ।

**Chute**–शूट्– *n.* a smooth rapid descent of water. वेग से जल का गिरना ।

**Chyle**–काइल्– *n.* a milky fluid separated from the food in the small intestines. छोटी आँतों में से पृथक् होने वाला माड़ के समान एक रस ।

**Chyme**–काइम्– *n.* food converted into acid pulp. भोजन का पेट में अम्ल होना ।

**Cicatrice**–सिक्'-ॲ-ट्रिस्– Cicatrix–(-एँ ट्रिक्स् ) – *ns.* scar of healed wound. घाव का पूज जाने पर का चिह्न ।

**Cicatrize**–सिक्'-ॲ-ट्राइज़्– *v. t.* to mark with scars, to heal over. चिह्नित करना, घाव का पूजना ।

**Cider** – साइ'-डर्– *n.* a fermented drink from apple juice. सेव की शराब ।

**Cigar**–सिग्-ॲर्'– *n.* a roll of tobacco leaf for smoking. चुरुट, बीड़ी ; Cigar-shaped ( of the shape of a cigar. ) सिगार या बेलन के आकार का ।

**Cigarette** – सिग्-ॲर्' - एँट्'– *n.* tobacco which is rolled in paper for smoking. काग़ज़ में लपेटी हुई तमाखू , सिगरेट ।

**Cilia**–सिल्' - इ - ॲ– *n. pl.* eye-lashes. बरौनी ; Ciliary (-ॲर्-ई )-*adj.* pertaining to the eye-lids. बरौनी सम्बन्धी ।

**Cilice** - साइल्' -इस् – *n.* a garment of hair-cloth. भेंड़ बकरी के रोवें का बना वस्त्र।

·**Cimmerian** – सिम्-मिअर्' - इ-ॲन्– *adj.* extremely dark. अन्धकारमय ।

**Cinchona**–सिन्-को'-नॅ– *n.* a tree from the bark of which quinine is extracted. कुनीन का पेड़ ।

**Cincture** – सिङ्क्' - ट्यूर् – *n.* a girdle, border, belt. मेखला, किनारा, कमरपेटी ; *v. t.* to encircle. लपेटना ।

**Cinders**–सिन्'-डर्स्– *n. pl.* ashes. भस्म ;

**Cindery**-सिन्'-डर्-ई– *adj.* composed of cinders. अङ्गार या भस्म से पूर्ण ।

**Cinema** – सिन्'-ए-मॅ – *n.* a theatre of moving pictures. चलते फिरते चित्र का प्रदर्शन ; Cinematograph (-मॅट्'-ओ-ग्रॅफ़्) -*n.* an apparatus for producing motion-pictures. गतिमान् (चलते फिरते) चित्र दिखलाने का यंत्र ।

**Cinerary**–सिन्'-एँर्-ॲर्'-ई– *adj.* pertaining to ashes. भस्म सम्बन्धी ।

**Cinereous**–सिन्-इअर्'-इ-अस्– *adj.* ashen-grey. राख के समान भूरा ।

**Cingalese** – सिङ्ग्- गॅ-लीज़्' – *n.* & *adj.* a native of or belonging to Ceylon. सीलोन के निवासी अथवा सीलोन सबंधी ।

**Cinnabar**-सिन्'-नीं-बॉर्- *n.* vermilion. सिंगरिफ़, सिन्दूर, सेंदुर ।

**Cinnamon**-सिन्'-नीं-मॉन्- *n.* the aromatic inner bark of a tree. दालचीनी, दारुसिता, दालचीनी का वृक्ष ।

**Cinque**-सिङ्क्- *n.* the number five as at dice or cards. पासे या ताश की पञ्जी ; **Cinquefoil**-*n.* a plant with five leaves. पञ्चपतिया ( पांच पत्तियों का ) पौधा ।

**Cipher ( Cypher )** साइ' - फ़र् - *n.* the symbol (०), person of no importance, secret writing. शून्य ( बिन्दु ), सामान्य मनुष्य, गुप्त लिखावट ; -*v. t.* to calculate. गणना करना, गणित करना ।

**Circa**-सर्'-कीं- *prep.* about. लगभग ।

**Circle**- सर्'- कुल्- *n.* a plane figure comprehended by a line, a round body, orbit of planets, ring, period, cycle, complete series, sphere, number of persons connected together. वृत्त, घेरा, वर्तुल, आकार, क्रम, मण्डल, पूर्ण चक्र, गोल, मण्डली ; -*v. t.* to encompass, to move round, to encircle. प्रदक्षिणा करना, चक्कर लगाना ।

**Circlet**-सर्क्'-लेट्- *n.* a small circle, an orb. छोटा वृत्त, मण्डल ।

**Circuit**-सर्'-किट्- *n.* the line enclosing a circle, roundabqut journey, path of electric current. चक्कर, परिभ्रमण, बिजली की धारा का मण्डल; **Short circuit.** बिजली की धारा की रुकावट ।

**Circuitous**-सर्-क्यू'-इट्-अस् - *adj.* indirect, roundabout. कुटिल गतिवाला, चक्राकार, चक्करदार ।

**Circular**-सर्'-क्यु-लॉर्- *adj.* in the shape of a circle, round; -*n.* a letter or printed notice, a copy of which is sent to several persons. वर्तुलाकार, चक्राकार ( घूमता हुआ ), विज्ञापन का पत्र ; **Circularly**( -ली ) -*adv.* in a circular manner. चक्रवत् ; **Circularize** (-आइज़्) *v. t.* to popularize by circulars. विज्ञापन देकर प्रचार करना ।

**Circularity**-सर्'-क्यु-लॉर्'-रॅ-टी- *n.* rotundity. वर्तुल अवस्था, गोलाई ।

**Circulate**- सर्'- क्यु - लेट्'- *v. i.* to go round as in a circle, to move round. घूमना, चक्कर खाना ; *v. t.* to spread, to give currency to. घुमाना, फैलाना, प्रचार करना ; **Circulating** (-इङ्ग् )-*adj.* moving in a circle. चक्कर खाता हुआ ; **Circulating library** ( a library in which books are sent out to subscibers on loan.) पुस्तकालय जहां की पुस्तकें पढ़ने के लिये बाहर जाती है ।

**Circulation**-सर्-क्यु-ले'-शॉन्- *n.* movement to and fro, a currency, diffusion परिभ्रमण, प्रचार, (चक्कर, घुमाव ) ।

**Circulative**- सर्-क्यु-लेट्'-इव्- *adj.* producing circulation. चक्कर देने वाली ।

**Circulator**-सर्-क्यु-ले'-टॉर्- *n.* one who spreads news.खबर फैलाने वाला; **Circulatory** (-टॉर्-ई )-*adj.* circulating. परिभ्रमण सम्बन्धी ।

**Circum**-सर्'-कम्- *pref.* in the sense of 'round, about.' चौओर, चारो ओर', 'चारो तरफ़' अर्थ का उपसर्ग ।

**Circumambient**- सर्-कम्-ऑम्'-बि- ऍन्ट्- *adj.* surrounding, going round about. चारो ओर, घेरे हुए ।

**Circumambulate**-सर्-कम्-ऑम्'-ब्यु-लेट्- *v. t.* to walk around. परिक्रमा करना, परिभ्रमण करना ; **Circumambulation** (-ले'-शॉन् )-*n.* act of walking around. प्रदक्षिणा, घुमान ; **Circumambulatory** (-ले'-टॉ-री )-*adj.* circular. चक्कर खाने वाला, चक्करदार ।

**Circumbendibus**- सर्-कम्-बेन्'-डि- बस्- *n.* a roundabout method, circumlocution. फेरवट की विधि ।

**Circumcise**-सर्'-कम्'-साइज़्-*v. t.* to cut off the foresk in of males. मुसलमानी करना, लिंग की अग्र त्वचा को काट देना; **Circumcision** (-सिज़्'-आन् ) *n.* the act of circumcising. मुसलमानी करने की विधि ।

**Circumference**- सर्-कम्'-फ़र् - ऍन्स्- *n.* the line encompassing a circle. परिधि, मण्डल, गिरदा; **Circumferential** (-ऍन्'-शॅल् ) -*adj.* pertaining to circumference. परिधि सम्बन्धी ।

**Circumfluence**- सर्-कम्' - फ्लु-ऍन्स्- *n.* flowing round on all sides. जल का चौफेर का बहाव ।

**Circumfluent**- सर्-कम्'- फ्लु-ऍन्ट - *adj.* flowing round. चौफेर बहने वाला ।

**Circumfluous**- सर्-कम्'-फ्लु - अस्- *adj.* surrounded by water, circumfluent.

जल से घिरा हुआ।

**Circumlocution**-सर्-कम्-लो-क्यू'-शॉन्- *n.* using many words for one, roundabout expression. वक्रोक्ति, फेरवट की बातचीत ; **Circumlocutory** ( -लॉक्'-यू-टार्-ई)-*adj.* involving circumlocution. वक्रोक्ति रूप का।

**Circumnavigate**-सर्'-कम्-नॅव्'-इग्- एट्- *v. t.* to sail round ( esp, the globe or the world. ) जहाज पर सवार होकर संसार के चारो ओर भ्रमण करना।

**Circumoral**- सर्-कम् - ऑर्'- ऑल्- *adj.* placed round the mouth. मुँह के चारो ओर रक्खा हुआ।

**Circumrotation**-सर्'-कम्-रो-टे'-शॉन्-*n.* the act of revolving. चक्कर खाने का कार्य।

**Circumscrible**-सर्'-कम्-स्क्राइब्- *v. t.* to draw a line round, to confine, to restrict, to curtail. घेरना, परिमित करना, सिकोड़ना।

**Circumscription**-सर्'-कम्-स्क्रिप्'-शॉन्-*n.* marking of limits, definition. सीमा, परिभाषा ; **Circumscriptive** ( -स्क्रिप्ट्'-इव् ) -*adj.* limiting. सीमा या परिधि निर्धारित करने वाला।

**Circumsolar**- सर्'-कम्-सोल्'- ऑर्- *adj.* revolving near or round the sun. सूर्य के पास या चारो ओर घूमने वाला।

**Circumspect**- सर्'-कम्-स्पेक्ट् - *adj.* cautious, wary. सावधान, अप्रमत्त; **Circumspection** ( -स्पॅक्'-शान् ) -*n.* a careful consideration beforehand, thoughtfulness. सावधानी; **Circumspectively** (-इव्-ली)-*adv.* thoughtfully. सावधानी से।

**Circumstance**-सर्'-कम्-स्टॅन्स्- *n.* event, incident, occurrence, situation, ( *pl.* ) state of things, event. घटना, दशा, अवस्था, (ब० व०) स्थिति, अवस्था।

**Circumstantial**-सर्'-कम् स्टॅन्'-शॅल्-*adj.* incidental, detailed, minute, not essential. अचानक, ब्योरेवार, विस्तीर्ण, अप्रत्यक्ष ( प्रमाण )।

**Circumvent**- सर्'-कम् - वॅन्ट्'- *v. t.* to entrap; to cheat. फँसाना, धोखा देना; **Circumvention** (-वॅन्'-शान् )-*n.* deception. छल, कपट, ठगी।

**Circumvolution**- सर्-कम्-वो - ल्यू'-शॉन्- *n.* the act of rolling round, a coil. चक्कर, घुमाव।

**Circus**-सर्'-कस्- *n.* a travelling show of horses, riders &c., a circular space. सरकस, खेल का मैदान।

**Cirrus**-सिर्'-रस्- *n.* ( *pl.* Cirri ) form of cloud like distended locks of hair. बालों के गुच्छे की आकृति का बादल।

**Cist**-सिस्ट्- *n.* a stone chest, a grave of pre-historic times. पत्थर की सन्दूक, प्राचीन काल की समाधी, कब्र।

**Cistern**-सिस्'-टर्न्- *n.* a reservoir for storing or collecting water. जलकुण्ड, जलाशय, पानी का हौज़।

**Citable**-साइट्'-ॲ-बल्- *adj.* able to be cited or quoted. दृष्टान्त देने योग्य।

**Citadel**-सिट्'-ॲ-डॅल्- *n.* a fortress near a city. दुर्ग, क़िला।

**Citation**-साइट् - ए'-शॉन्- *n.* quotation. reference. दृष्टान्त, प्रमाण।

**Cite**-साइट्-*v. t.* to quote, to summon, to mention as example. प्रमाण देना, बुलाना, दृष्टान्त देना।

**Citizen**-सिट्'- इ - ज़्न् - *n.* a townsman, an inhabitant of a state. पुरवासी, किसी देश का निवासी; **Citizenship** ( -शिप् ) -*n.* the rank of a citizen. प्रजा का अधिकार, पौरत्व।

**Citric**-सिट्' - रिक्- *adj.* pertaining to citron or lemon. नीबू की खटाई का।

**Citrine**-सिट्'-रिन्- *adj.* lemon coloured, yellow. निबुअई, पीला।

**Citron**-सिट्'-रॉन्- *n.* a kind of large lemon. जंभीरी नीबू, चकोतरा।

**City**-सिट्' - ई- *n.* ( *pl.* Cities. ) an important town. नगर, शहर; **City of God** ( heaven. ) स्वर्ग।

**Civic**-सिव्'-इक्-*adj.* proper to citizens, of city, municipal, civil. नगर सम्बन्धी, नागरक, दीवानी; **Civic Guard.** अशान्ति के समय नगर की रक्षा करने वाला सिपाही; **Civics** ( -इक्स् ) -*n. pl.* the science of municipal administration. नागरिक अधिकार की विद्या।

**Civil**-सिव्'-इल्- *adj.* relating to people, becoming a citizen, political, polite, not criminal. नागरिक, राजनैतिक, सभ्य, ( सुशील ), दीवानी ( फ़ौजदारी नहीं ); **Civil Law** ( law of the state of a country. ) ज़ाप्ता दीवानी; **Civil List**

( list of officers. ) हाकिमों की फ़िहरिस्त (सूची ); **Civilian** (-इल्'-यन्) -*n.* a civil officer. दीवानी का हाकिम; **Civility** (-इल् इट्-ई) -*n.* politeness, good breeding. आदर, सत्कार, भलमनसी ।

**Civilization**–सिव्'-इल्'-आइज़्-ए'-शान्- *n.* act of civilizing or state of being civilized. सभ्यता, शिष्टता ।

**Civilize**–सिव्'-इल्-आइज़्'- *v. t.* to bring out of barbarism, to enlighten, to refine. शिष्ट करना ( शिष्टाचार सिखलाना), सभ्य बनाना, सुधारना; **Civilized** ( -ड् ) *adj.* refined, enlightened, cultured. शिष्ट, विनीत, सभ्य ।

**Clack**–क्लैक्- *n.* & *v. i.* a clattering noise, to make a sudden sharp noise. कर्कश शब्द, खड़खड़ाहट, शोर करना ।

**Clad**–क्लैड्-*p. t.* &. *p. p.* of Clothe.

**Claim**–क्लेम्- *v. t.* to demand as one's due, to profess to be. पावना, दृढ़ता पूर्वक कहना ;-*n.* right, title, thing claimed. अधिकार, स्वत्व ; **Claimant** ( क्लेम्'-ऑन्ट्) -*n.* one who claims. प्रार्थी, अर्थी; **Claimable** ( -ऑ-बल् ) –*adj.* able to be claimed. याचना करने के योग्य ।

**Clairvoyance**–क्लैअर्-वॉय्'-ऑन्स्- *n.* the faculty of seeing mentally what is happening elsewhere. आंतरिक बल से दूर की घटना को देखने की शक्ति; **Clairvoyant** ( -ऑन्ट् ) -*n.* ऐसी शक्ति वाला मनुष्य ।

**Clamant**–क्लेम्'-ऑन्ट्-*adj.* noisy, urgent. शब्द करनेवाला, आवश्यक ।

**Clamber**–क्लैम्'-बर्-*v.i.* to climb with difficulty. कठिनता से चढ़ना ।

**Clamminess**–*n.* see Clammy.

**Clammy**–क्लैम्'-मी- *adj.* moist, sticky, viscous. तर, लसलसी या चिपचिपी ।

**Clamorous**–क्लैम्'-ऑर्-अस् – *adj.* noisy. चिल्लानेवाला; **Clamorously** (-अस्-ली) *adv.* in a noisy manner. चिल्लाते हुए, कोलाहल करते हुए ।

**Clamour**–क्लैम्'-ऑर्- *n.* shout, outcry, demand, complaint. रटन, चिल्लाहट, मांग, शिकायत; **To clamour down** ( to silence. ) चुप करना ।

**Clamp**–क्लैम्प्- *n.* a clasp or band used to hold things together. पाट्, कोनिया; -*v t.* to strengthen or bind with clamps. पाट् जड़ कर पुष्ट करना ।



Clamp.

**Clan**–क्लैन्- -*n.* a tribe, sect, clique, family. जाति ( गोत्र ), वंश ।

**Clandestine** – क्लैन् - डैस्' - टिन् - *adj.* hidden, secret. ( रहस्य ), गूढ़, गुप्त ; **Clandestinely** (-ली ) -*adv.* in a secret manner. गुप्त रीति से ।

**Clang**–क्लैङ्ग्- *n.* a loud metallic sound. झन्झन् का शब्द; -*v. t.* to make a loud metallic sound. ठन्ठन् या झनझन शब्द करना ।

**Clangour**–क्लैङ्ग्'- गॉर्- *n.* a succession of sharp harsh sounds. झनझनाहट का निरन्तर शब्द ।

**Clank**–क्लैङ्क्- *n.* a rattling sound with a clank. झन्झन शब्द होना ।

**Clannish**–क्लैन्'-निश्- *adj.* pertaining to a clan. जाति का ।

**Clanship**–क्लॅन्'- शिप् -*n.* the state of union in a clan. गोत्रत्व, सजातीयता ।

**Clansman**–क्लैन्ज़्'-मॅन्-*n.* the member of a clan or tribe. सजातीय व्यक्ति ।

**Clap**–क्लैप्- *n.* a slap, pat. थप्पड़, थपथपाहट; *v. t.* to applaud by striking palms of hand together, to flap. ताली बजाना, फड़फड़ाना ; **To clap a bargain** (to make a bargain hastily.) जल्दी से लाभ उठाना ।

**Clapper**–क्लैप्'-पर्- *n.* one who claps, the tongue of a bell. ताली बजाने वाला घण्टे का लटकन ।

**Clapperclaw**–क्लैप्'-पर्-क्लॉ – *v. t.* to scratch and fight, to scold. बकोटना, और लड़ना, गाली देना ।

**Claptrap**–क्लैप्' - ट्रैप्- *n.* a language to catch applause or win favour. प्रसन्न करने के लिये शब्दों का प्रयोग ।

**Clarence**–क्लैर्'-रैन्स्-*n.* a four-wheeled closed carriage. चौपहिया बन्द गाड़ी ।

**Claret**–क्लैर्'-रैट्- *n.* a kind of French wine of light-red colour. एक प्रकार की फ़ान्स देश की मदिरा ।

Clarification– *n.* see Clarify;

**Clarify**-क्लॅरि'-रि-फ़ाइ– *v. t.* & *i.* ( *p. t.* Clarified. ) to make clear, to free from impurities. शुद्ध करना ( स्वच्छ करना ), मल हटाना; **Clarification** ( -रिफ़- -इक्-ए' - शॉन् )-*n.* method of cleansing. मैल साफ़ करने की विधि ।

**Clarionet**-क्लॅरि'-रि-ऑ-नेट्- *n.* a wooden single-reed musical instrument. शहनाई, अलगोजा ।



**Clarity**-क्लॅरि-रिट्'-ई –*n.* purity, clearness. सफ़ाई, स्वच्छता, शुद्धता ।

**Clash**-क्लॅश्-*v. i.* & *t.* to make loud broken sound, to encounter, to conflict. टकराने का शब्द करना,झगड़ना,विरोध करना; *n.*encounter,disagreement.मुठभेड़,विरोध; **Clashing**(-इङ्ग्)-*adj.* opposing.विरोधी ।

**Clasp** – क्लास्प्- *n.* a contrivance for fastening, embrace, reach. अँकुरा ( बकलस ), आलिङ्गन, पहुँच ; -*v.t.* to fasten, to encircle, to embrace. बाँधना, लपेटना, आलिङ्गन करना ; **To clasp hands** ( to shake hands. ) हाथ मिलाना ।

**Class**-क्लास्- *n.* a rank or order of society, a scientific division, a set of students taught together. वर्ग, श्रेणी या जाति, छात्रसमूह ( कक्षा ); -*v. t.* to place in a class. किसी श्रेणी या कक्षा में रखना ; **Class-book** ( book taught in a class. ) कक्षा में पढ़ाई जाने वाली पुस्तक ; **Class-fellow, Classmate.** *ns.* सहपाठी ; **Of the same class.** एकवर्गी ; **To take a class** ( to gain honours. ) उत्तम श्रेणी में आना, प्रतिष्ठा प्राप्त करना ।

**Classic** – क्लॅसिक्-सिक्- *adj.* of the first class, of standard excellence; **Classics** (*n.pl.*) classical studies. प्रथम श्रेणी का,अत्युत्तम,उच्च कोटि के ग्रन्थों का (अध्ययन); **Classical** ( -ॲल् ) -*adj.* of standard literature. उच्च कोटि के साहित्य का ; **Classicalism** (-इज़्म्) -*n.* classical scholarship. शास्त्रीय पांडित्य ; **Classicize** (-सैं-साइज़्') -*v. t.* to imitate the classic style. उच्चकोटि की साहित्यिक रचना का अनुकरण करना ।

**Classifiable**-क्लॅसि-सिफ़्-आइ'-ॲ-बल्-*adj.* capable of being classed or arranged in classes. एक श्रेणी में रखने योग्य ।

**Classification**-क्लॅसि-सिफ़्-इक्-ए'शॉन्- *n.* arrangement, system. क्रम, श्रेणी ।

**Classify** – क्लॅसि-इफ़्-आइ – *v. t.* ( *p. t.* Classified. ) to arrange in classes. क्रम बद्ध करना, श्रेणी में रखना ।

**Clatter**-क्लॅट्'-टर्-*v. i.* &. *t.* to make a confused rattling sound, to talk fast and idly. झनझनाना, बकबक करना; -*n.* a noisy talk. बकबक ; **To clatter down** ( to fall with a clattering noise. ) धड़धड़ा कर गिर पड़ना ।

**Clatterer**-क्लॅट्'-टर् - अर्- *n.* a babbler. बड़बड़िया, बकवादी ।

**Clause**-क्लॉज़्- *n.* subordinate words of a sentence, a single proviso in law. ( पद ) वाक्यखण्ड, क़ानून की धारा ।

**Clavate** – क्लॅ'-वेट् – *adj.* shaped like a club. मुद्गर की आकृति का ।

**Clavicle** – क्लॅवि-इ - कल्- *n.* the collar bone. हँसुली, हँसिया ।

**Clavicular** क्लॅव्-इक्' - यु-लॅर् *adj.* pertaining to the collar-bone. हँसिया का ।

**Claviform** – क्लॅवि-इ-फ़ॉम्' – *adj.* of the form of a club. गदा के आकार का ।

**Claw**-क्लॉ- *n.* the thorny nail of a beast. नख, चङ्गुल, पञ्जा ; -*v. t.* to scratch or seize by claw. पञ्जे से खरोचना या पकड़ना ; **Clawback** -*n.* ( a flatterer. ) चापलूस ; **Claw-hammer** ( a hammer used to draw out nails. ) काँटी निकालने का हथौड़ा ( जमूरा ) ।

**Clay**-क्ले – *n.* tenacious earth, human body. मिट्टी, कीचड़, भौतिक देह; **Clay-pipe** ( a tobacco-pipe of clay. ) हुक्का, गोरैया ; **Cold as clay** (dead, lifeless.) मृतक, निर्जीव ; **Clayey** (-ई) -*adj.* consisting of or like clay. मिट्टीदार, मृत्तिका के सदृश ।

**Claymore**-क्ले'-मोर्- *n.* a two-edged broad sword. दोरुखी चौड़ी तलवार ।

**Clean**-क्लीन्- *adj.* free from dirt or blemish, clear, pure, guiltless, holy. निर्दोष, शुद्ध, निर्मल, पवित्र ; *adv.* quite, entirely. पूर्णरूप से, बिलकुल ; *v. t.* to purify, to cleanse. पवित्र करना, शुद्ध करना ; **Clean-fingered** (without

aking bribe.) बिना घूस लिये; Clean-handed (innocent.) निर्दोष; To clean out (to vacate.) खाली करना; To show a clean pair of heels (to run away quickly.) सरपट भागना; Cleanable (-ऑ-बल्) -*adj.* able to be cleansed. शुद्ध करने योग्य; Cleaner (-अर्) -*n.* one who cleans. साफ़ करने वाला; Cleaning (-इङ्ग्) -*n.* the act of making clean. शोधन; Cleanly (-ली) -*adj.* habitually clean. अभ्यास से स्वच्छ; Cleanly (-ली) -*adv.* in a clean way. शुद्धता से।

**Cleanse** - क्लैंन्ज़ - *v. t.* to make clean, to purify. शुद्ध करना, (निर्मल करना) पवित्र करना; Cleanser (-अर्) -*n.* one who cleanses, a detergent. शोधक, शुद्ध करने वाला पदार्थ।

**Clear**-क्लिअर् - *adj.* & *adv.* unclouded, bright, lustrous, distinct, intelligible, manifest, decided, free, unobstructed, sharply intelligent, quite. मेघहीन, विमल, चमकीला, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, उज्वल, निश्चित, अवरोध रहित, निःसन्देह (बिलकुल); *v. t.* to make bright, to remove, to disappear. शुद्ध करना, हटाना, मुक्त करना; Clearcut (clearly outlined.) साफ़ सुथरा बना हुआ; Clear from debt (free from debt.) ऋणमुक्त; The road is clear (there is no one on the road.) सड़क पर कोई नहीं है; To clear away (to remove.) हटाना; To clear land (to cut down trees.) ज़मीन पर के पेड़ काट देना; To clear one's throat (*i. e.* by coughing.) खाँसना; To clear out (to vacate, to empty.) खाली करना; To clear up (to purify, to put things tidy.) स्वच्छ करना, शुद्ध करना, सजाना।

**Clearance** - क्लिअर् - ऑन्स्- *n.* making clear, removal of obstruction, a certificate of clearing, a ship at the customs house. सफ़ाई, रुकावट, हटाना, जहाज़ खाली होने का प्रमाणपत्र; Clearing (-इङ्ग्)- *n.* act of freeing. सफ़ाई; Clearness (-नैस्)- *n.* brightness. निर्मलता, शुद्धता।

**Cleat**-क्लीट्- *n.* a wedge or piece of wood for fastening. फन्नी, डट्टा।

**Cleavable**-क्लीव्-ऑ-बल्-*adj.* that may be broken up, divided or split. अलगाने या काटने योग्य।

**Cleave**-क्लीव् - *v. t.* (*p. t.* Clove or Cleft. *p. p.* Cloven or Cleft.) to split, to break, to chop. फाड़ना, तोड़ना, चीरना; -*v. i.* to stick fast. चपकना।

**Cleft**-क्लैफ़्ट्- *n.* a fissure, a crack, a split. फाँक, फटन, दरार।

**Clemency**-क्लैम्-ऍन्-सी - *n.* mildness of temper. नम्रता, सरलता; Clement - क्लैम्-ऍन्ट्- *adj.* mild. नम्र, सरल, कोमल।

**Clench**-क्लैन्श्-Clinch - क्लिन्च्-*v. t.* to close tightly, to grasp firmly. मुट्ठी बाँधना, कसकर पकड़ना (जकड़ना)।

**Clergy**-क्लर्-जी- *n.* the clerical order, the ministers of Gospel. पादड़ी लोग; Clergyman -*n.*(a man in holy orders.) धर्मशासक, पादड़ी।

**Clerical** - क्लैर्-रिक्-ऑल्-*adj.* pertaining to a clergy, pertaining to a writer or transcriber. पादड़ियों का, लेखक सम्बन्धी।

**Clerk**-क्लार्क्- *n.* an officer in charge of records, a secretary, a scribe. लेखक, मुन्शी, दफ़्तर का बाबू; Clerkship (-शिप्) *n.* office or situation of a clerk. लेखक या मुन्शी का पद।

**Clever**-क्लैव्-अर् - *adj.* (*comp.* Cleverer, *sup.* Cleverest.) dexterous, skilful, ingenious. चतुर, कुशल, प्रवीण; Cleverly (-ली)-*adv.* dexterously, skilfully. कुशलतासे, प्रवीणता से; Cleverness (-नैस्)-*n.* skill, dexterity. निपुणता, चतुराई।

**Clew**-क्लू- *n.* a ball of thread or yarn. डोरे की रील या गोली।

**Click**-क्लिक्- *n.* a catch in machinery, a sharp short sound. खटका, चटखनी, खटके का शब्द; -*v. i.* to make a slight sharp sound, to tick. चिट् शब्द करना।

**Client** - क्लाइ-ऍन्ट्- *n.* the employer of a lawyer, a customer. मोवक्किल, ग्राहक।

**Cliff**-क्लिफ़्- *n.* a steep rock. चट्टान; Cliffman (one who climbs a cliff.) पहाड़ पर चढ़ने वाला मनुष्य; Cliffy (-ई) *adj.* full of cliffs. चट्टानों से पूर्ण।

**Climate**-क्लाइ-मैट् - *n.* the condition of a region as regards temperature, dryness, wind &c. जलवायु, ऋतु;

Climatic (-मॅट्-इक्) -*adj.* pertaining to climate. जलवायु सम्बन्धी; Climatize (-आइज़्) -*v. t.* to inure to a new climate. किसी स्थान की जलवायु का अभ्यास कराना।

Climatology-क्लाइ-मॅट्-ऑल्-ऑज्-ई – *n.* the science of climates, meteorology. जलवायु सम्बन्धी विद्या।

Climax-क्लाइ-मॅक्स् – *n.* culmination, apex, ascending series of ideas. उत्कर्ष, शिखर, चढ़ाव, विचार की उत्तरोत्तर वृद्धि।

Climb – क्लाइम्ब् – *v. t.* to ascend, to mount. चढ़ाना, ऊपर जाना; To climb down (to descend.) उतरना; Climbable (-ॲ-ब्ल्)-*adj.* able to be climbed. चढ़ने योग्य; Climber (-अर्)-*n.* one who climbs, a creeper. चढ़नेवाला, लता।

Clime-क्लाइम्-*n.* a tract, or region of a country, climate. प्रदेश, देश, जलवायु।

Clinch-क्लिन्च्-see Clench.

Clincher-क्लिन्च्-अर्- *n.* remark, argument. आक्षेप, वादाविवाद।

Cling – क्लिङ्ग् – *v. i.* (*p. t.* & *p. p.* Clung – क्लङ्ग्) to stick, to adhere to, to remain faithful to. चिपकना, लगना, अनुसरण करना।

Clingy-क्लिन्ज्-ई-*adj.* adhesive. चिपचिपा।

Clinic-क्लिन्-इक्- *n.* medical and surgical instruction at bed side. रोगी की शय्या के पास जाकर वैद्यक की शिक्षा देना; Clinical (-ॲल्) -*adj.* of the sick-bed. शय्याग्रस्त रोगी सम्बन्धी; Clinical thermometer (a thermometer for taking temperature of the body.) रोगी के शरीर का तापमान लेने का यन्त्र; Clinically (-ॲल्-ली) -*adv.* by the bed-side. रोगी के बिस्तार के समीप।

Clink-क्लिङ्क्-*n.* a sharp ringing sound, a prison. झनझन् शब्द, कारागृह; *v. t.* to cause to jingle. झनझनाना।

Clip-क्लिप्- *n.* the wool of a season's sheep, shearing. भेड़ के कटे हुए बाल, काटने या छाँटने की क्रिया; -*v. t.* (*p. t.* Clipped) to cut with shears or scissors, to trim. काटना, कतरना, छाँटना, क़लम करना; To clip one's wings (to put a check on one's ambitious plans.) अभिलाषा पूर्ण न होने देना; Clipper (-पर्) -*n.* one who or that which clips, a kind of boat, a small ship. बाल काटने की कैंची, छोटी नाव; Clipping (-पिङ्ग्)-*n.* a piece separated by cuttings. कतरन।

Clique-क्लीक् – *n.* a small exclusive party or faction, a gang. दल, विरोधी पक्ष वालों की मण्डली।

Cloak-क्लोक् – *n.* a loose upper garment, pretext. अंगरखा, बहाना; -*v. i.* to put on cloak. अंगरखा पहिनना।

Clock-क्लॉक्- *n.* a time-measuring instrument. घड़ी (धरमघडी); Clockmaker (one who makes clocks.) घड़ीसाज़; Clock-tower -*n.* (a tower with a big clock set on its top.) घण्टाघर; Clockwise -*adv.* (in a way the hands of a clock revolve.) बाँये से दाहिने ओर का चक्कर; Like a clockwork (like a machine, systematically.) नियम से, यन्त्र की तरह।

Clod-क्लॉड्- *n.* a lump of earth, a lout. मिट्टी का ढोंका, मूर्ख; Cloddish (-इश्) *adj.* stupid. मूर्ख; Cloddy (-डी) -*adj.* earthly, gross. मिट्टी का, भद्दा।

Clog-क्लॉग्-*n.* an impediment, a wooden-soled shoe. विघ्न, लकड़ी की एँडी का जूता; -*v. t.* (*p. t.* Clogged.) to burden, to impede, to obstruct. बोझ रखना, रोकना; Clogginess-*n.* (the state of being cloggy) चिपचिपाहट; Cloggy (-गी) -*adj.* knotty, sticky. गँठीला, चिपचिपा, लसलसा।

Cloister-क्लॉयस्ट्-अर्- *n.* a convent, a monastery, a covered walk, a nunnery. मठ, विहार (आश्रम), वृक्षों से ढका हुआ मार्ग; Cloistered (-अड्) -*adj.* secluded. आच्छादित।

Close-क्लोज़् – *n.* conclusion, end. परिणाम, अन्त; -*v. t.* to shut, to end, to fill up, to unite, to bring nearer. बन्द करना, समाप्त करना, भरना, जोड़ना, समीप लाना; -*adj.* & *adv.* shut up, confined, narrow, covered, near, secretly, densely. बन्द, संकुचित, ढँपा हुआ, पास, गुप्त, घना; Close examination (minute examination.) सूक्ष्म परीक्षा; Close-grained (compact.) ठस बिना हुआ; Close handed-*adj.* stingy. कंजूस; To come in close quarters (to come

in direct contact with an enemy.) शत्रु के अति समीप पहुँच जाना ; Close of day (evening.) सन्ध्या ; To close in (to come near.) पास आना ; To close one's days (to die.) मर जाना ; To close up (to stop the current of electricity.) बिजली की धारा बंद करना।

**Closely** – क्लोज़्'-ली – *adv.* secretly, attentively. गुप्तरूप से, ध्यान लगाकर।

**Closeness**-क्लोज़'-नेस्- *n.* the quality of being close. छिपाव, समीतता।

**Closet** – क्लोज़्'-एन्ट् – *n.* a private or small room, कोठरी, छोटा कमरा ; -*v. t.* to hold private consultation, to conceal. गुप्त वार्ता करना, छिपाना।

**Closure**–क्लो'-ज़र् – *n.* a closed condition, closing. ढप्पन, अन्त।

**Clot**–क्लॉट्– *n.* a semi-solid lump. थक्का, पिण्ड, ढोंका ; -*v. i.* to form into clots. पिण्ड बन जाना, थक्का होना ; Clot of hair (locks of hair.) जटा ; Clotted (-टैड्) -*adj.* coagulated. घनीभूत।

**Cloth**– क्लॉथ् – *n.* (*pl.* Cloths-क्लाथ्स् woven stuffs. भिन्न प्रकार के वस्त्र), a woven stuff used for dress. कपड़ा, वस्त्र ; To lay the cloth (to prepare for feast.) भोज की तैयारी करना।

**Clothes** – क्लोद्ज़् – *n. pl.* articles of dress. पहिरने के वस्त्र, पोशाक।

**Clothe**–क्लोद्- *v.t.* (*p.t.* Clothed or Clad) to furnish with clothes, to cover. वस्त्र पहिराना, ढाँकना; Clothier (-यर्) -*n.* a dealer in clothes. वस्त्र विक्रेता, बजाज ; Clothing (-इङ्ग्) *n.* garments, dress. वस्त्र, परिधान।

**Clotted**–*adj.* see Clot.

**Cloud**–क्लाउड्– *n.* condensed visible watery vapour. मेघ, बादल, घटा ; *v.t.* & *i.* to overspread, to darken, to become gloomy. ढाँकना, अँधेरा करना, उदास होना; Clouded (एँड्) *adj* gloomy. धुंधला ; In the clouds (out of sight, false.) अदृष्ट, मिथ्या ; Cloudless (-लैस्) -*adj.* clear. बिना बादल का, स्वच्छ ; Cloudy (-डी) -*adj.* overcast with clouds, obscure. मेघाच्छन्न, अस्पष्ट

**Clough**–क्लफ्– *n.* a ravine. कन्दरा, गुफा।

**Clout**–क्लाउट्– *n.* a piece of cloth for mending, a rag, a knock. चिथड़ा, पेवन, धक्का; -*v. t.* to patch. पेवन लगाना।

**Clove, Cloven** see **Cleave,**

**Clove**–क्लोव्– *n.* a kind of pungent, aromatic spice. लवङ्ग।

**Clover**–क्लो'-वर् – *n.* a kind of grass. तिनपतिया घास ; To live in clover (to be in luxury.) ऐश्वर्य में रहना।

**Clown**–क्लाउन्–*n.* a rustic, an ill-bred person, a buffoon. गँवार, असभ्य जन, भाँड़, मसखरा ; Clownish (-इश्) -*adj.* rustic, ill-bred. बेढङ्गा, गँवार ; Clownishly (-ली) -*adv.* in a clownish manner. गँवारपन से।

**Cloy**–क्लाय्– *v. t.* to satiate, to surfeit. अघाना, अति भरना।

**Club**–क्लब्–*n.* a heavy stick, thick at one end, a suit of cards, an association of persons. गदा, ताश में चिड़ी, सभा ; -*v.t.* & *i.* (*p.t.* Clubbed) to beat with a club, to combine together. गदा से मारना, सभा बनाना, चन्दा इकट्ठा करना ; Clubbable(-ऑ-बल) *adj.* suitable for club membership. सभासद होने के योग्य ; Clubfoot (a short deformed foot.) स्थूल चरण ; Club-law (government by physical force.) शक्ति पूर्वक शासन।

**Cluck**–क्लक्–*n.* the call of a hen to her chickens. मुर्गी की बोली।

**Clue**–क्लू–*n.* a guiding principle, the thread of a story, train of thought. मार्गदर्शक सिद्धान्त, कथा का सूत्र; विचार-क्रम ; Clueless (-लैस्) -*adj.* without clue or trace. निराधार।

**Clump**–क्लम्प्–*n.* a cluster of trees or shrubs, a bunch. कुन्ज, गुच्छा; -*v. i.* to tread heavily. ज़ोर से पैर पटकना।

**Clumsily**–क्लम्'-ज़ि-ली – *adv.* in an awkward manner. भद्देपन से, फूहरपन से ; Clumsiness (ज़ि-नेस्) -*n.* awkwardness. गँवारपन, फूहरपन ; Clumsy (-ज़ी) *adj.* awkward, ill-contrived. भद्दा, बेढङ्गा, फूहर।

**Clung**–क्लङ्ग्–*p. t.* & *p. p.* of Cling.

**Cluster**–क्लस्'-टर्– *n.* a bunch, group, crowd. गुच्छा, समूह (समुदाय), भीड़; -*v. t.* to grow or collect in groups. एकत्र

करना, पिण्डीभूत करना ।

**Clutch**-क्लच्- *v.t.* to seize eagerly, to grasp, to hold tightly. पकड़ना, जकड़ लेना, मुट्ठी में बाँधना; -*n.* a tight grasp, a brood of chickens. कसकर पकड़, मुर्गी के बच्चों का झुण्ड ।

**Clutter**-क्लट्' -टर्- *v. t.* to run with confused noise. चिल्लाकर दौड़ना ;-*n.* confused noise, bustle. कोलाहल ।

**Clyster**-क्लिस्ट्'-अर्- *n.* an enema. पेट में पानी चढ़ाने की पिचकारी ।

**Co** - को- *n.* an *abbr.* for Company. 'कम्पनी' शब्द का संक्षिप्त रूप ।

**Coach**-कोअच्- *n.* a large four-wheeled carriage, a private tutor. चौपहिया गाड़ी, शिक्षक; -*v. i.* & *t.* to travel in a coach, to act as tutor. गाड़ी में यात्रा करना, पढ़ाना ; **Coach-box** (the driver's seat on a coach. ) कोचबक्स ; **Coach-house** ( a place for keeping a coach in. ) गाड़ीघर ; **Coaching** ( -इङ्ग् ) *n.* driving of a coach, instruction (*esp.* for examination. ) गाड़ी हांकना, पढ़ाना, शिक्षा देना ।

**Coadjutant**-को-ऐज्'-ज्यु-टैन्ट्-*n.* an assistant or associate. सहायक ।

**Coadjutor**-को-ऐज्'-ऊट्-अर्-*n.* ( *fem.* Coadjutrix. ) an assistant, a colleague. सहकारी, सहायक ।

**Coagulate**-को-ऐग्'-यु-लेट्- *v. t.* & *i.* to curdle, to solidify. जमाना, जम जाना ; **Coagulation** (-ले -शन्) -*n.* the act of clotting. जमने की अवस्था ।

**Coak**-कोक्-*n.* a hole in which pins are inserted. गुल्ली बैठाने का छिद्र ।

**Coal**-कोल्-*n.* a black mineral used as fuel. पत्थर का कोयला; -*v. t.* to put or supply coal. कोयला भरना ; **To heap coals on fire** ( to return good for evil. ) बुरे के बदले भला करना ; **Coal-field** ( a coal-mine ) कोयले की खान; **Coal-gas** ( gas produced from coal ) कोयले से उत्पन्न जलनेवाली गैस ; **Coaltar.** अलकतरा ; **Carrying coals to Newcastle** ( useless activity. ) अनावश्यक अथवा निरर्थक कार्य ।

**Coalesce**-को-ऐ-लैस्'-*v. i.* to grow together, to combine, to unite. मिलना, एकट्ठा होना ; **Coalescence** (-लैस्'-ऐन्स् ) *n.* union, fusion. संयोग, मिलाप ; **Coalescent** ऐन्ट् ) -*adj.* uniting. संयोजक, मिलाप करने वाला ।

**Coalition** - को-ऐल् - इश्'-ऑन्- *n.* union, alliance संयोग, मेल ।

**Coarse**-कोअर्स् - *adj.* common, inferior, rough, unrefined, vulgar, large in texture. सामान्य, भद्दा, घटिया, असभ्य, अशिष्ट, मोटा; **Coarsely** (-ली) *adv.* roughly, vulgarly. रूक्षता से, भद्देपन से ; **Coarseness** (-नेस्)-*n.* vulgarity. भद्दापन, असभ्यता, अशिष्टता ।

**Coast**-कोअस्ट्- *n.* the border of land on sea-coast, exterior limit of country. सीमा, समुद्रतट, प्रदेश ; -*v. i.* to trade between ports on the same coast, to sail near the coast. एक ही किनारे के बन्दरगाहों पर व्यापार करना, समुद्र के किनारे पर जहाज चलाना ; **Coastal** ( -ऑल् ) *adj.* relating to coast. किनारे का ; **Coastwards** -*adv.* ( towards the coast. ) किनारे की ओर ।

**Coat**-कोअट्-*n.* a man's upper garment, a covering, skin, rind, a layer. मर्दाना कोट, ढपना (खाल), छिलका, तह ; -*v. t.* to cover, to spread with a layer of something. ढाँकना, तह चढ़ाना ; **Coat of mail** ( armour. ) जिरहबख्तर ; **Red-coat** ( a British soldier. ) अंग्रेज सिपाही; **To dust one's coat** (to beat.) पीटना ; **To turn one's coat** (to abandon. ) त्यागना; **To wear the king's coat** (to be a soldier.) सिपाही बनना **Pettycoat** ( a woman. ) स्त्री ।

**Coating**-कोअट्'-इङ्ग्-*n.* a layer of paint, cloth for coats. रंग की तह, कोट बनाने का कपड़ा ।

**Coax** - कोअक्स् - *v. t.* to entice, to practise wheedling, फुसलाना, बहलाना ; **Coaxer** (-अर्)-*n.* a flatterer, a wheedler. बहलानेवाला ( चापलूस ) ।

**Cob**-कॉब्-*n.* a stout short-legged horse, a round-headed loaf, a spider. टट्टू, गोल माथे की रोटी, मकड़ा ।

**Cobalt**-कों'-बाल्ट् - *n.* a metal like nickel. गिलट के समान एक सफ़ेद धातु ।

**Cobble**-कॉब्'-बुल्-*v. t.* & *i.* to put up roughly, to patch up, to work clum-

sily. चकती लगाना, टाँकना ; Cobbler (-ब्लर् )-*n.* mender of old shoes. फटे जूतों की मरम्मत करनेवाला मोची ।

**Cobby**-कॉब्'-बी-*adj.* stout, brisk. पुष्ट, तीव्र ।

**Cobra**-कॉ- ब्रॉ - *n.* a venomous hooded snake. नाग, विषैला सर्प, गेहुवनसाँप ।



Cobra.

**Cobweb** - कॉब्'- वॅब्-*n.* spider's network, mesh, मकड़े का जाला, महीन जाली ।

**Cocaine**- को-केन्'- *n.* a drug producing local insensibility. कोकीन ।

**Coccyx**-कॉक्'-सिक्स् - *n.* the triangular bone ending in spinal column. रीढ़ की सब से नीचे की तिकोनी हड्डी ।

**Cochlea**-कॉक्'-लैं-ऑं- *n.* the spiral cavity in the inner part of ear. कान के भीतर का घोंघे के समान कोष्ठ ।

**Cock**- कॉक्- *n.* ( *fem.* Hen. ) a male bird, male of a domestic fowl, tapped spout, lever in gun. नर चिड़िया, मुर्गा, टोंटी, बंदूक का घोड़ा ; *adj.* turning up. ऊपर को उठा हुआ ; - *v. t.* to set erect. खड़े बल में रखना ;-*v. i.* to strut. गर्व करना ; Cock-a-doodle-doo (cry of a cock.) कुकुड़ूँ कूँ ; Cock and bull story ( an exaggerated story. ) झूठी कथा; That cock won't fight ( that plan will not do. ) इस उपाय से काम न चलेगा ; Cock of the walk ( an eminent person. ) प्रधान पुरुष ; To cock one's eye ( to wink. ) आँख मारना ; To cock one's hat ( to put on hat in a slanting way.) टेढ़ी टोपी पहिरना ; To raise cock ( to lift the lever of a gun. ) बंदूक का घोड़ा चढ़ाना ।

**Cockade**-कॉक्-एड्'-*n.* a rosette worn in hat. झब्बा, टोपो में लगाने का फ़ीता ।

**Cockatoo**-कॉक्-ऑं- टू' - *n.* a kind of parrot with crest. काकातुआ ।



Cockatoo.

**Cockboat** - कॉक्' - बोट् - *n.* a small boat. छोटी नाव ।

**Cockcrow** - कॉक्' - क्रो - *n.* the early morning, dawn. प्रातःकाल, अरुणोदय ।

**Cocker**-कॉक्'-अर्- *v.* . to pamper, to coddle. लाड़ करना, दुलार करना ।

**Cockerel**-ऑक्' ऍर्- ऍल्- *n.* a young cock. छोटा मुर्गा ।

**Cock-eyed**-कॉक्'-आइड् - *adj.* having a squint eye. ऐंची आँख वाला ।

**Cockle**-कॉक्'-कुल् - *v. i.* to bulge, to pucker or wrinkle. फूलना, झुर्री पड़ना ; *n.* a radiating stove. अँगीठी ।

**Cockney**-कॉक्'-नी - *n.* a contemptuous word for a resident of London. लण्डन नगरवासी, ( मूर्ख ) मनुष्य ।

**Cockpit**-कॉक्' - पिट् - *n.* a pit where game cocks fight. मुर्गा लड़ने का अखाड़ा ।

**Cockroach**-कॉक्'-रोअच्- *n.* the black beetle. झींगुर, कनखजूरा ।

**Cockscomb**-कॉक्स्'-कोम् - *n.* the comb of a cock, a fop, a dandy. मुर्गे की कलँगी, छैला, बाँका ।

**Cocksure**-कॉक्'-श्यूर् - *adj.* confidently certain. पूर्ण निश्चित ।

**Cocky**-कॉक्'-ई,- Cocksy ( Coxy )-*adjs.* conceited. धृष्ट ।

**Coco, Cocoa**-कॉ'-को - *ns.* the cocoanut tree. नारियल का पेड़ ; Coconut, Cocoanut ( -नट् )-*n.* the fruit of the tropical palm. नारियल का फल ।

**Cocoon**-को-कून्'- *n.* the silky case spun by a silk-worm. रेशम का कोवा; Cocoonery ( -अर्-ई)-*n.* the place where silkworms are reared. रेशम के कीड़ों को पालने का स्थान ।

**Coction**-कॉक्'-शॉन्-*n.* the act of boiling or cooking. उबालने की क्रिया ।

**Cod**-कॉड् - *n.* a large sea fish. कॉड् ना की समुद्री मछली ; Codling ( -लिङ्ग )-*n.* a small cod. छोटी कॉड् मछली ;

**Codliver oil.**- *n.* oil of cods' liver. काड् मछली के जिगर का तेल।

**Coddle**-कॉ-ड्ल्'- *v. i.* to nurse as an invalid, to treat tenderly, to fondle. रोगी की तरह परिचर्या करना, कोमलता से व्यवहार करना, दुलार करना।

**Code**-कोड्-*n.* a systematic collection of laws, a secret language. धर्म संहिता, क़ानून की किताब, गुप्त भाषा।

**Codger**-कॉज्'-अर्- *n.* an eccentric old person. झक्की वृद्ध पुरुष।

**Codicil** - कॉड्'-इस्-इल्- *n.* a supplementary addition to a will. वसीयतनामा को तोड़ने या बदलने का लेख।

**Codifier**-कोड्'-इफ़्-आइ'-अर्- *n.* a codist, one who codifies. क़ानून बनाने वाला।

**Codify**-कोड्'-इफ़् - आइ - *v. t.* (*p. t.* Codified) to reduce to a code or digest, to systematise. क़ानून बनाना; **Codification** ( -इफ़्-इक़्-ए'-शॉन् )- *n.* the process of codifying. क़ानून बनाने की क्रिया।

**Co-education**-कॉ-एॅड्-यु-के'-शॉन्- *n.* the education of boys and girls together. लड़के लड़कियों को साथ पढ़ाने की व्यवस्था या क्रम, सहशिक्षा।

**Coefficient**- को-एॅफ़्-फ़िश्'-एॅन्ट्-*n.* a joint factor, a number or quantity that multiplies another number. गुणक, गुणा करने वाली संख्या।

**Co-equal**-कॉ-ई-क्वॉल्-*adj.* of the same rank or dignity. बराबरी वाला।

**Coerce**-को-अर्स्'- *v. t.* to constrain or compel. रोकना, परवश करना; **Coercion** ( -अर्'-शान् )-*n.* controlling by force. बलपूर्वक आधीन करना; **Coercive** ( -अर्स्'-इव् )-*adj.* compulsory. प्रतिरोधी; **Coercive measures** - क्रूर विधि।

**Coeval**-को-ई'-वॉल्- *adj.* of the same age or duration. समकालीन (समवयस्क), एक अवस्था या समय का; - *n.* one of equal or same age. तुल्यवय।

**Co-executor**-को-एॅक्स्'-इ-क्यूट्-ऑर्- *n.* an executor with another person. दूसरे के साथ नियम इत्यादि बनाने वाला।

**Coexist**-को-एॅक्स्-इस्ट्'- *v. t.* to exist together. एक काल में होना; **Coexistence** ( -एॅन्स् ) - *n.* existence at the same time. सहजीवन, साथ होना; **Coexistent** ( -एॅन्ट् ) -*adj.* existing at the same time. सहवर्ती।

**Coextensive**-को- एॅक्स्- टॅन्'- सिव्- *adj.* extending over the same space or time. एक ही स्थान या समय में व्यापक।

**Coffee**-कॉफ़्'-फ़ी- *n.* a drink made from the seeds of a shrub. कहवा, काफ़ी।

**Coffer**-कॉफ़्'-फ़र्- *n.* a box for valuables, (*pl.*) treasury. पेटी, कोष, ( ब० व० ) धनभाण्ड।

**Coffin**-कॉफ़्'-फ़िन्- *n.* a chest in which a dead body is enclosed. बक्स जिसमें शव ( मुरदा ) रक्खा जाता है; **To drive nail into one's coffin** ( to hasten death. ) मृत्यु बुलाना।

**Cog**-कॉग्- *n.* the catch or tooth of a wheel by which it drives another wheel. पहिये का दाँता; **Cogged** (-गड्) *adj.* toothed. दाँतेदार।

**Cogency**- को'-जॅन्-सी - *n.* convincing power. प्रबलता, सामर्थ्य, शक्ति।

**Cogent**-को'-जॅन्ट्-*adj.* forcible, convincing, powerful. प्रबल, बलवान्; **Cogently** (-ली ) -*adv.* in a cogent or convincing manner. प्रबलता से।

**Coggery**-कॉग्'-गर्-ई- *n.* trickery, cheating. छल, कपट।

**Cogitable**-कॉज्'-इट्-ऑ-ब्ल्- *adj.* thinkable, conceivable. विचारणीय।

**Cogitate**-कॉज्'-इट्-एट्- *v. i.* to ponder, to meditate. ध्यान देना, विचार करना; **Cogitative** ( -इव् ) -*adj.* meditative. विचारवान्, ध्यानावस्थित।

**Cogitation**- कॉज्'-इट्-ए' - शॉन्- *n.* deep thought, meditation. चिन्ता, विचार।

**Cognate**-कॉग्'-नेट्- *adj.* akin in origin, related or allied to. सगोत्री, सम्बन्धी।

**Cognation**-कॉग्-ने' - शॉन् - *n.* affinity, kindredness. बन्धुता, सम्बन्ध।

**Cognition**- कॉग्-निश्'-ऑन् - *n.* perception, sensation, knowledge. बोध, अनुभव, ज्ञान; **Cognitive** ( -निट्'-इव् ) *adj.* the power of apprehending. ज्ञान या अनुभव सम्बन्धी।

**Cognizable**-कॉग् - निज़्' - ऑ-ब्ल् - *adj.* perceptible, recognizable. जानने योग्य, विचार के योग्य; **Cognizably** (-ऑब्-ली)-*adv.*

in a cognizable manner. अनुसन्धान से ।

**Cognizance**–कॉग्'-निज़्-ऑन्स्- *n.* being aware, sphere of observation. चेतना, ज्ञान ; To have cognizance of (to have knowledge of.) जानकारी ।

**Cognizant**–कॉग्'-निज़्-ऑन्ट्- *adj.* having knowledge of. ज्ञानवान्, सचेत ।

**Cohabit**- कोहैब्'-इट्- *v. i.* to dwell together as man and wife. सहवास करना ; Cohabitation (-ए'-शॉन्) -*n.* coition. सहवास, मैथुन ।

**Coheir**–को'-एअर्'- *n.* (*fem.* Coheiress.) a joint heir. हिस्सेदार, पट्टीदार ।

**Cohere**–को-हिअर्'- *v. i.* to stick together, to remain united, to be consistent. संयुक्त ( सबद्ध ) होना, चिपटना ; Coherence (-एन्स्) -*n.* consistency. सयोग, सन्दर्भ ; Coherent (-एन्ट्) -*adj.* connected, consistent. संबद्ध, अनुरूप ।

**Cohesion**-को-ही'-ज्ञॉन् - *n.* the act of sticking together. संयोग, लगाव ।

**Cohesive**–को-ही'-सिव्- *adj.* producing union. चपकने योग्य ।

**Cohibit**-को-हिब्'-इट्- *v. t.* (*p. t.* Cohibited) to restrain. अवरोध करना, रुकावट करना या रुकावट डालना ।

**Coif**–कॉइफ्- *n.* a cap or covering for the head. टोपी, टोप ।

**Coign**- कॉएन् - *n.* a place affording a good view, a wedge. अच्छा दृश्य देख पड़ने का स्थान, फन्नी ।

**Coil**- कॉयल् - *n.* things arranged in concentric circles. चक्कर, गेंडुरी ;-*v. t.* to twist in a circular shape. लपेटना, गेंडुरी बनाना ; Mortal coil (the human body.) नश्वर शरीर ।

**Coin**- कॉयन् - *n.* metal money. मुद्रा, सिक्का, रुपया पैसा ;-*v. t.* to make money by stamping metal, to invent. सिक्का बनाना या गढ़ना, नई कल्पना करना; False coin (counterfeit coin.) जाली या खोटा सिक्का ; The coin of one's own brain (fabrication, invention.) मनगढ़न्त, कल्पना ; To pay one in his own coin (to retaliate.) बदला चुकाना; Coinage (-एज्) *n.*-the act of coining, pieces coined, fabrication. मुद्रा, गढ़न्त, कल्पना ; Coiner (-अर्)-*n.* one who coins money. सिक्का बनाने वाला ।

**Coincide**–को-इन्-साइड्'- *v. i.* to occupy the same position in space, to agree. समान होना, ठीक ठीक बैठना, सहमत होना ; Coincidence (-इन्-सिड् -एन्स्)-*n.* agreement. अनुरूपता, मेल ; Coincident (-एन्ट् )-*adj.* coinciding. अनुरूप; Coincidental ( -ऑल् )-*adj.* agreeing. एक साथ होने वाला; Coincidently (-एन्ट्-ली) *adv.* with coincidence. अनुरूपता से ।

**Co-inhere**–को-इन्-हिअर्'- *v. i.* to exist or inhere together. एक साथ होना ।

**Co-inheritance**–को-इन्-हेर्'-रिट्-ऑन्स्- *n.* joint inheritance. सलग्न उत्तराधिकार ।

**Co-interest**- को-इन्'-टर्-एस्ट्- *n.* mutual interest. समानाधिकार ।

**Coir**–कॉयर्- *n.* coconut fibre which is used for making ropes, matting &c नारियल की जटा ।

**Coition**–को-इश्'-ऑन्- *n.* sexual intercourse, cohabitation. मैथुन, रति ।

**Coke**–कोक्- *v. t.* to convert coal into solid substance. पत्थर के कोयले को ठोस बनाना ; - *n.* a kind of coal. बुझा हुआ पत्थर का कोयला ।

**Colander** - कल्-लॅन्'-डर्- *v. t.* to pass through a perforated vessel. चलनी में चालना ;-*n.* a sieve. चलनी ।

**Colcothar**–कोल्'-को-थॉर्- *n.* red peroxide of iron. लाल रंग की कौसीस ।

**Cold**–कोल्ड्- *n.* catarrh. ज़ुकाम, सर्दी ; *adj.* of low temperature, chill, wanting zeal or ardour, indifferent, reserved, spiritless, not violent. शिशिर, शीतल, ठंडा, उदासीन, अतीव्र; Cold colours (blue, grey &c.) भूरा, नीला इत्यादि रंग ; Cold-cream (a cooling ointment for skin.) चमड़े को ठंढा करने वाला लेप ; Cold-hearted (cruel, indifferent.) निर्दयी, उदासीन ; Cold-steel (sword.) तलवार; In cold blood (without excitement.) बिना उत्तेजना के To throw cold water (to discourage.) उत्साह हीन करना ; Coldly (-ली ) *adv.* indifferently. उदासीनता से ; Coldness (-नेस्)-*n.* chilliness, indifference, ठंढक, रुखाई, उदासीनता ।

**Colic**–कॉल् - इक् - *n.* griping pains in belly. उदरशूल, उदर पीड़ा ।

**Collaborate**–कॉल्-लॅब्'-आर्-रेट्- *v. i.* to

work conjointly. साथ साथ काम करना; **Collaboration** (-एं'- शॉन्)-*n.* joint labour. सहकार्यता; **Collaborator** (-ऑर्) *n.* an associate in labour. साथ काम करनेवाला मनुष्य।

**Collapsable**- कॉल्-लैप्स्'-ऑ - बल्, **Collapsible** ( -इ-ब्ल् )- *adjs.* able to be pressed down. सिकुड़ने या दबाने योग्य।

**Collapse**-कॉल्'-लैप्स् - *n.* a breakdown, loss of courage. क्षय, सन्निपात, शक्ति का ह्रास;-*v. i.* to break down. क्षय को प्राप्त होना, शक्तिहीन होना।

**Collar**-कॉल्'-लॅर्-*n.* a neck-band, a connecting band. माला, कण्ठा, गले का पट्टा, बन्धन की पट्टी; - *v. t.* to seize by collar. गरदन पकड़ना; **Collar-bone** (clavicle.) हँसिया, हँसुली।

**Collate**-कॉल्-लेट्'- *v. t.* to compare in detail. सूक्ष्म परीक्षा करना, मिलाना; **Collation** ( -ले'- शान् )-*n.* the process of examination. संशोधन, परीक्षा।

**Collateral**- कॉल् - लैट्'- अर्- ऑल्- *adj.* side by side, contributory, of common descent, corresponding. समानान्तर, समानोदक, सपिण्ड, एक ही पुरखों का; **Collateral security** ( security for payment of money besides the principal security. ) जमानत के अतिरिक्त जमानत; **Collaterally** (-ली)-*adv.* side by side, indirectly. पासपास, अप्रधान रूप से।

**Collation**- *n.* see Collate.

**Colleague**-कॉल्'-लीग्- *n.* a co-worker, an associate, a partner of joint office. सहाय, साथी, समान व्यापार का।

**Collect**-कॉल्-लेक्ट्'- *v. t.* & *i.* to assemble, to accumulate, to secure, to concentrate, to recover, to infer. संग्रह करना, एकत्र करना, केन्द्रीभूत करना, प्राप्त करना, अनुमान करना;-*n.* a short prayer. छोटा स्तोत्र; **To collect oneself** (to compose oneself.) सचेत होना, होश में होना।

**Collectable** (-ible)-कॉल्'-लेक्ट्-ऑ-ब्ल्- ( -इ-ब्ल् )-*adjs.* able to be collected. संग्रह करने योग्य।

**Collected**-कॉल्-लेक्ट्'-एड्-*adj.* composed, cool, firm. शान्त, दृढ़; **Collectedly** (-एड्-ली)- *adv.* in a collected manner. संग्रह रूप में।

**Collection**-कॉल्-लेक्'-शॉन्- *n.* accumulation, heap, mass, assemblage. समूह समुदाय, संग्रह ( चन्दा )।

**Collective**-कॉल्-लेक्ट्'-इव्-*adj.* aggregate, common. एकीकृत, इकट्ठा किया हुआ, सामान्य; **Collective noun.** समुदाय वाचक संज्ञा; **Collectively** (-इव्'-ली)-*adv.* in a mass. एकत्र, एक साथ।

**Collector**-कॉल्-लेक्' - टॉर् - *n.* one who collects, the chief officer of a district. इकट्ठा करने वाला,हाकिम परगना; **Collectorate** ( -ऑर्-एट् ) - *n.* a collector's office. कलक्टर का दफ्तर; **Collectorship** *n.* ( the office of a collector. ) कलक्टर का पद।

**College**-कॉल् -लेज्- *n.* the institution for higher education affiliated to a university. विद्यालय, कालिज; **Collegian** ( -लीज्'-इ-ऑन् ) - *n.* the member of a college. विद्यार्थी, कालिज का छात्र; **Collegiate** ( लीज्' - इ - एट् )-*adj.* of a college. विद्यालय सम्बन्धी।

**Collet**-कॉल्'-लेट्- *n.* a band or socket for jewel. नगीने की बैठकी।

**Collide**-कॉल्-लाइड्' - *v. i.* to be in conflict, to strike or dash against each other. टक्कर खाना, भिड़ना।

**Collier**-कॉल्'-यर्-*n.* a coal-miner. कोयला खोदने या ले जाने वाला; **Colliery** ( -ई ) *n.* a coal-mine, a coal-ship. कोयले की खान, कोयला ले जानेवाला जहाज।

**Colligate**-कॉल्'-लिग्-एट्- *v. t.* to bring into connection. संबद्ध करना।

**Collinear**-कॉल्-लिन्'-इ-ऑर्- *adj.* in the same straight line. एक ही रेखा में का।

**Collision**-कॉल्'-लिज़्'-आन् - *n.* conflict, opposition. विरोध, टक्कर, मुठभेड़।

**Collocate**-कॉल्'-लो-केट्- *v. t.* to place together, to arrange. इकट्ठा, करना, क्रम में रखना; **Collocation** ( -के'-शान् ) -*n.* position, arrangement. स्थान, प्रबंध।

**Collocution**-कॉल्-लो-क्यू'-शॉन्- *n.* a conference. सभा।

**Collocutor**- कॉल्-लॉक्'-यु-टॉर्- *n.* a partaker in talks. साथ में बोलने वाला।

**Collodion**-कॉल्-लो'-डि-आन्- *n.* a gluey solution of gun-cotton. तेजाबी रूई की घोल।

**Collop**-कॉल्'-लप्- *n.* a slice of meat (fried or unbaked). माँस का, बिना भूना या भूना हुआ टुकड़ा।

**Colloquial** - कॉल् - लो'-क्वि-अॅल् - *adj.* conversational. बोलचाल का; Colloquialism (-इज़्म्) -*n.* a colloquial expression. बोलचाल के प्रयोग; Colloquially (-ली) - *adv.* बोलचाल की रीति से।

**Colloquy**-कॉल्'-लो-क्वी- *n.* conversation, dialogue. संभाषण, बातचीत।

**Collotype**-कॉल्'-लो-टाइप् - *n.* a process of printing in photograghy. फ़ोटो का चित्र छापने की एक विधि।

**Collude**-कॉल्-ल्यूड्- *v. i.* to conspire in fraud. जाल रचना, ठगना।

**Collusion**-कॉल्-ल्यू'-ज़ॉन् - *n.* a secret compact for a fraudulent purpose, deceit. जाल, कपट, दलबन्दी।

**Collyrium**-कॉल्-लिर्'-इ-अम्- *n.* a salve for eyes. आँखों का आँजन, काजल, सुरमा।

**Colocynth**-कॉल्'-ओ-सिन्थ्- *n.* a kind of bitter apple. एक प्रकार का कडुआ सेब।

**Colon**-को'-लॉन्- *n.* the large intestine, a punctuation mark. (:) बृहदन्त्र, बड़ी आँत, विसर्ग चिह्न (:)।

**Colonel**-कर्'-नॅल्- *n.* the highest regimental officer. सैन्यदल का अध्यक्ष, पल्टन का कर्नल; Colonelship (-शिप्) *n.* colonelcy. करनल का पद।

**Colonial**-कॉ-लो'-नि-अॅल्-*adj.* pertaining to a colony. उपनिवेश सम्बन्धी, नई बस्ती का।

**Colonist**-कॉल्'-ऑन्-निस्ट्- *n.* a settler in a colony. नई बस्ती में रहने वाला।

**Colonization**-कॉल्'-ऑन्-आइज़्-ए'- शॉन्- *n.* the act or practice of colonizing. नई बस्ती बसाने का कार्य।

**Colonize** - कॉल्'-ऑन्-आइज़्'- *v. t.* to establish a colony. नई बस्ती बसाना; Colonizer (-अर्) -*n.* one who establishes a colony. नई बस्ती का स्थापक।

**Colonnade**-कॉल्-ऑन्-नेड्'- *n.* a series or range of columns, a row of trees. खम्भों या वृक्षों की पंक्ति।

**Colony**-कॉल्'-ऑ-नी- *n.* (*pl.* Colonies) an independent city or state founded by emigrants, settlers in a new country. वासित प्रदेश, उपनिवेश, नई बस्ती।

**Colophony**-कॉ-लॉफ्'-ओ - नी - *n.* dark coloured resin. रजन, राल।

**Coloration**-कल्-ऑर्-ए'-शॉन् - *n.* the art of colouring. रंगने की कला या कार्य।

**Colorific**-कल्-ऑर्-इफ्'-इक्- *adj.* able to give colour or tint to other bodies. किसी पदार्थ में रंग लाने योग्य।

**Colossal**-को - लॉस्' - सॅल् - *adj.* huge, very large, gigantic. बड़ा, दीर्घकाय;

**Colossus**-कॉल्'-लो -सस् *n.* a gigantic statue. दीर्घकाय या बड़ी मूर्ति।

**Colour**-कल्'-ऑर्- *n.* a particular hue, appearance, pretence. (वर्ण) रङ्ग, आकृति, बहाना; Colours (*pl.*) a flag or standard. (ब०व०) झंडा, पताका; -*v. t.* to paint, to disguise. रङ्गना, छिपाना; Complementary colours (colours which when combined make white.) जिन रङ्गों को मिलाने से सफ़ेद हो जाता है; Primary or simple colours (those that cannot make up white.) लाल, हरा तथा बैंगनी रङ्ग; Secondary colours (mixture of two primary colours.) इन एक या अनेक रङ्गों का मेल; To change colour (to turn pale.) पीला पड़ जाना; To come off with flying colours (to become victorious.) विजयी होकर आना; Under colour of (on pretext of.) बहाने से; Coloured (-ड्) -*adj.* रंगा हुआ, गहरे रंग का।

**Colour-bar**-कल्' - ऑर्-बार्- *n.* a social distinction existing between people of different colours. गोरे और काले मनुष्यों का सामाजिक भेद।

**Colour-blind**-कल्' - ऑर् - ब्लाइन्ड्- *adj.* having an imperfect sense of distinguishing colour. आँख का रोग जिसमें रङ्ग स्पष्ट नहीं देख पड़ते।

**Colouring**-कल्'-ऑर्'-इङ्ग्-*n.* a specious appearance. रङ्ग ढङ्ग।

**Colourist**-कल्'-ऑर्-इस्ट्- *n.*, a painter, one who colours. रङ्गसाज।

**Colourless**-कल्'-ऑर्-लॅस्- *adj.* without colour, transparent, impartial. बिना-रङ्ग का, पारदर्शक, निष्पक्ष।

**Colt**-कोअल्ट्- *n.* (*fem.* Filly.) the young of a horse, an inexperienced person, an automatic pistol. बछेड़ा, अनुभवहीन

मनुष्य, अनेक गोलियों का पिस्तौल।

**Colter**-कोअल्ट्-अ्र् *n.* the cutting iron of a plough. हल का फार।

**Column** - कॉल्' - लम्- *n.* a cylindrical pillar, support, mass, vertical division of a page, body of troops. खम्भा, आश्रय, परिमाण, पृष्ठ ( पन्ने ) का भाग, सैन्य की पंक्ति ; **Columnar** (-नॅर् ) *-adj.* like a column. स्तम्भ ( खंभे ) के सदृश।

**Coma** - को' - मा- *n.* stupor, unnatural heavy sleep, lethargy. शिथिलता (सुस्ती), अप्राकृतिक निद्रा।

**Co-mate**-को'-मेट्- *n.* a fellow mate or companion. साथी, सहचर।

**Comb** - कोम् - *n.* an instrument for arranging and cleansing hair, fleshy crest of fowl. कंघी, मुर्गे की चोटी ; *-v.t.* to dress hair. कंघी करना, बाल सँवारना; To comb out ( to separate. ) अलग करना, अलगाना।

**Combat**-कम्'-बॅट्-*v. t.* to struggle, to contest, to fight. भिड़ना, लड़ाई करना *n.* a battle. युद्ध, संग्राम ; **Combatant** (-ऑन्ट्)-*n.* a fighter. लड़ने वाला, योद्धा।

**Comber**-कोम्'-अर्- *n.* one who combs. बाल सँवारने वाला।

**Combination** - कॉम्-बिन् - ए' - शॉन्- *n.* union, collection. सन्धि (संयोग, संसर्ग), जुटाव; *-pl.* close-fitting undergarments reaching from shoulders to knees. ( ब० व० ) शरीर के ऊपरी तथा निचले भाग को ढापने का एक वस्त्र।

**Combine** - कॉम्-बाइन्'-*v. t.* to join together, to unite. मिलाना, एक करना; *v. i.* to co-operate. मिलना, जुट जाना।

**Combiner** - कॉम्-बाइन्'-अर्- *n.* he who or that which combines. मिलाने वाला।

**Combustible**-कॉम्-बस्ट्'-इ-ब्ल्-*adj.* capable of being burnt, excitable. उत्तेजक।

**Combustion** - कॉन्-बस्ट्' - योन्- *n.* destruction by fire. दाह, ज्वलन।

**Come**-कम्' *v. i.* ( *p. t.* Came, *p. p.* Come. ) to arrive to a point, to happen, to arrive at a certain state or condition, to appear. आना, होना, प्रगट होना ( पहुँचना ); Come along ( make haste. ) जल्दी करो; Light come light go ( what is easily won is easily lost. ) सहज में मिला, सहज में गया; To come about ( to happen. ) घटना होना; To come across ( to meet with. ) भेंट करना; To come at ( to arrive, to reach. ) पहुँचना; To come back ( to return. ) वापस आना; To come by (to acquire.) प्राप्त करना; To come down upon ( to punish. ) दण्ड देना; To come home to ( to affect deeply. ) अधिक प्रभाव डालना; To come in ( to enter. ) प्रवेश करना; To come in one's way ( to interrupt. ) विघ्न डालना; To come into ( to acquire. ) प्राप्त करना; To come into sight ( to be visible. ) दृष्टिगोचर होना; To come off (to be detached.) अलग होना; To come out ( to be successful. ) सफल होना; To come round ( to regain health. ) चंगा होना; To come short ( to fail. ) असफल होना; To come to a point (to taper.) नोकीला होना; To come to an end (to terminate.) समाप्त होना; To come to blows ( to quarrel. ) लड़ जाना; To come to light ( to be revealed. ) प्रत्यक्ष होना; To come to pass ( to happen. ) घटना होना; To come up ( to ascend. ) चढ़ना; To come upon ( to make a sudden attack. ) एकाएक आक्रमण करना; Come what may. जो चाहे सो हो; **Coming** ( -इङ्ग् ) *-adj.* भविष्य का, आगामी।

**Comedian** - कॉम्-ई'-डि-ऑन्- **Comedist** (-डिस्ट् )*-ns.* the writer of a comedy. हर्ष प्रधान नाटक लिखनेवाला, हँसाने वाला।

**Comedy**-कॉम्'-ए-डी- *n.* ( *pl.* Comedies. -डीज़ ) a stage play with happy ending. हर्षप्रधान नाटक।

**Comeliness** - काम्'-ली-नॅस्- *n.* attractiveness. सुन्दरता, खूबसूरती।

**Comely**-कम्'-ली-*adj.* pleasant to look at, graceful. सुन्दर, स्वरूपवान्।

**Comer**-कम्'-अर्- *n.* one who comes. आने वाला।

**Comet**-कॉम्'-एट्- *n.* a heavenly body with tail of light moving round the sun in eliptical course. पुच्छल तारा; **Cometary** ( -ऑ-री ) **Cometic** (-ए-टिक्) *adj.* pertaining to a comet. पुच्छक

तारा सम्बन्धी।

**Comfit** - कम्' - फ़िट्- *n*, a sweetmeat, sugar-plum, confection. मिठाई, लायचीदाना, मेवों की मिठाई।

**Comfort** - कम्' - फ़ोर्ट्- *n.* satisfaction, content, relief in affliction, consolation. सन्तोष, सुख, आश्वासन; -*v. t.* to cheer, to soothe, to console. आनन्द देना, सान्त्वन करना, सुख देना; **Comfortable** (-ऑ-बल्) -*adj.* free from hardship, at ease. आनन्द या सुख देनेवाला, सुखी; **Comfortably** ( - ऑब्-ली) *adv.* in a comfortable manner. सुख से; **Comforter** (-अर्) -*adj.* & *n.* a woollen wrapper for the neck, one who comforts. सुखदायी, सन्तोष देनेवाला, ऊनी गुलूबन्द; **Comfortless.** (-लेस्) -*adj.* without comfort. आनन्द रहित।

**Comic** - कॉम्'-इक् - *adj.* of a comedy, producing mirth, funny. हास्यकर, हँसी लाने वाला; **Comical** ( - ऑल् ) -*adj.* laughable, odd. हास्यजनक, ठिठोलिया; **Comically** ( -ऑल्-लि ) *adv.* in a comical manner. हँसी से।

**Coming**-कम्' - इङ्- *n.* approach. पहुंच; *adj.* expected to come. आगामी।

**Comity**-कॉम्'-इट्-ई- *n.* courtesy, civility. शिष्टाचार, भलमन्सी।

**Comma**-कॉम्'-मॉ- *n.* a punctuation mark ( , ). अंग्रेजी में छोटे विराम का चिह्न; **Inverted commas** (" ") दोहरे चिह्न जो किसी उक्ति के आदि अन्त में लगाये जाते हैं।

**Command**-कम्-मान्ड्' - *v. t.* & *i.* to order, to have control over, to be supreme, to restrain, to have at disposal. आज्ञा देना, अधिकार रखना, शासन करना, अधिकार में लाना, स्वाधीन करना; -*n.* order, bidding, exercise of authority, control. आज्ञा, अधिकार, शक्ति, प्रभुत्व; **At command** ( in pursuance of. ) आज्ञारूप।

**Commandant**-कॉम्'-ऑन्ड्-ऑन्ट् - *n.* the commanding officer of a fortress. किले का अधिकारी।

**Commander** - कॉम् - माण्ड्'-अर्- *n.* the commanding officer. आज्ञा देने वाला, अध्यक्ष, नायक; **Commander-in-chief** ( one who has supreme command in the army. ) सेना का सबसे बड़ा अफ़सर, जंगी लाट; **Commandership** (-अर्-शिप्) -*n.* office of a commander. जंगी लाट का पद।

**Commanding** - कॉम्-माण्ड्'-इङ्ग् - *adj.* exalted, dignified. रोबदार।

**Commandment** - कॉम्-माण्ड्'-मेन्ट् - *n.* command, precept. आज्ञा, उपदेश।

**Commemorate**-कॉम्-मेम्'-ऑर्-एट् - *v. t.* to celebrate, to preserve in memory. स्मरणार्थ उत्सव मनाना; **Commemoration** (-ए'-शॉन्) -*n.* celebration. स्मरणोत्सव; **In commemoration of** ( in remembrance of. ) स्मरणार्थ; **Commemorative** ( -टिव् ) -*adj.* serving to commemorate. स्मरण दिलाने वाला।

**Commence** - कॉम्-मेन्स्' - *v. t.* & *i.* to begin, to set up. आरम्भ करना, प्रवृत्त होना; **Comencemment** ( -मेन्ट् ) -*n.* a beginning, origin. आरम्भ, उत्पत्ति।

**Commend**-कॉम्-मेन्ड्' - *v. t.* to entrust, to praise. ( अर्पण करना ), सौंपना, प्रशंसा करना, स्तुति करना; **Commend me to** ( remember me to.) कृपापूर्वक मेरा याद दिलाना।

**Commendable**- कॉम्-मेन्ड्'-ऑ-बल् - *adj.* praiseworthy. प्रशंसनीय, स्तुति के योग्य; **Commendably** ( -ऑब्-ली ) -*adv.* in a commendable manner. प्रशंसा पूर्वक; **Commendableness** (-नेस्) *n.* the state of being commendable. स्तुति; **Commendation** ( -ए'-शॉन् ) -*n.* praise, another's favour. स्तुति, प्रशंसा, शिफ़ारिस

**Commensal** - कॉ-मेन्स्'-ऑल - *adj.* & *n.* one who eats at the same table. एक ही पंगत में भोजन करनेवाला।

**Commensurable**-कॉम्-मेन्'-स्यूर्-ऑ-बल - *adj.* having a common measure, proportionate to. सपरिमाण, अनुरूप (तुल्य), सदृश; **Commensurableness** ( -नेस ) *n.* proportion. अनुरूपता; **Commensurably** (-ऑब् -ली) -*adv.* in a common measure. एक ही परिमाण से।

**Commensurate**-कॉम्-मेन्'-स्यूर्-एट् - *adj.* co-extensive. समान, तुल्य, बराबर; **Commensurately** (-ली) -*adv.* proportionately. प्रमाणता से।

**Comment**-कॉम्'- मेन्ट् - *n.* explanatory remarks, criticism, observation, illustration. टीका, व्याख्या, उदाहरण -*v. t.*

(-कॉम्-मेंन्ट्' ) to write explanatory notes. टीका लिखना, व्याख्या करना, आलोचना करना ; Commentary ( -अर्-ई ) *n.* set of running comments on a book. टीका, टिप्पणी, भाष्य ; Commentation (-एँ-शॉन् ) *n.* the making of comments. टिप्पणी करने की क्रिया ; Commentator (-एट्'-ऑर् ) *n.* an annotator. टीका लिखनेवाला, भाष्यकार ।

Commerce-कॉम्'-मर्स् – *n.* exchange of merchandise. वाणिज्य, व्यवसाय, क्रय विक्रय; Commercial (-मर्'-शॅल् ) *adj.* pertaining to trade, merchantile. वाणिज्य सम्बन्धी ; Commercialist (-इस्ट्) *n.* one engaged in commerce. व्यवसायी ; Commercially (-शॅल्-ली) *-adv.* in commercial manner. व्यवसाय रूप से।

Commingle-कॉम्-मिङ्ग्'-ग्ल्- *v. t.* & *i.* to mix or mingle together. मिश्रित करना, एकीभूत होना, मिलना ।

Comminute – कॉम्'-मिन्-यूट् – *v. t.* to reduce to powder. बुकनी करना ।

Commiserate-कॉम्-मिज़्'-अर्-एट्- *v. t.* to feel or show pity for. दया करना, करुणा देखाना; Commiseration (-एँ-शॉन्) *n.* compassion. दया, कृपा ; Commiserative (-ऑट्'-इव् ) *-adj.* compassionate. दयालु ।

Commissariat-कॉम्-मिस्-सेंअर्'-इ-ऑट्- *n.* the department for the supply of provisions &c. to army. सेना को रसद पहुँचाने का दफ्तर, कम्सरियट् ।

Commissary-कॉम्'-मिस्-सॉ-री-*n.*a deputy, an officer charged to supply provisions. डिपटी, रसद भेजनेवाला अफ़सर ।

Commission-कॉम्-मिश्'-ऑन् – *n.* command, authority, warrant, conferring authority, percentage on an amount, a committee of enquiry. आज्ञा, अधिकार, आज्ञापत्र, दस्तूरी ( आढ़त ), जाँच सभा; *-v. t.* to authorize. अधिकार देना, नियुक्त करना ; Commission-agent *-n.* a merchant who buys or sells on a commission basis. अढ़तिया , Commissioned officer *n.* an officer appointed by a commission. राजा से नियुक्त अधिकारी; Commissioned (-ड् ) *adj.* authorized. अधिकार दिया हुआ ; Commissioner (-अर्) *-n.* one who is appointed by commission, supreme authority in a district. किसी कार्य सम्पादन के लिये नियुक्त किया हुआ अफ़सर, कई जिलों का हाकिम ( कमिश्नर ) ।

Commissure – कॉम्-मिश्'- इयोर् – *n.* a place where two bodies unite. जिस स्थान में दो पदार्थ मिलते हैं ।

Commit-कॉम्-मिट्' – *v. t.* ( *p. t.* Committed ) to entrust, to consign, to perpetrate a crime. समर्पण करना, सौंपना, अपराध करना; To commit to memory (to learn by heart.)रटना; To commit to prison (to send to jail.) जेलखाने भेजना; Commitment ( -मेंन्ट् ) *-n.* pledging, imprisonment. सौंपना, जेलखाने जाना ; Committal ( -टॉल् ) *-n.* act of committing. आत्मसमर्पण, जेलखाने जाना ।

Committee – कम्-मिट्'-टी – *n.* body of persons appointed to manage any business. नियुक्त पुरुष, सभा, पंचायत ।

Commix-कॉम्-मिक्स्' – *v. t.* & *i.* to mix together. साथ मिलाना या मिलना ।

Commode – कॉम्-मोड्' – *n.* a chest of drawers, a night-stool. दराजदार बक्स, मल मूत्र त्याग करने का पात्र ।

Commodious– कॉम्-मोड्' - इ-अस् – *adj.* suitable, convenient. उपयुक्त, सुविधे का ; Commodiously (-ली ) *-adv.* conveniently. सुविधे से ; Commodiousness (-नेंस् ) *n.* suitableness. सुविधा ।

Commodity – कॉम्-माड्'-इट्-ई – *n.* ( *pl.* Commodities. ) a useful thing, an article of trade. उपयोगी वस्तु (सामग्री), द्रव्य ( जिनिस ) ।

Common – कॉम्'-मॉन् – *adj.* belonging equally to, general, public, of ordinary occurrence, vulgar. साधारण, सामान्य, सार्वलौकिक, ग्राम्य; *- n.* a land for public use. सार्वसामान्य का मैदान ; Common divisor ( the number which divides two or more numbers without a remainder.)समापवर्तक; Common gender (*i. e.* masculine or feminine.) उभयलिंग ; Common noun ( name applied to any one of a class. ) जातिवाचक संज्ञा ; Commonplace *-adj.* (ordinary, trite. ) सामान्य, तुच्छ ; Commonplace-book *-n.* (a book in which things to be remembered are re-

corded.) याद करने योग्य बातें लिखने की पुस्तक; **Common sense** (sound practical judgment.) व्यावहारिक ज्ञान; **Commonweal** (the public good.) सार्वजनिक कल्याण; **In common** (in joint use.) साझे का; **In common with** (in the same way as.) एक ही प्रकार से; **Out of the common** (uncommon, peculiar.) असामान्य।

**Commonalty**-कॉम्'-मॉन् - ऑल् - टी - *n.* body corporate, the common people. सर्व सामान्य, प्रजा लोग।

**Commoner**-कॉम्'-मॉन्-अर्-*n.* one of the common people. सामान्य मनुष्य।

**Commonly**-कॉम्'-मॉन्-ली- *adv.* usually. साधारण रीति से, बहुधा, प्रायः।

**Commonplace**-कॉम'-मॉन् - प्लेस्- *n.* see Common. प्रतिदिन की बातचीत।

**Commons**-कॉम्' - मॉन्ज़ - *n. pl.* the common people. सर्व सामान्य; **House of Commons** (the Lower House in English Parliament.) पार्लियामेन्ट की सामान्य जनता की सभा।

**Commonweal**-see under Common.

**Commonwealth**-कॉम्'-मॉन्-वेल्थ्- *n.* the whole body of people in a state. किसी देश की सम्पूर्ण प्रजा।

**Commotion**-कॉम्-मो'-शॉन्-*n.* confusion, tumult, agitation, disturbance. क्षोभ, विप्लव, कलह, हलचल।

**Commove**-कॉम्-मूव्'-*v. t.* to excite, to agitate. उत्तेजित करना।

**Communal**-कॉम्-म्यून्'-ऑल्-*adj.* public, of the community. सर्व साधारण, जातीय, जातिगत; **Communalism** (-इज़्म्) -*n.* government by local autonomy. अन्तर्राष्ट्रीय राज्यक्रम; **Communalist** (-इस्ट्) *n.* a believer in communalism. इस सिद्धान्त का प्रचारक; **Communalize** (-आइज़्) -*v. t.* to make the property of local community. सर्व सामान्य की सम्पत्ति बनाना।

**Commune**-कॉम्-म्यून्'-*v.i.* to hold intimate intercourse with. सम्भाषण करना, बातचीत करना; -*n.* a corporation, a small territorial district in France. संस्था, फ्रान्स् का एक विभाग।

**Communicable**-कॉम-म्यून्'- इक् - ऑ-ब्ल्- *adj.* that can be communicated. प्रकाशित करने योग्य।

**Communicant**-कॉम् - म्यून्' - इक्-ऑन्ट्-*n.* one who imparts or gives information. समाचार देने वाला।

**Communicate**-कॉम्-म्यून्'-इक्-एट्-*v. t.* & *i.* to impart, to transmit, to reveal, to hold intercourse with. कहना, देना, फैलाना, बातचीत करना।

**Communication** - कॉम्-म्यून्'-इक्-ए-शॉन्-*n.* act of imparting news &c., intercourse, information given, correspondence. कथन, व्यवहार, सन्देश (बातचीत), पत्रव्यवहार।

**Communicative**-कॉम्-म्यून्'-इक्-ऑट्-इव्-*adj.* open, not reserved, talkative. स्फुट, बकवादी; **Communicativeness** (-नेस्) *n.* talkativeness. बकवाद।

**Communicator**-कॉम्-म्यून्'-इक्-एट्' -ऑर्-*n.* that which communicates, part of a telegraphic transmitter. सूचना देनेवाला, तारबरकी का एक यन्त्र।

**Communion**-कॉम्-म्यून्'-यॉन्-*n.* sharing, fellowship, participation in Lord's Supper. सम्पर्क, साथ, ईसुमसी के स्मरणार्थ भोज; **Communionist** (-इस्ट्) -*n.* member of the same communion. एक संघ का सभासद।

**Communique** - कॉम् - म्यून्-इ-के'-*n.* an official statement which is given to the press. सरकारी विज्ञप्ति।

**Communism**-कॉम्' - म्यून्' - इज़्म् -*n.* vesting of property in the community. सम्पत्ति को सर्वाधिकार में करना।

**Community**-कॉम्-म्यून्'-इट्-ई - *n.* (*pl.* **Communities**) society, association, joint ownership, communion, fellowship. समुदाय, मण्डली, बिरादरी, जाति।

**Commutable**-कॉम्-म्यूट्'-ऑ-बल्-*adj.* able to be exchanged. बदलने योग्य।

**Commutation**-कॉम्-म्यू - टे'-शॉन् - *n.* exchange of one thing for another. परिवर्तन, विपर्यय, अदल बदल, हेरफेर।

**Commutative** - कॉम्-म्यूट्'-ऑट्-इव् - *adj.* relating to exchange, interchangeable. परिवर्तन योग्य या सम्बन्धी।

**Commutator**-कॉम्-म्यू-टे' -टॉर्-*n.* an instrument for changing the course of an electrical current. बिजली की धारा का क्रम बदलने का यन्त्र।

**Commute**-कॉम् - म्यूट्' - *v. t.* to interchange or exchange. अदल बदल करना।

**Comose**-को'-मोस्-*adj.* hairy. रोवेंदार।

**Compact**-कॉम्' - पैक्ट्-*n.* an agreement between parties, a treaty. सट्टा, सन्धि; *v.t.* to join firmly, कसकर बाँधना, दृढ़ करना; -*adj.* (-पैक्ट्) condensed, dense, terse. अरविरल, घना, ठोस; **Compactly** (-ली) -*adv.* in a compact manner. दृढ़तासे; **Compactness** (-नेस्) -*n.* the state of being compact. घनता, दृढ़ता।

**Compages**-कॉम्-पे-' जीज- *n.* a framework or structure. ढाँचा, खाखड़ा।

**Companion**-कम् -पैन्- यँन्- *n.* comrade, an associate or partner. सहचर, मित्र, सङ्गी, साथी; -*v. t.* to accompany. साथ देना; **Companion in-arms** (fellow soldier.) साथी सिपाही; **Companionable** (-ॲब्ल्) - *adj.* sociable. मित्रवत्; **Companionship** (-शिप्) *n.* fellowship. सङ्गति, संसर्ग।

**Company**-कम्-पैन्'-ई-*n.*(*pl.* **Companies**) companionship, number of persons assembled, a society, party of players. समागम, संसर्ग, जनसमूह, सभा, मण्डल; **To bear (keep) company** (to accompany). साथ देना।

**Comparative**-कॉम्-पै' - रैट्-इव् - *adj.* estimated by comparison. उपमाजन्य।

**Compare**-कॉम् - पेअर्' - *v. t.* & *i.* to liken, to estimate the similarity of, to be like or equal. तुलना करना, उपमा करना, मिलाना, समान होना; -*n.* similitude, comparison. समानता।

**Comparison**-कॉम्-पैर्'-रिस्-ऑन्-*n.* act of comparing, a simile, an illustration. तुलना, उपमा, सादृश्य।

**Compart**-कॉम्-पॉर्ट्'-*v. t.* to divide into compartments. भाग करना, टुकड़े करना; **Compartment** (-मैन्ट्) -*n.* a separate part, partition of a railway carriage. विभाग, रेल का डब्बा।

**Compass**-कम्' -पस्- *n.* circuit, limit, range, an instrument consisting of a magnetised needle. परिधि, हद, विस्तार, कुतुबनुमा



Mariner's Compass

**Compasses** (-एँज़) *pl.* an instrument for describing a circle. परकाल; -*v. t.* to go round, to accomplish. घेरना, पूर्ण करना।

**Compassion**-कॉम्-पैश्'-ऑन्-*n.* pity. दया, (कृपा, करुणा); **Compassionate** (-एट्) *adj.* sympathetic, merciful. कृपालु, दयालु, दयावान्; **Compassionately** (-एट्-ली) -*adv.* mercifully. दयालुता से।

**Compatible**-कॉम् - पैट्'-इ - बल् - *adj.* consistent, able to co-exist, suitable, congruous. अनुरूप, अविरुद्ध, योग्य; **Compatibility** (इब्-इल्'-इट्-ई) -*n.* suitableness. योग्यता, अनुरूपता; **Compatibly** (-इब्-ली) -*adv.* suitably. अनुरूपता से।

**Compatriot**-कॉम्-पे'-ट्रि-ऑट्-*n.* a fellow countryman. एक ही देश का निवासी; **Compatriotic** (-इक्) -*adj.* pertaining to fellow countrymen. एक ही देश निवासी (के रहने वाले) का।

**Compeer**-कॉम् - पिअर् - *n.* equal, comrade. समान, साथी, मेली (मित्र)।

**Compel**-कॉम्-पेल्'- *v. t.* (*p. t.* **Compelled**) to constrain, to bring about by force, to oblige, to overpower. बलपूर्वक कोई कार्य करना, दबाव डालना, विवश करना, लाचार करना।

**Compendious**-कॉम् - पैन्ड्'-इ - अस्- *adj.* concise, brief. संक्षिप्त (सारभूत), परिमित; **Compendiously** (-इ-अस्-ली) *adv.* in brief, concisely. संक्षेप में; **Compendiousness** (-इ-अस्-नैस्) -*n.* conciseness. संक्षेप।

**Compendium** - कॉम् - पैन्ड्'- इ-अम् - *n.* summary, abstract. संक्षेप (संग्रह), सार।

**Compensate**-कॉम्'- पैन्- सेट् - *v. t.* & *i.*

to make up for, to make amends for, to recompense. पूरा करना, बदला देना, हरजाना देना ( बराबर करना ) ।

**Compensation** – कॉम् - पॅन्-से'-शॉन्- *n.* recompense, amends. पारितोषिक (शुल्क, प्रतिफल ), हरजाना ; **Compensation balance** (an appliance for neutralizing effects of temperature. ) शीतोष्ण का प्रभाव न डालनेवाली जेबी घड़ी की फिरकी ; **Compensational** (-ऑल् )-*adj.* pertaining to compensation. शुल्क सम्बन्धी ।

**Compensative**-कॉम्'- पॅन्-से ट्-इव् **Compensatory** ( -ऑर् - ई ) -*adjs.* giving compensation. क्षतिपूरक ।

**Compensator**-कॉम्-पॅन्-से ट्'- ऑर्- *n.* one who compensates. बदला देने वाला ।

**Compete**-कॉम्-पीट्'- *v. i.* to rival, to vie with. स्पर्धा करना, बराबरी करना ।

**Competence**- कॉम् - पॅट्' - एॅन्स्, **Competency** (-एॅन्-सी)-*ns.* capacity, ability, fitness, suitableness, sufficiency. योग्यता, सामर्थ्य, शक्ति, गुण ।

**Competent**-कॉम्-पॅट्'-एॅन्ट्-*adj.* adequate, suitable, properly qualified, permissible. योग्य (उचित, पर्याप्त), निपुण; **Competently**. (-एॅन्ट्-ली) -*adv.* properly. योग्यता से ।

**Competition**-कॉम्-पॅट्'-इश्-ऑन्- *n.* the act of competing. स्पर्धा, बराबरी ।

**Competitive**-कॉम्-पॅट्'-इट्-इव्- *adj.* relating to or characterised by competition. बराबरी या स्पर्धा करने का ।

**Competitor**-कॉम्-पॅट्'- इट्-ऑर्- *n.* ( *fem.* **Competitrix**-रिक्स्) one who competes, a rival. प्रतिस्पर्धी, बराबरी करने वाला ।

**Compilation**-कॉम्-पाइल्-ए'-शॉन्- *n.* the act of compiling. संग्रह, सङ्कलन ।

**Compile**-कॉम्-पाइल्'- *v. t.* to collect materials from various authors, to amass. सङ्कलित करना, संग्रह करना ; **Compiler** (-अर्)-*n.* ग्रन्थ संग्रह करने वाला ।

**Complacence**- ( -cy ) कॉम्-प्ले'-सॅन्स्- (-सी )-*ns.* pleasure, self-satisfaction, civility. आनन्द, सन्तोष, सज्जनता ।

**Complacent**-कॉम्-प्ले'-सॅन्ट् - *adj.* self-satisfied. सन्तुष्ट ; **Complacently** (-सॅन्ट्-ली ) -*adv.* in a complacent manner. आनन्दपूर्वक, सन्तोषपूर्वक ।

**Complain**-कॉम्-प्लेयन्'- *v. i.* to express dissatisfaction, to state a grievance. असन्तोष प्रगट करना, कहना ; **Complainant** ( -ॲन्ट् ) -*n.* a complainer, a sufferer, a plaintiff. अर्थी, अभियोगी, वादी, ( दावा करनेवाला ) ।

**Complaint**-कॉम्-प्लेंअन्ट्'- *n.* expression of grief, formal accusation, a disease. दुःख का उद्गार, अभियोग, रोग ।

**Complaisance**-कॉम्'- प्ले- ज़ॉन्स् - *n.* politeness, civility. शिष्टाचार, भलमन्सी ।

**Complaisant**-कॉम्'-प्ले-ज़ॉन्ट्-*adj.* desirous of pleasing, obliging. अनुरोधी, अनुकूल ; **Complaisantly** ( -ज़ॉन्ट्-ली )-*adv.* obligingly. अनुरोध सहित ।

**Complement**- कॉम्'- प्लि- मॅन्ट्- *n.* that which completes, fullness. परिपूरक, सम्पूर्णता ; ( कॉम्-प्लि-मॅन्ट्' ) -*v. t.* to complete. पूर्ण करना ; **Complementary** ( -मॅन्ट्'-ऑर्-ई ) -*adj.* supplying a deficiency. पूर्ण करने वाला ।

**Complete**-कॉम्-प्लीट्'-*adj.* entire, finished. पूर्ण, समाप्त ; - *v. t.* to finish, to make whole, to accomplish. समाप्त करना, पूर्ण करना ; **Completely** ( -ली ) *adv.* entirely. पूर्ण रूप से ; **Completeness** ( -नॅस् ) -*n.* the state of being complete. सम्पूर्णता, समाप्ति ।

**Cempletion** – कॉम् -प्ली' - शॉन् – *n.* act of completing, fufilment, accomplishment. सिद्धि, समाप्ति, पूर्ण परिणाम ।

**Complex**-कॉम्'- प्लॅक्स- *adj.* consisting of parts, complicated, intricate. मिश्रित, संयुक्त, पेंचीला ।

**Complexion**-कॉम्'-प्लॅक्स्-यॉन्- *n.* natural colour, appearance of the face, character, temperament. रङ्गरूप, मुखराग, प्रकृति, स्वभाव ।

**Complexity**-कॉम्- प्लॅक्स्'- इट्- ई- *n.* intricacy, complication. मिश्रता, पेचीलापन ; **Complexly**-( -ली )- *adv.* in a complex manner. पेंचीलेपन से ।

**Compliance**-कॉम्-प्लाइ'-ॲन्स् - *n.* consent, submission. स्वीकृति, अनुरोध ।

**Compliant**-कॉम्'-प्लाइ-ॲन्ट्- *adj.* yielding, obliging. सरल प्रकृति का, संकोची ;

**Complicacy**-कॉम् - प्लिक्' - ॲस्-सी- *n.* quality or state of being complicated, a complicated structure. सङ्कीर्णता, पेंचीली बनावट'।

**Complicate**-कॉम्-प्लिक्'-एट्- *v. t.* to mix up, to make complex or intricate. उलझाना, फँसाना।

**Complicated**-कॉम्'- प्लिक्-एट्'-एड् - *adj.* intricate, complex. गहन, पेचीला।

**Complication**- कॉम्- प्लिक्' - ए-शॉन्- *n.* entangled condition. उलझन।

**Compliment**-कॉम्'- प्लि-मैन्ट्- *n.* polite expression of praise, praise, favour. अभिनन्दन के वचन ( नमस्कार ), प्रशंसा ; *v. t.* ( -मैन्ट्' ) to address with respect, to praise, to congratulate. नमस्कार करना, सराहना, बधाई देना ; **Complimentary** ( -मैन्ट्'-अीर्-ई ) *-adj.* expressive of praise. प्रशंसनीय।

**Comply**-कम्-प्लाइ'- *v. i.* ( *p. t.* Complid ) to consent, to act in accordance with. स्वीकार करना, अनुरोध करना, ( मानना )।

**Component**-कॉम्-पोन्'-एन्ट्-*adj*. forming part of a whole. साधक, अङ्गभूत ; **Component part** ( constituent part.) अङ्ग, भाग।

**Comport**-कॉम्-पोर्ट्'-*v. i.* & *t.* to conduct, to agree, to behave, to accord. व्यवहार करना, सहमत होना ; **To comport with** ( to suit. ) योग्य होना।

**Compose**-कॉम्-पोज़्'- *v. t.* to constitute, to construct in words, to set up types, to arrange, to tranquillize, to calm, to adjust. निर्माण करना ( बनाना ), रचना करना, टाइप बैठाना, शान्त करना, लिखना; **Composed**-( ड् ) calm. शान्त; **Composedly** (-ऍड्-ली ) *-adv.* in a composed manner. शान्त भाव से; **Composedness** ( -ऍड्-नैस् ) *-n.* capability of being comprehended. शांति; **Composer** ( -अर् ) *n.* one who composes, an author. टाइप बैठाने वाला, लेखक ; **Composing** (-इङ्ग)-*n.* the act of placing together. बैठाने की क्रिया; **Composing-stick** (a frame for setting types.) टाइप बैठाने का फ़र्मा।

**Composite**-कॉम्-पास्-इट्-*adj.* made up of various parts. पृथक् विभागों से निर्मित; **Composite carriage** ( a carriage with compartments of different classes. ) एक ही गाड़ी में लगे हुए भिन्न दरजे के रेल के डिब्बे; **Compositeness** ( -नैस् ) *-n.* the state of being composite. समष्टि, जुटाव।

**Composition**-कॉम्-पो-ज़िश्'-ऑन्- *n.* construction, literary production. बनावट, साहित्यिक रचना, लेख।

**Compost**-कॉम्'-पोस्ट्- *n.* a compound manure, a mixture. खाद, मिलावट।

**Composure**-कॉम्-पोज़्'-यर्- *n.* calmness, tranquillity. शान्ति।

**Compote**-कॉम्'-पोट्- *n.* fruit preserved in syrup. शर्बत में रक्षित फल।

**Compound**-कॉम्-पाउन्ड्' *-v. t.* & *i.* to mix, to combine, to settle, to come to terms. मिश्रित करना, मिलाना, सन्धि करना, सुलह कर लेना; *-n.* & *adj.* ( कॉम्'-पाउन्ड् ) a mixture, an enclosure, combined, collective. मिलावट, मिश्रत, समस्त; **Compound addition** ( calculation of quantities of different denominations. ) मिश्रजोड़; **Compound fracture** ( breakage of a bone causing wounds in flesh. ) हड्डी का ऐसा टूटना जब टूटी हड्डी की नोक दूसरा घाव कर देती है; **Compound interest** ( interest added to the principal and bearing interest. ) चक्रवृद्धि ब्याज; **Compound word** (two or more words joined together to form a single word. ) समस्त पद।

**Compoundable**-कॉम्-पाउण्ड्'-अीं-बल्-*adj*. capable of being compounded or settled. सुलह करने योग्य।

**Compounder**-कॉम् -पाउन्ड्'-अर् - *n.* one who compounds or mixes things. पदार्थों को मिलाने वाला, औषधि बनानेवाला।

**Comprehend**-कॉम् - प्रि-हैन्ड्' - *v. t.* to understand, to grasp mentally, to include. समझना, ग्रहण करना।

**Comprehensible**-कॉम् - प्रि - हैन्स्' - इ-बल्- *adj.* capable of being understood. ग्राह्य, समझने योग्य; **Comprehensibility** ( -बिल्-इट्-ई ) *-n.* the state of being comprehended. ग्राह्यता।

**Comprehension**-कॉम् - प्रि - हैन्'- शॉन्-*n.* faculty of understanding. ज्ञान, बुद्धि।

**Comprehensive**-कॉम्-प्रि - हैन्स्'- इव्-*adj*. of understanding, extensive. समझने योग्य, विस्तृत; **Comprehensively** ( -ली ) *adv.* in a comprehensive manner,

समक्ष से, विस्तृत रूप में।

**Compress**-कॉम्-प्रेस्' - *v. t.* to press together, to squeeze. संकुचन करना, निचोड़ना, दबाना;-*n.* ( -कॉम्'-प्रेस् ) a soft pad for compressing artery. खून बहना बन्द करने के लिये बाँधने की गद्दी; **Compressed** ( -ड् ) -*adj.* condensed into a small space. दबाया हुआ; **Compressible** ( -इ-बल् ) -*adj.* squeezable. दबाने योग्य; **Compression** (-प्रेश्'-आन्)-*n.* state of being compressed. दबाव; **Compressive** (-इव्) *adj.* having power to compress. दबाने योग्य; **Compressor** (-ऑर्) -*n.* that which compresses. दबाने वाला।

**Comprise** (-ze)-कॉम्-प्राइज़्' - *v. t.* to include, to contain, to sum up. सम्मिलित करना (व्याप्त करना), मिलाना।

**Compromise**-कॉम्'-प्रो-माइज़्- *n.* mutual settlement of differences, adjustment. आपस का निबटारा, समझौता; *v. t.*(-माइज़्') to settle dispute by mutual agreement. आपस में मिलकर झगड़ा तय करना;

**Comprovincial**-कॉम्-प्रो-विन्'-शॅल्-*adj.* of the same province. एकदेशीय।

**Compulsion**-कॉम्-पल्'-शॉन्- *n.* obligation, constraint. अनुरोध, दबाव।

**Compulsive**-कॉम्-पल्स्'-इव्- *adj.* tending to compel. दबाव डालने योग्य; **Compulsively** (-ली) *adv.* in a compulsive manner. दबाव से।

**Compulsorily**-कॉम्-पल्स्'-ऑर्-इ-ली-*adv.* in a compulsory or obligatory manner. अनुरोध से, बलात्, हठ से।

**Compulsory**-काम् - पल्स्'- ऑर् -ई - *adj.* enforced, compelling. बाध्य, आग्रह का।

**Compunction**-कॉम्-पङ्क्'-शॉन्-*n.* the pricking of conscience, regret. मनोव्यथा, पश्चात्ताप (खेद); **Compunctious** (-शस्)-*adj.* remorseful, repentant. अनुतापी, पश्चाताप का।

**Compurgation**-कॉम्-पर्-गे'-शॉन्-*n.* the clearing from a charge, vindication. किसी दोष से मुक्त होना।

**Computable**-कॉम्-प्यूट्'-ऑ-बल्-*adj.* that may be calculated or reckoned. गणना करने योग्य।

**Computation** - कॉम्-प्यु-टे' - शॉन् - *n.* estimate, reckoning. गणना, गिनती।

**Computative**-कॉम्-प्यु-टेट्'-इव्- *adj.* capable of being reckoned or numbered. गणना करने योग्य।

**Crag**-क्रैग्- *n.* a steep or rugged rock. करारा, दर्रा ; **Cragged** ( क्रैग् - गेड् ), **Craggy** ( - गी ) -*adjs.* rugged, rough. विषम, ऊँचा नीचा ; **Craggedness** (-गेड्-नेस् ), **Cragginess** (-गि-नेस् )-*ns.* ruggedness. ऊँचा नीचापन ।

**Cram** - क्रैम् - *v. t.* & *i.* ( *p. t.* Crammed. ) to fill overfull, to force, to get up by heart, to stuff. मुँह तक भरना, ठूँसना, कंठस्थ करना, ठूँसकर भोजन करना; -*n.* a crowd. भीड़ ; **Crammer** (-मर् )-*n.* one who crams. रटाने वाला ; **Cramming** (-मिङ्ग् )-*n.* a learning by heart. रटना, कण्ठस्थ करना ।

**Crambo**-क्रैम् -बो-*n.* a game of rhyming. तुकबन्दी का खेल ।

**Crammer**-क्रैम्'-मर्-*n.* see Cram.

**Cramp** - क्रैम्प्- *n.* a contraction of muscles from chill, strain, &c., a bent bar for fastening walls &c. सिकुड़न ( ऐंठन ), दीवार पुष्ट करने का लोहे का छड़; *adj.* contracted. सिकुड़ा हुआ ; -*v. t.* to affect with cramp, to confine. सिकोड़ना, बाँधना ; **Cramp-fish** (the electric ray. ) बिजली की किरण ।

**Crampon**-क्रैम्प्'-ऑन्- *n.* an iron plate which is used for walking on ice. बरफ़ पर चलने का खड़ाऊँ ।

**Crane**-क्रेन् - *n.* a large wading bird with long legs, a machine for lifting heavy weights. सारस, भारी बोझ उठाने का यन्त्र ;-*v. t.* to move with a crane. यन्त्रद्वारा भारी बोझ को हटाना ; **Water-crane** ( a tube for supplying water to locomotives. ) इंजिन में पानी देने की नली ।

**Cranium**-क्रे'-नि-अम्- *n.* ( *pl.* Crania. ) the bones of the head, the skull. खोपड़ी की हड्डियाँ, मस्तक ।

**Crank**-क्रैङ्क्-*n*. the part of an axle bent at right angles for converting reciprocal into circular motion, a fanciful speech, an eccentric idea. धुरे का मुड़ा हुआ भाग, वक्रोक्ति, झक; -*v. t.* to bend in the shape of a crank. इस आकार में मोड़ना ; -*adj.* weak, shaky. कमज़ोर, हिलनेवाला ; **Cranky** (-ई) -*adj.* slightly deranged. कुछ झक्की ।

**Crankle**-क्रैङ्'-कुल्- *v. t.* to twist, to bend. ऐंठना ; -*n.* a winding. ऐंठन ।

**Crannied**-क्रैन्'-नीड्-*adj.* full of chinks or fissures. दरारदार ।

**Cranny**-क्रैन्'-नी-*n.* a chink, a crevice, a fissure. छिद्र, रन्ध्र, दरार ।

**Crape**-क्रेप्-*n.* a gauze-like fine fabric (usually black) used for mourning dress. महीन काला कपड़ा जो मातम में प्रयोग होता है ; -*v. t.* to cover with crape. ऐसे वस्त्र की पट्टी बाँधना ।

**Crapuence**-क्रैप्-यू-लैंस्-*adj.* suffering or sickness caused by intemperance. नशे से उत्पन्न रोग ।

**Crapulent**-क्रैप्'-यू-लैन्ट् - *adj.* suffering or sick from intemperance. नशे के बाद की खुमारी से पीड़ित ।

**Crash**-क्रैश्-*v. i.* to make a loud noise, to move with a loud noise to fall to the earth. धड़ाका करना, धड़ाके से हिलना, पृथ्वी पर गिरना ; -*n.* a violent sound as of thunder. बिजली की तरह की गड़गड़ाहट ।

**Crashing** - क्रैश्' -इङ्ग् - *n.* a violent sound. शोरगुल ।

**Crass**-क्रास्-*adj.* thick gross, stupid. घना, मूर्ख अनाड़ी ; **Crassly** (-ली) *adv.* foolishly. मूर्खता से; **Crassness** (-नैस्)-*n.* the quality of being coarse. अनाड़ीपन; **Crassitude** ( इ-ट्यूड् ) *n.* gross stupidity. पूरा गँवारपन ।

**Cratch**-क्रैच् - *n.* a rack for feeding beasts, a manger. गवादनी, चरनी ।

**Crate**-क्रेट् - *n.* a large framework, a case or basket fo carrying glass, fruit &c. झाँप, ढाँचा, टोकरी ।

**Crater**-क्रे - टर् - *n* the mouth of a volcano, ज्वालामुखी पर्वत का मुख; **Crateiform** (-इ-फॉर्म्)-*adj* of the form of a crater. इस प्रकार की आकृति वाला ।

**Crave**-क्रेव्- *v. t.* to beg earnestly, to long for. याचना करना, माँगना ।

**Craven**-क्रे'व्-एन्-*adj.* cowardly, abject. भीरु, कातर; -*n.* a coward. डरपोक ; To cry craven ( to yield oneself. ) आत्मसमर्पण करना ; **Cravenly** ( -ली ) -*adv.* cowardly. कातरता से ।

**Craving**-क्रेव्'-इङ्ग्- *n.* an earnest desire, longing. उत्कण्ठा, लालसा ।

**Craw**-क्रॉ- *n.* the crop of insects or birds. पक्षियों या कीड़ों का पेट ।

**Crawl**-क्रॉल्- *v. i.* to move or walk slowly along the ground, to creep. भूमिपर धीरे धीरे चलना ( घिसकना ), रेंकना; **Crawler** ( -अर् ) -*n.* one who crawls a slowly-moving cab, a louse. घिसकनेवाला, धीरे धीरे चलनेवाली गाड़ी, जुवाँ; **Crawling** ( -इङ्ग् ) -*n.* slow motion सरकन, घिसकन ।

**Crayfish**-क्रे'-फ़िश्- *n.* a small lobster-like fish. केकड़े की आकृति की मछली ।

**Crayon**-क्रे'-ऑन्- *n.* a stick or pencil made of coloured chalk, used for drawing. रँगने की पेंसिल या खड़िया;-*v. t.* to sketch with crayons. रङ्गीन खड़िया से तसवीर बनाना ।

**Craze**-क्रेज़्- *v. t.* to render insane, to produce small cracks. पागल बनाना, छोटी फटन बनाना ; -*n.* insanity, fancy, mania. पागलपन, झक, सनक; **Crazed** ( -एँड् ) -*adj.* insane. सनकी, झक्की ; **Crazily** ( -इल्-ई ) -*adv.* in a crazy manner. पागलपन से; **Craziness** ( -इ-नेस् ) -*n.* crazy condition. पागलपन ; **Crazy** ( -ई ) -*adj.* unsound, insane, mad. जीर्ण ( जर्जर ), पागल, उन्मत्त ।

**Creak**-क्रीक्- *n.* a harsh grating sound. कर्कश शब्द, चरचराहट ; -*v. i.* to make a sharp grating sound. चरचर शब्द करना; **Creaky** ( -ई )-*adj.* having a creaking sound. चरचराहट शब्द वाला ।

**Cream**-क्रीम्- *n.* the oily part of milk which gathers on the top, the best part of anything. साढ़ी, मलाई, सार, ( तत्व ); *v. t.* to take cream from milk. दूध में से साढ़ी निकालना; **Cold-cream** ( a cooling unguent. ) शीतल विलेपन; **Cream-coloured** ( yellowish

white. ) पीलापन लिये सफ़ेद ; Cream-faced *-adj.* of a cowardly look. भीरु आकृति वाला ; Creamlaid *-adj.* of cream colour. मलाई के समान (चिकना); Cream - separator ( a machine for separating cream from milk. ) मक्खन निकालने की मशीन ( यन्त्र )

**Creamer**-क्रीम्'-अर्- *n.* a machine for separating cream from milk. मलाई अलगाने का यन्त्र ।

**Creamy**-क्रीम्'-ई- *adj.* full of or like cream. मलाई के समान ।

**Creamery** – क्रीम्' - अर्-ई- *n.* a butter-factory. मक्खन बनाने का कारखाना ।

**Crease** – क्रीस् – *n.* a fold, a wrinkle. सिकुड़न, तह का निशान, चुनन; *-v. t.* to make a crease. चुनना, सिकुड़न बनाना; Creasy ( -ई )*-adj.* marked by creases or wrinkles. सिकुड़नदार ।

**Create**-क्रि-एट्'- *v. t.* to bring into existence, to originate, to beget. निर्माण करना, उत्पन्न करना ।

**Creation** – क्रि-ए'-शन्- *n.* the act of creating, investing with a title, created things, a production of human intelligence. सृष्टि ( निर्माण ), उपाधि प्रदान, निर्माण की हुई वस्तु, भावना ।

**Creative**-क्रि-एट्'-इव्- *adj.* having power to create, that creates. उत्पादक; Creatively (-ली)*-adv.* by way of creation. उत्पादन से ; Creativeness (-नेस्)*-n.* the state of being creative. निर्माण ।

**Creator**-क्रि-एट्'ऑर्-*n.* ( *fem.* Creatress) the Supreme Being, God. उत्पादक, ब्रह्मा, विधाता ।

**Creature**-क्रीट्'-यूर्-*n.* an animate being, an animal, one who owes his fortune to another, a mere instrument, a puppet. प्राणधारी जीव, प्राणी, आश्रित ( उपजीवी), साधन; Creaturely (-ली)*-adj.* belonging to a creature. पशु संबन्धी ।

**Creche**-क्रैश्- *n.* a day-nursery for children when their parents are at work. दिन में बच्चों को संभालने का स्थान जब इनके माँ बाप काम में लगे हों ।

**Credence**-क्रीड्'-एन्स्- *n.* belief, credit, trust. विश्वास, प्रमाण; A letter of credence ( a letter of introduction. ) परिचय के लिये दिया हुआ पत्र ।

**Credent**-क्री'-डेन्ट्- *adj.* having credit. प्रतीत संबंधी ।

**Credential**-क्रि-डेन्'-शॅल्- *n.* ( *usu. pl.* ) letters of introduction. विश्वासपत्र, प्रमाणपत्र, परिचयपत्र ।

**Credible**-क्रेड्'-इ-ब्ल्- *adj.* worthy of belief, believable. विश्वसनीय, प्रामाणिक; Credibility ( -इब्-इल्-इट्-ई ), Credibleness ( -नेस् )*-ns.* the state of being credible. विश्वासपात्रता, प्रामाण्य; Credibly ( -इब्-ली ) *-adv.* in a manner deserving of belief. प्रमाण सहित, विश्वास पूर्वक ।

**Credit**-क्रेड् -इट्-*n.* belief, trust, good reputation, esteem, source of honour, confidence in a man's solvency. प्रतीति, विश्वास, प्रसिद्धि, कीर्ति, मान, धाक; *-v. t.* to believe, to carry to the credit side of an account. विश्वास करना, प्रमाणित करना, रक़म नाम लिखना; Creditable (-ऑब्ल्)*-adj.* worthy of honour. कीर्तियोग्य, सराहने योग्य ; Creditably (-ऑब्'-ली)*-adv.* in a creditable manner. गौरव के साथ ।

**Creditor**-क्रेड् -इट्-ऑर्- *n.* (*fem.* Creditrix) one to whom a debt is due. ऋणदाता, महाजन ।

**Credulity**-क्रेड्-युल्'-इट्-ई- *n.* (*pl.* Credulities) easiness of belief. श्रद्धालुता, सहज में विश्वास ।

**Credulous**-क्रेड्'-यु-लस्- *adj.* too ready to believe, unsuspecting. ( श्रद्धालु ), सहज में विश्वास करने योग्य; Credulously (-ली )*-adv.* in a credulous manner. श्रद्धापूर्वक; Creadulousness ( -नेस् )*-n.* a credulous temper of mind. विश्वासशीलता ।

**Creed**-क्रीड्-*n.* a religious belief, a set opinion on any subject. धर्म, स्वीकृत मत; Creedless ( -लेस् ) *-adj.* without creed or faith. मत रहित ।

**Creek**-क्रीक्- *n.* a small inlet on the sea-coast, a small harbour. खाड़ी, बन्दरगाह; Creeky ( -ई ) *-adj.* full of creeks, winding. घुमौवा ।

**Creel**-क्रील्-*n.* an angler's fishing basket. मछुवे की मछली रखने की टोकरी ।

**Creep**-क्रीप्-*v. i.* ( *p. t. & p.p.* Crept) to crawl, to move slowly, to grow along

ground. रेंगना, धीरे धीरे चलना, जड़ फेंकते हुए बढ़ना; **Creeper** (-अर्)-*n.* that which creeps, a plant that clings by rootlets. रेंगनेवाला, लता; **Creepingly** (-इङ्ग्-ली)-*adv.* by creeping. रेंगते हुए।

**Cremate**-क्रीमेट्'- *v. t.* to consume by fire. दाह करना, मुर्दा जलाना; **Cremation** (-मे'-शन्)-*n.* burning of the dead. दाहक्रिया; **Cremator** (-ए'-टार्)-*n.* one who cremates. दाह करनेवाला; **Crematorium** (-इ-अम्)-*n.* a place for cremating. श्मशान, मुर्दा जलाने का स्थान।

**Crenature**-क्रेन्'-ऑट्-ट्यूर्- *n.* a rounded tooth on the edge of a leaf. पत्ती का नोकीला गोल छोर।

**Crenel** (**Crenelle**)-क्रेन्'-एल्-*n.* an open space in a parapet for shooting. गोली मारने के लिये मुंडेरे में खुला स्थान; **Crenellate** (-एट्)-*v. t.* to furnish with loopholes. छिद्र बनाना।

**Creosote**-क्री'-ओ-सोट्-*n.* an oily colourless fluid which is distilled from wood-tar. लोबान।

**Crepe**-क्रेप्- *n.* a gauze-like fabric. बारीक कपड़ा, क्रेप (कपड़ा); **Crepe-rubber** (a durable rubber-sole for shoes.) जूते का रबड़ का मजबूत तला।

**Crept**-क्रेप्ट्- *p. t.* & *p. p.* of **Creep.**

**Crepuscular**-क्रे-पस्'- क्युलर् - ऑर्- *adj.* pertaining to twilight. सन्ध्या सम्बन्धी।

**Crescent**-क्रे'-सेन्ट् - *n.* the increasing moon, the Turkish power. अर्धचन्द्र, तुर्क राज्य;-*adj.* shaped like the new moon, increasing. अर्धचन्द्राकार, बढ़नेवाला.

**Cresset**-क्रेस्'-सेट् - *n.* light mounted on a pole, beacon. आकाश दीपक।

**Crest**-क्रेस्ट्-*n.* a tuft on animal's head, apex of helmet, mane, head of mountain. मुकुट (चोटी), कलँगी (तुर्रा), शिखा (जूड़ा), पहाड़ की चोटी; **Crest-fallen** (dejected, dispirited.) अभिमान टूटा हुआ, मन्द, उदासी; **Crest-jewel.** शिखामणि।

**Cretonne**-क्रेट्'-ओन्-*n.* a printed unglazed cloth. छींट, छापा हुआ सूती कपड़ा।

**Crevet**-क्रेव्'-एट्-*n.* a melting pot used by goldsmiths. सोना चांदी गलाने की सुनार की घरिया।

**Crevice**-क्रेव्'-इस्- *n.* a chink, a small fissure. छिद्र (सन्धि, बिल), दरार।

**Crew**-क्रू- *n.* a ship's company, set, gang, mob. मल्लाहों का जत्था, जत्था, संघ, जनसमूह, भीड़; (*p. t.* of **Crow.**)

**Crib**-क्रिब्- *n.* a receptacle for fodder, a hut, a small bed for children, situation. चरनी, झोपड़ी, पालना, स्थिति;-*v. t.* to confine in a small space, to pilfer. छोटे स्थान में बन्द करना, चोरी करना।

**Cribbage** - क्रिब्' - बेज् - *n.* a game of cards. ताश का एक प्रकार का खेल।

**Cribble**-क्रिब्'-बल्- *n.* a coarse sieve. मोटी चलनी।

**Crick**-क्रिक्-*n.* stiffness of neck and back. गर्दन और पीठ का कड़ा हो जाना।

**Cricket**-क्रिक्'-एट्- *n.* a jumping and chirping insect like a grasshopper, an open-air game played with ball, bat and wickets. झींगुर, गेंद का एक प्रसिद्ध खेल;-*v. i.* to play at cricket. क्रिकेट खेलना; **Cricketer** (-अर्)-*n.* one who plays cricket. क्रिकेट खेलने वाला।

**Cricoid**-क्रिक्'-ऑइड् - *adj.* of the form of a ring. वर्तुल, गोलाकार।

**Crier**-क्राइ'-अर्-*n.* one who cries, an officer for shouting out public announcements. पुकारनेवाला, चिल्लाने वाला, अदालतों में पुकारने वाला अर्दली।

**Crime**-क्राइम्-*n.* a punishable act, sin. अपराध, पाप (पातक); **Crimeless** (-लेस्) *adj.* innocent. निर्दोषी।

**Criminal**-क्रिम्'- इन् - ऑल् - *adj.* guilty of a crime, opposed to civil. अपराधी (दोषी, पापी), फ़ौजदारी; **Criminal law** (law of crimes.) दण्ड विधान; **Criminality** (-ऑल्-इट्-ई)-*n.* criminalness, guiltiness. अपराधिता, सदोषत्व; **Criminally** (-ली)-*adv.* wickedly. अपराध सहित, दोष सहित।

**Criminate**-क्रिम्'-इन्-एट्- *v. t.* to charge with a crime, to censure. अपराधी बनाना (दोषी करना), निन्दित करना; **Crimination** (-ए'-शन्)-*n.* a charge. अभियोग, दोषारोपण; **Criminative** (-टिव्) -*adj.* criminating. अपराधी।

**Criminology**-क्रिम्-इन्-ऑल्'-ओ-जी - *n.* the science of crimes. अपराध विज्ञान।

**Crimp**-क्रिम्प्- *n.* an agent who entraps men for soldiers सिपाहियों की भरती करनेवाला ;-*v. t.* to corrugate, to contract. तह बनाना ( सिकोड़ना ), मोड़ना ।

**Crimple**-क्रिम्-पुल् - *v. t.* to contract or shrink, to curl, to shrink. सिकोड़ना।

**Crimson**-क्रिम्'-ज़ान् - *adj.* of a deep red colour. लोहितवर्ण का, गहरे लाल रंग का ;-*v. i.* to turn crimson. लाल होना ।

**Crinal** - क्राइ'-नॉल् - *adj.* belonging to the hair. बालों का, केश सम्बन्धी ।

**Crinated**-क्रिन् -एट्-ऐड्-*adj.* hairy. रोयेंदार।

**Cringe**-क्रिन्ज् - *v. i.* to bow servilely. साष्टांग प्रणाम करना ; -*n.* fawning obeisance. ठकुरसोहाती, चापलूसी ।

**Cringing**-क्रिन्ज्'-इङ्-*adj.* servile.चापलूस।

**Crinite**-क्रिन्'-आइट्-*adj.* hairy. रोयेंदार।

**Crinkle**-क्रिङ्क्'-कुल्- *v. t.* to twist, to wrinkle. ऐंठना, झुर्री डालना ; -*n.* a winding or turn. वलि, झुर्री ; **Crinkly** (-क्ली)-*adj.* in wrinkles. झुर्रीदार ।

**Crinoid**-क्रिन्'-ऑएड् - *adj.* lily-shaped. कुमुदनी (कोई) के आकार का ।

**Cripple**-क्रिप्'-पुल्- *n.* a lame person. पंगु, लँगड़ा मनुष्य ; -*v. t.* to hobble, to walk lamely. लगड़ाकर या भचक कर चलना; *v. t.* to lame, to disable. लँगड़ा करना, अयोग्य करना ।

**Crisis**-क्राइ -सिस्- *n.* ( *pl.* **Crises**-क्राइ -सीज़ ) a turning point, a moment of danger or suspense. शुभाशुभ वेला, सन्देह समय, संकट ।

**Crisp**-क्रिस्प्- *adj.* fragile, brittle, brisk, curly. भंगुर, कुड़कीला, कुरकुरा, फुसफुसा, घुंघराला ; **Crispation** (-ए'-शान् )-*n.* a contraction. सिकुड़न; **Crisped** (-क्रिस्प्ड्) *adj.* frizzled. कुरकुरा ; **Crisply** ( -ली ) *adv.* in a crisp manner. कुड़कुड़ेपन से **Crispness** ( -नेस )-*n.* brittleness. कुरकुरापन ; **Crispy** (-ई)-*adj.* curly, brittle. झुर्रीदार, कुड़कीला।

**Criterion**-क्राइ-टिअर्'-इ-आन् - ( *pl.* **Criteria** - क्राइ-टिअर् -इ-आँ ) -*n.* principle, standard or canon. सिद्धान्त, प्रमाण ।

**Critic**-क्रिट् -इक् - *n.* one who pronounces judgment, a judge of literary or artistic works. गुणदोष निरूपक, समालोचना करनेवाला ( गुणग्राही ) ; **Critical** ( -अॅल् ) -*adj.* skilful, fault-finding, involving risk, belonging to criticism. चतुर, दोषदर्शी, दोषग्राही, शोचनीय, गुणदोष विवेचक ; **Critically** (-अॅल्-ली )-*adv.* सूक्ष्मरूप से ।

**Critcizable**-क्रिट्-इस्-साइज़्'-अॅ-बूल् - *adj.* capable of being criticized or censured. समालोचना करने योग्य ।

**Criticize**-क्रिट्'-इस्-साइज़्' - *v. t.* to discuss critically, to censure. समालोचना करना, दोष लगाना ; **Criticizer** ( -अर् ) *n.* a critic. समालोचक ।

**Criticism**-क्रिट् -इस्-इज़्म् - *n.* a critical judgment or observation. गुणदोष विवेचन, समालोचना ।

**Critique**-क्रिट्-ईक्'- *n.* a critical essay, art of criticism, a review. गुणदोष दिखलानेवाला लेख, समालोचना ।

**Croak**-क्रोक्-*n.* a deep hoarse sound of a frog or crow. कौवे या मेढक का रटना, टरटर शब्द;-*v.i.* to utter such a sound, to grumble. टरटर करना, गुर्राना: **Croaker** (-अर् ) -*n.* a prophet of evil. अशुभ वक्ता ; **Croaking** ( -इङ्ग् ) -*n.* grumbling. गुर्राने का शब्द ; **Croaky** (-ई)-*adj.* croaking. काकरव सम्बन्धी ।

**Croceate**-क्रो -शि-एट्, **Croceouos** (-अस् ) *adjs.* saffron-coloured. केसरिया रंग का ।

**Crochet**-क्रो -शॅ- *n.* a knitting work done with the help of a hooked needle. बीना हुआ जाली का काम ।

**Crock**-क्रॉक्- *n.* an earthen pot or jar. मिट्टी का बर्तन ; **Crockery** (-अर्-ई ) -*n.* earthenware. मिट्टी के बर्तन ।

**Crocodile** - क्रॉक् -ओ-डाइल्- *n.* a large amphibious reptile. मगर, नक्र, घड़ियाल ; **Crocodile tears** ( hypocritical or affected behaviour. ) झूठी रुलाई, मिथ्या विलाप ।

**Croesus**-क्री'-सस् - *n.* a wealthy or rich person. धनी, अमीर आदमी ।

**Croft**-क्रॉफ़्ट्- *n.* an enclosed piece of land, a kind of small holding. छोटा बगीचा, छोटी खेती ; **Crofter** ( -अर् )-*n.* one who forms a croft. थोड़ी सी ज़मीन जोतने बोने वाला ।

**Crone**-क्रोन्- *n.* a withered old woman, an old ewe. जर्जर बुड्ढी, बुड्ढी भेंड़ ।

**Crook**-क्रूक्- *n.* a hook, bend, curve, a

shepherd's hooked staff. झुकाव, घुमाव, कमान, गड़ेरिया की लग्घी; Crook-backed -*adj*. (hunch-backed.) कुबड़ा; By hook or by crook ( by fair means or foul.) सचाई या छल से ।

**Crooked**-क्रुक्'-ऍड्-*adj*. bent, not straight twisted, deformed. टेढ़ा, कुटिल, बदसूरत; Crookedly ( -ऍड् '- ली ) -*adv*. in a crooked manner. कुटिलता से, तिर्छेपन से; Crookedness ( -ऍड्'-नॅस् )-*n*. the state of being crooked. कुटिलता, वक्रता ।

**Croon**-क्रून्- *n*. a low undertone. मंद्दीन आवाज़; -*v.t*. to hum. भनभनाना ।

**Crop** - क्रॉप् - *n*. the gullet of birds, stock or handle of a whip, produce of cultivated plants, a season's total yield, style of wearing hair. पक्षियों का घेघा, चाबुक की मुठिया, कृषिफल, फ़सल, बालों के रखने का ढग; -*v.t*. & *i*. to cut off, to gather, to reap, to mow, to cut short, to bear crop, to turn up unexpectedly. फसल इकट्ठा करना, लवना, छोटा करना, एकाएक प्रत्यक्ष होना; To crop out, To crop forth ( to come out at the surface. ) प्रत्यक्ष होना, सतह पर आ जाना ( उभड़ आना ); Cropful ( -फुल )-*adj*. fully satisfied. अति तृप्त ।

**Croquet**-क्रो -के -*n*. an out-door game played with wooden balls and mallets. लकड़ी के गेंद और हथौड़ी से खेला जानेवाला एक प्रकार का खेल ।

**Croquette** - क्रो-कॅट्'- *n*. a fried ball of rice, potato, meat &c. भात, पकाये हुए आलू, मांस इत्यादि का बना हुआ लड्डू ।

**Crore**-क्रोर् - *n*. one hundred lakhs or ten millions. एक करोड़ की संख्या ।

**Crosier** (**Crozier**)- क्रो -यर्- *n*. a bishop's or abbot's pastoral staff. पादड़ी की देहाती ( ग्रामीण ) छड़ी ।

**Cross**-क्रॉस्- *n*. an upright stake with a transverse bar, the cross on which Christ was crucified, the Christian religion, affliction, intermixture. आड़ी खड़ी रेखा, ठिकठी जिसपर ईसूमसी फाँसी लटकाये गये थे, ईसाई धर्म, कष्ट, भिन्न जाति से उत्पत्ति; -*adj*. transverse, interchanged, opposite, peevish. विपरीत, पलटा हुआ, उलटा; चिड़चिड़ा; -*v. t*. to cancel, to move from side to side. काटना, एक ओर से दूसरी ओर हटाना; Victoria Cross ( the highest British military or naval award for bravery.) एक प्रकार का सबसे बड़े महत्व का पदक जो वीरता के लिये दिया जाता है. Cross-breed ( a breed produced from the male and female of different breeds.) दो भिन्न जाति के नर मादा से उत्पन्न प्राणी; Crosscut-*v. t*. to cut across. एक छोर से दूसरे छोर तक काटना; Crossed *adj*. cancelled, thwarted. काटा हुआ, विह्वल; Cross-examination ( a close and rigid examination of a witness by the opposing counsel.) जिरह; Cross-examine. -*v. t*. जिरह करना; Cross-grained -*adj*. with the grain or fibres across. विरुद्ध ओर के (रेशे के) दाने वाला; Cross-heading ( the heading of a newspaper column. ) समाचारपत्र का सिरनामा; Crossing-*n*. ( intersection of two roads. ) दो सड़कों या लाइनों की जोड़; Cross-legged -*adj*.( with one leg resting on another.) पैर के ऊपर पैर रक्खे हुए; Crossness (-नॅस्)-*n*. (state of being cross in temper. ) हठ, चिड़चिड़ापन; Crosspatch -*n*.(a disagreeable person.) फूहर मनुष्य; Cross-purpose-*n*. (contradiction. ) विपर्यय; Cross-question-*n*. ( cross examination. ) जिरह के सवाल; Cross-reference, -*n*. ( reference from one subject to another.) एक सन्दर्भ से दूसरे का मिलान; Cross-section-*n*. ( a cutting through anything at right angles to its length. ) किसी पदार्थ का लम्बे बल समकोण में कटाव; Crossway (a byway, a cross-road ) पगडण्डी; Crosswise-*adv*. in the form of a cross. बेंड़ेबल; Crossword -*n*. ( a puzzle in which words written vertically and horizontally on chequered paper have to fit each other. ) कोष्ट में लिखे खड़े बल और बेंड़ेबल के अपूर्ण शब्दों को पूर्ण करने की पहेली, शब्द पहेली ।

**Crotchet**-क्रॉच् -ऍट्-*n*. a musical note. half of a minim, a whimsical fancy. सङ्गीतविद्या का चिह्न, झक; Crotchety (-ई)-*adj*. whimsical. झक्की ।

**Croton**-क्रो -टोन् - *n*. a genus of plants. एक प्रकार का पौधा, करोटन ।

**Crouch** - क्राउच् - *v. i*. to stoop, to

bend timidly, to cringe, to fawn. झुकना, नम्रता पूर्वक [illegible] पड़ना, विनय करना, चापलूसी करना।

**Croup** ( **Croupe** )-क्रूप्- *n.* the rump, the hind quarters of a horse, an inflammatory disease of throat. पुट्ठा, घोड़े का चूतड़, गले का एक रोग।

**Crow**-क्रो-*n.* a large black bird, the crowing of the cock. कौवा, मुर्गे का शब्द ; -*v. i.* to utter a shrill cry as a cock, to exult loudly. मुर्गे का शब्द करना, आनन्द का शब्द करना ; **As the crow flies** (in a straight line.) सीधिसीध, सीधी लकीर में ; **Crow-bar** ( a large bar of iron bent at one end used as a lever. ) लोहे का डंडा, रंभा ; **Crow's nest** ( a lookout station on a mast. ) मस्तूल के ऊपर लगा हुआ पिंजड़ा जिसपर बैठ कर दूर देखा जाता है **To have a crow to pluck** ( to find fault with. ) दोष निकालना।

**Crowd** – क्राउड् – *n.* a throng, a dense multitude, a company, a large number. समूह, गण, संघ, भीड़भाड़ ; -*v. t.* to collect in a crowd, to occupy, to cram, to compress. संकुलित होना, भीड़ लगाना, जमा होना दबाना ; **Crowded** (- ऍड् )-*adj.* thronged. भीड़भाड़ का।

**Crown** – क्राउन् – *n.* a monarch's head-covering, regal power, dignity, a crown-shaped ornament, top of head, skull, five shillings, part of tooth projecting from gum. मुकुट, राज्यपद, मुकुट के समान आभूषण, शिखर, मस्तक, ५ शिलिङ्ग का सिक्का, दाँत का ऊपरी भाग ; *v.t.* to place a crown on the head, to invest with regal dignity, to reward. मुकुट पहिराना, राज्याभिषेक करना, पारितोषिक देना ; **Crown-paper.** २० इञ्च लम्बा १५ इञ्च चौड़ा कागज ; **Crown-prince** (the prince who succeeds to the throne. ) युवराज ; **To crown all** (to bring to a happy end.) शुभ परिणाम होना ; **The efforts were crowned with success.** सब प्रयत्न फलीभूत ( सफल ) हुए।

**Crow-quill**-क्रो'-क्विल् – *n.* a fine steel pen used in sketching. महीन निब।

**Croydon** – क्रॉय्' - डॉन् – *n.* a two-wheeled carriage like a gig. एक प्रकार की दोपहिया गाड़ी।

**Crucial**-क्रू'-शॅल् – *adj.* searching, critical. छानबीन करने वाला, प्रामाणिक।

**Crucible** – क्रूस्'-इ-बूल् – *n.* a melting pot. धातु गलाने की घरिया।

**Cruciferous** – क्रू - सिफ्'-ऍ-रस् - *adj.* adorned with a cross. क्रॉस् से आभूषित।

**Crucifix** – क्रूस्'-इफ्-इक्स् – *n.* image of Christ on the cross. क्रॉस् पर ईसुमसी की मूर्ति।

**Cruciform**–क्रूस्'-इ-फ़ार्म्- *adj.* of the form of a cross. क्रॉस् के आकार का।

**Crucify** – क्रूस्'-इ-फ़ाइ – *v. t.* ( *p. t.* **Crucified** ) to put to death by fastening to a cross, to mortify. शूली पर चढ़ाना, इन्द्रियों को वश में करना।

**Crude**–क्रूड्-*adj.* in a raw state, unripe, not matured, rude, unpolished. अपक्व, कच्चा, अप्रौढ़, रूक्ष, असभ्य ; **Crudely** (-ली) -*adv.* in a crude manner. रूक्षता से ; **Crudeness** (-नॅस्), **Crudity** (-इट्-ई) *ns.* the state of being crude. रूक्षता, अधूरापन।

**Cruel** – क्रू'-ऍल् – *adj.* painful, distressing, hard-hearted, savage. क्रूर (निर्दयी) निष्ठुर ( कठोर ), दयाहीन; **Cruelty** (-टी) *n.* inhumanity. क्रूरता, निष्ठुरता, कठोरता; **Cruelly** (-ली) *adv.* in a cruel manner. कठोरता से, निर्दयता से।

**Cruet** – क्रू' - ऍट्- *n.* a small glass-bottle for vinegar, oil &c. सिरका, तेल इत्यादि रखने की ढकनेदार शीशी।

**Cruise**–क्रूज़्- *v. i.* to sail to and fro making no particular port. समुद्र में इधर उधर यात्रा करना ; -*n.* a cruising voyage. समुद्री यात्रा; **Cruiser** ( -क्रूज़्'-अर् )-*n.* a warship which is adapted for cruising. शत्रु की खोज में या जहाजों की रक्षा के लिये घूमने वाला जङ्गी जहाज।

**Crumb**-क्रम्- *n.* a small fragment of bread, inner part of bread, atom, particle. रोटी का छोटा टुकड़ा, रोटी का कोमल भाग, अंश, खंड ; -*v. t.* to cover with crumb. रोटी के गुद्देसे ढाँकना।

**Crumble**-क्रम्'-बूल्- *v. t.* & *i.* to break to fall into fragments. तोड़ना ( चूर्ण करना ), टुकड़े टुकड़े होना; **Crumbly** (-ब्ली) *adj.* apt to crumble. लुड़कने लायक़।

**Crump**-क्रम्प्'-*adj.* crooked. ऐंठा, टेढ़ा।

**Crumpet**-क्रम्प्'-एट्- *n.* a soft spongy cake of flour. रोटी, लिट्टी, बाटी।

**Crumple**-क्रम्प्'-पल्- *v. t.* & *i.* to crush together, to become creased, to shrink. पीसना, सिकुड़ना।

**Crunch**-क्रन्च्- *v. t.* to crush noisily with teeth. शब्द करते हुए चबाना।

**Crupper**-क्रप्'-पर्-*n.* the strap of leather passing under a horse's tail. घोड़े के साजकी दुमची।

**Crusade**-क्रू-सेड्'-*n.* Christian expedition to recover Holy Land. ईसाइयों का धर्मयुद्ध; -*v. i.* to engage in crusade. धर्मयुद्ध में लगना; **Crusader** (-अर्)-*n.* one engaged in a crusade. धर्मयुद्ध में सहायता देने वाला।

**Cruse**-क्रूज़्- *n.* an earthenware pot or bottle. मिट्टी का बर्तन।

**Crush**-क्रश्- *v. i.* to compress with violence, to crumple, to subdue, to overwhelm. कुचलना, चूर्ण करना, दबाना, आधीन करना;-*n.* a crowded mass. भीड़-भाड़,; **Crushed** (-क्रश्ड्)-*adj.* crumpled. कुचला हुआ; **To crush out** (to extinguish.) मिटाना, बुझाना।

**Crust**-क्रस्ट्- *n.* a hard outer covering. बाहरी कड़ा हिस्सा, छिलका या परत; -*v. t.* to cover with crust. छिलके से ढाँकना, पपड़ी पड़ना; **Crustaceous** (क्रस्-टे-शि-अस्) -*adj.* crust-like. छिलकेदार; **Crusted** (-एड्)-*adj.* having a crust. छिलकेदार; **Crustily** (-इ-ली)-*adv.* in a crusty manner. रूक्षता से; **Crustiness** (-ई-नेस्)-*n.* quality of being crusty. रूखापन; **Crusty** (-ई) -*adj.* hard, irritable. कड़ा, निष्ठुर, चिड़चिड़ा।

**Crutch**-क्रच्- *n.* the staff with a cross-piece on the head used by lame persons. लंगड़े मनुष्य के सहारे की लकड़ी, बैसाखी; **Crutched** (-ड्)-*adj.* supported with crutches. बैसाखी लगाये।

**Crux**-क्रक्स्- *n.* a difficult matter, a puzzle. कठिन विषय, पहेली।

**Cry**-क्राइ- *n.* (*pl.* Cries) a loud utterance of pain or grief, appeal, entreaty, rumour, weeping, a pack of dogs. चिल्लाहट, विलाप, रुलाई, प्रार्थना, चर्चा, कुत्तों का समुदाय;-*v. t.* (*p.t.*Cried) to utter loudly, to weep, to proclaim. चिल्लाना, रोना, ढिंढोरा पीटना; **At a far cry** (at a distance.) बहुत दूर, **Cry-baby** (crying like a baby.) बच्चों की तरह चिल्लाने वाली; **Much cry and little wool** (aimless disturbance.) वृथा का उपद्रव या चिल्लाहट; **To cry down** (to censure.) निन्दा करना; **To cry halves** (to demand one's share.) हिस्सा माँगना; **To cry over spilt milk** (to regret for nothing.) वृथा पश्चात्ताप करना; **To cry up** (to praise.) प्रशंसा करना; **To cry shame upon** (to oppose.) विरुद्ध कहना।

**Crying**-क्राइ'-इङ्ग्- *adj.* & *n.* notorious, clamorous, an outcry. दुष्ट, चिल्लाहट।

**Cryogen**-क्राइ'-ओ-जेन्- *n.* a freezing mixture. बरफ जमाने का एक प्रकार का घोल।

**Crypt**-क्रिप्ट्- *n.* an underground cell. गुफा, तहखाना, सुरङ्ग; **Cryptic** (-इक्) *adj.* secret, hidden. गुप्त।

**Cryptogram, Cryptograph** - क्रिप्'-टो-ग्रैम् (-ग्रैफ्), *ns.* a thing written in cipher. सांकेतिक भाषा में लिखा हुआ लेख।

**Cryptography**-क्रिप्ट्-ऑग्'-रॅफ्-ई- *n.* the art of writing in secret characters. गुप्त (सांकेतिक) लेखन की विद्या।

**Crystal**-क्रिस्'-टॅल्-*n.*&*adj.* a clear transparent mineral, consisting of or like a crystal. स्फटिक, बिल्लौर, बिल्लौर का बना हुआ अथवा इसके सदृश कोई पदार्थ; **Crystal glass** (clear transparent glass.) स्वच्छ बिना रङ्ग का काँच; **Crystal-set** (an apparatus in radiography.) बिना तार का समाचार, गायन इत्यादि सुनने का सामान्य यन्त्र।

**Crystalline** – क्रिस्'-टॅल्-लिन्- *adj.* clear like crystal. बिल्लौर के समान स्वच्छ।

**Crystallizable**-क्रिस्-टॅल्-लाइज़्'-ॲब्ल्-*adj.* that may be formed into crystals. दाने (रवे) बनाने लायक; **Crystallization** (-ए'-शॉन्)-*n.* the act of solidifying. ठोस करना, घना करना; **Crystallize** (-लाइज़्)-*v. i.* to reduce to the form of a crystal. रवा बनाना, दाने जमाना।

**Cub**-कब्- *n.* the young of a fox, bear or other wild animal. लोमड़ी भालू या शेर तथा अन्य जंगली पशुओं का बच्चा; -*v.*

*t.* (*p. t.* Cubbed) to bring forth cubs. बच्चा जनना; Cubbing (-बिङ्ग्) *n.* cub-hunting. जंगली पशुओं के बच्चों का शिकार; Cubbish (-बिश्) *adj.* ill-mannered. कुचाली।

**Cube**-क्यूब्- *n.* a solid body having six square faces, the product of a number multiplied by its square, घन, त्रिघात; -*v. t.* to find the cube of a number. त्रिघात करना; Cubage (क्यूब् -एज्)-*n.* the cubical contents of anything. घनफल; Cube root. घनमूल।

**Cubeb**-क्यू'-बेब् - *n.* a pungent shrub used in medicine. कबाबचीनी।

**Cubic** (Cubical) -क्यूब्'-इक् ('-ईकल्)- *adjs.* cube-shaped, of three dimensions, solid. घनाकार, त्रिघातीय, ठोस; Cubically (-ईकल्-ली) -*adv.* in the form of a cube. घन रूप में।

**Cubicle**-क्यू'-बिक्-कल्-*n.* a small sleeping compartment, a bed-room. छोटा शयनगृह

**Cubiform**-क्यूब्'-इ-फ़ार्म्-*adj.* of the form of a cube. घनाकर।

**Cubit**-क्यू -बिट्- *n.* a measure of length 18 to 22 inches. हाथ भर, आध गज का नाप; Cubital (-आल् )-*adj.* pertaining to cubit. हाथ भर का।

**Cuckold**-कक्'-ओल्ड्- *n.* the husband of an unfaithful wife. व्यभिचारिणी स्त्री का पति; Cuckoldom (-अम् )-*n.* the act of adultery. व्यभिचार।

**Cuckoo**-कक्'-उ- *n.* a migratory bird, a simpleton. कोकिला (कोयल), मर्ख; Cuckoo-clock -*n.* a clock in which instead of ringing of bells the hours are registered by the appearance of a cuckoo which calls its note and shows the hours. घड़ी जो घण्टे घण्टे पर कोयल की तरह शब्द करती है।

**Cucullate** -क्यू'-कुल-लेट्- *adj.* of the form of a hood. फन के आकार का।

**Cucumber**-क्यू-कम्'-बर्- *n.* a creeping plant with large oblong sweet fruits. खीरा, ककड़ी।

**Cucurbit**-क्यू-कर्'-बिट्-*n.* the gourd. फूट।

**Cud**-कड्-*n.* the food which a ruminating animal brings back from first stomach into the mouth and chew at leisure. पागुर, जुगाली; To chew the cud (to ruminate, to reflect.) पागुर करना, विचार करना।

**Cuddle**-कड्'-इल्-*v. t.* & *i.* to embrace, to fondle, to nestle together, to lie close. आलिङ्गन करना, लाड़ करना, प्रेम से दबाना, एक होना, सट कर सोना।

**Cuddy**-क'ड्'-डी- *n.* a cabin on a boat, a donkey, a fool, an ass. नाव की कोठरी, खच्चर (गदहा), मूर्ख मनुष्य।

**Cudgel'**- कड् - जैल् - *n.* a short thick stick, a club. गदका, डण्डा, सोंटा;-*v. t.* to beat with a cudgel. डण्डे से मारना; Cudgel-play (playing with a cudgel.) गदायुद्ध; To cudgel one's brains for (to try to recollect.) याद करना; स्मरण करने का प्रयत्न करना; To tak up the cudgels (to engage in contest.) झगड़ा Cudgeller (-अर्)-*n.* on who fights with a cudgel. डण्डेबाज।

**Cue**-क्यू- *n.* the last word of a speec in a play, serving as a hint, a guide a leather-tipped rod used in billiard नाटक में किसी पात्र की उक्ति का अन्तिम शब्द, संकेत का शब्द, सूचना, अन्टे के खेल का डण्डा।

**Cuff** - कफ्- *n.* the bottom part of a sleeve. अस्तीन का अगला भाग;-*v. t.* & *i.* to strike with fist or hand, to scuffle, मुक्की मारना, लड़ना, झगड़ना।

**Cuirass** - क्वृ' - रैस्- *n.* the breast-plate of leather or iron.

**Cuisine**-क्वे-ज़ीन् - *n.* style of cooking, cookery. पकाने की विधि।

**Culinary**-क्यु -लिन्'-अरी- *adj.* pertaining to cooking or kitchen. पकाने के संबंध का, पाकशाला सम्बन्धी।

**Cull**-कल्-*v. t.* to pick out, to select. तोड़ना, चुनना (एकत्र करना)।

**Cullet** - कल्'-लेट्- *n.* refuse glass for remelting. दुबारा गलाने के लिये काँच के टुकड़े।

**Culm**-कल्म्- *n.* the stalk or stem of a plant or grass. घास या पौधे का तना।

**Culminant** - कल्'-मिन्-ऑन्ट्-*adj.* forming the top. चोटी का, शिखर का।

**Culminate**-कल्'-मिन्-एट्- *v.* .. to reach

the highest point. उच्च स्थान पर पहुँचना, परम कोटि को प्राप्त करना; Culmination ( - ए'-शान् ) -n. the highest point. पराकोटि, शिखर।

Culpable-कल् -पी-बल्-adj. faulty, criminal, censurable. दोषी, दण्डयोग्य; Culpability ( - बिल् -इट्-ई )-n. liability to blame, guilt. दोष, अपराध; Culpableness ( - नेस् )-n. guilt. सदोषता; Culpably (-ब्ली)-adv. in a culpable manner. अपराध से।

Culprit - कल्' - प्रिट्- n. an offender, a criminal, a prisoner. अपराधी, क़ैदी।

Cult-कल्ट्-n. a system of religious belief or worship. धर्म सम्प्रदाय।

Cultivate-कल्'-टिव्-एट् - v. t. to till, to raise by tillage, to study, to improve or develop, to cherish. खेत जोतना, अभ्यास करना, उन्नति करना, सुधारना; Cultivation ( - ए'-शान् )-n. the act of cultivating. कृषिकर्म, वृद्धि, उन्नति; Cultivator ( - ए' - टार् ) -n. one who cultivates. किसान, खेतिहर।

Cultrate-कल्'-ट्रेट्-adj. shaped like the edge of a knife. छुरी की धार के सदृश।

Culture - कल्'-ट्यूर् - n. tillage, production, improvement, development. जोताई, उत्पत्ति, उत्कर्ष; -v.t. to improve, to cultivate. उन्नति करना, उत्पन्न करना; Culture of mind ( mental training. ) मस्तिष्क की उन्नति, ज्ञानोन्नति।

Culver - कल्' - वर्- n. a wood-pigeon, a pigeon. जंगली कबूतर, कबूतर।

Culverin-कल्'-वर्-इन्- n. a large cannon of great strength. बड़ी तोप।

Culvert-कल्'-वर्ट्- n. an arched channel carrying water under or over a road. सड़क के नीचे से या ऊपर से पानी ले जाने की मेहराबदार नाली।

Cumber - कम्ब्'-अर्-v. t. to hinder, to hamper, to burden. विघ्न डालना,रोकना, लादना; Cumbersome ( -सम् ) -adj. clumsy, unwieldy. भद्दा, भारी।

Cumbrous-कम्ब्'-रस्-adj. cumbersome. कष्टकारक, भारी; Cumbrously (-ली) adv. in a cumbrous manner. फूहड़पन से; Cumbrousness (-नेस् )-n. the state of being cumbrous. भारीपन।

Cumin ( Cummin ) क्युम्'-इन्- n. an aromatic seed. जीरा।

Cumulate-क्यू'-म्यू-लेट्- adj. heaped up, amassed. ढेर किया हुआ, लादा हुआ; v. t. to accumulate, to heap together. इकट्ठा करना, सञ्चित करना; Cumulative ( - इव् )-adj. accumulative, increased by additions. इकट्ठा होने वाली, जोड़ने वाली; Cumulatively (-ली )-adv. in a cumulative manner. एकत्रित करने की रीति से।

Cumulus-क्यु'-म्यु-लस्- n. ( pl. Cumuli -ली ) a heap. ढेर, गट्ठा।

Cuneal-क्यू नें'-ऑल् adj. of the shape of a wedge. फन्नी के आकार का।

Cuneate-क्यू'-नि-एट्-adj. wedge-shaped. फन्नी के आकार का; also Cuneiform क्यू'-नी'-फ़ॉर्म्।

Cunning-कन् -निङ्ग्-n. skill, art, ability, dexterity. चातुरी, निपुणता, छल, कपट;-adj. artful, skilful, crafty. धूर्त, कपटी, चतुर।

Cup-कप्- n. a drinking vessel, rounded cavity of anything, portion, experience, fate. प्याला ( कटोरा ), पोला भाग, अंश, अनुभव, भाग्य; A bitter cup ( state of misery. ) विपत्ति की अवस्था; Cup-bearer-n. (one who serves wine.) मदिरा पिलाने वाला; Cupful (-फुल् )-n. the full contents of a cup. पूरा भरा हुआ प्याला; In one's cups ( drunk, intoxicated. ) शराब पिये हुए, मतवाला।

Cupboard-कब्'-बर्ड्- n. a closet with shelves. आलमारी, टाँड़, घिरौंची।

Cupel-क्यू'-पेल्- n. a circular dish used by goldsmiths in assaying gold. सोना छानने का प्याला।

Cupid-क्यू'-पिड्-. n. the Roman God of Love. मदन, कामदेव, मनमथ।

Cupidity - क्यू-पिड्' -इट्-ई- n. greed of gain. लाभ की लालसा, अति लोभ।

Cupola-क्यू'-पो-ला- n. a rounded vault over a roof, a dome. गुम्बज; Cupola-furnace. लोहा गलाने की भट्ठी।

Cupreous-क्यू'-प्रे-अस्- (Cupric-क्यू'-प्रिक्) adjs. pertaining to copper, containing copper. ताँबे का, ताँबे से पूर्ण।

Cur-कर् -n. a worthless dog, an ill-bred or cowardly fellow. लेंडी कुत्ता, नीच या भीरु मनुष्य; Currish ( -इश् )

*adj*. like a cur. लेंडी कुत्ते के समान।

**Curable**–क्यूर्'-ओं-बुल्-*adj*. see Cure.

**Curacy**–क्यूर्'-ओं-सी- *n*. the office of a curate. पादड़ी का पद।

**Curate**–क्यूर्'-एट्- *n*. an assistant to a parish priest in English Church. पादड़ी का सहायक, पुरोहित का प्रतिनिधि।

**Curative**–क्यूर्'-ओंट्-इव्- *adj*. tending to cure, curing. साध्य, आरोग्य होने योग्य।

**Curator**–क्यू-रे'-टॉर्- *n*. the manager of a museum, the member superintending a university. अजायबघर का अध्यक्ष, विश्वविद्यालय का प्रबन्धकर्त्ता।

**Curb**–कर्ब्- *n*. a chain or strap passing under the lower jaw of a horse, check, restraint. दहाने की जंजीर, अवरोध, रुकावट; Curb-roof (a roof having two slopes.) ढालुवाँ छत।

**Curcuma**–कुर्'-क्यु-मॉ- *n*. turmeric. हल्दी

**Curd**–कड्र्- *n*. milk thickened or coagulated. दही, खोवा।

**Curdle**–कड्र्-ड्ल्- *v. t*. to form into curd. दही जमाना, थक्का बनाना।

**Cure**–क्यूर्- *n*. the act of healing, that which heals, a remedy. चिकित्सा, औषधि; *v. t*. to restore to health, to heal, to preserve. आरोग्य करना, सुरक्षित करना; Curable (-ओं-बुल्) -*adj*. that may be remedied. आरोग्य करने योग्य; Cureless (-लेस्)-*adj*. without cure, incurable. असाध्य (रोग)।

**Curette**–क्यू-रेट्'- *n*. a scoop-like surgeon's scraping instrument. जर्राह का खुरचने का शस्त्र।

**Curfew**–कर्'-फ्यू - *n*. the ringing of a bell at fixed evening hours after which inhabitants are not allowed to stir abroad. सन्ध्या का घंटा बजाना जिसके बाद पुरनिवासियों का घर के बाहर निकलना दण्डय होता है; Curfew order. सूर्यास्त के बाद घर के बाहर न निकलने की सरकारी आज्ञा।

**Curio**–क्यू-रि'-ओ- (*p*. Curios-ओज़्)-*n*. a curious object of art, a rare object. कला की विलक्षण वस्तु।

**Curiosity**– क्यू-रि-ऑस्'- सिट्-ई- *n*. (*pl*. Curiosities) strangeness, rarity, inquisitiveness. कौतूहल, अनोखापन, विलक्षणता

**Curioso**– क्यू'-रें-ओं'- ज़ो - *n*. a curious person. विलक्षण मनुष्य।

**Curious**– क्यू'-रि - अस् - *adj*. singular, strange, surprising, odd, eager to learn. अनोखा, विचित्र, विलक्षण, अद्भुत, जानने की इच्छा करने वाला, (जिज्ञासु); Curiously (-ली)-*adv*. in a curious manner. विलक्षणता से; Curiousness (-नेस्)-*n*. the quality of being curious. विलक्षणता, विचित्रता।

**Curl**–कर्ल्-*n*. a spiral lock of hair, act of curling. घुँघुरुआ बाल, ऐंठन; - *v. t*. &·*i*. to bend or coil. ऐंठना, घुँघुराला बनाना; Curliness (-इ-नेस्)-*n*. state of being curly. ऐंठन; Curling-irons (an appliance for curling hairs.) बाल घुँघुराला करने की सँड़सी; Curly (-ई) *adj* tending to curl. घुँघुरुआ।

**Curmudgeon**– कर्-मड्'-जॉन्- *n*. a miserly fellow, an avaricious person. कृपण, कंजूस आदमी,।

**Currant**–कर्'-रॅन्ट्- *n*. dried fruit of grape. सूखा अंगूर, दाख, मुनक्का।

**Currency**- कर्-रॅन्'-सी- *n*. circulation, current money, prevalence. प्रचार, प्रचलित सिक्का, बाजार भाव।

**Current**–कर्'-रॅन्ट्- *adj*. in general use, now passing, common, present. प्रचलित (सर्वसम्मत), वर्तमान, सामान्य; -*n*. a running stream, course, tendency, electric force running through a body. स्रोत (प्रवाह), धारा, प्रकृति, विद्युत-शक्ति का प्रवाह; Current account -*n*. चलता खाता।

**Curricle**–कर्-रिक्'-कुल्- *n*. a light two-wheeled carriage. टमटम।

**Curriculum**– कर्-रिक्'-यु - लम्- *n*. (*pl*. Curricula-ला) a course of study. पाठ्य पुस्तकों की सूची।

**Currier**–कर्'-रि-अर्- *n*. one who dresses and colours leather. चर्मकार, चमड़ा कमाने वाला मोची।

**Curry**– कर्'-री'- *n*. a dish of meat cooked and seasoned with spices. कढ़ी, शोरवा; -*v. t*. (*p. t*. Curried.) to prepare such a dish, to dress leather. कढ़ी बनाना, चमड़ा कमाना।

**Currycomb**–कर्'-रि-कोम्- *n*. an iron

instrument for rubbing a horse's body. घोड़े को मलने का खरहरा।

**Curse**-कर्स्- *n.* an utterrance of destruction, divine vengeance. शाप (कोस), आधि;-*v. t.* & *i.* to utter curse upon, to excommunicate, to blaspheme. शाप देना, जाति बाहर निकालना, निन्दा करना; **A curse to the family.** कुलाङ्गार; **Cursed** (-ऍड् )-*adj.* damnable, detestable. शाप दिया हुआ, अभागा, विपद्ग्रस्त।

**Cursive**-कर्'-सिव्- *adj.* written with a running or flowing hand. तेजी से लिखा हुआ, घसीट लिखा हुआ।

**Cursory**-कर्'-सॉर्-ई-*adj.* hasty, hurried, careless. शीघ्रता का, जल्दी से लिखा हुआ (घसीट), लापरवाह; (चलता), अधूरा, **Cursorily** (-इल्-ली) -*adv.* in a cursory manner. स्थूल दृष्टि से।

**Curt**-कर्ट्- *adj.* brief, terse, concise. संक्षेप, स्थूल, अल्प; **Curtly** (-ली)-*adv.* briefly. संक्षेप से; **Curtness** (-नॅस्)-*n.* brevity. संक्षेप।

**Curtail**-कर्-टेल्'- *v. t.* to cut short. संक्षेप करना, छोटा करना; **Curtailment** (-मॅन्ट्) -*n.* the act of curtailing. संक्षेप; **Curtail-step** (the lowest step of a staircase.) सीढ़ी का सबसे नीचे का डंडा।

**Curtain**-कर्'-टीन्-*n.* a suspended screen, a screen of a theatre. पर्दा (चिक्), नाटक का पर्दा; -*v. t.* to cover with a curtain. पर्दे से ढाँपना; **Curtain lecture** (reproof administered in private by a wife to her husband.) पत्नी का पति को एकान्त में डाटना।

**Curtilage**- कर्'- टिल् - एज्- *n.* a field, garden &c. attached to a dwelling-house. घर के बाहर का मैदान, बाग इत्यादि।

**Curtsy (Curtsey)**-कर्ट्'-सी- *n.* feminine salutation. स्त्रियों की अभिनन्दन करने की विधि;-*v. t.* to salute. अभिनन्दन करना।

**Curvated**-कर्व्'-एट्-ऍड्- *adj.* bent. मुड़ा हुआ, घूमा हुआ।

**Curvature**- कर्व्'-ऑट्-यूर्- *n.* a curved form or bend. वक्रता, घुमाव।

**Curve**- कर्व्- *v. t.* to bend without angles, to bend. झुकाना, घुमाना; -*n.* curved form of anything. वक्र रेखा, टेढ़ी लकीर;-*adj.* bent. घूमा हुआ।

**Curvet**-कर्'-वॅट्- *n.* a frolic, a kind of horse's leap उछाल, घोड़े की कुदान।

**Curvilinear**- कर्-वॅ-लिन्'-इ-अर्- *adj.* (a figure) consisting of curved lines. टेढ़ी रेखाओं से बनी हुई आकृति।

**Cushion**- कुश्'-ऑन्- *n.* a stuffed bag for sitting, reclining or sleeping. गद्दा, मसनद; -*v. t.* to furnish with cushions, to suppress quietly. गद्दी लगाना, शान्ति-पूर्वक दबाना; **Cushion-tyre** (solid tyre) गाड़ी की पहियों पर की रबड़ की ठोस हाल; **Pin-cushion** (a pad for fixing pins.) आलपीन खोसने की गद्दी।

**Cusp**-कस्प्-*n.* apex or peak. शिखा, चोटी।

**Custard**-कस्'-टॅर्ड्-*n.* a mixture of milk and eggs sweetened or boiled and baked. पका हुआ अंडा और दूध; **Custard-apple.** शरीफ़ा, सीताफल।

**Custodial**-कस्-टोड्'-ईअल्- *adj.* pertaining to guardianship. संरक्षक सम्बन्धी; *n.* a vessel for keeping sacred objects. पवित्र पदार्थों के रखने का पात्र।

**Custodian**-कस्-टोड्'इ-ॲन्, **Custodier** (-अर्) -*ns.* a keeper, guardian of a public building रक्षक, रखवाला।

**Custody**-कस्-'टॉ-डी (*pl.* **Custodies**) -*n.* guardianship, care, imprisonment. रक्षा, पालन, बन्धन (कारावास)।

**Custom**-कस्'-टम्- *n.* usual practice, established usage. आचार(रीति, सम्प्रदाय, चाल), व्यवहार; -*n. pl.* duty levied on import. चुंगी; **Custom-duties** (taxes laid on imported and exported goods.) विदेश से आये हुए तथा देश से बाहर जाने वाले माल पर चुंगी; **Custom-house.** चुंगीघर।

**Customable**-कस्-टम्'-ऑ-बल् *adj.* common, dutiable. सामान्य, चुगी लगने योग्य।

**Customary**-कस्'-टम्-ऑर्-ई-*adj.* usual. according to custom. व्यवहारिक, प्रचलित, लौकिक; **Customarily** (-ऑर्-रि-ली) *adv.* in a customary manner. प्रचलित रीति से; **Customariness** (-नॅस्) -*n.* frequency व्यवहारिक रीति।

**Customer**-कस्'-टम्-अर्- *n.* a buyer, a purchaser. ग्राहक, खरीदने वाला।

**Cut**-कट्-*n.* a stroke or blow, a notch excision, act or speech which wounds the feelings, refusal to recognize,

fashion. आघात, फक्‍कड़, मर्मभेदी कार्य या बात, अस्वीकृति, ढंग;-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* Cut) to penetrate, to wound. काटना, घाव करना; Cut-and-dried (lacking novelty.) पुरानी बात; Cut-throat (a robber.) लुटेरा; Short-cut (a road that shortens distance.) समीप का मार्ग; wood cut. लकड़ी का ठप्पा; To cut a caper (to frisk about.) भटरगश्ती करना; To cut a tooth. दाँत फूटना; To cut coat according to cloth. स्थान के अनुसार पैर फैलाना; To cut cards (to shuffle cards.) तास फेटना; To cut down expenses (to decrease expenditure.) खर्च कम करना; To cut off (to remove by cutting.) काट कर हटाना; To cut out (to remove by cutting.) काट कर हटाना; To cut it fine (to pay the minimum.) कम से कम देना; To cut the knot (to solve difficulty.) कठिनता को सुलझाना; To cut short (to interrupt, to shorten.) विघ्न करना, छोटा करना,; To cut to the quick. मर्मभेदी बात कहना; To cut up (to break into pieces.) टुकड़े टुकड़े करना; To draw cuts (to draw lots.) चिट्ठी डालना;

**Cutaneous**-क्यू-टेन्'-इ-अस्- *adj.* pertaining to skin. चर्म सम्बन्धी।

**Cutchery**-कच्'-ऍर्-ई- *n.* a court-house, a public house. कचहरी।

**Cuticle**-क्यूट्'-इ-कुल्-*n.* superficial skin, epidermis. त्वचा की बाहरी झिल्ली।

**Cutis**-क्यूट्'-इस्- *n.* true skin. भीतरी त्वचा; Cuticular (-टिक्'-यु-लॅर्) *adj.* भीतरी त्वचा संबंधी।

**Cutlass**-कट्'-लॅस्-*n.* a small broad sword with a curved blade. मुड़े हुए फल की चौड़ी तलवार।

**Cutler**-कट्'-लर्-*n.* one who makes and sells knives and similar tools. चाकू, कैंची इत्यादि बनाने तथा बेंचने वाला; Cutlery (-ई)-*n.* trade of a cutler, things made and sold by a cutler. कैंची छुरी इत्यादि का व्यापारी।

**Cutlet**-कट्'-लॅट्-*n.* a chop of fried mutton. मांस का पकाया हुआ टुकड़ा।

**Cutpurse** - कट्'-पर्स् - *n.* a pickpocket. गिरहकट।

**Cutter**-कट्'-टर्-*n.* a small boat with one mast used by ships. जहाज पर की छोटी नाव; -*n.* one who cuts, one who cuts out cloth to measure. काटने वाला, नाप से कपड़ा काटने वाला।


Cutter.

**Cut-throat**-कट्'-थ्रोअट्- *n.* a murderer, an assassin. हत्यारा।

**Cutting**-कट्'-टिङ्ग्- *adj.* piercing the heart. मर्मभेदी; -*n.* a separation or division. विभाग, फटन; Cuttingly (-ली)-*adv.* sarcastically. आक्षेप से।

**Cut-water**-कट्'-वॉ-टर्-*n.* the fore part of a ship's prow which cuts water. जहाज के अगले भाग का अंश।

**Cuvette**-कूव्'-ऍट्-*n.* a trench sunk along the middle of a dry ditch. सूखी खाई के बीच में खोदा हुआ गड्ढा।

**Cyanosis**- साइ-ऑन्-ओस्'-इस्-*n.* blue jaundice. एक प्रकार का कामला रोग जिस में शरीर नीली हो जाती है।

**Cycle**-साइ'-कुल्-*n.* a series of events or phenomena which recur in the same order, along period, a series of poems &c., period of a thing's completion, a bicycle. कालचक्र, ग्रन्थमाला, दौरा, पैरगाड़ी।

**Cyclic**-सिक्'-लिक्-*adj.* recurring in cycles. चक्रवत् होने वाली।

**Cyclist**-साइ'-क्लिस्ट् - *n.* the rider of a bicycle. पैरगाड़ी पर चढ़ने वाला।

**Cycloid**-सॉइक्'-लॉएड् - *n.* a kind of curve, a figure like a circle. एक प्रकार का अण्डाकार वृत्त, वृत्तजात।

**Cyclone**-साइ'-क्लोन्-*n.* a violent hurricane. चक्करदार आँधी, बवंडर।

**Cyclopaedia, Cyclopedia**-साइ-क्लो-पीड्'-इ-ॲ-*n.* a work containing information on every department of knowledge, arranged alphabetically. बृहत् कोश, विश्व कोश; Cyclopaedic (-डिक्) *adj.* pertaining to an encyclopaedia.

बृहत्कोश सम्बन्धी ।

**Cyclops**–साइ' क्लॉप्स्–*n.* one of a fabled one-eyed giants. एक आँख वाला दैत्य ।

**Cyclosis**–साइ-क्लो' -सिस्– *n.* circulation of blood. शरीर में रुधिर का संचालन ।

**Cyclostyle**–साइ' क्लो-स्टाइल् – *n.* an apparatus for printing copies of writing from stencil paper cut by toothed pen. हाथ की लिखावट को छापने की कल ।

**Cyder**–see Cider.

**Cygnet**–सिग्' -नेट्– *n.* a young swan. राजहंस का बच्चा ।

**Cylinder**–सिल्'-इन्-डर्–*n.* a roller-shape body hollow or solid, the cylindrical part of a machine. बेलन के आकार का ठोस या पोला पदार्थ, यंत्र का बेलन ।



Cylinder.

**Cylindrical**–सिल्-इन्'-ड्रिक्- ऑल्–*adj.* having the form of a cylinder. वर्तुलाकार, बेलन के आकार का ।

**Cymar**–साइ'-मार्–*n.* a woman's under-garment. स्त्रियों का भीतरी पोशाक ।

**Cymbal** – सिम्' - बॉल् – *n.* concave brass plates struck together to make a ringing sound. झाँझ, मजीरा; **Cymbalist** (-इस्ट्)-*n.* मजीरा बजानेवाला।

**Cymbalo** – सिम्'-बॉ - लो – *n.* a kind of stringed musical instrument which is played with hammers, one who plays on a cymbal.तारतरंग, मजीरा बजाने वाला ।

**Cymbiform**–सिम्'-बि-फॉर्म् – *adj.* of the form of a boat. नाव के आकार का ।

**Cymric** – सिम्'(किम्') - रिक् – *adj.* & *n.* pertaining to the Welsh, the Welsh language. वेल्श जाति का, इनकी भाषा ।

**Cynic**–सिन्'-इक् – *n.* a sneering fault-finder, a misanthrope. निन्दाशील (कुटिल मनुष्य ), मनुष्यद्वेषी ; **Cynical** ( -ऑल् ) *adj.* sneering, churlish. चिड़चिड़ा, दुरात्मा ; **Cynicism** ( -इस्'-इज़्म् ) -*n.* surliness. मनुष्य द्वेषी सिद्धान्त का।

**Cynosure** – सिन्'-ओ-शूर् – *n.* Pole-star Little Bear. ध्रुव तारा ।

**Cypher**–साइ'-फ़र्–see Cipher.

**Cypress**–साइ'-प्रेस्- *n.* a kind of coniferous tree with dark foliage.सरो का वृक्ष ।

**Cyprus**–साइ'-प्रस्– *n.* a thin transparent black stuff similar to crape. एक प्रकार का करैप के समान पतला महीन कपड़ा ।

**Cystic**–सिस्ट्'-इक्– *adj.* of the urinary bladder. मूत्राशय सम्बन्धी ।

**Czar, Tsar, Tzar**–ज़ार्– *n.* the title of the Emperor of Russia, a king. रूस देश के राजाधिराज की पदवी, राजा ।

**Czarevna**–ज़ॉर्-रेव्'-नॉ – *n.* the daughter of a Czar. रूस के राजा की पुत्री ।

**Czarina ( Tsarina )** – ज़ॉर्-ईन्'-ऑ – *n.* the title of the wife of Czar ( of Russia ) रूस की रानी की पदवी ।

**Czecho-Slovak**–चेक्'-ओ-स्लो-वॉक् – *n.* a native of Czecho-Slovakia. चेकोस्लोवॉकिया नामक प्रदेश का निवासी ।

**D**-डी-the fourth letter of the English alphabet, ( *mus.* ) the second note of natural major scale. अंग्रेजी वर्णमाला का चौथा अक्षर, द्वितीय स्वर, रे ( ऋषभ ) **D-block.** डी अक्षर की आकृति का टुकड़ा ।

**'d**-contraction for the words, 'had' and 'would.' 'हॅड्' तथा 'वुड्' शब्द का छोटा रूप ।

**Dab**-डॅब् - *v. t.* ( *p. t.* **Dabbed** ) to astrike lighly, to tap, to press with a sponge, to smear. थपथपाना, खटखटाना, पुचड़ना ; -*n.* a slight blow. थपका ; **Dabber** ( -बर् ) *n.* that which dabs. रंग इत्यादि पोतने की कूँची ।

**Dabble**-डॅब्-बल्- *v. t.* to wet slightly, to moisten. तर करना, भिगोना ; -*v. i.* to splash, to engage in a pursuit as a hobby. पानी में छींटा उड़ाना, धुन लगा-कर किसी कार्य में व्याप्त होना ।

**Dace**-डेस्- *n.* a small fresh-water fish. मीठे पानी की एक प्रकार की छोटी मछली ।

**Dacoit**-डॅ-कॉयट् - *n.* a member of an Indian robber band. डाकू, डकैत ; **Dacoity** ( -ई )-*n.* robbery by gang-robbers. दलबन्दी लुटेरापन ।

**Dactyl**-डॅक्-टिल्- *n.* the metrical foot -˘˘ छन्द का वह भाग जिसमें आदि का मात्रा गुरु और बाद के लघु होते हैं ।

**Dad**-(डॅड्) **Dada**-( डॅड्-डा ), **Daddy** (-डॅड्-डी)-*ns.* (*colloq.*) father, a word used by children. अब्बा, बाबा ।

**Dado** - डे-डो - *n.* ( *pl.* **Dados** ) the lower portion of the walls of a room which is faced with wood or coloured. रँगा हुआ अथवा लकड़ी लगा हुआ कमरे की दीवार का निचला भाग; **Dadoed** ( -ड् ) -*adj.* लकड़ी लगी हुई ।

**Daffodil**-डॅफ्-फ़ो-डिल्-*n.* the pale yellow flowered narcissus. पीला नरगिस ।

**Daft**-डाफ़्ट्-*adj.* foolish, insane, crazy. मूर्ख, पागल, झक्की ।

**Dagger** - डॅग्-गर् - *n.* a stabbing weapon. भाला, कटार; (print.) sign † ऐसा चिह्न, ( छापने में ) ; **Double dagger** ‡ छापने में इस प्रकार का चिह्न ; **At daggers drawn** ( on the point of quarrelling. ) लड़ने को तैयार ।



Daggers

**Daggle** - डॅग्-गल् - *v. i.* & *i.* to run through mud and water, to trail in mud. कीचड़ पानी में दौड़ना, कीचड़ पोतना ।

**Dahlia** - डेल्-या - *n.* a Mexican plant with coloured flowers of large size. एक प्रकार का बड़े फूल का पौधा ।

**Daily**- डे - ली- *adj.* & *adv.* happening everyday, day by day.-*n.* (*pl.* **Dailies**) a daily newspaper. दैनिक, प्रतिदिन, दैनिक समाचार पत्र ; **Daily bread** (one's livelihood. ) जीवनवृत्ति ।

**Daintily, Dantiness**-see **Dainty.**

**Delicacy**-डेल्'-इ-कॉस्-सी - *n.* (*pl.* Delicacies.) sensitiveness, weakness, nicety, refinement, tenderness. मृदुता, स्वादुता, लालित्य, शिष्टाचार।

**Delicious** - डें-लिश्'-अस् - *adj.* highly delightful to the senses. स्वादु, मधुर, रमणीय; **Deliciously** (-ली) *-adv.* in a delicious manner, luxuriously. मधुरता से, रमणीयता से; **Deliciousness** (-नेस्) *-n.* the quality of being delicious. स्वादुता, मधुरता।

**Delict**-डें-लिक्ट्' - *n.* a violation of law, misdemeanour. नियमभंग, अपराध।

**Delight**-डें-लाइट्' - *v. t.* & *i.* to please highly, to have or take great pleasure. अति प्रसन्न करना, अति सुखी होना; *-n.* high pleasure. आनन्द, सुख; **Delighted** (-एड्) *-adj.* full of delight. आनन्दित; **Delightful** (-फुल्) *-adj.* highly pleasing. रमणीय, आनन्द देने वाला, हर्षजनक; **Delightfully** (-फुल्-लि) *-adv.* in a delightful manner. आनन्द पूर्वक; **Delightfulness**-*n.* the quality of being delightful. आनन्द; **Delightless** (-लेस्) *adj.* with no delight. आनन्द रहित; **Delightsome** (-सम्) *-adj.* very pleasing. आनन्दयुक्त।

**Delimit** - डें-लिम्'-इट् - *v. t.* to fix the boundary. सीमा स्थिर करना; **Delimitation** (-इ-टे'-शॉन्) *-n.* the fixing of boundaries. सीमा का स्थिरीकरण

**Delineable** - डें-लिन्'-ईं-बल् - *adj.* able to be depicted. वर्णनीय, वर्णन करने योग्य।

**Delineate**-डें-लिन्'-इ-एट्-*v.t.* to represent by a sketch, to depict, to portray. नकशा खींचना, वर्णन करना, चित्र बनाना; **Delineation** (-ए'-शॉन्) *-n.* a sketch, a description. चित्र (आलेख), वर्णन; **Delineator** (-टॉर्) *-n.* one who delineates. चित्रकार, वर्णन करने वाला।

**Delinquency**-डें-लिन्'-क्वेन्-सी-*n.* a fault, a crime. दोष, अपराध (पाप)।

**Delinquent** - डें-लिन्'-क्वेन्ट्- *adj.* & *n.* defaulting, failing in duty, a criminal. पाप करने वाला, अपराधी।

**Deliquesce**-डेल्-इ-क्वेस्'- *v. i.* to melt, to become liquid. गलना, तरल होना; **Deliquescence** (-सेन्स्) *-n.* the process of deliquescing. तरलता; **Deliquescent** (-क्वेस्'-सेन्ट) *-adj.* liquefying in air. वायु में गलने वाला।

**Delirious**-डें-लिर्'-इ-अस्- *adj.* in a state of delirium. भ्रान्तचित्त, चैतन्यतारहित, बेसुध।

**Delirium**-डें-लिर्'-रि-अम्-*n.* a disordered state of the brain. चित्तभ्रम, ज्ञानशून्यता, मूर्छा।

**Deliver**-डें-लिव्'-अर्- *v. t.* to save, to set free, to disburden a woman of a child in childbirth, to abandon, to hand over, to recite. बचाना, मुक्त करना, बच्चा जनना, त्यागना, सौंपना, बोलना; **Deliverable** (-ऑ-बल्) *-adj.* that can be delivered. सौंपने योग्य; **Deliverance** (-ऑन्स्) *-n.* rescue. मुक्ति, छुट-

कारा ; Deliverer ( -अर् ) -n. a rescuer. मुक्तिदाता; Delivery (-ई) -n. childbirth, utterance, formal handing over, rescue, surrender. जनन, उच्चारण, प्रतिपादन, सौंपना ।

**Dell**–डॅल्–n. a small narrow valley, a hollow. छोटी घाटी, गड्ढा ।

**Delocalize**–डॅ-लोक्'-ऑल्-आइज़् – v. t. to centralize. केन्द्रीभूत करना ।

**Delta**–डॅ'ल्-टॅ– n. the fourth letter of the Greek alphabet, [ Δ,δ ] an alluvial tract at the mouth of a river. ग्रीक वर्णमाला का चतुर्थ अक्षर, नदी के मुहाने पर की विरल भूमि ।

**Deltoid**–डॅल्'-टॉएड्– adj. triangular, like a delta. त्रिकोण आकृति का ।

**Deludable**–डॅ-ल्यूड्'-ऑ-बल्– adj. able to be deluded. छलने योग्य ।

**Delude**–डॅ-लुड्' – v. t. to impose upon, to deceive. मोहित करना, ठगना (छलना) ।

**Deluge**–डॅल्'-ल्यूज् – n. a great flood, a heavy rainfall. बाढ़, मुसलाधार वर्षा ।

**Delusion**–डॅ-ल्यू'-ज़ॉन्–n. a false impression or opinion, deception, fallacy. मोह, भ्रम, इन्द्रजाल, माया; Delusional ( - ज़न् - ऑल् ) -adj. मायावी, भ्रमकरक; Delusive ( - सिव् ) -adj. deceptive unreal. मायावी, भ्रमकारक; Delusively (सिव्-ली) -adv. in a delusive manner. कपट से ; Delusiveness (-सिव्-नॅस् )-n. the quality of being delusive. भ्रमजाल, कपट, छल ।

**Delusory** – डॅ-ल्यू'-ज़ॉर्-ई – adj. apt to deceive. ठगने योग्य ।

**Delve**–डॅल्व् – v. t. to dig. खोदना ; -n. a cavity, a wrinkle. गड्ढा, झुर्री ।

**Demagnetize**–डी-मॅग्'-नॅ-टाइज़्– v. t. to deprive of magnetic power (polarity). चुम्बक की शक्ति को हटाना ।

**Demagogic**–डॅम्-ऑ-गाज्'-इक् – adj. like a demagogue. प्रजा नायक संबंधी ।

**Demagogue**–डॅम्'-ऑ-गॉग्– n. a popular leader, a ringleader, a factious orator. प्रजानायक, दुर्जनों का नेता ।

**Demagogism**–डॅम्-ऑ-गॉज्'-इज़्म् – n. the principles of a demagogue. प्रजानायक के सिद्धान्त ।

**Demand**–डि-मान्ड्' – n. a rightful claim, an earnest enquiry. जिज्ञासा, माँग, तक़ाज़ा; -v.t. to ask authoritatively, to claim, to question. याचना करना (माँगना); पूछना ; To demand one's name ( to ask one's name. ) नाम पूछना ; Demandable (-ऑ-बल्) -adj. that may be demanded. याचना योग्य ; Demandant ( - ऑन्ट् ) -n. one who demands. याचक, प्रार्थी ।

**Demarcate** – डि-मार्'-केट् – v. t. to fix the boundary. सीमा स्थिर करना ।

**Demarcation** – डी-मार्क्'-ए'-शॉन्–n. the marking of boundaries, division, a fixed limit. सीमा, मर्यादा ।

**Dematerialize**–डी-मॅ-टिअर्'-इ-ऑ-लाइज़्– v. t. to deprive of material qualities. भौतिक गुणों से पृथक् करना ।

**Demean**–डॅ-मीन्' – v. i. to behave, to conduct oneself. चेष्टा करना, व्यवहार करना ;-v. t. to lower in dignity, पद में नीचा करना ; -Demeanour (-मी-नर् ) n. the outward bearing, behaviour. आचरण, व्यवहार (चेष्टा) ।

**Dement**–डॅ-मॅन्ट्' – v. t. to drive mad. उन्मत्त करना, पागल करना ; Dementia ( -मॅन्'-शि-ऑ ) -n. a kind of insanity, acute mania. एक प्रकार का उन्माद ।

**Demerit** – डी-मॅर्'-इट्– n. fault, crime, defect. अवगुण, दोष, न्यूनता ; Demeritorious ( - ओर्'-इ-अस् ) -adj. faulty defective. अवगुणपूर्ण, दोषपूर्ण ।

**Demesne, Demain**–डॅ-मॅन्' – n. a landed property. भूसम्पत्ति, ज़मींदारी ।

**Demi**–डॅम्'-इ-pref. in sense of 'semi, half, imperfect'. 'आधा' तथा 'अपूर्ण' अर्थ सूचक उपसर्ग ।

**Demi-devil**–डॅम्'-इ-डॅव्'-इल्– n. a half-devil in character. अर्धदैत्य या राक्षस ।

**Demigod**–डॅम्'-इ-गॉड्– n. the son of a god and mortal, a deified man. देवता की सन्तति, विद्याधर, यक्ष, गन्धर्व ।

**Demi-lance** – डॅम्'-इ-लान्स् – n. a small lance. छोटी बरछी ।

**Demi-lune**–डॅम्'-इ-लून्-n. a half-moon, a ravelin. अर्धचन्द्र ।

**Demi-official**–डॅम्'-इ-ऑफ्-इश्'-ऑल्– adj. partly official. अर्ध अधिकारी ।

**Demise**–डॅ-माइज़्' -v. t. to bequeath by

will or lease, to transmit. ( मृत्युलेख द्वारा ) समर्पण करना, देना; -*n.* a transferring, death. समर्पण, मृत्यु ।

**Demission**–डें'-मिश्‌'-ऑन् – *n.* a lowering, relinquishment. घटाव, त्याग ।

**Demit**–डें'-मिट्‌ -*v. t.* ( *p. t.* Demitted) to resign. पद त्यागना, छोड़ना ।

**Demobilize**–डें'-मोब्‌'-इल्‌-आइज़् – *v. t.* to disband. सेना तोड़ देना ; **Demobilization** ( -ए'-शॉन् ) -*n.* the act of demobilizing. सेना तोड़ने का कार्य ।

**Democracy**–डें'-मॉक्‌'-रॉ-सी–*n.* a government by the people, a representative government, the multitude. प्रजासत्तात्मक राज्य, प्रजातन्त्र राज्य, संघ ।

**Democrat**–डेंम्‌'-ओ-क्रॉट्‌– *n.* an advocate of popular government. प्रजातन्त्रवादी, प्रजापक्ष का अवलम्बी ; **Democratic** ( -क्रॉट्‌'-इक् ) -*adj.* relating to democracy. सार्वलौकिक ; **Democratically** ( - इ-कॉल् - ली ) -*adv.* in a democratic manner. प्रजातन्त्ररूप से ; **Democratize** ( - मॉक्‌'-रॉ - टाइज़् )– *v. t.* to render democratic. प्रजातन्त्रीय बनाना ।

**Demography** – डें'-मॉग्‌'-रॉ-फ़ी – *n.* vital and social statistics of nations. किसी जाति की सामाजिक स्थिति का विवेचन ।

**Demolish** – डें'-मॉल्‌'-इश् – *v. t.* to pull down, to destroy, to overthrow. ढाहना, नष्ट करना, ध्वंस करना ; **Demolition** (- डेंम्‌-ओ-लिश्‌'-ऑन् ) -*n.* ruin, destruction. नाश, उजाड़, ( ढहाव ) ।

**Demon**–डी'-मॉन् – *n.* ( *fem.* Demoness -एँस् ) a spirit, ghost, devil. भूत, पिशाच, दानव ( असुर, राक्षस ) ।

**Demoniac**, ( **Demoniacal** ) – डें'- मोनाइ'-ॲक् (-कल्) – *adjs.* influenced by demons. पिशाचग्रस्त ; **Demonolatry** (-ऑल्‌-ऑ-ट्री) -*n.* demon-worship. पिशाच पूजन ; **Demonism** ( - इज़्म् ) -*n.* a belief in demons. भूत प्रेत में विश्वास ; **Demonize** ( - आइज़् )– *v. t.* to turn into a demon. पिशाच बनाना ; **Demonology** (-ऑल्‌'-ऑ-जी) -*n.* a branch of learning concerned with demons. भूत विद्या, पिशाचविद्या ।

**Demonetize**–डें'-मॉन्‌'-एँ-टाइज़् – *v. t.* to deprive of standard value as money. धातु के सिक्कों का मूल्य घटाना ।

**Demonocracy**–डी' मॉन्‌-ऑक्‌'-रॉ-सी– *n.* the government of demons. दैत्यों या पिशाचों का राज्य ।

**Demonolatry**–डी-मॉन्‌-ऑल्‌'-ऑ - ट्री – *n.* the worship of demons. प्रेत पूजा ।

**Demonstrable** – डें'-मॉन्‌'-स्ट्रॉ-ब्‌ल् – *adj.* capable of demonstration. प्रमाणित करने योग्य ; **Demonstrably** (-स्ट्रॉ-ब्‌ली) *adv.* in a way to preclude or remove doubt. प्रमाणरूप में ।

**Demonstrate** – डेंम्‌'-ऑन्‌-स्ट्रेट् – *v. t.* to describe and explain, to prove logically. प्रमाणित करना, सिद्ध करना, वर्णन करना ; **Demonstration** ( - स्ट्रे'-शॉन् ) -*n.* a clear proof, an outward exhibition, a military show. प्रमाण, सिद्धि, प्रदर्शन,सैनिक दिखाव ; **Demonstrative** ( - मॉन्‌'-स्ट्रॉ - टिव् ) -*adj.* serving to point out. निर्देशक, उपपादक ; **Demonstratively** ( - टिव् - ली ) -*adv.* in a demonstrative manner. सप्रमाण, सिद्धिपूर्वक ; **Demonstrator** ( -स्ट्रे'-टॉर् )-*n.* one who teaches by demonstration, an assistant to a professor of science. निर्देशक, प्रदर्शक, रसायन शास्त्र के अध्यापक का सहायक.

**Demoralize**–डें'-मॉर्‌'-रॉल्‌-आइज़्– *v. t.* to correct morals or spirits of, to deprave. धर्म भ्रष्ट करना, आचार दूषित करना; **Demoralization** ( -आइज़्-ए'-शॉन् ) -*n.* act or state of demoralizing. आचार भ्रष्टता, धर्म भ्रष्टता ।

**Demulcent** – डें -मल्‌' - सेंन्ट्‌– *adj.* & *n.* soothing or softening ( medicine. ) शान्ति देने वाली ( औषधि ) ।

**Demur**–डें'-मर्‌ -*v. i.* ( *p. t.* Demurred ) to create doubts or difficulties. शङ्का उपजना, मन डवाँडोल होना; -*n.* hesitation, objection, pause, stop. शङ्का, सन्देह, अवरोध, रुकावट ।

**Demure** – डें'-म्यूर्‌ – *adj.* grave, sober, affectedly coy. विनीत, गम्भीर, अति लज्जा वाला ; **Demurely** ( -ली ) -*adv.* in a demure manner. लज्जा सहित, सविनय ; **Demureness** ( -नेंस् )-*n.* the state of being grave or sober. नम्रता, गम्भीरता, विनय, लज्जा ।

**Demurrable**–डें'-मर्‌'-ऑ-ब्‌ल्– *adj.* able to be demurred. रोकने योग्य ; **Demurrant** ( -रॉन्ट् ) -*n.* one who demurs. शङ्का

उत्पन्न करने वाला।

**Demurrage**-डे'मर्-रेज़-*n.* an allowance made for undue detention of goods. मालकी रुकावट का हरजाना।

**Demy**-डे'माइ-*n.* (*pl.* **Demies**-इज़) size of paper 17½×22½ in. for printing and 15½×20 in for writing. कागज की नाप छापने का १७॥×२२॥ तथा लिखने का १५॥×२० इञ्च।

**Den**-डे'न्-*n.* a wild beast's lair, a hiding place of thieves, a dirty small room. माँद, चोरों के छिपने की गुहा, कन्दरा या खोह, छोटी गन्दी कोठरी।

**Denary**-डे'न्'-अर्-ई-*adj.* of ten, decimal. दश का, दशमलव सम्बन्धी।

**Denationalize**-डे'-नेश्'-ऑन्-ऑल्-आइज़-*v. t.* to deprive af national rights. जातिसत्व से वंचित करना।

**Denaturalize**-डे'-नेट्'-यूर्-रॅल्-आइज़-*v. t.* to deprive of natural qualities. कृत्रिम बनाना, अप्राकृतिक करना।

**Dendriform**-डे'न्'-ड्रि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the appearance of a tree. वृक्ष के समान आकार का।

**Dendritic**-डे'न्-ड्रिट्'-इक्-*adj.* tree-like. वृक्ष के आकार का।

**Dendroid**-डे'न्-ड्रॉएड्'-*adj.* like a tree. वृक्ष के आकार का।

**Dendrolatry**-डे'न्-ड्रॉल्'-ए-ट्री-*n.* tree-worship. वृक्ष पूजन।

**Dengue**-डे'ङ्ग्'-गे-*n.* a severe tropical fever accompanied by acute pain in the joints. लंगड़ा ज्वर।

**Deniable**-डि-नाइ'-ॲ-बल्-*adj.* that may be denied, able to be rejected. अस्वीकार करने योग्य, निषेधयोग्य।

**Denial**-डे'-नाइ-ऑल्-*n.* a refusal, contradiction, rejection. निषेध, अस्वीकार; **Denier** (-अर्) -*n.* one who denies. निषेधक, निषेध करने वाला।

**Denigrate**-डे'-नाइ'-ग्रेट्-*v. t.* to blacken a man's character. किसी का चरित्र कलुषित या कलंकित करना।

**Denizen**-डे'न्'-इ-ज़न्-*n.* an inhabitant, an occupant. निवासी, नागरिक; -*v. t.* to provide with occupants. बसना।

**Denominate** डे'-नॉम्'-इ-नेट्-*v. t.* to give a name to, to call, to describe. नाम रखना, पुकारना, वर्णन करना; **Denomination** (-ने'-शॉन्) -*n.* a name, title, designation. नाम, उपाधि, संज्ञा, जाति; **Denominational**-(-शॉन्-ऑल्) -*adj.* belonging to a sect. किसी विशिष्ट जाति का; **Denominative** (-टिव्) -*adj.* & *n.* having a distinctive title, a verb formed from a noun or an adjective. विशेष नाम वाला, नाम धातु; **Denominator** (-टॉर्) -*n.* a divisor in a vulgar fraction. हर, भिन्न में भाजक संख्या अर्थात् रेखा के नीचे का अंक।

**Denotable**-डे'-नोट्'-ॲ-बल्-*adj.* able to be denoted. सूचित करने योग्य।

**Denotation**-डे'न्-ओ-टे'-शॉन्-*n.* indication, designation, meaning of a term. सूचना, निर्देश, उपलक्षण।

**Denotative**-डे'-नोट्'-ॲ-टिव्-*adj.* having power to denote. सूचक, निर्देशक, वाचक; **Denotatively** (-ली) -*adv.* in a denotative manner. निर्देशक रूप में।

**Denote**-डे'-नोट्'-*v. t.* to distinguish, to indicate, to signify. निर्दिष्ट करना, सूचित करना, बतलाना।

**Denouement**-डे-नू'-मङ्ग-*n.* the unravelling of a plot. षड्यंत्र का उद्घाटन।

**Denounce**-डे'-नाउन्स्'-*v. t.* to inform against, to prophesy evil, to notify termination of treaties &c. दोषी स्थापित करना, अनिष्ट प्रकाशित करना, संधिभंग की सूचना देना; **Denouncement** (-मेन्ट्) -*n.* अनिष्ट प्रकाशन; same as **Denunciation.**

**Dense**-डे'न्स्-*adj.* crowded together, close, compact, stupid. घना, गहन, मूर्ख; **Densely** (-ली)-*adv.* in a dense manner. घनेपन (ठोसपन) से; **Denseness** (-नेस्) *n.* the state of being dense. घनापन; **Density** (-डे'न्'-सि-टी) -*n.* the quality of being dense. घनापन, ठोसपन।

**Dent**-डे'न्ट्-*n.* a small hollow made by a blow. छेद, गड्ढा; -*v. t.* to make mark by a blow. प्रहार से चिह्नित करना; **Dental** (-ऑल्) -*adj.* of tooth. दाँत का, दन्त्य; **Dented** (-एड्), **Dentate** (-एट्) *adjs.* toothed. दाँतेदार बनाया हुआ; **Denticle** (-डे'न्'-टि-कल्) -*n.* a small tooth. छोटा दाँत; **Dentiform** (-इ-फ़ॉर्म्) *adj.* in the form of a tooth. दाँत के आकार का; **Dentifrice** (डे'न्'-टि-फ़्रिस्) -*n.*

powder or paste for cleansing teeth. दाँतों को साफ़ करने का मंजन ; Dentine (-टिन्)-*n.* the hard tissue forming the main part of the teeth. दन्तरचना, Dentist ( -टिस्ट् )-*n.* a dental surgeon. दन्तवैद्य ; Dentistry ( -टिस्-ट्री ) -*n.* art of a dentist. दन्तविद्या, दन्तचिकित्सा; Dentition ( -टिश्'-ऑन् ) -*n.* the cutting of teeth. दाँत निकलना ।

**Dentoid**–डैन्'-टॉएड् – *adj.* like a tooth. दाँत के आकार का ।

**Denture**–डैन्ट्'-यूर्– *n.* a set of artificial teeth. कृत्रिम दाँतों की पंक्ति ।

**Denudation**-डैन्-यू-डे'-शॉन्-*n.* a making nude or bare. नग्नीकरण ; Denudative (-डेट्'-इव्) -*adj.* that which lays bare. नंगा करने वाला ।

**Denude**–डैन्यूड्'– *v. t.* to make nude or naked; to strip of clothing. कपड़ा उतार लेना, नंगा करना ।

**Denunciation**–डैनन्-सि-ए'-शॉन्– *n.* act of denouncing, a public menace, a threat. अनिष्ट प्रकाशन,सार्वजनिक भर्त्सना; Denunciative ( -टिव् ), Denunciatory (-टार्-ई)–*adjs.* characterized by denunciation. निन्दनीय;Denunciator(-ए'-टॉर्) *n.* an accuser. निन्दा करने वाला ।

**Deny**–डैनाई'– *v. t.* ( *p. t.* Denied. ) to declare untrue, to contradict, to refuse, to reject, to repudiate, to refuse access or admission to.झूठा कहना, निषेध करना, अस्वीकार करना, न मानना, प्रवेश रोकना ।

**Deodorize**-डैओ'-डॉर्-आइज़् – *v. t.* to deprive of smell or odour, to disinfect, गन्धहीन करना, दुर्गन्ध दूर करना ।

**Deontology**–डैऑन्-टॉल्'-ओ-जी – *n.* the science of duty or morality, ethics. धर्मशास्त्र, चरित्रशास्त्र ।

**Depaint**–डि-पेंयेन्ट्' – *v. i.* to make a picture. चित्र बनाना ।

**Depart**–डैपार्ट्'– *v. i.* to go away, to take leave, to start, to die, to deviate. चले जाना, विदाई लेना, प्रस्थान करना, मरना, विचलित होना ; Departed (-एड्) *adj.* dead, vanished. मृत, लुप्त ; Departure (-यूर्)-*n.* act of leaving a place, abandonment. प्रस्थान, अपसरण ।

**Department**–डैपार्ट्'-मैन्ट्– *n.* a part, a distinct branch, a separate part of a whole. भाग, अंश, मण्डल ; Departmental (-मैन्'-टॅल् )-*adj.* pertaining to a department of business &c. विभाग सम्बन्धी ; Departmentally ( -मैन्'-टॅल्-ली ) -*adv.* in a departmental way. विभाग सम्बन्ध से ।

**Departure**–*n.* see Depart.

**Depasture**–डि-पास्ट्'-यूर्– *n.* to turn out cattle to graze. चरने के लिये पशुओं को बाहर निकालना ।

**Depauperate** – डैपॉ'-पर्-एट् – *v. t.* to impoverish. दरिद्र करना या बनाना ।

**Depend**–डैपेन्ड्'– *v. i.* to hang down, to rely upon, to be connected with. अवलम्बन करना, भरोसा करना, सम्बद्ध होना ; Dependable ( -ऑ-बुल् ) -*adj.* that may be depended on. अवलम्बन के योग्य ; Dependant, Dependent (-एन्ट्)-*ns.* one who relies on another, a follower, a retainer. अवलम्बी (आधीन), आश्रित, भृत्य ; Dependence (-एन्स् ) *n.* support, reliance, trust. आश्रय, अधीनता, भरोसा ( सहारा ) ; Dependency (-पेन्-डेन्-सी )- *n.* a dependent country or province. आधीन प्रदेश, अन्यतन्त्र अथवा आधीन राज्य ।

**Dependent** – डैपेन्'-डैन्ट् – *adj.* same as Dependant.

**Depict**–डैपिक्ट्' – *v. t.* to paint, to describe in words. चित्र खींचना, नकशा बनाना, शब्दों में वर्णन करना; Depicter, Depictor (-आर्)-*ns.* a describer. वर्णन करने वाला ; Depiction (-पिक्'-शान् ) *n.* act of describing minutely. वर्णन, चित्र लेखन ; Depictive (-इव् ) -*adj.* what may be described. वर्णनीय ।

**Deplanate**–डै'-प्लीन्-एट्– *adj.* flattened. चिपटा किया हुआ ।

**Depilate**–डी'-पिल्-एट्– *v. t.* to strip or remove off hair. रोवाँ हटाना, बाल मूड़ना।

**Depilatory** -डैपिल्'-ऑ-टॉर्-ई *adj.* & *n.* having the power to remove hair, a lotion. बाल उड़ाने वाला, ऐसी औषधि ।

**Deplenish**–डैप्लैन्'-इश्– *v. t.* to empty ( of contents. ) खाली करना ।

**Deplete**–डैप्लीट्' – *v.t.* to empty, to exhaust, to reduce. रिक्त करना, खाली करना, कम करना ।

**Depletion**- डे-प्ली'- शॉन्- *n.* act of exhausting. रिक्तीकरण; **Depletive** (-प्ली'-टिव्) *-adj.* inducing depletion. शून्य करने वाला।

**Deplorable**- डे- प्लोर्' - ऑ-बूल् - *adj.* wretched, lamentable. शोचनीय, विलाप युक्त; **Deplorability** (-ऑ-बिल्'-इ-टी), **Deplorableness** (-नैस्) *ns.* act of being deplorable. विलाप, शोक; **Deplorably** (-ऑब्-ली) *adv.* miserably. शोचनीय रीति से।

**Deplore**-डे-प्लोर्'- *v. t.* to bewail, to feel deep grief over, to regret. विलाप करना, शोक करना, दुःख करना; **Deploringly** (-इङ्'-ली) *-adv.* in a deploring manner. विलाप करते हुए।

**Deploy**-डे-प्लाय्'- *v. t.* to open out or extend in a line, to spread out. पंक्ति में रखना, फैलाना; **Deployment** (-मैन्ट्) *n.* act of deploying. फैलाव।

**Deplume**-डे'-प्लूम्'- *v. t.* to strip off feathers. पर उखाड़ना, पंख नोचना।

**Depolarize** - डे-पो'-लॉर्-आइज़्'- *v. t.* to deprive of polarity, to change polarity. विद्युत् धारा का क्रम बदलना।

**Depone**-डे-पोन्'- *v. t.* to testify under on oath. शपथ पूर्वक कहना।

**Deponent**-डे-पो'-नेन्ट् - *adj.* & *n.* one who gives testimony in a court, a witness. साक्षी, गवाह।

**Depopulate**-डे-पॉप्'-यु-लेट्- *v. t.* to reduce population. जनसंख्या कम करना; **Depopulation** (-ले'-शॉन्) *-n.* act of dispeopling. निर्जन करना।

**Deport**-डे-पोर्ट्'- *v. t.* to behave, to transport, or banish. व्यवहार करना, (चेष्टा करना), देश बाहर निकालना; **Deportation** (-पॉर-टे'-शॉन्) *-n.* banishment. देश बाहर निकालना; **Deportment** (-मैन्ट्) *-n.* demeanour, manners. आचरण (चेष्टित), व्यवहार।

**Depose**-डे-पोज़्'- *v. t.* to remove from office or throne, to bear witness. राज्य अथवा अधिकार से हटाना, साक्षी देना; **Deposer** (-अर्) *-n.* one who deposes as a witness. राज्य अथवा अधिकार से हटाने वाला, साक्षी देने वाला।

**Deposit**-डे-पॉज़्'-इट्- *n.* that which is stored or entrusted, accumulation of mud, gravel &c. धरोहर (बन्धक), बालू, मिट्टी इत्यादि का जमना; *-v. t.* to lay down, to entrust for keeping, to pay as a pledge. रखना, थाती (धरोहर) रखना, जमा करना; **Depositary** (-पॉज़्'-इ-टॅरि) *-n.* a trustee. थाती रखने वाला; **Deposition** (-ज़िश्'-ऑन्) *-n.* testimony under oath. शपथपूर्वक साक्षी; **Depositor** (-ऑर्) *-n.* one who deposits. जमा करने वाला; **Depository** (-टॉर्-ई) *n.* a store-house. संग्रहस्थान, कोठी।

**Depot**-डेपो'-ओ- *n.* a place of deposit, a building for storage or sale, the head quarters of a regiment. शाला (आलय) गुदाम, (भण्डार), सेना का केन्द्र स्थान; **Book-depot** (a place for keeping books.) पुस्तकालय।

**Depravation**-डे-प्री-वे'-शॉन्-*n.* degeneration, corruption, debasement. भ्रष्टता, नीचता, बुरा आचार।

**Deprave**-डे-प्रेव्' - *v. t.* to deteriorate, to corrupt, to vitiate. कलुषित करना; **Depraved** (-ड्) *-adj.* corrupt, debased. दुराचारी, दुष्ट; **Depravedly** (-एँड्-ली) *-adv.* in a depraved manner. दुराचार से; **Depravity** (-प्रीव्'-इ-टी) *-n.* sinfulness, wickedness. दुराचारता, कलुषता, भ्रष्टता।

**Deprecate**-डेप्'-रे-केट् - *v. t.* to plead against, to express wish against. विपरीत प्रार्थना करना, प्रतिकूल इच्छा प्रगट करना; **Deprecation** (-के'-शॉन्) *-n.* act of deprecating. अनिच्छा, तिरस्कार।

**Depreciate**-डे-प्री'-शि-एट्- *v. t.* & *i.* to diminish value of, to fall in value, to regret. मूल्य घटाना, दाम कम होना, पछताना; **Depreciation** (-ए'-शॉन्) *-n.* a reduction in value or worth, an allowance in valuation for wear and tear. मूल्य कम करना, छूट।

**Depredate**-डेप्'-रे-डेट् - *v. t.* to plunder, to prey upon, to devour. लूटना, शिकार करना, खा जाना; **Depredation** (-डे'-शॉन्) *-n.* ravage, spoliation. अपहरण, लूट; **Depredator** (- डे'-टॉर्) *-n.* a robber. लूटने खसोटने वाला।

**Deprehend**-डेप्-रे-हेन्ड्'-*v. t.* to detect. अन्वेषण करना, पता लगाना।

**Depress** - डे-प्रेस्' - *v. t.* to lower, to humble to deject, to lower in value,

नीचा ( कम ) करना, विनीत करना, उदास करना, मूल्य कम करना ; **Depressant** ( -ऑन्ट् )-*adj*. a sedative ( medicine. ) चन्चलता घटानेवाली (औषधि) ; **Depressed** ( - प्रेस्ड्' ) -*adj*. dejected. खिन्नचित्त ; **Depressed class** -*n*. अस्पृश्य, अछूत जाति ; **Depressible** (-इ-बल् ) -*adj*. that may be depressed. दबाने योग्य ; **Depression** (-प्रेश्'-ऑन् )-*n*. a lowering, a reduction in vitality, a hollow. न्यूनता, शक्तिहीनता, गड्ढा ; **Depressor** (-ऑर् ) -*n*. an oppressor. दबाने वाला, कष्ट कारक ।

**Deprivation**-डेप्-रि-वे'-शॉन् - *n*. act of depriving, loss. पृथक्करण, हानि ।

**Deprive**-डे-प्राइव्' - *v. t*. to take from, to dispossess, to debar, to strip, to bereave. छीन लेना, हरण करना, हटाना, ले लेना, लोप करना ।

**Depth**-डेप्थ्- *n*. state of being deep, abstruseness, -( *pl*. ) deep water, middle. गहराई, गम्भीरता, (ब० व०) गहरा जल, मध्य मार्ग ; **Out of depth** ( in water too deep to stand in. ) अथाह जल में ; **Depth-charge** *n*. an explosive dropped on a submarine. पनडुब्बी को उड़ा देने वाली बारूद ।

**Depthless** - डेप्थ्'-लेस् - *adj*. having no depth. बिना गहराई का ।

**Depurate**-डी'-प्यु-रेट्-*v. t*. to free from impurities. मलिनता हटाना, (शुद्ध करना); **Depuration** (-रे'-शॉन्)-*n*. the cleansing of a wound. घाव साफ़ करना ; **Depurator** (-रे'-टॉर् ) -*n*. he who or that which cleanses. पवित्र करने वाला ; **Depurative** ( -रे'-टिव् ) -*adj*. depurating. शुद्ध करनेवाला ।

**Deputation**- डेप्-यु-टे'-शॉन् - *n*. act of deputing, appointment of a special commission. नियुक्ति, प्रतिनिधि की नियुक्ति

**Depute** - डे-प्यूट्' - *v. t*. to appoint as one's substitute. प्रतिनिधि नियुक्त करना ।

**Deputy**-डे'प्-यु-टी-*n*. a representative, an agent. प्रतिनिधि, प्रतिपुरुष ।

**Deracinate** - डे-रैस्'-इन्-एट् - *v. t*. to extirpate. जड़ से उखाड़ लेना ।

**Derail**-डे-रेल्' -*v. t*. to cause a train to leave the rails. रेलगाड़ी को पटरी पर से उतारना; **Derailment** (-मेन्ट् ) -*n*. being off the rails. पटरी से हटाव ।

**Derange**-डे-रेन्ज्'-*v. t*. to put out or throw out of order, to throw into confusion, to disturb. क्रम भङ्ग करना, व्यतिक्रम ( गड़बड ) करना, व्यग्र करना ; **Deranged** ( - ड् ) -*adj*. disordered, insane. अव्यवस्थित, विक्षिप्त ; **Derangement** (-मेन्ट् ) -*n*. confusion, disorder. अव्यवस्था, गड़बड़ी ; **Derangement of mind** ( loss of mental equilibrium. ) मतिभ्रम, उन्माद ।

**Derby**-डर्'-बी-*n*. a famous annual horse-race at Epsom. एक प्रसिद्ध घोड़दौड़ ।

**Derelict**-डेर्'-रे-लिक्ट्- *adj*. abandoned. त्यागा हुआ ; -*n*. anything thrown away. त्यक्त वस्तु ; **Dereliction** (-लिक्'-शॉन् ) -*n*. abandoning, desertion, neglect of duty. त्याग, उत्सर्ग, कर्तव्य का त्याग ।

**Deride**-डे-राइड्'-*v. t*. to laugh at in contempt, to mock. उपहास करना, हँसी करना ; **Derider** ( -अर् ) -*n*. a mocker. ताना मारने वाला, हँसी करने वाला ।

**Derision** - डे-रिज़्' - ऑन् - *n*. ridicule, mockery. उपहास, ठट्ठा ; **Derisive** ( - राइ'-सिव् ) -*adj*. mocking, expressing ridicule. उपहासी, ठिठोलिया ।

**Derisory**-डे-राइ'-सॉर्-ई - *adj*. mocking. ताना मारने वाला ।

**Derivable**-डे-राइव्'-ऑ-बल्- *adj*. deducible. व्युत्पत्ति विषयक ।

**Derivation**-डेर्-इ-वे' - शॉन् - *n*. origin, the tracing of a word to its root. मूल शब्द की व्युत्पत्ति ; **Derivative** (-रिव्'-ऑ-टिव् )-*adj*. & *n*. derived, not primitive. गौण, यौगिक, साधित शब्द ; **Derivatively** (-ली)-*adv*. in a derivative manner. शब्दोत्पत्ति रूप से ।

**Derive**-डे-राइव्' - *v. t*. to trace from, to get, to obtain, to have origin from. अनुसंधान करना, उत्पन्न होना, प्राप्त करना, उत्पत्ति होना ; **Derived** (-ड्) -*adj* deduced from a cause. उत्पन्न, उद्भूत

**Derm**-डर्म्-*n*. the true skin under the cuticle. त्वचा का मुख्य अंश ; **Dermal** (-डर्म्'-ऑल् ), **Dermic** (-इक् ) -*adjs* pertaining to skin. अन्तर्त्वचा सम्बन्धी

**Dermatoid**-डर्'-मॅ-टॉइड्-*adj*. like skin त्वचा सदृश ।

**Derogate**-डॅ'-रॉ-गेट्- *v. t.* to repeal, to detract. तोड़ना, हटाना ; **Derogation** (-गे'-शन्) -*n.* lessening, detraction. लाघव (अपमान), गौरवहीनता ; **Derogatory** ( -डॅ-रॉग्'-ऑ - टॉर्-ई ) -*adj.* degrading. अपमान करने वाला ।

**Derrick**-डॅर्'-रिक्- *n.* a contrivance or machine for raising heavy weights. बड़ा भार उठाने का यन्त्र ।

**Dervish**-डॅर्'-विश्- *n.* a Mohammedan friar. दरवेश, मुसलमान फ़क़ीर ।

**Descant**-डॅसे'-कॅन्ट् - *n.* a discourse or discussion, a song. शास्त्रार्थ, वार्तालाप, गीत ; -*v.t.* to discourse at large, to comment freely. सविस्तार व्याख्या करना, टीका करना ।

**Descend**-डॅ-सैन्ड्' - *v. i.* & *t.* to come down, to sink, to fall, to slope downward, to make a sudden attack, to be transmitted from inheritance. नीचे आना, डूबना, गिरना, नीचे को सरकना, एकएक आक्रमण करना, वंशक्रम से आना ; **To descend into details** ( to describe in detail. ) सविस्तार वर्णन करना ; **Descendant** (-सैन्'-डॅन्ट्) -*n.* a person or thing descended. संतति, सन्तान, वंश ; **Descended** ( -ऍड् ) -*adj.* sprung from ancestors. वंशज; **Descendible** ( -डि - बल् ) -*adj.* transmissible from an ancestor. उत्तराधिकार योग्य ।

**Decension**-डॅ-सैन्'-शॉन्- *n.* act of coming down, declension. नीचे का उतार ।

**Descent** - डॅ-सैन्ट्' - *n.* a downward motion, decline, fall, lineage. उतार, अवरोह, गिराव, उत्पत्ति ; **Male descent.** पुत्र संतान ; **Of noble descent** ( of high family. ) कुलीन ।

**Describable**-डॅ-स्क्राइब्'-ऑ-बल्-*adj.* that may be described or delineated. वर्णन करने योग्य ।

**Describe**-डॅ-स्क्राइब्' - *v. t.* to set forth in words, to mark out. वर्णन करना, ( निरूपण करना ), व्याख्या करना ।

**Descried** - डॅस्'-क्राइड्- *adj.* discovered, espied. अन्वेषण किया हुआ, दृष्ट ।

**Description** - डॅ-स्क्रिप्'-शॉन् - *n.* describing, definition, kind, class. वर्णन, व्याख्या ( निरूपण, विवरण ), प्रकार ; **Descriptive** ( - टिव् ) -*adj.* serving to describe. निर्देशक, वाचक ; **Descriptively** ( -टिव् - ली ) -*adv.* by description. निर्देश से, वर्णन रूप से ।

**Descry** - डॅस-क्राइ' - *v. t.* ( *p. t.* **Descried.** ) to catch sight of, to detect, to succeed in discerning. दूर से देखना, ताकना, पता लगा लेना ।

**Desecrate**-डॅस्'-सॅ-क्रेट्- *v. t.* to deprive of sacred character, to outrage. अपवित्र करना ( भ्रष्ट करना ), दूषित करना; **Desecration** (-क्रे'-शॉन्) -*n.* profanation. दूषण, अपवित्रीकरण ; **Desecrator** ( -क्रे'-टॉर् ) -*n.* one who profanes. अपवित्र करने वाला ।

**Desert**-डॅ-ज़्'-अर्ट्- *n.* worthiness, virtue. योग्यता, गुण; **Desertless** ( -लॅस् ) -*adj.* without merit, undeserving. अयुक्त, निर्गुण ; **Deserts** ( *n. pl.* )- good or bad qualities. भले या बुरे गुण ।

**Desert**-डॅ-ज़र्ट्' - *v. t.* to abandon, to give up, to depart. त्याग देना, छोड़ना, कूच करना ; **Deserter** ( -अर् ) -*n.* one who forsakes. भगेड़ ; **Desertion** (-ज़र्'-शॉन् ) -*n.* act of deserting, abandonment. परित्याग ।

**Desert**-डॅ'ज़्'-अर्ट्- *adj.* & *n.* uninhabited, barren, wild, a waterless and treeless region, a waste. निर्जन, शून्य, उजाड़, जङ्गली, मरुभूमि ( रेगिस्तान ) ।

**Desertless** - डॅ-ज़र्ट्'-लॅस् - *adj.* undeserving. अयोग्य ।

**Deserve**-डॅ-ज़र्व्'- *v. t.* & *i.* to merit, to be entitled as worthy of, to have established a claim to. योग्य होना, ( उचित होना ), अधिकार रखना; **Deservedly** ( -ऍड्-ली ) -*adv.* according to desert. योग्यतानुसार, यथायोग्य ।

**Deserving**-डॅ-ज़र्व्'-इङ्ग्- *adj.* worthy, meritorious. गुणी, योग्य ।

**Deshabille**- डॅज़्-ऑ-बील्'- *adj.* untidily dressed. गन्दा कपड़ा पहरे हुए ।

**Desiccate**-डॅ-सिक्'-केट्- *v. t.* to dry up. सुखाना ; **Desiccation** (डॅस्-इक्-के -शॉन्) *n.* state of being dried. सुखाने की क्रिया ; **Desiccator** (-के'-टॉर्) -*n.* an apparatus for drying milk &c. दूध इत्यादि के गाढ़ा करने ( या सुखाने ) का एक प्रकार का यन्त्र; **Desiccative** (-कॉ-टिव्) -*adj.* tending to dry. शोषक ।

**Desiderate**– डें-सिड्'-अर् - एट्- *v. t.* to regret the absence of, to feel the want of. अनुपस्थिति का शोक करना।

**Desiderative**– डें-सिड् -अर्-ऑ-टिव् – *adj.* expressing desire. इच्छार्थक ; *-n.* an object of desire. इच्छा।

**Desideratum**– डें-सिड्'-अर्-ए'-टम् – ( *pl.* Desiderata. -टॉ ) *n.* a thing missing or wanting. अभीष्ट वस्तु का अभाव या कमी।

**Design**– डें-ज़ाइन् – *n.* a plan, scheme, purpose, end in view, sketch, groundwork, invention. अभिप्राय, आशय, प्रयोजन, उद्देश्य, लक्ष्य, खाका, ढाँचा, आविष्कार, विधान; *-v.t.* to contrive, to purpose, to intend. रचना करना, उद्देश्य करना, चिन्तन करना ; **Designable** (-ऑ-बल्) *-adj.* capable of being designed. रचना करने योग्य; **Designedly** (-एड्-ली) *-adv.* purposely. जानबूझकर, इच्छापूर्वक; **Designer** ( -अर् ) *-n.* a draughtsman. चित्रकार, कल्पना करने वाला; **Designing** (-इङ्ग्) *-adj.* crafty, artful. छली, कपटी, धूर्त; **Designless** (-लॅस्) *-adj.* unintentional. निष्प्रयोजन, निरर्थक।

**Designate**– डेस् -सिग्-नेट्– *adj.* appointed to office. किसी पद पर की नियुक्ति प्राप्त ; *-v. t.* to specify, to serve as a mark. निर्देश करना, सूचित करना, निर्वाचन करना; **Designation** (-ने'-शॉन्) *-n.* appointment to an office, name, title. किसी पद पर नियुक्ति, नाम (चिह्न), उपाधि।

**Designed, Designer**–see **Design.**

**Desilverize**– डी-सिल्'-वर्-आइज़्– *v. t.* to extract silver from other metals. अन्य धातुओं में से चाँदी निकालना।

**Desipient**–डें-सिप्'-इ-एंन्ट्– *adj.* foolish, playful. मूर्ख, खेलाड़ी।

**Desirable**– डें-ज़ाइ'-री-बल् – *adj.* worth wishing for, agreeable. इष्ट ( श्रेय, वांछित), इच्छायोग्य; **Desirability** (-बिल्'-इ-टी), **Desirableness** ( -ज़ाइ'-री-बल्-नॅस्) *-ns.* agreeableness. वांछा, इच्छा ; **Desirably** (-ब्ली) *-adv.* in a desirable manner. इच्छापूर्वक।

**Desire**– डें-ज़ायर्'– *n.* wish, longing, craving, request. इच्छा, आकांक्षा, मनोरथ, अभिलाषा ; *-v. t.* to wish, to long for. इच्छा करना, चाहना ; **Desired** (-ड् ) *adj.* wished for. इच्छित।

**Desirous**–डें-ज़ायर्'-अस् – *adj.* wishful, ambitious. इच्छुक, चाहने वाला।

**Desist**–डें-ज़िस्ट्'– *v. i.* to cease from doing, to discontinue. निवृत्त होना, रुकना।

**Desistance**-डें-ज़िस्ट्'-ऑन्स्– *n.* cessation, desisting. विश्राम, निवृत्ति।

**Desk**–डेस्क्– *n.* an inclined box serving as a rest for writing or reading. लेखनआधार, डिगिया ; **The desk** ( work of office. ) दफ्तर का कार्य।

**Desolate** – डेस्'-ओ-लेट् – *adj.* solitary, uninhabited, neglected, dreary. निर्जन, जनशून्य, असहाय, सुनसान ; *-v. t.* to devastate, to make wretched. निर्जन करना, उजाड़ करना ; **Desolately** (-ली ) *adv.* in a desolate manner. निर्जनता से; **Desolateness** (-नॅस् ) *-n.* state of being desolate. निर्जनता ; **Desolating** (-इङ्ग्) *-adj.* wasting. उजाड़नेवाला ; **Desolation** (-ले'-शॉन्) *-n.* forsaken state. निर्जनता,-( शून्यता ), उजाड़।

**Despair**–डें-स्पेअर्' – *n.* want of hope. आशाहीनता, नैराश्य ; *-v. t.* to be without hope. -( आशाभग्न होना ), निराश होना ; **Despairing** ( -इङ् ) *-adj.* expressing despair. नैराश्य प्रकट करनेवाला; **Despairingly** (-इङ्ग्- ली ) *-adv.* in a despairing manner. निराश पूर्वक।

**Despatch**–डें-स्पॅच् -see **Dispatch.**

**Desperado**–डेस्-पर्-ए'-डो – *n.* a person given to criminal undertakings. आततायी, पातकी मनुष्य।

**Desperate**–डेस्'-पर्-एट् – *adj.* reckless, violent, hopeless, उद्दण्ड, तीव्र, निराश ; **Desperately** (-ली) *-adv.* in a desperate manner. उद्दण्डता से ; **Desperateness** (-एट् -नॅस् ) *-n.* the state of being desperate. उन्माद ( उद्दण्डता ) ; **Desperation** ( -ए'-शॉन् ) *-n.* a state of despair. निराशा।

**Despicable**–डेस्'-पि-कॉ- बल् – *adj.* vile, mean, contemptible. नीच, घृणित ; **Despicably** (-ब्ली ) *-adv.* contemptuously, meanly. दुर्जनता से।

**Despise**–डें-स्पाइज़्'– *v. t.* to look down upon, to scorn, to disdain. तिरस्कार करना, तुच्छ समझना ; **Despiser** (-अर ) *n.* a scorner. तिरस्कार करनेवाला।

**Despite**–डें-स्पाइट्'– *n.* outrage, extreme

malice. विरोध, द्वेष, ईर्ष्या ; In despite of ( as opposed to, notwithstanding. ) अनादर से, विरोध से ; Despiteful (-फ़ुल् ) -*adj.* malignant. द्वेषी ; Despitefully (-फ़ुल्-ली ) -*adv.* malignantly. द्रोहसहित, ईर्ष्या से ।

**Despoil**–डैस्पॉइल्' – *v. t.* to plunder, to deprive, to rob. अपहरण करना, लूटना; Despoiler (-अर् )-*n.* a plunderer. लुटेरा ; Despoilment (-मैन्ट् )-*n.* despoliation. लूट ; Despoliation ( -स्पो-लैं-एँ'-शान् ) -*n.* act of robbing. अपहरण ।

**Despond**–डैस्पॉन्ड्'– *v. i.* to lose hope, to despair. आशा त्यागना, निराश होना ; Despondence, (-स्पॉन्'-डैन्स्) Despondency ( -स्पॉन्' - डैन् - सी )-*ns.* dejection of spirits. नैराश्य ; Despondent (-ऍन्ट्) *adj.* desponding. (उद्विग्न), आशा छोड़े हुए; Despondently (-ऍन्ट्-ली ) -*adv.* in a despondent manner. उद्विग्नता से; Desponding ( -इङ्ग् ) -*adj.* depressed in spirit. निराश ; Despondingly (-इङ्ग्-ली )-*adv.* in a desponding manner. निराशा से।

**Despot**–डॅस्'-पॉट्– *n.* an absolute ruler, a tyrant, an oppressor. अत्याचारी राजा, निर्दयी, प्रजापीड़क ; Despotic ( -इक् ) -*adj.* absolute, indenendent, arbitrary. स्वेच्छाचारी, निरंकुश ; Despotically (-इ-कील्-ली ) -*adv.* in a despotic manner. निर्दयता से ; Despotism (-इज़्म् ) -*n.* arbitrary rule. अनियन्त्रित राज्यक्रम ।

**Desquamate**–डॅस्'-क्वॉ-मेट्- *v. i.* to peel off in scales. परत अलग होना ।

**Dessert**–डैज़र्ट्'–*n.* a service of fruits, sweetmeats &c. at the end of dinner. भोजन के अन्त में फल अथवा मिठाई का आहार ; Dessert-spoon ( a spoon which contains two drams. ) दो ड्राम के नाप का चम्मच ।

**Destination**–डॅस्-टिन्-ए'-शॉन्- *n.* end or purpose, appointed place to which a thing or person is bound or appointed. उद्देश्य ( अभिप्राय, लक्ष्य ), इष्ट, प्रदेश ( ठिकाना ) ।

**Destine**–डॅस्'-टिन् – *v. t.* to ordain, to appoint to a use, to fix. निर्देश करना, नियुक्त करना, स्थिर करना ।

**Destiny**–डॅस्'-टिन्-ई – *n.* ultimate lot, invincible necessity. भाग्य ( प्रारब्ध ), अदृष्ट, होनहार ।

**Destitute**–डॅस्'-टि-ट्यूट् – *adj.* wanting, devoid of. निराश्रय, विहीन ( रहित ) ; Destitution ( -ट्यू'-शान् ) -*n.* want, poverty, deprivation. निराश्रयता अभाव, निर्धनता

**Destroy**–डैस्ट्रॉय् – *v. t.* to undo, to kill, to annihilate. नष्ट करना, व्यर्थ करना, वध करना, ध्वंस करना ; Destroyable ( -ऑ-ब्ल् )-*adj.* that may be destroyed. नाश करने योग्य ; Destroyer ( -अर् ) -*n.* one who or that which destroys. नाशक, नाश करने वाला (जहाज़)।

**Destructibility**–डि-स्ट्रक्-टि-बिल्'-इ-टी – *n.* liability to destruction. ध्वंसता ; Destructible ( -टि-ब्ल् ) -*adj.* able to be destroyed. नश्वर, ध्वंसयोग्य ।

**Destruction**–डैस्ट्रक्'-शॉन्- *n.* cause of ruin, state of being destroyed, slaughter. नाश ( ध्वंस ), क्षय ।

**Destructive**–डैस्ट्रक्'-टिव्- *adj.* destroying, causing ruin. विनाशकारी, हानिकारक ; Destructively ( -टिव्-ली )-*adv.* in a destructive manner. नाश करते हुए ; Destructiveness ( -टिव्-नैस् )-*n.* the quality of destroying. नष्टता, ध्वंसता ; Destructor ( -टॉर् ) -*n.* a furnace for burning refuse. कूड़ा जलाने की भट्ठी ।

**Desudation**–डैस्यु-डे'-शॉन् – *n.* profuse sweating which causes an eruption of pustules. अंभौरी ।

**Desuetude**–डॅस्'-वे-ट्यूड् – *n.* a passing into disuse. (निवृत्ति), प्रयोग में न होना ।

**Desulphurize**–डी-सल्'-फ़र्-आइज़् – *v. t.* to free from sulphur. गन्धक अलगाना ।

**Desultorily** – डॅस्'-अल-टॉर्-इ-ली – *adv.* in a desultory manner. चंचलता से ; Desultoriness ( -इ - नैस् ) -*n.* unconnectedness. अस्थिरता ।

**Desultory**–डॅस्'-अल-टॉर्-ई- *adj.* disconnected or unconnected, unmethodical. असंबद्ध, अनियमित ।

**Detach**–डैटीच्'–*v. t.* to unfasten, to remove, to free, to send on a separate

mission. अलगाना, हटाना, पृथक् करना, सेना का विभाग करना; **Detachable** (-ऑ-बूल्) *adj.* that may be detached. पृथक् करनेयोग्य; **Detached** (-ड्) *-adj.* isolated. (असंगत), विभिन्न; **Detachment** (-मेन्ट्) *-n.* a portion of an army, aloofness. सेना का अंश, (पृथक्करण) अलगाव।

**Detail** - डी-टेल्' - *n.* a minute account, item. हिसाब का ब्योरा (प्रपंच, व्याख्या), विवरण; *-v. t.* to give particulars of, to relate. सविस्तार वर्णन करना, विवरण करना; **Detailed** (-ड्) *-adj.* minutely related. विस्तृत रूप में वर्णन किया हुआ; **In detail** (part by part.) सविस्तार, पृथक् पृथक्।

**Detain**-डें-टेन्' - *v. t.* to keep in confinement, to withhold. निरोध (बन्द) करना, रोकना; **Detainer** (-अर्) *-n.* one who detains. रोकने वाला।

**Detainment** - डें-टेन्'-मेन्ट्- *n.* same as Detention.

**Detect**-डें-टेक्ट्' - *v. t.* to discover, to find out. अनुसन्धान करना, पता लगाना; **Detectable** (-ऑ-बूल्), **Detectible** (-इ-बूल्) *-adjs.* that may be detected. पता लगाने योग्य; **Detecter**, **Detector** (ऑर्) (-अर्) *-n.* a discoverer. अनुसन्धान करने वाला; **Detection** (-टेक्'-शान्) *-n.* act of detecting, discovery. अनुसन्धान, खोज; **Detective** (-इव्) *-adj.* & *n.* employed in detecting criminals, a policeman so employed. जासूस (पता लगानेवाला मनुष्य), भेदिया, (गुप्तचर)।

**Detent**-डें-टेन्ट्' - *n.* a catch in a machine to regulate motion. किसी यन्त्र की गति स्थिर करने का खटका।

**Detention**-डें-टेन्'-शॉन् - *n.* a check, restraint, delay. रुकावट, अवरोध, देर।

**Deter**-डें-टर्' - *v. t.* (*p. t.* Deterred.) to hinder, to frighten from acting. डराकर रोकना, निवारण करना; **Deterrent** (-रेन्ट्) *-adj.* that which deters. रोकनेवाला; **Deterrence** (-रेन्स्), **Determent** (-मेन्ट्) *-ns.* act of deterring. निवारण, अवरोध।

**Deterge**-डें-टर्ज्' - *v. t.* to wipe off, to cleanse. पोछना, साफ करना; **Detergent** (टर्'-जेन्ट्) *-adj.* & *n.* cleansing. शोधक, शुद्ध करनेवाला पदार्थ।

**Deteriorate**-डें-टिअर्'-इ-ऑर्-एट्- *v. t.* & *i.* to make or become worse. क्षय होना (दूषित होना), भ्रष्ट करना; **Deteriorative** (-ऑ-टिव्) *-adj.* causing deterioration. भ्रष्ट करने वाला; **Deterioration** (-ए'-शॉन्) - *n.* state of being or growing worse. क्षय (ह्रास, भ्रष्टता), दूषण

**Deteriority**-डें-टिअर'-इ-ऑर्-इ-टी *n.* worse condition. बुरी अवस्था।

**Determent**- *n.* see Deter

**Determinable**-डि-टर्'-मिन्-ऑ-बूल् - *adj.* determinative. निर्धारक।

**Determinant**-डें-टर्'-मिन्-ऑन्ट्-*adj.* decisive. स्थिर, निश्चित, सिद्ध।

**Determinate**-डें-टर्'-मिन्-एट्- *adj.* definite, limited. निर्धारित, व्यवस्थित; **Determination** (-ए'-शॉन्) *-n.* ascertainment, fixed attention, resoluteness. निश्चय, संकल्प (विचार), निर्धारण; **Determinative** (-ऑ-टिव्) *-adj.* that which defines. निर्धारक।

**Determine** - डें-टर्'-मिन् *-v. t.* & *i.* to come to an end, to define, to fix beforehand, to settle, to decide. समाप्त होना निश्चित करना, पहिले से निर्धारित करना, स्थिर करना, निर्णय करना; **Determined** (-ड्) *-adj.* definite, resolute. स्थिर, निश्चित; **Determinism** (-इज़्म्) *-n.* the theory that human action is not free. यह सिद्धान्त कि मनुष्य के कार्य स्वतन्त्र नहीं होते।

**Deterrent**-डि-टर्'-रेन्ट्, **Deterring** (-रिङ्) *adj.* discouraging. हतोत्साह करने वाला।

**Detersion**-डें-टर्'-शॉन्- *n.* act of cleansing a wound. घाव को साफ करने का काम।

**Detersive**-डें-टर्'-सिव्- *adj.* having power to cleanse. साफ़ करने वाला।

**Detest**-डें-टेस्ट्' - *v. t.* to dislike extremely, to abhor. अति घृणा करना, तिरस्कार करना; **Detestable** (-ऑ-बूल्) *adj.* abominable. गर्हणीय, तिरस्कार करने योग्य; **Detestableness** (-नेस्) *-n.* extreme hatefulness. विद्वेष; **Detestably** (-ऑब्-ली) *-adv.* very hatefully. अति घृणा पूर्वक; **Detestaion** (-ए'-शॉन्) *n.* abhorrence. घृणा (जुगुप्सा); **Detested** (-टेड्) *-adj.* abhorred. घृणित; De-

tester ( -अर् ) -*n.* one who hates. द्वेष करने वाला मनुष्य ।

**Dethrone** – डे-थ्रोन्' – *v. t.* to remove from a throne, to depose. राजगद्दी से उतारना ; **Dethronement** (-मैन्ट् ) -*n.* deposition of a king or ruler. किसी राजा का राजगद्दी से उतारा जाना ।

**Detonate** – डेट्'-ऑ - नेट् – *v. i.* & *t.* to explode with a loud report, to cause to explode. धड़ाके के साथ फूटना, धड़ाका करना ; **Detonation** ( - ने -शॉन् ) -*n.* an explosion. विस्फोट,ध्वनि; **Detonative** ( -नीं-टिव् ) -*adj.* causing a detonation. धड़ाका करने वाला ; **Detonator** ( - टॉर् ) *n.* an explosive. धड़ाका करने वाला बारूद भरा हुआ पटाखा ।

**Detort**–डे-टॉर्ट्'–*v. t.* to wrest. ऐंठना ; **Detortion** (-टॉर्'-शॉन् ) -*n.* a wresting, percussion. ऐंठन, उलटपलट ।

**Detour**–डे-टूर्' – *n.* a circuitous or roundabout way. चक्करदार मार्ग ।

**Detract**–डे-ट्रैक्ट्' – *v. t.* to take away, to defame. घटाना, अपमानित करना ; **Detraction** (-ट्रैक्'-शॉन् ) -*n.* calumny. ( गुण-निन्दा ) कलंक ; **Detractor** ( -ऑर् ) -*n.* a slanderer. निन्दा करने वाला; **Detractive** ( -इव् ) -*adj.* having tendency to lessen. घटाने वाला ।

**Detrain**–डे-ट्रेन्'–*v. t.* & *i.* to remove or alight from a railway - train. रेलगाड़ी से उतारना या उतरना ।

**Detriment**–डेट्'-रि-मैन्ट्– *n.* harm, mischief, damage. हानि, अपकार ; **Detrimental** ( -ऑल् ) -*adj.* harmful. हानिकारक ; **Detrimentally** (-ऑल्-लि) -*adv.* in an injurious manner. हानिपूर्वक ।

**Detrition**– डे-ट्रिश्' – शॉन्– *n.* a wearing away by rubbing. घिस कर नष्ट होना ; **Detrital** ( - टील ) -*adj.* relating to detrition. क्षय का ; **Detritus** (-ट्राइ -टस ) *n.* matter produced by detrition. घिसने से निकला हुआ पदार्थ ।

**Detrude**–डे-ट्रूड्'–*v. t.* to thrust or force down. ढकेल देना ।

**Deuce**–ड्यूस्' – *n.* the two at cards or dice, the devil, mischief. ताश या पासे की दुक्की, पिशाच, उपद्रव ; **Deuced** (-ड्) *adj.* confounded, devilish. घबड़ाया हुआ, दुष्ट ।

**Deuteronomist** – ड्यू'-टर्-ऑन्-ऑ-मिस्ट्– *n.* one of the joint authors of a book. किसी पुस्तक के दो लेखकों में से एक ।

**Devastate** – डेव्'-ऑस्-टेट् – *v. t.* to lay waste, to ravage. निर्जन करना, भ्रष्ट करना ; **Devastation** ( - टे'-शॉन् ) -*n.* desolation, waste. विनाश, उपप्लव ; **Devastator** (-टे'-टॉर्), -*n.* one who lays waste or ravages. नाश करने वाला ।

**Develop** – डी-वेल्'-ऑप्–*v. t.* & *i.* ( *p. t.* **Developed** ) to advance in structure, to unfold, to reveal, to make picture in photography visible, to exhibit. पुष्ट करना, प्रकाशित करना, फोटो के शीशे को साफ करना, दिखलाना ; **Developer** (-अर् ) -*n.* he who or that which develops. स्थिर करने वाला ; **Development** ( - मैन्ट् ) -*n.* growth, product, advancement. वृद्धि, विस्तार, उन्नति ।

**Deviate** – डी'-वि-एट्–*v. i.* to turn from the way, to diverge. घूम जाना, हटना ; **Deviation**( - ए'-शॉन् ) -*n.* deflection, error. अतिक्रम, भूल ; **Deviator** (-ए'-टॉर् ) -*n.* one who deviates. अतिक्रमण करने वाला ।

**Device**–डे-वाइस्'– *n.* a contrivance, plan, scheme, invention, faculty of designing, a design. उपाय, प्रयोग, विधि, कल्पना, ( साधन ), आविष्कार ।

**Devil**–डेव्'-इल्– *n.* the supreme spirit of evil, a very wicked person, an enemy of God. दानव, पिशाच, अति दुष्ट मनुष्य, दैत्य ; **Devil's bones** ( dice. ) पासा ; **Devil's books** (playing-cards.) ताश के पत्ते ; **Devil's dozen** ( the number thirteen. ) तेरह की संख्या ; **Devil's dung** (asafoetida.) हींग ; **The devil and all** ( all bad things. ) सब बुरी वस्तुयें; **The devil to pay** (trouble before one.) सामने आपत्ति होना ; **To go to the devil** ( to come to ruin, to harm.) नाशको प्राप्त होना, नाश करना; **To play the devil with** ( to harm and worry. ) कष्ट और व्यग्रता उत्पन्न करना ।

**Devilish**–डेव्'-इल् - इश् – *adj.* very mischievous. अति दुष्ट या उपद्रवी;**Devilishly** (-इश्-ली) -*adv.* like a devil. प्रेत की तरह; **Devilishness** (-इश्-नैस्) -*n.* quality of

being a devil. पिशाचिपन ; Devilism (-इज़्म्) -n. great wickedness. पिशाचत्व ।

**Devious**- डी'-वि - अस् - *adj.* winding, rambling, circuitous, erring. कुटिल (टेढ़ा), चक्करदार, दोषी ; **Deviously** (-ली) -*adv.* in an erring manner. कुटिलता से; **Deviousness** (-नेस्) -*n.* a departure from the main course, error. कुमार्ग, अशुद्धि ।

**Devise**-डे-वाइज़्'- *v. t.* to consider, to scheme, to contrive a plan. विचार करना, चिन्तन करना, उपाय करना ; **Deviser** (-वाइ'-ज़र्)-*n.* one who contrives. (प्रयोजक), उपाय करने वाला ।

**Devitalize**-डे-वाइ'-टॅल्-आइज़् - *v. t.* to make lifeless. निर्जीव करना ।

**Devocalize**-डी-वो'-कॅल्-आइज़् - *v. t.* to make voiceless. गूँगा करना ।

**Devoid**-डे-वॉएँड्' - *adj.* destitute, empty, vacant. रहित, शून्य ।

**Devoir**-डेवे'-वॉर - *n.* duty, respect due. कर्तव्य (धर्म), आदर (सम्मान) ।

**Devolute**-डेवॅ'-ओ-ल्यूट्- *v. t.* to depute, to transfer. सौंपना, हटाना ।

**Devolution**-डेवॅ-ओ-ल्यू'-शॉन्- *n.* a passing through a series of changes, degradation. निक्षेपण, अवनति ।

**Devolve**-डे-वाल्व्'- *v. t.* & *i.* to fall by succession, to descend, to deliver over. गिरना, उतरना, सौंपना ।

**Devote** - डे-वोट्' - *v. t.* to dedicate, to give up exclusively. समर्पण करना (भेंट करना), त्याग देना ; **Devoted** (-वो'-टॅड्) -*adj.* ardent, zealous. तत्पर (परायण), अनुरक्त ; **Devotedly** (एॅड्-ली) -*adv.* in an ardent manner. भक्तिपूर्वक ; **Devotee** (डेवॅ-ओ-टी') -*n.* a votary, a bigot. धार्मिक मनुष्य, (योगी, तपस्वी) ।

**Devotion**-डे-वो'-शॉन्- *n.* divine or religious worship, devoutness. धर्मनिष्ठा, भक्ति; **Devotional** (-ऑल्) -*adj.* pertaining to piety, धार्मिक ; **Devotionally** (-ऑल्-लि) -*adv.* in a pious manner. भक्तिपूर्वक ; **Devotionalist** (-ऑल्-इस्ट) -*n.* one who is superstitiously devout. अनन्य ईश्वरभक्त ।

**Devour**-डे-वौर्'-*v. t.* to eat ravenously, to consume, to destroy, to kill. भकोसना, भस्म करना, नष्ट करना, हत्या करना ; **Devourer** (-अर्) -*n.* one who devours. भक्षण करने वाला ; **Devouringly** (-इङ्ग्-ली) -*adv.* in a devouring manner. भकोसते हुए ।

**Devout**-डे-वाउट्'-*adj.* pious, religious, reverential. धार्मिक, धर्मात्मा, भक्त, पुण्यात्मा ; **Devoutly** (-ली) -*adv.* in a devout manner. भक्ति पूर्वक ; **Devoutness** (-नेस्) -*n.* the quality of being devout. धार्मिकता, भक्ति ।

**Dew**-ड्यू- *n.* moisture from air condensed in small drops. तुषार, ओस; **Dewdrop** (drop of dew) ओस का बूंद; **Dewfall** (evening.) सन्ध्या समय ; **Dewless** (-लेस्) -*adj.* without dew. बिना ओस का; **Dewy** (-इ) -*adj.* moist with dew. ओस से गीला ।

**Dewlap**-ड्यू'-लॅप्-*n.* a fold of loose skin hanging from the throat of cattles. गाय बैलके गलेके नीचे का लटकता हुआ झालरदार मांस ।

**Dewy**-ड्यू'-इ-*adj.* see Dew.

**Dexter**-डेक्स्'-टर्-*adj.* on the right-hand side. दाहिने हाथ की ओर का ।

**Dexterity**-डेक्स्-टॅ'र्-रि-टी- *n.* adroitness, cleverness, right-handedness. दक्षता, निपुणता, हस्तकौशल; **Dext(e)rous** (-टर्'-अस्) -*adj.* adroit, skilful. कुशल (पटु), निपुण ; **Dexterousness** (-अस्-नेस्) -*n.* dexterity, adroitness. निपुणता; **Dexterously** (-अस्-ली) -*adv.* in an adroit manner. दक्षता पूर्वक ।

**Dextral**- डेक्स्'-ट्रॅल् - *adj.* right as opposed to left. दाहिना ।

**Dextrin**-डेक्स्'-ट्रिन्- *n.* a gummy substance obtained from starch, gum. गेहूँ या जव के सत्व से निकला हुआ चिपकाने वाला पदार्थ, गोंद ।

**Dextrous**-डेक्स्'-ट्रस्-same as Dexterous (-टर्'-अस्).

**Dhow, Dow**-डाउ- *n.* an Arabian ship. अरब का छोटा जहाज ।

**Diabetes**-डाइ'-ऑ-बी-टीज़्- *n.* a disease marked with excessive sugar in the urine. मधुमेह, बहुमूत्र रोग ; **Diabetic** (-बेट्'-इक्) -*adj.* pertaining to diabetes. मधुमेह सम्बन्धी ।

**Diablery**-डै-ऑब्'-लॅरी-*n.* magic, sorcery. जादू, टोना ।

**Diabolic** ( **Diabolical** )-डाइ-ऑ-बॉल्'-इक् ( -ऑल् ) -*adjs.* devilish, fiendish. पैशाची, पापिष्ठ; **Diabolically** ( -ऑ-ली ) *adv.* in a devilish manner. पिशाचवत् ; **Diabolism** (-ऑब्'-ओ-लिज़्म्)-*n.* sorcery. जादू की विद्या ; **Diabolize** ( -लाइज़् )-*v.t.* to make into a devil. पिशाच बनाना ।

**Diacritic**-डाइ-ऑ-क्रिट्'-इक्- **Diacritical** ( -ऑल् )-*adjs.* distinguishing. भेद बतलानेवाला ( स्वरों का विशिष्ट चिह्न ) ।

**Diactinic**-डाइ'-ऑक्-टिन्'-इक्-*adj.* transmitting the rays of the sun. सूर्य की किरणों को छानने वाला ।

**Diadem**-डाइ'-ऑ-डेम्-*n.* the arch of a crown, a head-band worn as a badge of royalty. मुकुट, किरीट; **Diademed** ( -ड् ) -*adj.* wearing a diadem. मुकुट ( किरीट ) पहिरे हुए ।

**Diaglyph**-डाइ'-ऑ-ग्लिफ़्-*n.* a sinking into the general surface. समतल में डूबकर बनाई हुई खोदाई या रचना ।

**Diagnose**-डाइ'-ऑग्-नोज़्-*v. t.* to ascertain a disease by symptoms. लक्षण देखकर रोग का निर्णय करना ; **Diagnosis** ( -नो'-सिस् )-*n.* ( *pl.* **Diagnoses.** ) identification of a disease by its distinctive marks; रोग निर्णय, रोग निदान ; **Diagnostic** ( -नॉस्'-टिक् )-*adj.* & *n.* distinguishing symptoms. रोग लक्षण सम्बन्धी, निदान ।

**Diagonal**-डाय्-ऑग्'-ओ-नॉल्-*n.* a line joining two non-adjacent angles of any rectilineal figure. कर्ण, चतुर्भुज में एक कोण से दूसरे कोण तक की रेखा; **Diagonally** ( -ली ) -*adv.* in a diagonal manner. कर्ण रेखावत् ।

**Diagram**-डाइ'-ऑ-ग्रैम्-*n.* a figure made of lines, symbolic representation of a figure. आकृति, मानचित्र; **Diagrammatic** ( -मैट-इक् ) -*adj.* represented by a diagram. आकृतिवाला ; **Disgrammatically** ( -कॅल्-ली )-*adv.* by means of a diagram. आकृति में; **Diagrammatize** ( -ऑ-टाइज़् )-*v. t.* to put as a diagram. चित्ररूप में रखना ।

**Dial**-डाइ'-ऑल्-*n.* the face of a clock or watch, a circular plate on which an index - finger indicates degrees & c. घड़ी का मुख ;



Dial

**Sundial** (an instrument showing time by the sun's shadow. ) सूर्य घड़ी, धूप घड़ी ।

**Dialect**-डाइ'-ऑ-लॅक्ट्- *n.* the form of a language peculiar to a district. प्राकृत भाषा, प्रान्तीय भाषा ; **Dialectal** ( -लॅक्-टॅल्)-*adj.* pertaining to dialects. प्रान्तीय भाषण सम्बन्धी ; **Dialectally** ( -टॅल्-ली ) *adv.* from a dialectic point of view. प्रान्तीय भाषा के रूप में ; **Dialectic** (-लॅक्'-टिक् )-*n.* ( often in *pl.* ) logical disputation ; तर्कविद्या, न्याय; **Dialectician** ( -लॅक्-टिश्'-ऑन् ) -*n.* a logician. नैयायिक, तत्वदर्शी ।

**Dialogic**-डाइ-ऑ-लॉज्'-इक्- *adj.* pertaining to a dialogue. वार्तालाप सम्बन्धी; **Dialogist** (-ऑल्-ओ-जिस्ट् )-*n.* a writer of dialogues. सम्वादक ।

**Dragnet**-ड्रैग्'-नैट्- *n.* a net drawn on the bottom of a river or pond to catch fishes. मछली फँसाने की नदी नाले के तल में फेकने की जाल।

**Dragon** - ड्रैग्'-ओन्- *n.* a mythical winged reptile. सपक्षनाग या अजगर; Dragon's-blood (a kind of red gum obtained from certain plants.) एक प्रकार की लाल गोंद।

**Dragoon**-ड्रै-गून्'- *n.* a cavalryman, a rough fierce fellow. घोड़सवार, भयङ्कर रूक्ष मनुष्य; -*v.t.* to harass, to persecute. कष्ट देना, दिक करना।

**Drail**–ड्रेल् – *n.* a weighed fishing line for dragging through water. पानी में से मछली खींचने की भार लगी हुई डोरी। *v. t.* to trail. पानी में खींचना।

**Drain**–ड्रेन् – *n.* a ditch, a sewer. परनाला, मोरी ; *-v.t.* to draw off gradually, to filter, to dry. बहाना (खाली करना), छानना, सुखाना ; **Drainable** (-अॅ-बल्) *-adj.* capable of being drained. बहाने योग्य ; **Drainage** (-एज्) *n.* system of sewerage. पानी और मैले का निकास, मोरी ; **Drainer** (-अर्) *-n.* a vessel in which things are put for being drained. बहाने का पात्र।

**Drake**–ड्रेक्– *n.* the male of the duck. नर हंस, बत्तक।

**Dram**–ड्रॅम्–*n.* contraction of Drachm. ड्रॅम शब्द का छोटा रूप।

**Drama**–ड्रा'-मॅ– *n.* a stage play, a theatrical entertainment, dramatic literature. अभिनय, नाटक।

**Dramatic**–ड्रॅम्-ॲट्'- इक्, **Dramatical** (-अॅल्) *-adjs.* theatrical. नाटक सम्बन्धी; **Dramatically** (-अॅल्-ली) *-adv.* in the manner of a drama. नाटक रूप से ; **Dramatist** (-इस्ट्) *-n.* a playwright. नाटककार, नाटक लिखने वाला; **Dramatis personæ** (-अॅ-टिस्-पेर्-सो'-नी) *-n.pl.* characters in a play. किसी नाटक के पात्र; **Dramatize** (-आइज़्) *-v. t.* to convert into a play. नाटक रूप में (उपन्यास, कथा इत्यादि) बदलना; **Dramatization** (-ए'-शन्) *-n.* the act of dramatizing. नाटक रूप में परिवर्तन ; **Dramaturgy** (-अर्ज्-ई) *-n.* theatrical art. नाटक कला ; **Dramaturgist** (-टर्ज्-इस्ट्) *-n.* a playwrihgt. नाटक लिखने वाला।

**Drank**–ड्रॅङ्क्–*p. t.* of Drink.

**Drape**–ड्रेप्– *-v. t.* to cover, to adorn, to dress. ढाँपना, सजाना, वस्त्र पहराना।

**Draper** – ड्रेप्' - अर् – *n.* a dealer in cloth or drapery. वस्त्र बेंचने वाला, बजाज।

**Drapery**–ड्रेप्'-अर्-ई– *n.* the occupation of a draper. बजाज का व्यवसाय।

**Drastic**–ड्रॅस्ट्'-इक्– *adj.* vigorous, powerful, strongly purgative. तीव्र, तीक्ष्ण, तेज दस्तावर; **Drastically** (-अॅल्'-ली) *-adv.* strongly. तीक्ष्णता से।

**Draught**–ड्राफ़्ट्– *n.* the act of drawing, dose of a liquid medicine, the quantity of liquor drunk at once, current of air in a room, a sketch or outline. खिंचाव, तरल औषधि की मात्रा, घूँट, वायु का झोंका, ढाँचा, खाका ;*-v. t.* to make a plan. ढाँचा बनाना।

**Draughtsman** – ड्रॅफ़्ट्स्'-मॅन् – *n.* one who makes or designs drawings. चित्र बनाने वाला ; **Draughtsmanship** (-शिप्) *-n.* the work of a draughtsman. चित्र बनाने का कार्य।

**Draughty**–ड्रॅफ़्ट्'-ई – *adj.* allowing of draughts of air. झकोरेदार।

**Draw** – ड्रॉ – *v. t.* & *i.* (*p. t.* Drew, *p. p.* Drawn) to pull out or drag, to contract, to distort, to bend, to extract, to lengthen, to write, to suck, to receive, to get. खींचना, सिकोड़ना, मोड़ना, लिखना, चूसना, पाना, लेना, बढ़ाना, फैलाना,*-n.* act of drawing, strain. खिंचाव, तनाव ; **Drawn by merits** (attracted by merits.) गुणों से मुग्ध ; **To draw back** (to receive back.) वापस लेना ; **To draw a deep breath** (to inhale deeply.) गहरी साँस लेना ; **To draw cloth** (to remove cloth from table after dinner.) भोजन के बाद टेबुल पर से कपड़ा हटाना ; **To draw game** (to part without deciding a game.) जीत हार बिना हुए खेल रोक देना; **To draw in** (to entice.) ललचना ; **To draw lots** (to obtain by lots.) चिट्ठी डालना ; **To draw off** (to withdraw.) हटाना ; **To draw one's salary** (to receive one's pay.) तनखाह लेना ; **To draw one's sword against** (to make an assault.) आक्रमण करना ; **To draw out** (to direct, to lengthen.) मार्ग दिखलाना, बढ़ाना ; **To draw the line at** (to fix limits of.) सीमा परिमित करना ; **To draw up** (to draw out) a scheme, to prepare a scheme.) खाका तैयार करना।

**Drawback** – ड्रॉ'-बॅक् – *n.* a deduction,

a disadvantage. कमी, असुविधा।

**Draw-bridge** ड्रॉ'-ब्रिज् - *n.* a bridge which may be raised up or drawn aside. उठाने-वाला पुल।



Draw-bridge.

**Drawee**-ड्रॉ'-ई- *n.* he who draws an order for payment of money. हुण्डी की रकम लेने वाला।

**Drawer**-ड्रॉ'-अर् - *n.* one who draws, a sliding box in a case. निकालने वाला, टेबुल की दराज; **Drawers** (-अर्स्)-*n. pl.* an undergarment. नीचे के अंग का वस्त्र, जँघिया, कछ।

**Drawing**-ड्रॉ'-इङ्ग् - *n.* the art of representation in lines. चित्रविद्या, चित्र खींचना; **Drawing-board**- *n.* a board on which paper is fixed to make drawings on. लकड़ी का चिकना तख्ता जिस पर कागज रखकर चित्र खींचा जाता है; **Drawing-paper**-*n.* a stout paper on which drawings are made. चित्र बनाने का मोटा कागज; **Drawing-room** (a room for the reception of company.) दर्शनगृह, बैठका।

**Drawl**-ड्रॉल् - *v. i.* to speak in a low tone. धीरे धीरे बोलना, भुनभुनाना; **Drawler** (-अर्) -*n.* one who mutters. भुनभुनाने वाला; **Drawlingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a low or slow tone. मन्द उच्चारण से, भुनभुनाते हुए।

**Drawn** - ड्रॉन् - *p. p.* of Draw. *adj.* equal on both sides. दोनों पक्ष में समान

**Draw-plate**-ड्रॉ'-प्लेट्--*n.* a steel plate through which wires are drawn for being reduced. तार खींचने की जन्ती

**Dray**-ड्रे-*n.* a low-wheeled cart. नीची ठेला गाड़ी; **Drayman** (-मैन्)-*n.* one who drives a dray. ठेला हाँकने वाला।

**Dread**-ड्रेड्- *n.* & *adj.* awe, cause of fear, awful, fearful. भय, त्रास, भयंकर; *v. t.* & *i.* to fear with awe, to shrink from fear. भय कराना, डरना; **Dreadable** (-ऐब्ल्)-*adj.* able to be feared. डरने योग्य; **Dreadful** (-फुल्) -*adj.* terrible, frightful. भयानक, डरावना; **Dreadfully** (-फुल्-ली) - *adv.* in a manner to be dreaded. भय से; **Dreadfulness** (-फुल्-नेस्) *n.* the quality of being dreadful, great fear. भय, त्रास; **Dreadless** (-लेस्) - *adj.* fearless. निर्भय।

**Dreadnought**-ड्रेड्'-नॉट्- *n.* a kind of thick cloth, a kind of battleship. एक प्रकार का पुष्ट वस्त्र, एक प्रकार का लड़ाई का जहाज।

**Dream**-ड्रीम्- *n.* fancies during sleep, vision, something imaginary. स्वप्न, मिथ्या वासना, मन की तरंग; -*v. i.* (*p. t.* Dreamed, Dreamt.) to have vision, in sleep, to think idly. स्वप्न देखना; **Dreamer** (-अर्)-*n.* one who dreams. स्वप्न देखने वाला; **Dreamful** (-फुल्) *adj.* full of dreams. स्वप्नपूर्ण; **Dreamily** (-इ-ली)-*adv.* in a dreamy manner. स्वप्न की तरह से; **Dreamland** (imaginary fancies.) मन की तरंग; **Dreamless** (-लेस्) - *adj.* without dreams. स्वप्न रहित; **Dream-reader** (one who signifies the meaning of a dream.) स्वप्न का अर्थ बतलाने वाला; **Dreamy** (-ई)-*adj.* like a dream. स्वप्नवत्।

**Drear**-ड्रिअर्, **Dreary**-ड्रिअर्'-ई - *adjs.* gloomy, dull, dismal. निर्जन, मन्द, उदास; **Drearily** (-इ-ली) -*adv.* in a dreary manner. निर्जनता से; **Dreariness** (-इ-नेस्) -*n.* the state of being dreary. निर्जनत्व, उदासीनता।

**Dredge**-ड्रेज्- *n.* a drag-net for collecting oysters. सीप निकालने की जाल; *v. t.* to clean out with a dragnet, to sprinkle. जाल से फँसाना, छितराना; **Dredger** (-अर्) -*n.* one who fishes with a dredge, a box for spreading powder. जाल से फँसाने वाला, बुकनी छितराने की डिबिया।

**Dree**-ड्री- *v. t.* to endure. सहन करना।

**Dreggy**-ड्रेग्'-गी- *adj.* muddy. मलपूर्ण।

**Dregs**-ड्रेग्ज़्- *n. pl.* sediment, refuse, lees. मल, किट्ट, तलछट।

**Drench**-ड्रेन्च्-*v. t.* to wet, to soak, to imbue. भिगाना, गीला करना, सोखाना, **Drencher** (- अर्) *n.* a shower for drenching. नहलाने का फ़ौवारा।

**Dress**–ड्रेस्–*v. t.* & *i.* to array, to provide oneself with clothes, to apply dressing to (wound &c.), to cleanse, to prune. अलंकृत करना (सजाना), कपड़ा पहिरना, घाव पर पट्टी बाँधना, साफ करना, छाँटना; -*n.* clothing, apparel. वेश, वस्त्र, पहिरावा; **Dressed** (-ड्) -*adj.* adorned. आभूषित, अलंकृत; **Dresser** (-अर्) -*n.* one who dresses, a kitchen sideboard. मलहम पट्टी करने वाला, कपड़ा पहिराने वाला, भोजन पकाने की चौकी; **Dressing** (-इङ्ग्) -*n.* a bandage, ointment, manure, scolding or thrashing. पट्टी, मलहम, खाद, मारपीट; **Dressing-room** (a room for dressing in.) नेपथ्य, शृङ्गार करने का स्थान; **Dress-maker** (one who makes dresses for ladies.) स्त्रियों का वस्त्र बनाने वाला दर्जी; **Dressy** (-ई)-*adj.* stylish. आडंबरी; **To dress food** (to cook.) भोजन पकाना या रींधना, **To dress hair** (to put hairs in order.) बालों को सँवारना।

**Drew**–ड्रू–*p. t.* of Draw.

**Drib**–ड्रिब्– *v. t.* to cheat or inveigle bit by bit. थोड़ा थोड़ा करके ठगना।

**Dribble**–ड्रिब्'-बल्–*v. t.* to flow or fall in drops, to trickle, to run in mouth. बूंदबूंद कर टपकना, चूना, लार बहना; **Dribbler** (-अर्)-*n.* one who dribbles. टपकाने वाला।

**Dribblet, Driblet**–ड्रिब्'-लेट्–*ns.* a small quantity, a petty sum. अल्प भाग, लेश, थोड़ा परिमाण।

**Dried**–ड्राइड्, **Drier**–ड्रायर्–see Dry.

**Drift** – ड्रिफ्ट् – *n.* natural progress, tendency, purpose, accumulation. प्राकृतिक उन्नति, भाव, अभिप्राय, (उद्देश्य) संचय;–*v. t.* & *i.* to be carried by current, to pile or be piled. स्रोत से जल ले जाना, बहाकर ढेर लगना या लगाना;

**Drifter**–ड्रिफ्ट्'-अर्– *n.* a boat which is used for catching fish. मछली फँसाने की नाव।

**Drill**–ड्रिल्– *n.* a boring tool, a kind of thick cloth, military exercise, a small furrow for sowing seeds. छेदने का बरमा, झीन (कपड़ा), क़वायद, खेत में बीज बोने की नाली; -*v. t.* to bore, to train soldiers for military discipline. छेद करना, अस्त्रशिक्षा का अभ्यास कराना।



Drills.

**Drily**–ड्राइ'-ली–*adv.* in a dry manner. सूखी तरह से।

**Drink**–ड्रिङ्क्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Drank**, *p. p.* **Drunk**) to swallow a liquid, to absorb, to listen, to empty. पीना, चूसना, सुनना, खाली करना, (शराब पीना); *n.* beverage. शराब (पेय, शर्बत); **To drink in** (to meditate.) विचार करना; **To drink off** (to drink the entire contents.) सब पी जाना; **To drink to** (to salute in drinking.) किसी के हित के लिये मदिरा पीना।

**Drinkable**–ड्रिङ्क्'-ऑ-बल् – *adj.* able to be drunk. पीने योग्य।

**Drinker** – ड्रिङ्क्' - अर् – *n.* one who drinks. पीने वाला, पियक्कड़।

**Drinking**–ड्रिङ्क्'-इङ्ग्– *n.* the practice of drinking. पीना, मदिरा पान; **Drinking bout**–*n.* a carnival, revelry. पियक्कड़ों की मण्डली; **Drinking-house** -*n.* an ale-house. कलवरिया।

**Drip**–ड्रिप्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Dripped**) to fall or let fall in drops. रसना, बूँद बूँद करके चूना या चुआना; **Dripping** (-पिङ्ग्) -*n.* that which falls in drops. स्रवण, रसाव।

**Drive**–ड्राइव्–*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Drove** ड्रोव्, *p. p.* **Driven**–ड्रिवन्) to urge with violence, to convey in a vehicle, to throw, to conclude. ढकेलना, गाड़ी पर सवार होकर चलना, फेंकना, समाप्त करना; **Drivable** (-ऑ-बल्) -*adj.* able to be driven. हाँकने योग्य; **To drive a nail** (to press it.) काँटी गाड़ना या ठोकना; **To drive at** (to aim.) लक्ष्य करना; **To drive away** (to scatter.) छितराना; **To drive into ground** (to penetrate into ground.) ज़मीन में गाड़ना; **To drive mad** (to turn mad.) पागल करना; **To drive out** (to expel.) बाहर निकाल देना।

**Drivel** – ड्राइव्'-एल्– *n.* a silly senseless talk, slaver. मूर्खता की बकवाद, लार, थूक; *v. i.* to let spittle flow from the

mouth. मुँह से लार बहना ।

**Driver** – ड्राइव्'-अर्-*n.* he who drives a carriage. गाड़ी हाँकने वाला ।

**Driving**-ड्राइव्'-इङ्ग्- *n.* impetus. प्रेरणा; **Driving-wheel** ( the wheel communicating motion to other parts of a machine ) जो पहिया यन्त्र के अन्य भागों में गति उत्पन्न करती है ।

**Drizzle**-ड्रिज़्'-ज़ल्- *v. i.* to fall in fine dense drops. मन्द मन्द वर्षा होना, फूही पड़ना; **Drizzly** ( - ई ) *-adj.* shed in small drops. तुषार से आवृत ।

**Droil**-ड्रॉयल्-*v. i.* to work slowly. धीरे धीरे काम करना ।

**Droit**-ड्रॉ'-यट्-*n.* right, duty. कर्तव्य, धर्म ।

**Droll**–ड्रोल् - *adj.* amusing, surprising. हास्यकर, विचित्र ; *-n.* a jester. विदूषक, भाँड़ ; **Droller** ( -अर् ) *-n.* a buffoon. मसखरा; **Drolling**(-इङ्ग्)-*n.* buffoonery. मसखरापन ; **Drollingly** (-ली ) *-adv.* in a jesting manner. मसखरेपन से; **Drollery** (-अर्-ई) *-n.* fun, buffoonery, a comic entertainment. परिहास, प्रहसन ; **Drollness** ( - नेस् ) *-n.* jest, joke. हँसी, ठट्ठा ।

**Dromedary** – ड्रम्' - ऍ-डी-री- *n.* a one-humped camel used for riding. सवारी का एक ककुद् का ऊँट, साड़नी ।

**Dromond**–ड्रो' - मान्ड्- *n.* a fast-sailing mediaeval ship of war. प्राचीन समय का लड़ाई का जहाज़ ।

**Drone**–ड्रोन्- *n.* ( *fem.* Bee ) the male of the honey-bee, an idler, the bass-pipe of a bag-pipe. नर मधुमक्खी, आलसी मनुष्य, मसक बाजे की निचली नली ।

**Dronish**–ड्रोन्'-इश्- *adj.* lazy, idle. सुस्त, मन्द ; **Dronishly** ( - ली ) *-adv.* in an idle manner. सुस्ती से ; **Dronishness** (-नेस् ) *-n.* the state of being lazy. सुस्ती; **Drony** (-ई) *-adj.* sluggish. सुस्त ।

**Droop**–ड्रूप्-*v. i.* to hang down, to incline, to lose heart. लटकना, झुकना, शिथिल होना; **Drooping** (-इङ्ग् ) *-adj.* declining or languishing. शिथिल ; **Droopingly** ( -ली) *-adv.* in a drooping manner. मुरझाते हुए ।

**Drop**–ड्रॉप्- *n.* a globule of water or other liquid, the smallest quantity of a liquid, a hanging ornament, act of dropping. बिन्दु, कण, सूक्ष्म परिमाण, लटकन, लोलक ।

**Drop**–ड्रॉप्-*v. i.* & *t.* ( *p. t.* Dropped ) to let fall in drops, to disappear, to sink. बूँद बूँद करके गिरना,लुप्त होना, डूबना ; **Correspondence drops** ( *i. e.* ceases. ) पत्रव्यवहार रुकता है ; **Drop it** ( finish it. ) बस करो ; **Prices drop** ( *i. e.* go down. ) भाव मद्दा होता है ; **To drop a letter** ( to send a letter by post. ) डाक द्वारा चिट्ठी भेजना ; **To drop voice** ( to lessen voice. ) बोली धीमी करना ।

**Dropping**–ड्रॉप्'-पिङ् - *adj.* falling in drops. टपक टपक कर चूता हुआ ।

**Drop-scene**–ड्रॉप्' -सीन् -*n.* the curtain in front of a stage which descends. रंगभूमि का अगला पर्दा ।

**Dropsy**–ड्रॉप्स्'-ई-*n.* a disease in which watery fluid collects in the tissues of the body. जलोदर, जलन्धर ; **Dropsical** ( -इक्-ॲल् ) *adj.* pertaining to dropsy. जलोदर सम्बन्धी; **Dropsied** ( -ड्रॉप्स्-ईड्) *adj.* afflicted with dropsy. जलोदर रोग से ग्रस्त ।

**Dross** – ड्रॉस् – *n.* scum thrown from metals in melting, refuse. मण्डूर, तलछट, मल, कीट ; **Drossiness** (-इ-नेस्)-*n.* state of being drossy. मैलापन ; **Drossless** (-लेस्) *-adj.* free from dross. बिना तलछट का; **Drossy** (-ई) *-adj.* impure. मलयुक्त ।

**Drought**–ड्राउट्-*n.* dryness, thirst. अनावृष्टि, प्यास; **Droughty** (-ई) *-adj.* wanting rain, thirsty. जलशून्य, प्यासा ।

**Drove**–ड्रोव्-*p. t.* of Drive.

**Drove**–ड्रोव्-*n.* a herd, a flock, a crowd. समुदाय, झुण्ड, भीड़ ; **Drover** (-अर्) *n.* a cattle-dealer. चौपायों को बेचने वाला ।

**Drown**–ड्राउन्-*v. t.* & *i.* to submerge in water, to overpower, to perish in water. डुबाना, दबना, डुबा कर मारना ; **Drowner** (-अर्) *n.* he who or that which drowns. डुबाने वाला ।

**Drowse**–ड्राउज़् -*v. i.* to be dull and sleepy, to be dull. झपकी लेना, ऊँघना, मन्द होना; **Drowsily** (-इ-ली) *-adv.* in a drowsy manner. तन्द्रा में **Drowsi-**

ness (-नेस्) -n. the state of being drowsy. तन्द्रा, झपकी, आलस्य।

**Drowsy**-ड्राउज़्'-ई -adj. sleepy, dull, sluggish. निद्रालु, मन्द, आलसी।

**Drub**-ड्रब्-v. t. (p. t. Drubbed) to beat, to thrash. बेंत से मारना, पीटना; **Drubber** (-बर्) n. one who drubs. बेंत से मारने वाला; **Drubbing** (-बिङ्ग्) n. cudgelling. पीटपाट।

**Drudge**-ड्रज्-n. a servile worker, a menial. दासवृत्ति करनेवाला मनुष्य;-v. i. to work hard. परिश्रम से काम करना; **Drudgery** (-अर्-ई) n. hard labour. प्रयास; **Drudgingly** (-इङ्ग्-ली) -adv. with hard labour. बड़े परिश्रम से।

**Drug**-ड्रग्-v. t. (p. t. Drugged) to mix with drugs. दवा मिलाना; -n. anything used as a medicine. औषधि, दवा; **Druggist** (-गिस्ट्) -n. a dealer in drugs. औषधि बेचने वाला, अत्तार।

**Druid**-ड्रु'-इड्-n. a priest among ancient Celts of Britain. इङ्गलैण्ड की प्राचीन केल्ट् जाति का पुरोहित।

**Drum**-ड्रम्-n. a musical instrument of percussion, the hollow part of the middle ear. दुन्दुभी, नगाड़ा, ढोल, कान के भीतर का परदा; v. i. to play at a drum. ढोल बजाना (थपथपाना); **Beat of drum.** ढिंढोरा; **Drummer** (-मर्)-n. one who beats a drum. नगाड़ा बजाने या पीटने वाला; **Drumhead** (the skin stretched at the top of a drum.) ढोल (मृदङ्ग) पर चढ़ा हुआ चमड़ा; **Drumstick** (the stick with which a drum is beaten.) नगाड़ा बजाने की लकड़ी।



Drum.

**Drunk**-ड्रङ्क्-(Drunken -ऍन्- p. t. of Drink.) -adj. intoxicated. शराब पिये हुए (मतवाला); **Drunken** (-ऍन्) adj. intoxicated. शराब पिये हुए; **Drunkenness** (-ऍन्-नेस्)-n. the habit of drinking. शराब पीने का अभ्यास, मदिरापान; **Drunkard** (-अँर्ड्) -n. one who drinks to excess. पियक्कड़, मतवाला।

**Dry**-ड्राइ- adj. (comp. Drier, sup. Driest.) without moisture, not rainy, not giving milk, parched, dried up, thirsty, sarcastic. सूखा, निर्जल, शुष्क, नीरस, दूध न देती हुई, प्यासा, अप्रिय;-v. t. to make dry by wiping. पोंछकर सुखाना; **Dry soil.** मरुभूमि; **Dryer, Drier** (-अर्) n. one who dries. सुखाने वाला; **Drying** (-इङ्ग्) -adj. depriving of moisture. सुखाने वाला; **Dryly** (-ली)-adv. in a dry manner. सुखाते हुए; **Dryness** (-नेस्) n. the quality of being dry. सूखापन; **Dry-nurse** (a nurse who brings up a child without the breast.) धाय जो अपना दूध न पिलाकर बच्चे को पालती है; **Dry-shod** (without wetting the feet.) बिना पैर भिगाये हुए; **Dry as dust** (uninteresting.) अरोचक।

**Dryad**-ड्राइ'-अँड्- n. a female nymph of woods and groves. जंगल की परी।

**Duad**-ड्यु'-अँड्- n. a union of two. युग्म, जोड़ा।

**Dual**-ड्यु'-अँल्- adj & n. consisting of two, twofold, double. द्विसंख्य (द्विवचक), द्विवचन; **Dualism** (-इज़्म्)-n. the theory of recognizing matter and mind as two independent principles. माया और ब्रह्म को पृथक् पृथक् मानने का सिद्धान्त; **Dualist** (-इस्ट्)-n. one who holds the doctrine of dualism. ऐसा सिद्धांत माननेवाला; **Duality** (-अँल्'-इट्-ई) -n. the state of being double. द्वैध अवस्था; **Dualize** (-आइज़्)-v. t. to divide into two. दो भागों में विभक्त करना; **Dually** (-ली) -adv. in a twofold way. दो दो करके, युग्म रीति से।

**Dub**-डब्- v. t. (p. t. Dubbed) to confer the title of knight by striking the shoulder with a sword, to smooth or dress, to smear. 'सर्'की उपाधि प्रदान करना, सँवारना, चिकना करना, पोतना; **Dubbing** (-बिङ्ग्)-n. prepared grease for leather. चमड़े में लगाने की तैयारी की हुई चरबी।

**Dubiety**-ड्यूब्'-इट्-ई-n. feeling of doubt, suspicion. संदेह का अनुभव।

**Dubious**-ड्यूब्'-इ-अस्- adj. vague. doubtful. अस्पष्ट (अनिश्चित), सन्दिग्ध; **Dubiously** (-ली)-adv. in a dubious man-

ner. सन्देह से; Dubiousness (-नेस्)-*n.* uncertainty. सन्देह; Dubitable (-इट-ऑ-बल्)-*adj.* uncertain. सन्दिग्ध।

**Dubitation**-ड्यूब्-इट्-ए'-शॉन्-*n.* the act of doubting. हिचिक, सन्देह।

**Dubitative**-ड्यूब्'-इट्-ऑट्-इव्-*adj.* inclined to doubt. सन्देह युक्त।

**Ducal**-ड्यूक्'-ऑल्-*adj.* pertaining to a Duke. नवाब का।

**Ducat**-ड्यूक्'-ऑट्-*n.* an old European gold coin. योरोप का एक प्राचीन सोने का सिक्का।

**Duchess**-डच्'-ऍस्-*n.* the wife or widow of a Duke. ड्यूक् की विधवा या स्त्री

**Duchy**-डच्'-ई-*n.* the territory of a Duke or Duchess, a Dukedom. ड्यूक् या ड्यूक की स्त्री की रियासत।

**Duck**-डक्-*n.* (*mas.* Drake.) a water-fowl. कुलहंस, बत्तक; -*v. i.* to plunge into water. पानी में गोता लगाना; Duck and drake (the game of making a flat stone skip along the surface of water.) पानी पर खपड़ा दूर तक फिसलाने का खेल, तितलैया; Like duck in thunderstorm (perplexed.) व्यग्र, घबड़ाया हुआ।

**Ducker**-डक्'-अर्-*n.* a plunger, a breeder of ducks. गोता लगाने वाला, बत्तक पालने वाला मनुष्य।

**Ducking**-डक्'-इङ्ग्'-*n.* a thorough wetting, act of plunging. पूर्ण रूप से भीगना, गोता लगाना;-*n.* strong linen used in clothing. मोटा कपड़ा, परमटा।

**Duckling**-डक्'-लिङ्ग्-*n.* a small young duck. छोटा बत्तक, बत्तक का बच्चा।

**Duct**-डक्ट्-*n.* a tube or canal in body. प्रणाली, नाड़ी; Ductless (-लैस्)-*adj.* without a duct. नाड़ी शून्य।

**Ductile**-डक्ट्'-इल्-*adj.* able to be drawn out into wire, plastic, pliable, flexible, tractable. कोमल, मृदु, लचीला, तार खींचने योग्य।

**Ductility**-डक्ट्-इल्'-इट्-ई-*n.* flexibility. लचीलापन।

**Dud**-डड्-*n. pl.* ragged clothes. फटे वस्त्र, चिथड़े, *adj.* useless. व्यर्थ।

**Dudder**-डड्'-इर्-*v. t.* to deafen with noise, to totter. शब्द से कान बहिरा कर देना, हिलाना

**Duddery**-डड्-अर्'-ई-*n.* a shop where old clothes are sold. फटे पुराने वस्त्र बेचने वाले की दूकान।

**Dude**-ड्यूड्-*n.* a fop, a dandy. छैला।

**Dudgeon**-डज्'-जन्-*n.* resentment, sullenness. क्रोध (रोष), ईर्ष्या।

**Due**-ड्यू-*adj.* & *adv.* payable, appropriate, proper, calculated exactly, directly. दातव्य, योग्य, उचित, युक्त, ठीक हिसाब से, यथाविधि;-*n.* what one owes. ऋण, कर।

**Duel**-ड्यू'-ऍल्-*n.* a fight between two persons. द्वन्द्वयुद्ध, मल्लयुद्ध, कुश्ती; Dueller (-अर्), Duellist (-इस्ट्)-*ns.* a combatant in single fight. कुश्तीबाज।

**Duelling** ड्यू'-ऍल्-इङ्ग्-*n.* the act or practice of fighting in a single combat. द्वन्द्वयुद्ध, कुश्ती।

**Duet**-ड्यू'-ऍट्-*n.* a musical composition meant for two voices. दो आदमियों के मिलकर गाने की गीत।

**Duff**-डफ्-*n.* dough. गूँधा हुआ आटा।

**Dug**-डग्-*p. t.* & *p. p.* of Dig. -*n.* nipple, teat चूचुक, चूंची।

**Duke**-ड्यूक्-*n.* a person holding the highest order of nobility in England. इङ्लैन्ड का नवाब; Dukedom (-डम्)-*n.* the dignity of a Duke, the territory, rank or title of a Duke. ड्यूक् की रियासत, ड्यूक् का पद।

**Dulcet**-डल्'-सैट्-*adj.* sweet to the taste, soothing. मीठा, आनन्दकर; Dulcet to the ear (sonorous.) सुरीला।

**Dulcify**-डल्'-सि-फ़ाई-*v. t.* (*p. t.* Dulcified) to sweeten. सुरीला बनना, मधुर करना, मीठा करना।

**Dulcimer**-डल्'-सि-मर्-*n.* a musical instrument with strings of wire played by striking the wires. पियानो के प्रकार का छोटा बक्स बाजा।

**Dull**-डल् *adj.* slow of learning or understanding, drowsy, sad, dreary, dim, stupid, blunt. मन्द, जड़, मूढ़, भुथरा; Dullard (-ऑर्ड्)-*n.* a stupid person. मन्दबुद्धि; मूर्ख मनुष्य; Dullish (-इश्)-*adj.* somewhat dull. कुछ मूर्ख; Dullness (-नैस्)-*n.* stupidity. मूढ़ता, मूर्खता; Dull-sighted-*adj.* (with imperfect sight.) चौंधर; Dully (-ई)-*adj.*

& *adv.* dull, in a dull manner. मन्दता से ।

**Duly**–ड्यू'-ली– *adv.* rightly, properly. यथायोग्य, उचित रीति से ।

**Dumb**–डम्-*adj.* unable to speak, silent, mute. गूँगा ( मूक ), वाक्शक्ति हीन ;-*v. t.* to silence, to make dumb. मूक करना ; **Dumbfound** (फ़ाउन्ड्')-*v. t.* to confuse. घबड़ाकर चुप करना; **Dumbfounded**(-ऍड्) *adj.* confused. घबड़ाया हुआ ; **Dumbness** ( -नैस् )-*n.* state of being dumb. गूंगापन ; **Dumbshow**-*n.* ( gesture without words, pantomime. ) कठपुतली का खेल ।

**Dumb-bells** – डम्' - बैल्ज़ – *n.* a short iron bar with weight on both sides used for exercising muscles. छोटा मुद्गर ।



Dumb-bells.

**Dum-dum**–डम्' डम् –*n.* a kind of soft-nosed bullet which was first made at Dum Dum arsenal near Calcutta. मुलायम नोक की बन्दूक की गोली ।

**Dummy**-डम्'-मी- *n.* a man of straw, a blockhead, a lay figure. फूस का बना पुतला, मूढ़मति, मूर्ख ।

**Dump**–डम्प् – *v. t.* to throw down, to sell at a low price. फेंकना, सस्ते दाम पर बेंचना ;-*n.* dullness of mind, ill-humour. उदासीनता ।

**Dumpish**–डम्प्-इश्- *adj.* depressed in spirits, dull. उदासीन ; **Dumpishly** ( -इश्-ली )-*adv.* in a moping manner. उदासीनता से ; **Dumpishness** (-इश्'-नैस्) *n.* the quality of being dull or heavy. उदासीनता, उद्विग्नता ।

**Dumpling**– डम्प्' - लिङ्ग्- *n.* a small boiled or baked dough. पकाया या उबाला हुआ छोटा पकौड़ा ।

**Dumps**–डम्प्स् – *n. pl.* depression, low spirits. म्लानता, उदासीनता ।

**Dumpy**–डम्प्'ई – *adj.* short and thick. नाटा, मोटा ; **Dumpy-level** ( a spirit-level used in surveying. ) पैमाइश करने का एक प्रकार का यन्त्र ।

**Dun**-डन्- *adj.* of a dark grey colour. श्यामवर्ण का, धुँधला काले रङ्ग का; -*v. t.* ( *p. t.* **Dunned** ) to demand a debt. रुपये का तक़ाज़ा करना; -*n.* a debt collector. तक़ाज़ा करने वाला, फेरीदार ।

**Dunce**–डन्स्- *n.* a dullard, a stupid person. स्थूलबुद्धि, मूढ़मति, मूर्ख मनुष्य ।

**Dunderhead**- डन्'-डर्-हॅड्- *n.* a dunce, a blockhead. मूर्ख, मन्दबुद्धि ।

**Dune**–ड्यून्- *n.* a mound of sand on a coast. किनारे पर बालू का टीला ।

**Dung**–डङ्ग् – *n.* the excrement of animals, manure. विष्ठा, खाद. -*v. t.* to manure. खाद देना ; **Dunghill** (a heap of dung. ) गोबर का ढेर, घूर ।

**Dungeon**–डन्'-जन्- *n.* a dark underground cell for prisoners. कालकोठरी ; *v. t.* to imprison in a dungeon. कालकोठरी में बन्द करना ।

**Duodecimal** – ड्यू-ओ-डैस्'-इ-मॅल् – *adj.* of twelve or twelfths. बारह या बारहवें अंश का ; **Duodecimo** ( -सि-मो )-*n.* a form folded to make twelve leaves. बारह तह का मोड़ा हुआ पुस्तक का फ़ार्म् ।

**Duodenum**–ड्यू'-ओ-डीन्'-अम्- *n.* the small intestine below the stomach. आँत का उदर के नीचे का पतला भाग ।

**Dupable**–ड्यूप्'-ऑ-ब्ल् – *adj.* that can be duped or deceived. छलने योग्य ।

**Dupe**–ड्यूप्- *n.* a victim of deception. छला हुआ मनुष्य; - *v. t.* to cheat, to deceive, to trick. छलना, धोखा देना ; **Duper** ( -अर् ) -*n.* one who dupes. छलने वाला ; **Dupery** ( -अर्-ई ) -*n.* the practice of cheating. छल, कपट ।

**Duplex**–ड्यू'-प्लैक्स्- *adj.* & *n.* twofold, double, a second copy. द्विगुणित, दोहरा, दूना, दूसरी प्रतिलिपि ।

**Duplicate**–ड्यूप्'-लिक्-ऍट्- *adj.* double, twofold. द्विगुणित, दूना, दोहरा ; *n.* a copy or transcript. नक़ल, मुसन्ना ; *v. t.* (-कट्' ) to double, to multipy by two. दोहराना, दूना करना ; **Duplication** ( -ए'-शॉन् ) -*n.* the process of duplicating. दोहराव ; **Duplicative** (-ऑट्-इव् )-*adj.* having the quality of dividing. भाग देने वाला ; **Duplicator** (-ऑर् ) – *n.* a duplicating machine. अनेक प्रतिलिपि छापने का यन्त्र ।

**Duplicity**-ड्यू-प्लिस्'-इट्-ई - *n.* double-dealing, deceit. द्विधाभाव, कपट ( छल )।

**Durability**-ड्यूर्-ऑ-बिल्'-इट्-ई - *n.* permanence. स्थिरता।

**Durable**-ड्यूर्'-ऑ-बल् - *adj.* able to last, permanent. अविनाशी, स्थिर, (टिकाऊ), टिकाव का; **Durableness** (-नेस् )-*n.* continuance, the quality of being durable. स्थिरता, टिकाव, चिरस्थायित्व ; **Durably** (-ब्ली )-*adv.* in a durable or lasting manner. स्थिरता से।

**Duramater**-ड्यू'-रॉ-मेॅ-टर् - *n.* the outer membrane of the brain. मस्तिष्क ( दिमाग ) की बाहरी झिल्ली।

**Durance**-ड्यूर्'-ऑन्स्- *n.* imprisonment. कारागार में बन्धन, क़ैद।

**Duration**-ड्यूर्-ए'-शॉन्- *n.* continuance of time, power of continuance. स्थिरता, ध्रुवता; **Of long duration** ( of long standing. ) दीर्घस्थायी; **Of short duration** ( transitory, lasting for a short ti ) क्षणिक।

**Duress, Duresse**-ड्यू-रेॅस्'- *n.* restraint of liberty, imprisonment. प्रतिबन्ध. कारागृह में बन्धन।

**During**-ड्यूर्'-इङ्ग् - *prep.* continuing in the course of, throughout. यावत्, जबतक ( बीच में )।

**Durst**-डर्स्ट्-*p. t.* of Dare.

**Dusk**-डस्क्- *n.* shade, gloom, twilight. सन्ध्या, प्रदोष समय, झुलफुला; **Duskily** (-इ-ली )-*adv.* not clearly. अस्पष्ट रूप में; **Duskiness** ( इ-नेस् ) -*n.* the state of being dusky. किंचित् अन्धकार; **Dusky** (-ई ) -*adj.* obscure, gloomy, sad. कुछ धुँधला, काला, दुःखी।

**Dust**-डस्ट्- *n.* fine particles of matter, powder, the grave. धूलि, चूर्ण (बुकनी), समाधि; -*v. t.* to sprinkle with dust, to sweep away dust. धूर फेंकना, धूर हटाना; **Dust of flowers.** पराग; **Dust of gold.** सोने के महीन रवे; **The dust** (the human body.) मर्त्य शरीर; **To bite the dust** ( to be thrown in a contest. ) घायल होकर पृथ्वी पर गिर जाना; **To throw dust in one's eyes** ( to confuse and mislead. ) धोखा देना; **To dust one's jacket** ( to beat. ) पीटना।

**Duster**-डस्ट्'-अर्- *n.* a cloth or brush to clear off dust. झाड़न।

**Dusty**-डस्ट्'-ई - *adj.* filled with dust, like dust. धूलिपूर्ण, धूलवत्।

**Dusting**-डस्ट्'-इङ्ग् - *n.* oscillation in the sea. समुद्र की लहरों का हिलना।

**Dutch**-डच्- *n.* the people of Holland, the name of their language. हॉलैन्ड् देश निवासी, इनकी भाषा।

**Duteous**-ड्यूट्'-यस्- *adj.* obedient. भक्त, आज्ञापालक ; **Duteously** (-ली )-*adv.* in a duteous manner. भक्तिभाव से।

**Dutiable** - ड्यू'-टि-ऑ-बल् - *adj.* subject to imposition of duty or customs. चुंगी लगने योग्य।

**Dutiful** - ड्यू'-टि-फ़ुल् - *adj.* obedient, submissive. आज्ञाकारी, भक्तिमान् ; **Dutifully** ( -फ़ुल्-ली ) -*adv.* obediently. भक्ति से।

**Duty** - ड्यू'-टी - *n.* ( *pl.* Duties ) expression of respect, behaviour due to a superior, payment of public revene, moral obligation. धर्म, कर्तव्य, ( कर ), चुंगी, टिकट; **Duty-free** ( on which no duty or tax is imposed. ) जिस पर चुङ्गी न लगती हो।

**Dux**-डक्स् - *n.* the top boy in a class कक्षा में सबसे प्रथम बालक।

**Dwarf**-ड्वार्फ़् - *n.* ( *pl.* Dwarfs ) one much below the ordinary size of species. वामन, बौना ; **Dwarfish** (-इश्) *adj.* ver small. ठेंगना, बौना ( नाटा ) ; **Dwarfishly**(-इश्'-ली)-*adv.* in a dwarfish mannet. नाटेपन से; **Dwarfisnness** (-इश्-नेस् ) -*n.* smallness of stature. नाटापन, ठेंगनापन।

**Dwell**-ड्वेल्- *v. i.* ( *p. t.* Dwelt ) to inhabit, to keep one's attention fixed on, to write or speak at length, to spend one's time. निवास करना, चित्त स्थिर करना, देर तक लिखना या बोलना, समय बिताना ; **Dweller** ( -अर् ) *n.* an inhabitant. निवासी ; **Dwelling** (-इङ्ग् ) *n.* a place of residence. निवासस्थान रहने का घर।

**Dwindle**-ड्विन्'-ड्ल् - *v. i.* to shrink, to lose importance, to decline, to grow less. ठमकना, कटना, कम होना, नाश होना; **Dwindlement** (-मेंन्ट्) -*n.* decline. अवनति।

**Dyad** - डाइ'-ऑड् - *n.* a group of two, a couple. दो का समूह, युग्म, जोड़ा।

**Dye**-डाइ - *n.* colour, hue, material used for dyeing. वर्ण, रंग, रँगने का द्रव्य; -*v. t.* to impregnate with colour. रँगना; **Dye-stuff** ( substances used for dyeing. ) रँगने का मसाला।

**Dyer**-डाइ'-अर्- *n.* one who dyes cloth. कपड़ा रँगने वाला, रँगरेज।

**Dying**-डाइ'-इङ्ग् - *adj.*; *pr.p.* of **Die**. mortal, declining at the time o death. मर्त्य, नष्ट होनेवाला, मरते समय का।

**Dyke**-डाइक्-same as **Dike**.

**Dynamic**-डाइ-नॅम्'-इक्- *adj.* of motive force, active, energetic. संचालक शक्ति का, शक्ति युक्त, शक्तिमान्; **Dynamical** ( -ऑल् )- *adj.* pertaining to dynamics. संचालक, शक्तियुक्त; **Dynamically** ( -ऑल्- लि) -*adv.* in an active manner. संचालक शक्ति से; **Dynamics** (- इक्स्) *n. pl.* the science of mechanical force. गतिविद्या।

**Dynamite**-डाइ'-नॅम्-आइट्- *n.* a powerful explosive agent. एक तेज बारूद ( जो पहाड़ इत्यादि फोड़ने में काम आती है )।

**Dynamo**-डाइ'-नॅ-मो- *n.* (*pl.* **Dynamos**) a machine for converting mechanical into electrical energy. बिजली पैदा करने का यन्त्र; **Dynamometer** (-मॉम्'-ऍट्-अर्) -*n.* an instrument for measuring force. शक्ति नापने का यंत्र।


Dynamo

**Dynastic** - डाइ-नॅस्ट्'-इक्, **Dynastical** (-ऑल् ) -*adjs.* belonging to a line of kings. राजवंश सम्बन्धी।

**Dynasty**-डिन्' - ऑस्ट् - ई- *n.* a line or succession of kings of the same family. राजकुल, राजवंश।

**Dysenteric** - डिस्-ऍन्-टॅर्'-इक्- *adj.* pertaining to or accompanied by dysentery. आमातिसार सम्बन्धी।

**Dysentery**-डिस्'-ऍन्-टर्'-ई- *n.* a disorder of the bowels accompanied by mucus or bloody evacuations. आमातिसार, रक्तातिसार, ऑव।

**Dyspepsia**-डिस्-पॅप्'-सि-ऑ, **Dyspepsy** (-सी) -*ns.* indigestion. अजीर्ण, मन्दाग्नि, **Dyspeptic** ( -पॅप्ट्'-इक् ) -*adj.* afflicted with dyspepsia. मन्दाग्नि रोग से ग्रस्त।

**Dysphagia**-डिस्-फेज्'-इ-ऑ- *n.* difficulty in swallowing. निगलने में कष्ट।

**Dysphonia** - डिस्-फो'- नि-ऑ - *n.* difficulty in producing sounds. मुँख से शब्द निकालने में कष्ट।

**Dyspnoea** - डिस्-नी' - ऑ- *n.* difficulty of breathing. साँस लेने में कष्ट होना।

**Dysuria**-डिस्-यूर्'-इ-ऑ- *n.* difficulty in passing urine. मूत्र त्याग करने में कष्ट।

**E**-ई-the fifth letter of the English alphabet, the third note of the natural diatonic scale. अंग्रेज़ी वर्णमाला का पाँचवाँ अक्षर, गायन में तृतीय स्वर।

**Each**-ईच्-*adj.* one of the two considered separately. प्रत्येक; **Each one** ( every one separately. ) एक एक, पृथक् पृथक्; **Each other** (mutually.) अन्योन्य, परस्पर।

**Eager**-ई'-गर् - *adj.* strongly diesrous, earnest, keen, severe, ardent, vehement. उत्सुक, उत्कट, तीक्ष्ण, प्रचण्ड, प्रबल, तीव्र; **Eagerly** ( -ली ) -*adv.* with ardent desire. उत्कण्ठा से; **Eagerness** ( -नैस् ) -*n.* ardent desire, zeal, avidity. लालसा, वाञ्छा, उत्साह।

**Eagle**-ई'-गल्- *n.* a large bird of prey, an ensign of French army. गरुड़, फ्रान्स् देश की पताका; **Eagle-eyed** ( sharp-sighted. ) सूक्ष्मदर्शी; **Eagle-flighted** ( soaring high in heaven. ) आकाश में बहुत ऊपर उड़ने वाला; **Eagle-sighted** -*adj.* having acute sight. तीक्ष्ण दृष्टि वाला।

**Eaglet**-ईग्'-लॅट् - *n.* the young of an eagle. छोटा गरुड़, गरुड़ का बच्चा।

**Eagre**-ई'-गर्- *n.* a rise of tide in a river. नदी की बाढ़।

**Ean**- ईन् - *v. i.* to bring forth young, to yean. बच्चा जनना; **Eanling** (-लिङ्ग्) *n.* a lamb which is just born. भेंड़ या बकरी का तुरत पैदा हुआ बच्चा।

**Ear**-इअर्- *n.* the organ of hearing, an ear-shaped thing, attention, a spike of corn. कान (श्रवणेन्द्रिय), कान के आकार की वस्तु, ध्यान, अन्न की बाल; **Earless** (-लेस्) -*adj.* without ears, not inclimed to hear. बिना कान का, न सुनने वाला; **A word in your ear** ( secretely. ) गुप्तरूप से; **Be all ears** ( eagerly attentive. ) ध्यानावस्थित होना; **Going in one ear and coming out of another** ( to have no influence on. ) प्रभाव न पड़ना; **To give ear to** ( to hear. ) सुनना; **Over head and ears** (deeply engrossed. ) लीन होना) **Outer ear** ( outer part of the ear. ; श्रुति मण्डल; **Root of ear.** कर्णमूल; **To pick up one's ear** ( to attend to a thing. ) किसी विषय पर ध्यान देना।



Ear.

**Earache** - इअर्'-एक्- *n.* pain in ears. कर्णशूल, कान का दर्द; **Ear-cap** -*n.* a cover for the ears. कनटोपा; **Eardrop** (-ड्रॉप्) -*n.* a kind of ornament for ears. कर्णफूल; **Earmark** -*n.* any mark for identification. पहचानने के लिये बनाया हुआ चिह्न; **Ear-prick** ( -प्रिक् ) -*n.* an instrument for cleansing the ear. कनखोदनी; **Ear-ring** (-रिङ्ग्) -*n.* a jewel hanging from the ear. कान की बाली; **Earshot** (-शॉट्) -*n.* hearing distance. कर्णगोचर होने की दूरी; **Ear trumpet** (-ट्रम्'-पॅट्) -*n.* tube which is applied to the ear to help hearing. सिंघी; **Earwax** (-वॅक्स्) -*n.* cerumen. कान का खूँट; **Ear witness** (-विट्-नैस्) -*n.* one who gives testimony from his own hearing. सुनी हुई बात की गवाही देने वाला।

**Eared**-इअर्ड्-*adj.* having ears, pointed. कानदार, नोकदार।

**Earl**-अर्ल्- *n.* ( *fem.* Countess-कॉउन्ट्'-ऍस् ) a nobleman ranking between Marquis and Viscount. इङ्गलैण्ड के सरदारों की एक पदवी; **Earldom** (-डम्) the dominion or dignity of an Earl. सर्दार की रियासत या इनका पद।

**Earliness**- अर्ल्'- इ-नैस्- *n.* a state of advance. शीघ्रता, जल्दी।

**Early**- अर्ल्'-ली - *adv.* & *adj.* in the beginning of the day, happening in near future, soon. आदि, प्रातःकालीन, शीघ्र होने वाली, शीघ्र ( पहिले ); **To keep early hours** ( to go to bed early and rise early in the morning.) जल्दी सोना और जल्दी उठना।

**Earn**-अर्न्- *v. t.* to gain as a reward of labour or merit, to acquire. उपार्जन करना, प्राप्त करना; **Earnings** (-इङ्ग्ज़्) *n. pl.* that which is earned, wages. उपार्जित धन, कमाई।

**Earnest**-अर्न्'-ऐस्ट्- *adj.* serious, ardent, eager, intent, zealous. उद्यत, तत्पर, उत्सुक ;-*n.* money given in token of a bargain, seriousness. बयाना, गंभीरता ; Earnestly-( -ली )-*adv.* in an earnest manner. यत्नपूर्वक, उत्साहसहित ; Earnest money-*n.* money paid to close a bargain. बयाना ; Earnestness ( -नैस् ) *n.* the state of being in earnest. उत्साह, उद्योग ।

**Earth**-अर्थ्- *n.* the planet we live on, ground, the world. पृथ्वी, संसार, मिट्टी, भूमि ;-*v. t.* to cover with earth, to run into the earth. मिट्टी से ढाँकना, पृथ्वी में चले जाना ; Earth-born ( born on the earth. ) भूमिज, भूमि में उत्पन्न ।

**Earthen**-अर्थ्'-ऐन्- *adj.* made of clay or earth. मिट्टी का बना हुआ; Earthenware (-ऐन्-वेअर् )-*n.* vessels made of baked clay. पकी हुई मिट्टी के बर्तन ।

**Earthling**-अर्थ्-लिङ्ग्- *n.* a mortal, a worldly person. मर्त्य, पामर ।

**Earthly**-अर्थ्'-ली- *adj.* terrestrial. सांसारिक, मिट्टी का ।

**Earthquake**-अर्थ्'-क्वेक्- *n.* trembling of the earth, disturbance. भूकम्प (भूडोल), विप्लव, ज़लज़ला ।

**Earthwards**- अर्थ्'-वड्ज़्- *adv.* towards the earth. पृथ्वी की ओर ।

**Earthwork**-अर्थ्'-वर्क्- *n.* an embankment of earth. नीव, टीला ।

**Earthworm**-अर्थ्-वर्म्- *n.* a worm that lives in the ground, a mean wretch. केंचुआ, नीच मनुष्य ।

**Earthy**- अर्थ्' - ई- *adj.* resembling or relating to the earth. पार्थिव, मिट्टी का ।

**Ease**-ईज़्- *n.* freedom from difficulty or pain, rest, quiet, undisturbed state. सुख, विश्राम, स्वस्थता ; -*v. t.* to relieve from trouble, to relax. शान्त करना, कम करना ; At one's ease ( in an informal attitude. ) यथेच्छ, सुख से ; To ease off ( to slacken weight. ) भार कम होना ।

**Easeful**- ईज़्'- फ़ुल् - *adj.* comfortable, quiet. शान्त, स्वस्थ; Easefully (-फ़ुल् ली) *adv.* with ease. आराम से ; Easefulness ( -फ़ुल्-नैस् ) -*n.* state of being easeful. स्वस्थता ; Easeless (-लैस् ) -*adj.* wanting ease. विश्राम रहित ।

**Easement**- ईज़्'-मैन्ट् - *n.* relief from pain, legal right over another's house, ground &c. सुख, दूसरे की सम्पत्ति पर अधिकार, हक़शफ़ा का क़ानून ।

**Easel**-ई'-ज़ैल्- *n.* a wooden frame used to support a picture, black board &c. तस्वीर, तख्ता इत्यादि रखने का ढाँचा ।



Easel.

**Easily**-ईज़्'-इ-ली- *adv.* in an easy manner, without annoyance. विश्राम से, सरलता से ।

**Easiness**- ईज़्'-इ - नैस्- *n.* the state of being easy. विश्राम ।

**East**-ईस्ट्- *n.* & *adj.* the part of horizon where the sun rises. पूरब, सूर्योदय की दिशा, पूरब का ; East wind (a wind blowing from the east.) पूरब से बहती हुई वायु ।

**Easter**-ईस्ट्'-अर्- *n.* a Christian festival celebrated on the first Sunday after calendar full moon occurring on or after the 31st March. ईसूमसी के पुनरुत्थान के स्मरणार्थ उत्सव जो ३१ मार्च या अनुगामी पूर्ण चन्द्र के बाद रविवार को मनाया जाता है ।

**Easterly**-ईस्ट्'-अर्-ली- *adv.* in the direction of the east. पूर्व दिशा में ।

**Eastern**-ईस्ट्'-अर्न्- *adj.* dwelling in the east. पूर्व में रहने वाले, पूरबी ।

**Easternmost** - ईस्ट्' - अर्न् - मोस्ट्- *adj.* most easternly. सबसे पूर्व दिशा का ।

**Eastward**-ईस्ट्'-वर्ड्- *adv.* towards the east quarter. पूर्व दिशा की ओर ।

**Easy**-ईज़्'-ई- *adj.* ( *comp.* Easier, *sup.* Easiest ) free from annoyance or embarrassment, not difficult, moderate. सुखसाध्य, सुगम, सहज ; Easy-chair ( an armed chair for rest. ) आराम कुरसी ; Easy circumstances ( affluence. ) द्रव्य की पूर्णता ; Easy-going ( good-natured, taking things

easily.) सरल प्रकृति का; Easy of access (easily got.) सहज में प्राप्त; Easy style (mode of expression not difficult to understand.) सुगम भाषा।

**Eat**-ईट्- (*p. t.* Ate, *p.p.* Eaten)-*v. t.* & *i.* to masticate and swallow solid food, to consume, to take food. चबा कर निगल जाना, खाना, खा जाना, भोजन करना; To eat away (to destroy gradually.) धीरे धीरे नाश करना; To eat one's heart out (to suffer in a silent manner.) शान्ति पूर्वक सहन करना; To eat one's words (to take back what has been uttered.) अपने कहे शब्दों को फेर लेना; To eat up (to consume completely.) पूर्ण रूप से नष्ट करना, खा जाना।

**Eatable**-ईट्'-ऑ-ब्ल्- *adj.* & *n.* fit to be eaten, a thing which is fit to be eaten. भक्ष्य, भोजन योग्य पदार्थ।

**Eater**-ईट्'-अर्- *n.* one who eats. भक्षक।

**Eating-house** - ईट्'-इङ्ग् - हाउस्- *n.* a restaurant. भोजनालय।

**Eau**-ओ- *n.* a French word for water. फ्रेंच् भाषा में पानी के लिये एक शब्द; Eau de Cologne (a perfume distilled from certain essential oils.) कोलोन का इत्र; Eau de vie (brandy or whisky.) एक प्रकार की फ्रांसीसी मदिरा।

**Eaves** - ईव्ज़्- *n. pl.* overhanging edge of tile or thaching. ओरी; Eavesdrip (ड्रिप्)-*n.* the dripping of water from the eaves. ओरी से पानी चूना; Eavesdrop (-ड्राप्) -*v.i.* to stand under the eaves, to listen to what is said within. ओरी के नीचे खड़े होना, गुप्त बातों का सुनना; Eavesdropper (-ड्राप्'-पर्) *n.* one who hears the private conversation of others. छिपकर भेद की बातों को सुनने वाला।

**Ebb**-ऍब्- *n.* reflux of tide, decline, decay. भाटा, घटाव, क्षय; -*v. i.* to flow back, to recede. बह जाना, घट जाना; Ebb and flow (rise and fall.) उत्थान और पतन; Ebb-tide (the ebbing tide.) बहाव की धारा।

**Ebon**-ऍब्'-ऑन्- *adj.* black as ebony. आबनूस के समान काला; Ebonist (-इस्ट्) *n.* a worker in ebony. आबनूस की वस्तु बनाने वाला; Ebonite (-आइट्) -*n.* vulcanite. कचकड़ा; Ebonize (-आइज़्)-*v. t.* to make black. काला करना; Ebony (-ई) *n.* a kind of black hard wood. कोविदार, तेंदुआ, आबनूस।

**Ebriated** - ई'-ब्रि-एट्'-ऍड्- *adj.* drunk. मदिरा पिये हुए।

**Ebriety**-ऍ-ब्राइ'-ऍ-टी- *n.* drunkenness. उन्मत्तता, मतवालापन।

**Ebrious**-ई'-ब्रि-अस्- *adj.* addicted to drunkenness. मतवाला, शराब पिये हुए।

**Ebullience**-ऍ-बुल्'-यॅन्स्- *n.* a boiling over of some thing. उबाल।

**Ebullient** - ऍ-बुल्'-यॅन्ट्- *adj.* boiling, agitated. खौलता हुआ, उद्विग्न।

**Ebullition**-ऍब्'-उल्-लिश्'-ऑन्- *n.* action of boiling, effervescence. उबाल, फेनोद्गम, उफान।

**Eburnean**-ऍ-बर्'-नि-ऑन् -*adj.* made of ivory. हाथीदाँत का बना हुआ।

**Eburnine**-ऍब्'-अर्-निन्-*adj.* like ivory. हाथीदाँत के तुल्य (सदृश)।

**Ecaudate**-इ -कॉड्' -एट् -*adj.* without a tail. पुच्छहीन, बिना पूँछ का।

**Eccaleobion**-ऍक्-कॉ-लॅ-ओ'-बि-ऑन् - *n.* a kind of hatching machine. एक प्रकार का अंडा सेने का यन्त्र।

**Eccentric**-ऍक्-सॅन्'-ट्रिक्-*adj.* & *n.* departing from the centre, irregular, whimsical, a contrivance for changing circular into backward and forward motions. केन्द्रभ्रष्ट, विषम, विलक्षण, चक्रवत् गति को आगे पीछे चलाने का यन्त्र; Eccentrically (-ऑल्-लि) -*adv.* in an eccentric manner. ऐसी गति से; Eccentricty (-ट्रिस्'-सिट्-ई) *n.* deviation from the centre, singularity of conduct. विषमता, विरोध, झक, सनक।

**Ecclesiast** - ऍक्-क्ली'-ज़ि-ऑस्ट्- *n.* the preacher, Solomon. धर्मोपदेशक, सुलेमान; Ecclesiastic (-ऑस्ट्'-इक्) -*n.* a clergyman. धर्मोपदेशक, पादड़ी; Ecclesiastical (-इक्-ऑल्)-*adj.* of the church or clergy. गिरजाघर का, पुरोहित (पादड़ी) सम्बन्धी; Ecclesiastically (-ऑल्-लि) *adv.* in an ecclesiastical manner. धर्मोपदेशक रूप से।

**Ecdemic**-ऍक्-डॅम्'-इक्-*adj.* of foreign

origin. परदेशी या विदेशी (मूल) का।

**Echo**-ऍक्'-ओ-(*pl.* **Echoes**)-*n.* the repetition of sound caused by reflection of sound waves. प्रतिशब्द, प्रतिध्वनि, गूँज; *v. i.* & *t.* to resound with an echo, to imitate. प्रतिध्वनि करना, अनुकरण करना; **Echoism** (-इज़्म्) -*n.* formation of words from sounds associated with the object indicated. ध्वनि के अनुसार शब्दों की योजना; **Echoist** (-इस्ट्) *n.* one who echoes. प्रतिध्वनि करने या गूँजने वाला।

**Eclat**-ए' -क्लॉट् -*n.* general applause-splendour, striking success, acclamation. प्रतिष्ठा, स्वागत, गौरव, जयजयकार; With great eclat (with social honour.) सामाजिक गौरव से।

**Eclectic**-ऍ -क्लॅक्' -टिक् -*adj.* selecting, choosing and adopting the best out of everything. चुनने वाला, सब पदार्थों का उत्तम भाग ग्रहण करने वाला; **Eclectically** (-ऑल्-लि)-*adv.* in the manner of the eclectic philosophers. उद्धारक के सदृश।

**Eclipse**-ई' - क्लिप्स् - *n.* interception of the light of a heavenly body by the intervention of an opaque body as of the sun or moon, loss of light. ग्रहण, अन्धकार;-*v. t.* to intercept, to darken. ढाँकना, अन्धकारमय करना; **Eclipsed** (ड्)-*adj.* hidden from view. प्रच्छन्न, छिपा हुआ; **Ecliptic** (-क्लिप्'-टिक्) -*adj.* & *n.* of eclipse, the sun's orbit, the apparent path of the sun round the earth. ग्रहण सम्बन्धी, रविमार्ग, क्रान्ति वृत्त।

**Eclogue**-ऍक्' - लॉग्-*n.* a short pastoral poem. ग्रामीण गायन, देहाती गीत।

**Economic**-ऍ-कॉन्-ऑम्'-इक्, **Economical** (-इक्-ऑल्) -*adjs.* pertaining to economy, frugal. अल्प व्यय सम्बन्धी, **Economically** (-ऑल्-लि) -*adv.* with economy. मितव्यय से।

**Economics**- इ - कॉन् - ऑम्' -इक्स्-*n.* the science of economy. अर्थशास्त्र।

**Economist**-इ-कॉन्-ऑम्'-इस्ट्-*n.* a thrifty person. मितव्यायी, अर्थशास्त्रज्ञ।

**Economization**-इ - कॉन् - ऑम् -आइज़्-ए'-शॉन्-*n.* the act of economizing. अल्पव्यय (किफायत) करने की विधि।

**Economize**-इ-कॉन्-ऑम्' -आइज़्-*v. t.* to expend sparingly. अल्पव्यय करना।

**Economy**-ऍ-कॉन्'-ऑम्-ई-*n.* administration and management of household matters, frugality. गार्हस्थ्य प्रबंध, मितव्यय, कमखर्ची; Political Economy (judicious and frugal management of public affairs.) अर्थशास्त्र।

**Ecstasy**-ऍक्स्'-टॅ-सी-*n.* (*pl.* **Ecstasies.**) excessive joy, rapture, exaltation, trance. हर्षोन्माद, अति आनन्द।

**Ecstatic**- ऍक्स्-टॅट्' - इक्-*adj.* proceeding from ecstasy, rapturous. मोहक, परमानन्ददायक।

**Ecstatic**-ऍक्-स्टॅट्'-इ- *adj.* very delightful. अति प्रसन्न; **Ecstatically** (-ऑल्-ली) - *adv.* in an ecstatic manner, delightfully. आनन्दसे।

**Eczema**-ऍक्'-ज़ॅ-मॅ-*n.* an inflammatory disease of the skin. खाज, खुजली।

**Edacious** - ई-डे'- शस्- *adj.* gluttonous, greedy. पेटू, मरभुख, खाऊ; **Edaciousness** (-नॅस) -*n.* the quality of being greedy. पेटूपन।

**Edacity**-इ-डॅ'-सि-टी *n.* gluttony, greediness, voracity. पेटूपन, भुक्खड़पन।

**Eddy**-ऍड्'-डी- *n.* (*pl.* **Eddies**) a small whirlpool. आवर्त, भँवर; -*v. i.* to move like a whirlpool. भँवर करना।

**Eden**-ई'-डॅन्-*n.* paradise. देवलोक, स्वर्ग; **Edenic** (डॅन्-इक्) -*adj.* pertaining to Eden. स्वर्ग सम्बन्धी।

**Edentate** - ऍ-डॅन्ट्' - एट् -*n.* a toothless animal. बिना दाँत का पशु; **Edentated** (टे'-टॅड्)-*adj.* deprived of teeth. बिना दाँत का।

**Edge**-ऍज्- *n.* the blade of a weapon ridge, boundary, keenness. शस्त्र की धार, किनारा, छोर, तीक्ष्णता; *v. t.* to sharpen a tool, to push. धार रखना, चोखा करना, ढकेलना; **Edged** (-ड्) -*adj.* furnished with a border. किनारदार; **Edgeless** (-लॅस) -*adj.* not sharp, भुथरा; **Edgeways** (-वेज़्), **Edgewise** (-वाइज़्) -*advs.* with the edge turned towards a point, sideways. धार आगे या ऊपर की ओर करके, किनारे की ओर; **Edging** (-इङ्ग्)-*n.* border or fringe.

किनारा, झालर ; **Edgy** (-ई) *adj.* with an edge. धारदार ।

**Edible**-ऍड्'-इ-बूल्- *adj.* fit to be eaten. भक्षणीय, खाने योग्य ; **Edibleness** (-नैस्) *n.* the quality of being edible. खाने योग्य होने का गुण ।

**Edict**-ई'-डिक्ट्-*n.* an order proclaimed by authority. राजा की घोषणा ।

**Edification** - ऍड्-इफ्-इकु-ए' - शॉन् - *n.* improvement of the mind. ज्ञानोन्नति ।

**Edifice**-ऍड्'-इफ्-इस् - *n.* a large building, a structure. भवन, महल ।

**Edify**-ऍड्'-इ-फाइ- *v. t.* (*p. t.* Edified) to build, to benefit spiritually. निर्माण करना, आध्यात्मिक उपदेश देना, सुधारना ; **Edifying** ( -फाइ'-इङ्ग् ) *-adj.* able to instruct. उपदेशक, शिक्षा के योग्य ।

**Edit**-ऍड्'-इट्- *v. t.* ( *p. t.* Edited ) to prepare another's work for publication, to act as the editor of a newspaper. किसी के लेख को शोधकर प्रकाशित करना, पत्र का सम्पादन करना ।

**Edition**-ऍ-डिश्'-ऑन् - *n.* the form in which a literary work is published. प्रकाशन, आवृत्ति, संस्करण ।

**Editor**- ऍड्'-इट्-आर्'-( *fem.* Editress ) one who conducts a newspaper. किसी पत्र का सम्पादक; **Editorship** (-ऑर्-शिप् ) *-n.* the business of an editor. सम्पादन कार्य ; **Editorial** (-ऑर्'-इ-ऑल् ) *adj.* & *-n.* pertaining to editing, article written by an editor in a newspaper. सम्पादक सम्बन्धी, समाचारपत्र में सम्पादक का अग्र लेख ।

**Educate**-ऍड्'-यू-केट्- *v.t.* to give moral and intellectual training to, to train. पढ़ाना, सिखाना ( शिक्षा प्रदान करना ), शिक्षित करना, सिखलाना ।

**Education**-ऍड्-यु-के'-शॉन्- *n.* systematic instruction. शिक्षा, अध्यापन ; **Educational** (-शॉन्'-ऑल् )*-adj.* pertaining to education. शिक्षा सम्बन्धी ; **Education-( al )-ist** ( -इस्ट् )*-ns.* one skilled in educational methods. शिक्षाविधि में निपुण ; **Educated** (-ऍड्) *-adj.* learned. शिक्षित, व्युत्पन्न ।

**Educative**-ऍड्'-यु-केट्-इव्- *adj.* pertaining to education. शिक्षा सम्बन्धी ।

**Educator**-ऍड्'-यु-के'-टॉर् - *n.* one who gives education. शिक्षक, पढ़ाने वाला ।

**Educe**-ऍ-ड्यूस्'- *v. t.* to draw out, to develop, to extract. सार निकालना, उन्नति करना, खींचना ; **Educible** (-इ-बूल् ) *adj.* that may be educed or extracted. सार निकालने योग्य ।

**Educt**-ऍ'-डक्ट् - *n.* a body separated from another. पृथक् किया हुआ पदार्थ ; **Eduction** ( -डक्'-शॉन् )*-n.* a drawing out. पृथक्करण ।

**Eel** - ईल् - *n.* a snake-like fish. सर्प के आकार की मछली, जलव्याल ।



Eel.

**E'en**-ईन्-*contr.* for Even.

**E'er**-ऍअर्-*contr.* for Ever.

**Eerie**, **Eery** - ई' - री - *adj.* strange, wonderful, exciting fear, weird. अद्भुत, डरानेवाली, पैशाची ।

**Effable**-ऍफ्'-फॉ-बूल् - *adj.* capable of being expressed, utterable, explicable. कथनीय, वाच्य ।

**Efface**-ऍफ्-फेस्'- *v. t.* to rub out, to destroy, to erase, or expunge. मिटाना, नष्ट करना, पोंछना ; **Effaceable** (-ऑ-बूल्) *adj.* that may be effaced. मिटाने योग्य ; **Effacement** ( -मैन्ट् ) *-n.* the act of effacing. लोप, नाश ।

**Effect** - ऍफ्-फेक्ट्'- *n.* result, intent, force, impression, consequence. परिणाम, सिद्धि, प्रभाव ( फल ), प्रयोजन, अभिप्राय ; (*pl.*) property. सम्पत्ति ; *-v. t.* to accomplish, to bring about. पूरा करना, सिद्ध करना ; **In effect** ( for practical purposes. ) वस्तुत: **Of no effect** ( useless, of no avail. ) निष्फल, बिना प्रयोजन का ; **Of what effect ?** (of what consequence ? ) किस हेतु से ; **To carry into effect** ( to complete. ) पूर्ण करना ; **To take effect** ( to accomplish a work. ) कार्य सम्पादन करना ।

**Effective**-ऍफ्-फेक्ट्'-इव्- *adj.* powerful in effect. कार्य साधक, सम्पादक ; **Effectively** (-इव्-ली) *-adv.* with effort. कार्य साधन रीति से ; **Effectiveness** (-इव्-नेस् ) *-n.* the quality of being effective. फल साधना ; **Effectless**

(-लैस्) *-adj.* without effect, useless. निरर्थक, निष्प्रयोजन।

**Effectual**-ऍफ्-फ़ैक्ट्'यु-ऑल्-*adj.* producing an effect, valid. कार्यसाधक, सफल; **Effectually** (-ली) *-adv.* thoroughly. अव्यर्थ, सफलता से।

**Effectuate** - ऍफ्-फ़ैक्ट्'-यु-एट् - *v. t.* to accomplish, to achieve. पूर्ण करना।

**Effeminacy** - ऍफ्-फ़ैम्'-इन्-ऑस्-सी - *n.* unmanliness, delicacy. क्लीबता, मृदुता, कोमलता, मोलायमियत।

**Effeminate**-ऍफ्-फ़ैम्'-इन्-एट्- *adj.* womanish, cowardly. स्त्री स्वभाव; **Effeminately** (-ली) *-adv.* in an effeminate manner. नारीवत्, क्लीबवत्।

**Efferent**-ऍफ्'-फ़ैर्-ऍन्ट्- *adj.* conveying or carrying outwards. बाहर की ओर ले जाने वाली (नाड़ी आदि)।

**Effervesce**-ऍफ्-फ़ैर्-वैस्'- *v.i.* to bubble, to froth up. फेन निकलना, उबलना; **Effervescence** (-ऍन्स्)-*n.* the rising of bubbles from a liquid. उबाल; **Effervescent** (-ऍन्ट्) *-adj.* gently boiling. खुदबुदानेवाला, उबलनेवाला; **Effervescible** (-इ-बूल्)-*adj.* having the quality of boiling. उबलने की शक्ति वाला।

**Effete**-ऍफ्-फ़ीट्'- *adj.* worn out, feeble, vigourless, incapable. थका हुआ, दुर्बल, अयोग्य; **Effeteness** (-नैस्) *-n.* the quality of being feeble. दुर्बलत्व, थकावट।

**Efficacious** - ऍफ्-फ़िक् - ए'-शस् - *adj.* producing the desired effect. समर्थ, फलोत्पादक; **Efficaciously** (-ली)-*adv.* in an efficacious manner. सामर्थ्य से; **Efficaciousness** (-नैस्)-*n.* the quality of being efficacious. सामर्थ्य, फलोत्पादन की शक्ति।

**Efficacy**- ऍफ्'-फ़िक्-ऑस्-सी- *n.* virtue, energy. प्रभाव (सामर्थ्य), गुण।

**Efficiency**-*n.* see **Efficient.**

**Efficient**-ऍफ़्-फ़िश्'-ऍन्ट्-*adj.* producing the desired effect, effective, competent. सर्वसाधक, कार्यक्षम, गुणकारी; **Efficiency** (-ऍन्-सी) *-n.* power to produce the intended effect, fitness. निपुणता; **Efficiently** (-ली) *-adv.* effectively. सिद्धिपूर्वक।

**Effigy**-ऍफ्'-फ़िज्-ई- *n.* (*pl.* **Effigies**) a portrait or image of a person or thing. प्रतिमा, किसी की प्रतिमूर्ति, पुतला।

**Effloresce**-ऍफ्-फ़्लोर्'-ऍस्'-*v. i.* to burst into a flower. पुष्पित होना, फूलना; **Efflorescence** (-ऍन्स्)-*n.* production of flowers, time of flowering, redness of skin. फूल फूलना, फूलने का समय, चकोता; **Efflorescent** (-ऍन्ट्) *-n.* covering of the surface with white crust. ऊपर से सफ़ेद परत जमना।

**Effluence**-ऍफ्'-फ़्लू-ऍन्स्- *n.* a flowing out. प्रवाह, बहाव; **Effluent** (-ऍन्ट्)-*adj.* & *n.* flowing or coming out, a stream. बहानेवाली, धारा।

**Effluvial**-*adj.* see **Effluvium.**

**Effluvium**-ऍफ्-फ़्लू'-वि-अम्- *n.* (*pl.* **Effluvia**-वि-ऑ) disagreable vapours rising from putrefying matter. दुर्गन्ध, बदबू; **Effluvial** (-वि-ऑल्)-*adj.* pertaining to or consisting of effluvia. दुर्गन्ध सम्बन्धी।

**Efflux**-ऍफ्'-फ़्लक्स्-*n.* that which flows out, effusion. प्रवाह, बहाव; **Effluxion** (-यॉन्) *-n.* the act of flowing out, emanation. निस्राव।

**Effodient**-ऍफ्-फ़ो'-डि-ऍन्ट् - *adj.* accustomed to dig. खोदने की प्रकृति वाला।

**Effort**-ऍफ्'-फ़र्ट्-*n.* an attempt, exertion of strength. प्रयत्न, व्यवसाय, कोशिश; **Effortless** (-लैस्)-*adj.* without effort, passive. निरुद्योग।

**Effrontery**-ऍफ्-फ़्रन्ट्'-अर्-ई-*n.* shameless boldness, impudence, audacity. धृष्टता, निर्लज्जता।

**Effulgence**-ऍफ्-फ़ल्ज्'-ऍन्स्-*n.* great lustre, a flood of light. कान्ति, तेज।

**Effulgent**-ऍफ्'-फ़ल्ज्-ऍन्ट्- *adj.* radiant, brightly shining. तेजस्वी, देदीप्यमान, चमकता हुआ; **Effulgently** (-ली)-*adv.* with effulgence. चमक से।

**Effuse**-ऍफ्-फ़्यूज़्'-*v. t.* to pour forth as a fluid. बहाना; **Effusion** (-फ़्यूज़्'-ऑन्) *-n.* the act of pouring out. बहाव, बहने का कार्य।

**Effusive** - ऍफ्-फ़्यूज़्'-इव् - *adj.* pouring abundantly, spreading widely. अधिक परिमाण में बहानेवाला; **Effusively** (-इव्-ली) *adv.* in an effusive manner. बहाव से; **Effusiveness** (-नैस्)-*n.* the state of

being effusive. छिड़काव ।

**Eftsoon** – ऍफ़्ट्-सून्' *adv.* soon afterwards, in a short time. थोड़ी देर बाद ।

**Egad**-ऍ-गैड्'- *interj.* by God, good fortune. ईश्वर की शपथ से, भाग्य वश ।

**Egest**- ऍ-जॅस्ट्'-*v. t.* to pass off excreta from the bowels. पेटमें से मल निकालना ; **Egesta** ( -ऑं )-*n. pl.* excrements. मल ; **Egestion** ( -चॉन् ) *n.* the act of excreting. मल त्याग ।

**Egg**-ऍग्-*n.* an oval body produced by the female of birds, spawn, germ. अण्डा ;-*v. t.* to urge to action, to incite. क्रिया में तत्पर करना ; **Bad egg** ( useless person. ) निरर्थक पुरुष, विधि इत्यादि ; **Egg plant** ( aubergine. ) बैंगन ; **In the egg** ( in the preliminary stage. ) प्रारम्भिक अवस्था में ; **To egg on** ( to incite. ) प्रोत्साहन करना ।

**Egis**-ई'-जिस्- *n.* a shield, protection. ढाल, रक्षा करने का साधन ।

**Eglantine**-ऍग्'-लीन्-टाइन्- *n.* the sweet-brier. जङ्गली जपा, सेवती ।

**Eglomerate**-ऍ-ग्लॉम्'-अर्-एट्-*v.t.* to unwind thread. तागा खोलना ।

**Ego**-ऍग्'-ओ-*n.* the self conscious subject 'I'. आत्मा, ब्रह्म; **Egoism** ( -इज़्म् ) *n.* the theory that we have proof of nothing but our own existence, selfishness. आत्मवाद, स्वार्थ; **Egoist** (-इस्ट्) *n.* one who believes in egoism, one who is self-assertive. ब्रह्मवादी, आत्मश्लाघी ।

**Egotistic** – ऍ-गो-टिस्ट्'-इक्, **Egotistical** ( -इक्-ऑल् ) *-adjs.* self-conceited, self-important, अहङ्कारी, गर्वित ; **Egotistically** (-ऑल्-लि) *-adv.* in a self-conceited manner. आत्मश्लाघा पूर्वक ; **Egotize** ( -टाइज़् ) *-v. t.* to talk much about one's self. आत्मश्लाघा करना ; **Egotism** ( -टिज़्म् ) *-n.* self-praise, vanity. अहङ्कार, आत्माभिमान, ममता; **Egotist** (-टिस्ट् )-*n.* one who talks too much of himself. आत्मश्लाघी, अहङ्कारी ।

**Egregious**-ऍ-ग्री'-जि-अस्- *adj.* extraordinary, uncommon. अपूर्व, विचित्र; **Egregiously** ( -ली )-*adv.* in an egregious manner. अत्यन्त, अतिशय ।

**Egress**-ई'-ग्रॅस्-*n.* the act of going or issuing out, the way out. निर्गम, निकास

**Egression**-इ-ग्रॅश्'-ऑन्-*n.* the act of going from a place. निर्गति ।

**Egyptian** – ऍ-जिप्'-शॉन्- *n.* & *adj.* a native of Egypt. मिश्र देश का निवासी ।

**Eh**-ए – *interj.* expressing inquiry or surprise. आश्चर्य सूचक अव्यय, अरे !

**Eidograph**-आइ'-डो-ग्रॅफ़् – *n.* an instrument which is used for enlarging or reducing plans or drawings. चित्र बड़ा या छोटा करने का यन्त्र ।

**Eight**-एट्- *n.* one above seven. आठ ; **Eighteen** ( -टीन् )-*adj.* & *n.* one more than seventeen. अठारह ; **Eightfold** (-फ़ोल्ड्)-*adj.* eight times any quantity. आठ परत, अठगुना ; **Eighth** ( -थ् ) *-adj.* next after seventh. आठवाँ ; **Eightieth** (-टि-यथ् )-*adj.* next after seventy-ninth. अस्सीवाँ ; **Eighty** ( -टी ) eight times ten. अस्सी ।

**Eirenicon** – आइ-रॅन्'-इक्-ऑन् – *n.* a proposal for peace. मेल का प्रस्ताव ।

**Eisel**-ई'-ज़ॅल्-*n.* vinegar, सिरका ।

**Either**-ई-( आइ' ) दर्- *pron.* & *adj.* each of two, one or the other of any number, every one, or. कोई न कोई, दो में से एक, प्रत्येक, या तो ।

**Ejaculate**-ऍ-जॅक्'-यु-लेट् – *v. t.* to eject from the body. एकाएक बोल उठना, शरीर में से निकालना या फेंकना ; **Ejaculation** (-ले'-शॉन् )-*n.* the uttering of a short prayer. छोटा स्तोत्र पढ़ना ।

**Eject**-ई-जॅक्ट्'- *v. t.* to cast out or expel, to discharge. फेंकना, निकालना ; **Ejection** ( -जॅक्'-शन् ) *-n.* expulsion, act of ejecting. फेंकाव, निकाल; **Ejectment** (-मॅन्ट्) *-n.* expulsion, dispossession. निकाल, अधिकार से हटाना, बेदख़ली; **Ejector** ( -ऑर् ) *-n.* one who dispossesses another of his land. हटाने वाला; **Ejective** ( -जॅक्'-टिव् ) *-adj* excluding. हटाने वाली ।

**Eke** – ईक्- *v. t.* to increase, to supplement. बढ़ाना, जोड़ना ; **Eke-name** ( -नेम् )- *n.* a nickname. उपनाम ।

**Elaborate** – ऍ - लॅब्' - ऑर्-एट्-*v. t.* to produce by labour, to work out in detail. परिश्रम से साधन करना, विस्तार

पूर्वक कार्य करना ;-*adj.* carefully worked out. बड़े प्रयत्न से किया हुआ ; **Elaborately** ( - ली )-*adv.* with great care or labour. बड़े प्रयास या विस्तार से ; **Elaborateness** ( -नेस् ), **Elaboration** ( - ए -शान् ) -*ns.* act of elaborating विस्तार ; **Elaborative** ( -इव् )-*adj.* contributing to mature. विस्तृत ; **Elaborator** ( - ऑर् )-*n* one who elaborates. विस्तार करने वाला ।

**Elan**-ऑं-लॉन्- *n.* ardour. उत्साह ।

**Elaphine**-ऍल्'-आ-फ़ाइन् - *adj.* pertaining to a stag. बारहसिंघा संबंधी ।

**Elapse**-ऍ'-लैप्स्'-*v. i.* to slip or glide away, to pass away ( of time. ) समय का व्यतीत होना, बीतना ।

**Elastic** - ऍ-लैस्ट्'-इक्-*adj.* having the power or tendency to resume its normal bulk or shape, flexible, springing back. चिमड़ा, लचीला; -*n.* a cord woven with India-rubber strips. रबड़ के सूत के साथ बिना हुआ फ़ीता; **Elastical** (-ऑल्) -*adj.* elastic. लचीला ; **Elastically** ( - ऑल्-लि ) -*adv.* in an elastic manner. लचीलेपन से ।

**Elasticity** -ऍ - लैस् - टिस्' - सिट्-ई - *n.* tension or distortion. लचीलापन ।

**Elate** - ऍ-लेट्' - *v. t.* to stimulate, to swell, to make proud. उत्तेजित करना, फुलाना, गर्वित करना ; -*adj.* exultant, elevated in spirits, proud. अभिमानी, मदोद्धत, घमडी ; **Elated** ( - ऍड् ) -*adj.* elevated in spirits. प्रमत्त ; **Elatedness** (-नेस् ), **Elation** ( - ले'-शान् )-*ns.* elation of mind, pride. गर्व, चित्त का हुलास ; **Elater** ( - आर् )-*n.* one who elates. प्रफुल्ल करने वाला ।

**Elbow**-ऍल्'-बो- *n.* the outer part of the joint connecting fore and upper arm, any flexure. कूर्पर, केहुनी, कमान; -*v.t.* to thrust, to push with the elbow. ढकेलना, केहुनियाना ; **At one's elbow** ( at hand, near. ) पास में, अति समीप ; **Elabow-room** ( sufficient accommodation, room for action. ) पर्याप्त स्थान, कार्य स्थान ; **Out at elbows** ( redcued in circumstances. ) दरिद्र, फटा वस्त्र पहिरे हुए ।

**Elder**-ऍल्ड्'-अर्- *adj.* ( *comp.* of Old ) older, prior in origin. वय में बड़ा, जेठा; -(*pl.* ) persons advanced in age. वृद्ध लोग ; **Elder hand** (the player who leads at a game. ) खेल शुरू करने वाला ; **Elderliness** ( - ली-नेस् ) -*n.* the state of being elderly. बड़प्पन ; **Elderly** (-ली) -*adj.* getting or bordering on old age. प्राय: बूढ़ा, अधेड़ ।

**Eldest**-ऍल्ड्' - ऍस्ट् *adj.* ( *super.* of Old) the first-born, oldest. ( ज्येष्ठ ), जेठा, वय में सब से बड़ा ।

**El-Dorado** - ऍल्-डो-रा'-डो - *n.* an imaginary country full of gold, a dream land of wealth. सुवर्णपूर्ण काल्पनिक प्रदेश ।

**Elect** - ऍ - लैक्ट्'- *v. t.* to choose, to select by vote. निर्वाचन करना, चुन लेना चुनना ; -*adj.* chosen, selected. चुना, हुआ, निर्वाचित ; **Election** (-लैक्'-शान् ) *n.* the act of electing, choice, discrimination. चुनाव, निर्वाचन ; **Elective** ( -इव् ) -*adj.* pertaining to the right of election. चुनने का अधिकार रखने वाला ; **Elector** ( -ऑर् ) -*n.* one who elects. निर्वाचक, चुनने वाला ; **Electoral** (-ऑर्-ऑल), **Electorial** ( -ऑर्'-इ-ऑल ) *adjs.* pertaining to elections. चुनाव सम्बन्धी ; **Electorate** ( -ऑर् - एट्) -*n.* the body of electors. नियोजक गण ; **Electress** ( -लैक् - ट्रेस् ) - *n. fem.* a female elector. नियोजिका ।

**Electric**-ऍ-लैक्'-ट्रिक्-*adj.* charged with or able to develop electricity. बिजली से भरा हुआ अथवा बिजली की शक्ति उत्पन्न करने योग्य ; **Electrical** ( -ऑल ) -*adj.* pertaining to electricity. विद्युत् सम्बन्धी ; **Electrically** (-ट्रॅ-कॉल्-ली)-*adv.* by means of electricity. बिजली द्वारा ; **Electrician** (-ट्रिश्'-ऑन्)-*n.* one who is versed in the science of electricity. बिजली के विज्ञान में निपुण ।

**Electricity**-ऍ-लैक्-ट्रिस्'-सिट्-ई-*n.* the cause of certain phenomena in bodies which causes attraction and repulsion. विद्युत् शक्ति, बिजली की ताक़त ।

**Electrification**-ऍ-लैक्'-ट्रिफ्-इक्-ए'-शॉन्- *n.* the act of charging with electricity. बिजली से भरने की क्रिया ।

**Electrify** - ए-लैक्'-ट्रै-फाइ - *v. t.* ( *p.t.*

**Electrified.**) to make electric, to charge with electricity, to subject an object to electric shocks, to startle, to excite. बिजली भरना, बिजली का धक्का पहुँचाना, चौंका देना ।

**Electro**-ई-लैक्'-ट्रो – in *comb.* = 'pertaining to or caused by electricity'. 'बिजली सम्बन्धी अथवा बिजली से उत्पन्न' अर्थ में प्रयुक्त उपसर्ग; **Electro-bath** ( bath for depositing metals by means of electric current. ) सोल्यूशन ( तरल ) जिसमें किसी धातु पर दूसरा धातु बिजली से जमाया जाता है; **Electrocution** ( -क्यू'-शॉन् )-*n.* killing by electricity. बिजली द्वारा प्राण दण्ड देना; **Electrode** (-ट्रोड्) *n.* the terminal of an electric circuit. बिजली के तार का छोर; **Electro-engraving** ( engraving by means of electricity. ) बिजली द्वारा खोदना; **Electrolysis** (- ट्रॉल्-इस्-इस् ) -*n.* a chemical charge by electrical means. बिजली द्वारा रसायनिक परिवर्तन; **Electro-magnet** ( a bar of soft iron made magnetic by electricity. ) जिस मुलायम लोहे में से बिजली चलने से वह चुम्बक बन जाता है।

**Electrometer**-ऐ-लैक् - ट्रॉम्' - ऐट्-अर् *n.* an instrument for measuring electricity. बिजली की शक्ति नापने का यन्त्र; **Electro-motor** ( a machine in which the motive power is electricity. ) बिजली द्वारा चलाये जाने का यन्त्र; **Electro-pathy** ( treatment by means of electricity. ) बिजली द्वारा चिकित्सा; **Electroplate** ( electric deposition of metals. ) बिजली द्वारा चाँदी सोना इत्यादि चढाना; **Electrotype** *n.* ( producing facsimile by electric deposition. ) बिजली से टाइप बनाना।

**Electrum**-ऐ-लैक्'-ट्रम्- *n.* an alloy of silver and gold. सोने तथा चाँदी के मेल से बना हुआ धातु, गिलट।

**Elegance** - ऐंल्' - इ - गॅन्स्- *n.* purity, beauty, politeness. पवित्रता, शिष्टता, सौन्दर्य ।

**Elegant** - ऐंल्'-इ-गॅन्ट् - *adj.* graceful, beautiful in form. ललित, सुन्दर, सुरूप; **Elegantly** (-ली ) -*adv.* with elegance or grace. शोभा सहित।

**Elegiac**- ऐंल्-इ - जाइ'-ऑक्- *adj.* expressing lamentation. करुणामय, शोक प्रधान।

**Elegist**-ऐं-ली'-जिस्ट्- *n.* a writer of elegies. शोकगीत का लेखक; **Elegize** (-जाइज़् ) *v. i.* to write an elegy. शोक गीत लिखना।

**Elegy**-ऐंल्'-ऐं-जी- *n.* ( *pl.* Elegies. ) a funeral song, a dirge. शोकगीत ।

**Element**-ऐंल्'-इ-मॅन्ट्- *n.* an essential component part, first principle. तत्व, मूल; -( *pl.* ) earth, air, fire, water and ether. पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, आकाश; **Elemental** (-ऑल् )-*adj.* pertaining to elements, rudimentary. तत्व सम्बन्धी; **Elementally** (-ऑल्-लि )-*adv.* according to elements. भौतिक तत्वों के अनुसार।

**Elementariness**-ऐंल्'-इ-मॅन्ट्-ऑर्'-रि-नॅस्- *n.* see Elementary.

**Elementary**-ऐंल्'-इ - मॅन्ट् - ऑर्-री- *adj.* rudimentary, simple. ( निरवयव ), प्रारम्भिक, शुद्ध, मौलिक; **Elementariness** ( -नॅस् ) -*n.* the state of being elementary. मौलिक अवस्था; **Elementarity** ( -टॉर् -रिट्-ई ) -*n.* simplicity of nature. प्रकृति की सरलता ।

**Elemi**-ऐंल्'-ऐं-मी-*n.* a resinous exudation from certain trees. लाह, गोंद ।

**Eleot**-ई'-लैं-ऑट्- *n.* a species of apple. एक प्रकार का सेब।

**Elephant**-ऐंल्'-इ-फॅन्ट्- *n.* a huge quadruped with long curved ivory tusks, size of paper 28X23 inch. हाथी (मातङ्ग), २८X२३ इञ्च के नाप का कागज।

**Elephantiasis**-ऐंल्-इ-फॅन्ट्-आइ'-ॲ-सिस्- *n.* a skin disease. श्लीपद, फ़ीलपाँव ।

**Elephantine**- ऐंल् - इ-फ़ॅन्ट्'-आइन्- *adj.* pertaining to elephants, clumsy, huge. हाथी के समान, भद्दा, फूहड़।

**Elephantoid**- ऐंल् - इ-फ़ॅन्ट्'-ऑएड्- *adj.* resembling the form of an elephant. हाथी के आकार का ।

**Elevate**-ऐंल्'-इ-वेट्- *v. t.* to lift up, to hold up, to raise, to refine, to cheer. उठाना, उभाड़ना, उन्नत करना, प्रसन्न करना; **Elevated** ( -ऐड् )-*adj.* exalted, dignified, elated. उन्नत, उत्तम पद पर नियुक्त; **Elevation** (-वे'-शॉन्)-*n.* angle, height, flat drawing of the front part, exaltation dignity. कोण, ऊंचाई, अगले भाग का चित्र, महत्व; **Elevator** ( -ऑर् )-*n.* a machine

for onisting. ऊपर उठाने का यन्त्र; Elevatory ( -ऑर्-ई )-*adj.* tending to raise. ऊपर को उठाने वाला ।

**Eleve**-ऍ-लेव्' - *n.* a pupil. शिष्य, चेला ।

**Eleven**-ऍ-लॅव्'-ऍन्- *n.* one more than ten. एकादश, ग्यारह; **Eleventh** ( -ऍन्थ् ) *adj.* next after tenth. ग्यारहवाँ; **The eleventh hour** ( the last moment. ) अन्तिम समय या क्षण ।

**Elf**-ऍल्फ्- *n.* ( *pl.* Elves. ) a supernatural being, a mischievous little creature. यक्ष, पिशाच, परी; **Elfin** (-इन्) *adj.* & *n.* pertaining to elves, elfish, a little elf. पिशाच सम्बन्धी, छोटी परी; **Elfish** (-इश्)-*adj.* pertaining to elves, mischievous. परी सम्बन्धी, पैशाची; **Elf-locks** (intermingled hairs.) जटा, उलझे हुए बाल ।

**Elicit**-ई-लिस्'-सिट्- *v. t.* to deduce or to draw out, to bring to light. निकालना, प्रकाशित करना, **Elicitation** (-ए'-शॉन्)-*n.* ·deduction. निष्कर्षण ।

**Elide**-ऍ-लाइड्'- *v. i.* to drop a vowel or syllable in pronunciation (*gram.*) उच्चारण में स्वर का लोप करना; **Elision** ( ए-लिज़'-ऑन् ) -*n.* suppression of a vowel (*gram.*) स्वर का लोप ।

**Eligibility**- ऍल् - इज्'- इब्-इल्'-इ-टी- *n.* the capability to be chosen. ग्राह्यता ।

**Eligible**-ऍल्'-इज्-इ-ब्ल्- *adj.* fit to be chosen, suitable, preferable, desirable. नियोज्य, ग्राह्य, ग्रहण करने योग्य; **Eligibleness.** ( - नॅस् ), **Eligibility** ( -इट्-ई )-*ns.* quality of being eligible, fitness or capability of being chosen. नियोज्यता; **Eligibly** (-ली)-*adv.* suitably, in an eligible manner. नियोज्यता से ।

**Elimate**-ऍल्'-इम्-एट्- *v. i.* to smooth, to polish. चिकना करना, पालिश करना ।

**Eliminable** *adj.* see **Eliminate.**

**Eliminate**-ऍ-लिम्'-इन्-एट्- *v. i.* to get rid of, to expel, to extract, to set at liberty. हटाना, दूर करना, निकालना, मुक्त करना; **Eliminable** ( -ऑ-ब्ल् )-*adj.* that may be eliminated. हटाने योग्य; **Eliminant** ( -ऑन्ट ) -*n.* that which is eliminated. हटाई हुई वस्तु; **Elimination** ( -ए'-शॉन् ) -*n.* cancelling, ejection. लोप, हटाव ।

**Elipse**-ई -लिप्स् - *n.* see **Ellipse.**

**Elision**-ऍ-लिज़्'-ऑन्- *n.* see **Elide.**

**Elite**- ऍ-लीट्' - *n.* the best part of anything selected. सार, तत्व ।

**Elixation**-ऍ-लिक्स्-ए'-शॉन्- *n.* extraction by boiling, digestion. उबाल कर सत्व निकालना ।

**Elixir**-ऍ-लिक्स्'-सर्- *n.* a cordial, quintessence. तेजवर्धक औषधि, रसायन; **Elixir of life** ( a cordial which increases life. ) आयुष्य बढ़ाने वाला रसायन ।

**Elk**-ऍल्क्- *n.* a kind of large deer, the hooper swan. एक प्रकार का बड़ा बारह-सिंहा, एक प्रकार का बत्तक ।

**Ell**-ऍल्- *n.* a measure of length equal to 45 inches. सवा गज की नाप ।

**Ellagic**- ऍल्-लॅज्'-इक्- *adj.* pertaining to gall-nuts. माजूफल सबंधी ।

**Ellipse**-ऍल्'-लिप्स्- *n.* a regular oval figure. अण्डवृत्त, दीर्घवृत्त ।

**Ellipsis**-ऍ-लिप्'-सिस्- *n.* ( *pl.* Ellipses) omission of words in a sentence. वाक्य में से (अर्थ पूरक) शब्दों को हटाना ।

**Ellipticity**- ऍ-लिप् - टिस्-सिट्-ई- *n.* the quality of being elliptical. अण्डवृत्ताकृति; **Elliptical** (-इक् -ऑल्) *adj.* having the form of an ellipse, दीर्घवृत्ताकार; **Elliptically** (-टिक्-ऑल्-लि) -*adv.* in the form of an ellipse. अण्डाकृति में; **Ellipsoid** ( -सॉ-ऍइ )-*n.* an elliptical spheroid. दीर्घ वृत्तज ।

**Elm**-ऍल्म्- *n.* a kind of forest tree which yields good timber. एक प्रकार का अच्छी लकड़ी का जगली वृक्ष; **Elmen** ( -ऍन् ) -*adj.* belonging to the elm. इस वृक्ष का; **Elmy** (-ई)-*adj.* abounding in elms. इस वृक्ष से पूर्ण ।

**Elocution**-ऍल्-ओ-क्यू'-शॉन्- *n.* the art of effective speaking, oratory. वाक्-शक्ति, वक्तृता (व्याख्यान); **Elocutionary** ( -ऑर्-री )-*adj.* pertaining to oratory. **Elocutionist** ( -इस्ट ) -*n.* one who is skilled in the art of oratory. सुवक्ता ।

**Elocutive**-ऍल्-ओ- क्यूट्'-इव्-*adj.* having the power of eloquent expression. व्याख्यान देने की शक्ति वाला ।

**Elodes**-ऍ- लो'- डीज़्- *n.* the sweating sickness. अधिक पसीना होने का रोग ।

Eloge-ऍलू'-ओज्- *n.* an oration at the time of a funeral. मृत्यु प्राप्त मनुष्य के विषय में व्याख्यान, मर्सीहा।

Eloin-ऍ- लॉ-'ऍन् - *v. t.* to banish to a distance. दूर भगा देना, हटा देना।

Elongate-ऍ-लॉङ् - गेंट् - *v. t.* to lengthen, to prolong. बढ़ाना, फैलाना; Elongation (-गें'-शान्) -*n.* the act of elongating. फलाव; Elongated (-गें-टेड्) *adj.* lengthenend. फैलाया हुआ।

Elope-ऍ-लोप्'-*v. i.* to escape privately (of a woman with her lover.) भाग जाना, (स्त्री का) निकल जाना; Elopement (-मेंन्ट् )-*n.* the act of eloping. गुप्त रूप से भाग जाने का कार्य।

Eloquence- ऍलू'- ओ- क्वेंन्स्- *n.* fluent speech. वक्तृत्व शक्ति।

Eloquent-ऍलू'- ओ- क्वेंन्ट् - *adj.* having the power of fluent speech, expressive. वाक्पटु, अच्छा व्याख्यान देने वाला; Eloquently (-ली )-*adv.* in an eloquent manner. वाक् पटुता से।

Else-ऍल्स्-*pron.* & *adv.* other, besides, in addition, otherwise. अन्य (दूसरा), परन्तु, नहीं तो, अन्यथा; Elsewhere (in another place) और कहीं; What else? (what more.?) और क्या? Who else? (who besides?) दूसरा कौन?

Elucidate-ऍ-ल्यू'-सिडे-एट्- *v. t.* to explain, to throw light upon, to illustrate. व्याख्या करना, स्पष्ट करना, समझाना; Elucidation (-ए'-शान् )-*n.* the act of throwing light on a subject व्याख्या; Elucidator (-आर् )-*n.* one who elucidates. व्याख्या करने वाला; Elucidative (-इव् ) Elucidatory (-आर्-ई)-*adjs.* explanatory. व्याख्या संबन्धी।

Elude-ऍ-ल्यूड्' - *v. t.* to escape adroitly from, to baffle, to evade. कुशलता से भाग जाना, छल से निकल भागना, आँख बचाकर हट जाना; Eludible (-इ-बूल् )-*adj.* that may be eluded. भागने लायक; Elusion (-ल्यू' - ज़ान्) -*n.* deception. छल; Elusive (-सिव्) -*adj.* difficult to catch. भागने वाला; Elusively (-सिव्-ली) -*adv.* in a deceiving manner. छल कपट से; Elusiveness (-नेस्) *n.* the state of being elusive. छल, कपट; Elusory (-सॉर्-ई) -*adj.* tending to deceive. छली, मायावी।

Elutriate-ऍ-ल्यू'-ट्रि-एट्-*v. t.* to separate by water. जल की सहायता से रवे अलगाना; Elutriation (-ए'-शान्) -*n.* the act of washing. धोने की क्रिया।

Elves-ऍल्व् ज़-*n. pl.* of Elf.

Elvishly-ऍल्व्-इश्'-ली-*adv.* mischievously. उपद्रव से।

Elysian-ए-लिज़'-योन्- *adj.* yielding the highest pleasures, very delightful. अति प्रसन्नता देने वाला।

Elysium-ऍ-लिज़'-इ-अम्- *n.* the abode of the blessed after death, a place of ideal happiness. वैकुण्ठ, स्वर्ग, अपूर्व आनन्द का स्थान।

Em-ऍम् - *n.* the letter M, the unit of measurement in estimating a line of composed types. अंग्रेज़ी वर्णमाला का तेरहवाँ अक्षर, टाइप कंपोज़ करने की नाप।

'Em-contraction for "them". 'देम्' शब्द का संक्षिप्त रूप।

Emaciate-ऍ-मे'-शि - एट् - *v. t.* & *i.* to make lean, to waste. दुर्बल करना, कृश होना; Emaciated (-ऍड्) -*adj.* lean, wasted. क्षीण, दुर्बल; Emaciation (-ए-शान् )-*n.* the act of becoming or making lean. क्षीणता, दुर्बलता।

Emaculate-ऍ-मैक्'-यु-लेट् - *v. t.* to remove blemishes from. धब्बा हटाना।

Emanant-ऍम्'-ऑन्-ऑन्ट् - *adj.* issuing or flowing from. निकलता हुआ।

Emanate-ऍम्'-ऑन्-एट् - *v. i.* to flow out, to issue, to originate. निकलना, उत्पन्न होना; Emanation (-ए'-शान्) *n.* act of emanating. उत्पत्ति, उद्गम; Emanative (-ऑट्-इव्) -*adj.* issuing from another. दूसरे से उत्पन्न।

Emancipate-ऍ-मैन्'-सिप्-एट् - *v. t.* & *adj.* to free from restraint, set at liberty. मुक्त करना, निस्तार करना, निर्मुक्त; Emancipation (-सिप्-ए'-शान् )-*n.* liberation, the act of emancipating. मुक्ति, निस्तार; Emancipator (-एट्'-आर् )-*n.* one who emancipates, a liberator. मुक्तिदायक।

Emarginate - ऍ-मार्'-जिन्-एट् - *v. t.* to notch the edge. किनारा नोचना; Emarginated (-ऍड्)-*adj.* having indented

edges. किनारा नोचा हुआ।

**Emasculate** – ए-मॅस्‌'-क्यु-लेट्‌ – *v. t.* to castrate, to effeminate. नपुंसक बनाना, बधिया करना; **Emasculation** (-ले'-शान्‌) *n.* the act of emasculating, castration. पुंसत्वहरण; **Emasculated** (-टेड्‌) *adj.* castrated. पुंसत्व हटाया हुआ, बधिया किया हुआ।

**Embale**-ऍम्‌-बेल्‌' – *v. t.* to make up into a bundle or bale. गट्ठर बनाना।

**Embalm**-ऍम्‌-बाम्‌' – *v. t.* to preserve from decay with spices, to perfume, to fill with sweet scent. मसाले की सहायता से सड़ने से बचाना, सुगन्धित करना; **Embalming** (-इङ्ग्‌), **Embalmment** (-मॅन्ट्‌) *-ns.* the act of preservation. सुरक्षित करने की विधि।

**Embank**-ऍम्‌-बॅड्क्‌' – *v. t.* to enclose, to confine, to defend with a bank or mounds. बन्द करना, बाँधना, मेड़ बनाना; **Embankment** (-मॅन्ट्‌) *-n.* a mound to shut in water. बाँध।

**Embar**-ऍम्‌-बार्‌' – *v. t.* to fasten with a bar. डन्डा लगाकर बन्द करना।

**Embargo** – ऍम्‌-बार्‌'-गो – *n.* (*pl.* Embargoes.) a prohibition of ships to leave or enter a port. जहाजों की बन्दरगाह में जाने या आने की रुकावट।

mbark-ऍम्‌-बार्क्‌' – *v. t.* & *i.* to go or put on board a ship, to enter upon an enterprise, to venture. जहाज पर रखना या चढ़ाना, किसी व्यवसाय में लगाना; **Embarkation** (-ए' - शान्‌), **Embarkment** (-मॅन्ट्‌) *-ns.* act of embarking. जहाज पर की सवारी, व्यवसाय का प्रारम्भ।

**Embarrass**-ऍम्‌-बॅर्‌'-रॅस्‌ – *v. t.* to perplex, to render intricate. व्याकुल करना, व्यग्र करना; **Embarrassing** (-इङ्ग्‌) *adj.* perplexing. घबड़ाने वाला; **Embarrassingly** (-इङ्ग्‌-ली) *-adv.* perplexingly. घबड़ाहट से; **Embarrassment** (-मॅन्ट्‌) *-n.* perplexity, difficulty. व्यग्रता, क्लेश, दुःख।

**Embassage** – ऍम्‌'-बॅस्‌-सेज्‌ – *n.* same as Embassy.

**Embassy**-ऍम्‌'-बॅस्‌-सी – *n.* an ambassador's function or office, deuptation to a king. दूतकर्म, दूत का स्थान, राजा के सन्मुख प्रार्थना।

**Embattle**-ऍम्‌-बॅट्‌'-ट्ल्‌ – *v. t.* to set in battle array. व्यूह रचना करना, फ़ौज को लड़ने के लिये नियुक्त करना; **Embattled** (-ड्‌) *-adv.* in battle array. व्यूह रचना में नियुक्त।

**Embay**-ऍम्‌-बे' – *v. t.* to enclose a ship in a bay. खाड़ी में जहाज रखना: **Embayment** (-मॅन्ट्‌)-*n.* a bay. खाड़ी।

**Embed**-ऍम्‌-बॅड्‌' – *v. t.* to lay firmly in surrounding mass. गाड़ना, दबाना।

**Embellish**-ऍम्‌-बॅल्‌'-लिश्‌ – *v. t.* to decorate, to beautify. सजाना, सुशोभित करना; **Embellisher** (-अर्‌) *-n.* one who decorates. सजाने वाला; **Embellishment** (-मॅन्ट्‌)-*n.* the act of embellishing. भूषण, सजावट।

**Ember**-ऍम्‌'-बर्‌ – *n.* a live piece of coal or wood. अंगारा, चिनगारी; **Ember-days** ( days of fast. ) व्रत के दिन।

**Embezzle**-ऍम्‌-बॅज़्‌'-ज़्ल्‌ – *v. t.* to appropriate other's entrusted money fraudulently. छल से दूसरों का धन अपनाना; **Embezzlement** (-मॅन्ट्‌) *-n.* fraudulent appropriation of other's property. छल से अपहरण; **Embezzler** (-ज़्लर्‌) *-n.* one who embezzles. गबन करनेवाला, अपहरणकर्ता।

**Embitter**-ऍम्‌-बिट्‌'-टर्‌ – *v. t.* to make bitter, to aggravate. तीता करना, बढ़ाना; **Embitterment** (-मॅन्ट्‌) *-n.* the act of making bitter. कलुषितकरण, कड़ुआ या तीता करने की क्रिया।

**Emblazon** – ऍम्‌-ब्लेज़्‌'-ऑन्‌ – *v. t.* to decorate, to celebrate. सुशोभित करना, उत्सव मनाना; **Emblazoner** (-अर्‌) *-n.* a herald. दूत, बन्दी; **Emblazoning** (-इङ्ग्‌) *-n.* the act of adorning. विभूषण, सजाने का काम; **Emblazonment** (-मॅन्ट्‌) *-n.* the act of emblazoning. सुशोभन करने का कार्य।

**Emblem**-ऍम्ब्‌'-लॅम्‌-*n.* a type or symbol, a device or picture. लक्षण, चिह्न या चित्र; *-v. t.* to symbolize. चिह्नित करना; **Emblematic** (ऑट्‌-इक्‌), **Emblematical** (-ऑल्‌) *-adjs.* serving as an emblem. लाक्षणिक, सूचक; **Emblematically** (-ऑल्‌-लि) *-adv.* in a symbolic manner. लाक्षणिक रूप से।

**Emblements** – ऍम्‌'-ब्लॅ-मॅन्ट्स्‌ – *n. pl.*

produce of land sowed by a tenant. किसान के खेत की पैदावार ।

**Embloom**-ऍम्-ब्लूम्' - *v. t.* to cover with bloom. फूलों से पूर्ण करना या भरना ।

**Emblossom** - ऍम्-ब्लॉस्'-सम्- *v. t.* to cover with blossom. फूलों से ढांपना ।

**Embodiment** - ऍम्-बॉड्'-इ-मॅन्ट्- *n.* personification. मूर्तिमत्ता ।

**Embody**-ऍम्-बॉड्'-ई- *v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Embodied**) to give a concrete form, to include, to incorporate. सशरीर करना, समावेश करना ।

**Embog**-ऍम्-बॉग्'- *v. t.* to sink in bog. दलदल मे डुबाना ।

**Embogue**-ऍम्-बोग्'- *v. t.* to discharge (as a river). नदी की तरह से बह निकलना ।

**Embolden**-ऍम्-बोल्'-डॅन्- *v. t.* to make bold, to give courage to, to encourage. वीर बनाना, उत्साह देना; **Emboldener** (-अर्) -*n.* one who encourages. उत्साह देने वाला ।

**Embolism** - ऍम्'-बो-लिज़्म्- *n.* obstruction of artery or vein. धमनी अथवा शिरा में रक्त सञ्चालन का अवरोध; **Embolismal** (-लिज़्'-मॅल्), **Embolismic** (-मिक्) -*adjs.* pertaining to embolism. इस अवरोध सम्बन्धी ।

**Emborder**-ऍम्-बॉड्ड्'-अर्- *v. t.* to adorn with a border. किनारा लगाना ।

**Embosom**-ऍम्-बुज़्'-अम्- *v. t.* to embrace, to surround, to shelter. आलिङ्गन करना, लपेटना, शरण देना ।

**Emboss**-ऍम्-बॉस्'- *v. t.* to carve or ornament in relief. उभड़े हुए फूल पत्ती बनाना, बेलबूटा काढ़ना; **Embosser** (-अर्) *n.* one who embosses. नकाशी करने वाला; **Embossing** (-इङ्ग्) -*n.* a work in relief. नकाशी; **Embossment** (-मॅन्ट) *n.* a raised work. गुलकारी ।

**Embottle**-ऍम्-बॉट्'-ट्ल्- *v. t.* to put into a bottle. बोतल मे रखना ।

**Embouchure**-ऍम्-बू-शूर्'- *n.* the mouth of a river. नदी का मुहाना ।

**Embowel**-ऍम् बाउ'-ऍल्- *v. t.* to take out or remove bowels from the body. आँतों को शरीर के बाहर निकालना; **Emboweller** (-लर्) -*n.* one who embowels. आँत निकालने वाला ।

**Embower**-ऍम्-बाउ'-अर्- *v. t.* to shelter with trees, to cover with a bower. वृक्षों से आच्छादित करना या ढाँकना ।

**Embrace** - ऍम्-ब्रेस्' - *v. t.* to fold in the arms, to clasp, to comprise, to accept. आलिङ्गन करना, छाती से लगाना, अन्तर्गत करना, स्वीकार करना; -*n.* embracing. आलिङ्गन; **Embraceable** (-ऍब्ल्) -*adj.* able to be embraced. आलिङ्गन करने योग्य; **Embracer** (-अर्) -*n.* one who embraces. आलिंगन करने वाला ।

**Embranchment** - ऍम्-ब्रान्च्' - मॅन्ट - *n.* spur of a mountain, an arm of a river. पर्वत श्रेणी, नदी की शाखा ।

**Embrangle** - ऍम् - ब्रॅङ्ग्'-गल् - *v. t.* to confuse, to entangle. घबड़ाना, फँसाना ।

**Embrasure**-ऍम्-ब्रेज़्'-यूर् - *n.* bevelling off of walls at the sides of doors, opening in a wall or parapet. दरवाजे या खिड़की के चारों ओर की दीवारों का तिरछा कटाव, मुडेरे की दरार या छिद्र ।

**Embrave**-ऍम्-ब्रेव्'-*v. t.* to inspire with bravery. वीर बनाना ।

**Embrocate** - ऍम्' - ब्रो - केट् - *v. t.* to smear medicine and rub a diseased part. लेप करना, मालिश करना; **Embrocation** (-के - शान्) -*n.* a liniment, the act of embrocating. लेप (मालिश), लेप करने का कार्य ।

**Embroglio** - ऍम्-ब्रोल्'-यो - *n.* an embarrassing state of affairs. व्यग्रता ।

**Embroider** - ऍम्-ब्रोएड्'-अर् - *v. t.* to ornament or border with needlework. सूई से फूल इत्यादि काढ़ना, करीदा करना; **Embroiderer** (-अर्) -*n.* one who embroiders. कसीदा काढ़ने वाला; **Embroidery** (-ई) -*n.* embroidered work. चिकन का काम, जरदोजी ।

**Embroil**-ऍम्-ब्रो-ऍल्'-*v. t.* to entangle, to throw into confusion, to involve in trouble. उलझाना, व्यग्र करना, आपत्ति में डालना; **Embroilment** (-मॅन्ट) -*n.* confusion, disturbance, contention. व्याकुलता, सम्भ्रम ।

**Embryo**-ऍम्'-ब्रे-ओ- *n.* (*pl.* **Embroys**) the young of an animal yet imperfect in the womb, a thing in its rudimentary stage. गर्भ, भ्रूण, अपरिपक्व

अवस्था ; *adj.* भ्रूण सम्बन्धी ; In embryo (in the first stage of development.) अपरिपक्व अवस्था में ।

**Embryoctony** - ऍम्-ब्रे' - ऑक्'-टॉ-नी- *n.* destruction of the fœtus in the womb. गर्भ में भ्रूण की हत्या ।

**Embryology** - ऍम्-ब्रे-ऑल्' - ऑज्-ई- *n.* science of the embryo. भ्रूण विज्ञान ।

**Embus** - ऍम्-बस्' - *v. t.* to put into a bus, lorry or motor vehicle. मोटरगाड़ी में रखना या बैठाना ।

**Emend** - ऍ - मॅन्ड्'- *v. t.* to remove errors from, to correct or improve. शुद्ध करना. सुधारना ; **Emendable** (-ऑ-बूल्) -*adj.* capable of being emended. सुधारने योग्य ; **Emendation** (-ए -शान्) -*n.* correction. संशोधन ; **Emendator** ( -डॅट्'-ऑर्) -*n.* a corrector of errors. संशोधन करने वाला ; **Emendatory** (-ऑर्-ई) -*adj.* contributing to emendation. संशोधन संबंधी ।

**Emerald** - ऍम्'-ऍर्-ऑल्ड्- *n.* a precious stone of beautiful green colour. मरकतमणि, पन्ना ; **Emeraldine** ( -आइन् ) *adj.* pertaining to emerald. पन्ने का, पन्ने के सदृश ।

**Emerge**-ऍ-मर्ज्'-*v. i.* to issue or proceed from, to come into view. निकलना, उभड़ आना, दृष्टिगोचर होना; **Emergence** ( -ऍन्स् ), **Emergency** (-ऍन्-सी) -*ns.* an unexpected event, a pressing necessity. आकस्मिक घटना, संकट ; **Emergency-door** ( a door for use only in emergencies. ) केवल अत्यावश्यकता के समय पर खुलने और बंद होने वाला दरवाजा ।

**Emergent** - ऍ-मर्ज्'-ऍन्ट्- *adj.* urgent. आवश्यक ; **Emergently** (-ऍन्ट्'-ली) -*adv.* urgently. आवश्यकता से ।

**Emersion** - ऍ-मर्'-शान् - *n.* emerging, reappearance. आविर्भाव, उदय, उत्थान ।

**Emery**-ऍम्'-अर्-ई-*n.* a hard metal which is used as a powder for polishing. कुरुन पत्थर ; **Emery-cloth** ( a piece of cloth which is covered with emery powder.) पालिश करने का कपड़ा; **Emery-wheel** ( a wheel which is faced with emery. ) सान लगाने की पहिया ।

**Emetic**-ऍ-मॅट्'-इक्- *n.* a medicine that causes vomiting. वमन या वान्ति कराने वाली औषधि ।

**Emication**-ऍम्-इक्'-ए-शान्- *n.* a sparking. स्फुलिङ्ग, चिनगारी ।

**Emigrant**-ऍम्'-इ-ग्रॅन्ट्- *adj.* & *n.* one who is emigrating. अपना देश छोड़कर परदेश में बसने वाला ।

**Emigrate**-ऍम् -इग्-रेट्'- *v. t.* to leave one country to settle in another. अपना देश छोड़कर दूसरे देश में जाकर बसना; **Emigration** ( -रे -शान् ) -*n.* act of emigrating. स्वदेश त्याग, परदेश गमन ; **Emigratory** ( रेट्'-ऑर्-ई ) -*adj.* emigrating. देशत्यागी, परदेश वासी ।

**Eminence**-ऍम्'-इन्-ऍन्स्, ( -cy-सी ) -*ns.* height, superiority, fame, renown. ऊँचाई, विशिष्टता, श्रेष्ठता, प्रतिष्ठा ।

**Eminent**-ऍम्'-इन्-ऍन्ट् - *adj.* exalted in rank, distinguished. पद में विशिष्ट, श्रेष्ठ ( प्रधान ) ; **Eminently** (-ली) -*adv.* in a high degree. गौरव से ।

**Emissary**-ऍम्'-इस्-सॅ-री- *n.* (*pl.* Emissaries.) a secret messenger. गूढ़चर, भेद लेने वाला दूत, भेदिया ।

**Emission**-ऍ-मिश्'-ऑन्- *n.* the act of, issuing or emitting. उद्गार, प्रवाह ।

**Emit**-ऍ- मिट्' - *v. t.* ( *p. t.* Emitted. ) to give out, to send forth, to throw out. फेंकना, छोड़ना, निकालना ।

**Emolliate**-ऍ-मॉल्'-लॅ-ऍट्-*v. t.* to soften. चिकना करना, मुलायम करना ; **Emollition** ( -लिश्-ऑन् ) -*n.* the act of softening. मुलायम करने का कार्य ।

**Emollient** - ऍ-मॉल्'-ऑन्ट् - *adj.* & *n.* softening, a medicine that softens animal texture. चमड़े को मुलायम करने-वाली, इस प्रकार की औषधि ।

**Emolument**-ऍ-मॉल्'-यु-मॅन्ट्- *n.* advantage, gain, profit. लाभ, प्राप्ति; **Emolumental** ( -ऑल् ) -*adj.* profitable, advantageous. लाभदायक, सुविधे का ।

**Emotion**-ऍ-मो'-शान्- *n.* excited mental stage, feeling. चित्ताक्षोभ, आवेग, भावना ; **Emotional** (-ऑल् )-*adj.* exciting emotion. भावमय; **Emotionless** (-लॅस्)-*adj.* without emotion. आवेग रहित ।

**Emotive**-ऍ-मोट्'-इव्- *adj.* tending to excite emotion. चित्त विक्षोभ करने वाला ।

**Empale**-ऍम्'-पेल्-'- *v. t.* to shut, to

enclose, to impale. ढाँपना, बन्द करना

**Empanel**-ऐम्-पैन्'-ऐ[illegible]- *v. t.* to enrol as a jury, to impanel. जूरी बनाना।

**Empawn**-ऐम्'-पॉन्- *v. t.* to give in pledge. दाँव लगाना, बंधक रखना।

**Emperil**-ऐम्-पेर्'-रिल्- *v. t.* to put in danger. आपत्ति में डालना।

'**Emperor**-ऐम्प्'-अर्-आर्- *n.* (*fem.* **Empress**-रेस्) the sovereign of an empire. राजाधिराज, अधीश्वर, मण्डलेश्वर; **Purple emperor** (a kind of butterfly.) एक प्रकार की तितली।

**Emphasis**-ऐम्-फी-सिस्- *n.* a particular stress of voice laid on words for indicating special significance, importance. विशिष्ट उच्चारण, बोलने में शब्दों पर दबाव, (महत्व); **Emphasize** (-साइज़्) *v. t.* to bring into prominence. गुरु उच्चारण करना, दृढ़ करना।

**Emphatic**- ऐम्-फैट्'-इक्- *adj.* forcible, earnest, significant. जोर से उच्चारण किया हुआ, दृढ़, निश्चित; **Emphatical** (-ऑल्) *adj.* forcible, earnest. जोरदार, दृढ़; **Emphatically** (-ऑल्-ली) -*adv.* with emphasis. निश्चय सहित।

**Emphractic**-ऐम्-फ्रैक्'-टिक्- *adj.* closing or stopping the pores of the skin. रोमकूप को बन्द करने वाला।

**Empire**-ऐम्'-पायर्- *n.* the territory of an emperor, absolute control or sway. साम्राज्य, आधिपत्य, प्रभुत्व।

**Empiric, Empirical**- ऐम् - पिर्' - रिक्- (-ऑल्) -*adjs.* based on observation and experience. प्रयोगसिद्ध; **Empirically** (-ऑल्-लि) -*adv.* by experiment or experience. केवल प्रयोगज्ञान से; **Empiricism** (-सिज़्म्) -*n.* quackery. दुश्चिकित्सा; **Empiricist** (-रिस्-सिस्ट्) -*n.* an empiric, a charlatan. केवल अनुभव पर निर्भर रहने वाला।

**Emplane**-ऐम्-प्लेन्'- *v. i.* to go on board (to ride) an aeroplane. हवाई जहाज पर सवार होना।

**Employ**-ऐम्-प्लॉय्'- *v. t.* to keep in one's service, to keep occupied. नौकर रखना, नियुक्त करना; **Employable** (-ऑ-बल्) -*adj.* fit for use. नियुक्त करने योग्य; **Employee** (-ई) -*n.* one employed for a work. सेवक, भृत्य; **Employer** (-अर्) *n.* one who employs labour. नियुक्त करने वाला; **Employment** (-मेन्ट्) -*n.* occupation. व्यापार, व्यवसाय।

**Empoison**-ऐम्-पॉय्'-ज़ॉन्- *v. t.* to put poison into, to corrupt, to embitter. विष प्रयोग करना, दूषित करना, तीता करना; **Empoisonment** (-मेन्ट्) -*n.* the act of poisoning. विषप्रयोग।

**Emporium**- ऐम् -पोर्'-इ - अम्- *n.* (*pl.* **Emporia** - इ-आ) a mart, a centre of commerce. वाणिज्य स्थान, मण्डी।

**Empoverish**- ऐम् - पॉव्'-अर् - इश्- *v. t.* same as **Impoverish**. दरिद्र करना।

**Empower**- ऐम् - पाउ' - अर्- *v. t.* to authorize, to have power over, to license. अधिकार देना, नियुक्त करना।

**Empress**-ऐम्'-प्रेस्- *n.* the wife of an emperor. साम्राज्ञी, महारानी।

**Emprise**-ऐम्'-प्राइज़्- *n.* an undertaking involving danger. साहसिक कार्य।

**Emptier**-ऐम्प्'-टी-अर् - *n.* one who or that which empties. खाली करने वाला।

**Emptiness**-ऐम्प्'-टी-नेस्- *n.* the state of being empty. शून्यता, छूछापन।

**Empty**-ऐम्ट्'-टी- *adj.* containing nothing, not filled, devoid of inmates, meaningless. शून्य, जनहीन, निरर्थक; *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Emptied**) to remove contents, to discharge. रिक्त करना, खाली करना, (गिराना, उड़ेलना); **Empty-headed** (a simpleton, a fool.) अल्पबुद्धि, मूढ़मति, मूर्ख; **Empty-hearted** -*adj.* devoid of feelings. शून्यहृदय।

**Empurple** - ऐम्-पर्'-पल् - *v. t.* to redden, to make purple. लाल करना।

**Empuse**-ऐम्-प्यूज़्' - *n.* a phantom or spectre. भूत, प्रेत, पिशाच।

**Empyreal**-ऐम्-पिर्'-रे-ऑल्- *adj.* formed of pure fire or light. आग्नेय, तेजोमय; **Empyrean** (-ऑन्) -*adj.* & *n.* pertaining to the highest heaven, the highest heaven. तेजोलोक सम्बन्धी, स्वर्ग।

**Emu, Emeu**-ई'-म्यू-*n.* a large Australian bird (like ostrich.) आस्ट्रेलिया देश की एक बड़ी चिड़िया।

**Emulate** - ऐम्'-यु-लेट् - *v. t.* to try to be equal, to rival. स्पर्धा करना, हिसका

करना ; Emulation (-ले' - शॉन्) -n. rivalry. प्रतिस्पर्धा ; Emulatress (-ट्रैस्) n. fem. a female who emulates. स्पर्धा करनेवाली स्त्री; Emulative (-इव्) -adj. inclined to emulate or rival. प्रतिस्पर्धी।

**Emulgent**-ऐं-मल्'-जेन्ट् - adj. draining out or milking. बहानेवाला, निकालने वाला।

**Emulous** - ऐम्'-यू-लस् - adj. eager to excel another. स्पर्धा करने वाला ; Emulously (-ली) -adv. with desire of equalling another. स्पर्धा की इच्छा से ; Emulousness (-नैस्) -n. the quality, of being emulous. प्रतिस्पर्धा ।

**Emulsify** - ऐं-मल्'-सि-फ़ाइ - v. t. see Emulsion.

**Emulsion** - ऐं-मल्'-शॉन् - n. a milky liquid with oily particles suspended in it. तैल युक्त सफ़ेद तरल पदार्थ ; Emulsify (-सि-फ़ाई) -v. t. to convert into an emulsion. तैल युक्त श्वेत मिश्रण बनाना ।

**Emulsive**-इ-मल्स्'-इव् -adj. milk-like. दूध के समान ।

**En**-ऐन्- n. the letter N, a unit of width in printing, smaller than Em. अंग्रेजी वर्णमाला का चौदहवाँ अक्षर, छापने में एक नाप जो ऐम् से छोटा होती है ।

**Enable**-ऐन्-ए'-बुल् - v. t. to authorize, to empower, to make able. अधिकार-युक्त करना, शक्तियुक्त करना, सामर्थ्य करना; Enablement (-मैन्ट्) -n. the act of enabling. सामर्थ्य ।

**Enact**-ऐन्-ऐक्ट्'- v. t. to ordain, to establish by law. शासन करना, व्यवस्थापित करना, नियम बनाना ; Enactment ( - मैन्ट्, ) Enacting ( -इङ्ग् ) -ns. the passing of a bill into law.शासनव्यवस्था, शासनपत्र ; Enactor (-ऑर्) -n. one who enacts. नियम बनाने वाला ।

**Enamel** - ऐन्-ऐम्'-ऐल् - n. a smooth hard metallic coating. मीने का काम ; -v. t. (p. t. Enamelled) to inlay with enamel, to adorn in different colours. रंग बिरंगे चित्र बनाना, मीनाकारी करना ; Enamelled (-ड्) -adj. smooth. चिकना ; Enamelier (-अर्)-n. one who enamels. मीनाकार; Enamelling (-इङ्ग्) -n. the art of laying enamels. मीनाकारी ।

**Enamour**-ऐन्-ऐम्'-अर्- v. t. to charm, to inspire with love. अनुरक्त करना, मोह लेना ; Enamoured (-अर्ड्) -adj. inspired with love. अनुरक्त, आसक्त ।

**Enate**- ऐं - नेट्' - adj. protruding, growing out. बाहर को उभड़ा हुआ ।

**Encage**-ऐन्-केज्'- v. t. to confine or shut up in a cage. पिंजड़े में बन्द करना।

**Encamp** - ऐन्-कैम्प्' - v. t. to settle in a camp. डेरा डालना, पड़ाव डालना ; Encampment (-मैन्ट्) -n. a place where an army or company is encamped. डेरा, पड़ाव ।

**Encapsulate**-ऐन्-काप्-'स्यु-लेट् - v. t. to put one within the other, to enclose. एक के भीतर दूसरा रखना ।

**Encase**-ऐन्-केस्' - v. t. to put into a case. डब्बे में रखना ; Encasement (-मैन्ट्)-n. a covering. ढक्कन ।

**Encash**-ऐन्-कैश्'- v. t. to convert (bills, cheques &c.) into cash, to pay in cash. हुन्डी, सरखत इत्यादि का नगद रुपया देना; Encashment (-मैन्ट्) -n. payment in cash of a note &c. नोट इत्यादि का नकद रुपया देना ।

**Encave**-ऐन्-केव्' - v. t. to hide in a cave or recess. गुफा में छिपाना ।

**Enchain**-ऐन्-चेन्'- v. t. to chain up, to hold fast. जंजीर से बाँधना, कस कर बाँधना ; Enchainment (-मैन्ट्) -n. the act of enchaining. जंजीर से बाँधने की क्रिया ।

**Enchant**-ऐन्-चान्ट्'- v. t. to bewitch, to charm. जादू डालना, मन्त्र द्वारा वशीभूत करना ; Enchanter (-अर्) -n. a sorcerer, a magician. मोहक, ऐन्द्रजालिक; Enchanting (इङ्ग्) -adj. charming, delightful, मनोहर, आनन्दकर ; Enchantingly (-इङ्ग्-ली) -adv. in a manner to enchant. जादू डालते हुए ; Enchantment (-मैन्ट्) -n. the act of enchanting. माया, जादू, इन्द्रजाल ; Enchantress (-ट्रैस्) -n. fem. a female enchanter, a sorceress. जादूगरनी ।

**Enchase**-ऐन्-चेस्'- v. t. to enclose one body in another. किसी एक पदार्थ को दूसरे में बैठाना, नगीना जड़ना ।

**Enchisel** - ऐन्-चिज़्'-ऐल् - v. t. to cut

with a chisel. छेनी से काटना।

**Encircle**–ऍन्-सर्'-कल्–*v. t.* to enclose, to surround, to encompass. घेरना, लपेटना; **Encirclement** (-मॅन्ट्) -*n.* act of surrounding. घिराव।

**Enclasp**–ऍन्-क्लास्प्'– *v. t.* to clasp, to embrace. आलिंगन करना, गले लगाना।

**Enclose**–ऍन्-क्लोज़्'– *v. t.* to fence in, to shut up. बन्द करना, परिवेष्टित करना; **Enclosed** (-ड्) -*adj.* shut up. आवेष्टित, घिरा हुआ; **Enclosure** (-ज़र्) -*n.* that which is enclosed. आवरण।

**Encloud**–ऍन्-क्लाउड्'– *v. t.* to envelop in clouds. बादलों से घेरना या ढाँकना; **Enclouded** (-ऍड्) -*adj.* covered with clouds. बादलों से घिरा हुआ।

**Encomiast** – ऍन्-को'-मि-ऑस्ट् – *n.* one who praises another. प्रशंसा करनेवाला, स्तुतिपाठक; **Encomiastic** (-इक्) *adj.* laudatory. प्रशसक।

**Encomium** – ऍन्-को' - मि-अम्– *n.* (*pl.* **Encomiums**) a formal praise, panegyric or eulogy. प्रशंसा, स्तुतिवाक्य।

**Encompass**–ऍन्-कम्' - पस्– *v. t.* to enclose, to encircle, to surround. घेरना, लपेटना; **Encompassment** ( -मॅन्ट् ) -*n.* act of surrounding. घिराव।

**Encope** – ऍन्'-को-पि – *n.* an incision or wound made by a cutting instrument. चीर कर किया हुआ घाव।

**Encore** – आङ्' - कोर्– *n.* a demand for the repetition of a song in a theatre. नाटक में किसी गीत को दोहराने के लिये कहना; -*v. t.* to summon a performer for this. इस निमित्त नाटक के पात्र को बुलाना; -*interj.* again. फिर से।

**Encounter** – ऍन्-काउन्'-टर्– *n.* a meeting in conflict. लड़ाई करने के लिये जुट जाना; -*v. t.* to meet face to face. लड़ाई करना, मुठभेड़ करना; **Encounterer** (-अर्) -*n.* one who encounters, an opponent. संग्राम करने वाला।

**Encourage** – ऍन्-कर्'-रेज्– *v. t.* to embolden, to promote, to assist, to stimulate, to inspire with spirit. बढ़ावा देना, प्रेरित करना, सहायता देना, उत्तेजित करना; **Encouraging** ( -इङ्ग् ) -*adj.* giving courage. आश्वासक; **Encouragement** (-मॅन्ट्) -*n.* incentive. प्रोत्साहन; **Encourager** ( -अर् ) -*n.* one who encourages. उत्साह देने वाला।

**Encradle** – ऍन्-क्रे'-ड्ल्– *v. t.* to lay in a cradle. पालने में बच्चे को सुलाना।

**Encroach** – ऍन्-क्रोच्'–*v. t.* to intrude on another's rights, to trespass. अतिक्रमण करना, बिना आज्ञा के प्रवेश करना; **Encroacher** ( -अर् )- *n.* one who encroaches. अतिक्रमण करने वाला; **Encroachment** (-मॅन्ट्)-*n.* the act of invading gradually on the rights of another. दूसरे की संपत्ति पर क्रमशः अधिकार करना।

**Encrust**–ऍन्-क्रस्ट्'–*v. t.* to cover with a crust. कड़े छिलके से ढाँकना; **Encrustment** (-मॅन्ट्) -*n.* the act of encrusting, incrustation. ढप्पन।

**Encumber**–ऍन्-कम्'-बर्–*v.t.* to impede, to hamper, to burden. प्रतिबन्ध करना, रोकना, बोझना ( लादना ); **Encumberment** (-मॅन्ट्) -*n.* the act of encumbering. भार, बोझ।

**Encumbrance** – ऍन्-कम्'-ब्रॅन्स्– *n.* a burden, an impediment. भार, प्रतिबन्ध ( अवरोध ); **Encumbrancer** (-अर् ) -*n.* one who has an encumbrance on another's estate. दूसरे की सम्पत्ति में में सत्ता ( हक़ ) रखने वाला।

**Encyclic, Encyclical** – ऍन्-साइक्'-लिक् (-अल्)-*adj.* & *n.* a circular which is sent round to different men or places. बहु साधारण पत्र।

**Encyclopaedia**–ऍन्-साइक्'-लो-पीड्'-इ-ऑ– *n.* a book in alphabetical order giving information on every department of knowledge. विद्याचक्रकोश, विश्वकोश; **Encyclopaedic** ( -इक् ) -*adj.* pertaining to such a book. विश्वकोश संबंधी; **Encyclopaedist** ( -इस्ट् ) -*n.* the compiler of an encyclopaedia. विश्वकोश रचयिता।

**End** – ऍन्ड्– *n.* limit, extremity, the utmost point, remnant, conclusion, death, purpose, thing aimed at. अवधि, सीमा, शेष, परिणाम, मृत्यु, निमित्त; -*v. t.* & *i.* to terminate, to cease, to finish, to result, to put to death. समाप्त होना, परिणाम होना, अन्त करना, हत्या करना; **At a loose end** (useless.)

बेकार ; At one's wit's end ( perplexed, disturbed. ) व्याकुल, घबड़ाया हुआ ; End-all ( final, close. ) अन्तिम, आख़ीर का ; End of the world ( annihilation of the world. ) प्रलय ; No end ( great. ) बहुत ; Of good end ( useful. ) सुखद ; Placed to end (placed sideways.) बेड़े बल रक्खा हुआ ; To come to an end ( to complete. ) पूर्ण होना ; To end in good ( to be blessed. ) कल्याण होना ; To make both ends meet ( to make income and expense equal. ) आमदनी और खर्च बराबर करना ; To place on end ( to place in an upright position. ) खड़े बल रखना ; To put an end to ( to put a stop to. ) रोकना ; To no end ( of no avail. ) निरर्थक ।

**Endanger** - ऍन्-डेन्'-जर्-*v. t.* to cause danger to, to expose to danger, loss or injury. आपत्ति में डालना, संकट में पाना; Endangerment (-मॅन्ट्)-*n.* danger, hazard. भय, संकट ।

**Endear**-ऍन्-डिअर्'-*v. t.* to render dear. प्रियपात्र बनाना ; Endearing ( -इङ्ग् ) *adj.* winning the affections. प्रीतिकर ; Endearment (-मॅन्ट् ) -*n.* tender affection. प्रीति, प्रेम ।

**Endeavour**-ऍन्-डॅव्'-अर्- *n.* effort, exertion, attempt. परिश्रम, प्रयत्न, प्रयास ; *v. i.* & *t.* to try or to make an attempt, to strive, to try to achieve. प्रयत्न करना, प्रयास करना ; Endeavourer (-अर् ) -*n.* one who makes an effort. प्रयत्न करने वाला ।

**Endecagon**-ऍन्-डॅक्'-ऑ-गॉन्- *n.* a plane figure which has eleven sides. ग्यारह भुजा की आकृति का क्षेत्र ।

**Endemic**-ऍन-डॅम्'-इक्-*adj.* always present, prevalent among local people. प्रस्तुत, स्थानीय, ( मनुष्यों में प्रचलित ); Endemically ( -ऑल-लि ) -*adv.* in an endemic manner. प्रचलित रूप से ।

**Endermic**-ऍन्-डर्म्'-इक् - *adj.* acting on the skin. त्वचा पर प्रभाव डालने वाला ।

**Enderon**-ऍन्'-डॅ-रॉन्- *n.* the inner layer or true skin. अन्तर्त्वचा ।

**Ending**-ऍन्ड्'-इङ्ग्- *n.* result, conclusion, termination. अन्त, प्रत्यय ।

**Endless** - ऍन्ड्'-लॅस् - *adj.* everlasting. अनन्त, निरन्तर ; Endless screw (ऍन्ड्'-लॅस्- स्क्रू ) -*n.* a screw combined with a wheel and axle, so that threads of the screw work into the teeth of the wheel. निरन्तर चक्कर देने वाली पेंच ; Endlessly (-लॅस्-*adv.* in a ceaseless manner. निरन्तर, अत्यन्त; Endlessness ( -लॅस्-नॅस् ) -*n.* the quality of being ceaseless or endless. अनन्तता ।



Endless screw.

**Endmost**-ऍन्ड्'-मोस्ट्-*adj.* farthest, at the extreme end. सबसे दूर का ।

**Endorse**-ऍन्-डॉर्स्'-*v. t.* to write on the back of a document, to confirm. लेख के पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना, दृढ़ करना ; Endorsee ( - ई ) -*n.* the person to whom a bill is endorsed. जिसको हुण्डी लिखी जावे; Endorsement (-मॅन्ट् ) *n.* writing on the back of a bill &c. इस प्रकार का लेख ।

**Endow**-ऍन्-डाउ'-*v. t.* to settle a dower on, to furnish with a gift. दहेज देना, भेंट देना; Endowed ( -ड् ) -*adj.* furnished, provided. सम्पन्न, युक्त; Endowment (-मॅन्ट्) -*n.* the act of endowing. धन समर्पण ।

**Endue** (Indue) - ऍन्-ड्यू'- *v. t.* to put on clothes, to give. वस्त्र पहिराना, देना ।

**Endurable**-ऍन् - ड्यूर्' - ऑ-बल्-*adj.* that can be endured. सहन करने योग्य ।

**Endurance**- ऍन्-ड्यूर्'-ऑन्स्-*n.* forbearance, submission, fortitude. सहनशीलता, क्षमा, धैर्य, उत्साह ।

**Endure**-ऍन्-ड्यूर्'-*v. t.* & *i.* to submit, to bear, to last. भोगना, सहन करना, टिकना; Endurer (-अर्) -*n.* one who endures. सहन करने वाला; Enduring ( -इङ्ग् ) -*adj.* lasting, permanent. चिरस्थायी ; Enduringness ( -इङ्ग्-नॅस् ) *n.* the quality of enduring, durabilty. सहनशीलता ।

**Endways**-ऍन्ड्'-वेज़्-*adv.* in an upright position. खड़े बल ।

**Enema**-ऍन्'-ऍम्-ऑ-*n.* an injection of a liquid into the rectum. वस्ती, गुदा द्वारा तरल औषधि पेट में चढ़ाना।

**Enemy**-ऍन्'-ऍम्-ई-*n.* (*pl.* Enemies) an opponent, a hostile person, a foe. *adj.* pertaining to an enemy, hostile. शत्रु, प्रतिपक्षी, वैरी, शत्रु संबंधी; How goes the enemy? (what is the time?) क्या समय है?

**Energetic**-ऍन्-अर्-जेट्'-इक्-*adj.* active, vigorous, powerful. उद्योगी, व्यवसायी, प्रबल; **Energetically** (-ऑल्-लि) -*adv.* with energy. उत्साह सहित।

**Energize**-ऍन्'-अर्-जाइज़्'-*v. t.* & *i.* to act with force or vigour, to give energy to. बलपूर्वक कार्य करना, शक्ति भरना।

**Energumen**-ऍन्-अर्-ग्यू'-मॅन्-*n.* one who is possessed by an evil spirit, a fanatic. प्रेतबाधित मनुष्य, पागल।

**Energy**-ऍन्' अर्-जी-*n.* force, vigour, ability, bodily power, efficacy. शक्ति, तेज, योग्यता, प्रभाव, शारीरिक बल, गुण।

**Enervate**-ऍन्'-अर्-वेट्-*v. t.* to deprive of force or strength, to weaken. दुर्बल करना, क्षीण करना; -*adj.* wanting in vigour, weakened. क्षीणबल, दुर्बल; **Enervation** (-वे'-शॉन्) -*n.* the act of enervating, weakening, effeminacy. क्षीणता, दुर्बलता।

**Enervative**-ऍ-नर्व्'-ऑट्-इव्-*adj.* enervating, weakening. क्षीण करने वाला।

**Enface**-ऍन्-फेस्'-*v. t.* to write or stamp a bill on the face. हुण्डी के अगले भाग पर टिकट लगाना या लिखना।

**Enfeeble**-ऍन्-फी'-बल्-*v. t.* to make feeble, to deprive of strength, to weaken. दुर्बल करना, शक्तिहीन करना; **Enfeeblement** (-मॅन्ट्) -*n.* the act of enfeebling, weakness. निर्बलकरण; **Enfeebler** (-ब्लर्) -*n.* one who or that which enfeebles. दुर्बल करने वाला।

**Enfetter**-ऍन् फेट्'-टर्-*v. t.* to bind in fetters. हथकड़ी या बेड़ी से बाँधना।

**Enfold**-ऍन्-फोल्ड्'-*v. t.* to wrap up, to fold, to embrace, to clasp. लपेटना, तह करना, आलिंगन करना।

**Enforce**-ऍन्-फोर्स्'-*v. t.* to give force to, to impose, to compel. दृढ़ करना, सबल करना, प्रेरित करना; **Enforced** *n.* (-ऑ-ब्ल्) -*adj.* that may be enforcead दृढ़ करने योग्य; **Enforcement** (-मॅन्ट्) *n.* the act of enforcing, compulsion, sanction. दृढ़ीकरण, प्रेरणा; **Enforce**, (-अर्) -*n.* one who enforces or compels. प्रेरित करने वाला।

**Enframe**-ऍन्-फ्रेम्'-*v. t.* to set or put (a picture) in a frame. चौखटे में (तस्वीर) बैठाना या मढ़ना।

**Enfranchise**-ऍन्-फ्रॅन्' शाइज़्-*v. t.* to set free, to give political privileges, to release from custody, to give a vote to. छुटकारा देना, नागरिक अधिकार देना, बंधन से निर्मुक्त करना, वोट देना; **Enfranchisement** (-मॅन्ट्) -*n.* the act of enfranchising, releasing from slavery. दास विमोचन, नागरिक अधिकार देने का कार्य।

**Engage**-ऍन्-गेज्'-*v. t.* & *i.* to hire, to encounter, to occupy, to bind by promise, to embark in any business, to pledge one's words. केराये पर लेना, भिड़ना, वचनबद्ध होना, किसी काम में लगाना, वचन देना; **Engaged** (-ड्) -*adj.* betrothed. सगाई किया हुआ; **Engagement** (-मॅन्ट्) -*n.* betrothment, occupation, battle. सगाई, व्यवसाय, संग्राम, **Engaging** (-इङ्ग्) -*adj.* attractive, winning. मनोहर, हृदयग्राही।

**Engarland**-ऍन्-गार्'-लॅन्ड्-*v. t.* to put a garland upon. माला पहिराना।

**Engarrison**-ऍन्-गॅर्'-रिस्-ऑन्-*v. t.* to protect or defend by a garrison. सेना से रक्षा करना या बचाना।

**Eve**–ईव्–*n.* evening. सायंकाल, सन्ध्या ।

**Evection**–इ-वैक्'-शॉन्–*n.* elevation. उभाड़

**Even**–ई'-वॅन्–*n.* (*poet.*) evening. ( कविता में) सन्ध्या; -*adj.* level, smooth, uniform. चौरस, चिकना, सम (बराबर); -*adv.* likewise, just. भी, अभी, वही; -*v. t.* to make even, to treat as equal. समतल करना, बराबर करना ; **Evenfall** ( -फ़ॉल् ) *n.* approach of evening. सन्ध्या का आगमन ; **Even-handed** ( without prejudice. ) समदर्शी, अपक्षपाती ; **Even-minded** ( with equal mind. ) समचित्त, सम भाव का ; **Even though** ( **Even if** ) although. यद्यपि ।

**Evening**–ई'-वॅन्-इङ्ग्- *n.* the close of the day. सन्ध्या, सन्ध्या समय, साँझ; -*adj.* being at the close of the day. सन्ध्याकालीन; **Evening star.** शुक्र तारा ।

**Evenly**–ई'-वॅन्-ली–*adv.* in an even manner, uniformly. बराबरी से ; **Evenness** ( -नैस् ) -*n.* the state of being even, uniformity. समानता तुल्यता ।

**Event**–ऍ-वैन्ट्'–*n.* that which happens, incident. वृत्तान्त, घटना; **At all events** ( in every case. ) सब अवस्था में ; **In the event of** ( in case of. ) यदि ;

**Eventful** (-फ़ुल् ) -*adj.* full of incidents, momentous. घटनापूर्ण, विख्यात; **Eventless** (-लैस् ) -*adj.* without incidents. असंगत ; **Eventual** ( -यू-ऑल् ) *adj.* final. अन्तिम; **Eventuality** (-इट्-ई) *n.* possible event. सम्भाविक घटना ; **Eventually** (-ऑल्-लि)-*adv.* in the final issue. अन्ततः, अन्त में; **Eventuate** (-ऍट्) *v. i.* to result. घटना होना,परिणाम होना ।

**Eventide** – ई'-वॅन्-टाइड् – *n.* evening सन्ध्या काल ।

**Eventilate**– इ-वॅन्ट्'-इल्-ऍट्– *v. t.* to winnow, to fan. ओसाना, पंखा करना ।

**Ever**–ऍव्'-अर्–*adv.* always, at all times, in any degree. सर्वदा, नित्य; **Ever and anon** ( now and then. ) कभी कभी;

Ever blooming ( always blooming. ) नित्य पुष्पित ; Ever changing ( always changing, ) डवाँडोल; Evergreen ( always fresh. ) सदा हरा ; Everlasting (lasting for ever, eternal, endless, perpetual. ) अमर, नित्य, अनन्त ; Evermore ( always. ) सर्वदा; Eversince ( from that time. ) तब से ; Everso ( to any extent. ) थोड़ा सा ; For ever and a day ( incessantly. ) निरन्तर ।

**Eversion**–ऍ-वॅर्'शॉन्–*n.* turning inside out. बाहर को उलटने का कार्य ।

**Evert**–ऍ-वर्ट्'– *v. t.* to turn outwards or inside out. बाहर को उलटना ।

**Every**–ऍव्'-अर्-ई- *adj.* each, all. प्रत्येक, सब ; Everybody ( every person. ) प्रत्येक मनुष्य; Everyday ( common. ) सामान्य; Everyone ( everybody. ) प्रत्येक व्यक्ति; Everything ( the whole lot. ) प्रत्येक पदार्थ ; Everywhere ( in every place. ) सर्वत्र ।

**Evict**–ऍ-विक्ट्'–*v. t.* to expel by legal process, to dispossess. कानून से हटाना, बेदखल करना ; Eviction ( -विक्'-शॉन् ) *n.* dispossession. बहिष्कार ; Evictor ( -आर् )- *n.* one who evicts. हटाने या बेदखल करने वाला ।

**Evidence** – ऍव्'-इड्-ऍन्स्- *n.* testimony, that which makes evident, information for establishing a fact, a witness. प्रमाण, साक्षी, गवाही, गवाह ।

**Evident**-ऍव्'-इड्-ऍन्ट्- *adj.* obvious, clear. स्पष्ट ( प्रत्यक्ष ), प्रगट; Evidential (-ऍन्श्'-ऑल् )-*adj.* tending to prove, clearly proving. प्रमाण कारक ; Evidentially (-लि)-*adv.* by way of evidence. प्रमाण की तरह ; Evidently (-ली) -*adv.* obviously, clearly. प्रत्यक्ष रूप से ।

**Evil**–ई'-विल्- *adj.* ( *comp.* Worse, *sup.* Worst ) bad, harmful, wicked. अधर्मी, (पापी), निंदित, दुष्ट ; *n.* sin, harm. पाप, दुष्टता ( दुःख ) ; Evil-doer ( one who does evil. ) कुकर्मी, पातकी ; Evil-eye ( power of injuring by the look. ) कुदृष्टि, पापदृष्टि ; Evil-minded -*adj.* of wicked nature, malicious. दुष्ट प्रकृति वाला ; Evilness -*n.* viciousness. दुष्टता, शठता, नीचता ।

**Evince**– ऍ-विन्स्'-*v. t.* to prove, to indicate clearly. निर्दिष्ट करना, प्रकाशित करना, सूचित करना ; Evincive, ( -इव् ) Evincible (-इ-बल् )-*adjs.* tending to demonstrate. दर्शक, सूचक ।

**Evirate**–ऍव्-इर्-ऍट्'- *v.t.* to castrate, to emasculate. बधिया करना ।

**Eviscerate**–ऍ-विस्'-सर्-ऍट्- *v. t.* to disembowel, to gut. आँतो को निकालना ।

**Evocation**– ऍव्-ओ-कें'-शॉन्- *n.* a calling forth. बुलाहट, पुकार ।

**Evoke**–ऍ-वोक्'–*v. t.* to call up, to summon. पुकारना, बुलाना ।

**Evolution**–ऍव्-ओ-ल्यू'-शॉन्-*n.* the act or process of opening out, appearance in succession, development. विवरण, विस्तार, क्रमिक उन्नति ; Theory of evolution ( viz. that species are not created severally but that they originate by a series of development.) परिणामवाद; Evolutionary (-ऑर्-री); Evolutional ( -ऑल् ) -*adjs.* pertaining to evolution. परिणामवाद संम्बन्धी; Evolutionism (-इज़्म् )-*n.* theory of evolution. यह सिद्धान्त ।

**Evolve**–ऍ- वॉल्व्' – *v. t.* to unfold, to open out and expand, to develop. खोलना, फैलाना, प्रगट करना; विस्तृत करना ; Evolvement (-मॅन्ट् )- *n.* act of evolving, development. विस्तार, फैलाव ।

**Evulsion**–ऍ-वल्'- शॉन्–*n.* extraction by force. आकर्षण, बल पूर्वक खींचना ।

**Ewe**–यू–*n.* ( *mas.* Ram-रॅम् ) female of a sheep, मेषी, भेड़ी ।

**Ewer** – यू'-अर् – *n.* a pitcher, a water jug. जलपात्र ( सुराही, कमण्डलु ), लोटा ।

**Ex**–ऍक्स्–*pref.* in sense of "out, thoroughly, free from, formerly." उपसर्ग जो "बाहर, पूर्ण रूप से, पृथक्, पूर्व" इत्यादि अर्थ में प्रयोग किया जाता है ।

**Exact**–ऍग्स्-ऑक्ट्' – *adj.* precise, accurate, strictly correct. ठीक ठीक, यथार्थ, परम, शुद्ध ; -*v. t.* to demand and enforce payment of. बल पूर्वक माँगना (छीन लेना ) ; Exactable ( -ऑ-बल् )-*adj.* able to be exacted. छीनने योग्य ; Exactitude (-इ-ट्यूड् ), Exactness ( -नॅस्) *ns.* the quality of being exact. यथार्थता; Exacting (-इङ्ग्) -*adj.* unreasonable in making demands. अनुचित माँग

करने वाला ; Exaction (-ऑक्'-शॉन्)-*n.* extortion. न्याय विरुद्ध माँग ; Exactly (-ली)-*adv.* accurately, quite so, just so. यथावत, ठीक ठीक, बहुत ठीक ।

**Exaggerate**-ऍग्स्'-ऑज्-अर्-ऍट्-*v. t.* to intensify, to aggravate, to overstate. विस्तृत रूप से वर्णन करना, बढ़ाकर कहना ; Exaggeration (-ऍ'-शॉन्)-*n.* amplification, extravagant statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति; Exaggerative (-इव्) *adj.* amplificative, having tendency to exaggerate. असत्य अथवा बढ़ाकर कहने वाला; Exaggerator (-टॉर्) -*n.* one who exaggerates. लम्बी चौड़ी बात कहने वाला ।

**Exalt**-ऍग्ज़्-ऑल्ट्' *v. t.* to raise to a high rank, to praise, to extol. उन्नति करना, प्रशंसा करना, बढ़ाना ; Exaltation (-ऍ'-शॉन्)-*n.* elevation. उन्नति, प्रशंसा; Exalted (-ऍड्)-*adj.* elevated, raised to a height. ऊँचा किया हुआ ।

**Examination**-ऍग्-ज़ीम्'-इन्-ऍ'-शॉन्-*n.* testing of knowledge, investigation. परीक्षा, अनुसन्धान, निरीक्षण ।

**Examine**-ऍग्-ज़ीम्'-इन्-*v. t.* & *i.* to investigate, to scrutinize, to inquire into. परीक्षा करना (अनुसन्धान करना), विचार करना, जाँचना; Examinee (-ई)-*n.* one who is examined. परीक्षा देने वाला; Examiner (-अर्) -*n.* one who examines. परीक्षक ।

**Example**-ऍग्-ज़ीम्' पल्-*n.* fact, instance, a pattern, warning. उदाहरण, दृष्टान्त, चेतावनी; -*v. t.* to exemplify. दृष्टान्त देना, सचेत करना; Examplar (-प्लॅर्) *n.* a pattern, आदर्श, नमूना; Examplary (-प्लॅर्-ई)-*adj.* serving as an example. आदर्शभूत, अनुकरणीय ।

**Exanimate** - ऍग्-ज़ीन्'-इम्-ऍट् - *adj.* dead, lifeless, spiritless. निर्जीव, निरुत्साह;-*v. t.* to kill. मार डालना Exanimation (ऍ'-शॉन्)-*n.* death. मृत्यु ।

**Exasperate**-ऍग्-ज़ीस्'-पर्-ऍट्-*v. t.* to irritate, to provoke. क्रुद्ध करना, उत्तेजित करना, भड़काना; -*adj.* provoked. उत्तेजित ; Exasperation (-ऍ'-शॉन्)-*n.* rage, provocation. क्रोधोद्दीपन, उत्तेजना ; Exasperating (-टिङ्ग्), Exasperative (-टिव्)-*adjs.* irritating. उत्तेजक ।

**Excarnate**-ऍक्स्-कार्'-नेट्-*v. t.* to deprive of flesh. मांस हटाना ; Excarnation (-ने'-शान्)-*n.* removing of flesh. मांस हटाने का कार्य ।

**Excavate**-ऍक्स्'-कॅव्-ऍट्-*v. t.* to dig out, to make hollow. खोदना, पोला करना, खनना; Excavation (-ऍ'-शॉन्) -*n.* the act of excavating, a cutting. खोदाई, कटाव; Excavator (-ऍ'टॉर्)-*n.* one who excavates. खोदने वाला ।

**Exceed**-ऍक्-सीड्'-*v. t.* & *i.* to go beyond limit, to surpass or excel. सीमा से बाहर जाना, अधिक होना, बढ़ना; Exceeder (-अर्) -*n.* one who exceeds. बढ़ाने वाला ; Exceeding (-इङ्ग्)-*adj.* too much. अधिक, बहुत; Exceedingly (-इङ्ग्-ली) -*adv.* in a great degree. अति, अत्यन्त ।

**Excel**-ऍक्-सैल्'-*v. t.* (*p. t.* Excelled) to surpass, to be superior. विशिष्ट करना, बढ़ना, श्रेष्ठ होना; Excellence (-लैन्स्)- *n.* superiority, greatness, dignity. विशिष्टता, श्रेष्ठता, महत्व ।

**Excellency**- ऍक्-सैल्'-ऍन्-सी-*n.* (*pl.* Excellencies.) a title of honour. महाराज, प्रभु ।

**Excellent**-ऍक्स्-सैल्'-लैन्ट्-*adj.* pre-eminent. श्रेष्ठ, उत्तम; Excellently (-ली) *adv.* exceedingly, in an excellent manner. विशिष्ट प्रकार (उत्तम रूप) से ।

**Excelsior**-ऍक्-सैल्'-सि-ऑर्-*adj.* still higher. और भी उत्तम या श्रेष्ठ पदका ।

**Except**-ऍक्-सैप्ट्'-*v. t.* & *i.* to exclude, to make objection against. अलग करना, एतराज़ करना ; -*prep.* not including, but. सिवाय, अतिरिक्त, बिना ।

**Exception**-ऍक्-सैप्'-शॉन्- *n.* not according to rule, exclusion. त्याग, अपवाद ; Exceptionable (-ऑ-बल्)-*adj.* objectionable. आक्षेप करने योग्य; Exceptional (-ऑल्)-*adj.* unusual, peculiar. अपवादभूत, अलौकिक ; Exceptionally (ऑल्-लि) *adv.* specially, in an exceptional way. अलौकिक रूप से ।

**Excess**-ऍक्-सैस्' - *n.* intemperance, superfluity. असंयम, अधिकता ; Excessive (-इव्) -*adj.* extravagant, vehement. अधिक, अत्यन्त ; Excessively (-इव्-ली) *adv.* in an extreme degree. विशेष करके ;

**Excessiveness** (-नेस्) -*n.* superfluity. अधिकता ।

**Exchange**-ऍक्स्-चेंअन्ज्'-*n.* barter, money changer's trade, standard value of coinage. अदला बदला, सराफ़ै का व्यापार, मुद्रा का निमय (मूल्य); -*v. t.* to barter, to give in place of, to interchange. बदलना, बदले में देना ; In exchange for (in lieu of.) बदले में ।

**Exchangeable**-ऍक्स्-चेन्ज्'-ॲ-बल्-*adj.* fit to be exchanged, that may be exchanged. बदलने योग्य : Exchangeability (बिल्'-इ-टी) -*n.* the quality of being exchangeable. बदलौवल ; Exchanger (-अर्) -*n.* one who makes an exchange. बदलने वाला ।

**Exchequer**-ऍक्स्-चेक्'-अर्-*n.* the department of public service empowered for issuing receipts and to deposit revenue. राजधनागार, वह विभाग जिसमें राजकर जमा होता है ; Chancellor of the Exchequer (the Finance Minister.) अर्थ सचिव ।

**Excide**-ऍक्स्-साइड्' - *v. t.* to separate by cutting off. काटकर पृथक् करना ।

**Excisable**-ऍक्-साइज़्' - ॲ - बल् - *adj.* see Excise.

**Excise**-ऍक्स्'-साइज़्- *n.* duty on commodities produced and consumed in a country, department of inland revenue. देश में बने तथा खर्च होने वाले पदार्थों पर का कर, ऐसा कर विभाग सम्बन्धी; *v. t.* to force a person to pay excise, to cut off and remove. कर देने के लिये बाध्य करना, पृथक् करना, अलगाना ; Excisable (-ॲ-बल्) -*adj.* subject to excise. कर लगने योग्य ; Exciseman (a collector of excise.) ऐसा कर इकट्ठा करने वाला अफ़सर ।

**Excision**-ऍक्-सिज़्'-ॲन्- *n.* a cutting out of part of the body. कटाव, नाश ।

**Excitable**- ऍक्-साइट्'-ॲ-बल्- *adj.* able to be excited or irritated. उत्तेजित ; Excitation (-ए'-शॉन्) -*n.* the act of exciting. उत्तेजना, उद्दीपन ।

**Excitant**-ऍक्-साइट्'-ॲन्ट् - *adj.* tending to stimulate. उत्तेजक; -*n.* that which produces increased action in the body. शरीर मे उत्तेजना उत्पन्न करने वाली औषधि ।

**Excite**-ऍक्-साइट्' - *v. t.* to set in motion, to provoke, to rouse, to stir up, to irritate. उत्तेजित करना, गतियुक्त करना, उभाड़ना; Excitedly (एड्-ली) -*adv.* with excitement. उत्तेजना से ; Excitement (-मॅन्ट्) -*n.* stimulation. प्रकोप, उत्तेजन ।

**Exciter**-ऍक्-साइट्'-अर्- *n.* a stimulant, one who or that which excites. उत्तेजित करने वाला ।

**Exciting** - ऍक्-साइट्'-इङ्- *adj.* thrilling. प्रोत्साहक, उत्तेजना उत्पन्न करने वाला; Excitingly (-ली); -*adv.* by way of excitement. उत्तेजना से ।

**Excitive**-ऍक्-साइट्'-इव्- *adj.* tending to excite. उत्तेजक ।

**Exclaim**-ऍक्स्-क्लेम्' - *v. t.* & *i.* to utter abruptly or vehemently, to cry out. चिल्लाना, पुकारना ।

**Exclamation**- ऍक्स् - क्लॅम्-ए'- शॉन्- *n.* outcry, clamour. घोषणा, चिल्लाहट ; Mark of exclamation (interjection mark (!) विस्मयादि बोधक चिह्न (!)

**Exclamative**- ऍक्स्-क्लॅम्'-ॲट्-इव्, Exclamatory (-ऑर्-ई) -*adjs.* expressing exclamation. विस्मय सूचक ।

**Exclude**-ऍक्स्-क्लूड्' - *v. t.* to hinder from entrance, to obstruct, to shut out, to debar. अवरोध करना, रोकना, अलग करना, अलगाना ।

**Exclusion**-ऍक्स्-क्लू'-ज़ॉन्- *n.* ejection, exception. निषेध ।

**Exclusive**-ऍक्स्-क्लू'-सिव्- *adj.* having power to exclude, not including. निषेधक, निवारक ; Exclusively (-ली) *adv.* with the exclusion of all others. केवल, अनन्य ; Exclusiveness (-नेस्) *n.* the quality or state of being exclusive. निषेधता, पृथकृत्व ।

**Excogitate**- ऍक्स्-कॉज्'-इट्-एट्- *v. t.* to think out, to contrive carefully. चिन्तन करना, विचारना ; Excogitation (-ए'-शॉन्) -*n.* contrivance, invention. चिन्तन, विचार, आविष्कार ।

**Excommunicate**-ऍक्स्-कॉम्'-म्यून्-इक्-एट्- *v. t.* to expel from the communion of a church. धर्म संस्था से बहिष्कार करना ; Excommunication (-ए'-शॉन्) -*n.* exclusion from the church. ऐसा बहिष्कार ;

**Excommunicative** ( -ओी- टिव् ) *-adj.* tending to excommunicate. बहिष्कार करने के सम्बन्ध का।

**Excoriate**- ऍक्स् - कॉर्'-इ - एट्- *v. t.* to remove the skin or bark from. निस्त्वचा करना, खाल निकालना ; **Excoriation** (-ए'-शॉन्) *-n.* the act of removing skin or bark. त्वचा विदारण।

**Excorticate**-ऍक्स्-कॉर्'-टिक्-एट्- *v. t.* to strip the bark or rind from. वृक्ष की छाल को छीलकर अलगाना।

**Excrement**- ऍक्स्'-क्रें-मॅन्ट्- *n.* useless matter discharged from animal body, dung. मलोत्सर्ग, विष्ठा; **Excremental** ( -ॲंल् ) *-adj.* pertaining to dung. विष्ठा सम्बन्धी।

**Excrescence**- ऍक्स् - क्रॅस्'-सॅन्स्- *n.* an abnormal or unnatural outgrowth, a tumour. गुल्म, मस्सा, ग्रन्थि; **Excrescent** (-सॅन्ट् ) *-adj.* superfluous. बढ़ा हुआ।

**Excreta**-ऍक्स्-क्रीट्'-ॲ - *n. pl.* the waste matter expelled from animal body. मल मूत्र आदि पदार्थ।

**Excrete**-ऍक्स्-क्रीट्' - *v. t.* to expel or discharge waste matter from the body. शरीर से मल निकालना; **Excretion** (-क्री'-शॉन् ) *-n.* the act of excreting, that which is excreted. मल, मल त्याग; **Excretive** (-टिव्), **Excretory** (-ऑर्-ई) *adjs.* able to excrete. मल त्यागने योग्य।

**Excruciate**- ऍक्स् - क्रू'-शि-एट्- *v. t.* to torment or torture, to give pain to. अत्यन्त व्यथा देना, सन्ताप देना ; **Excruciating** ( -इङ्ग् ) *-adj.* distressing, painful. अति तीव्र, दुःखकारक ; **Excruciation** (-ए'-शान्) *-n.* vexation, torture. व्यग्रता, यातना।

**Exculpate**-ऍक्स्-कल्'-पेट् - *v. t.* to remove from charge of crime, to free from blame. निर्दोषी करना, अपराध से निर्मुक्त करना; **Exculpated** ( -एड् ) *-adj.* cleared from blame. निर्दोष, दोषमुक्त **Exculpation** ( -पे'-शान् )- *n.* act of freeing from fault or crime. दोषमुक्ति; **Exculpatory** (-ऑर्-ई ) *-adj.* excusing. क्षमा करने वाला।

**Excursion**- ऍक्स्-कर्'-शॅन्- *n.* an expedition, a ramble, a trip for pleasure or health. साहसिक यात्रा, पर्यटन, स्वास्थ्य या मनोरञ्जन के लिये भ्रमण ; **Excursionist** (-इस्ट्) *-n.* one who goes on an excursion. साहसिक यात्रा करने वाला।

**Excursive**-ऍक्स्-कर्स्'-इव्- *adj.* deviating, ambling. भ्रमणशील।

**Excusable**-see **Excuse**.

**Excuse**-ऍक्स्-क्यूज़्'- *v. t.* to free from guilt, to forgive, to make an apology for, to pardon. दोषमुक्त करना, क्षमा करना, अपराध के लिये क्षमा माँगना ; *-n* apology, pretext. क्षमा प्रार्थना, बहाना · **Excusable** (-ॲ-बल् ) *-adj.* that may be excused. क्षमायोग ; **Excusably** (-ॲब्-ली) *adv.* with excuse. क्षमा प्रार्थना करते हुए ; **Excuseless** ( -लॅस् ) *-adj.* having no excuse. अक्षन्तव्य, निरुत्तर।

**Execrable**-ऍक्'-सें-क्री-बल् - *adj.* abominable, hateful. अधम ( नीच ), घृणित ; **Execrably** ( -ऍक्स्'- ऍक् - रॅब्-ली) *-adv.* hatefully, scornfully. घृणा से।

**Execrate**- ऍक्स्'-इ-क्रेट्- *v. t.* & *i.* to express abhorrence for, to curse. घृणा करना, शाप देना ; **Execrative** ( -इव् ) *adj.* hateful. घृणित ; **Execration** (-क्रे'-शान्) *-n.* a curse. शाप।

**Executable**- ऍक्स्-इ - क्यूट्'-ॲ-बल्- *adj.* that may be executed or seized in default of payment. कुर्क ( कुर्की ) करने योग्य।

**Executant**-ऍक्स्-इ-क्यूट्'-ॲन्ट्- *n.* a performer. कोई कार्य करने वाला।

**Execute**- ऍक्स्-इ-क्यूट्'- *v. t.* to carry into effect, to perform, to complete, to make valid by signing, to put to death. सम्पादन करना, पूरा करना, कार्य करना, हस्ताक्षर करके प्रमाणित करना, फाँसी देना; **Execution** ( -क्यू'-शॉन् ) *-n.* carrying out, seizure of a debtor's property in default of payment, capital punishment. विधान, कुर्की, फाँसी ; **Executioner** ( -अर् ) *-n.* a hangman. जल्लाद, फाँसी देने वाला।

**Executive**-ऍक्स्-ऍक्'- क्यूट्- इव्- *adj.* pertaining to the execution of law. प्रबन्धक, राजनियम का प्रवर्तक; *-n.* the administrative branch of government. शासन विभाग ; **Executively** ( -ली ) *-adv.* administratively. प्रबंध रूप से।

**Executor**-ऍक्स्'-इ-क्यूट्-ऑर्-*n.* mas. a man

appointed to carry out the provisions of one's will. मृतक का उत्तरसाधक; Executrix ( -रिक्स् ), Executress -रॅस् ) -*ns. fem.* a female executor. उत्तरसाधिका।

**Exegesis** - ऍक्स्-इ-जी'-सिस्- *n.* exposition or interpretation of the Scriptures. श्रुतिभाष्य ( टीका ); Exegetical (-जॅट्'-इ-कॅल् ) -*adj.* expository. ऐसा भाष्य करनेवाली टीका।

**Exemplar**- ऍग्-ज़ॅम्' - प्लॅर्- *n.* an ideal, a model, a pattern. आदर्श, नमूना: Exemplary (-प्लॅ-री ) -*adj.* typical, illustrative. आदर्श, दृष्टान्त योग्य।

**Exemplification**-ऍग्ज़्-ऍम्'-प्लिफ्-इक्-ए'-शॅन्-*n.* see Exemplify.

**Exemplify**-ऍग्-ज़ॅम्'-प्लि-फ़ाइ- *v. t.* (*p.t.* Exemplified.) to illustrate by example. उदाहरण देना; Exemplification ( -प्लिफ्'-इक्-ए'-शॅन् ) -*n.* the act of exemplifying, a copy. दृष्टान्त, उदाहरण नमूना।

**Exempt**-ऍग्-ज़ॅम्ट्'- *v. t.* to free from control. मुक्त करना, त्यागना; Exempted ( -ऍड् ) -*adj.* not included. मुक्त, वर्जित; Exemption ( -ज़ॅम्'-शॅन् ) *n.* the act of exempting, immunity. मोक्ष, मोचन, छुटकारा।

**Exequies**-ऍक्स्'-ऍ-क्वीज़्-*n. pl.* funeral rites. अन्त्येष्टि क्रिया।

**Exercisable**-ऍक्स्'-अर्-साइज़्'-ॲ-बल्-*adj.* that may be exercised. अभ्यास करने योग्य, प्रयोग में लाने योग्य।

**Exercise**-ऍक्स्'-अर्-साइज़्- *n.* putting in practice, bodily exertion, discipline, employment, a lesson for practice. प्रयोग, व्यायाम, अनुशासन, अभ्यास; -*v. t.* & *i.* to employ, to perform the duties of, to train, to perplex. प्रयोग करना, शिक्षा देना, कष्ट देना; Bodily exercise ( exertion of body for health. ) व्यायाम; Military exercise ( drill &c. ) सैनिकों की क़वायद।

**Exert**-ऍग्'-ज़र्ट्- *v. t.* to do or perform, to bring into operation. प्रयत्न करना, उद्योग करना; Exertion ( -ज़र्'-शॅन्) -*n.* the act of exercising with effort. ( चेष्टा ), व्यापार, परिश्रम; Exertive (-इव् ) -*adj.* exerting. ( परिश्रम की ) चेष्टा करता हुआ।

**Exeunt**-ऍक्स्'-ऍ-अन्ट्- *v. i.* ( *sing.* Exit ऍक्स्'-इट् ) they leave the stage. वे पात्र रङ्गभूमि से जाते हैं; Exeunt omnes ( -ऑम्'-नीज़ ) all leave the stage. सब पात्र रङ्गभूमि से बाहर चले जाते हैं।

**Exhalation** - ऍग्ज़्-हॅल्-ए'-शॅन् - *n.* see Exhale

**Exhale**-ऍग्ज़्-हेल्'- *v. t.* & *i.* to emit vapour, to pass off in vapour. साँस फेंकना, साँस निकलना; Exhalable ( -ॲ-बल्) -*adj.* able to be exhaled. श्वास निकालने योग्य; Exhalation(-ए'-शॅन) -*n.* puffing off of breath. उच्छ्वास, मुख द्वारा वायु बाहर निकालना।

**Exhaust**-ऍग्-ज़ॉस्ट्'- *v. t.* to draw off air, to empty of contents, to tire out. वायु निकाल लेना, शून्य करना, थकाना; *n.* the waste that comes out of an engine. यन्त्र ( अंजन ) से निकलता हुआ मलबा; Exhausted (-ऍड्)-*adj.* tired out, wholly used. निथारा हुआ, थान्त,थका हुआ; Exhaustion ( -चॅन् ) -*n.* the state of being exhausted. थकावट; Exhaustive (-इव् ) -*adj.* tending to exhaust. थकानेवाला; Exhaustiveness ( -इव् - नॅस् ) *n.* power of exhausting. शून्यता; Exhaustless ( -लॅस् ) -*adj.* without fatigue. अक्षय, अश्रान्त।

**Exhibit** - ऍग्-ज़िब्'-इट्-*v. t.* to hold to view, to display, to manifest, to present formally, to show publicly. प्रकट करना, दिखलाना, स्पष्ट करना, प्रदर्शन करना; -*n.* anything exhibited, a paper presented to a court. प्रदर्शित पदार्थ, अदालत में पेश किये हुए कागजात।

**Exhibitor, Exhibiter**-ऍग्-ज़िब्'-इट्-ऑर् *ns.* one who exhibits. प्रदर्शक, प्रकाशक।

**Exhibition** - ऍक्स्-इब्-इश्'-ऑन्- *n.* the act of exhibiting, display, a public show. प्रदर्शनी, कौतुक; Exhibitioner ( -ऑन्- अर् ) -*n.* one who receives an allowance at an English university. किसी अङ्गरेज़ी विश्वविद्यालय से अध्ययन के लिये आर्थिक सहायता पाने वाला विद्यार्थी।

**Exhilarate**-ऍग्'-ज़िल्-अर्-ऍट्-*v. t.* & *i.* to cheer up, to gladden, to enliven, to become joyous. प्रमुदित करना, प्रसन्न होना; Exhilarant ( -ॲन्ट् ) -*n.*

exciting mirth. आनन्ददायक ; Exhilarating (-इङ्) *-adj.* gladdening. आनन्द दायक ; Exhilarative (-इव्) *-adj.* tending to gladden. आनन्दकर; Exhilaration (-ए'-शॉन्) *-n.* the state of being cheerful. आनन्द ।

**Exhort**-ऐग्-ज़ोर्ट्'-*v. t.* to urge to good deeds, to advise, to warn, to caution. सदुपदेश देना, सलाह देना, सावधान करना ; Exhortation (-ए'-शान्)-*n.* the act of exhorting. उपदेश, प्रोत्साहन; Exhortative (-ऑट्-इव्), Exhortatory (-ऑ-री) *-adjs.* containing exhortations. प्रबोधक, उपदेशक ; Exhorter (-अर्) *-n.* one who exhorts another. प्रबोधक ।

**Exhumation** - ऐक्स्-ह्यूम्-ए' - शान् - *n.* see Exhume.

**Exhume** - ऐक्स्-ह्यूम्'-*v. t.* to dig out, to unearth. खोदकर भूमि से बाहर निकालना; Exhumation (-ए'-शान्) *-n.* the act of exhuming. उत्खनन ।

**Exigence**, (Exigency)-ऐक्'-सि-जेन्स् (-सी)-*ns.* emergency, urgent necessity. सङ्कट समय, आवश्यकता ।

**Exigent** - ऐक्स्'-सि-जेन्ट् - *adj.* urgent, pressing. अति आवश्यक ।

**Exile**-ऐक्स्-आइल्' - *v. t.* to expel from one's country, to banish. देश से निकालना, बहिष्कार करना; -*n.* penal banishment. देश निकाली; Exilement (-मेन्ट्) *n.* banishment. देश बहिष्कार ।

**Exility** - ऐक्स्'-इल - इट्-ई- *n.* thinness, slenderness. मृदुलता, पतलापन ।

**Exist**-ऐग्-ज़िस्ट्'-*v. t.* to have a reality, to continue to be, to live, to endure. अस्तित्व होना, जीवित रहना, जीना ; Existence (-ऐन्स्) *-n.* continued being, all that lives. सत्ता, जीवन (स्थिति); Existent (-ऐन्ट्) *-adj.* actual, existing. वर्तमान, विद्यमान ।

**Exit**-ऐक्'-सिट्- *n.* (*pl.* Exeunt) departure of a player from the stage, passage to go out, death. निष्क्रमण, निर्गम, बाहर जाने का मार्ग, मृत्यु ।

**Exodus** - ऐक्'-सो-डस्- *n.* a going out or departure. बिदाई, रवानगी ।

**Ex-officio**-ऐक्स्'-ऑफ्-फिस्' - सि-ओ-*adj.* in virtue of one's office. किसी पदस्थिति के अनुसार का ।

**Exogamy** - ऐक्स्' - ऑग्-ऑ-मी- *n.* marriage outside the tribe. जाति (बिरादरी) के बाहर विवाह सम्बन्ध ।

**Exonerate** - ऐग्-ऑन्' - अर्-ऐट्-*v. t.* to free from blame &c., to acquit. पाप इत्यादि से मुक्त करना, छोड़ना; Exoneration (-ए'-शान्) *-n.* the act of freeing from imputation. पाप से मुक्ति ।

**Exorable**-ऐक्स्-ऑर्'-ऑ-ब्ल्- *adj.* capable of being moved by prayers. प्रार्थना से प्रभावित होने वाला ।

**Exorbitance** - ऐक्स् - ऑर् - बिट्'-ऑन्स्, Exorbitancy (-ऑन्-सी) *-ns.* excess, extravagance. आधिक्य ।

**Exorbitant**-ऐग्- ज़ॉर्' - बिट् - ऑन्ट् *-adj.* beyond limit, excessive. अपरिमित, अत्यधिक; Exorbitantly (-ऑन्ट्-ली) *-adv.* in an excessive manner, extravagantly. अधिकता से, महर्घता से ।

**Exorcism**-ऐक्स्-ऑर्'-सिज़म्-*n.* expelling of evil spirits. भूत प्रेत का अपसरण ।

**Exorcist**-ऐक्स्-ऑर्' - सिस्ट्- *n.* one who drives away evil spirits. ओझा ;

**Exorcize**-ऐक्स्-ऑर्-साइज़्'- *v. t.* to expel evil spirits by calling forth holy names. झाड़ फूँक कर प्रेत हटाना ।

**Exordium**-ऐग्-ज़ार्'-डि-अम्- *n.* introductory part, the beginning. प्रस्तावना, उपोद्घात, मुखबन्ध ।

**Exoteric** - ऐक्स् - ऑ - टेर्' - इक् - *adj.* commonplace, ordinary. साधारण, सामान्य ।

**Exotic**-ऐक्स्-ऑट्' - इक् - *n.* & *adj.* anything of foreign origin, extraneous. विदेशी, परदेश से लाई हुई ।

**Expand**-ऐक्स्-पैन्ड्'-*v. t.* & *i.* to spread out, to develop, to enlarge. बढ़ाना, बढ़ना, फैलाना, उन्नति करना, विस्तृत करना।

**Expanse**-ऐक्स्' - पैन्स्- *n.* wide extent, expansion. विस्तार, फैलाव ।

**Expansion**-ऐक्स्-पैन्'-शान् - *n.* enlargement, extension. व्याप्ति, विस्तार ।

**Expansive**-ऐक्स्-पैन्स्'-इव्-*adj.* extending widely. विस्तृत, व्यापक ; Expansively (-इव्-ली) *-adv.* in an expansive way. फैलावट से; Expansiveness (-नेस्) *-n.* the quality of being expansive. विस्तार, फैलाव ।

**Exparte**-ऍक्स्-पीऽ्‌'-टी - *adv.* in the interest of one side only. एक ही पक्ष के लाभ के विषय में।

**Expatiate**-एक्स्-पे'-शि-एट्- *v. t.* to enlarge in writing or argument. विस्तार पूर्वक लिखना या विवाद करना; **Expatiation** ( - ए' - शॉन् )- *n.* detailed account. विस्तृत वर्णन।

**Expatriate**-ऍक्स्-पे'-ट्रि-एट्- *v. t.* to banish from one's home. घर से बाहर निकाल देना।

**Expect**-ऍक्स्-पॅक्ट्'- *v. t.* to wait for, to hope to. प्रतीक्षा करना, आशा करना; **Expectancy** ( -ऑन्-सी ) -*n.* hope. आशा; **Expectant** ( -ऑन्ट् ) -*adj.* waiting, looking for. आशा करने वाला, आकांक्षी; **Expectation** ( -ए' - शान् ) *n.* prospect of future good, promise. आकांक्षा, आशा; **Expectative** (-ऑट्-इव् ) *adj.* reversionary. उत्तराधिकार प्राप्त करने की आकांक्षा वाला।

**Expectorate**-ऍक्स्-पॅक्ट्'-ऑर्-एट्- *v. i.* to eject phlegm from the chest. खखारना. कफ़ निकलना, थूकना; **Expectorant** (-ऑन्ट् ) -*n.* & *adj.* a medicine that promotes expectoration. कफ़ निकालने वाली औषधि; **Expectoration** (-ए'-शान्) *n.* the act of expectorating. कफ़ का निकालना; **Expectorative** ( -इव् )-*adj.* expectorant. कफ़ निकालने वाला।

**Expedience**- ऍक्स्-पी' - डि-ऍन्स्, **Expediency** (-सी)-*ns.* fitness, suitableness. उपयोग, औचित्य, योग्यता।

**Expedient**-ऍक्स्-पी'-डि-ऍन्ट्- *adj.* fit, advantageous, suitable, serviceable. योग्य, उचित, लाभकर; -*n.* a device, a contrivance. उपाय, साधन, उपकरण; **Expediently** (-ली ) -*adv.* in a suitable manner, suitably. यथोचित रूपसे।

**Expedite**-ऍक्स्' -पैड् - आइट् - *v. t.* to free from obstacles, to dispatch. विघ्न हटाना, शीघ्र भेजना; -*adj.* speedy. शीघ्र साधन करने का; **Expeditely** (-ली) *adj.* in an expedite manner. शीघ्रता से।

**Expedition**-ऍक्स्-पॅड्-इश्'-ऑन्- *n.* haste, speed, dispatch, a voyage of enterprise. शीघ्रता, शीघ्र यात्रा, प्रस्थान, साहसिक यात्रा; **Expeditionary** ( -ऑर्-री ) *adj.* suitable for an expedition. शीघ्र यात्रा करने योग्य; **Expeditionist** (-इस्ट् ) *n.* one who makes an expedition. साहसिक यात्रा करने वाला।

**Expeditious**-ऍक्स्-पॅड्-इश्'-अस्-*adj.* done with promptitude. शीघ्रकारी।

**Expel**-ऍक्स्-पॅल्'-*v. t.* ( *p.t.* Expelled. ) to drive or force out, to banish. बाहर निकाल देना, बाहर करना, फेंकना; **Expellable** ( -ली-बल् ) -*adj.* able to be expelled. फेंकने योग्य; **Expellent** (-लॅन्ट्) *adj.* able to expel. बाहर करने वाला।

**Expend**-ऍक्स् - पॅन्ड्'- *v. t.* to spend, to consume, to use up. व्यय करना, फेंकना; **Expenditure** (-इट्-यूर् )-*n.* act of expending, amount which is expended. व्यय, खर्च।

**Expense**-ऍक्स्'- पॅन्स् - *n.* expenditure, cost, outlay. व्यय, मूल्य, खर्चा।

**Expensive** ऍक्स्-पॅन्स्-इव् -*adj.* costly, valuable, lavish in expending. बहुमूल्य, बड़ी लागत का, मँहगा; **Expensively** (-इव्-ली )-*adv.* in an expensive manner. बहुमूल्यता से; **Expensiveness** ( -इव्-नॅस् )-*n.* quality of being expensive. महर्घता, बहुमूल्यता।

**Experience**-ऍक्स्-पिअर्'-इ - ऍन्स्-*n.* practical acquaintance with a matter, knowledge resulting from actual observation. अनुभव, परीक्षाज्ञान, बहुदर्शित्व; -*v. t.* to feel, to learn. अनुभव करना, ज्ञान प्राप्त करना; **Experienced** (-ड् )-*adj.* skilful by experience. अनुभवी, बहुदृष्ट; **Experiential** ( -ऍन्-शॅल् ) *adj.* of or pertaining to experience. अनुभवी, अनुभव संबन्धी।

**Experiment**-ऍक्स्-पॅर्'-रि-मॅन्ट्- *n.* a trial or test adopted for testing a hypothesis. प्रयोग, परीक्षा ( अनुभव ); -*v. t.* to know by practice or by trial. परीक्षा करना, अनुभव करना; **Experimental**. ( -मॅन्ट्'-ऑल ), **Experimentative** (-ऑटिव् ) -*adjs.* based on experience. अनुभव प्राप्त; **Experimentally** ( -ऑल्-लि )-*adv.* in an experimental manner. परीक्षणार्थ; **Experimentalize** ( -मॅन्ट्'-ऑल्-आइज़्)-*v. i.* to make experiments. प्रयोग करना; **Experimentalist** (-ऑल्-इस्ट् )-*n.* one who makes an experiment. परीक्षक, प्रयोग करने वाला।

**Expert**-ऍक्स्'- पर्ट्- *adj.* & *n.* skilful, adroit, dexterous, trained by practice, a specialist. दक्ष, निपुण, चतुर, किसी विषय का विशेष ज्ञान रखने वाला ; **Expertly** (-ली)-*adv.* in an expert manner. कुशलता सहित; **Expertness** ( -नॆस् ) -*n.* the quality of being expert. निपुणता ।

**Expiate**-ऍक्स्'-पि-ऍट्-*v. t.* to atone for, to make amends or reparation for sin. प्रायश्चित्त से पवित्र करना, पापों से निवृत्त करना ; **Expiable** (-ॲ-बल्)-*adj.* able to be expiated. इस प्रकार से पवित्र करने योग्य ; **Expiation** (-ए'-शन्)-*n.* act of expiating a crime. शोधन, प्रायश्चित ; **Expiatory** ( -आर्-री)-*adj.* having power to atone for sins. पापनाशक ।

**Expirable** - ऍक्स्-पायर्'-ॲ-बल्- *adj.* that may come to an end. मरने योग्य ।

**Expirant**-ऍक्स्-पायर्'-ॲन्ट्- *n.* one who is expiring. मरनेवाला ।

**Expiration**-ऍक्स्-पायर्-ए'-शन्- *n.* death, the end. प्राणत्याग, मृत्यु ।

**Expire**-ऍक्स्-पायर्'-*v.t.* &. *i.* to breathe out of lungs, to emit, to die out, to come to an end. श्वास निकालना, बाहर फेंकना, मृत्यु को प्राप्त होना ; **Expiry** ( -री ) *n.* termination. अन्त ।

**Explain**-ऍक्स्-प्लेन्'-*v t.* to make plain or intelligible, to clear the meaning of. व्याख्या करना, अर्थ स्पष्ट करना, समझाना; **To explain away** (so to explain as to show there is nothing in it.) इस प्रकार व्याख्या करना मानो कुछ सार ही न हो ।

**Explainable**-ऍक्स्-प्लेन्'-ॲ-बल्- *adj.* that may be explained. व्याख्या करने योग्य ।

**Explainer**-ऍक्स्-प्लेन्'-अर्- *n.* one who makes an explanation. व्याख्या करने वाला।

**Explanation** - ऍक्स्-प्लॅन्-ने'शन्-*n.* act of explaining. व्यवस्था, भाष्य, टीका ।

**Explanatory** - ऍक्स्-प्लॅन्'-नॅ-टॅ-री - *adj.* able to be explained, serving to explain. व्याख्या योग्य ।

**Expletive**-ऍक्स्'-प्ले-टिव् - *adj.* & *n.* serving to fill up, a filling word, oath. पूरक, पूर्ण करनेवाला शब्द, शपथ ; **Expletory** ( -टॅ-री) -*adj.* serving to fill up. पादपूरक, पूर्ण करने वाला ।

**Explicable**-ऍक्स्'-प्लॅ-कॅ-बल्-*adj.* admitting explanation. व्याख्या योग्य; **Explicableness** ( -नॆस् )- *n.* the quality of being explicable. व्याख्या करनेकी योग्यता।

**Explicate**-ऍक्स्'-प्लिक्-ऍट्- *v. t.* to unfold, to explain, to interpret. व्याख्या करना, स्पष्ट करना ।

**Explicit**-ऍक्स्-प्लिस्'-सिट्- *adj.* plain in language, clear, express. स्पष्ट, व्यक्त स्फुट ; **Explicitly** ( -ली) -*adv.* clearly. स्पष्ट रूप से; **Explicitness** (-नॆस्) -*n.* the quality of being explicit, clearness of expression. स्पष्टता ।

**Explode**-ऍक्स्-प्लोड्'- *v. i* to cause to blow up, to bring into disrepute. धड़ाके से फटना, निन्दा करना ।

**Exploit** - ऍक्स्'-प्लॉयट् - *n.* a heroic achievement, a feat. पराक्रम, अद्भुत कार्य ; **Exploitation** (ए'-शन् ) -*n.* improvement. उन्नति ।

**Exploration** - ऍक्स्-प्लोर्-ए' - शन्- *n.* a thorough research. अन्वेषण, जिज्ञासा ।

**Explore**-ऍक्स्-प्लोर्'- *v. t.* to search or examine thoroughly, to enquire into. अन्वेषण करना, अनुसन्धान करना, खोजना, ढूंढ़ना; **Explorer** ( -अर् )-*n.* one who or that which explores. ढूंढ़नेवाला, अन्वेषण करने वाला ।

**Explosion**-ऍक्स्-प्लो'-ज़न्- *n.* a violent outburst. विस्फ़ोट, धड़ाका ।

**Explosive**-ऍक्स्-प्लोस्'-इव्- *adj.* tending to cause explosion. शीघ्रदाह्य, शीघ्र उड़ने वाला ; *n.* anything liable to explode. धड़ाके से फटने वाला पदार्थ; **Explosively** ( -ली ) -*adv.* in an explosive manner. धड़ाके के साथ ; **Explosiveness** ( -नॆस् ) *n.* having the quality to explode. विदारणशीलता, विस्फोटकता ।

**Exponent** - ऍक्स्-पो'-नॅन्ट् - *n.* one who explains or points out, an expounder, an index in Algebra. व्याख्या करनेवाला, अर्थ प्रदर्शक, बीजगणित का अङ्क ।

**Export** - ऍक्स्-पोर्ट्'-*v. t.* to carry or send goods to another country. परदेश में माल लेजाना या भेजना; -*n.* exported article. बाहर भेजा हुआ माल ; **Exportable** (-ॲ-बल्)-*adj.* that may be exported. बाहर भेजने योग्य; **Exportation** (-ए'-शन् ) -*n.* the act of exporting. विदेश में मालभेजने.की क्रिया, निर्यात ।

**Exporter** - ऍक्स्-पोर्ट्-अर्-*n.* one who

exports. परदेश में माल भेजने वाला ।

**Expose**–ऍक्स्-पोज़्'–*v. t.* to lay open, to deprive of cover, to explain, to put into danger, to subject a photographic plate to light. वस्त्रहीन करना, खोलना, उघारना, आपत्ति में डालना, व्याख्या करना, फ़ोटो के प्लेट पर प्रकाश डालना ; **Exposed** ( -ड् ) *-adj.* unprotected. उघारा हुआ, खुला हुआ ।

**Exposition** – ऍक्स् - पो-ज़िश्'- ऑन् – *n.* description, commentary, interpretation, explanation. विवरण, स्पष्टीकरण, व्याख्या ।

**Expositor** – ऍक्स्-पॉज़् - इट्'-ऑर् – *n.* one who explains. अर्थ प्रकाशक ।

**Expostulate**–ऍक्स्-पॉस् -ट्यु-लेट्– *v. i.* to remonstrate, to discuss. प्रबोधन के वचन कहना, झिड़िकना, समझाना; **Expostulation** (-ले'-शॉन् )*-n.* remonstrance. निषेध, निवारण; **Expostulatory** (-ऑर्-ई) *adj.* containing remonstrance. प्रबोधक, भर्त्सना करने का ।

**Exposure** ऍक्स्-पोज़्'-यूर्– *n.* act of exposing, submission to the action of light. प्रदर्शन, व्यक्तीकरण , धूप, वायु, इत्यादि के सन्मुख होना ।

**Expound**–ऍक्स-पाउन्ड्'– *v. t.* to explain, to interpret. व्याख्या करना, समझाना ; **Expounder** (-अर्)*-n.* one who explains. व्याख्या करने वाला ।

**Express**–ऍक्स-प्रॅस्'–*adj.* exact, definite, clear. व्यक्त, स्पष्ट, असन्दिग्ध ; *-v. t.* to squeeze out, to reveal, to put into words. सूचित करना, सारांश बतलाना, वर्णन करना ; *-n.* a messenger, a fast train. दूतचर, तेज़ चलने वाली रेलगाड़ी ; *adv.* directly, with speed. तेज़ी के साथ ; **Expressed** ( -ड् ) *-adj.* squeezed, related. निचोड़ा हुआ, सूचित ; **Expressible** ( -सॅ-बूल् )*-adj.* able to be expressed. निचोड़ने योग्य, वर्णन करने योग्य ।

**Expression**–ऍक्स्-प्रॅश्'-ऑन्- *n.* the act of representing, declaration, look, peculiar manner of utterance. वर्णन, कथन, आकृति, वाक्यशैली; **Beyond expression.** ( not describable.) अकथनीय ।

**Expressive**–ऍक्स्-प्रॅस्'-इव्- *adj.* serving to express, significant. सूचक, दर्शक ; **Expressively** ( -इव्-ली ) *-adv.* in an expressive manner. स्पष्ट रूप से ; **Expressiveness** ( -इव्-नॅस्) *-n.* the quality of being expressive. स्पष्टता; **Expressly** ( -ली ) *-adv.* in an expressive manner. स्पष्ट रूप से ।

**Exprobration**– ऍक्स्-प्रॉ-ब्रे'- शॉन्– *n.* reproachful language. गाली के वाक्य ।

**Expugn**–ऍक्स्-प्यून्'– *v. t.* to conquer. जीतना ; **Expugnable** ( -ऑ-बल् ) *-adj.* that may be conquered. जीतने योग्य ।

**Expulsion**–ऍक्स्-पल्'-शॉन्–*n.* act of expelling. निकास, त्याग ; **Expulsive** (-सिव्) *adj.* serving to expel. निकालनेवाला, निकालने योग्य ।

**Expunction**–ऍक्स्-पङ्क्'-शॉन्–*n.* the act of expunging, erasure. मिटाव ।

**Expunge**–ऍक्स्-पन्ज्'–*v. t.* to wipe out, to blot out, to efface, to omit. मिटाना, पोंछना, हटाना ।

**Expurgate**–ऍक्स् -पर्-गेट्'–*v. t.* to cleanse, to purify by removing away objectionable matter. मलिनता हटाकर शुद्ध करना ; **Expurgation** ( -गे'-शॉन्) *-n.* act of expurgating. पवित्रीकरण ; **Expurgator** ( -गे -टॉर् ) *-n.* one who expurgates. पवित्र करने वाला ।

**Exquistite**–ऍक्स् -क्वि-ज़िट्– *adj.* of great excellence, select, acute, keen, fastidious, delicate. अत्युत्तम, विशिष्ट, उत्कृष्ट, सुन्दर; **Exquisitely** ( -ली) *-adv.* in an exquisite manner. तीव्रता या उग्रता से ; **Exquisiteness** ( -नॅस् )*-n.* the quality of being exquisite, acuteness. उत्तमता, विशिष्टता, सुन्दरता ।

**Exsanguine**–ऍक्स-सांग्'-ग्विन्–*adj.* lacking blood. रक्तहीनता सबंधी ।

**Exscind**–ऍक्स्-सिन्ड्'– *v. t.* to cut off. काट डालना या काटकर अलग करना ।

**Exsect**–ऍक्-सॅक्ट्' – *v. t.* to cut out, to cut away. काट डालना ।

**Extant** – ऍक्स्' - टॅन्ट् – *adj.* existing. विद्यमान, वर्तमान ।

**Extemporaneous**-ऍक्स्-टॅम्-पॉ-रे'-नि-अस्-*adj.* hastily done. तत्क्षण कृत, तुरत किया हुआ ; **Extemporaneousness** ( रे'-नि-अस्-नॅस् ) *-n.* the quality of being extemporaneous. शीघ्रता ।

**Extemporary**–ऍक्स् - टॅम्'- पॉ-रॅ-रि-*adj.* done extempore. सहसा किया हुआ ।

**Extempore**-ऍक्स्‌-टेम्‌'-पॉ-रि - *adv.* off-hand, without previous preparation, suddenly. पूर्वकल्पना बिना, एकाएक; **Extemporize** ( -पॉ - राइज़् ) -*v. t.* to compose extempore. पूर्व कल्पना बिना किये लिखना ।

**Extend**-ऍक्स्‌-टॅन्ड्‌'-*v. t.* & *i.* to enlarge, to expand or dilate, to prolong, to spread out, to stretch. विस्तृत करना, बढ़ाना, फैलाना, फैलना ।

**Extensile**-ऍक्स्‌-टॅन्‌'-साइल्‌- *adj.* capable of being stretched. फैलाने योग्य ।

**Entension** - ऍक्स्‌-टॅन्‌'-शान्‌ - *n.* extent, enlargement. विस्तार, वृद्धि, व्याप्ति, विपुलता ।

**Extensive**-ऍक्स्‌-टॅन्‌'-सिव्‌-*adj.* of great extent, comprehensive. विस्तृत, चौड़ा, बड़ा; **Extensively** ( -सिव्‌-ली ) -*adv.* to a great extent, widely. विस्तृत रूप में; **Extensiveness** ( -सिव्‌-नॅस्‌ )-*n.* the quality of being extensive. फैलाव, विस्तार ।

**Extensor**-ऍक्स्‌-टॅन्‌'-सॉर्‌ - *n.* a muscle which serves to extend a part of body. शरीर के किसी अंग को फैलाने वाली पेशी ।

**Extent**-ऍक्स्‌-टॅन्ट्‌' - *n.* space, range, scope. विस्तार, प्रमाण; **To a great extent** ( much, greatly. ) अति, बहुत; **To some extent** ( somewhat. ) कुछ, थोड़ा; **To such extent** ( so much. ) इतना; **To the fullest extent** (always.) सर्वदा; **To what extent?** ( how much. ? ) कितना ।

**Extenuate** - ऍक्स्‌-टॅन्‌-यु-एट्‌'- *v. t.* to diminish, to lessen, to weaken the force of. अल्प करना, शक्ति कम करना; **Extenuation** ( -ए-शान्‌ ) -*n.* the act of growing thin. लघुकरण, घटाव ।

**Exterior**-ऍक्स्‌-टिअर्‌'-इ-आर्‌ - *adj.* outer, external. बाह्य, बाहरी; *n.* outward aspect. बाह्य रूप, बाहरी भाग; **Exteriority** (ऑर्‌'-ई-टी)-*n.* externality, superficies. बाहरीपन ।

**Exterminate**-ऍक्स्‌-टर्‌'-मिन्‌ - एट्‌ - *v. t.* to root out. जड़ से उखाड़ देना, ( सर्वनाश करना ); **Extermination** (-ए'-शान्‌) *n.* total destruction. उजाड़, नाश; **Exterminator** ( -ए'-टॉर्‌ ) -*n.* one who exterminattes. नाश करने वाला ।

**External**-ऍक्स्‌-टर्न्‌'-ऑल्‌- *adj.* exterior, situated outside, outward, accidental. बहिः स्थित, बाहरी, अचानक; **Externality** ( -इट्‌-ई ) -*n.* the state of being external. बहिर्भाव; **Externalize** (-आइज़्) *v. t.* to show outward aspect. बाहरी आकृति दिखलाना; **Externally** ( -ली ) *adv.* outwardly, visibly. बाहर से, दिखावट में; **Externals**-( -ऑल्ज़्‌ ) -*n.* the outward parts. बाहरी भाग ।

**Extersion**-ऍक्स्‌-टर्‌'-शॉन्‌- *n.* act of wiping or rubbing. पोंछने या रगड़ने का कार्य ।

**Extinct**-ऍक्स्‌-टिङ्क्ट्‌' - *adj.* no longer existing, extinguished, quenched, obsolete. अप्रचलित, बुझा हुआ, मृत; **Extinction** ( -टिङ्‌'-शान्‌ ) -*n.* the act of extinguishing, suppression. बुझाना, नाश, अन्त; **Extinctive** (-इव्‌) -*adj.* able to extinguish. बुझाने वाला ।

**Extinguish**-ऍक्स्‌-टिङ्ग्‌'-ग्विश्‌ - *v. t.* to put out, to suppress, to annihilate, to wipe out. बुझाना, दबाना, नष्ट करना, पोंछना; **Extinguished** (-ड्‌) -*adj.* destroyed, suppressed. नष्ट, क्षीण; **Extinguisher** (-अर्‌ )- *n.* one who extinguishes. बुझाने वाला; **Extinguishment** (-मॅन्ट्‌ )-*n.* the act of extinguishing. नाश, संहार, क्षय ।

**Extirpate**-ऍक्स्‌'-टर्प्‌-एट्‌ - *v. t.* to root out, to destroy totally. जड़ से उखाड़ना, नाश करना; **Extirpation** (-ए'-शान्‌) *n.* the act of rooting out, excision. नाश; **Extirpator**. ( -एट्‌'-ऑर्‌ )-*n.* one who roots out. उखाड़ने वाला ।

**Extol**-ऍक्स्‌-टॉल्‌'- *v. t.* (*p. t.* Extolled) to praise highly, to magnify. प्रशंसा करना, बढ़ाकर कहना; **Extoller** (-अर्‌) *n.* one who praises or magnifies. प्रशंसा करने वाला, बढाने वाला ।

**Extort**-ऍक्स्‌-टॉर्ट्‌'- *v. t.* to obtain by violence. बल पूर्वक लेना, छीनना; **Extortion** ( टार्‌'-शान्‌ ) -*n.* illegal exaction. लूट, बलात्कार; **Extortioner** (-अर्‌) *n.* one who practises extortion. खींचने या लूटने वाला ।

**Extra**-ऍक्स्‌'-ट्रॉ - *adv.* *adj.* & *n.* additional, more than usual, in addition to fixed charge. अधिक, भिन्न, अतिरिक्त;

*in comb.* 'situated on the outside of a thing.' उपसर्ग की तरह प्रयोग होने पर इसका अर्थ "किसी पदार्थ के बाहर" होता है; Extra cosmical (outside the universe.) विश्वमण्डल के बाहर; Extra official (not within official limits.) दफ्तर से बाहर।

**Extract**-ऍक्स्-ट्रॅक्ट्'- *v. t.* to draw out, to take by force, to deduce, to distil. खींचना, हठ पूर्वक लेना, अर्क खींचना, सार निकालना; *-n.* (ऍक्स्'-ट्रॅक्ट्) essence, quotation. सत्व, संग्रह, संक्षेप; Extractible (-इ-बल्) *-n.* that may be extracted. सार या सत्त्व निकालने योग्य; Extraction (-ट्रॅक्'-शॅन्) *-n.* the act of extracting, descent. निकाल, वंश, कुल; Extractive (-इव्) *-adj.* serving to extract. निकालने वाला; Extractor (-आर्) *-n.* he who or that which extracts. खींचने या निकालने वाला।

**Extraneous**-ऍक्स्-ट्रे'न्-इ-अस्-*adj.* of external origin, not essential, foreign. विदेशी, असम्बन्ध, (भिन्न); Extraneously (-ली) *-adv.* in an external manner. बहिर्भाव से, बाह्यता से; Extraneousness (-नेस) *-n.* the quality of being external or foreign. परायापन।

**Extraordinarily**-ऍक्स्-ट्रॉ-ऑड्इ'-इन्-ऑर्-रिल्-ई-*adv.* in a manner beyond ordinary. अपूर्वता से, विचित्रता से; Extraordinariness (-रि-नेस) *-n.* uncommonness. विलक्षणता, विचित्रता।

**Extraordinary**-ऍक्स्'-ट्रॉ-ऑड्इ'-इन्-ऑर्-ई-*adj.* unusual, wonderful, exceptional, surprising, remarkable, rare. असाधारण, असामान्य, अद्भुत, विलक्षण।

**Extravagance**-ऍक्स्-ट्रॅव्'-ऑ-गॅन्स्- *n.* excess, irregularity. अतिशय, अति व्यय।

**Extravagant**-ऍक्स्-ट्रॅव्'-ऑ-गॅन्ट्- *adj.* immoderate, excessive, exorbitant, profuse, wasteful. अमितव्ययी, लुटाऊ, मुक्तहस्त; Extravagantly (-ली) *-adv.* in an extravagant manner. अतिव्यय से; Extravagantness (-नेस) *-n.* extravagance. लुटाऊपन।

**Extreme**-ऍक्स्-ट्रीम्'- *adj.* outermost, remote, last, most pressing, excessive. सबसे बाहरी, सबसे दूर का, अन्तिम, अति; अत्यावश्यक Extremely (-ली) *adv.* in the utmost degree. अत्यन्त, बहुत; Extremeness (नेस) *-n.* violent nature. कर्कश प्रकृति; In the extreme (*fully.*) पूर्णरूप से।

**Extremism**-एक्स्-ट्रीम्'-इज्म्-*n.* revolution विप्लव; Extremist (-इस्ट्) *-n.* a revolutionist. विप्लववादी।

**Extremity**-ऍक्स्-ट्रे'म्-इट्-ई-*n.* the utmost limit, the end. छोर, परम अवधि, सीमा; *pl.* (-ies) things as remote as possible. बहुत ही दूर की वस्तु।

**Extricable**-ऍक्स्'-ट्रिक्-ऑ-बल्-*adj.* that may be extricated or disentangled. विमुक्त करने योग्य।

**Extricate**-ऍक्स्'-ट्रिक्-एट्'-*v. t.* to release, to disentangle, to set free, to send out. विमुक्त करना, निस्तार करना, निकालना, भेजना, Extrication-(-ए'-शन्) *-n.* act of extricating. निस्तार, मुक्ति, उद्धार।

**Extrinsic**-ऍक्स्-ट्रिन्'-सिक्-*adj.* lying outside, not essential. बाहरी, अनावश्यक; Extrinsically (-ऑल्-लि)-*adv.* in an extrinsic manner. अनावश्यक रूप में, बाहर से।

**Extrude**-ऍक्स्-ट्रूड्'- *v. t.* to expel, to thrust out. बाहर निकालना, ढकेलना; Extrusion (-ट्रू'-ज़ॉन्) *-n.* the act of extruding or thrusting out. बहाव।

**Exuberance**-ऍक्स्-यू'-बर्-ऑन्स्-*n.* overgrowth. प्रचुरता, आधिक्य।

**Exuberant**-ऍक्स्-यू'-बर्-ऑन्ट्-*adj.* overflowing, abounding, growing luxuriantly, abundant. समृद्ध, परिपूर्ण, हरा भरा; Exuberantly- (-ली) *-adv.* in great plenty. प्रचुरता से।

**Exuberate**-ऍक्स्'-यू-बर्-एट्'- *v. i.* to abound. प्रचुर होना, बढ़ना।

**Exudation**-ऍक्स्-युड्-ए'-शॉन्-*n.* the act of exuding. स्वेदस्राव, उद्गमन।

**Exude**-ऍक्स्-यूड्'-*v. i.* to ooze out (as sweat.) पसीने के तरह रसकर बहना।

**Exult**-ऍग्ज़्-अल्ट्'-*v. i.* to rejoice exceedingly, to triumph. अत्यन्त आनन्दित होना, अति प्रसन्न होना; Exultant (-ऑन्ट्) *adj.* triumphantly rejoicing. प्रमुदित, परम प्रसन्न; Exultation (-ए'-शॅन्) *-n.* rapturous delight, triumph. परम आनन्द, परम हर्ष (हुलास); Exultingly

( -इंग्-ली ) *-adv.* in an exulting manner. आनन्द सहित।

**Exuviae**-ऍग्स्-यू'-वि-ई-*n. pl.* animal's cast off skins. केंचुली, पशु के शरीर की झरनेवाली झिल्ली; **Exuvial** (-ऑल्) *-adj.* containing exuviae. केंचुली सम्बन्धी; **Exuviate** (-एट्')-*v. i.* to shed slough. केंचुली निकालना या फेंकना।

**Eyas**- आइ'-ॲस्-*n.* an untrained young hawk. बाज का अशिक्षित बच्चा।

**Eye**-आइ-*n.* the organ of sight, power of seeing, presence, a small hole, anything like an eye, sprout of a plant. चक्षु, दृष्टि, सन्मुख, छोटा छिद्र, नेत्र के सदृश पदार्थ, अँखुआ; *-v. t.* to look on, to observe keenly. देखना, निरीक्षण करना; **Be all eyes** (be attentive to.) ध्यान देना; **Eyeball** (the apple of the eye.) आँख की पुतली; **Eyebeam** (glance of eye.) दृष्टिपात; **Eyebrow** *-n.* the hairy arch above the eye. भ्रू, भौंह; **Eye-drop** (tears.) आँसू; **Eye for eye** (retaliation.) बदला; **Eyeglass** (glass for assisting sight.) उपनेत्र, चश्मा; **Eyelash** (the line of hair on the edge of the eyelid.) बरौनी; **Eyeless** (without eyes.) नेत्रहीन; **Eyelet** (loophole.) वस्त्र इत्यादि में लगाने की धातु की छुच्छी; **Eyelid** (cover of the eye.) पलक; **Eye of day** (the sun.) सूर्य; **Eye of needle** (hole of the needle.) सुई का छेद; **Eye-pupil** (pupil of eye.) आँख का तारा; **Eye-reach** (glance of eye.) दृष्टिपथ; **Eye-salve** (ointment for eyes.) सुरमा, अञ्जन; **Eyeshot** (range of vision.) नङ्गी आँख से देख पड़ने तक की दूरी; **Eyesight**- *n.* vision. दृष्टि; **Eyesore** (something offensive to the eye.) आँख का काँटा, चक्षुरोग; **Eye-tooth** (canine tooth.) नोकीला दाँत; **Eye-wash** (lotion for eyes.) आँख धोने की औषधि; **Eye-wink** (winking of eyes.) कटाक्ष **Eye-witness** (one who had seen a thing done..) प्रत्यक्ष साक्षी; **In the eyes of** (in the presence of.) समक्ष, सामने; **In the mind's eye** (in an imaginary way.) ज्ञानचक्षु द्वारा; **In the wind's eye** (against the wind.) वायु के विपरीत; **Mind your eye** (be careful.) सावधान रहो; **To cry one's eyes out** (to weep bitterly.) फूट फूट कर रोना; **To keep eye on** (to be careful.) सावधान रहना। **To set the eyes on** (to see.) दृष्टि डालना, देखना;



Eye

**Eyot**-आएट्-*n.* a small island. छोटा टापू।

**Eyre**-आयर्-*n.* a journey, a circuit court. यात्रा, दौरे की अदालत।

**Eyrie** - आइर्' ई-*n.* the nest of a bird of prey. शिकारी चिड़िया का घोंसला।

---

F-ऍफ्-the sixth letter of the English alphabet, the fourth note of the natural diatonic scale. अंग्रेज़ी वर्णमाला का छठाँ अक्षर, गायन में चौथा सुर।

**Fa** - फ़ा - *n.* the fourth note of an octave. सप्तक का चतुर्थ स्वर (अर्थात् मध्यम)।

**Fabaceous**-फ़ी-बे'-शस्-*adj.* like a bean. सेम की तरह का।

**Fabian** - फे'-बि-ऑन् - *adj.* practising dilatory policy, awaiting opportunity. देर करने (टालटूल) की विधि का, अवसर की प्रतीक्षा करने वाला।

**Fable**-फे'-बल्- *n.* a fictitious or narrative story. कल्पित कथा, कहानी, (झूठी कथा); *-v. t.* & *i.* to tell fictitious tales, to tell falsehoods, to feign. झूठी बात बोलना, झूठ बोलना, बहाना करना; **Fabled** (-ड्) *-adj.* celebrated in fables. कथा में वर्णन किया हुआ, झूठा; **Fabler** (- ब्लर्) *-n.* a writer of fables. कथा लेखक, कहानी लिखने वाला।

**Fabric** - फ़ैब्'-रिक् - *n.* a structure, an edifice, construction, woven material or structure, tissue. रचना, भवन (गृह), निर्माण, बिना हुआ वस्त्र, कपड़ा।

**Fabricate** - फ़ैब्'-रिक्-एट्- *v. t.* to construct, to manufacture, to devise falsely. निर्माण करना, बनाना, जाल रचना; **Fabrication** (-ए' - शॉन्) *-n.* construction, forgery, manufacture. रचना, बनावट, कपट रचना, धूर्तता; **Fabricator**-(-एट्'- ऑर्) *-n.* one who fabricates. धूर्त या कपटी मनुष्य।

**Fabulist**-फ़ैब्'-यु-लिस्ट्- *n.* a composer of fables, a liar. कहानी लिखने वाला, मिथ्यावादी मनुष्य।

**Fabulous**-फ़ैब्'-यु - लस् - *adj.* fictitious, false. कृत्रिम (काल्पनिक), झूठा; **Fabulousness** (-नेस्) *-n.* the quality of being fabulous, fictitious. मिथ्या कल्पना, झूठापन; **Fabulously** (-ली) *-adv.* in a fabulous manner, fictitiously. कल्पनामात्र से।

**Facade** - फ़ा - साड्'- *n.* the exterior or front part of a building. महल का (सड़क की ओर का) बाहरी भाग।

**Face**-फ़ेस्- *n.* the front part of head, outside appearance, aspect, look. मुख, आकृति, दृष्टि; *-v. t.* to meet in front, to resist, to smooth the surface of. सन्मुख होना, विरोध करना, (सामना) करना, समतल करना; **Face value** (nominal value.) नाममात्र का मूल्य; **In face of** (against.) विपरीत; **In one's face** (in front of.) सन्मुख **In the face of** (despite. अनादर करके; **To accept one's face** (to show favour.) कृपा दिखलाना; **To face down** (to oppose impudently.) धृष्टता से सामना करना; **To fly in the face of** (to set oneself directly against.) विपरीत जाना; **To look in the face** (to perplex.) घबड़ा देना; **To make faces** (to distort face.) मुह बिराना; **To know one's face** (to come in front.) प्रादुर्भूत होना, सामने आना।

**Facet**-फ़ैस्' -सैट्- *n.* the plane surface of a crystal. नगीने का पहल।

**Facetious**-फ़ी-सी'-शस्-*adj.* witty, jocose, humorous. ठिठोलिया, मसखरा; **Facetiously** (-ली)-*adv.* in a humorous way. मसखरेपन से; **Facetiousness** (-नेस्) *-n.* the quality of being humorous, witticism. हँसी, विनोद।

**Facial**-फे'-शॅल्-*adj.* relating or pertaining to the face. मुख सम्बन्धी; **Facially** (-ली) *-adv.* in a facial manner. मुख सम्बन्ध में।

**Facile**-फ़ैस्'-सिल्-*adj.* affable, yielding, pliant, easily persuaded. सुगम, सहज, अनुकूल (सरल); **Facileness** (-नेस्) *n.* easiness. सरलता।

**Facilitate**-फ़ॉ-सिल्'-इट्-एट्-*v.t.* to lessen difficulty, to make easy or less difficult. निर्विघ्न करना; **Facilitated** (-ऍड्) *adj.* made less difficult. निर्विघ्न, सहज; **Facilitation** (-ए'-शॉन्) *-n.* the act of facilitating, making easy. निर्विघ्नता

**Facility**-फ़ॉ - सिल्'-इ-टी- *n.* (*pl,* Facilities) ease, dexterity, aptitude, affability. सरलता, सुगमता, अनुकूलता।

**Facing**-फ़ेस्'-इङ्ग्- *n.* a coating, fronting. अञ्चल, किसी वस्तु का अग्रभाग।

**Fac-simile** - फ़ैक्-सिम्'- इल् - ई- *n.* an exact copy or representation of

writing, picture &c. प्रतिलिपि, ठीक नमूना या नक़ल ; Fac-similist ( -इस्ट ) *n.* one who makes an exact copy. प्रतिलिपि ( ठीक नमूना ) बनाने वाला ।

**Fact**-फ़ैक्ट्- *n.* anything done, deed, assertion, truth, reality. कार्य, कृति, दृढ़ कथन, सचाई, यथार्थता ; As a matter of fact ( in reality. ) सचमुच ; In fact ( really, truly. ) वस्तुतः ।

**Faction**-फ़ैक्' - शान्- *n.* an association of persons acting together ( in bad sense ), tumult, clique, dissension. दल ( पक्ष, विरोध ), हलचल, बलवा ; Factional ( -औल् ) *-adj.* of a member of a faction. विरोध पक्ष का ।

**Factionary**-फ़ैक्'-शान्-औं-री- *n.* member of a faction. बलवाई ।

**Factious** - फ़ैक्'-शस् - *adj.* turbulent, disloyal. कलहप्रिय, अराजक, बलवाई ; Factiousness ( -नैस् ) *-n.* tendency to oppose. कलहप्रियता ।

**Factitious** - फ़ैक् - टिस्' - अस्-*adj.* conventional, artificial. कृत्रिम, कल्पित ; Factitiously ( -ली ) *-adv.* in a conventional nanner. बनावटी रूप में ; Factitiousness (-नैस् ) *-n.* the quality of being artificial. कृत्रिमता ।

**Factitive**-फ़ैक्ट' - इट्-इव्- *adj.* of verb which takes an object and a complement,causative.द्विकर्मक धातु सम्बन्धी

**Factor** - फ़ैक्' - टॉर्- *n.* a commercial agent, a deputy, a component part of a number. नियोगी, प्रतिनिधि, अढ़तिया, भाज्य ( खण्ड ); Factorial (-टोर्'-इ-औल्) *n.* pertaining to a factor. भाज्य सम्बन्धी ; Factorize ( -आइज़् ) *-v. t.* to reduce into factors. खण्ड करना ।

**Factory**-फ़ैक्'-टॉर्-ई- *n.* ( *pl.* Factories.) a manufactory, a workshop. शिल्पशाला, कारख़ाना; Factory hand ( a worker in a factory. ) कारख़ाने में काम करने वाला मनुष्य ।

**Factotum**-फ़ैक्-टो'-टम्- *n.* one who is employed to do all sorts of work for another, a confidential servant. सब प्रकार का काम करने वाला नौकर, विश्वस्त अनुचर या सेवक ।

**Facula**-फ़ैक्'-यू-ला- *n.* ( *pl.* Faculæ-ली) a bright spot on the surface of the sun. सूर्य पर का चमकता चिह्न ( धब्बा ) ।

**Faculty**-फ़ैक्' - अल्-टी- *n.* ( *pl.* Faculties. ) inherent power in a body or organ, power to act, power of the mind, department of a University, special power, privilege, licence. आन्तरिक शक्ति (प्रभाव), सामर्थ्य (अधिकार), मन की शक्ति, विश्वविद्यालय का विभाग, प्रधान अधिकार ।

**Facundity**-फ़ॉ-कन्'-डिट्-टी- *n.* eloquence, ready speech. वक्तृत्व शक्ति ।

**Fad** - फ़ैड् - *n.* a hobby, craze. धुन, झक; Faddish ( -डिश् ), Faddy ( -डी ) *adjs.* prone to be crazy. धुन वाला, झक्की ; Faddishness (-डिश्'-नैस्) *-n.* the act of being crazy. शक्कीपन ;

**Fade**-फ़ेड्-*v. i.* to droop, to wither, to lose freshness, to perish gradually, to vanish, to disappear gradually. मुरझाना, धीरे धीरे लुप्त होना, क्षीण होना, फीका पड़ना ; Faded ( ऐड् ) *-adj.* insipid, weak. फीका, दुर्बल ; Fadingly ( -इङ्ग्-ली) *-adv.* in a fading manner. मुरझाते हुए ; To fade from memory ( to disappear from memory. ) स्मृति से निकल जाना, भूल जाना ।

**Fadge**-फ़ैज्- *n.* a bundle. गठरी; *-v. i.* to fit, to agree. योग्य होना, अनुकूल होना ।

**Fading**-फ़ेड्'-इङ्-*n.* loss of freshness. म्लानता; *-adj.* losing freshness. मुरझाता हुआ ।

**Faecal** फ़ी'-कौल्-*adj.* pertaining to faeces. मल ( विष्ठा ) सम्बन्धी ।

**Faeces**-फ़ी'-सीज़्-*n.* the excrements of the bowels. विष्ठा, मल ।

**Faffle**-फ़ैफ़्'-फ़्ल्-*v. i.* to stammer. हकलाकर बोलना, हकलाना ;

**Fag**-फ़ैग्-*v. t.* & *i.* to make weary, to work hard. थकना या थकाना, परिश्रम करना; *n.* a slave. दास; Faggery (-गर्'-ई) *n.* drudgery. थकानेवाला कार्य; The fag end ( the latter part of anything.) अवशेष भाग, अन्तिम भाग ।

**Faggot.**, **Fagot**-फ़ैग्'-गॉट् - *n.* bundle of sticks used for fuel. इन्धन के उपयोग का लकड़ी का गट्ठा ; *-v. t.* to bind in faggots. ऐसा गट्ठा बाँधना ।

**Fahrenheit**-फ़ार्'-ऐन्-हाइट्-*n.* the name used for a thermometer in which the

freezing point is represented by 32° and boiling point by 212° एक प्रकार का गर्मी सर्दी नापने का यन्त्र ( थर्मामेटर )।

**Fail**-फेल्-*n.* failure, hindrance. अवरोध, असफलता, रुकावट;-*v. t.* & *i.* to die, to decay, to disappoint. कम होना, नष्ट होना, असफल होना, हताश करना; He failed to come (he did not come.) वह आया नहीं; His heart failed him ( he lost his courage. ) उसका धैर्य छूट गया; Without fail ( certainly. ) अवश्य; Words fail me ( I am unable to describe. ) मैं ठीक ठीक वर्णन नहीं कर सकता।

**Failing**-फेल्'-इङ्ग्- *n.* weakness, a foible. अवगुण, न्यूनता; Failingly (-ली) *adv.* with weakness. न्यूनता से।

**Failure**- फेल्'-यर्- *n.* non-performance, omission, deficiency. कार्य का न होना; न्यूनता।

**Fain**-फेन्-*adj.* & *adv.* with pleasure, gladly. आनन्द सहित, प्रसन्नता पूर्वक।

**Faint**-फेन्ट्-*adj.* wanting in strength, fading, not bright, exhausted, hardly able to be heard. शक्तिहीन, मुरझाया हुआ, धुंध ( निस्तेज ), शिथिल, कठिनता से सुनने योग्य; -*v. i.* to lose courage, to swoon. शिथिल होना, मूर्छित होना; Faint-hearted ( easily yielding to fear. ) कादर, डरपोक।

**Fainting**-फेन्ट्'-इङ्ग्-*n.* falling into a swoon. मूर्छा;-*adj.* swooning. मूर्छित।

**Faintish**-फेन्ट्'-इश्-*adj.* somewhat faint. कुछ धूमिल रङ्ग का।

**Faintly**-फेन्ट्'-ली-*adv.* in a feeble manner. थोड़े बल से; Faintness ( -नेस् )-*n.* the state or quality of being faint. दुर्बलता, फीकापन।

**Fair**-फेअर्-*adj.* bright and clear, pure, beautiful, handsome, pure, satisfactory, abundant, moderately good, equitable, candid, favourable, gentle, prosperous, frank, honest. चमकीला और स्वच्छ, सुन्दर, सन्तोषजनक, न्याययुक्त, स्पष्ट, अनुकूल, नम्र, पवित्र, इमानदार;-*n.* periodical market for sale of goods. मेला ( हाट );-*adv.* gently, frankly, courteously. नम्रता से, स्पष्ट रूप से, कृपापूर्वक; A fair fight ( just encounter. ) धर्मयुद्ध; By fair means ( honestly. ) इमानदारी के साथ; Fair and square ( honest. ) इमानदार; Fair day ( bright day. ) सुदिन; Fair-minded (impartial.) अपक्षपाती; Fair-play (even-handed justice.) सबके लिये बराबरी का व्यवहार; Fair-spoken ( using gentle speech. ) मीठा बोलनेवाला; The fair sex (female sex.) स्त्री जाति; To bid fair ( to be likely.) सम्भव होना।

**Fairing**-फ़ेअर्'इङ्ग्- *n.* a present which is bought at a fair. मेले में खरीदा हुआ सौगात, उपहार।

**Fairly**-फ़ेअर्'-ली- *adv.* justly, neatly, clearly, न्याय पूर्वक, स्वच्छता से; Fairness (-नेस् )-*n.* the quality or character of being fair. सुन्दरता, शोभा।

**Fairy**-फेअर्'-ई-*n.* ( *pl.* Fairies ) a small supernatural being of graceful human form. अप्सरा, परी; -*adj.* fairy-like, unreal. अप्सरा तुल्य, असत्य; Fairyland ( the abode of fairies. ) परियों का प्रदेश; Fairy-rings ( circles in the fields caused by funguses. ) घास के मैदान में गहरे रङ्ग के गोल धब्बे।

**Faith**-फेथ्- *n.* reliance, trust, confidence, fidelity, religious belief. विश्वास, श्रद्धा, भक्ति, निष्ठा; In good faith ( honestly. ) इमानदारी से, सचाई से।

**Faithful** - फेथ्' - फुल् - *adj.* loyal in one's faith or belief, trustworthy, true. राजभक्त, विश्वसनीय, (बात का पक्का); सच्चा Faithfulness ( -नेस् )-*n.* fidelity, loyalty, truth. भक्ति, प्रतिज्ञापालन, सत्यता; Faithfully (-फुल-लि)-*adv.* in a faithful manner. भक्ति पूर्वक, निष्कपट।

**Faithless**-फेथ्'-लेस्-*adj.* destitute of faith. disloyal. भक्तिहीन, अविश्वासी, अराजक, ( व्यभिचारिणी ); Faithlessness (-नेस्)-*n,* the quality of being faithless. अविश्वास, अभक्ति: Faithlessly ( -ली ) -*adv.* in a faithless manner. अविश्वास से।

**Fake**- फेक्-*n.* a coil of rope, a cheat. रस्से की गेंडुरी, बेइमान आदमी।

**Falcate**-फ़ाल्'-केट्-*adj.* bent like a sickle. हँसुए की तरह घूमा हुआ।

**Falchion**-फ़ॉल् -शन्- *n.* a kind of short broad curved sword. मुड़ी हुई छोटी तलवार, कृपाण।

**Falciform**-फ़ॉल्'-सि-फ़ॉर्म - *adj.* shaped like a sickle. हँसुए के आकार का।

**Falcon**-फ़ाल्'-कॉन्-*n.* a small bird of prey trained for sport. श्येन पक्षी, बाज़; **Falconer** (-फ़ॉक्'-ऑन्-अर्)-*n.* one who breeds and trains hawks. बाज़ को पालने या सिखाने वाला; **Falconry** (-फ़ॉक्'-ऑन्-री) *n.* the art of training hawks. बाज़ को सिखलाने की कला।

**Falderal**-फ़ाल्'-डर्-ऑल्- *n.* a meaningless refrain. गीत में का (निरर्थक) टेक।

**Faldstool**-फ़ॉल्ड्'-स्टूल्-*n.* a camp stool. खेमे में रखने की छोटी तिपाई।

**Fall**-फ़ॉल्-*v. i.* (*p. t.* Fell, *p. p.* Fallen.) to descend, to drop, to come down, to be diminished in weight or value, to come to an end suddenly, to sink to a lower level, to slope, to perish. उतरना, गिरना, कम होना, मन्द होना, सस्ता होना, समाप्त होना, नाश होना; To fall across (to meet by chance.) अनायास भेंट करना; To fall a prey to (to become a victim.) शिकार बन जाना; To fall away (to pine.) दुर्बल होना; To fall back (to recede.) पीछे हटना; To fall down (to trip.) गिर पड़ना; To fall foul (to make an attack.) आक्रमण करना; To fall in (to comply.) सहमत होना; To fall into a rage (to become angry.) क्रुद्ध होना; To fall in with (to meet.) मिलना, भिड़ना; To fall into (to stand in lines.) पाँति में खड़े होना; To fall into error (to make a mistake.) अशुद्धि करना; To fall off (to withdraw.) अलग होना; To fall out (to quarrel.) झगड़ा करना; To fall on (to attack.) आक्रमण करना; To fall short (to be deficient.) कम होना; To fall to (to begin.) आरम्भ करना; To fall under (to come under.) आधीन होना; To fall within (to come within.) अन्तर्गत होना; To fall to pieces (to crumble.) टुकड़े टुकड़े हो जाना।

**Fall**-फ़ॉल्- *n.* act of falling, destruction, ruin, decrease in price, declivity, cataract, autumn. गिराव, नाश, सस्ती, उतार, पानी का झरना, पतझड़ का काल।

**Fallable**- फ़ॉल्'-ऑ-बल्- *adj.* liable to fall. गिरने योग्य।

**Fallacious**-फ़ॉल्-ले'-शस्- *adj.* deceptive and misleading. मिथ्या, भ्रमजनक; **Fallaciously** (-ली)-*adv.* in a fallacious manner. भ्रम सहित; **Fallaciousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being fallacious. भ्रम।

**Fallacy**-फ़ॉल्'-ली-सी- *n.* (*pl.* Fallacies) misleading argument, error, deceptive appearance, delusion. भ्रान्ति, अशुद्धि, भ्रम, हेत्वाभास।

**Fallen**-फ़ॉल्'-ऐन्-see Fall.

**Fallibility**- फ़ॉल्-लिब्-इल्'-इट्-ई- *n.* liability to error. भ्रमत्व, अशुद्धि।

**Fallible**- फ़ॉल्'-लि-बल्- *adj.* liable to error or mistake. भ्रमकारी; **Fallibly** (-लिब्'-ली)-*adv.* in a fallible or deceptive manner. भ्रम से।

**Falling**-फ़ॉल्'-इङ्- *n.* that which falls down. गिरने वाला पदार्थ; **Falling sickness** (epilepsy.) अपस्मार रोग; **Falling-star** (a meteor) टूटता तारा।

**Fallow**- फ़ॉल्' - लो- *adj.* uncultivated (land.) बंजर, ऊसर (खेत); -*v. t.* to break up land for sowing. बोने के लिये भूमि तैयार करना; -*adj.* of pale brownish colour. पीले भूरे रंग का; **Fallow deer** (a kind of deer.) एक प्रकार का हरिन; **Fallowness** (-नेस्) -*n.* the state of lying untilled. ऊसरपन, बंजरपन।

**False**-फ़ॉल्स्- *adj.* untrue, wrong, erroneous, incorrect, not genuine, counterfeit, artificial. असत्य, मिथ्या, झूठा, खोटा, कृत्रिम; **False coin** (counterfeit coin.) बनावटी सिक्का; **Falsehood** (-हुड्) *n.* want of truth. मिथ्या, झूठ; **Falsely** (-ली) -*adv.* not truly. झूठी तरह से; **Falseness** (-नेस्)-*n.* the state of being false. असत्यता।

**Falsification**-फ़ॉल्'-सिफ़्-इक्-ए'-शन्- *n.* the act of falsifying, confutation. कूटकरण, झूठा करना।

**Falsifier**-फ़ॉल्-सि-फ़ाइ'-अर्- *n.* one who falsifies. कपट करने वाला।

**Falsify**-फ़ॉल्-सि-फ़ाइ' - *v. t.* (*p.t.* Falsified.) to misrepresent, to prove to be false. कपट करना, मिथ्या सिद्ध करना।

**Falsity**-फ़ॉल्स्'-इट्- ई- *n.* the quality of

being false, false assertion. असत्यता।

**Falter**-फ़ाल्ट्'-टर्- *v. i.* to stumble, to stagger, to stammer in speech, to hesitate. लड़खड़ाना, भचकना, हकलाना, डगमगाना।

**Faltering**-फ़ॉल्ट्'-अर्-इङ्ग्- *n.* feebleness, deficiency. दुर्बलता, हीनता;-*adj.* hesitating. आगा पीछा करते हुए; **Falteringly** (-ली) -*adv.* in a faltering manner. गद्गद वाणी से।

**Fame**- फ़ेम् - *n.* reputation, renown, celebrity. यश, कीर्ति, प्रसिद्धि; -*v. t.* (*passive.*) to be currently reported. प्रसिद्ध होना; **Famed** (-ड्) -*adj.* renowned. प्रसिद्ध, कीर्तिमान; **Fameless** (-लेस्) -*adj.* without renown. अप्रसिद्ध; **House of ill-fame** (bawdy-house.) वेश्या गृह।

**Familiar**- फ़ॅ-मिल्'-यर्- *adj.* in close friendship, (well acquainted with), well known, usual, current. परिचित, प्रसिद्ध, सामान्य, प्रचलित; **Familiarity** (-लॅ-ऑर्'-इट्-ई) -*n.* close intimacy, freedom from constraint. सुपरिचय, मेलजोल; **Familiarize** (-आइज़्) -*v. t.* to make well acquainted with, to accustom, to habituate. परिचय कराना, अभ्यास कराना; **Familiarly** (-ली) -*adv.* in a familiar manner. परिचित रूप से, लौकिक रीति से।

**Family**-फ़ॅम्'-इल्-ई- *n.* (*pl.* **Families**) the members of a household, parents and children living together, children of a person, race. कुटुम्ब (कुल, वंश), सन्तति, बालबच्चे, जाति; **Family dispute** (quarrel in family.) गृहकलह; **Family man** (a man with a family.) परिवार वाला मनुष्य; **Family-tree** (geneological table.) वंशवृक्ष; **In the family way** (pregnant.) गर्भवती।

**Famine**-फ़ॅम्'-ईन् *n.* extreme scarcity of food. दुर्भिक्ष, दुष्काल, अकाल; **Famine relief** (the relief work during a famine.) दुर्भिक्ष के निवारण की विधि; **Famine-stricken** (afflicted with famine.) दुर्भिक्ष पीड़ित, अकालपीड़ित।

**Famish**-फ़ॅम्'-इश्- *v. t.* & *i.* to starve, to perish from extreme hunger. भूखों मरना, क्षुधा पीड़ित होना; **Famished** (-ड्) -*adj.* starved. क्षुधापीड़ित; **Famishment** (-मॅन्ट्)-*n.* starvation. भूखों मरना।

**Famous**-फ़े'-मस् - *adj.* celebrated, renowned, distinguished. प्रसिद्ध, विख्यात; **Famously** (-ली) -*adv.* so as to become famous. प्रसिद्धि से।

**Famulus**-फ़ॅम्'-यु-लस्- *n.* a magician's attendant. जादूगर का सहायक।

**Fan**-फ़ॅन्- *n.* a winnowing machine, a rotating apparatus for giving current of air, the propeller of a boat or windmill, devotee of a special amusement. हवा करने का यन्त्र, (व्यजन, बेना, पंखा), नाव, जहाज या हवा की चक्की चलाने का यन्त्र, किसी खेल का अनन्य अनुरागी; -*v. t.* (*p. t.* **Fanned**) to winnow, to drive current of air. हवा से उड़ाना, ओसाना; **To fan the flame** (to blow a flame, to excite.) आग सुलगाना, उत्तेजना बढ़ाना, उत्तेजित करना।

**Fanner**- फ़ॅन्'-नर् - *n.* a winnowing machine. ओसाने का यन्त्र।

**Fanatic**-फ़ॅ-नॅट्'-इक्- *adj.* & *n.* unreasonably enthusiastic in religion, a person of religious zeal. धर्मोन्मत्त, हठधर्मी; **Fanatical** (-ऑल्) -*adj.* fanatic. भ्रान्त बुद्धि वाला; **Fanatically** (-ऑल्-लि) -*adv.* in a fanatic manner. हठपन से, झक से।

**Fanaticism** - फ़ॅन्-नॅट्'-इस्-इज़्म्- *n.* extravagant zeal. धर्मोन्माद, धार्मिक हठ।

**Fanaticize**-फ़ॅ-नॅट्'-इस्-आइज़्- *v. t.* to render fanatic. पागल करना या बनाना।

**Fancied** - फ़ॅन्' - सीड्- *adj.* imaginary. अनुमान या कल्पना किया हुआ।

**Fanciful**-फ़ॅन्'-सी-फ़ुल्- *adj.* whimsical, visionary. काल्पनिक, मनकल्पित; **Fancifully** (-फ़ुल्-लि) -*adv.* in a fanciful manner. मनतरङ्ग से; **Fancifulness** (-नेस्)- *n.* the quality of being fanciful. चञ्चलचित्तता।

**Fancy**-फ़ॅन्'-सी- *n.* (*pl.* **Fancies**) the faculty of forming images in the mind, imagination, conception delusion, caprice, whim, inclination. कल्पनाशक्ति, माया, भावना, तरङ्ग, रुचि; *adj.* pleasing to the taste. रोचक; -*v.t.* to imagine, to conceive. अनुमान करना, मनन करना; **Fancy-fair** (a market

for the sale of fancy goods. ) सुन्दर वस्तुओं की बाजार ; Fancy-free ( free from love ) प्रेमासक्त न होना ; Fancy goods *n.* fabrics of various kinds and patterns. बिक्री के दिखौवा माल : Fancy price *n.* very high price. अति अधिक मूल्य ; To catch the fancy of ( to please. ) प्रसन्न करना ; To take a fancy to ( to imagine. ) कल्पना करना ; Fancy-monger ( one who deals in imaginative tricks. ) काल्पनिक ।

**Fang**-फ़ैङ्ग्-*n.* a serpent's venom tooth, the root of a tooth. साँप का विषैला दाँत, दाँत की जड़ ; Fangless ( -लेस् ) -*adj.* without fangs. बिना फन का ।

**Fangle** - फ़ैङ्ग्' - गल् - *n.* novelty. नवीनता ।

**Fanion**-फ़ैन्'-यॉन्- *n.* a surveyor's flag. पैमाइश करने वाले की झण्डी ।

**Fannel**-फ़ैन्-नेल्- *n.* a banner. झण्डा ।

**Fanon** - फ़ैन्'-ऑन् - *n.* a napkin, scarf. छोटा अंगौछा, रूमाल ।

**Fantast**-फ़ैन्'-टैस्ट्- *n.* a dreamer. मन की तरङ्ग लेने वाला ; Fantastic ( -इक् ) *adj.* whimsical, eccentric, odd. तरङ्गी ( मनमौजी ), झक्की, भद्दा ; Fantastically ( -ऑल्'-लि ) -*adv.* in a fantastic manner, whimsically. तरङ्ग में, झकसे ; Fantasticalness (-नेस् ) -*n.* the quality of being fantastical, humorousness. झक, मन की तरंग ।

**Fantasy, Phantasy** - फ़ैन्'-टी-सी - *ns.* power of fancy, imagination, mental image, whim. कल्पना, अनुमान, झक ।

**Far** - फ़ार् - *adj.* ( *comp.* Farther, *sup.* Farthest. ) *adv.* & *n.* at a great distance, remote, alienated. दूर तक, बहुत दूर, बढ़कर ; As far as ( up to that extent. ) वहाँ तक ; By far ( in a great degree. ) बहुत कुछ ; Far-famed ( very famous. ) अति प्रसिद्ध ; Far-fetched ( brought from a remote place, forced. ) असुगम, क्लिष्ट ; Far from ( at a great distance ) बड़ी दूरी पर ; From far ( from a remote place. ) बड़ी दूरी से ; Far-sighted ( seeing to a great distance. ) दूरदर्शी ; He will go far ( he will do much. ) वह बहुत कुछ करेगा ; In so far as ( as far as possible. ) जहाँ तक हो सके ; So far ( up to now. ) अब तक ।

**Farad** - फ़ैर्' - रैड्- *n.* a practical unit of electrical capacity. बिजली की एक विशेष नाप ।

**Farce**-फ़ार्स्- *n.* a dramatic work marked by humour, worthless proceeding. प्रहसन, हँसी का नाटक, सवाँग ।

**Farcical**-फ़ार्'-सिक्-ऑल्-*adj.* ludicrous, ridiculous. हँसी का ।

**Fard**-फ़ार्ड्- *n.* a white paint for the face. चेहरे पर लगाने का सफ़ेद रोगन ।

**Fare**-फ़ेअर् - *n.* the cost of conveying passengers, food, provisions for the table. केराया, भाड़ा, आहार, भोजन ; -*v. i.* to travel, to happen, to feed. यात्रा करना, होना, भोजन करना ।

**Farewell**-फ़ेअर्-वेल्'- *n.* & *interj.* leave-taking, adieu, may you fare well ! good-bye. बिदाई, नमस्कार, भला हो !

**Far-fetched**-फ़ार्'-फ़ेच्ड्- *adj.* not naturally deduced. असामान्य, असंगत ।

**Farina** - फ़ॅ-री' - नॉ- *n.* ground corn, starch, pollen. आटा, माड़ी, पराग ।

**Farinaceous** - फ़ॅर्-इन्-ए'-शस्-*adj.* consisting of starch. आटे का, पुष्परेणु का ।

**Farinose**-फ़ॅर्'-इन्-ओस् - *adj.* sprinkled with fine powder. महीन बुकनी छिड़का हुआ, आटा पोता हुआ ।

**Farm**-फ़ार्म् - *n.* land used for cultivation. कृषिक्षेत्र, खेत; -*v. t.* to let land for cultivation, to till. जोतने बोने के लिये खेत देना, खेत जोतना ; Farm-house ( a house which is attached to a farm. ) खरिहान के पास का किसान का घर ; Farm-yard ( the enclosure attached to a farm. ) क्षेत्रवाटिका ।

**Farmer**-फ़ार्म्' - अर्- *n.* one who cultivates a farm, a husbandman. क्षेत्रजीवी, खेतिहर ; Farming ( - इङ्ग् )- *n.* business of cultivating land. कृषिकर्म, किसानी ।

**Farrago** - फ़ॅर्-रे'-गो - *n.* a medley, a confused mass. मिश्रण, गड़बड़झाला ।

**Farrier** - फ़ॅर्' - रि-अर्- *n.* a veterinary doctor, a shoeing-smith. अश्वचिकित्सक, नालबन्द ।

**Farrow**-फ़ॅर्'- रो- *n.* a litter of pigs.

सुअर की झोल ; *-v. t.* to bring forth pigs. सुअर पालना ।

**Fart**-फ़ाट्ट्- *v. t.* to emit wind from anus. गुदा से वायु छोड़ना, गोज़ करना ।

**Farther**-फ़ार्'-दर्- *adj.* & *adv.* in addition to, besides, additional, more remote or distant. अतिरिक्त, आगे, अधिक दूर ; **Farthermost** ( -मोस्ट् )*-adj.* farthest. दूरतक, सब से दूर ।

**Farthest** - फ़ार्'-देस्ट्-*adv.* & *adj.* most distant, at the greatest distance. अतिदूर, दूरतम, बहुत दूर ।

**Farthing** - फ़ार्द्'-इङ्ग्- *n.* ( *abbr.* q. ) the fourth of a penny, a small amount. पेनी का चौथा भाग, अत्यल्प धन ।

**Fascicle** - फ़ॅस्'-सॅ-कुल्- *n.* a bunch or small bundle. गुच्छा, छोटी गठरी ; **Fascicled** ( - ड् )*-adj.* clustered together. गट्ठा बनाया या किया हुआ ।

**Fascinate** - फ़ॅस्' - सिन् - एट् - *v. t.* to charm, to enchant, to captivate. यन्त्र द्वारा वश में करना, जादू डालना, मोह लेना ; **Fascinating** ( - इङ्ग् ) *-adj.* charming, captivating. मनोहारी, चित्त आकर्षित करने वाला ; **Fascination** ( -ए'-शॉन् ) *-n.* alluring influence. माया ( मोहन ), इन्द्रजाल ; **Fascinator** (-ऑर्) *n.* one who fascinates or captivates. मोहने वाला मनुष्य ।

**Fascism** - फ़ॅस्'- इज़्म्- *n.* the creed of fascists. एक राजनैतिक सिद्धान्त ।

**Fascists**-फ़ॅश्'-इस्ट्स्- *n. pl.* a political party opposed to socialism. व्यक्तिगत स्वतन्त्रता से विरुद्ध सिद्धान्त ।

**Fash**-फ़ॅश्-*v. t.* to trouble. कष्ट देना ।

**Fashion**-फ़ॅश्' - ऑन्- *n.* style, model, manner, shape of dress, pattern, prevailing custom, genteel society. रीति, प्रकार, चालढाल, ( लोक व्यवहार, सम्प्रदाय ), सभ्यसमाज ; *-v. t.* to form, to mould, to shape. विधान करना, निर्माण करना ; **Fashionable** ( -ऑ - बल् )*-adj.* according to fashion, modish, stylish. लोकाचार के अनुरूप ; **Fashionableness** (-नॅस्) *n.* modish elegance, the state of being fashionable. व्यवहारिकता ; **Fashionably** ( -ऑब्'-ली) *-adv.* according to fashion. चालढाल के अनुसार ;

**Fashioner** (-अर्)*-n.* one who fashions things. पदार्थ निर्माण करने वाला; **Fashion-monger** ( one who studies fashions, a fop.) चालढाल का अध्ययन करने वाला, छैला, बांका ।

**Fast**-फ़ास्ट्-*v. i.* to abstain from food, to go without food. उपवास करना, आहार न करना ; *-n.* the act of fasting. उपवास, अनाहार ;*-adj.* firmly attached, rapid, close, sound, quick. कसा हुआ, गाढ़, तीव्र, शीघ्र ; *-adv.* firmly, securely. कसकर, सावधानी से ; **Fast asleep** ( in deep slumber. ) घोर निद्रा में ; **Fast friends** ( close friends.) परम मित्र ; **Fast-handed** ( avaricious.) कृपण, कंजूस ; **Fast colour** ( unfading colour. ) पक्का रङ्ग ।

**Fasten**-फ़ा'-सॅन् - *v. t.* & *i.* to make firm, to attach tightly. बाँधना ( जकड़ना, गूँथना ), दृढ़ करना ; **Fastener** (-अर्)*-n.* that which fastens. बाँधनेवाला पदार्थ ; **Fastening** ( फ़ास्' - निङ्ग् ) *-n.* anything that makes fast. बन्धन ।

**Fastidious**-फ़ॅस्-टिड्'-इ-अस्-*adj.* overnice in one's tastes, hard to please. दुराराध्य, उपेक्षा बुद्धिवाला ; **Fastidiously** (-ली ) *adv.* in a fastidious manner. दुराराध्यता से ; **Fastidiousness** (-नॅस्) *-n.* the quality of being fastidious उपेक्षा बुद्धि ।

**Fasting**-फ़ास्ट्'-इङ्ग्- *n.* act of abstaining from food. अनाहार, लङ्घन ।

**Fastness**- फ़ास्ट्'- नॅस्- *n.* the state of being swift. दृढ़ता, स्थिरता ।

**Fat**- फ़ॅट्- *adj.* ( *comp.* Fatter, *sup.* Fattest. ) plump, thick, oily, fertile, corpulent. स्थूल ( मांसल ), मोटा, चिकना, उपजाऊ, चरबीदार ;*-n.* an oily substance obtained from animal bodies. बसा, चरबी ; **Cut up fat** ( leave much money. ) अधिक धन छोड़कर मरना ; **Fat-head** ( a stupid fellow. ) मूर्ख मनुष्य; **Fatness** ( नॅस्) *-n.* the quality of being fat, plumpness. मोटापन ; **Kill the fatted calf** ( to receive with joy. ) प्रसन्नता पूर्वक स्वागत करना ।

**Fatal**-फ़े'-टॅल्-*adj.* appointed by fate, mortal. प्राणनाशक, मृत्युजनक ।

**Fatalism**-फ़े'-टॅल्-इज़्म् - *n.* the doctrine

that all things are subject to fate. दैवाधीनता ( भाग्य पर भरोसा )।

**Fatalist** फ़े'-टील्-इस्ट्-*n.* a believer in fate. भाग्यपरायण ।

**Fatality** -फ़ॅ-टॅल्'-इट्-ई -*n.* calamity. विपत्ति, कष्ट ।

**Fatally** -फ़े'-टॅल्-ली -*adv.* so as to be fatal. नाश सहित ।

**Fate** फ़ेट्-*n.* destiny, appointed lot, doom, death. दैव ( भाग्य ), भवितव्यता, अन्त ; **Fated** (-ऐड्) -*adj.* destined. नियत, निर्दिष्ट ; **Fateful** ( -फुल् ) -*adj.* of fatal power. प्राणहर ; **Fatefully** ( -फुल्-लि ) *adv.* in a fatal manner. प्राणहर विधि से ।

**Father**-फ़ा'-दर्-*n.* a male parent, forefather, a word of respect ued for an old man, originator. वृद्ध पुरुष के लिये आदर का शब्द, उत्पादक, पिता, बाप, पूर्वज ;-*n. pl.* leading men. ( ब० व० ) वृद्धजन, बड़े लोग ;-*v. t.* to originate, to beget. उत्पन्न करना, जनना; **Father-in-law** ( father of one's husband or wife. ) ससुर ; **Fatherhood** ( state of being a father. ) पितृभाव, पिताधर्म ; **Fatherland** ( land of one's fathers. ) पैतृक भूमि ; **Fatherless** (-लॅस् ) -*adj.* without a father. पितृहीन ; **Fatherly** ( -ली ) -*adj.* pertaining to a father, tender. पितासदृश, वात्सल्य ; **Step-father** ( husband of the mother of a child by previous marriage. ) सौतेला पिता ।

**Fathom**-फ़ॅद्'-अम् - *n.* a measure of six feet. छ फुट की नाप ; -*v. t.* to measure the depth of water, to comprehend. पानी की गहराई नापना, परीक्षा करना ; **Fathomable** (-अॅ-बल् ) -*adj.* capable of being fathomed. नापने योग्य ; **Fathomless** (-लॅस् ) -*adj.* not to be fathomed. अगाध ( बहुत गहरा ) ।

**Fatidical**-फ़ॉ-टिड्'-इक्-ऑल्- *adj.* having the power of foretelling events, prophetic. भविष्य कहने की शक्ति वाला ।

**Fatigue** - फ़ॉ-टीग्'- *n.* weariness from exertion. परिश्रम, थकावट ; -*v. t.* to harass, to tire, to exhaust. कष्ट देना, थकाना ; **Fatigued** ( -ड् ) -*adj.* tired. श्रान्त, थका हुआ ; **Fatigueless** (-लॅस् ) *adj.* unwearied. बिना थकावट का ।

**Fatiguing**-फ़ॉ-टीग्'-इङ्-*adj.* tiring. थकाने वाला ।

**Fatling**-फ़ॅट्'- लिङ्- *n.* a young animal fattened for slaughter. वध करने के लिये मोटा ताज़ा किया हुआ पशु का बच्चा ।

**Fatten**-फ़ॅट्'-टॅन्-*v. t.* & *i.* to make fat, to grow plump. मोटा करना, मोटा होना ।

**Fatty**-फ़ॅटी'-टी-*adj.* greasy. चर्बीदार ।

**Fatness** फ़ॅट्'-नॅस् *n.* richness, fruitfulness, the quality of being fat. मोटापन, स्थूलता, उपजाऊपन ।

**Fatuous**-फ़ॅट्'-यू-अस्-*adj.* idiotic, silly. बुद्धिहीन, मूर्ख ( गँवार ) ।

**Fauces**-फ़ॉ'-सॅस्-*n.* the upper part of the throat. कण्ठ का ऊपरी भाग ।

**Faucet**-फ़ॉ'-सॅट्-*n.* the tap of a barrel. पीपे में लगी हुई टोंटी ।

**Faugh**-फ़ॉ- *interj.* an exclamation of contempt. छिः ! छिः !

**Fault**-फ़ॉल्ट्- *n.* blemish, defect, mistake, error, imperfection. दोष, लांछन, दुर्गुण, अशुद्धि ( भूल ), अपूर्णता; **Faulter** (-अर् )-*n.* an offender. दोषी ; **Fault-finder** ( one given to find faults. ) निन्दक, अवगुण ढूँढने वाला ; **Faultiness** (-ई-नॅस् )- *n.* error. दोष, अपराध ; **To be at fault** ( open to blame. ) दोषी होना ; **To find fault with** ( to express blame. ) निन्दा करना, दोष लगाना ।

**Faultless**-फ़ॉल्ट्'-लॅस्- *adj.* without fault or blemish. निर्दोषी, निरपराध ; **Faultlessly** ( -लॅस्-ली ) -*adv.* in a faultless manner. निर्दोष से , निरपराध से ।

**Faulty**-फ़ॉल्ट्'-ई-*adj.* containing faults, imperfect. अपराधी, दोषयुक्त ।

**Fauna**-फ़ान्'-ऑ-*n. pl.* animal life of a region. किसी प्रदेश के पशुवर्ग ।

**Favour**-फ़े'-वर्- *n.* kind regard, good will, approval, undue kindness, advantage, letter, partiality. अनुग्रह, स्नेह, अनुमति, अति कृपा ( प्रीति ), पत्र, पक्षपात ; *v. t.* to approve, to treat kindly to support, to aid. अनुमोदन करना, कृपा करना, सहायता देना ; **In favour of** ( on behalf of. ) वास्ते, लिये, पक्ष में ।

**Favourable**-फ़े'-वर्-ऑ - बल्- *adj.* well-disposed, gracious, advantageous, auspicious. अनुकूल, उपकारक, भाग्यशील ; **Favourableness** (-नॅस् ) -*n.* the quality

of being favourable, suitableness, partiality. कृपा, अनुग्रह, पक्षपात ; **Favourably** (-ऑब्'-ली) *-adv.* in a favourable manner. कृपा पूर्वक ।

**Favoured**-फ़े'-वड्र्ड - *adj.* aided, conditioned. सहाय युक्त, अवस्था प्राप्त ।

**Favourite**-फ़े'-वर्-इट् - *n.* one who is preferred above others. प्रिय, इष्ट; *-adj.* regarded with fondness. प्रिय, अनुकूल।

**Favourer** - फ़े'-वर्-अर् - *n.* one who favours. उपकार करने वाला ।

**Favouritism** - फ़े'-वर्-इट्-इज़्म् - *n.* partiality. पक्षपात।

**Fawn**-फ़ॉन् - *n.* a young deer, light yellow colour, mean flattery. हरिनी का बच्चा, हलका पीला रंग, चापलूसी; *-v. i.* to show great affection, to cringe. चापलूसी करना; **Fawner** (-अर्) *-n.* a cringer. चापलूस; **Fawning** (-इङ्ग्) *-n.* flattery. चाटु वचन ; **Fawningly** (-इङ्ग्-ली) *-adv.* in a cringing manner. चापलूसी करते हुए ।

**Fay**-फ़े- *n.* a fairy. परी, अप्सरा; *-v. i.* to fit together closely. ठीक बैठना ।

**Fealty**-फ़ी'-ऑल्-टी- *n.* a tenant's loyalty to his lord. किसान या आसामी की अपने जमीदार के प्रति प्रभुभक्ति।

**Fear**-फ़िअर् *n.* painful emotion caused by impending alarm or danger, awe, dread. भय, आशंका, त्रास ; *-v. i. & t.* to be afraid, to terrify, to doubt. भयभीत होना, डराना, सन्देह करना ; **For fear of** ( lest. ) ऐसा न हो कि ; **No fear** ( there is no possibility of. ) ऐसा होने की सम्भावना नहीं है।

**Fearful** - फ़ियर'-फ़ुल - *adj.* terrible, awful, dreadful. भयंकर, भयानक ; **Fearfully** (-लि) *-adv.* in a fearful manner. भय सहित ; **Fearfulness** (-नैस्) *-n.* timidity. कायरता ।

**Fearless** - फ़ियर्'-लैस् - *adj.* free from fear. निर्भय, निःशंक ; **Fearlessly** (-लैस्-ली ) *-adv.* without fear. बिना डरे हुए ; **Fearlessness** (-नैस् ) *-n.* the state of being fearless. निर्भयता ।

**Fearsome**-फ़ियर्'- सम् - *adj.* inspiring fear. डरावना, डराने वाला ।

**Feasibility**-फ़ीज़्-ऑ-बिल्'-इट्-ई- *n.* practicability. सम्भाव्यता ।

**Feasible**-फ़ी'-ज़ि-ब्ल्- *adj.* practicable, convenient, probable. सम्भव, शक्य, साध्य ; **Feasibly** ( -ज़िब्'-ली ) - *adv.* practicably. प्रत्यक्ष रूप से ; **Feasibleness** (-नैस्) *-n.* probability. सम्भाव्यता ।

**Feast**-फ़ीस्ट्- *n.* a banquet, a sumptuous meal, a festival, gratification. उत्सव, भोज, त्योहार, सन्तोष; *-v. i. & t.* to entertain sumptuously, to delight. पर्याप्त भोजन करना, ( भोजन से सन्तुष्ट होना ), भोजन करना ; **Feaster** (-अर्) *-n.* one who fares deliciously. भोज देने वाला ; **Feasting** (-इङ्ग्) *-n.* eating luxuriously. भोज ।

**Feat**-फ़ीट्- *n.* noteworthy action, an act of valour or strength. आश्चर्य कर्म, वीरता का कार्य ।

**Feather**-फ़ैद्'-अर्- *n.* the outer covering over a bird's skin. पक्ष, पर; *-v. t.* to furnish with feathers. पर लगाना या परों से भरना ; **A feather in one's cap** ( a place of pride. ) गर्व-स्थान ; **Featherless** (-लैस्) *-adj.* destitute of feathers. बिना पर का ; **Feather weight** ( extremely light in weight. ) बहुत ही हलका पदार्थ ; **In full feathers** ( in good spirits.) पूर्ण उत्साह में; **To crop one's feathers** (to humiliate. ) विनीत करना ; **To show the white feather** ( to show indications of cowardice. ) कायरता दिखलाना ।

**Feathering**-फ़ैद्'-अर्-इङ्ग् - *n.* feathers in an arrow. तीरों में के पर ।

**Feathery**-फ़ैद्'-अर्-ई- *adj.* covered with feathers, very light. परदार, पर से ढपा हुआ, बहुत हलका ।

**Feature**-फ़ीट्'-यूर- *n.* ( *esp. pl.* ) parts of the face, distinctive part, appearance. आकृति, रूप, लक्षण ; *-v. t.* to portray. प्रगट करना ( दिखलाना ); **Feature picture** ( a drama in pictures. ) सिनेमा का नाटक ; **Featureless** ( -लैस् ) *-adj.* having no distinct features. कुरूप ( आकृति हीन )

**Febricule** - फ़ैब्-रि' - क्यूल्- *n.* a slight fever. हलका ज्वर ।

**Febrific** - फ़ैब्-रिफ्'-इक्- *adj.* producing fever, feverish. ज्वर उत्पन्न करनेवाला ( औषधि ), ज्वरांश का ।

**Febrifuge**-फ़ॆब्'-रिफ्-यूज् -*n.* a medicine for reducing or removing fever. ज्वर कम करने या हटाने वाली औषधि।

**Febrile**- फ़ी'-ब्राइल् -*adj.* pertaining to fever. ज्वर सम्बन्धी।

**February** -फ़ॆब्'-रु-ऑर्-ई -*n.* the second month of the English year. अंग्रेज़ी साल का दूसरा महीना, फर्वरी।

**Feckless** -फ़ॆक्'-लॆस्- *adj.* feeble, weak, spiritless. दुर्बल, शक्तिहीन; **Fecklessness** ( -नॆस् )- *n.* feebleness. दुर्बलता।

**Fecula**-फ़ॆक्'-यु-लॉ- *n.* starch obtained by pounding green plants. हरी बनस्पति से कूँच कर निकाला हुआ सत्व।

**Feculent**- फ़ॆक्'-यू-लॆन्ट्- *adj.* turbid, muddy. गन्दा ( मैला ), मटियाला।

**Fecund** -फ़ी' - कन्ड् - *adj.* fruitful, prolific. उपजाऊ।

**Fecundate**- फ़ी - कन् - डेट्' - *v. t.* to make fruitful. उपजाऊ करना।

**Fecundity**- फ़ी-कन्'-डिट्-ई- *n.* fruitfulness, fertility. उपजाऊपन।

**Fed**-फ़ॆड्- *p. t.* & *p. p.* of Feed.

**Federal**-फ़ॆड्'-ऍर्-ऑल्- *adj.* pertaining to a treaty between states, confederated. राज्यों की परस्पर सन्धि सम्बन्धी, सयुक्त; **Federalize** ( -आइज् )- *v. t.* to unite in compact for political purposes. सन्धियुक्त करना; **Federal Union** ( a union of several independent states. ) अनेक स्वतन्त्र राज्यों की सन्धि।

**Federate**- फ़ॆड्'-अर्-ऍट्- *v. t.* to join together in a league. एक संस्था में सम्मिलित करना।

**Federation**-फ़ॆड्'-अर्-ए-शॉन्- *n.* a federal union, confederation. सन्धि, मेल।

**Federative**-फ़ॆड्-अर्-एट्'-इव्- *adj.* joining in a league. सन्धि का।

**Fee**-फ़ी - *n.* the sum paid to a public officer for performing his function, remuneration paid to a doctor or lawyer, entrance money which is paid for examination, schooling &c. वेतन, शुल्क, फ़ीस; -*v. t.* to pay fee to. शुल्क या फ़ीस देना।

**Feeble** - फ़ी'-ब्ल्- *adj.* weak, dull, indistinct, wanting in force. दुर्बल, अस्पष्ट, अल्पशक्ति; **Feeble-minded** (irresolute. ) चंचल चित्त; **Feebleness** (-नॆस् ) -*n.* the state of being feeble. दुर्बलता, क्षीणता; **Feebly.** ( फ़ीब्'-ली ) *adv.* in a feeble manner. दुर्बलता से।

**Feed**-फ़ीड्- *v. t.* & *i.* (*p.t.* & *p. p.* Fed) to supply with food, to put food into mouth, to graze, to nourish. भोजन करना, खाना, खिलाना, चराना, पालना; -*n.* the act of feeding. भोजन कराने की क्रिया; **Feeder** (-अर्) -*n.* one who gives food, a tributary, an encourager. भोजन कराने वाला, प्रोत्साहक, सहायक नदी; **Feeding bottle** (a bottle for feeding babies.) बच्चों को दूध पिलाने का बोतल।

**Fee-faw-fum**-फ़ी'-फ़ॉ-फ़म्-*interj.* a word to frighten children. हौवा, बच्चों को डराने का एक शब्द।

**Feel**-फ़ील्-*v. t.* & *i.* ( *p. t.* & *p. p.* Felt. ) to perceive or explore by touch, to ascertain, to have pity. स्पर्श का अनुभव करना, मालूम करना, दया करना; -*n.* sense or sensation of touch. स्पर्श का ज्ञान; He shall feel my absence (*i. e.* be affected by. ) वह हमारी अनुपस्थिति का दुख भोगेगा; To feel after (to search after. ) खोजना; To feel one's way (to grope. ) टटोलना; To feel quite oneself (to be fit for. ) योग्य होना।

**Feeler**-फ़ील्'-अर्-*n.* an organ of touch in insects. कीड़े मकोड़े के स्पर्श-ज्ञान करने का अङ्ग विशेष।

**Feeling**-फ़ील्'-इङ्ग्- *n.* physical sensation, emotion, sense of touch. अनुभव (बोध, ज्ञान), चेतना, स्पर्श ज्ञान; -*adj.* conscious, affecting. चेतनायुक्त, सरस; **Feelingly** (-इङ्ग्-ली) -*adv.* in a sympathetic manner. कृपा पूर्वक, दया सहित।

**Feet**-फ़ीट्-*pl.* of Foot.

**Feeze**-फ़ीज़्- *v. t.* to twist, to screw. ऐंठना, पेंच घुमाना या ऐंठना।

**Feign**-फ़ेन्- *v. t.* & *i.* to affect or pretend, to simulate, to imagine, to counterfeit. बहाना करना, झूठा करना, अनुमान करना, छल करना; **Feigned** (-ड् ) -*adj.* pretended. बहाने का; **Feignedly** (-ऍड्-ली)- *adv.* in pretence. बहाने से

**Feint**-फ़ॆ'-अन्ट्-*n.* a sham attack, a pre-

tence. बनावटी आक्रमण, बहाना-*v. t.* to make a pretence. बहाना करना।

**Felicide**-फ़ी'-लिस्-आइड्-*n.* killing of a cat. बिल्ली की हत्या।

**Felicitate**-फ़ें-लिस्'-इट्-एट्-*v. t.* to make very happy, to congratulate. अति प्रसन्न करना, अभिनन्दन करना; **Felicitation** (-ए-शॉन्)-*n.* congratulation. धन्यवाद, बधाई; **Felicitator** (-ए'-टॉर्)-*n.* congratulator. बधाई देने वाला।

**Felicitous**-फ़े-लिस्'-इट्-अस्-*adj.* happy, delightful. परम सुखी, धन्य; **Felicitously** (-ली)-*adv.* in a delightful manner, happily. आनन्द से, सुख से।

**Felicity**-फ़े-लिस्'-इ-टी-*n.* delight, intense happiness, blessing. आनन्द, परमसुख, सौभाग्य (कल्याण)।

**Feline**-फ़ी'-लाइन्-*adj.* pertaining to a cat, cat-like. मार्जारीय, बिल्ली के समान।

**Felinity**-फ़े-लिन्' इट्-ई-*n.* cattishness. बिलैयापन।

**Fell**-फ़ेल्-*n.* skin of an animal with hair, fleece, a mountain, a barren hill. रोम सहित खाल या चमड़ा, पर्वत, निर्जन पहाड़ी;-*adj.* fierce, terrible. क्रूर, भयङ्कर; *v. t.* (*p. t.* Felled) to cut down, to strike. वृक्ष आदि को काट कर भूमि पर गिराना, मारना।

**Fell**-फ़ेल्'-*p. t.* of Fall. गिरा।

**Fellable**-फ़ेल्'-ऑ-बल्-*adj.* capable of being felled. गिराने योग्य (वृक्ष)।

**Feller**-फ़ेल्'-अर्-*n.* one who cuts down trees. वृक्ष काटकर गिराने वाला।

**Fellmonger**-फ़ेल्'-मॉङ्ग्-गर्-*n.* a dealer in sheep-skins. बकरी (या भेंड़) का चमड़ा बेचने वाला मनुष्य।

**Fellic**-फ़ेल्' - लिक् - *adj.* obtained from bile. पित्तज, पित्त से प्राप्त।

**Fellow**-फ़ेल्'-लो-*n.* an associate or comrade, a companion, equal, a male, member of a university, an individual. मित्र, सहचर, तुल्य, पुरुष, विश्वविद्यालय का सभासद, व्यक्ति; **Fellow being** (member of the same class.) सजातीय; **Fellow-feeling** (sympathy.) सहानुभूति; **Fellow-student**(one who studies with another.) सहाध्यायी; **Fellowship** (-शिप्)-*n.* companionship, society, communion. साहचर्य, सभा, समागम।

**Felon**-फ़ेल्'-अन्-*n.* one who is guilty of felony, a convict, a malefactor, a murderer. आततायी, अपराधी, अति पातकी, हत्यारा;-*adj.* fierce. भयंकर।

**Felonious**-फ़ेल्-ओन्'-इ-अस्-*adj.* wicked, worthy of great crime. दुष्ट, बड़ा पातकी; **Feloniously** (-ली)-*adv.* in a felonious manner. महापातक से; **Feloniousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being felonious. महा पातक, पाजीपन।

**Felonry**-फ़ेल्'-ऑन्-री-*n.* the convict class. पातक करने वाली जाति।

**Felony**-फ़ेल्'-ऑन्-ई-*n.* a grave crime. महापातक, महा अपराध।

**Felspar**-फ़ेल्'-स्पार्-*n.* a kind of mineral. एक धातु विशेष।

**Felt**-फ़ेल्ट्- *p. t.* & *p. p.* of Feel.

**Felt**-फ़ेल्ट्-*n.* a kind of cloth made by pressing wool with size. कम्बल, नमदा; *v. t.* to make into felt. नमदा बनाना।

**Felter**-फ़ेल्ट्'-अर्-*v. t.* to mat together like felt. नमदे के सदृश गूथना।

**Female**-फ़ी'-मेल्-*n.* &. *adj.* (*mas.* Male) of the female sex. स्त्री, स्त्रीजाति, स्त्री संबंधी; **Female friend** (a woman friend.) सखी, सहचरी।

**Feminal**-फ़ेम्'-इन्-ऑल्-*adj.* pertaining to a woman. स्त्री जाति सम्बन्धी; **Feminality**-(ऑल्'-इट्-ई)-*n.* female nature. स्त्री प्राकृति।

**Feminine**-फ़ेम्'-इन्-इन्-*adj.* of female sex, womanly. स्त्री जाति का, जनाना।

**Femininity**-फ़ेम्-इन्-इन्'-इट्-ई-*n.* womanishness. स्त्रीत्व, स्त्री की प्रकृति।

**Feminize**-फ़ेम्'-इन्-आइज़्-*v. t.* & *i.* to make effeminate. स्त्री बनाना।

**Femoral**-फ़ेम्'-ऑर्-ऑल्-*adj.* pertaining to the thigh. जंघा सम्बन्धी।

**Femur**-फ़ी'-मर्-*n.* the thigh bone. जाँघ की हड्डी, जंघापिण्डिका।

**Fen**-फ़ेन्-*n.* a low marshy land, a marsh. पङ्कभूमि, दलदल।

**Fence**-फ़ेन्स्-*n.* a wall or hedge for enclosing animals or for keeping out intruders. चहारदीवारी, आड़, मेड़, खावाँ;-*v. i.* & *t.* to protect, to surround with fence, to practise swordplay. रक्षा करना, खावें के भीतर बन्द करना,

गदका, तलवार या बनेठी से लड़ना ; A sit on fence (contemplating demeanour.) चिन्ताकुल आकृति ; On the fence (hesitating between two opinions.) आगे पीछे में ।

**Fencer**-फ़ॅन्स्'-अर्-*n.* one who fences. गदा से लड़ने वाला मनुष्य ।

**Fenceless** - फ़ॅन्स्' - लॅस् - *adj.* not enclosed, open. बिना आड़ का, खुला हुआ ।

**Fencing**-फ़ॅन्स्'-इङ्ग्-*n.* materials used in making fences, sword-play. आड़ बनाने की सामग्री, पटेबाज़ी ।

**Fend**-फ़ॅन्ड्-*v. t.* & *i.* to ward off, to maintain, to repel, to act in opposition. रोकना, दूर रखना; विपरीत कार्य करना; Fender ( -अर् )- *n.* a protection from injury. रक्षक ।

**Fenester**-फ़ॅन्-ऍस्ट्'-अर्-*n.* a window or opening-खिड़की या छिद्र ; Fenestration ( ए'-शान् )-*n.* arrangement in regard to windows ( इमारत में ) खिड़कियों की रचना ।

**Fennel**-फ़ॅन्'-नॅल्-*n.* a plant of the genus of dill. सोया के जाति का एक शाक ।

**Fenny**-*adj.* marshy. दलदली ।

**Fenugreek**-फ़ॅन्'-यू-ग्रीक्-*n.* a genus of plants allied to clover. सौंफ़, मेथी ।

**Feoff**-फ़ॅफ़्-*n.* same as Fief.

**Feoffee**-फ़ॅफ़्-फ़ी'-*n.* a person who is invested with a freehold estate. माफ़ीदार, जागीरदार ।

**Feral**- फ़ी'-रल्, **Ferine**- फ़ी'-राइन्-*adjs.* deadly, wild, brutal. मृत्युकर, प्राणहर, जङ्गली, हत्यारा ।

**Ferment**-फ़र्-मॅन्ट्'-*v. t.* to effervesce, to stir up, to excite. फेन उत्पन्न करना, उत्तेजित करना, जगाना ;-*n.* (फ़र्'-मॅन्ट्) agitation, excitement. उबाल (क्षोभ), उत्तेजना Fermentable (-ॲ-बल्)-*adj.* capable of fermentation. उफनने योग्य; Fermentative ( -ऑट्-इव् ) -*adj.* causing fermentation. उफान आने योग्य; Fermentation ( -ए'-शान् )-*n.* a chemical change by fermenting. उबाल, उफ़ान ।

**Fern**-फ़र्न्'-*n.* a kind of beautiful plant. सुन्दर महीन पत्तियों का एक पौधा; Fernery (-अर्-ई)-*n.* a place where ferns are cultivated. महीन पत्तियों के पौधों को रखने का स्थान।

**Ferocious**-फ़ॅर्-ओ'-शस्-*adj.* fierce, cruel, savage. भयङ्कर, निर्दयी, जङ्गली ; Ferociously(-ली) -*adv.* in a ferocious or cruel manner. क्रूरता से, निर्दयता से; Ferociousness ( -नॅस् ) -*n.* cruelty, barbarity. क्रूरता, असभ्यता ।

**Ferocity**-फ़ॅर्-ऑस्'-इट्-ई-*n.* cruelty, savageness, fierceness. क्रूरता, असभ्यता ।

**Ferreous**-फ़ॅर्'-रस्- *adj.* pertaining to or containing iron. लोहमय, लोहा सम्बन्धी, लोहेका ।

**Ferret**-फ़ॅर्'-रॅट्-*n.* a half-tamed variety of pole-cat. नेवले की जाति का एक प्रकार जानवर ;-*v. i.* to clear out, to search out. भगाना, खोजना ;-*n.* a kind of stout tape. मोटा फ़ीता ।

**Ferriage**- फ़ॅर्'-रि-ऍज्' *n.* fare paid at a ferry. नदीपार करने का भाड़ा या खेवा ।

**Ferric**-फ़ॅर्'-रिक्-*adj.* of iron. लोहे का ।

**Ferrotype**-फ़ॅर्'-रो-टाइप्-*n.* a process in photography in which positives are taken on thin iron plates. फ़ोटो उतारने की विधि जिसमें लोहे के पतले पत्र पर चित्र उतारे जाते हैं ।

**Ferrous**-फ़ॅर्'-रस्- *adj.* pertaining to iron. लोहा सम्बन्धी, लोहे का ।

**Ferrule**-फ़ॅर्'-रूल्-*n.* a metal ring or cap for strengthening the end of a stick or tube. लोहे की मुँदरी, सामी ।

**Ferry**-फ़ॅर्'-री-*v.t.* & *i.* ( *p.t.* Ferried. ) to convey in a boat across a river or lake. नाव पर चढ़ाकर पार उतारना ;-*n.* ( *pl.* Ferries. ) a place for ferrying, घाट, घटहा ।

**Ferry-boat**-फ़ॅर्'-री-बोट्-*n.* a boat for conveyance across a ferry. नदी के पार उतरने की बड़ी नाव ; Ferry-man ( one who conveys people across a river. ) मल्लाह, माँझी, घटहा ।

**Fertility**-फ़र्-टिल्'-इट्-ई- *n.* productiveness, fertileness. उपज ।

**Fertile**-फ़र्'-टाइल्-*adj.* able to produce abundantly, fruitful. बहुत फल देनेवाली, उपजाऊ; Fertileness ( -नॅस् )-*n.* quality of being fertile. ( सफलता ), उपजाऊपन; Fertilization ( -टिल्-आइज़्-ए'-शान् ) -*n.* process of rendering fertile. उपजाऊ होने की विधि ।

**Fertilize**-फ़र्'-टिल्-आइज़्-*v. t.* to make fertile or productive, to enrich. फलयुक्त करना, उपजाऊ करना; **Fertilizer** (-अर्) *n.* manure. खाद।

**Ferule**-फ़र्-रूल्-*n.* a cane, a rod or flat ruler which is used for striking children. बच्चों के मारने की छड़ी या बेंत।

**Fervency** - फ़र्'-वेंन्-सी- *n.* eagerness, warmth, ardour. उत्सुकता, तीक्ष्णता।

**Fervent**-फ़र्'-वेन्ट्-*adj.* warm, ardent, zealous. गरम, तीक्ष्ण, उत्सुक; **Fervently** (-ली) -*adv.* in an arduous or zealous manner. उत्सुकता सहित।

**Fervid**-फ़र्'-विड्-*adj.* very hot, burning, having burning desire. प्रचण्ड, प्रज्वलित, (उत्तम, गरम), तीक्ष्ण; **Fervidly** (-ली) -*adv.* with glowing warmth, with zeal. तीक्ष्णता से ; **Fervidness** (-नेस्)-*n.* warm zeal. उत्साह की प्रबलता।

**Fervour**-फ़र्'-वर्-*n.* intense heat, passion. तीव्रता, उत्साह (चाव)।

**Festal**-फ़ॅस्ट्'-ऑल्-*adj.* pertaining to a feast, gay. उत्सव सम्बन्धी, आनन्दी; **Festally** (-ली) -*adv.* in a festive manner. उत्सव या आनन्द से।

**Fester**-फ़ॅस्ट्'-अर्-*v. i.* to rot, to putrefy. घाव पकना, सड़ना; -*n.* an inflamed tumour. फोड़ा (गुल्म)।

**Festinate**-फ़ॅस्'-टिन्-एट्-*adj.* hasty, hurried. शीघ्रगामी, द्रुत, जल्दबाज़।

**Festival**-फ़ॅस्ट्'-इव्-ऑल्-*n.* joyful celebration, merry-making, a feast. उत्सव, (पर्व) त्योहार -*adj.* joyous. प्रसन्न।

**Festive**-फ़ॅस्ट्'-इव्'-**Festivous** (-फ़ॅस्ट्-इव्-अस्)-*adjs.* pertaining to a feast, joyous, jovial, merry. उत्सव संबंधी, आनंदी, प्रसन्न।

**Festivity** - फ़ॅस्ट्-इव्'-इट्-ई- *n.* rejoicing, festival. उत्सव काल, आनन्द का दिन।

**Festivous**-फ़ॅस्ट्'-इव्-अस्-*adj.* pertaining to a feast. भोज संबन्धी।

**Festoon**-फ़ॅस्-टून्'-*n.* chain or garland of flowers, leaves or ribbons suspended between two points. माला, तोरण, गजरा; -*v. t.* to adorn with festoons. तोरण या माला से सजाना।

**Fetch**-फ़ॅच्-*v. t.* & *i.* to go and get, to draw forth, to sell for, to realise, to move or turn. जाकर लाना, निकालना, मूल्य पर बेचना, वसूल करना, घूमना ; **To fetch out** (to cause to appear.) दिखलाना ; **To fetch up** (to cause to come up.) बुला लाना।

**Fetcher**-फ़ॅच्'-अर्-*n.* one who fetches. जाकर लानेवाला मनुष्य।

**Fetching** - फ़ॅच्-'इङ्ग्- *adj.* attractive. मोहक, आकर्षक।

**Fete**-फ़ॅट्-*n.* a festival, a holiday. उत्सव, (त्योहार), अवकाश का दिन।

**Feticide** - फ़ी'-टिस्-आइड्- *n.* destroying of foetus in the womb. भ्रूणहत्या (गर्भनाश करने का कार्य)

**Fetid**-फ़ॅट्'-इड्-*adj.* having an offensive smell. दुर्गन्धी; **Fetidness** (-नेस्) -*n.* quality of being fetid. दुर्गन्धता।

**Fetish, Fetich**-फ़ॅट्'-इश्- *n.* inanimate objects worshipped by savages. असभ्य जङ्गली जातियों के देवता ; **Fetishism** (फ़ॅट्' - इश् - इज़्म्) -*n.* belief in charms. जादू टोने में विश्वास।

**Fetlock**-फ़ॅट्'-लॉक्- *n.* part of a horse's leg where a tuft of hair grows behind postern joint. घोड़े की टखनी पर के पीछे की ओर के बालों का गुच्छा।

**Fetter**-फ़ॅट्'-टर्- *n.* a chain or shackle for the feet -(*pl.*) captivity, restraint. शृङ्खला, बेड़ी, (ब० वचन) बन्धन, रुकावट; *v. t.* to impede, to confine, to restrain. बेड़ी लगाना, बाँधना ; **Fetterless** (-लेस्) *adj.* free from fetters. बिना बन्धन का, (स्वतन्त्र), खुला हुआ।

**Fettle** - फ़ॅट्' - ट्ल्- *n.* good condition, fitness. अच्छी अवस्था, योग्यता।

**Fetus**-फ़ी'-टस्-see **Foetus.**

**Feud** - फ़्यूड्- *n.* a mutual hostility lasting for a long time, bloody strife, land held on condition of service. चिरस्थायी कलह, मृत्युकर विरोध, खिदमती, माफ़ी, रैयती।

**Feudal**-फ़्यूड्'-ऑल्- *adj.* belonging to a feud. जागीरदारी का ; **Feudalism** (-इज़्म्)- *n.* the system by which vassals held lands on condition of military service. फ़ौजी नौकरी के बदले के जागीरदार ; **Feudality** (-इट्-ई)- *n.* the state of being feudal. इस प्रकार की जागीरदारी।

**Feudatory**-फ्यू'-डी-टॉर्-ई - *adj.* holding land on feudal tenure. किसी कार्य के लिये दी हुई जागीरदारी का ; -*v. t.* to reduce to a feudal tenure. खिदमती बनाना ।

**Fever**-फ़ी'-वर्- *n.* a disease with high temperature, thirst and quick pulse, agitation, great excitement. ज्वर, (ताप) बोख़ार, उत्तेजना, बड़ी व्यग्रता ।

**Feverish**-फ़ी'-वर्-इश्- *adj.* having slight fever. ज्वरांश, थोड़ा बोख़ार ; **Feverishness** (-नेंस्) -*n.* the state of being feverish. थोड़ा ज्वर ।

**Few** - फ्यू- *adj.* (*comp.* **Fewer**, *sup.* **Fewest.**) not many, a small number. बहुत नहीं, किञ्चित् (अल्प), बहुत थोड़ा ; **A few** (a very small number.) बहुत कम (अत्यल्प) ; **In a few words** (in limited words.) गिने हुए शब्दों में, थोड़े में; **The few** (selected men.) चुने हुए लोग ; **Fewness** (-नेंस्) -*n.* smallness of number. अल्पत्व ।

**Fez**-फ़ेज़्- *n.* a tasselled red Turkish cap. झब्बेदार तुर्की टोपी ।

**Fiasco**-फ़ै-ऐस्' को- *n.* (*pl.* **Fiascos**) a signal failure. विशिष्ट असफलता ।

**Fiat** - फ़ै' - ऐट् - *n.* a formal order, decree. आज्ञा, व्यवस्था पत्र ।

**Fib**-फ़िब्- *n.* a trivial lie, falsehood. छोटा झूठ, मिथ्या; **Fibber** (-बर्) -*n.* one who tells lies. झूठ बोलने वाला ; **Fibster** (-स्टर्) -*n.* a fibber. मिथ्यावादी मनुष्य ।

**Fibre**-फ़ि'-बर्- *n.* a thread-like animal or vegetable tissue. तन्तु (सूत्र), रेशा ; **Fibreless** (-लेंस्) -*adj.* having no fibres. तन्तु रहित, बिना रेशे का ।

**Fibrous**-फ़ि'-ब्रस्- *adj.* containing fibres. तन्तुमय, रेशेदार ।

**Fibril**-फ़ि'-ब्रिल्- *n.* a small fibre. महीन रेशा; **Fibrillary** (-ऑ-रि) -*adj.* pertaining to fibres. महीन रेशेवाला ।

**Fibrin**-फ़ि'-ब्रिन्- *n.* a coagulated lymph. (वनस्पति की तथा पशुओं के शरीर की) जमने योग्य वसा ।

**Fibrous**-फ़ाइ'-ब्रस्-*adj.* see under **Fibre.**

**Fibula**-फ़िब्'-यू-ली- *n.* the bone on the outside of the leg. टाँग की अगले भाग की अस्थि; **Fibular** (-यु-लॅर्) -*adj.* belonging to fibula. टांग के अगले भाग की हड्डी का ।

**Fickle** - फ़िक्' - कल्- *adj.* inconstant, irresolute, changeable. चञ्चल (अस्थिर), चपल ; **Fickleness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being fickle, inconstancy. चञ्चलता, चपलता ।

**Fictile**-फ़िक्'-टिल्-*adj.* made or moulded by a potter, of pottery. कुम्हार का बनाया हुआ, मिट्टी के बर्तन का ; **Fictileness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being fictile. कुम्हार सम्बन्धी ।

**Fiction**-फ़िक्'-शॉन्- *n.* a thing feigned or imagined, romance, the novel. कल्पना, मिथ्या कथा, उपन्यास ; **Fictional** (-ऑल्) -*adj.* pertaining to fiction. उपन्यास सम्बन्धी; **Fictionist** (-इस्ट्) -*n.* a writer of fictions. उपन्यास लेखक ।

**Fictitious**-फ़िक्-टिश्'-अस्- *adj.* imaginary, unreal, counterfeit, not genuine. काल्पनिक, झूठा, बनावटी (कृत्रिम) ; **Fictitiously** (-ली) -*adv.* falsely. कपट के साथ, झूठी तरह से ।

**Fid**-फ़िड्- *n.* a conical piece of wood used by sailors for splitting ropes. लकडी की नोकीली खूंटी जिससे मल्लाह लोग रस्से की परत अलगाते हैं ।

**Fiddle**-फ़िड्'-इल्- *n.* a popular name for a violin. सरङ्गी, बेला, चिकारा; -*v. t.* to play on a fiddle. चिकारा या बेला बजाना ; **To fiddle about** (to do useless work.) निरर्थक काम करना ।

**Fiddle-de-dee**- फ़िड्'-इल् - डि-डी'- *n.* a trifling talk. व्यर्थ की वार्ता ।

**Fiddler**-फ़िड्इल्'-अर्- *n.* one who plays on a fiddle. सरङ्गी बजाने वाला ।

**Fiddling**- फ़िड्' - लिङ्ग्- *adj.* trifling, fidgety, futile. तुच्छ, निरर्थक ।

**Fidelity**-फ़ि-डेल्'-इ-टी- *n.* faithfulness, honesty, adherence to truth, loyalty. भक्ति (अनुराग), इमानदारी, स्वामिभक्ति ; **Fidelity to husband** (firm adherence to one's husband.) पतिभक्ति ।

**Fidget**- फ़िड्ज़्' - ऍट्- *n.* restlessness चञ्चलता, कुलबुलाहट; -*v. i.* to move restlessly. चञ्चल होना ; **Fidgetiness** (-इ-नेंस्) -*n.* the state of being fidgety.

चुलबुलाहट ; Fidgety (-टी)-*adj.* uneasy, restless. अधीर, चञ्चल ।

**Fie**-फ़ाइ - *interj.* denoting disapprobation or disgust. धिक्‌ ! छी ! छी !

**Fief**-फ़ीफ़्- *n.* a land held on condition of military service. फ़ौजी काम करने के लिये दी हुई जागीर ।

**Field**-फ़ील्ड्- *n.* a tract of land, an open country, a ground on which a battle is fought, range of vision, special subject of knowledge, a scene of campaign, sphere of operation. (भूमि), क्षेत्र, मैदान, रणभूमि, दृष्टिपथ, ज्ञान का विषय, विस्तार, कार्यक्षेत्र ;- *v. t.* to scout at cricket. क्रिकेट के खेल में फ़ील्डिङ्ग करना ; Field-book (a book used in surveying.) क्षेत्रमिति; Field-colours (small flags.) छोटी झण्डियाँ ; Fielder (-अर्)-*n.* क्रिकेट के खेल में फ़ील्डिङ्ग करने वाला ; Field-glass (a binocular telescope.) दोनली दुरबीन ; Fielding (-इङ्ग्) *n.* क्रिकेट के खेल में गेंद को रोकने का कार्य ; Field-gun (a gun used on battlefield.) युद्ध क्षेत्र की तोप ; Field-hospital (hospital in war.) रणभूमि या युद्ध क्षेत्र का हस्पताल ; Field-marshal (a military officer of the highest rank.) सेना का एक प्रधान अफ़सर ; Fieldsman (a fielder in the game of cricket.) क्रिकेट के खेल में फ़ील्ड्डिङ्ग करने वाला; Fieldsports (sports in the open air.) खुले मदान का खेल ।

**Fiend**-फ़ीन्ड्-*n.* an evil spirit, a demon, an extremely wicked person. पिशाच, (राक्षस), प्रेत, परम दुष्ट मनुष्य ।

**Fiendish** - फ़ीन्ड्'-इश् - *adj.* diabolical, malicious. पैशाची, दुष्ट, नीच ; Fiendishness (-इश्-नेस्) -*n.* the quality of being fiendish. पिशाच के समान क्रूरता ; Fiendishly (-इश्-ली) -*adv.* in a fiendish manner. पिशाच की तरह ।

**Fierce**-फ़ि'-यर्स् - *adj.* violent, raging, savage, angry. क्रूर, भयङ्कर, क्रुद्ध ; Fiercely (-ली) -*adv.* savagely, cruelly. (निष्ठुरता से), क्रूरता से ; Fierceness (-नेस्) -*n.* savageness, cruelty. प्रचण्डता, निर्दयता ।

**Fierily, Fieriness**-see Fiery.

**Fiery**-फ़ाइ-अर्'- ई - *adj.* consisting of fire, flashing, inflaming, hot as fire, eager. अग्निमय, प्रज्वलित, तीक्ष्ण, तेजस्वी, उग्र, अग्निवत्, उत्सुक ; Fierily (-इ-ली) -*adv.* hotly, in a fiery way. उग्रता से ; Fieriness (-नेस्) -*n.* the quality of being fiery. तीक्ष्णता ।

**Fife**-फ़ाइफ़्- *n.* a small shrill flute. एक प्रकार की छोटी बाँसुरी ; Fifer (-अर्)- *n.* one who plays on a fife. बाँसुरी बजाने वाला मनुष्य ।

**Fifteen**-फ़िफ़्'-टीन्- *adj.* & *n.* ten and five. पन्द्रह ; Fifteenth (-थ्) -*adj.* the fifth after the tenth. पन्द्रहवाँ ।

**Fifth** - फ़िफ़्थ् - *adj.* & *n.* next after fourth, the fifth part. पाँचवाँ, पाँचवाँ भाग ; Fifthly (-ली) -*adv.* in the fifth place. पाँचवें क्रम में ।

**Fifty** - फ़िफ़्'-टी- *adj.* & *n.* five times ten. पचास ; Fifyfold (fifty times.) पचासगुना ; Fiftieth (-ऍथ्) -*adj.* next after forty-ninth. पचासवाँ ; The fifties (age ranging from 49 to 60.) ४९ से ६० तक की आयुष्य ।

**Fig**-फ़िग्- *n.* a kind of soft pear-shaped many-seeded fruit. अञ्जीर ; I care not a fig for you (I do not care a whit for you.) मैं तुमको तृण के समान (अर्थात् तुच्छ) समझता हूँ ।

**Fight**-फ़ाइट्-*v. i.* (*p. t.* & *p.p.* Fought) to contend in war or single combat, to set to fight. युद्ध करना, लड़ना, लड़ाना ; -*n.* a battle, a contest, a combat. युद्ध, लड़ाई ; Sham fight (fight of troops for practice or display.) झूठी लड़ाई ; To show fight (not to yield easily.) धीरे से न मानना ; To fight off (to defeat by fighting.) लड़कर हराना ।

**Fighter**-फ़ाइट्'-अर्- *n.* one who fights. an aeroplane which attacks the enemy's planes. लड़ाका, योद्धा , लड़ने वाला मनुष्य, लड़ाका हवाई जहाज ।

**Fighting**-फ़ाइट्'-इङ्ग्- *n.* & *adj.* combating. युद्ध, लड़न वाला ।

**Figment**-फ़िग्' - मेन्ट्- *n.* an imaginary statement, a fiction. काल्पनिक कथन या वार्ता (मनगढंत) ।

**Figure** - फ़िग्'-यूर् - *n.* shape, external form, space enclosed by lines, a

person as seen, a drawing, a sign signifying number, statue. आकार, बाह्यरूप, व्यक्ति, चिह्न, अङ्क, रेखाओं से बनी हुई आकृति, मूर्ति ; *-v. t. & i.* to represent in a diagram, to imagine. चित्रित करना, कल्पना करना ; **A low figure** (a cheap article.) सस्ता पदार्थ ; **Figure of fun** ( a grotesque figure. ) भद्दी आकृति ; **Figureless** ( -लैस् ) *-adj.* grotesque, gross. ( आकृति हीन ) भद्दा ; **Figure of speech** ( a peculiar rhetorical expression. ) वाक्यालङ्कार ; **Low or high figure** ( cheap or dear. ) सस्ता या महँगा ; **Person of figure** ( a famous person. ) प्रसिद्ध व्यक्ति ; **To cut a poor figure** ( to appear grotesque. ) भद्दा दिखाना ; **To keep one's figure** ( not to grow stout. ) मोटा न होना ; **To figure up** (to count, to reckon. ) गणना करना, गिनना ।

**Figuration** - फ़िग्'-यूर्-ए' - शॉन्- *n.* the act of giving a determinate form. आकृति, आकार, रूपरंग ।

**Figurative**- फ़िग्'-युर्-री'-टिव्-*adj.* representing by resemblance, flowery. उपलक्षित, अलङ्कारयुक्त ; **Figuratively** ( -ली ) *-adv.* in a figurative sense. उपलक्ष सहित, अलंकारिक रीति से ।

**Figurine** - फ़िग्' - यूर्-इन्- *n.* a small figure. अल्प मूर्ति. छोटी मूर्ति ।

**Figurist**-फ़िग्'-यूर्-इस्ट्- *n.* one skilled in figures. मूर्ति या प्रतिमा बनाने वाला ।

**Filament**-फ़िल्'-औं-मेंन्ट्- *n.* a thread-like slender object, fibre, a non-fusible conductor of an electric lamp. तन्तु, सूत्र, रेशा, बिजली के लम्प का न जलने वाला तार ; **Filamentary** (-औं-रि) *-adj.* of the nature of a filament. **Filamented** ( -ऐंड् ), **Filamentous** ( -अस् ) *-adjs.* consisting of fine filaments. सूत्रमय, तन्तुपूर्ण ।

**Filatory**-फ़िल्'-औं-टोर्-ई-*n.* a machine for spinning thread. सूत कातने का एक प्रकार का यन्त्र ।

**Filature**-फ़िल्'-औं - ट्यूर्- *n.* the reeling of silk from cocoons. रेशम के कोये में से रेशम निकालकर लपेटना ।

**Filch**-फ़िल्च् - *v. t.* to steal, to pilfer, मूसना, चुराना ; **Filcher** ( -अर् ) *-n.* one who is guilty of a petty theft. हथलपक ; **Filching** (-इङ्ग् ) *-n.* pilfering, stealth. छोटी चोरी ; **Filchingly** ( -इङ्ग्-ली ) *-adv.* thievishly. चोरी से ।

**File**-फ़ाइल्- *n.* a steel instrument for rasping or smoothing, a pointed wire on which documents are strung set of papers arranged for reference, a list or catalogue, line, rank. रेती, नत्थी, लिखितपत्र, श्रेणी, पंक्ति ; *-v. t.* to smooth, to improve, to place on public records, to march or move in order. चिकनाना, उन्नति करना, दाखिल करना ( पेश करना ), पंक्ति में चलना ; **File-cutter** ( one who prepares files. ) रेती बनाने वाला ; **Filer** ( -अर् ) *-n.* one who files. रेतने वाला ; **Filings** ( -इङ्ग्ज़ ) *n. pl.* powder. रेतन ( चुरा ), बुरादा ; **To bite a file** (to do useless work.) निरर्थक कार्य करना ; **To file with** ( to be equal to. ) तुल्य होना ।

**Filemot**-फ़िल्' - ई-मॉट्- *n.* a brownish yellow colour, the colour of a faded leaf. भूरा रंग, सूखी या मुरझाई हुई पत्ती के समान रंग ।

**Filial**-फ़िल्' - यल् - *adj.* pertaining to a son or daughter. ( अपत्य ) बेटा या बेटी सम्बन्धी ; **Filial affection** ( paternal affection. ) अपत्य ( अपनी सन्तति ) के लिये स्नेह ; **Filially** (-ली) *-adv.* in a filial manner. अपत्यवत् ।

**Filiform**- फ़िल्'-इ - फ़ोर्म्- *adj.* having long and slender form, thread-like. महीन पतले आकार का, तागे की तरह का ।

**Filigree**-फ़िल्'-ऐ-ग्री- *n.* an ornamental work of fine gold or silver wire. सोने या चाँदी के महीन तार का या लैस का काम ।

**Filings**-फ़ाइल्'-इङ्ग्ज्- *n.* see File.

**Fill**-फ़िल्- *n.* full supply. पर्याप्त मात्रा ; *v. t. & i.* to make or become full, to stock, to supply with abudance to pervade, to satisfy, to hold som position, tooccupy a post. पूर्ण होना ।। करना, इकट्ठा करना, व्याप्त करना, सन्तुष्ट करना, पद धारण करना, नियुक्त होना, **To fill in** ( to complete.) पूरा करना ( खानापूरी करना ) ; **To fill out** ( to exteud.) बढ़ाना ; **To fill up** (to make

full. ) पूर्ति करना ।

**Filler**–फ़िल्'-अर्– *n.* one who or that which fills. पूरा करने या भरने वाला ; **Filling** ( -इङ्ग् ) -*n.* something that fills. भराव ।

**Fillet**–फ़िल्'-लॅट्– *n.* a ribbon or band string which is used for binding hairs on head, bandage. जूड़ा बाँधने का परान्दा, फ़ीता ; -*pl.* flesh on the liver of an animal. पशु के यकृत का माँस ; -*v. t.* to bind hair with a band. जूड़ा बाँधना ।

**Filling**–फ़िल्'-इङ्- *adj.* satisfying. सन्तुष्ट करने वाला ; -*n.* something that fills. भराव, भरने का पदार्थ ।

**Fillip**–फ़िल्'-इप्– *v. t.* & *i.* ( *p. t.* Filliped. ) to strike, to thrust. पीटना, ढकेलना;-*n.* a slight stroke of fingers, stimulus, incitement. अँगुली से टपटपाना, प्रोत्साहन, उत्साह ; Not worth a *fillip* ( of no value. ) निर्मूल, बिना दाम का, व्यर्थ का ।

**Filly**–फ़िल्'-ली– *n.* (*mas.* Colt.) a female foal, a young charming girl. बछिया, बछेड़ी, जवान सुन्दर लड़की ।

**Film**–फ़िल्म्– *n.* thin coating, thin skin, a layer or roll used in cinematograph, pictures reproduced from these. झिल्ली, चलती तस्वीर के यन्त्र की पट्टी, ऐसे चित्र का दिखलाना ; -*v. t.* to cover with a thin skin, to kinematograph. झिल्ली से ढाँकना, चलती तस्वीर के नाटक के अङ्क की रचना करना ; **Film-star** (an eminent cinema actor.) चलती बोलती तस्वीर (सिनेमा) का प्रधान पात्र ।

**Filmy**– फ़िल्म्'-ई – *adj.* composed of films. झिल्लीदार ; **Filminess** ( -ई-नॅस् ) *n.* the state of being filmy. झिल्लीपन ।

**Filoplume**–फ़िल्'-लो-प्लूम्– *n.* long slender feather. पतला लम्बा पर ।

**Filter**–फ़िल्ट्'-अर्– *n.* a contrivance for clearing liquids from matter held in suspension. छानने का यन्त्र ; -*v. t.* & *i.* to purify, to pass liquid through a filter. साफ़ करना, छानना ; **Filter-bed** ( bed for filtering. ) छानने की टङ्की या तालाब में की पेंदी ; **Filter-paper** (blotting paper used in filtering. ) छानने का सोख्ता या कागज़ ।

**Filth**–फ़िल्थ्– *n.* foul matter, loathsome dirt, pollution. पङ्क, धूलि, कूड़ा कर्कट, मलिनता ; **Filthily** ( -ई'-ली )-*adv.* in a filthy manner. मलिनता से ; **Filthiness** ( फ़िल्थ्'-ई-नॅस् )-*n.* the state of being filthy. गन्दगी, (मलिनता) ।

**Filthy**– फ़िल्थ्'-ई- *adj.* dirty, morally impure. गन्दा, अपवित्र, मलिनतापूर्ण ।

**Filtrate**–फ़िल्'-ट्रेट्– *n.* filtered liquor. निथारा हुआ तरल पदार्थ ;-*v. t.* to filter. निथारना; **Filtration** ( -ट्रे'-शॉन् )-*n.* the process of filtering. निथराई, निथारने या छानने का काम, छनाई ।

**Fimble**–फ़िम्'-बल्– *n.* the hemp plant. पटुवा का पौधा ।

**Fimbriate**– फ़िम्'-ब्रि-ऍट्– *adj.* fringed. किनारदार ; **Fimbriated** ( -ऍड् ) -*adj.* ornamented. सुसज्जित, सजाया हुआ ।

**Fin**–फ़िन्– *n.* the organ in fishes for propelling, and steering. मछली का सुफना ( पर ) ; **Finned** ( -ड् ) -*adj.* having fins. परदार ; **Finless** ( -लॅस् ) *adj.* without fins. बिना पर का; **Finny** (-नी)-*adj.* like fins. सुफने की तरह का ।

**Final**– फ़ाइन्' - ऑल्– *adj.* conclusive, ultimate, coming last. अन्तिम, निर्णीत, आख़िरी ; -*n.* the end. अन्त ; **Finality** (-नॅल्'-इ-टी)-*n.* the state of being final. अन्तिम स्थिति; **Finally** ( -ली )-*adv.* completely, lastly. पूरी तरह से, अन्ततोगत्वा ।

**Finale**–फ़ि-नॉ'ले– *n.* the end, the last movement in a musical composition. अन्त, बजाने में अन्तिम गति ।

**Finance**– फ़ि-नॅन्स्'– *n.* ( *pl.* ) money affairs, management of public money. आर्थिक व्यवस्था, इसका प्रबन्ध ; -*v. t.* to manage financially. आय व्यय का प्रबन्ध करना ; **Financial** ( -नॅन्'-शॅल् ) -*adj.* pertaining to revenue. आय सम्बन्धी ; **Financially** (-शॅल्'-ली)-*adv.* in relation to finance. हिसाब किताब से; **Fianancier** (-सि-अर्)-*n.* one who is skilled in managing public affairs. कोषाध्यक्ष,रोकड़िया ।

**Finch**–फ़िन्श्– *n.* a kind of small bird. एक प्रकार की छोटी चिड़िया ।

**Find**–फ़ाइन्ड्– *v. t.* (*p.t.* & *p.p.* Found) to discover, to obtain, to receive, to experience, to succeed. अन्वेषण करना, प्राप्त करना, पाना, अनुभव करना,

सफल होना ; To find fault with ( to censure.) भर्त्सना करना ; To find oneself (to fulfil one's desires.) अपनी आवश्यकता या इच्छा पूर्ण करना ; To find out ( to investigate, to discover.) पता लगाना ।

**Findable**-फाइन्ड्'-अ्-बल्- *adj.* discoverable. प्राप्त करने या खोजने योग्य ।

**Finder**-फाइन्ड्'-अर्- *n.* one who or that which finds. पता लगाने वाला, अन्वेषण करने वाला ; **Finding** ( -इङ्ग् )- *n.* discovery. खोज, अनुसन्धान ।

**Fine**-फाइन्- *adj.* clear, refined, thin, slender, beautiful, delicate, pure, nice, excellent, satisfactory. स्पष्ट, शिष्ट, कोमल, सुन्दर, प्रतिष्ठित, पतला, महीन, नोकीला, ललित, सन्तोषप्रद ; -*n.* sum imposed by way of penalty. अर्थदण्ड, जुर्माना; -*v. t.* to punish by fine. अर्थदण्ड देना, जुर्माना करना ; **Fine arts** ( arts depending on imagination. ) ललित कला; **Fine gentleman** ( a fashionable person. ) ठाट वाला मनुष्य ।

**Fine-draw**-फाइन्'-ड्रॉ- *v. t.* to sew, to repair. सीना, मरम्मत करना; **Fine-drawn** ( very fine. ) बहुत पतला ।

**Fineer**-फि'-नीर्- *v. t.* to obtain goods on credit by fraudulent means. छल करके पदार्थ उधार लेना ।

**Finely**-फाइन्'-ली- *adv.* in a fine manner. सुन्दरता से, सूक्ष्मता से ।

**Fineness**- फाइन्'-नेस्- *n.* slenderness, beauty. पतलापन, सुन्दरता ।

**Finery**-फाइन्'-अर्-ई- *n.* showy dress, decoration. आडम्बर, अलङ्कार, सजधज ।

**Finger**-फीङ्ग्'-गर्- *n.* one of the five terminating members of hand (except thumb). अंगुली (हाथ की ); -*v. t.* to touch with fingers, to play upon an instrument with fingers. अंगुली से छूना या बाजा बजाना ; **Finger-post** ( a guiding post. ) सड़क पर मार्ग दिखाने का चिह्न ; **Finger-print** (impression of fingers.) अंगुली की छाप ; **My fingers itch** ( I am very impatient. ) मैं बड़ा अधीर हूँ ; **To have at finger's ends** ( to be quite familiar. ) अति अभ्यस्त या परिचित होना ; **To look through one's fingers** ( to pretend not to see. ) न देखने का बहाना करना; **To put a finger upon** ( to touch lightly. ) धीरे से छूना ; **With a wet finger** ( easily. ) सहज में, अनायास ।

**Fingering**- फ़िङ्ग्'-अर्-इङ्ग्- *n.* the act of handling or touching lightly. धीरे से पकड़ना या छूना ।

**Finial**-फ़िन्'-इ-ऑल्- *n* a bunch of foliage in Gothic architecture. गॉथिक् इमारत में बनी हुई फूल पत्ती ।

**Finical**-फ़िन्'-इ-कॉल्- *adj.* fastidious, precise, over-nice. अतिसूक्ष्म, अति कोमल

**Finis**-फाइ'-निस्- *n.* ( *no pl.* ) the end, conclusion. अन्त, समाप्ति ।

**Finish**-फ़िन्'-इश्-*v. i.* & *t.* to come to an end, to bring to an end, to complete, to dispatch, to kill, to make perfect. समाप्त होना, समाप्त करना, निःशेष करना, भेज देना, मार डालना, पूर्ण करना ; -*n.* the end, the last work of perfection. अन्त, समाप्ति, अन्तिम संस्कार; **To fight to a finish** ( to fight to the end. ) शत्रु को पूरी तरह से हराकर लड़ना छोड़ना ; **Finished** ( -ड् ) -*adj.* complete, perfect. पूर्ण ; **Finisher** ( -अर् )-*n.* one who finishes. कार्य का अन्त करने वाला ; **Finishing** ( -इङ्ग् ) *adj.* completing. पूरा करने वाला ।

**Finite**-फाइ'-नाइट्- *adj.* limited, not infinite. परिमित ( नियत ), मर्यादा युक्त ।

**Fiord, Fjord**-फाइ'-ओड्- *ns.* a long narrow rock-bound inlet of the sea. समुद्र का चट्टानों से घिरा हुआ मार्ग ।

**Fir**-फ़र्- *n.* a kind of tree of the pine family. देवदार, सरो ।



Fir

**Fire**-फ़ायर्-*n.* heat and light caused by burning, flame, conflagration, light, lustre, affliction, combustion, vigour, enthusiasm. अग्नि, ज्वाला, भभक, शक्ति, उत्साह, पीड़ा, चमक ; -*v. t.* & *i.* to set on fire, to discharge a gun, to inflame. जलाना, बन्दूक छोड़ना, उत्तेजित करना ; No smoke

without fire (rumour cannot spread without cause.) बिना कारण समाचार (अफवाह) नहीं फैलता; **Line of fire** (path of shooting.) गोला जाने का मार्ग; **Out of frying pan into fire** (from one difficulty into another.) एक आपत्ति से छूट कर दूसरे में गिरना; **To Fire away** (to begin.) आरम्भ करना; **To fire out** (to turn out.) निकाल देना; **To fire up** (to irritate.) उत्तेजित करना; **To open fire** (to begin shooting.) गोली चलाना आरम्भ करना; **To go through fire and water** (to endure all difficulties.) सब प्रकार की आपत्ति को सहन करना; **To set fire to** (to kindle.) आग लगाना; **To set the Thames on fire** (to do an extraordinary work.) विलक्षण कार्य करना; **To strike fire** (to create fire.) अग्नि उत्पन्न करना; **Fire-alarm** (an apparatus for giving alarm of fire.) आग लगने पर सूचना देने का यन्त्र; **Fire and sword** (slaughter and fire.) हत्या और अग्निकाण्ड; **Fire-arm** (a weapon for exploding.) अस्त्र यथा तोप, बन्दूक इत्यादि; **Firebrand** (wood kindled on fire.) लुआठी; **Fire-brick** (a brick which can sustain intense heat.) आग में न गलने वाली ईंट; **Fire-brigade** (a body of men trained for extinguishing fire.) आग बुझाने के कार्य में निपुण मनुष्य; **Fire-engine** (an engine for throwing water to extinguish fire.) आग बुझाने का दमकला; **Fire-fly** (a luminous insect.) खद्योत, जुगुनू; **Firelock** (a small musket.) छोटी बन्दूक; **Fire-man** (one who extinguishes fire.) आग बुझाने वाला मनुष्य; **Fireplace** (hearth.) अङ्गीठी; **Fire-proof** (proof against fire.) अग्नि से सुरक्षित; **Fireside** (hearth.) अङ्गीठी; **Fire-wood** (wood for fuel.) जलाने की लकड़ी, इन्धन; **Fireworks** (preparation of inflammable materials used for making explosions.) आतिशबाजी; **Firing** (इरिङ्ग्) *-n.* discharge of fire arms. गोली चलाने का कार्य।

**Firm**-फ़र्म्-*n.* the partners carrying on business. साझे का व्यवसाय, कोठी; *-adj.* fixed, compact, solid, resolute, steady, hard, established. दृढ़, निश्चल (अचल), ठोस, स्थायी; **Firmly** (-ली) *adv.* solidly, compactly. दृढ़ता से; **Firmness** (नेस्) *-n.* the quality of being firm, steadiness. दृढ़ता।

**Firmament**-फ़र्-मॉ-मेन्ट् *- n.* the vault of heaven. आकाश, नभमण्डल; **Firmamental** (-ऐल्) *-adj.* pertaining to the sky. आकाश सम्बन्धी।

**Firman**- फ़र् - मॅन्-*n.* an edict, the licence or passport of an oriental sovereign. राजाका परवाना (आज्ञापत्र), फ़रमान।

**First**-फ़र्स्ट् - *adj.* foremost, earliest in place, time or degree, chief. अगला, प्रथम, मुख्य, प्रधान; *-adj.* before anything else. सब से पहले, **At first** (in the beginning.) आरम्भ में; **First aid** (treatment of a patient before the doctor's arrival.) घायल आदमी की डाक्टर पहुँचने से पहिले की चिकित्सा; **First-born** (eldest son.) पहिली सन्तति; **First-class** (excellent.) अत्युत्तम; **First-day** (Sunday.) रविवार, ऐतवार, **First-floor** (the apartment next above the ground घर की सबसे नीचे की छत; **First-hand** (direct from maker.) सीधे सीध, बनाने वाले से प्राप्त; **First-rate** (best.) श्रेष्ठ; **Firstling** (-लिङ्ग्) *-n.* first fruits. पहिला फल, पहिली सन्तति; **Firstly** (-ली) *adv.* in the first place. आगे, पहिले, आदि में; **From first to last** (from beginning to end.) आदि से अन्त तक; **To come in first** (to be victorious.) विजयी होना।

**Firth**-फ़र्थ्-*n.* the narrow arm of the sea. समुद्रवङ्क, पुटभेद।

**Fisc, Fisk**-फ़िस्क्-*ns.* the state treasury. राजा का कोष।

**Fiscal**-फ़िस्क् - ऑल्-*adj.* of public revenue. राजकर सम्बन्धी।

**Fish**-*n.* (*pl.* Fish for kind, for number Fishes) a vertebrate animal that lives in water. मत्स्य, मछली; *-v. i.* to catch fishes. मछली पकड़ना; **Fisher** (-अर्)- *n.* one who fishes. मछुआ; **Fisherman** (-अर्-मॅन्) *n.* one whose occupation is to catch fishes. मत्स्यजीवी, मछुआ; **Fish-fly** (-फ्लाइ) *-n.* a bait for catching fishes. मछली पकड़ने का चारा; **Fishery** (-अर्-ई)

*n*. the occupation of fishing. धीवर कर्म ; **Fish-glue** ( glue obtained from fishes. ) मछली का सरेस; **Fish-hook** (barbed hook for catching fishes.) मछली फसाने की बंसी; **Fishing** (-इङ्ग्) -*n*. the act of catching fishes. मछली पकड़ने का कार्य ; **Fishing-line**- *n*. a line for caching fishes. मछली फँसाने की डोरी; **Fish out of water** ( what is beyond one's control. ) अपने अधिकार से बाहर का ; **Fishy** ( -ई) -*adj*. & *n*. full of fishes, the place where fishes are caught. मछली से पूर्ण, मछली पकड़ने का स्थान ; **Other fish to fry** ( to do some other important work. ) दूसरा आवश्यक कार्य करना; **To drink like a fish** (to drink too much.) अधिक पीना।

**Fish-plate**-फ़िश्'-प्लेट्- *n*. the steel-plate by which rails are joined together. रेल की लाइनों को जोड़ने की पट्टी।



Fish-plate.

**Fissile** - फ़िस्'-सिल् - *adj*. capable of being split. फटने या चीरने योग्य ; **Fissility**- ( -सिल्'-इट्-ई )-*n*. the quality of being fissile. फटने की योग्यता ।

**Fission** - फ़िश्'-ओन् - *n*. a division of cells. सेलों ( प्राणविन्दुओं ) का विभाग ।

**Fissure**-फ़िश्'-यूर्- *n*. a cleft, a narrow opening in an organ. दरार ( फटन ), किसी अङ्ग में की पतली फाँक ; **Fissured** (-ड् )-*adj*. cleft. फटा हुआ ।

**Fist**-फ़िस्ट् -*n*. the clenched hand. मुट्ठी, घूँसा; -*v. t*. to beat with the clenched hand or fist. घूँसा मारना ।

**Fisticuffs**-फ़िस्ट्'-इ-कफ़्स् - *n*. boxing, a combat with fists. मुक्की लड़ना ।

**Fistula** - फ़िस्'-ट्यू-ला - *n*. a cylindrical ulcer with a narrow mouth. नाड़ीव्रण, नासूर; **Fistula of anus** ( a disease of the anus. ) भगन्दर ।

**Fistulate** - फ़िस्'-ट्यु-लेट् - *v. i*. & *t*. to become a pipe, to make hollow like a pipe. नली बन जाना, नली की तरह पोला बनाना।

**Fit**-फ़िट्-*n*. a sudden attack of illness, sudden unconsciousness, paroxysm, sudden transitory condition, adjustment. बीमारी का दौरा, एकाएकी बेशी, त्वरित आवेश; *v. t*. & *i*. (*p. t*. Fitted. to be in harmony with, to prepare to qualify, to correspond to, to suit, to be proper or suitable. अनुकूल करना, योग्य करना, ठीक करना, योग्य होना, ( सजना ); -*adj*. qualified, well-suited, proper, worthy, healthy. अनुरूप, उचित, योग्य, स्वस्थ; **Fit of anger** (a sudden impulse of anger.) क्रोध का आवेश; **To fit out** (to equip.) सुसज्जित करना; **To fit up** ( to furnish. ) सजाना ।

**Fitful**-फ़िट्'-फ़ुल्-*adj*. suddenly changeable. चपल, चंचल; **Fitfully** (-फ़ुल्-लि ) *adv*. in a fitful manner, by fits. आवेश से; **Fitfulness** ( -फ़ुल्-नेस् ) -*n*. the quality of being fitful. आवेश; **Fitly** *adv*. in a fit manner. योग्यता से ।

**Fitness**-फ़िट्-नेस्-*n*. the state of being fit. योग्यता, अनुकूलता ।

**Fitter**-फ़िट्'-टर् - *n*. one who adjusts or puts together parts of a machine. यन्त्रों के अवयवों को यथा स्थान बैठानेवाला ।

**Fitting**-फ़िट्'-टिङ्ग्-*n*. necessary fixture. सामान ( यन्त्रभाग ); -*adj*. approprite, fit. योग्य, युक्त; **Fitting out** (equipment.) तैयारी ।

**Five**-फ़ाइव् - *n*. & *adj*. one more than four. पाँच, पाँचवाँ; **Fivefold** ( -फ़ोल्ड् ) *adj*. ( five times repeated. ) पाँचगुना किया हुआ; **Five times**. पाँच बार ।

**Fix** - फ़िक्स् - *v. t*. to make firm, to establish, to fasten, to secure. स्थिर करना, दृढ़ करना, जोड़ना, जड़ना; -*n*. a dilemma, difficulty, भँवरजाल, जंजाल; **To fix upon** ( to determine on. ) स्थिर करना ।

**Fixable**-फ़िक्स्'-ऐ-बल् - *adj*. able to be fixed. स्थिर करने योग्य ।

**Fixation** - फ़िक्स्'-ए'-शॉन्-*n*. the act of fixing. स्थिरता ।

**Fixative**-फ़िक्स्-ए-टिव् - *adj*. tending to fix. स्थिर करने योग्य ।

**Fixed**-फ़िक्स्ड्- *adj*. settled, firm, established. स्थिर किया हुआ, स्थापित; **Fixedly** (-ऐड्'-ली ) *adv*. firmly. स्थिरता पूर्वक; **Fixedness** (-ऐड्'-नेस् ) -*n*. state of being fixed. स्थिरता ।

**Fixity**-फ़िक्स्-इ'-टी- *n*. fixedness, perma-

nence. स्थिरता ।

**Fixture**-फ़िक्स्‌-ट्यूर्‌-*n.* permanent state. स्थिरता की अवस्था ।

**Fizzle**-फ़िज़्ल्‌ - *v. i.* to make a hissing sound. फूत्कार शब्द करना ; -*n.* a hiss. फूत्कार का शब्द, सुरसुराहट ।

**Fizzle**-फ़िज़ल्‌-*v. i.* to hiss feebly. धीरे धीरे सीटी बजाना ।

**Flabbiness**-फ़्लैब्‌'-बी-नैस्‌-*n.* see Flabby.

**Flabby**-फ़्लैब्‌'-बी-*adj.* soft, limp, loose, feeble. मृदु, कोमल, पिलपिला, ढीला ; **Flabbiness** ( -नैस्‌ )-*n.* the state of being flabby. चिपचिपाहट, कोमलता ।

**Flaccid**-फ़्लैक्‌-सिड्‌- *adj.* hanging loose, drooping. झूलता हुआ, लटकता हुआ ; **Flaccidity** ( -इ-टी ) -*n.* flaccidness. कोमलता ; **Flaccidly** ( -ली )-*adv.* in a flaccid manner. कोमलता से ।

**Flag**-फ़्लैग्‌- *n.* a kind of plant growing on moist ground, a flat slab for paving, the ensign of a ship, a banner. दलदल का एक प्रकार का पौधा, पत्थर की चौरस पटिया, ध्वजा, झण्डा, पताका ;-*v. t.* & *i.* ( *p. t.* Flagged. ) to cause to droop, to become dull, to beckon with flags, to hang down, to lose vigour. झुकाना, झण्डी से संकेत करना, लटकना, मन्द होना, उत्साह त्यागना ; **Black flag** ( sign of plunderers. ) लुटेरों का चिह्न ; **Flag-station** ( a station on which trains do not stop. ) ऐसे स्टेशन जहाँ पर रेलगाड़ी नहीं रुकती ; **White flag** ( flag of truce. ) संधि की पताका ; **Yellow flag** ( sign of quarantine. ) रोगियों से पूर्ण जहाज़ का झण्डा ।

**Flagellate**-फ़्लैज़्‌'-एल्‌-लेट्‌- *v. t.* to whip or scourge. बेंत मारना, चमोटी मारना ; **Flagellation** ( -ले'-शन्‌ )-*n.* the act of scourging or whipping. कोड़ेबाज़ी ।

**Flagellum**-फ़्लै-जैल्‌'-लम्‌- *n.* a creeping shoot. वृक्ष या लता का भूमिपर रेंगने वाला अङ्कुर ।

**Flageolet** - फ़्लैज़ु'-ओ-लैट्‌- *n.* a small wind-instrument. एक प्रकार की अंग्रेजी बाँसुरी, शहनाई ।

**Flaggy**-फ़्लैग्‌'-गी- *adj.* flexible, insipid. लचीला, बेस्वाद ।

**Flagitious**-फ़्लै-जिश्‌'-अस्‌- *adj.* grossly wicked, deeply criminal. अतिदुष्ट, महापापी ; **Flagitiousness** ( -नैस्‌ ) -*n.* extreme wickedness. अति दुष्टता ।

**Flagon**-फ़्लैग्‌'-ऑन्‌- *n.* a large vessel with handle to hold liquor. तरल पदार्थ रखने का मूठदार झझर या सुराही ।

**Flagrancy**-फ़्ले'-ग्रैन्‌-सी-*n.* the quality of being flagrant, excess. दुष्टता, अधिकता ।

**Flagrant**-फ़्ले'-ग्रैन्ट्‌-*adj.* glaring, notorious. प्रज्वल, दुष्ट ; **Flagrantly** ( -ली ) *adv.* in a flagrant manner. दुष्टता से, नीचता से ।

**Flail**-फ़्लेल्‌-*n.* a wooden hand-thrashing instrument. मूसल ( कडनी ) ।

**Flair**-फ़्लें'-अर्‌-*n.* aptitude. प्रेरणा ।

**Flake**-फ़्लेक्‌-*n.* layer, stratum, fleecy tuft of snow. परत, तह, बरफ़ का टुकड़ा ; *v. i.* to separate in flakes, to peel off. परत करना ; **Flaky** (-ई )-*adj.* consisting of flakes. परतदार ।

**Flam**-फ़्लैम्‌-*n.* trick, deception, falsehood. छल, कपट, असत्यता ।

**Flambeau**-फ़्लैम्‌'-बो-*n.* ( *pl.* Flambeaus, Flambeaux ) a lighted torch. जलती हुई मसाल, उल्का ।

**Flame**-फ़्लेम्‌-*n.* bright light, passion, excitement. ज्वाला, दीप्ति, उद्वेग ; -*v. i.* to blaze, to be in a rage, to excite. जलना, क्रुद्ध होना, उत्तेजित करना; **Flameless** ( -लैस्‌ ) -*adj.* without flames. बिना ज्वाला का ; **Flaming** ( -इङ्ग्‌ ) *adj.* blazing. अति उष्ण; **Flamingly** (-इङ्ग्‌-ली)-*adv.* most brightly. प्रज्वलित रूप से; **Flammable** ( फ़्लैम्‌'-ॲ-बल्‌ ) *adj.* inflammable. प्रज्वलित, ज्वलन शील; **Flaming** ( -इङ्ग्‌ )-*adj.* जलता हुआ ; **Flamy** ( -ई )-*adj.* of the colour of flame. ज्वालामय ।

**Flamingo** - फ़्लै-मिङ्ग्‌'-गो - *n.* ( *pl.* Flamingoes ) a large long-legged bird. राजहंस, मराल ।

**Flange**-फ़्लैन्ज्‌- *n.* a projecting edge or rim. निकला ( उभड़ा ) हुआ किनारा ।

**Flank**-फ़्लैङ्क्‌-*n.* fleshy part of the side of an animal, side of a building, side of an army or body of troops. पार्श्व, कुक्षि, मकान का किनारा, फ़ौज का बगली हिस्सा ;-*v. t.* to command the flank of,

to attack the side of. फ़ौज का किनारा मज़बूत करना, किनारे की ओर आक्रमण करना ।

**Flanker**-फ्लैंङ्क्'-अर्-*n.* a protecting fortification. गढ़, क़िला ।

**Flannel**-फ्लैन्'-नेल्- *n.* a soft woollen cloth. फ़लालैन ।

**Flannelette**-फ्लैन्'-नेल्'-लैट् - *n.* a cotton fabric similar to flannel. फ़लालैन् के समान सूती कपड़ा ।

**Flap** - फ्लैप् - *n.* anything broad and hanging, the tail of a coat. लोलक, लटकती हुई वस्तु, कोट का लटकता हुआ भाग, -*v. t.* (*p.t.* Flapped.) to strike with something broad, to move wings. किसी चौड़ी वस्तु से मारना, पर फड़फड़ाना ।

**Flapper**-फ्लैप्'-अर्- *n.* that which flaps. फड़फड़ाने वाला पदार्थ ।

**Flare**-फ्लेॅ'अर्- *v. i.* to glitter or burn with a bright unsteady flame, to cause to bulge. हिलती ज्वाला से चमकना या जलना, झुलमुलाना, फूलना ; -*n.* an unsteady light. झुलमुलाती हुई चमक (या प्रकाश) Flare up (excitement of anger.) क्रोध का उद्वेग ।

**Flaring**-फ्लेॅअर्'-इङ्ग्- *adj.* glaring. जगमगाता हुआ ।

**Flash**-फ्लैश्- *v. i.* & *t.* to break into flame suddenly, to pass like a flash. सहसा प्रकाशित होना (चौंधाना, चमकाना); *n.* a sudden blaze, transient condition. चमक, दीप्ति, क्षणिक अवस्था ; Flash light (an intermittent light.) ठहर ठहर कर चमकने वाला प्रकाश ; Flash of hope (ray of hope.) थोड़ी सी आशा ; In a flash (suddenly.) सहसा, एकाएक ; To flash up (to gleam.) चमक उठना, उद्वेग दिखलाना ; Flashiness (-इ-नेस्) *n.* state of being flashy. चमक दमक ।

**Flashy**-फ्लैश्'-ई- *adj.* dazzling, gaudy, brilliant, attractive. चमकीला, चित्ताकर्षक ।

**Flask**-फ्लैस्क्-*n.* a narrow-necked bottle. पतली गर्दन का बोतल, कुप्पी; Flasket (-एट्)-*n.* a long shallow basket. लम्बी छिछली दौरी ।

**Flat**-फ्लैट्-*n.* a storey, a level plain, room on one floor. खण्ड (मंज़िल), एक खंड के कमरे, समतल भूमि ।

**Flat**-फ्लैट्-*adj.* (*comp.* Flatter, *sup.* Flattest.) level, insipid, dull, dejected, slow-witted, wanting relief. समभूमि (समतल), नीरस, मन्द बुद्धि, बिना उभाड़ का ; Flat denial (total refusal.) पूरी अस्वीकृति ; Flat-iron (a plate used for ironing.) इस्त्री करने का लोहा ; Flat of hand (the palm of the hand.) हथेली; To fall flat (to be unsuccessful.) असफल होना ; Flatly. (-ली)- *adv.* in a flat manner, plainly, positively. चौरस रूप में, पूरी तरह से; Flatness (-नेस्) *n.* state of being flat. समतलता; Flatten (-एन्)-*v. t.* to make flat, to depress. चौरस करना, मन्द करना ।

**Flatter**-फ्लैट्'-टर्- *v. t.* to overpraise, to compliment falsely, to gratify, to exaggerate. मिथ्या प्रशंसा करना, चापलूसी करना, फुसलाना, झूठी आशा उत्पन्न करना ; Flatterer (-अर्)-*n.* one who flatters. मिथ्या प्रशंसक, चापलूस; Flattery (-ई)-*n.* false praise. मिथ्या प्रशंसा ; Flattering (-इङ्ग्) *adj.* pleasing to pride. प्रशंसा पूर्ण; Flatteringly (-इङ्ग्-ली) -*adv.* in a flattering manner. अति प्रशंसा से ।

**Flattish** -फ्लैट्' - टिश्- *adj.* somewhat flat. कुछ चिपटा ।

**Flatulence**-फ्लैट्'-यू-लेन्स्-*n.* windiness, emptiness. वायुफुल्लता वायुपूर्णता ।

**Flatulent** - फ्लैट्'-यू-लेन्ट्- *adj.* inflated, attended with wind. फूला हुआ, वायुपूर्ण; Flatulently (-ली)-*adv.* in a flatulent manner. फूलन से ।

**Flatus**-फ्ले'-टस् - *n.* wind in the stomach. पेट में उत्पन्न होने वाली वायु, अधोवायु ।

**Flaunt**-फ्लान्ट्-*v. i.* to show off oneself, to flatter, to display oneself. उद्धता दिखलाना, मिथ्या प्रशंसा करना, अकड़ना;-*n.* a boast. श्लाघा, शेखी ; Flaunter (-अर्) *n.* मिथ्या प्रशंसक ; Flaunting (-इङ्ग्) *adj.* making ostentatious display. अकड़ाई का ; Flauntingly (-ली) -*adv.* in a flaunting manner. मदोद्धता से

**Flavescent**-फ्ली-वेस्'-सेन्ट्- *adj.* yellowish, turning yellow. कुछ पीला, पीला होता हुआ ।

**Flavorous**-फ्ले'-वर्-अस्-*adj.* of pleasant flavour. स्वादिष्ट, सुरस ।

**Flavour**-फ्ले'-वर्-*n.* aroma, relish, dis-

tinctive taste, savour. स्वाद, रस, सुरस; *v. t.* to season. स्वादिष्ट करना, मसालेदार बनाना; **Flavoured** ( -ड् )- *adj.* स्वादिष्ट या सुगन्धित किया हुआ, **Flavouring** ( -इङ्ग् ) *-n.* any substance used to give a flavour. स्वादिष्ट बनाने का मसाला; **Flavourless** (-लॅस् ) *-adj.* without relish. बेस्वाद, निरस ; **Flavoursome** (-सम्) *adj.* full of relish. स्वादु ।

**Flaw**-फ्लॉ- *n.* a crack, imperfection, blemish, defect. छिद्र, न्यूनता, दोष, धब्बा; *-v. t.* to break, to crack. छेदना, नष्ट करना ; **Flawless** ( -लॅस् ) *-adj.* without flaw or defect. निर्दोष ; **Flawlessly** (-ली) *-adv.* not in a defective manner. निर्दोषता से ; **Flawlessness** ( -नॅस् ) *-n.* the quality of being flawless. निर्दोषता ।

**Flax**-फ्लॅक्स्- *n.* a blue-flowered plant from the fibres of which linen is made. पटुआ, सन; **Flaxen** (-सॅन् ) *-adj.* made of flax, pale yellow. पटुआ या सन का बना हुआ, पीले रंग का ।

**Flay**-फ्लें-*v. t.* to strip off the skin or hide, to plunder. चमड़ा या खाल उतारना, लूटना ।

**Flay-flint** फ्ले'-फ्लिन्ट् *n.* a very niggardly person. पिचास, लालची ।

**Flea**- फ्ली - *n.* a kind of small jumping insect. देहिका, पिस्सू ; **Flea-bite** ( a trifling trouble. ) थोड़ी सी असुविधा ; **Flea-wort** (-वर्ट्) *-n.* a kind of plant. इसबगोल ।

**Fleam**-फ्लीम्-*n.* a lancet for bleeding horses. घोड़े का नश्तर ।

**Fleck**-फ्लॅक्-*v. t.* to mark with spots. चित्रित करना, चित्ती डालना; *-n.* a spot on skin. धब्बा, दाग ; **Flecker** (-अर् ) *v. t.* to variegate. चितकबरा करना ; **Fleckless** (-लॅस् ) *-adj.* unspotted. बिना दाग या धब्बे का ।

**Fled**-फ्लॅड्-*p. t.* & *p. p.* of Flee.

**Fledge**-फ्लॅज्- *v. t.* to provide or furnish with feathers. परदार करना, ( उड़ने योग्य बनाना ) ; **Fledged** ( -ड् ) *adj.* with feathers. पक्षयुक्त ; **Fledgling** (-लिङ्ग् ) *-n.* a young bird, an inexperienced person. पक्षी का छोटा बच्चा, अनुभवहीन मनुष्य ।

**Flee**-फ्ली *-v. i.* & *t.* ( *p. t.* & *p. p.* **Fled** ) to run away, to leave abruptly, to hasten, to shun. भाग जाना, एकाएक त्यागना, जल्दी करना, घृणा करना ।

**Fleece**-फ्लीस्-*n.* wool of sheep, thin fibre. भेंड़ का रोवाँ, मुलायम रेशा; *-v. t.* to shear wool from sheep. भेंड़ का बाल काटना ।

**Fleecy** - फ्ली'-सी - *adj.* covered with soft wool, woolly. रोवेंदार ।

**Fleer**-फ्लीर्-*v. i.* & *t.* to laugh mockingly, to sneer, to flout. उपहास करना, सताना, मारना; *-n.* mockery. उपहास ; **Fleering** ( -इङ्ग् ) *-adj.* mocking. ताना मारने वाला ; **Fleeringly** ( -ली ) *adv.* in a mocking way. ताना मारते हुए ।

**Fleet**-फ्लीट्-*n.* a number of warships or boats, an inlet. नौका समुदाय, जहाजों का बेड़ा, खाड़ी; *-adj.* swift, nimble. शीघ्रगामी, चंचल ; *-v. i.* to fly swiftly, to flit. जल्दी से भागना, चंपत होना; *-v. t.* to pass in joy. आनन्द से बिताना ; **Fleeting** ( -इङ्ग् ) *-adj.* transient, passing quickly. क्षणिक, क्षणभंगुर ; **Fleetingly** ( -इङ्ग्-ली ) *-adv.* in a fleeting manner. शीघ्रता से ; **Fleetness** ( -नॅस् ) *-n.* swiftness. शीघ्रता ।

**Flench**-फ्लॅन्श्'-*v. t.* to cut up a whale. ह्वेल मछली को काटना ।

**Flesh**-फ्लॅश्- *n.* the muscular part of animal bodies, animal food. शरीर का मांसल भाग, मांस ; **Flesh and blood** ( near relatives. ) समीप के सम्बन्धी ; **Fleshings** (-इङ्ज् ) *-n. pl.* clothes of flesh-colour. चमड़े के रंग के वस्त्र ; **Fleshmonger** (-मङ्गर्'-गर् ) *-n.* one who sells meat. मांस बेचनेवाला; **Fleshless** (-लॅस) *-adj.* without flesh. मांसहीन; **Fleshy** ( -ई ) *-adj.* stout, pulpy. पुष्ट ( मोटा ), मांसल, **In flesh** ( fat. ) मोटा ; **In the flesh** ( in corporeal form. ) शरीर रूप में ।

**Fletch** - फ्लॅश् - *v. t.* to put feathers on an arrow. तीर में पर लगाना ।

**Fletcher** फ्लॅच्' - अर् *n.* an arrow-maker. तीर बनाने वाला ।

**Fleur-de- lis** - फ्लर्' डे-ली' - *n.* the royal badge of old France, iris flower, the flower of the lily. फ़्रान्स का प्राचीन राजचिह्न,कुमुदनी का फूल ।



Fleur-de-lis.

**Fleurettee**-फ्लॅर्'-ऍट्- *n.* an ornament like a small flower. छोटे फूल के आकार का आभूषण ।

**Flew**-फ्लू-*p. t.* of Fly.

**Flex**-फ्लॅक्स्-*v. t.* to bend. झुकाना ; *n.* flexible or insulated wire. लचीला या रेशम लपेटा हुआ तार ।

**Flexible**- फ्लॅक्स्'- इ-ब्ल् - *adj.* pliant, easily bent. मुलायम, लचीला ; **Flexibility** ( -इट्-ई ) -*n.* the quality of being flexible, pliability. लचीलापन ; **Flexibly** (-इब्-ली ) -*adv.* in a flexible or pliant manner. लचीलेपन से ।

**Flexile**-फ्लॅक्स'-इल्-*adj.* pliant, pliable. मुलायम, लचीला ।

**Flexion**-फ्लॅक्'-शॉन्-*n.* bending. घुमाव ।

**Flexor**-फ्लॅक्स्'- आर्- *n.* a muscle that bends. जो पेशी किसी अंग को घुमाती है ।

**Flexuous**-फ्लॅक्स्'-यू-अस्- *adj.* bending. घुमीवा ( मोड़ों से भरी हुई ) ।

**Fley, Flay**-फ्ले-*v. t.* to cause to fly, to terrify. उड़वाना, डराना ।

**Flick**-फ्लिक्-*n.* a light blow or jerk. धक्का, झटका. -*v. t*, to jerk, to strike with a whip. झटका देना, चाबुक से पीटना ।

**Flicker**-फ्लिक्'-अर्-*v. i.* to quiver, to flutter, to burn unsteadily, to twinkle. झिलमिलाना ( कँपना ), हिलते हुए जलना, जगमगाना ; **Flickering** (-इङ्ग् ) *adj.* unsteady. चञ्चल ।

**Flier**-फ्लाइ'-अर्-see Flyer.

**Flight**-फ्लाइट्-*n.* act of flying through air, flock of birds or insects, swift passage, hasty departure, distance that a bird &c. can fly, a series of steps, suddenly running away. उड़ान, पक्षियों अथवा कीड़ों का समुदाय, शीघ्र गति, पक्षी के उड़ने की दूरी, सीढ़ियों का डंडा, भगदड़; **Flight Commander** -*n.* an officer of the Royal Air Force. हवाई सेना का प्रधान अफ़सर; **Flighty** (-ई) -*adj.* fickle, crazy. चंचल, चपल ।

**Flim-flam**-फ्लिम्'-फ्लॅम्- *n.* an idle talk, nonsense. गल्प, व्यर्थ की बकवाद ।

**Flimsily**-फ्लिम्ज़्'-इ-ली-*adv.* in a frail or flimsy manner. दुर्बलता से ; **Flimsiness** (-इ-नॅस्) -*n.* the quality of being frail. असारता ।

**Flimsy**-फ्लिम्'- ज़ी- *adj.* frail, trivial, weak. निर्बल, असार, शक्तिहीन ।

**Flinch**-फ्लिन्च्- *v. i.* to give way, to shrink. विमुख होना, ठमकना ।

**Flinders**-फ्लिन्'-डर्ज़-*n. pl.* fragments, splinters. टुकड़े, चैली ।

**Fling**-फ्लिङ्ग्-*v. i.* & *t.* (*p. t.* Flung.) to rush violently, to throw, to hurl, to spread arms, to send, to throw on ground, to scatter, to baffle. टूट पड़ना, फेंकना, हाथ बढ़ाना, भेजना, पृथ्वी पर पटक देना, छितराना, घबड़ाना ; -*n.* a throw. फेंकान ; **To fling away** ( to reject, to discard. ) टालना, हटाना ; **To fling down** ( to ruin. ) नाश करना ; **To fling in** ( to throw in. ) फेंकना ; **To fling out** ( to utter. ) बोलना ; **To fling up** ( to abandon. ) त्यागना; **To have a fling at** ) to endeavour.) प्रयत्न करना ।

**Flint**-फ्लिन्ट् - *n.* a kind of red hard stone. चकमक पत्थर ; **Flint-hearted** -*adj.* ( hard-hearted. ) कठोर हृदय ; **Flinty** ( -ई ) -*adj.* like flint. चकमक पत्थर के समान । **Flintiness** (-ई-नॅस् ) *n.* the quality of being flinty, hard; ness. कठोरता ।

**Flip**-फ्लिप्- *v. t.* ( *p. t.* Flipped. ) to jerk, to move, to strike. झटका देना, हटाना, मारना, पीटना ।

**Flip-flap** - फ्लिप्'-फ्लॅप् - *adv.* & *n.* repeated stroke of the hand. पटाखा, चटका।

**Flippancy**-फ्लिप्'-पॅन्-सी- *n.* fluency of speech. वाणी की चपलता ।

**Flippant**-फ्लिप्'-पॅन्ट्- *adj.* trivial, talkative, disrespectful. क्षुद्र, बकवादी, अविनीत ; **Flippantly** (-ली) -*adv.* in a

flippant or talkative manner. बकवाद करते हुए।

**Flipper**-फ़्लिप्'-पर्- *n.* a moving limb, the hand. हिलाने वाला अंग, हाथ।

**Flirt**-फ़्लर्ट्- *v. t.* &'*i.* to send with a jerk, to move briskly, to jeer. झटके से फेंकना, वेग से हिलना या उछालना, हँसी उड़ाना; -*n.* a sudden jerk, a coquette. चोचला करने वाला पुरुष या स्त्री, तेज झटका; **Flirtation** (ए'-शन्) -*n.* a quick motion, playing at courtship. स्फुरण, (कम्प), चोचला; **Flirtaious** (-ए'-शस) -*adj.* given to flirting. कम्पमान।

**Flit**-फ़्लिट्- *v.i.* to depart, to fly lightly. भाग जाना, उड़ जाना।

**Flitch**-फ़्लिच् - *n.* a slice of hog salted and cured, a slice. सुअर का नमक मसाला लगाया हुआ बगल का मांस, टुकड़ा।

**Flitter**-फ़्लिट्'-टर्- *v. i.* to flutter. फड़फड़ाना; -*n.* a tatter. फड़फड़ाहट।

**Float**-फ़्लोट्- *n.* a raft, something that swims, a tool for smoothing plaster. डोंगा, तैरनेवाला पदार्थ, पलस्तर चिकनाने का हथियार; -*v i.* to be suspended in a liquid or air, to launch a company, to hover. जलवायु इत्यादि पर तैरना, व्यवसायिक संघ स्थापित करना, घूमना; **Floatable** (-ओं-बल्) -*adj.* capable of being floated. तैरने योग्य; **Floatation** (-ए'-शन्) -*n.* act of floating. तैरने की क्रिया।

**Floating**-फ़्लोट्'-इङ्ग्- *n.* the act of being conveyed by a stream. तैरान; -*adj.* resting, buoyant on water, circulating, not fixed. तैरता हुआ, चलायमान; **Floating bridge**-*n* a pontoon bridge. पीपे का पुल; **Floatingly** (-इङ्ग्-ली) -*adj.* in a floating manner. तैरते हुए।

**Floccule**-फ़्लॉक्'-यूल् - *n.* small flock of wool. ऊन का छोटा ढेर; **Flacculent** (-ऍन्ट्) -*adj.* woolly. ऊनदार; **Flocculose** (-लोस्) -*adj.* woolly, tufty. ऊनदार, जटादार

**Flock**-फ़्लॉक्' - *n.* a number of animals, birds &c., family of children, number of pupils. पशु पक्षी इत्यादि का समूह (झुण्ड), बच्चों या विद्यार्थियों का समुदाय; -*v. i.* to flock together in crowds. झुण्ड लगाना, भीड़ मचाना।

**Floe**-फ़्लो- *n.* a sheet of floating ice. जल पर तैरता हुआ बरफ का टुकड़ा।

**Flog**-फ़्लग्- *v. t.* (*p. t.* **Floggd**) to beat with a whip or cane, to lash. बेंत या चमोटी से मारना; **Flogging** (गिङ्ग्) -*n.* a whipping for punishment. दण्ड रूप में बेंत की मार।

**Flood**-फ़्लड्- *n.* an overflow of tide, river, outpouring of water, deluge, inundation. प्रवाह (भाटा), नदी, जल-प्रलय; -*v. t.* to overflow. जल से पूरित करना, सींचना; **Flood-gate** (a sluice for letting water run.) जलद्वार; **Floodmark** (high watermark.) बाढ़ का सबसे ऊँचे पानी का चिह्न; **Flood of tears** (flow of tears.) अश्रुपात; **Flood-tide** (tide when rising.) ज्वार; **Universal-flood** (the final destruction of the universe.) महाप्रलय।

**Floor**-फ़्लोर् - *n.* bottom surface of a room &c., a storey in a building. भूतल (गृहमूल), घर का खण्ड; -*v. t.* to furnish with floors. छत बनाना, पटिया जमाना; **Ground-floor** (ground level.) पृथ्वीतल; **Floor-cloth** (material for covering floors.) जाजिम, दरी, गलीचा; **To bring to the floor** (to perplex.) व्यग्र करना, घबड़ा देना।

**Flooring**-फ़्लोर्'-इङ्ग्- *n.* materials for floors. छत बनाने का सामान।

**Flop**-फ़्लॉप्'- *v. i.* (*p. t.* **Flopped.**) to make a dull sound by striking. फड़फड़ाना, फटफटाना; -*n.* फड़फड़ाहट; **Floppy** (-पी) -*adj.* flaccid. पिलपिला।

**Flora**-फ़्लोर्'-ऑ- *n.* (*pl.* **Florae, Floras**) plants of a particular region. किसी प्रदेश की वनस्पतियाँ।

**Floral**-फ़्लोर्'-ऑल्- *adj.* pertaining to flowers. पुष्प सम्बन्धी; **Florally** (-ली) *adv.* with flowers. फूलों के साथ।

**Florescence**-फ़्लॉ-रॅन्स्'-सॅन्स्- *n.* flowering season or condition, blossoming. फूलने की अवस्था या हेतु।

**Floret**-फ़्लोर्'-ऍट् - *n.* one of the small flowers composing a bunch. गुच्छे में का एक छोटा फूल।

**Floriage**-फ़्लोर्'-इ-एज्- *n.* blossom. फूल।

**Floriate**-फ़्लोर्'-इ-एट्- *v. t.* to decorate

with flowers. फूलों से आभूषित करना ; Floriated ( -ऐड् ) -*adj*. ornamented with floral designs. फूलों के चित्र से सुशोभित किया हुआ ।

**Floricultural**-फ्लोर्'-इ-कल्ट्-यूर्-ऑल्-*adj*. pertaining to floriculture. फूलों की खेती सम्बन्धी ।

**Floriculture** - फ्लोर्'-इ-कल्ट्-यूर् - *n*. the cultivation of flowers. फूलों की खेती ; Floriculturist (-इस्ट् ) -*n*. a cultivator of flowers. फूलोंकी खेती करने वाला मनुष्य

**Florid**-फ्लॉर्'-रिड् - *adj*. adorned with flowers, showy, high-coloured, brilliant, ruddy. फूलों से अलंकृत, दिखौवा, गहरे रंग का चमकीला लाल ; Floridness (नेस् ) -*n*. लाली ।

**Floridity** - फ्लो - रिड्' - इ-टी *n*. the quality of being florid. फूलों की लाली, अलंकार ।

**Floriferous** - फ्लो-रिफ्' - ऍर्-अस् - *adj*. producing many flowers. अनेक फूलों को उत्पन्न करने वाला ।

**Floriform**-फ्लॉर्'-इ-फॉर्म् - *adj*. of the form of a flower. फूल के आकार का ।

**Florin**-फ्लॉर्'-रिन्- *n*. an English coin worth two shillings. दो शिलिङ्ग के मूल्य का अंग्रेजी सिक्का ।

**Florist**-फ्लॉ'-रिस्ट्-*n*. one who cultivates or deals in flowers. फूल की खेती करने वाला, फूल बेंचने वाला ।

**Floss** - फ्लस्- *n*. a silky substance found in the husks of certain plants. पौधों की घोड़ियों के महीन रेशम के समान तन्तु ।

**Flotant**-फ्लो'-टॅन्ट्-*adj*. floating in air. हवा में तैरने ( उड़ने ) वाला ।

**Flotation**-फ्लो-टे'-शॉन्- *n*. act of floating. प्लवन शीलता ।

**Flotilla** - फ्लो-टिल्' - लॉ- *n*. a fleet of small ships or boats. छोटे जहाजों या नावों का बेड़ा ।

**Flounce** - फ्लाउन्स् - *v. i*. to struggle with violent motion, to flop. फड़फड़ाना, अकड़ना; -*v.t*. to deck with fringes. झालर लगाना; -*n*. jerk of body, loose gathered edges sewn round a woman's skirt. शरीर का झटका, वस्त्र में लगाई हुई झालर, मगजी ।

**Flounder**-फ्लाउन्'-डर्- *n*. a small flat fish. एक प्रकार की छोटी चिपटी मछली ; *v. t*. to struggle in mud, to make mistakes, to manage a business badly. कीचड़ में तड़फड़ाना, अशुद्धि करना, व्यवसाय का बुरा प्रबन्ध करना ।

**Flour**-फ्लौर्- *n*. wheatmeal, finer part of meal obtained by grinding. आटा, पिसान ; Flour-mill ( a mill for reducing grains to flour. ) आटे की चक्की ।

**Flourish** - फ्लर्'-रिश्-*v. i*. to prosper, to be successful, to show ostentatiously. भाग्यवान होना, सफल होना ( महत्व दिखलाना ), आडम्बर करना; -*v. t*. to wave about, to brandish. हिलाना, घुमाना; -*n*. prosperity, embellishment, musical prelude. ऐश्वर्य, शोभा ( अलङ्कार ), बाजे का बजना ।

**Floury** - फ्लाउ'-री - *adj*. covered with flour, like flour. आटे से ढपा हुपा हुआ, आटे के समान ।

**Flourishing**- फ्लर'-इश्-इङ् - *adj*. thriving, prospering. सफल होने वाला ।

**Flout**-फ्लाउट्-*v. t*. to mock or insult. ताना मारना ( चिढ़ाना ), अपमान करना ; *n*. a mocking action or speech. बोली, ठिठोली, ताना ; Flouter ( -अर् ) -*n*. a mocker. ताना मारने वाला ; Floutingly (-ली ) -*adv*. mockingly. ठिठोली करते हुए

**Flow**-फ्लो-*v. i*. ( *p. t*. Flew, *p. p*. Flown. ) to run as a stream, to move easily, to circulate, to result from, to be in flood. बहना, धीरे सरकना, प्रचलित होना, परिणाम होना, बाढ़ में होना; -*n*. a stream, a current or rise of water, abundance. बहाव, जल की धारा, अधिकता ; Flow of spirits ( natural pleasure. ) स्वाभाविक आनन्द ।

**Flower**-फ्लॉउ' - अर्- *n*. blossom of a plant, the choice part, essence. पुष्प, ( फूल ), श्रेष्ठ भाग, सार ; -*v. i*. & *t*. to blossom, to cause to flower, to flourish. फूलों से सुशोभित करना ; Flower of age ( youth. ) यौवन ; Flower of youth ( vigour of youth. ) जवानी का उमंग ; Flowered ( -अर्ड् ) -*adj*. expanded into flowers. पुष्पित, कुसुमित; Floweret ( -ऍट् ) *n*. a small flower. छोटा फूल ; Flowering ( -अर्-इङ्ग् )

*adj.* having flowers. पुष्पित ; **Flowerless** ( -अर् - लॅस् ) *-adj.* devoid of flowers. कुसुमहीन ।

**Flowery** - फ्लाउ'-अर्-ई - *adj.* abounding with flowers, figurative. पुष्पमय, फूलों से पूर्ण, अलङ्कारिक ।

**Flowing** - फ्लो'-इङ्-*adj.* moving as a fluid, smooth or fluent. तरल पदार्थ की तरह बहता हुआ, चिकना ; **Flowingly** ( -ली ) *-adv.* in a flowing manner. बहते हुए ; **Flowingness** (-नॅस्)-*n.* बहाव ।

**Flown**-फ्लोन्-*adj.* puffed up. फूला हुआ ; *p. p.* of **Fly.**

**Fluctuate**-फ्लक्'-ट्यु-एट्-*v. i.* to move like waves, to waver, to rise and fall. लहराना, झूलना, घटना बढ़ना ; **Fluctuating** ( -इङ्ग् ) *-adj.* wavering, fickle. चचल, अस्थिर ; **Fluctuation** ( -ए' - शॉन् ) *-n.* fickleness, unsteadiness. चलता , अस्थिरता ।

**Flue** - फ्लू- *n.* fluff, smoke channel, hot air passage. फुजा, धुवें का मार्ग, गरम वायु का मार्ग, धुवाँकस ।

**Fluency**-फ्लू'-ऍन्-सी- *n.* easily flowing ready speech. बिना रुकावट ( अस्खलित ) की बोलचाल ।

**Fluent**-फ्लू'-ऍन्ट्- *adj.* flowing, changing, easy. धारावाही, अस्खलित, सहज; **Fluently** (-ली ) *-adv.* with fluency. बेधड़क, बिना रुकावट के, ( तेजी के साथ ) ।

**Fluff**-फ्लफ्- *n.* soft feathery stuff. पर के समान रोवाँ, फुज्जी ; **Fluffiness** ( -इ-नॅस् )- *n.* the state of being fluffy. फुज्जीपन ; **Fluffy** ( -फी ) *-adj.* consisting of fluff. फुज्जीदार ।

**Fluid** - फ्ल्यू' - इड् - *n.* anything that moves rapidly,a liquid substance. द्रव पदार्थ, तरल पदार्थ ; **Fluidity** ( -इ-टी ) *n.* the state of being fluid; द्रवता ।

**Fluke**-फ्लूक्- *n.* the triangular arm of an anchor. लङ्गर का तिकोना नोकीला भाग ; *v. t.* to make an accidental hit. अचानक चोट करना या मारना ।

**Flume**-फ्लूम्- *n.* a ravine with stream, an artificial channel. झरना बहती हुई तराई, कृत्रिम खाई ।

**Fluminous**-फ्लू'-मिन-अस्- *adj.* abounding in rivers. नदियों से पूर्ण ।

**Flummery** - फ्लम्'-मॅ-री- *n.* a kind of jelly prepared from flour, empty compliments. लपसी ( हलुआ ), निःसार अभिवादन ।

**Flump**-फ्लम्प्- *v. i.* to fall with a dull sound. धड़ाके से गिरना ।

**Flung**-फ्लङ्ग्-*p. t.*-& *p. p.* of **Fling.**

**Flunkey**-फ्लङ्'-की- *n.* a liveried servant. वर्दी पहिरे हुए चपरासी ।

**Fluorine**-फ्ल्यू'- ऑर्-इन्- *n.* a non-metallic element. एक अधातु तत्व ।

**Flurry**-फ्लर्'-री- *n.* sudden gust, agitation, excitement. हड़बड़ी, घबड़ाहट, उत्तेजना ; *-v. t.* ( *p. t.* Flurried ) to agitate. घबड़ाना ।

**Flush** - फ्लश् - *n.* a number of bird caught at once, a flow of water to the face, glow of light, rush of emotion, sudden flow of blood. एक साथ पकड़े हुए पक्षी, पानी का बहाव, लालिमा, प्रफुल्लता, कपोलराग ; *-v. t.* & *i.* to fly away, to turn red, to rush out, to come in haste, to glow, to blush, to encourage, to cleanse with water. उड़ जाना, लाल होना, झपटना, चमकना, लज्जित होना, उत्साहित करना, जल्दी से आना ; जल से धोना ; *-adj.* abundant, full. पर्याप्त, परिपूर्ण; **Flush of cards** ( cards of the same suit. ) एक रङ्ग के ताशों का जोड़ ।

**Fluster**-फ्लस्' - टर्- *v. t.* & *i.* to confuse with drink, to be agitated. शराब पिलाकर उन्मत्त करना, व्यग्र होना, घबड़ाना ; *n.* agitation, confusion. उन्माद (मोह ), व्याकुलता, व्यग्रता ।

**Flute**-फ्लूट्- *n.* a musical instrument. मुरली, बंसी, बाँसुरी ।

**Flutter** - फ्लट्'-टर् - *v. t.* & *i.* to flap wings, to quiver, to vibrate, to tremble, to agitate. पर फड़फड़ाना, कँपाना, काँपना, हिलाना, व्याकुल करना ; *-n.* vibration, agitation of mind. कंपन, फड़फड़ाहट, व्यग्रता ; **Flutterer** (-अर् ) *n.* one who flutters. फड़फड़ाने वाला ; **Flutteringly** ( -इङ्ग्-ली ) *-adv.* in a fluttering manner. फड़फड़ाते हुए ।

**Fluvial**-फ्लू'-वि- ऑल्-*adj.* pertaining to or found in rivers. नदी सम्बन्धी ।

Flux-फ़्लक्स्-*n.* a flowing out of anything in continued succession, excrement. प्रवाह (बहना), विष्ठा ; -*v. i.* to flow copiously. अधिक परिमाण में बहना।

Fluxible-फ़्लक्स्-' इ-बुल्-*adj.* capable of being melted. द्राव्य, गलने योग्य।

Fluxion-फ़्लक्'-शॉन्-*n.* the act of flowing or passing away. बहाव, निकास।

Fly-फ़्लाइ-*n.* (*pl.* Flies) a small two-winged insect. मक्खी; -*v. i.* & *t.* (*p. t.* Flew, *p. p.* Flown) to move on wings, to rise in air, to move swiftly, to jump clear over fence &c., to cause to float in air. हवा में उड़ाना, उड़ना (भागना), बेलाग कूदना; **Fly-blow** (the egg of a fly.) मक्खी का अण्डा; **Fly leaf** (the blank paper at the beginning of a book.) पुस्तक का पहिला सादा पत्रा; **To fly a kite** (to find out in which direction the wind blows.) वायु की दिशा का पता लगाना; **To fly at** (to make a rush at.) झपटना; **To fly in the face of** (to make an attack.) आक्रमण करना; **To fly off** (to depart.) भाग जाना; **To fly out** (to rally, to rebuke.) गाली गलौज करने लगना; **To fly to arms** (to equip with arms.) तुरत शस्त्र धारण करना।

Flying-फ़्लाइ'-इङ्ग्-*n.* act of moving in air or on wings. उड़ान; **Flying colours** (show of triumph or victory.) विजय चिह्न; **Flying-machine** (an aeroplane.) हवाई जहाज़।

Flying fox-फ़्लाइङ्'-फ़ॉक्स्-*n.* a kind of bat. एक प्रकार का चमगादड़।

Fly-net-फ़्लाइ'-नेट्-*n.* a net to protect from flies. मसहरी।

Fly-wheel-फ़्लाइ'-व्हील्-*n.* the heavy wheel in a machine that equalizes its motion. किसी यन्त्र का समतोलन (स्थायी गति) स्थापन करने वाली भारी पहिया।



Fly-wheel.

Foal-फ़ोल्-*n.* the young of a horse or ass. घोड़े या गदहे का बच्चा।

Foam-फ़ोम्-*n.* collection of small bubbles, froth. फेन, झाग; -*v. i.* to be filled with froth. फेन से भर जाना; **Foamless** (-लैस्) -*adj.* destitute of foam. फेनरहित; **Foamlessness** (-नैस्) *n.* the state of being without foam. बिना फेन की स्थिति; **Foamy** (-ई) -*adj.* full of foam. फेनयुक्त, झागदार।

Fob-फ़ॉब्-*n.* a small pocket for a watch घड़ी रखने का छोटा जेब; -*v. t.* to cheat. धोखा देना, ठगना।

Focal-फ़ो'-कॅल्-*adj.* pertaining to a focus. केन्द्र सम्बन्धी; **Focal distance** (the distance from a lens to the image cast by it.) ताल के मध्य से उस से देखे हुए पदार्थ तक की दूरी।

Focalize-फ़ो'-कॅल्-आइज़्-*v. t.* to collect in focus. केन्द्रीभूत करना।

Focus-फ़ो'-कस्-*n.* (*pl.* Focuses, Foci) the point at which rays of light meet. किरणों का केन्द्र; -*v. t.* (*p. t.* Focused.) to converge to a point, to bring to a point. केन्द्रीभूत होना।

Fodder-फ़ॉड्'-डर्-*n.* dried food for horses or cattle. पशुभोजन, चारा, भूसा; **Fodderless** (-लैस्) -*adj.* deprived of fodder. भूसा रहित, बिना भूसे का।

Fodient-फ़ो'-डि-ऍन्ट्-*adj.* & *n.* digging. खोदने वाला, खदना, खोदना।

Foe-फ़ो-*n.* an enemy, an opponent, an adversary. शत्रु, रिपु, वैरी; **Foeman** (an enemy in war.) युद्ध में का शत्रु।

Foetal-फ़ी'-टॅल्-*adj.* pertaining to foetus. भ्रूण सम्बन्धी।

Foeticide-फ़ी'-टि-साइड्-*n.* criminal abortion. भ्रूणहत्या।

Foetus, Fetus-फ़ी'-टस्-*ns.* fully developed embryo in the womb. गर्भ, भ्रूण, गर्भस्थ शिशु।

Fog-फ़ॉग्-*n.* thick mist, watery vapour suspended in the atmosphere, state of perplexity. तुषार, कोहिरा; व्यग्रता -*v. t.* (*p. t.* Fogged) to envelop with fog, to perplex. कोहिरे से ढाँकना, व्याकुल करना; **Fog-bow** (a rainbow seen in fogs.) इन्द्रधनुष जो कोहिरे में देख पड़ता है; **Foggily** (-गि-ली) -*adv.* cloudily. कोहिरे से; **Fogginess** (-गि-नैस्) -*n.* the state of being foggy. कोहिरापन; **In a fog** (perplexed.) घबड़ाया हुआ।

**Foggy**- फ़ॉग्'-गी - *adj.* thick, dull, confused. धूमिल, घना, व्याकुल, घबड़ाया हुआ।

**Fogy,Fogey**-फ़ॉग् -ई-*ns.* an old fashioned person. पुराने विचार या ढंग का मनुष्य।

**Foh**-फ़ो - *interj.* exclamation of contempt. तिरस्कार सूचक अव्यय, छिः।

**Foible**-फ़ॉय्'-बूल्-*n.* weak point, moral weakness. छिद्र, चरित्र की त्रुटि।

**Foil**-फ़ायल्-*v. t.* to baffle, to defeat, to dull, to frustrate. व्यग्र करना, परास्त करना, मन्द करना, विफल करना ;-*n.* track of a hunted animal, a blunt-edged sword, a very thin leaf of metal, defeat. शिकार किये पशुओं का मार्ग, भुथरी तलवार, धातु का महीन वर्क, हार ; **Foilable** (-ऑ-ब्ल्) -*adj.* what may be foiled. हराने योग्य ; **Foiler** (-अर्)- *n.* one who frustrates another. दूसरे को घबड़ाने वाला।

**Foin**-फ़ॉयन्-*v. i.* to thrust with a sword or spear. बर्छी या तलवार भोंकना।

**Foison**-फ़ॉय्'-ज़न्-*n.* plenty, abundance. अधिकता, प्रचुरता।

**Foist**-फ़ॉयस्ट्-*v. t.* to bring by stealth, to pass off as genuine. चोरी से लाना, प्रामाणिक की तरह चालू करना ; **Foister** ( -अर् ) -*n.* a cheat. छली मनुष्य।

**Fold**-फ़ोल्ड्-*n.* an enclosure for cattle, doubling of a substance. पशुओं को बंद करने का बाड़ा, परत ( तह ) ; -*v. t.* to double, to clasp, to envelop, to embrace. दोहराना, चपकाना, ढाँकना, आलिङ्गन करना ; **Folded** ( -ऍड् ) -*adj.* doubled. -*suf.* उपसर्ग यथा-**Threefold** ( doubled in threefolds. ) तिगुना, तीन परत किया हुआ।

**Folder** - फ़ोल्ड्' - अर्-*n.* a machine for folding. मोड़ने या परत करने का यन्त्र।

**Folding**-फ़ोल्ड्'-इङ्- *n.* the operation of doubling. परत या तह करने का काम।

**Foldless**-फ़ोल्ड्'-लॅस्-*adj.* without folds. बिना तह या परत का।

**Folderol**-फ़ोल्ड्'-ड़े - रॉल्-*n.* silly trifle, nonsense. मूर्खता, निरर्थक बात।

**Foliage**-फ़ोल्'-इ-ऍज्- *n.* leaves, cluster of leaves. पत्ते, पत्तों का गुच्छा ; **Foliaged** (-ऍजुड्) -*adj.* furnished with foliage. पत्तों के गुच्छे से परिपूर्ण।

**Foliate**- फ़ोल्' - इ-ऍट् - *adj.* furnished with leaves. पत्तियों से भरा हुआ ; -*v. t.* to beat into a thin plate. पीट कर महीन चद्दर ( या वर्क ) बनाना।

**Folio**-फ़ोल्'-इ-ओ- *n.* a book formed by sheets of paper which is folded once, both the right and left hand pages of an account-book. कागज के ताव को एक बार मोड़कर बनाई हुई पुस्तक, हिसाब की बही के दाहिने और बांये पत्र।

**Folk**-फ़ोक्- *n.* people in general, nation. जनसमूह, जनता, लोक ; **Folklore** ( legendary traditions. ) पौराणिक कथा, घरेलू कथा कहानी ; **Old folk** ( old people. ) वृद्धजन, बुड्ढे लोग।

**Follow**-फ़ॉल्'-लो- *v. t.* to go or come after, to imitate, to pursue, to accompany, to adhere, to obey, to strive after. आश्रय करना, अनुकरण करना, पीछा करना, अनुसरण करना, आज्ञा मानना, प्रयत्न करना ; **To follow out** ( to follow up to the end. ) अन्त तक पीछा करना ; **To follow suit** ( to form rules. ) नियम बना लेना ; **To follow up** ( to be near, to help.) समीप होना, सहायता करना।

**Follower**- फ़ॉल्'-लो - अर्- *n.* one who follows, a disciple, an attendant. अनुचर, अनुसरण करने वाला, शिष्य।

**Following** - फ़ॉल्'-लो-इङ्ग् - *adj.*, succeeding. निम्नलिखित (अगला)।

**Folly**-फ़ॉल्'-ली- *n.* ( *pl.* **Follies.**) want of sense, a foolish act, an unwise conduct. मूर्खता, अज्ञानता।

**Foment**-फ़ो-मॅन्ट्'- *v. t.* to bathe with warm medicated lotion, to foster, to encourage. गरम जल से सेकना, उत्तेजित करना, उत्साहित करना ; **To foment disputes** (to form intrigues.) भेद करना

**Fomenter**- फ़ो-मॅन्ट्'-अर्- *n.* one who foments. सेकने वाला, भेद करने वाला।

**Fomentation**- फ़ो-मॅन्ट्-ए'-शॉन् - *n.* the act of fomenting, instigation. गरम जल से सेक, उत्तेजना।

**Fond**-फ़ॉन्ड्-*adj.* doting, loving, foolish, silly. अनुरक्त ( मुग्ध ), आसक्त, मूर्ख ; **Fondly** (-ली) *adv.* in a fond manner. सप्रेम, अनुराग सहित ; **Fondness** (-नॅस्) *n.* the state of being fond. अनुराग,

प्रीति, स्नेह ( चाव ) ।

**Fondle**-फ़ॉन्ड्ल्-[illegible] *t.* to caress, to play with. आलिङ्गन करना, लाड़ करना ; **Fondler** ( -अर् ) -*n.* one who fondles. लाड़ करने वाला ; **Fondling** ( -लिङ्ग् ) *n.* a person or thing fondled. प्रियतम वस्तु या व्यक्ति ।

**Font**-फ़ॉन्ट्- *n.* a receptacle for holy water, assortment of types of one sort. पवित्र जल के रखने का पात्र, एक प्रकार के टाइप के अक्षर ।

**Fontal**-फ़ॉन्ट्'-ऑल्- *adj.* original, primary. आदि, प्राथमिक ।

**Fontanel, Fontanelle**- फ़ॉन्-टी-नैल्'- *n.* a gap between the bones of the skull of a young animal or infant. बच्चे की कपाल की हड्डी की दरार ( जो जुटी नहीं होती ), चाँदी ।

**Food**-फ़ूड्- *n.* a nourishing material, provision. अन्न ( आहार, भोजन ), खाने का पदार्थ ; **Food-stuff** ( stuff which is used as food. ) जो पदार्थ भोजन के उपयोग में लाया जाता है ।

**Fool**-फ़ूल्- *n.* a silly person, one destitute of intellect, a jester. मूर्ख, निर्बुद्धि, अल्पमति, विदूषक; -*v. t.* & *i.* to deceive, to cheat, to trifle. मूर्ख बनाना, ठगना, धोखा देना, हँसी करना ; **To play the fool** ( to make blunders, to act the buffoon. ) अशुद्धि करना, विदूषक का कार्य करना ; **To make a fool of** ( to perform useless work. ) निरर्थक कार्य करना ; **To go on a fool's errand** ( to be engaged in useless enterprise. ) व्यर्थ के कार्य में प्रवृत्त होना; **Fool's paradise** (imaginary pleasure.) काल्पनिक आनन्द ।

**Foolery**-फ़ूल्'-ऍ - रि- *n.* habitual folly, absurdity. विडम्बना, मूर्ख क्रिया ।

**Foolhardy** - फ़ूल्' - हार्-डी- *adj.* rash, foolishly bold. प्रमत्त, उजड्ड ।

**Foolish**-फ़ूल्'-इश्-*adj.* weak in intellect, ridiculous. निर्बुद्धि ( मूढ ), बुद्धिहीन; **Foolishly** (-इश्-ली) -*adv.* in a foolish manner. अज्ञानता से, मूर्खता से; **Foolishness** ( -नैस् ) -*n.* act of being foolish, folly. दुर्बुद्धि, मूर्खता ; **Fool's errand** अलभ्य वस्तु की प्राप्ति के लिये प्रयत्न ।

**Foolscap**-फ़ूल्स्' - कॅप्- *n.* size of paper which is 15 × 12 inches. १५ × १२ इञ्च के नाप का कागज़ ।

**Foot**-फ़ुट्- *n.* ( *pl.* Feet. ) the lower part of the leg, step, pace, infantry, lower end of bed &c., metrical unit, lineal measure of twelve inches, bottom. टाँग, पग, पैदल सवार, पैतारी, कविता का चरण, बारह इञ्च की नाप, तल, अधोभाग; -*v.i.* to dance. नाचना ; -*v. t.* to kick, to spurn. लत्ती मारना, तिरस्कार करना ; **At one's foot** ( to be one's disciple. ) चेला होना ; **Football** ( a ball played by foot. ) पैर से खेलने का गेंद ; **Footboy** ( - बॉय् ) - *n.* a menial. नौकर, चाकर ; **Foothold** ( anything that sustains feet. ) पैर रखने का आश्रय ; **Footless** ( -लैस् ) -*adj.* without feet. पादहीन ; **Footlights** (a row of lights along the front of a stage. ) नाटक शाला के आगे की दीपक की पंक्ति ; **Footman** ( -मॅन् ) -*n.* a servant in livery. भृत्य, अनुचर, वरदी पहिने नौकर ; **Foot-note** ( the note at the foot of a page. ) पृष्ठ के नीचे की टीका ; **Footmark** ( the mark made by a foot. ) पैर का चिह्न; **Foot of page** (the bottom lines of a page. ) पृष्ठ की अन्त की पंक्ति ; **Foot passenger** ( a pedestrian. ) पैदल चलने वाला ; **Footpath** ( a narrow path. ) पगडंडी ; **Foot-rule** ( a measure 12 inches long. ) एक फुट नापने की पटरी ; **Foot-soldier** ( a soldier that serves on foot. ) पैदल सिपाही ; **Footstep** ( vestige, track. ) पद, पंक्ति ; **Footstool** ( a stool for placing foot on. ) चरणपीठ ; **Footwear** ( shoes and boots. ) अनेक प्रकार के जूते ; **To set on foot** ( to begin a work. ) कार्य आरम्भ करना ।

**Footing** - फ़ुट्' - इङ्ग्- *n.* foundation, basis, condition. नींव, स्थिति, आधार ।

**Fop**-फ़ॉप्- *n.* a vain showy person, a dandy. दम्भी, छैला, बाँका ; **Foppery** ( -पॅ-री ) -*n.* idle affectation. छैलापन ; **Foppish** ( -पिश् ) -*adj.* affectedly fine. दम्भी ; **Foppishly** ( -पिश्'-ली ) *adv.* in a foppish manner. छैलेपन से ; **Foppishness** ( -नैस् ) -*n.* the quality of being foppish or conceited. छैलापन ।

**For**-फ़ॉर् - *prep.* & *conj.* in place of, instead of, in support of, with a view to, because of, as regards, concerning. वास्ते, लिये, हेतु से, निमित्त, क्योंकि, विषय में, उद्देश्य से; **As for** ( in regard to. ) विषय में; **For all the world** ( in reality. ) वस्तुतः, सचमुच ; **For instance** ( as an instance. ) उदाहरणार्थ; **For life** ( throughout life. ) जीवन पर्यन्त ; **For long** ( for a long time. ) बहुत दिनों तक ; **For once** ( only once. ) केवल एक बार ; **Take my word for it** ( be sure of it. ) निश्चय जानो ; **To send for** ( to call for. ) मँगाना ; **To take for granted** ( to accept. ) मान लेना ।

**For**-फ़ॉर् - *pref.* in the sense of away, neglect, excess &c. अधिक दूर, वृथा इत्यादि अर्थ में उपसर्ग की तरह प्रयोग होता है, यथा **Forasmuch.**

**Forage** - फ़ॉर्'-रेज्-*n.* food for horses and cattle. घोड़े या मवेशियों का भोजन; -*v.i.* & *t.* to go in search of food, to ravage. भोजन के लिये घूमना, नष्ट करना ।

**Foramen** - फ़ॉ-रे'-मॅन् - *n.* ( *pl.* **Foramina.**) an orifice or passage. मार्ग, छिद्र।

**Forasmuch** - फ़ॉर्'-ऑज़्-मच् - *conj.* because, that. चूँकि, इसलिये कि ।

**Foray**-फ़ॉर् -रे-*n.* raid, incursion. चढ़ाई, आक्रमण, धावा; -*v. t.* to plunder. लूटना ।

**Forbade**-फ़ॉर्-बॅड्'-*p. t.* of **Forbid.**

**Forbear** - फ़ॉर्-बेअर्' - *v. i.* & *t.* ( *p. t.* **Forbore**, *p. p.* **Forborne.** ) to abstain from, to treat with patience, to be patient. रुकना, रोकना, धैर्य रखना ( सहन करना ); **Forbearance** ( -ऑन्स् ) -*n.* the act of forbearing. क्षमा, सहनशीलता; **Forbearing** ( -इङ्ग् ) -*adj.* enduring. सहनशील ।

**Forbid**-फ़ॉर्-बिड्' - *v. t.* ( *p. t.* **Forbade** -बॅड् , *p.p.* **Forbidden.** ) to order not to do, to prohibit, to exclude, to hinder, to prevent. निषेध करना, पृथक् करना, रोकना; **God forbid** ( may it never happen. ) ईश्वर न करे ऐसा हो; **Forbiddance** (-ऑन्स् ) -*n.* prohibition. निवारण, बाधा **Forbidding** ( -डिङ्ग् ) *adj.* repulsive, raising dislike. अनिष्ट, घृणा उत्पन्न करने वाला ।

**Forbore**-फ़ॉर्'-बोर्- *p. t.* of **Forbear.**

**Force**-फ़ोर्स्-*n.* strength, energy, power, intense effort, an army or navy, influence, vitality. बल, शक्ति, सामर्थ्य, जल या स्थल सेना, प्रभाव, ओज; -*v.i.* & *t.* to use violence, to violate, to distort, to compel. यत्न करना, विवश करना, हटाना; **By force of** ( for the sake of. ) निमित्त, लिये ; **Force-pump** ( a pump by which water is forced up. ) पानी चढ़ाने का पम्प; **To force a smile** ( to smile without cause. ) अकारण हँसाना; **To force one's way** ( to take by force. ) ज़बरदस्ती लेना ।

**Forced** - फ़ोर्स्ड् - *adj.* over-strained, unnatural, affected. यत्नपूर्वक, कृत्रिम; **Forcedly** (-ऍड्-ली ) -*adv.* in a forced manner. बलपूर्वक; **Forced labour** (labour without remuneration.) बेगार ; **Forced meat** ( crushed meat. ) कुचला हुआ मांस; **Forceful** ( -फुल ) -*adj.* full of force, violent. शक्तियुक्त; **Forceless** (-लॅस्) -*adj.* without force. बिना शक्ति का।

**Forceps** - फ़ॉर्'-सॅप्स् - *n.* a pair of surgical pincers. चिमटा, जर्राही सड़सी ।

**Forcible**-फ़ोर्स्'-इ-ब्ल्-*adj.* that may be forced, powerful, involving force, strong, efficacious, convincing, vivid. दबाने योग्य, प्रबल, प्रभावयुक्त, प्रामाणिक, स्पष्ट; **Forcibleness** ( -नॅस् ) -*n.* the quality of being forcible. प्रबलता ; **Forcibly** (-इब्-ली ) -*adv.* in a forcible manner. बल ( हठ ) पूर्वक ।

**Forcing**-फ़ोर्स्'-इङ्ग्-*n.* the act of raising plants &c. at an earlier season by artificial heat. कृत्रिम रीति से ऋतु से पूर्व पौधों की उपज करना ।

**Ford**-फ़ोर्ड् - *n.* the shallow part of a river which can be crossed by wading. नदी का छिछला भाग जो हलकर पार हो सकता है ; -*v. t.* to cross a river by wading. हल कर नदी पार जाना ; **Fordable** ( -ऑ-ब्ल ) -*adj.* that may be crossed by wading. हलकर पार करने योग्य ; **Fordless** ( -लॅस् ) -*adj.* devoid of fords. बिना घाट का ।

**Fordo**-फ़ॉर्-डू'-*v. t.* ( *p. t.* **Fordid** ) to kill, to destroy. मारना, नाश करना ।

**Fore**-फ़ोर् - *adj.* ( *comp.* **Former**, *sup*

Foremost, First. ) situated in front, anterior. अगला, सामने का ; *adv.* & *prep.* in front, in the presence of. आगे, सामने, सन्मुख ; a prefix signifying priority. 'पूर्व' अर्थ का उपसर्ग ; To the fore ( living, existing. ) जीवित, ( हाल का ), प्रस्तुत ; Forearm ( the arm from elbow to waist ) बाँह, कलाई ; Forebow-(बो)-*n.* the fore part of a saddle. काठी का अगला भाग ; Foreman ( -मीन् ) *n.* manager. अध्यक्ष ।

**Forebode**-फ़ोर्-बोड्'-*v. t.* to predict, to foretell, to portend. भविष्य बतलाना, शकुन कहना ; Foreboder ( -अर् ) - *n.* one who predicts. भविष्यवक्ता ; Foreboding (-इङ्ग् ) -*n.* act of predicting. भविष्य ज्ञान ; Forebodingly ( -ली ) -*adv.* in a foreboding manner. भविष्य ज्ञान से ।

**Forecast**-फ़ोर्-कास्ट्'-*v. i.* to conjecture. अनुमान करना, पहले ही से कल्पना करना, अन्दाज लेना; -*n.* foresight, prudence, prevision. पूर्वविचार, दूरदर्शिता ।

**Foreclose**-फ़ोर्-क्लोज़्'-*v. t.* to preclude, to prevent, to stop. प्रतिबन्ध करना, रोकना, मना करना ; Foreclosure (-ज़र् ) -*n.* the act of foreclósing. प्रतिबन्ध, निषेध, रुकावट ।

**Foredo**-फ़ोर्-डू' - *v. t.* ( *p. t.* Foredid, *p. p.* Foredone ) tö destroy. नष्ट करना।

**Forefather**-फ़ोर्'-फ़ा-दर्- *n.* an ancestor. पूर्वज, पुरखा, ( *pl.* ) पितर लोग ।

**Forefinger**-फ़ोर्'-फ़िङ्-गर्-*n.* the finger next to the thumb. अंगूठे के पास की अंगुली, तर्जनी अंगुली ।

**Forefront**-फ़ोर्' - फ्रन्ट्-*n.* the foremost part. सबसे अगला भाग ।

**Forego**-फ़ोर्-गो'-*v. t.* & *i.* ( *p. t.* Forewent, *p. p.* Foregone. ) to precede in place or time, to give up. आगे होना, त्यागना ( छोड़ना ) ; Foregoer ( -अर् ) -*n.* one who goes before another. पूर्वगामी ।

**Foreground**-फ़ोर्'-ग्राउन्ड्-*n.* the part of a picture or scene nearest to the observer. चित्र में का वह भाग जो दर्शक के अति समीप हो ।

**Forehead**-फ़ोर्'-ऐड्-*n.* the front part of the face above the eyes. ललाट, मस्तक

**Foreign**-फ़ॉर्'- रैन् - *adj.* belonging to others, alien, remote, dissimilar, inappropriate. परदेशी, विदेशी, भिन्न, अयोग्य; Foreignness ( -नैस् ) -*n.* the quality of being foreign. भिन्नता ।

**Foreigner**-फ़ॉर्'-रैन्-अर्-*n.* a native of a foreign country. विदेशी, अन्य देशीय ।

**Fore-imagine**-फ़ोर्'-इम्-ऑज्-इन् -*v. t.* to think beforehand. पहिले से मन में विचार कर लेना ।

**Forejudge**- फ़ोर् - जज्' - *v. t.* to judge before. पहिले ही से निर्णय कर लेना ; Forejudgement-( -मैन्ट् ) -*n.* a judgment previously formed. पूर्वनिर्णय ।

**Foreknow**-फ़ोर्-नो'- *v. t.* ( *p. t.* Foreknew, *p. p.* Foreknown. ) to foresee, to know beforehand. अनुमान कर लेना, पहिले से जान लेना ; Foreknowable (-ओ-बल्) -*adj.* that may be foreknown. पहिले से ज्ञात ; Foreknowledge (-नॉल्-ऐज् ) -*n.* the knowledge of a thing beforehand, prescience. पूर्व ज्ञान, भविष्य ज्ञान ।

**Foreland** - फ़ोर्' - लैन्ड् - *n.* a cape or headland, अन्तरीप, खाड़ी ।

**Forelay**-फ़ोर्-ले'-*v. t.* ( *p. t.* Forelaid, *p. p.* Forelain ) to lie in wait for. प्रतीक्षा करना, राह देखना ।

**Foreleg** - फ़ोर्'-लैग्- *n.* the front legs of an animal. पशु का अगला पैर ।

**Forelock**-फ़ोर्' - लॉक्- *n.* the lock of hair that grows on the forehead. माथे के सामने के बाल ; To take time by the forelock ( not to abandon an opportunity. ) अवसर न चूकना ।

**Foreman**-फ़ोर्'-मीन्- *n.* the spokesman of a jury, the chief man, principal workman. पञ्चों का सरदार, चौधरी, प्रधान कर्मचारी ।

**Foremast** - फ़ोर्'-मास्ट्- *n.* the forward lower mast ( near the bow of a ship ). जहाज का अगला निचला मस्तूल।

**Foremost**-फ़ोर्'-मोस्ट्-*adj.* & *adv.* ( *sup. degree.* ) best, chief, first in time, place &c., in the first place. सर्वोत्तम, प्रधान, प्रथम, श्रेष्ठ, सब से आगे ।

**Forenoon** - फ़ोर्-नून्- *n.* the time of day before noon. मध्याह्न से पहिले का

समय ।

**Forensic** - फ़ॉ - रेन्‌' - *adj.* pertaining to law courts. अदालती ।

**Fore-ordain** - फ़ोर्‌-ऑड्‌ - डेन्‌' - *v. t.* to appoint beforehand. पहिले से नियुक्त करना या ठहराना ।

**Forereach** - फ़ोर्‌ - रीच्‌' - *v. i.* & *t.* to shoot ahead. सामने तीर चलाना ।

**Forerun**-फ़ोर्‌-रन्‌'- *v. t.* (*p. t.* & *p. p.* Foreran.) to precede, to foreshadow. आगे बढ़ना (अगवानी करना), अग्रगामी होना; **Forerunner** ( - नर्‌ ) *-n.* a harbinger or messenger. अग्रवर्ती, हरकारा

**Foresay**-फ़ोर्‌-सें'-*v. t.* (*p.t.* Foresaid.) to predict. भविष्य बतलाना ।

**Foresee**-फ़ोर्‌-सी'-*v. t.* (*p. t.* Foresaw, *p. p.* Foreseen.) to see beforehand, to anticipate. आगे से विचार लेना, सोचना

**Foresight** - फ़ोर्‌'-साइट्‌- *n.* foreknowledge, prescience. दूरदर्शिता, पूर्वज्ञान ।

**Foreshadow** - फ़ोर्‌ - शैड्‌'-ओ - *v. t.* to prefigure. पहिले से सूचित करना ।

**Foreshow** - फ़ोर्‌-शो' - *v. t.* to foretell, to portend, to predict. पहिले से कहना, भविष्य बतलाना ।

**Forespeak**-फ़ोर्‌'-स्पीक्‌-*v.t.* (*p. t.* Forespoke, *p. p.* Forespoken.) to foretell, to predict. भविष्य बतलाना ।

**Forest** - फ़ॉर्‌'-रेंस्ट्‌- *n.* a large tract of land covered with trees, an extensive wood. जङ्गल, वन ।

**Forestall**-फ़ोर्‌-स्टॉल्‌'- *v. i.* to be beforehand, to anticipate. पहिले से ग्रहण करना (या मोल लेना), अनुमान करना ।

**Forester** - फ़ार्‌'-रेंस्ट्‌-अर्‌- *n.* an officer who is in charge of a forest. जङ्गल का अफ़सर, वनचर ।

**Forestry**-फ़ॉर्‌'-रेंस्ट्‌-री-*n.* wooded country. जङ्गली प्रदेश ।

**Foretaste**-फ़ोर्‌-टेस्ट्‌'-*v. t.* to taste beforehand. आनन्द का पूर्व अनुभव कर लेना; *-n.* ( फ़ोर्‌'-टेस्ट्‌ ) a taste beforehand, anticipation. पूर्वस्वाद, पूर्वानुभव ।

**Foretell**-फ़ॉर्‌-टेल्‌'-*v. t.*(*p. t.* Foretold.) to predict, to presage. भविष्य कहना, आगम बतलाना; **Foreteller** ( - अर्‌ ) *-n.* one who predicts. भावीदर्शक, दैवज्ञ ।

**Forethought**-फ़ोर्‌' - थॉट्‌- *n.* deliberate intention, provident care. पूर्व विवेक, पूर्व चिन्ता (अति सावधानी) ।

**Foretime** - फ़ोर्‌'-टाइम्‌ - *n.* early days, old times. प्राचीन काल, पुराने दिन ।

**Foretoken**-फ़ोर्‌-टो'-केन्‌ - *v. t.* to portend. पहिले से सूचित करना; *-n.* pre-indication. पूर्व लक्षण, भावी लक्षण ।

**Forewarn**-फ़ोर्‌-वार्न्‌'-*v. t.* to warn or give notice boforehand. पहिले से सचेत करना; **Forewarning** ( - इङ्ग्‌ ) *-n.* a warning beforehand. पूर्व सूचना ।

**Foreword**-फ़ोर्‌'-वड्र्‌-*n.* a preface, introductory remarks on a book, प्रस्तावना, उपोद्घात, दीबाचा ।

**Forfeit**- फ़ॉर्‌' - फ़िट्‌ - *n.* a penalty for breach of contract, the article surrendered, fine. दण्ड, ज़ब्ती, अर्थदण्ड; *v. t.* ( फ़ॉर्‌-फ़ीट्‌' ) to lose right to, to pay as penalty for. ज़ब्त करना, अधिकार में देना, दण्ड रूप में देना; **Forfeitable** ( - ऑ -बल्‌ ) *-adj* able to be forfeited. ज़ब्त करने योग्य; **Forfeited** ( -ऍड्‌ ) *-adj.* surrendered. ज़ब्त, दण्डित; **Forfeiture** ( -यूर्‌ ) *-n.* the act of forfeiting. दण्ड, ज़ब्ती ।

**Forfend**-फ़ॉर्‌-फ़ैन्ड्‌'-*v. t.* to keep off, to avert. अलग रखना ।

**Forgave**-फ़ॉर्‌-गेव्‌'-*p. t.* of Forgive.

**Forge** - फ़ोर्ज्‌ - *n.* a smithy, furnace. भट्ठी, अंगीठी; *-v. t.* to shape by heating, to fabricate, to counterfeit. गढ़ना, बनाना, जाल (कपट) करना; **Forger** ( -अर्‌ ) *-n.* one who forges. कूटकार ।

**Forgery**- फ़ोर्‌' - जर्‌ - ई *-n.* crime of forging. जालसाज़ी, कूट रचना; **Forging** ( इङ्ग ) *-n.* forgery. कूट रचना, जाल ।

**Forget**-फ़ॉर्‌-गेट्‌'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Forgot, *p. p.* Forgotten.) to ose remembrance of, to neglect, to put out of mind. भूलना, विस्मृत होना, मन से उतारना; **Forgetter** ( -टर्‌ ) *-n.* one who forgets. भूलने वाला, भुलक्कड़; **Forgetful** ( -फ़ुल्‌ ) *adj.* neglectful. भुलक्कड़; **Forgetfulness** ( -नेस्‌ ) *-n.* neglect, oblivion. विस्मृति, स्मृति, लोप; **Forgetfully**- ( -फ़ुल्- लि ) *-adv.* in a forgetful manner. भूलते हुए; Forget-

me-not -*n.* the name of a flower. एक प्रसिद्ध नीले ■■ का फूल ; Forgettable ( -टीं - बुल् ) -*adj.* neglectable. भूलने योग्य ।

Forgive-फ़ॉर्-गिव्'-*v. t.* ( *p.t.* Forgave, *p. p.* Forgiven. ) to pardon, to let off, to remit. क्षमा करना, छोड़ना, माफ़ करना ; Forgivable (-ऑ-बुल्) -*adj.* able to be forgiven or pardoned. क्षमा योग्य ; Forgiveness ( - नेस् ) -*n.* quality of forgiving. क्षमा, छुटकारा ; Forgiving ( -इङ्ग् ) -*n.* pardon, remission. क्षमा, त्याग ; *adj.* merciful. दयालु ।

Forgo-फ़ॉर्-गो'- *v. t.* ( *p. t.* Forwent, *p. p.* Forgone. ) to let go, to omit. जाने देना, त्याग देना ।

Forgot-फ़ॉर्-गॉट्'-*p. t.* of Forget.

Fork-फ़ॉर्क्- *n.* a two, three or four pronged instrument. काँटा, शूल ; -*v. t.* to develop into branches. पत्ती फूटना ; Forked ( - ड् ) -*adj.* opening with two points. दो नोक वाला ।

Forlorn - फ़ॉर्-लॉर्न् - *adj.* hopeless, forsaken, deserted. अनाथ, अनाश्रित, ( निराधार ), अशरण ; Forlorn hope ( desperate enterprise. ) हठधारी उत्साह ; Forlornness ( -नेस् ) -*n.* the state of being hopeless. निराश्रय ।

Form - फ़ॉर्म् - *n.* external shape or appearance, model, beauty, behaviour, practice, ceremony, likeness, manner, a class, condition, part of a book disposed into pages. आकृति, नमूना, सौन्दर्य, व्यवहार, चाल, संस्कार, सादृश्य, रीति (क्रम), कक्षा, स्थिति, पुस्तक, का फ़ार्म् ( जुज़ ) ; -*v. t.* to fashion into shape, to settle, to contrive, to frame, to make, to construct. बनाना, निर्माण करना, उत्पादन करना, Formed ( -ड् ) -*adj.* produced, constructed. रचित, बना हुआ ; Formless ( -लेस् ) *adj.* without form. निराकार ।

Formal-फ़ॉर्म्'-ऑल्- *adj.* according to established method, strictly ceremonious. नियमानुसार; Formalism (-इज़्म्) *n.* resting in external forms only. नियमनिष्ठता ; Formalist (-इस्ट् ) *n.* one who observes external forms. नियम पर दृढ़ रहने वाला ; Formally (-ऑल्-लि) -*adv.* in a formal way. विधिवत्

Formality - फ़ॉर्-मॅल्'-इ-टी - *n.* precise, observance of forms, established order. यथाविधि आचार ; Formalize (-ऑ-लाइज़्' ) -*v. i.* to affect formality. दिखौवा आचार करना ।

Formation-फ़ॉर्-मे'-शॉन्-*n.* production, structure. कृति, रचना, ढाँचा ।

Formative-फ़ॉर्म'-ऑ-टिव् - *adj.* having the power of giving a form. रूपान्तर बनाने की शक्ति वाला ।

Former - फ़ॉर्म्'-अर् - *adj.* & *pron.* of the earlier period, foregoing. प्राचीन, अगला ; Formerly ( -ली ) -*adv.* in a previous time. पूर्वकाल में, पहिले ।

Formic-फ़ॉर्म्'- इक् - *adj.* pertaining to ants. चींटी सम्बन्धी ; Formicant (-ऑन्ट्) *adj.* creeping like ants. चींटी की तरह रेंगने वाला ।

Formidable-फ़ॉर्म्'-इ-डॉ-बुल् - *adj.* able to be dreaded. भयानक, भयंकर ( घोर, उग्र ) ; Formidableness ( -नेस् ) -*n.* dreadfulness. भीषणता, भयंकरता ।

Formula-फ़ॉर्म्'-यू-लॉ- *n.* ( *pl.* Formulas, Formulae. ) a set rule, a formal statement. सूत्र, नियम, विधि, नुस्खा ; Formulary ( लॉ-रि ) -*n.* book of prescribed forms. सूत्र समुदाय ।

Formulate - फ़ॉर्'-म्यु-लेट्, Formulize (-लाइज़्) -*v. t.* to express in a formula. सूत्र रूप में वर्णन करना, सूत्र रूप में कहना ; Formulization ( -लाइज़्'-ए-शॉन् ) -*n.* act of formulizing. व्यवस्थापन ।

Fornicate-फ़ॉर्'-नि-केट्- *v. t.* to commit adultery. व्यभिचार करना; Fornication ( -के'-शॉन् ) -*n.* sexual intercourse between unmarried persons. अविवाहिता स्त्री या पुरुष से व्यभिचार ।

Forsake-फ़ॉर्-सेक्'- *v. t.* ( *p. t.* Forsook, *p. p.* Forsaken. ) to give up, to renounce, to withdraw, to abandon. त्यागना, हटाना, छोड़ना ; Forsaker (-अर् ) -*n.* one who renounces. त्याग करने वाला ; Forsaking ( -इङ्ग् ) *n.* the act of renouncing. परित्याग ।

Forsooth-फ़ॉर्-सूथ्' - *adv.* in truth, no doubt, indeed, certainly. अवश्य,

सचमुच, वस्तुतः।

**Forspend** - फ़ॉर्स्पेन्ड्' - *v. t.* (*p. p.* Forspent.) to tire out. थकाना।

**Forswear**-फ़ॉर्स्वेअर्'- *v. t.* (*p. t.* Forswore, *p. p.* Forsworn.) to abjure, to deny on oath. शपथ पूर्वक त्यागना, मिथ्या सौगन्ध खाना।

**Fort**-फ़ोर्ट् - *n.* a fortified place, a castle. दुर्ग, कोट, क़िला, गढ़।

**Forte** - फ़ोर्ट् - *n.* a person's strong point. विशिष्ट गुण, प्रधान गुण ; (फ़ॉर्'-टे) *adv.* with loudness. तीव्र स्वर से।

**Forth**-फ़ोर्थ्- *adv.* & *perp.* backwards, in advance, onward. पीछे, आगे, सामने, बाहर ; And so forth (et cetera.) इत्यादि ; So far forth (to that extent.) उसी सीमा तक, यहाँ तक।

**Forthcoming** - फ़ोर्थ्'- कम् - इङ्ग् - *adj.* about to happen, approaching. भविष्य में होने वाला, आगामी।

**Forthwith**-फ़ोर्थ्'-विद्- *adv.* immediately, without delay. तुरत, झट से।

**Fortifiable**-फ़ॉर्-टि-फ़ि'-ऑ-बल्- *adj.* able to be fortified. दृढ़ करने योग्य।

**Fortitication**-फ़ॉर्-टि-फ़ि-के' -शॉन् - *n.* a place that may be fortified. दुर्ग, कोट, क़िलाबन्दी।

**Fortifier**-फ़ॉर्-टि-फ़ाइ'-अर्- *n.* one who fortifies. किलाबन्दी करने वाला।

**Fortify**-फ़ाई'-टि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Fortified) to strengthen by forts, to encourage with, to provide means of defence. क़िला बनाना, दृढ़ करना, उत्साहित करना, सुरक्षित करना।

**Fortitude**-फ़ॉर्'-टि-ट्यूड्- *n.* courage in adversity or pain, endurance. धैर्य, सहनशीलता।

**Fortlet**-फ़ोर्ट्'-लेट्- *n.* a little fort. छोटा गढ़ या क़िला।

**Fortnight**-फ़ोर्ट्'-नाइट्- *n.* a period of two weeks. अर्धमास, पक्ष ; Fortnightly (-ली)- *adv.* once in a fortnight. प्रत्येक पक्ष में एक बार।

**Fortress** - फ़ोर्ट्'-रेस् - *n.* a fortified place. गढ़, क़िला।

**Fortuitous**-फ़ॉर्-ट्यू'-इ-टस्- *adj.* casual, accidental. दैवाधीन, आकस्मिक।

**Fortuitously** -फ़ॉर्'- ट्यू-इ- टस्'- ली-*adv.* accidentally, casually. अनायास।

**Fortuitist**-फ़ॉर्-ट्यू'-इट-इस्ट् - *n.* one who depends on fate. भाग्य पर भरोसा करने वाला मनुष्य।

**Fortuity**-फ़ॉर्-ट्यू'-इ-टी - *n.* accident, chance, occurrence. दैवयोग, घटना।

**Fortunate**-फ़ॉर्'- ट्यु- नेट्- *adj.* lucky, prosperous. भाग्यवान् , धन्य, भाग्यशाली; Fortunately (-ली)-*adv.* luckily, in a fortunate manner. दैवयोग से, भाग्यवश।

**Fortune**-फ़ॉर्'-ट्यून्- *n.* chance, luck, lot, success, wealth, riches. भाग्य, अदृष्ट, ऐश्वर्य, सम्पत्ति, धन ; Bad fortune (misfortune.) हतभाग्य, अभाग्य ; Fortune-hunter (one who is in search of a wealthy bride.) विवाह के लिये धनिक कन्या को खोजने वाला ; Fortune-teller (an astrologer.) दैवज्ञ, ज्योतिषी ; To make a fortune (to be rich.) धनिक होना ; To marry a fortune (to marry a wealthy girl.) धनी लड़की से ब्याह करना ; To try one's fortune (to test one's luck.) भाग्य की परीक्षा करना।

**Fortieth**-फ़ॉर्'-टि- यथ् - *adj.* next after thirty-ninth. चालिसवाँ।

**Forty**-फ़ॉर्'-टी- *n.* (*pl.* Forties.) four times ten. चालीस।

**Forum**-फ़ॉर्'-अम् - *n.* a market-place, the law courts. फड़, अदालत।

**Forward**-फ़ॉर्'-वर्ड्- *adj. adv.* & *n.* towards the front, onward, relating to future, well-advanced, prompt, ardent, bold, immodest. अग्रिम, भविष्य सम्बन्धी, उद्यत, प्रस्तुत, साहसी, अविनीत; -*v. t.* to make progress, to advance. उन्नति करना, बढ़ना; Forward movement (progress.) उन्नति ; Forwardly (-ली)- *adv.* towards the front. आगे की ओर ; Forwardness (-नेस्) -*n.* promptness. उत्साह, उद्योग, धृष्टता, निर्लज्जता; Forwards (-स्) *adv.* towards the future, continuously, onward. भविष्य में, लगातार, आगे को ; From this time forward (from today onward.) आज से; To come forward (to be engaged in some work.) किसी कार्य के लिये प्रस्तुत होना ; To bring forward (to bring before

the mind. ) ध्यान दिलाना, याद कराना।

**Forwarding**-फ़ॉर्-'वड्इङ्-इङ्- *n.* act of sending merchandise. माल असबाब भेजने का कार्य ; *-adj.* advancing. भेजने का।

**Fosse**-फ़ॉस्-*n.* a canal, ditch or moat. नहर, परिखा, खाई।

**Fossil**-फ़ॉस्'-सिल् - *adj.* & *n.* dug up from earth, petrified remains preserved under the earth. पृथ्वी में से खोदकर निकाला हुआ, पृथ्वी के भीतर का गड़ा हुआ पदार्थ ; **Fossilist** (-इस्ट् )-*n.* one who is versed in the science of fossils. धातुविद्या जानने वाला।

**Foster**-फ़ॉस्'-टर् - *n.* food. भोजन; *-v. t.* to cherish, to promote the growth of, to encourage. पोषण करना, उपज बढ़ाना, उत्साहित करना ; **Foster-brother** (a brother by nursing not by birth.) धात्रीपुत्र, कोकाभाई; **Foster-child** (a child nursed by a woman who is not its mother.) पोष्यपुत्र ; **Foster-father** (one who takes the place of a father in feeding and educating. ) प्रतिपोषक ; **Foster-mother** (nurse.) धात्री, उपमाता।

**Fosterage**-फ़ॉस्'-टर् - एज् - *n.* rearing of the child of another. दूसरे के सन्तान का प्रतिपालन।

**Fosterling**-फ़ॉस्'-टर्-लिङ्ग्- *n.* a foster-child. पोषित पुत्र।

**Fought**-फ़ॉट्-*p. t.* & *p. p.* of **Fight.**

**Foul**-फ़ाउल्-*adj.* loathsome, dirty, impure, filthy, detestable, contrary to rules, choked. मलिन, अशुद्धि, अपवित्र, घृणित, अशिष्ट, कपटयुक्त ; *-v. i.* to make dirty, to pollute, to dishonour. मलिन करना, अशुद्ध करना, मानहीन करना ; **By foul means** ( dishonourably. ) कपट से, छल से ; **Through foul and fair** ( in all circumstances. ) सब स्थिति में।

**Foully**-फ़ाउल्'-ली- *adv.* in a foul manner. अति दुष्टता से, क्रूरता से, मलिनता से ; **Foulness** (-नेस् ) *-n.* dirtiness, impurity. मलिनता, गन्दगी।

**Found**-फ़ॉउन्ड्- *v. t.* & *p. t.* of **Find.**

**Found**-फ़ाउन्ड्- *v. t.* to begin building of, to set up or establish, to construct, to fix firmly, to melt. स्थापित करना, बनाना, स्थिर करना, गलाना, ढालना।

**Foundation** - फ़ाउन्ड्'-ए'-शोन् - *n.* the ground work, basis. आधार, नीव, मूल।

**Founder** - फ़ाउन्ड्' - अर् - *n.* one who founds, one who casts metal. संस्थापक, निर्माण करने वाला, ढालने वाला।

**Founder**-फ़ाउन्ड्'-अर्- *v.i.* to fall down, to be filled with water and sink. गिर पड़ना, जहाज का पानी भरकर डूबना।

**Foundling**-फ़ॉउन्ड्'-लिङ्ग्- *n.* a deserted infant of unknown parents. पितृहीन शिशु, माँ बाप से छोड़ा हुआ बच्चा।

**Foundry**-फ़ॉउन्ड्'-री- *n.* a place where metals are cast. ढलाई करने का कारखाना।

**Fount**-फ़ॉउन्ट् - *n.* a spring, source, fountain, set of types of the same style and size. झरना ( सोता ), उद्गम, एक प्रकार के एक नाप के टाइप।

**Fountain**-फ़ाउन्ट्'-एन्-*n.* a water spring, source of water. सोता, फ़ौवारा, उत्पादन स्थान, मूल हेतु ; **Fountain-pen** ( a pen in which there is a reservoir of ink.) कलम जिसमें रोशनाई भरी होती है।

**Four**-फ़ोर्- *adj.* & *n.* one more than three. चार ; **Fourfold** ( four times. ) चौगुना ; **Four-footed** ( a quadruped.) चौपाया ; **Fourscore** ( eighty. ) अस्सी; **Four-wheeler** ( a four-wheeled carriage. ) चौपहिया गाड़ी।

**Fourteen**-फ़ोर्'-टीन् - *adj.* next after thirteen. चौदह ; **Fourteenth** (-टीन्थ् ) *-adj.* & *n.* the ordinal of fourteen. चौदहवाँ।

**Fourth**-फ़ोर्थ् - *adj.* the ordinal of four. चौथा, चौथाई ; **Fourthly** ( -ली ) *-adv.* in the fourth place. चौथे स्थान में।

**Fovea**-फ़ो'-वि-ऑ -*n.* a depression or pit in the body. शरीर में का गड्ढा।

**Fowl**-फ़ाउल् - *n.* a domestic cock or hen, poultry, its flesh used as food. मुर्गा, मुर्गी, खाद्य पदार्थ की तरह प्रयोग होने वाला इसका मांस; *-v. t.* to shoot, to snare. पक्षी को मारना या फँसाना।

**Fowler** - फ़ाउल्'-अर् - *n.* a sportsman who shoots wild fowl. व्याध, बहेलिया।

**Fowling** - फ़ाउल्'-इङ्ग् - *n.* the art of shooting birds. पक्षीवध की कला; **Fowling-piece** *-n.* ( a kind of small gun. ) चिड़िया मारने की छोटी बन्दूक।

**Fox**-फ़ॉक्स्- *n.* ( *fem.* Vixen. ) a red-

furred bushy tailed quadruped, a sly cunning fellow. लोमड़ी, धूर्त मनुष्य; **Foxhound** ( **Fox-terrier** ) *-n.* a kind of dog. एक प्रकार की विलायती कुत्ता; **Foxlike** *-adj.* crafty, cunning. धूर्त, मायावी, कपटी; **Foxy** (-ई) *-adj.* like a fox. लोमड़ी की तरह का।

**Frab**-फ़्रैब्- *v. t.* ( *p. t.* **Frabbed.** ) to worry. कष्ट देना, दिक करना।

**Fracas** – फ़्रैक्'-आ – ( *pl. same.* ) *n.* a noisy quarrel. शोरगुल, उपद्रव, दंगा।

**Fraction** – फ़्रैक्'-शॉन् – *n.* a numerical quantity which is not an integer, a part, a fragment. भिन्न अंक, भाग (अंश); **Fractional** (-ऑल् ) *-adj.* pertaining to a fraction. भिन्न अंक का; **Fractionary** (-ऑर्-री) *-adj.* fractional. भिन्न अंक का; **Fractionate** (-एट्' )- *v. t.* to separate into parts. भागों में पृथक् करना; **Fractionize** ( -आइज़ ) *-v. t.* to break up into fractions. अंशों में अलगाना।

**Fractious**-फ़्रैक्'-शस्- *adj.* apt to quarrel, unruly, peevish. कलहकारी, लड़ाका, चिड़चिड़ा।

**Fracture**-फ़्रैक्ट्'-यूर्- *n.* a breaking up of bone, separation. हड्डी का टूटना, भंग, विदारण; *-v. t.* to break, to separate. तोड़ना, विदारण करना।

**Fragile**-फ़्रैज्'-इल्- *adj.* easily shattered, weak, perishable, delicate, brittle. भुरभुरा, मुलायम, भंगुर, मृदु; **Fragility** (-फ़्रॉ-जिल्'-इट्-ई) **Fragileness** (-नॅस्) *ns.* perishableness, delicateness. भंगुरता ( भुराभुरापन ), कोमलता।

**Fragment**-फ़्रैग्'-मॅन्ट् – *n.* a detached portion, a broken part, an isolated part. खण्ड, अंश, टुकड़ा; **Fragmentary** ( -ऑर्-री ) *-adj.* composed of fragments. अपूर्ण, खण्डयुक्त, टूटा हुआ।

**Fragrance** – फ़्रे - ग्रॅन्स्, ( -cy-सी )- *n.* sweetness of smell. सुगन्ध, ख़ुशबू।

**Fragrant**-फ़्रे'-ग्रॅन्ट्-*adj.* sweet-smelling, odorous. सुगन्धित, (सुवासित), ख़ुशबूदार; **Fragrantly** ( -ली ) *-adv.* with sweet scent. सुगन्ध सहित।

**Frail**-फ़्रेल् – *adj.* fragile, weak, infirm, unchaste. भंगुर, दुर्बल, व्यभिचारिणी; **Frailty** (-टी )-*n.* fault, weakness, infirmity. निर्बलता, दोष।

**Framable**-फ़्रेम्'-अ-बल् – *adj.* able to be framed. निर्माण करने योग्य।

**Frame** – फ़्रेम् – *v. t.* & *i.* to shape, to construct, to purpose, to contrive, to imagine, to put border round. निर्माण करना, रचना, बनाना, कल्पना करना, किनारा लगाना; *-n.* construction, form, shape, plan, system, temporary frame of mind, a skeleton. रचना, ख़ाका, ढङ्ग, भावना, ढाँचा (बनावट); **To frame in the mind** ( to form a mental picture. ) मन में चिन्तन करना; **Framer** (-अर्)-*n.* one who frames, a contriver. रचना करने वाला, बनाने वाला; **Framing** (-इङ्ग्') *-n.* structure. बनावट; **Framework** (-वर्क्) *-n.* that which supports a structure. ढाँचा।

**Franc**-फ़्रैङ्क्-*n.* a French coin worth about two pence. दो पेन्स् के मूल्य का फ़ान्स देश का सिक्का।

**Franchise** – फ़्रैन्'-चाइज़् – *n.* exemption from burden, privilege, citizenship. छुटकारा, स्वाधीनता, पौरजन का अधिकार; *-v.t.* to set free. मुक्त करना; **Franchisement** (-मॅन्ट्) *-n.* release from restriction. छुटकारा, मुक्ति।

**Frangible** – फ़्रैन्'-जि-बल् – *adj.* easily broken, fragile. सहज में टूटने योग्य; **Frangibility** ( -इट्-ई ) *-n.* quality of being frangible. कुड़कीलापन।

**Frangipane**-फ़्रैन्'-जि-पेन्-*n.* perfume of red jasmine, a kind of almond cream. लाल चमेली का अतर, एक प्रकार की बादाम की मिठाई।

**Frank** – फ़्रैङ्क् – *adj.* generous, unrestrained, liberal, candid, undisguised, sincere. उदार, स्पष्टवक्ता, निष्कपट, सच्चा; *v. t.* to exempt from payment. देने से मुक्त करना; **Frankly** ( -ली ) *-adv.* in a frank manner, candidly. निष्कपटता से; **Frankness** ( -नॅस ) *-n.* the state of being frank, plainness of speech. वाक्य की स्पष्टता।

**Frankenstein**-फ़्रैङ्क्'-ऍन्-स्टाइन् – *n.* the thing which becomes horrible to him who creates it. अपनी बनाई हुई वस्तु का अपने ही लिये भयंकर हो जाना।

**Frankincense**- फ़्रैङ्क्' -इन-सॅन्स् – *n.* an

aromatic gum, resin. लोहबान।

**Franklin**-फ्रैंङ्क्'-लिन् - *n.* an old English freeholder. इङ्गलिस्तान का पूर्व समय का माफ़ीदार।

**Frantic**-फ्रॅन्'-टिक् - *adj.* excited, mad, uncontrolled, wild. उन्मत्त, पागल, उच्छृंखल; **Frantically** (-टि-कॅल् -लि)-*adv.* in a frantic manner. उन्मत्तता से।

**Frap**-फ्रॅप् - *v. t.* (*p. t.* **Frapped.**) to bind tightly (ropes &c.). जहाज़ के रस्से इत्यादि को कसकर बाँधना।

**Fraternal**-फ्रॅ-टर्'-नॅल् - *adj.* brotherly. भ्रातृ सदृश, भाई के समान; **Fraternity** (-नि-टी) -*n.* brotherliness, guild. भाईचारा, बन्धुता; **Fraternization** (-आइज़्-ए'-शॉन्) -*n.* act of fraternizing. समागम, मेल; **Fraternize** (-नाइज़्) -*v. t.* to associate, to make friends. भ्रातृवत् संसर्ग या मैत्री करना।

**Fratricidal**-फ्रॅट्'-रि-सि-डॅल्-*adj.* pertaining to the killing of a brother or sister. भ्राता अथवा भगिनी के वध (का) सम्बन्धी।

**Fratricide**- फ्रॅट्'-रि-साइड् - *n.* one who kills his brother or sister. भाई या बहिन की हत्या करने वाला।

**Frau**-फ्राउ-*n.* a married woman. विवाहिता स्त्री।

**Fraud** - फ्रॉड् - *n.* criminal deception, dishonest trick, stratagem. दगा, कपट, छल; **Religious fraud** (religious deception.) धार्मिक (विश्वास बढ़ाने के लिये) छल करना, पाखण्ड।

**Fraudulence** - फ्रॉड्'-यू-लॅन्स्- *n.* deceit, deception. छल, कपट व्यवहार।

**Fraudulent**-फ्रॉ'-ड्यु-लॅन्ट्-*adj.* practising deception. कपटी, छली, धूर्त; **Fraudulently** (-ली) -*adv.* in a deceptive or fraudulent way. कपट से।

**Fraught**-फ्रॉट्-*adj.* stored, full of. भारयुक्त, परिपूर्ण; **Fraught with** (full of hope.) पूर्ण आशा रखता हुआ।

**Fray**-फ्रे-*n.* (*pl.* **Frays.**) noisy quarrel, broil, conflict. कलह, युद्ध, झगड़ा।

**Frazil**-फ्रॅज़्'-इल्-*n.* ice at the bottom of a stream. किसी जलाशय के तल में का जमा हुआ बरफ़।

**Freak**-फ्रीक्-*n.* whim, caprice, product of sportive fancy. लहर, तरङ्ग, लीला; **Freaked** (-ड्) -*adj.* spotted. धब्बेदार; **Freakish** (-इश्) -*adj.* whimsical. झक्की, चञ्चलचित्त; **Freakishly** (-इश्'-ली) *adv.* in a freakish manner. चपलता से; **Freakishness** (-इश्'-नॅस्) *n.* the state of being freakish. चपलता।

**Freckle**-फ्रॅक्'-कल् - *n.* a light brown mark on skin. शरीर पर का पीला धब्बा या चित्ती; -*v. t.* & *i.* to be spotted with freckles. धब्बे पड़ना या डालना।

**Free**-फ्री- *adj.* not in bondage, loose, not confined or imprisoned, unimpeded, unconnected, lavish, without obstructions, unforced, gratuitous, copious, generous, familiar, exempt from. स्वतन्त्र, ढीला, अबद्ध, बिना रुकावट का, असम्बद्ध, उदार, बिना अवरोध का, मर्यादाहीन, दानी (मुक्तहस्त), पर्याप्त, परिचित, पृथक्; -*v. t.* to set at liberty, to release, to deliver. स्वतन्त्र करना; **Carriage free** (without charge for conveyance.) बिना महसूल के जाने या लाने की क्रिया; **Freebooter** (a pirate.) डाकू, लुटेरा; **Freedom** (डम्) -*n.* personal liberty, frankness, disadvantage स्वतन्त्रता, स्पष्टता, असुविधा; **Freehand** (without the help of measurements.) बिना किसी नाप या यन्त्र के तस्वीर खींचना; **Freehold** (-होल्ड्) -*n.* माफ़ी आराज़ी; **Freely** (-ली) -*adv.* in a free manner. स्वतन्त्रता से, यथेच्छ; **Free-minded** (free from care.) चिन्ता रहित; **Freeness** (-नॅस्)- *n.* the quality of being free. निर्विघ्नता; **Free-school** (a school where students have to pay no fee.) बिना फ़ीस का स्कूल; **Free-speaking** (expressing one's thoughts without reserve.) अपना स्वतन्त्र मत प्रगट करना, **Freethinker** (a rationalist.) धार्मिक विचारों का त्याग करके सोचने वाला; **Free-trade** (freedom from import duty.) बिना कर का व्यापार।

**Freemason** - फ्री'-मे-सोन्- *n.* a society of persons united for brotherly love. एक संघ जिसके सभासद परस्पर प्रेम और भ्रातृभाव रखते हैं।

**Free-will**-फ्री' - विल्- *n.* voluntariness. स्वतन्त्र इच्छा, स्वेच्छा।

**Freeze**-फ्रीज़्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Froze,**

*p. p.* Frozen. ) to convert into ice, to become chilled, to feel very cold, to cause to congeal, to preserve by refrigeration. बरफ़ करना, ठण्डा होना, ठण्ड लगना, जमाना, कुल्फी जमाना ; To freeze one's blood ( to terrify. ) डराना ; To freeze out ( to remove from society. ) समाज से अलगाना ; Freezable (- ॲ - बृल्) *-adj.* able to be freezed. जमने योग्य ; Freezer ( -अर् ) *n.* a refrigerator. बरफ़ जमानें का यन्त्र ।

**Freezing**-फ़्रीज़्' - इङ्ग् - *adj.* chilling. ठण्डा करने वाला, जमाने वाला ; Freezing-point *-n.* जिस ठंढक पर पानी जम जाता है ।

**Freight**-फ़्रेट्- *n.* hire of ship, transport of goods, cargo, burden. जहाज का भाड़ा, बोझ, माल ; *-v. t.* to load goods for transportation. माल ले जाने के लिये जहाज आदि पर लादना ; Freightage (-एज्) *-n.* hire of a ship. जहाज का भाड़ा ; Freighter ( -अर् ) *-n.* one who freights a ship. जहाज पर माल लादने वाला ।

**Fremescent**-फ़्रेम्-मेस्'-सैन्ट्-*adj.* raging, riotous. लड़ाका, झगड़ालू ।

**French**-फ़्रेन्च् - *adj.* of France or its people. फ़्रान्स् देश अथवा इसके निवासियों का ; *-n.* the language or people of France. फ़्रान्स् देश की भाषा अथवा प्रजा ; Frenchify ( -इ-फ़ाइ' ) *-v. t.* to make French. ( आकृति या रूप में ) फ़्रेन्च् के सदृश बनाना ; French leave ( leave without permission ) सूचना बिना दिये छुट्टी ले लेना ; Frenchless ( - लैस् ) *-adj.* without knowing French. फ़्रेन्च् न जानने वाला ; French polish ( a kind of polish for wood. ) लकड़ी पर लगाने की एक प्रकार की पालिश ।

**Frenetic**-same as-Frantic.

**Frenzy**-फ़्रेन्ज़'-ई-*n.* temporary insanity, delirious agitation. उन्माद, आवेश, पागलपन ; *-v. t.* ( *p. t.* Frenzied ) to infuriate. उन्मत्त करना, क्रुद्ध करना ।

**Frequency**-फ़्री'- क्वैन्- सी- *n.* frequent occurrence, rapidity. ( अविराम ) समय, समय पर होने वाली घटना, तीव्रता ।

**Frequent**-फ़्री' - क्वैन्ट्- *adj.* numerous, abundant, occurring often. अनेक, अधिक, नित्य ( बारम्बार ), शीघ्र ; *-v. t.* ( फ़्री - क्वैन्ट्' ) to go often. नित्य या बारम्बार जाना ; Frequentation ( ए'-शॉन् ) *-n.* habit of visiting often. बारम्बार भेंट करने का अभ्यास ; Frequentative ( -ॲटिव् - इव् ) *-adj.* of verbs ( in gram. ) signifying the frequent repetition of an action. व्याकरण में यङन्त रूप ; Frequently ( -ली ) *-adv.* commonly, often. बहुधा, बारम्बार ।

**Fresco**-फ़्रैस्' - को- *n.* ( *pl.* Frescoes. ) a process of painting pictures on wall before plaster is dry. पलस्तर लगाने के पहिले दीवारों पर चित्र खींचने की एक विधि ।

**Fresh**-फ़्रैश्- *adj.* healthy and stron.., new, not previously known, additional, different, raw, inexperienced, not salt, pure, bright. नया, ताजा, स्वस्थ, अज्ञात, अतिरिक्त, भिन्न, कच्चा, अनुभवहीन, मीठा, स्वच्छ, चमकीला ; Fresh complexion ( full youth. ) पूर्ण यौवन ; Fresh water (sweet and palatable water.) मीठा जल; To break fresh ground ( to begin something new. ) कोई नया कार्य आरम्भ करना ।

**Freshen**-फ़्रैश्'-ऍन्-*v. t.* to make fresh. ताजा करना ; Freshness ( - नैस् ) *-n.* the quality of being fresh. नवीनता ।

**Freshly**-फ़्रैश्'-ली-*adv.* in a fresh manner, newly. नई विधि से ।

**Fret**-फ़्रेट्- *n.* an ornamental pattern made of straight lines. रेखाओं से बनी हुई चित्रकारी का काम ; *-v. t.* & *i.* ( *p. t.* & *p. p.* Fretted. ) to adorn with carved or embossed work, to torment, to annoy, to irritate. नकाशी का काम बनाना, पीड़ा देना, उद्विग्न करना, उत्तेजित करना ; *-n.* annoyance, distress, a ridge for finger-stays in stringed instruments. उद्वेग, व्यथा, सितार इत्यादि तारके बाजों के परदे ; To fret and fume (to show impatience through anger.) क्रोध के कारण अधीरता दिखलाना ।

**Fretful** - फ़्रेट्' - .फ़ुल्-*adj.* peevish. शीघ्र कुपित होने वाला ( चिड़चिड़ा ), Fretfully ( -ली ) *-adv.* peevishly. चिड़चिड़ेपन से ; Fretfulness ( -नैस् ) *-n.* peevishness चिड़चिड़ापन ।

Fret-saw-फ्रेट्' - सॉ- *n.* a kind of fine saw. महीन तार की आरी।

Fret-work-फ्रेट्'-वर्क्- *n.* a perforated work. छिद्रों से बने कटाव के काम।

Friable-फ्राइ'-अॅ-बल्- *adj.* easily reduced to powder. जल्दी से बुकनी होने वाला

Friar - फ्राइ' - अॅर्- *n.* (*fem.* Nun) a monk. संन्यासी, तपस्वी।

Friary - फ्राइ'-अॅर- ई - *n.* a convent, a monastery. मठ, विहार।

Fribble-फ्रिब्'-बल्- *v. i.* to trifle. हँसी उड़ाना ; *-adj.* trifling. तुच्छ।

Friction-फ्रिक्'-शॉन्- *n.* rubbing of two bodies, attrition, disagreement. रगड़, घिसाव, बिगाड़ ; Frictional (-ऑल्) *-adj.* pertaining to friction. संघर्ष सम्बन्धी ; Frictionless (-लेस्) *-adj.* devoid of friction, having no friction. बिना रगड़ का।

Friday-फ्राइ'-डे- *n.* the sixth day of the week. शुक्रवार ; Good Friday (Friday before Easter.) ईस्टर के त्योहार के पूर्व का शुक्रवार।

Friend-फ्रेन्ड्- *n.* an intimate associate, a helper, patron, companion. मित्र, सहायक, संरक्षक, साथी, बन्धु ; *-v. t.* to favour. कृपा दिखलाना ; A friend at court (one of sufficient interest to help another.) ऐसा मनुष्य जिसके प्रभाव से अर्थ सिद्धि हो सके।

Friendliness - फ्रेन्ड्' - ली - नेस्- *n.* the quality of being friendly. हितबुद्धि, मित्रत्व।

Friendless-फ्रेन्ड्' - लेस् - *adj.* without a friend. मित्रहीन, निःसहाय।

Friendship - फ्रेन्ड्' - शिप्- *n.* relation between friends. मित्रता।

Friendly-फ्रेन्ड्'-ली-*adj.* kind, serviceable, दयालु, कल्याणकारी ; Friendly dispute (dispute of a friendly nature.) प्रीतिकलह ; On friendly terms (on terms of mutual friendship.) मित्रभाव से।

Frieze - फ्रीज़ - *n.* coarse woollen cloth. मोटा ऊनी कपड़ा।

Frigate-फ्रिग्'-गेट्-*n.* a warship, cruiser. युद्ध नौका, लड़ाई का जहाज़।

Fright - फ्राइट - *n.* sudden fear, alarm. भय, शङ्का, उद्वेग, व्यग्रता।

Frighten-फ्राइट्'- ऍन्- *v. t.* to terrify, to alarm, डराना ; Frightened (-ऍन्ड्) *adj.* terrified. भयत्रस्त, शङ्कित।

Frightful - फ्राइट्' - फुल् - *adj.* dreadful, shocking. भयङ्कर, डरावना ; Frightfully (-फुल्-लि) - *adv.* dreadfully. भयङ्कर रूप से ; Frightfulness (-नेस्) *n.* dreadfulness. डरावनापन।

Frigid-फ्रिज्' - इड् - *adj.* cold, chilling, dull, depressing. शीत, ठण्ढा, निरुत्साह, स्नेह रहित ; Frigidity (-इ-टी) *-n.* chilliness. ठण्ढक ; Frigidness (-नेस्)- *n.* the quality of being chilly. ठण्ढापन, Frigidly (-ली) *-adv.* in a cool manner. शीतलता से।

Frill-फ्रिल्- *n.* an ornamental edging, ruffle. झालर, मगजी ; Frilled (-ड्) *adj.* having ornamental edgings. झालरदार।

Fringe-फ्रिन्ज्-*n.* border, edging, trimmings of hanging threads. किनारा, झालर, अञ्चल ; Fringeless (-लेस्) *-adj.* without fringe. बिना झालर का ; Fringy (-ई) *-adj.* having fringes. झालरदार, मगजीदार।

Frippery - फ्रिप्'- पॅरी - *n.* finery, vain display, trifles, old clothes आडम्बर, दिखावट के पदार्थ, निष्प्रयोजन वस्तु, पुराने वस्त्र।

Frisette-फ्रि-ज़ेट्' - *n.* artificial curls on forehead. ललाट पर के बालों के कृत्रिम गुच्छे, काकुल।

Frisk-फ्रिस्क्- *v. i.* to move sportively क्रीड़ा करना, नाचना ; *-n.* gambol. कुलेल, नाच ; Friskily (-इ-ली) *-adv.* in a frisky manner. आनन्द से ; Friskiness (-इ-नेस्) - *n.* the quality of being frolicsome. उछलकूद ; Frisky (-ई) *adj.* frolicsome. प्रफुल्ल।

Frit-फ्रिट्-*n.* a mixture of sand, flint &c. used in glass-making. काँच बनाने के लिये बालू और चकमक पत्थर आदि का योग।

Fritter - फ्रिट्'- टर्- *n.* a small pancake. टिकिया ; *-v. t.* to divide into small fragments. छोटे छोटे टुकड़े करना ; To fritter away (to waste away.) न

करना।

**Frivol**-फ़िव्'-ऑल्-*v. i.* to trifle, to act foolishly. मूर्खवत् कार्य करना, आडम्बर करना।

**Frivolity**-फ़्रि-वॉल्'-इ-टी-*n.* levity. निरर्थक व्यापार (चपलता); **Frivolous** (-ओ-लस्) *-adj.* trifling, futile, silly. तुच्छ (चपल), अनर्थक, ओछा; **Frivolousness** (-नेस्) *-n.* the quality of being trifling. चपल कर्म; **Frivolously** (-अस्-ली) *-adv.* in a frivolous manner. ओछेपन से।

**Frizz**-फ़्रिज़्-*v. t.* to form into small curls. लच्छे बनाना।

**Frizzle**-फ़्रिज़्'-ज़ल् *v. i.* to make sputtering noise while boiling. खदबदाना।

**Fro**-फ़ो-*adv.* away. दूर (यहाँ से, वहाँ से); **To and fro** (here and there.) इधर उधर, यहाँ वहाँ।

**Frock**-फ़ॉक्-*n.* a gown with loose sleeves. चोगा (बच्चों की ढीली बण्डी); **Frock-coat** (a long coat for men.) मर्दाना लम्बा कोट।

**Frog**-फ़ॉग्-*n.* a tailless amphibious creature, the attachment in a belt for supporting sword &c. (दर्दुर), मेढक, तलवार इत्यादि लटकाने का पेटी में का खलीता; **Frog in the throat** (hoarseness of voice.) गला बैठ जाना।

**Frolic**-फ़ॉल्'-इक्-*n.* prank, merriment. क्रीड़ा, खेल, विहार; *-adj.* sportive. खेलाड़ी; *-v. i.* (*p. t.* Frolicked.) to play wild pranks. उपद्रवी खेल खेलना। **Frolicsome** फ़ॉल्'-इक्-सम्-*adj.* sportive. खेलाड़ी; **Frolicsomely** (-ली) *-adv.* in a sportive manner. क्रीड़ा से; **Frolicsomeness** (-नेस्)-*n.* merriment. क्रीड़ा।

**From**-फ़्रॉम्-*prep.* expressing separation, starting point, inferior limit, source, motive. से, कारण से, आरम्भ करके, प्रायः, अनुसार; **From day to day** (every day.) प्रतिदिन, दिनदिन; **From hence** (from this time.) अब से; **From within** (from the inside.) अन्तःकरण से; **Painted from nature** (*i. e.* from actual model.) प्राकृतिक पदार्थ को देखकर चित्र खींचा हुआ।

**Frond**-फ़्रॉन्ड्-*n.* a leaf-like organ in some flowering shrubs. फूलनेवाले कुछ पौधों में पत्तियों के आकार का अङ्ग।

**Front**-फ़्रन्ट्-*n.* the forehead, face, line of battle towards the enemy. ललाट, अग्रभाग (मुख), युद्ध का मुख; *-v. i.* of look in the face, to stand opposite to, to confront. सन्मुख होना, सामने होना, व्यग्र करना; **Front of army** (fore part of army.) सेना मुख; **In front of** (before.) सामने, आगे; **In the front** (before.) सन्मुख, आगे; **To come to the front** (to be foremost.) विशिष्ट होना; **To go to the front** (to join the army.) सेना में सम्मिलित होना।

**Frontage**-फ़्रन्ट्'-एज्-*n.* the front part of an edifice. घर का अग्रभाग।

**Frontal**-फ़्रन्ट्'-ऑल्-*adj.* pertaining to the front. ललाट सम्बन्धी।

**Frontless**-फ़्रन्ट्'-लेस्-*adj.* wanting shame or modesty. निर्लज्ज।

**Frontlet**-फ़्रन्ट्'-लेट्-*n.* a fillet worn on the forehead. मुकुट, किरीट।

**Frontward**-फ़्रन्ट्'-वर्ड्-*adv.* towards the front part. आगे की ओर।

**Frontier**-फ़्रॉन्'-टि-अर्-*n.* the part of a country bordering another. सीमाप्रदेश, सिवान।

**Frontispiece**-फ़्रन्'-टिस्-पीस्-*n.* an illustration facing the title page of a book. पुस्तक के प्रथम पत्र में लगाया हुआ चित्र।

**Frost**-फ़्रॉस्ट्-*n.* frozen dew or vapour, chilling influence. तुषार, पाला, ठंढ; **Frostily** (-इ-ली) *-adv.* in a frosty manner. ठण्ढेपन से; **Frostiness** (-ई-नेस्) *-n.* the quality of being frosty. पालापन; **Frostless** (-लेस्) *-adj.* deprived of frost. तुषार रहित; **Frosty** (-ई) *-adj.* cold, chilling, frigid. शीत, ठण्ढा, पालेदार।

**Froth**-फ़्रॉथ्-*n.* foam, scum, idle talk. फेन, झाग, व्यर्थ बकवाद; **Frothily** (-इ-ली) *-adv.* with froth. फेन से; **Frothiness** (-इ-नेस्) *-n.* the quality of being with froth. फेनपन; **Frothy** (-ई) *-adj.* full of foam. फेनदार।

**Froward**-फ़्रो'-वर्ड्-*adj.* perverse. ढीठ, हठी; **Frowardly** (-ली) *-adv.* in a froward manner. हठ से; **Frowardness** (-नेस्) *-n.* the state of being per-

verse. हठ ।

**Frown**-फ़ाउन्- *v. i.* to knit the brows in displeasure, to look gloomily. भ्रूभंग करना, त्योरी चढ़ाना, व्यग्र देख पड़ना ; *n.* the knitting of the eye-brow in displeasure. भ्रूभेद, त्योरी ; **Frowning** (-इङ्ग्) *-adj.* gloomy. भौंह चढ़ाया हुआ ; **Frowningly** (-इङ्ग्-ली ) *-adv.* with a look of displeasure. भृकुटी, या त्यूरी चढाये हुए ।

**Frowzy** – फ़ाउ'-ज़ी – *adj.* ill-smelling, dingy. दुर्गन्ध का, उग्र गन्ध का ।

**Frozen**-फ़्रोज़्'-ऍन्- *p. p.* of **Freeze.**

**Fructification**-फ़्रक्'-टि-फ़ि-के'-शान् – *n.* the act or the process of fructifying. फल उपजाने की विधि ।

**Fructify**-फ़्रक्'-टि-फ़ाई- *v. i.* & *t.* ( *p. t.* **Fructified.** ) to bear fruit, to make fruitful. फल उत्पन्न करना, उपजाऊ बनाना ।

**Fructose**-फ़्रक्'-टोस्- *n.* fruit sugar. फलों में से निकाली हुई चीनी ।

**Fructuous**- फ़्रक्'-ट्यू-अस् – *adj.* fruitful fertile. फल उत्पन्न करने वाला ।

**Frugal**- फ़्रू'-गॅल्- *adj.* sparing, thrifty, economical. मितव्ययी, कमखर्च, किफ़ायती; **Frugality** (-गॅल्'-इ-टी) *-n.* the quality of being frugal, thrift. स्वल्प व्यय, कमखर्च; **Frugally** (-ली) *-adv.* in a thrifty manner, with economy. कमखर्ची से ।

**Frugivorous**-फ़्रू-जिव्'-ऑर्-अस्-*adj.* feeding on fruits. फलहार करने वाला ।

**Fruit**-फ़्रूट् – *n.* the edible product of seed produced from a plant or tree, offspring, produce, result, profit. वृक्ष का फल, सन्तति, उपज, परिणाम, लाभ ; *v. i.* to produce fruit. फल उत्पन्न करना । **Fruit-tree**- (-ट्री) *-n.* फल का वृक्ष ।

**Fruitage**-फ़्रूट्'- एज् – *n.* product, fruits collectively. फलागम, फल समुदाय ।

**Fruitarian** – फ़्रूट्'-ऍअर्'-इ-ॲन् – *n.* one who feeds on fruits. फलों का आहार करने वाला, फलभोजी ।

**Fruiter** – फ़्रूट्'-अर् – *n.* a fruit-grower, a fruit-ship. फल देने वाला वृक्ष, फल ले जाने वाला जहाज ।

**Fruiterer** – फ़्रूट्'-अर्-अर् – *n.* one who sells fruits. फल बेचने वाला ।

**Fruitful** – फ़्रूट्'-फ़ुल् – *adj.* productive, fertile. सफल, उपजाऊ ; **Fruitfully** ( -ली ) *-adv.* abundantly. बहुतायत से ; **Fruitfulness** (-नॅस् ) *-n.* the quality of being fruitful. परिपूर्णता, उपजाऊपन ।

**Fruition** – फ़्रू-इश्'-ऑन् – *n.* enjoyment. आनन्द, सुख, स्वाद ।

**Fruitless** – फ़्रूट्'-लॅस् – *adj.* devoid of fruits, barren, useless. निष्फल, निरर्थक, फलहीन ; **Fruitlessly** (-ली) *-adv.* in a useless manner. व्यर्थ, निरर्थक ; **Fruitlessness** (-नॅस् ) *-n.* the quality of being fruitless. निरर्थकता ।

**Fruitlet** – फ़्रूट्'-लॅट् – *n.* a small fruit. छोटा फल ।

**Fruity**-फ़्रूट्'-ई – *adj.* pertaining to or like fruits. फल सम्बन्धी, फलवत् ।

**Frumenty**-फ़्रयु'-मॅन्-टी-**Furmety** (फ़र्म्"-ऍ-टी) *-n.* a kind of food prepared from hulled wheat boiled in milk. दलिया, दूध में पका हुआ गेंहूँ का भोजन ।

**Frump** – फ़्रम्प् – *n.* an old-fashioned shabby woman. गन्दी बूढ़ी औरत ।

**Frustrate**-फ़्रस्'-ट्रेट् – *v. t.* to baffle, to disappoint, to defeat. व्यग्र करना, हराना, निराश करना; *-adj.* void. निरर्थक ।

**Frustration**-फ़्रस्-ट्रे' -शॉन्-*n.* disappointment, defeat. नैराश्य, पराजय ।

**Frustrative**-फ़्रस्'-ट्री-टिव्- *adj.* tending to defeat. पराजयकारी ।

**Frustum**-फ़्रस्ट्'-अम्- *n.* the lower part of a solid formed by cutting it off parallel to the base. किसी ठोस पदार्थ का आधार के समानान्तर कटा हुआ निचला भाग ।

**Frutescent** – फ़्रू-टॅस्'-ऍन्ट् – *adj.* of the nature of a shrub. झाड़ी के सदृश ।

**Frutex**-फ़्रू'-टॅक्स्- *n.* a shrub. झाड़ी ।

**Fry**-फ़्राइ – *n.* young fishes in large number, fried meat. छोटी मछलियों का समुदाय, पकाया हुआ मांस; *-v. t.* ( *p. t.* **Fried.** ) to roast or cook in fat. भूँजना, तलना; **Fryer** ( -अर् ) *-n.* a frying-pan. पकाने की कड़ाही ।

**Frying** – फ़्राई-इङ्ग् – *n.* a process of cooking. पकाना, भूँजना ; **Frying-pan** ( a vessel for frying. ) कड़ाही ; **Out of the frying-pan into the fire** ( out of one difficulty into another. ) एक आपत्ति से निकल कर दूसरी आपत्ति में गिरना।

**Fubsy**-फ़ब्'-सी-*adj.* fat. वसा या चरबी युक्त।

**Fucus**-फ़्यू'-कस्-*n.* a kind of seaweed. एक प्रकार की समुद्री सेवार।

**Fuddle**- फ़ड्'-इल् - *v. t.* to intoxicate, to confuse. मदोन्मत्त करना, व्याकुल करना, घबड़ाना ; -*n.* intoxication. नशा

**Fudge**-फ़ड्ज्- *n.* nonsense. अनर्थक वार्ता; *v. t.* to patch up, to cheat. चिप्पड़ लगाना, पट्टी रखना, ठगना।

**Fuel**-फ़्यु'-एल्- *n.* material for burning, something that feeds passion. इन्धन ( समिधा ), भड़काने वाला पदार्थ ; -*v. t.* ( *p. t.* **Fuelled.** ) to feed with fuel इन्धन लगाना।

**Fuff**-फ़फ़्- *v. t.* to puff. फुलाना।

**Fuffy**-फ़फ़्'-फ़ी - *adj.* soft and light. हलका और मुलायम।

**ug**-फ़ग् - *n.* musty smell in a room. कमरे में की दुर्गन्ध ( गुमस )।

**Fugacious**-फ़्यु-गे'-शस् - *adj.* fleeting, difficult, apt to flee. पलायनशील, कठिन, भागने वाला।

**Fugitive**-फ़्यू'-जि-टिव्- *adj.* flying, fleeting, wandering, running away, occasional. भगेड़ू, भागने वाला, चपल, अस्थिर; *n.* refugee, exile. भग्गू, भागने वाला।

**Fulcrum** - फ़ल्'-क्रम् - *n.* ( *pls.* **Fulcra, Fulcrums.** ) the prop or support on which a lever moves. आधार, आलम्ब, आश्रय।

**Fulfil**-फ़ुल्-फ़िल्' - *v. t.* ( *p. t.* **Fulfilled.** ) to carry out, to perform, to comply with, to bring to an end. परिपूर्ण करना, सफल करना, निर्वाह करना, समाप्त करना ; **Fulfiller** (-लर्) -*n.* one who fulfils. पूरक ; **Fulfilment** (-मेन्ट्) -*n.* accomplishment, completion. सिद्धि; **Fulfilment of desires** (accomplishment of desires.) इच्छापूर्ति।

**Fulgent** - .फ़ुल्' - जेन्ट् - *adj.* shining, brilliant, dazzling. उज्ज्वल, दीप्तिमान, चमकता हुआ।

**Fulgurate**-फ़ल्'-ग्यु-रेट्- *v. i.* to flash as lightning. बिजली की तरह चमक उठना।

**Full**-.फ़ुल् - *adj.* filled up, complete, crowded, engrossed, abundant, copious, entire, perfect. परिपूर्ण, व्याप्त, सकल, मोटा, अखण्ड, संपूर्ण ; -*v. t.* & *i.* to become or make full. इकट्ठा होना या करना ; -*adv.* completely. पूर्ण रूप से ; *adv.* to the same degree. उस स्थिति तक ; *n.* the whole. पूर्ण, परा ; **At full length** ( lying straight. ) लम्बा पड़ा हुआ ; **Full-blooded** -*adj.* (hearty) सहृदय ; **Full-blown** -*adj.* ( fully expanded. ) प्रफुल्ल, विकसित ; **Full-brothers** (sons of the same parents.) एक ही माँ बाप के जन्मे भाई ; **Full-fed** ( stout. ) हृष्टपुष्ट ; **Full growth** (development. ) प्रौढ़ता ; **Full-hearted** -*adj.* energetic. उमंग में भरा हुआ ; **Full-moon** ( *i. e.* when its whole disk is illuminated. ) पूर्णचन्द्र ; **To the full** ( completely. ) पूर्णरूप से।

**Fuller**-.फ़ुल्'-अर्- *n.* one who cleanses clothes. कपड़ा साफ़ करने वाला ; **Fuller's-earth** ( hydrous silicate of alumina. ) सज्जीखार, रेह ; **Fullness** ( -नैस् ) -*n.* the quality of being full. पूर्णता ; **Fully** ( - ली ) -*adv.* completely, in full manner. पूर्ण रूप से।

**Full-stop** - .फ़ुल्' - स्टॉप्- *n.* period (.) used in punctuation. पूर्ण विराम।

**Fulminant**-.फ़ुल्' - मि-नॉन्ट्- *adj.* developing suddenly. एकाएक बढ़ाने वाला ; **Fulmination** ( -ने'-शॉन् ) -*n.* the act of fulminating. स्फूर्जन ; **Fulminatory** ( -नीन्ट र् - ई ) -*adj.* pertaining to fulmination. उमड़ने वाला।

**Fulminate**-.फ़ुल्'-मि-नेट्- *v. t.* to explode, to thunder forth. गरजना, ( तड़पना ), फटना।

**Fulness**-.फ़ुल्'-नैस् see **Fullness.**

**Fulsome** - .फ़ुल - सम्- *adj.* excessive, disgustive, overfull. अति, बहुत, घृणित; **Fulsomeness** ( -नैस् ) -*n.* disgustiveness. घृणा, गर्हता।

**Fulvous** - फ़ल्'-वस्- *adj.* reddish yellow. धूसर वर्ण का, भूरा।

**Fumacious** - फ़्यू-मे'-शस्-*adj.* smoky. धूम्र पूर्ण, धुवें से भरा हुआ।

**Fumble**-फ़म्'-बल्-*v. i.* to use hand in an awkward manner, to grope about फूहड़पन से काम करना, टटोलना ; **Fumbler** ( -ब्लर् ) -*n.* one who fumbles. फूहड़पन से काम करने वाला ; **Fumbling** ( -इङ्ग) *n.* awkwardnes. फूहड़पन।

**Fume**-फ्यूम्- *n.* smoke, vapour, fit of anger. धुवाँ, भाफ, क्रोध का आवेग ; -*v. i.* to smoke. धुवां उठना ; -*v. t.* to perfume. सुगन्धित करना ; **Fumeless** ( -लेस् ) -*adj.* free from fumes. धूम्र रहित, बिना धुवें का ।

**Fumid** - फ्यू' - मिड्- **Fumy** ( फ्यू'-मी ) -*adjs.* full of smoke, vaporous. धुवें से परिपूर्ण, बाष्पपूर्ण ; **Fumidness** ( -नेस् ) -*n.* smokiness. धुआँपन ।

**Fumigate**-फ्यू' - मि-गेट्- *v. t.* to apply fumes to, to purify, to perfume. धूप देना, सुबासित करना, सुगधित करना; **Fumigation** ( गे' - शन् ) -*n.* the act of fumigating. सुगन्धित करण ; **Fumigator** (-ऑर् )-*n.* that which fumigates. धूप देने वाला ।

**Fun**-फ़न्- *n.* sport, amusement. खेल, क्रीड़ा ; **In fun** ( in joke. ) हँसी में ; **To make fun of** ( to make sport of. ) हँसी उड़ाना ।

**Funambulist** - फ्यू-नैम्' ब्यु-लिस्ट्- *n.* a rope-walker. रस्सी पर चलने वाला, नट ।

**Function**-फ़ङ्क्'-शन्- *n.* performance, a social gathering, office, the use of any organ, power. व्यापार, सामाजिक सम्मेलन, किसी अंग का उपयोग, शक्ति, अधिकार ; -*v. t.* to fulfil. पूर्ण करना ; **Functional** ( -ऑल् ) -*adj.* performed by function. अधिकारी सम्बन्धी, इन्द्रियों के कार्य सम्बन्धी ; **Functionary** (-ऑ-रि) -*n.* a public official. अधिकारी ; **Functionless** ( - लेस् ) -*adj.* without function or occupation. व्यापारशून्य ।

**Fund** - फ़न्ड - *n.* sto[ck] of something, ( *pl.* ) resources. सञ्चय, ( ब० व० ) मूलधन, माल ; -*v. t.* to provide a fund. माल इकट्ठा करना, लागत लगाना ।

**Fundament**-फ़न्'-डी-मेन्ट्- *n.* the buttocks. कटि पश्चात भाग, चूतड़ ।

**Fundamental**-फ़न्'-डी-मेँन्-टॅल्-*adj.* pertaining to the groundwork or root of matter, essential, primary, original. प्रधान, सारभूत, प्रारंभिक, मौलिक; -*n.* groundwork of a system. सिद्धान्त ; **Fundamentality** (-टॅल्-इ-टी) -*n.* essentiality. मूलता, प्रधानता ; **Fundamentally** (-ली) -*adv.* essentially. मूल रूप में ।

**Funeral**-फ्यू'-नर्-ॲल्- *adj.* burial. उत्तर क्रिया सम्बन्धी ; -*n.* the burial of the dead. अन्त्येष्टि क्रिया, श्राद्ध इत्यादि कर्म ; **Funeral-pile** ( pyre ) -*n.* a pile of wood on which a corpse is burnt. चिता ।

**Fungus**-फ़ङ्'-गस्- *n.* ( *pls.* Fungi, Funguses) mushroom, a kind of spongy plant. मधुरिका, कुकुरमुत्ता ।



Fungus.

**Funicular**- फ्यू-निक्'-यू-लॉर्-*adj.* worked by rope. रस्से से चलाने वाला ।

**Funicle**-फ्यू'-नि-कल्- *n.* a small cord, a fibre. छोटी डोरी, तन्तु, रेशा ।

**Funk** - फ़ङ्क् - *n.* an offensive smell, timidity. दुर्गन्ध, भीरुता, डरावनापन ।

**Funnel**-फ़न्' - नेल्- *n.* a truncated hollow cone and pipe, a metal chimney. चोंगा, टीप, धुवाँकस ।



Funnel.

**Funny** - फ़न्' - नी- *adj.* ( *Comp*-Fumier, *sup.* Funniest. ) full of fun, sportive. खेलवाड़ी ।

**Fur**-फ़र्- *n.* short soft fine hair of certain animals. महीन रोवें ;-*v. t.* (*p.t.* Furred. ) to cover with furs. ( कपड़ों में ऐसे ) रोवें लगाना ; **Furred** (-ड्) -*adj.* with furs, with a coating formed on the tongue. रोमयुक्त, जीभ पर उभड़ी हुई नोकीली तह युक्त ।

**Furbish**-फ़र्' - बिश्- *v. t.* to remove rust, to polish. मुरचा हटाना, चमक लाना ( पालिश करना ) ; **Furbished** ( -ड् ) -*adj.* brightened. चमकाया हुआ ।

**Furcate**-फ़र्' - केट्-*adj.* forked. फटे कोर का ;-*v. i.* to fork. दोमुहाँ करना, फाड़ना; **Furcated** ( -ऐड् ) -*adj.* forked. दो मुहाँ किया हुआ ।

**Furious**-फ़्यू' - रि-अस्-*adj.* raging, violent. कोपाकुल, प्रचण्ड ( तीव्र ) ; **Furiously** (-ली ) -*adv.* in a furious manner, violently. उद्वेग से ; **Furiousness** (-नेस् ) -*n.* violence. उग्रता, प्रचण्डता, तीव्रता ।

**Furl**-फ़र्ल्- *v. t.* to fold, to wrap up,

to relinquish, to contract. मोड़ना, लपेटना, त्यागना, सिकोड़ना।

**Furlong**-फ़र्'-लोङ्ग्- *n.* the eighth part of a mile. एक मील का आठवाँ भाग अथवा दो सौ बीस गज।

**Furlough** - फ़र्'-लो - *n.* a temporary leave of absence. अपने देश जाने के लिये कुछ काल की छुट्टी।

**Furnace**-फ़र्'-नेंस्-*n.* an apparatus for melting metals, a fireplace, severe test. अग्निकुण्ड, अङ्गीठी, भट्ठी, कठिन परीक्षा।

**Furnish**-फ़र्नि'-इश्- *v. t.* to provide, to afford, to supply, to equip. तैयार करना, सजाना, जुहाना।

**Furniture**-फ़र्न्'-इ-ट्यूर- *n.* movable contents, chattels, outfit, equipage. सामग्री, असबाब ; Furniture of one's mind knowledge, imaginative faculty.) विद्या, ज्ञान।

**Furor**-फ्यू'-रोर्'- *n.* rage, excitement. क्रोध, उत्तेजना।

**Furrier**-फ़र्'- रि-अर्-*n.* a dealer in furs. पशुओं के नरम रोवें बेचने वाला।

**Furrow**-फ़र्'- रो- *n.* the narrow trench made by plough, groove, track. हल की लकीर, सीता, नाली, मार्ग ; Furrowness (-नेंस्) -*n.* the state of being a furrow. नाली बनाने की स्थिति।

**Further**-फ़र्'-दर् - *adj.* additional, farther, more distant. अधिकतर, दूर का, आगे का ; -*adv.* to a great distance, in addition. दूर पर, आगे की ओर, और भी ; -*v. t.* to promote. उन्नति देना, बढ़ाना ; Furtherance (-औन्स्) -*n.* promotion. बढ़ती ; Furthermore. (-मोर्) -*adj.* moreover. और भी, अधिक ; Furthermost (-मोस्ट) -*adj.* remotest. सबसे आगे या दूर का।

**Furthest**-फ़र्'- दॅस्ट - *adj.* & *adv.* most distant in time or place. समय या स्थान में सबसे दूर का।

**Furtive**-फ़र्'- टिव् - *adj.* got by stealth, thievish. चुराया हुआ, चोरी किया हुआ ; Furtively (-ली) -*adv.* by stealth. चोरी से ; Furtiveness (-नेंस्)-*n.* the quality of being furtive. चोरी।

**Furuncle**-फ्यू'-रङ्ग - कुल - *n.* a boil or tumour. फोड़ा, बहरबांद।

**Fury** - फ्यू'- री - *n.* wild anger, frenzy, rage, violence of weather. तीव्र कोप, क्रोध, सनक, ऋतु का उद्वेग।

**Furze** - फ़र्ज़ - *n.* a thorny evergreen yellow-flowered shrub. भटकैया।

**Fuse** - फ्यूज़ - *v. t.* & *i.* to melt with great heat, to amalgamate. गलाना, एक रूप होना।

**Fusee**-फ्यू'-ज़ी-*n.* the conical pulley or a wheel, a large-headed match. सूच्याकार घिरनी या पहिया, बड़े माथे की सलाई।

**Fuselage**-फ्यू'-सॅ-लेज्-*n.* the frame-work of an aeroplane. हवाई जहाज का ढाँचा।

**Fusibility**-फ्यू'-ज़ॅ-बिल्'- इ - टी - *n.* the quality of being fusible. द्रवशीलता।

**Fusible**-फ्यू' - ज़ि-बुल्- *adj.* that may be melted. द्रवशील।

**Fusiform**-फ्यू' - ज़ि- फ़ॉर्म् - *adj.* shaped like a spindle, tapering on both ends. सूच्याकार, दोनों किनारों पर नोकीला।

**Fusil**-फ्यू'-ज़िल्- *n.* a kind of light musket. एक प्रकार की छोटी बन्दूक *adj.* capable of being melted by heat. आग की सहायता से गलाने योग्य।

**Fusillade**-फ्यू'-ज़िल्-एड्-*n.* a continuous discharge of irearms. तोपों या बन्दूकों की गोली का लगातार चलना।

**Fusion**-फ्यू'- ज़ॉन् - *n.* the operation of melting. द्रवत्व, एकरूपता, संयोग।

**Fuss** - फ़स्- *n.* bustle, tumult, abundance of detail. आडम्बर, कोलाहल, खलबली ( गड़बड़ ); -*v. i.* to make a fuss. उपद्रव करना ; Fussily (-इ-ली) -*adv.* in a fussy manner. आडम्बर से ; Fussiness (-ई-नेंस्) -*n.* the quality of being fussy. आडम्बर; Fussy (-सी) -*adj.* making a fuss. उपद्रवी।

**Fustian**-फ़स्ट्'-यॆन् - *n.* a kind of thick cotton cloth. एक प्रकार का मोटा सूती कपड़ा ; -*adj.* worthess, exaggerative. निरर्थक, अतिशयोक्ति का।

**Fustianist**-फ़स्ट्'-यॆन्-इस्ट्- *n.* one who writes bombast. अतिशयोक्ति लेखक।

**Fustigate** -फ़स्'-टि-गेट् - *v. t.* to beat with a stick. लकड़ी से मारना।

**Fusty**-फ़स्'-टी-*adj.* ill-smelling. दुर्गन्धयुक्त

**Futility**-फ्यू-टिल्'-इ-टी-*n.* worthlessness. असारता, निरर्थकता।

**Futile**-फ्यू'-टाइल्- *adj.* useless, trifling. निरर्थक, निःसार।

**Future** - फ्यू' - ट्यूर् *adj.* that is to come. भविष्य (आनेवाला); -*n.* time to come. भविष्य काल; **Future time** (time to come.) भविष्यकाल, उत्तरकाल, **Futurity** (-इट्-ई) -*n.* the future time. भविष्यकाल।

**Fuzz**-फज़्- *v. t.* to fluff, to fly off in minute particles. परमाणु रूप में पृथक् होना, इस रूप में उड़ना; **Fuzzily** (-इ-ली) -*adv.* in an indistinct manner. अस्पष्ट-रूप में; **Fuzzy** (-ई) -*adj.* blurred, shaggy. अस्पष्ट।

**Fylfot** - फिल् - फॉट् - *n.* a kind of equal armed cross. स्वस्तिक, सथिया।



Fylfot.

**Fyrd**-फ़र्ड् - *n.* a nation's full military force. किसी देश का सम्पूर्ण सैनिक बल।

G-जी-the seventh letter of the English alphabet, the fifth note of the diatonic scale. अंग्रेजी वर्णमाला का सातवाँ अक्षर, गायन में पाँचवाँ स्वर; It has a hard sound before a, o, u, l and r, and is sounded soft before e, i, y; इसका उच्चारण, a, o, u, l. तथा r पूर्व रहने पर 'ग' तथा e, i, y के पूर्व रहने पर "ज" होता है; it is silent in some words. कुछ शब्दों में इसका उच्चारण नहीं होता यथा "gnat-नैट्", gnaw-नॉ-इत्यादि।

Gab-गैब्-n. prattling,idle talk. वृथा की बकवाद, गपशप; -v. i. (p. t. Gabbed.) to talk much and idly. बकवाद करना, बरबराना; Gift of the gab (power of speech.) बोलने की शक्ति; Stop your gab (stop talking.) बोलना बन्द करो, चुप रहो।

Gabarage-गैब्'-ऑर्-एज्-n. coarse packing cloth. पार्सल बनाने का एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

Gaberdine - गैब्'-अर्-डीन् - n. a loose upper garment. अङ्गरखा, चोगा।

Gabble-गैब्'-बूल्-v. i. to talk inarticulately, to utter too fast. बकबक करना, अति शीघ्र बोलना;-n. a meaningless loud talk, inarticulate sound. बड़बड़ाहट; Gabbler (-अर्)- n. one who gabbles. बकवादी मनुष्य।

Gabelle - गै-बैल्' - n. a tax or duty. राजकर, चुङ्गी।

Gabion - गे'-बि-ऑन् - n. a cylindrical basket filled with earth used in fortification. क़िलाबन्दी में उपयोग करने की मिट्टी भरी हुई खचिया।

Gable-गे'-बूल्-n. the triangular end of a wall at the end of a roof. गृहशिखर, मकान का पाखा या कोना; Gabled (-ड्) adj. pointed. नोकदार, नुकीला।

Gaby-गे'-बी-n. a simpleton. मूर्ख।

Gad-गैड् - n. the point of a spear, a goad. बर्छी की नोक. गदंका; -v. i. (p. t. Gadded.) to walk idly, to wander. भ्रमण करना, घूमना फिरना; Gadding (-डिङ्ग्) -n. a wandering. परिभ्रमण; Gadling (-लिङ्ग्) -n. a loitering person. घुमक्कड़ मनुष्य; On the gad (in motion.) चलता हुआ।

Gadfly-गैड्'-फ्लाइ - n. a fly that bites cattle, a worrying person. गोमक्खी, (डँस), कष्ट देने वाला पुरुष।

Gaff-गॉफ़ - n. a barbed fishing spear. मछली फँसाने की काँटेदार बर्छी; -v. t. to fish with a gaff. काँटेदार बर्छी से मछली पकड़ना।

Gaffer - गैफ़्'-फ़र् - n. an old fellow, foreman of a gang, an old rustic. वृद्ध पुरुष, चौधरी, वृद्ध गँवार।

Gag-गैग्-n. anything thrust into the mouth to enforce silence. मुखरोध (डट्टा); -v. t. (p. t. Gagged) to stop mouth forcibly, to silence. मुँह में कपड़ा ठूँसकर बोलना बन्द करना, चुप करना; Gag-bit (a kind of strap-bit for horses.) घोड़ा निकालने के लिये काँटेदार लगाम; Gag-tooth (a projecting tooth.) उभड़ा हुआ दाँत।

Gage - गेज् - n. a pledge, something thrown down as a symbol to fight. (पण) ललकार, बीड़ा; v. t. to give as a pledge. गिरों रखना।

Gager - गेज्'-अर् - n. one who gages. प्रतिज्ञा करनेवाला, नापनेवाला।

Gaggle-गैग्'-ग्ल्- v. i. to cackle like geese. बत्तक की तरह शब्द करना; -n. flock of geese. बत्तकों का झुण्ड।

Gaiety-गे'-ऍट्-ई-n. mirth, amusement, merrymaking, finery. आनन्द, प्रमोद, उत्सव, चहलपहल।

Gaily-गे'-ली - adv. in a gay or lively manner. प्रसन्नता से।

Gain-गेन्- n. profit, improvement, advance, interest, acquisition of wealth; -(pl.) increase in amount. लाभ, उन्नति, बढ़ती, धन प्राप्ति (ब० व०) बढ़ोतरी; v. t. & i. to obtain, to earn, to acquire, to have as profit, to reach. प्राप्त करना, कमाना, लाभ करना, पहुँचना; To gain ground (to advance.) बढ़ना; To gain the ear of (to get favourable hearing from.) सुनाई होना; To gain the upper hand (to be victorious.) विजयी होना; To gain over (to draw to one's party.) अपने वश में लाना; To gain time (to

make delay by excuses. ) बहाना करके विलम्ब करना ।

**Gainable**-गेन्'-ऍ-बल् - *adj.* able to be gained. प्राप्त करने योग्य ।

**Gainer** - गेन्'-अर् - *n.* one who gains profit. लाभ करने वाला मनुष्य ।

**Gainful**-गेन्'-.फुल् - *adj.* profitable, advantageous. फल देनेवाला, लाभजनक ।

**Gainings**-गेन्'-इङ्ज् - *n. pl.* what one has gained. प्राप्ति ।

**Gainly**- गेन्'- ली *adv.* conveniently. सुविधा से ।

**Gainsay**-गेन्'-से- *v. t.* (*p. t.* Gainsaid) to deny, to oppose or contradict. अस्वीकार करना, विरोध करना; **Gainsayer** ( -अर् ) -*n.* one who gainsays, an opposer. निषेध करने वाला ।

**Gait**-गेट्- *n.* manner of walking, pace. चलने का ढंग, पग ; **Gaited** (-ऍड्) -*adj.* having a particular gait. विशिष्ट गति का, विशेष ढंग का ।

**Gaiter**-गेट्'-अर्- *n.* a covering for the leg, ankle and leg. पैर ढाँकने की पट्टी ।

**Gala**-गा'-ली- *n.* pomp, show, festive occasion. आडम्बर, पर्वदिन, (त्योहार) ।

**Galactic**- गॅल्-लॅक्ट्'-इक्- *adj.* pertaining to milk, or the Milky Way. दुग्ध सम्बन्धी, आकाशगंगा सम्बन्धी ।

**Galaxy**- गॅल्'-ऑक्स्-ई- *n.* a luminous band of small stars like a girdle, the Milky Way, brilliant company. तारापुंज, आकाश गङ्गा, स्वर्गगङ्गा, प्रसिद्ध मनुष्यों की मण्डली ।

**Gale**-गेल्- *n.* a strong wind, gentle breeze. आँधी, हवा का झोंका, मन्द वायु ; **Strong gale** ( strong gust of wind. ) प्रचण्ड वायु, हवा का झोंका ।

**Galea**-गे-लें'-ऑ- *n.* helmeted structure. टोप के समान आकृति ।

**Galeate**- गॅल्'-ई-एट्- *adj.* having the form of a helmet. टोप के समान आकृति का ; **Galeated** (-एट्'-ऍड्) -*adj.* covered with a helmet. टोप से ढपा हुआ ।

**Galimatias**- गॅल् - लि-मॅ'- शि-ऑस्- *n.* meaningless talk. निरर्थक बकझक ।

**Galipot**- गॅल्'- लि-पॉट्- *n.* resin from hardened turpentine. रजन से निकाली हुई कड़ी तारपीन ।

**Gall**-गॉल्- *n.* bile, asperity, blister, painful swelling, malignity. पित्त पीड़ायुक्त सूजन, कठोरता; -*v. t.* & *i.* to injure by rubbing, to humiliate, to annoy. घिसकर भ्रष्ट करना, क्लेश देना, विनीत करना; **Gall-bladder** ( a small membraneous sac situated on the underside of liver. ) पित्ताशय, पित्त की थैली ; **Gall-stone** (concretion formed in gall-bladder.) पित्ताशय की पथरी ।

**Gallant**-गॅल्'-लॅन्ट्- *adj.* showy, grand, courtly, fine, brave. दिखावटी, भड़कीला, सुन्दर, शूरवीर; -*n.* a man of fashion. सुवेशधारी मनुष्य ( छैला ) ; **Gallantly** (-ली) -*adv.* in a gallant manner. वीरता से ; **Gallantry** ( -री ), **Gallantness** (-नेस्) -*ns.* show, bravery, nobleness, generosity. आडम्बर, शूरता, सुशीलता, उदारता ।

**Gallery**-गॅल्'-लर्-री - *n.* a long and narrow passage, balcony with rails around it, room for exhibition of paintings &c. दहलीज, बरामदा, चित्रशाला ; -*v. t.* to provide with gallery. बरामदा लगाना ।

**Galley**-गॅल्'-ली - *n.* ( *pl.* Galleys. ) a low flat vessel. लम्बी नाव ; ( *print.* ) an oblong tray in which types are transferred after composing. टाइप बैठाने की छिछली किश्ती ।

**Galliard**-गॅल्' - यर्ड्- *n.* a gay fellow. आनन्दी मनुष्य ।

**Gallic**-गॅल्'-लिक् - *adj.* pertaining to France. फ्रान्स देश का ।

**Gallinaceous** - गॅल्-लिन्-ए'-शस् - *adj.* pertaining to domestic fowls. गृह कुक्कुट सम्बन्धी ।

**Galling**-गॉल्'-इङ्ग्-*adj.* vexing, annoying. मर्मभेदी, कष्टकारी, कष्ट देने वाला ।

**Gallipot, Galipot** - गॅल्'-लि-पॉट्- *ns.* a small glazed cup for holding medicines &c. औषधि इत्यादि रखने का चीनी-मिट्टी का छोटा प्याला ।

**Gallium** - गॅल्'-लि-अम् - *n.* a chemical element. एक रसायनिक तत्व ।

**Gall-nut**-गॉल्'-नट्- *n.* gall used in the making of ink. माजूफल ।

**Gallon**-गॅल्'-लॉन्- *n.* a liquid measure

of eight pints. तीन सेर दस छटाँक की तरल पदार्थ की नाप।

**Galloon**-गॅल्-लून्- *n.* a narrow woven braid or lace. फ़ीता, लैस, कलाबत्तू।

**Gallop**-गॅल्'-लॉप्-*n.* a horse's swiftest pace. घोड़े की सरपट चाल ; -*v. i.* (*p. t.* Galloped.) to run with leaps. सरपट चाल से दौड़ना ; **Galloper** (-अर्) -*n.* he who or that which gallops. तेज दौड़ने वाला ; **Galloping** (-इङ्ग्)-*adj.* running with leaps. सरपट दौड़ते हुए।

**Galloway** - गॅल्'-लो-वे - *n.* a horse of small size. टाँगन, टट्टू।

**Gallows** - गॅल्'-लोज़् - *n. pl.* (*used as sing.*) a structure on which criminals are hanged. फाँसी देने की टिकठी ; A gallows-look (of sinister demeanour.) कर्कश दृष्टि ; **Gallows-bird** (a person fit to be hanged.) फाँसी देने योग्य मनुष्य।

**Galop** - गॅल्'-ऑप् - *n.* a lively round dance. एक प्रकार का चक्कर में नाच।

**Galore**-गॅ'-लोर् - *n.* abundance. अधिकता; -*adv.* in abundance. बहुतायत से।

**Galosh**-गॅ'-लॉश् - *n.* shoe worn over another in rainy season. बरसात में जूता र क्षित रखने के लिये इसके ऊपर पहिरने का रबर का जूता।

**Galvanic**-गॅल्-वॅन्'-इक्-*adj.* produced by galvanism. बिजली की शक्ति पैदा करने वाली।

**Galvanism** - गॅल्'-वॅन्-इज़्म् - *n.* electricity produced by chemical action. रासायनिक क्रिया से उत्पन्न होने वाली विद्युत् शक्ति।

**Galvanization**-गॅल्-वॅन्-आइज़् ए'-शॉन्-*n.* the act of galvanizing. बिजली से धातु चढ़ाने की क्रिया।

**Galvanize** - गॅल्-वॅन्-आइज़्' - *v. t.* to affect with galvanism. बिजलीकी सहायता से धातु चढ़ाना।

**Galvanometer**-गॅल्- वॅन्- ऑम्'- ईट्-अर्-*n.* an instrument for measuring electrical current. बिजली की धारा नापने का एक प्रकार का यन्त्र।

**Gam**-गॅम्- *n.* a school of whales. ह्वेल मछलियों का जत्था।

**Gambade** - गॅम्'-बेड्- **Gambado** (-बे-डो) (*pl.* Gambadoes.) -*n.* a horse's leap, fantastic movement. घोड़े की छलाँग, कुदान।

**Gamble**-गॅम्'-ब्ल्- *v. i.* to play games of chance for money. दाँव लगाकर जुआ खेलना।

**Gambler**-गॅम्'-ब्लर्- *n.* one who gambles. जुआ खेलने वाला, जुआरी।

**Gambling**-गॅम्'-लिङ्ग्- *n.* playing for money. जुआ ; **Gamblesome** (-सम्) -*adj.* one who gambles. जुआ खेलने वाला।

**Gamboge**-गॅम्'-बोज्- *n.* gum resin, a yellow pigment. पिउड़ी।

**Gambol**-गॅम्'-बॉल्-*n.* a leaping about in frolic. कूदफाँद, कलोल; -*v. i.* (*p. t.* Gambolled) to dance, to leap. नाचना, कूदना, कलोल करना।

**Gambrel**-गॅम्'-ब्रेल्- *n.* the angle above the hoof of a horse's hind leg. घोड़े के पिछले पैर की गुमटी।

**Game**-गेम्- *n.* jest, sport, diversion, a hunted animal. हँसी, क्रीड़ा (मैदान का खेल) शिकार ; -(*pl.*) tricks. छल ; **Game-cock** (a cock which is trained to fight.) लड़ने वाला मुरगा ; **Game-keeper** (one who is in charge of games.) जंगली पक्षियों की रक्षा करने वाला; **Gamester** (-स्टर्) -*n.* gambler, a merry person. जुआरी, खेलाड़ी ; To make game of (to ridicule.) हँसी उड़ाना ; To play one's game (to advance schemes.) नये नये उपाय रचना।

**Gaming**-गेम्'-इङ् - *n.* gambling. द्यूत, जुआ।

**Gamma**-गॅम्'-मॅ - *n.* the third letter of the Greek alphabet. ग्रीक् वर्णमाला का तीसरा अक्षर।

**Gammer**-गॅम्'-मर्- *n.* an old woman. वृद्धा स्त्री, बुढ़िया।

**Gammon**-गॅम्'-मॉन् - *n.* the thigh of bacon, deception, nonsense, backgammon. सुअर का जंघा, छल, कपट, चौपड़ के समान एक प्रकार का खेल; -*v. t.* to win in this game. इस प्रकार के खेल में जीतना।

**Gamut**-गॅम्'-मट्-*n.* the whole series of musical notes, the whole scope of anything. संगीत में ग्राम, स्वर, राग, पूर्ण विस्तार।

Gamy-गेम्'-ई - *adj.* (*comp.* Gamier, *sup.* Gamiest) abounding in or full of games. क्रीड़ापूर्ण ।

Gander - गैन्'-डर् - *n.* (*fem.* Goose) male goose, a fool. हंस, मूर्ख ; Gander party (a company of male persons.) पुरुष मण्डली ।

Gang-गैङ्ग् - *n.* a band or company of persons, (often used in a bad sense.) संघ, मण्डली, जत्था ।

Gangetic-गैन्-जेट्'-इक्- *adj.* pertaining to the Ganges. गंगा नदी संबंधी ।

Ganglion - गाङ्ग्'-ग्लि-ऑन् - *n.* (*pls.* Ganglions, Ganglia) enlargement or knot of a nerve. नाड़ीग्रंथि ।

Gangrene - गैङ्ग्' - ग्रीन् - *n.* decomposition of flesh. मांस का सड़ाव ; Gangrenous- (-ग्रैन्'-अस्) -*adj.* mortified. मांस सड़ने का

Gang-saw-गैङ्ग्'-सॉ- *n.* a saw having two or more operating blades. दो या अधिक धार का आरा ।

Gangway-गैङ्ग्' - वे - *n.* the narrow passage on a ship. जहाज पर चलने का संकुचित ( सकरा ) मार्ग ।

Gangnet-गैन्'-नेट्-*n.* a kind of sea-bird. एक प्रकार की समुद्री चिड़िया ।

Gantry-गैन्'-ट्री - *n.* (*pl.* Gantries.) a four-footed stand for barrels, railway signals &c. पीपे का चौपाया आधार, रेलगाड़ी का सिगनल ।

Gaol-जेल्- *n.* a prison, a jail. बन्दीगृह, कारागार ; Gaoler (-अर्) -*n.* a jail-warder. बन्दीगृह का अध्यक्ष ।

Gap-गैप्- *n.* a gorge, a blank, a cleft, defect. छिद्र, दर्रा, दरार, त्रुटि ।

Gape-गेप् - *v. i.* to open mouth wide, to stare, to split. जँभाई लेना ( मुँह बाना ), ताकना, फाड़ना ; Gaper (-अर्) -*n.* one who gapes. जँभाई लेने वाला ; Gaping (-इङ्ग्) -*n.* yawning. जंभाई लेना ।

Garage-गैर्'- रैज्- *n.* a place for storing motor cars. मोटर गाड़ी के रखने की कोठरी या अस्तबल ।

Garb-गार्ब् - *n.* dress, clothes, costmue. वस्त्र, पहिरावा ; -*v. t.* to clothe, to dress. कपड़ा पहिराना ।

Garbage-गार्'-बेज्-*n.* refuse, filth, offal. ( उच्छिष्ट ) जूठन, मल, विष्ठा ।

Garble-गार्'-बूल्- *v. t.* to pick up the best. छाँटना, बरा केना ; Garbler (-अर्) *n.* one who garbles. छाँटने वाला ।

Garden-गाड्ड्'-ऍन्-*n.* a piece of ground for growing flowers, fruits or vegetables. बाग, बगीचा, फुलवारी ; Garden-city (a model city with gardens.) रचकर बसा हुआ नगर ; Garden-engine (pump for spraying water in a garden.) बगीचे में पानी छिड़कने की कल ; Gardener (-अर्) -*n.* one who cultivates a garden. बाग लगाने वाला, माली; Gardening (-इङ्ग्)- *n.* the act of cultivating a garden. उद्यानकर्म, बगीचा लगाने की कला ; Garden party (a social party in a garden.) बगीचे का भोज, प्रीति भोज ; Hanging garden (a garden in terraces rising behind one another.) ढालुआं ज़मीन पर लगाया हुआ बगीचा ।

Gargle-गार्'-गल् - *v. t.* to wash the throat with a liquid. कुल्ला करना, गलगला करना; -*n.* a liquid preparation for washing the mouth and throat. गलगला ।

Gargoyle- गॉर्' - गॉ-ऍल् - *n.* a spout projecting from gutter to carry rain-water. छत पर का पानी बहाने की सुन्दर मोरी, परनाला ।



Gargoyle.

Garish-गैर्'-इश् - *adj.* showy, gaudy. देखौवा, सुहावना ; Garishly (-ली) *adv.* in a showy manner. दिखावट से ; Garishness (-नेस्) -*n.* the quality of being garish. आडंबर, दिखाव ।

Garland-गार्'-लैन्ड् - *n.* a wreath or chaplet of flowers. माला, फूलों का गजरा; -*v. t.* to deck with garlands. माला से सुशोभित करना या पहिराना ।

Garlic- गार्'-लिक् - *n.* a bulbous plant with a strong smell and pungent taste. लहसुन; Garlice eater (a low fellow.) नीच पुरुष ।

Garment - गार्'-मैन्ट्- *n.* an article of

dress, -(*pl.*) outward clothing. वस्त्र, (ब० व०) ऊपरी पोशाक, लबादा ।

**Garner**-गार्'-नर्- *n.* a storehouse for corn, granary, a bin. धान्यकोष्ठ, खत्ती ; -*v. t.* to store in a granary. अन्न से खत्ती भरना ।

**Garnet**-गार्'-नेट्- *n.* a red mineral of which gems are made. रक्तमणि, तामड़ा रत्न ।

**Garnish**-गार्'-निश्- *v. t.* to decorate, to adorn, to embellish. अलंकृत करना, सुशोभित करना, सजाना ; **Garnisher** (-अर्)- *n.* one who decorates. विभूषित करने वाला ; **Garnishing** (-इङ्ग्)- *n.* that which decorates. सुशोभन, सजावट ; **Garnishment** (-मेंन्ट्) *n.* ornament, embellishment. अलङ्कार, सजावट ।

**Garniture**-गार्'-निट्-यूर् - *n.* accessories, embellishment, dress. सामान, असबाब, सजावट, पहिरावा ।

**Garron**-गैर्'-रन्- *n.* a small horse. छोटा घोड़ा, टट्टू ।

**Garret**-गैर्'-रेट्- *n.* a room on the top floor. (अट्टालिका), शिरोगृह, अटारी ; -*v. t.* to insert small pieces of stone. लंगड़ देना, जोड़ लगाना ; **Garreteer** (-इअर्) -*n.* one who lives in a garret. अटारी पर रहने वाला ।

**Garrison**-गैर्'-रिस्-सॉन्- *n.* a body of troops stationed for the defence of a fortress or town &c. दुर्गरक्षक, किले या नगर का रखवाला करनेवाला सेना ; -*v. t.* to furnish with soldiers. रक्षा के निमित्त सेना नियुक्त करना ।

**Garrot**-गैर्'-राट्- *n.* a kind of sea-duck. एक प्रकार का समुद्री बत्तक ।

**Garrotte, Garotte** - गैर्' - रॉट् - *ns.* capital punishment by strangling a criminal. गला घोंटकर अपराधी को मारने का दण्ड ; -*v. t.* to kill by strangling. गला घोंटकर मार डालना ।

**Garrulity**-गैर्-र्यू' - लिट् - ई - *n.* talkativeness. वाचालता, बकवाद ।

**Garrulous**-गैर्'-र्यू-लस्-*adj.* loquacious, talkative. वाचाल, बहुभाषी, बकवादी ; **Garrulousness** (-नेस्) -*n.* habit of being loquacious. बहुभाषित्व, अधिक बड़बड़ाहट ; **Garrulously** (-ली) -*adv.* in a talkative or loquacious manner बहुत बकवाद करते हुए ।

**Garter**-गार्'-टर्- *n.* a band worn above or below the knee to hold up stockings. मोजा बाँधने का तस्मा ; **The Garter** (the badge of the highest order of Knighthood.) नाइट् की पदवी का विशिष्ट चिह्न ।

**Garth**-गार्थ्- *n.* garden, yard. बगीचा, आँगन, मैदान ।

**Gas**-गैस्- *n.* any aeriform fluid, an empty talk, boasting. वायुरूप द्रव्य, वृथा गल्प, बकवाद ; -*v. t.* (*p. t.* Gassed) to poison with gas, to talk boastfully. गैस से विषैला बनाना, अभिमान पूर्वक बातचीत करना ; **Gas-bag** (a bag for holding gas.) गैस भरने का बेग ; **Gas-engine** (an engine in which the motive power is gas.) गैस से चलने वाला इञ्जन ; **Gas-helmet** (a mantle worn for the protection of poisonous gas.) विषैली वायु से बचने के लिये पहिरने की टोपी ।

**Gasconade**-गैस्'-कॉन्-एड्- *n.* boasting, bragging. आत्मश्लाघा, शेखी -*v. t.* to brag. शेखी हाँकना ।

**Gaselier**-गैस्'-एँ - लिअर्- *n.* a gas-lamp with several burners. अनेक बत्तियों का गैस का लंप ।

**Gasification**-गैं-सिफ्-इक्-ए'-शॉन्- *n.* the act of turning into gas. गैसमें (वायु रूप में) बदल जाना ।

**Gash**-गैश्-*n.* a long and deep cut, a cleft. गहरा घाव, फटन; -*v. t.* to make a gash. गहरा घाव करना ।

**Gasify**-गैस्-इ-फाइ'-*v.t.* (*p.t.* Gasified) to convert into gas. वायुरूप में परिणत करना (बदलना)

**Gasiform**-गैस्'-इ- फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of gas. गैस की आकृति का ।

**Gasket**-गैस्'-केट्-*n.* a small cord for fastening sails &c. पाल इत्यादि बाँधने की डोरी ।

**Gasoline**-गैस्'-सो-लीन्- *n.* an inflammable liquid obtained by distilling petroleum. मिट्टी के तेल से निकाला हुआ शीघ्र जलने वाला अर्क ।

**Gasometer**-गैस्-ऑम्'-एँट्-अर्- *n.* a reservoir for gas. गैस भरने का पात्र ।

**Gas-mask**–गॅस्‌-मास्क्‌–*n.* a protection against inhaling poisonous gas. विषैली गैस को रोकने का साधन।

**Gasp**–गॅस्प्‌–*v. i.* to catch breath with open mouth. हाँफना, दम लेना; -*n.* convulsed effort to catch breath. हाँफन; **Gasping** (-इङ्ग्‌) -*adj.* हाँफता हुआ; **Gaspingly** (-इङ्-ली) -*adv.* in a gasping manner. हाँफते हुए; **To gasp out** (to utter in a gasping tone.) हाँफते हाँफते बोलना।

**Gassy**–गॅस्'-सी- *adj.* containing gas, inflated. वायु पूर्ण, फूला हुआ।

**Gastric, Gastrical**–गॅस्'-ट्रिक्‌ (-ॲल्‌)- *adjs.* pertaining to the stomach. जठर सम्बन्धी, पेट की; **Gastric juice** (a thin juice which is secreted in the stomach.) जठराग्नि।

**Gastro**–गॅस्'-ट्रो-(*in comb.*) relating to stomach. उपसर्ग की तरह, 'पेटका' अर्थ मे प्रयुक्त होता है।

**Gastrologer**–गॅस्‌-ट्रॉल्'-ओज्‌- अर्‌, **Gastrologist**- गॅस्‌ - ट्रॉल - ओज्‌ -इस्ट् -*ns.* a cook. पकानेवाला।

**Gastrology**–गॅस्‌- -ट्रॉल्'-ओज्‌- ई - *n.* the science of cookery. पकाने की विद्या।

**Gastronome**–गॅस्' - ट्रौ -नोम्‌- *n.* a judge of cookery. पकाने की विद्या का न्यायाधीश।

**Gastronomer**–गॅस्‌-ट्रॉ-नॉम्'- अर्‌ - *n.* an epicure. पेटू, भुक्खड़।

**Gastronomy**–गॅस्‌-ट्रॉन्'-ऑम्‌-ई- *n.* the art of good eating. दिव्य भोजन करने की कला, उदरसेवा।

**Gate**–गेट्‌–*n.* an opening for entrance or exit, mountain pass, passage, way, framework hung on hinges. द्वार (फाटक, मार्ग), पहाड़ी दर्रा, दरवाजा, कपाट;-**Gate keeper** (a gateman.) पहरुआ, द्वारपाल; **Gate-post** (a post for hanging door leaves.) किवाड़ लटकाने का खम्भा; **Gateless** (-लॅस्‌) -*adj.* without gates. बिना दरवाजे का; **Gateway** (a passage.) द्वारपथ, तोरण।

**Gather**–गॅद्'-अर्‌-*v-t.* to bring together, to amass, to collect, to acquire, to deduce, to draw together, to pick up, to develop. इकट्ठा करना, बटोरना, संग्रह करना, प्राप्त करना, अनुमान करना, चुनना, उन्नति करना; **Gatherable** (-ॲ-बुल्‌) -*adj.* that may be amassed. इकट्ठा करने योग्य; **Gatherer** (-अर्‌) -*n.* one who gathers. संग्रह करने वाला; **Gathering** (-इङ्ग्‌)-*n.* an assembly, an abscess. जनसमूह, सभा, फोड़ा; **To gather breath** (to have respite.) दम लेना।

**Gatling**–गॅट्'-लिङ्ग्‌-*n.* a machine-gun. मशीनबन्दूक जिसमें से लगातार गोलियाँ छूटती हैं।

**Gauche**–गोश्‌–*adj.*left-handed, awkward, clumsy. बँयहत्था, भद्दा, फूहड़।

**Gaud**–गॉड्‌- *n.* something showy, gaudy ornament. सजावट का पदार्थ, आडम्बर, आभूषण; -*adj.* showy, brilliant. भड़कीला, उज्वल।

**Gaudery**–गॉ'-ड्‌र्‌-ई–*n.* ornaments.आभूषण

**Gaudily**–गॉड्'-इ-ली–*adv.* in a gaudy manner. सजावट के साथ।

**Gaudiness** – गॉड्' -ई-नॅस्‌ – *n.* the quality of being gaudy. अति शोभा, भड़कीलापन।

**Gaudy**–गॉड्'-इ -*adj* (*comp.* Gaudier, *sup.* Gaudiest.)gay, showy. भड़कीला,देखौवा

**Gauge**–गेज्‌– *n.* a standard of measure, capacity, extent, distance between rails, a graduated instrument. स्थिर नाप (पैमाना), विस्तार, रेल की लाइन के बीच का अन्तर, नापने का यन्त्र; -*v. t.* to measure exactly. ठीक ठीक नापना, पैमाना बनाना।

**Gaugeable**–गॉज्'-ऑ-बुल्‌–*adj.* that may be gauged. नापने योग्य।

**Gauger**–गॉज्'-अर्‌- *n.* one who gauges. नापनेवाला।

**Gaul**–गॉल्‌–*n.* the name of ancient France. फ्रान्स्‌ देश का प्राचीन नाम।

**Gaunt**–गॉन्ट्‌–*adj.* lean, thin, haggard. दुर्बल, पतला, कृश (क्षीण); **Gauntness** (-नॅस्‌) -*n.* the state of being thin. दुर्बलता, दुबलापन।

**Gauntlet**–गॉन्ट्'-लॅट्‌–*n.* armoured glove, हस्तत्राण, लोहे का दस्ताना; **To take up the gauntlet** (to accept a challenge.) बीड़ा उठाना, युद्ध स्वीकार करना; **To throw down the gauntlet**(to challeng to combat.) युद्ध के लिये ललकारना; **Gauntleted** (-लॅट्'-ऍड्‌) *adj.* wearing a gauntlet. लोहे का दस्ताना पहिरे हुए।

Gauze-गॉज़्-*n.* a thin fabric of silk, cotton, fine wire &c. महीन रेशमी कपड़ा या महीन तार की जाली ; Gauzy ( -ई ) -*adj.* thin as gauze. जालीदार ।

Gave-गेव्-*p. t.* of Give.

Gavel-गैव्-ऍल्- *n.* an auctioneer's hammer. नीलाम करने वाले की मुंगरी ।

Gawk-गाक्-*n.* an awakward person, a fool. भद्दा मनुष्य, मूर्ख ; Gawky ( -ई ) *adj.* awkward, clownish. भद्दा,ठिठोलिया ।

Gay-गे-*adj.* (*camp.* Gayer, *sup.* Gayest.) sportive, lively, light-hearted, merry, showy, mirthful, brilliant, finely dressed. खेलाड़ी, आनन्दी (प्रफुल्ल, प्रसन्न), विलासी, दिखावा, चमकीला, सुन्दर वस्त्र पहिरे हुए ; Gayness ( -नेस् ) -*n.* gaiety, merriment. आनन्द, प्रसन्नता; Gaysome ( -सम् ) -*adj.* full of gaiety or mirth. आनन्दी, प्रसन्न ।

Gaze-गेज़्-*v. i.* to look steadily at. घूरना, टकटकी लगाकर देखना ; -*n.* a fixed look, look of admiration. अनिमेष दृष्टि, टकटकी ; Gazer ( -अर् ) - *n.* one who gazes. देखनेवाला, घूरने वाला ।

Gazebo-गीं-ज़ी'-बो- *n.* a structure from which the view of a distant object may be had. दूर का दृश्य देखने का मचान ।

Gazelle-गीं-ज़ेल्'- *n.* a small beautiful antelope. छोटा सुन्दर मृग ।

Gazette-गीं-ज़ेट्'- *n.* an official news-sheet. गज़ट, सरकारी समाचारपत्र ; -*v. t.* to publish in a gazette. सरकारी अख़बार में प्रकाशित करना ।

Gazetteer-गीज़्-ऍट्-टियर्'- *n.* a geographical dictionary. भूगोल सम्बन्धी शब्दों का कोष ।

Gazogene-गीज़्'-ओ-जीन्- *n.* a machine for preparing aerated water. सोडा-वाटर, लेमनेड इत्यादि बनाने की कल ।

Gear-गियर्-*n.* equipment, appliances, tools &c., arrangement connecting a motor with its work. उपकरण, सामग्री, सामान, चलानेवाले इंजन या पुर्ज़े का अन्य पुर्ज़ों से मिलान ; -*v. t.* to put machinery in gear. दाँतेदार पहिये को यन्त्र के पुर्ज़े पर धरना ; Gear-wheel (a wheel which is fitteed with cogs. ) दाँतेदार पहिया ; To put out of gear ( to disarrange wheel-work. ) पहियों का क्रम बिगाड़ना ।

Gearing-गियर्'-इङ्ग्- *n.* harness, a train of toothed wheels. बर्तन भाड़ा, दाँतेदार पहियों का क्रम ।

Geckoe-गेक्'-ओ- *n.* a house-lizard. घरेलू छिपकली ।

Gee-जी- *n.* a horse. घोड़ा ; -*interj.* word of command to horse to go on. घोड़े को चलाने के लिये प्रयुक्त शब्द ।

Geese-गीज़्-*n. pl.* of Goose.

Gelatine-जॅल्'-ऑट्-ईन्- *n.* a transparent animal substance obtained from skins, tendons &c. पशुओं के चमड़े इत्यादि से प्राप्त चिपचिपी वस्तु, सरेस ।

Gelatinous-जें-लीट्'-इन्-अस् -*adj.* of the nature of gelatine. माड़ के सदृश, पतला. चिपचिपा ।

Gelatinize जें-लीट्'-इन्-आइज़्- *v. t.* to apply gelatine. सरेस लगाना ।

Gelation-जि-ले'-शान्- *n.* making solid by freezing. ठंढा कर के ठोस करना ।

Geld-गेल्ड्- *v. t.* to deprive of generative organs, to castrate. बधिया करना, नपुंसक करना, आख़्ता करना ।

Gelding-गेल्ड्'-इङ्ग्- *n.* the act of castrating, a castrated animal. नपुंसककरण, आख़्ता किया हुआ पशु ।

Gelid-जेल्'-इड्- *adj.* chilly, cold. ठंढा, तर ; Gelidity (-इ-टी ) -*n.* extreme cold. बड़ी ठंढ; Gelidly (-ली) -*adv.* very coldly. बड़ी ठंढक से ।

Gelsemium-जॅल्-सीम्'-इ-अम्- *n.* a kind of American jasmine. एक प्रकार की अमेरिका की चमेली ।

Gem-जेम्-*n.* a precious stone, object of great worth, choicest part. रत्न, मणि, जवाहिर, बहुमूल्य पदार्थ, श्रेष्ठ अंश ; *v. t.* ( *p. t.* Gemmed. ) to adorn with gems. रत्नों से सुशोभित करना ।

Gemmy-जेम्'-मी *adj.* full of gems. रत्नमय रत्नों से पूर्ण ।

Gemmiferous जें- मिफ्' - ऍर् - अस् -*adj.* producing gems. रत्न उत्पन्न करने वाला ।

Geminate-जॅम्'-इन्-ऍट्-*v. t.* to repeat, to arrange in pairs. दोहराना, जोड़े में रखना ; Gemination ('-ए'-शॉन् ) -*n.* repetition. दोहराव ।

Gemini-जॅम्'-इन्-ई-*n.* the third sign of the Zodiac. मिथुन राशि ।

**Gemma**-जैम्'-मी- *n.* (*pl.* Gemmae.) leaf-bud. फूल की कली ; -*v. i.* to put forth buds. कलियाँ निकलना ; Gemmate (-मेट्) -*adj.* having buds. कलीदार ।

**Gender**-जैन्'-डर्-*n.* grammatical classification of sexes. व्याकरण का जाति विभाग, लिङ्ग ।

**Genealogical**-जैन्'-ई-ऑल्-ऑज्-इक्-'ऑल्-*adj.* pertaining to genealogy. वंशपरम्परा (वंशावली) सम्बन्धी ; Genealogically (-ली) -*adv.* in a genealogical manner. वंशक्रम से ।

**enealogist**-जैन्'-इ-ऑल्-ओज्-इस्ट्- *n.* one who is versed in genealogies. वंशपरम्परा का वर्णन करने वाला ।

**Genealogize**-जैन्'-इ-ऑल्-ऑज्'-आइज़्-*v. t.* to inquire into the history of descents. वंशपरम्परा का अन्वेषण करना ।

**Genealogy** - जैन्'-ई-ऑल्-ऑज्-ई- *n.* the account of descent from ancestors, pedigree, lineage. वंशावली, पीढ़ी, वंशश्रेणी, वंशपरंपरा ।

**Genera**-जैन्'-ऍर्-रा-*pl.* of Genus.

**General**-जैन्'-ऍर्-ऑल्- *adj.* relating to a whole class, widespread, usual, not limited, ordinary, not special, vague, belonging to all. जाति सम्बन्धी, विस्तृत, सामान्य, असीम, साधारण, अस्पष्ट, व्यापक (प्रचलित); -*n.* chief, head, commander of an army. प्रधान, प्रमुख, सेनापति; General opinion (current opinion.) बहुमत ; General rule (ordinary rule.) सामान्य नियम ; In general (in the ordinary way.) सामान्यतः, सामान्य रूप में ; The general (ordinary people.) सर्वसामान्य ।

**Generalissimo**- जैन्'-अर्-ऑल्-इस्'-सि-मो-*n.* the chief commander of an army. सेनाध्यक्ष, प्रधान सेनापति ।

**Generality**-जैन्'-अर्-ऑल्-इट्-ई- *n.* the quality of being general. प्रधानता, सामान्यता ।

**Generalization** - जैन्'-ऍर्-ऑल्-आइज़्-ए'-शॉन्-*n.* the act or result of generalizing. सामान्य अनुमान ।

**Generalize**-जैन्'-ऍर्-ऑल्-आइज़्-*v. t.* to infer a general principle from particular instances. विशिष्ट उदाहरणों से साधारण नियम का अनुमान करना ।

**Generally**-जैन्'-ऍर्-ऑल्-ली-*adv.* usually, most frequently, extensively. प्रायः, साधारणतया, बहुधा ।

**Generalness**- जैन्'-ऍर्-ऑल् - नैस् - *n.* the quality of being general. व्यापकत्व, सामान्यता ।

**Generalship**- जैन्'-ऍ-रॉल्-शिप्- *n.* the rank of a general. सेनापतित्व ।

**Generant**-जैन्'-अर्-ऑन्ट् *n.* that which generates. उत्पादक, उत्पन्न करने वाला ।

**Generate**-जैन्'-ऍर्-एट्- *v. t.* to bring into existence, to beget, to produce, to evolve. उत्पन्न करना, उपजाना ।

**Generation**-जैन्'-अर्-ए'-शॉन्-*n.* production, the body of men born about the same time, race, age. उत्पादन (जन्म), पुरुष (पुरखा) युग ; Former generations (ancestors.) पुरखे ।

**Generative**-जैन्-अर्-एट्'-इव्- *adj.* having power of generating or propagating. उत्पादक, उत्पन्न करने वाला ; Generative organ (organ of generation.) लिङ्ग, योनि ।

**Generator**-जैन्-अर्-एट्'-ऑर्-*n.* he who or that which generates. जन्मदाता, उत्पन्न करने वाला ।

**Generic**-जैन्-ऍर्'-इक्- *adj.* comprehending a genus or class, general, not special. सामान्य, साधारण, व्यापक ; Generic property (property of a genus.) जातिधर्म, स्वभाव, लक्षण ।

**Generically**- जैन्-ऍर् -इक्-ऑल्-लि - *adv.* with regard to a genus. लक्षण से ।

**Generosity** - जैन्-अर्-ऑस्' - सिट्-ई - *n.* liberality, nobleness. उदारता, दानशीलता, सज्जनता ।

**Generous** - जैन्'-ऍर्- अस् - *adj.* magnanimous, free in bestowing gifts, noble-minded, liberal. उदार, दानी, उदारचरित, मुक्तहस्त ; Generously (-ली) -*adv.* in a generous manner. उदारता से ; Generousness (-नैस्)-*n.* liberality, nobleness. उदारता, सुजनता ।

**Genesis**-जैन्'-इस्-इस्- *n.* (*pl.* Geneses-ईज़्) the first book of the Old Testament, origin. ईसाइयों की धर्म-पुस्तक का पहिला काण्ड, उत्पत्ति, जन्म ।

**Genet**- जैन्'-ऍट्- *n.* a kind of civet cat. एक प्रकार की रोवेंवाली बिल्ली ।

**Genetic**–जैन्'-ऐट्-इक् - *adj.* pertaining to the origin. उत्पत्ति सम्बन्धी; **Genetically** ( -ऑल्-लि ) -*adv.* in a genetic manner. उत्पत्ति विषय में।

**Genetics**–जैन्'-ऐट्-इक्स्- *n. pl.* the science of heredity. उत्पत्ति विषयक शास्त्र।

**Genial**–जी'-नि-ऑल्- *adj.* kindly, cheering, jovial. दयालु, सुखप्रद, आनन्दी ; **Geniality** ( -इट्-ई ) -*n.* cheerfulness. प्रसन्नता ; **Genially** ( -ली ) -*adv.* in a genial manner. आनन्द पूर्वक, **Genialness** ( -नस् ) -*n.* cheerfulness. प्रसन्नता, रम्यता।

**Geniculate**–जैन्-इक्'-यु-लैट्- *adj.* having joints like the knee. घुटने की तरह के जोड़ का ; **Geniculated** ( -ऐड् ) -*adj.* having ioints. ग्रन्थियुक्त ।

**Geniculation**- जैन्-इक्' - यू-ले'-शॉन्- *n.* the state of having knots. गाँठपन।

**Genital**- जैन्'-इट्-ऑल्- *adj.* pertaining to generation. जनन सम्बन्धी; **Genitals** (-स्)-*n. pl.* the external organs of generation. वाह्य जननेन्द्रियाँ (शिश्न और भग)।

**Genii**- जी'-नि-आइ- *n. pl.* of Genius (= demon. पिशाच)।

**Genitive**- जैन्'-इट्-इव्- *adj.* possessive ( case ). षष्ठी विभक्ति, सम्बन्ध सूचक।

**Geniture** - जैन्' - इट् - यूर् - *n.* birth, उत्पत्ति, जन्म ।

**Genius**–जी'-नि-अस्- *n.* ( *pl.* Geniuses.) great natural ability, mental endowments, a person having special intellectual powers. अपूर्व बुद्धि, कल्पनाशक्ति, अपूर्वबुद्धि का मनुष्य ।

**Genius**- जी' - नि-अस्- *n.* ( *pl.* Genii ) spirit, a demon. प्रेत, पिशाच ; **Evil genius** ( evil spirit supposed to preside over the destiny of man. ) दुर्दैव ; **Good genius** ( good spirit. ) सुदैव ।

**Genteel**- जैन्'-टील्- *adj.* belonging to well-bred persons, fashionable, elegant. विनीत, सभ्य, सुशील; **Genteelness** ( - नेस् ) -*n.* elegance. सुशीलता ; **Genteelly** ( -ली ) -*adv.* in an elegant manner. सुशीलता से ।

**Gentian**–जैन्'-शीन्- *n.* a kind of blue-flowered plant. किरात, भूनीम ।

**Gentile**–जैन्'-टाइल्- *n.* a person not of Jewish race, a heathen. भिन्न देशीय पुरुष, नास्तिक मनुष्य ।

**Gentility**–जैन्-टिल्'-इट्-ई- *n.* politeness of manners. शिष्टाचार ।

**Gentilize**- जैन्' - टिल् - आइज़्- *v. t.* to render gentlemanly. शिष्ट बनाना ।

**Gentle**- जैन्' - ट्ल् - *adj.* honourable, noble, courteous, mild, moderate. प्रतिष्ठित, सज्जन, विनीत, सौम्य ( सभ्य ), ( भला ) धीमा ; **Gentle breeze** ( soft breeze. ) मन्द पवन ; **Gentle laugh** ( quiet smile. ) मन्द मुसुकान ; **Gentle sex** (women.) स्त्रीजाति; **Gentlewoman** (a woman of good family.) कुलीन स्त्री; **Gentlewomanlike** (befitting a gentlewoman. ) शिष्ट स्त्री के समान ; **Gentle words** ( sweet words. ) प्रिय वचन।

**Gentleman**- जैन्' - ट्ल - मीन्- *n.* ( *pl.* Gentlemen, *fem.* Gentlewoman. ) a man of good birth. भद्र पुरुष ( महानुभाव), शिष्ट मनुष्य ; **Gentleman-at-arms** (a sovereign's bodyguard. ) राजा का शरीर रक्षक; **Gentlemanhood** (position of being a gentleman. ) शिष्टता ; **Gentlemanlike** (gentlemanly.) -*adj.* सभ्य, सुशील; **Gentlemanliness** -*n* (behaviour of a well-bred man. ) शिष्टता, सभ्यता ; **Gentlemanly** -*adj* (like a man of good breeding. ) कुलीन पुरुषवत्, सुविनीत ; **Gentlemanship** -*n.*(the character of a gentleman. ) भद्रता ।

**Gentleness**–जन्'-ट्ल्-नेस्- *n.* the quality of being gentle, kindness. कोमलता, सौम्यता, (दयालुता) शिष्टता, भलमनसी ।

**Gently**- जैन्ट्'-ली- *adv.* nobly, courteously. कोमलता से, मृदुता से ।

**Gentry**- जैन्'-ट्री- *n.* ( *pl.* Gentries. ) the class of people below the nobility and above the vulgar. कुलीन जन, आर्य लोग ।

**Genual**- जैन्'-यू-ऑल्- *adj.* pertaining to the knee. घुटना सम्बन्धी ।

**Genuflect**–जैन्'-यू-फ्लैक्ट्- *v. i.* to bend the knee in worship. पूजा करने के लिये घुटना मोड़ना ।

**Genuflector**–जैन्'-यु-फ्लैक्ट्-ऑर्- *n.* one who bends the knee. पूजा करती समय घुटना मोड़ने वाला ।

**Genuflexion**–जैन्-यु-फ्लैक्'-शॉन्- *n.* the

bending of the knee in worship. आराधना के निमित्त घुटना मोड़ना।

**Genuine**- जेंन्'-यु-इन्- *adj.* real, pure, unadulterated. शुद्ध (यथार्थ, अकृत्रिम), सच्चा, पवित्र ; **Genuinely** (-ली) -*adv.* in a genuine manner. सत्यता से, निष्कपट ; **Genuineness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being genuine. सत्यता, यथार्थता, खरापन, सचाई।

**Genus**-जी'-नस्- *n.* (*pl.* Genera.) a class including several species, animals or plants possessing characteristic distinctions, kind, class. जाति, वर्ग, गण।

**Geocentric, Geocentrical**-जें-ओ-सेंन्ट्'-रिक् (-ऑल्) - *adjs.* considered having earth as centre. पृथ्वी को केन्द्र मानकर विचार किया हुआ ; **Geocentrically** (-ऑल्-लि)-*adv.* in a geocentric manner. इस प्रकार से।

**Geocyclic**- जें-ओ - साइक्'-लिक् *adj.* pertaining to the revolution of the earth. पृथ्वी की परिक्रमा सम्बन्धी।

**Geodesy**-जें-आड्'-एस्-ई- *n.* the science of measuring the earth. भूमण्डल नापने का शास्त्र।

**Geognosy**-जें-ऑग्'-नास्-ई- *n.* a study of the formation of the earth. पृथ्वी की रचना सम्बन्धी शास्त्र।

**Geogony**-जी-ऑग्'-ऑन्-ई- *n.* the study of the formation of the earth. भू-रचना शास्त्र।

**Geographer, Geographical**-see Geography.

**Geography**- जें - आग्'-रॅफ़्-ई- *n.* the science of the earth's surface, physical features, climate, population &c. भूगोल शास्त्र, भूगोल विद्या ; **Geographer** (-अर्) -*n.* one who is versed in geography. भूगोल शास्त्रज्ञ; **Geographical** ( -इक्-ऑल् ) -*adj.* pertaining to geography. भूगोल विषयक; **Physical geography** (geography which deals with natural features.) प्राकृतिक भूगोल।

**Geolatry**-जें-ऑल्' - ऑट् - री - *n.* earth-worship. पृथ्वी पूजन।

**Geological, Geologist**- see Geology.

**Geology**-जें-ऑल्'-ओज्-ई- *n.* the science of the earth's crust. भूगर्भशास्त्र, भूतत्व-विद्या ; **Geological** ( - इक्-ऑल् ) -*adj.* pertaining to geology. भूतत्व विद्या विषयक ; **Geologist** ( -इस्ट् ) -*n.* one who is versed in geology. भूतत्व विद्या का जानने वाला।

**Geomancer**-जी - ओं'-मॅन्स्-अर् - *n.* one who is versed in geomancy. शकुन विद्या में निपुण।

**Geomancy**-जी-ओं'-मॅन्-सी-*n.* divination by figures, dots or lines. रेखा, विन्दु इत्यादि खींचकर शकुन बतलाना।

**Geometer**-जें-ऑम्'-ऍट्-अर् - *n.* one who is skilled in geometry. रेखागणित में निपुण।

**Geometric**-जें-ओ-मेंट्'-रिक्,**Geometrical** ( -ऑल् ) -*adjs.* pertaining to or according to geometry. रेखागणित सम्बन्धी, रेखागणित के अनुसार ; **Geometrical progression** (when quantities increase by a common multiplier.) गुणोत्तरश्रेणी ( यथा १,२,४,८,१६ अथवा १६,८,४,२,१. इत्यादि )।

**Geometrician**-जें-ऑम्'-ऍट्- रिश्' - ऑन्- *n.* one who is skilled in geometry. रेखागणित में प्रवीण।

**Geometrize**-जें-ऑम्'-ऍट्-राइज़् - *v. t.* to perform geometrically. रेखागणित की रीति से आकार बनाना।

**Geometry** - जें - ऑम्' - ऍट्-री - *n.* the science of magnitude in general. रेखागणित, ज्यामिति; **Plane geometry** ( the geometry of plane figures.) समतल ज्यामिति ; **Solid geometry** ( the geometry of solid figures.) पिण्ड ( घन ) ज्यामिति।

**Geonomy**-जि-ऑन्'-ओ-मी *n.* the science of the physical conditions of the earth. प्राकृतिक भूगोल।

**Geophagist**-जें-ऑफ्'-ऑज्- इस्ट् - *n.* one who eats dirt. मिट्टी खाने वाला।

**Geophagy**-जें-ऑफ्' - ऑ - गी - *n.* dirt-eating. मिट्टी खाने का कार्य।

**Geoponic**-जें-ओ-पॉन्'-इक्-*adj.* pertaining to agriculture. कृषि सम्बन्धी।

**Germ**-जर्म् - *n.* elementary principle, origin, reproductive element. मूल, प्रभव, बीज ( अंकुर ), कीटाणु ; -*v. i.* to germinate. उत्पन्न होना।

**German**-जर्'-मीन् *adj.* pertaining to Germany, its language or inhabitants. जर्मनो देश की भाषा या वहाँ के निवासी सम्बन्धी ; **German-silver** ( an alloy of copper, zinc and nickel. ) एक प्रकार का सफ़ेद धातु ।

**Germanic**-जर्'-मीन्'-इक्-*adj.* pertaining to Germany. जर्मनी संबंधी ।

**Germanity**- जर् - मीन्' - इ-टी - *n.* the special quality of Germans. जर्मन जाति के विशिष्ट गुण ।

**Germen** - जर्' - मेंन् - *n.* the rudiment of a seed-vessel. पुष्पयोनि ।

**Germicidal**- जर्म्'-इस्- आइड्'- औंल्- *adj.* pertaining to the destruction of germs. अंकुरको नाश करने की शक्ति वाला ।

**Germicide**-जर्म्'-इस्-आइड् - *n.* & *adj.* having the power of destroying germs. अंकुर को नाश करने की शक्ति या शक्ति का ।

**Germinal**-जर्म्'-इन्-औंल्- *adj.* pertaining to a germ. कीटाणु संबंधी ।

**Germinate**-जर्म्-इन्-एट्'- *v. t.* to sprout, to shoot up, to develop. कली फूटना, उगना ( निकलना ), उत्पन्न होना ।

**Germination**-जर्म्-इन्-ए'-शॉन्-*n.* the time when seeds vegetate. अँखुआ फूटने का समय ।

**Germinative** - जर्म्-इन्-ऑट्' - इव् - *adj.* pertaining to germination, germinal. उत्पन्न करने वाला ।

**Germinator** - जर्म्-इन्-एट्'-ऑर् - *n.* that which germinates. उत्पन्न करने वाला ।

**Gerontocracy**-जेंर्-ऑन्ट्-आक्'-रॉस्-सी- *n.* government by old men. वृद्धपुरुषों का शासित राज्य ।

**Gerund**-जेंर् - रन्ड् - *n.* English verbal nouns ending in 'ing'. अंग्रेजी भाषा के क्रियापद में 'ing' प्रत्यय लगी हुई संज्ञा ; **Gerundial** ( -इ-ऑल् ) *-adj.* pertaining to or like a gerund. ऐसे पद का ।

**Gestation**-जैंस्-टे'-शॉन्- *n.* the act of carrying the young in the womb, pregnancy. गर्भ धारण करने की स्थिति ।

**Gestic**-जैंस्ट्'-इक् - *adj.* legendary. पौराणिक, प्राचीन कथा सम्बन्धी ।

**Gesticulate**-जैंस्-टिक्'- यु - लेंट् - *v. t.* to use expressive motion of the body. हावभाव दिखलाना, नाटक करना ।

**Gesticulation** -जैंस्-टिक् - यु-ले'-शॉन्- *n.* the act of gesticulating. चेष्टा, हावभाव ।

**Gesticulator**-जैंस्-टिक्-यु-ले'-टार्- *n.* one who gesticulates. हावभाव दिखलाने वाला पुरुष ।

**Gesticulatory**- जैंस्-टिक्'-यु-लें- टार् - ई - *adj.* representing gestures. चेष्टा दिखलाने वाला ।

**Gestural**-जैंस्ट्'-यूर्-ऑल्- *adj.* pertaining to gesture. चेष्टा या भाव संबन्धी ।

**Gesture**-जैंस्ट्'-यूर्- *n.* motion of limb or body expressing sentiments. चेष्टा,भाव, संकेत; *-v.t.* to accompany with gesture. हावभाव दिखलाना ।

**Harness**-हॉर्'-नेस्-*n.* the equipments of a horse or other animal. घोड़े या अन्य पशु का साज; *-v. t.* & *i.* to equip with armour, to put harness on, to defend. साज चढ़ाना, जोतना, रक्षा करना ; In harness ( in daily routine. ) प्रतिदिन के कार्य में व्याप्त ।

**Harp**-हॉर्प्-*n.* a stringed musical instrument. बीन, बीणा; *-v. t.* to play on the harp. बीन बजाना ; Harper (-अर्), Harpist (-इस्ट् ) *-ns.* one who plays on the harp. बीन बजाने घाला ; To harp on one string ( to repeat the same thing over and over again. ) एक ही बात को बारम्बार दोहराना ।

**Harpoon**-हॉर्-पून्'-*n.* a spear-like weapon with rope attached to it, used for catching whales. ह्वेल मछली पकड़ने की रस्सा बँधी बर्छी; *-v. t.* to strike with a harpoon. इस प्रकार की बर्छी से मारना; Harpooner (-अर्) *-n.* one who uses a harpoon. इस प्रकार की बर्छी फेंकने वाला ।

**Harpy**-हॉर्पूं'-ई-*n.* a fabulous monster with a woman's face and body having bird's wings and claws. स्त्री का मुख और शरीर तथा पक्षी के पर और पन्जेवाला काल्पनिक दैत्य ।

**Harquebuse**-हॉर्'-क्वें-ब्यूज़्- *n.* an old type of portable gun. पुराने ढंग की एक प्रकार की तोप ।

**Harridan**-हॅर्'-रें-डॅन्-*n.* a haggard old vixen. बुड्ढी जादूगरनी ।

**Harrier**-हॅर्' रें-अर्-*n.* a hound for hunting hare. खरहे का शिकार करने के काम में आने वाला कुत्ता ।

**Harrow**-हॅर्'-रों-*n.* an instrument for breaking clods on ploughed land. जोते हुए खेत के ढेले तोड़ने का यन्त्र, हेंगी ; *-v.t.* to draw harrow over. हेंगी चलाना ; Harrowing ( -इङ्ग् ) *-adj.* lacerating. मर्मभेदी ; Under the harrow ( in difficulty. ) आपत्ति में ।

**Harry**-हॅर्'-री-*v. t.* to harass. कष्ट देना, दिक करना ।

**Harsh**-हॉर्श्- *adj.* tough ( to the touch, taste, ear &c. ), repugnant to feeling, cruel, peevish, austere. कर्कश, रूक्ष, कठोर, निर्दयी ; Harshly ( -ली ) *-adv.* in a harsh manner. निष्ठुरतासे ; Harshness ( - नेस् )- *n.* the quality of being harsh. रूक्षता, कठोरता ।

**Hart**-हॉर्ट्-*n.* ( *fem.* Roe-रो ) male of a deer. मृग, हिरन ।

**Harum-scarum** - हेंअर्' - अम् - स्कॅअर्'-अम्-*adj.* reckless. प्रमादी, असावधान ।

**Harvest**-हॉर्'-वेस्ट्' - *n.* the season for reaping and gathering corn, a season's yield of any product. अनाज काटने ( लवन ) का समय, संग्रह किया हुआ अन्न : Harvest home ( a festival at the completion of a harvest. ) लवन के समय का उत्सव; Harvest-moon ( the full moon about the autumnal equinox. ) २२ या २३ सितम्बर का पूर्ण चन्द्रमा ।

**Harvester**-हार् - वेस्ट्'-अर्- *n.* a reaper. लवन करने वाला, फ़स्ल काटने वाला ।

**Has**-हॅज़्- *third pers. singular* of the verb Have ( *p. t.* Had ) 'हॅव्' धातु का प्रथम पुरुष एक वचन का रूप ।

**Hash** - हॅश् - *v. t.* to cut into small pieces. छोटे छोटे टुकड़े करना; *-n.* small pieces. छोटे छोटे टुकड़े ।

**Hasp** - हॅस्प् - *n.* a contrivance for fastening, a skein of yarn. कुलाबा, कब्जा, तागे की लच्छी; *-v. t.* to fasten with a hasp. कुण्डी लगाना ।

**Hassock**-हॅस्'-सॉक्- *n.* a cushion for

kneeling, tuft of matted grass. घुटना टेकने का आसन, घनी घास का शिखर।

Hastate-हॉस्ट्' -टेंट्- *adj.* spear-shaped. बर्छी के आकार का।

Haste - हेंयस्ट्- *n.* urgency, quickness, rapidity, hurry. वेग, शीघ्रता, जल्दी; *v. t.* to hasten. जल्दी करना; Make haste ( be quick. ) शीघ्रता करो।

Hasten-हेंअस्ट्'-ऍन्-*v. t.*& *i.* to make or cause to make haste, to accelerate. जल्दी करना या कराना।

Hastily - हेंस्ट्'-इ - ली- *adv.* in a hasty manner. तुरत, शीघ्र, वेग से।

Hastiness-हेंस्ट्'-इ-नेंस्- *n.* the state of being hasty. जल्दीबाजी।

Hat-हैट्-*n.* a covering for the head. टोपी, टोप; -*v. i.* to put hat on. टोप पहिरना; Hatter ( -टर् ) -*n.* one who prepares hats. टोप बनाने वाला दर्जी; Hat in hand (in a respectful attitude.) विनीत भाव से; Hatless ( -लेंस् ) -*adj.* without a hat. बिना टोपी का।

Hatch-हैंच्-*v. t.* to engrave lines on a surface, to bring forth young ones from egg, to develop. नकाशी करना अण्डे से बच्चा निकालना, उन्नति करना; -*n.* the young ones of birds. पक्षियों के बच्चे।

Hatchet-हैंच्'-ऍट्-*n.* a short- handled light axe. कुल्हाड़ी, बसूला; To bury the hatchet ( to make peace. ) युद्ध की समाप्ति करना।

Hatching-हैंच्'-इङ्- *n.* shading by means of coarse lines. चित्र में मोटी रेखाओं से छाया दिखलाना।

Hate-हेंट्-*n.* great dislike. घृणा, द्रोह; -*v. t.* to bear malice to, to have dislike for. द्वेष करना, घृणा करना।

Hateable-हेंट्'-ऑ-बल्-*adj.* able to be hated. घृणा योग्य।

Hateful-हेंट्'-फुल्-*adj.* exciting hatred. घृणा उत्पन्न करनेवाला; Hatefully (.फुल्-ली) -*adv.* in a hateful manner. घृणा या ईर्षा से; Hatefulness ( -नेंस् )- *n.* the quality of being hateful. घृणा।

Hater-हेंट्'-अर्-*n.* one who hates. घृणा करने वाला पुरुष।

Hatred-हेंट्'-रेंड्- *n.* dislike, ill-will, enmity. द्वेष, घृणा, शत्रुता।

Haughtily-हॉट्'-इ-ली-*adv.* in a haughty manner. गर्व से, ढिठाई से; Haughtiness (इ-नेंस् ) -*n.* the quality of being haughty. अहङ्कार, घमण्ड।

Haughty-हॉट्'-टी-*adj.* proud, arrogant, insolent. अभिमानी (अहङ्कारी),)घमण्डी,ढीठ

Haul-हॉल्-*v. t.* & *i.* to pull or drag forcibly, to turn a ship's course. झटके से खींचना, जहाज को फेर कर चलाना; *n.* a pull with force. झटके का खिचाव; To haul upon the wind ( to turn the head of a ship in the direction of the wind.)हवा के साथ जहाज चलाना।

Hauler-हॉल्'-अर्- *n.* one who hauls. जहाज को हवा के रूख पर चलाने वाला।

Haunch-हॉन्च्-*n.* the fleshy part of the hip and buttocks. जङ्घा, कमर, कुल्हा।

Haunt-हॉन्ट्-*v. t.* & *i.* to frequent company of, to visit frequently. सदा साथ रहना, बारम्बार भेंट करना; -*n.* a place of frequent resort. आश्रय, अड्डा, अखाड़ा; Haunted (-ऍड्) -*adj.* frequently visited by ghosts. प्रेतग्रस्त।

Hautboy-हो'-बॉय्-*n.* a kind of woodn wind instrument. शहनाई बाजा।

Have-हैव्-*v. t.* ( *p. t.* & *p.p.* Had ) to hold in possession, to contain, to permit, to know, to be obliged, to carry on, to cause to be. रखना, होने देना, जानना, लाचार होना, करना,; To have at ( to assail. ) आक्रमण करना; To have after (to pursue.) पीछा करना; To have away ( to remove. ) हटाना; To have done ( to obstruct. ) रोक देना; To have it out ( to settle.) स्थिर करना, निकालना; To have on ( to put on. ) पहिरना; Have him up ( to produce before court. ) अदालत में उपस्थित करना।

Haven-हेंव्'-ऍन्-*n.* a port or harbour, a place of refuge. जहाजों के रहने या ठहरने का स्थान ( बन्दरगाह ), शरण स्थान, आश्रय लेने का स्थान।

Haversack-हैव्'-अर्-सैक्-*n.* a soldier's canvas bag for provisions. सिपाहियों का सामान रखने का बेग ( खुर्जी )।

Having-हैव्'-इङ्ग्-*n.* property, belongings. सम्पत्ति, सामग्री, सामान।

Havoc-हैव्'-ऑक्-*n.* waste, destruction,

devastation. विनाश, विध्वंस, विप्लव, (प्रलय); -*v. t.* to lay waste. विध्वंस करना; To cry havoc (to order for plunder.) सेना को लूटने की आज्ञा देना।

**Hawhaw**-हॉ'-हा-*interj.* ha ! ha ! हा ! हा

**Hawk**-हॉक्-*n.* a bird of prey similar to falcon. श्येन पक्षी, बाज; -*v. i.* to catch birds by means of hawks, to clear the throat with a noise. बाज से शिकार कराना, खाँसकर गला साफ़ करना; *v. t.* to carry goods for sale. फेरी करके माल बेचना।

**Hawker**-हॉक्'-अर्-*n.* a pedlar. फेरी करके माल बेचने वाला व्यापारी;

**Hawk-eyed**-हॉक्'-आइड्- *adj.* having a keen eye. सूक्ष्म दृष्टि वाला।

**Hawkish**-हॉक्'-इश्- *adj.* similar to a hawk. बाज के सदृश।

**Hawse**-हॉज़-*n.* the part of a ship's bow in which holes are bored for cables. जहाज का अगला भाग जिसमें रस्सा बाँधने के लिये छेद होते हैं।

**Hawser**-हॉ'-ज़र्- *n.* the large rope of a ship. जहाज का बड़ा रस्सा।

**Hawthorn**-हॉ'-थॉर्न्-*n.* a kind of thorny shrub. एक काँटेदार पेड़, नागफनी।

**Hay**-हे-*n.* grass mown and dried for fodder. चौपायों को खिलाने के लिये सूखी घास, चारा; Hay-fever (a summer ailment.) एक प्रकार का गरमी के दिन का ज्वर; Hay-rick (pile of dry grass.) सूखी घास का ढेर; To make hay of (to create troubles.) उपद्रव खड़ा करना; To make hay while the sun shines (to accomplish a work at the proper time.) उचित समय पर कार्य सिद्धि करना।

**Hazard**-हॅज़्-ऑर्ड्-*n.* chance, risk, accident, danger. सकट (संदेह), शङ्का, देवगति; *v. t.* & *i.* to expose to danger, to run the risk. संकट या आपत्ति में डालना।

**Hazardous** - हॅ-जड्ड्'-अस् - *adj.* risky, dangerous. सन्देह युक्त, आपत्तिजनक; Hazardously (-ली) -*adv.* in a risky manner. सन्दिग्धता से; Hazardousness (-नैस), -*n.* the state of being risky. संकट, शंका।

**Haze**-हेज़-*n.* thin film of mist or fog, mistiness, mental confusion. धुन्ध, कोहिरा, चित्त की विह्वलता।

**Hazel**-हे'-ज़ल्- *n.* a tree of the oak family. जैतून के प्रकार का एक वृक्ष; -*adj.* of the colour of hazel. तामड़े रङ्ग का।

**Hazily**-हेज़्'-इ-ली-*adv.* obscurely. अस्पष्टता से; Haziness (-इ-नैस्)- *n.* the state of being hazy, mistiness. धुँधलापन।

**Hazy** - हेज़्'- ई - *adj.* misty, obscure, indistinct. धुँधला, अस्पष्ट।

**He**-ही-*pron.* (*pl.* They) third person singular, the male person. वह (मनुष्य); interjection expressing surprise. आश्चर्य सूचक अव्यय।

**Head**-हेड्- *n.* the upper part of any thing, an individual, a chief or leader, brain, understanding, top, source, height, topic. शिखर (मस्तक), व्यक्ति, अध्यक्ष या नेता, मस्तिष्क, बुद्धि, चोटी, उद्गम, ऊँचाई, विषय; -*v. t.* & *i.* to act as a leader, to lead, to excel, to form a head. मार्ग दिखलाना, बढ़ाना, प्रधान बनना; -*adj.* principal. प्रधान; By the head and ears (forcibly.) जबरदस्ती; Head quarter, Head office (the chief office.) प्रधान कार्यालय; Over head and ears (very much.) अति अधिक; To keep one's head (to remain quiet.) शान्त रहना; To lose one's head (to be perplexed.) व्यग्र होना, घबड़ा जाना; To make head against (to oppose.) हठ करना।

**Head-ache** हेड् -एक्-*n.* pain in the head. सिर की पीड़ा।

**Head dress**- हेड्'-ड्रेस्- a covering for the head. मुरैठा, साफ़ा।

**Headmaster** - हेड्' - मास्टर् - *n.* (*fem.* Headmistress) किसी पाठशाला का प्रधान अध्यापक।

**Heading**-हेड्'-इङ्ग्-*n.* a headline. किसी लेख का विषय सूचक शब्द, सिरनामा।

**Headless**-हेड् -लैस्- *adj.* without head, without a leader. बिना मस्तक का, बिना नेता का।

**Headlong** - हेड् ' -लॉङ्ग्- *adv* without thinking अन्तरीप hastily. जल्दी से, बिना विचारे।

**Headmost**-हेड्'-मोस्ट्-*adj.* furthest, forward. सबसे आगे का, अगला।

**Headstrong**-हेड्'-स्ट्रॉङ्ग्- *adj.* obstinate.

हठी ।

**Headway**-हेड्-वे-*n*. motion ahead आगे को बढ़ना ।

**Headwork**-हेड्'-वर्क् - *n*. mental or intellectual labour. मानसिक कार्य

**Heady**-हेड्'-ई-*adj*. intoxicating. नशा लाने वाली ।

**Heal**-हील्-*v.t*. to restore to health, to cure. व्याधि से मुक्त करना, चङ्गा करना, ( घाव भरना ) ।

**Healer**-हील्'-अर्-*n*. he who or that which heals. आरोग्य ( चङ्गा ) करनेवाला;

**Healing**-हील्-इङ्ग्- *adj*. tending to heal. आरोग्यकर ।

**Health**-हेल्थ्-*n*. soundness of body or mind, good condition of body, toast drunk in some one's honour. कुशल, आरोग्य, स्वास्थ्य, किसी का आदर करने के लिये मदिरा पान ।

**Healthful**-हेल्थ्- फुल् - *adj*. in sound health, wholesome. स्वस्थ, व्याधि रहित, स्वास्थकर; **Healthfully**(-फुल्-लि)*adv*.in a healthful manner. आरोग्यता में; **Healthfulness** (-नेस् )- *n*. wholesomeness. आरोग्यता ।

**Healthy**-हेल्थ्-इ-ली-*adv*. in a healthy manner. आरोग्यता से ।

**Healthiness**-हेल्थ्-इ-नेस्-*n*. the state of being healthy. आरोग्यता ।

**Healthy**-हेल्थ्-ई- *adj*. in a sound state, conductive to health. स्वस्थ, आरोग्यकर ।

**Heap**-हीप्-*n*. a group or mass of things, collection, a pile. गण, समुदाय, ढेर ; -*v. t*. to accumulate, to lay in a heap ढेर लगाना, (बोझना) इकट्ठा करना ।

**Hear**-हियर्-*v.t. & i*. (*p.t*. **Heard**) to perceive by the ear, to listen, to give audience to, to obey, to be informed. कान लगाना, सुनना, ध्यान देना, सूचित होना

**Hearer**-हिअर्'-अर्-*n*. one who hears, one of an audience. श्रोतागण, सुननेवाला ।
**Hard of hearing** (somewhat deaf.) कुछ बहिरा **To give one a fair hearing** (to attend to without prejudice) बिना पक्षपात के सुनना ।

**Hearing**-हिअर्'- इङ्ग् - *n*. a judicial trial. सुनवाई, पेशी ।

**Hearken**-हार्क्'-ऐन्-*v.i*. to listen, to hark. कान लगाकर सुनना, ध्यान देना ।

**Hearsay**-हियर्'-से-*n*. a rumour, gossip. जनश्रुति, चर्चा, गप्प, सुनी बात ।

**Hearse**-हर्स्-*n*. a car or frame to carry a coffin to the grave. मुर्दा ले जाने की गाड़ी या टिकठी ।

**Heart**-हार्ट्*n*. the hollow organ in the body which keeps up circulation of blood, inner part of anything, breast mind, soul, courage, central part, essence. हृदय, कलेजा, किसी वस्तु का भीतरी भाग, चित्त, आत्मा, साहस, मध्य भाग, सत्व ; **From the heart** (zealously.) उत्साह सहित ।

**Heartache**-हार्ट्'-एक्-*n*. mental anguish. मानसिक व्यथा ;**Heart and soul** (by all means.) सब प्रकार से ; **Heart-breaking** (overwhelming.) मर्मभेदी; **Heartbroken** (deeply grieved.) मलिन चित्त, उदास ।

**Heartburn**-हार्ट्'-बर्न् *n*. cardialgia. हृदय वेदना; **Heart's blood**. जीवन दाता रुधिर; **Heart's-ease** (tranquillity of mind) चित्त की शान्ति; **Out of heart** (weak-mindedness.) दुर्बलता, दीनता; **To learn by heart** (to commit to memory) कण्ठस्थ करना, ( रटना ); **With all one's heart** (earnestly.) सहृदय, उत्साह सहत ।

**Heartless**-हार्ट्-लेस्-*adj*. without courage or feeling, cruel. निःसत्व, निस्तेज, क्रूर ; **Heartlessly** (-ली)-*adv*. in a heartless manner. निर्दयता से;
**Heartlessness** -(-नेस्)-*n*. the quality of being heartless, cruelty. निर्दयता, कठोरता, क्रूरता

**Hearten**-हार्ट्'-ऐन्-*v. t. & i*. to inspirit, to cheer up, to encourage. उत्साहित करना, प्रसन्न करना ।

**Hearth**-हार्थ्-*n*. the floor of a fireplace. अग्निकुण्ड, अगीठी ।

**Heartily**-हार्ट्'-इ-ली- *adv*. sincerely, cordially. बिना कपट के, उत्साह सहित ।

**Heartiness** - हार्ट्'-इ - नेस्- *n*. the state of being genial. उत्साह ।

**Hearty**-हार्ट्'-टी-*adj*. (*comp*. **Heartier**; *sup*. **Heartiest**) genial, sincere, vigorous, open and free, abundant. स्नेहपूर्ण, निष्कपट, तीव्र, अधिक।

**Heat**-हीट्- *n.* hotness, energy, inflamed state of body, anger, sexual excitement. ताप, वेग, गरमी, शरीर का तापमान, क्रोध, सम्भोग की इच्छा; -*v. t.* & *i.* to make hot, to agitate, to excite, to grow hot. गरम करना, उत्तेजित करना, भड़काना; **Heater** (-अर्) -*n.* one who or that which heats. गरम करनेवाला; **Heating** (-इङ्ग्)- *n.* & *adj.* hotness, hot, गरम, तपन; **Heat of youth** ( ardour of youth. ) यौवन का उन्माद।

**Heath** - हीथ् - *n.* a waste plot of land which is covered with shrubs. वनभूमि, झाड़ीदार मैदान।

**Heathen**-हीद्'-ऍन्- *n.* a pagan, an unenlightened or barbarous person. मूर्त्तिपूजक, अशिष्ट मनुष्य।

**Heathenish** - ही-दॅन्'-इश् - *adj.* rude, babarous. रूक्ष, जङ्गली।

**Heathenism**-ही-दॅन्'-इज्म्- *n.* idolatry. मूर्त्तिपूजा।

**Heather** - हॅद्'-अर्- *n.* a kind of bush. एक प्रकार की झाड़ी।

**Heave**-हीव्- *v. t.* & *i.* to lift, to raise, to throw, to rise, to sigh, to pant. उठाना, उठना, फेकना, ठण्डी साँस लेना, आह खींचना; -*n.* an upward effort. निःश्वास, उभाड़; **To heave in sight** ( to become visible. ) सामने आजाना।

**Heaven** - हॅव्'-ऍन्- *n.* sky, the habitation of God and His angels, God. आकाश, स्वर्ग, परमेश्वर; **Heaven-born** ( born of heaven. ) स्वर्गीय।

**Heavenly**-हॅव्'-ऍन्-ली- *adj* pertaining to heaven, supremely excellent. स्वर्गीय, दिव्य; **Heavenly bodies** ( the sun, moon and stars.) सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्र; **Heavenly voice.** आकाशवाणी।

**Heavily** - हॅव्'-इ-ली- *adv.* weightily. भार से, तीव्रता से।

**Heaviness**-हॅव्'-इ-नॅस् - *n.* weight, sorrow. भारीपन, दुःख।

**Heavy** - हॅव्'-ई- *adj.* ( *comp.* Heavier, *sup.* Heaviest. ) weighty, ponderous, abundant, striking with force, dull, sad, gloomy, tedious. भारी, अधिक, प्रचण्ड, मन्द, दुःखी, अन्धकारमय, क्लिष्ट; **Heavy-hearted** ( sorrowful. ) दुःखी; **Heavy-headed** -*adj.* ( dull-headed. ) मन्दबुद्धि; **Heavy-handed** -*adj.* ( not dexterous. ) अकुशल।

**Hebetate**-हॅब्-ए-टेट्'- *v. t.* to become dull. मन्द होना।

**Hebraic**-हॅब्-रे'-इक्- *adj.* pertaining to a Jew. यहूदी सम्बन्धी।

**Hebraism**-हि-ब्रे'-इज्म्-*n.* the conceptions or idioms of a Hebrew. यहूदियों की विचारशैली।

**Hebraist**-हि-ब्रे'-इस्ट्- *n.* one who is versed in the Hebrew language. यहूदी भाषा का विद्वान्।

**Hebrew**-हॅ'-ब्रू- *n.* a Jew, the language of the ancient Hebrews. यहूदी, प्राचीन यहूदी भाषा।

**Heckle**- हॅक्'-कल - *v. t.* same as Hackle.

**Hectic**-हॅक्'-टिक्- *adj.* pertaining to hectic fever, consumptive. क्षय, ज्वर संबंधी, क्षयरोग का।

**Hecto**-हॅक्'-टो- *pref.* in the sense of 'hundred' 'सौ' अर्थ सूचक उपसर्ग; यथा Hectograph. इत्यादि।

**Hector**-हॅक्'-टॉर्- *n.* a bully, a blusterer. बकवादी, शेखीबाज; -*v. t.* to bully, to torment. शेखी करना, कष्ट देना।

**Hedge**-हॅज्-*n.* a fence of bushes or shrubs, a barrier. झाड़ियों की टट्टी, मेड़; -*v. t.* to fence with a hedge. टट्टी से घेरना।

**Hedge-born**-हॅज्'-बॉर्न् - *adj.* of low birth. हीन जाति का।

**Hedgehog** - हॅज्' - हॉग् -*n.* a kind of wild rat. शल्यक, एक प्रकार का जङ्गली चूहा।

**Hedonic**-हॅ-डॉन्'-इक्-*n.* *adj.* pertaining to pleasure. आनन्द सम्बन्धी।

**Hedonism**- ही-डॉन्' - -इज्म् - *n.* the doctrine that happiness is the chief end of man. वह सिद्धान्त जिसके अनुसार आनन्द ही मनुष्य के सब कार्यों का अन्तिम लक्ष्य माना जाता है;

**Hedonist**-हीं-डॉन्'-इस्ट्- *n.* one who lives a life of pleasure. आनन्दजीवी।

**Heed**-हीड्- *v. t.* to take notice of, to attend to. ध्यान देना, मन लगाना, ( सावधान होना ); -*n.* careful atten-

tion. सावधानी ।

**Heedful**-हीड्'-फुल्-*adj.* cautious. सचेत, सावधान ; **Heedfully** ( फुल्-लि ) -*adv.* carefully. सावधानी से ; **Heedfulness** ( -फुल्-नेस् ) -*n.* the state of being heedful, caution. सावधानी ।

**Heedless** हीड्'-लैस् -*adj.* inattentive, thoughtless. असावधान ; **Heedlessly** ( लैस्-ली )-*adv.* carelessly. असावधानी से ; **Heedlessness** (-लैस्-नैस्) -*n.* the state of being heedless, carelessness, inattention. असावधानी ।

**Heehaw**-ही'-हौ-*v. i.* to bray like an ass गदहे की तरह रेंकना ।

**Heel**-हील्- *n.* the hinder part of foot, (ankle), hind part, spur. ऐंड़ी, पिछला भाग, ऐंड़ : -*v.i.* to dance, to kick backwards, to lean over to one side. नाचना, ऐंड़ी लगाना, एक ओर झुकना ; To be at one's heels ( to pursue closely. ) पीछे पीछे जाना ; To kick one's heels ( to lie in wait for. ) आसरे में बैठना; To take one's to heels (to betake to flight.) चम्पत हो जाना, भाग जाना ।

**Heft**-*n.* the handle of a tool, an effort, औजार की मूठ, प्रयत्न ।

**Hefty**-हैफ्ट्-ई-*adj.* sturdy. पुष्ट, बलवान्

**Heifer**-हैफ्'-अर्-*n.* ( *mas.* Bullock, Ox. ) a young cow. बछिया ।

**Heigh**-है- *interj.* expressing encouragement. उत्साह सूचक अव्यय, ललकार का शब्द ।

**Heigh-ho**-है'-हो-*interj.* of surprise or weariness. आश्चर्य या थकावट सूचक अव्यय ।

**Height**-हाइट् - *n.* the top, elevation, high point. ऊँचाई, शिखर, चोटी ।

**Heighten**-हाइट' - एँन् - *v. t.* to make higher. ऊंचा करना ।

**Heinous**-हेन्'-इ-अस् - *adj.* extremely wicked, atrocious, hateful. अति दुष्ट अति निन्द्य, घृणित ; **Heinously** (-ली ) -*adv.* in a wicked manner. अति नीचता से ; **Heinousness** (-नेस् )- *n.* the quality of being wicked. दुष्टता, नीचता ।

**Heir**-ऐयर्- *n.* a person who inherits, a successor. उत्तराधिकारी, अंशभागी ; **Heir-apparent** ( one who is certain to succeed to an estate. ) उत्तराधिकारी, युवराज ।

**Heiress**-ऐअर्'-ऐस्- *n. fem.* female heir. उत्तराधिकारिणी, राजपुत्री ।

**Heirloom**-ऐअर्' - लूम् - *n.* furniture, movable chattel which descends to the heir. जंगम द्रव्य, अस्थायी सम्पत्ति ।

**Heirless**-ऐअर्'-लैस् - *adj.* destitute of an heir. बिना उत्तराधिकारी का ।

**Heirship**-ऐअर्'-शिप् - *n.* the rights of an heir. धनाधिकारित्व ।

**Held**-हैल्ड्- *p. t.* & *p. p.* of Hold.

**Helianthus**- ही' - लि-ऑन्'-थस् - *n.* the sunflower. सूरजमुखी का फूल ।

**Helical**-हैल्'-इ-कॅल्- *adj.* spiral. घुमौवा

**Helio**-ही'-लि-ओ-*pref.* in the sense of 'concentric,' 'with sun as centre.', "सूर्य को केन्द्र रखकर, ( सौर )" अर्थ का उपसर्ग, यथा-Heliograph, Heliometer. इत्यादि

**Heliosis** - ही' - लि-ओ' - सिस्- *n.* sun stroke. लू लगना ।

**Heliotrope**-ही'-लि-आे-ट्रोप् - *n.* a kind of flower. सूर्य कमल ।

**Helix**-ही'-लिक्स्- *n.* a spiral. ( घड़ी की कमानी के सदृश ) घुमौवा पदार्थ ।

**Hell**-हैल्- *n.* the abode of condemned spirits. यमलोक, नरक, पाताल ।

**Hell-cat**-हैल्'-कैट्-*n.* hell-hag. कर्कशा स्त्री

**Hellish**-हैल् -लिश् - *adj.* pertaining to hell, extremely wicked. नरक सम्बन्धी, उत्पाती ; **Hellishly** (-ली ) -*adv.* in a hellish manner. नीचता से ; **Hellishness** ( नैस् )- *n.* the quality of being hellish. अति नीचता ।

**Helm**-हैल्म्- *n.* cloud over mountain during storm, the wheel by which a rudder is manipulated. आँधी के समय पहाड़ पर के बादल, पतवार ; Helmsman

(हॅल्म्ज़्'-मॅन् ) *-n.* a steersman. कर्णधार, ( मल्लाह जो पतवार पर [illegible]ता है ), पतवरिया।

**Helmet** – हॅल' – मॅन्ट् – *n.* a defensive covering for the head. शिरस्त्राण, लोहे का टोप, कवच; **Helmeted** (-ऍड् ) *-adj.* furnished with a helmet. ऐसा टोप धारण किये हुए।



Helmet.

**Helot**–हॅलट्' -ऑट्– *n.* a serf of ancient Sparta. प्राचीन स्पार्टा का दास।

**Help**–हॅल्प्– *n.* assistance, aid, remedy, support. सहायता, उपकार, आश्रय ; *-v. t.* to aid, to assist, to remedy. सहायता देना, अनुग्रह करना, बचाना।

**Helper**–हॅल्प्'-अर् – *n.* one who helps. सहायक ( उपकारक ), सहायता देने वाला।

**Helpful**–हॅल्प्'-फ़ुल् – *adj.* useful, serviceable. उपयोगी, उपकारक।

**Helpless**–हॅल्प्'-लॅस्–*adj.* wanting help. अनाथ ( निराश्रय, असहाय ); **Helplessly** (-ली ) – *adv.* without assistance. असहायता से; **Helplessness** (-नॅस् )– *n.* the quality of being helpless. असहायता।

**Helping** – हॅल्प्'– इङ्ग् – *adj.* assisting. सहायता देने वाला।

**Helpmate** – हॅल्प्' – मेट् – *n.* a wife, a helpful companion. सहधर्मिणी, सहायक।

**Helter-skelter**–हॅल्'–टर्–स्कॅल्'– टर्– *adv.* in a disordered state, in a hurry. घबड़ाहट में, जल्दी में।

**Helve**– हॅल्व्– *n.* the handle of a cutting tool. किसी हथियार की मूठ।

**Hem**–हॅम्–*n.* the edge of a garment, the border of a garment made by turning in edge and sewing. कपड़े का किनारा ( अञ्चल ), मगजी ( गोट ); *-v. t.* ( *p. t.* Hemmed. ) to form an edge on. मगजी या गोट लगाना।

**Hemmer**–हॅम्'–मर्– *n.* one who hems, an appliance for hemming attached to a sewing machine. गोट लगाने वाला, सिलाई की मशीन में किनारा मोड़ने का साधन।

**Hem-stitch**– हॅम्'–स्टिच्– *v. t.* to form an edge on. सजाऊ लगाना।

**Hemi**–हॅम्' – इ – *pref.* in the sense of 'half'. 'अर्ध' अर्थ का ग्रीक उपसर्ग, यथा-Hemisphere. अर्धगोल।

**Hemiopia**–हॅम्–इ–ओ'–पि–ऑ– *n.* blindness of half the field of vision. आँख का रोग जिसमें किसी पदार्थ का आधा ही भाग देख पड़ता है।

**Hemicrania**–हॅम्–इ–क्रे'न्–इ–ऑ–*n.* headache confined to one part of the head. अधकपारी, आधीसीसी।

**Hemicycle**–हॅम्'–इ–साइ–कल्– *n.* a semi-circle. अर्ध वृत्त।

**Hemiplegia** – हॅम्'-इ - प्ली - जि - ऑ– *n.* paralysis of one side of the face or body. पक्षाघात, आधी शरीर या मुख का लकवा।

**Hemisphere**–हॅम्'-इस्-फ़ियर्–*n.* half of the globe. गोलार्ध, अर्धगोल।

**Hemispheric**– हॅम् - इस् - फ़ॅर्' - रिक्, **Hemispherical** ( -रि-कॅल् ) *-adjs.* containing half a sphere. गोलार्ध सम्बन्धी।

**Hemistich**–हॅम्'-इ-स्टिक्–*n.* half the line of a verse. आधा श्लोक।

**Hemlock**–हॅम्'-लॉक्–*n.* a poisonous plant. एक विषैली वनस्पति।

**Hemorrhage**–हॅम्'-ऑर्-एज्– see Haemorrhage.

**Hemp**–हॅम्प्–*n.* a plant of India whose fibres are used for rope-making &c. पटुआ।

**Hempen**–हॅम्प्'-एन्–*adj.* made of hemp. पटुवे का बना हुआ।

**Hen**–हॅन्–*n.* ( *mas.* Cock. ) the female of cock. मुर्गी।

**Henbane**–हॅन्'-बेन्–*n.* a poisonous plant. एक जहरीला पौधा।

**Hence**–हॅन्स्–*adv.* from here, from this time, therefore. यहाँ से, अब से, इसलिये; *-interj.* go away ! हट जाओ ! चले जाओ!; **Go hence** ( die. ) मर जाओ ! ; **Henceforth** (- from this time onward. ) अब से, इसके बाद ; **Henceforward** (henceforth.) इस समय से आगे Two years hence ( in two year's time from now. ) आज से दो बरस बाद।

**Henchman**– हॅन्च्'-मॅन्– *n.* a page, a

chief attendant, a reliable follower. प्रधान सेवक, विश्वस्त अनुचर।

**Hencoop**–हॅन्'-कूप्– *n.* a coop for fowls. मुर्गी बन्द करने का दौरा।

**Hendecagon**– हॅन्-डॅक्'-ऑ-गॉन्– *n.* a plane figure of eleven sides. ग्यारह भुज की आकृति।

**Henpecked**–हॅन्'-पॅक्ड्– *adj.* governed by one's wife. भार्याशासित।

**Hepatic** – हॅ-पॅट्'-इक् – *adj.* good for the liver. यकृत (जिगर) के लिये लाभकारक।

**Hepta**–हॅप्'-टॉ– *pref.* meaning 'seven' उपसर्ग जिसका अर्थ "सात" होता है; यथा–Heptagon, Heptahedron. इत्यादि।

**Heptad**–हॅप्-टॅड्– *n.* a group of seven. सात का समुदाय।

**Heptagon**–हॅप्-टॅ-गॉन्– *n.* a plane figure bounded by seven lines. सात भुज की आकृति; **Heptagonal** (-ऑल्)– *adj.* having seven sides. सात भुजा की आकृति वाला।

**Heptarchy**–हॅप्'-टॉर्-की– *n.* a government by seven rulers. सात राजाओं से शासित राज्य।

**Her**–हर्– *pron.* objective or possessive case of 'She'. उस स्त्री का, उस स्त्री को

**Herald**– हॅर्' - रॅल्ड्– *n.* a state-officer who makes proclamations and bears messages, a proclaimer, a messenger, a forerunner. राजदूत, एलची, अग्रसर; *-v. t.* to proclaim. घोषणा करना।

**Heraldry**–हॅर्'-रॅल्ड्-री– *n.* the art or office of a herald, armorial bearings. राजदूत विद्या, वंशावली चिह्न।

**Herb**–हर्ब्– *n.* a plant with slender stems whose leaves &c. are used as food or for medicine. औषधि, जड़ीबूटी।

**Herbaceous**–हर्-बे'-शस् – *adj.* pertaining to herbs. वनस्पति सम्बन्धी।

**Herbage**–हर्ब्'-एज्– *n.* herbs collectively. घासपात, वनस्पति समुदाय।

**Herbal**–हर्ब'-ऑल्– *adj.* pertaining to herbs. जड़ीबूटी सम्बन्धी।

**Herbalist**–हर्ब्'-ऑ-लिस्ट्– *n.* one who is versed in the science of plants. वनस्पति विज्ञान में निपुण।

**Herbarium**–हर्ब्-ऍयर्'-इ-अम्– *n.* a collection of specimens of plants. वनस्पतियों का अजायबघर।

**Herbivorous**– हर्ब्-इव्' - ऑर् - अस्– *adj.* subsisting on plants. शाकाहारी।

**Herby**–हर्ब्'-ई– *adj.* herbous. जड़ीबूटी से परिपूर्ण।

**Herculean**–हर्-क्यू'-लि-ऑन्– *adj.* strong, very difficult, of extraordinary strength. अति कठिन, अत्यन्त बलवान, पुष्ट; **Herculean task** (a work of extraordinary strength.) भगीरथ प्रयत्न, बड़ा कठिन कार्य।

**Herd**–हर्ड्– *n.* a company of cattle assembled together, a large number of people, a keeper of herds. पशु-समूह, झुण्ड, पशुरक्षक; *-v. i.* to form into a herd. समूह में एकत्रित होना।

**Herdsman**–हर्ड्ज़्'-मॅन्– *n.* one who tends herds of cattle. चरवाहा, गड़ेरिया।

**Here**–हियर्– *adv.* in this place, in this life, at this point, in this matter. इस स्थान में, इस जीवन में, इस सम्बन्ध में, इस विषय में; **Here and there** (in different places.) भिन्न भिन्न स्थानों में।

**Hereabouts**–हिअर्'-ऑ-बाउट्स्– *adv.* near here. यहाँ पास में।

**Hereafter**–हिअर्-आफ्ट्'-अर्– *adv.* from this time forwards, a future state, onward.) (अबसे) इसके आगे, भविष्य जीवन में।

**Hereat**–हिअर्'-ऑट्– *adv.* at this point. इस पर।

**Hereby**– हिअर्'-बाइ– *adv.* by this. इस रीति से।

**Hereditable**– हॅर्-रॅड्' - इट्-ऑ-बल्– *adj.* that may be inherited. वंशपरम्परा से प्राप्त होने योग्य।

**Hereditary**– हॅर् - रॅड्'-इट - ऑर्-री– *adj.* transmitted from one generation to another. परम्परा प्राप्त, पैत्रिक; **Hereditary disease** (disease which is transmitted from parents to offspring.) संचारी (पैत्रिक) रोग; **Hereditary succession** (ancestral transmission.) क्रमागतत्व; **Hereditarily** (-ली) *-adv.* by inheritance. कुलक्रम से, परम्परा से।

**Heredity**–हर्-रॅड्'-इट्-ई– *n.* the tendency

of transmitting qualities from parents to offspring. वंशपरम्परा प्राप्त गुण ।

**Herein**-हिअर्'-इन्- *adv.* in this. इसमें ।

**Hereinafter**- हिअर्'-इन्-आफ़्ट्-अर्- *adv.* below. नीचे की ओर ।

**Hereinto**-हिअर्-इन्'-टू- *adv.* into this. इसमें ।

**Hereof**-हिअर्-ऑफ़्'- *adv.* of this. इसका ।

**Hereon**-हिअर्-ऑन्'- *adv.* on this. इसपर ।

**Hereout**-हिअर्-आउट्'- *adv.* out of this. इसके बाहर ।

**Heresy**- हॅर्'-रॅस् - सी- *n.* an opinion contrary to the orthodox doctrine of a subject. पाखण्ड धर्म, नास्तिकता ।

**Heretic**-हॅर्'-रॅट्-इक्- *n.* a person who holds an unorthodox opinion. पाखण्डी, नास्तिक ; **Heretical** ( -ऑल् ) *-adj.* contrary to orthodox belief. धर्म विरुद्ध ; **Heretically** (-ऑल्-लि)*-adv.* in a heretic manner नास्तिकता से ।

**Hereunto**-हिअर्-अन्'-टू- *adv.* unto this. इसपर ।

**Hereupon**- हिअर्'-अप्-ऑन्- *adv.* upon this. इसपर ।

**Herewith**-हिअर्-विथ्' - *adv.* with this. इसके साथ ।

**Heritable**-हॅर्'-रिट्-ऑ-ब्ल्- *adj.* capable of being inherited. वंश परम्परा से प्राप्त होने योग्य ।

**Heritage**-हॅर्'-रिट्-एज्- *n.* what may be inherited. बपौती, वरासत ।

**Heritor** - हॅर्-रिट्'-ऑर् - *n.* one who inherits. पूर्वजों की सम्पत्ति पाने वाला ।

**Hermaphrodite**-हर्-मॅफ़्'-रॉ-डाइट्- *n.* a being in which characteristics of both the sexes are combined. स्त्री तथा पुरुष दोनों के लक्षणों से युक्त प्राणी ।

**Hermetic, Hermetical**- हर् - मॅट्'-इक्-(-ऑल्)- *adjs.* belonging to alchemy, magical, perfectly closed. रसायन सम्बन्धी, जादू का, भली भाँति बन्द किया हुआ ; **Hermetically sealed** (perfectly closed and airtight.) दृढ़ता से बन्द किया हुआ जिसमें वायु प्रवेश न कर सके ।

**Hermit**-हर्'-मिट्- *n.* a person living in solitude, a recluse. तपस्वी, सन्यासी ।

**Hermitage**-हर्-मिट्'-एज्- *n.* a hermit's dwelling or cell, a solitary abode. आश्रम, कुटी ।

**Hernia**-हर्'-नि-ऑ- *n.* rupture. अण्ड कोष में आँत उतरने का रोग ; **Hernial** (-ऑल्) *-adj.* pertaining to hernia. इस रोग सम्बन्धी ।

**Hero**-ही'-रो- *n.* ( *pl.* Heroes. ) a man of superhuman power, a demi-god, a very brave man, the chief person in a play. शूरवीर, महावीर, नाटक का नायक, ( कथापुरुष ) ; **Hero-worship** (worship of heroes.) महात्माओं का पूजन

**Heroic**- हीं'-रो-इक्- *adj.* worthy of a hero. वीरता का, (पराक्रम युक्त ) ; **Heroically** (-आल्-लि) *-adv.* in the manner of a hero. वीरता से ।

**Heroify**-ही-रों'-इ-फ़ाइ, **Heroize** ( -आ-इज़् ) *-v. i.* to make a hero of. वीर बनाना ।

**Heroine**-हीं' - रो-इन्- *n. fem.* a female hero, principal female actor. वीराङ्गना, नायिका, अभिनेत्री ।

**Heroism**-हीं'-रो-इज़्म्- *n.* the qualities of a hero. शूरत्व, पराक्रम ।

**Heron** - हॅर्' - रॉन्- *n.* a long-legged wading bird. सारस, बकुला ; **Heronry** (-री ) *-n.* a place where herons breed. सारसों के बच्चा देने का स्थान ।

**Herpes**-हर्' - पीज़्*-n.* a disease of the skin characterised by patches, nettle-rash. दुलपित्ती नामक रोग ।

**Herring**-हॅर्'-रिङ्ग्- *n.* a small sea-fish much used for food. एक प्रकार की खाई जाने वाली समुद्री मछली ; **Herring-bone stitch** ( a kind of cross-stitching. ) नीचे ऊपर की सिलाई ।

**Hers** - हज़्' - *pron.* possessive case of ' she ' used after auxiliary verbs; *-adj.* &c. उस स्त्री का, इसका प्रयोग क्रिया इत्यादि के बाद में किया जाता है ; यथा-It is hers. इत्यादि ।

**Herself**-हर्'-सैल्फ़्-*pron.* reflexive form of She and Her. स्वयं स्त्री का, स्वयं स्त्री ने ; **She is not herself** ( she is not in her normal state of body or mind. ) वह स्त्री आपे में नहीं है ।

**Hesitant**-हॅज़्-इट्'-ऑन्ट् - *adj.* hesitating. हिचकिचाता हुआ ।

**Hesitate**-हेज़्'-इट्-एट्- *v. i.* to speak or act with indecision, to waver, to be doubtful. हिचकिचाना, आगा पीछा करना ।

**Hesitating**-हेज़्'-इट्-एट्'-इङ्ग् - *adj.* irresolute. द्विविधा का; **Hesitatingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a hesitating manner. आगापीछा करते हुए (सन्देह में).

**Hesitation**-हेज़्'-इट्-ए-शॉन्- *n.* the act of hesitating. सन्देह, संशय, द्विविधा ।

**Hesitative**-हेज़्'-इट्-ए-टिव्- *adj.* showing hesitation. सन्देह दिखलाता हुआ ।

**Hesitator**-हेज़्'-इट्-एट्-ऑर्-*n.* one who hesitates. आगापीछा करने वाला मनुष्य ।

**Hesperus**-हेस्'-पर्-अस्-*n.* the Evening Star. सन्ध्या का तारा ।

**Hessian**-हेस्' - सि - अन्-*n.* a strong coarse cloth of hemp or jute. सन या पटुवे का बना हुआ टाट।

**Hest**-हेस्ट्- *n.* a behest or command. आज्ञा, हुक्म ।

**Hetero**-हेट्'-एर्-ओ- *pref.* in the sense of 'other, different.' विपरीत' या भिन्न, अर्थ सूचक उपसर्ग; यथा Heterography, Heteropathy. इत्यादि ।

**Heterolite**-हेट्'-एर् - ओ - लाइट्- *adj.* irregularly formed. विधि विरुद्ध निर्मित।

**Heterodox**-हेट्'-टर्-ऑ- डॉक्स्-*adj.* not orthodox. धर्मविरुद्ध, नास्तिक।

**Heterodoxy**-हेट्'-अर्-ओ-डॉक् - सी-*n.* a doctrine contrary to orthodox. नास्तिकता ।

**Heterogeneous**-हेट्'-टर्-ओं - जीन्'-इ-अस्-*adj.* of diverse character. भिन्न अथवा विरुद्ध जाति का, (बेमेल); **Heterogeneity** (-इट्-ई), **Heterogeneousness** (-नेस्)- *ns.* the state of being heterogeneous. भिन्नता, विपर्यय ।

**Heterogenesis** - हेट् - टर् - ओ-जेन्'-इस्-इस् - *n.* offspring different from the parents. माता पिता से भिन्न सन्तति।

**Heterogeneously**-हेट्-टर्-ओ-जीन्'-नि-अस् - ली -, *adv.* in heterogeneous manner. भिन्नता से ।

**Heteronym**-हेट्'-टर्-ऑ निम्- *n.* a word spelled like another but with a different meaning. एक ही उच्चारण का परन्तु भिन्न अर्थ का शब्द ।

**Heugh**-ह्यू-*n.* a ravine. दर्रा ।

**Heuristic**-ह्यू-रिस्ट्'-इक्- *adj.* serving to find out. अन्वेषण करनेवाला, पता लगाने वाला ।

**Hew**-ह्यू- *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Hewed** *p. p.* **Hewn.**) to cut or chop with an axe or sword, to deal cuts. काटना, गढ़ना, टुकड़े करना; **Hewer** (-अर्)- *n.* one who hews. काटने वाला ।

**Hexa**-हेक्स्'-ऑ- *pref.* in sense of 'six'. उपसर्ग जिसका अर्थ "छ" होता है, यथा- Hexagon इत्यादि ।

**Hexagon**-हेक्स् -ऑ-गॉन्- *n.* a figure of six angles and sides. षट्कोण, षट्भुज; **Hexagonal** (-ऑल्) *-adj.* having six sides. छ पहल का ।

**Hexameter**-हेक्स् - ऑम्' - एट् - अर्-*n.* a verse which consists of six metrical feet. श्लोक का षट्पदी चरण।

**Hey**-हे-*interj.* expressive of joy. आनन्द सूचक अव्यय, अहाहा ।

**Heyday** - हे'- डे- *interj.* of frolic or wonder. हर्षसूचक शब्द; **Heydey** (-डे) *n.* full bloom or vigour. पूर्ण विकसित अवस्था; **Heyday of youth** (vigour of youth.) नव यौवन ।

**Hi**-हाइ-*interj.* expressing wonder. आश्चर्य सूचक अव्यय, अरे ।

**Hiatus** - हाइ-एट्'-अस् - *n.* a break in continuity, an opening, a gap or chasm. भङ्ग (फटन, भेद), छेद ।

**Hiccup** - हिक्'-अप् - *n.* an involuntary contraction of diaphragm with sudden closure of glottis. हिक्का, हिचकी; **Hiccough** (-अप्) -*n.* a hiccup. हिचकी ।

**Hickory**-हिक्'-ऑर्-ई - *n.* an American tree allied to walnut. अखरोट की तरह का अमेरिका का एक वृक्ष ।

**Hid**-हिड्-*p. t.* & *p. p.* of Hide.

**Hidden**-हिड्'-डेन्-*p. p.* of Hide.

**Hide**-हाइड्-*n.* the skin of an animal. पशुका चमड़ा, खाल।

**Hideous**-हिड्'-इ - अस् - *adj.* repulsive, frightful. भयकर, डरावना; **Hideously** (-ली) *-adv.* in a frightful manner. विकराल रूप से; **Hideousness** (-नेस्)- *n.* the quality of being frightful. उग्रता, करालता ।

**Hide**-हाइड्-*v. t.* (*p. t.* **Hid**, *p. p.* **Hidden, Hid**) to keep out of sight, to conceal, to keep secret. गुप्त रखना. छिपाना; **Hide and seek** (a kind of children's game.) बच्चों का आँख मुदौअल का खेल; **Hidebound** (preventing movement.) गति रोकने वाला; **Hider** (-अर्) *n.* one who conceals. छिपाने वाला; **Hiding** (-इङ्ग्) *n.* act of concealing. छिपाने का कार्य।

**Hie**-हाइ-*v. i.* to go quickly, to hasten जल्दी से भागना।

**Hiemal**-हाइ'-ऐम्-औल् - *adj.* wintry, pertaining to winter. शरद ऋतु सम्बन्धी।

**Hierarch**-हाइ'- अर्-ऑर्क् - *n.* a chief priest, a ruler in sacred matters. प्रधान पुरोहित, धर्मशासक। -

**Hierarchical**-हाइ'-अर्-ऑर्कि - इ - कॅल्- *adj.* pertaining to hierarchy. प्रधान पुरोहित सम्बन्धी।

**Hierarchy**-हायर्'-आर्कि-ई-*n.* the order of angles, priestly government. देवदूतों का समूह, धर्माध्यापक का प्रभुत्व।

**Hiero**-हाइ'-अर्-ओ-*pref.* in sense of 'priestly.' 'पुरोहित सम्बन्धी' अर्थ का उपसर्ग;

**Hieroglyph**-हाइ-अर् - ओ - ग्लिफ् - *n.* a sacred symbol, a picture-writing. बीजाक्षरों के लिये चित्र की लिखावट; **Hieroglyphic** ( -ग्लिफ्'-इक् ) - *adj.* & *n.* written in such symbols. गूढ़ाक्षरों में लिखित, बीजाक्षर सबंधी।

**Higgle** हिग्'- ग्ल् - *v. i.* to dispute about terms, to chaffer. सौदे के विषय में झगड़ना, फेरी करके बेंचना।

**Higgledy-piggledy**-हिग्'-लॅ-डि-पिग्-ग्लॅ-डि-*n.* an utter confusion. गोलमाल, गड़बड़ी; -*adv.* in confusion. व्यग्रता में।

**High**-हाइ-*adj.* (*comp.* **Higher**, *sup.* **Highest.**)-*n.* an elevated place. ऊँचा स्थान; -*adj.* powerful, strong, intense, lofty, tall, loud, honourable, dear in price, elevated in rank, arrogant. शक्तिमान, पुष्ट, तीव्र, ऊंचा, लंबा, तेज प्रतिष्ठित, श्रेष्ठ, मंहगा, उच्च कोटि का, धृष्ट; *adv.* far up, eminently. बहुत ऊपर से, उच्चता से; **Of high famly** (of noble birth.) उच्च कुल का, कुलीन; **High-noon** (mid-day.) ठीक दोपहर; **High and low** (people of all ranks.) सब जाति के लोग; **From on high** (from the sky.) आकाश से।

**High-born**-हाइ'-बॉर्न्-*adj.* of noble birth. उच्च कुल का।

**High-bred**-हाइ' - ब्रॅड् - *adj* refined. कुलीन, शिष्ट।

**High-coloured**-हाइ'-कल्-अर्ड् - *adj.* with a glaring colour. तेज रङ्ग का।

**High-day**- हाइ'-डे- - *n.* a holiday. उत्सव का दिन।

**High-fed**-हाइ'-फॅड्-*adj.* fed luxuriously. उत्तम भोजन से पोषित।

**High-flier**-हाइ' फ्लाइ-अर्-*n.* an adventurous person. साहसी पुरुष।

**High-flown**-हाइ -फ्लोन्-*adj.* proud, turgid. गर्वी, उन्नत।

**High-handed**-हाइ'-हॅन्ड्-ऍड्-*adj.* violent. उच्छृङ्खल उद्धत।

**High-hearted**-हाइ'-हार्ट्-ऍड्-*adj.* courageous. साहसी।

**Highland** - हाइ'-लॅन्ड् - *n.* a hilly country. पहाड़ी प्रदेश; **Highlander** (-अर्) -*n.* पर्वती प्रदेश का निवासी।

**Highly**-हाइ'-ली-*adv.* in a high manner. बहुत, अति, परम।

**High-minded** हाइ'- माइन्ड्-ऍड् - *adj.* magnanimous. उदार चित्त, महात्मा।

**Highness** - हाइ'-नॅस् - *n.* a title of honour which is applied to men of high rank. महाराज।

**High-priest**-हाइ -प्रीस्ट् - *n.* a chief preist. प्रधान पुरोहित।

**High-sounding**-हाइ'-साउण्ड्-इङ्-*adj.* pompous. आडम्बरी, दिखौआ।

**High-spirited**-हाइ'-स्पिर्-रिट्-एड् - *adj.* rash, adventurous. उद्दण्ड, वीर, साहसी।

**High time**-हाइ'-टाइम्-*n.* a full time. पूर्ण काल या समय।

**High-water**-हाइ'-वॉ-टर्- *n.* high tide. बाढ़ में जहाँ तक जल ऊपर होता है।

**Highway**-हाइ'-वे- *n.* a public (much frequented) road. सर्व सामान्य के आने जाने का मार्ग, प्रधान सड़क; **Highwayman** (-मॅन्) -*n.* a one who robs on the public road. ठग, डाकू, लुटेरा।

**Hilarious**-हिल्-लेअर् -इ-अस्-*adj.* merry, mirthful. आनन्दमय, आनन्दपूर्ण।

**Hilariously**-(-ली)-*adv.* joyfully. आनन्द से, प्रसन्नता से।

**Hilarity**-हाइ-लॅरि'-इट्-ई - *n.* merriment, mirthfulness. आनन्द, प्रसन्नता।

**Hill**- हिल्- *n.* an elevation of the earth's surface, a small mountain, a mound. पर्वत, पहाड़ी, टीला।

**Hillock**- हिल्' - लॉक्- *n.* a small hill. छोटी पहाड़ी।

**Hilly**- हिल्'-ली- *adj.* abounding with hills. पर्वतमय, पहाड़ों से पूर्ण।

**Hilt**-हिल्ट्- *n.* the handle of a sword or dagger. तलवार या कटार की मुठिया, मूठ।

**Him**-हिम्- *pron.* objective case of 'He'. उस (पुरुष) को; **Himself** ( -सेल्फ् ) -*pron.* reflexive form of 'He'. वह स्वयं, वह आपही ; By himself (alone.) एकाकी, अकेला।

**Hind**- हाइन्ड् - *n.* a steward, a rustic fellow, female of stag. दास, देहाती, हरिनी ; *adj.* situated at the back. पिछला; **Hinder** ( -अर् ) -*comp. deg.* ; **Hindmost** ( -मोस्ट् ), **Hindermost** (-अर्-मोस्ट्) -*sup. deg.* furthest behind. सब से पिछला।

**Hinder**-हिन्'-डर्- *v. t.* to obstruct, to prevent, to retard. रोकना, अटकाना, विघ्न डालना; **Hinderer** ( -अर् ) - *n.* he who or that which hinders. प्रतिबन्धक, रोकने वाला।

**Hindmost**-हाइन्ड्'-मोस्ट्- *adj.* -*sup. deg.* of Hind. सबसे पीछला ।

**Hindrance**-हिन्'-ड्रेन्स्- *n.* obstruction. बाधा, विघ्न, अवरोध।

**Hinge**-हिन्ज्- *n.* the movable joint of a door, a main principle. कब्जा (चूल), सिद्धान्त; -*v. t.* & *i.* to furnish with hinges, to turn on hinge. चूल या कब्जा लगाना, चूल पर घूमना ; Off the hinges (to be in a state of disorder.) मानसिक तथा शारीरिक व्यग्रता या घबड़ाहट में

**Hinny**-हिन्'-नी- *n.* an offspring of she-ass by horse. खच्चर।

**Hint**-हिन्ट्- *n.* a slight indication, a suggestion. सूचना, संकेत; -*v.t.* to bring to mind, to imply, to allude to. इशारा करना, संकेत करना।

**Hip**-हिप्- *n.* the thigh-joint. चूतर, कुल्हा; *v. t.* ( *p. t.* Hipped. ) to make low-spirited. उत्साहहीन करना ; **Hip-bath.** केवल कमर डुबा कर जल में स्नान ; To have a person on the hip ( to have advantage over a person.) किसी मनुष्य पर अधिकार डालना।

**Hip-hip-hurrah**-हिप्'-हिप्-हु-रा'- *interj.* an exclamation of joy. एक साथ मिल कर आनन्द का यह शब्द बोलना।

**Hippiatric**- हिप्'-पि-ऍट्'-रिक्- *adj.* pertaining to the treatment of the diseases of horses. घोड़ों की चिकित्सा सम्बन्धी

**Hippodrome**- हिप्'-पो-ड्रोम्- *n.* a race-course for chariots and horses. रथ या घोड़ों के दौड़ का मैदान।

**Hippology**-हिप्-पॉल्'-ओ-जी- *n.* a study of horses. अश्वविद्या, शालिहोत्र।

**Hippopotamus**-हिप्'-पो-पॉट्'-ओ-मस्- *n.* the river - horse. दरियायी घोड़ा, करियाद।



Hippopotamus.

**Hircine** - हर्'-साइन्- *adj.* goat-like. अजावत्, बकरे के सदृश।

**Hire**-हायर्- *n.* payment for use of a thing, wages. किराया, भाड़ा; -*v. t.* to employ for wages. भाड़े पर रखना।

**Hireable**-हायर्'-ऍ-बल्- *adj.* that may be hired. किराया के योग्य ।

**Hireling**-हायर्'-लिङ्ग्- *n.* one engaged on hire. ठीकेदार, मजदूर।

**Hirer**-हायर्'-अर्- *n.* one who hires or lets on hire. किराये पर देने या लेने वाला।

**Hirsute**- हर्'-स्यूट्- *adj.* hairy, rough with hair. रोंवें से भरा हुआ, रूखा।

**His**- हिज़्- *pron.* possessive case of 'He'. उस (मनुष्य) का।

**Hisk**-हिस्क्- *v. i.* to breathe with difficulty. कठिनता से सांस लेना।

**Hiss**-हिस्- *v. i.* to make a sharp hissing sound. फुफकारना, सिसकारना; -*n.* a hissing noise. फूत्कार ; To hiss off ( to condemn by hissing. ) सीसी करके असन्तोष प्रकट करना।

**Hist**-हिस्ट्- *interj.* used to call attention. चुप्!

**Historian** – हिस्-टोर्'-इ-ऑन्-*n.* a writer of history. इतिहास लिखने वाला।

**Historic**- हिस्' - टॉर्' - इक्, **Historical** (-रिक्-ऑल)-*adjs.* pertaining to history इतिहास में लिखा हुआ, ऐतिहासिक ; **Historically** ( -लि ) -*adv.* according to history. ऐतिहासिक रीति से।

**Historicity**–हिस्'-टॉ-रि-सि-टी- *n.* inclination towards history. ऐतिहासिक प्रवृत्ति।

**Historiographer** हिस्'-टॉ- रि-ऑग्-रॅफ्-अर् – *n.* an official historian. युद्ध का ऐतिहास लेखक।

**History**–हिस्'-टॉर्-ई-*n.* ( *pl.* **Histories.**) a continuous narrative of public events, events connected with persons or things, past events, narration of facts. इतिहास, चरित्र वर्णन, प्राचीन कथा।

**Histrion**–हिस्'-ट्रि-ऑन्-*n.* a stage-player. नाटकपात्र; **Histrionic** (-इक् ) -*adj.* pertaining to theatre or actors. नाटक सम्बन्धी, नाटक के पात्र का।

**Hit**–हिट्-*v. t.* ( *p. t.* & *p. p.* **Hit.** ) to strike, to deliver a blow at, to get at, to fall in with. मारना, पीटना, पहुँचना, भिड़जाना ;-*n.* a blow, a stroke of good luck, chance. प्रहार, टक्कर, संयोग; घटना **Hitter** (-टर्)-*n.* one who hits. मारनेवाला

**Hitch**–हिच्- *v. t.* & *i.* to move with jerk, to fasten with a loop, to become fastened. झटके से हटाना, फन्दा बाँधना, इस प्रकार बँध जाना ; -*n.* an impediment. बँधन, रुकावट ; **To hitch up** ( to fasten horses in carriage. ) गाड़ी में घोड़ा जोतना।

**Hither**–हिद्'-दर्- *adv.* towards this place. इधर, इस ओर ; **Hither and thither** ( to this place and that, in all directions. ) सर्वत्र, सब दिशाओं में।

**Hithermost**–हिद्'-अर्'-मोस्ट्- *adj.* nearest on his side. इस ओर, अति समीप।

**Hitherto**– हिथ्'-अर्-टू- *adv.* till now. अब तक, यहाँ तक ।

**Hive**–हाइव्-*n.* the habitation of bees. मधुकोष, मधुमक्खी का छत्ता; -*v. t.* to reside in a body ( collectively. ) मधुमक्खी की तरह जुटकर रहना।

**Ho**–हो-*interj.* expressing surprise, admiration &c. अरे! अहा।

**Hoar**–होर्-*adj.* & *n.* grey-haired, white with age, hoariness. सफ़ेद बालोंका, बुड्ढा सफ़ेदी **Hoar-frost** ( white particles of dew. ) तुषार।

**Hoariness**–होर्'-इ-नेस्'-*n.* greyness of hairs. बालों की सफ़ेदी।

**Hoard**–होड्ड्-*n.* a store, a treasure. संग्रह ( ढेर ), खज़ाना; -*v.t.* to amass, to treasure up. संचय करना, इकट्ठा करना।

**Hoarse**–होर्स्-*adj.* rough, having a harsh sound. रूक्ष, कर्कश शब्द का ; **Hoarsely** ( -ली )-*adv.* in a hoarse manner. रूक्ष स्वर से; **Hoarseness** ( -नेस् ) -*n.* the state of being hoarse, harshness. रूक्षता, स्वरभंग।

**Hoax**–होक्स्-*v. t.* to deceive in joke. हँसी में छलना ;- *n.* a deceptive trick. हँसी का धोखा, दिल्लगी।

**Hoary** होर्'-ई *adj.* grey with age. भूरा, धूमिल।

**Hob**–हॉब्-*n.* a projection on the side of a fireplace, a rustic. अँगीठी का उभाड़, देहाती; **Hobnail** (-नेल् )- *n.* a nail used in heavy boots. जूते की एँड़ी में ठोकने की काँटी।

**Hobble**–हॉब्'-बल्- *v. t.* to walk limpingly, to tie the legs of animals so that they may not run away. लगड़ाकर चलना, पशुओं का भागना रोकने के लिये टाँग बाँधना ; –*n.* an awkward situation, difficulty, भद्दी अवस्था, व्यग्रता।

**Hobbledehoy**–हॉबूल्-डे''-हॉय्-*n.* an awkward youth. भद्दा युवा पुरुष।

**Hobby**–हॉब्'-बी- *n.* ( *pl.* **Hobbies.** ) a favourite occupation apart from one's main business. प्रिय व्यापार ; **Hobby-horse** ( a wooden horse used by children to ride on. ) बच्चों के खेलमें सवारी करने का ( लकड़ी का ) घोड़ा

**Hobgoblin**–हॉब्-गॉब्'-लिन्-*n.* a bugbear, an apparition. भूत, राक्षस।

**Hobnob**–हॉब्'-नॉब्-*v.i.* to drink together, to have familiar intercourse. एक साथ मदिरा पीना, संगसाथ करना; -*n.* a friendly conversation. मित्रों की तरह बातचीत।

**Hock**–हॉक्-*n.* joint of a quadruped's hind legs, the bough. पशुओं के पिछले

पैरों के जोड़ ।

**Hockey**–हॉकु'-की- *n.* a game played with a ball and curved sticks. टेढ़े डण्डे और गेंद का एक प्रसिद्ध खेल ।

**Hocus**–हो'-कस्-*v. t.* (*p.t.* Hocussed.) to stupefy a man with drugs. दवा देकर किसी को बेहोश करना ।

**Hocus-pocus**–हो'-कस्-पो'-कस्-*n.* a deception, a jugglery. मन्त्र तन्त्र, इन्द्रजाल; -*v.t.* to cheat. धोखा देना ।

**Hod**–हॉड्-*n.* a trough for carrying mortar &c. मसाला ढोने की लोहडी ।

**Hodman** – हॉड्'-मॅन् - *n.* a man who carries a hod. सुरखी चूना ढोनेवाला ।

**Hodge-podge**–हॉज्-पॉज्-*n.* a confused mass. अनेक द्रव्यों का समूह, खिचड़ी ।

**Hoe**–हो-*n.* a tool for loosening soil. कुदाली, फौडा; -*v. t.* to clean with a hoe. कुदाली से खोदना ।

**Hog**–हॉग्- *n.* a swine, a castrated boar. शूकर, बधिया किया हुआ सुअर ; -*v. t.* (*p. t.* Hogged.) to cut hair short, to bend. बाल छोटा करना, घुमाना ।

**Hoggish** – हॉग्'-गिश्- *adj.* like a hog, filthy. सुअर के सदृश, गंदा ।

**Hogshead**–हॉग्ज़्'-हॅड्-*n.* a liquid measure of 52½ gallons. ५२॥ गैलन तरल वस्तु की नाप ।

**Hoick, Hoik**–हॉ'-इक्-*v. t.* & *i.* to turn an aeroplane upwards. हवाई जहाज को ऊपर की ओर उठाना ।

**Hoiden**–हॉय्'-डॅन्-*n.* a rude bold girl, a romp. धृष्ट कन्या ।

**Hoist**–हॉ -यस्ट्'- *v. t.* to lift, to raise aloft, to elevate, to heave. ऊपर को उठाना, उभाड़ना ।

**Hoky-poky**–होक्'- ई-पोक्'-ई- *n.* cheap ice-cream sold by street-vendors. सस्ता बरफ़ की कुल्फ़ी जो फेरी वाले बेचते हैं ।

**Hold**–होल्ड्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* Held.) to keep fast, to grasp, to contain, to occupy, to engross, to consider, to celebrate, to believe, to convene. पकड़ना, थामना, रखना, धरना, ग्रस्त होना, विचारना, उत्सव मनाना, विश्वास करना (प्रचलित करना), सभा बैठना; -*n.* a grasp, custody, interior cavity of a ship. पकड़, बन्धन, जहाज़ का भीतरी भाग; Hold -*interj.* (stop.!) ठहरो! Hold your tongue (stop talking.) चुप रहो; To hold back (to stop.) ठमकना, रुकना; To hold by (to accept.) स्वीकार करना, मानना; To hold dear (to regard with affection.) अति प्रेम करना ; To hold forth (to offer, to speak publicly.) विचार प्रकट करना ; To hold him of no value (to think him worthless.) उसको तिनका समझना ; To hold in (to restrain.) बन्द करना ; To hold in esteem (to respect.) आदर करना ; To hold it good (to think advisable.) अच्छा विचारना ; To hold one's head high (to show pride.) अभिमान दिखलाना ; To hold out (to stretch.) फैलाना ; To hold over (to remain after.) टालना ; To hold up (to sustain.) सहारा देना ।

**Hold-all**–होल्ड्'-ऑल्- *n.* a canvas bag with pockets to hold bed &c. बिस्तरा आदि रखने की बोरी ।

**Holder**–होल्ड्'-अर्-*n.* one who holds, a tenant, a pen with contrivance to hold a nib. पकड़ने वाला, असामी, निब लगा कर लिखने की कलम ।

**Holding**– होल्ड्'- इङ्ग् -*n.* a tenure of land. खेतीबारी, ठेके की जमीन ।

**Holdback**–होल्ड्'-बॅक्-' *n.* hindrance, check. अवरोध, रुकावट ।

**Holdfast**–होल्ड्'-फास्ट्-*n.* a contrivance for securing nail &c. काँटी बोल्टू इत्यादि कसने का साधन ।

**Hole**–होल् -*n.* a hollow place, at excavation an animal's burrow, a pit, a mean abode. छिद्र (गुहा), बिल, तुच्छ गृह; -*v. t.* to make holes in. छेद करना ; To pick holes in (to find fault with.) दोष खोजना ; Hole and corner (secret.) रहस्य, गुप्तबात ।

**Holiday**–हॉल्'-लि-डे-*n.* (*pl.* Holidays.) a day of recreation or festival, vacation. उत्सव, त्योहार, अनाध्याय का दिन, छुट्टी का दिन ।

**Holily, Holiness**–see Holy.

**Holla** – हॉल्'-ला – *interj.* same as Hollo. अरे !

**Holland**–हॉल्'-लॅन्ड्-*n.* a kind of linen. एक प्रकार का मलमल ।

**Hollo**-हॉल्'-लो-*v. i.* & *t.* to shout, to call. चिल्लाना, पुकारना, ललकारना।

**Hollow**-हॉल्'-लो-*adj.* excavated, empty, vacant, false, insincere. पोला, छूछा (निःसार) निष्फल, झूठा; -*n.* a cavity or depression, hole or den. पोला स्थान, पेड़ का खोड़रा, गड्ढा; -*v. t.* to excavate. खोदना, गड्ढा करना; -*adv.* completely. पूर्ण रूपसे; Hollow-hearted (insincere.) बेईमान; Hollowness (-नैस्) -*n.* insincerity. शून्यता, असत्यता; Hollow-ware *n.* cooking pots &c. पकाने के पात्र।

**Holly**-हॉल्'-ली-*n.* an evergreen shrub with prickly leaves. सर्वदा हरी रहने वाली एक कटिदार वनस्पति।

**Holm**-होम्-*n.* an islet in a river. नदी के बीच का टापू।

**Holocaust** - होल्'-ऑ-कॉस्ट्- *n.* a wholly burnt sacrifice, a disastrous fire. पूर्ण आहुति, प्रचण्ड अग्नि।

**Holster**-होल्'-स्टर्-*n.* a leather case for pistol fixed to saddle. पिस्तौल रखने का बेग जो घोड़े की काठी में लगा होता है।

**Holt**-होल्ट्-*n.* a wood, a wooded hill. जङ्गल, जङ्गल लगी हुई पहाड़ी।

**Holy**-हो'-ली-*adj.* (*comp.* Holier, *sup.* Holiest.) sacred, pious, free from sin, perfect, devoted to God. पुण्य, पवित्र, धार्मिक; Holily (-इ-ली) -*adv.* in a holy manner. पवित्रता से; Holiness (-नैस्) -*n.* piety, devotedness. पवित्रता, धार्मिकता; Holy Land (a sacred place.) पुण्य भूमि; Holy place (a place of pilgrimage.) तीर्थस्थान; Holy study (a study of sacred texts,) वेदों का अध्ययन; Holy wisdom (a knowledge about self.) ब्रह्मज्ञान; Holy writings (sacred writings.) वेद, श्रुति।

**Homage** - हॉम्'-एज्- *n.* acknowledgement of allegiance, dutiful reverence. पूजा, उपासना (सेवा), प्रभुभक्ति।

**Home**-होम्-*n.* a dwelling-place, a fixed residence of household, a native land, a place of rest. घर, वासस्थान, जन्मभूमि, आश्रयस्थान; -*v. t.* & *i.* to come home. घर आना; -*adv.* closely. पूर्ण रूप से; At home (at one's house, in one's country, at ease.) घर पर, स्वदेश में, आनन्द से; Home Charges (expenses defrayed in Great Britain from India's income.) भारत के रुपये से इङ्लैन्ड् में होनेवाला खर्च; Home industry (industry carried on in one's own country.) देश का व्यापार; Homeless (-लेस्) -*adj.* without a home. गृहहीन, बिना घर का, निराश्रय; Homely (-ली) -*adj.* domestic. गृहस्थी सम्बन्धी; Home Member. गृहसचिव; Home Office. (department of the Secretary of State for home affairs.) सेक्रेटरी ऑफ् स्टेट् (गृहसचिव) का घरेलू कार्य के विषय का दफ़्तर; Home Rule (self-government.) प्रजातन्त्रराज्य, स्वराज्य; Homesick (sorry for being absent from home.) घर से बाहर रहने से खिन्न; Homespun (cloth spun at home.) खद्दर, घर का बना वस्त्र; Homestead (a farm with buildings.) बगीचा लगा हुआ घर; Homeward (-s) (towards home.) घर की ओर, घर की तरफ़; The thrust went home (*i. e.* exactly to the point aimed at.) निशाना ठीक लगा; Words went home to his heart (*i. e.* were piercing.) मर्मभेदी शब्द।

**Homeopath**-(also Homoeopath)-हॉ'-मैं-ओ-पैथ्'-*n.* one who practises homeopathy. होमियापैथी चिकित्सक; Homeopathically (-इक्-ऑल्-ली) -*adv.* in a homeopathic manner. होमियोपैथिक् रीति से; Homeopathist (-इस्ट्) - *n.* one who practises homeopathy. इस विधि का चिकित्सक; Homeopathy (-ई) -*n.* Hahnemann's system of curing diseases by minute doses of drugs. होमियोपैथिक चिकित्सा।

**Homicidal**- *adj.* see Homicide.

**Homicide**-हॉम्'-इस्-साइड्-*n.* one who kills a human being. मनुष्यघातक; Homicidal (-साइड्'-ऑल्) -*adj.* pertaining to homicide. मनुष्यवध सम्बन्धी।

**Homily**-हॉम्'-इल्-ई-*n.* a sermon, a moralising discourse. धार्मिक उपदेश, धर्मवाक्य।

**Hominy**-हॉम्'-इन्-ई- *n.* maize hulled and boiled in water. दलिया, महेरा।

**Homo**-हॉ-मो-*pref.* in the sense of 'the same, common'. 'सदृश अथवा सामान्य' अर्थ का उपसर्ग: यथा-Homogamous, Homonym. इत्यादि।

**Homogeneal**-हॉ'-मो जीन्'-इ-ऑल्, Ho-

mogeneous-हो'-मो-जीन्'-इ-अस्-*adjs.* of the same kind. समान जाति का, एक ही प्रकार का ।

**Homologous**-हो-मॉल्'-ऑ-गस्-*adj.* having the same relation or relative position. तुल्य परिमाण का ।

**Homonym** - हॉम्' - ऑ - निम्- *n.* words of the same form but differing in sense. भिन्नार्थ शब्द ।

**Homonymic**-हो-मो-निम्'-इक्, **Homonymous** (-अस् )- *adjs.* equivocal. अनेकार्थ शब्द संबंधी ।

**Homy**-होम्'-ई-*adj.* home-like. गृहवत् घर के सदृश ।

**Hone** - होन्- *n.* a whetstone. सान, सिल्ली ; -*v. t.* to sharpen on a hone. सिल्ली पर हथियार तेज़ करना ।

**Honest** - ऑन्'-ऍस्ट्- *adj.* fair and upright in dealings, sincere, faithful. निष्कपट, सच्चरित, सच्चा ; **Honestly** (-ली) -*adv.* in an honest manner. ईमानदारी से, सचाई से ।

**Honesty** - ऑन्' - ऍस्ट्'-ई-*n.* uprightness, integrity. सत्यता, खरापन, ईमानदारी; **Honesty is the best policy** ( maxim of self-interested morality. ) सत्यता ही सबसे उत्तम मार्ग है ।

**Honey** - हन्'-ई- *n.* the sweet fluid collected by bees, sweetness. मधु, ( शहद ), मधुरता ; **Honey-bee** (a bee that gathers honey.) मधुमक्खी;

**Honeycomb**-हन्'-इ-कोम्-*n.* the hexagonal cells of wax in which bees collect honey and lay eggs. मधुकोष, शहद की मक्खी का छत्ता ।



Honeycomb.

**Honeymoon**- हन्'-इ-मून्- *n.* a holiday spent by newly married couple. विवाह के बाद दम्पति का आनन्दमास ।

**Honeysuckle** हन्'-इ-सक्-कुल्-*n.* a kind of plant with sweet-scented flowers. एक प्रकार का सुगन्धित फूल का पौधा ।

**Honk**-हॉङ्क्- *n.* the cry of a wild goose, sound of a motor-horn. जंगली बत्तक का शब्द, मोटरके भोंपेका शब्द ।

**Honorarium**-ऑन्-ओ-रॅअर्'-इ-अम्- *n.* the fee paid for professional services. किसी व्यवसाय का शुल्क, शुकराना ।

**Honorary**- ऑन्'-ओ-रॉ-री- *adj.* conferred as an honour, serving without pay, holding a title without performing any services. प्रतिष्ठा देनेवाला, अवैतनिक, मानमात्रदायी, यशस्कर ।

**Honorific**-ऑन्' - ऑर्-इफ्' - इक् - *adj.* implying or conferring respect. मान या प्रतिष्ठा सूचक ।

**Honour**-ऑन्'-अर्- *n.* dignity, high respect, good name, reverence, nobleness of mind, chastity. सन्मान, आदर, प्रतिष्ठा (सत्कार), कीर्ति, उदारता, सच्चरित्रता ; -*v. t.* to venerate, to respect,to accept and pay (draft &c.) when due, to confer honour. प्रतिष्ठा करना, हुंडी आदि सकारना, उपाधि देना ; **Your honour, His honour.** श्रीमान् ।

**Honourable**-ऑन्'-अर्- ऑ - बुल् - *adj.* worthy of honour,illustrious, upright. माननीय,आदरणीय, सच्चरित्र; **Honourably** (-ऑब्-ली ) -*adv.* in an honourable manner. मान पूर्वक, न्यायपूर्वक ।

**Hood** - हुड्- *n.* a covering for the head, cowl,a badge worn over a university gown. सिर ढाँपने का वस्त्र (कंटोप ), विश्वविद्यालय के उपाधि सूचक महावस्त्र के ऊपर का ओढना-*v. t.* to cover with a hood. ढकना लगाना, ढाँपना **Hooded** (-ऍड् ) -*adj.* covered with a hood. ढकना लगा हुआ ।

**Hoodwink** - हुड् - विङ्क्'- *v. t.* to blind by covering the eyes, to deceive. आँखों को वस्त्र से ढाँकना, धोखा देना ।

**Hoof**-हूफ्- *n.* ( *pl.* **Hoofs, Hooves.** ) the horny part of a beast's foot. खुर ; -*v. t.* to walk as cattle. खुर मारना, पशु का तरह चलना ; **Hoof-pad** ( a pad for the hoof of horses. ) घोड़े के पैर में बाँधने की नेउरी ।

**Hook**-हुक्- *n.* a bent piece of metal, bent wire used for catching fishes, a snare. कुलाबा, काँटा, मछली फँसाने की बंसी, जाल ; -*v. t. & i.* to

catch with a hook, to bend. कँटिये में फँसाना, ( मछली पकड़ना ) झुकाना ; By hook or by crook ( by right or wrong means. ) किसी न किसी प्रकार से . To hook on ( to draw as with a hook. ) कंटिया से फँसाना ।

**Hooked** - हुक्ड् - *adj.* shaped like a hook. ऐंठा, टेढ़ा ।

**Hooker**-हुक्'-अर्-*n.* a kind of sailing ship. एक प्रकार का छोटा जहाज ।

**Hooligan** - हूल्'-इ-गॅन् - *n.* a cruel ruffian. गुण्डा, बदमाश ।

**Hoop**- हूप् - *n.* a circular band of metal, a wooden or iron circle. चक्कर, घेरा, गोल पट्टा; -*v.t.* to encircle. ऐसे पट्टे से बाँधना ।

**Hoop**-हूप्-*v. i.* & *n.* to utter a hooping sound. हू हू का शब्द करना, ऐसा शब्द ; Hooping cough ( a kind of cough in which the patient whoops.) कुक्कुर खाँसी, सूखी खाँसी ।

**Hoot**- हूट - *v. i.* to make a loud sound especially in contempt, to drive away by hooting. धिक्कारना, छी छी करना; -*n.* a sharp cry, a shout in contempt. कर्कश शब्द, असन्तोष का शब्द ।

**Hooter**-हूट्'-अर् - *n.* one who hoots, a steam-whistle. चिल्लाने वाला, भाफ़ से बजने वाली सीटी ( जो कारखानों में काम आरम्भ या समाप्त करने के लिये बजाई जाती है ) ।

**Hop**-हॉप् '-' *n.* a kind of perennial creeper, hopping, spring, dance. एक प्रकार की लता, कूदफाँद, उछाल, नाच ; -*v. i.* ( *p. t.* Hopped ) to spring on one leg, to spring on all fours, to depart suddenly. एक पैर के बल या चारो पैरों से कूदना, तुरत प्रस्थान करना; Hop-o'-my-thumb ( a man of small stature. ) नाटा छोटा मनुष्य, बौना ।

**Hope**-होप्- *n.* a desire combined with expectation, anticipation. आशा ( इच्छा ), मनोरथ ( भरोसा ); -*v. t.* & *i.* to look with expectation, to expect and desire. आशा करना, भरोसा करना ।

**Hopeful**-होप्'-फुल्-*adj.* full of hope, encouraging. आशायुक्त, आशाजनक ( होनहार ); Hopefully (-फुल्-लि ) -*adv.* in an encouraging manner. आशा से ; Hopefulness (-फुल्-नस)-*n.* the quality of being hopeful. आशापूर्णता ।

**Hopeless** - होप्'-लॅस् - *adj.* devoid of hope. आशाहीन; Hopelessly (-ली)-*adv.* without hope. निराशा से; Hopelessness (-नॅस् ) -*n.* despair. नैराश्य, लाचारी ।

**Hopper**-हॉप्'-पर्- *n.* one who hops, a hopping insect, a cone through which grain passes in a mill. कूदनेवाला, फतिङ्गा . छुच्छी जिसमें से अन्न के दाने चक्की में गिरते हैं ।

**Hopple**-हॉप्'-प्ल्-*v. t.* to tie together the legs of a horse. घोड़े के पैरों को एक साथ बाँधना ।

**Horary** - हॉर् - औंर् - ई- *adj.* hourly, occurring every hour. प्रति घण्टे का, घण्टे घण्टे पर होने वाला ।

**Horde**-होअर्ड्-*n.* a band of nomads, a gang, multitude. घुमक्कड़ों का जत्था, संघ, झुण्ड ।

**Horizon**-हॉर्-राइ'-ज़ॉन्-*n.* the line at which the earth and sky seem to meet, experience, limit. क्षितिज, अनुभव, परिधि ।

**Horizontal**-हॉर् - ऍ - ज़ॉन्ट्' - औंल्-*adj.* parallel to the horizon, at right angles to the vertical, level. क्षितिज के समानान्तर, समतल, Horizontally (-ली ) -*adv.* in a horizontal direction. पट बल में ।

**Hormone**-हॉर्' - मोन् - *n.* a chemical secretion from certain glands of the body. शरीर के भीतर का पुष्टिकर एक रसायनिक तत्त्व ।

**Horn**-हॉर्न् - *n.* a hard and pointed substance on the head of cattle usually in pairs, a drinking vessel, a powder-flask, a kind of wind instrument, antennæ of insects. सींघ, प्याला, बारूद रखने का डिब्बा, सिंघा (भोंपा ), फतिंगों की मूछ; -*v. t.* to furnish with horns. सींघ लगाना ।

**Horner**-हॉर्न्'-अर् - *n.* one who deals in horns. सींघ के पदार्थ बनाने और बेचने वाला

**Hornet**-हॉर्न्'-ऍट्-*n.* a large wasp. बर्रे की जाति का एक कीड़ा, हड्डा ।

**Hornless**- हार्न्'- लेस्- *adj.* destitute of horns. बिना सींग का ।

**Horny**-हार्न्'- ई- *adj.* callous, hard as horn. सींग की तरह कड़ा ।

**Horologe**-हार्'-ओ-लोज्-*n.* a timepiece or clock. छोटी या बड़ी घड़ी ।

**Horology**-हो-राल्'-ओ-जी - *n.* the art of making clocks. घड़ी बनाने की विद्या ।

**Horoscope**- हार्'-ओ-स्कोप् - *n.* observation of planets at a person's birth. जन्मपत्रिका ; **To cast a horoscope** ( to prepare a horoscope. ) जन्मपत्रिका बनाना ।

**Horoscopical**-हार्'-ओ-स्कोप्'- इक्- ऑल्- *adj.* pertaining to a horoscope. जन्मपत्री सम्बन्धी ।

**Horrible**-हार्'-रि-ब्ल्- *adj.* fit to excite horror, dreadful, unpleasant, hideous. भयानक, विकराल, डरावना ।

**Horribly**-हार्-रिब्' -ली-*adv.* in dreadful manner. भयङ्कर रूप से ।

**Horribleness**-हार्'-रि - ब्ल्- नेस्-*n.* the state of being horrible, dreadfulness. भयंकरता, डरावनापन ।

**Horrid**-हार्'-रिड्-*adj.* terrible, horrible, frightful. भयङ्कर, विकट, डरावना; **Horridly** (-ली) *-adv.* in a terrible manner. विकट रूप से; **Horridness** (-नस्) *-n.* the quality of being horrible, frightfulness. भयङ्कर रूप ।

**Horrific**-हार्- रिफ् ' -इक्- *adj.* causing horror. भयङ्कर, डराने वाला ।

**Horrify**-हार्' - रि'फाइ-*v. t.* ( *p. t.* Horrified ) to excite terror. डराना ।

**Horripilation**-हार्'-रिप्-इल-ए'-शॉन्-*n.* a bristling of the hairs of the body. शरीर भर के रोंवे खड़े होना ।

**Horror**-हॉर्'-रॉर्-*n.* a dreadful shivering, shuddering, great dislike. कँपकपी (भय), अति घृणा ।

**Horse**-हार्स्- *n.* a solid-hoofed quadruped used as a beast of burden or for riding, cavalry. अश्व, घोड़ा, घाड़सवार; *-v.i.* to mount on a horse. घोड़े पर सवार होना ; **Horse-breaker.** ( one who trains a horse. ) अश्वशिक्षक, घोड़ा फेरने वाला ; **Horse-chestnut** ( a kind of tree.) एक प्रकार का अखरोट; **Horse-cloth** ( a cloth for covering a horse. ) घोड़े का ओहार; **Horse-fly** ( a fly that stings horses. ) किलनी; **Horse-laugh** ( a loud boisterous laugh. ) ठट्ठा, ठहाके की हसी ; **Light horse** ( artillery with light guns. ) हलके शस्त्र धारण किये हुए घोड़सवार ; **Pack-horse** ( a horse of burden. ) लद्दू घोड़ा ; **To horse** (to ride on a horse.) घोड़े पर सवारी करना ।

**Horseman**-हार्स्' - मैन् - *n.* a rider on horseback. घोड़सवार ; **Horsemanship** *-n.* (the art of riding.) घोड़सवारी ।

**Horse-power**-हार्स्'-पाउ-अर्-*n.* unit of power ( which is 550 foot lbs. per second. ) यन्त्र की वह शक्ति जिसके द्वारा एक सेकन्ड मे ५५० पाउन्ड का भार एक फुट उठ सकता है ।

**Horseshoe** – हार्स्' - शू-*n.* a shoe for horses. घोड़े की नाल ।

**Hortative**-हार्ट्' - ऑट्-इव्-*adj.* serving to exhort. उत्साह दिलाने वाला ।

**Horticultural**-हार्ट्' - इ-कल्ट्'-युर्-ऑल्- *adj.* pertaining to the culture of gardens. उद्यानविद्या ( बागवानी ) सम्बन्धी ।

**Horticulture**-हार्ट्'-इ-कल्ट्' -यूर् (-चर्)- *n.* the art of cultivating gardens. उद्यानविद्या, बागवानी ; **Horticulturist** (-इस्ट्) *-n.* one skilled in the art of horticulture. बागवानी में निपुण ।

**Hose**-होज्-*n.* ( *pl.* Hose ) stockings, a flexible tube for watering plants. मोजा, पौधों पर पानी छिड़कने की नली ।

**Hosier**-होज्'-यर्-*n.* one who deals in hosiery. मोजे का व्यापारी ; **Hosiery** (-इ) *-n.* a manufactory of hoses &c. सूई से बीने हुए वस्त्र ।

**Hospice**-हॉस्' - पिस्-*n.* a home for the sick, a house of rest for travellers. बीमारों के रहने का स्थान, सराय ।

**Hospitable**-हॉस्' - पिट् - ऑ - ब्ल्-*adj.* disposed to entertain strangers. आतिथ्यकारी, सत्कार करने वाला ; **Hospitably** ( -ब्ली ) *-adv.* with kindness to strangers. आदर सहित, सत्कार सहित ।

**Hospital**-हॉस्'-पिट्-ऑल्-*n.* an institution for the care of the sick and wounded, an almshouse. आरोग्यशाला, चिकित्सालय, हस्पताल ।

**Hospitality**-हॉस्- पिट् - ऑल्' - इट्-ई-*n*. kindness to strangers, a friendly reception of strangers and guests. आतिथ्य, अतिथि सत्कार।

**Host**-होस्ट्-*n*. a large number, an army, one who entertains or lodges another, an innkeeper. समुदाय, सेना, आतिथ्य करने वाला, यजमान।

**Hostage**-होस्ट्'-एज्-*n*. a person delivered as a pledge to the enemy. शरीरबन्धक।

**Hostess** - होस्ट्'- ऍस्-*n*. *fem*. a female host. अतिथि सत्कार करनेवाली स्त्री।

**Hostel**-हॉस्'-टॅल्-*n*. an inn, a house for the residence of students. सराय, विद्यार्थियों के रहने का स्थान ; **Hostelry** (-री) -*n*. an inn. धर्मशाला, सराय।

**Hostile** - हॉस्' - टाइल्- *adj*. unfriendly, opposed, adverse. विरुद्ध, वैरी, विपरीत ; **Hostilely** - (-ली) -*adv*. in a hostile manner, adversely. विरुद्धता से।

**Hostility**-हॉस्-टिल्' - इट्-ई - *n*. enmity, opposition. शत्रुता, विरोध।

**Hostler**-आस्ट्'-लर्-same as Ostler.

**Hot**- हॉट् - *adj*. (*comp*. **Hotter**, *sup*. **Hottest**.) very warm, feeling heat, eager, pungent, passionate, violent, angry, exciting. उष्ण (गरम), प्रचण्ड (उग्र), उत्सुक, तीता (कड़वा), कामातुर, क्रुद्ध, उत्तेजक ; -*adv*. eagerly, angrily. उत्साह पूर्वक, क्रोध से; **Give it him hot** (to punish.) दण्ड देना ; **Hot-bed** (a manured field.) खाद डालकर तैयार की हुई जमीन ; **Hot-blooded** (excitable.) प्रचंड, साहसी ; **Hot-house** (a glass-house for sheltering tender plants.) कोमल वनस्पतियों को (गरम) रखने का शीशे का मकान; **Hot-press** (a machine for pressing paper.) कागज इत्यादि को को दबाने की (चाँप) कल।

**Hotly**-हॉट्'-ली-*adv*. in a hot manner. प्रचंडता से, क्रोध से।

**Hotness**-हॉट्'-नॅस्-*n*. the quality of being hot. उष्णता, उग्रता, तीक्ष्णता।

**Hotchpot**-हॉच्'-पॉट्- *n*. a mixture of ingredients. मिलाव, मिश्रण।

**Hotchpotch**-हॉच्'-पॉच्- *n*. a confused mass of ingredients mixed together. खिचड़ी, गड़बड़झाला।

**Hotel**-हो-टॅल्'-*n*. an inn, a house for travellers. सराय (धर्मशाला), भोजनालय, होटल।

**Hottentot**-हॉट्'-टॅन्-टॉट्- *n*. one of a native race of South Africa. दक्षिण अफ्रिका की एक जाति।

**Hough**-हॉक्-*n*. the joint of the hind leg of an animal, the ham. पशु की जंघास्थि।

**Hound**-हाउन्ड्-*n*. a dog of chase. शिकारी कुत्ता; -*v. t*. to hunt. शिकार करना

**Hour**-अवर्-*n*. a duration of 60 minutes, a short time, an occasion. घंटा, घड़ी, अवसर ; **At all hours** (always.) सर्वदा; **At the eleventh hour** (at the last stage.) अन्तिम क्षण में ; **Hour-glass** (an instrument for measuring intervals of time.) बालूघड़ी ; **Hour-hand** (the hand which shows the hour on a clock or watch.) घड़ी की छोटी सूई।

**Hourly**-अवर्'-ली-*adv*. every hour. प्रति घण्टे ; **In a good hour** (on a good occasion.) सुअवसर में ; **In an evil hour** (in bad time.) अशुभ काल में ; **The question of the hour** (the question of the time.) इस समय का प्रश्न, प्रस्तुत विषय।

**Houri**-हाउ'-री-*n*. a nymph, an extremely beautiful woman. स्वर्ग कन्या (अप्सरा), दिव्य स्त्री।

**House**-हाउस्- *n*. a dwelling-place, a building, an assembly, a household, a family or race, dynasty. घर, भवन, समुदाय, गृहस्थी, परिवार, वंश; -*v. t*. (हाउज़्) to shelter. शरण देना ; **House-breaker** (one who breaks into a house.) सेंध मारकर चोरी करने वाला ; **House-keeper** (the head of a household.) गृहस्वामी ; **Housemaid** (a maid-servant.) दासी, दाई ; **House-surgeon** (a physician resident in a hospital.) हस्पताल में सर्वदा रहने वाला चिकित्सक या डाक्टर ; **House of God** (a church.) गिरजाघर ; **To keep open house** (to arrange for the reception of all guests.) पाहुनों के स्वागत का प्रबन्ध करना।

**Household** - हाउस्' - होल्ड् - *n*. the persons who dwell under the same

roof and form a family. कुटुम्ब, परिवार; Household gods ( family gods. ) कुल देवता ; Householder (the head of a household. ) गृहस्वामी ।

Houseless-हाउस्'-लेस्- *adj.* destitute of house or dwelling. गृहशून्य ।

Housewife-हज़्'-विफ्-*n.* the mistress of a family. घरनी, मालकिन ।

Housing-हाउज्'-इङ्ग्- *n.* a horse's covering for protection, a saddle-cloth. घोड़े का ओहार, काठी के नीचे का नमदा ।

Hove-होव्-*p. t.* of Heave.

Hovel-हव्'-एॅल्- *n.* an open shed for sheltering cattle, an out-house, a cottage. पर्णशाला, छप्पर, कुटी ।

Hover-हव्'-अर्- *v. i.* to hang in or float in the air, to loiter. हवा में घूमना, बँहकना; -*n.* a walk. परिभ्रमण, टहलान ; Hovering ( -इङ्ग् ) -*n.* a loitering. चक्कर मारना ।

How-हाउ-*adv.* in what manner or way, to what extent. किस रूपसे, किस प्रकार से, कैसे ; Howbeit ( however. ) तथापि; How do you do ? ( how do you fare ? ) आपकी क्या हालचाल है ; How-else ( otherwise how. ) नहीं तो कैसे ; However ( in whatever manner. ) तौ भी ; How is corn ? ( what is the price of corn ? ) अन्न का क्या भाव है ; How long ? ( up to what time. ? ) कब तक ; How much ? ( to what extent. ? ) कितना ; How now ? ( what is the meaning of this ? ) इसका क्या अर्थ है ? Howsoever ( although, however. ) कैसे ही, किसी प्रकार से ।

Howitzer-हाउ'-इट्ज़्-अर्-*n.* a kind of short gun. एक प्रकार की छोटी तोप ।

Howl-हाउल्-*v. i.* to roar, to utter a loud doleful cry, to cry like a dog or wolf. गर्जना, गुर्राना, जोर से चिल्लाना; *n.* the cry of a dog or wolf. कुत्ते या भेड़िये की गुर्राहट ।

Howler-हाउल्'-अर्-*n.* one who roars, a kind of American monkey. गुर्राने वाला, एक प्रकार का अमेरिका का बन्दर ।

Howling-हाउल्'-इङ्ग्-*n.* a roaring cry. चिल्लाहट, गर्जने का शब्द ।

Hoy-हॉय्-*n.* a kind of small boat. एक प्रकार की छोटी नाव; -*interj.* ho ! अहो : अरे ! हो !

Hoyden-हॉय्'-डेन्- *n.* a boisterous woman. कुलटा स्त्री ।

Hub-हब्-*n.* the central part or nave of a wheel. पहिये की नाभि, धूरा ।

Hubble-bubble-हब्'-बूल्'-बब्,-बूल्-*n.* an Indian tobacco-pipe, a confused talk. हुक्का, अस्पष्ट वार्ता ।

Hubbub-हब्'-बब्-*n.* a confused cry, an uproar. कोलाहल, कलकल शब्द ।

Huckaback-हक्'-ऑ-बॅक्- *n.* a coarse cloth of rough surface for towels &c. तौलिया इत्यादि बनाने का एक प्रकार का मोटा रूखा कपड़ा ।

Huckle - हक्'-कूल् - *n.* the hip, hunch. पुट्ठा, जाँघ, चूतड़ ; Huckle-backed -*adj.* ( hunchbacked ) कुबड़ा ।

Huckster-हक्स्ट्'-अर्-*n.* a pedlar or hawker. फेरीवाला, बिसाती ; -*v. t.* & *i.* to sell in small quantities. फुटकर माल बेचना; Hucksterer ( -अर् ) -*n.* a retailer of small articles. फुटकर माल बेचने वाला ।

Huddle-हड्'-डल्-*v. t.* to amass in a confused manner, to hurry over. ढेर लगाना ( भीड़ लगा देना ), शीघ्रता करना ; -*n.* a crowd, tumult, confusion. भीड़, गड़बड़ी, शोरगुल ।

Hue-ह्यू-*n.* colour, tint. रङ्ग, छवि; Hue and cry (confusion, outcry.) कोलाहल, शोरगुल ।

Huff-हफ्-*v. t.* & *i.* to offend, to bully. चिढ़ाना, क्रोध करना, शेखी करना ; -*n.* anger. क्रोध, रोष ।

Huffer-हफ्'-अर्-*n.* a blusterer. शेखीबाज

Huffish-हफ्'-इश्-*adj.* petulant. क्रोधी, धृष्ट

Hug-हग्-*v. t.* ( *p. t.* Hugged ) to embrace closely, to delight in, to hold fast, to cling to. आलिङ्गन करना, चपकाना, आनन्द लेना ; -*n.* a close embrace. गाढ़ आलिङ्गन ।

Huggery-हग्-गर्'-इ- *n.* entreating to get work. काम मिलने की शिफारिश ।

Huge-ह्यूज्-*adj.* very large, immense, enormous. बहुत बड़ा, विशाल, बहुत भारी ; Hugely ( -ली ) -*adv.* enormously. विशालता से ; Hugeness ( -नेस् ) -*n*

bigness, enormous bulk. विशालता, भारीपन।

**Hugeous**-ह्यूज्'-अस्-*adj*. huge, enormous. विशाल, बड़ा भारी।

**Hugger-mugger**-हग्'-गर्-मग्'-गर्-*n*. secrecy, confusion. रहस्य, (गुप्त बात), गड़बड़ी; -*v. t.* to conceal, to suppress. छिपाना, दबा देना।

**Hulk**-हल्क्-*n*. the body of a dismantled ship. टूटे हुए जहाज़ का ढाँचा।

**Hulking**-हल्क्'-इङ्ग्-*adj*. bulky, clumsy. भारी, भद्दा।

**Hull**-हल्-*n*. the outer covering of a fruit, the frame of a ship. छिलका, जहाज़ का पेटा; -*v. t.* (*p. t.* Hulled.) to strip off covering, to pierce the hull of a ship. छिलका हटाना, जहाज़ में गोला मारना।

**Hullabaloo**-हल'-ऑ-बॉ-लू'-*n*. an uproar. कोलाहल, शोरगुल।

**Hullo** (-loa)-हल'-लो, (-लो-ऑ)-*interj*. denoting confusion. ओहो! अरे!

**Hum**-हम्-*v. t.* (*p. t.* Hummed.) to make a murmuring sound. भनभनाना, गुनगुनाना; -*n*. a murmuring sound. भनभनाहट, गुनगुनाहट; -*interj*. denoting surprise. सन्देह सूचक अव्यय।

**Human**-ह्यू-मॅन्-*adj*. pertaining to man, of man as opposed to God. मनुष्य जाति का, मानवी; **Human being** (mankind.) मनुष्य जाति, मनुष्यत्व।

**Humanism**-ह्यू-मॅन्-इज़म्-*n*. the service of humanity. मनुष्य जाति की सेवा।

**Humanist**-ह्यू'-मॅन्'-इस्ट्-*n*. a student of human nature. मनुष्य की प्रकृति का अध्ययन करने वाला।

**Humanize**-ह्यू'-मॅन्-आइज़्-*v. t.* to show humanity. शिष्टाचार करना।

**Humanitarian**-ह्यू'-मॅन्-इट्-ऍअर्'-इ-ऑन्-*n*. a philanthropist. मनुष्य जाति से प्रेम करने वाला।

**Humanity**-ह्यू'-मॅन्-इट्-ई-*n*. kind feelings, benevolence. दया (भलमन्सी), कृपालुता।

**Humanness**-ह्यू'-मॅन्-नॅस्-*n*. benevolence मनुष्यत्व, भलमन्सी।

**Humane**-ह्यू'-मॅन्'-*adj*. kind, merciful, compassionate. दयालु, परोपकारी; **Humanely** (-ली) -*adv*. in a kind manner. दयालुता से, कृपा से।

**Humble**-हम्'-बल्-*adj*. of lowly condition, modest, meek, submissive. विनीत, नम्र (गर्वरहित), दीन; -*v. t.* to lower, to abase. नीचा दिखाना, (घमण्ड तोड़ना), नम्र करना; **Humble-bee** (the humming bee.) भौंरा; **Humbled** (-ड्) -*adj*. conquered. जीता हुआ; **Humbleness** (-नॅस्) -*n*. the quality of being humble. नम्रता।

**Humbling**-हम्'ब्लिङ्-*n*. victory. पराभव

**Humbly**-हम्ब्'-ली- *adv*. modestly, in a humble manner, submissively. दीनता से, नम्रता पूर्वक; **In humble day** (in times of adversity.) आपत्ति के समय में

**Humbug**-हम्'-बग्-*n*. a fraud, deception, nonsense. छल (कपट), धोखा, पाखण्ड; *v. t.* (*p. t.* Humbugged.) to deceive, to hoax. धोखा देना, ठगना।

**Humdrum**-हम्'-ड्रम्- *adj*. & *n*. trite, common-place, dull, a stupid fellow. नीरस, मन्द, मूर्ख मनुष्य; **Humdrumness** (-नॅस्) -*n*. the quality of being stupid. मूर्खता, सिड़ीपन।

**Humeral**-ह्यू'-मर्-ऑल्-*adj*. belonging to the shoulder. स्कन्ध सम्बन्धी।

**Humerus**-ह्यू'-मर्-अस्-*n*. the round bone of the upper arm. प्रगण्डास्थि, भुजा की गोल हड्डी।

**Humid**-ह्यू'-मिड्- *adj*. damp, moist. गीला, तर।

**Humidity**-ह्यू-मिड्'-इट्-ई- *n*. moisture. आर्द्रता, तरी।

**Humiliate**-ह्यू-मिल्'-इ-ऐट्- *v. t.* to lower the dignity of, to mortify, to depress. गर्व तोड़ना, नीचा करना, दबाना; **Humilialion**-(-ऍ'-शन्) -*n*. the act of humiliating. दर्प दमन, दीनता; **Humiliating**. (-टिङ्ग्) -*adj*. humbling. मानहर।

**Humility**-ह्यू-मिल्'-इट ई- *n*. meekness, modesty, humbleness. विनय, नम्रता, दीनता।

**Humming**-हम्'-मिङ्ग्-*adj*. murmuring. भनभनाता हुआ।

**Hummock**-हम्'-मॉक्- *n*. a small hill, a rising ground. छोटी पहाड़ी, टीला।

**Humoral**-ह्यू-मॉर्'-ऑल्-*adj*. pertaining to humours. त्रिदोष सम्बन्धी ।

**Humorist**-ह्यू'-मॉर्-इस्ट्-*n*. a man of playful fancy. हँसी करने वाला मनुष्य, ( ठिठोलिया, दिल्लगीबाज़ ) ।

**Humorous**-ह्यू'-मार्-अस्- *adj*. full of humour. विनोदी, रसिक, हँसीका ; **Humorously** ( -ली )-*adv*. in a humorous manner. विनोद की रीति से ।

**Humo (u) rsome** - ह्यू'-मॉर्-सम्- *adj*. humorous, whimsical. रसिक, विनोदी ।

**Humour**-ह्यू'-मार्-*n*. a turn of mind, inclination, comicality, wit, an animal fluid. मन की भावना, प्रकृति (प्रवृत्ति), रसिकता, चित्ततरङ्ग ( लहर ), शरीर के त्रिदोष ( वात, पित्त, कफ ); -*v. t*. to comply, to gratify. अनुरोध करना, सन्तुष्ट करना, प्रसन्न करना ; **Good humour** (humour neatly expressed.) सुशीलता ; **Joyous humour** ( pleasing wit. ) आनन्द वृत्ति ; **Out of humour** ( out of temper. ) अप्रसन्न, क्रुद्ध ।

**Hump**-हम्प्-*n*. the protuberance on the back of an animal, hunch. ककुद, कुबड़ ; -*v. t*. to depress, to annoy. कुढ़ाना, चिढ़ाना; **Humpbacked** (with a hump on the back.) कुबड़ा; **Humpless** ( -लैस्)-*adj*. without humps. बिना ककुद का; **Humpy** ( -ई ) - *adj*. with many humps. अनेक ककुद वाला ।

**Humph**-हम्फ्'- *interj*. denoting doubt or dissatisfaction. सन्देह अथवा असन्तोष सूचक अव्यय ।

**Humpty-dumpty** - हम्'-प्टी-डम्प्'-टी- *n*. a puny person. नाटा छोटा मनुष्य ।

**Humpy**-हम्प्'-ई- *n*. a kind of Australian hut. आस्ट्रेलिया की एक प्रकार की झोपड़ी ।

**Hunch**-हन्च्-*n*. a hump. कूबड़ ;-*v. t*. to bend. मोड़ना ; **Hunchbacked** -*adj*. having a humpback. कुबड़ा ।

**Hundred**-हन्'-ड्रैड्-*n*. ten times ten. सौ; **By hundreds**. सौ सौ करके ; **Hundredth** ( -थ् )-*adj*. one of a hundred equal parts. सौवाँ ; **Long ( great ) hundred** (one hundred and twenty.) एक सौ बीस ।

**Hundredfold** - हन्'-ड्रैड्- फ़ोल्ड्- *adj*.-a hundred times. सौगुना ।

**Hundredweight**-हन्'-ड्रैड्-वेट्- a weight of 112 lbs. एक सौ बारह पाउन्ड् (५६सेर) की वज़न ।

**Hung**-हङ्ग्- *p. t*. & *p. p*. of Hang. 'हैंङ्ग' धातु का लटकाने के अर्थ में भूतकाल का रूप ।

**Hunger**-हङ्ग्'-गर्- *n*. an uneasy sensation caused by want of food, an earnest desire. क्षुधा, ( भूख ), तीव्र अभिलाषा ; -*v. i*. to have a keen appetite. भूखा होना ; -*v. t*. to long for. इच्छा करना ; **Hunger-strike** ( starving with hunger. ) अनशन व्रत ।

**Hungrily**-हङ्'-ग्रि-ली- *adv*. in a hungry manner. भूखी अवस्था में ; **Hungriness** ( -नैस् )- *n*. the state of being hungry. क्षुधा, भूख ।

**Hungry**- हङ्'-ग्री- *adj*. suffering from hunger, emaciated. क्षुधा पीड़ित, भूखा ।

**Hunk**-हङ्क्- *n*. a clumsy piece. भद्दा टुकड़ा ;-( *pl*. ) a miser. कृपण, कंजूस ।

**Hunt**-हन्ट्- *v. i*. & *t*. to chase a wild animal, to chase for food, to seek after, to pursue. मृगया करना, शिकार करना, भोजन के लिये खोजना, पीछा करना; -*n*. a chase of wild animals. मृगया, शिकार ; **To hunt out** (to search for.) पता लगाना ; **To hunt up** ( to seek.) अन्वेषण करना, खोजना ।

**Hunter**-हन्ट्'-अर्- *n*. ( *fem*. **Huntress** -रैस् ) one who hunts. शिकारी, शिकार करने वाला मनुष्य ।

**Hunting**- हन्ट्' - इङ्ग्- *n*. the act of chasing wild animals. आखेट, मृगया ।

**Huntsman** - हन्ट्स्'-मैन्- *n*. a hunter, a man in charge of hounds. शिकारी, शिकारी कुत्तों का निरीक्षक ।

**Hurdle** - हर्ड्'-ड्ल्- *n*. wooden sticks woven together for temporary frame. टट्टी, टट्टर ;-*v. t*. to cover with hurdles. टट्टी में बन्द करना ; **Hurdler** (-अर् )-*n*. a maker of hurdles, a runner of hurdle races. टट्टी बनाने वाला, टट्टी डकाने वाला घोड़सवार ।

**Hurdy-gurdy**-हर्ड्'-डी-गर्ड्'-डी- *n*. a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा ।

**Hurl**–हर्ल्– *v. t.* to throw violently, to dash with force, to whirl. वेग से फेंकना, उछालना, चक्कर देना ; -*n.* a violent throw, tumult. झटके की फेंकान, उपद्रव ; **Hurling** ( -इङ्ग् ) -*n.* the act of throwing. उछाल (फेंकान) ।

**Hurley**–हर्ल्'-ई- *n.* a hockey-stick. हाकी की छड़ी ।

**Hurlyburly**–हर्'-ली बर्'-ली – *n.* a tumult, an uproar, a bustle. कलकल शब्द, कोलाहल ।

**Hurrah**–हु-रा'– *interj.* expressing exultation. आनन्द सूचक अव्यय, वाहवाह ! शाबाश !

**Hurricane**– हर्'-रि-केन्– *n.* cyclone, a violent wind. प्रचण्ड बात, चक्रवात ; **Hurricane-lamp** ( a lamp which a wind cannot extinguish. ) आँधी में न बुतनेवाला लम्प ।

**Hurriedness**– हर्-रिड्'-नेस्– *n.* haste. शीघ्रता, जल्दी ।

**Hurriedly**–हर्-रिड्'-ली– *adv.* in a hurried manner. जल्दी से, वेग से ।

**Hurry**–हर्'-री– *n.* a great haste, eagerness, confusion. शीघ्रता (जल्दी), आकुलता; -*v. t.* ( *p. t.* **Hurried.** ) to hasten, to remove. जल्दी से लेजाना, हटाना ।

**Hurry-skurry**–हर्'-रि-स्कर्'-रि- *n.* confusion. घबड़ाहट ; **Hurry up** (be quick.) जल्दी करो ।

**Hurst**–हर्स्ट्– *n.* a hillock, a sandbank. पहाड़ी, बलुआ किनारा ।

**Hurt**– हर्ट्– *n.* an injury, a wound, harm. आघात, घाव (पीड़ा), अपकार; -*v. t.* & *i.* ( *p. t.* & *p. p.* **Hurt.** ) to give pain, to damage. दुःख देना, पीड़ा देना, नष्ट करना ।

**Hurtful**– हर्ट्' - फ़ुल्– *adj.* injurious, mischievous. पीड़ाकर, घातक; **Hurtfully** (-फ़ुल्-लि)-*adv.* in an injurious manner. अपकार सहित ।

**Hurtless** –हर्ट्'-लेस्– *adj.* receiving no injury. बिना घाव का ।

**Hurtle**–हर्'-ट्ल्– *v. t.* to strike against, to hurl swiftly. टकराना, वेग से घुमाना ।

**Husband**– हज़्'-बैन्ड्– *n.* ( *fem.* **Wife.** ) a man to whom a woman is betrothed, a married man. पति, दुलहा, विवाहित पुरुष ;-*v. t.* to manage economically. मितव्यय, ( किफ़ायत ) करना ; **Brother of husband.** देवर ; **Husbandhood** (-हुड्)-*n.* the state of being a husband. पतित्व ; **Husbandlike** (-लाइक्)-*adj.* like a husband. पति सदृश; **Husband's sister.** ननद ; **Husbandless** ( -लेस् )-*adj.* without a husband. पतिहीन, विधवा ।

**Husbandman**– हस्' - बैन्ड् - मैन्– *n.* a farmer or cultivator. किसान, खेतिहर ; **Husbandry** ( -री ) -*n.* the occupation of a farmer. कृषिकर्म, किसानी ।

**Hush**–हश्–. silence, stillness. शान्ति, चुपकी;-*v. t.* to calm, to silence. शान्त करना, चुप करना ; *interj.* चुप ! शान्त !; **Hush-money** (bribe given for hiding a crime. ) किसी अपराध को छिपाने के लिये दिया हुआ घूस ; **To hush up** ( to suppress. ) दबा देना ।

**Husk**–हस्क्– *n.* the dry outer covering of seeds or fruits, the worthless part of a thing. छिलका ( भूसा ), निरर्थक अंश; *v. t.* to strip husk from. छिलका या भूसी हटाना; **Husked** (-ड्)-*adj.* stripped of husks. भूसा हटाया हुआ ।

**Huskily**– हस्क्' - इ-ली– *adv.* roughly. रूक्षता से ; **Huskiness** ( -नेस् ) -*n.* the state of being husky. भूसापन ।

**Husky**–हस्क्'–ई– *adj.* abounding with husks. भूसा भरा हुआ ।

**Hussar**–हु'–ज़ार्– *n.* a soldier of light cavalry. घोड़सवार सिपाही ।

**Hussy, Huzzy**–हस्' - सी–*n.* a woman of worthless character. पापिनी, दुष्टा स्त्री ।

**Hustings**–हस्' - टिङ्ज्–*n. pl.* the proceedings of an election. चुनाव का कार्यक्रम ।

**Hustle**–हस्'–सल्– *v. t.* & *i.* to thrust, to push roughly against. ढकेलना, धक्का देना-*n.* bustle. शोरगुल ।

**Hut**–हट्–*n.* a small house, a cottage. कुटी, झोपड़ी-*v. t.* & *i.* to place or lodge in huts. झोपड़ी में रखना या बसना ।

**Hutch**–हच्–*n.* a small hut, an enclosure for rabbits &c., a coop, कुटी, ख़रहे का पिंजड़ा ।

Huzza-हुज़्'-ज़ा-*intj.* of applause or encouragement. हर्षनाद, जय जय की ध्वनि ।

Hyacinth-हाइ' -ॲ-सिन्थ्-*n.* a bulbous plant with bell-shaped flowers. एक प्रकार का फूलदार पौधा ; Hyacinthine (-आइन्)-*n.* a kind of gem. एक प्रकार का रत्न ।

Hyades-हाइ'-ॲ-डीज़्-*n.* a cluster of five stars. (वर्षासूचक) पाँच तारों का समुदाय ।

Hyaena-हाइ- ईन्'- ॲ-*n.* a carnivorous animal. लकड़बग्घा ; see Hyena.

Hyaline-हाइ'-ॲ-लिन्, Hyaloid- हाइ-ॲ-लॉएड्-*adjs.* glassy, transparent. काँच की तरह का, पारदर्शक ।

Hybrid-हाइ'-ब्रिड्-*adj.* & *n.* an offspring of two different species or varieties, heterogeneous. दो भिन्न जाति की सन्तति, वर्णसङ्कर, दोगला ; Hybridism (-इज़्म्)-*n.* the state of being hybrid. वर्णसङ्करत्व ; Hybridization (-आइज़्-ए' -शन्) -*n.* the act of hybridizing. इस प्रकार की उत्पत्ति ।

Hybridize- हाइ'- ब्रिड् - आइज़् -*v. t.* to procreate by hybrids. दो जाति के योग से एक नई जाति उत्पन्न करना ।

Hybridous- हाइ'-ब्रिड्-अस्-*adj.* hybrid. वर्णसङ्कर सम्बन्धी ।

Hydra-हाइ'-ड्रॅ-*n.* a serpent with many heads, a water-snake. अनेक फन वाला सर्प, जलसर्प, डेड़हा ।

Hydrant-हाइ'-ड्रॅन्ट्- *n.* a pipe with a nozzle for drawing water. पानी निकालने का बम्बा

Hydrate-हाइ'-ड्रेट्-*n.* a compound of water with another element. किसी पदार्थ का पानी में घोल ;-*v. t.* to combine with water. जलयुक्त करना ; Hydration (ड्रे'-शन्)-*n.* घोल की क्रिया ।

Hydraulic-हाइ-ड्रॉ' - लिक्-*adj.* worked by the pressure of water. जलशक्ति से चलायमान ; Hydraulician(-इ-शन्) -*n.* one versed in hydraulics. इस विद्या में प्रवीण ; Hydraulics (-ड्रॉ'-इक्स्) -*n.* the science of converting fluids into motion. जलगति शास्त्र ।

Hydric-हाइ'-ड्रिक्- *adj.* pertaining to or containing hydrogen. जलीय वायु सम्बन्धी, इस वायु से पूर्ण ।

Hydro-हाइ'-ड्रो-*pref.* for 'water'. 'जल' अर्थका उपसर्ग, यथा - Hydroelectric, Hydrography. इत्यादि ।

Hydrocele-हाइ'-ड्रो - सील्-*n.* a morbid collection of fluid in the testes. अण्डकोष में पानी उतरने का रोग, अण्डवृद्धि ।

Hydrochloric (acid.) हाइड्'-रो-क्लोर्-इक् (ॲसिड्)-*n.* नमक का तेज़ाब ।

Hydroelectric-हाइ'- ड्रो -ऍल-ऍक्'- ट्रिक्-*adj.* electricity generated by a strong current of water. जल की धारा से उत्पन्न बिजली की शक्ति ।

Hydrogen-हाइ'-ड्रो-जॅन्- *n.* the lightest colourless gas. सबसे हलका वायुरूप तत्व; Hydrogenate (-एट्') -*v. t.* to combine with hydrogen. इस वायुरूप तत्व से मिश्रित करना ।

Hydromel - हाइ'-ड्रॉ-मॅल्- *n.* a mixture of honey and water. जल और मधु का घोल ।

Hydrometer - हाइ-डॉम्'-ऍट्-अर्- *n.* an instrument for measuring the density of liquids. तरल पदार्थों का घनत्व (भारीपन या हलकापन) नापनेका यन्त्र ।

Hydropathic-see Hydropathy

Hydropathy-हाइ-ड्रॉप्'-ॲथ्-ई- *n.* treatment of diseases with cold water. जल चिकित्सा, ठण्डे जल से रोग हटाने की विधि ; Hydropathic (-इक्)- *adj.* pertaining to hydropathy. जल चिकित्सा सम्बन्धी ।

Hydrophobia - हाइ-ड्रो-फो'-बि-ॲ - *n.* aversion to water, rabies, canine madness. जलत्रास, अलर्क, वह रोग जिसमें जलसे डर लगता है, पागल कुत्तेके काटने पर होने वाला रोग ।

Hydropsy - हाइ'-ड्रॉप्-सी- *n.* same as Dropsy.

Hydroplane -हाइ'-ड्रो-प्लेन्- *n.* a kind of aeroplane which makes its start on water. एक प्रकार का हवाई जहाज़ जो जल में दौड़कर हवा में उड़ता है ।

Hydrostatic-हाइ'-ड्रो-स्टॅट्'-इक्- *adj.* pertaining to the equilibrium of liquids. तरल पदार्थों की समतलता सम्बन्धी ।

Hydrostatics - हाइ'-ड्रो-स्टॅट्-इक्स् - *n.*

(*pl.*) the science of the pressure and equilibrium of liquids at rest. तरल पदार्थों के दबाव तथा समतलता का विज्ञान।

**Hydrotic**-हाइ-ड्रॉट्'-इक्- *adj.* producing phlegm. कफ उत्पन्न करने वाला।

**Hydrous** - हाइ'-ड्रस्- *adj.* containing water. जलपूर्ण।

**Hydrus** - हाइ'-ड्रस्- *n.* a water snake. जलसर्प।

**Hyemal**-हाइ'-ई-मॅल्- *adj* pertaining to winter. शरद ऋतु संबन्धी।

**Hyena ( Hyæna )** -हाइ'-ईन्-ओ-*n.* a carnivorous quadruped. तरक्ष, लकड़बग्घा।



Hyena.

**Hyeto**-हाइ'-ऍ-टो- *pref.* in sense of 'rain'. उपसर्ग जिसका अर्थ-'वर्षा' है।

**Hyetography**-हाइ-ऍ-टॉग्'-रॅफ्-ई- *n.* the science of rainfall in different regions. भिन्न देशों के वर्षाका परिमाण जानने की विद्या।

**Hygeia**-हाइ-जी'-ओ- *n.* the goddess of health. स्वास्थ्य की देवी; **Hygeian** (ओन्)-*adj.* relating to health. आरोग्य सम्बन्धी।

**Hygiene**-हाइ'-जि-ईन्- *n.* the science of health, principles of health. आरोग्य शास्त्र, स्वास्थ्य विद्या।

**Hygienic**-हाइ-जें-इन्'-इक्, **Hygienical** (-इक्-ऑल्)-*adjs.* pertaining to hygiene. आरोग्य सम्बन्धी; **Hygienically**(ऑल्-ली) -*adv.* in a hygienic manner. आरोग्य दृष्टि से।

**Hygrometer** - हाइ-ग्रॉम्'-ऍट्-अर्- *n.* an instrument for measuring moisture in air. वायु में का जल नापने का यन्त्र।

**Hymen**-हाइ'-मॅन्- *n.* the god of marriage. विवाह की देवता; **Hymeneal** (-इ-ऑल्) -*adj.* pertaining to marriage. वैवाहिक, विवाह सम्बन्धी।

**Hymn** - हिम्- *n.* a song of praise to God. स्तोत्र (स्तुतिगीत), भजन; -*v. t.* to praise in song. ईश्वर का भजन करना; **Hymnal** (-नॅल्)-*adj.* pertaining to hymns. स्तोत्र सम्बन्धी; **Hymnist** (-निस्ट्) -*n.* a composer of hymns. भजन बनाने वाला; **Hymnodist** (-नॉडिस्ट्) -*n.* a writer of hymns. स्तोत्र लेखक; **Hymnody** (-नॉ-डी)-*n.* a singing of hymns. स्तोत्र गायन; **Hymnology** (-नॉल्'-ऑज्-ई) -*n.* the study of hymns. स्तोत्रों का अध्ययन; **Hymnographer** (-नॉग्'-रॅफ्-अर्)-*n.* one who composes hymns. स्तोत्र या भजन बनाने वाला मनुष्य।

**Hyp**-हिप्-same as Hip.

**Hypaethral**-हाइ-पी'-थ्रॉल् - *adj.* roofless, without a roof, open. बिना छत का, आकाश की ओर खुला हुआ।

**Hypallage**-हाइ-पॅल्'-ली-जें- *n.* reverting the natural relations in a proposition. किसी कथन में प्राकृतिक सम्बन्ध को बिना अर्थ बदलते हुए उलट देना।

**Hyper**-हाइ'-पर्- *pref.* in sense of "over' above, in excess." "अधिक" अर्थ का उपसर्ग।

**Hyperbola**-हाइ-पर्'-बो-लॉ - *n.* one of the conic sections. एक विशिष्ट प्रकार का चाप (रेखागणित) में, अतिपरवलय; **Hyperbolic** (-इक्)- *adj.* pertaining to a hyperbola. अतिपरवलीय।

**Hyperbole**-हाइ-पर्'-बो-ली - *n.* an exaggerated statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति।

**Hyperbolic**-हाइ-पर्-बॉल्'-इक्, **Hyperbolical** (-इक्-ऑल्) -*adjs.* of the nature of a hyperbole. अतिशयोक्ति से पूर्ण; **Hyperbolically** (-इक्-ऑल्-ली)-*adv.* with exaggeration. अत्युक्ति से।

**Hyperbolize**-हाइ-पर'-बॉल्-आइज़् - *v. t.* to speak with exaggeration. अत्युक्ति या अतिशयोक्ति पूर्वक वर्णन करना।

**Hyperborean**-हाइ'-पर्-बोर्' - ऑन् - *n.* & *adj.* an inhabitant of the extreme north of the earth. उत्तरीय, पृथ्वी के उत्तरी छोर पर रहने वाला मनुष्य।

**Hypercritic**-हाइ'-पर्-क्रिट्'-इक्- *n.* an over-critical person. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी मनुष्य; **Hypercritical** (-ऑल्) -*adj.* over-critical. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी; **Hypercritically** (-ऑल्-लि) -*adv.* in a hypercritical manner. सूक्ष्म छिद्रान्वेषण से; **Hypercriticism** (-इस्-इज़्म्) -*n.* excessive criticism. अति छिद्रान्वेषण;

**Hypercriticize** ( -साइज़ ) -*v. t.* to overcriticize. अधिक छिद्रान्वेषण करना।

**Hypermetropia** – हाइ'-पर्-मॅ-ट्रोप्'- या- *n.* long-sightedness. दूर दृष्टि ( केवल दूर का पदार्थ स्पष्ट देख पड़ना, समीप का अस्पष्ट देख पड़ना ) ; **Hypermetropic** (-ट्रॉप्-इक् ) -*adj.* very long-sighted. इस प्रकार की दृष्टि सम्बन्धी।

**Hypertrophy**-हाइ-पर्'-ट्रॉ-फ़ी – *n.* the excessive enlargement of an organ. किसी अंग का अधिक बढ़ जाना।

**Hyphen**-हाइ'-फ़ॅन्- *n.* the sign ( – ) used for joining words or syllables. चिह्न ( – ) जो शब्दों या शब्दखण्डों के बीच में प्रयोग होता है।

**Hypnosis**- हिप्-नो'-सिस्-*n.* an artificial sleep. कृत्रिम निद्रा।

**Hypnotic**-हिप्-नॉट्'-इक्- *adj.* pertaining to hypnotism, one under the influence of hypnotism. कृत्रिम निद्रा सम्बन्धी, मोहावस्था ; **Hypnotism** ( -इज़म् )-*n.* an artificially induced sleep. मोहनिद्रा ; **Hypnotist** (-इस्ट्)-*n.* one who induces artificial sleep. निद्रा प्रेरक; **Hypnotize** ( -आइज़ )-*v. t.* to induce artificial sleep. कृत्रिम निद्रा बुलाना।

**Hypochondria**- हिप्-ओ - कॉन्' - ड्रि-ऑ- -*n.* a kind of nervous malady. पित्तोन्माद; **Hypochondriac** (-ऑक्), **Hypochondriacal** (-कॅल्)-*adjs.*pertaining to hypochondria. पित्तोन्मादी।

**Hypocrisy**- हिप्-पॉक्'-रिस्-सी- *n.* (*pl.* **Hypocrisies.**) a false pretension, concealment of true character. छल, पाखण्ड, मिथ्या चरित्र, दम्भ।

**Hypocrite**-हिप्'-ओ-क्रिट्- *n.* a pretender. (छली, कपटी), पाखण्डी ; **Hypocritical** ( -इ-कॅल् )-*adj.* concealing one's real motive. दम्भी, छली ; **Hypocritically** ( -इक्-ऑल्-ली ) -*adv.* in a hypocritical manner. छल से, कपट से, पाखण्ड रूप में।

**Hypodermic**-हाइ'पो-डर्म्-इक्- *adj.* subcutaneous, introduced beneath the skin. अन्तर्त्वचा का, त्वचा की भीतरी तह में डाला हुआ या प्रवेश किया हुआ।

**Hypostrophe**- हाइ - पॉस्ट्'-रॉ-फ़ी- *n.* a relapse of illness. रोग का दुबारा होना (पुनराक्रमण)।

**Hypotenuse** – हाइ-पॉट्'-ऍन्-यूस्- *n.* the side opposite to the right angle of a triangle. त्रिभुज में समकोण के सामने की रेखा, कर्ण।

**Hypothecate**-हाइ-पॉथ्'-ऍक्-एट्- *v. t* to pledge, to mortgage. बन्धक रखना, रेहन करना।

**Hypothecation** – हाइ'-पॉथ्-ऍक् -इट् -ए'-शॉन्-*n.* the act of pledging. रेहन की क्रिया।

**Hypothecator**- हाइ'-पॉथ्-इक्-ए'-टॉर्- *n.* one who pledges. रेहन रखने वाला मनुष्य

**Hypothesis**-हाइ-पाथ्'-ऍस्-इस्- *n.* (*pl.* **Hypotheses**-ऍ-सीज़ ) a supposition, that which is used as a basis of reasoning, assumption. अनुमान, प्रतिज्ञा, कल्पना।

**Hypothetic**- हाइ - पॉ-थॅट्' - इक्, **Hypothetical** ( -ऑल् )- *adjs.* founded on hypothesis. कल्पित, माना हुआ ; **Hypothetically** ( -ऑल्-ली ) -*adv.* by way of hypothesis. कल्पित रूप से।

**Hypothesize** – हाइ-पॉ'-थॅ-साइज़ – *v. i.* to form assumptions. कल्पना करना।

**Hysteria**-हिस्-टिअर्'-इ-ऑ- *n.* a nervous disorder characterized by anæsthesia, convulsions &c. वातोन्माद, मूर्छा, बदहोशी।

**Hysteric**- हिस्-टिअर्' - इक्, **Hysterical** ( -इक्-ऑल् ) -*adjs.* pertaining to hysteria. मूर्छा सम्बन्धी; **Hysterically** (-इक्-ऑल्-ली) -*adv.* in a hysterical manner. मूर्छा से।

**I**–आइ–the ninth letter of the English alphabet, it is sounded as short or long '*i*' or like the sound of the letter itself. अंग्रेजी वर्णमाला का नवाँ अक्षर, इसका उच्चारण 'इ', ई तथा 'आइ' होता है।

**I**–आइ–*pron.* First person *sing.* मैं (हम)।

**Iambic**–आइ-ऐम्'-बिक्-*adj.* pertaining to iambus (˘–) metrical foot in a verse. पद्य में एक लघु (˘) तथा एक गुरु (–) अक्षर वाला पद

**Ibex**–आइ'-बैक्स्- *n.* the wild goat of Alps. ऐल्पस् पर्वत का जंगली बकरा।



Ibex.

**Ibid**–इब्'-बिड्-*adv.* (*abbr.* of ibidem-आइ-बिड्'-ऐम्) in the same place. उसी स्थान पर, उसी स्थान में।

**Ibis**–आइ'-बिस्-*n.* a bird like stork. सारस के प्रकार का एक पक्षी।

**Ice**–आइस्-*n.* frozen water. जमा हुआ पानी, बरफ़ ;-*v. t.* to cover with ice, to chill. बरफ़ से ढापना, ठण्डा करना ; Ice-cream (flavoured congealed cream.) मलाई की बरफ़ ; Iceman (a man who walks on ice.) बरफ़ पर चलने वाला मनुष्य ; Iceberg (-बर्ग्)-*n.* a large mass of floating ice. बरफ़ का बहता हुआ पहाड़ ; Ice field-*n.* a wide area of floating ice. पानी पर तैरता हुआ बरफ़ का पहाड़ ; To break the ice (to make the first attempt.) नया काम आरम्भ करना।

**Ichneumon**–इक्-न्यू'-मॉन्-*n.* a small quadruped allied to mungoose. एक प्रकार का (नकुल) नेवला।

**Ichor**–आइ'-कॉर्-*n.* a watery humour. मवाद, रस ; Ichorous (-अस्) -*adj.* thin, serous. पतला, द्रवयुक्त।

**Ichthyoid**–इक्'-थि-आँयड्-*adj.* having the form of a fish. मछली के आकार का।

**Icicle**–आइ'-सि-कुल्-*n.* a tapering mass of ice. बरफ़ की लटकती हुई नोकीली चट्टान।

**Icing**–आइस्'-इङ्ग्-*n.* a covering of ice or sugar. बरफ़ या चीनी की परत।

**Icon**–आइ'-कॉन्-*n.* an image, a statue. मूर्ति, प्रतिमा।

**Iconic** – आइ-कॉन्'-इक् *adj.* pertaining to image. मूर्ति सम्बन्धी।

**Iconology**– आइ-कॉन्-ऑल्' - ऑज्- ई -*n.* the doctrine of religious symbols. धार्मिक मूर्तियों की विद्या।

**Iconoclasm** – आइ-कॉन्'-ओ-क्लैज़्म्- *n.* an image-breaking. मूर्ति तोड़ने की क्रिया।

**Iconoclast** – आइ'-कॉन्-ओ-क्लैस्ट्- *n.* an image-breaker. मूर्ति भङ्ग करने (तोड़ने) वाला ; Iconoclastic (-क्लैस्ट्-इक्)-*adj.* breaking idols. मूर्तिभञ्जी, प्रतिमा तोड़ने वाले का।

**Iconolatry**–आइ'-कॉन्-ऑल्'-ऑट्-री- *n.* a worship of images. मूर्ति पूजन।

**Iconology**– आइ-कॉन्- ऑल्'-ऑज्- ई -*n.* a study of images. प्रतिमा विद्या, मूर्ति विद्या।

**Iconomatic** – आइ-कॉन्-ओ-मैट्'-इक्- *adj.* told by pictures. चित्रों द्वारा वर्णन किया हुआ।

**Icosahedron** – आइ'-को-सै-ही'-ड्रॉन्- *n.* a solid of twenty faces. बीस पहल की ठोस आकृति।

**Icy**–आइस्'-ई-*adj.* abounding or covered with ice, very cold. बरफ़ से ढँका हुआ, बहुत ठण्डा।

**Ide**–आइड्- *n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

**Idea**–आइ-डी'-ऑ- *n.* a conception, plan, a notion, fancy, a vague thought, impression, opinion. आशय, अभिप्राय, भावना, कल्पना, विचार।

**Ideal**–आइ-डी'-ऑल्- *adj.* mental, visionary, phenomenal. मानसिक, मनकल्पित ; *n.* a perfect type. आदर्श ; Idealism (-इज़्म्)- *n.* विज्ञानवाद।

**Idealistic**–आइ-डी-ऑलि - इस्ट्'- इक् - *adj.* pertaining to idealists or to idealism. काल्पनिक, आदर्श सम्बन्धी।

**Ideality**–आइ-डी-ऐल्'-इट्-ई- *n.* an ideal state. आदर्श स्थिति।

**Idealize** आइ-डी-ऑल्'-आइज़्-*v. t.* to give ideal character to. आदर्श बनाना।

**Ideally** आइ-डी- ऑल्'- ली - *adv.* in an ideal manner. आदर्शरूप से।

**Ideate**–आइ-डी'-एट्- *v. t.* to form a con-

ception or idea. कल्पना करना

Ideation–आइ-डि-ए'-शॉन्– *n.* the power of forming ideas. कल्पना शक्ति, विचार शक्ति ।

Idem–आइ'-डेम्– ( *abbr.* id. )-*adv.* in the same. उसी में ।

Identical – आइ-डैन्'-टिक्-ऑल्– *adj.* the very same, not different. अभिन्न, समान, ( तत्सम ), Identically ( -ली )-*adv.* in the same manner. अभिन्न रूप से ; Identicalness (-नैस् )– *n.* the state of being identical. समानता ।

Identifiable–आइ-डैन्-टि-फाइ'-ऑ-बूल्– *adj.* that may be identified. पहिचानने योग्य ।

Identification-आइ-डैन्'-टिफ़्-इक्-ए'-शॉन्– *n.* the act of making identical. समीकरण, एकरूपता ।

Identify–आइ-डैन्'-टिफ्-आइ – *v. t.* ( *p. t.* Identified. ) to treat a thing as identical with, to prove to be the same, to recognize. समीकरण करना, तुल्य सिद्ध करना, पहिचानना ।

Identity–आइ-डैन्'-टि-टी – *n.* ( *pl.* Identities.) sameness, individuality, equality. ऐक्य, सारूप्य, समानता; Identity of thoughts ( sameness of thoughts. ) एकचित्तता ।

Ideograph–इड्-इ-ओ'-ग्रॉफ्– *n.* a symbol for an idea. किसी आशय या कल्पना के लिये विशिष्ट संकेत ।

Idiocy–इड्-डि-ओ'-सी– *n.* perfect imbecility, madness. अज्ञानता, पागलपन ।

Idiom–इड्'-इ-ऑम् – *n.* a specific form of expression of a language. वाक्-व्यवहार, मुहावरा ।

Idiomatic–इड्'-इ-ओ-मॉट्'-इक्– *adj.* peculiar to a language. वाक्सम्प्रदाय के अनुसार, मुहावरेदार ; Idiomatically (-ऑल्-ली )-*adv.* in an idiomatic manner. वाक्-व्यवहार की रीति से ।

Idiosyncrasy – इड्'-इ-ओ-सिङ्'-क्रॉ-सी– *n.* (*pl.*Idiosyncrasies.) peculiarity of mental constitution. जातिस्वभाव, देहस्वभाव ।

I diosyncratic–इड्'-इ-ओ-सिङ्-क्रॉट्'-इक् *adj.* of temper peculiar to an individual. जाति स्वभाव या प्रकृति का ।

Idiot–इड्'-इ-ऑट्–*n.* one who is deficient or weak in intellect, a perfect fool. मूर्ख, निर्बुद्धि, ( पागल ) ।

Idiotic–इड्-इ-ऑट्'-इक्– *adj.* foolish. मूर्ख ; Idiotically ( -इक्-ऑल्-लि )-*adv.* in an idiotic manner. पागलपन से ।

Idle–आइ'-ड्ल्– *adj.* lazy, indolent, useless, worthless, trifling. आलसी, निरुद्योगी, निरर्थक, व्यर्थ, तुच्छ ; -*v. i.* & *t.* to spend time in inaction. आलस्यमें समय गँवाना ; Idle talk ( useless gossip. ) वृथा की बकवाद ।

Idleness – आइ'-ड्ल्-नैस्– *n.* absence of work, inaction. आलस्य ।

Idler–आइ'-ड्लर्–*n.* one who spends his time in idleness. निर्व्यापार ।

Idly–आइड्'-ली–*adv.* in an idle manner. आलस्य से ।

Idol – आइ'-डॉल् – *n.* an image of a deity used for worship, the object of devotion or worship. प्रतिमा, ( मूर्ति ), आराध्य वस्तु ।

Idolater – आइ- डॉल' – ऑट्-अर् – *n.* a worshipper of idols. मूर्तिपूजक ।

Idolatress–आइ-डॉल्'-ऑट् - रैस्–*n.* *fem.* a female idolater. मूर्ति पूजा करने वाली ।

Idolatrous – आइ-डॉल्-ऑट्' – रस् – *adj.* of the nature of idolatry. मूर्ति पूजन के समान ।

Idolatry – आइ'-डॉल्-ऑट्'-री – *n.* the worship of idols. मूर्तिपूजा ।

Idolize–आइ-डॉल्'-आइज़्–*v. t.* to make an idol of, to adore. मूर्ति बनाना, पूजा करना ।

Idolum–आइ-डो'-लम्–*n.* ( *pl.* Idola-ला ) a mental image, an idea or conception. अनुमान, कल्पना ।

Idyl, Idyll–आइ'-डिल्– *n.* a short description of rustic life in prose or verse. ग्रामीण जीवन की छोटी गीत

If–इफ् – *conj.* on condition that, whether, supposing that. यदि, जो, अगर ; As if ( supposing that. ) मानो ; If not ( otherwise. ) नहीं तो ; If so ( in case that. ) यदि ऐसा है ।

Igloo–इग्'-लू– *n.* an Eskimo hut. ध्रुव निवासी की झोपड़ी ।

Igneous–इग्'-नि-अस्–*adj.* pertaining to

or containing fire. अग्निमय ।

**Ignis Fatuus**-इग्' - निस्-फ़ैट्'-यु-अस्- *n.* ( *pl.* Ignes fatui. ) will-o'-the-wisp, a delusive hope, a light often seen over marshes which misleads travellers. मिथ्या प्रकाश, ( लुक ) छल, पिशाच-दीपिका ।

**Ignitable** - इग्-नाइट्'-ऑ-ब्ल् - *adj.* see Ignite.

**Ignite**-इग् नाइट्' - *v. t. & i.* to make extremely hot, to set fire, to take fire. बहुत गरम करना, आग लगाना, सुलगाना ; Ignitable ( -ऑ - बुल् )-*adj.* able to be ignited. सुलगाने योग्य ।

**Ignition**-इग्.- निश्'-ऑन्- *n.* the act of igniting. ज्वलन, सुलगाने का कार्य ।

**Ignoble** - इग्-नो'-ब्ल् - *adj.* of low birth, base, worthless, dishonourable. अकुलीन, नीच, अधम, अप्रष्ठित; Ignobleness ( -नैस् )- *n.* the quality of being ignoble, baseness. नीचता; Ignobly ( -ब्ली ) -*adv.* in an ignoble manner. नीचता से ।

**Ignominious** - इग्-नो-मिन्'-इ-अस्- *adj.* despicable. निन्द्य, कलङ्की ; Ignominiously (-ली)-*adv.* meanly. कलङ्कपूर्वक।

**Ignominy** - इग्'-नो-मिन्-ई - *n.* dishonour, public disgrace, infamy. अपमान, कलङ्क, तिरस्कार ।

**Ignoramus** - इग्-नोरे'-मस्-*n.* an ignorant person. मूर्ख पुरुष ।

**Ignorance**, - इग्-नोर्'-ऑन्स्- *n.* want of knowledge. अज्ञान, अविद्या, मोह ।

**Ignorant** - इग्-नोर्'-ऑन्ट्- *adj.* without knowledge. अज्ञानी, निर्बुद्धि ; Ignorantly (-ली- ) -*adv.* unskilfully. अज्ञान ( अबोध ) पूर्वक ।

**Ignore**-इग्-नोर्' - *v. t.* to set aside, to reject, to discard. स्वीकार न करना, न मानना, तुच्छ जानना ।

**Iguana**-इग्-वा'-नॉ- *n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली ।

**Iliac**-इल्'-इ-ऑक्- *adj.* pertaining to the lower intestines. आँतों के नीचे के भाग के संबंध का ।

**Iliad** - इल्'-इ-ऑड् - *n.* an epic poem written by Homer. होमर कवि का इस नाम का महाकाव्य ।

**Ilium**-इल्'-इ-अम् - *n.* the hip bone. जङ्घास्थि, जांघ की हड्डी ।

**Ilk**-इल्क्-*adj.* of the same. उसी का ; -*n.* the same. वही, एक ।

**Ill**-इल्-*adj.* ( *comp.* Worse, *sup.* Worst. ) diseased, sick, unsound, bad. अस्वस्थ, रोगी ( कुत्सित ), बुरा; -*n.* wickedness, misfortune, disease. दुष्टता, आपत्ति, रोग ; Ill at ease ( perplexed. ) घबड़ाया हुआ; Ill-blood ( enmity. ) शत्रुता; Ill-bred ( uncivil. ) अशिष्ट, असभ्य; Ill-fame -*n.* ( disrepute. ) अयश ; Ill-fated ( -फ़ेट्'-ऍड् ) -*adj.* unfortunate. अभागा; Ill-favoured -*adj.* ugly. कुरूप ; Ill-got -*adj.* not honestly gained. छल से प्राप्त ; Ill-favour -*n.* bad temper. बुरा स्वभाव ; Ill-natured - *adj.* peevish. बुरी प्रकृति वाला; Ill-off (in bad condition.) बुरी अवस्था में; Ill-starred (unfortunate.) अभागा; Ill-temper (anger.) रोष, क्रोध; Ill-turn *n.* unkind act. दयाहीन कार्य ; Ill-will ( enmity. ) ईर्षा; To do an ill ( to do mischief. ) बुराई करना; To speak ill ( to defame. ) अपवाद करना ; To take ill ( to be offended ) बुरा मानना ।

**Illation** - इल्-लें'-शॉन्-*n.* conclusion, deduction, inference. परिणाम,अनुमान ।

**Illative**-इल्-ऑट्'-इव्- *adj.* that may be inferred. अनुमान करने योग्य ।

**Illaudable**-इल्-लॉ'-डॅ-बुल्- *adj.* blameworthy; निन्द्य, गर्हणीय; Illaudably (-ली) -*adv.* with blame. निन्दासे ।

**Illegal**-इल्-लि'-गॅल् - *adj.* contrary to law. नियम ( न्याय ) विरुद्ध ।

**Illegality**-इल्-लॅ- गॅल्'-इट्-ई- *n.* unlawfulness. अन्याय, अव्यवस्था ।

**Illegally**-इल्-लॅ'-गॅल्-ली-*adv.* unlawfully अन्याय से ।

**Illegibility** - इल्-लॅज्'-इब्'इल्'-इट्-ई - *n.* see Illegible.

**Illegible**-इल्-लॅज्'-इ-ब्ल्- *adj.* indistinct, not legible, that cannot be read. अस्पष्ट गिचपिच ; Illegibility-( -इब्-इल्'-इट्-ई)- *n.* illegibleness,अस्पष्टता; Illegibly (-ली) -*adv.*in an illegible manner. अस्पष्टता से ।

**Illegitimacy**-इल्-लॅ-जिट्'-इम्-ऑस्-सी- *n.*

the state of being a bastard. हरामीपन, दोगलापन ।

**Illegitimate**-इल्-लैं-जिट्'-इम्-एट्- *adj.* not genuine, unlawful, improper, bastard, abnormal, wrongly inferred. खोटा, अयोग्य, दोगला, विलक्षण, मिथ्या अनुमान का ;-*v.t.* to render illegitimate. दोगला प्रमाणित करना; **Illegitimately** (-ली) -*adv.* unauthorizingly. नीति-विरुद्धता से ।

**Illiberal**-इल्-लिब्'-अर्-ऑल्- *adj.* vulgar, narrow-minded, stingy. फूहर, कंजूस, सूमड़ा ; **Illiberality** (-ऑल्-इट्-ई) -*n.* narrowness of mind. कृपणता ; **Illiberally** (-ली) -*adv.* ungenerously. कंजूसी से ।

**Illicit**-इल्-लिस्'-सिट्-*adj.* unlawful, forbidden. नियम या व्यवहार विरुद्ध ; **Illicitly** (-ली)-*adv.* in an illicit manner, unlawfully. नियमविरोध से ।

**Illimitable**-इल्-लिम्'-इट् ऑ-बल्-*adj.* infinite, boundless. अनन्त, असीम; **Illimitableness** (-नैस्) -*n.* boundlessness. अतन्तता ; **Illimitability** (-बिल्'-इट्-ई) -*n.* infiniteness. असीमता; **Illimitably** (-ऑब्'-ली)-*adv.* in an infinite manner. असीमता से ।

**Illision**-इल्-लिज़्'-ऑन्- *n.* a dashing against. टक्कर, धक्का ।

**Illiteracy**-इल्-लिट्'-अर्-ऑस्-सी- *n.* ignorance. निरक्षरता, मूढ़ता ।

**Illiterate**-इल्-लिट्'-अर्-एट्-*adj.* & *n.* not learned, one unable to read and write. अशिक्षित, अपढ़ ; **Illiterateness** (-नैस्) -*n.* want of learning. विद्याहीनता, अनपढ़ होने की अवस्था ।

**Illness**-इल्'-नैस्- *n.* sickness, a disease. रोग, बीमारी ।

**Illogical**-इल्-लॉज्'-इक्-ऑल्-*adj.* contrary to the principles of logic. न्यायविरुद्ध, अतार्किक ; **Illogicality** (-इ-टी) -*n.* the state of being illogical. न्याय विरुद्धता, अन्यायता; **Illogically** (-ली)-*adv.* in an illogical manner. न्याय विरुद्ध ।

**Illude**-इल्-ल्यूड्'-*v. t.* to deceive, to play artifice upon. धोखा देना, ठगना ।

**Illume**-इल्-ल्यूम्'-*v. t.* to make bright. चमकाना, चमकीला करना ।

**Illuminate**-इल्-ल्यूम्'-इन्-एट्- *v. t.* to enlighten, to light up, to embellish. प्रकाश युक्त करना, सुसज्जित करना, उजागर करना ।

**Illumination**-इल्-ल्यू-मिन्-ए'-शॉन्- *n.* brightness, splendour. चमक, द्युति, (जगमगाहट) ।

**Illuminative**-इल्-ल्यू'-मिन्-ऑट्-इव् -*adj.* tending to brighten. प्रकाश करने वाला ।

**Illuminant**-इल्-ल्यू'-मिन्-ऑन्ट्, **Illuminator** (-ऑन्ट्-आर्)-*n.* & *adj.* that which brightens. प्रकाशक, दीपक ।

**Illumine**-इल्-ल्यूम्'-इन्-*v. t.* to enlighten, to brighten, to light up. प्रकाशित करना, प्रज्वलित करना ।

**Illusion**-इल्-ल्यू'-ज़ॉन् - *n.* a false show, deception, conjuring trick. माया, छल, इन्द्रजाल ; **Illusionist** (-इस्ट्) -*n.* one given to illusion. मायाजाल में विश्वास करनेवाला ; **Illusionism** (-इज़्म्) -*n.* principles of illusion, conjuring. माया सिद्धान्त, इन्द्रजाल ।

**Illusive**-इल्-ल्यू'-सिव्-*adj.* deceiving by false show, fallacious. मायावी, छली ; **Illusively** (-ली) -*adv.* in an illusive way, deceitfully. छल से, माया से ; **Illusiveness** (-नैस्) -*n.* the quality of being illusive. कपट, माया ।

**Illusory**-इल्-ल्यू'-सॉर्-ई - *adj.* illusive, fallacious. मायावी, छली ।

**Illustrate**-इल्'-लस्-ट्रेट्-*v. t.* to explain, to make clear by examples, to elucidate by drawings or pictures, to ornament. व्याख्या करना (समझाना), दृष्टान्त देकर स्पष्ट कहना, चित्र इत्यादि से परिस्पष्ट करना; **Illustrated** (-ऍड्) -*adj.* pictured. चित्र सहित ।

**Illustration**-इल्-लस्-ट्रे'-शॉन्-*n.* explanation, a picture designed to explain. व्याख्या (उदाहरण) दृष्टान्तचित्र ।

**Illustrative** इल्-लस्-ट्रेट्'-इव् - *adj.* exemplifying. प्रकाशक; **Illustratively** (-ली)-*adv.* in an illustrative manner. प्रकाशक (व्याख्या) करते हुए ।

**Illustrator**-इल्-लस् ट्रे ट्'-ऑर्-*n.* one who illustrates. निर्देशक, व्याख्याता ।

**Illustrious**-इल्-लस्'-ट्रिअस्- *adj.* renowned, eminent, famous. प्रख्यात, प्रसिद्ध

Illustriously (-ली) -*adv*. in an illustrious manner. प्रसिद्धि से ; Illustriousness (-नेंस्)-*n*. greatness.प्रसिद्धि, महत्व।

I'm-इम्-contracted form of "I am". 'I am' का छोटारूप।

Image-इम्'-एज्- *n*. an imitation, likeness, form, semblance, metaphor, idea. प्रतिमा (मूर्ति), प्रतिबिम्ब, आकार, छाया, सादृश्य, रूपक, कल्पना: -*v. t*. to portray, to reflect, to represent to mental vision. चित्रित करना, प्रतिबिम्बित करना, मन में धारण करना।

Imageable-इम्'-एज्-ऑ-बल्-*adj*. that may be imaged. चित्तमें धारण करने योग्य।

Imagery-इम्-एज्'-अर्-ई-*n*. an appearance, form of fancy, mental picture. आकृति मनकी कल्पना या भावना।

Imaginable- इम्-ऐज्'-इन् - ऑ-बल्- *adj*. that may be imagined. विचार करने योग्य, चिन्तनीय।

Imaginary - इम्-ऐज्'-इन्-ऑर्-री- *adj*. existing in fancy or imagination only. काल्पनिक, अमूलक।

Imagination-इम्-ऐज्'-इन्-ए'-शॉन्- *n*. an idea, an image in mind. भावना, मन की कल्पना।

Imaginative-इम्-ऐज्'-इन्-एट्-इव्-*adj*. full of fancies. कल्पक, कल्पनाशील ; Imaginativeness-*n*. quality of being imaginative. कल्पनाशक्ति।

Imagine-इम्-ऐज्'-इन्- *v. t. & i*. to conceive, to form a mental image of, to conceive. विचार करना, चिन्तन करना।

Imbecile-इम्'-बे-सील्-*adj*. weak in mind, stupid, physically weak. अल्पमति, मूर्ख, दुर्बल, (अशक्त)।

Imbecility-इम्-बे-सिल्'-इट्-ई- *n*. feebleness of mind or body. शरीर या मन की दुर्बलता।

Imbibe-इम्-बाइब्'- *v. t*. to drink in, to assimilate, to absorb. पी लेना, मन में धारण करना, सीखना।

Imbibition - इम्-बिब्-इश्'-ओन् - *n*. the act of imbibing. चित्तग्रहण।

Imbricate-इम्'-ब्रिक्-एट्'-*v. t*. to arrange in heaps. क्रम से ढेर लगाना ; Imbrication (-ब्रि-के-शॉन्)- *n*. a heap. ढेर ; Imbricative (-इव्)-*adj*. pertaining to imbrication. ढेर लगाने का।

Imbroglio-इम्-ब्रो'-लि-ओ-*n*. (*pl*. Imbroglios.) a confused heap or mass. बिना क्रम की ढेर।

Imbrue-इम्-ब्रू'- *v. t*. to stain, to wet. धब्बा लगाना, गीला करना; To Imbrue with blood (to drench with blood.) लोहू से तर करना।

Imbue - इम्-ब्यू'- *v. t*. to dye, to permeate. रँगना, तर करना (प्रभाव डालना)।

Imitable-इम्'-इट्-ऑ-बल्-*adj*. able to be imitated. अनुकरण करने योग्य।

Imitate-इम्'-इट्-एट्- *v. t*. to follow the example of, to copy, to mimic, to counterfeit. अनुकरण करना, नकल करना, विडम्बना करना।

Imitation-इम्-इट्-ए'-शॉन्-*n*. resemblance. अनुकरण।

Imitator - इम्-इट्-एट्'-ओर्- *n*. one who imitates. अनुकारी, नक़ल करने वाला।

Imitative-इम्'-इट्-एट्-इव्-*adj*. tending to imitate. अनुरूपी ; Imitatively (-ली) -*adv*. in an imitative way. अनुसरण करते हुए ; Imitativeness (-नेंस्) -*n*. the quality of being imitative. अनुरूपता।

Immaculate-इम्-मैक्'-यु-लेट्-*adj*. pure, faultless, unstained, spotless. निर्मल, निष्कलङ्क, निर्दोष।

Immaculacy - इम्-मै'-क्युल-ली-सी ; Immaculateness (-क्यु-लेट्' - नेस्) -*ns*. spotless purity. निर्दोषता, स्वच्छता ; Immaculately (लेट्-ली) - *adv*. with spotless purity. निर्मलता से।

Immanence-इम्-मैन्'-ऐन्स्-*n*. inherence. अन्तर्वर्ती अवस्था।

Immanent-इम्'-मैन्-ऐन्ट्-*adj*. indwelling, inherent. अन्तरस्थ, भीतरी।

Immaterial-इम्'-मी-टिअर्' - इ - ऑल्-*adj*. not corporeal, spiritual, unimportant. अमूर्तिमान्, आध्यात्मिक, अनावश्यक, (निष्प्रयोजन); Immaterialism (-इज़्म्)-*n*. idealism, spiritualism. निराकारवाद ; Immaterialist (-इस्ट्) - *n*. one who professes spiritualism. निराकारवादी ; Immateriality (-इट्-ई)-*n*. immaterialness. अशरीरता ; Immaterially (-ली) -*adv*. in a spiritual manner. आध्यात्मिक रूप से।

**Immature**-इम्-मॉ-ट्यूर्'-*adj*. not mature or ripe, not perfect, premature. अपरिपक्व, कच्चा, अधूरा, समय से पहले का।

**Immaturity**-इम्-मॉ-ट्यूर् इट्'-ई-*n*. unripeness, the state of being immature. अप्रौढ़ता, अपरिपक्व अवस्था।

**Immeasurable**-इम्-मॅ-ज़्यूर्'-ऑ-बूल्-*adj*. that cannot be measured, immense. अपरिमित (अथाह), बहुत बड़ा; **Immeasurableness** (-नॅस्) -*n*. immensity. अमेयता, अथाहपन।

**Immediate**-इम् - मीड्' - इ-ऍट्- *adj*. not separated by an intermediary, direct, proximate, nearest. अति सन्निहित, अनन्तरित, अति समीप का।

**Immediately**-इम्-मी-डि-ऍट्'-ली-*adv*. instantly, proximately. तत्काल, तत्क्षण, उसी दम; **Immediate neighbour** (the nearest neighbour.) अति समीप का, पड़ोसी।

**Immediateness**-इम्-मी-डि- ऍट्'- नॅस्- *n*. nearness. समीपता।

**Immedicable**-इम्-मॅड्' - इक्-ऑ- बूल्-*adj*. unable to be healed. अचिकित्स्य, चिकित्सा न करने योग्य।

**Immemorable**-इम्-मॅम्' - ऑर् - ऑ-बूल्- -*adj*. not worth remembering. स्मरण न करने योग्य।

**Immemorial**-इम्-मॅम्-ओर्' - इ-ऑल्- *adj*. beyond memory, very old. स्मरण से बाहर, अति प्राचीन।

**Immense**-इम् - मॅन्स्'-*adj*. very great, very huge. अमित, बहुत बड़ा; **Immensely** (-ली)-*adv*. in an immense degree. अतिमात्र, बेहद।

**Immensity**-इम्-मॅन्स्'-इट्-ई-*n*. the extent that cannot be measured. अनन्तता, महत्व।

**Immerge**-इम्-मर्ज्'-*v.t*. to plunge into a fluid. तरल पदार्थ में डुबाना।

**Immerse**-इम्-मर्स्'-*v. t*. to plunge into liquid, to dip, to absorb. डुबाना, गोता देना, सोखाना; **Immersed** (-ड्) -*adj*. engrossed. मग्न, (व्यापृत), लीन।

**Immersion**- इम्-मर्'-शॉन्-*n*. the act of immersing. गोता, तत्परता।

**Immethodical**-इम्-मॅ-थॉड्'-इक्-ऑल्-*adj*. without method, irregular. क्रमविरुद्ध, अव्यवस्थित; **Immethodically** (-ली)-*adv*. in an irregular manner. अव्यवस्था से

**Immigrant**-इम्-मिग्'-रॅन्ट् - *n*. one who immigrates. देशान्तर में बसने वाला।

**Immigrate**-इम्'-मिग् - रॅट्-*v. i. & t*. to go (or send) to another country, as settler. देशान्तर में बसना या बसाना।

**Immigration**-इम् - मिग्- रॅ'-शॉन्-*n*. the act of immigrating. देशान्तर वास।

**Imminence**-इम्-मिन्'-ऍन्स्-*n*. proximity, nearness. समीपता।

**Imminent**-इम्-मिन्' - ऍन्ट्-*adj*. soon to happen, impending, threatening. उपस्थित, निकट, भयावह; **Imminently** (-ली)-*adv*. in an imminent manner. भयानक स्थिति से।

**Immiscibility**-इम्-मिस्'-सिब्- इल्'-इट्-ई-*n*. incapacity for being mixed. न मिलाने की स्थिति।

**Immiscible**-इम्-मिस्'-सि-बूल्-*adj*. which connot be mixed. मिश्रण न करने योग्य, न मिलने योग्य।

**Immixture**-इम्-मिक्स्'-ट्यूर्-*n*. a mixing up. मिलावट।

**Immobile**-इम्-मो'-बाइल्-*adj*- immovable, motionless. स्थिर (अचल), निश्चल।

**Immobility**-इम्'-मो-बिल्'-इट्-ई-*n*. fixedness. निश्चलता।

**Immobilization**-इम्'-मो-बिल् - आइज़्-ए'-शॉन्-*n*. the incapability of mobilization. स्थायीकरण।

**Immobilize**-इम्'-मो-बिल्-आइज़्'-*v. t*. to fix immovably, to make immovable. न हटाने योग्य (स्थिर) करना।

**Immoderate**-इम् - मॉड्' - अर् - ऍट्-*adj*. excessive, exorbitant, extravagant. अत्यन्त, अपरिमित; **Immoderately** (-ली) -*adv*. to an excessive degree. बेहद, अधिकता से।

**Immodest**-इम्-मॉड्'-ऍस्ट्-*adj*. indecent, shameless, unchaste, obscene. निर्लज्ज, असभ्य, अशुद्ध, अश्लील; **Immodestly** (-ली)-*adv*. without modesty. निर्लज्जता से, अश्लीलता से।

**Immodesty**-इम्-मॉड्-ऍस्ट् -ई-*n*. want of modesty. अविनय, निर्लज्जता, धृष्टता।

**Immolate**-इम्'-मो-लॅट्-*v. t*. to kill for sacrifice. यज्ञ के लिये मारना, बलिदान

करना।

**Immolation**-इम्-मे[?]'-शॉन्-*n.* a sacrifice. बलिदान।

**Immolator**-इम्-मो-लेट्'-ऑर्-*n.* one who immolates. बलिदान देने वाला।

**Immoral**-इम्-मॉर्' - रॅल् - *adj.* morally evil, wicked, unjust, dissolute, licentious. दुश्चरित्र, दुराचारी, पापी, व्यभिचारी; **Immorality** (-इट्-ई)- *n.* an immoral action. अधर्म, व्यभिचार: **Immorally**; (-ली) -*adv.* violating the rules of morality. अधर्म से (पाप) से।

**Immortal**-इम्-मोर्ट'-ऑल्- *n.* & *adj.* not corruptible, divine, constant, eternal, imperishable. अविनाशी, अमर, अजर, नित्य (अत्यन्त) ;-(*pl.*) the gods. देवता लोग; **Immortality** (-टॅल्'- इट्-ई)-*n.* exemption from death. अमरत्व; **Immortalize** (-आइज़्)- *v. t.* to perpetuate. अमर करना; **Immortally** (-ली)-*adv.* with endless existence. अनश्वरता से।

**Immovability**-इम्-मूव्'-ऑब्-इल्'- इट्-ई-*n.* fixedness. अस्थिरता।

**Immovable**-इम्-मूव्' - ऑ - बल्-*n.* & *adj.* incapable of being moved, motionless, steadfast, firmly fixed. अचल, स्थिर, दृढ़, अटल; -(*pl.*) things which cannot be legally taken away in leaving a house. अचल सम्पत्ति; **Immovably** (-ब्ली)-*adv.* in a fixed manner. स्थिरता से।

**Immune**-इम्-म्यून्'- *adj.* secure against attack. आक्रमण से मुक्त।

**Immunity** इम्-म्यून्'-इट्-ई- *n.* freedom, privilege. मुक्ति, छुटकारा।

**Immunize** - इम्-म्यून्' - आइज़् - *v. t.* to render free. मुक्त करना, छुटकारा देना।

**Immure**-इम्-म्यूर्'-*v. t.* to confiine, to imprison, to shut up oneself. बन्धन में डालना, संयमित करना; **Immurement** (-मॅन्ट्)-*n.* confinement. बन्धन।

**Immutability**-इम्-म्यूट्'-ऑब्-इल्-इट्-ई-*n.* immutableness. नित्यता, स्थिरता।

**Immutable**-इम्-म्यूट्'-ऑ-बल् - *adj.* unchangeable, not variable. अचल, स्थिर; **Immutably** (-ऑब्-ली)-*adv.* unchangeably. स्थिरता से।

**Imp**-इम्प्-*n.* a little devil, a mischievous child. छोटा प्रेत या पिशाच, दुष्ट, बालक; *v. t.* to extend, to strengthen. फैलाना, पुष्ट करना।

**Impacable**-इम्-पॅक्'-ऑ-बल्-*adj.* not to be quieted. शान्त न करने योग्य।

**Impact**-इम्'-पॅक्ट्-*n.* a collision. समघात, टक्कर; -*v. t.* to press firmly together. कसकर दबाना।

**Impaction**-इम्- पॅक्'-शॉन्-*n.* collision. टक्कर।

**Impair**-इम्-पेयर्'-*v. t.* to damage, to injure, to enfeeble, to diminish. नाश करना, क्षीण करना, कम करना; **Impaired** (-ड्) *adj.* damaged, weakened. क्षीण, कम किया हुआ।

**Impairing**-इम्-पॅअर्'-इङ्ग्-*n.* damage. क्षय।

**Impairment**-इम् - पॅअर्' - मॅन्ट् *n.* diminution. कमी, घाटा।

**Impale**-इम्-पेल्'-*v. t.* to put to death by spitting on stakes, to enclose with pailings. शूलीपर चढ़ाना, टट्टी से घेरना; **Impalement** (-मॅन्ट्) -*n.* death on a stake. इस प्रकार की हत्या।

**Impalpability**-इम्-पॅल्'-पॅ-बिल्'-इट्-ई-*n.* the quality of being impalpable or intangible. अस्पृश्यता।

**Impalpable** - इम्-पॅल्'-पॅ-बल्-*adj.* not perceptible to the touch, intangible, not easily understood. अस्पृश्य, अग्राह्य, न समझने योग्य; **Impalpably** (-ब्ली) -*adv.* in an impalpable manner. अग्राह्यता से

**Impanel**-इम्-पॅन्'-ऍल् - see **Empanel**.

**Imparadise, Emparadise**-इम् (ऍम्), पार्-ऑ-डाइज़्-*v. t.* to bring into a state of extreme happiness. अपूर्व आनन्द की अवस्था को पहुँचाना।

**Imparity** - इम्-पॅर्'-रॅट्-ई-*n.* inequality, disproportion. असमानता, विषमता।

**Impark**-इम्-पार्क्'-*v. t.* to enclose in a park. (पशु इत्यादि को) बगीचे में बन्द करना।

**Impart**-इम्-पार्ट्'-*v. t.* to give share of, to disclose, to bestow, to communicate news &c. भाग देना, सूचित करना, समाचार देना।

**Impartial**-इम्-पॅर्'-शॅल् - *adj.* unpreju-

diced, fair, disinterested. अपक्षपाती, न्यायी ( समदर्शी ), बिना भेदभाव का ।

**Impartiality** – इम्-पार्-शैं-ऑल्'-इट्-ई-*n.* disinterestedness, equitableness. अपक्षपात ( उदासीनता ) ; **Impartially** (-ली)-*adv.* equitably, in an impartial manner. बिना पक्षपात के ।

**Impartible** – इम्-पाइट्'-इ-बूल् – *adj.* not divisible. भाग न करने ( न बाँटने ) योग्य ।

**Impassable**–इम्-पास्'-सौ-बूल् – *adj.* that cannot be traversed, impenetrable. अगम्य, दुस्तर ( गहन ) ; **Impassableness** ( -नेस् )-*n.* the state of being impassable. अगम्यता ।

**Impasse**–इम्'-पास् – *n.* a blind alley, a difficult situation. बन्द गली, कठिन स्थिति या अवस्था ।

**Impassible**–इम्-पैस्'-सैं-बूल्- *adj.* incapable of suffering injury. दुःख न सहने योग्य ; **Impassibleness** ( -नेस् )-*n.* impassibility. असहनशीलता ।

**Impassion**–इम्-पैश्'-ऑन्-*v. t.* to excite the passions strongly. मन की प्रगति को उत्तेजित करना ।

**Impassive**- इम्-पैस्'- इव्- *adj.* not exhibiting feeling. मनोविकार शून्य, अचेत ।

**Impaste**–इम्-पैस्ट्'-*v. t.* to make into a paste, to paint with thick colours. चटनी बनाना, मोटा रङ्ग पोतना ।

**Impatience** – इम्-पे'-शेंन्स् – *n.* want or lack of patience. अधीरता ।

**Impatient**–इम्-पे'-शेंन्ट्-*adj.* restless, intolerant, not enduring with patience. अधीर, व्याकुल, व्यग्र ; **Impatiently** (-ली) -*adv.* in an intolerant manner. अधीरता से, व्यग्रता से ।

**Impawn**–इम्-पॉन्'- *v. t.* to deposit as security, to pledge. बन्धक रखना ।

**Impayable**–इम्-पे'-ऑ-बूल्-*adj.* not to be paid for. न देने योग्य ।

**Impeach**–इम्-पीच्'- *v. t.* to accuse, to find fault with, to call to account, to call in question. अभियोग लगाना, दोष खोजना, अपराधी ठहराना **Impeachable** (-ऑ-बूल् )-*adj.* able to be impeached.) दोष लगाने योग्य ; **Impeachment** (मैन्ट् *n*-. the act of impeaching ( accusing) an officer of state. राज्य कर्मचारी पर दोषारोपण ।

**Impeccability**–इम्-पैक्'-की-बिल्-इट्-ई- *n.* the quality of being incapable to sin. निर्दोषता ।

**Impeccable** – इम्-पैक्'-कौं-बूल्- *adj.* not liable to error or sin. पापरहित, निर्दोष ; **Impeccably** (-ब्ली) -*adv.* in an impeccable (sinless) manner. बिना पाप के ।

**Impeccant**- इम् पैक्'-कैंन्ट् *adj.* sinless. पाप रहित ( निर्दोषी ) ।

**Impedance**–इम्-पैड्'-ऑन्स्-*n.* an obstruction, अवरोध, रुकावट ।

**Impede**–इम्-पीड्'–*v. t.* to retard, to obstruct. प्रतिबन्ध करना, रोकना ।

**Impediment**–इम्-पैड्'-इ मैंन्ट् - *n.* hindrance, obstruction. विघ्न ( प्रतिबन्ध ), रुकावट ; **Impedimental** ( -ऑल् ) -*adj.* obstructing. प्रतिबन्धक ।

**Impel**–इम्-पैल्'-*v. t.* ( *p. t.* Impelled.) to drive to do, to force forward, to incite, to instigate. प्रवृत्त करना, प्रोत्साहन देना, उत्तेजित करना ।

**Impellent**- इम्-पैल्'- लैंन्ट् -*adj.* having the quality of impelling. प्रेरक, प्रोत्साहक ।

**Impend**–इम्-पैन्ड्'– *v. i.* to hang or be suspended, to be imminent, to be near. लटकना, समीप आ जाना ।

**Impendence**–इम्-पैन्ड्'-ऍन्स्- *n.* menacing attitude. आलम्ब ।

**Impendent**–इम्-पैन्ड्'-ऍन्ट्-*adj.* imminent. उपस्थित, निकटवर्ती ।

**Impending**–इम्-पैन्ड्'-इङ्ग्-*adj.* approaching. उपस्थित ।

**Impenetrability** – see **Impenetrable.**

**Impenetrable**– इम्-पैन्'-ऍट्-री-बूल्- *adj.* that cannot be penetrated into, impervious. अभेद्य ( अप्रवेश्य), अथाह ; **Impenetrability** (-इट्-ई), **Impenetrableness** ( -नेस् )-*ns.* obtuseness. अभेद्यता, अप्रवेश्यता ; **Impenetrably** ( -ब्ली )-*adv.* in an impenetrable manner. अप्रवेश्यतासे ।

**Impenetrate** – इम्-पैन्'-इन्-ट्रेट् – *v. t.* to penetrate deeply. गहरा धँसाना ।

**Impenitence**–इम्-पैन्'- इट्-ऍन्स्-*n.* want or absence of penitence. निष्ठुरता, पश्चात्ताप का अभाव ।

**Impenitent** - इम्-पेॅन्'इट्-ऍन्ट् - *adj.* not sorry for one's sin, obdurate. पश्चात्तापहीन, क्षमा न चाहने वाला ; **Impenitently** ( -ली ) *-adv.* in an obdurate manner. निष्ठुरता से ।

**Imperative**-इम्-पर्'-रीट्-इव्- *adj.* expressing command, authoritative, urgent, obligatory. आज्ञासूचक, नियोजक, आवश्यक, कर्तव्य ; **Imperatively** (-ली) *-adv.* in an imperative manner. आज्ञा रूप में ; **Imperative mood** ( the form of a verb expressing command or advice. ) आज्ञार्थक क्रिया ।

**Imperator**-इम्-पर्-एट्'-आॅर्- *n.* a general, an emperor. सेनानायक, राजाधिराज ।

**Imperceptible**-इम्-पर्-सैप्ट्'-इ-बूल्- *adj.* that cannot be apprehended, very slight, subtle. अगम्य, अति सूक्ष्म, अगोचर; **Imperceptibly** (-ब्ली)*-adv.* imperceivably. अलक्षित, अगोचर ।

**Impercipient** - इम्-पर्-सिप्'-इ-ऍन्ट - *adj.* lacking perception. अगोचर ।

**Imperfect**- इम्-पर्' - फ़ेॅक्ट्- *adj.* incomplete, faulty, defective. अपूर्ण ( न्यून ), दोषयुक्त, अधूरा ।

**Imperfection** - इम्'-पर्-फ़ेॅक्'-शॉन् - *n.* a defect or fault, दोष, त्रुटि, न्यूनता ।

**Imperfectly**-इम्-पर्-फ़ेॅक्ट्'-ली - *adv.* defectively. अपूर्णता से ।

**Imperforate**- इम्-पर्फ़्'-आॅर्-एट्-*adj* not per- forated. अछिद्र, बिना वेध किया हुआ ।

**Imperial**-इम्-पिअर्'-इ-आॅर्- *adj.* pertaining to an empire or emperor, supreme, majestic. राज्य अथवा महाराजाधिराज सम्बन्धी, श्रेष्ठ, तेजस्वी ; **Imperial ( paper )** ( size of paper 32×22 inches. ) ३२ इञ्च लम्बा तथा २२ इञ्च चौड़ा कागज ; **Imperial preference** (levying duty on imports from Empire at lower rates than those from foreign countries. ) परदेशी माल की अपेक्षा राज्य के माल पर कम कर लगाना ।

**Imperialist**-इम्-पिअर्'-इ-ऑल-इस्ट - *n.* a supporter of the empire. साम्राज्याभिमानी ; **Imperialistic** (-इस्ट्-इक्)*-adj.* pertaining to imperialism. अधिराज्य सम्बन्धी ।

**Imperialism**-इम्-पिअर्'-इ-रि-ऑल्-इज्म्- *n.* imperial state, and its support. राजाधिराज का शासन, साम्राज्याभिमान ।

**Imperialize**- इम्-पिअर्-इ-ऑल्'-आइज़् - *v. t.* to render imperial. राजाधिराज का शासन फैलाना ।

**Imperil**-इम्-पेॅर्'-रिल्- *v. t.* (*p. t.* Imperilled.) to bring danger, to, endanger. आपत्ति में डालना ।

**Imperious**-इम्-पियर्'-इ-अस् - *adj.* overbearing, imperative. उद्धत. (अभिमानी) ढीठ ; **Imperiously** ( -ली )*-adv.* in an impervious manner. ढिठाई से; **Imperviousness** (-नेॅस्)*-n.* arrogance, haughtiness. दर्प, धृष्टता, ढीठपन ।

**Imperishability**- see **Imperishable.**

**Imperishable**-इम्-पेॅर्'-रिश्-ऑ-बूल् - *adj.* indestructible, that cannot perish. अनश्वर, अविनाशी ; **Imperishability** (-बिल्-इट्-ई), **Imperishableness** (-नेॅस्) *-ns.* the quality of being imperishable. अविनाशत्व, अमरत्व ; **Imperishably** (-ब्ली)*-adv.* in an imperishable manner. अनश्वरता से, नष्ट होते हुए ।

**Impermanence**- इम्-पर्' - मॅन्-ऍन्स्- *n.* want of permanence. अस्थिरता ।

**Impermanent**-इम्-पर्'-मॅन्-ऍन्ट्- *adj.* not permanent. अस्थिर ।

**Impermeability**-see **Impermeable.**

**Impermeable**- इम्-पर्म्'-इ - ऑ-बूल्- *adj.* impenetrable. अप्रवेश्य ; **Impermeability** ( -बिल्-इट्-ई )*-n.* impenetrableness. अप्रवेश्यता ।

**Impermissible**-इम्-पर्-मिस्'-से-बूल्- *adj.* not permissible. आज्ञाहीन ।

**Impersonal**- इम् - पर्' - सॉन्-ऑल्-*adj.* having no personality or personal reference. अकर्तृक; **Impersonally** (-ली) *-adv.* in an impersonal manner. भाववाच्य में ; **Impersonal verb** भाववाच्य क्रिया ।

**Impersonate**-इम् -पर्'-सॉन्-एट्- *v. t.* to assume the bodily form, to personify. शारीरिक रूप दिखलाना, भेष बदलना ।

**Impersonation**-इम्-पर्-सॉन्-ए'-शान्- *n.* the act of personating. सूरत बदल ।

**Impersonative**-इम्'-पर्-सॉन्-ए'-टिव्- *adj.* pertaining to personating. भेष ( रूप ) बदलने का ।

**Impersonator**- इम्'- पर-सॉन्-ए'-टर्- *n.* one who impersonates. भेष बदलने वाला

**Impertinence**- इम् - पर्ट्' - इन्-ऍन्स्- *n.* rudeness, impertinent action, incivility. धृष्टता, ढिठाई, अशिष्टता।

**Impertinent**- इम् - पर्ट्'-इन्-ऍन्ट्- *adj.* insolent, out of place, absurd, rude. अशिष्ट (अविनीत), असङ्गत, निष्प्रयोजन, अनर्थक; **Impertinently** ( -ली )-*adv.* in an insolent manner. धृष्टता से।

**Imperturbability**-इम्-पर्-टर्ब्'-ऑब्-इल्-इट्-ई- *n.* the quality of being undisturbed, calm. शान्ति।

**Imperturbable**-इम्-पर्-टर्ब्'-ऑ-ब्ल्- *adj.* not excirtable, not disturbed, calm. क्षोभ रहित, शान्त; **Imperturbably** (-ब्ली) -*adv.* in a calm manner. शान्ति से।

**Impervious**- इम्-पर्' - वि-अस्- *adj.*, not affording access, impenetrable. दुर्भेद्य, (अगम्य), न प्रवेश करने योग्य; **Imperviously** ( -ली )-*adv.* in an impervious manner. अगम्यता से; **Imperviousness** ( -नैस् )-*n.* the state of being impervious. अगम्यता।

**Impetrate**-इम्'-पेट्-रेट्- *v. t.* to obtain by request. प्रार्थना करने पर प्राप्त करना।

**Impetration**-इम्-पैट्-रे'-शॉन्- *n.* obtaining by petition. प्रार्थना करने पर प्राप्त।

**Impetuosity**-इम्-पैट्'-यु-ऑस्'-सिट्-ई- *n.* vehemence, dash. तीव्रता, प्रचण्डता।

**Impetuous**- इम्-पैट्'-यु-अस्- *adj.* rash, violent, vehement, furious. प्रबल, तीव्र, क्रोधी; **Impetuousness** (-नैस् )-*n.* the quality of being violent. तीव्रता (प्रचण्डता); **Impetuously** (-ली )-*adv.* in a violent manner, vehemently. वेग से, तीव्रता से।

**Impetus**-इम्'-पेट्-अस् - *n.* driving or moving force, momentum, impulse. गति, चलाने की शक्ति, प्रेरणा।

**Impiety**-इम्-पाइ'-ऍट् - ई - *n.* want of piety. अधर्म।

**Impinge**-इम्-पिन्ज्' - *v. t.* to strike or fall against. टक्कर देना, टकराना।

**Impious**-इम्'-पॅ-अस् - *adj.* not pious, wicked, profane. अधर्मी, पापी, दुष्ट, भ्रष्ट।

**Impiety** -इम्-पाइ'-ऍट्-ई, **Impiousness** (-नैस् )-*ns.* profanity. अधर्म, पाप, दुष्टता।

**Impiously**-इम्'-पॅ-अस्'- ली - *adv.* with impiety. अधर्म से।

**Implacability**-इम्-प्लेक्'-ऑब्- इल्'-इट् - ई- *n.* the quality of being implacable or irreconcilable. निर्दयता।

**Implacable**-इम्-प्लेक्'-ऑ-ब्ल्- *adj.* that cannot be appeased. अनाराध्य (निर्दयी); **Implacably** (-ब्ली ) -*adv.* inexorably. निर्दयता से।

**Implant**-इम्-प्लान्ट्'- *v. t.* to insert in, to ingraft. बैठाना, जमाना, कलम लगाना; **Implantation** (-ए'-शॉन् ) -*n.* the act of implanting. जमावट, कलमबन्दी; **Implanted** (-ऍड् ) -*adj.* grafted. कलम बाँधा हुआ।

**Impledge**-इम्-प्लैज्'- *v. t.* to pawn. पण रखना, दाँव लगाना।

**Implement**-इम्'-प्लॅ-मैन्ट्- *n.* an article of dress or furniture, -( *pl.* ) tools, instruments. उपकरण, सामग्री, (ब० व०) हथियार, औजार; -*v. t.* (-मैन्ट्' ) to fill up. पूर्ण करना; **Implemental** (-ऑल् )-*adj.* serving as an implement. शस्त्र की तरह का।

**Impletion**- इम्- प्ली'-शॉन् - *n.* the act of filling. पूर्ण करने या भरने की क्रिया।

**Implex**-इम्'-प्लैक्स् - *adj.* complicated, not simple. असरल, पेचीला।

**Implicate**-इम्'-प्लिक्-एट् - *v. t.* to involve, to entangle. चक्कर में डालना, फँसाना।

**Implication**-इम्-प्लिक्-ए'-शान् *n.* the act of implicating. लपेट, झंझट।

**Implicative** - इम्-प्लिक्-ऑट्'- इव् - *adj.* tending to implicate. फँसाने वाला।

**Implicit**-इम्-प्लिस्'-सिट् - *adj.* implied, not plainly expressed, unreserved. उपलक्षित (ध्वनित), शंकाहीन; **Implicitly** (-ली ) -*adv.* virtually, assuredly. बिना संशय के, निःसन्देह; **Implicitness** ( -नैस् ) -*n.* the state of being implicit or unreserved. शंकाहीनता।

**Implied, Impliedly**-see **Imply.**

**Implore**-इम्-प्लोर्' - *v. t.* to beg earnestly, to entreat. विनय सहित माँगना, प्रार्थना करना।

**Imploringly**-इम्-प्लोर्'-इङ्ग्-ली-*adv.* with

earnest entreaty. विनय के साथ ; Imploringness ( -इ[illegible]-नेस् ) -*n.* the act of imploring, entreaty. आराधना, प्रार्थना

**Imply**-इम्-प्लाइ'-*v. t.* ( *p. t.* Implied.) to involve the truth of, to mean, to hint, to signify. प्रतीत करना, सूचित करना ; **Implied** ( -इ )- *adj.* having implication, understood. उपलक्षित, सूचित ; **Impliedly** ( -ली ) -*adv.* by implication. उपलक्ष्य में ।

**Impolicy** - इम्-पॉल्'-इस्-सी - *n.* a bad policy. बुरी नीति, कूट व्यवहार ।

**Impolite** - इम्'-पो-लाइट् - *adj.* uncivil, rude. अशिष्ट, अविनीत, असभ्य ; **Impolitely** (-ली ) -*adv.* in a rude manner. असभ्यता से, रुखाई से ; **Impoliteness** (-नेस् )-*n.* rudeness, want of politeness. असभ्यता, अशिष्टता ।

**Impolitic** - इम्-पॉल्'-इट्-इक् - *adj.* not polite, imprudent. अशिष्ट, अविनीत, दुःशील ; **Impolitely** ( -ली ) -*adv.* in an impolite manner. अशिष्टता से ।

**Imponderable**-इम्-पॉन्'-डर्-ऑ-ब्ल्- *adj.* not able to be weighed, very light. न तौलने योग्य, बहुत हलका ।

**Impone**-इम्-पोन्' - *v. t.* to stake. हार जीत के लिये दाँव लगाना ।

**Imponent**-इम्-पॉन्'-ऍन्ट्-*adj.* competent to impose an obligation. प्रभाव डालने योग्य ।

**Import**-इम्-पॉर्ट्'- *v. t.* to bring from a foreign country, to imply, to indicate, to signify. विदेश का माल देश में लाना, सूचित करना, अर्थ होना ; -*n.* (-इम्' पॉर्ट् ) drift, signification, that which is brought into a country. अर्थ, तात्पर्य, देश में आया हुआ विदेशी माल ;-*n.* ( *pl.* ) commodities imported. विदेश से आये हुए माल ।

**Importable**-इम्-पोर्ट्'-ऑ-ब्ल्- *adj.* what may be imported. देश में लाने योग्य विदेशी माल ।

**Importation**-इम्-पोर्ट्'-ए-शन्-*n.* the act or practice of importing. विदेश से माल मँगाना ।

**Importer** - इम्-पोर्ट्'- अर्-*n.* one who imports. विदेश से माल मँगाने वाला ।

**Importance**-इम्-पॉर्ट्'-ऑन्स्- *n.* weight, significance, dignity. महत्व, प्रभाव, आवश्यकता ।

**Important**-इम्'-पॉर्ट्-ऑन्ट्- *adj.* momentous, of great consequence. प्रभावशाली, आवश्यक; **Importantly** (-ली) *adv.* in an important degree. गौरव ( महत्व ) से ।

**Importation**- *n.* see Import.

**Importunate** - इम्-पॉर्ट्'- यु - नेट् - *adj.* pressing or persistent in solicitation. दृढ़ाग्रही, अधिक प्रार्थना करने वाला, **Importunately** (-ली)-*adv.* with importunity. बड़े आग्रह से ।

**Importune**-इम्-पॉर्-ट्यून्'-*v. t.* to solicit pressingly. आग्रह के साथ प्रार्थना करना ।

**Importunity** - इम्-पॉर् - ट्यून्'-इट्-ई- *n.* urgent request. अतिप्रार्थना, आग्रह ।

**Impose**-इम्-पोज़्'-*v. t.* & *i.* to lay on, to exert influence. बैठाना, प्रभाव डालना ; **Imposer** ( -अर् ) -*n.* प्रभाव डालने वाला ।

**Imposing**-इम्-पोज़्' - इङ्ग् - *adj.* impressive, commanding. प्रभावशाली ( भव्य ), रोबदार ; **Imposingly** ( -इङ्ग्-ली ) *adv.* in an imposing manner. गम्भीरता ( रोब ) से ; **Imposingness** ( -नेस् )-*n.* great influence. महत्व, अति प्रभाव ।

**Imposition**-इम्-पो ज़्' - इश्'-ऑन्- *n.* tax, duty, a piece of deception. कर, लगान, छल, कपट ।

**Impossibility**-इम्-पॉस्'-सिब्-इल्'-इट्-ई-*n.* the state of being impossible. अशक्यता, असंभव बात ।

**Impossible** - इम्-पॉस्'-सि-ब्ल् - *adj.* not possible, not easy, impracticable, not convenient. असाध्य, असम्भव, अशक्य, ; दुष्कर ; **Impossibly** (-ब्ली)-*adv.* in an impossible manner. अशक्यता से ।

**Impost**-इम्'-पोस्ट् - *n.* duty, tax, a tribute, the upper portion of a pillar. महसूल, चुङ्गी, राज्यकर, खम्भे का ऊपरी भाग ।

**Impostor** - इम्-पॉस्ट्'-ऑर् - *n.* one who assumes a false character. पाखण्डी, ठग, छली मनुष्य ।

**Imposture**-इम्-पॉस्ट्'-यूर्-*n.* fraud, deception. छल, कपट ।

**Impotence**, **Impotency** - इम्'-पो-टेन्स् (-सी ) -*ns.* state of being impotent.

दुर्बलता, नपुंसकता ।

**Impotent** – इम्'-पो-टेन्ट् – *adj.* hopeless, powerless, lacking in sexual power. निष्फल, निर्बल (अशक्त), नपुंसक; **Impotently** (-ली)-*adv.* in an impotent manner, helplessly. निर्बलता से ।

**Impound**–इम्- पाउन्ड्'–*v. t.* to shut up, to take legal possession of, to confiscate. बाड़े में बन्द करना, ज़ब्त करना, छीन लेना ।

**Impoverish**–इम्-पॉव्' - अर् - इश्–*v. t.* to make poor, to exhaust resources. निर्धन (दरिद्र) करना, शक्तिहीन करना; **Impoverished** (-ड्) -*adj.* made poor निर्धन (दरिद्र) किया हुआ; **Impoverishment** (-मेन्ट्)-*n.* reduction to poverty. दरिद्रता ।

**Impracticable**–इम्-प्रैक्'-टिक्-ऑ-बल्- *adj.* impossible in practice, unmanageable. असाध्य, अशक्य, दुष्कर ।

**Impracticability**–इम्-प्रैक्ट्'-ऑ-बिल्-इट्-ई, **Impracticableness**– (-नेस्) -*ns.* the state of being impracticable. असाध्यता, अशक्यता ।

**Impracticably**–इम्-प्रैक्'-टिक्-ऑब्-ली-*adv.* in an impracticable manner. अकार्यता से ।

**Imprecate**–इम् प्रे-केट्'– *v. t.* to invoke evil upon. शाप देना, कोसना ।

**Imprecation**–इम्-प्रे-के'-शॉन् -*n.* a curse, an abuse. शाप, गाली ।

**Imprecatory**–इम्-प्रे-केट्'-ऑर्-ई–*adj.* containing imprecation or curse. शापयुक्त ।

**Imptegnability**–see **Impregnable.**

**Impregnable**–इम्-प्रेग्'-नी - बल्–*adj.* that cannot be taken by arms, invincible. दुर्जेय, दुर्गम, (सहज में न जीतने योग्य); **Impregnability** (-नीब्'-इल्-इट्-ई )-*n.* the state of being impregnable. दुर्जेयत्व ; **Impregnably** (-नीब्'-ली )-*adv.* in an impregnable manner. दुर्जेयता से ।

**Impregnate**–इम्-प्रेग्'-नेट्–*adj.* pregnant. गर्भवती ; -*v. t.* ( नेट्' ) to make pregnant, to fill, to imbue. गर्भिणी करना, पूरित करना, सञ्चित करना; **Impregnated** ( -ऐड् )-*adj.* made pregnant. गर्भपूरित ।

**Impregnation**–इम्-प्रेग्-ने' - शॉन्–*n.* the act of impregnating. गर्भाधान, गर्भधारण ।

**Impresario**–इम्'-प्रे-सॉ-रि-ओ- *n.* an organiser of public entertainments. दङ्गल इत्यादि खेलों का प्रबन्धकर्ता ।

**Impress**–इम्' - प्रैस्–*n.* a seal, a stamp. मोहर, छाप ; -*v.t.* (इम्-प्रैस्') to imprint, to stamp, to mark, to influence. मोहर करना, छाप लगाना, चिह्नित करना, प्रभाव डालना ;-*v. t.* to force for service in army, to seize for public service. सेना में भरती करना, बेगारी पकड़ना ; **Impressed** (-ड्)-*adj.* stamped, marked. (मुद्रित) मोहर किया हुआ, प्रभाव पड़ा हुआ ।

**Impression**–इम्-प्रैश्'-ऑन्- *n.* a copy of an engraving, mark made by pressure, an idea. अङ्क, छाप, प्रभाव ।

**Impressible**–इम्-प्रैस्'-सि-बल्–*adj.* capable of being impressed. प्रभाव पड़ने योग्य ।

**Impressive**–इम्-प्रैस्'-सिव् - *adj.* capable of making an impression on the mind. चित्त पर प्रभाव डालनेवाली, (हृदयंगम); **Impressively** ( -ली ) -*adv.* earnestly. चित्ताकर्षण करते हुए ।

**Imprest**–इम्'-प्रैस्ट्–*n.* money advanced to a person. किसी को पेशगी दिया हुआ रुपया; -*v.t.* ( इम्-प्रैस्ट्' ) to pay an instalment in advance. किस्त का रुपया पेशगी दे देना ।

**Imprimatur**–इम्-प्रि-मे'-टर्- *n.* a licence to print. छापने की आज्ञा ।

**Imprimis**–इम्-प्राइ'-मिस्–*adv.* in the first place. आदि में, पहले ।

**Imprint**–इम्'-प्रिन्ट्–*n.* stamp, impression, a printer's or publisher's name and address on a book. छाप, चिह्न, पुस्तक पर छपा हुआ प्रकाशक का नाम और पता ; -*v. t.* ( -प्रिन्ट्' ) to impress, to stamp, to print. छापना, मोहर करना ।

**Imprison**–इम्-प्रिज़्'-ऑन्'–*v. t.* to put into prison, to shut up. क़ैद करना, बन्द करना ।

**Imprisonment** – इम्-प्रिज़्'-ऑन्-मेन्ट् – *n.* confinement in prison. कारावास, क़ैद ; **Rigorous imprisonment.** सख़्त क़ैद ; **Simple imprisonment.** सादी क़ैद ।

**Improbability**-इम्-प्रॉब्-ऑब्'-बिल्'-इट्-ई–*n.* unlikelihood. अनुपपत्ति, अनहोनी ।

**Improbable**–इम्-प्रॉब्'- ऑ - बल्–*adj.* not likely to happen. दुर्घट, न होने लायक; **Improbably** (-ब्ली) -*adv.* in an improbable manner. असङ्गति से ।

**Improbity**-इम्-प्रोब्'-इट्-ई-*n.* wickedness, dhon esty. दुष्टता, नीचता, कुटिलता, बेईमानी।

**Impromptu**-इम्-प्रॉम्प्'-ट्यू-*n.* an extempore composition. अयत्न (बिना पहिले से सोचे हुए) रचना (करना)।

**Improper**-इम्-प्रॉप्'-अर्- *adj.* inaccurate, not suitable, wrong. अनुचित, अयोग्य, अशुद्ध; **Improper fraction** (a fraction in which the numerator is greater than the denominator.) वह भिन्न अङ्क जिसमें भाजक से भाज्य बड़ा होता है, यथा ५/४ इत्यादि।

**Improperly**- इम्-प्रॉ'-पर्-ली- *adv.* in an improper manner. अनुचित रीति से।

**Impropriety** - इम्-प्रो-प्राइ' - ऍट् - ई - *n.* unsuitableness, indecency.- अयोग्यता, अश्लीलता, असभ्यता।

**Improvable**-इम्-प्रूव्'-ॲ- बल् - *adj.* that which may be improved. उन्नति करने योग्य; **Improvableness** (-नेस्)-*n.* the state of being improvable. उन्नतिकरण।

**Improve**-इम्-प्रूव्'- *v. t.* & *i.* to make or become better, to make good use of, to produce something better. उन्नति करना, सुधारना, अच्छा उपयोग करना; **Improvement** (-मेंन्ट) -*n.* advancement, act of improving. उन्नति (बढ़ती), सुधार।

**Improver** - -इम् -प्रूव्'-अर् - *n.* one who improves, a learner in a trade. उन्नति करनेवाला मनुष्य, व्यवसाय सीखने वाला।

**Improvidence** - इम्-प्रॉव्'-इड्-ऍन्स - *n.* want of foresight, extravagance. अदूरदर्शिता, असावधानी।

**Improvident** - इम्-प्रॉव्'-इड्-ऍन्ट - *adj.* unforeseeing, heedless, thriftless. अदूरदर्शी, अविवेकी, अमितव्ययी; **Improvidently** (-ली) -*adv.* in a careless manner. अदूरदर्शिता से।

**Improvisation** - इम्-प्रॉव्'-इज़्-ए'-शन् - *n.* the act of improvising, that which is improvised. अचिन्तित रचना।

**Improvise** - इम्-प्रो-वाइज़्' - *v. t.* to compose or utter extempore. समय पर गीत बना लेना या व्याख्यान देना।

**Imprudence** - इम्-प्रूड्'-ऍन्स - *n.* want of prudence. अविवेक, अविनय।

**Imprudent** - इम्-प्रूड्' -ऍन्ट - *adj.* incautious, indiscreet, inconsiderate. अदूरदर्शी, अविवेकी, असावधान (मूर्ख); **Imprudently** (-ली) -*adv.* indiscreetly. अविवेक या असावधानी से।

**Impudence** - इम्-प्यू'-डेंन्स - *n.* the quality of being insolent. धृष्टता, ढिठाई, निर्लज्जता।

**Impudent** - इम्'-प्यू-डेन्ट - *adj.* shameless, insolent, indiscreet. निर्लज्ज, धृष्ट, ढीठ; **Impudently** (-ली) -*adv.* in an insolent manner. धृष्टता से।

**Impudicity** - इम्-प्यू - डिस्' - सिट्-ई- *n.* immodesty, shamelessness. अविनय, धृष्टता, निर्लज्जता।

**Impugn** - इम्-प्यून्' - *v.* t. to contradict, to assail by word, to call in question. विरोध (खण्डन) करना, विपरीत बोलना .; **Impugnable** (-ॲ-बल्)-*adj.* what may be questioned. खण्डनयोग्य।

**Impugnment**-इम्-प्यून्'-मेंन्ट- *n.* contradiction. विरोध, खण्डन।

**Impuissance** - इम्-प्विस्'-सॅन्स - *n.* impotence. नपुंसकता।

**Impuissant** - इम्-प्विस्' - सॅन्ट - *adj.* weak, impotent. दुर्बल, नपुंसक।

**Impulse**-इम्'-पल्स - *n.* a force suddenly communicated, incitement, influence. प्रवृत्ति, प्रोत्साहन, प्रभाव।

**Impulsion** - इम्-पल्'-शॉन्-*n.* the act of impelling, influence on the mind. प्रेरणा, चित्त पर प्रभाव।

**Impulsive** - इम्-पल्स्'-इव्- *adj.* having power to impel. प्रवर्त्तक, प्रवृत्त करने वाला; **Impulsively** (-ली) -*adv.* in an impulsive manner. प्रवृत्ति से; **Impulsiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being impulsive. प्रवर्त्तन।

**Impunity** - इम्-प्यू'-निट्-ई-*n.* exemption from punishment, loss or injury. दण्ड या पीड़ा से छुटकारा; **With impunity** (without personal loss.) आत्महानि के बिना।

**Impure** - इम्-प्यूर्' - *adj.* dirty, unchaste, defiled, adulterated. अनिर्मल, कुत्सित, अशुद्ध, (अपवित्र); **Impurely** (-ली)-*adv.* in an impure manner. अपवित्रता से; **Impureness** (-नेस्), Im-

purity (-इट्-ई) -*ns.* want of purity, defilement. मलिनता, अपवित्रता ।

**Imputability** – इम्-प्यूट्'-ऑ-बिल्'-इट्- ई- *n.* the quality of being imputable. दोषारोपण ।

**Imputable** – इम्-प्यूट्'- ऑ-बूल्- *adj.* that may be imputed. दोषारोपण योग्य ।

**Imputation** – इम्-प्यूट्-ए'-शान् – *n.* the act of imputing. दोषारोपण ।

**Imputatively**–इम्-प्यूट्'- ऑट्-इव्-ली- *adv.* by imputation. कलङ्क से ।

**Impute**–इम्'-प्यूट्–*v. t.* to attribute fault to, to ascribe, to charge. दोष लगाना, कलंकित करना ।

**In** – इन् – *prep.* within, inside of, during, by, through, by means of. में, बीच, अन्दर, द्वारा, कारण से ;-*adv.* within. में, अन्दर;-*adj.* ( *comp.* Inner, -*sup.* Inmost, Innermost. ) internal. भीतरी ; **As far as in me lies** (as far as lies in my power. ) जहाँ तक मेरी शक्ति में है ; **Blind in one eye** ( with one eye affected.) काना ; **Come in** ( enter the house. ) भीतर आओ ; **He is in** ( *i. e.* in the house. ) वह घर में है ; **In cash** (supplied with ready money.) नगद ; **In itself** ( absolutely. ) स्वयं ; **In-patient** ( one who remains in a hospital while under treatment. ) हस्पताल में रहने वाला रोगी ; **Ins and outs** ( the whole details of any matter. ) गुप्त तथा प्रत्यक्ष बातें ; **In search of** (under the influence of.) खोज में ; **In so far as** ( in as much as. ) यहाँ तक कि ; **In fact, In truth** ( really. ) वस्तुतः, सचमुच ; **In that** ( because. ) क्योंकि ; **Keep the fire in** (keep the fire burning.) आग को जलती रक्खो; **Packed in dozens** ( *i. e.* in lots of dozens. ) दर्जन दर्जन करके बँधा हुआ; **Put a notice in** ( publish it. ) अखबार में छापो ; **Rub it in** ( rub it so as to penetrate into the body.) रगड़कर सोखाओ ; **The coat was in red satin** ( *i. e.* the material was red. ) लाल साटन का कोट था ; **To be in with** ( to be on terms of intimacy. ) मैत्री रखना ; **To cut in half** ( to divide into two parts. ) दो टुकड़े करना ; **Summer is in** ( summer has arrived. ) ग्रीष्म ऋतु (गरमी) आगई ।

**Inability**– इन्-ऑ-बिल्'-इट्-ई- *n.* want of power or means, incapacity. असामर्थ्य, अशक्ति, अयोग्यता ।

**Inaccessibility**- इन्-ऑक्-सैस्'-सैब्-इल्'-इट् - ई- *n.* impossibility of access. अगम्यता, अप्रवेश्यता ।

**Inaccessible**– इन्-ऑक्-सैस्'-सैं-बूल्- *adj.* unapproachable, not obtainable. अगम्य, ( गहन ) पहुँच के बाहर ।

**Inaccessibly**–इन्-ऑक्-सैस्'-सिब्-ली – *adv.* unapproachably, in an inaccessible manner. अगम्यता से, न पहुँचते हुए ।

**Inaccuracy**–इन्-ऑ'-क्यु-रीं-सी- *n.* want of accuracy, error. अशुद्धता, भूल ।

**Inaccurate**– इन्-ऑक्'-क्यु-रेट्- *adj.* not accurate, erroneous, untrue. अशुद्ध ; अयथार्थ ; **Inaccurately** ( -ली ) *adv.* in an inaccurate manner, incorrectly. अशुद्धता से, भूल से ।

**Inaction**–इन्-ऑक्'-शॉन्- *n.* sluggishness, idleness, want of action, rest. अनुद्योग, निर्व्यापार, आलस्य ।

**Inactive**–इन्-ऑक्ट्'-इव्- *adj.* intert, not active. निरुद्योग, आलसी ; **Inactively** ( -ली )-*adv.* in an inactive manner. आलस्य से ।

**Inactivity**–इन्'-ऑक्ट्-इव्-इट्-ई- *n.* inertness. आलस्य ।

**Inadaptability**- इन्-ऑड्-ऑप्ट्' - ऑ-बिल्-इट्-ई–*n.* want of adaptability. अविवेक, प्रबन्धहीनता ।

**Inadequacy**–इन्-ऑड्'-इ-क्वॉस्-सी–*n.* the quality of being inadequate, inadequateness. अयोग्यता ।

**Inadequate**–इन्-ऑड्'-इ-क्वेट्–*adj.* defective, insufficient, unequal. अयोग्य, असमर्थ, अपर्याप्त; **Inadequately** ( -ली )-*adv.* in an insufficient manner. अयोग्यता से ; **Inadequateness** ( -नेस् )-*n.* अयोग्यता ।

**Inadhesive** – इन्-ऑड्-ही'-सिव्- *adj.* not sticking or adhesive. न चपकने योग्य ।

**Inadmissible**–इन्-ऑड्-मिस्'-सि-बूल्- *adj.* not proper, that cannot be allowed. अग्राह्य, भरती न होने योग्य ।

**Inadmissibly**–इन्-ऑड्-मिस्'-सि-ब्ली- *adv.* in an improper manner. अग्राह्यता से ।

**Inadvertence**-इन्-ऑड्-वर्ट्' - एन्स्, **Inadvertency** ( -एँन्-सी ) -*ns*. heedlessness. प्रमाद, भूल ।

**Inadvertent**-इन्-ऑड्-वर्ट्'-एन्ट्-*adj*. heedless, negligent, unintentional. प्रमादी, अनहित, असावधान ; **Inadvertently** (-ली) -*adv*. in a heedless manner. प्रमाद या असावधानी से ।

**Inaffable**-इन्-ऑफ्'-फ़ॉ-बूल्-*adj*. reserved, not social. उदासीन, असामाजिक ।

**Inalienability**-इन्-एल्'-यॅन्-ऑब्-इल् -इट्-ई-*n*. the quality of being inalienable. अविच्छेद्यता ।

**Inalienable**-इन्-एल्'-यॅन्-ऑ-बूल्-*adj*. not alienable or transferable. अविच्छेद्य, जो पृथक् न हो सके ; **Inalienably** ( -ब्ली )-*adv*. in an inalienable manner. अविच्छेद्य भाव से ।

**Inalterable** - इन्-ऑल्'-टर्-ऑ-बूल् - *adj*. unalterable. अपरिवर्तनीय ( न बदलने लायक ) ; **Inalterably** ( -ऑब्-ली) -*adv*. in an unalterable manner. बिना परिवर्तन या अदल बदल के ।

**Inane**-इन्-एन्'-*adj*. empty, silly, senseless, void. शून्य, मूर्ख अचेत, छूछा ; **Inanely** ( -ली)-*adv*. in an empty manner. निःसारता से ।

**Inanimate**-इन्-ऑन्'-इम्-एट्-*adj*. destitute of life or animation," lifeless, dead. प्राणहीन, निर्जीव, मृतक; **Inanimately** ( -ली ) -*adv*. in a lifeless manner. निर्जीविता से ।

**Inappeasable**-इन्-ऑप्-पीज़्'-ऑ-बूल्- *adj*. that cannot be appeased or pacified. शान्त न होने योग्य ।

**Inappealable** - इन्-ऑप्-पील्'-ऑ-बूल्- *adj*. not to be appealed against. अपील न होने योग्य ।

**Inapplicability**- इन्-ऑप्'-प्लिक्-ऑब्-इल्'-इट्-ई-*n*. unfitness. अयोग्यता ।

**Inapplicable**-इन्'-ऑप्'-प्लिक्-ऑ-बूल्- *adj*. not applicble, unsuitable. अयोग्य, अनुचित ; **Inapplicably** ( ब्ली )-*adv*. in an unsuitable manner. अयोग्यता से, अनुचित रीति से ।

**Inapposite**-इन्-ऑप्'-प्रो-जिट्-*adj*. out of place, not pertinent. असङ्गत, अयोग्य ; **Inappositely** ( -ली )-*adv*. in a manner not apposite. असंगति से ।

**Inapprehensible**-इन्'-ऑप्-प्रें-हेन्'-सि-बूल्-*adj*. that cannot be understood. अनुपलभ्य, न समझने योग्य ।

**Inappropriate** - इन्'-ऑप्-प्रो'-प्रि-एट् -*adj*. not appropriate. असंगत, बेमेल ; **Inapproporiately**(-ली)-*adv*. not suitably, in an inappropriate manner. अयोग्यता से; **Inappropriateness**(-नैस्)- *n*. unsuitableness. अयोग्यता, असंगत अवस्था ।

**Inapt**-इन्-ऑप्ट्'- *adj*. unfit, not skilled. अयोग्य, अप्रवीण ।

**Inaptitude**-इन्-ऑप्'-टि-ट्यूड्, **Inaptness**-इन्-ऑप्ट्-नैस्- *ns*. want of aptitude. अयोग्यता, अप्रवीणता ।

**Inaptly** - इन्- ऑप्ट्' - ली - *adv*. unfitly. अयोग्यता से ।

**Inarch**-इन्-आर्च्'-*v*. *t*. to ingraft. क़लम बाँधना ।

**Inarm**-इन्-आर्म्'- *v*. *t*. to embrace. आलिङ्गन करना ।

**Inarticulate**-इन्'-आर्-टिक्'-यूल्-एट् - *adj*. not spoken distinctly, dumb. अस्पष्ट, गूंगा ; **Inarticulately** ( -ली ) -*adv*. in an indistinct manner.अस्पष्टता से; **Inarticulateness** ( -नैस् ) -*n*. the quality of being indistinct. बोलने में अस्पष्टता ।

**Inartificial**-इन्'-आर्ट्-इफ्-इश्'- ऑल्- *adj*. artless, simple, natural. अकृत्रिम, सहज, स्वाभाविक ; **Inartificially** (-ली)-*adv*. in an artless manner. स्वाभाविक रूप से ।

**Inartistic**-इन्'-आर्ट्-इस्ट्'इक्- *adj*. unskilled in art, crude. कलाकौशल में अप्रवीण ; फूहड़, **Inartistically** ( -ऑल्-लि ) -*adv*. crudely. फूहड़पन से ।

**Inasmuch**-इन्'-ऑज़्-मच्- *adv*. since that, because. इससे, चूँकि ।

**Inattention** - इन्-ऑट्-टेन्'-शॉन्-*n*. want of attention, neglect, heedlessness. उपेक्षा, अनादर ।

**Inattentive**-इन्-ऑट्-टेन्ट्-'इव्- *adj*. negligent. असावधान; **Inattentiveness** (-नैस् ) -*n*. heedlessness. असावधानी ; **Inattentively** ( -ली ) -*adv*. in an inattentive manner. असावधानी से ।

**Inaudible**-इन्-ऑड्'-इ-बूल्-*adj*. that can-

not be heard. अकर्णगोचर, जो सुन न पड़े।

**Inaudibility**–इन्-ऑड्-इब्-इल्-इट्-ई– *n.* the state of being inaudible. अश्राव्यता।

**Inaudibly** – इन्-ऑड्'-इब्-ली – *adv.* in an inaudible manner. कर्णगोचर न होते हुए।

**Inaugural**–इन्-ऑ'-ग्यूर्-ऑल्–*adj.* pertaining to inauguration, introductory. विधियुक्त, आरम्भ सम्बन्धी।

**Inaugurate**–इन्-ऑ'-ग्यूर्-एट्– *v. t.* to admit to office with ceremony, to commence formally, to expose to view. विधि पूर्वक अधिकारी बनाना, यथाविधि आरम्भ करना, प्रदर्शन करना।

**Inauguration**–इन्-ऑग्-यूर्'-ए'-शॉन् *n.* the act of inaugurating. संस्कार, प्रतिष्ठापन।

**Inauguratory** – इन्-ऑग्-यूर्'-ऑट्-ऑर्-ई– *adj.* pertaining to inauguration. प्रतिष्ठापन सम्बन्धी।

**Inauspicious** – इन्'-ऑ-स्पिश्'-अस्– *adj.* unfavourable, unlucky, not ominous. अशुभ, अभाग्य सूचक, अमंगलकारी; **Inauspiciously** ( -ली ) *-adv.* in an inauspicious manner. अशुभ रूप में; **Inauspiciousness** (-नैस् )*-n.* unluckiness. अमङ्गल, अभाग्य।

**Inboard**–इन्'-बोर्ड्–*adv.* in the deck or board, near the centre of a ship. जहाज के मध्य के पटरे की ओर।

**Inborn** – इन्'-बोर्न्– *adj.* implanted by nature, innate. स्वाभाविक, जन्म से, सहज, प्राकृतिक।

**Inbreathe** – इन्-ब्रीद्' – *v. t.* to inhale. भीतर को श्वास लेना।

**Inbred**–इन्'-ब्रेड्– *adj.* innate, natural. नैसर्गिक, स्वाभाविक।

**Incalculable**–इन्-कॅल्'-क्युल्-ॲ-बल्– *adj.* what cannot be reckoned beforehand. अगण्य, अनगिनती ; **Incalculably** (-ब्ली ) *-adv.* beyond calculation. अनगिनती।

**Incandesce**–इन्-कॅन्-डेस्'– *v. i.* & *t.* to glow or cause to glow with heat. उष्णता सहित चमकना या चमकाना ; **Incandescence** ( -सैन्स् ) *-n.* a white heat. परितप्त ज्वाला ; **Incandescent** ( -सैन्ट् )- *adj.* glowing or luminous with heat. तेजी से चमकने वाला।

**Incantation**– इन् - कॅन्-टे'-शॉन्– *n.* a magic spell, charm, enchantment. मंत्र, जादू, टोना ; **To use incantations** ( *to subdue by spells and magic.* ) मंत्रों द्वारा वशीभूत करना।

**Incapability**– इन्-केप्-ऑब्-इल्'-इट्-ई– *n.* incapacity. अयोग्यता, असामर्थ्य।

**Incapable**– इन्-केप्' - ॲ-बल्– *adj.* not susceptible, incompetent, lacking in ordinary powers. असमर्थ, अयोग्य, अपर्याप्त; **Incapableness** (-नैस्)*-n.* incompetence. असामर्थ्य; **Incapably** (-ब्ली )*-adv.* in an incapable manner. अयोग्यता से।

**Incapacious**– इन् - कॅ-पे'-शस्– *adj.* of small content, narrow. अविपुल, संकुचित

**Incapacitate**–इन्-कॅ-पॅस्'-सिट्-एट्– *v. t.* to render unfit. अयोग्य करना।

**Incapacity**– इन्-कॅ' - पॅस्'-सिट्-ई– *n.* inability. असामर्थ्य, अयोग्यता।

**Incarcerate**– इन्-कार्'-सेर्-एट्– *v. t.* to imprison. क़ैद करना ; **Incarceration** ( -ए'-शान् ) *-n.* imprisonment. बन्धन, क़ैद ; **Incarcerator** ( -ए'-टॉर् ) *-n.* one who imprisons. क़ैद करने वाला।

**Incarnate**–इन्-कार्न्'-एट्– *adj.* embodied in the human form. मूर्तिमान, शरीरधारी; *-v.t.* (-नैट्') to put into concrete form, to embody in flesh. अवतार लेना, शरीर धारण करना।

**Incarnation**– इन्-कर्न्-ए'-शॉन्– *n.* the act of incarnating. अवतार, शरीर धारण।

**Incautious**– इन् - कॉ' - शस्– *adj.* rash, heedless, indiscreet. धृष्ट, असावधान, प्रमादी ; **Incautiously** ( -ली ) *-adv.* in an indiscreet manner. असावधानी से ; **Incautiousness** ( -नैस् ) *-n.* want of caution. असावधानी।

**Incavate**–इन्'-कॅव्-एट्– *v. t.* to hollow out. पोला करना।

**Incavation**–इन्-कॅव्-ए'-शॉन्–*n.* a hollow made. पोला छिद्र।

**Incendiarism**–see **Incendiary.**

**Incendiary**–इन्-सैन्'-डि-ऑर्-ई– *n.* & *adj.* one who maliciously sets on fire the property of others, creating strife. आग लगाने वाला, उपद्रव या झगड़ा उठाने वाला ; **Incendiarism** ( -इज़्म् ) *-n.* the act of setting fire to a house. गृहदहन.

**Incense**–इन्'-सैन्स्– *n.* spices &c. pro-

ducing sweet scent when burnt, praise, flattery. सुगन्धित धूप, प्रशंसा, झूठी प्रशसा ;-*v. t.* (-सैंन्स्' ) to perfume with incense, to inflame with wrath. धूप देना, उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना ।

**Incensory**-इन्-सैंन्स्'-ऑर्-ई- *n.* a pot for burning incense. धूपपात्र, धूपदानी ।

**Incentive**- इन् - सैंन्ट्'-इव्- *adj.* & *n.* tending to incite or provoke, provocation. प्रवर्तक, प्रबोधन, प्रलोभन ।

**Inception**- इन् - सैंप्'-शान्- *n.* a beginning. आरम्भ ।

**Inceptive**- इन् - सैंप्'-टिव्- *adj.* primary. आदि का, आरम्भ का ।

**Inceptor**-इन्-सैंप्'-टॉर्- *n.* a beginner. आरम्भ करने वाला ।

**Incertitude**-इन्-सर्'-टिट्-ट्यूड्- *n.* uncertainty. अनिर्णय, अनिश्चय ।

**Incessant**-इन्-सैंस्'-सैन्ट्- *adj.* continual, unceasing; uninterrupted. नित्य, सतत, अविछिन्न ; **Incessantly** ( -ली ) -*adv.* in an unceasing manner. सर्वदा, निरन्तर ; **Incessantness** ( -नैस् )-*n.* the quality of being continual. नित्यता ।

**Incest**- इन्' - सैंस्ट्- - *n.* sexual intercourse with near relatives. (व्यभिचार), अगम्य गमन ।

**Incestuous**-इन्-सैंस्ट्'-यू-अस्- *adj.* pertaining to sexual intercourse with near relatives. अगम्य गमन का ।

**Inch**-इन्च् ( -श् )- *n.* the twelfth part of a foot, a small degree, a small island. ( इञ्च ) एक फ़ुट का बारहवाँ भाग, अल्प परिणाम, छोटा टापू ; **By inches** ( in parts. ) थोड़ा थोड़ा, टुकड़ा टुकड़ा ; **Cubic inch** (content equal to a cube whose side is one inch. ( एक घन इञ्च का परिमाण ; **Every inch** ( completely. ) पूरी तरह से ; -( *pl.* ) stature. ऊँचाई ; **To kill by an inch of cold iron** (to kill by thrusting dagger in.) भाला भोंककर मार डालना ।

**Inchoate**-इङ्'-को-ऐट् - *adj.* begun now, not developed. अभी आरम्भ किया हुआ, अपरिपक्व; -*v.t.* ( -ऐट्' ) to begin. आरम्भ करना ; **Inchoation** ( -ए'-शान् ) -*n.* a beginning. आरम्भ ।

**Incidence**-इन्-सिड्'-ऐन्स्- *n.* the act of falling on, scope, extent, range. घटना, क्रम, विस्तार ।

**Incident**- इन्'-सिड्-ऐन्ट्- *n.* an event, an occurrence, a piece of action in a play, burden to an estate. वृत्तान्त, प्रसङ्ग, घटना, प्रासङ्गिक कथा, जायदाद पर बारदेन ; **Incidental** ( -ऐन्ट्'-ऑल् )-*adj.* accidental, casual, unimportant. आकस्मिक, अनावश्यक ; **Incidentally** ( -ऑल्-ली ) *adv.* in an accidental manner. प्रसङ्गवश, कार्यवश ।

**Incinerate**- इन्-सिन्'-अर्-ऐट्- *v. t* to burn or reduce to ashes. भस्म कर देना ।

**Incineration**- इन्-सिन् - अर्-ए'-शान्- *n.* reduction to ashes. जलाकर भस्म करने की क्रिया ।

**Incinerator**- इन्-सिन्-अर्-ए' - टॉर्- *n.* a cremation furnace. शव भस्म करने की चिता ।

**Incipient**-इन्-सिप्'-इ-ऐन्ट्- *adj.* beginning to appear. आरम्भ होने वाला ; **Incipiently** (-ली) *adv.* in a commencing manner. आरम्भ अवस्था में ।

**Incise**-इन्-साइज़्'- *v. t.* to engrave, to scribe. नकाशी करना ।

**Incision**-इन्-सिज़्'-ऑन्- *n.* a cut or notch. छेद, कटाव, ( घाव ) ।

**Incisive**-इन्-साइस्'-इव्- *adj.* having the power of cutting. काटने वाला, (तीखा) ।

**Incisor**-इन्-सिस्'-ऑर्- *n.* a front tooth. आगे का काटने वाला (चौड़ा) दाँत ।

**Incitation**-*n.* see Incite.

**Incite**- इन् - साइट्' - *v. t.* to urge to action, to stir up or rouse. प्रवृत्त ( प्रोत्साहित ), करना, उत्तेजित करना, उसकाना ; **Incitation** ( -ए' - शॉन् ) , **Incitement** ( -मैन्ट् )-*ns.* motive, stimulant. प्रेरणा, उत्तेजना, ( बढ़ावा ).

**Incivility**-इन्'-सिव्-इल्'-इट्-ई- *n.* rudeness, want of courtesy, discourtesy. असभ्यता, अशिष्टता ।

**Inclemency**-इन्-क्लैम्'-ऐन्-सी-*n.* harshness. रूक्षता, कठोरता ।

**Inclement**-इन्-क्लैम्'- ऐन्ट्- *adj.* severe, cold, stormy ( weather ). कठोर, तीव्र, प्रचण्ड, ( ऋतु ) ।

**Inclinable**-इन्-क्लाइन्'-ऑ-बल-*adj.* leaning, inclining. झुका हुआ, इष्ट ।

Interment-इन्-टर्'-मॅन्ट्-*n.* burial, act of interring. मुर्दा गाड़ना (दफ़न करना) ।

Intermigration-इन्'- टर्-मि-ग्रे'-शॉन्— *n.* reciprocal migration. दो प्रदेश के निवासियों का परस्पर स्थान बदलना ।

Interminable-इन्-टर्' - मिन्-ॲ-बल्-*adj.* endless, infinite, extremely long. अनन्त, अनवरत, सुदीर्घ ( बहुत लंबा ) ; Interminableness ( -नॅस् ) - *n.* the state of being infinite. सुदीर्घता ; Interminably ( -ॲब्-ली ) - *adv.* without limit. अनन्तता से ।

Intermingle-इन्'-टर्-मिङ्ग्'-गल्-*v. t.* & *i.* to mix together, to mingle. सम्मिलित करना, मिलना, मिलाना ।

Intermission-इन्'-टर्-मिश्' - शॉन्- *n.* a temporary pause or cessation, interval. क्षणिक विराम, रुकावट ।

Intermit-इन्'-टर्-मिट्'-*v. t.* & *i.* ( *p t.* Intermitted. ) to cease for a time, to suspend, to discontinue. कुछ काल के लिये स्थगित करना, छोड़ना, या रुकना, ठमकना ।

Intermittence-इन्-टर्-मिट्' -टॅन्स्- *n.* discontinuation for a time. क्षणिक रुकावट ।

Intermittent-इन्-टर्-मिट्'-टॅन्ट्-*n.* ceasing at intervals. पारी से आने वाला, अँतरिया ( ज्वर ) ; Intermittently ( -ली ) -*adv.* in an intermittent manner. पारी पारी से।

Intermix-इन्'-टर्-मिक्स्'-*v. t.* & *i.* to mix together, to intermingle. मिलना, मिलाना ; Intermixture ( -च्यूर् ) -*n.* admixture. मिश्रण, मिलावट ।

Intern-इन्-टर्न्'-*v. t.* to oblige to reside within fixed limits. नियमित स्थान में रहने के लिये बाध्य करना ।

Internee-इन्-टर्न्'-ई-*n.* one who interns. नियमित स्थान में रहने वाला ।

Internment-इन्-टर्न्'-मॅन्ट्-*n.* a restraint for safe custody. लड़ाई के क़ैदियों को एक स्थान में रखना ।

Internal-इन्-टर्न्'-ॲल्-*adj.* situated in the inside, intrinsic, inward, interior. आन्तरिक, गर्भस्थ , भीतरी ; Internality ( -नॅल्'-इ-टी ) - *n.* internal condition. अन्तस्थता, मध्यस्थ अवस्था ; Internally (-ली) -*adv.* inwardly. भीतरी ओर ।

International - इन्'-टर्-नॅश्'-ऑन्- ॲल्-*adj.* relating to the relations existing between two or more nations. अन्तर्राष्ट्रीय ।

Internationalist - इन्-टर्-नॅश्'-ऑन्-ॲल्-इस्ट्-*n.* one who preaches the principle of internationalism. परस्पर व्यवहार के सिद्धान्त का प्रचारक ।

Internationalize-इन् - टर् - नॅश्'- ऑन् -

ऑल्-आइज़्- *v. t.* to make international. किसी भिन्न प्रदेश की जाति को संबद्ध करना।

**Internecine** - इन्-टर् - नी' - साइन्- *adj.* mutually destructive, deadly. परस्पर नाश करने वाला।

**Internee, Internment** - see **Intern.**

**Interosculate**-इन्'-टर्-ऑस्'-क्यू-लेट्-*v. t.* to intermingle. परस्पर मेल करना।

**Interpage**-इन्'-टर्-पेज्'- *v. t.* to insert a leaf between the pages of a book. किसी पुस्तक के पृष्ठों के बीच में पत्र जोड़ना।

**Interpenetrate**-इन्'-टर्-पेन्'-इ-ट्रेट्-*v. t.* to penetrate reciprocally. एक दूसरे के भीतर घुसाना; **Interpenetration** (-ट्रे'-शॉन्)-*n.* mutual penetration. अन्तर प्रवेश।

**Interplace**-इन्'-टर्-प्लेस्- *v. t.* to place between. बीच में रखना।

**Interplay**- इन्'- टर् - प्ले - *n.* the operation of two things on one another. दो पदार्थों की परस्पर क्रिया।

**Interplead** - इन्'- टर् - प्लीड्' - *v. i.* to litigate between two parties for settling a point concerning a third party. दो मनुष्यों का परस्पर ऐसी मुक़दमेबाज़ी करना जिसमें तृतीय व्यक्ति का कोई विषय स्थिर होता हो; **Interpleader** (-अर्) -*n.* one who interpleads. इस प्रकार की बहस करने वाला।

**Interpolate**- इन्-टर्'-पॉ-लेट् - *v. t.* to introduce a spurious matter in a book. किसी पुस्तक में कपट से क्षेपक भर देना; **Interpolation** (-ले'-शॉन्)-*n.* the act of interpolating. क्षेपक भरने का कार्य; **Interpolator** ( -टॉर् ) -*n.* one who interpolates. क्षेपक भरने वाला मनुष्य।

**Interpose**-इम्-टर्-पोज़्'- *v. t.* & *i.* to intervene, to insert, to make interruption. व्यवधान करना, बीच में डालना विघ्न करना; **Interposer** (-अर्)- *n.* one who interposes. मध्यस्थायी, बिचवई।

**nterposition** -इन्-टर्-पो-ज़िश्' - ऑन्- *n.* intervention, mediation. व्यवधान, मध्यस्थता।

**Interpret**-इन्-टर्'-प्रेट् - *v. t.* ( *p. t.* Interpreted.) to translate or explain the meanings of. भाषान्तर में वर्णन ( उलथा ) करना, व्याख्या करना।

**Interpretable** - इन्-टर्-प्रेट्'-ऑ-बल्, **Interpretative**-इन्-टर्-प्रे ट्'-ऑ-टिव्- *adjs.* that may be interpreted. व्याख्या करने योग्य।

**Interpretation** - इन्-टर्-प्रे ट्-ए'-शॉन् - *n.* the act of interpreting. व्याख्या।

**Interpreter**-इन्-टर्-प्रे ट्'-अर्- *n.* one who interprets. व्याख्या करने वाला।

**Interpretress**-इन्-टर्-प्रे ट्'-रेस्- *n. fem.* a female interpreter. व्याख्या करनेवाली।

**Interregnum** - इन्' - टर् - रेग्'-नम्- *n.* (*pl.* Interregnums, Interregna. ) the time during which a state has no normal sovereign. अराजकत्व काल ( राजगद्दी का खाली रहना )।

**Interrelation** - इन्' - टर्-रि- ले'-शॉन्-*n.* mutual relation. परस्पर सम्बन्ध; **Interrelationship** ( -शिप् ) -*n.* the state of being interrelated. परस्पर सम्बन्ध की अवस्था।

**Interrogate**-इन्-टेर्'- रॉ - गेट्- *v. t.* to ask questions. प्रश्न करना ( पूछना )।

**Interrogation**-इन्-टेर् - रो - गे'-शॉन्- *n.* a question put. प्रश्न, पूछपाछ; **Note of interrogation** ( a note that marks a question-?. ) प्रश्न चिह्न (?)

**Interrogative**-इन्-टे-रॉग्' - ऑ - टिव्-*adj.* denoting a question, प्रश्नार्थक, प्रश्नवाचक; -*n.* प्रश्नार्थक शब्द; **Interrogatively** ( -टिव्-ली )-*adv.* in the form of a question. प्रश्नरूप में।

**Interrogator**- इन्-टेर्-रो-गेट्'- ऑर् *n.* a questioner. प्रश्न पूछने वाला; **Interrogatory** ( -ई ) -*adj.* denoting a question. प्रश्नार्थक।

**Interrupt**- इन्'-टर्-रप्ट्'- *v. t.* to break continuity, to obstruct, to hinder, to block. विघ्न करना, रोकना, छेंकना।

**Interrupted** इन्-टर्-रप्ट्'- एड् -*adj.* intermitted. रुका हुआ, विघ्न किया हुआ; **Interruptedly** ( -एड्-ली ) -*adv.* with interruptions. विघ्नरूप में।

**Interrupter** इन्-टर् - रप्ट्' - अर् - *n.* one who interrupts. विघ्न करने वाला।

**Interruption** इन् - टर् - रप्' - शॉन् - *n.* hindrance, intermission. अवरोध, विघ्न, रुकावट।

**Interruptive** - इन्' - टर्-रप्'- टिव् - *adj.* tending to interrupt. विघ्नकारक; **Interruptively** ( - ली ) -*adv.* with

interruptions. विघ्न सहित।

**Intersect**- इन्-टर्-सैक्ट्' - *v. t.* & *i.* to divide into parts, to cut or cross each other. दो टुकड़े करना, एक दूसरे को काटना।

**Intersection** - इन्-टर्-सैक्' - शॉन् - *n.* the act of intersecting. कटाव; **Intersectional** (-औंल्) -*adj.* pertaining to intersection. कटाव सम्बन्धी।

**Intersperse** - इन्-टर्-स्पर्स्' - *v. t.* to scatter, to place from one place to the other. इधर उधर फेंकना, छितराना।

**Interspersion**-इन्-टर्-स्पर्' - शॉन् -*n.* the act of interspersing or scattering. छितराव

**Interstice**-इन्-टर्' - स्टिस् - *n.* an intervening pace, a crevice. बीच का स्थान, छिद्र।

**Interstitial** - इन्-टर्-स्टिश्' - औंल्- *adj.* pertaining to interstices. मध्य का, बीच का।

**Intertwine**-इन्-टर् ट्वाइन्' - *v. t.* & *i.* to entwine or become twisted. गूथना, बटना, लपेटना; **Intertwinement** (-मैन्ट्) -*n.* the act of twisting. गूथने या लपेटने का कार्य।

**Interval**- इन्'-टर्-वौल् - *n.* intervening space or time, pause, a gap. अन्तर, व्यवधान, अवकाश; **Without intervals** (continually.) निरन्तर, लगातार।

**Intervene**-इन्-टर्- वीन्' - *v. t.* to come in between, to interfere. बीच में आना, विघ्न करना।

**Intervener** -इन्-टर्-वीन्' - अर् - *n.* one who intervenes. व्यवधान करने वाला।

**Intervening** इन्-टर् - वीन्' - इङ्ग्- *adj.* lying between. मध्यस्थित, मध्यवर्ती।

**Intervention**-इन्-टर्-वैन्'- शॉन् - *n.* mediation, interposition. व्यवधान, मध्यस्थता, विचवई।

**Interview**-इन्' - टर् - व्यू - *n.* a formal meeting, a conference. समागम, भेंट।

**Interviewer**-इन्-टर्-व्यू'-अर्- *n.* one who interviews. (समागम या) भेंट करने वाला।

**Intervolve**-इन्'-टर्-वॉल्व्'- *v. t.* to roll up with each other. एक में दूसरा लपेटना

**Interweave**-इन्-टर्-वीव्'- *v. t.* to interlace, to set together. मिलाकर जोड़ना, आपस में गुथना।

**Intestable**- इन्-टैस्ट्' - ऑ-बुल्- *adj.* not able to make a will. मृत्युलेख न लिखने योग्य।

**Intestate**- इन्-टैस्'-टेट्- *adj.* & *n.* one who has not made a will. जिसने मृत्यु लेख (वसीयतनामा) न लिखा हो।

**Intestinal**-see **Intestine.**

**Intestine**- इन्-टैस्ट्'-इन्- *n.* the lower part of alimentary canal. अन्त्र, अँतड़ी; -*adj.* domestic, internal. स्वदेशी, भीतरी, घरेलू; **Intestinal** (-औंल्)-*adj.* pertaining to the intestines. आँत सम्बन्धी।

**Intimacy**-इन्-टि'-मॉ-सी- *n.* friendship, close familiarity. मैत्री, दृढ़ परिचय।

**Intimate**-इन्'- टि-मैट्- *adj.* closely acquainted, familiar, essential. आत्मीय, सुपरिचित, आवश्यक;-*n.* an associate. मित्र

**Intimate**- इन्-टि-मेट्'- *v. t.* to make known, to hint. सूचना देना, सन्देश पहुँचाना; **Intimately** (-ली)- *adv.* in an intimate manner. मित्रभाव से।

**Intimation**-इन्-टि-मे'-शॉन्- *n.* a hint, an announcement. सूचना, सन्देश।

**Intimidate**- इन्-टिम्' - इ-डेट्- *v. t.* to create fear, to frighten, to dishearten. डराना, डपटना (धमकाना); **Intimidation** (-डे'-शॉन्)- *n.* the act of intimidating. धमकी, डाँट डपट; **Intimidator** (-टॉर्) -*n.* one who frightens. डराने वाला।

**Intimity**-इन्-टिम्'-इ-टी- *n.* inwardness. भीतरीपन।

**Into**-इन्'-टू- *prep.* expressing entrance or passage within a thing. भीतर, अंदर, में।

**Intolerable**-इन्-टॉल्'-ऐ-री-बुल्- *adj.* what cannot be endured, insufferable. असह्य, न सहने योग्य; **Intolerably** (-ब्ली)-*adv.* in an intolerable manner. असहनीयता से; **Intolerableness** (-नैस्) -*n.* the quality of being intolerable. असह्यता।

**Intolerance**-इन्-टॉल्'-अर्-औन्स्- *n.* want of toleration. अक्षमा, असहन।

**Intolerant**- इन्-टॉल्'-अर्-औन्ट्- *adj.* not able to bear. असहनशील, न सहन करने वाला; **Intolerantly** (-ली) - *adv.* in an unbearable manner. अक्षमा से।

**Intoleration**- इन्-टॉल्'-अर्-ए' - शॉन्-*n.*

intolerarce. असहनशीलता।

**Intomb**-इन्-टूम्'-*v. t.* to deposit in a tomb. कब्र में गाड़ना।

**Intonate** - इन्'-टो-नेट् - *v. i.* to sound musical notes. गायन में सुर लगाना।

**Intonation** - इन्-टो-ने'-शॉन् *n.* act of sounding of musical notes. गायन में सुर लगाने का कार्य।

**Intone**-इन्-टोन्'-*v. t.*, & *i.* to chant, to utter a deep sound, to read recitingly. गाना, सुर में बोलना, गाकर पढ़ना।

**Intort**-इन्-टॉर्ट् -*v.i.* to twist. ऐंठना, मोड़ना।

**Intortion**-इन्-टार्'-शॉन्-*n.* a winding or twisting. ऐंठन, मुड़ान।

**Intoxicant**-इन्-टॉक्स्'-इ-कॉन्ट्- *adj.* intoxicating. मादक, नशा लानेवाला।

**Intoxicate** - इन्-टॉक्स्'-इ-केट् - *v. t.* to make drunk, to exhilarate. मदोन्मत्त करना ( मदिरा इ० से ) मतवाला करना; **Intoxicated** (-ऍड् )-*adj* drunk. उन्मत्त, (मदोद्धत); **Intoxicating** (-केट्'-इङ्ग् ) -*adj*. उन्मादक; **Intoxication** (-के'-शॉन्) -*n.* the act of intoxicating. उन्माद, नशा

**Intra** - इन्'-ट्रॉ - *pref* in the sense of "within." "भीतरी ओर" अर्थ सूचक उपसर्ग

**Intractability**-*n.* see Intractable.

**Intractable**-इन्-ट्रॅक्ट्'-ऑ-बल्-*adj.* stubborn, unmanageable, refractory, unruly. दुराराध्य, हठी, न दबाने योग्य; **Intractability** ( -बिल्-इ-टी ), **Intractableness** (-नॅस् )-*ns.* the quality of being unruly. हठ, अड़ियलपन; **Intractably** ( -टॅब्-ली ) -*adv.* in an unruly manner. हठ से।

**Intransient** - इन्-ट्रॅन्'-से-ऍन्ट् -*adj.* not passing away suddenly, not transient. चिरस्थायी, स्थिर, दृढ़।

**Intransitive**-इन्-ट्रॅन्'जि-टिव् - *adj.* of a verb which does not take an object directly. अकर्मक क्रिया; **Intransitively** (-ली) -*adv.* in an intransitive manner. अकर्मक रूप में।

**Intrant**-इन्'-ट्रॅन्ट्-*n.* one who enters a Cegs, an assembly &c. विद्यालय अथवा सभा में प्रवेश करने वाला।

**Intrench**-इन्-ट्रॅन्च्' - *v. t.* & *i.* to dig up a trench and parapet, to fortify with a ditch खाई खोदना, परिखा बनाना;

**Intrenchment** ( -मॅन्ट् ) *n.* a defence, a trench. परिखा, खाई।

**Intrepid**-इन्-ट्रॅप्'-इड्-*adj* brave, fearless, undaunted. निर्भय, शूरवीर, निडर।

**Intrepidity**-इन्-ट्रॅ-पिड्'-इ-टी- . fearlessness, undaunted state. शूरता, निर्भयता।

**Intrepidly** - इन्-ट्रॅ'-पिड्-ली - *adv.* in a fearless manner. वीरता से।

**Intricacy**-इन्-ट्रि'-कॅ-सी - *n* perplexity, complication. गहनता (गूढ़ता), उलझन।

**Intricate** - इन् -ट्रि-केट् - *adj* entangled, obscure, complicated. दुर्बोध, गहन, उलझाने वाला **Intricately** (-ली) -*adv.* in an intricate or complicated manner. कुटिलता से; **Intricateness** ( -नॅस् )-*n.* the state of being intricate. गहनता।

**Intrigue** - इन्-ट्रीग्' - *n.* a plot, a stratagem. कपट, प्रबन्ध, षड्यन्त्र;-*v t* & *i.* to employ secret means. कूटप्रबन्ध का प्रयोग करना; **Intriguer** (-अर् ) -*n* one who make an intrigue. कपट प्रबन्ध का योजक, ( गुट बाँधने वाला )।

**Intrinsic**-इन्-ट्रिन् -सिक् - *adj.* naturally belonging to, essential, true. स्वाभाविक यथार्थ, वास्तविक **Intrinsically** (-सि-कॉल् लि ) -*adv.* in an intrinsic manner. वास्तव में, स्वभाव से।

**Introduce**-इन्'-ट्रो-ड्यूस्'- *v. t.* to bring in, to conduct, to bring out, to insert, to import, to produce, to make known formally. प्रवेश करना, प्रवृत्त करना, रखना, आरम्भ करना, प्रचार करना, (भेंट करना); **Introducer** (-अर् ) -*n.* one who introduces. प्रवेशक, प्रचारक, आरम्भ करने वाला।

**Introduction**-इन्-ट्रो-डक्-शॉन्-*n.* a formal presentation, the commencing portion of a book. परिचय, ( मुखबन्ध ) प्रस्तावना, भूमिका।

**Introductive**-इन्-ट्रो-डक्'-टिव्-*adj.* introductory. प्राथमिक, पहला।

**Introductory**-इन्-ट्रो-डक् -टॉर्-ई-*adj* preliminary, pertaining to an introduction. आरम्भिक, प्रस्तावना सम्बन्धी।

**Introspect**-इन्-ट्रो-स्पॅक्ट्-*v.i.* to examine one's own thoughts and feelings, to view the inside of. मनन करना, मन में विचारना।

**Introspection**-इन्-ट्रो-स्पेक्'-शॉन्-*n.* an inward inspection. अन्तरावलोकन ।

**Introspective**-इन्-ट्रो-स्पेक्ट्'-इव्-*adj.* inspecting within. आत्मविचार सम्बन्धी; **Introspectively**-(इव्-ली)- *adv.* in an introspecting manner. अन्तरावलोकन द्वारा ।

**Introversion**-इन्-ट्रो-वर्'-शॉन्-*n.* the act of introverting. अन्तःपरावर्तन ।

**Introvert**-इन्- ट्रो - वर्ट्' - *v. t.* to turn thoughts within itself, to invaginate. चित्त को भीतरी ओर लगाना ।

**Intrude**-इन्-ट्रूड्'-*v. t. & i.* to thrust, to encroach, to come uninvited. टूट पड़ना, बिना अधिकार के प्रवेश करना, घुस पड़ना; **Intruder** (-अर्)-*n.* one who intrudes. बिना बुलाये आने वाला ।

**Intrusion**-इन्-ट्रू'-ज़ॉन्'-*n.* the act of intruding, an encroachment. बलात् प्रवेश, बिना आज्ञा प्रवेश ।

**Intrusive**-इन् -ट्रू' - सिव् - *adj.* entering without right, apt to intrude. बिना अधिकार के प्रवेश करने वाला ; **Intrusively** (-ली ) -*adv.* धृष्टता से; **Intrusiveness** (-नेस् ) -*n.* धृष्टता ।

**Intubate**-इन्'-ट्यु बेट्'-*v. t.* to insert a tube into the pipe of the throat. गले के भीतर नली लगाना ।

**Intuition**-इन्-ट्यु-इश्'-ऑन्-*n.* immediate apprehension or insight. सहज ज्ञान, अन्तर्ज्ञान ; **Intuitional** (-ऑल्) -*adj.* अन्तर्ज्ञान सम्बन्धी ।

**Intuitive**-इन्-ट्यू'-इ-टिव्-*adj.* perceiving by intuition. अन्तर्ज्ञान से प्राप्त ; **Intuitively** ( -टिव्-ली) -*adv.* in an intuitive manner. अन्तर्ज्ञान द्वारा ।

**Intumesce**-इन्'-ट्यू-मेस्- *v. t.* to enlarge with heat, to swell. गरमी से फैलना, सूजना; **Intumescence** (सेन्स्) -*n.* an inflammation. सूजन, शोथ ।

**tumescent**-इन्'- ट्यू - मेस्' - ऐन्ट्-*adj.* swelling up. शोथ लाने वाला ।

**Intwine**-इन्-ट्वाइन्'-*v. t.* to twist together. लपेटना, गूथना, बटना ।

**Intwist**-इन्-ट्विस्ट्'-*v. t.* to interweave. मिलाकर बटना ।

**Inumbrate**-इन्-अम्-ब्रेट्'-*v. t.* to shade. छाया डालना ।

**Inunction**-इन्-अङ्क्' - शॉन्-*n.* smearing or rubbing with oil &c. तैल इत्यादि पोतना या मालिश करना ।

**Inundate**-इन्'-अन् - डेट्'-*v. t.* to flood, to overflow with water. जल से व्याप्त होना, बाढ़ आना, बहना ; **Inundated** (डे'-टेड्)-*adj.* flooded. जलव्याप्त, जलमय ।

**Inundation**-इन्-अन्-डे'-शॉन्- *n.* a flood. जलप्रलय, बाढ़ ।

**Inurbane**-इन्- अर् - बेन्' - *adj.* rough, discourteous. अशिष्ट, असभ्य ; **Inurbanity** ( -बैन्'-इ-टी ) -*n.* roughness, want of urbanity. असभ्यता, अशिष्टता ।

**Inure, Enure**-इन् - यूर्' - *v. t. & i.* to accustom, to habituate. परिचित करना, अभ्यास कराना; **Inured** ( -ड् ) -*adj.* habituated, familiar. परिचित, अभ्यस्त ; **Inurement** (-मेन्ट्) -*n.* practice, habit. परिचय, अभ्यास ।

**Inurn**-इन्-अर्न्'-*v. t.* to put the ashes of a dead body in to an urn. मृतक की भस्म को पात्र में रखना ।

**Inutile**-इन्-यू'-टिल्-*adj.* out of use, useless. निरर्थक, व्यर्थ ।

**Inutility**-इन्-यु-टिल्'- इट् - टी-*n.* uselessness. व्यर्थता, विफलता ।

**Invade**-इन्-वेड्'-*v.* t. to make an attack, to assail, to encroach upon. आक्रमण करना, चढ़ाई करना, धावा करना ।

**Invader**-इन्-वेड्'-अर्-*n.* one who invades, an assailant. आक्रमण करने वाला ।

**Invaginate**-इन्-वैज्'-इ-नेट्- *v. t.* to put into a sheath. मियान में रखना ; **Invagination** (-ने'-शॉन् ) -*n.* act of putting in a sheath. मियान में रखने की क्रिया ।

**Invalid**-इन्-वैल्' - इड्-*adj.* disabled by disease, weak, feeble, having no legal force, void, null. दुर्बल, अशक्त, बलहीन, नियमविरुद्ध; -*n.* ( -इन्'-वी-लीड् ) a sickly person. रोगी मनुष्य ।

**Invalidate**-इन्-वैल्-इ-डेट्'-*v. t.* to destroy the validity of. अयोग्य करना, ( रोगी होनेपर नौकरी से अलग करना ) ।

**Invalidation**-इन्- वैल् - इ-डे'- शॉन् - *n.* act of invalidating. रोगी होने से नौकरी के अयोग्य करने का कार्य ।

**Invalidity**- इन्-वी-लिड्' - इट्-ई, **Invalidness** ( -नेस् ) -*ns.* want of strength, want of legal force. निर्बलता, अप्रमाणता ।

**Invaluable** – इन्-वॉल्'-यू-ऑ - बुल् – *adj.* priceless, inestimable. बहुमूल्य, अमूल्य, अनमोल ।

**Invar**-इन्'-वॉर्- *n.* an alloy of steel and nickel. फौलाद और गिलटका मिश्रधातु ।

**Invariability**– *n.* see Invariable.

**Invariable**-इन् - वेंअर्'-इ-ऑ - बुल् – *adj.* unchangeable, constant, uniform. नित्य, स्थिर, अचल; **Invariability** ( -ऑ-बिल्' - इ-टी ) नित्यता; **Invariableness** ( -नेस् ) *-ns.* invariability, unchangeableness. दृढ़ता, अचलता ; **Invariably** (-ऑब्-ली) *-adv.* in an unchangeable manner. स्थायी रूप में, बिना हेरफेर के ।

**Invasion**–इन्-वे'-ज़ॉन्- *n.* an encroachment, an attack. आक्रमण (चढ़ाई), धावा।

**Invasive**- इन्-वे' - सिव्- *adj.* making an invasion. चढ़ाई या धावा करने वाला ।

**Invective**–इन्-वेक्'-टिव्-*n.* violent words of censure, an attack in words. आक्षेप, निन्दा, गाली ।

**Inveigh**-इन्-वे'-*v. i.* to speak violently, to reproach. झिड़ककर बोलना, निन्दा करना, गाली देना ।

**Inveigle**–इन्-वे'-गल्- *v. t.* to allure, to seduce. प्रलोभित ( मुग्ध ) करना, ललचाना; **Inveigler** (-लर् ) *-n.* one who allures. मोहने वाला ; **Inveiglement** (-मेंन्ट् ) *-n.* enticement. प्रलोभन, वंचना ।

**Invent**-इन् - वेन्ट्' – *v. t.* to originate something new, to fabricate. कल्पना करना, आविष्कार करना. मन गढ़न्त करना ; **Invented** (-एंड् ) *-adj.* discovered. मन से निकाली हुई .

**Invention**–इन्-वेन्'-शॉन्-*n.* a discovery, a fabrication. कल्पना, आविष्कार ।

**Inventive**–इन् - वेन्' - टिव्-*adj.* able to invent. काल्पनिक ; **Inventively** ( -ली ) *-adv.* in an inventive manner. कल्पना से; **Inventiveness** ( -नेस् ) *-n.* the faculty of inventing. कल्पना करने की शक्ति ।

**Inventor**–इन्-वेन्ट्'-ऑर्-*n.* ( *fem.* Inventress. ) one who invents. आविष्कार करने वाला ।

**Inventory**–इन्-वेन्'-टॉर्-ई- *n.* a detailed list of movable goods. चल सम्पत्ति की विवरण सहित सूची ; *-v. t.* to count. गणना करना, गिनना ।

**Inveracity**–इन्'-वेर्-ऑस्'-सि-टी- *n.* falsehood. असत्य, मिथ्या, झूठ ।

**Inverse**–इन्'-वर्स्-*adj.* & *n.* inverted, an inverted state. उलटा, उलटी स्थिति; **Inversely** (-ली) *-adv.* in an inverted manner. उलटी तरह से ।

**Inversion** -इन्-वर्'-शॉन् – *n.* a change of order. उलट पलट ।

**Invert** – इन्' – वर्ट्- *n.* an inverted arch. उलटा हुआ मेहराब।



**Invert** – इन् - वर्ट्'– Inverted arch. *-v. t.* to turn upside down. उलटना, अधोमुख करना; **Inverted** (-एंड् ). *-adj.* changed in order. उलटा हुआ ; **Invertedly** (-ली) *-adv.* उलटे क्रम से ।

**Invertebrate** – इन् - वर्' - टे-ब्रेट् – *adj-* having no backbone. बिना पीठ की रीढ़ वाला, पृष्ठवंश रहित ।

**Invest**–इन्-वेस्ट्'– *v. t.* & *i.* to clothe or cover with garment, to place in office, to lay out money for profit, वस्त्र पहिराना, पदवी पर नियुक्त करना, लाभ के निमित्त धन लगाना ।

**Investigate**– इन्-वेस्' – टि-गेट्- *v. t.* to examine with accuracy, to search out. अनुसन्धान करना, पता लगाना (खोजना) ।

**Investigation** - इन् - वेस्ट्'- इ - गे - शॉन् *-n.* examination, research. अनुसन्धान, खोज, जाँच ।

**Investigative** - इन् - वेस्ट्-इ-गेट्'-इव्- *adj.* pertaining to investigation. खोज, जाँच सम्बन्धी ।

**Investigator** -इन्-वेस्ट्'-टि- गेट् - ऑर् - *n.* one who investigates. अन्वेषणक ।

**Investiture** - इन्-वेस्ट्' - इ - ट्यूर् *n.* the rite of investing. अधिकार का देना ( संस्कार ) ।

**Investive** –इन्-वेस्ट्'- इव्–*adj.* encircling. घेरनेवाला ।

**Investment** - इन् - वेस्ट्' - मेन्ट् *n.* act of investing. धन लगाने का कार्य ।

**Investor** -इन्-वेस्ट्' - ऑर्- *n.* one who invests. धन लगानेवाला।

**Inveteracy**- इन्-वेट्'-अर्-ऑ- सी- *n.* long

continuance. दीर्घता ।

**Inveterate**- इन् -वेंट्'[illegible]र्-एट्-*adj.* deep-rooted, obstinate, of long standing. चिरस्थायी, हठी, पुराना ; **Inveterately** (-ली) -*adv.* in an obstinate manner. दृढ़ता पूर्वक, हठ से ।

**Invidious**-इन्-विड्'-इ-अस्- *adj.* likely to provoke ill-will, envious. ईर्षालु, द्वेष उत्पन्न करनेवाला ; **Invidiously** (-ली) -*adv.* in an envious manner. द्वेष से, ईर्षा से ; **Invidiousness** (-नेस्) -*n.* ill-will, envy. ईर्षा, डाह ।

**Invigilate**-इन्-विज्'-इ-लेट्-*v. i.* to guard students in an examination. परीक्षा में विद्यार्थियों का नीरीक्षण करना ।

**Invigilation**-इन्-विज्'-इल्-ए्'-शॉन्, **Invigilance**-इन्-विज्'-इल्-औन्स्-*ns.* the act of invigilating. परीक्षा में विद्यार्थियों को निरीक्षण करने का कार्य ।

**Invigorate**-इन्-विग्'-औ-रेट्-*v. t.* to make vigorous, to enliven, to impart energy to, to animate. बल बढ़ाना, पुष्ट करना, तेज की वृद्धि करना ; **Invigorating** (-इङ्ग्) -*adj.* strengthening. बल अथवा तेज बढ़ानेवाला ; **Invigoration** (-रे'-शान्) -*n.* the act of invigorating. बल अथवा तेज् की वृद्धि ।

**Invincibility**- *n.* see **Invincible.**

**Invincible** - इन् - विन्' - सि-बल् - *adj.* unconquerable. अजेय, न जीते जाने योग्य ; **Invincibility** ( -बिल्' - इ-टी ), **Invincibleness** (-नेस्) -*ns.* the quality of being invincible. अजेयता ; **Invincibly** (-सिब्'-ली ) -*adv.* in an invincible manner. दुर्जयता से ।

**Inviolability**-*n.* see **Inviolable.**

**Inviolable**-इन्-वि'-ओ-लीं-बल्- *adj.* not to be profaned or injured. अलंघ्य, अबाध्य; **Inviolability** ( -बिल्'- इ-टी ) -*n.* the quality of being inviolable. अबाध्यता, पवित्रता ; **Inviolably** ( -ब्ली ), -*adv.* in an inviolable manner. अभिन्नता से, पवित्रता से ।

**Inviolacy**-see **Inviolate.**

**Inviolate**-इन्-वि'-ओ-लेट्-*adj.* not violated, unbroken, unprofaned. अदूषित, अभङ्ग, पवित्र ; **Inviolacy** (-लॉ-सी) , **Inviolateness** (-नेस्) *ns.* unbrokenness. अभग्नता;

**Inviolately** (- ली ) -*adv.* unprofanely. पवित्रता से ।

**Invisibility**- *n.* see **Invisible.**

**Invisible**-इन्-विज़्'-इ - बल् - *adj.* unable to be seen, too small to be seen. अदृश्य, ( अन्तर्धान ), अदृष्टिगोचर ; **Invisibility** ( - बिल्'-इ- टी ) -*n.* the state of being invisible. अदृश्यता ; **Invisibleness** (-नेस्) -*n.* invisibility. परोक्षता; **Invisibly** (-इ-ब्ली) -*adv.* in an invisible manner. अदृष्टरूप से ।

**Invitation** - इन्-वि-टे'-शॉन्- *n.* act of inviting, solicitation. निमन्त्रण, बुलावा ।

**Invitatory** - इन् - वि - टीं'-टॅर्- ई - *adj.* containing invitation. न्योता देनेवाला ।

**Invite** - इन्-वाइट्' - *v. t.* to request courteously, to summon, to entice, to tend to bring. प्रार्थना करना, बुलाना, फुसलाना, निमन्त्रण करना ।

**Inviting**-इन्-वाइट्' - टिङ्ग्- *adj.* attractive, enticing. मनोहर, चित्त को आकर्षित करनेवाला; **Invitingly** ( -ली ) -*adv.* in an inviting manner. प्रार्थना से ।

**Invoice** - इन्' - वॉयस् - *n.* a list of goods with prices and particulars. बीजक, चलान; -*v. t.* to make out an invoice. बीजक बनाना ।

**Invocate**- इन्-वो-केट्'- *v. t.* to invoke in prayer. स्तोत्र रूपमे प्रार्थना करना ।

**Invocation** - इन्-वो-के'-शॉन् - *n.* the act of calling in prayer, a prayer. स्तुति, प्रार्थना; **Invocatory** ( -वॉक्'-औं-टॉ-री )-*adj.* pertaining to invocation. प्रार्थना सम्बन्धी ।

**Invoke** - इन्-वोक्' - *v. t.* to implore, to appeal by authority, to ask earnestly, to call on God as witness. प्रार्थना करना, माँगना, रक्षा के लिये ईश्वर की स्तुति करना ।

**Involuntarily**- इन्-वॉल्' - अन्-टीं- रि-ली- *adv.* in an involuntary manner. अज्ञान से, अनिच्छा से ; **Involuntariness** (-नेस्)-*n.* unwillingness. अनिच्छा, विवशता ।

**Involuntary** - इन्-वॉल्'-अन्-टीं - री- *adj.* not done willingly, without intention, unintentional. अनिच्छा पूर्वक, अबुद्धि पूर्वक ।

**Involute**-इन्'-वॉ-ल्यूट् - *adj.* turned in-

wards, intricate. भीतर को मुड़ा हुआ, पेचीला।

**Involution**–इन्-वो-ल्यू'-शॉन् - *n.* entanglement, intricacy. फँसावट, पेचीदगी।

**Involve**–इन्-वॉल्व्'- *v. t.* to entangle, to imply, to inwrap, to roll up, to include, to overwhelm, to complicate. फँसाना, मिलाना, लपेटना, संयुक्त करना; **Involved** ( -ड् )-*adj.* implied, overwhelmed. सम्बद्ध, ग्रस्त; **Involvement** (-मेंन्ट् )-*n.* the act of involving. संयोग।

**Invulnerability** – see **Invulnerable.**

**Invulnerable** – इन्-वल्'-नर्-ऑ-बल्- *adj.* that cannot be wounded or hurt. अभेद्य, जिसमें घाव या चोट न लग सके; **Invulnerability** (-बिल्'-इ-टी) -*n.* the quality of being invulnerable. अभेद्यता; **Invulnerably** (-ऑब्'-ली)-*adv.* in an invulnerable manner. अभेद्यता से।

**Inward**–इन्'-वड्ड्- *adj.* directed towards the inside, situated within, mental, internal. अन्तस्थ, भीतरी, आध्यात्मिक, मानसिक; **Inwardly** (-ली )-*adv.* in the inner parts, in the mind. भीतर की ओर, चित्त में; **Inwardness** ( -नेंस् )-*n.* essence, inner nature. तत्त्व, भीतरीप्रकृति

**Inwards**–इन्'-वड्ड्स्- *n. pl.* the viscera. अँतड़ियाँ; -*adv.* in the inner parts. भीतरी ओर।

**Inweave, Enweave** – इन्-वीव्'- *v. t.* to weave things together, to intertwine. मिलाकर बिनना, ऐंठना।

**Inwork** – इन्-वर्क्'- *v. i.* & *t.* to work within. भीतर काम करना।

**Inwrap**–इन्-रैप्'- *v. t,* to perplex, to cover by wrapping. घबड़ाना, लपेटना।

**Inwrought**–इन्-रॉट्' - *adj.* ( *p. p.* of Inwork, ) decorated with figures. खींचा हुआ, जड़ा हुआ।

**Iodine**–आइ'-ओ-डिन्- *n.* a non-metallic element used in medicine. एक अंग्रेजी अधातु तत्व औषधि।

**Iodoform**–आइ-ओ'-डो-फ़ॉर्म्-*n.* an antiseptic medicine. मलिनता हटाने वाली एक प्रसिद्ध औषधि।

**Ion**–आइ'-ऑन्-*n.* a particle of moving matter capable of charging electricity. विद्युत् शक्ति उत्पन्न करनेवाला गतिमान् परिमाणु।

**Iota**–आइ-ओ'-टॅ-*n.* an atom, a particle. कण, बिन्दुमात्र

**I O U**–आइ-ओ-यू- *n.* written acknowledgment of a loan. किसी ऋणकी रसीद

**Ipecacuanha**–इप्'-ऍ-कैक्'-यू-ऑन्'-नॉ- *n.* a popular medicine with emetic effect. वान्ति लानेवाली एक प्रसिद्ध औषधि।

**Irascibility**–*n.* see **Irascible.**

**Irascible**–आइ-रॅस्'-सॅ-ब्ल् - *adj.* hot-tempered, provoking. क्रोधी, उत्तेजक; **Irascibility** (-बिल्'-इ-टी ), **Irascibleness** ( -नेंस् )-*ns.* irritableness. क्रोधी प्रकृति।

**Irate**–आइ'-रेट्-*adj.* angry. क्रुद्ध, कुपित

**Ire**–आयर्-*n.* anger, wrath. क्रोध, रोष।

**Ireful**– आयर्'-फुल् -*adj.* angry. क्रोधी।

**Irefully** -आयर्'-फुल्-लि-*adv.* in an angry manner. क्रोध से, रोष से।

**Irenic, Irenical** – आइ-रेंन्'-इक्, ( -ॲल् )-*adjs.* tending to create peace. शान्ति स्थापन करनेवाला।

**Iridescent**–इर्-रॅ-डेंस्'-सेंन्ट्-*adj.* showing change of colours. रङ्ग बदलने वाला।

**Iridescence**– इर्-रॅ-डेंस्'- सेंन्स् - *n.* exhibition of colours. रङ्गबिरङ्गा प्रदर्शन।

**Iridium**–आइ-रिड्'-इ-अम्- *n.* a precious white metal like platinum. प्लैटिनम् के प्रकार का एक बहुमूल्य धातु।

**Iris**–आइ'-रिस्-*n.* ( *pl.* Irises. ) the rainbow, the curtain of the eye perforated by the pupil. इन्द्रधनुष, आँख का तारा।

**Irish**–आइ'-रिश्- *adj.* belonging to Ireland, its language. आयर्लैन्ड् देश सम्बन्धी, इनकी भाषा; **Irishman** (-मॅन् )-*n. mas.* यहाँ का मनुष्य; **Irishwoman.** (-वुमन् )-*n. fem.* आयर्-लैन्ड् देश की स्त्री।

**Irk**–इर्क्-*v. t.* to tire, to disgust. पीड़ा, देना, त्रास देना।

**Irksome**–अर्क्'-सम्*adj.* troublesome, tedious, wearisome. दुःखकर, क्लेश देने वाला, दुःखदायी; **Irksomely** ( -ली )-*adv.* in a perplexing manner. घबड़ाते हुए; **Irksomeness** ( -नेंस् )-*n.* घबड़ाहट।

**Iron**–आइ'-अइ्न्- *n.* a metal principally used for making tools. लोहा; -( *pl.* ) fetters. ( ब० व० ) बेड़ी, हथकड़ी; -*adj.* made or consisting of iron, hard,

severe. लोहे का बना हुआ, कठोर, दृढ़ ; -*v.t.* to furnish with iron, to fetter, to smooth with hot iron. हथकड़ी बेड़ी लगाना, हथियार बाँधना, गरम लोहे से इस्त्री करना ; Cast-iron (iron which is melted and cast.) ढला हुआ लोहा ; Iron age ( the age of enforced toil. ) निर्दयता का युग; Ironclad ( bound with thic iron. ) लोहे से पुष्ट किया हुआ ; Irok-hearted ( cruel. ) निर्दयी, कठोर हृदय; Iron-rust ( red incrustation on iron.) मुर्चा,मण्डूर; Ironsmith (a blacksmith.) लोहार; Sulphate of *iron* ( green vitriol. ) कौसीस; To strike while the iron is hot ( to work at the proper time. ) ठीक समय पर काम कर लेना; Too many irons in the fire (engrossed in too many occupations.) अनेक कार्यों में व्यापृत ; Wrought iron ( puddled iron. ) पीटा हुआ लोहा।

**Ironical**-आइ-रॉन्'-इक्-ऑल्-*adj*. expressing a thing with another meaning. ताने की रीति का ; Ironically (-इक्-ऑल्-ली)-*adv*. with irony. व्याजोक्ति से, ताने से; Ironist ( -इस्ट् )-*n*. one who talks ironically. ताने का प्रयोग कराने वाला।

**Irony**-आइ-रॉन्'-ई-*n*. expression of one's meaning in a language contrary to his words, ill-timed circumstances; (-अइर्न्'-ई ) -*adj*. resembling iron. व्याजोक्ति, विपरीत लक्षणा, ताना, अभाग्य, (वि०) लोहे के सदृश्य।

**Irradiate**-इर्-रे'-डि-एट्-*v. t.* to throw light upon. देदीप्यमान करना, चमकाना, जगमगाना।

**Irradiation**-इर्-रेड्'-इ-ए'-शॉन्-*n*. illumination, brightness. प्रकाश, तेज, चमक।

**Irradiative**-इर्-रेड्-इ-ए'-टिव्-*adj*. shedding lustre. चमकानेवाला।

**Irrational**-इर्-रॅश्'-ऑन्'-ऑल् - *adj*. not reasonable, void of understanding, absurd, illogical. विवेक रहित, बुद्धिहीन, न्याय विरुद्ध; Irrationality-(-ऑल्'-इ-टी) -*n*. the quality of being unresonable. बुद्धिहीनता, अन्यायता; Irrationally (-ली) -*adv*. in an irrational manner. न्याय विरोध से।

**Irrealisable**-इर्-रि-ओ-लाइज़्'-ऑ-बल्- *adj*. not convertible into money. ( धन ) जो वसूल न हो सकता हो।

**Irreclaimable** - इर्-रॅ-क्लेम्'-ऑ-बल्- *adj*. that cannot be reclaimed or recovered. पुनः प्राप्त न करने योग्य; Irreclaimably ( -ऑब्-ली ) -*adv*. not admitting reformation. अशोधनीयता से।

**Irrecognizable** - इर्-रॅक्'-ऑग्-नाइज़्'-ऑ-बल्- *adj*. that cannot be recognized. न पहिचानने योग्य ; Irrecognizableness ( -नेस् ) -*n*. unrecognizableness. न पहिचानने की अवस्था।

**Irreconcilability** – see Irreconcilable.

**Irreconcilable** - इर् - रॅक्'-ऑन् - साइल'-ऑ-बल्-*adj*. icompatible, that cannot be econciled. ( परस्पर विरुद्ध ) असङ्गत, बेमेल ; Irreconcilability ( -बिल्'-इ-टी ), Irreconcilableness ( -नेस् ) *ns*. the quality of being incompatible. परस्पर विरोध ; Irreconcilably (-ऑब्'-ली)-*adv*. in r incompatible manner. विरोध करते हुए।

**Irrecoverable**-इर्'-रॅ-कव्'-अर्-ऑ-बल्-*adj*. that cannot be recovered. अप्राप्य, जो फिर से प्राप्त न हो सके ; Irrecoverably ( -ब्ली )-*adv*. in an irrecoverable manner. लभ्य न होने पर।

**Irrecusable**-इर्'-रॅ-क्यू'-ज़ॉ-बल् -*adj*. that must be accepted. अवश्य स्वीकार करने योग्य।

**Irredeemable**-इर्'-रॅ-डीम्'-ऑ - बल्-*adj*. that cannot be redeemed, hopeless, irreclaimable. अनुद्धरणीय, आशा रहित, जो निकाला न जा सके ; Irredeemably ( -ब्ली ) *adv*. so as not to be redeemable. आशाहीनता से।

**Irreducibility**-see Irreducible.

**Irreducible**-इर्-रॅ-ड्यू'-सॅ-बल्-*adj*. that cannot be simplified. कम न किये जाने योग्य ; Irreducibility (-बिल्'-इ-टी ) - *n*. the quality of being irreducible. असरलता।

**Irrefragable**-इर्-रॅफ्-रॅ'-गॅ-बल् - *adj*. indisputable. प्रमाणित करने योग्य ; Irrefragably (-ब्ली) -*adv*. in an indisputable manner. दृढ़ प्रमाणता से।

**Irrefutable** - इर्-रॅ-फ्यू'-टॅ-बल्- *adj*. that cannot be refuted or denied. अखण्डनीय; Irrefutability ( -बिल्'-इ-टी ) - *n*. the

quality of being irrefutable. अखण्डनीयता ; Irrefutably. ( -ब्ली ) -*adv*. in an irrefutable manner. अखण्डनीयता से ।

**Irregular**-इर्-रेँग्'-यू-लॅर्-*adj*. contrary to form or rule, uneven, not straight disorderly, not uniform, unsymmetrical. नियम विरुद्ध, विषम ( टेढ़ामेढ़ा ), अव्यवस्थित, बेडौल, क्रमहीन ।

**Irregularity**-इर्-रेँ-ग्यु-लॅर्'-रेँ-टी – *n*. deviation from rule. व्यतिक्रम, अव्यवस्था, विषमता ।

**Irregularly**-इर्- रेँग्' - यु-लॅर्- ली – *adv*. without order or rule. अव्यवस्था से ।

**Irrelevance**-इर्-रेँल्'-लीं-वॅन्स्-*adj*. having no relations, unconnected. असम्बद्ध, असम्बन्धा ।

**Irrelevance**-इर्-रेँल्'-ऍ-वॅन्स्, **Irrelevancy** ( -वॅन्-सी )-*ns*. the quality of being irrelevant, inapplicability. असम्बद्धता, असङ्गति ।

**Irrelevant**-इर्-रेँल्'-ऍ-वॅन्ट्-*adj*. not to the point or purpose, not pertinent. असम्बद्ध, असङ्गत ; **Irrelevantly** ( -ली ) -*adv*. in an irrelevant manner. असम्बद्धता से, असङ्गति से ।

**Irreligion**-इर्'-रेँ-लिज्'-ऑन्-*n*. disregard of religion, impiety. अधर्म, अभक्ति ( देवनिन्दा ) ।

**Irreligious**-इर्-रेँ-लिज्'-अस्- *adj*. destitute of religion. अधर्मी, भक्तिहीन ; **Irreligiously** ( -ली )-*adv*. in an irreligious manner. अधर्म से ।

**Irremediable**- इर् -रेँ-मी'-डि-ऑ-बल्- *adj*. that cannot be remedied or corrected. अचिकित्स्य ( असाध्य ), जिसकी दवा न हो सके ; **Irremediably** ( -ऑब्-ली ) -*adv*. to an irremediable degree. असाध्यता से ।

**Irremissible**-इर्-रेँ-मिस्'-सॅ-बल्- *adj*. not pardonable. अक्षम्य, क्षमा न करने योग्य; **Irremissibly** (-ब्ली) *adv*. so as not to be remissible. अक्षम्यता से ।

**Irremovable**-इर्-रेँ-मूव्'-ऑ-बल्- *adj*. that cannot be removed. अचल, स्थिर ; **Irremovably** ( -ऑब्-ली ) -*adv*. that cannot be removed. अटलता से ।

**Irreparable**-इर्-रेँप्'-ऑ-रॅ-बल्-*adj*. not able to be rectified or regained. जिसका प्रतीकार न हो सके, जो सुधारा न जा सके ; **Irreparableness** ( -नॅस् ) -*n*. the quality of being irreparable. असाध्यता ; **Irreparably** (-रॅब्'-ली) -*adv*. in an irreparable manner. असाध्यता से ।

**Irreplaceable**-इर्'-रेँ-प्लेस्'-ऑ -बल् – *adj*. of which the loss cannot be replaced टोटा पूरा न होनेवाला ।

**Irreprehensible**-इर्-रेँप्-रेँ-हॅन्'- सि-बल्- *adj*. that cannot be blamed. निर्दोष कलङ्क रहित; **Irreprehensibleness** (-नॅस्) -*n*. the quality of being unblamable. निर्दोषता ।

**Irrepressibility**-*n* see-Irrepressible.

**Irrepressible**-इर्-रेँ- प्रॅस्' - सि-बल्- *adj*. that cannot be repressed or subdued. दुर्निवार्य, जो दबाया न जा सके ; **Irrepressibility** ( -बिल्'-इ-टी ) -*n*. the quality of being irrepressible. दुर्निवारता. **Irrepressibly** (-सिब्-ली )- *adv*. in an irrepressible manner. दुर्गमता से ।

**Irreproachability**-see Irreproachable.

**Irreproachable**-इर्'-रेँ-प्रोच्'-ऑ-बल्- *adj*. faultless, free from blame. अनिन्द्य, निर्दोष ; **Irreproachability** (-बिल्'-इ-टी) -*n*. the quality of being faultless. निर्दोषता ; **Irreproachably** ( -ब्ली)-*adv*. in a faultless manner. अनिन्द्यता से ।

**Irreprovable**-इर् रेँ-प्रूव्' - ऑ - बल्- *adj*. blameless. निर्दोष ।

**Irresistible**-इर् रेँ-ज़िस्ट्'-इ-बल्- *adj*. convincing, unopposable. अनिवार्य, अप्रतिहत ; **Irresistibly** ( -इब्-ली )-*adv*. in an unopposable manner. दुर्निवारता से ।

**Irresolute**-इर्-रेँज़्' - ऑ-ल्यूट्-*adj*. undecided, hesitating, wavering. अस्थिर, चंचलचित्त, डवाँडोल ; **Irresolutely** (-ली) -*adv*. without firmness of mind. अधीरता से, चंचलता से ; **Irresoluteness** ( -नॅस् )-*n*. want of firmness. चपलता, चंचलता ।

**Irresolution**-इर्-रेँज़्-ओ-ल्यू'-शॉन्-*n*. want of resolution. अस्थैर्यता ।

**Irresolvable**-इर्'-रेँ-ज़ाल्' - वॅ - बल्-*adj* that cannot be divided into parts. विभाग न करने योग्य ।

**Irrespective**-इर्'-रेँ-स्पॅक्'-टिव् – *adj*. not taking into consideration, without reference to. बिना अपेक्षा का, पृथक्

Irrespectively (-ली) -*adv.* without regard to. बिना अपेक्षा के ।

**Irresponsibility**-इर्-रॅस्-पॉन्'-सि-बिल्'-इ-टी-*n.* want of responsibility. अनुत्तरदायित्व, जवाबदेही का न होना ।

**Irresponsible**-इर्'-रॅ-स्पॉन्'-सि-ब्ल-*adj.* not responsible, without due responsibility. बिना उत्तरदायित्व का, अप्रष्टव्य ; **Irresponsibly** (-सिब्-ली) *adv.* so as not to be responsible. बिना जवाबदेही के ।

**Irresponsive** - इर्'-रॅ-स्पॉन्-सिव्' -*adj.* not responsive. प्रतिवचन न देनेवाला ; **Irresponsiveness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being irresponsive. उत्तरदायित्व का अभाव ।

**Irretentive** - इर्'-रॅ-टॅन्'-टिव् - *adj.* not retentive. न रोकने योग्य ; **Irretentiveness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being irretentive. अनिवार्यता ।

**Irretrievable** - इर्-'रॅ-ट्रीव्'-अॅ-ब्ल -*adj.* that cannot be remedied, incurable. असाध्य, बिना उपाय का ; **Irretrievably** (-अॅब्-ली)- *adv.* in an incurable manner. असाध्यता से ।

**Irreverence** - इर्-रॅव्'-अर्-ॲन्स्- *n.* want of reverence. अपमान, तिरस्कार ।

**Irreverent** - इर्-रॅव्'-अर्-ॲन्ट् - *adj.* lacking in reverence. अपमानी, अनादर करनेवाला ।

**Irreverential** - इर्-रॅव्'-अर्-ॲन्'-शॅल्-*adj.* pertaining to irreverence. अपमानी; **Irreverently** (-ली)-*adv.* in an irreverent manner. अपमान से ।

**Irreversibility** - *n.* see Irreversible.

**Irreversible**- इर्'-रॅ-वर्'-सि-ब्ल - *adj.* not alterable. अपरिवर्तनीय, न बदलने योग्य ; **Irreversibility** ( -बिल्'-इ-टी ) -*n.* the state of being unalterable. अपरिवर्त्तनीय ; **Irreversibly** ( -सिब्'-ली ) -*adv.* in an unalterable manner. न बदलते हुए ।

**Irrevocability**- इर्-रॅ-वोक्'-अॅ - बिल्'- इ-टी- *n.* the state of being unalterable. अखण्डनीयता ।

**Irrevocable**-इर्-रॅव्'-ओक्- अॅ- ब्ल - *adj.* unalterable, incapable of being recalled. अखण्डनीय, अन्यथा न करने योग्य, अटल ; **Irrevocably** ( -कॅब्'-ली ) -*adv.* in an irrevocable manner. अटलता से ।

**Irrigable** - इर्-रिग्'-अॅ-ब्ल - *adj.* able to be watered. सींचने योग्य ।

**Irrigate**-इर्-रि-गेट्' - *v. t.* to supply land with water. जलसे सींच कर खेत आदि में जल देना ।

**Irrigation**-इर्-रि-गे'-शॉन्- *n.* the act of irrigating. सिंचाई का काम ।

**Irrigative** इर्-रि-गे'-टिव्- *adj.* able to be irrigated or moistened. पानी देने योग्य, सींचने योग्य ।

**Irrigator** -इर्-रि-गे'टॉर् - *n.* one who irrigates. सींचने वाला मनुष्य ।

**Irritability**-*n.* see Irritable.

**Irritable** - इर्'-रि-टॅ-ब्ल - *adj.* easily irritated or made angry. शीघ्र क्रुद्ध होनेवाला ।

**Irritability**-इर'-रि-टॅ-बिल्'-इ-टी-*n.* susceptibility to irritation. चण्डप्रकृति, ( शीघ्र कोपत्व ) ।

**Irritably** - इर्- रि-टॅब्'-ली - *adv.* in an irritable manner. चिड़चिड़ाहट से ।

**Irritancy** - इर्-रि - टॅन्'- सी-*n.* the state of being irritant. चिड़चिड़ाहट ; **Irritant** (-टॅन्ट् ) -*adj.* irritating. चंचलता लानेवाला ।

**Irritate** - इर्'-रि-टेट्- *v. t.* to provoke, to annoy, to vex. क्रुद्ध करना, चिढ़ाना, कुढ़ाना ।

**Irritating**-इर्-रि-टेट्'-इङ्- *adj.* exciting. चिढ़ाने या कुढ़ाने वाला ।

**Irritatingly**-इर्-रि-टे'-टिङ्ग्-ली- *adv.* in an irritating manner. चिढ़ाते हुए ।

**Irritation** - इर्-रि-टे'-शॉन्- *n.* the act of irritating. क्रोध, सन्ताप ।

**Irritative** - इर्-रि-टे-टिव्- *adj.* tending to irritate. सन्तापक, चिढ़ानेवाला ।

**Irruption**-इर् - रप्'- शॉन् - *n.* a bursting in, a sudden invasion. विस्फोट, ( फूट उठना ), धावा ( चढ़ाई ) ।

**Irruptive**-इर्-रप्ट्'-इव्-*adj.* rushing upon. स्फोट होने योग्य ; **Irruptively** (-ली)-*adv.* स्फोट होते हुए ।

**Is**-इज़्-*v. t.* present tense, third person, singular number of the verb 'to be.' है ।

**Isagogic** – आइ' - सीं- गॉज़्' - इक् – *adj.* introductory. भूमिका सम्बन्धी।

**Isinglass** – आइ' – ज़िङ्ग् – ग्लास् – *n.* a gelatinous substance obtained from fish. मछली का सरेस।

**Island**–आइ' - लैन्ड्- *n.* a piece of land which is surrounded on all sides by water. द्वीप, टापू।

**Islander**–आइ-लैंड्'-अर्– *n.* an inhabitant of an island.द्वीपवासी, टापू पर रहनेवाला।

**Isle**–आइल्–*n.* an island. टापू।

**Islet**–आइ'– लैट् – *n.* a little island. छोटा द्वीप या टापू।

**Ism**–इज़्म् *n.* a theory. सिद्धान्त।

**Iso**–आइ'सो- *pref.* in the sense of 'equal'. 'तुल्य' अर्थ का उपसर्ग।

**Isobar**–आइ'-सो-बार्- *n.* the line on a map connecting places having equal barometric pressure. नक्शे में वह कल्पित रेखा जो उन स्थानों को जोड़ती हुई खींची जाती है जहाँ पर हवा का दबाव समान होता है।

**Isochromatic**–आइ'-सो-क्रो-मैट्'-इक्–*adj.* having the same colour. एक ही रंग का।

**Isolate**–आइ-सो-लेट्'–*v. t.* to place apart. विच्छेद करना, अलगाना, अलग रखना; **Isolated** (-ऐड्)-*adj.* separated. अलगाया हुआ।

**Isolation**–आइ-सो-ले'-शॉन्–*n.* the state of being isolated, पृथक्त्व, अलगाव।

**Isolator**–आइ-सो-ले'-टॉर्– *n.* that which isolates. अलगाने वाला।

**Isometric** – आइ'-सॉ-मैट्'-रिक्- *adj.* with equality of measure. एक परिमाण का।

**Isosceles**–आइ-सास्'-सें-लीज़्– *adj.* of a triangle with two equal sides. समबाहु द्विभुज (त्रिकोण जिसकी दो भुजा बराबर हो) संबंधी।

**Isotherm** – आइ'-सो-थर्म् – *n.* the line of equal thermometer heights. सम शीतोष्ण स्थानों से खींची हुई रेखा।

**Issue**–इस्'-यू- *n.* a flowing out, an egress, outlet, consequence, ultimate result, offspring, produce of earth, profits of property, the point of matter depending in a suit, the point in a debate. प्रवाह, बहाव, निर्गम, नदी मुख, उत्तर फल, परिणाम, सन्तति, उपज, लाभ, विचारणीय विषय, तनक़ी; -*v. i.* to pass out, to proceed, to come to a point, to end. निकलना, बढ़ना, किसी विषय का स्थिर होना, समाप्त होना; -*v. t.* to put into circulation, to deliver for use. प्रचार करना, प्रकाशित करना; **At issue** (in debate.) शास्त्रार्थ विषय; **Issue of fact** (subject under discussion.) विवाद का विषय; **Issue of law** (a legal discussion.) क़ानूनी बहस।

**Issueless** – इस्'-यू-लैस्- *adj.* having no progeny. निर्वंश।

**Isthmus**–इस्ट्'-मस्– *n.* a narrow strip of land joining together two larger portions. संयोगभूमि, भूडमरुमध्य।

**It**–इट्–*pron.* (*pl.* They, *obj.* Them, *poss.* Their.) the thing spoken of. यह, वह; **It is I**–यह मैं हूं; **It rains.** वर्षा होती है; **It is hot.** गर्मी है; **It is good to read.** पढ़ना अच्छा है।

**Italian**–इट-टैल्'-यॅन्- *adj.* & *n.* of Italy or its language. इटली देश का, इटली देश की भाषा।

**Italicize**–इट्-ऑल्'-इ-साइज़्- *v. t.* to print in italics. तिरछे अक्षरों में छापना।

**Italics**– इट्-ऑल्'-इक्स्– *n. pl.* a kind of types which *slope to the right.* छापे के अक्षर जो दाहिनी ओर झुके होते हैं।

**Itch**–इच्- *n.* an irritative cutaneous disease. खाज, खुजली; -*v. i.* to feel itching, to have constant desire for. खुजली होना, उत्कट इच्छा होना।

**Itchiness**–इच्'-इ-नॆस्- *n.* itch. खुजली।

**Itchy**–इच्'-ई- *adj.* infected with itch. खुजली का।

**Item** आइ'-टॆम्– *n.* an article, a separate particular, a hint. वस्तु, विषय, भिन्न भाग, मद।

**Iterance**– इट्'-अर्-ऑन्स्– *n.* repetition. दोहराव।

**Iterant**– इट्'-अर्-ऑन्ट्– *adj.* repeating. दोहराता हुआ।

**Iterate**–इट्'-अर्-एट्' – *v. t.* to repeat, to do repeatedly. पुनरुक्ति करना, दोहराना।

**Iteration**–इट्-अर्-ए'-शॉन्– *n.* repetition. पुनरुक्ति, दोहराव।

**Iterative**–इट्'-अर्-ऑट्-इव्– *adj.* tending to iterate. बारम्बार करने वाला।

**Itinerancy**- इ-टिन्'-अर्-ऑन्-सी - *n.* passing from place to place. भ्रमण, दौरा।

**Itinerant** - इ-टिन्'-अर्- ऑन्ट् - *adj.* wandering, travelling in a circuit. भ्रमण-शील, घूमने वाला।

**Itinerary**- इ-टिन्'-ऍ-रीं-रि- *adj.* & *n.* travelling, a guide-book for travellers घूमने वाला, मार्ग सूचक पुस्तक।

**Itinerate**-इट्-इन्-अर्'-एट्- *v. i.* to travel from place to place. घूमना, दौरा करना।

**Its**-इट्स्- *pron. poss.* of It. इसका।

**Itself**-इट्-सेल्फ्' - *pron.* reflexive form of 'it.' स्वयं उसका, आपही आप।

**Ivory**- आइ'-वॉ-री- *n.* the tusk of an elephant. हाथीदाँत ;-*adj.* made of ivory. हाँथीदाँत का बना हुआ ; **Ivory black** ( a kind of charcoal powder. ) एक प्रकार का चमकीला काला रंग।

**Ivy**-आइ'-वी- *n.* an evergreen creeper. सिरपेंचे की लता।

**Izard**-इज़्'-ऑड्ड्- *n.* a kind of antelope. एक प्रकार का बारहसिंघा।

---

**J**-जे-the tenth letter of the English alphabet, developed from I, not found in English books before the middle of the seventeenth century. अंग्रेजी वर्णमाला का दसवाँ अक्षर, इस अक्षर के स्थान में सत्रहवीं शताब्दी के मध्य तक अंग्रेजी पुस्तकों में प्रायः I अक्षर का ही प्रयोग होता था ; J-pen ( a broad-pointed nib. ) चौड़े नोक की निब (जीभी) जिसपर J अक्षर छपा होता है।

**Jab**- *v. t.* ( *p. t.* Jabbed.) to thrust or poke roughly. रूक्षता से घुसाना या भोंकना; -*n.* stabbing with something printed, a sudden thrust. किसी नोकीले पदार्थ से कोंचना।

**Jabber**-जैब्'-बर्- *v. i.* to utter rapidly and indistinctly. बड़बड़ाना, अस्पष्ट बोलना; Jabberer (-अर्) -*n.* one who jabbers. बड़बड़िया, बकवादी।

**Jabiru**-जैब्-ऍ-रू -*n.* a kind of large stork. एक प्रकार का बड़ा सारस।

**Jabot**- जैब्'-ओ- *n.* a lace worn on a woman's bodice. स्त्रियों की कुर्तियों में लगाने की लैस या किनारी।

**J cinth**-ज'-सिन्थ्- *n* a gem of reddish-orange colour, hyacinth. नारंगी रङ्ग का एक रत्न।

**Jack**-जैक्- *n.* a familiar form of John, a knave, a machine for lifting heavy weights, male ass, a blockhead, the knave at cards, a ship's flag, a sleeveless jacket, a kind of fruit, "जान्" का प्रचलित रूप, दुष्ट, ताश में का गुलाम, भारी बोझ उठाने का यन्त्र, नर गदहा, मूर्ख, जहाज का झंडा, कुर्ता, कटहल;-*v. t.* to lift with a jack. यन्त्र द्वारा भार उठाना ; Boot-jack-*n.* ( a frame for making boots. ) जूता बनाने का फ़र्मा; Jack and Gill ( every person. ) प्रत्येक मनुष्य ; Jack-boots ( heavy boots. ) भारी बूट; Jackdaw ( the daw. ) काला ( डोम ) कौवा ; Jack of all trades ( one who engages himself in all sorts of work.) सभी काम में हाथ डालने वाला ; Jack in the box ( a kind of toy shut up in a box. ) एक प्रकार का डिबिया में बन्द किया हुआ खिलौना ; Jack-pudding (merry-andrew, a buffoon. ) मसखरा, विदूषक ; Jack-straw ( a worthless person. ) क्षुद्र पुरुष; Jack-tar (a sailor.) नाविक, मल्लाह।

**Jackal**-जैक्'-ऑल्-*n.* an animal of the dog species. शृगाल, सियार, गीदड़।

**Jackass**-जैक्'-ऐस्-*n.* the male of the ass, a fool. नर गदहा, मूर्ख।

**Jacket**-जैक्'-ऍट्- *n.* a short-sleeved. coat, the outer covering round a boiler. जाकिट ( मिर्जई, बंडी, फ़तुही ), बायलर का बाहरी भाग।

**Jack - plane**-जैक्' - प्लेन्-*n.* a carpenter's tool for rough planing. बढ़ई का बड़ा रन्दा



Jack-plane.

**Jacob**-जे'-कब्-*n.* a ladder of rope. रस्से की सीढ़ी जो जहाज पर प्रयोग होती है।

**Jacobin**-जैक्'-ओ-बिन्-*n.* a kind of pigeon, a demagogue. प्रजानायक, मुर्रा कबूतर,

**Jacobite**-जैक्'-ओ-बाइट्-*n.* the follower of James II. इङ्गलैन्ड के राजा जेम्स द्वितीय का अनुयायी।

**Jaconet**-जैक्'-ओ-नेट्-*n.* a kind of cotton cloth. एक प्रकार का सूती कपड़ा।

**Jactitation**- जैक्' - टि - टे' - शॉन्-*n.* a tossing of the body, a twisting of the limbs. शरीर की ऐंठन।

**Jaculate**-जैक्' - यू - लेट्- *v. t.* to dart. निशाना लगाना।

**Jaculation**-जैक्-यू-ले'-शॉन्-*n.* the act of throwing. फेंकान।

**Jaculatory** - जैक् - यु - लेट्' - ऑर् - ई *adj.* throwing out. फेंकता हुआ।

**Jade**-जेड्-*n.* an inferior kind of horse. मड़ियल घोड़ा ;-*v. t.* to wear out. थकाना।

**Jadery**-जेड्'-अर्-ई - *n.* the tricks of a jade. मड़ियलपन।

**Jaeger**-ज'-गर्- *v.* pure woollen clothing-material. शुद्ध ऊनी वस्त्र।

**Jag**-जैग्-*n.* the sharp point of a rock. चट्टान का नोकीला भाग ; -*v. t.* ( *p. t.* Jagged. ) to notch in an uneven manner. टेढ़ामेढ़ा काटना ; Jaggedly (-गेड्'-ली )-*adv.* टेढ़ी रीति से ; Jaggedness (-गेड्'-नेस्)-*n.* the state of being jagged. खुरखुरापन ; Jaggy ( -गी )-*adj.* notched, rough-edged. नोकदार।

Jaguar-जॅग्'-यू-ऑर्-*n.* an American carnivorous quadruped. अमेरिका का एक मांसभक्षी पशु ।

Jail-जेल्-*n.* same as Gaol, a prison. बन्दीगृह, कैदखाना ; Jail-bird-*n.* a prisoner. कैदी ।

Jailer, Jailor-जेल्'-ऑर्-*n.* the keeper of a prison, a turnkey. कारागार का अध्यक्ष ।

Jalap-जॅल्'-ऑप्-*n.* a kind of purgative drug. एक प्रकार की रेचक (दस्त लाने वाली) ओषधि ।

Jam-जॅम्-*n.* a conserve of fruits boiled in sugar. मुरब्बा, मीठा अचार ।

Jam-जॅम्-*v. t.* (*p. t.* Jammed.) to squeeze, to thrust violently, to crowd. निचोड़ना, ढकेलना, भीड़ मचाना ।

Jamb-जॅम्-*n.* the side-piece of a door or window, the side of a fire-place. द्वार या खिड़की का पाखा, चूल्हे का किनारा ।

Jangle-जॅङ्ग्' - गल्-*v. i.* & *t.* to make a harsh noise, to speak in a noisy way. कर्कश शब्द (शोर) करना;-*n.* a discordant sound. शोर, बकवाद ।

Jangler-जॅङ्ग्'-लर्-*n.* a noisy fellow. शोरगुल मचाने वाला मनुष्य ।

Jangling-जॅङ्ग्'- लिङ्ग्- *n.* a noisy dispute. कोलाहल सहित झगड़ा ।

Janitor-जॅन्'-इ - टॉर्-*n.* a doorkeeper, a porter. द्वारपाल ; Janitrix (-ट्रिक्स्)-*n.* *fem.* a female doorkeeper. द्वारपालिका ।

January-जॅन्' - यू-ऑ - री - *n.* the first month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का पहिला महीना, जनवरी ।

Japan-जॅ-पॅन्'-*n.* an empire on the east of Asia. जापान देश ; -*v. t.* to varnish, to black. वार्निश करना, काला रङ्ग करना ; -*n.* Japanese varnish. ऐसी वार्निश या ऐसा रङ्ग ; Japanese (-ईज़्') -*n.* &*adj.* a native of Japan, of Japan. जापान देश का निवासी, जापानी ।

Jape-जेप्-*n.* jest, joke. हँसी, दिल्लगी ।

Jar-जार्-*n.* harsh sound, shock, quarrel, a big vessel of stone, earth or glass. कर्कश शब्द, धक्का, झगड़ा, घड़ा, लोटा ; -*v. i.* & *t.* (*p. t.* Jarred.) to make a grating sound, to vibrate, to dispute, to quarrel. घरघराहट का शब्द करना (खड़खड़ाना), झगड़ा करना ।

Jarring-जार्'-रिङ्ग् - *adj.* discordant. कर्कश ; Jarringly (-इङ्ग्-ली) -*adv.* in a jarring manner. घड़घड़ाहट से, झगड़े से।

Jargon-जॉर्'- गॉन्-*n.* an unintelligible speech, a speech full of slangs, unfamiliar words. अनर्थक वचन, अनर्गल वाक्य, बेमतलब के शब्द ; Jargonize (-आइज़्)-*v. t.* & *i.* to utter jargon. अनर्गल वाक्य बोलना ।

Jarvey-जॉर्'-वी- *n.* the coachman of a hackney-carriage. किराये की गाड़ी हाँकने वाला ।

Jasmin, Jasmine, Jessamin, Jessamine-जॅस्'- मिन् - *ns.* a shrub with white fragrant flowers. मल्लिका, माधवी, चमेली ।

Jasper-जॅस्'-पर्-*n.* a kind of opaque quartz, a precious stone. सूर्यकान्तमणि, एक प्रकार का रत्न ।

Jaundice-जॉन्'-डिस्-*n.* a morbid state of body in which the skin becomes yellow. पाण्डु रोग, कामला रोग ।

Jaunt-जॉन्ट्-*v. i.* to ramble for pleasure. विहार करना, आनन्द के लिये भ्रमण करना ;-*n.* a tour, an excursion, a ramble. विहार, पर्यटन, भ्रमण; Jauntily (-इ-ली) -*adv.* in a jaunty manner. विहार करते हुए ; Jauntiness (-इ-नेस्)-*n.* the quality of being jaunty. विहार ।

Jaunty-जॉन्ट्' - ई-*adj.* sprightly, showy. आनन्द करने वाला, दिखावटी ।

Javelin-जॅव्'-ऍ-लिन्-*n.* a kind of light spear. एक प्रकार की बर्छी या भाला ।

Magnifico – मॅग् - निफ़्' - इक्-ओ – *n.* a grandee. यशस्वी, रईस ।

Magnify–मॅग्'-नि-फ़ाइ-*v. t.* ( *p. t.* Magnified) to exaggerate, to increase the size of, to extol. बढ़ाना, अधिक करना, अतिशय वर्णन करना ।

Magnifying glass – मॅग्'-नि-फ़ाइ-इङ्ग्-ग्लास्-*n.* a convex lens, the objects seen through which have their apparent dimensions increased. वृहणयन्त्र, आतशी शीशा ( ताल ) ।



Magnifying glass.

Magniloquence–मॅग्-निल्'-ओ-क्वेन्स्– *n.* a pompous style. प्रौढ़ भाषण ।

**Magniloquent**-मैग्-निल्'-ओं-क्वेन्ट् - *adj.* bragging, speaking pompously, boastful. धृष्टवाक्यवाला, शेखीबाज; **Magniloquently** ( -ली ) -*adv.* in a boastful manner. प्रगल्भ वाणी से।

**Magnitude**-मैग्'-निट्-यूड्- *n.* largeness, bulk, size, importance. परिमाण, मात्रा, आकार, महत्व ; **Of the first magnitude** ( of the greatest importance. ) सबसे अधिक महत्व का।

**Magnolia**-मैग्-नो'-लि-ओं-*n.* a kind of large flowering tree. बड़े फूलवाला एक प्रकार का वृक्ष।

**Magnum**-मैग्'-नम्-*n.* a bottle containing about eighty ounces of liquid. अस्सी आउन्स तरल पदार्थ रखने का बोतल।

**Magnum bonum**-मैग्-नम्-बो'-नम् -*n.* a kind of large plum or potato. एक प्रकार की बड़ी बेर या आलू।

**Magpie**-मैग्'-पाइ-*n.* a chattering bird with long tail and black and white plumes. नीलकण्ठ पक्षी।

**Magus**-मे'-गस्-see Magi.

**Mahl-stick**-माल्' - स्टिक्-*n.* a painter's hand-rest. मुसव्वर की हाथ टेकने की तख्ती

**Mahogany**-मो-हाग्'-ओं-नी-*n.* an American tree much used for furniture. महोगनी वृक्ष।

**Maid**-मेड्-*n.* ( *mas.* Bachelor ) a young unmarried woman, a girl, a female servant. कन्या, कुमारी, अविवाहिता, दासी; **Maid of Honour** (a female attendent upon a queen. ) रानी या राजकुमारी की सेविका या दासी।

**Maiden**-मेड्'-ऍन्-*n.* & *adj.* a virgin, a maid, unused, fresh, new. युवती, बालिका, कुमारी,कन्या,ताज़ी, नई ; **Maidenhead** ( virginity. ) तारुण्य; **Maidenhood** ( -हुड् ) -*n.* virginity. तारुणता ; **Maidenly** ( -ली ) -*adj.* like a maid, modest, gentle. कुमारी योग्य, विनीत, नम्र ; **Maiden name** ( surname of a girl before marriage. ) स्त्री का विवाह के पहिले का नाम ; **Maiden speech** ( the first speech of an orator. ) वक्ता का पहिला व्याख्यान।

**Mail**-मेल्-*n.* an armour of chainwork, a bag for the conveyance of letters, the postal system. शरीरत्राण, कवच, डाक का थैला, डाक विभाग ; *v. t.* to send letters &c. by post. डाक द्वारा चिट्ठी इत्यादि भेजना।

**Mailable**-मेल्'-ओं-ब्ल्-*adj.* able to be mailed. डाक से भेजने योग्य।

**Mailcoach** - मेल्'-कोच् - *n.* a coach for carrying mail. डाक ले जाने की गाड़ी।

**Mail-train**-मेल्'-ट्रेन्-*n.* a train that carries the mail. डाक गाड़ी।

**Maim**-मेम्-*v. t.* to cripple, to mutilate. अङ्गहीन करना, काटना ; -*n.* mutilation. हीनाङ्गता ; **Maimed** ( -ड् ) -*adj.* crippled. हीनाङ्ग।

**Main**-मेन्-*n.* physical force, the sea, a chief gas or water pipe or cable of electric current. शारीरिक बल, बड़ा हुआ समुद्र, गैस या पानी की प्रधान नली, बिजली की धारा ले जानेवाला प्रधान तार ; -*adj.* principal, chief, most important. मुख्य प्रधान, श्रेष्ठ ; **In the main** ( chiefly. ) प्रधान रूप से ; **Mainland** ( principal land. ) प्रधान द्वीप ; **Mainly** (-ली) -*adv.* principally, chiefly. प्रधान रूप से, विशेष करके ; **Main mast** ( the principal mast of a ship. ) जहाज़ का प्रधान मस्तूल ; **Main spring** ( the principal spring of a watch or clock. ) घड़ी की बड़ी कमानी ; **Mainstay** ( the principal support. ) प्रधान आश्रय ; **Main stock** ( capital. ) मूलधन ; **With might and main** ( with full force. ) सम्पूर्ण बल से।

**Maintain**-मेन्-टेन्'-*v. t.* to keep up, to hold, to support, to continue, to furnish, to uphold, to defend, to assert as true. अवलम्बन करना, प्रतिपादन करना, निर्वाह करना, सँभालना, धारण करना ( किसी सिद्धान्त को स्वीकार करना )।

**Maintainable**-मेन्-टेन्'-ओं-ब्ल्-*adj.* that may be supported. प्रतिपादन करने ( सँभालने ) योग्य।

**Maintenance**-मेन्' - टॅन् - ऑन्स्-*n.* subsistence, means of support. जीविका, रक्षा, निर्वाह।

**Maize**-मेज़्-*n.* Indian corn. जुआर, भुट्टा;

**Maizena**-मो-ज़ीन्'-ओं-*n.* maize starch. भुट्टे का आटा।

**Majestic**-मो-जैस्ट्-इक्, **Majestical** (-ऑल्)

-*adjs.* splendid, sublime, stately. प्रभावशाली, ऐश्वर्यपूर्ण ; Majestically ( -ऑल्-ली) -*adv.* in a majestic manner. गौरव के साथ, ऐश्वर्य से ।

Majesty–मीज्'-ऐस्-टी–*n.* ( *pl.* Majesties) stateliness, sovereign power, greatness, grandeur, dignity. वैभव, राजप्रताप, गौरव, महिमा ; Your Majesty. महाराज।

Major–मे'-जॉर्–*n.* an officer in rank above a captain, a chief, a person of full age. सैन्यदल का अध्यक्ष, प्रमुख, अतीत शैशव ( बालिग ); -*adj.* greater, more important. प्रधान ( बड़ा ), आवश्यक ।

Majority–मीं-जॉर्'-इ-टी–*n*, greater number, full age. अधिक संख्या, पूर्ण अवस्था ।

Major-domo–मे'-जॉर्-डो'-मो–*n.* the chief official of a princely household. राजा की गृहस्थी का कार्यकर्ता ।

Majorship–मे'-जॉर् - शिप्– *n.* majority. अध्यक्षता, प्रमुखता ।

Majuscular–see Majuscule.

Majuscule–मीं-जस्'-क्यूल्–*n.* a capital letter. बड़ा अक्षर ; Majuscular ( -लॅर् ) -*adj.* pertaining to majuscule. बड़े अक्षर सम्बन्धी ।

Make–मेक्–*v. t.* ( *p. t.* & *p.p.* Made. ) to construct, to frame, to draw up, to perform, to compose, to execute, to establish, to collect, to prepare, to compel, to reach. बनाना, डालना, रचना, निर्माण करना, तैयार करना, लाचार करना, इकट्ठा करना, पहुँचना ; -*n.* shape, structure. आकार, ( रूप ) बनावट ; A self-made man ( a pesron who has risen by his own exertions. ) अपने बाहुबल से धन उपार्जन किया हुआ मनुष्य ; To make account of ( to esteem. ) प्रतिष्ठा करना; To make amends for ( to compensate. ) टोटा पूरा करना ; To make after ( to follow. ) अनुकरण करना ; To make anything of ( to conclude the meaning of. ) मतलब निकालना ; To make away ( to run away. ) भाग जाना ; To make fire ( to light fire. ) आग सुलगाना ; To make for ( to be fit for. ) योग्य होना ; To make friends ( to form friendship. ) मित्रता करना ; To make fun of ( to trifle with. ) दिल्लगी करना; To make light of ( to consider of no consequence. ) तुच्छ समझना ; To make merry ( to feast.) उत्सव मनाना ; To make off ( to run away. ) भाग जाना ; To make out ( to understand clearly, to furnish. ) समझना, पता लगाना ; To make over ( to transfer title of. ) सौंपना ; To make room ( to give place. ) जगह करना ; To make up ( to reconcile. ) पूरा करना, सजाना ; To make up one's mind ( to settle in mind. ) चित्त में स्थिर करना ; To make way ( to improve. ) उन्नति करना ।

Make-believe– मेक्'-बि-लीव्– *n.* a pretence. बहाना; -*adj.* sham. बनावटी, झूठा ।

Make-peace– मेक्' - पीस्– *n.* a peacemaker. शान्ति स्थापन करने वाला ।

Maker–मेक्'-अर्– *n.* one who makes. रचने वाला, बनाने वाला, कर्ता ; Maker of pots ( a potter. ) कोहार ।

Makeshift–मेक्'-शिफ्ट्– *adj.* temporary, expedient. क्षणिक, आवश्यक ।

Make-up–मेक्'-अप्– *n.* the part out of which a thing is made, arrangement of galleys of types into pages. टुकड़ा, जिससे कोई पूरी वस्तु बनती है, गेली के टाइप को यथास्थान रखकर पेज बाँधना ।

Makeweight– मेक्'-वेट्– *n.* that which is kept in the pan of a scale to make up the weight. पसँघा, धड़ा ।

Making– मेक्'-इङ्ग्– *n.* workmanship, material. विधान, रचना, बनावट ।

Mal–मॅल्– *pref.* in sense of 'bad.' उपसर्ग जिसका अर्थ 'बुरा' है, यथा– Maladdress, Maltreatment. इत्यादि ।

Malacca– मॅ-लॅक्'-ऑ– *n.* a town in Malaya Peninsula, dark brown cane of Malacca palm. मलाया प्रदेश का एक नगर, इस नगर की बेंत ।

Maladjustment–मॅल्'-ऑड्-जस्ट्'-मॅन्ट्– *n.* a faulty adjustment. बुरा प्रबन्ध ।

Maladministration– मॅल्-ऑड्-मिन्'-इस्-ट्रे'-शॉन्– *n.* bad management. कुशासन, बुरा प्रबन्ध ।

Maladroit–मॅल्'-ऑ'-ड्रॉयट्' – *adj.* clumsy. भद्दा, फूहड़ ; Maladroitly (-ली) *adv.* clumsily. भद्देपन से ; Maladroitness (-नॅस् ) -*n.* भद्दापन ।

Malady–मॅल्'-ऑ-डी– *n.* ( *pl.* Maladies.)

sickness, disease. रोग, व्याधि।

**Malaise**-मैलेज्-एज़्'-n. bodily discomfort. शारीरिक क्लेश।

**Malapert**-मैल्'-ॲ-पर्ट्- *adj.* impudent, saucy. अविनीत, ढीठ; **Malapertly** (-ली) *-adv.* impudently. ढिठाई से; **Malapertness** (-नेस्) *-n.* impudence. धृष्टता।

**Malaprop, Malapropism**- मैल्' - ॲप्-प्रॉप् ( -इज़्म् ) *-ns.* misusing a word in a ludicrous manner. भद्दी तरह से शब्द का प्रयोग करना; **Malapropian** (-इ-ॲन्) *n.* ऐसा प्रयोग करने वाला मनुष्य।

**Malapropos**- मैल्' - ॲप् - प्रॉ-पो'- *adv.* inopportunately, out of place. बुरे अवसर में, असमय।

**Malar**-मे'-लॅर्- *adj.* pertaining to the cheek. गाल (की हड्डी) सम्बन्धी।

**Malaria**- मी-लॅअर्'-इ-ॲ- *n.* a kind of fever caused by the bite of certain mosquitoes. एक प्रकार का ज्वर जो विषैले मच्छड़ों के काटने से उत्पन्न होता है; **Malarial** ( -ॲल ), **Malarious** (-अस्) *-adjs.* pertaining to malaria. मलेरिया संबंधी।

**Malcontent**-मैल्'-कॉन्'-टेन्ट्- *n.* & *adj.* a discontented person, rebellious. असन्तुष्ट मनुष्य, अतृप्त; **Malcontentedly** ( -टेड् - ली ) *-adv.* with discontent. असन्तोष से।

**Male**-मेल्- *n.* ( *fem.* Female. ) a male animal or plant. नर पशु या वनस्पति; *-adj.* pertaining to men or male animals, masculine. पुरुष संबंधी, पुल्लिंग; **Male child** ( a boy. ) बालक, पुत्र; **Male species** ( species of masculine sex. ) पुरुष जाति।

**Malediction**-मैल्-ऍ-डिक्'-शॉन्- *n.* a curse, evil speaking. शाप, दुर्वचन; **Maledictory** (-टॉर्'-ई ) *-adj.* of evil speaking. अभिशापक, दुर्वचन का।

**Malefaction**- मैल् - ऍ-फ़ैक्'-शॉन्- *n.* a curse. शाप, पाप।

**Malefactor**-मैल्-ऍ-फ़ैक्'-टॉर्- *n.* ( *fem.* Malefactress.) an evil-doer, a criminal. पापी, अपराधी, कुकर्मी।

**Malefic**- मॅ-लॅफ़्' - इक्- *adj.* harmful. हानिकर, नुक़सान पहुँचाने वाला।

**Maleficence**-मैल्-ऍफ़्'-ऍ-सॅन्स् - *n.* evil-doing, ill-will. अपकार।

**Maleficent**-मैल्-ऍफ़्'-इ-सॅन्ट्-*adj.* harmful, injurious. अपकारी।

**Malevolence**-मॅ-लॅव्'-ऑ-लॅन्स्- *n.* ill-will, spitefulness. द्रोह, दुष्ट भाव।

**Malevolent**- मॅ-लॅव्'-ऑ-लॅन्ट्- *adj.* spiteful, envious. द्रोही, कुबुद्धि; **Malevolently** ( -ली ) *-adv.* spitefully. अहित की इच्छा से।

**Malformation**-मैल्' - फ़ॉर्म्-ए'-शॉन्- *n.* bad formation. भ्रष्ट रचना, बुरी बनावट; **Malformed** ( -ड् ) *-adj.* badly formed. भद्दी बनावट का।

**Malice**-मैल्'-इस्- *n.* ill-will, wrongful intention, spite. द्वेष, ईर्षा, डाह।

**Malicious**-मैल्-इश्'-अस्- *adj.* spiteful. द्रोही, पापात्मा; **Maliciously** (-ली) *-adv.* with ill-will. ईर्षा से, द्रोह से; **Maliciousness** ( -नेस् )- *n.* the quality of being malicious. ईर्षा, द्वेष।

**Malign**-मॅ-लाइन्'- *v. t.* to speak ill of, to defame, to regard with hatred. कलङ्कित करना, बदनाम करना, दूषित करना, घृणा करना; *-adj.* injurious, malicious. दुर्बुद्धि, ईर्षालु।

**Malignancy**- मॅ-लिग्'-नॅन्-सी- *n.* unfavourableness. द्रोह, कपट।

**Malignant**-मॅ-लिग्'-नॅन्ट्- *adj.* harmful to life, malicious, showing ill-will. दुराशय, द्रोही, कपटी; **Malignantly** (-ली)- *adv.* द्रोह से, कपट से।

**Malignity**- मॅ-लिग्'-नि-टी- *n.* extreme ill-will or malice. बहुत बड़ा द्वेष या ईर्षा।

**Malignly**-मॅ-लाइन्'-ली- *adv.* with malice or ill-will. ईर्षा से, द्रोह से

**Malingerer**-मॅ-लिङ्ग्'-गर्-अर्- *n.* one who pretends illness to escape from duty. काम से भागने के लिये रोग का बहाना करनेवाला।

**Malism**-मैल्'-इज़्म्- *n.* the belief that there is more evil than good in the world. यह विश्वास कि संसार में भलाई की अपेक्षा बुराई अधिक है।

**Malison**-मैल्'-इ-ज़ॉन्- *n.* a curse. शाप।

**Mall**-मॉल्- *n.* a sheltered walk. टहलने का छायादार मार्ग, ठन्डी सड़क।

**Mallard**- मैल्'-ॲर्ड् *n.* the common wild duck. जङ्गली बत्तक।

**Malleability**-मॅ-लॅ-ॲ-बिल्'-इ-टी, **Malleableness** ( -नेस ) *-ns.* the quality of

being malleable. बढ़ने की योग्यता, मुलामियत, लचीलापन ।

**Malleable**– मॅल्' - लॅं-ऑं-बल्- *adj.* that can be extended by hammering without returning to its previous condition. पीटकर बढ़ाने योग्य, लचीला ।

**Malleate**-मॅल्'-लॅं-एट्- *v. t.* to extend a plate by hammering. हथौड़े से पीट कर चद्दर को बढ़ाना ।

**Mallet**-मॅल्'-लॅट्- *n.* a wooden hammer. लकड़ी की हथौड़ी, मुँगरी ।



Mallet.

**Malleus**-मॅल्'-लॅं-अस्- *n.* the bone of the ear. कान में की हड्डी ।

**Mallow**-मॅल्'-लो- *n.* a wild plant. एक प्रकार का जङ्गली पौधा ।

**Malm**– मॉम् – *n.* soft chalky rock. मुलायम खड़िया मिट्टी की चट्टान ।

**Malnutrition**-मॅल्-न्यू-ट्रिश्'-ऑन् *-n.* insufficient or unsuitable feeding or diet. अपर्याप्त पोषण ।

**Malodorous**-मॅल्-ओ'-डॉर्-अस्-*adj.* foul-smelling. दुर्गन्ध युक्त, बदबूदार ।

**Malpractice**-मॅल्-प्रॅक्'-टिस्-*n.* evil practice, wrong doing, illegal practice. दुराचार, कुचरित्र, बुरीचाल ।

**Malt**-मॉल्ट्-*n.* barley or other grain prepared for brewing. जव या दूसरा अन्न जो मदिरा बनाने के लिये तैयार किया जाता है ; *-v. t.* to make into malt. जव का सत्व निकालना ; **Malt-liquor** ( liquor prepared from fermented malt. ) जव की मदिरा ।

**Maltha** – मॅल्'-थॅ-*n.* a kind of cement. एक प्रकार का जोड़ने का मसाला ।

**Maltose** – मॉल्ट्'-ओस्-*n.* sugar which is obtained from starch. रासायनिक क्रिया से निकाली हुई चीनी ।

**Maltreat**-मॅल्-ट्रीट्'-*v. t.* to treat badly; to abuse. बुरा व्यवहार करना, गाली देना ; **Maltreatment** ( मॅन्ट् ) *-n.* ill-treatment अपकार, दुराचार ।

**Malversation**-मॅल्'-वर्-से'-शॉन्-*n.* fraudulent artifice, corrupt behaviour. दुष्ट व्यवहार, शठता, खोटा कार्य ।

**Mamma**-मॅम्'-मा-*n.* a familiar name for mother. माता, अम्मा ।

**Mammal** – मॅम्'-मॅल्-*n* an animal that suckles its young. अपने बच्चों को दूध पिलानेवाला प्राणी ।

**Mammalia** – मॅम्-मे'-लि-ऑं – *n. pl.* the highest form of vertebrates. अपने बच्चों को दूध पिलाने वाले पशुओं में श्रेष्ठ प्राणि ।

**Mammary**-मॅम्'-मॅं-री-*adj.* pertaining to the breasts. स्तन संबधी ।

**Mammilla** – मॅं-मिल्'-लॅं- *n.* the nipple of female breast. चूचुक, चूची; **Mammillary** ( -री ) *-adj.* pertaining to the nipples. स्तन सम्बन्धी ; **Mammillated** (-लॅं'-टॅड्) *-adj.* of the form of a nipple, endowed with breasts. स्तन के आकार का बना हुआ, स्तन युक्त ।

**Mammon**-मॅम्'-मॉन्-*n.* riches, wealth, god of wealth. धन, लक्ष्मी, कुबेर ; **Mammonish** ( -इश् ) *-adj.*, absorbed in the pursuit of riches. धनपरायण; **Mammonism** ( -इज़म् ) *n-.* the pursuit of wealth. धनपरायणता ।

**Mammoth** – मॅम्'-मॉथ्- *adj.* huge, very large. बहुत बड़ा, महान् ।

**Man**-मॅन्-*n.* (*pl.* Men, *fem.* Woman. ) a human being, person, human race, male sex, male servant, adult, male individual, husband मनुष्य, पुरुष, नर, मनुष्य जाति, नौकर, व्यक्ति, पति; *-v.t.* (*p.t.* Manned ) to furnish with men, to fill, to fortify. सेना से भरना, पूरित करना, पुष्ट करना ; **All to a man** ( every individual. ) प्रत्येक व्यक्ति ; **Little man** ( a small boy. ) छोटा लड़का; **Man and wife** ( husband and wife. ) पति और पत्नी ; **Man-at-arms** (a soldier.) योद्धा, सिपाही ; **Man-hole** ( a hole through which a man may enter a drain. ) नाली में मनुष्यों के उतरने का छिद्र ; **Man in the street** ( the average man. ) सामान्य मनुष्य ; **Man of letters** ( a scholar.) विद्वान् मनुष्य ; **Man of straw** ( an unreliable person. ) अविश्वासी मनुष्य ; **Man-of-war** ( a ship of war. ) लड़ाई का जहाज ।

**Manacle**-मान्'-ऑं-कल्-*n.* a shackle for the hands, fetters. हथकड़ी; *-v. t.* to shackle. हथकड़ी पहिराना ।

**Manage** – मॅन्'-एॅज्-*v. t.* & *i.* to guide

by the hand, to conduct carefully, to handle, to contrive. प्रबन्ध करना, व्यवस्थ करना, चलाना, साधना ।

Manageability-मॅन्'-ऍज्-ऑ-बिल्'-इ-टी- *n.* the quality of being manageable. शासनीयता, व्यवस्था, प्रबध ।

Manageable-मॅन्'-ऍज्-ऑ-बूल्-*adj.* easy to be managed. प्रबन्ध करने योग्य : Manageableness ( -नॅस् ) -*n.* the quality of being manageable. प्रबन्ध करने की योग्यता ।

Management-मॅन्-ऍज्'-मॅन्ट्-*n.* dealing, administration. अनुशासन, प्रबन्ध ।

Manager-मॅन्'-ऍज्-अर्-*n.* one who manages. प्रबन्धकर्ता, कारिन्दा ।

Manageress-मॅन्-'ऑज्-ऍर्-अस्- *n. fem.* a female manager. प्रबन्धकर्त्री ।

Managerial - मॅन् - ऑ-जिअर्' - इ-ऑल् - *adj.* pertaining to management. प्रबन्ध सम्बन्धी ।

Manciple - मॅन्'-सि-पूल् - *n.* one who buys provisions for an inn. धर्मशाला या सराय के लिये सामान खरीदनेवाला।

Mandarin, Mandarine-मॅन्'-डॅ-रिन्- *n.* a kind of small orange. एक प्रकार की छोटी चिपटी नारङ्गी ।

Mandatary- मॅन्-डॅ'-टॅर्-ई- *n.* one who undertakes to do something. आदेशक, आज्ञा देनेवाला ।

Mandate-मॅन्'-डेट्- *n.* a judicial command or order. आदेश, आज्ञापत्र ।

Mandatory-मॅन्-डॅ'-टॉर्-ई- *adj.* conveying a command. आज्ञा सम्बन्धी ।

Mandible-मॅन्'-डि-बूल्-*n.* the lower jaw in mammals. दूध पिलानेवाले जानवरों का नीचे का जबड़ा ।

Mandola, Mandoline-मॅन्'-डो-लॉ (-लिन्) -*ns.* a kind of stringed musical instrument. सारङ्गी की तरह का एक बाजा ।

Mandragora - मॅन्'-ड्रॅ-गॉ-रॅ- *n.* a kind of poisonous plant. एक प्रकार का विषैला पौधा ।

Mandrake - मॅन्'-ड्रेक्- *n.* a poisonous plant. एक विषैला पौधा ।

Mandrel, Mandril-मॅन्-ड्रॅल् (-ड्रिल्)-*ns.* the axis in a lathe to which work is fixed. खराद का धुरा ।

Mane - मेन् - *n.* the long hairs on the necks of certain animals. पशुओं के गर्दन पर के लम्बे बाल, अयाल ; Maned ( -ड् )-*adj.* having a mane. अयालदार ; Maneless ( -लॅस् ) -*adj.* devoid of mane. बिना अयाल का ।

Manege-मॅ-नेज्'-*n.* a school for training horses. घोड़ों को शिक्षा देने की पाठशाला ।

Manes-मे'-नीज़्-*n. pl.* souls of the departed ancestors. पितर लोग ।

Manful-मॅन्'-फ़ुल्- *adj.* brave, courageous, resolute. शूरवीर, साहसी, दृढ़; Manfully (-ली ) -*adv.* courageously. वीरता से ; Manfulness ( -नॅस् ) -*n.* bravery. वीरता, पराक्रम ।

Manganese - मॅङ्ग्'-गॅन्-ईज़्- *n.* a black mineral. सुरमें के प्रकार का एक धातु ।

Mange-मेअन्ज़्-*n.* a skin disease of animals. पशुओं का खुजली का रोग ।

Manger - मेन्'-जर्-*n.* a trough to feed horses or cattle. घोड़े या चौपायों को खिलाने की नाँद ।

Mangle-मॅङ्ग्'-गल्-*v. t.* to cut and hack, to mutilate. खण्ड खण्ड करना, नष्ट करना, वध करना ( बोटी बोटी करना ) ; Mangler ( -ग्लर् ) -*n.* one who mangles. वध करनेवाला ।

Mango-मॅङ्ग्'-गो-*n.* ( *pl.* Mangoes.) an Indian tree with sweet fleshy fruit. आम्र, आम ।

Mangy-मेन्'-जी - *adj.* shabby, squalid. रूक्ष, रूखा ।

Man-hater-मॅन्'-हेट्-अर् - *n.* a hater of mankind. मनुष्य द्वेषी ।

Manhole-मॅन्'-होल्-*n.* a hole through which a man can enter a drain. परनाले में मनुष्य के घुसने का छिद्र ।

Manhood-मॅन्'-हुड्-*n.* manliness. मनुष्यत्व, पराक्रम ।

Mania-मेन्'-नि-ऑ - *n.* mental derangement, unreasonable or vehement desire for a thing. उन्माद, सनक, पागलपन, झक ।

Maniac-मेन्' - नि-ऑक्- *n.* a mad man. पागल मनुष्य ; Maniacal ( -ऑल् ) -*adj.* affected with madness. उन्मत्त, झक्की ; Maniacally ( -ऑल्-लि ) -*adv.* with mania. झक में ।

Manicure - मॅन्'-इ - क्यूर्- *n.* the treat-

ment of hands and finger-nails. हाथ तथा नख की चिकित्सा; -*v. t.* to treat the finger-nails and hands. इन स्थानों में औषधि लगाना।

**Manifest** - मॅनि' - इ-फ़ॅस्ट् - *adj.* clear or evident, obvious, plain. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रगट; -*n.* the list of a ship's cargo. जहाज के माल का बीजक; -*v. t.* & *i.* to show plainly, to reveal. प्रकाशित करना, स्पष्ट करना, प्रगट करना; **Manifestable** ( -ॲ-बल् ) -*adj.* able to be made evident. स्पष्ट (प्रगट) करने योग्य; **Manifestation** ( -ए'-शॅन् ) -*n.* revelation, disclosing. प्रकाशन, स्पष्टता; **Manifestative** ( -ए' - टिव् ) -*adj.* revealing. प्रकाशन करनेवाला; **Manifestly** ( -ली ) -*adv.* in an obvious manner. स्पष्ट रूप से।

**Manifesto** - मॅनि'-इ-फ़ॅस्ट्' - ओ- *n.* ( *pl.* Manifestos ) a public declaration by a sovereign or a state. प्रसिद्धि पत्र, राजा या राज्य की घोषणा।

**Manifold** - मॅनि' - इ-फ़ोल्ड्-*adj.* of various forms or kind, complicated. अनेक रूप तथा आकार का, पेचीला; **Manifold writer** (a contrivance for taking several copies of a letter &c. ) अनेक प्रतिलिपि करने का साधन या यन्त्र; -*v.t.* to make several copies of letters &c. पत्र इत्यादि की अनेक प्रतिलिपि बनाना।

**Manifoldly** - मॅनि'-इ-फ़ोल्ड्-ली-*adv.* in a manifold manner. पेचीदगी से; **Manifoldness** ( -नॅस् ) -*n.* the state of being manifold, multiplicity. पेचीदगी।

**Manikin**-मॅनि'-इ-किन्- *n.* a little man, a pigmy, a dwarf, anatomical model of the human body. छोटा मनुष्य, मनुष्यक, बौना, मनुष्य की छोटी मूर्ति।

**Manilla, Manila**-मॅ-निल्'-लॅ- *n.* a kind of fibrous material of which ropes, mats &c. are made. एक प्रकार का सन जिसके रस्से, टाट इत्यादि बनाये जाते हैं।

**Manipulate** - मॅनि-इप्' - यूल्-एट्-*v. t.* to handle with skill, to manage dexterously. हाथ से करना, चालाकी से करना।

**Manipulation**-मॅनि - इप्-यूल्-ए'-शॅन्- *n.* the act of manipulating, skilful use of the hands. हस्तव्यापार, दस्तकारी।

**Manipulative**-मॅनि-इप्' - यूल्-एट्-इव्-*adj.* performed by manipulation. दक्षता से किया हुआ।

**Manipulator**-मॅनि-इप्'-यूल्-एट्-ऑर्-*n.* one who manipulates. कुशलता से कार्य करने वाला।

**Mankind** - मॅन् - काइन्ड्' - *n.* the human race, male sex. मनुष्य जाति।

**Manlike** - मॅन्' लाइक्-*adj.* like a man. मनुष्यवत्, मनुष्य सदृश।

**Manliness** - मॅन्'-ली-नॅस- *n.* courage, dignity. वीरता, प्रतिष्ठा।

**Mannish** - मॅन्'-निश्-*adj.* like a man, masculine. पुरुष सदृश, पुलिङ्ग।

**Manly** - मॅन्' - ली - *adj.* brave, frank, candid. वीरतापूर्ण, साहसी, स्पष्ट।

**Manna** - मॅन्'-नॅ- *n.* spiritual food, a purgative medicine. देवताओं का भोजन, एक प्रकार की मधुर रेचक औषधि।

**Mannequin**-मॅन्'-ए-क्विन्- *n.* a person who is employed to wear costumes. वस्त्र पहिराने वाला नौकर।

**Manner**-मॅन्' - नर्- *n.* form, mode of life, method, style, outward bearing. प्रकार, रीति, ढग, चाल; **Manners** ( - अर्स् ) -*n. pl.* modes of life, outward bearing, behaviour, morals, character. आचार ( व्यवहार ), रीति, चरित्र, शिष्टाचार; **Mannered** ( -नड्ड् )-*adj.* having good manners. भले आचरण का; **Mannerism** ( -इज़्म् )-*n.* trick of style. ऐसी रीति का सेवन; **Mannerless** ( - लॅस् ) -*adj.* without manners, rude. अशिष्ट; **Mannerliness** ( -लि-नॅस् ) -*n.* the quality of being mannerly. शिष्टाचार; **Mannerly** ( -ली )-*adj.* polite, respectful. शिष्ट, सुशील।

**Mannikin** same as **Manikin.**

**Manœuvre**-मॅनि-ऊव्'-अर्- *n.* dexterous movement of troops, ships &c., skilful plan, stratagem. युद्धरीति, कुशलता, कपट प्रयोग; -*v. i.* & *t.* to move the position of troops or of ships, to manage with art, to employ artifice. सेना अथवा जहाजों का स्थान बदलना, चतुराई के साथ प्रबन्ध करना, छल करना; **Manœuvrer** ( -अर् ) -*n.* one who manœuvres. कपट प्रयोग करने वाला।

**Manometer** - मॅ-नॉम्' - एट् - अर्- *n.* an instrument for estimating the elastic

force of gases. वायुरूप पदार्थों का लचीलापन नापने का यन्त्र।

**Manor**-मैंनॅ्र' - ऑर्- *n.* the territory of a lord. जागीर, जमींदारी; Lord of the manor ( a person having rights of a manor. ) ग्रामपति; Manor-house ( the mansion of a manor. ) जागीरदार का घर।

**Manorial**-मैंन्-ऑर्' - ईऑल्-*adj.* pertaining to a manor. जमींदारी के सम्बन्ध का।

**Manse**-मैंन्स्- *n.* a parsonage. पादड़ियों का घर।

**Mansion** - मैंन्' - शॉन् - *n.* a large residential house, a manor house, a large house. भवन, गृह, महल।

**Mansuetude**-मैंन्-स्वी' - ट्यूड्- *n.* meekness, gentleness, tameness. विनीतता, भलमनसी, सीधापन।

**Mantel** - मैंन्' - टॅल् - *n.* a structure around a fireplace (now *mantel-piece.*) अग्निपिधान, अँगीठी के चारों ओर की लकड़ी इत्यादि की बनावट; Mantelpiece (-पीस्) -*n.* ornamental shelf over a fireplace. अंगीठी के ऊपर की सजावटी टाँड़; Mantel-shelf ( the shelf in a mantel. ) ऐसी बनावट में लगी हुई टाँड़।

**Mantelet**-मैंन्'-टॅल्-लॅट्- *n.* a shield for defence. बन्दूक की गोली न लगने योग्य पर्दा।

**Mantilla**-मैंन्-टिल्'-लॉ- *n,* a large veil, a cape. ओढ़नी, बुरका, लबादा।

**Mantissa**-मैंन्-टिस्'-सॉ- *n.* the decimal part of a logarithm. लघुगणक का दशमांश।

**Mantis**-मैंन्ट्'-इस्- *n.* a kind of insect. एक प्रकार का कीड़ा।

**Mantle** - मैंन्' - ट्ल् - *n.* a woman's cloak, a covering fixed round a gas jet, a cover. ढकना, ओढना, गैसबत्ती के ऊपर की जाली; -*v. t.* & *i.* to disguise, to be coated, to be suffused. ढकना लगाना, ढाँकना, ओढ़ाना।

**Manual**-मैंन्'-युऑल्-*adj.* pertaining to or done with the hands. हस्त सम्बन्धी, हाथ से किया हुआ; -*n.* a small handy book. संक्षिप्त ग्रन्थ, छोटी पुस्तक; Manual art. कला, कौशल; Manual dexterity ( skill of hands. ) हस्तकला; Manual exercise ( exercise of the body and arms. व्यायाम, कसरत; Sign-manual ( signature of a person. ) स्वहस्ताक्षर।

**Manually**-मैंन्-यु-ऑल्'-ली-*adv.* with the hand. हाथ से किया हुआ।

**Manufacture**-मैंन्-यु-फ़ैक्ट्' -यूर्-*n.* preparation of things by hand or machinery on a large scale. शिल्प कर्म, दस्तकारी, कारीगरी; -*v. t.* to make from raw materials. दस्तकारी करना, शिल्प से बनाना।

**Manufacturer**-मैंन्-यु - फ़ैक्-यूर्-अर्-*n.* one who manufactures. शिल्पकार, कारीगर।

**Manufactory** मैंन्-यु- फ़ैक्-ऑर्-ई-*n.* a factory. निर्माणशाला, कारखाना।

**Manumission** - मैंन् - यु-मिश्'-ऑन्- *n.* liberation of a slave. बन्धन से मोक्ष, गुलामी से छुटकारा।

**Manumit**-मैंन्-यु - मिट्' - *v. t.* to set a slave free. दास को स्वतन्त्र करना।

**Manure**-मैंन्-यूर्'- *n.* anything spread over soil for fertilizing it. खाद; -*v. t.* to fertilize by manuring. खाद देकर उपजाऊ बनाना।

**Manurial**-मैंन्-यू'-रि-यॅल्-*adj.* pertaining to manure. खाद सम्बन्धी।

**Manuscript**-मैंन्' - यु-स्क्रिप्ट्-*n.* ( *abbr.* Mss. ) a book or document written by hand. हस्तलेख, हाथ से लिखी हुई पुस्तक, हस्तलिपि।

**Many**-मैंन्'-ई-*adj.* ( *comp.* More, *sup.* Most. ) numerous. बहुत, अनेक; -*n.* many people. बहुजन; A good many ( a large number. ). अधिक संख्या; How many ? कितने ?, In many places ( in several places. ) अनेक स्थानों में; Many a time and oft ( often. ) बहुधा; Many-sided ( of different qualities. ) नाना प्रकार का, अनेक गुणों का; Of many kinds ( of different kinds. ) नाना प्रकार के; The many ( several. ) बहुतेरे।

**Map**-मैप्-*n.* a drawing or representation of the earth's surface or part of it. आलेख्यपत्र, नक़शा ( खाका ); -*v. t.* ( *p. t.* Mapped ) to draw on a map. नक़शा बनाना, खाका बनाना; To map out ( to describe in detail. ) विस्तार पूर्वक प्रकट करना।

**Maple**-मे'-प्ल्-*n.* a kind of shady tree.

एक प्रकार का छायादार वृक्ष।

Mar-मार् - *v. t.* ( *p. t.* Marred. ) to impair, to injure, to blemish, to ruin. नष्ट करना, दूषित करना, हानि करना, बिगाड़ना।

Marasmic-मॅं-रॅस्'-मिक्- *adj.* pertaining to marasmus. शरीरक्षय सम्बन्धी।

Marasmus-मॅं - रॅस्' - मस्- *n.* wasting away of the body, emaciation. शरीर का क्षय होना।

Maraud-मॅं - रोड्' - *v. i.* & *t.* to make plundering attacks, to plunder. लूटने के निमित्त घूमना, लूटना ; Marauder ( -अर् ) -*n.* a plunderer. लुटेरा।

Marble-मार्'-ब्ल्-*n.* any compact hard limestone capable of taking polish, a small ball of clay, glass &c. used by children in play. सगमरमर, लड़कों के खेलने की गोली ; Marble-hearted ( hard-hearted. ) निर्दयी, क्रूर, कठोरहृदय।

Marcel-मार्'-सॅल्-*n.* the artificial curling of hair. कृत्रिम रूप से बालों को घुघुराला करने का कार्य।

Marcescence-मार्-सॅस्' -ऍन्स्-*n.* withering. मुर्झाना।

Marcescent-मार्-सॅस्'-सॅन्ट्-*adj.* withering ( of plants. ) पौधों का मुर्झाना।

March-मार्च्-*n.* the third month of the English year. अंग्रेजी साल का तीसरा महीना, मार्च् ; the movement of troops in order. सेना का कूच करना;-*v. i.* to walk away. प्रस्थान करना, कूच करना; Marches ( -ऍज़ ) -*n. pl.* boundary between two countries. सीमा प्रदेश ; To march against ( to go against. ) विमुख जाना।

Marchioness-मार्'-शॉन्-ऍस्-*n. fem.* the wife of a marquis. मार्क्विस् ( अंग्रेजी नवाब ) की पत्नी, बेगम।

Marchpane-मार्श्'-पेन्-*n.* a small cake of pounded almond. बादाम की बनी हुई छोटी टिकिया।

Marconigram-मार् - कों' - नि-ग्रॅम् -*n.* a message sent by wireless on Marconi's system. बिना तार के समाचार भेजने की एक बिधि।

Mare-मॅअर्-*n.* the female of a horse. घोड़ी।

Margarine-मार्' - गॅर्- इन्-*n.* imitation butter. बनावटी मक्खन।

Margay-मार्ज्'-गॅ-*n.* tiger-cat. एक प्रकार की जङ्गली बिल्ली।

Margin-मार्ज्'-इन्-*n.* edge, border, reserved amount. तट, किनारा, हाशिया, गुंजाइश;-*v. t.* to furnish with a margin. किनारा या हशिया बनाना।

Marginal-मार्ज्'-इन्-ऑल्-*adj.* pertaining to the margin. हाशिये पर का, किनारे पर लिखा हुआ; Marginalia (-एल्'-इ-ॲ )-*n. pl.* marginal notes. पुस्तक के पत्र के किनारे पर लिखी हुई टीका टिप्पणी।

Marginally-मार्'-जिन्- ऑल् - लि-*adv.* in the margin. किनारे या हाशिये पर।

Marginate-मार् जिन्' -एट्, Marginated ( -ऍड् ) -*adjs.* having a margin. सीमा पर का, हाशियेदार।

Margosa-मार् - गो' - ज़ॅ-*n.* the Indian Neem tree. नीम का वृक्ष।

Margrave-मार्'-ग्रेव्-*n.* a German governor. जर्मनी का शासक।

Margravine-मार्'- ग्रॅ-वीन् - *n. fem.* the wife of a margrave. मार्ग्रेव् की पत्नी।

Marigold-मॅर्'-रि-गोल्ड्-*n* a plant with golden flowers. गेंदा, गेंदे का फूल।

Marinade-मॅर् - इन् - एड्'-*n.* a kind of pickle. एक प्रकार का अचार।

Marine-मॅर् - रीन्' - *adj.* pertaining to the sea, naval. समुद्रीय, जहाजी ; Marine fight ( seafight. ) जलसंग्राम।

Mariner-मॅ-रिन्'-अर्-*n.* a sailor. नाविक, जहाज़ी, मल्लाह।

Marinorama-मॅर्'-रिन्-ओ-रॅ' -मॅ-*n.* sea-view. समुद्र का दृश्य।

Marionette-मॅर्' - रि - ऑन्' ऍट् - *n.* a puppet worked by string. तागे से हिलने डोलनेवाली कठपुतली।

Marital-मॅर्'-रिट्-ऑल्-*adj.* pertaining to a husband, of marriage. पतिविषयक, विवाह सम्बन्धी ; Maritally ( -ली ) -*adv.* in a marital manner. वैवाहिक रूप से।

Maritime-मॅर्'-रिट्-आइम्-*adj.* connected with the sea, situated near the sea. समुद्रीय, समुद्र तट पर स्थित।

Marjoram-मॅर्'-जॉर्-ऑम्-*n.* a kind of aromatic herb. एक प्रकार की सुगन्धित वनस्पति, कुठरा।

Mark-मॅर्क्-*n.* a target, a desired object, token, sign, seal, a written symbol,

distinction, indication, numerical award assigned in an examination, conspicuous character. निशाना, लक्ष्य, लक्षण, चिह्न, मोहर, रेखा, अङ्क;-*v.t.* to make marks on, to note or observe. मोहर करना, निशान करना; Beyond the mark ( not to the point. ) अप्रस्तुत ; Person of mark ( an illustrious person. ) प्रसिद्ध मनुष्य; To mark off (to separate.) अलगाना ; To mark out ( to trace out boundaries. ) सीमा निश्चित करना ; Up to the mark (up to the standard.) आदर्श के अनुकूल ।

**Marked** – मार्क्ड् – *adj.* distinguished. चिह्नित, लक्ष्य किया हुआ ; **Markedly** ( - ऍड्- ली ) -*adv.* in an unmistakable manner. विशेष रूप से ; **Markedness** (-नॅस) -*n.* peculiarity. विशिष्टता ।

**Marker**–मार्क्'-अर् – *n.* one who marks. चिह्न करनेवाला, गिननेवाला ।

**Market**–मार्'-कॅट्-*n.* a place for purchase and sale. क्रय विक्रय स्थान, हाट, बाजार ; -*v. i. & t.* to trade in a market. हाट में बिक्री बट्टा करना ; Market-day ( a day of public market. ) हाट का दिन ; Market-place ( a place where goods are sold. ) बाजार ; Market-price ( current price. ) बाजार दर; To put on the market ( to put for sale. ) बिक्री के लिये सामग्री रखना ।

**Marketable** – मार्-कॅट्' - ऑ - बुल् – *adj.* saleable. बिक्रीके योग्य ; **Marketably** (-ब्ली) -*adv.* saleably. बिक्री में ।

**Marking**–मार्क्'-इङ्ग् – *n.* colouring of feathers. परों को रँगना ; Marking-ink ( ink for marking clothes. ) कपड़ों पर पक्का निशान करने की रोशनाई ।

**Marksman**-मार्क्स्'-मॅन् -*n.* one skilled in shooting. लक्ष्यभेदी, निशानेबाज; **Marksmanship** ( -शिप् ) -*n.* skill in shooting. निशानेबाजी ।

**Marl**–माइल्–*n.* a kind of soil. चिकनी मिट्टी; **Marlite** (-आइट) -*n.* a variety of marl. चिकनी मिट्टी जिस पर वायु का प्रभाव नहीं पड़ता ।

**Marmalade**–मार्'-मॅ-लेड्– *n.* a preserve of oranges and other fruits. नारंगी या अन्य फलों का मुरब्बा ।

**Marmoreal**-मार्-मोर्'-इ-ऑल्- *adj.* made of marble, like marble. संगमरमर का बना हुआ, इसके सदृश ।

**Marmot**–मार्'-मॉट्–*n.* a kind of squirrel. एक प्रकार की गिलहरी ।

**Maroon**–मॅ-रून्'–*n.* crimson colour, firework. लालरंग, पड़ाका, आतशबाजी ;-*v. t.* to leave a person on a desolate shore. ( जहाज पर से उतार कर ) मनुष्य को निर्जन स्थान में छोड़ देना ।

**Marplot**–मार्'-प्लॉट्– *n.* one who destroys a design or plot. कार्यघातक, विघ्न उत्पन्न करने वाला ।

**Marquee**–मार्-की'– *n.* a kind of large tent. एक प्रकार का बड़ा खेमा ।

**Marquis** – मार्'-क्विस्– *n.* ( *fem.* Marchioness –शि-ऑन्-ऍस् ) a title of nobility. इग्ङ्-लैन्ड् के अमीरों की एक पदवी ।

**Marquois**–मार्'-क्वी-ऍज़्–*n.* ( M. scale. ) an apparatus for drawing equidistant parallel lines. समानान्तर रेखाओं के खींचने का एक प्रकार का यन्त्र ।

**Marriage**–मॅर्'-रेज्–*n.* relation between married persons, matrimony, wedlock. पति पत्नी सम्बन्ध, पाणिग्रहण, विवाह; Civil marriage ( a marriage without religious rites. ) बिना शास्त्रीय विधि का विवाह ।

**Marriageable**–मॅर्'-रॅज-ऑ-बुल्- *adj.* fit to be married. विवाह करने योग्य ।

**Marrow**–मॅर्'-रो–*n.* the soft fatty substance in the cavity of bones, essential part. (मज्जा) हड्डी के भीतर का गुद्दा, सार, तत्व; Vegetable marrow (a kind of cucumber.) एक प्रकार की ककड़ी या खीरा ।

**Marrowless**–मॅर्'-रो-लॅस्–*adj.* devoid of marrow. मज्जाहीन ; **Marrowy** ( -ई ) -*adj.* full of marrow. सारपूर्ण ।

**Marry**–मॅर्'-री– *v. t. & i.* ( *p. t.* Married. ) to join persons in wedlock, to enter into the connubial state. विवाह करना, पाणिग्रहण करना ; **Married** (-रिड्) -*adj.* united in wedlock. विवाह किया हुआ ।

**Mars** – मार्ज़् – *n.* the god of war, a planet. लड़ाई का देवता, एक ग्रह का नाम ।

**Marsh** – मार्श् – *n.* a tract of low wet land, a swamp. कच्छ भूमि, दलदल ।

**Marshiness** – मार्श्'-इ-नॅस् – *n.* swampi-

ness. दलदली स्थिति ।

Marshy–मार्श्'-ई–*adj.* boggy. दलदली ।

Marshal–मार्'-शॅल्–*n.* an officer of the highest military rank. सेना का प्रधान अधिकारी; -*v. t.* (*p. t.* Marshalled. ) to arrange in a suitable manner. सजाना, क्रम में रखना ; Knight-marshal ( an officer of royal household. ) राजा के गृहस्थी का सबसे बड़ा अफ़सर; Marshal of the air (an officer of air force.) हवाई सेना का प्रधान अध्यक्ष ; Marshalship ( -शिप् ) -*n.* the rank of a marshal. सेनापति का पद ।

Mart–माट्र्–*n.* a market-place, a place of trade. हाट, बाजार ।

Martial–मार्'-शॅल्– *adj.* military, war-like. सेना सम्बन्धी, फौजी ; Martial Law (military government by which ordinary law is suspended.) फ़ौजी कानून ; Martial music (music played at the time of war.) रणवाद्य, फ़ौजी बाजा ।

Marten – मॉर्'-टॅन्– *n.* an animal like a weasel. नेवले के प्रकार का एक पशु ।

Martian–मार्'-शि-ॲन्– *n.* an inhabitant of Mars. मगल ग्रह का निवासी ।

Martin–मार्'-टिन्–*n.* a kind of swallow. एक प्रकार की अबाबील चिड़िया ।

Martinet–मार्-टिन्'-ऍट्– *n.* a strict disciplinarian. तीक्ष्ण शासक, नियम का बड़ा पक्का ।

Martingale–मार्'-टिङ्ग्-गेॅल्– *n.* a strap fastened to a horse's girth. घोड़े का अधोबन्धन, चेरबन्द ।

Martini–मार्-टी'-नी – *n.* a kind of rifle. एक प्रकार की बन्दूक ।

Martlet–माट्र्'-लॅट्– *n.* a footless bird. बिना पैर की एक प्रकार की चिड़िया ।

Martyr–मार्'टर्–*n.* one who undergoes death for his cause. अपने सत्य या धर्म के लिये प्राण त्यागनेवाला; -*v. t.* to put to death for one's belief. धर्म के लिये प्राण लेना ; Martyrdom ( -डम् )-*n.* the death of a martyr. इस प्रकार का प्राणत्याग; Martyrize (-आइज़्) -*v. t.* to undergo death for one's cause. इस प्रकार प्राणोत्सर्ग कराना ; Martyry (-ई)-*n.* a shrine erected in honour of a martyr. इस प्रकार के प्राणत्यागी के लिये स्मारक बनाना ।

Marvel–मार्'-वॅल्– *n.* a wonderful thing, a miracle. ( कौतुक ) आश्चर्यजनक वस्तु, अचम्भा ; -*v. i.* ( *p. t.* Marvelled. ) to wonder. चकित ( आश्चर्य युक्त ) होना ।

Marvellous–मार्-वॅल्'-लस्- *adj.* exciting wonder, astonishing. आश्चर्यजनक, अद्भुत; Marvellously–(-ली) -*adv.* in a marvellous manner आश्चर्य से ; Marvellousness (-नॅस्)-*n.* wonderfulness. विचित्रता, विलक्षणता ।

Marygold–see Marigold.

Mascot – मॅस्'-कॉट् – *n.* something that brings good luck, a talisman. सौभाग्य लानेवाला पदार्थ, जन्त्र ।

Masculine – मॅस्'-क्यु-लिन् – *adj.* of the male sex, manly, strong, vigorous. पुरुषजाति का, मर्दाना, वीरता का, पुष्ट; Masculine gender. पुलिङ्ग; Masculineness (-नॅस्) -*n.* the quality of being masculine. पुरुषत्व ; Masculinely (-ली) -*adv.* in a masculine manner. पुरुषवत् ।

Mash–मॅश्–*n.* a mixture of boiled grain and bran for horses and cattle, a confused mixture. दलिया, ( महेला ) खिचड़ी; -*v.t.* to crush into a mixture. कुचलना, मिलाना ।

Masher–मॅश्'-अर्–*n.* a dandy. छैला ।

Mask–मास्क्– *n.* a covering for concealing the face, a disguise, a pretence, a dramatic performance. घूँघट, (नकाब), बनावटी वेश का नाटक, बहाना; -*v. t.* & *i.* to hide or conceal, to be concealed. छिपाना, छिपना; To throw off the mask ( to remove concealment. ) प्रगट होना ।

Masked–मास्क्ड्–*adj.* disguised. कपट वेश पहिरे हुए, गुप्त ।

Masker–मास्क्'-अर्– *n.* one who wears a mask. नकाब डाले हुए ।

Mason–मेॅस्'-ऑन्–*n.* a builder in stone, a Freemason. थवई, (राज), फ़्रीमेसन् ।

Masonic–मॅ-सॉन्'-इक्–*adj.* pertaining to Freemasonry. फ़्रीमेसन् सम्बन्धी ।

Masonry – मॅ-सॉन्'-री – *n.* a stonework. राजगीरी, ईंट या पत्थर की इमारत ।

Masque–मास्क्– *n.* an entertainment in dumb show, a dramatic composition for this. कठपुतली का तमाशा ।

Masquerade–मास्क्-ऍर्-एड्'–*n.* a masked

ball. विडम्बन, क्रीड़ा, सवांग का जलसा; -*v. i.* to join in a masquerade. सवांग बनना।

**Mass**-मास्-*n.* a lump of matter, a large number, unbroken expanse, a Roman Catholic service, assembly of people. पिंड, (राशि,संघ) ढेर, पुंज, ईसाईयों का धर्म-समाज; -*v. t.* to collect in a mass. ढेर लगाना, इकट्ठा करना; A mass meeting (a large gathering.) एक बहुत बड़ी सभा।

**Massacre**-मैस्'-ऍ-कर्-*n.* a general slaughter of human beings, carnage. मनुष्य संहार, खूनखराबा; -*v. t.* to murder with cruelty. निर्दयता से प्राण लेना (क़त्लआम करना)।

**Massage**-मैस्'-साज़्-*n.* stroking or pressing the limbs for the relief of morbid conditions. बदन में मालिश करने का कार्य।

**Masseur**-मैस्'-सर्-*n.* (*fem.* Masseuse-इज़) -*n.* a massagist. मालिश करनेवाला मनुष्य।

**Massive**-मैस् -सिव्-*adj.* heavy,bulky.ठोस, भारी, बहुत बड़ा; Massively (सिव्'-ली) -*adv.* heavily. स्थूलता से; Massiveness (-सिव्'-नेस्) -*n.* hugeness. बड़ा भार, स्थूलता।

**Massy**-मैस्'-सी- *adj.* massive. ठोस, भारी।

**Mast**-मास्ट्-*n.* the long pole of a ship for supporting the sails. कूपदण्ड, जहाज आदि का मस्तूल।

**Master**-मैस्'-टर् - *n.* owner, employer, the head of a family, a teacher, a skilled workman, the holder of a high university degree, title for a young gentleman. प्रभु, स्वामी, गृहपति, गुरु, कारीगर, विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपाधि-वाला, महाशय; -*v. t.* to defeat, to acquire complete knowledge. आधीन करना, (वशमें लाना), पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना; I am not master of myself (my body is not under my control) मेरे अङ्ग मेरे अधिकार में नहीं है; One's own master (free to do as one likes.) स्वाधीन, स्वतन्त्र; To be master of (to have at one's disposal.) प्रभुत्व प्राप्त करना; Master-artist (a great artist.) बहुत बड़ा कारीगर, Masterdom (डॉम्) -*n.* rule; राज्य; Master-hand (an expert.) कारीगर; Master-key (a key which opens several locks.) अनेक तालों को खोलने और बन्द करनेवाली ताली; Masterpiece (a piece of the highest workmanship.) अति उत्तम रचना; Master-stroke (an act of the greatest skill.) बड़ी कारीगरी का काम; Master-workman (a chief workman.) मुख्य कारीगर।

**Masterly**-मास्-टर्'-ली-*adj.* very skilful. अद्वितीय, अत्युत्तम।

**Mastership**-मास्-टर्'-शिप्-*n.* the office of a master. प्रभुत्व, ऐश्वर्य।

**Mastery** - मास्-टर्'-ई- *n.* pre-eminence, victory. अधिकार (श्रेष्ठता), विजय।

**Masterful**-मास्-टर्'-फ़ुल्- *adj.* expressing mastery. अधिकार दिखलाने वाला; Masterfully (-फ़ुल्-लि)-*adv.* अधिकार से; Masterfulness (-फ़ुल्-नेस्) -*n.* the quality of being masterful. अधिकार।

**Mastic**-मैस्'-टिक्- *n.* gum which is obtained from the bark of certain trees. गोंद, लासा।

**Masticable**-मैस्-टिक्'-ऍ-बल्-*adj.* able to be chewed. चबाने योग्य; Masticability (-बिल्'-इ-टी) -*n.* चबाने की योग्यता।

**Mastication** - मैस्-टिक्-ए'-शॉन् - *n.* the act of chewing. चबाने का कार्य।

**Masticate**-मैस्'-टिक्-एट्-*v. t.* to chew or grind food with teeth. चबाना, दांतों से कूचना।

**Masticator**-मैस्'-टिक्- एट्' - ऑर् - *n.* a mincing appliance. कूचने का साधन; Masticatory (-ऑर्-ई) -*adj.* adapted for masticating. चबाने योग्य।

**Mastiff**-मैस्'-टिफ़्- *n.* a kind of large dog. एक प्रकार का बड़ा कुत्ता।

**Mastitis**-मैस्-टाइ'-टिस्- *n.* a disease of the female breast. स्तन की सूजन।

**Mastoid**-मैस्'-टॉइड्- *adj.* shaped like a breast. स्त्री के स्तन के आकार का।

**Mastology**-मैस्-टॉल्' ऑज्-ई- *n.* natural history of mammals. स्तनपान कराने-वाले जन्तुओं का वर्णन।

**Masturbate**-मैस्'-टर्-बेट्-*v. i.* to practise self-pollution. अप्राकृतिक रूप से वीर्य पात करना; Masturbation (-बे'-शान्) -*n.* self-abuse. हस्तमैथुन।

**Mat**-मैट्-*n.* a coarse fabric of rushes, straw &c., frosted groundwork चटाई, आसन, रूखी सतह; -*v. t.* (*p. t.*

Matted.) to cover with mats, to make surface dull. चटाई बनाना, रूखा करना ; *adj.* of dull colour. धूमिल ।

**Matted**–मैंट्'-टेड्–*adj.* entangled. उलझा हुआ ; **Matted hair** ( entangled locks of hair. ) जटाजूट ।

**Match**–मैंच्– *n.* a person equal to another in some quality, of exact similarity, a contest of skill, matrimonial alliance, a piece of wood that burns when rubbed. समान ( तुल्य ), बराबर बल वाला प्रतिद्वन्दी, विवाह सम्बन्ध, दियासलाई ; *-v. t.* & *i.* to be united in marriage, to correspond. विवाह करना, बराबर होना ; **Cricket match** ( a play at cricket. ) क्रिकेट का खेल ; **Match-box** ( a box for holding matches.) दियासलाई की डिबिया; **Match-maker** ( one who brings about a marriage. ) विवाह स्थिर कराने वाला ; **Match-wood** ( wood from which matches are made. ) सलाई बनाने का लकड़ी ।

**Matchable**–मैंच्'-ऑ-बल्- *adj.* fit to be matched, suitable. अनुरूप, योग्य ।

**Matchless**–मैंच्' - लेस् – *adj.* peerless, having no equal. अद्वितीय, अनुपम, बेजोड़ ; **Matchlessly** ( -ली ) *-adv.* in a matchless manner. बेमेल से ; **Matchlessness** (- नेस् ) *-n.* the quality of being matchless. अनुपमता ।

**Mate**–मेंट्–*n.* an associate, a companion, a partner, a comrade, an officer in a ship, an assistant. सहायक, मित्र, संगी, ( पति, भार्या ), जहाज पर का एक अफ़सर, सहायक ; *-v. t.* to join in marriage, to checkmate. विवाह करना, शतरंज के खेल में शह देना ; **Mateless** ( -लेस् ) *-adj.* having no companion. बिना साथी का ।

**Materia medica**-मी-टिअर्'-इ- ऑ-मेड्'-इक्-ऑ–*n.* substances which are used in medical practice. चिकित्सा के लिये प्रयोग में लानेवाली औषधियाँ ।

**Material**–मी-टिअर्'- इ - ऑल् – *adj.* concerned with matter, corporeal, concerned with bodily comfort, important. भौतिक ( प्राकृतिक ), स्थूल, ( जड़ ), शरीर सुख सम्बन्धी ; *-n.* matter of which a thing is made. पदार्थ, वस्तु, द्रव्य ।

**Materialism**–मी-टिअर्'- इ- ऑल् - इज़्म्–*n.* the theory which refers spiritual phenomena to material organization. अनात्मावाद, चार्वाक मत ।

**Materialist**–मी-टिअर्'–इ–ऑल्-इस्ट्– *n.* one who holds materialistic theory. अनात्मावादी ; **Materialistic** ( -इस्ट्'-इक् ) *-adj.* imbued with materialism. अनात्मावाद सम्बन्धी ; **Materialistically** ( -ऑल्-ली ) *-adv.* in a materialistic manner. ऐसे सिद्धान्त से ।

**Materiality**–मी-टिअर्-इ-ऑल्'- इट् - ई– *n.* material existence. भौतिकत्व ।

**Materially**–मी-टिअर्-इ-ऑल्'-ली – *adv.* in a material manner. वस्तुतः, प्राकृतिक रूप में ।

**Materialization**–मी-टिअर्–इ-ऑल्'–आइज़्-ए'-शॉन्–*n.* the act of materializing. भौतिक बनाने की क्रिया ।

**Materialize**–मी-टिअर्-इ–ऑल्'-आइज़्–*v. t.* to render materialistic. भौतिक बनाना ।

**Maternal**–मी-टर्न्'-ऑल्– *adj.* motherly, relating to a mother. मातृक, माता सम्बन्धी ; **Maternal affection** ( motherly love. ) अपत्यस्नेह, माता का प्रेम ; **Maternal aunt** ( the wife of mother's brother, mother's sister. ) मामी, मौसी ; **Maternally** ( -ली ) *-adv.* in a maternal manner. मातावात् ; **Maternal uncle** ( mother's brother, the husband of mother's sister.) मामा, मौसा ।

**Maternity**-मी-टर्न्'–इ-टी *n.* & *adj.* according to the rules of motherhood. मातृक, पुत्रजन्म सम्बन्धी ।

**Mathematical**–मैथ्-ऍ-मैट्'-इ- कॉल् - *adj.* pertaining to or according to the rules of mathematics. गणित सम्बन्धी ; **Mathematically** ( -लि ) *-adv.* in a mathematical manner. गणित रूप में ।

**Mathematician**-मैथ्-ऍ-मी-टिश्' - ऑन्- *n.* one who is versed in mathematics. गणितशास्त्रज्ञ ।

**Mathematics**–मैथ्-ऍ-मैट्'- इक्स् – *n. pl.* the science of space and number. गणितशास्त्र, गणितविद्या ।

**Matin**– मैट्' - इन् – *n.* morning. *n. pl.* morning prayer, morning song of birds. प्रातःकालिक प्रार्थना, चिड़ियों का प्रातःकाल का गाना ।

**Matinee**-मॅटि' - इन् - ए - *n.* a musical performance of the afternoon. तीसरे पहर का नाटक इत्यादि का गायन।

**Matriarchal**-मॅट्' -रि-आर्क्-ऑल्- *adj.* reckoning relationship to the female side only. मातृपक्ष का सम्बन्ध जोड़नेवाला।

**Matriarchy**-मॅट्' -रि-ऑर्क्-ई-*n.* a society in which the mother is the head of the family. समाज जिसमें माता गृहस्थी की स्वामिनी समझी जाती है।

**Matricidal**-मॅट्' -रि-साइड्'-ऑल्-*adj.* pertaining to matricide ( killing of mother ). मातृहत्या सम्बन्धी।

**Matricide**-मॅट्' -रि-साइड्-*n.* the killing of one's mother. मातृहत्या।

**Matriculate**-मॅ-ट्रिक्'-यु-लेट्-*v. t.* to enrol as member of a college. प्रवेशिका परीक्षा उत्तीर्ण करके कालेज में प्रवेश होना; **Matriculation** (-लें'-शॉन्) -*n.* the act of matriculating. विश्वविद्यालय में प्रवेश; **Matriculatory** (-टॉ-रि)-*adj.* pertaining to matriculation. विद्यालय प्रवेश सम्बन्धी।

**Matrimonial**-मॅट्-रि-मोन्'-इ-ऑल्'- *adj.* pertaining to or connected with marriage. विवाह सम्बन्धी; **Matrimonially** (-ली) -*adv.* in a matrimonial connection. विवाह रूप में।

**Matrimony**-मॅट्' - रि - मॉ - नी - *n.* the right of marriage. विवाह संस्कार।

**Matrix**-में'-ट्रिक्स् (-मॅट्'-रिक्स्)- *n.* ( *pl.* Matrixes or Matrices ) the womb, the place where a thing develops, a mould in which a type is cast. गर्भ, टाइप ढालने का साँचा।

**Matron**-मे'-ट्रॉन्-*n.* a married woman, a housekeeper, an elderly woman, the woman superintendent of a hospital. विवाहिता स्त्री, गृहिणी, कुटुम्बिनी, बुढ़िया, हस्पताल की निरीक्षिका; **Matronage** (-एज्) -*n.* matronhood. घरनी का पद; **Matronal** ( -ऑल् ) -*adj.* pertaining to a matron. मालकिन सम्बन्धी; **Matronhood** ( -हुड् ) -*n.* condition of being a matron. घरनी का पद; **Matronly** (-ली) -*adj.* matron-like. गृहिणी सम्बन्धी।

**Matter**-मॅट्'-टर्- *n* a substance from which anything physical is prepared, subject, material, pus. घन पदार्थ, वस्तु, द्रव्य, विषय, पीब; -*v. i.* to be of importance. आवश्यक होना; An important matter ( an important subject. ) विचारणीय विषय; Dead matter ( a useless subject. ) निरर्थक विषय; In the matter of ( as regards. ) विषय में; Matter in hand ( a subject under discussion. ) प्रस्तुत विषय; Matter of course ( natural course. ) स्वाभाविक स्थिति; Matter of dispute ( a subject under discussion. ) विवाद विषय; Of no matter ( useless. ) निरर्थक; Postal matter ( all that may be sent by post. ) चिट्ठी पार्सल इत्यादि जो कुछ डाक से भेजा जाता है।

**Matting** - मॅट्' - टिङ्ग् - *n.* a fabric made of hemp or grass. चटाई।

**Mattins**-मॅट्'-टिन्स्- *n. pl.* see Matin.

**Mattock** - मॅट्' - टॉक् - *n.* a kind of pick-axe. कुल्हाड़ी, फौड़ा।

**Mattoid** - मॅट्'-टॉएड्- *n.* an eccentric person. झक्की आदमी।

**Mattress**-मॅट्' - ट्रेस्- *n.* a quilted bed. तोशक, गद्दा, बिछावन।

**Maturate**-मॅ-ट्यूर् - एट्'- *v. i.* to suppurate. परिपक्व होना, प्रौढ़ होना; **Maturation** ( -ए'-शॉन् ) -*n.* the process of ripening. फोड़े इत्यादि का पकना; **Maturative** ( -एट्' - इव् ) -*adj.* conducing to ripeness. पकने का।

**Mature**-मॅ-ट्यूर्' - *adj.* ripe, fully developed, due, completed, ready. परिपक्व, सिद्ध, प्रौढ़, तैयार, सम्पन्न; -*v. t.* & *i.* to ripen, to develop. सिद्ध होना, पकाना, तयार होना, प्रौढ़ होना; **Matureness** ( -नेस् ) -*n.* development. प्रौढ़ता।

**Maturity**-मॅ-ट्यूर्'-इ-टी- *n.* the state of being mature, matureness. प्रौढ़ता, ( परिपक्वता ), सिद्धि।

**Matutinal** - मॅट्-यूट्' - इन् - ऑल् - *adj.* occurring in the morning. प्रातःकाल में होने वाला।

**Maudlin**-मॉड्'-लिन्-*adj.* & *n.* mawkish. उन्मत्त, मत्तप्रिय।

**Maul, Mall**-मॉल्- *n.* a kind of wooden hammer. एक प्रकार की लकड़ी की मुँगरी; -*v. t.* to beat with a maul. मुगरी से मारना या कूचना; **Maul-stick** ( -स्टिक् ) -*n.* a stick used by painters to steady the hand in painting. छड़ी जिसपर

चित्रकार सहारा लेकर रँगता है।

**Maund** -मॉन्ड् - *n.* an Indian weight of forty seers. चालीस सेर की तौल, मन।

**Maunder**-मॉन्'-डर्-*v. i.* to move carelessly, to talk ramblingly, to mutter. लापरवाही से घूमना, बकना, बरबराना।

**Mauser** - माउज़' - अर्- *n.* a kind of revolver. एक प्रकार का पिस्तौल।

**Mausoleum** - मॉ-सो-ली'-अम्- *n.* a big stately tomb. चैत्य, कब्र।

**Mauve** - मॉव्- *n.* a bright purple dye. चमकीला गुलाबी रङ्ग।

**Maw**-मॉ- *n.* the stomach, the crop of birds. उदर, पेट, पोटा।

**Mawkish** - मॉक्'-इश्-*adj.* disgusting, of faint flavour. नीरस, निःसत्व, फीका; **Mawkishly** (-ली) -*adv.* in a disgusting manner. घृणा से; **Mawkishness** (-नेस) -*n.* the quality of being mawkish. निःसत्वता।

**Mawseed** -मॉ'-सीड्- *n.* seed of opium, poppy. पोस्ते का दाना।

**Maxilla**-मॅक्स् - इल्'-ला- *n.* (*pl.* Maxillæ.) the upper jawbone. ऊपर के दाढ़ की हड्डी; **Maxillary** (-लॅ - रि) -*adj.* pertaining to the jawbone. दाढ़ की हड्डी का।

**Maxilliform**-मॅक्स्'-इल्-लि-फ़ार्म्- *adj.* of the form of a jawbone. दाढ़ की हड्डी के आकार का।

**Maxim**-मॅक्स्'-इम्- *n.* a general principle drawn from experience, a proverb, a rule of conduct, an axiom, an aphorism, a kind of gun. कहावत, नियम, सिद्धान्त, सूत्रवाक्य, एक प्रकार की बन्दूक; **Moral maxim** (rules of morality.) नीतिवाक्य।

**Maximalist** - मॅक्स् - इ-मॅल्'-इस्ट्-, *n.* a member of a revolutionary party. विप्लववादी, जो मनुष्य बिना अधिक से अधिक लिये सुलह नहीं करता।

**Maximization**-मॅक्स्'-इ - माइज़-ए'-शन्- *n.* maximum increase. परम वृद्धि।

**Maximize**-मॅक्स्' - इ-माइज़्- *v. t.* to increase to the utmost. परम संख्या तक बढ़ाना।

**Maximum**-मॅक्स्'-इ-मम्- *n.* (*pl.* Maxima) the highest possible quantity or number. परम संख्या, अधिक परिमाण।

**May**-मे- *v. aux.* (*p. t.* Might) to be able or possible, to be allowed. सम्भव होना, सकना, कदाचित्, आज्ञा पाना; *n.* the fifth month of the English year. अंग्रेज़ी वर्ष का पाँचवाँ महीना, मई; **Maybe** (perhaps.) कदाचित्; **May-day** (the first day of May.) मई मास का पहिला दिन; **May-pole** (the pole to dance round on the May day.) फूलों से सजाया हुआ डण्डा जिसके चारों ओर अंग्रेज़ लोग मई के उत्सव में नाचते हैं।

**Mayor** - मेअर् - *n.* (*fem.* Mayoress) the head of a municipal corporation of a city. नगर का अध्यक्ष; **Mayoral** (-ऑल्) -*adj.* pertaining to a mayor. इस अध्यक्ष सम्बन्धी; **Mayoralty** (-ऑल्-टी) -*n.* the office of a mayor. नगराध्यक्ष का पद।

**Mayst**-मेस्ट् - *v. i.* second person singular of "May". 'मे' धातु के मध्यम पुरुष के एक वचन का रूप।

**Mazarine** - मॅज़-ऑ-रीन्' -*adj.* of deep blue colour. गहरे नीले रङ्ग का।

**Maze**-मेज़्- *n.* network, labyrinth, confusion. कुटिल मार्ग, दुर्गम स्थान, भूल-भुलैया; -*v. t.* to confuse, to disturb. घबड़ाना, भटकाना, हैरान करना।

**Mazily**-मे'-ज़ी-ली-*adj.* in a mazy manner. घबड़ाहट से।

**Maziness** -मेज़्'-इ-नेस् - *n.* the state of being mazy. घबड़ाहट, व्यग्रता।

**Me**-मी-*pron.* (*pl.* Us) objective case of "I." मुझे, मुझको; **Ah me!** (alas!) ओफ् ओह!

**Mead**-मीड् - *n.* a fermented liquor of honey and water, a meadow. मधु पानीय, शहद की मदिरा, चरागाह।

**Meadow** - मॅड्'-ओ - *n.* a piece of flat grass land, a pasture land. घास लगा हुआ चौरस मैदान, चरागाह; **Meadowy** (-ई) -*adj.* containing meadows. घास से (चरागाह से) भरा हुआ।

**Meagre**-मी'-गर्-*adj.* lean, thin, barren, poor, scanty. दुर्बल, क्षीण, असार, अपूर्ण, थोड़ा; **Meagrely** (-ली) -*adv.* poorly, thinly. अपूर्णता से; **Meagreness** (-नेस्)- *n.* barrenness. दुर्बलता, स्वल्पता।

**Meal**-मील् - *n.* the eatable part of a

grain ground into powder, food taken at a time, customary time of taking food, quantity of milk given by a cow at a time. आटा, पिसान, भोजन, आहार का समय, जितना दूध गाय एक बार देती है ; -*v. i.* to take meal. भोजन करना ; A square meal ( satisfactory meal.) पर्याप्त भोजन ।

**Mealie** – मी'-ली – *n.* a kind of African maize. अफ़्रीका देश का जुआर (भुट्टा) ।

**Mealiness**–see Mealy.

**Mealy**–मील्'-ई – *adj.* of meal, covered with meal, dry and whitish. आटे का, सूखा, कोमल, दरदरा ; Mealy mouthed (soft speaking.) मृदुभाषी, मीठा बोलने वाला ; Mealiness ( -इ-नेस् ) -*n.* the quality of being mealy. मृदुभाषिता ।

**Mean**–मीन् – *adj.* low in rank or birth, base, sordid, of little value, contemptible, poor. अधम ( नीच ), क्षुद्र, तुच्छ, कम मूल्य का, कुत्सित, दीन ; Meanly (-ली) -*adv.* ignobly, in a mean manner. नीचता से ; Meanness (-नेस् ) -*n.* baseness. नीचता ।

**Mean** – मीन् – *adj.* middle, moderate. मध्यम, मध्य परिमाण (औसद) का ; -*n.* the middle point or degree, intervening time, a quantity having an intermediate value between several others. मध्यबिन्दु, मध्यकाल, मध्यमान ।

**Mean**–मीन् – *v. t.* & *i.* (*p. p.* & *p. p.* Meant-मेन्ट् ) to intend, to purpose, to have in mind, to design, to signify, to have meaning. इच्छा करना, उद्देश करना, विचारना, नियुक्त करना, सूचित करना, अर्थ होना ; What do you mean by it ? (how do you account for it ?) इससे आपका क्या तात्पर्य है ?

**Meander**–मी-ऐन्ड्'-अर्-*n.* wandering of a river, -( *pl.* ) windings, maze. नदी का कुटिल मार्ग, ( ब० व० ) घुमौवा रास्ता, भूलभुलैया ; -*v. i.* & *t.* to loiter, to flow round. भटकते फिरना, घूमकर बहना ।

**Meandrine**–मी-ऐन्'-ड्रिन् – *adj.* full of windings. विषम गति का, चक्करदार ।

**Meaning**–मीन्'-इङ्ग्-*n.* intention, aim, signification. अभिप्राय, अर्थ, आशय ; *adj.* significant, expressive, चरितार्थ, पूर्णार्थ; Hidden meaning (secret meaning.) गुप्तार्थ ; Literal meaning ( exact meaning.) शब्दार्थ; Meaningless (-लेस्)-*adj.* having no meaning. निरर्थक ।

**Meaningly**–मीन्-इङ्ग्'-ली – *adv.* significantly. अर्थ ( अभिप्राय ) सहित ।

**Meanly, Meanness**–see Mean.

**Means** – मीन्स् – *n. pl.* instrumentality, method, resources. साधन, विधि ( हेतु ), उपाय, आय ; By all means ( without fail. ) अवश्य, निश्चय करके ; By any means (somehow or other. ) किसी न किसी प्रकार से ; By no means (not at all.) कदापि नहीं ; Lives beyond his means (spends more than his income.) आय से अधिक वह व्यय करता है ; Means of subsistence ( ways of livelihood.) जीवन उपाय ; Moderate means (ordinary income.) सामान्य आय, मामूली आमदनी ।

**Meant**–मेन्ट्–*p. t.* & *p. p.* of Mean.

**Meantime**–मीन्'-टाइम्-*adv.* in the intervening time. इस बीच में

**Meanwhile** – मीन्'-व्हाइल् – *adv.* in the mean time. तदनन्तर ।

**Measles**–मीज़्'-ल्ज़ – *n. pl.* an eruptive infectious disease. शीतला रोग, चेचक ; Measled ( -ड् ) -*adj.* infected with measles. शीतला रोग से ग्रस्त ।

**Measurable**–मेझ़्'-अर्-ऑ-ब्ल् – *adj.* that may be measured. नापने योग्य ; Measurably (-ऑब्'-ली ) -*adv.* in a limited degree. नाप में ।

**Measure**–मेझ़्'-अर्–*n.* size, limit, degree, quantity, unit of capacity, means to end, a proposal, time in music. मान, मर्यादा, सीमा, परिमाण, नाप, लक्ष्य, लय, ( ताल ); -( *pl.* ) means, end. ( ब० व०) उपाय, लक्ष्य; -*v. t.* to estimate, to ascertain size &c. कूतना, अनुमान करना; Beyond measure (too much, excessively.) अधिक ; Greatest common measure (the greatest measure that divides given quantities without remainder.) महत्तमापवर्तक ; In some measure (partly.) अल्पमात्र ; Made to measure ( *i. e.* in accordance with measurement.) नाप से बना हुआ ; Measure of capacity ( unit of capacity. ) प्रमाण, मात्रा; Tape-measure ( a tape

for measuring.) नापने का फीता ; To tread a measure ( to dance. ) लय में नाचना ।

**Measured** – मेंज़्' - अड्ड् – *adj.* uniform, limited. परिमित, नपा हुआ ।

**Measureless**–मेंज़्'-अर्-लेंस् – *adj.* boundless. बिना सीमा का ।

**Measurement**–मेंज़्'-अर्-मेंन्ट् – *n.* act or result of measuring. परिमित प्रमाण, नाप

**Meat**–मीट्–*n.* animal flesh used as food. मांसाहार ; **Green meat** (vegetables.) शाक, भाजी ; **Meatless** ( -लेंस् ) *-adj.* devoid of meat. बिना मांस का ; **Meat-safe** (a cupboard of wire-gauze for storing meat.) मांस रखने की जालीदार आलमारी ; **Meaty** ( -ई ) *-adj.* fleshy. मांसपूर्ण ।

**Meatus**–मी-ए'-टस्–*n.* a passage in the body. शरीर के भीतर का मार्ग ।

**Mechanic** – मैं-कॉन्' - इक् – *n.* a skilled workman. शिल्पकार, कारीगर ; **Mechanics** ( - स् ) *-n. pl.* the science of machinery. यन्त्रविद्या, यन्त्रगति शास्त्र ।

**Mechanical**–मैं-कॉन्'-इक्-ऑल् – *adj.* pertaining to machines, unintelligent. यन्त्रसम्बन्धी, बुद्धिरहित ; **Mechanical drawing** ( a drawing made with instruments. ) परकाल तथा रूलर की सहायता से बना हुआ चित्र ; **Mechanically** ( -ऑल्-लि ) *-adv.* in a mechanical manner. यन्त्र की तरह ।

**Mechanician**–मैंक्-ऑ-निश्'-ऑन्- *n.* he who is skilled in constructing machines. यंत्र बनाने में कुशल ।

**Mechanism**–मैंक्'-ऑन्-इज़्म्- *n.* the construction of a machine. यन्त्ररचना, (यन्त्रकला), कल पुर्जे की बनावट ।

**Mechanist**- मैं-कॉन्'-इस्ट्- *n.* one who prepares machines. यन्त्र बनाने वाला ।

**Mechanization**–मैं-कॉन्-आइज़्-ए'-शॉन्- *n.* the act of making mechanical. यन्त्रीकरण, यन्त्रवत् बनाने का कार्य ।

**Mechanize**- मैं-कॉन्' - आइज़्- *v. t.* to make mechanical. यन्त्र के सदृश करना ।

**Meconic**- मैं-कॉन्' - इक्- *adj.* obtained from opium. अफीम से निकाला हुआ (सत्व)

**Meconium**–मैं-कॉन्'-इ-अम् – *n.* the juice of poppy. पोस्ते का रस ।

**Medal**–मैंड्'-ऑल्- *n.* a piece of met with inscriptions. मुद्रा, तगमा ; **Medalled** (-ड्) *-adj.* made into a medal. मुद्रा बना हुआ ।

**Medallic**–मैं-डॅल्'-लिक्- *adj.* pertaining to medals. तगमा सम्बन्धी ।

**Medallion**- मैं-डॅल्' - यॉन्- *n.* antique medal. प्राचीन तगमा ।

**Medallist**- मैं-डॅल्-लिस्ट्- *n.* one who engraves medals, one who has been awarded a medal. तगमा खोदने या बनाने वाला, तगमा पाया हुआ ।

**Meddle**–मैंड्'-इल्- *v. i.* to interfere, to interpose. हस्तक्षेप करना, विघ्न करना ।

**Meddler**–मैंड्'-इलर्- *n.* one who interposes. विघ्न डालने वाला ।

**Meddlesome**–मैंड्-इल्'-सम्- *adj.* given to meddling. हस्तक्षेप करने वाला ; **Meddlesomeness** ( -नेंस् )*-n.* interference. विघ्न, हस्तक्षेप ।

**Meddling**- मैंड्' - लिङ्- *adj.* busy in other's affairs. दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप करने वाला ; **Meddlingly** (-ली) *-adv.* in a meddlesome manner. हस्तक्षेप से ।

**Media**–मी'-डॆ-ऑ- *n. pl.* ( *sing.* Medium) agency. साधन, हेतु ।

**Medieval, Mediæval**- मैंड्- ए-ई' - वॅल्- *adj.* pertaining to the Middle Ages. मध्य काल (युग) सम्बन्धी ; **Medievalism** ( -इज़्म् ) *-n.* medieval spirit. इस काल की प्रचलित रीतियाँ ; **Medievally** ( -ली ) *-adv.* in a medieval manner. इस समय की प्रचलित रीति से ।

**Medial**- मी'-डी-ऑल्- *adj.* situated in the middle. बीच में का, औसत दर्जे का ; **Medially** (-ली)*-adv.* in a medial manner. मध्यरूप में, औसत दरजे से ।

**Median**–मी'-डि-ऑन्- *adj.* placed in the middle. मध्य में रक्खा हुआ, माध्यिक ।

**Mediate**–मी'-डि-एट्- *v. i.* & *t.* to intervene, to intercede, to halve. मध्यस्थ होना, बीच में पड़ना, आधा करना ; *-adj.* between two extremes, of the midde. मध्यवर्ती, बीच का ; **Mediately** (-ली)*-adv.* in a mediate way. दूसरे के द्वारा ; **Mediation** ( -ए'-शान् ) *-n.* interposition. मध्यस्थता, बिचवई ।

**Mediatization**-मी'-डि-एट्-आइज़्-ए'-शॉन्- *n.* the act of mediatizing. छोटे राज्य

का बड़े राज्य में मिलाप।

**Mediatize** - मी-डि-एट्'-आइज़् -*v. t.* to annex a small state to a large one. छोटे प्रदेश को बड़े राज्य में मिला देना।

**Mediator**-मी-डि-एट्'-ऑर्- *n.* one who mediates. मध्यस्थ, बीच बिचाव करनेवाला; **Mediatorial** ( -इ-ऑल् ), **Mediatory** ( -ई ) -*adjs.* pertaining to mediation. मध्यस्थ संबंधी।

**Mediatress, Mediatrix**- मी'-डि-एट्'-रैस ( -ए'-ट्रिक्स् )-*n. fem.* a female mediator. मध्यस्थ स्त्री।

**Medicable**- मैड्'-इक्-ऑ-ब्ल्- *adj.* that may be cured. ( औषधि से ) चिकित्सा करने योग्य।

**Medical**-मैड्'-इक्-ऑल्- *adj.* of the art of healing, of medicine tending to cure. वैद्यक या औषधि सम्बन्धी, चिकित्सा; **Medical jurisprudence** ( the principles of medicine as applied in law. ) वैद्यक का क़ानूनी ज्ञान; **Medical science** ( the science of medicine. ) वैद्यकशास्त्र, आयुर्वेद।

**Medically**-मैड्'-इ-कॉल्-ली- *adv.* according to the rules of medicine. आयुर्वेद के अनुसार।

**Medicament**- मैड्-इक्' - ऑ-मैन्ट्- *n.* a substance used in healing diseases. रोग हटाने वाली औषधि।

**Medicaster**- मैड्' - इक्-ऑस्ट्'-अर्- *n.* a quack doctor. ढोंगी वैद्य, कूट चिकित्सक।

**Medicate**-मैड्'-इक्-एट्- *v. t.* to treat medically. औषधि देना, औषधि मिलाना; **Medication** ( ए'-शॉन् ) -*n.* the use of medicine. औषधि प्रयोग; **Medicative** ( -ऑट्-इव् ) -*adj.* curing. आरोग्यकर।

**Medicinal**-मैड्-इस्'-सिन्-ऑल्- *adj.* pertaining to medicine. औषधि सम्बन्धी; **Medicinally** ( -ऑल्-लि ) -*adv.* in the manner of medicine. औषधि रूप से।

**Medicine**-मैड्'-इस्-सिन्- *n.* the art of healing, a substance used internally with this end. वैद्यकशास्त्र, औषधि; -*v. t.* to cure with a medicine. दवा देकर आरोग्य करना।

**Medico**-मैड्'-इ-को- *pref.* for "doctor" "डाक्टर" सूचक उपसर्ग; -*n.* a doctor. वैद्य, डाक्टर।

**Mediocre**-मी-डि-ओक्'-अर्-*adj.* of moderate degree, indifferent. सामान्य, मध्यम श्रेणी का, उदासीन।

**Mediocrity**-मैड्-इ-ऑक्'-रिट्-ई- *n.* moderation, temperance. सामान्यता, उदासीनता।

**Meditate**-मैड्'-इ-टेट्- *v. t.* & *i.* to design, to think, to contemplate. चिन्ता करना, विचारना, सोचना।

**Meditation**-मैड्-इ-टे'-शॉन्- *n.* the act of meditating. ध्यान, चिन्ता।

**Meditative**-मैड्-इ-टे'-टिव्- *adj.* addicted to meditating. चिन्ताशील, ध्यानतत्पर।

**Meditator**-मैड्-इ-टेट्'-आर्- *n.* a thinker. ध्यान करने वाला।

**Mediterranean**-मैड्' - इ-टर्-रे'-नि-ऑन्- *adj.* surrounded by land, inland. भूमि से चारो ओर घिरा हुआ।

**Medium**-मी'-डि-अम्- *n.* ( *pl.* Media, Mediums) the middle quality, intervening substance, agent, means, agency, environment, instrument. मध्य परिमाण, बीच का पदार्थ, साधन, द्वार, कारण; -*adj.* moderate, average. सामन्य, औसत दर्जे का।

**Medley**-मैड्'-ली- *n.* a mixture of different things, a miscellany. अनेक भिन्न द्रव्यों का समूह; -*adj.* miscellaneous. मिलाया हुआ; -*v. t.* to intermix. मिश्रित करना, मिलाना।

**Medulla**- मैं-ड्युल्'-लॉ- *n.* marrow of the spine. पीठ की रीढ़ की हड्डी के भीतर की गुद्दी।

**Meed**-मीड् - *n.* reward, recompense. पारितोषिक, प्रतिफल, इनाम।

**Meek**-मीक्-*adj.* gentle, humble, submissive. विनीत, नम्र, निरहङ्कार; **Meekly** ( -ली ) -*adv.* in a meek manner. विनय ( नम्रता ) सहित; **Meekness**(-नैस्-) *n.* the quality of being meek. नम्रता, विनय।

**Meet**-मीट् - *v. t.* & *i.* ( *p. t.* & *p. p.* Met ) to encounter, to assemble, to go to receive, to find, to satisfy, to come face to face, to unite. सन्मुख आना, इकट्ठा होना, भेंट करना, सन्तुष्ट करना, भिड़ना, एकत्र होना; -*adj.* fit, proper, suitable. उचित, योग्य; **Not easy to meet with** ( difficult to meet. ) दुर्लभ; **To meet the eye** ( to be

visible. ) देख पड़ना ।

Meeting-मीट्'-इङ्ग्-n. an assembly, an interview. सभा ( समाज ), भेंट ; Meeting place ( a place appointed for meeting. ) भेंट होने का स्थान ; Member of a meeting ( the member of a society. ) किसी समाज का सभासद

Meetness-मीट्' - नॅस् - n. suitableness, propriety. योग्यता ।

Megaphone-मॅग्'-ओं-फोन्-n. an instrument for carrying sound to a large distance. दूर तक शब्द ले जाने का एक प्रकार का यन्त्र ।

Megass-मी - गॅस्'-n. residue which is left after extracting juice from sugarcane. ऊख की सीठी ।

Megrim-मॅ'-ग्रिम्-n. headache, whim. शिरोव्यथा ( अधकपारी ), झक ।

Melancholia-मॅल्-ऑन्-कोल्' - इ-ऑ-n. a form of insanity. खिन्नता का रोग, झक ।

Melancholic-मॅल्' - ऑन् - कॉल्'-इक्-adj. depressed in spirits. विषादपूर्ण ।

Melancholy-मॅल्'-ऑन्-कॉल्'-ई-n. & adj. mental depression, sad, golomy, depressing. उदासीनता, वैमनस्य, खिन्न, चिन्ताकुल, उदास ।

Melanism-मॅल्'-ऑन्- इज़्म्-n. blackness of colour. चमड़े का काला पड़ना ।

Melee - मॅल्' - ए-n. a confused fight, skirmish. संकुल संग्राम, भिड़न्त की लड़ई।

Melic-मॅल्'-इक्-adj. fit to be sung. गाने योग्य ( कविता ) ।

Meliorate-मील्' - योर्-एट् - v. t. to improve. उन्नति करना, सुधारना ; Melioration ( -ए'-शॉन् )-n. improvement. सुधार उन्नति ।

Meliorism-मील्'-योर्-इज़्म्-n. the doctrine that the world may be improved by men. यह सिद्धान्त कि संसार मनुष्य द्वारा उन्नति प्राप्त कर सकता है ; Meliorist ( -इस्ट् )-n. a person holding such a doctrine. ऐसे सिद्धान्तवाला मनुष्य ।

Melliferous-मॅल्-लिफ्'-ऍर्-अस्-adj. producing honey. मधु (शहद) उत्पन्न करनेवाला

Mellifluence-मॅल् - लिफ्' -फ्लु-ऍन्स्-n. a sweet flow. मधुरता, मीठापन ।

Mellifluent-मॅल्-लिफ्'- फ्लू-ऍन्ट्, Mellifluous (-फ्लु-अस् )-adjs. sweetly flowing, smooth. मधुराक्षर ((मधुर वाणीका), स्निग्ध ।

Mellivorous-मॅल्-लिव्'-ओं - रस्-adj eating honey. मधु खानेवाला ।

Mellow-मॅल्'-लो-adj. soft, juicy, jovial, rich, intoxicated. कोमल, रसदार, आनन्दी, मधुर, मतवाला ; -v.t. to sweeten. मधुर करना ; Mellowly ( -ली ) - adv. in a mellow manner. मधुरता से ; Mellowness ( नॅस् )- n. softness, sweetness. कोमलता, मधुरता ।

Melodic-मॅ-लॉड्' - इक्- adj. containing melody. सुरीला ।

Melodious-मॅ-लोड्' - इ - अस्-adj. sweet sounding. मधुर स्वर का, सुरीला; Melodiously ( -ली )- adv. in a melodious manner. मधुर स्वर में ; Melodiousness ( -नॅस् )-n. the quality of being sweet sounding or melodious. सुरीलापन ।

Melodist-मॅल्'-ओ - डिस्ट्-n. a singer of melodies. सुरीला गाना गानेवाला ।

Melodize-मॅल्'- ओं-डाइज़्-v. i. to make melodious. सुरीला करना ।

Melodrama-मॅल्'-ओ-ड्रॉ- मॉ-n. a sensational drama with music.भावों को जागृत करने वाला नाटक; Melodramatic ( -ड्रॅम्-ऑट्'-इक् )-adj. pertaining to melodrama. ऐसा नाटक सम्बन्धी; Melodramatically ( -ऑल्-लि )-adv. in a melodramatic manner. ऐसी नाटक की रचनासे; Melodramatist ( -टिस्ट् )-n. one who writes such a drama. ऐसा नाटक बनाने वाला ; Melodramatize ( -टाइज़् )-v. t. to compose a melodrama. इस प्रकार का नाटक बनाना ।

Melody-मॅल्'-ओं-डी-n. ( pl. Melodies-डीज़् ) musical arrangement of words, sweet music. स्वर की मधुरता, लय, राग ।

Melon-मॅल्' - अन्-n. a kind of gourd. तरबूज, फूट ; Musk melon खरबूजा ।

Melt-मॅल्ट्-v. i. & t. ( p. p. Melted, Molten ) to become liquid, to pass into liquid condition, to soften. द्रवभूत होना, गलाना, घुलाना, मुलायम करना, पिघलाना ; Melting ( -इग्ङ् )- adj. dissolving. गलता हुआ ; To go to the melting-pot ( to be revolutionized. ) बदल जाना ; To melt away ( to disappear after melting. ) गलकर लुप्त या गायब हो जाना ।

Member-मैंम्' - बर्-*n.* a limb or organ of the body, portion of a structure, one of a society. अंग, अवयव, सदस्य, (सभासद) ; Membered ( -बर्ड् )- *adj.* having limbs. अगी, अवयवी ; Memberless ( -लैस् )- *adj.* without limbs. अवयव रहित ; Membership ( -शिप् )- *n.* community, state of being a member. सदस्य का पद ; Unruly member ( the tongue. ) जिह्वा, जीभ ।

Membral-मैंम्'-ब्रौल्-*adj.* pertaining to the limbs. अंग संबधी ।

Membrane-मैंम्'-ब्रेन्-*n.* a thin fibrous layer in an animal body. झिल्ली, खाल ; Membranaceous ( -ए'-शस् ), Membraneous ( -ब्रे'-नि-अस् )-*adjs.* of membrane. झिल्ली का ।

Memento-मैं-मैंन्' टो-*n.* (*pl.* Mementos, Mementoes. ) something which serves as a warning. स्मारक, यादगार, चेतावनी ।

Memo-मी' - मो - *n.* a memorandum. स्मारक, यादगार ।

Memoir-मैंम्' - वॉर् - *n.* an account of events written from personal knowledge or from reliable information, biography. चरित्र रचना, इतिहास, किसी विषय पर प्रधान लेख ।

Memorability-see Memorable.

Memorable-मैंम्'-ऑर्-ऑ-बल्-*adj.* worthy to be remembered. स्मरण करने योग्य ; Memorability (-बिल्'-इ-टी )-*n.* memorableness. यादगारी ; Memorably ( -ऑब्'-ली )-*adv.* in a memorable manner. यादगार में ।

Memorandum-मैंम्'-ओ-रैन्'-डम्-*n.* ( *pl.* Memoranda, Memorandums. ) a note for helping the memory, a document in which terms of contract are recorded. स्मारकपत्र, स्मरण लेख ।

Memorial - मैं-मार्'-इ-ऑल्- *adj.* & *n.* commemorative, serving to preserve memory, a petition or written representation, monumental record. स्मारक, स्मरण चिह्न, प्रार्थनापत्र ; Memorialist ( -इस्ट )-*n.* one who writes a memorial. प्रार्थना पत्र लिखनेवाला ; Memorialize ( -आइज़ )-*v. t.* to commemorate. निवेदन पत्र द्वारा प्रार्थना करना ।

Memoria technica-मैंम्-ऑर्'-इ-ऑ - टैक्'-निक् ऑ- *n.* a scientific method of assisting memory. स्मरण शक्ति बढ़ाने की शास्त्रीय विधि ।

Memorize-मैंम्'-ऑ-राइज़्- *v. t.* to commit to memory. याद करना ।

Memory-मैंम्'-ऑर्-ई-*n.*( *pl.* Memories.) the faculty in a man to remember, recollection, remembrance. स्मरण शक्ति, धारणा, यादगार ; To commit to memory ( to learn by heart. ) कण्ठस्थ करना, रटना ।

Men-मैंन्- *n. pl.* of Man.

Menace-मैंन्' - एस्- *v. t.* to threaten. डराना, धमकाना ;-*n.* a threat. धमकी ; Menacingly ( -ऑस्'-इङ्ग्-ली ) - *adv.* with a threat. धमकी से ।

Menage-मैंन्-ऑज़्'- *n.* household management. गृहस्थी का प्रबन्ध ।

Menagerie-मैं-नी'-जैं-री-*n.* a collection of wild animals in cages &c. जङ्गली पशुओं का संग्रह ।

Mend-मैंन्ड्-*v. t.* & *i.* to repair, to regain health, to correct, to improve, to grow better. मरम्मत करना, स्वास्थ्य. सुधारना, बनाना, उन्नति प्राप्त करना; Mendable ( -ऑ-बल् ) - *adj.* capable of being mended. सुधारने योग्य ; Mender ( -अर् )- *n.* one who mends. मरम्मत करनेवाला ; Mending ( -इङ्ग् )- *n.* the act of repairing. मरम्मत ।

Mendacious-मैंन्-डे'-शस्- *adj.* untruthful, false. मिथ्या, झूठ ; Mendaciously ( -ली )-*adv.* falsely. असत्यता से ।

Mendacity-मैंन्-डैस्'-इ-टी- *n.* falsehood. मिथ्या भाषण, झूठ ।

Mendicancy-मैंन्'-डि-कौन्-सी-*n.* beggary. भिक्षावृत्ति, भिखारीपन ।

Mendicant-मैंन्'-डि - कौन्ट्-*n.* a beggar, one who subsists on alms. भिक्षुक, भिखारी ; Mendicity ( -डिस्'-इ-टी )-*n.* the life of a beggar. भिक्षा जीवन ।

Menial-मीन्'-इ-ऑल्- *adj.* low, servile, mean. नीच, ओछा ; *n.* a domestic servant, one doing servile work. दास, नौकर ; Menially ( -ली ) *adv.* in a servile manner. दासत्व से. नीचता से ।

Meningitis-मैंन्-इन्-जाइ'-टिस्-*n.* inflammation of the membranes of the

brain. मस्तिष्क की नाड़ियों की सूजन।

**Meniscus**-मैं-निस्क्'-अस्-*n.* a crescent-shaped lens. अर्ध चन्द्राकार ताल।

**Menology**-मैन्-ऑल्'-ऑ-जी-*n.* a monthly calender. मास पत्रिका, महीनेवारी जन्त्री।

**Mensal**-मैन्'-सौल्-*adj.* monthly. मासिक, माहवारी।

**Menses**-मैन्'-सीज़्- *n. pl.* the monthly discharge of blood from the outer layer of uterus. स्त्रियों का मासिक धर्म, आर्तव, रजस्वला होना।

**Menshevik**-मैन्'-शै-विक्-*n.* a member of the Russian socialist party (*Cf.* Bolshevik.) रूस की सामाजिक सुधारसभा का सभासद।

**Menstrual**-मैन्'-स्ट्रु-ऑल्-*adj.* pertaining to menses. मासिक धर्म संबंधी।

**Menstruous**-मैन्'-स्ट्रु अस्-*adj.* pertaining to menses. प्रतिमासिक।

**Menstruate** - मैन्'-स्ट्रु-एट्- *v.i.* to discharge menses. रजस्वला होना; **Menstruation** ( - ए'- शॉन् ) -*n.* the act of menstruating. ऋतुस्राव, आर्तव।

**Menstruum**-मैन्'-स्ट्रु-अम्- *n.* ( *pl.* Menstrua-आ) a dissolving fluid, solvent. द्रावक ( घुलानेवाला ) पदार्थ।

**Mensurable**-मैन्'-स्यूर्-ऑ - बुल्-*adj.* that can be measured. नापने योग्य; **Mensural** (ऑल्) -*adj.* pertaining to measure. नाप सम्बन्धी।

**Mensuration**-मैन्'-स्यूर्-ए-शॉन्-*n.* the art of mathematical measuring. क्षेत्रमिति, गणित में नापविद्या।

**-ment**-मैन्ट्-*suf.* in sense of "result of." "परिणाम" अर्थ का प्रत्यय।

**Mental**-मैन्'-टॅल्-*adj.* of the mind, intellectual. मानसिक, बुद्धि सम्बन्धी, **Mentality** (-टॅल'-इ-टी ) -*n.* intellectuality. मानसिक शक्ति या अवस्था; **Mentally** (-ली ) -*adv.* in the mind. मन से।

**Menthol**-मैन्-थॉल्-*n.* a solid substance similar to peppermint. पिपरमिन्ट के प्रकार की एक ठोस औषधि।

**Mention**-मैन्'-शॉन्-*n.* naming, a brief notice, suggestion. कथन, निर्देश, चर्चा; -*v.t.* to refer to, to name. निर्देश करना, चर्चा करना; **Mentionable** ( -ऑ-बुल् ) -*adj* that may be mentioned. निर्देश करने योग्य; **Not to mention** ( not to refer. ) चर्चा न करना; **To mention by name** (to call by name.) नाम लेना।

**Mentioned**-मैन्'-शान्ड्- *adj.* referred. कहा हुआ, निर्दिष्ट; **Above-mentioned** ( referred to above. ) ऊपर कहा हुआ, उपरोक्त।

**Mentor**-मैन्'-टॉर्- *n.* a trustworthy adviser. विश्वसनीय मन्त्री।

**Menu**-मैन्'-उ-*n.* bill of fare. किराये या भोजन का पुर्जा।

**Mephitic**-मैं - फिट्' - इक्, **Mephitical** ( -ऑल् )-*adjs.* foul, noxious, of offensive smell. दुर्गन्धी।

**Mephitis**-मैं-फ़ाइट्'-इस्-*n.* offensive emanation from earth. पृथ्वी से निकलती हुई दुर्गन्ध।

**Mercantile**-मर्'-कॅन्ट्-आइल् - *adj.* commercial व्यवसायी।

**Mercenary**-मर्-सैन्'-ऑ-री-*adj.* working simply for money, selfish, hired. केवल धन के लिये काम करनेवाला, स्वार्थी, भाड़े पर काम करनेवाला।

**Mercer**-मर्'-सर्-*n.* one who deals in silk. रेशमी कपड़े बेचने वाला; **Mercerize** ( -आइज़् )- *v. t.* to prepare cotton goods with silky gloss. रासायनिक क्रिया से सूत पर रेशम की चमक लाना।

**Mercery**-मर्' - सर्-री-*n.* the trade of a mercer. रेशमी वस्त्र का व्यापार।

**Merchandise**-मर्'-चॅन् - डाइज़्-*n.* commodities or goods dealt in by merchants. व्यापारी माल।

**Merchant**-मर्'-चॅन्ट् - *n.* a trader, an exporter or importer of goods. व्यापारी, सौदागर; -*adj.* pertaining to trade. व्यवसाय संबन्धी, सौदागरी; **Merchantable** (-ऑ-बुल्) -*adj.* fit for market. सौदागरी के योग्य; **Meachant-like** (-लाइक् ) -*adj.* like a merchant. व्यापारी सदृश; **Merchant prince** ( a wealthy merchant. ) बड़ा धनिक व्यापारी; **Merchantship, Merchantman** ( a ship conveying merchandise.) व्यापारीजहाज़।

**Merciful**-मर्'-सी-फ़ुल्- *adj.* having mercy, compassionate. दयापूर्ण; **Mercifully** (-फ़ुल्-लि ) -*adv.* with pity. दया से; **Mercifulness** - ( -नैस् ) -*n.* the quality of being merciful. दयालुता।

**Merciless** - मर्'- सी - लैस् *adj.* cruel.

दयाशून्य, निर्दय ; Mercilessly ( -ली )- *adv.* in a merciless manner. क्रूरता से Mercilessness ( -नॅस् ) -*n.* want of mercy. निष्ठुरता ।

**Mercurial**-मर्-क्यूर्'-इ-ऑल्- *adj.* pertaining to quicksilver, fickle. पारद का, चलचित्त ।

**Mercuric**-मर् - क्यूर्' - इक्, Mercurous ( -अस् ) -*adjs.* containing mercury, pertaining to the planet Mercury. पारे का, बुध ग्रह सम्बन्धी ।

**Mercury**-मर्' - क्यु-री - *n.* quicksilver, name of a planet. पारा, बुध ( ग्रह ) ।

**Mercy**-मर्' -सी - *n.* pity, compassionateness. दया ( कृपा ), दयालुता ।

**Mere**-मिअर्- *n.* a lake. झील ; -*adj.* this, or that, only. केवल, मात्र ; Merely (-ली) -*adv.* simply, in this way, alone. केवल, इसी प्रकार से ;

**Meretricious**- मॅर्-ऍ-ट्रिश्'-अस्- *adj.* attractive, of a showy nature. बनावटी शोभा का ; Meretriciously (-ली ) -*adv.* in a meretricious manner. मिथ्या शोभा से ; Meretriciousness ( -नॅस् ) -*n.* deceitful allurement. कपट शोभा, छल युक्त प्रलोभन ।

**Merge**-मर्ज्-*v..t.* & *i.* to immerse, to sink, to be swallowed up. डूबना, निगल जाना, मिलना ; Mergence (-ऍन्स्) -*n.* the quality of merging. मिलावट ; Merger (-अर्)-*n.* combination. मिलावट

**Meridian**-मॅ-रिड्'-इ-ऑन्- *n.* a conventional circle passing through celestial poles and zenith, the point at which a celestial body attains the highest altitude, full splendour, mid-day. खमध्य रेखा, जिस स्थान पर सूर्य या अन्य नक्षत्र सबसे अधिक ऊँचाई पर पहुँचता है, पराकाष्ठा, मध्याह्न ; -*adj.* pertaining to midday. मध्याह्न सम्बन्धी ; Meridianal ( -ऑल् ) -*adj.* pertaining to meridian. खमध्य सम्बन्धी ।

**Merino**-मॅ-री'-नो- *n.* a kind of sheep, fine woollen yarn. एक प्रकार की भेड़, सुन्दर ऊनी वस्त्र ।

**Merit**-मॅर्'-इट्- *n.* worth, value, excellence. गुण, योग्यता, श्रेष्ठता; -(*pl.* ) question at issue. गुणदोष ; -*v. t.* ( *p. t.* Merited ) to deserve. योग्य होना ; Merited (-ऍड् ) -*adj.* deserved. योग्य, उचित ।

**Meritorious**- मॅर्-इ-टॉर्' - इ - अस्- *adj.* deserving, praiseworthy. गुणसम्पन्न ( पुण्यात्मा ), प्रशंसा योग्य; Meritoriously (-ली ) -*adv.* so as to deserve reward. श्लाघ्यता से; Meritoriousness ( -नॅस् )- *n.* the state of deserving reward. योग्यता ।

**Merle**-मर्ल्-*n.* black bird. कोयल, भुजङ्गा, कालापक्षी ।

**Merlin**-मर्ल्'-इन्- *n.* a kind of falcon. एक प्रकार का गिद्ध ।

**Mermaid**-मर्'-मेड्- *n.* a being with the head and trunk of a woman and the tail of a fish. मत्स्यांगना,मत्स्यस्त्री


Mermaid.

**Merman** – मर्' - मॅन् – *n.* male of a mermaid. दरियाई मर्द ।

**Merrily**- मॅर्' - रि-ली- *adv.* with mirth, jovially. आनन्द से ।

**Merriment**- मॅर्' - रि-मॅन्ट्- *n.* gaiety, mirth, hilarity, jollity, fun with laughter and noise. आनन्द विनोद, उत्सव, क्रीड़ा ।

**Merriness**- मॅर्'-रि-नॅस्- *n.* merriment. आनन्द, प्रसन्नता ।

**Merry**-मॅर्'-री- *adj.* ( *comp.* Merrier *sup.* Merriest. ) joyous, gay, jovial, mirthful. प्रमुदित, आनन्दी, मगन, हसमुख ; Merry andrew ( a buffoon. ) मसखरा, भाँड़ ; Merry-go-round ( a revolving machine with wooden horses.) चक्कर देनेवाला हिंडोला ; Merry-making ( a festival ) उत्सव; To make merry ( to feast with mirth. ) उत्सव मनाना ; To make merry over ( to make fun of. ) हँसी उड़ाना ।

**Mesdames**-मे-डाम्'- *pl.* of Madame. श्रीमती, महाशया ।

**Meseems**-मि-सीम्ज़्'- *v. i.* it seems to me. मुझे ऐसा प्रतीत होता है, जान पड़ता है।

**Mesenteric**- मॅस्-इन्-टॅर्'-इक्- *adj.* per-

aining to intestinal canal. अंत्रपेशी सम्बन्धी ( आंतों के पट्ठों की )।

**Mesentery**-मेंस्'-ऍन्-टर्-ई- *n.* a fold in the intestinal canal. अन्त्रपेशी, आँत का पुट्ठा।

**Mesh**-मेंश्- *n.* space between interstice of net, network. जालरन्ध्र, जाली में का छेद (झँझरी) ; -*v. t.* & *i.* to ensnare or catch in a net. जाल में फँसना या फँसाना; Meshwork (-वर्क्) -*n.* a network. जाल; Meshy (-ई) -*adj.* formed like network. जालरूप, जाल के आकर का ।

**Mesial**-मीस्'-इ-ऑल्- *adj.* of the middle of a body. शरीर के मध्य का ; Mesially (-ली) -*adv.* in the middle part of body. शरीर के मध्य में।

**Mesmerise, Mesmerize**-मेंज़्-मेंर्'-आइज़्- *v. t.* to bring to a hypnotic state, to bring a patient into a trance. मूर्छित करना, अचेत करना

**Mesmerism**-मेंस्-मेंर्'-इज्म्-*n.* hypnotism. मूर्छित करने की विधि।

**Mesmerist**-मेंस्-मेंर्' - इस्ट्-*n.* one who mesmerizes. मूर्छित करने वाला ।

**Mesmerization**-मेंस्-मेंर्-आइज़्-ए'-शॉन्-*n.* the act of mesmerizing. मूर्छित करने का कार्य ।

**Mesne**-मीन्- *adj.* intermediate. बीच का, मध्य का ; Mesne process ( the process that comes between the beginning and end of a suit. ) मुकद्दमे के बीच की कार्रवाई ।

**Mess**-मेंस्- *n.* mixed food, medley, untidy state of things, group of men taking meal together. सहभोजन, मिश्रण, गन्दगी, अनेक मनुष्यों का एक साथ भोजन, पङ्गत ; -*v. i.* to eat together as in a mass. एक साथ भोजन करना ; Messmate ( table-companion. ) सहभोजी, साथ भोजन करने वाला ।

**Message** - मेंस्'-सेज्- *n.* communication sent by one person to another. सन्देश, समाचार; -*v. i.* to send as a message. सन्देश भेजना ; Message bearer ( one who carries a message ) दूत, सन्देश ले जाने वाला मनुष्य ।

**Messenger** - मेंस्'-सैन्-जर् - *n.* one wh carries a message. दूत, सन्देश ले जाने वाला, हरकारा ।

**Messiah** - मेंस्-साइ'-ऑ - *n.* deliverer of the oppressed, the Saviour. मुक्तिदाता, ईसमसी ।

**Messianic**-मेंस्'-ऑन्-इक्-*adj.* relating to the Messiah. मुक्तिदाता सम्बन्धी ।

**Messieurs**-मेंस्'-यूर्-*n. pl.* of Monsieur. महाशय लोग, सभ्यगण ।

**Messuage**-मेंस्'-स्वेज्-*n.* a dwelling house with out-house attached to it. गृहवाटिका, निवास गृह ।

**Metà**-मैं-टॉ-Met-मेंट्-Meth-मेंथ्-*pref.* in sense of "among, with." "बीच में, साथ" अर्थ का उपसर्ग ।

**Metabolic**-मेंट्-ऑ-बॉल्'-इक्-*adj.* capable of change. परिवर्तनशील ।

**Metabolism** - मैं-टॅब्-ऑल्'-इज्म् - *n.* the process in an organism by which food is built up into living matter. शरीर में की वह क्रिया जिससे भोजन जीवित पदार्थों में बदल जाता है ।

**Metabolize** - मैं-टॅब्'-ऑल्-आइज़्-*v. t.* to alter by metabolism. जीवाणु में परिवर्तन करना या बदलना ।

**Metacarpus**-मेंट्-ऑ-कार्प्'-अस्-*n.* the palm of the hand. हाथ की हथेली ।

**Metachronism** - मैं-टॅक्-रॉन्'-इज्म्-*n.* the placing of an event after its real time. न्यूनकाल निरूपण, किसी घटना का बाद में निरूपण करना ।

**Metachrosis**-मेंट्'-ऑ-क्रो'-सिस्-*n.* change of colour in animals. पशुओं में रंग बदलने का कार्य ।

**Metage**-मीट्'-एज्-*n.* duty paid for load of coal. कोयले के बोझ पर चुंगी ।

**Metal**-मेंट्'-ऑल् *n.* a substance as gold, silver, copper &c. धातु -( *pl.* ) (ब०व०) rails of a railway line. रेलगाड़ी की लाइन ; -*v. t.* ( *p. t.* Metalled ) to furnish with metal, to pave road with broken stones. धातु लगाना, पक्की सड़क बनाना; Inferior metals ( metals other than gold and silver. ) उपधातु, सस्ते धातु ।

**Metallic**-मेंट्-टॅल्'-लिक् - ( -line-लाइन् ) -*adjs.* pertaining to or like a metal धातु सम्बन्धी, धातुरूप ।

**Metallist**-मेंट्'-ऑल्-इस्ट्-*n.* a worker in metals. धातु का काम बनाने या करने वाला ।

**Metallization**-मेंट्'-ऑल्-आइज-ए'-शॉन्-*n.* the act of metallizing. धातुरूप करने

की क्रिया।

**Metallize** - मैंट्-टैल्'-लाइज़् -*v. t.* to form into a metal. धातुरूप करना।

**Metallography** - मैंट्'-टैल्-लॉग्'-रैफ्-ई-*n.* description of the structure of metals. धातुशास्त्र, धातुविद्या।

**Metalloid**-मैंट्'-ऑल्-लॉएड्-*n.* a non-metallic element. धातु के रूप रंग का एक ( अधातु ) पदार्थ।

**Metallurgic**-मैंट्-ऑल्-अर्'-इक्-*adj.* pertaining to metallurgy. धातुशोधन सम्बन्धी; **Metallurgist** ( -जिस्ट् ) -*n.* one who works in metals. धातुशोधन करनेवाला।

**Metallurgy** - मैंट्'-ऑल्-अर्ज्'-ई-*n.* the art of separating metals from the ore. धातुशोधन, धातुओं को साफ़ करने की कला।

**Metalogical**-मैंट्-ऑल्-ऑज्'-इक्-ऑल्- *adj.* beyond the scope of logic. न्याय विरुद्ध, तर्क शास्त्र से भिन्न।

**Metameric** -मैंट्-ऑ-मैर्'-इक्- *adj.* having similarity of weight &c. but different chemical properties. भार इत्यादि समान होते हुए रसायनिक धर्मों की भिन्नता का।

**Metamorphic**-मैंट्-ऑ-मार्फ़्'-इक्-*adj.* with transformations. रूपान्तर का, परिवर्तन का; **Metamorphism** (-इज़्म्)-*n.* the state of being metemorphic. रूपान्तर, परिवर्तन।

**Metamorphose**- मैंट्-ऑ-मॉर्फ़्'-ओज़्- *v. t.* to change nature. रूप बदलना।

**Metamorphosis** - मैंट्-ऑ-मॉर्फ़्—ओ'-सिस् -*n.*(*pl.* Metamorphoses) changed form, transformation. भेद, रूपान्तर।

**Metaphor** - मैंट्'-ऑ-फ़ॉर् - *n.* application of name &c. to an inanimate object. रूपक, लक्षणा।

**Metaphorical** - मैंट्-ऑ-फ़ार्'-इक्-ऑल्-*adj.* figurative. लाक्षणिक; **Metaphorically** (-लि) -*adv.* in a metaphorical manner. लाक्षणिक रूप में।

**Metaphrase**-मैंट्'-ऑ-फ्रेज़्-*n.* a word for word translation. अक्षरशः अनुवाद।

**Metaphrastic** - मैंट्-ऑ-फ्रैस्ट्'-इक् - *adj.* literal in translating. अक्षरशः अनुवाद सम्बन्धी।

**Metaphysical**-मैंट्-ऑ-फ़िज़्'-इक्-ऑल्-*adj.* pertaining to metaphysics. आध्यात्मिक, आत्माविषयक; **Metaphysically** ( -लि ) -*adv.* in a metaphysical manner. अध्यात्मविद्या के अनुसार।

**Metaphysician** - मैंट्-ऑ-फ़ि-ज़िश्'-ऑन्-*n.* one who is versed in metaphysics. तत्वज्ञानवेत्ता, तत्त्वज्ञानी।

**Metaphysics** - मैंट्-ऑ-फ़िज़्'-इक्स् - *n.* the philosophy of being and knowing. अध्यात्मविद्या, आत्मतत्त्वज्ञान।

**Metastasis**- मैं-टैस्'-टॅ-सिस्- *n.* transferring of disease from one part of the body to another. रोगस्थल का अंग के एक भाग से दूसरे भाग में परिवर्तन।

**Metatarsal**-see **Metatarsus.**

**Metatarsus** - मैंट्-ऑ-टॅर्'-सस्-*n.* the five long bones of the foot. पैर के पंजे की पाँचो लम्बी हड्डियाँ; **Metatarsal** (-सॅल्) -*adj.* belonging to metatarsus. इन हड्डियों के सम्बन्ध का।

**Metathesis**-मैं-टैथ्'-ऍ-सिस्-*n.* transformation of the sounds of letters in a word. अक्षर विपर्यास, शब्द में अक्षरों के उच्चारण का अदल बदल।

**Mete**-मीट्- *n.* limit, boundary. सीमा, परिधि; -*v. t.* to measure. नापना; **By metes and bounds** (limited in boundary. ) सीमा घेरे हुए।

**Metempiric**-मैंट्-ऍम्-पिर्'-इक्- *n.* philosophy of things beyond human experience. मनुष्य के अनुभव के बाहर के पदार्थों का तत्वज्ञान; **Metempirical** (-ऑल्) -*adj.* pertaining to metempiricism. ऐसे तत्वज्ञान सम्बन्धी।

**Metempsychosis**-मैंट्-ऍम्'-सिक्-ओ'-सिस्- -*n.* transmigration of soul after death. पुनर्जन्म।

**Meteor**-मी'-टॅ-ऑर्- *n.* a shooting star, luminous body in the sky. उल्का पात, टूटता तारा; **Meteoric** ( -ऑर्'-इक् ) -*adj.* pertaining to meteors. उल्का से उत्पन्न।

**Meteorite**-मी-टॅ-ऑर्-आइट्- *n.* an aerolite. टूटा हुआ तारा।

**Meteoroid**-मी'-टॅ-ऑर्-ऑएड्- *n.* particle of matter which forms a meteor. उल्का के परमाणु।

**Meteorograph**-मी'-टॅ-ऑर्'-ओ-ग्रैफ्- *n.* an instrument for recording shooting of a meteor. उल्कापात चित्रित करने का यंत्र।

**Meteorolite** - मी-टॅ-ऑर्'-ओ-लाइट्- *n.* a meteoric stone. उल्का।

**Meteorological** - मी'-टॅ-ऑ-रॉ-लॉज'- इक्-

औॅल्-*adj*. pertaining to meteorology. अन्तरिक्ष विद्या सम्बन्धी; Meteorologically (-ली) -*adv*. with reference to meteorology. अन्तरिक्ष विद्या सम्बन्ध में।

**Meteorologist** - मी-टि-ऑर्-ऑल्-ओ-जिस्ट्-*n*. one who is skilled in meteorology. अन्तरिक्ष विद्या का पण्डित।

**Meteorology** - मी'-टि-ऑ-रॉल्'-ओज्-ई- *n*. the science of the motions and phenomena of atmosphere. अन्तरिक्ष विद्या, वायु तथा आकाश विषयक विद्या।

**Meter**-मी'-टर्- *n*. an instrument for measuring. पैमाना, नापने का यन्त्र या साधन।

**Methinks**-मि-थिङ्क्स्'-*v. i.* (*p. t.* Methought) it seems to me. मुझे जान पड़ता है, मैं समझता हूं।

**Method**-मैथ्'-ऑड्-*n*. orderly or regular arrangement, system, scheme. रीति, (प्रकार), विधि, ढंग।

**Methodical**-मैं-थॉड्'-इक्-औॅल्-*adj*. systematic. विधि पूर्वक, यथाक्रम; Methodically (-ली) -*adv*. in systematical manner. क्रम से, नियम से।

**Methodist**-मैं-थॉड्'-इस्ट्-*n*. a strict observer of method. नियम के अनुसार सर्वदा कार्य करनेवाला।

**Methodize**-मैंथ्'-ऑड्-आइज़्-*v. t.* to arrange properly. क्रम में करना, व्यवस्था करना।

**Methyl**-मैंथ्'-इल्-*n*. base of woodspirit. वनस्पति जिसका मद्य बनता है; Methylate (-एट्) -*v. t.* to mix with methyl. मद्य को न पीने योग्य बनाना; Methylated spirit (rectified spirit mixed with naphtha.) जलाने वाला मद्यसार जिसमें यह पदार्थ मिला रहता है।

**Metonymical**-मैंट्-ऑ-निम्'-इक्-औॅल्-*adj*. pertaining to metonymy. किसी पदार्थ के लिये नाम तथा गुण कहने के अलङ्कार का; Metonymically (-ली) -*adv*. in a metonymical manner. इस अलङ्कार रूप में।

**Metonymy**- मैंट्-ऑन्'-ऍ-मी *n*. substitution of a name or an attribute for the thing itself. अलङ्कार जिसमें किसी पदार्थ के लिये उसका नाम या गुण ही कहा जाता है।

**Metre**-मी'-टर्-*n*. poetic rhythm, measure of a verse छन्द, वृत्त; -*n*. length of about $39\frac{1}{3}$ inches. प्रायः ३९॥ इन्च की नाप।

**Metric** - मैंट्'-रिक् - *adj*. pertaining to the decimal measuring system दशमलव मापन विधि के अनुसार।

**Metrical**-मैंट्'-रिक्-औॅल् - *adj*. involving poetic measure. छन्दोबद्ध, छन्दरूप; Metrically (-ली)- *adv*. in a metrical manner. छन्दरूप में।

**Metrify**-मैंट्'-रि-फ़ाइ- *v. i.* (*p. t.* Metrified) to versify. कविता बनाना।

**Metrological**-मैंट्-रॉ-लॉज्'-इक्-औॅल् -*adj*. relating to metrology. माप विद्या सम्बन्धी।

**Metrology**-मैं-ट्रॉल्'-ऑ-जी-*n*. the science of weights. माप विद्या।

**Metronome**-मैंट्'-रॉ-नोम् - *n*. an instrument for measuring time in music. ताल मापनी, गाने में ताल (का समय) नापने का एक प्रकार का यन्त्र।

**Metropolis** - मैं-ट्रॉप्' - ऑ-लिस् - *n*. (*pl.* Metropolises) chief city, capital. किसी देश का मुख्य नगर, राजधानी।

**Metropolitan**-मैंट्'-रॉ-पॉल्'-इट्-औॅन् - *adj*. of a capital. राजधानी संबन्धी; *n*. a bishop, inhabitant of the chief city. प्रधान पादड़ी, राजधानी में रहनेवाला।

**Mettle**-मैंट्'-ट्ल्-*n*. natural ardour, spirit, disposition. तेज, उत्साह, प्रकृति; Mettled (-ड्),Mettlesome (-सम्)-*adjs*. high spirited. साहसी, वीर।

**Mew** - म्यू - *n*. the sound of a cat. बिल्ली की बोली; -*v. t.* to cry as a cat. म्यों म्यों करना, बिल्ली की तरह बोलना।

**Mewl**-म्यूल्-*v. t.* to cry feebly. बच्चे की तरह रोना; Mewler (-अर्) -*n*. a crying child. रोता हुआ बच्चा।

**Mews**-म्यूज़्-*n*. a horse-stable. अश्वशाला, घोड़साल।

**Mezzanine**-मैंज़्'-ज़ॉ-निन् - *n*. the floor beneath a stage. (नाटक गृह के) रङ्गभूमि के नीचे की छत।

**Mi**-मी-*n*. the third note. तीसरा स्वर "गा"।

**Miasma**-मि-ऐज़्'-मॉ- *n*. (*pl.* Miasmata, Miasmas) an infectious emanation. रोगकर उत्पत्ति, पूतिबाष्प; Miasmal (-ल); Miasmatic (-टिक्) -*adjs*. pertaining to miasmata. रोगकर उत्पत्ति संबंधी।

**Mica** - माइक्'-ऑ - *n*. a glittering mineral. अभ्रक, अबरक।

**Mice**-माइस्-*n. pl.* of Mouse.

**Mickle**–मिक्'-कल् – *adj.* & *n.* much, great, large amount. अधिक, बड़ा, बहुत; Many a little (pickle) makes a mickle (a collection of small things which makes something great.) बूँद बूँद करके घड़ा भर जाता है।

**Micro** – माइ'-क्रो – *pref.* in sense of 'small or millionth part.' अल्पार्थक अथवा दसलाखवाँ भाग सूचक उपसर्ग।

**Microbe**–माइ'-क्रोब्–*n.* a minute living organism. सूक्ष्मजीव, जीवाणु; **Microbial** (-इ-ऑल्) -*adj.* relating to microbes. सूक्ष्म जीवधारी सम्बन्धी; **Microbiology** (-इ-ऑल्'-आ-जी) -*n.* a description of the microbes. जीवाणु विषयक शास्त्र।

**Microcosm**–माइ'-क्रो-काज़्म्-*n.* miniature representation of man or the universe. संसार या मनुष्य का सूक्ष्म दर्शन; **Microcosmic** (-इक्) -*adj.* pertaining to the microcosm. सूक्ष्म जगत् सम्बन्धी।

**Microphone**– माइ' - क्रो-फ़ोन्- *n.* an instrument for intensifying feeble sounds. धीमे स्वर को तीव्र करने का एक प्रकार का यन्त्र

**Microscope**– माइ'-क्रा-स्कोप्- *n.* an optical instrument for magnifying objects. सूक्ष्म दर्शक (अणुवीक्षण) यन्त्र, छोटी वस्तु को बड़ी देखने का यन्त्र।

**Microscopic**– माइ'-क्रास्-स्काप्'-इक्; **Microscopical** (-ऑल्- -*adjs.* pertaining to a microscope. अणुवीक्षण यन्त्र सम्बन्धी; **Microscopically** (-ली) -*adv.* in a magnifying manner. सूक्ष्मता से।


Microscope.

**Microscopist**–माइ'-क्रास्-काप्-इस्ट्- *n.* one who is skilled in microscopy. सूक्ष्म दर्शक यन्त्र का भलीभाँति व्यवहार करने वाला

**Microscopy**–माइ'-क्रास्-काप्-ई- *n.* the use of a microscope. अणुवीक्षण यंत्र (खुर्दबीन) का प्रयोग

**Micturition** मिक्-ट्यूर्-इश्'-आन्- *n.* frequent desire to make water. बारम्बार पेशाब करने की इच्छा।

**Mid**–मिड्- *adj.* middle, medium, intervening. मध्य का, बिचला, बीच का; **Midcourse** (the middle course.) अर्धभाग; **Midday** (noon.) मध्याह्न; **Midland** (land in the interior of a country.) मध्यदेश; **Midnight** (middle of night.) आधीरात; **Midsummer** (middle of summer.) ग्रीष्मऋतु का मध्य; **Midway** (half way.) आधे रास्ते में; **Midwife** (a woman who assists in childbirth.) प्रसवकारिणी, दाई; **Midwifery** (the art of assisting a woman in childbirth.) प्रसव विद्या।

**Middle**–मिड्'-इल्- *adj.* equidistant from two extremities, intermediate. मध्य भाग का, बिचला; -*n.* the centre. मध्य, बीच; **Middle age** (the period between youth and old age.) मध्य (जवानी और बुढ़ापे के बीच की) अवस्था; **Middle-aged** (of such age.) अधेड़ अवस्था का; **Middle ages** (time between 1000-1400 A. D.) मध्य युग (प्राय: १००० ईस्वी से १४०० ईस्वी तक का समय); **Middle class** (the class of society between upper and lower.) सामान्य (मध्य) श्रेणी के लोग; **Middleman** -*n.* an intermediary. मध्यस्थ, पञ्च; **Middlemost** (-मोस्ट्) -*adj.* सबसे बिचला।

**Middling**– मिड्' - लिङ्ग्- *adj.* of the middle rank. मध्य गुण या स्थिति का।

**Midge**– मिड्ज्- *n.* a small insect or person. छोटा कीड़ा या मनुष्य।

**Midget**–मिड्ज्'-एट्- *n.* a miniature photograph, dwarf. बहुत छोटा चित्र, बहुत छोटा मनुष्य, बौना।

**Midship**–मिड्'-शिप्- *n.* the middle part of a ship. जहाज के बीच का भाग; **Midshipman** (a naval officer.) जहाज का एक अफ़सर।

**Midst**–मिड्स्ट्- *adv.* in the middle. बीच में; In the midst of the talk (during a conversation.) बात करते हुए, बातचीतमें

**Mien**–मीन्- *n.* aspect, bearing, deportment. आकृति, ढङ्ग, छवि।

**Miff**–मिफ़्- *n.* a petty quarrel. मुँहाचाही, -*v. i.* to quarrel. झगड़ा करना।

**Might**–माइट्- *v. aux.* (*p. t.* of May) सका; -*n.* bodily strength, force, power. शक्ति, बल, पराक्रम, सामर्थ्य; **Mightily** (-इ-ली) -*adj.* vigorously. पराक्रम से, बल से; **Mightiness** (-नेस्) -*n.* power, greatness. प्रभाव, सामर्थ्य; **Mighty** (-ई).

*adj*. powerful. प्रबल, शक्तिमान् With all his might ( as far as possible. ) यथाशक्ति ; With might and main with full vigour.) पूरी शक्ति या बल से।

**Mignonette**- मिग्'-नो-नेट्ट्- *n*. a plant with sweet smelling flowers. एक सुगन्धित फूल वाला पौधा।

**Migrant**- माइ'-ग्रैन्ट्- *n*. a migratory animal. स्थान बदल कर रहने वाला पशु।

**Migrate**-माइ'-ग्रेट्- *v. i*. to move from one place to the other. देशान्तर गमन करना, एक स्थान से दूसरे स्थान को जाना।

**Migration**-माइ-ग्रे'-शान्- *n*. the act of migrating. देशान्तर गमन।

**Migratory**-माइ-ग्रे'-टार्-ई- *adj*. wandering from one place to another, wandering. एक देश से दूसरे देश में जाने वाला, घूमने वाला।

**Mikado**-मि-का'-डो- *n*. the title of the Emperor of Japan. जापान के सम्राट की उपाधि।

**Mike**-माइक्- *v. t*. to shrink from work. काम से ठमकना।

**Milch**-मिल्श्- *adj*. giving milk. दूध देने वाली ; Milch cow (milk-yielding cow.) दुधारी गाय।

**Mild**-माइल्ड्- *adj*. gentle, placid, moderate, not strong, tame, feeble. कोमल, अतीव्र, दयालु, सुकुमार ; Mildly ( -ली ) *-adv*. in a mild manner. कोमलता से ; Mildness (-नेस् ) *-n*. gentleness, softness. दयालुता, कोमलता

**Mildew**- मिल्' - ड्यू- *n*. a destructive growth on plants &c. वृक्षों का एक रोग, गेरुई ; *-v. t. & i*. to taint or to be affected by mildew. ऐसा रोग लगना ; Mildewy ( -ई ) *-adj* resembling mildew. ऐसे रोग का।

**Mile**- माइल्- *n*. a lineal measure of 1760 yards. मील, आधा कोस।

**Mileage**-माइल्'-एज् - *n*. distance travelled, expenses per mile. चली हुई दूरी, प्रति मील खर्च।

**Milestone**-माइल्'-स्टोन्- *n*. stone which is fixed to mark miles. सड़क पर लगाया हुआ नाप का पत्थर।

**Milfoil**-मिल्'-फॉयल्- *n*. a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

**Militancy**-मिल्'-इ-टैन-सी- *n*. militarism. लड़ाकापन।

**Militant**-मिल्'-इ-टैन्ट्- *adj*. engaged in warfare. युद्ध में लगा हुआ।

**Militantly**- मिल्-इ-टैन्ट्' - ली- *adv* in a militant manner. संग्राम रीति से।

**Militarism**- मिल्' - इ-टॅर् - इज़्म्- *n*. an excess of military spirit, military government. सैनिक प्रवृत्ति, सैनिक शासन।

**Militarist**-मिल्'-इ-टॅर्-इस्ट्- *n*. a student of warlike policy. सैनिक युद्ध विद्या का अध्ययन करने वाला।

**Militarize**- मिल्'-इ-टॅर्-आइज़्- *v. t*. to drill as a soldier. सैनिक प्रवृत्ति करना।

**Military**- मिल्'-इ-टॅ-री- *adj*. befitting soldiers, martial. सग्रामिक, युद्ध सम्बन्धी, फ़ौजी ; *-n*. the army, soldiery. सेना, फ़ौज ; Military caste क्षत्रिय जाति ; Military duty ( duty of a soldier. ) क्षत्रिय धर्म ; Military man ( a soldier. ) योद्धा ; Military preparations ( perparations of war. ) युद्ध सामग्री ; Military profession ( the profession of a warrior. ) शस्त्र जीविका; Military science ( the science of war. ) युद्ध शास्त्र।

**Militate**-मिल्'-इ-टेट्- *v. t*. to oppose as in war. युद्ध में भाग लेना।

**Militia**-मि - लिश् - ऑ-*n*. body of men enrolled and drilled as soldiers. देशरक्षी सेना, रक्षक योद्धा; Militiaman ( soldier of a militia. ) ऐसी सेना का सिपाही।

**Milk**-मिल्क्-*n*. the white fluid secreted from the breasts of female mammals for nourishing their young ones. दूध ; *-v. t*. to draw milk from cow &c. दूध दूहना ; Coagulated milk ( curd. ) दही ; Milk and honey ( abundant means of enjoyment. ) सुखके साधन ; Milker ( -अर् ) *-n*. a man who milks. दूध दूहनेवाला; Milk-livered (cowardly.) कादर ; Milkmaid ( the wife of a milkman. ) अहिरिन ; Milkman ( one who sells milk. ) अहीर, ग्वाला ; Milk of human kindness ( goodness of heart. ) प्राकृतिक दयालुता ; Milk-pan ( a pot for keeping milk. ) दूध रखने का पात्र ; Milk-porridge. खीर ; Milksop (a feeble-minded person.) उत्साहहीन मनुष्य ; To milk the ram ( to do

useless work. ) निष्प्रयोजन कार्य करना।

**Milkiness**-मिल्क्' - इ - नॅस्-*n.* softness. दूधपन, मृदुता, कोमलता।

**Milky**-मिल्क्' - ई- *adj.* of or like milk. दूध का बना हुआ, दूधिया ; **Milky Way** (the galaxy, a luminous band of heavenly stars. ) आकाश गङ्गा, असंख्य तारों की चमकती हुई पंक्ति।

**Mill**-मिल्-*n.* an apparatus for grinding, fitted with machinery, a manufactory. चक्की ( जाँता ), कारखाना ; -*v. t.* ( *p. t.* Milled. ) to full as cloth, to grind, to stamp, to make raised edges of a coin. कपड़े में माड़ी लगाना, चक्की में पीसना, ठप्पा करना, सिक्के के किनारे पर धारी बनाना; **Mill-hand** ( the worker in a factory. ) कारखाने में काम करने वाला ; **Mill-board** ( board- for book-binding. ) कागज की मजबूत दफ्ती ; **Mill - bomb** ( a kind of bomb shell. ) एक प्रकार का बम ; **Millstone** ( a stone used for grinding grain. ) चक्की का पाट; **Millwright** ( one who constructs a mill. ) कारखाना रचने वाला।

**Millenarian** – मिल् - लॅन् - ऍअर्' -इ-औन्, **Millennial** ( -ऑल् ) -*adjs.* of the age of a thousand years. हजार वर्ष का ।

**Millennium**-मिल्-लॅन्'-नि- अम्-*n.* a period of a thousand years. एक हजार वर्ष का काल ।

**Millepede**-मिल्' - लॅ - पीड्- *n.* an insect with numerous legs. अनेक (हजारों) पैर का कीड़ा।

**Miller**-मिल्'-लर्-*n.* the owner of a mill. चक्की का मालिक।

**Millesimal**-मिल्-लॅस्'-इम्-औल्-*adj.* & *n.* a thousandth (part). हजारहवाँ (भाग)।

**Millet**-मिल्' - लॅट् – *n.* an Indian plant which bears grains. जोन्धरी, बाजरा, जुआर

**Milliner**-मिल्' - लिन् - अर्-*n.* one who makes up women's hats. मेमों की टोपी बनाने वाला ; **Millinery** (-ई) -*n.* articles made and sold by a milliner. मेमों की टोपी या इनके पोशाक।

**Million**-मिल्'-यॉन्-*n.* a thousand thousands. दस लाख; **Millionfold** ( -फ़ोल्ड् ) -*adj.* a million times: दस लाख गुना ; **Millionth** ( -थ् ) -*adj.* one of a million parts. दस लाखवाँ।

**Millionaire**-मिल्'- यॉन् - ऍअर्-*n.* a very rich person. लक्षाधीश, लखपति।

**Milt**-मिल्ट्-*n.* an organ like spleen in fishes. मछली का पित्ता ।

**Milter**-मिल्ट्'-अर्-*n.* ( *fem.* Spawner. ) a male fish. मच्छ।

**Miltonic, Miltonican**-मिल् - टॉन्' - इक् -औन् )-*adjs.* of the style of Milton. इङ्गलैन्ड् के प्रसिद्ध कवि मिल्टन् की कविता के सदृश।

**Mimesis**-माइम्-ई'-सिस्-*n.* imitation of the voice or gestures of another person. किसी मनुष्य की आकृति या शब्द का अनुकरण।

**Mimetic**-माइम्-ऍट्' - इक्-*adj.* imitative. अनुकरण करने वाली ; **Mimetically** ( -ऑल्-लि ) -*adv.* in an imitative manner. अनुकरण रूप में।

**Mimic**-मिम्'-इक्-*n.* & *adj.* one who is apt to imitate, a buffoon. अनुकरण करने वाला, हँसाने वाला, भाँड़, बहुरूपिया ; -*v. t.* to imitate like a fool. अनुकरण करना, विडम्बना करना।

**Mimicry**-मिम्' - इक् - री-*n.* a ludicrous imitation. उपहास सहित अनुकरण, विडम्बना, सवाँग।

**Mimosa**-मिन् - ओ' - जॅा- *n.* a sensitive plant. लजाधुर ( नाम का ) पौधा।

**Minacious**-मिन्-ए'-शस्-*adj.* threatening. डराने वाला ; **Minaciously** ( -ली ) -*adv.* in a threatening manner. डराते हुए।

**Minaret**- मिन्'-औ रॅट्-*n.* a turret. मीनार, धौरहरा।

**Minatory**-मिन्'-औ टॉर्-ई-*adj.* threatening. भय उत्पन्न करने वाला।



Minaret.

**Mince**-मिन्स्-*v. t.* to cut or chop into small pieces, to speak in an affected manner. छोटे छोटे टुकड़े ( बोटी-बोटी ) करना ( कतरना ), बनाकर बोलना ; -*n.* minced meat. टुकड़ा किया हुआ माँस ; **To mince matters** ( to minimize the unpleasantness of things. ) विषय खण्डित करना ( स्पष्टरूप से न कहना ); **Mincingly** ( -इङ्ग्-ली )-*adv.* in a mincing manner. भिन्नगति से, भिन्न

स्वर से ।

**Mind**-माइन्ड्-*n.* understanding, way of thinking, intention, remembrance, thought, disposition, opinion, purpose. मन ( चित्त ), बुद्धि, अभिप्राय, स्मरणशक्ति, लक्ष्य, ध्येय; -*v. t.* & *i.* to give heed to, to attend, to take care, to remember, to mark. चित्त लगाना, ध्यान देना, समझना, याद करना, विचारना ; **According to one's mind** ( according to one's desire. ) इच्छानुसार ; **Mind your own business** ( leave other people alone. ) अपना काम देखो ; **Mind's eye** ( mental view. ) मानसिक शक्ति ; **Never mind** ( it does not matter. ) कुछ चिन्ता नहीं ; **Of low mind** ( mean. ) नीच बुद्धि का; **To be of one mind** ( to be of one opinion, to agree. ) एक राय होना ; **To call to mind** ( to remember. ) स्मरण करना; **To give mind to** ( to be attentive to. ) चित्त लगाना ; **To go out of one's mind** ( to forget. ) भूल जाना ; **To keep in mind** ( to remember. ) ध्यान रखना ; **To make up one's mind** ( to resolve. ) दृढ़ करना, निश्चय करना ; **To my mind** ( to my thinking. ) मेरे विचार में ।

**Minded**-माइन्ड्'-ऍड्-*adj.* inclined. प्रवृत्त, लीन ; **Worldly - minded** -*n.* संसारी, लौकिक, दुनियादार ।

**Mindful** – माइन्ड्'-.फुल् – *adj.* attentive. सावधान, सचेत ; **Mindfully** (-.फुल्-लि ) -*adv.* attentively. सावधानी से; **Mindfulness** ( -नॅस् ) -*n.* attentiveness, heedfulness. सावधानी ।

**Mine** – माइन् – *poss. pron.* used after a noun, *prep.* &c. अपना, मेरा, यथा–this book is *mine*, friend of *mine*. इत्यादि ।

**Mine**-माइन्- *n.* an excavation in the earth from which coal, salt, metals &c. are taken out, great source, a subterranean passage. खान, सुरङ्ग,आकर,खाई; -*v. t.* to dig a mine in the earth, to undermine. सुरङ्ग या खान खोदना, पता लगाना ; **Miner** ( -अर् ) -*n.* one who works in a mine. खान में काम करने वाला; **To lay mine** ( to dig mines. ) सुरंग बनाना या खोदना ।

**Mineral** मिन्'-अर्-ऑल्- *n.* an inorganic substance. खनिज पदार्थ, धातु; -*adj.* pertaining to minerals. धातु सम्बन्धी ; **Mineralization** (आईज़्-ए'-शान् ) -*n.* the act of mineralizing. धातु रूप करने की क्रिया; **Mineralize** ( -आइज़् ) -*v. t.* to convert into a mineral. धातुरूप में करना ; **Mineralogical** (ऑज्-इक्-ऑल्) -*adj.* pertaining to minerals. धातु सम्बन्धी ; **Mineralogist** ( -ऑ- जिस्ट् ) -*n.* one versed in the study of minerals. धातुविद्या में निपुण; **Mineralogy** ( -ऑल्'-ओ-जी) -*n.* the study of minerals. धातु परीक्षण शास्त्र, धातुविद्या ; **Mineral water** (water impregnated with minerals. ) धातु के कण मिला हुआ जल, सोडा वाटर इत्यादि ।

**Minerva**-मिन् - अव्'-ऑ-*n.* the Goddess of Wisdom. सरस्वती, विद्या की देवी ।

**Mingle**-मिङ्ग्' - ग्ल्-*v. t.* & *i.* to mix, to unite, to blend, to be united. संयुक्त होना ( मिलना ), आपस में मिलाना, एकत्र होना; **Mingled** (-ड्) -*adj.* mixed. मिश्रित; **Mingler** ( -लर् ) -*n.* one who mingles. मिश्रण करने वाला ।

**Miniate**-मिन्'-इ-एट्-*v. t.* to paint with vermilion. सिन्दूर से रँगना ।

**Miniature**-मिन्'-इ-ऑ-ट्यूर्- *n.* a small-sized picture or portrait. सूक्ष्म आकार का चित्र ; -*v. t.* to make a miniature picture. सूक्ष्म रूप का चित्र बनाना ; **In miniature** ( in a very small size. ) सूक्ष्मरूप में ; **Miniaturist** ( -इस्ट् ) -*n.* a painter of miniatures. छोटे चित्र बनानेवाला ।

**Minify**-मिन्'-इ-फाइ-*v. t.* ( *p. t.* Minified. ) to make small in size, to lessen in importance, to diminish. छोटा करना, न्यून करना ।

**Minim**-मिन्' - इम्- *n.* a creature of the smallest size, the sixtieth part of a dram. अत्यल्प प्राणी, एक ड्राम का साठवाँ भाग ( एक बूंद ) ।

**Minimal**-मिन्'-इम्-ऑल् – *adj.* extremely small. अतिसूक्ष्म ।

**Minimalist**-मिन्' - इम्-ऑल्-इस्ट्- *n.* one who is ready to accept the minimum salary. थोड़ी ही वेतन लेना स्वीकार करने वाला मनुष्य ।

**Minimization**-see Minimize.

**Minimize**-मिन्' - इम्-आइज़्- *v. t.* to re-

duce to the smallest amount or degree. छोटा से छोटा करना; Minimization ( - ए- शान् ) -*n.* the act of minimizing. अल्पीकरण, छोटा करने का कार्य।

**Minimum**–मिन्'-इ -मम्– *n.* ( *pl.* Minima. ) the least quantity or amount. अत्यल्प परिमाण या संख्या।

**Minimus** – मिन्'-इ-मस्– *n.* the youngest of that name. एक ही नाम के अनेक विद्यार्थियों में सबसे छोटा।

**Minion** – मिन्'-यॉन्– *n.* a favourite, a servant, a small printing type. प्रिय (प्यारा), भृत्य, छोटा टाइप।

**Minister**–मिन्' - इस्-टर्– *n.* ( *fem.* Ministress. ) a person administering state affairs, political agent, a clergyman. मन्त्री ( अधिकारी ), राजदूत, पुरोहित; -*v.i.* & *t.* to afford supplies, to render help, to contribute, to perform. सहायता देना, सेवा करना, प्रबन्ध करना; Prime Minister ( the chief minister of a sovereign. ) प्रधान मन्त्री।

**Ministerial**–मिन्'-इस्-टिअर्' - इ-ऑल्–*adj.* pertaining to a minister, official. प्रबन्धकर्ता सम्बन्धी; Ministerially ( -ली ) -*adv.* in a ministerial manner. मन्त्रीरूप में।

**Ministration** – मिन्' - इस्-ट्रे'-शॉन्- *n.* ministering of matters. ( शुश्रूषा ) प्रबन्ध।

**Ministrative** – मिन्' - इस् - ट्रेट् - इव्, Ministrant ( - ट्रॅन्ट् ) -*adjs.* ministering, प्रबन्ध करने वाला।

**Ministress** – मिन्' - इस्-ट्रेस्- *n. fem.* a woman who ministers. प्रबन्धकर्त्री।

**Ministry**–मिन्' - इस-ट्री – *n.* ( *pl.* Ministries. ) agency, body of ministers. मन्त्रित्व, मन्त्रिगण, मन्त्रिमण्डल।

**Mink** – मिङ्क् – *n.* a kind of furred animal. एक प्रकार का ऊदबिलाव।

**Minnow**–मिन्'-नो– *n.* a kind of freshwater fish. एक प्रकार की नदी में रहने वाली मछली।

**Minor** – माइ' - नॉर् – *adj.* & *n.* lesser, unimportant, of under age. छोटा, अमुख्य, अल्पवयस्क, नाबालिग; Minor consideration ( unimportant consideration. ) क्षुद्र विचार।

**Minority**–माइ-नॉर्'-इ-टी– *n.* ( *pl.* Minorities. ) of under age, of small party. बाल्यावस्था, अल्पपक्ष या संख्या।

**Minotaur** – मिन्' - ओ-टॉर्– *n.* a fabled monster half man and half bull. नरवृषभ, एक कल्पित प्राणी जो आधा मनुष्य तथा आधा बैल हो।

**Minster**–मिन्' - स्टर्– *n.* a cathedral, a large church. बड़ा गिर्जाघर।

**Minstrel** – मिन्' - स्ट्रॅल्– *n.* a singer or musician. गवैया, बन्दी, भाट; Celestial minstrel ( heavenly muse. ) गन्धर्व; Minstrelsy (-सी) -*n.* the occupation of minstrels, body of songs. गन्धर्व वृत्ति, गायन संग्रह।

**Mint** – मिन्ट् – *n.* the place where money is coined, an aromatic plant. टकसाल, रुपया बनाने का कारखाना, पुदीना; -*v. t.* to make coins, to invent. सिक्का ढालना, अनुमान करना।

**Mintage**–मिन्ट्-एज्'–*n.* that which is coined. सिक्का बनाना।

**Minuet**–मिन्'-यू-ऍट्–*n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच।

**Minus**–माइ'-नस्–*n.* deduction, the sign of subtraction ( – ) न्यून, कम, घटाव, ऋण का चिह्न ( – )।

**Minute**–मिन्'-इट्–*n.* the sixtieth part of an hour, the sixtieth part of a degree, instant, memorandum. मिनट, समकोण का साठवाँ भाग, स्मरणार्थ लेख; -*v. t.* to draft. स्मरणार्थ लिखना; Minutes (-स् ) -*n. pl.* a short summary of the proceedings of a committee, assembly &c. किसी सभा की कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण; Minute-book (the book in which proceedings of a meeting are recorded ) सभा की कार्यवाही के विवरण की पुस्तक; Minute-hand ( the long hand of a clock or watch. घड़ी की बड़ी सुई।

**Minute**–माइ-न्यूट्'–*adj.* very small, trifling, exact, accurate. सूक्ष्म, क्षुद्र, ब्योरेवार; Minutely (-ली ) -*adv.* in a minute manner. सूक्ष्म विचार से; Minuteness ( -नॅस् ) -*n.* extreme smallness. सूक्ष्मता, छोटापन।

**Minutia**–मि-न्यू'-शि-ऑ- *n.* ( *pl.* Minutiæ–ई ) precise detail. सूक्ष्म विवेचन

या विचार ।

**Minx**–मिङ्क्स्–*n.* a pert girl, a flirt. ढीठ लड़की, अविनीता स्त्री ।

**Miracle**–मिर्'-ॲ-कुल्–*n.* a supernatural event, a remarkable occurrence, a wonder. अद्‌भुत कार्य, चमत्कार, आश्चर्य ; **To a miracle** ( surprisingly well. ) आश्चर्य रूप में, सुन्दरता से किया हुआ ।

**Miraculous**–मिर्-ऍक्'-यु-लस्–*adj.* supernatural, wonderful, extraordinary. अद्‌भुत, चमत्कारी; **Miraculously** ( -ली ) *-adv.* by a miracle. दिव्य शक्ति से ; **Miraculousuess** ( -नेस् ) *-n.* the state of being effected by a miracle. देवी शक्ति ।

**Mirage**–मि-राझ्'–*n.* an illusive atmospheric appearance of water in a sandy desert. मृगतृष्णा, मरुस्थल में जल का आभास

**Mire**–मायर्–*n.* swamp, deep mud-bog. कीचड़, दलदल (चहला); **Miry** (-ई) *-adj.* boggy. कीचड़ युक्त, गँदला ; **To get into the mire** (to fall into difficulty.) आपत्ति में पड़ जाना'।

**Mirk**–मर्क्–*adj.* dark, gloomy. अँधेरा ; *n.* gloom. अन्धकार ।

**Mirror**–मिर्'-रॉर्–*n.* a looking glass. दर्पण, आइना ; *-v. t.* to reflect as in a mirror. दर्पण में प्रतिबिम्बित होना ।

**Mirth**–मर्थ्–*n.* merriment, glee, gladness. आनन्द, प्रमोद ( हँसी ) ।

**Mirthful**–मर्थ्'-फुल्–*adj.* jovial. आनन्दित; **Mirthfulness** (-नेस्)*-n.* mirth. आनन्द; **Mithfully** ( -ली ) *-adv.* in a merry manner. आनन्द से ।

**Mirthless**–मर्थ्'-लेस्–*adj.* without mirth. आनन्द रहित; **Mirthlessly** (-ली)*-adv.* in a mirthless manner बिना आनन्द के ।

**Mis**–मिस्–*perf.* in sense of 'badly' 'wrongly.' 'बुरी तरह से,' 'अशुद्धता से' अर्थ का उपसर्ग ।

**Misadventure**–मिस्-ऑड्-वेन्ट्'-यूर्–*n.* misfortune, mischance. अभाग्य, दुर्गति;- **Misadventurous** ( -अस् ) *-adj.* disastrous. दुर्गतियुक्त ।

**Misadvised**–मिस्'-ऑड्-वाइज़्ड्'–*adj.* ill-directed. बुरी सलाह दिया हुआ ।

**Misalliance**–मिस्-ऑल्-लाइ'-ऑन्स्–*n.* an improper marriage. अयोग्य वैवाहिक सम्बन्ध ।

**Misanthrope**–मिस्'-ऑन्-थ्रोप्–*n.* a hater of mankind. मनुष्यद्रोही, विश्ववैरी, लोकशत्रु ; **Misanthropic** ( -थ्रॉप्'-इक् ), **Misanthropical** ( -इक्-ऑल् ) *-adjs.* hating mankind. नरद्रोही ; **Misanthropist** (-थ्रॉ-पिस्ट्) *-n.* a hater of mankind. विश्वशत्रु ।

**Misapplication**–मिस्'-ऑप्-प्लिक्-ए'-शॉन्–*n.* a wrong application. कुप्रयोग, बुरा प्रयोग ।

**Misapply**–मिस्'-ऑप्-प्लाइ'– *v. t.* ( *p. t.* **Misapplied.** ) to apply wrongly. मिथ्या प्रयोग करना, अनुचित कार्य में लगाना

**Misapprehend**–मिस्-ऑप्'-प्रे-हेन्ड्'–*v. t.* to misunderstand. मिथ्या ग्रहण करना, उलटा समझना ।

**Misapprehension**–मिस्'-ऑप्-रि-हेन्'-शॉन्-*n.* misconception. मिथ्या ग्रहण, भ्रम ।

**Misapprehensive**–मिस्'-ऑप्-रे-हेन्'-सिव्-*adj* misconceiving. भ्रमकारी; **Misapprehensiveness** ( -नेस् ) *-n.* misconception. विभ्रमता ।

**Misappropriate**–मिस्'-ऑप्-प्रो'-प्रि-एट्-*v.t.* to use for a wrong purpose, to apply, to wrong use. दुरुपयोग करना, दूसरे का माल खा जाना ; **Misappropriation** (-ए'-शॉन् ) *-n.* a wrong appropriation. दुरुपयोग, गबन ।

**Misarrange**–मिस्'-ऑर्'-रेन्ज्'– *v. t.* to arrange in a wrong order. व्यतिक्रम से रखना, बेसिलसिले रखना ; **Misarrangement** ( मेन्ट् ) *-n.* bad arrangement. व्यतिक्रम, बुरा प्रबन्ध ।

**Misascribe**–मिस्'-ऑस् - क्राइब्'–*v. t.* to ascribe wrongly. मिथ्यारोपण करना । /

**Misbecome**–मिस्'-बे-कम्'–*v. t.* to be unbecoming. अयोग्य ( अनुपयुक्त ) होना ।

**Misbegotten**– मिस्-बें-गॉट्'-टेन्–*adj.* ill-begotten, bastard. जारज, दोगला ।

**Misbehave**–मिस्-बें-हेव्'–*v. t.* to behave in an improper way. अयुक्त आचरण करना, दुराचार करना ।

**Misbehaviour**–मिस्-बि-हेव्'-यर्–*n.* improper behaviour, misconduct. दुष्ट वृत्ति, दुराचार ।

**Misbelief**–मिस्-बि-लीफ्'– *n.* a false or erroneous belief. मिथ्या विश्वास ।

**Misbelieve**–मिस्-बें-लीव्'–*v. t.* to hold a wrong religious belief, to have

a false opinion. मिथ्या विश्वास करना, अधर्म मानना ; Misbeliever ( -अर् ) -*n.* one who falsely believes. मिथ्या विश्वास करने वाला।

**Misbelieving** – मिस्-बि-लीव्'-इङ्ग्- *n.* a false belief. मिथ्या विश्वास।

**Miscalculate**–मिस्-कैल्'-क्यू-लेट्- *v. t.* to calculate wrongly, मिथ्या गणना करना ; Miscalculation ( -ले'-शॉन् )-*n.* wrong calculation. मिथ्या गणना।

**Miscall**–मिस् काल्'-*v. t.* to call by a wrong name. झूठे नाम से पुकारना।

**Miscarriage**–मिस्-कैर्' - रिज्-*n.* failure to reach, untimely or premature birth, abortion. असिद्धि, ( विफलता, कुनीति ), गर्भस्राव, गर्भपात।

**Miscarry**–मिस्-कैर्'-री-*v. i.* ( *p. t.* Miscarried. ) to be unsuccessful, to deliver a child prematurely. विफल होना, उलटना, गर्भपात करना।

**Miscasting**–मिस्-कास्ट्'-इङ्ग्-*n.* a wrong. addition. हिसाब गलत जोड़ना।

**Miscellanea** – मिस्-सैल्-ले'-नि-ऑं – *n. pl.* literary jumbling. नाना वस्तु संग्रह, अनेक विषयों की खिचड़ी।

**Miscellaneous** – मिस्-सैल्-ले'-नि-अस्-*adj.* of mixed character, of several kinds, mingled. नाना प्रकार का, अनेक जाति का, पंचमेल ; Miscellaneously (-ली) -*adv.* with mixed character. मिश्रण युक्त, मिलावट सहित ; Miscellaneousness ( -नेस् )-*n.* सङ्कीर्णता, मिलावट।

**Miscellany**–मिस्-सैल्'-लीं-नी-*n.* a mixture, a collection of different subjects in one volume. नाना विषय संग्रह, संकीर्ण समुदाय।

**Mischance**–मिस्-चान्स्'-*n.* bad luck, misfortune. दुर्भाग्य, अभाग्य।

**Mischief**–मिस्'-चिफ्-*n.* (*pl.* Mischiefs.) harm, injury, damage, source of harm. अपकार, हानि, बाधा, (बुराई), आपत्तिस्थान ; Mischief-maker ( one who sets people to a quarrel. ) दुर्जन, उपद्रवी; Mischief-making (exciting enmity.) शत्रुता उत्पन्न करना ; To make mischief ( to cause an ill-feeling between people. ) वैमनस्य उत्पन्न करना।

**Mischievous**–मिस्-चैव्'-अस्- *adj.* inclined to mischief. अपकारी, दुष्ट, उपद्रवी ; Mischievously ( -ली ) -*adv.* with evil intentions. दुष्ट बुद्धिसे; Mischievousness (-नेस) -*n.* harmfulness. अपकारशीलता, दुष्ट बुद्धि।

**Miscibility**–see Miscible.

**Miscible** – मिस्'-सि-ब्ल्- *adj.* able to be mixed. मिलाने योग्य; Miscibility (बिल्'-इट्-ई-) -*n.* the state of being mixed. मिलावट।

**Miscite**–मिस्-साइट्'-*v. t.* to quote erroneously. मिथ्या उद्धृत करना।

**Misclaim** – मिस्-क्लेम्' – *n.* a mistaken claim. अनुचित अधिकार।

**Miscompute** – मिस्-कॉम्-प्यूट्' – *v. t.* to reckon wrongly. मिथ्या गणना करना।

**Misconceive** – मिस्-कॉन्-सीव्'-*v. i.* & *t.* to have a wrong notion of, to misunderstand. मिथ्या विचरना, उलटा समझना।

**Misconception** – मिस्-कॉन्-सैप्'-शॉन् – *n.* misapprehension. मिथ्या बुद्धि, भ्रम।

**Misconduct**–मिस्-कॉन्'-डक्ट्-*n.* improper conduct, ill-behaviour. दुराचार, दुश्चरित; -*v. t.* ( -डक्ट्' ) to conduct badly. बुरा आचरण करना।

**Misconjecture** – मिस्-कॉन्-जैक्ट्'-यूर्-*n.* a wrong guess or conjecture. मिथ्या तर्क, झूठा अनुमान ; -*v. t.* to make a wrong guess. मिथ्या अनुमान करना।

**Misconstruction**–मिस्-कॉन्-स्ट्रक्'-शॉन्- *n.* a wrong interpretation of words. शब्दों का विपरीत बोध।

**Misconstrue**–मिस्-कॉन्'-स्ट्रू-*v. t.* to make a mistake, to interpret wrongly. अशुद्ध अर्थ करना, अर्थ ठीक न लगाना, अशुद्धि करना।

**Miscounsel** – मिस्-काउन्'-सैल् – *v. t.* to advise wrongly. बुरी सलाह देना।

**Miscount** – मिस्-काउन्ट्' – *v. t.* to count wrongly. अशुद्ध गिनती करना।

**Miscreant** – मिस्'-क्रैं-ऑन्ट् – *n.* & *adj.* a vile wretch, an infidel, depraved. दुरात्मा, दुष्ट, पापी, कुकर्मी, नास्तिक।

**Miscreated**–मिस्-क्रि-एट्'-ऐड्-*adj.* wrongly informed. अशुद्ध सूचना प्राप्त ; Miscreation (ए'-शॉन् ) -*n.* unnatural creation. मिथ्या सूचना।

**Misdate**–मिस्-डेट्'-*v.t.* to date wrongly. अशुद्ध तिथि ( तारीख ) डालना।

**Misdeal**-मिस्-डील्'- *v. t.* ( *p. t.* Misdealt.) to make a mistake in dealing cards. ताश बाँटने में गलती करना ।

**Misdeed** - मिस्'-डीड्-*n.* an evil deed, a crime. कुकर्म, दुराचार, पाप ।

**Misdeem**-मिस्-डीम्'-*v. t.* & *i.* to have a wrong opinion, to judge erroneously. अशुद्ध विचार करना, झूठा अनुमान करना ।

**Misdemean**-मिस्-डें-मीन्'- *v. t.* to behave badly. बुरा व्यवहार करना ।

**Misdemeanant**-मिस्-डें-मीन्'-ऑन्ट्- *n.* a person guilty of misconduct. दुश्चरित करने का अपराधी ।

**Misdemeanour**-मिस्-डें-मीन्'-ऑर्- *n.* offence, evil conduct. दुराचार, कुचाल ।

**Misdirect** - मिस्-डि-रेक्ट्'-*v. t.* to direct in a wrong way. बुरा मार्ग दिखलाना, अशुद्ध पता देना; Misdirection ( डें-रेक्'-शॉन्' )-*n.* wrong direction. मिथ्या अथवा अशुद्ध उपदेश ।

**Misdo** - मिस्-डू' - *v. t.* ( *p. t.* Misdid, *p. p.* Misdone. ) to commit a crime. अपराध करना ; Misdoing ( -इङ्ग् )-*n.* a wrong deed, a fault. दुराचार, कुकर्म ; Misdoer ( -अर् ) -*n.* one who does wrong. पापात्मा, दुष्ट ।

**Misdoubt** - मिस् - डाउट्'- *v. t.* to suspect. शङ्का करना, सन्देह करना ;-*n.* suspicion, irresolution. आशङ्का, सन्देह ।

**Misemploy** - मिस् - ऍम् - प्लॉय्'-*v. t.* to employ in a wrong manner or for a wrong purpose. अशुद्ध रूप से प्रयोग करना; Misemployment ( -मेन्ट् ) -*n.* an act of misemploying. दुरुपयोग ।

**Miser** - माइ' - ज़र् -*n.* an avaricious person. दानविमुख, कृपण, कंजूस ।

**Miserable** - मिज़्' - ऍर्-ऑ-ब्ल्- *adj.* unhappy, wretched, despicable, worthless, contemptible. दुःखी, अभागा, तुच्छ ; Miserably ( -ऑब्'-ली )-*adv.* wretchedly. अभाग्य से ।

**Miserliness** - माइ'-ज़र् - ली-नेस्- *n.* the state of being miserly. कृपणता, कंजूसी ।

**Mserly** - माइ' - ज़र्-ली-*adj.* avaricious, like a miser, close-fisted. कृपण, लालची, कंजूस के सदृश ।

**Misery** - मिज़्' - अर्-ई- *n.* ( *pl.* Miseries; ) wretchedness, calamity: दुर्गति, ( दुःख, कष्ट ), अभाग्य ।

**Misfire** - मिस् - फ़ायर्'-*v. i.* to fail to ignite. आग न पकड़ना ; -*n.* failure to explode. ( बन्दूक इत्यादि का ) न दगना ।

**Misfit** - मिस् - फ़िट्'- *n.* a garment not fitting the person for whom it is made. बने हुए वस्त्र का शरीर पर ठीक न बैठना ; -*v. t.* ( *p. t.* Misfitted. ) to make a garment of a wrong size, to supply with something that does not fit. गलत नाप का वस्त्र बनाना, ठीक न बैठना ।

**Misform** - मिस्-फ़ॉर्म्'-*v. t.* to put into a bad shape. भद्दा बनाना, Misformation ( -ए' - शॉन् ) -*n.* bad formation. बुरी रचना या बनावट ।

**Misfortune** - मिस्-फ़ॉर्' - ट्यून् - *n.* ill-fortune, bad luck, mishap. अभाग्य, दुर्गति ; Misfortunes never come singly ( calamities attack in heaps. ) आपत्तियाँ एक साथ आती हैं, गरीबी में आटा गीला ।

**Misgive** - मिस् - गिव्'-*v. t.* & *i.* ( *p. t.* Misgave, *p.p.* Misgiven. ) to feel mistrust, to fill with doubt. सन्देह करना ( अविश्वास करना ), धोखा देना ।

**Misgiving**-मिस्-गिव्'-इङ्ग्- *n.* disbelief, mistrust. अविश्वास, सन्देह ।

**Misgovern** - मिस्-गव्' - अर्न् - *v. t.* to govern or manage badly. अन्याय पूर्वक राज्य करना ; Misgovernment (-मेन्ट्)-*n.* disorder, bad government. बुरा शासन

**Misguide**-मिस्-गाइड्'-*v. t.* to mislead, to lead into an error. कुपथ में ले जाना, बहकाना; Misguided ( -ऍड् )-*adj.* led astray. मार्गभ्रष्ट, कुमार्ग में जाता हुआ ; Misguidedly ( -ऍड्-ली ) -*adv.* in a misguided manner. कुमार्ग से ।

**Mishandle** - मिस्-हैन्'-ड्ल् - *v. t.* to handle roughly, to ill-treat. रूक्षता से व्यवहार करना, बुरा व्यवहार करना ।

**Mishap** - मिस्'-हैप्' - *n.* an unlucky chance or accident, misfortune. अभाग्य, आपत्ति, दुर्दैव ।

**Mishappen** मिस्'-हैप्-पेन् *v. t.* to happen ill. बुरा होना ।

**Mishear**-मिस्-हिअर्' - *v. t.* ( *p. t.* Misheard. ) to hear imperfectly. ठीक ठीक ( पूरी तरह से ) न सुनना ।

**Mishmash**- मिश्'-मॉश्- *n.* confusion, medley. गड़बड़ी, उपद्रव ।

**Misinfer**–मिस्-इन्-फर्' – *v. t.* to draw a wrong inference. असत्य अनुमान करना।

**Misinform** – मिस्-इन्-फार्म्' – *v. t.* to give wrong information. झूठा समाचार देना ; **Misinformation** ( -ए'-शॉन् ) -*n.* a wrong information. झूठा समाचार, झूठी खबर।

**Misinterpret** – मिस्-इन्-टर्'-प्रेट् – *v. t.* to interpret in a wrong manner. झूठा अर्थ लगाना ; **Misinterpretation** ; ( -ए'-शान् ) -*n.* wrong interpretation. अशुद्ध अनुमान।

**Misjudge** – मिस् - जज्' – *v. t.* & *i.* to judge wrongly or erroneously, to have a wrong opinion of. अन्याय करना, मिथ्या विचार करना।

**Mislay**–मिस्-ले'–*v. t.* ( *p. t.* Mislaid.) to put something in a wrong place. किसी वस्तु को बेजगह रखना।

**Mislead**–मिस्-लीड्'–*v. t.* ( *p.t.* Misled ) to lead astray, to cause to go wrong. to deceive. कुमार्ग में ले जाना, धोखा देना. बहकना।

**Mislike** – मिस्-लाइक्' – *v. t.* to dislike. अप्रिय होना, अच्छा न लगना।

**Mismanage** – मिस्-मैन्'-एज्– *v. t.* to manage badly, to ill-conduct. बुरा प्रबन्ध करना, अशुद्ध व्यवहार करना ; **Mismanagement** ( मैन्ट् ) -*n.* bad management. अव्यवस्था, कुप्रबन्ध।

**Misname**–मिस्-नेम्' – *v. t.* to call by a wrong name. मिथ्या नाम ( दूसरे नाम ) से पुकारना।

**Misnomer**–मिस्-नो'-मर्–*n.* a wrong use of a name or term. मिथ्या नाम या संज्ञा का प्रयोग।

**Misogamist**–मैं-सॉग्-ऑम्'-इस्ट्–*n.* a hater of marriage. विवाह का द्वेष करनेवाला।

**Misogamy**–मैं-सॉग्'-ऑम्-ई–*n.* hatred of marriage. विवाह-निन्दा, विवाह करने से द्वेष।

**Misogynist**–मैं-सॉग्-इन्-इस्ट्– *n.* a hater of women. स्त्री-जाति से द्वेष करनेवाला।

**Misplace** – मिस्-प्लेस्' – *v. t.* to put in a wrong place. अस्थान (कुठौर) में रखना ; **Misplacement** (-मेन्ट्) –*n.* the act of misplacing. बेजगह में स्थापन।

**Misplead**–मिस्-प्लीड्'–*v. t.* to make an error in pleading बहस में अशुद्धि करना।

**Misprint** – मिस्-प्रिन्ट्' – *n.* a mistake in printing. छापने की अशुद्धि ; –*v. t.* to make a mistake in printing. छापने में अशुद्धि करना।

**Misprise**–मिस्-प्राइज़्'– *v. t.* to make a mistake. अशुद्धि करना।

**Misprize**–मिस्-प्राइज़्'-*v. t.* to undervalue. मूल्य कम आँकना।

**Mispronounce**–मिस्-प्रो-नाउन्स्' – *v. t.* to pronounce wrongly. अशुद्ध उच्चारण करना।

**Mispronunciation**–मिस्-प्रो-नन्-सि-ए'-शॉन् -*n.* wrong pronunciation. अशुद्ध उच्चारण।

**Misquotation**-मिस्-को-टे'-शॉन्–*n.* a wrong quotatation. अशुद्ध प्रमाण।

**Misquote** – मिस्-क्वोट्' – *v. t.* to quote wrongly. अशुद्ध प्रमाण देना।

**Misread**–मिस्-रीड्'–*v. t.* ( *p. t.* Misread मिस्-रेड् ) to read something wrongly. अशुद्ध पढ़ना।

**Misreckon** – मिस्-रेक्'-ऑन्– *v. t.* to reckon wrongly. अशुद्ध वर्णन करना।

**Misrelate** – मिस्-रि-लेट्'– *v. t.* to relate wrongly. अशुद्ध वर्णन करना।

**Misrelation**–मिस्-रि-ले'-शॉन्–*n.* a wrong relation. अशुद्ध वर्णन।

**Misremember** – मिस्-रि-मेम्'-बर् – *v. t.* to make a mistake in remembering. स्मरण करने में भूल करना।

**Misreport** – मिस्-रि-पोअर्ट्' – *v. t.* to report erroneously. मिथ्या समाचार देना *n.* an erroneous report. झूठा संवाद।

**Misrepresent** – मिस्-रेप्' -रि - ज़ेन्ट्'–*v. t.* to represent wrongly, to give a wrong account of. मिथ्या वर्णन करना, असत्य निवेदन करना; **Misrepresentation** (-ए'-शॉन) –*n.* wrong representation. असत्य कथन, मिथ्या वर्णन।

**Misrule**–मिस्-रूल्'–*n.* bad government. कुशासन, बुरा राज्य ;–*v. t.* to rule badly. बुरा शासन करना।

**Miss**–मिस्–*n.* a young unmarried girl, failure to attain. कुमारी (कन्या) भूल, ( अपराध, हानि ) ;–*v. i.* & *t.* to fail to hit or obtain, to feel the want of, to omit, to go without. चूकना, विफल होना ; **Missing** (-इङ्ग) –*adj.* lacking. स्थान भ्रष्ट, लुप्त ; To miss one's way

( to deviate from the right path. ) रास्ता भूल जाना।

Missel - मिस्'-सॅल् - *n.* a kind of thrush. एक प्रकार का भुजंगा पक्षी।

Mis-shapen-मिस्-शेप्'-ऍन्- *adj.* deformed, ill-shapen. कुरूप, भद्दा।

Missile-मिस्'-सिल्-*n.* a weapon to be thrown, a machine. फेंक कर मारने का अस्त्र, यन्त्र।

Mission-मिश्'-ऑन्-*n.* the act of sending forth, commission, errand, embassy. दूतकर्म, प्रेरित जन समुदाय, नियुक्त लोग, नियोग।

Missionary -मिस्-ऑन्-ऑर्-ई- *n.* & *adj.* a person sent to propagate religion, pertaining to a mission. धर्मांचार के निमित्त भेजा हुआ मनुष्य, धर्मार्थ नियुक्त।

Missis,Missus-'-सिस्(-अस्)-*ns.* corrupt forms of mistress. मिस्ट्रेस' शब्द का अशुद्ध रूप, मालकिन।

Mis-spell - मिस् - स्पॅल्' - *v. t.* ( *p. t.* Mis-spelt. ) to spell wrongly. अशुद्ध अक्षर बतलाना, गलत हिज्जे करना ; Misspelling ( - लिङ्ग् ) -*n.* wrong spelling. गलत हिज्जे।

Mis-spend-मिस्-स्पॅन्ड्'-*v. i.* ( *p. t.* & *p. p.* Misspent. ) to squander, to waste. अपव्यय करना, बुरी तरह से खर्च करना।

Mis-state-मिस्-स्टेट्'-*v. t.* to state falsely. मिथ्या ( अशुद्ध ) वर्णन करना ; Misstatement ( -मॅन्ट् ) -*n.* झूठा वर्णन।

Missy-मिस्'-सी-*n.* a pet name for 'Miss'. दुलारी, प्यारी बेटी।

Mist-मिस्ट्-*n.* rain in very fine drops, filmy appearance before eyes. कोहरा, आखों के सामने धुन्ध।

Mistful-मिस्ट्' - फुल् - *adj.* full of mist. कोहिरे से भरा हुआ।

Mistlike-मिस्ट्' - लाइक् - *adj.* like mist. कोहिरे के समान।

Misty-मिस्ट्'-ई-*adj.* gloomy, obscure अस्पष्ट (धूमिल) धुँधला।

Mistakable-मिस्-टेक्'-ॲ-बॅल्-*adj.* able to make mistakes अशुद्धि करने योग्य।.

Mistake-मिस् - टेक्'-*n.* misconception, error, fault. भ्रम, ( प्रमाद ), दोष, भूल ; -*v. t.* & *i.* ( *p. t.* Mistook *p. p.* Mistaken ) to misunderstand, to make error. अशुद्धि करना, ( भ्रम होना ) सन्देह में पड़ना।

Mistaken-मिस्-टेक्' - ऍन् - *adj.* wrong. भ्रान्त, अशुद्ध ; Mistakenly ( -ली )-*adj.* erroneously. अशुद्धि से, (भूल) से ; Mistakenness ( -नॅस् )-*n.* error. अशुद्धि।

Mister-मिस्' - टर् - *n.* ( *abbr.* Mr. ) a title of courtesy prefixed to a man's name. महाशय।

Mistime-मिस्-टाइम्'-*v. t.* to do something out of time. कुसमय कोई व्यापार करना या बोलना।

Mistletoe-मिस्' - सॅल्-टो-*n.* a parasitic plant growing on some fruit trees. तरुरोहिणी, बण्डा।

Mistranslate-मिस्' - ट्रॅन्स्- लेट्'-*v. t.* to translate incorrectly. अशुद्ध अनुवाद करना ; Mistranslation ( -ले'-शॉन् )-*n.* a wrong translation. अशुद्ध अनुवाद।

Mistress-मिस्'-ट्रॅस्-*n. fem.* (*mas.*Mister.) the female head of a household, a woman loved by a man, an adopted wife, the female teacher of a school. गृहणी ( स्वामिनी ), प्रेमिका, रखनी, अध्यापिका ( गुरुआइन )।

Mistrust-मिस्-ट्रस्ट्'-*v. t.* to suspect, to have no confidence in. अविश्वास करना, शङ्का करना; -*n.* want of trust or confidence. अविश्वास, सन्देह ; Mistrustful ( - फुल् ) -*adj.* doubting. अविश्वासी ; Mistrustfully ( -फुल्-लि ) -*adv.* with want of confidence. अविश्वास से ; Mistrustfulness( -नॅस् ) -*n.* want of trust. आशङ्का, सन्देह।

Mistune - मिस्-ट्यून्' - *v. t.* to tune wrongly. बेसुरा बनाना।

Misturn-मिस्-टर्न्'-*v. t.* to pervert. उलट देना, विपरीत करना।

Misunderstand-मिस्'-अन्-डर्-स्टॅन्ड्'-*v.t.* ( *p t.* Misunderstood. ) to misinterpret, to be taken in a wrong sense. मिथ्या जानना, गलत समझना; Misunderstanding ( -इङ्ग् ) -*n.* misconception मिथ्याबोध, भ्रम, मतिभेद।

Misusage-मिस् - यूस् - ऍज्-*n.* ill-usage. दुर्व्यहार, बुरा आचरण।

Misuse-मिस्'-यूस् - *n.* bad treatment, wrong use. कुप्रयोग, दुर्व्यवहार ; -*v. t.* ( यूज़्' ) to misapply. अनुचित व्यवहार

करना, बुरी तरह काम में लाना।

**Mite**-माइट्-*n.* a small insect, a small coin, anything very small. घुन, छोटा सिक्का, अल्प मात्रा।

**Mithridate**-मिथ्'-रिड्-एट्-*n.* an antidote for poison. विषनाशक पदार्थ, जहरमोहरा; **Mithridatic** (-रैं-डीट्'-इक्)-*adj.* विषहर; **Mithridatize** (-आइज़) -*v. t.* to use antidote for poison. विषनाशक औषधि का प्रयोग करना।

**Mitigable**—मिट्'-इ-गीं-बुल्-*adj.* able to be mitigated or appeased. शान्त करने योग्य।

**Mitigant**-मिट्'-इ-गैन्ट्-*adj.* softening. मृदु करने वाला।

**Mitigate**-मिट्'-इ-गेट्-*v. t.* to soothe, to appease, to alleviate. शान्त करना, कम करना, धीमा करना।

**Mitigation** - मिट्-इ-गे'-शन्- *n.* abatement. शमन, शान्ति।

**Mitigatory** - मिट्-इ-गे'-टॉर्-ई- *adj.* one who abates. शान्त करने वाला।

**Mitral**-माइ-ट्रील्- *adj.* like a mitre. पादड़ी की टोपी के आकार का।

**Mitre**-माइ'-टर्-*n.* a bishop's cap. पादड़ी की टोपी; -*v. i.* to wear a mitre, to join an angle of 45°. पादड़ी की टोपी पहिरना, कोनियाँ जोड़ना; **Mitred** (-टड्र) -*adj.* cut or joined. (लकड़ी का) दो टुकड़ा जोड़ा हुआ।

**Mitten, Mitt**-मिट्'-टॅन् (मिट्) *n.* a kind of glove. एक प्रकार का दस्ताना (हाथ का मोजा); Get the mitten (dismiss a lover.) प्रेमी को त्यागना।

**Mix**-मिक्स्-*v. t.* & *i.* to put together to mingle, to join or be mixed, to associate. मिलना, संयुक्त करना, एक करना, परस्पर संसर्ग करना; **Mixable** (-ॲ-बुल्) -*adj.* able to be mixed. मिलने योग्य; **Mixed** (-ड्) -*adj.* mingled. संयुक्त, मिश्रित; **Mixedness** (-ऍड्-नॅस्)-*n.* the state of being mixed. *n.* मेल, सम्बद्धता।

**Mixture**-मिक्स्'-टगूर्-*n.* a mixed mass, the act of mixing. अनेक द्रव्यों का समुदाय, मिलाव।

**Mizen, Mizzen**- मिज़न् - *n.* the lowest mast in a ship जहाज में सबसे नीचे का मस्तूल।

**Mizzle** - मिज़्' - ज़ल्-*n.* a fine shower. तुषारवर्षा, पानी की फूही।

**Mnemonic**-नैं-मॉन्'-इक्-*adj.* designed to aid the memory. स्मृति सहायक, स्मरणशक्ति बढ़ाने वाली; **Mnemonics** (-स्) -*n. pl.* the art of memory. स्मृति विज्ञान; **Mnemonist** (-मॉ'-निस्ट्) -*n.* one who is proficient in mnemonics. स्मृति विज्ञान में कुशल।

**Moan**-मोअन्-*n.* a low murmur of suffering, lamentation. विलाप, सुसुकान; -*v. i.* & *t.* to lament. विलाप करना, कराहना।

**Moanful**-मोअन्' - फ़ल् - *adj.* expressing sorrow. शोकयुक्त; **Moanfully** (-फुल्-लि) *adv.* sorrowfully. विलाप से।

**Moat**-मोअट्-*n.* a deep ditch round a castle or fort. परिखा, खाई; *v. t.* to surround with a ditch. खाई बनाना।

**Mob**-मॉब्-*n.* the low people, a disorderly crowd. नीच मनुष्य लोग, कोलाहल करने वालों की भीड़; -*v. t.* (*p. t.* Mobed.) to make a disorderly attack. कोलाहल करना, आक्रमण करना।

**Mobile**-मो'-बाइल्-*adj.* movable, changing. अस्थिर, चंचल, हिलने डोलने वाली।

**Mobility**-मो - बिल्' - इ-टी-*n.* fickleness, changeability, the populace. सर्वसामान्य, जनता, अस्थिरता, चंचलता।

**Mobilizable**-मॉ - बिल् - ऑइज़' - ॲ-बुल्-*adj.* capable of mobilization. युद्ध कार्य के योग्य; **Mobilization** (-ए' - शन्) -*n.* the act of mobilizing. युद्ध कार्य की गति।

**Mobilize**-मॉ - बिल्-आइज़्'-*v. t.* to bring into circulation, to prepare for active service in war. गतिमान करना, सेना को युद्ध के काम में प्रवृत्त करना।

**Mocha** - मों' - कॉ- *n.* a kind of good coffee. एक प्रकार की सुन्दर कहवा।

**Mock** - मॉक् - *n.* imitation, derision. अनुकरण, तिरस्कार (विडम्बना); -*adj.* false, counterfeit. बनावटी, झूठा; -*v. t.* to ridicule, to treat with contempt. विडम्बना करना, हँसी उड़ाना (चिढ़ाना); **Mocker** (-अर्) -*n.* one who mocks, an impostor. विडम्बना (हँसी) करने वाला, ठिठोलिया; **Mockery** (-अर्-ई) -*n.* derision, ridicule. विडम्बना, तिरस्कार, (हँसी, नकल)।

**Mocking**-मॉक्-इङ्ग्- *n.* insult. अपमान; Mockingly (-ली) *adv.* with contempt. विडम्बना सहित।

**Modal** -मोड्'-ऑल्-*adj.* of mode or form. रूप विषयक।

**Mode**-मोड्- *n.* way, manner, custom, style. रीति, प्रकार, विधि, क्रम।

**Model**-मॉड्'-ऍल् -*n.* a representation, a plan or design, a pattern, a figure in clay &c, ideally perfect. प्रतिरूप, प्रतिमा, आदर्श, नमूना; -*v. t.* (*p. t.* Modelled.) to work after a model. बनाना; Modeller (-लर्) -*n.* one who models. नमूना बनाने वाला; Modelling (-लिङ्ग) -*n.* a model. नमूने की बनावट।

**Modena**-मो-डीन्'-नीं-*n.* a deep purple colour. गहरा नीला रङ्ग।

**Moderate**-मॉड्'-अर्-ऍट्-*adj.* not excessive, temperate, avoiding extremes. परिमित, मध्य श्रेणी का, थोड़ा (हलका); -*v. t.* & *i.* (-ऍट्') to restrain, to render less intense. (कम करना) रोकना, हलका करना; Moderate in desires (satisfied with moderate things.) अल्प वस्तु से सन्तुष्ट होने वाला: Moderate in eating (eating a small quantity.) स्वल्पाहारी; Moderate in speech (not speaking too much.) थोड़ा बोलने वाला।

**Moderately**-मॉड्'-अर्-ऍट्-ली-*adv.* in a moderate manner. परिमित रूप से।

**Moderateness** - मॉड्'- अर्-ऍट्-नेंस्-*n.* quality of being moderate. हलकापन।

**Moderation** -मॉड्-अर्-ए'-शॉन्-*n.* the act of moderating, temperance. संयम, समभाव, क्षमा, किफ़ायत।

**Moderator**-मॉड्-अर्-ए'-टार्-*n.* a mediator, a presiding officer. मध्यस्थ, सभापति; Moderatorship (-शिप्) -*n.* the office of a moderator. मध्यस्थ अथवा सभापति का पद।

**Modern**-मॉड्'-अर्न्-*adj.* of the present times, not ancient. आधुनिक (अर्वाचीन), नवीन (नया); -*n. pl.* people of modern times. आजकल के लोग; Modernity (-इट्-ई), Modernness (-नेंस्) -*ns.* newness. नवीनता।

**Modernization**- मॉड्-अर्न्-आइज़्-ए'-शॉन्-*n.* act of modernizing. नवीनता, नयापन;

**Modernize** (-आइज़्)- *v. t.* to make modern. आधुनिक समय के अनुसार करना।

**Modernly**-मॉड्'-अर्न्-ली-*adv.* according to modern times. आधुनिक समय (आजकल) के अनुसार।

**Modernism**-मॉड्'-अर्न्-इज़्म्- *n.* something of modern manner. पुरानी बातों को न मानने की प्रथा।

**Modernist**-मॉ-डर्न्'-इस्ट्- *n.* a supporter of modernism. ऐसे सिद्धान्त को मानने वाला।

**Modest**-मॉड्'-ऍस्ट् - *adj.* bashful, decorous, not excessive, chaste, reasonable. लज्जावान्, विनीत, सङ्कोची, सुशील, निरहङ्कार; Modestly (-ली) -*adv.* in a modest manner. विनय से, नम्रता से।

**Modesty** - मॉड्'- ऍस् - टी- *n.* chastity, moderation. विनय, (नम्रता), मर्यादा।

**Modicum** - मॉड्' - इक् - अम्-*n.* a small quantity of food. भोजन की थोड़ी मात्रा।

**Modifiable**-मॉड्-इ-फ़ाइ'-ऑ-बल्-*adj.* able to be modified. रूप बदलने योग्य।

**Modificatory**-मोड्-इफ्-इक्-ए'-टॉर्-ई- *adj.* modifying. रूपान्तर करने वाला।

**Modification** - मॉड्-इफ्-इक्-ए'-शॉन्- *n.* the act of modifying, the state of being modifed. रूप भेद, रूपान्तर।

**Modify**-मॉड्'-इ - फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Modified.) to make less severe, to qualify, to moderate. रूप भेद करना, सुधारना, कम करना।

**Modish** - मोड्' - इश्- *adj.* fashionable. शिष्ट रीति के अनुकूल; Modishly (-ली)-*adv.* in a modish manner. चलन के अनुसार; Modishness (-नेंस्) -*n.* the state of being modish. प्रचलित रीति।

**Modulate** - मॉड्'-युल्-ऍट्-*v. t.* to regulate, to adjust, to vary the tone of voice. आवश्यकतानुसार घटाना बढ़ाना, स्वर ऊँचा नीचा करना; Modulation (यु-लें'-शॉन्) -*n.* the act of modulating, melody. (परिवर्तन) लय, उतार चढ़ाव।

**Modulator**-मॉड्' - यु - लें'-टॉर्- *n.* one who modulates. न्यूनाधिक करने वाला।

**Modulus** -मॉड्' - यू-लस्- *n.* a constant multiplier. गुणा करने की स्थिर संख्या, मापांक।

**Modus** - मोड्'-अस् - *pref.* in sense of

'method, way.' 'प्रकार' अर्थ का उपसर्ग; Modus operandi ( the way of working. ) मनुष्य के कार्य करने का ढंग; Modus vivendi ( manner of living. ) जीवन का ढग।

Mohair-मो'-हेअर्- n. fine woo. महीन चिकना ऊन।

Mohammedan-मो-हॅम्'-मॅड्- ॲन्-n. & adj. a follower of Mohammed, pertaining to Mohammed or his religion. मुसलमान, मुसलमानी; Mohammedanism (-इज़्म्)-n. the religion of Mohammed. मुसलमानी धर्म; Mohammedanize (-आइज़्) -v. t. to convert into Mohammedanism. मुसलमान बनाना।

Moider - मॉय्' - डर्-v. t. to confuse. व्यग्र करना, घबड़ाना।

Moiety-मॉयु'-ईट्-ई- n. the half, a half shie. अर्धांश, आधा भाग।

Moil-मॉइल्-v.t. & i. to drudge. परिश्रम से कार्य करना, थकना या थकाना।

Moist-मायस्ट्-adj. damp, slightly wet. कुछ भीगा हुआ, नम, तर।

Moisten-माइस्'-ऍन्-v. t. to make damp or moist. तर करना, भिगोना।

Moistness - मायस्ट्'-नॅस्- n. dampness. नमी, तरी।

Moisture - मॉयस्ट्' - युर्- n. moistness, slight wetness. आर्द्रता, गीलापन; Moistureless ( -लॅस् ) -adj. devoid of moisture. बिना तरी का, सूखा।

Moko-मा'-को- n. a method of tattooing. गोदना गोदने की एक विधि।

Molar-मो'-लॅर्-adj. grinding. पीसनेवाला; Molar teeth ( grinding teeth. ) चबाने के दाँत, चव।

Molasses - मो-लॅस्'-सॅ ं - n. the syrup drained from sugar in the process of refining, treacle. खाँड़, जूसी, सीरा।

Mole-मोल्-n. a small burrowing animal, an artificial harbour, a spot on human skin. छछूंदर, कृत्रिम बन्दरगाह, तिल, मसा; Blind as a mole ( almost blind. ) बिलकुल अन्धा; Mole-eyed ( having small eyes. ) छोटे नेत्रवाला; Mole-hill ( a little hillock made by moles. ) बल्मीक, छछूंदर की लगाई हुई मिट्टी का ढेर, बाँबी; To make mountains out of mole-hills (to make exaggerations) राई का पर्वत बनाना।

Molecular-मॉल्-लॅक्'-यूल्-ॲर्- adj. pertaining to molecules. परमाणु सम्बन्धी; Molecularity (लॅर्'-इ-टी)-n. the state of being molecular, कणत्व, परमाणु होने की अवस्था।

Molecule-मॉल्'-ऍ-क्यूल्-n. a minute particle. परमाणु, कण।

Molest-मॉ-लॅस्ट्'-v. t. to annoy, to tease, to trouble. कष्ट देना ( सताना, छेड़ना ), पीड़ा देना, दिक़ करना; Molestation (-ए'-शॉन्) -n. the act of molesting, annoyance. बाधा, पीड़ा; Molester ( -अर् ) -n. one who molests. पीड़ा देनेवाला।

Mollification - मॉल्'-लि-फ़िक्-ए'-शॉन्-n. mitigation. शमन, सान्त्वन।

Mollifier-मॉल्'-लि-फ़ाइ-अर्-n. a mitigator. शमन करनेवाला।

Mollify-मॉल्'-लि-फ़ाइ-v. t. ( p. t. Mollified. ) to appease, to soften. शमन ( शान्त ) करना, मुलायम करना।

Molly-मॉल्'-ली-n. an effeminate man. नपुंसक, जनखा।

Molten - मोल्'-टॅन् - adj. melted. पिघला हुआ, गला हुआ।

Moly-मो'-ली-n. a magic herb. एक प्रकार की जादू की वनस्पति।

Moment-मो'-मॅन्ट्-n. a very short time, an instant, importance. क्षण, पल, आवश्यकता; Auspicious moment ( lucky time. ) शुभलग्न; Go there this moment ( i. e. instantly. ) अभी वहाँ जाओ; Men of the moment (famous men.) प्रसिद्ध लोग; Of little moment ( base. ) क्षुद्र, नीच।

Momentarily-मो'-मॅन्ट्-टॅर्-रि-ली-adv. for a moment. क्षणभर के लिये।

Momentariness - मो-मॅन्ट्-टॉर्-इ-नॅस् - n. instantaneousness. क्षणिकता।

Momentary-मो'-मॅन्ट्-ॲर्-ई-adj. instantaneous. क्षणिक, अस्थायी।

Momently-मो'-मॅन्ट्-ली- adv. momentarily, in a moment. क्षण भर में।

Momentous-मो-मॅन्'-टस्-adj. important. महत्व का; Momentously ( -ली ) -adv. with importance. महत्व से; Momenousness (-नॅस्)-n. weightiness. महत्व।

**Momentum**-मो-मैंन्'-टम्-*n.* (*pl.* Momenta.) impetus gained by a body in motion. वेग, गति, चाल ।

**Momus** - मो'-मस्-*n.* a fault-finder. दोष खोजने वाला ।

**Monachal** - मोन्'-ऑक्-ऑल्- *adj.* of a monastery. मठ का ।

**Monachism**-मोन्'-ऑक्-इज़्म्-*n.* monastic living. मठवास ।

**Monad** - मॉन्'-ऑड्-*n.* an indivisible or ultimate atom, the number one. अभेद्य वस्तु, एकाई ।

**Monandry**-मॉन् ऑन्ड्'-री-*n.* the custom of having one husband. एक ही पति होने की रीति ।

**Monarch**-मॉन्'-ऑर्क्-*n.* sovereign, supreme ruler. अधिप, राजा; Monarchal (-ऑल्), Monarchic (-इक्) ; Monarchical (-इक्-ऑल्) -*adjs* pertaining to a monarch or monarchy. राजकीय, सम्राट् के अधीन ; Monarchally (-ऑल्-लि )-*adv.* by way of a monarch. राज्य क्रम में ।

**Monarchist**-मॉन्-ऑर्क्-इस्ट्-*n.*an advocate of monarchy. राजाके शासन का पक्षपाती।

**Monarchy**-मॉन्-ऑर्क्-ई-*n.* a kingdom, an empire. राजतन्त्र देश, राज्य ।

**Monastery**-मॉन्'-ऑस्-टॅ-री-*n.* (*pl.* Monasteries.) residence for men who lead a retired life, an abbey, a convent. मठ, आश्रम ।

**Monastic**-मॉन्-ऑस्ट्'-इक्-*adj.* of monks. आश्रम सम्बन्धी, वैरागियों का ; Monasticism (-टिस-इज़्म्)-*n.* monastic life. वैराग्य।

**Monday** - मन्'-डे-*n.* the second day of the week. सोमवार, चन्द्रवार ।

**Monde**-मॉन्ड्-*n.* the fashionable society. शिष्ट समाज ।

**Monetization** - मॉन्-ए-टॅ-जे'-शॉन्-*n.* the act of monetizing. मुद्रा निर्माण विधि ।

**Monetize**-मॉ-नॅट्'-आइ -*v. t.* to prepare coins. धातु का सिक्का बनाना ।

**Monetary**-मान्'-ऍट्-ऑर्-ई - *adj.* pertaining to coinage or money. द्रव्य अथवा मुद्रा सम्बन्धी ।

**Money**-मन्'-ई-*n.* wealth, current coin, bank or government notes, -(*pl.*) coins. धन (द्रव्य), मुद्रा, - (ब० व०) सरकारी या बङ्क के नोट ; Monied (-ईड्) -*adj.* wealthy, rich in money. धनी, अमीर ; Money-lender ( one who lends money. ) साहूकार, महाजन ; Moneyless (-लॅस् )-*adj.* devoid of money. धनहीन ; Money-making ( realizing money or large profits. ) धन सञ्चय ; Money-market ( the market or field for the investment of money. ) सराफा; Money-order ( an order for money deposited at one post-office and payable at another. ) डाक द्वारा रुपया भेजने की चालान; To make money ( to acquire wealth. ) धन कमाना ।

**Monger**-मङ्ग्'-गर्-*n.* a trader, a dealer. used in comb, (*e. g.* Fishmonger.) व्यापारी, सौदागर ।

**Mongoose, Mungoose** - मॉन्'-गूस् - *n.* the Indian ichneumon. नकुल, नेवला ।

**Mongrel**-मङ्ग्'-ग्रॅल्-*n.* & *adj.* a hybrid dog, not of pure breed. दोगला कुत्ता, सङ्कर जाति का (पशु); Mongrelize (-आइ ज़्) -*v. t.* to render mongrel. सङ्कर जाति का बनाना ।

**Monism**-मोन्'-इज़्म्-*n.* the doctrine that only one being exists. ब्रह्मवाद, वेदान्त ।

**Monist**-मोन्-इस्ट्-*n.* one who believes in the identity of mind and matter. वेदान्ती ; Monistic (-इस्ट्'-इक्) -*adj.* pertaining to monism. ब्रह्मवादी ।

**Monition** - मॉन्-इश्'-ऑन्-*n.* a warning of danger, an instruction. भय-सूचना, चेतावनी ।

**Monitor**-मॉन्'-इट्-ऑर्-*n.* (*fem.* Monitress.) a senior pupil in a school or class, a ship of war. उपदेशक (उपगुरु), युद्ध का जहाज ; Monitorial (-ओर्'-इ-ऑल् )-*adj.* relating to monitors. उपगुरु संबंधी ; Monitory (-ई) -*adj.* giving admonition. प्रबोधक, उपदेशरूप ।

**Monk**-मङ्क्-*n.mas.* (*fem.* Nun.)a recluse संन्यासी, योगी, मुनि, उदासी ; Monkery (-अर्-ई) -*n.* monastic life. मठजीवन, संन्यासी का जीवन ; Monkhood (-हुड्), Monkship (-शिप् )-*ns.* the character of a monk. योगीत्व ; Monkish (-इश् )-*adj.* like a monk. मुनि समान ।

**Monkey**-मङ्क्'-ई-*n.* (*pl.* Monkeys.) an ape. बानर, बन्दर ; Monkey-jacket

(close fitting dress of sailors.) मल्लाहों का चुस्त कुर्ता ; To p[illegible] his monkey up ( to make him angry. ) क्रुद्ध करना ।

**Monkeyish**–मङ्कू' - ई - इश्–*adj*. like a monkey. बन्दर के समान ; Monkeyishness ( -नेस् ) –*n*. the state of being monkeyish. बन्दरपन ।

**Mono, Mon**–मो'-नो ( -मॉन् )–*prefs*. in the sense of 'alone, 'single'. 'अकेले' अर्थ का उपसर्ग; Monocardian(-काड्इ'-इ-ऑन्) –*adj*. having a single heart. केवल एक हृदय वाला ; Monocarpous (-काप्'-अस्) -*adj*. bearing fruits only once. केवल एक बार फलनेवाला ; Monocephalous (-सेफ्' -ऑल्-अस् )–*adj*. with only one head. केवल एक मस्तक वाला; Monoceros (-नॉस्' -ऍ-रास् )–*n*. a one-horned animal. एक सींगवाला पशु ; Monochord ( -कॉड्इ ) –*n*. a musical instrument with one string. एक तारा बाजा ।

**Monochromatic**–मान्-ओ-क्रो - मॅट्'-इक्–*adj*. presenting one colour only. एकरंगा, जिसमें केवल एक ही रंग हो ।

**Monochrome** – मान्'-ओ-क्रोम्–*n*. a painting in one colour only. ( हलके तथा गहरे ) एक ही रंग में छपा हुआ चित्र ।

**Monocle**–मान्'-ऑ-कुल्–*n*. a single eyeglass. एक ताले का चश्मा ; Monocular (-आक्'-यु-लॅर् )–*adj*. with one eye only. एक आँख का ।

**Monocracy**–मो-नॉक्'-रोस्-ई–*n*. government by a single person. एक व्यक्ति से शासित राज्य ।

**Monocrat** – मान्'-ओ-क्रॅट्–*n*. one who governs alone. अनन्य शासक ।

**Monodic**–मान्'-ऑ-डिक्–*adj*. pertaining to monody. एक मनुष्य से गाई हुई गीत का

**Monodist**–मान्'-ऑ - डिस्ट्–*n*. one who writes a monody. एक ही मनुष्य से गाने योग्य गीत बनानेवाला मनुष्य ।

**Monodrama**–मान्'-ऑ-ड्रॉ-मॉ–*n*. a dramatic performance by one person. एक मनुष्य से खेला हुआ नाटक ।

**Monody**–मान्'-ऑ - डी–*n*. ( *pl*. Monodies. ) an ode sung by a single person. एक मनुष्य से गाई हुई गीत ।

**Monogamist**–मो-नाग्'-ऑ-मिस्ट्–*n*. a man who has only one wife. एक पत्नीवाला मनुष्य ।

**Monogamy**–मो-नॉग्'-ऑ-मी– *n*. the practice of marrying once only. एक ही बार विवाह करने की प्रथा ।

**Monogram**–मॉन्'-ओ-ग्रॅम्–*n*. a cypher of two or more letters interwoven into one. अनेक अक्षरों के मेल से बना हुआ एक अक्षर ; Monogrammatic ( -मॅ-टिक् ) – *adj*. pertaining to a monogram. ऐसा अक्षर सम्बन्धी ।



Monogram.

**Monograph**–मॉन्'-ओ-ग्रॅफ्–*n*. a treatise written on a single subject. किसी एक विषय पर लेख ;–*v. t*. to write a monograph on. ऐसा लेख लिखना ; Monographer ( -अर् ), Monographist (-इस्ट्) –*ns*. the writer of a monograph. ऐसा लेख लिखनेवाला ; Monographic ( -इक् ) –*adj*. pertaining to a monograph. ऐसे लेख सम्बन्धी ; Monographically (-इक्-ऑल्-लि)–*adv*. इस लेख की रीति ।

**Monolith**–मॉन्'-ओ - लिथ्–*n*. a single block of stone shaped into a pillar. एक ही ठोस पत्थर का बना हुआ खम्भा ; Monolithic ( -इक् )–*adj*. of a pillar of one single stone. इस प्रकार के खम्भे का ।

**Monological**–मॉन्-ओ-लॉज्'-इक्-ऑल्– *adj*. pertaining to soliloquy;. स्वगत भाषण सम्बन्धी ; Monologist ( -जिस्ट् )–*n*. one who soliloquizes. स्वगत भाषण करनेवाला; Monologize ( -आइज् )–*v. i*. to soliloquize. स्वगत भाषण करना ।

**Monologue**–मॉन्'-ओ-लॉग्–*n*.a soliloquy. स्वगत भाषण, नाटक में किसी पात्र का आप-ही आप कुछ बकना ।

**Monomania**–मान्-ओ-मेन्' इ-ऑ– *n*. derangement with reference to a particular subject. किसी विशेष बात की झक ; Monomaniac ( -ऑक् ) –*adj*. affected by monomania. ऐसे रोग से ग्रस्त; –*n*. an insane person. झक्की मनुष्य ।

**Monomial**–मो-नोम्'-इ-ऑल्–*adj*. expression of one term in Algebra. बीज गणित में एक संख्या का अंक ।

**Monopathy**–मो-नॉप्'-ऑ-थी– *n*. derangement of only one organ of the body शरीर के किसी एक अंग का रोग ।

**Monophobia**-मॉन्-ओ-फ़ोब्'-इ-ॲ- *n.* morbid dread of being left alone. अकेले रहने का भय।

**Monoplane**-मॉन्'-ओ-प्लेन्- *n.* an aeroplane with only one plane or wing एक पंख का हवाई जहाज़।

**Monopolist**-मॉन्-ऑप्'-ओ - लिस्ट्-*n.* one who has a monopoly. एकाधिकार रखने वाला मनुष्य।

**Monopolization**-मॉन्'-ऑप्-ओ-लाइज़्- ए'-शॉन्-*n.* the act of monopolizing. स्वायत्तीकरण; **Monopolize** ( -लाइज़् ) -*v. t.* to obtain monopoly of. सर्व अधिकार अपना करना ; **Monopolizer** ( -अर् ) -*n.* one who monopolizes. एकाधिकार रखने वाला पुरुष।

**Monopoly**-मॉन्-ऑप्'-ओ-लि-*n.* ( *pl.* Monopolies, ) exclusive or sole possession of some commodity or the exclusive right of selling it. एकाधिकार, किसी वस्तु के क्रय विक्रय का अकेला (स्वतन्त्र) अधिकार।

**Monorail**-मॉन्'-ओ-रेल्- *n.* a railway with vehicles running on one rail only. एकही लाइन पर चलनेवाली रेलगाड़ी।

**Monosyllabic**-मॉन्-ओ-सिल्-लैब्'-इक्-*adj.* of one syllable. एकाक्षरी ; **Monosyllabic roots** ( roots of one syllable only. ) एकाक्षरी धातु।

**Monosyllable**-मॉन्-ओ- सिल्'-लॅ - बल्-*n.* a word of one syllable. एकाक्षर।

**Monotheism**-मॉन्'-ओ-थी' - इज़्म्-*n.* the belief that there is only one God ; अद्वैतवाद, एकही ईश्वर में विश्वास; **Monotheist** ( इस्ट् ) -*n.* a believer in one God. अद्वैतवादी ; **Monotheistic** ( -इस्ट्-इक् ) -*adj.* pertaining to monotheism. अद्वैतवाद (एकही ईश्वर में विश्वास) सम्बन्धी।

**Monotone**-मॉन्'-ओ-टोन्- *n.* an utterance in the same tone of voice. एक ही लय में उच्चारण ; **Monotonic** ( -टॉन्-इक् ) -*adj.* monotonous. एकसुरा।

**Monotony**-मॉ-नॉट्'-ओ-नी-*n.* uniformity of tone. एक स्वरता।

**Monotonous**-मो-नॉट्'-ओ-नस-*adj.* in the same tone, without variation, wearisome. अभिन्न स्वर का, एक लय का, थकाने वाला ; **Monotonously** ( -ली ) -*adv.* with one uniform tone. एक सुर या लय में ; **Monotonousness** ( -नेस् ) -*n.* the quality of being monotonous. एकस्वरता

**Monotype**-मॉन्'-ओ-टाइप्-*n.* a type casting and setting machine. टाइप ढालते हुए तथा साथ साथ कम्पोज़ करने का एक प्रकार का यन्त्र।

**Monsieur**-मॉस्-यूर्'-*n.* sir, a Frenchman. महाशय, फ़रांसीसी।

**Monsoon**-मॉन् - सून्' - *n.* a periodical wind which blows before the rainy season, the rainy season. वर्षाकालिक वायु, वर्षाऋतु।

**Monster**-मॉन्' - स्टर् - *n.* a mis-shaped plant or animal, an inhuman animal, unnatural production, an animal of huge size. अद्भुत वनस्पति या प्राणी, राक्षस, बड़े आकार का अद्भुत पशु।

**Monstrosity**-मॉन्-स्ट्रॉस्'-इ-टी- *n.* an outrageous object. राक्षसपन, भयंकरता।

**Monstrous**-मॉन्'-स्ट्रस्-*adj.* huge, enormous, atrocious, horrible. अद्भुत, विलक्षण, राक्षसी, विकट ; **Monstrously** (-ली) -*adv.* horribly. अति विकट रूप से ; **Monstrousness** ( -नेस् ) -*n.* the quality of being monstrous. घोरता, भयंकरता।

**Montane**-मॉन् - टेन्' - *adj.* inhabiting a mountainous country. पहाड़ी देश निवासी

**Montanic**-मॉन्-टॅन्'- इक्-*adj* pertaining to or consisting of mountains. पर्वत संबंधी, पर्वत पूर्ण।

**Montessori**-मॉन् - टॅस्'-सॉर्-ई-*n.* a form of infant education. बच्चों को सहज में पढ़ना लिखना सिखलाने की एक शैली ; **Montessorian** ( -ऑन् ) -*adj.* pertaining to this system of education. इस विधि से पढ़ाने की शैली।

**Month**-मन्थ्-*n.* any of the twelve portions of a year. मास, महीना ; **Bright half of the month** (the second half of a month.) शुक्लपक्ष ; **Dark half of the month** ( the first half of a month. ) कृष्णपक्ष ; **Half month** ( a fortnight. ) पक्ष, पाख ; **Lunar month** ( the time in which the moon completes a revolution round the earth. ) चान्द्रमास **This day month** ( exactly a month after this day. ) आजदिन से एक महीने बाद।

**Monthly**-मन्थ्'-ली-*adj*, *adv.* & *n.* recurring once a month, a magazine published each month. मासिक ( प्रतिमास ), मासिक पत्रिका ; Monthly allowance ( an allowance paid every month. ) महीनेवारी तनखाह ।

**Monticle**-मॉन्ट्'-इक्-कल्-*n.* a small hill, hillock. छोटी पहाड़ी ।

**Monument**-मॉन्'-यु-मन्ट्-*n.* a memorial, a written record. स्मारक चिह्न ( कीर्ति-स्तम्भ, समाधि ), यादगार ; Monumental (-मेन्ट्'-ऑल् )-*adj.* serving as a memorial. स्मरणार्थ, याद दिलाने वाला ; Monumentalize ( -आइज़् )-*v. t.* to commemorate as with a monument. स्मरण दिलाने के लिये कोई स्मारक बनाना ।

**Moo**-मू-*v. i.* to make a cry like an ox or cow. गाय बैल की तरह शब्द करना ।

**Mood**-मूड्- *n.* disposition of mind, state of feeling, variations in the inflexions of a verb, mode. चित्तवृत्ति, भाव, क्रियापद की अवस्था बतलाने वाले रूप ; Moodily ( -इ-ली ) -*adv.* in a moody manner. चित्तवृत्ति से ।

**Moody**-मूड्'-ई-*adj.* angry, sullen, gloomy fretful. क्रुद्ध, उदासीन, चिड़चिड़ा ।

**Moon**-मून्-*n.* the satellite of the earth revolving round it शशि, चन्द्रमा;-*v. t.* to look listlessly. विक्षिप्त की तरह इधर देखना; Full moon (*i. e.* when the disk of the moon is entirely illuminated,) पूर्णिमा ; Moonbeam-*n.* light from the moon. चन्द्रिका ; Moonet (मून्'-ऍट्) -*n.* a small moon. छोटा चन्द्रमा; Moon-face ( full round face. ) फूला हुआ मुखड़ा; Moonlight (light of the moon.) चाँदनी ; Moonlighting-*n.* रात में खेत काटने का अपराध; Moonshine ( visionary ideas. ) मनगढ़न्त ; Moon-stone ( feldspar. ) चन्द्रकान्त मणि ; Moon-struck (deranged in mind. ) विक्षिप्त, पागल ; Moony ( -ई ) -*adj.* dreamy, listless काल्पनिक, विक्षिप्त ; Orb of the moon. चन्द्रबिम्ब ।

**Moonling**-मून्'-लिङ्ग्-*n.* a simpleton, a foolish person. मूर्ख मनुष्य ।

**Moor**-मूर्-*n.* an open waste ground, a heath, a negro. कच्छ देश, दलदल, हबशी ; -*v. t.* to secure a boat on the coast. घाट पर नाव बाँधना ; Moorage ( -एज़् ) -*n* a place for mooring. घाट ; Mooring ( -इङ्ग् ) -*n.* fastening a ship to keep it in a given position. निर्धारित स्थान में जहाज रखने के लिये बाँधना ; Moorish ( -इश् ), Moory ( -ई ) -*adjs.* boggy. दलदल वाला ; Moorland ( heath-land. ) कच्छ प्रदेश, झाबर ।

**Moose**-मूस्-*n.* an American elk. एक प्रकार का बारहसिंघा ।

**Moot**-मूट्-*n.* an assembly of law students. शास्त्रार्थ करने वालों की मण्डली; -*adj.* debatable. शास्त्रार्थ के योग्य ;-*v. t* to debate, to raise discussions. तर्क करना ।

**Mop**-मॉप्-*n.* an implement for cleaning floors &c. कूँची, झाड़ू ;-*v. t.* (*p.t* Mopped. ) to wipe or rub with a mop. झाड़ू से साफ करना; -*v. i* to make grimaces. मुँह बनाना, चिढ़ाना ; Mophead ( a person having thick hairs on the head like a mop. ) कड़े बालों की खोपड़ी वाला मनुष्य ।

**Mope**-मोप्-*v t.* to be listless, to be drowsy. उद्विग्न ( उदासीन ) होना, औंघाना; -*n.* one who mopes, a stupid person ऊँघने वाला, मूर्ख मनुष्य; Mope-eyed-*adj.* short-sighted. अल्प दृष्टिवाला ।

**Mopish**-मोप्-इश्-*adj.* gloomy, spiritless. उद्विग्न, तेजहीन ; Mopishly (-ली ) -*adv.* in a dull manner उद्विग्नता से ; Mopishness ( -नेस् ) -*n.* dullness. उद्विग्नता, मन्दता ।

**Moppet**-मॉप्'-पॅट्-*n.* a puppet made of cloth. कपड़े की गुड़िया ।

**Moquette**-मो-कॅट्'-*n* wool, hemp &c. for making carpets. गलीचा बनाने का ऊन सन इत्यादि ।

**Moraine**-मो-रॅन्' - *n.* debris carried down by glaciers बरफ के चट्टानों से लाया हुआ कतवार ( कूड़ा कर्कट ) ।

**Moral**-मॉर्'-ऑल्-*n.* & *adj.* relating to the distinction between right and wrong, ethical, virtuous, just, conformity with moral rules, lesson taught by a fable. धर्मानुरूप, न्यायानुसारी, नीतिमान्, उपदेश ( शिक्षा ) ; (*pl.* ) moral habits, duties of life. ( ब० व० ) नीति, आचरण, शिक्षा ; Good

morals ( moral conduct. ) सदाचार ; Moral courage ( courage to encounter odium &c. ) आन्तरिक बल ; Moral duties ( duties in regard to virtue. ) सदाचार ; Moral freedom ( freedom tof will. ) चित्त की स्वतन्त्रता; Moral insruction ( ethical instruction. ) नीति उपदेश ; Moral science ( philosophy. ) ethics. नीतिशास्त्र; Moral sense ( sense of distinguishing right and wrong ) गुण दोष पहिचानने की आन्तरिक शक्ति।

**Morale**–मो-राल्'-*n*. mental or moral condition. मानसिक या नैतिक अवस्था।

**Moralist**–मॉर्-रॅल्'-इस्ट्-*n*. one versed in ethics. नीतिज्ञ, नीति उपदेशक।

**Morality**–मो-रॅल्'-इट्-ई-*n*. practice of moral duties. नीति विद्या, सद्व्यवहार, पुण्यशीलता।

**Moralization**–मॉ-रॅल्-आइज़्-ए'-शन् - *n*. moral reflection. नीति उपदेश।

**oralize**-मॉ-रॅल्'-आइज़्-*v.-t*. to explain Mmoral duties. धर्मोपदेश करना।

**Morally**–मॉ-रॅल्'-ली-*adv*. ethically, in a moral manner. धर्म से, न्याय से।

**Morass**–मो-रॅस्' -*n*. a marsh, bog, a swamp. दलदल, कीचड़।

**Morbid**–मॉर्'-बिड्-*adj* sickly, unwholesome, unhealthy, diseased. अस्वस्थ (रोगी), दूषित ; Morbidly (-ली )-*adv*. अस्वस्थता से; Morbidness ( -नॅस् )-*n*. state of being morbid. अस्वस्थता ; Morbidity (-इट्-ई)-*n*. morbidness. रोग की प्रवृत्ति।

**Morbific**-मॉर्-बिफ्'-इक्-*adj*. producing disease. रोग उत्पन्न करने वाला।

**Morbose**-मॉर्-बोस्' *adj*. unsound. अस्वस्थ।

**Mordacious**-मार्-डे'-शस्-*adj* biting. sarcastic. काटने वाला, तीव्र ; Mordacity (-डॅस्'-इटी )-*n*. state of being biting, pungency तीव्रता ; Mordancy (-ऑन्-सी)-*n*. pungency. चरपरापन।

**Mordant**-मॉर्'-डॅन्ट्-*adj*. biting, caustic चुभनेवाला, चरपरा।

**Mordicant**-मॉर्'–डिक्–ऑन्ट्–*adj*. biting, acid. तीखा, चरपरा।

**More**–मोर्–*adj*. ( *comp*. of Much ) of greater quantity or amount, additional. अधिक;–*adv* in a greater degree. अधिकता से ; More and more ( with continued increase. ) बढ़कर; More or less (in greater or less degree, about.) न्यूनाधिक, प्रायः; No more ( nothing in addition ) बस; Something more. कुछ अधिक. To be no more ( to die.) मर जाना।

**Moreen**–मॉ-रीन्'-*n* a coarse stuff for making curtains. पर्दा बनाने का मोटा टाट या कपड़ा।

**Morel** -मॉर्-ऍल्'-*n*. a kind of edible fungus. एक प्रकार की खाने की गुच्छी।

**Moreover**–मोर्-ओ - वर्-*adv*. besides. in addition to. इससे अधिक, सिवाय।

**Morgue**– मार्ग्-*n* haughty temper or demeanour. क्रोधी प्रकृति।

**Moribund**-मॉर्'-इ-बन्ड्-*adj*. in a dying condition मरणासन्न।

**Morion**-मॉर्'-इ-ऑन्-*n*. a helmet without visor. बिना छज्जे का टोप।

**Morn**-मॉर्न्-*n* poetical form of the word '*morning*'. प्रातःकाल, (कविता में यह शब्द प्रयोग होता है )।

**Morning**–मार्न्'-इङ्ग्-*n* the first part of the day, forenoon. प्रातःकाल, सबेरा; Good morning ( a form of salutation ) आप का प्रातःकाल शुभ हो; Morning devotion ( the prayer of the morning. ) प्रातःकाल की उपासना ; Morning-star ( a planet which precedes sunrise प्रातःकाल उगनेवाला (प्रभात) तारा ; Morning-twilight. प्रातःकाल की सन्धि का समय, अरुणोदय।

**Morocco**–मॉ-रॉक्–को-*n*. leather prepared from goatskin. बकरी की खाल से बनाया हुआ चमड़ा।

**Morone**-मॉ-रोन्' - *n*. a deep crimson colour. गहरा लाल रङ्ग।

**Morose**-मॉ-रोस्'-*adj*. sullen, gloomy, austere, of a sour temper, ill-humoured. पिशुन, रूक्ष, चिड़चिड़ा; Morosely (-ली )-*adv*. in a sullen manner. रूक्षता से ; Moroseness ( -नॅस् ) *n*. the quality of being sullen. रूक्षता, चिड़चिड़ापन।

**Morpheus**-मॉर्'-फ़्–अस्-*n*. the god of dreams or sleep. निद्रा देवता।

**Morphia**–मॉर्-फ़ी-ऑ–*n* an extract of opium. अफ़ीम का सत्व ; Morphine (-फ़ीन् ) *n*. same as morphia. अफ़ीम का सत्त्व।

**Morphological** – मॉर्-फ़ो-लॉज़्'-इक्-ऑल् - *adj*. belonging to morphology. पशु रचना शास्त्र सम्बन्धी ; **Morphologically** (-ली)-*adv*. in a morphological manner. इस शास्त्रानुसार ; **Morphologist** (-जिस्ट्) -*n*. a student of morphology. इस शास्त्र को जानने वाला ।

**Morphology** – मॉर्-फ़ॉल्'-ऑज्-ई – *n*. the study of the organic form of animals, the study of the form of words. पशुओं का आकार अध्ययन करने का शास्त्र, शब्दों का आकार अध्ययन करने की विद्या ।

**Morris** – मॉर्'-रिस्- *n*. a kind of dance. एक प्रकार का (रङ्ग बिरंगे वस्त्र पहिनकर) नाँच ।

**Morrow**–मार्'-रो-*n*. the following day. उत्तर दिवस, आनेवाला दिन ; **On the morrow** ( on the following day. ) अगले आने वाले दिन ।

**Morse**–मॉर्स्-*n*. the sea-horse, walrus. समुद्री घोड़ा, दरियाई घोड़ा; -*n*. a code in telegraphy in which letters are represented by dots and dashes. तार देने का एक प्रकार का संकेत ।

**Morsel**-मॉर्'-सॅल् - *n*. a small piece, mouthful. खण्ड ( टुकड़ा ), कवर ( ग्रास ) ।

**Mortal**-मॉर्ट्'-ऑल्-*adj*.subject to death, fatal, deadly. मर्त्य, ( मरनेवाला, अनित्य, ) विनाशी, प्राणघातक; **A mortal** ( a human being. ) मर्त्य, मनुष्य ।

**Mortalize**-मॉर्'-टॅल्-आइज़्-*v. t*. to make mortal. मर्त्य बनाना ।

**Mortality**-मॉर्-टॅल्'-इ-टी-*n*. death, destruction. मरण, मृत्यु, नाश ।

**Mortally** – मॉर्ट्'-ऑल्-ली- *adv*. causing death. प्राण घातक ।

**Mortar**-मॉर्ट्'-ऑर्-*n*. a mixture of lime, sand, water &c. for joining stones or bricks, a strong vessel in which substances are pounded with a pestle. गारा, चना, ओखली ( खरल ) ।

**Mortgage**-मॉर्'-गेज्-*n*. property laid by a debtor as security. बन्धक, गिरवीं; -*v.t*. to pledge. बन्धक रखना, रेहन करना ; **Mortgagee** (-ई)-*n*. a person to whom an estate is mortgaged. जिसके पास संपत्ति गिरवीं रक्खी जाय ; **Mortgagor** ( -ऑर् ) **Mortgager** (-अर्) -*ns*. one who mortgages. बन्धक ( रेहन ) रखनेवाला ।

**Mortification** – मॉर्ट्'-इ-फ़ि-के'-शॉन् –*n*. the act of humiliating, penance, the death of one part of an animal body, gangrene. मानहानि, संयम ( तपस्या, वैराग्य ), चैतन्यता का नाश, हड्डी, मास आदि का सड़ना ।

**Mortified**-मॉर्'-टि-फ़ाइड् – *adj*. brought under subjection, humiliated. वशीभूत किया हुआ ।

**Mortify**-मॉर्'-टि-फ़ाइ-*v. t*. & *i*. ( *p. t*. Mortified.) to humble, to bring into subjection by self-denial or discipline, to feel humiliated, to destroy the vital functions of. वश करना, (दबाना), इन्द्रियों को वश में करना, किसी अङ्ग को निर्जीव कर देना ; **Mortifying** ( -इङ्ग् ) -*adj*. humiliating. सर्व हरण करनेवाला ।

**Mortise, Mortice** – मॉर्'-टिस्-*n*. a hole fitting in a tenon. लकड़ी में का छेद जिसमें चूल पहिराई जाती है; -*v. t*. to cut holes in, to join by a tenon and mortise. छेद करना, सलाना ; **Mortise-chisel** ( a chisel for making holes. ) छेद करने की रुखानी ।

**Mortuary**-मॉर्'-ट्यू-ऑ-री- *n*. & *adj*. a burial-place, belonging to burial. मरघट, कब्रिस्तान, श्मशान सम्बन्धी ।

**Mosaic**-मो-ज़े'-इक्-*n*. & *adj*. an artistic work in which small pieces of stone, glass &c. of various colours are joined together to form a picture. पच्चीकारी का काम; -*v. t*. to adorn with mosaic. जड़ाव या पच्चीकारी करना ; **Mosaic gold** (artificial gold.) बनावटी ( कृत्रिम ) सोना ।

**Mosaicist**-मो-ज़े'-इक्- इस्ट् - *n*. one who makes mosaic work. पच्चीकारी का काम बनानेवाला कारीगर ।

**Moslem, Muslim**-मॉज़्'लॅम् ( मुस्'-लिम्) -*n*. & *adj*. Mohammedan. मुसलान, मुसलमानी ; **Moslemism**- ( -इज़्म् ) -*n*. Mohammedanism. मुसलमानी धर्म ।

**Mosque**-मॉस्क्-*n*. a Mohammedan place of worship. मस्जिद ।

**Mosquito** – मॉस्-की'-टो - *n*. ( *pl*. Mosquitoes.) a stinging gnat. मच्छर, मसा; **Mosquito craft** ( small vessels of war. ) लड़ाई के छोटे जहाज़ ; **Mosquito-net** ( a fine gauze hanging round a bed. ) मसहरी ।

**Moss**-मॉस्-*n.* wet soil, bog, an aquatic plant. कीचड़, दलदल, काई, सेवार ;-*v. t.* to cover with moss. काई से ढाँपना ; A rolling stone gathers no moss ( one who constantly changes his employment does not grow rich.) सर्वदा व्यवसाय बदलनेवाला कभी धनी नहीं होता; Mossiness -*n.*(the state of being mossy ) काईपन ; Mossy ( -सी) - *adj.* full of moss. काईदार ।

**Most**-मोस्ट्-*adj.* & *adv.* (*sup.* of Much.) existing in the greatast degree. अधिकतम, सबसे अधिक ; At the most (to the utmost extent.) अधिकतर; For the most part ( almost. ) अधिकतर, प्रायः ; To make the most of ( to reap the highest advantage. ) सबसे अधिक सुविधे का प्रयोग करना ।

**-most**-मोस्ट्-used as suffix. प्रत्यय की तरह प्रयोग होता है, यथा - Foremost, Inmost, Uppermost. इत्यादि ।

**Mostly** - मोस्ट्' - ली - *adv.* for the greatest part. अत्यन्त, बहुधा, विशेष करके; also used as suffix, in this sense.

**Mot**-मो-( *pl.* Mots-मोज़ ) - *n.* a witty saying. कहावत, चुटकुला ।

**Mote**-मोट्-*n.* a speck, a small particle of dust. धूलि का कण ।

**Moth**-मॉथ्-*n.* a winged insect. कीट, पतङ्ग, फतिङ्गा ; Mothly ( -ली ) -*adv.* like a moth. फतिंगे की तरह से ।

**Mother**-मद्'-अर्- *n. fem* (*mas.* Father.) a female parent, producer, source. जननी, माता, उत्पादक, उद्गम स्थान ; -*v.t.* to beget. उत्पन्न करना; Mother-country ( the country by which a colony is founded.) मातृभूमि; Motherhood (-हुड्) -*n.* मातृभाव, मातापन ; Mothering -*n.* the state of being a mother, acting as a mother. मातृवत् आचरण; Mother-in-law (*pl.* Mothers-in-law ) mother of husband or wife. सास; Motherland (native land.) मातृभूमि; Motherless ( -लेस् )-*adj.* without a mother. बिना माता का ; Motherlike ( लाइक् ), Motherly (-ली) -*adjs.* like a mother, tender. माता सदृश, दयावान् ; Mother-of-pearl ( hard shell of oysters ) मोती की सीप; Mother-tongue (one's native tongue.) मनुष्य की मातृभाषा ।

**Motherwit**-मद्'-अर्-विट् - *n.* common-sense सामान्य बुद्धि ।

**Motif** - मो' - टिफ् - *n.* predominating feature or idea. प्रधान चेष्टा या विचार ।

**Motile**-मो'-टाइल्-*adj.* capable of motion गतियोग्य ( वनस्पति ) ।

**Motion**-मो'-शॉन् -*n.* change of place, tendency, impulse, gesture, proposal, legal application in court, movement, evacuation of bowels. गति, चेष्टा, आकृति, व्यापार, अदालत की आज्ञा के लिये प्रार्थना, मलत्याग ; *v. -t.* to make proposals, to direct by sign or gesture. सङ्केत करना, इशारा करना; To set in motion. गतियुक्त करना;Motion pictures (cinema films )चलती फिरती तस्वीर ।

**Motional** - मो'-शन्-ऑल्-*adj.* chararcterised by motions. गतियुक्त ।

**Motionless**- मो'-शॉन्-लेस् - *adj.* being at rest, stagnant. गतिहीन ।

**Motive**-मो'-टिव् *adj.* causing movement, that which moves the will. कारणभूत, प्रेरक, निमित्त, कारण ; -*n.* that which incites. प्रवृत्ति;-*v. t* to supply motive to. कारण होना; Motivation (-ए'-शॉन्)-*n.* incitement. प्रोत्साहन करने का कार्य ; Motively ( -ली)-*adv.* with aim. निमित्त से ; Motiveless-( -लेस् )-*adj.* aimless. बिना निमित्त का ।

**Motley**-मॉट्'-ली-*adj.* & *n.* speckled, variegated in colours an incongruous mixture. विचित्र रङ्ग का, रङ्गबिरङ्गा, मिश्रण ( खिचड़ी ) ।

**Motor**-मो'-टॉर्-*n.* & *adj* a machine that gives motion, anything which imparts motion. गति देनेवाला यन्त्र, मोटरगाडी ; -*v. i.* to travel by a motor-car. मोटर गाड़ी द्वारा यात्रा करना ; Motor-bicycle (a mechanically propelled bicycle ) यन्त्र से चलनेवाली बाइसिकिल ; Motor-boat -*n.* मोटर ( शक्ति ) से चलनेवाली नाव ; Motor-car ( a carriage propelled by gas, steam or petrol.) मोटर गाड़ी ; Motorist (-इस्ट्) -*n.* habitual user of a motorcar. मोटरगाड़ी वाला ।

**Mottle** - मॉट्'-ट्ल् - *n.* the arrangement of coloured spots. धब्बों का क्रम में होना ;-*v. t.* to variegate with spots. धब्बेदार बनाना ; Mottled ( -ड् )-*adj*

marked with spots of different colours. चितकबरा, रंग बिरंगा।

**Motto**-मॉट्'-टो -*n.* (*pl* Mottoes.) a maxim, a quotation, a suggestive sentence, phrase or word. आदर्श वाक्य, कहावत, मस्ला।

**Moujik, Muzhik**-मू' - जिक्-*n.* a Russian peasant. रूसी किसान।

**Mould**-मोल्ड्-*n.* loose earth, a pattern, a case or matrix. चूर की हुई मिट्टी, आकृति (रूप, नमूना), साँचा; -*v. t.* to form into shape, to cover with mould. रचना करना, साँचा बनाना, ढालना; **Moulder** (-अर्)-*n.* one who moulds or casts. साँचा बनाने वाला, ढालने वाला; **Moulding** (-इङ्ग्)-*n.* something cast in a mould. सजावट, कारनीस इत्यादि; **Mouldy** (-ई)-*adj.* overgrown with moulds. कीचड़दार, मलिन, गन्दा।

**Moulder** - मोल्ड्' - अर्- *v. i* to rot, to crumble, to waste. भ्रष्ट होना, सड़ना, नाश होना।

**Moult**-मोल्ट्-*v. t.* & *i.* to shed feathers, hair &c. पर या रोवाँ गिराना; **Moulting** (-इङ्ग्)-*n.* a shedding of hair &c. पर्णपतन, रोवाँ गिरना।

**Mound** - माउन्ड्- *n.* an elevation of earth, a hillock. मिट्टी का टीला, या ढूहा, छोटी पहाड़ी।

**Mount**-माउन्ट्- *n.* a mountain, a hill, border of a picture, a board on which pictures are mounted, a horse for personal riding. पर्वत, पहाड़ी, तस्वीर का चौखटा, चित्र चपकाने की दफ्ती, सवारी का घोड़ा;-*v.t.* to ascend, to climb, to get on a horse for the purpose of riding, to raise guns to position, to set gem &c. ऊपर को जाना, चढ़ना, घोड़सवारी करना, तोप लगाना, रत्न जड़ना।

**Mountable**-माउन्ट्'-ऑ-बल्-*adj.* able to be ascended. चढ़ने योग्य।

**Mountain**-माउन्ट्'-इन्- *n.* a very high hill. पर्वत, पहाड़; -*adj.* pertaining to a mountain, vast. पर्वतीय (पहाड़ी), बृहत्; **Mountain-chain** (a series of mountains.) पर्वतों की पंक्ति; **Mountaineer** (-इअर्)-*n.* an inhabitant of a mountainous region. पर्वत निवासी; **Mountaineering** (-इङ्ग्)-*n.* mountain-climbing. पर्वत पर चढ़ाई; **Mountain-high** (very high.) बहुत ही ऊंचा; **Mountainous** (-अस्)-*adj.* huge, full of mountains, inhabiting mountains. बड़ा, पहाड़ों से पूर्ण, पर्वत निवासी।

**Mountebank** - माउन्ट्' - ए-बैंङ्क्- *n.* a quack doctor, a charlatan, a pretender. मिथ्या वैद्य (ढोंगी), बहानेबाज, नीमहकीम; **Mountebankery** (-अर्-ई)-*n.* quackery. ढोंगपन।

**Mounted**-माउन्ट्'-एड् - *adj.* riding on horseback, raised upon a support. घोड़सवार, बैठकी पर जड़ा हुआ।

**Mourn** - मो-अर्न्'-*v. i.* & *t.* to regret, to be sorrowful, to lament, to show signs of grief. विलाप करना, रोना, दुःख के चिह्न दिखाना; **Mourner** (-अर्)-*n.* one who mourns. विलाप करने वाला।

**Mournful**-मोर्न्'-फुल्-*adj.* sad, sorrowful. शोकाकुल, दुःखी **Mournfully** (-लि) -*adv.* sorrowfully. शोक सहित; **Mournfulness** (-नेस्)-*n.* the act of mourning. शोक।

**Mourning** - मोअर्न्'-इङ्ग् - *n.* lamentation, wearing black dress of sorrow. शोक (विलाप), मातम का काला वस्त्र पहिरना; **Mourning-dress** (black clothes as sign of mourning) अमंगल (शोक का) काला वस्त्र।

**Mouse**-माउस्- *n.* (*pl.* Mice) a small rodent animal. चूहा, मूसा; -*v.i.* to catch mice. चूहे का शिकार करना।

**Mouser** - माउज़्'-अर्-*n.* one who makes an industrious search. परिश्रम से खोज करने वाला।

**Mouse-trap**-माउस्'-ट्रैप्-*n.* an appliance for catching mice. मुसदानी, चूहा पकड़ने का पिंजड़ा।

**Moustache**-मुस्-टाश्'- *n.* hair on both sides of a man's upper lip. श्मश्रु, मूँछ।

**Mouth**-माउथ्-*n.* the opening in the front part of the head of an animal for eating and vocal utterance, entrance to something. मुख, छिद्र, मोहाना, मार्ग; -*v. t.* to utter, to chew, to devour, to seize with the mouth. स्पष्ट बोलना, मुँह से पकड़ना या खाना; **Horse of hard mouth** (a horse

which is not ready to obey.) जोरावर मुँह का घोड़ा; **Put words in his mouth** (tell him what to say.) उसको कहने के लिये बतलाओ; **To make a wry mouth** (to make grimaces.) मुँह चिढ़ाना।

**Mouthful** – माउथ्' – फुल् – *n.* as much as the mouth contains at once. मुख में रखने भर भोजन, कवर, ग्रास।

**Mouthless**–माउथ्'–लेस्-*adj.* destitute of mouth. मुखहीन।

**Mouthy**–माउथ्-ई-*adj.* bombastic बड़े बड़े शब्दों का।

**Mouth-organ** – माउथ्' – ऑर्–गॅन् – *n.* a musical instrument played with lips. मुँह से बजाने का बाजा।

**Mouthpiece**–माउथ्'-पीस्– *n.* the mouth of a wind instrument, one who delivers the opinions of others. बाजे (या हुक्के) की मुहनाल, दूसरे की ओर से बात करने वाला।

**Movability**–मूव्'-ॲ-बिल्' - इ-टी –*n.* the state of being movable. चलायमान अवस्था, हिलने डोलने की स्थिति।

**Movable**-मूव्'-ॲ-बल्-*adj.* that can be moved. चलायमान, हटाने या चलाने फिराने योग्य;-(*pl.*) personal property मनुष्य की सम्पत्ति, माल असबाब; **Movableness** (-नेस् )-*n.* mobility. गमनशीलता; **Movable property** (property not fixed.) अस्थावर सम्पत्ति।

**Move**–मूव्–*n.* moving of a piece in chess, the act of moving, movement, step शतरञ्ज से किसी मोहरे की चाल, गति; -*v. t.* & *i.* to change position, to put in motion, to stir, to excite into action, to provoke, to go, to pass, to make formal application to a court. जगह बदलना, चलाना, चेष्टा करना, चलना, बढ़ाना, प्रस्ताव करना; **On the move** (in motion.) हिलता डोलता; **To be moved** (to be provoked to pity.) दया उत्पन्न होना; **To move about** (to loiter.) इधर उधर चक्कर लगाना; **To move heaven and earth** (to make attempts in all possible ways.) सब प्रकार से प्रयत्न करना; **To move off** (to remove oneself.) हट जाना; **To move on** (to proceed.) आगे की ओर बढ़ना।

**Movement** – मूव्' – मेन्ट् – *n.* motion, excitement, agitation, wheel-work of a clock or watch. व्यापार, चाल, चेष्टा, गति, घड़ी की पहिया।

**Mover**–मूव्'–अर्–*n.* he who or that which moves or impels to action. चलाने वाला, प्रस्ताव करने वाला।

**Movies**–मूव्'-ईज़्–*n. pl.* cinematograph pictures. सिनेमा की चिलती फिरती तसवीर

**Moving**–मूव्'–इङ्ग् – *n* & *adj.* urging motion, pathetic गति युक्त, करुणामय; **Movingly** (–इङ्ग्–ली)-*adv.* in a moving manner. मर्म स्पर्श करते हुए।

**Mow**–मो–*n.* a pile of hay. सूखी घास का ढेर;-*v. t.* (*p.t.* Mowed, *p. p.* Mown.) to cut grass with a scythe. हँसुए से घास काटना।

**Mower**–मो'-अर्–*n.* a mowing-machine. घास काटने का यन्त्र।

**Mowing**-मो'–इङ्ग्– *n.* act of cutting with a scythe. हसुए से (खेत) काटना, लवना।

**Moya**–मॉय्'–ॲ–*n.* volcanic mud. ज्वालामुखी पर्वत से निकला हुआ कीचड़।

**Mr., Mrs** – *abbrs.* of Mister, and Mistress.

**Much**–मच्–*adj.* & *adv.* (*comp.* More, *sup.* Most) great in quantity or amount, existing in great quantity. प्रचुर, बहुत, अत्यन्त; **As much as** (an equal quantity. उतना ही; **How much?** कितना? **Much of a size** (about the same size.)-प्रायः एक ही परिणाम का; **Talking much** (prattling.) बकवादी; **This much** (so much.) इतना; **Too much** (an excessive quantity.) अत्यधिक, बहुत ज्यादा।

**Muchness**-मच्' – नेस् – *n.* the state of being much. बहुतायत।

**Mucid**–म्यू'-सिड् – *adj.* musty, slimy. चिपचिपा; **Mucidness** (-नेस् )-*n.* the state of being mucid. चिपचिपाहट।

**Mucilage**–म्यू'-सिल्-लेज्-*n.* a slimy fluid, mucus, gum. लसदार पदार्थ (लासा), कफ, गोंद **Mucilaginous** (-लॅज्'-इन्-अस्)-*adj.* pertaining to mucilage, slimy. श्लेष्मपूर्ण, चिपचिपा।

**Muck**-मक्-*n.* farm-yard, manure dirt गोबर की खाद, कूड़ाकरकट;-*v.* to make

a mess of, to make filthy. भ्रष्ट करना, गन्दा करना ; Muck-rake ( a rake for collecting muck.) कूड़ाकर्कट बटोरने की ठेलागाड़ी ; Mucky ( -ई ) -*adj.* nasty, filthy. गन्दा, भ्रष्ट ।

**Mucous** – म्यू'-कस् – *adj.* covered with mucus. श्लेष्मा ( कफ इत्यादि से ) युक्त ।

**Mucus**–म्यू'-कस – *n.* a slimy substance secreted by an organ of the body. इन्द्रिय मल, श्लेष्मा ।

**Mud**–मड्–*n.* wet earth, mire. कीचड़, गारा मिट्टी; -*v.t.* to bury under mud, to besmear with mud. मिट्टी में गाड़ना, मिट्टी पोतना ; Mud-guard ( a shield above wheels to prevent the throwing up of mud. ) बाइसिकिल, गाड़ी इत्यादि में कीचड़ रोकने की पंखी; Muddily (-डि-ली )-*adv.* turbidly. कीचड़ से; Muddiness (-डि-नेस् ) -*n.* turbidness. कीचड़पन ; Muddy (-डी ) -*adj.* turbid, impure. पङ्किल, गँदला, कीचड़दार ।

**Muddle**–मड्'-ड्ल–*v. t.* to bewilder, to stupefy, to confuse, to mix disorderly. गड़बड़ करना, व्याकुल करना, बिना क्रम से मिलाना;-*n.* confusion. गड़बड़ी; Muddle-headed (stupid.) जड़ बुद्धिवाला ।

**Muff**–मफ्–*n.* a fur-cover to warm hands, an awkward person. रोएँ का दस्ताना या मोज़ा , भद्दा मनुष्य ; Foot-muff (a kind of socks. ) एक प्रकार का पैर का मोज़ा ( पायताबा ) ।

**Muffin** – मफ्'-फिन् – *n.* a kind of light cake. हलकी रोटी या टिकिया ।

**Muffle** – मफ्'-फ्ल – *n.* the upper thick lip of animals, a plate placed within a furnace. पशुओं का ऊपरी ओंठ, तन्दूर के भीतर की चद्दर; -*v. t.* to wrap for warmth or to deaden sound. गरम करने के लिये ढाँकना, शब्द कम करने के लिये ( ढोल इत्यादि को ) ढाँकना ।

**Muffler**–मफ्'-फ्लर्–*n.* a cover for the face, a wrapper. गुलबन्द, रुमाल ।

**Mug**–मग्–*n* a drinking-vessel. जलपात्र ( लोटा, गडुआ ) ।

**Mugginess**–मग्'-गि-नेस् – *n.* dampness. तरी, गीलापन ।

**Muggins**–मग्'-इन्स्–*n.* a simpleton. सीधा सादा मनुष्य ।

**Muggy**–मग्'-गी-*adj.* damp. सूखा तथा तर ।

**Mulatto**– म्यू-लैट्'-टो – *n.* offspring of black and white parents. काले तथा गोरे माता पिता की सन्तति ; *adj.* tawny. चितकबरे रंग का ।

**Mulberry** – मल्'-बेर्-री – *n.* a tropical fruit-tree whose leaves are used for feeding silk-worms. शहतूत ।

**Mulch**–मल्श्–*n.* wet straw, leaves &c. used to protect roots of newly planted trees. गीली घास इत्यादि का ढेर जो नये लगाये हुये पौधों पर फैलाया जाता है; -*v. t.* to cover with mulch. इस प्रकार से पौधों को ढाँकना ।

**Mulct**–मल्क्ट्–*n.* a fine. मुद्रा दण्ड, जुर्माना; -*v. t.* to fine. दण्ड देना, जुर्माना करना ।

**Mule**–म्यूल्–*n.* the offspring of a horse and a she-ass, a stupid obstinate person खच्चर, मूर्ख, हठी मनुष्य ।

**Muleteer** – म्यूल्-ए-टिअर्' – *n.* a mule driver. खच्चर हाँकनेवाला ।

**Mulish**–म्यूल्'-इश्–*adj.* sullen, stubborn. मूर्ख, हठी ; Mulishly (-इश्'-ली) -*adv.* in a mulish manner. मूर्खता से ; Mulishness (-इश्'-नेस् )-*n.* the state of being mulish. मूर्खता ।

**Mull** – मुल् – *v. t.* to make hot with spices. मसालेदार बनाना ।

**Muller**-म्युल्'-लर्-*n.* a flat-bottomed stone used for grinding powders. पीसने का लोढ़ा, बट्टा ।

**Mullion**–म्युल्'-यॉन्-*n.* the vertical bar. of a window. खिड़की का डण्डहरा, (उतरन) ; Mullioned (-ड्) -*adj.* divided by mullions. डण्डहरा लगी हुई ।

**Mullock** – म्युल्'-लॉक् – *n.* refuse, dirt, rubbish. कूड़ा, खूद, गर्दा ।

**Multangular**– मल्ट्-ऐंड्ग्'-ग्युल्-ऑर्- *adj.* having several angles. अनेक कोण या कोने का ।

**Multeity**–मल्-टी'-इट्-ई-*n.* manifoldness . अनेक तहों का होना ।

**Multi**–मल्-टि–*pref.* in sense of 'having several.' 'अनेक' अर्थ का उपसर्ग; Multicavous (-केव्'-अस्) -*adj.* having many cavities. अनेक छिद्र वाला ; Multicipital ( -सिप्'-इट्-ऑल ) -*adj.* having several heads. अनेक शिर वाला ।

**Multifarious**–मल्-टि-फ़ेअ्-र्'-इ अस्-*adj.* of

great variety. अनेक रूप रंग का, रंगबिरंगा; Multifariously (-ली) -*adv.* with great variety. अनेक रूप में; Multifariousness (-नेस्) -*n.* multiplied diversity. बहुरूपता।

**Multifold** - मल्'-टि-फ़ोल्ड् - *adj.* many times doubled. अनेक गुना।

**Multiform** - मल्' - टि - फ़ॉर्म् - *adj.* of many shapes. नाना रूप का, अनेक आकार का; Multiformity (-फ़ॉर्म्'-इट्-ई) -*n.* diversity of forms. अनेकरूपता।

**Multilateral**-मल्-टि-लैट्'-अर् - ऑल्-*adj.* having many sides. अनेक भुजा वाला।

**Multilineal**-मल्-टि- लिन्' - इ - ऑल्-*adj.* having many lines. अनेक रेखाओंका।

**Multinomial**-मल्-टि-नो' - मि - ऑल्-*adj.* having many names. अनेक नाम का।

**Multiple**-मल्'-टि-पुल्-*adj.* & *n.* of several parts or components, a number that divides another without a remainder. अपवर्त्य, ऐसी संख्या जो बिना शेष छोड़े दूसरी संख्या को भाग दे सकती है; Lowest common multiple (the lowest multiple that will contain two or more numbers exactly.) लघुत्तमापवर्तक।

**Multiplex**-मल्'-टि-प्लेक्स्-*adj.* of several elements. अनेक तत्वों का।

**Multipliable**-मल्'-टि प्लाइ' - ऑ-बल्-*adj.* that may be multiplied. गुणन करने योग्य।

**Multiplicable**-मल्'-टि-प्लिक्'-ऑ-बल्-*adj.* multipliable. गुणन योग्य।

**Multiplicand**-मल्'-टि-प्लिक्' - ऑन्ड्-*n.* a quantity to be multiplied. गुण्यक, जो गुणा किया जाय।

**Multiplication**-मल्-टि-प्लिक्-ए' - शॉन्-*n.* the act or process of multiplying. गुणन-क्रिया; Cross-multiplication वज्राघात; Sign of multiplication (x called 'into'.) गुणन चिह्न।

**Multiplicity**-मल्'-टि-प्लिस्'-इ-टी-*n.* many of the same kind. बहुतायत।

**Multiplier**-मल्' - टि-प्लाइ' - अर् - *n.* the number that multiplies. गुणक, गुणा करने वाली संख्या।

**Multiply**-मल्'-टि-प्लाइ-*v. t.* (*p. t.* Multiplied.) to increase in number, to propagate, to add a given number to itself several times. गुणा करना, बढ़ाना।

**Multipresence**-मल्'- टि-प्रेज़्'-ऍन्स्-*n.* the spiritual power of being present at several places simultaneously. एक समय अनेक स्थानों में उपस्थित होने की अध्यात्मिक शक्ति।

**Multitude**-मल्'-टि-ट्यूड्-*n.* a great number, a large gathering, a crowd. समूह, (समुदाय), समाज, झुण्ड।

**Multitudinous**-मल्' - टि- ट्यूड्'-इन्-अस्-*adj.* consisting of a great number. प्रचुर, अधिक; Multitudinously (-ली)-*adv.* after the manner of a multitude. बहुतायत से; Multitudinousness (-नेस्)-*n.* numerousness. प्रचुरता, बहुतायत।

**Multitudinism**-मल्'-टि-ट्यूड्'-इ-निज़्म्-*n.* the principle of preference for the interests of the multitude to those of individuals. व्यक्तिगत कल्याण की अपेक्षा समाज का कल्याण अधिक मानने का सिद्धान्त; Multitudinist (-निस्ट्) -*n.* one who holds this theory. ऐसा सिद्धान्त माननेवाला

**Multure**-मल्'-ट्यूर्-*n.* the toll of grain or flour given to a mill-owner पिसनहारे को अनाज या आटे की झरी देना।

**Mum**-मम्-*interj.* silence! चुप! ख़ामोश! *n.* a kind of beer. एक प्रकार की मदिरा; -*v. t.* (*p. t.* Mummed.) to act in a dumb show. मुह बन्द करके तमाशा करना।

**Mumble**-मम्'-बल्-*v. i.* & *t.* to mutter, to speak indistinctly, to bite, to chew. अस्पष्ट बोलना, दाँत से चबाना या कुतरना; -*n.* an indistinct utterance. अस्पष्ट बोली।

**Mumm**-मम् - *v. t.* to mask, to make diversion with a mask on. चेहरा लगाना, चेहरा लगाकर खेल करना; Mummer (-मर्) -*n.* an actor who wears a mask. चेहरा लगाकर तमाशा करने वाला

**Mummery**-मम्' - मर् - ई-*n.* a performance of mummers, masquerading. छद्मवेष, सवाँग।

**Mummification**-मम्'-मि-फ़िक्-ए'-शॉन्-*n.* the act of making into a mummy. मृतक शरीर रक्षा: Mummify (मि-फ़ाई) -*v. t.* to make into a mummy. ऐसा संस्कार करना।

**Mummy**-मम्'-मी-*n.* (*pl.* Mummies.) an embalmed human body for burial.

रक्षित मृतक शरीर, मसाला लगाकर सुरक्षित की हुई मृतक शरीर ।

Mump–मम्प्–*v. i.* to utter indistinctly, to be silent, to go about begging. अस्पष्ट बोलना, चुप रहना, भीख माँगते फिरना; Mumps–(*n. pl.*) a contagious disease of the salivary glands. कण्ठमाला रोग ।

Mumper-मम्प्' - अर्-*n.* a beggar. भिक्षुक भिखमङ्गा ।

Mumpish-मम्प्'-इश्-*adj.* dull. मन्द ।

Munch–मन्श् – *v. t.* & *i.* to eat food with much chewing and making sound with the mouth. चपर चपर शब्द करते हुए खाना ।

Mundane-मन्'-डेन्-*adj.* earthly, worldly. संसारी, इस लोक का ; Mundane existence (worldly existence.) संसारी जीवन ; -Mundanely (-ली) –*adv.* in a worldly manner. सांसारिक गति से; Mundaneness (-नेस्)-*n.* worldliness. संसारी जीवन ।

Mundatory–मन्-डेट्'-ऑर्-ई-*adj.* cleansing साफ़ करने वाला ।

Municipal–म्यून-इस्'-इप्-ऑल् – *adj.* pertaining to the local self-government of a town. नागरिक ; Municipality (-ऑल्'-इट-ई) –*n.* a district with municipal rights. नगर पालिनी सभा, (ऐसी संस्था का नगर) Municipally (-ली) -*adv.* in a municipal manner. इस प्रकार से ।

Munificence-म्यू-निफ्'-इस्-सेन्स्–*n.* liberality, bounty, generosity. दानशीलता, उदारता ।

Munificent – म्यून् - इफ्' - इस्-सेन्ट्-*adj.* bountiful, generous. उदार, दानी, दाता, Munificently (-ली) -*adj.* liberally. उदारता से ।

Muniment-म्यू'-नि-मेन्ट्–*n.* a document of rights. अधिकार पत्र ।

Munition – म्यू-निश्' - ऑन्-*n.* military weapons, implements of war. युद्ध सामग्री, लड़ाई के सामान ; Munitioner (-अर्) –*n.* one who works in a munition factory. युद्ध सामग्री बनाने के कार्यालय में काम करने वाला ।

Murage-म्यूर्' -एज् – *n.* a tax levied for building the walls of a town. नगर की दीवार बनाने के लिये कर ।

Mural -.म्यूर्' - ऑल् - *adj.* like or on a wall. भीत सम्बन्धी, भीत पर का ।

Murder–मर्ड्'-इर् - *n.* unlawfully killing a human being with malice. वध, हत्या, हिंसा ; -*v. t.* to kill unlawfully, to spoil. हत्या करना (मार डालना), नष्ट करना ; Murder will out (murder will be disclosed.) हत्या प्रगट हो जायगी ; The murder is out (the secret has been disclosed.) रहस्य खुल गया ।

Murderer-मर्ड्'-इर्-अर्–*n.* one who commits a murder. हत्यारा, घातक ; Murderess (-एस्)-*n. fem.* a female murderer. हत्यारिनि ।

Murderous – मर्ड्'-इर्-अस्-*adj.* guilty of murder. घातक, हत्यारा ; Murderously (-ली) -*adv.* in a murderous manner. हिंसा बुद्धि से ।

Mure-म्यूर्-*v. t.* to confine or shut up in a prison. बन्द करना, क़ैद करना ।

Muriatic–म्यू-रि-ऐट्' - इक् - *adj.* hydrochloric. नमक के तेज़ाब का ।

Murk-मर्क्-*adj.* dark, misty, gloomy. अँधेरा, धुँधला ; Murkily (-इ-ली) -*adv.* in a murky manner. धुँधलेपन से ; Murkiness (इ-नेस्) –*n.* the state of being murky. अन्धकार, धुँधलापन; Murky (-ई) –*adj.* dark, misty, gloomy. अन्धकार पूर्ण ।

Murmur–मर्'-मर् - *n.* a low indistinct sound, suppressed sound. मन्द ध्वनि, (कलकल शब्द) बड़बड़ाहट;–*v.t.* to complain in low tones. असन्तोष प्रगट करना, कुड़बुड़ाना ; Murmurer (-अर्)-*n.* one who grumbles. असन्तोष प्रगट करने वाला मनुष्य ; Murmuring (-इङ्ग) *adj.* complaining. गुर्राते हुए, शिकायत करते हुए ; Murmurous (-अस्) -*adj.* murmuring. बड़बड़ाहट का ; Murmurously (-ली) –*adv.* असन्तोष ध्वनि से ।

Murrain–मर्'-रिन्-*n.* an infectious disease in cattle. पशुओं की महामारी ।

Murrey–मर्'-री-*adj.* of purple-red colour. शहतूत के रंग का ।

Murrhine–मर्'-रिन्–*n.* a delicate ware. चीनी मिट्टी का मुलायम पात्र ।

Muscadine-मस्'-कॉ - डिन्–*n* a kind of grape. कस्तूरी की गन्ध का अंगूर ।

**Muscat, Muscatel**–मस्'-कॅट ( -टॅल् ) –*n.* a kind of strong sweet wine. एक प्रकार की मधुर तीव्र मदिरा ।

**Muscle**–मस्'-सल्–*n.* the fleshy fibre that produces movement in a body. मांशपेशी, पुट्ठा ।

**Muscovite**–मस्'-को - वाइट्– *n.* common mica. सामान्य अभ्रक ।

**Muscular**–मस्' - क्युल - ऑर्–*adj.* of the muscles, well developed. स्नायु सम्बन्धी, ( मांसल ) पुष्ट ; **Muscularity** ( -ऑर्'-रिट्-ई )–*n.* the state of being muscular. मांसलता, पुष्टता ; **Musculature** ( -चॅट्'-यूर् )–*n.* formation of muscles. शरीर की मांसल रचना ।

**Muse**–म्यूज़् – *n.* one of the nine goddesses of poetry, music, and other liberal arts, a deep thought, a poet's genius. विद्या देवता, गभीर विचार, कवित्वशक्ति; -*v.i.* to reflect, to ponder. चिन्ता करना ( ध्यान लगाना ), विचार करना ; **Museful** ( -फुल् )-*adj.* thoughtful. विचारवान; **Museless** ( -लॅस् ) -*adj.* not appreciative of poetry. कविता के सौन्दर्य का विचार न करनेवाला ; **Muser** ( -अर् ) –*n.* one given to musing. ध्यान करनेवाला ।

**Musette**–म्यूज़्'-ऍट्–*n.* a kind of bagpipe. एक प्रकार का मसक बाजा ।

**Museum**–म्यू'-ज़ें-अम्–*n.* a building used for storing curiosities in nature or art. कौतुक भण्डार, अजायबघर ।

**Mush**–मश्–*n.* a soft pulp. मुलायम पदार्थ गूदा ; **Mushiness** (-ई-नॅस् ) –*n.* sponginess. गूदापना

**Mushroom**–मश्' - रूम् – *n.* a kind of plant, fungus. छत्रक गगनधूलि,कुकुरमुत्ता।



Mushroom,

**Mushy**–मश्'-ई-*adj.* pulpy. गूदेदार ।

**Music**–म्यू'-ज़िक्–*n.* the art and science of harmonious sounds, rhythmic order, pleasant sound. सङ्गीत, ( गानविद्या ), ( राग, सुर ), सुरीला शब्द ; **Instrumental music** ( music arising from instruments.) वाद्य, बाजा; **Music-hall** ( a hall in which variety shows are given. ) सङ्गीतशाला ; **Rough music** ( noisy uproar. ) शोरगुल ; **To set to music** ( to provide with music. ) ताल सुर में लाना ; **Vocal music** ( music made by the voice. ) सङ्गीत ।

**Musical**–म्यूज़-इक्'-ऑल्–*adj.* harmonious, melodious. सुरीला ; **Musical-box** ( a box in which tunes are mechanically played. ) यन्त्र से बजनेवाले बाजे का बक्स ; **Musical entertainment** (an entertainment accompanied by music. ) गानोत्सव ; **Musical instruments** (instruments for music.) अनेक प्रकार के बाजे ।

**Musically**–म्यूज़-इक्'-ऑल्-लि– *adv.* in a musical manner. सङ्गीत शास्त्र के अनुसार, सुर से ।

**Musician**–म्यू-ज़िश्'- ऑन्–*n.* one who sings or plays on musical instruments. गाने बजानेवाला,सङ्गीत जाननेवाला।

**Musing**–म्यूज़्'-इङ्ग्–*n.* meditation. ध्यान; **Musingly** ( -ली ) –*adv.* in a musing manner. ध्यान देते हुए ।

**Musk**–मस्क्–*n.* the strong-scented substance which is secreted by male musk-deer. मृगमद, कस्तूरी; **Musk-deer** ( the deer that yields musk. ) कस्तूरीमृग ; **Musk-melon** ( a kind of sweet melon. ) तरबूज, सरदा ; **Musk-rat** ( musquash. ) छछुन्दर ; **Musky** ( -ई ) –*adj.* having the odour of musk. कस्तूरी के गन्ध की ।

**Musket**–मस्'-कॅट्– *n.* a hand-gun. फ़ौजी सिपाही की बन्दूक ; **Musket-shot** ( the discharge of a musket. ) इस बन्दूक से छोड़ी हुई गोली ; **Musketeer** ( -इअर्' ) –*n.* a soldier armed with a musket. ऐसी बन्दूक लिये हुए सिपाही ; **Musketry** ( -री )–*n.* the theory and practice of rifle-shooting. बन्दूक चलाने की विद्या और कला ।

**Muslim**–मुस्'-लिम्–*adj.* & *n.* same as Moslem.

**Muslin**–मज़्'-लिन्–*n.* a kind of fine thin cotton fabric. मलमल, तन्जेब ; **Muslined** ( -ड् )–*adj.* made of muslin. मलमल का बना हुआ ; **Muslinet** ( -ऍट् ) –*n.* a kind of coarse muslin. मोटा मलमल

**Muss**–मस्–*n.* disorder, confusion. उपद्रव गड़बड़ी ; –*v. t.* to disarrange, to confuse. गड़बड़ी करना ।

Must-मस्ट्-*v. aux.* to be obliged, to be certain to. अवश्य, चाहिये, होना ; -*n.* unfermented vine of grapes. द्राक्षा का आसव, मदिरा।

Mustachio-मुस-टैश्'-इ-ओ -*n.* same as Moustache. मोछ।

Mustang -मस्'-टैङ्ग्- *n.* the wild horse of America. अमेरिका देशका जङ्गली घोड़ा।

Mustard-मस्'-टॅर्ड्-*n.* a plant with oily pungent seeds. सरसों।

Muster-मस्'-टर्-*n.* a gathering of men, collection or act of collecting. संग्रह (सङ्गम), जमाव ; -*v. t.* & *i.* to collect for inspection. एकत्रित होना, इकट्ठा करना; Muster-roll (a roll-of troops.) सेना की नामावली ; To muster up (to make preparations.) तैयार होना या करना।

Mustiness-see Musty.

Musty - मस्'-टी - *adj.* mouldy, of bad taste or smell. सड़ा, दुर्गन्धी; Mustiness (-टि-नैस्) -*n.* the quality of being musty. सड़ाहट।

Mutability, Mutation-see Mutable.

Mutable - म्यू'-टी-बूल्- -*adj.* subject to change, fickle. अस्थिर, चंचल; Mutability (-बिल'-इ-टी)-*n.* mutableness. चंचलता।

Mutation-म्यु-टे'-शन्-*n.* a change, alteration, succession. परिवर्तन, स्थितिभेद, उत्तराधिकार।

Mute - म्यूट् - *adj.* silent, not speaking anything. मूक, मौन, चुपचाप;-*n.* a dumb person. गूंगा मनुष्य ; -*v. t.* to deaden the sonnd. शब्द मन्द करना ; Mutely (-ली)-*adv.* in a mute manner. मूकवत्, गूंगे की तरह ; Muteness (-नैस्)-*n.* the state of being mute. मूकता, मौन भाव ; Mute-show (a dumb show of puppets, marionettes.) कठपुतली का तमाशा ; Mute with wonder (silent owing to astonishment.) आश्चर्य से गूंगा।

Mutilate - म्यू'-टिल्-ऍट्- *v. t.* to separate a limb or organ, to maim, to make imperfect. अङ्ग भङ्ग करना, विकलित करना (छाँटना), अपूर्ण करना ; Mutilation (-ए'-शन्) -*n.* the act of mutilating. खण्डन, अङ्ग का कटाव; Mutilator (-ले'-टर्) -*n.* one who mutilates. काटनेवाला मनुष्य।

Mutineer-म्यू'-टिन्-इअर्-*n.* a rebel, one who joins in a mutiny. विद्रोही, बलवाई, बलवा करने में सहायक।

Muting-म्यूट्'-इङ्ग्-*n.* the dung of birds. चिड़ियों की बीट।

Mutinous-म्यू'-टिन्-अस् - *adj.* rebellious, विद्रोही, बलवाई ; Mutinously (-ली)-*adv.* in a seditious manner. द्रोह से, बलवे से।

Mutiny-म्यू'-टिन्-ई-*n.* a revolt against legal authority, insurrection of soldiers. बलवा (गदर), सैन्य द्रोह;-*v. i.* (*p. t.* Mutinied) to revolt. विद्रोह करना, बलवा करना।

Mutism-म्यूट्'-इज़्म्-*n.* dumbness, silence. मूकता, मौनता (चुप होना)।

Mutter-मट्'-टर्-*v. i.* & *t.* to speak in a low voice, to grumble, to murmur. बड़बड़ करना, गुर्राना, धीरे से कहना ; -*n.* obscure utterance. अस्पष्ट उच्चारण, बड़-बड़ाहट ; Mutterer (-अर्)-*n.* a grumbler. अस्पष्ट बोलनेवाला मनुष्य; Muttering (-इङ्ग्)-*n.* a murmur. अव्यक्त उच्चारण, बड़बड़ाहट ; Mutteringly (-इङ्ग्-ली) -*adv.* in an indistinct voice. अस्पष्ट शब्दों में।

Mutton-मट्'-टॉन्-*n.* flesh of sheep used as food. भेंड़ का मांस जो खाया जाता है ; Mutton-chop (mutton for frying.) भूनने के लिये भेंड़ का मांस ; Muttony (-ई) -*adj.* resembing mutton. भेंड़ के मांस के समान ; To eat one's mutton (to eat together.) साथ भोजन करना।

Mutual-म्यू'-ट्यु-ऑल्-*adj.* done towards each other, reciprocal, given and received परस्पर, अन्योन्य, (आपस का); Mutual help (help done by each towards the other.) अन्योन्य सहायता ; Mutuality (-ऑल्'-इट्-ई) -*n.* reciprocation. परस्पर व्यवहार ; Mutually (-ली) -*adv.* reciprocally. परस्पर, आपस में।

Mutualism - म्यू'-ट्यु-ऑल्'-इज़्म् - *n.* the doctrine that mutual dependence is necessary for well-being. अन्योन्याश्रित सिद्धान्त ; Mutualist (-इस्ट) -*n.* one who holds the doctrine of mutualism. इस सिद्धान्त को माननेवाला, अन्योन्याश्रित।

Muzzle-मज़्'-ल्-*n.* the projecting part of an animal's mouth, the open end of a fire-arm, a net or guard fixed on an animal's mouth. पशु के मुखका नोकीला भाग (थूथन), बन्दूक का मुंह, पशु के मुंह में

लगाने की जाली; -*v. t.* to fasten the mouth for preventing biting. जाली बाँधना ; Muzzle-loading gun (a gun which is loaded through the muzzle.) छेद या नली में से गोली भरने की बन्दूक ।

**Muzzily, Muzziness**– see Muzzy.

**Muzzy**-म ज़'-ज़ी - *adj.* spiritless, bewildered. तेजहीन, घबड़ाया हुआ ; Muzzily (-ली) -*adv.* in a bewildered manner. घबडाहट से ; Muzziness (-नेस्)-*n.* bewilderment. व्यग्रता, घबड़ाहट ।

**My**-माइ-*pron.* (*pl.* Our.) belonging to me. मेरा, अपना ; Myself (-सेल्फ्) अपना, मैं स्वयम् ।

**Myalgia**-माइ-ऑल्'-जि-आँ-*n.* rheumatism of muscles. वात रोग, पुट्ठों की गठिया ।

**Myalism** - माइ'-ऑल-इज़म्- *n.* a kind of sorcery. एक प्रकार का जादू ।

**Mycetoma** - माइ-सैं-टो'-मॉं-*n.* a disease of the hands or feet. पैर का अथवा हाथ का एक रोग ।

**Myelitis**-माइ-ऐं-लाइ'-टिस्-*n.* inflammation of the spinal cord. पीठ की रीढ़ की सूजन ।

**Myography**-माइ-ऑग्'-रॉ-फ़ी-*n.* a description of muscles. पेशियों का वर्णन ।

**Myology**-माइ-ऑल्'-ऑज्-ई- *n.* the study of muscles. पेशियों के अध्ययन का शास्त्र ।

**Myope** - माइ'-ओप्- *n.* a short-sighted person. अल्पदृष्टि वाला मनुष्य ।

**Myopia**-माइ-ओप्'-या - *n.* short-sightedess. अल्पदृष्टि, दूर के पदार्थ न देख पड़ना ।

**Myosis** - माइ-ओ'सिस्-*n.* contraction of the pupil of the eye. आँखों की पुतली का सिकुड़ जाना ।

**Myriad**-मिर्'-रि-ऑड्-*n.* ten thousand, a very large number. दस हज़ार (हज़ारों) बहुत बड़ी संख्या ।

**Myriapod**-मिर्'-रि-ऑं-पॉड्-*n.* a centipede. सैंकड़ों पैरवाला कीड़ा, गोजर ।

**Myriorama**-मिर्'-रि-ओ-रॉ'-मॉं-*n.* a series of views. चित्रपट ।

**Myrmidon**-मर्'-मिड्-ऑन्-*n.* a base servant. नीच नौकर ; Myrmidon of the law (a policeman.) पुलिस का सिपाही ।

**Myrobalan** - मिर्-रॉब्'-ऑल्-ऑन् - *n.* a plum-like fruit. आँवला, हर्रा ।

**Myrrh** - मर् - *n.* an aromatic gum. बोल, लोहबान ।

**Myrtle**-मर्'-ट्ल्- *n.* a kind of evergreen shrub. मेंहदी, हीना ।

**Mystagogical**-see Mystagogue.

**Mystagogue**- मिस्'-टॉ-गॉग्- *n.* a teacher of mystical doctrines. गूढ़ विद्या का उपदेशक ; Mystagogical (-जि-कॉल) -*adj.* connected with mystagogy. गूढ़विद्या सम्बन्धी ।

**Mysterious**-मिस्-टिअर्'-इ-अस्- *adj.* full of mystery, obscure, secret, incomprehensible. दुर्बोध (गहन), गूढ़ार्थ, गुप्त, अस्पष्ट ; Mysteriously (-ली) -*adv.* in a hidden manner. गूढ़ता से ; Mysteriousness (-नेस्) -*n.* the quality of being mysterious, obscurity. गूढ़ता ।

**Mystery**-मिस्'-टेर्-ई- *n.* (*pl.* Mysteries) hidden matter, secret, obscurity, anything beyond human reason, an enigma. गुप्त बात, रहस्य, मनुष्य के विचार के बाहर की बात, पहेली, गूढ़ प्रश्न ।

**Mystic**-मिस्'-टिक्- *adj.* of hidden meaning, occult. अप्रगट, गहन, गुप्त ।

**Mystical**- मिस्'-टिक्-ऑल्- *adj.* mystic. गुप्त ; Mystically (-ऑल्-लि) -*adv.* in a mystical manner. गुप्तरूप से ।

**Mysticism**-मिस्'टिस्-इज़म्- *n.* profession of spiritual things. गूढ़ विद्या, अध्यात्म विद्या, गुप्त विद्या ।

**Mystification**-मिस्'-टिफ़्-इक्-ए'-शॉन्- *n.* the act of mystifying. गूढ़ करने की क्रिया

**Mystify**-मिस्'-टि-फ़ाइ- *v. t.* (*p. t.* Mystified) to bewilder, to puzzle. घबड़ाना, व्यग्र करना ।

**Myth**-मिथ्- *n.* a fictitious story involving supernatural agency, a creation of the mind. पुराण कथा, कल्पित कथा, गप्प ।

**Mythical** -मिथ्'-इक्-ऑल्- *adj.* fabulous. काल्पनिक; Mythically (-इक्'-ऑल्-ली) -*adv.* in a mythical manner. पौराणिक कथा के रूप में ।

**Mythicism**-मिथ्'-इ-सिज़्म्- *n.* a mythical description. काल्पनिक या पौराणिक कथा का वर्णन ।

**Mythicist**- मिथ्'-इ-सिस्ट्- *n.* one who relates mythical stories. पौराणिक रीति से कथा वर्णन करने वाला ।

**Mythicize**-मिथ्'-इ-साइज़्- *v. t.* to treat a story in a mythical way, to inter-

pret mythically. किसी कथा को पौराणिक रीति से वर्णन करना।

**Mythologer**-मिथ्-ऑल्'-आज्-अर्- *n.* one who writes mythological stories. पौराणिक कथा लेखक।

**Mythological**-मिथ्-अॉल्'-आज्-इक्'-ऑल्- *adj.* pertaining to mythology. पौराणिक, ऐतिहासिक ; **Mythologically** (-इक्-ऑल्-ली)-*adv.* by the use of myths. पौराणिक कथा रूप से।

**Mythologist**-मिथ्-ऑल्'-आज्-इस्ट्- *n.* one versed in mythology. पौराणिक कथा जानने वाला मनुष्य।

**Mythologize**-मिथ्-ऑल्'-आज्-आइज़- *v. t.* to relate mythologically. पौराणिक कथा बनाना अथवा इनको समझाना ; **Mythologue** (-लोग्) -*n.* a mythological composition. पौराणिक कथा की रचना।

**Mythology**-मिथ्-ऑल्'-ऑज्-ई- *n.* a body of myths relating to heathen deities. पौराणिक कथा, देवी देवता की कहानियाँ।

**Mythonomy**- मिथ् - ऑन्'-ऑ-मी- *n.* the laws which govern the evolution of myths. पुराण शास्त्र।

**Mythoplasm**- मिथ्' - ओ-प्लैज़्म्- *n.* the narration of a fable. कथा कहानी कहना।

**Mythus**-मिथ्'-अस्- *n.* a fictitious story involving supernatural agency. काल्पनिक कथा।

**Myxoedema**-मिक्स्-ऐ-डी'-मॉ- *n.* a diseased condition of adults in which the subcutaneous tissues of the face are thickened. युवावस्था का एक रोग जिसमें शरीर भर में शिथिलता आ जाती है तथा चेहरा फूल आता है।

---